Research & Compilation : 18

YAJNAVIDYA

RT & SATYA

Yajna : The Life Giving Reality

यज्ञविद्या

Research & Compilation

RAM SHASTRI

Research & Compilation : 18

YAJNAVIDYA: RT & SATYA

Yajna : The Life Giving Reality

यज्ञविद्या : ऋत एवं सत्य



Research & Compilation

RAM SHASTRI

Rashtriya Adhyatmik Punarjagran Abhiyan, India

Publisher :
Rashtriya Adhyatmik Punarjagran Abhiyan,
Spiritual Think Tank of India
National Spiritual Rejuvenation Abhiyan, Charitable Trust,
71, Arya Nagar, Alwar 301001, NCR, Rajasthan, India
+91-9810267700
adhyatmikpunarjagran@gmail.com

Photo - Paintings	: All Courtesy
English Bhavanuvad Advisor	: Shri Atul Cowshish
Samasodhan	: Dr. Narain Behari Sharma
Guidance :	: Prof. Bharat Bhushan Vidyalankar
	: Acharya Ravi Shankar Shastri
	Shankaracharya Peeth Pandit

Sincere Thanks for research and reference :
Brahmaleen Jagadguru Shankaracharya Swami Swaroopnand Saraswati (96 years old), Rajguru Pandit Vidyanath Ojha (Jaipur), Mahant Kailas Nath Yogi, Shri Tipoo Joshi (Jaipur), Mahant Ghanshyam Das (Parashar), Prof. Ila Ghos, Dr. Shyam Sharma, Dr. Chandragupta Varnekar, Prof. Manju Bhatt, Dr. Sadanand Tripathy, Shri Dharma Veer Panchal Kailasi, Ms Anamika Acharyji, Smt. Sakeela Bijoy, Shri P.D. Sharma IITian, Sh. Mahendra Singh, Sh. P.V.D. Mathur, Pandit Ramji Shukla, Ms. Jyotsna Pandey, Shri Vikram Bhardwaj
Shri Tej Karan Jain, Shri Kishor Lal, Shri Amit Goel
Smt. Sudha Shastri, Smt. Shubhra Dutt Surolia Kailasi
Vikram Samvat 2083
Printer :
The Gondals Press Inc.
P-12, Connaught Place, New Delhi 110001 India
+91-9811093024, acgondal@gmail.com

An Offering To
Rudra Swaroop Yajna Devta



रुद्र स्वरूप यज्ञ देवता को समर्पित

Shyen Chiti of Ashvamedha Yajna By Samrat Pushyamitra Shung, 2nd BC : Jagatgram, Dehradun

सम्राट पुष्य मित्र के अश्वमेध की श्येन चिति : जगतग्राम, देहरादून, द्वितीय शती ईसा पूर्व

Daksha Yajna
दक्ष यज्ञ

Child Secrifice : Altar of Moloch, 7th BC, Hebrew Bible
नवजात शिशु बलि : मोलाच वेदी, हिब्रू बाईबल



Ancient Persian Fire Temple : Isfahan, Iran
प्राचीन पारसी अग्नि मन्दिर : इस्फाहन, ईरान

The Golden Altar of Incense : Old Bible Hebrew
सुंगध सुवर्ण वेदी : प्राचीन हिब्रू बाईबल

Ancient Egyptian Altar with Isis & Osiris
प्राचीन विश्व की वेदी पर इसिरिस एवं ओसिरिस

The Priest making an Animal sacrifice : Ancient Hibrew Bible
पुरोहित यज्ञ में पशुबलि करता हुआ : प्राचीन हिब्रू बाईबल

Mayan Human Sacrifices : Pyramid, Tikal, Guatemala
नरमेध : माया पिरामिड, तिकाल, ग्वाटेमाला

Fire in Mesoamerican Ritual
अग्नि अनुष्ठान : मेसोअमेरिका



Yajnavarah Temple : Angkor Wat, 10th Century, Cambdesh
यज्ञ वराह देवालय : अंगकोर वाट, 10वीं शती, कम्बदेश

Yam Devta : Tibet
यम देवता : तिब्बत



Parmesthi Swaroop
परमेष्ठी स्वरूप



Puncha Agni Yajna
पँच अग्नि यज्ञ

Birth of Dropadi : Yajna
यज्ञ से द्रोपदी जन्म



Putresti Yajna
पुत्रेष्टी यज्ञ

Vaidic Som Devta
वैदिक सोम देवता



Yajna Vedi of 5th Century BC, Kerala
ईसा पूर्व 5वीं शती की यज्ञ वेदी, केरल



Ancient Fire Temple : Azerbaijan
प्राचीन अग्नि मन्दिर : अजरबेजान



Yajna Purush
यज्ञ पुरुष

Yajna Murti : Hampi
यज्ञ प्रतिमा : हम्पी

Vaidic Yajna: Rt, Satya

Yajna Paramesthi Tattva

Yajna : The Life Giving Reality

Manurbhava Janya Daivya Janam

The meaning of the word Vaidic Yajna is very general. Its broad meaning becomes manifest in the knowledge storehouse of the Vedas—Rk Samhita or Rigved.

Yajna is the deed of highest quality, praiseworthy, truthful, righteous, auspicious, enlightening, creative, eloquent, perpetual, divine, all-round progressive and beneficial, soulful, nearness to the Supreme Being, treasure of truth, consciousness, immortality, self-introspection, fundamental truth - Rt and Satya. Being the

Truth it represents the genuine face of the Supreme Being - Paramesthi. Its many meanings include divine worship, empowerment, assimilation and giving alms.

The Vaidic dictionary meaning Yajna means: ‘Ijayate havirdiyatetra. Ijyante devata atra iti va. Yaj + yajyachayatvichprechraksho nanh. There are many synonyms of Yajna-Yaagah: Svaha, adhvarah, yaag, sapttantuah, makhah, krituah, ishtam, vitanam, manyu, aahava, havah, abhighav, hom, havanam, mah, yajan etc. On this basis, Yajna implies divine worship, donate, good deed in Shruti.

Shatpath Brahmin has said that among the good deeds, Yajna is the best deed: "Yajnaon vai shresthtar karma". The Rigved says unexpectedly that "Dev, Sadhak, Rishis used to perform Yajna before the Vedas".

According to the Rigved, offerings to the dominant form of Supreme Being - Paramesthi led to "Sarvahut Yajna". The universe and the gods were born after this extreme sacrifice for the Yajna before the Supreme Being - Paramesthi. Vedas and voice-speech came out of this Yajna. The Vedas also attribute cosmic order and truth (Rt and Satya) to Yajna.

According to Vaidic Richas, "Yajnavedi is the navel of the Prithivi" where Anvarat (by the Surya) Yajna is performed. Spiritually speaking, the Prithivi will be destroyed if the Surya Yajna is not performed. Similarly, Praan-Apaan Yajna is performed for the human body. The end of this Yajna is the end of life in the human body. Brahmayajna is being conducted in the minds (Antahkaran) of the human body. The Rigved says Yajna is being performed in Dyulok by the gods.

The Vedas say that the sacred Agni of the Yajna burns deep within the heart of the sage. Vaidic Yajna is the means of man reaching

divinity. "Manurbhava janya daivya janam": Rigved 10.53.6. It means, "become human and obtain divinity"; the aim of human life is to obtain divinity. "Yajna can make a god out of a man". Yajna is a boon for obtaining Brahmashakti. The Vedas back it up by declaring that the "gods became great by following the Rituals of Yajna". Many along with the warrior god Indra performed hundreds of Yajnas. It is also said that "before beginning the Yajnas it is necessary to understand Brahma".

The universal energy of Vishnu is akin to Yajna. Sacred Agni constitutes the most sublime form of Yajna. The Yajna Agni is the god of all forms of Yajna. Veda has stated that "the Surya performs Yajnas thrice a day—in the morning, afternoon and evening". Surya is the ruler of Yajna. "Yajna invites three goddesses—Saraswati, Ida and Bharati. This represents Knowledge, Speech and Bhoomi, that is to say Matrasanskriti (native culture), Matrabhasha (mother tongue) and Matrabhoomi (mother land).

Vaidic Yajna is the origin of people and their guardian. Both the Prithivi and the Dyu are Yajnamaya. Yajna lights up both day and night. Yajna spreads day light. Yajna purifies the universe. The gods listen to prayers through Yajna.

The life-giving power in Yajna first of all gives a taste of the divine drink Somaras (nectar). It creates awareness of brilliance, vitality, excitement, strength, divinity and enlightenment. Vaidic Som is basically found in Dyulok. The vegetation of Som grows on the summits in the heaven-on-Prithivi Himalaya-Kailas. The Vedas describe the night-time glowing quality of Som, emitting light. During the Yajna ritual, the gods desire to drink Somaras. It radiates intense golden energy. The Mantras in the Vedas trace the genesis of Sapt Rishis and Valkhilya Rishis to Yajna.

The wisdom of Indra and Vayu motivates Yajna. The Som of the Yajna bestows divine knowledge. The Vedas inform us that Yajna inspires cultivating the attitude of friendship with the gods. That is to say the performer of Yajna should establish friendship with Paramatma. It is extraordinary that all Vaidic gods are protectors of Yajna. They destroy those who create hurdles in the performance of Yajna. Vaidic Yajna is the worship of incorporeal, formless, selfless, pure and serene Paramatma. Various chapters of Rigved have stated that Brahmavid-Brahmajigyasu know the sole Paramatma by different names: "Ekam sad vipra bahuda vadantyagni yamam matrishvanmahu". It means that the Rishis who understood the Richas of Rigved have described only those shapes of Paramatma that they sighted.

Rigved has only one philosophical-spiritual section. There is only one principal behind the origin of Prithivi. It facilitated the creation of the universe. Hence, all Vaidic gods are different forms of this phenomenon. The knowledge of the original principal or Aditattva helped Param Purush perform Atmayajna to create the universe while adopting different forms. It is a mystery relating to "Ekah sadvipra bahudha vadantangni matrishvanmahu". Encouraged by lofty feelings, the Rishis and Rishikas of Rigved recorded the special qualities of many among the unmarried gods. Mantradrasta Rishis declared all gods to be omniscient, almighty, omnipresent, paramount etc.

Agni has a very close and deep relationship with human life. It enabled the Rishis to become aware of ‘Ekah sat’. The Rishis have said that is the reason why Agni while taking the forms of various gods keeps blessing the priests. The Vaidic Agni Devta invites all gods for the Yajna. Therefore the Shrutis attribute "the birth of all gods to Agni". The offerings of the Yajna reach the gods through the sacred Agni. With this view, "sacred Agni has been called the

mouth of the gods". In the Yajna Ritual, offerings are made with the chanting of ‘Swahah’ and Vashatkar’. The literal meaning of the word ‘Swahah’ is reciting pleasing words while making offerings to the gods. The Agni Yajna presides over the controller and Brahmagyanis. It is also necessary to make selfless offerings of Purodash. It is a mystery that Yajnagni has four srings.

Agni purifies and makes sacred the Yajnavedi. Yagnakund is the father of the Yajna Agni. Vaidic Richas are rooted in Yajna. Yajna enabled the Rishis to gain their vaani. The Suktas of Satyajnan spread from Yajna. Yajna represensts 33 gods.

Yajna accounts for the hidden meanings of Mantras. Yajna includes vaanis- recitation of the three Vedas—Rigved, Yajurveda and Samveda. Yajna brings salvation from three Tapas—spiritual, supernatural, material—Adhyatmic, Adhidaivik, Adibhoot and three debts (Rinas)—Devrin, Pitrarin, Rishirin. "The Yajna Vedi is also described as Devsthan."

Mention is made of seven Jivhas—seven summits--in Yajna Agni. The Yajna Agni becomes the eight Ritivij. Agni is also the Rishi of Yajna. The Agni in Yajna establishes its supremacy in the Agni pit or the sacrificial altar of Yajna. The sacred Agni is the chief guest at the Yajna. Therefore, the Agni in the Yajna should be lit with due reverence by standing. Agni finishes off the end of Yajna. Agni occupies seven spots at Yajna. The Yajna Agni has seven Ratnas (jewels). The Vedas assert that the Yajna Agni was created for the benefit of mankind. The Vedas term the Parthive Agni also as creators (Jataveda).

The Vedas have made it clear that ‘Hiranyagarbha is the progenitor of the sacred Agni. Agni is all pervasive in Yajna and is an excellent Yajnakarta in itself. It is puzzling to hear that Havi was offered by wrapping Vedas in the Agni. 'Sristi' is the weapon of Agni in Yajna.

It has several meanings, like an instrument to intensify the Agni. Sacred Agni is the greatest knower of all the mysteries of man and gods.

The Vedas have declared "Agnividya" as the highest form of learning. The Shasta Rudra of Vaidic gods is like the sacred Agni. Omnipresent Vishnu and the Surya god are also akin to Agni. Agni is in the womb of the Prithivi. Surya is the Agni of the Dyulok, light is that of the space and on Prithivi it is Agni itself. Agni is a friend of the performer of the Yajna. Yajna Agni is used for cures. The Havi of Yajna has three kinds of power—spiritual, divine and physical. Yajna hears sermons from Yajna.

The Guhya Yajna spots of ancient Rishis become visible with the Tapas. Yajnaagni is worshiped first in Devayajna. The shield of sacred Agni is the Yajna Vedi-pit. The Yajna Vedi-pit has also been compared to measures for national security.

Yajnaroop Parameshwar has fourteen Vibhutis. The Yajna has fifteen parts. Vishwakarma, the creator of the world, comes first. Prajapati extended Panchabhoot etc. with Shristiyajna. The secret Param Dham of Yajna became known from one of the greater Sams. Yajna dispels the sinful Nirriti god. It is surprising that space is the middle place for Yajna. The Agni from the Yajnavedi is carried to Dyulok by seven beams from the Surya.

The Rt and Satya forms rules are eternal for Yajna. They are inviolable for both man and gods. The pathway to Rt is also the pathway to Yajna. "Yajna makes impossible to possible". Yajnakarta Raja Sudas was able to establish an impossible victory in Dashraya RanYajna because of priest Vashisht.

"Yajna is the symbol of Vaidic culture". Yajna is spirituality. It is Atmatattva-Brahmtattva. It is the fundamental matter. Declaring

Yajna as Poorna Purush, it has been called "Ashva". It is road to internal purification. A pleased Agni in the Yajna transforms mortal to immortal, or the Agyani becomes Gyani (knowledgeable). Bear in mind that the mysterious Agni of Yajna is spiritually a Chita Tattva. The sacred fire has been indirectly called Hanu in Rigved, which is to say it is "Hanumat".

According to Mantradrashta Rishis, Yajna means that the light of knowledge of the Gyanijan should always reside in the light. The energetic priest during the Yajna lits up the Yajnagrah. Yajna establishes all-round peace.

Yajna bestows wisdom and knowledge. The Vedas have described Yajna as the source best deeds. It has also been said that the guide and mentor has the knowledge of Yajna. Watchful seeker should follow the leader. "Sages and wise men should be respectfully invited for the Yajna where the learned should be honoured while they give discourse". At the end of Aushdhiyayajna the scholar of Brahmvidya should speak on Gyan which will spread the nectar of Gyanamrit among those present.

Performing Yajna is Satyadhan. Both performing and organizing Yajna enables one to be Gyanayukt. "Shrutis have held that the attendees and organisers of the Yajna are Brahmin-Brahmvid, Brahmjigyasu". Yajna enables obtaining Sattvagun. If not impossible it is certainly difficult to cross the boundless Tej. Those who do wrong deeds are scared of Yajnakarta.

A synonym for Yajna is "Adhwar (A-Dhwar)", which means "violence-free". The Vaidic inhabitants were totally free of violence. All five Jan-Devtas, Gandharva, Nag, Pitra, Manushya (man) and all members of all castes (Brahmkarma, Kshatrakarms, Vaishyakarm) took part in Yajna. "Shudrakarma-Sudravarna did not exist during the Vaidic period". The caste of all humans depended

on the nature of their work. "Nobody was born into a caste". The sacred thread young ceremony for young women was part of the progressive Vaidic traditions. "Women participated in the Yajna ceremony as priests". Indrani, the wife of Lord Indra and Juhu Brahmajaya Rishikas played leading roles in Yajna. Rishikas obtained the highest place through this Yajna. "The sins of god Brahaspati" are mentioned in Rigved. He did penance duets Juhu Brahajaya. Mantradrashita Rishika Apala Rishika remained abandoned due to alleged ugliness. Rishika Apala brought about transformation with the help of Somyajna. The Surya and the Chandra went round the Yajnavedi during the marriage of Tejaswini Surya. Spiritually speaking, it was the formalization of Samay (time) and Ritu (season).

Yajna decoded the mystery of 21 great oceans (cosmic) of 21 Sindhus of the Prithivi, Antariksha and Dyulok. According to the Rigved Rishis, Yajna is the first Paramesti. Rigved has description of eight priests and outcomes of Yajna. These Asht Rtviks are: Hota, Pota, Nesta, Agnirdha, Prashasta, Adharvayu, Yajman and Brahma. The performer of the Yajna becomes Brahmvetta of the future Drashta Trikalyagya. It makes man prominent and great.

Vedas prescribe "Vastoashpati Devta" as the guardian of Yajna. Yajna facilitates knowledge of Devaswaroop. Yajna helps achieve glorified deeds. In a mysterious style, Rigved recommends performance of Yajna after crossing the "Ashvanvati" river. It actually means that "Yajna should be performed after obtaining the knowledge of Brahm". Our luminous soul is part of Paramatma. Also, it is the universal a bigger than Vishnu Yajna. After conquering the three worlds, Vishnu with his small size becomes colossal. Yajna performers should follow Vishnu to appear bigest (Vamas to Virat).

Yajna has been compared with the boat of the Truth in Vaidic Richa. Somyag—Matrasanskriti, Matrabhasha, Matrabhoomi are illustrative. "The word Arya means a man of pre-eminence". That is why the expression "Aryaasya Vardhan" has been used. Let the tribe of excellent men increase. "Arya mankind had no existence in the Rigved era". According to the "Adidesh of Aryas", Rigved was written between Drisdvati and Saraswati rivers 39 lakh years ago. The Aaryas Adidesh was the Jambodweep. It included Africa, Europe, Eurasia, Gavaladeep, South and East Asia.

The Vedas have stated that a Yajna-related fourth name for Yajna is supreme deed. Yajna has been called "Kamdhenu". "Kamdhenu fulfills wishes as soon as a desire has been expressed".

Yajna helps beget the highest Siddhiwali intellect which enables man to gain all-round fame. Vedas have also instructed that Yajna should be performed with integrity, submission, reverence and trust. In the laboratory of our life, Yajna has being performed continuously for centuries. The recitation of Mantra-Richa-Stotra during the Yajna is attainment of Paramesthi. Our senses (Indriyan) are our gods and our soul is Paramesthi. Hence, man should pay respects to the soul. Excellence and efficiency are automatically achieved with Yajna.

The gods are pleased with the performance of the Yajna by devotees. Yajna leads to knowledge of all Karmas. The Rishis hailed Yajnakarma as Satkrat, Shubhkarma, Uttamkarma, Prashastatamkarma and Satyakarma etc. The knowledge of Yajna provides freedom from ignorance. The Havi of the Yajna incorporates spiritual, divine and physical powers. Rigved considers Yajna for individual-centred progress, ambition and witchcraft to be bereft of importance. The Yajnas that aims for the good of the people, seeks all-inclusive progress and prosperity is regarded as

the best form. ‘Dhan’ has several meanings in the Vedas. The word has spiritual, divine and physical forms. Rigved has cautioned that prayers should be limited to Paramatma. Paramatma gets angry over supplication for demands. The Yajak should gladly accept Yajnakarma as Satyadhan. The Vedas have very clearly outlined the dharma of quality for the Yajak. The bearer of Yajna is a Rishi. Lord Indra is the Praja of Yajna. God Jupiter lends invincibility to Yajna. Yajna is defended by the king of Vaidic gods Varun, Shasta Rudra, omnipresent Vishnu, warrior Indra, Mitra god, divine physician Ashwino etc. "The gods destroy those who create obstacles in the performance of Yajna". "The Yajna Rituals of Rigved have been strongly denounced Abhicharayajna, Shatkarmayajna, Mayayajna etc." "Those who support such bad deeds should be ostracized and pushed into the jungle". "It is believed that no harm can come to the performer of Yajna".

The Vaidic Yajnavidya is very mysterious, spiritual and of utmost secrecy. To understand the secret of Yajnavidya the basic requirement is insight into Adibhoot of Panch Mahabhoot and the Aditattva of Tritattva-Rudra. The secret knowledge of the Panch Mahabhoot unravels the mysteries of Yajnakarma. The Panch Mahabhoots have a crucial role in Yajna.

The energy that envelopes the universe is like the Vishnu Yajna. It needs to be remembered that the Vishnu in Rigved is very different from Pauranic Vishnu. Vaidic Vishnu is Agniswaroop, Suryaswaroop. Vishnu is the Parardhaya of Yajna and Agni is Avrardhaya. "Agni vai Yajnasyavrardhayon Vishnuh parardhaya". Shatpath Brahman. According to Garbhopanishad one is Koshthagni and the other is Gyanagni. Prajapatya Yajna is considered Vaishnav Dham. Vishnu as Animaswaroop is dwarfed and as a universal form is colossal Viraat-Bhooma. On this basis, Vishnu has been called the minutest Anorriyan and the largest,

Virat Mahato Mahiyan. According to Rigved, Vishnu shields the highest, third stage of Agni (10.1.3). In the 100th Sukta in the seventh chapter of Rigved Vishnu has been described as capable of adopting many forms. Vishnu is Samvatsar and Rt; before that Vishnu is Surya. According to the Vishnu Sukta (1.156.1-5) in Rigved gods appeared after Vaishnav yajna which suppresses desire and lust. The Indravishnu Sukta (6.69.1-8) in Rigved calls Vishnu Yajna Praneta and Pragyatma. The Vishnu of Rigved is a mystery of spiritual power. Vishnu is Manasvidya.

The ninth Richa in the 51st Sukta in the fifth chapter of Rigved states that Vishnu and others should be requested to attend Yajna. Shatpath Brahaman has an interesting detail of Vishnu declaring Magh-Yajna. The head of Vishnu is Makhvat. Brahman texts maintain that Yajna is completed after the heads of Yajna are united. Taitiraya Samhita (6.3.4.2.3) states that Vishnu in the form of Yajna entered the Prithivi.

Acharya Sayan’s commentary on Rigved (8.77.10.11) has given a description of Yajnaroop Vishnu. "Vishnuyargya" : Nitimanjari. According to Rk Samhita the total sacrifice of Vishnu created the Prithivi. Therefore by unraveling the mysteries of Yajnavidya it is possible to study Vidhnuvidya of its unseen key. Maharishi Angira said that these are called Yajna and MahaYajna with individual and universal (Vyasti and Smasti).

Yagyo yatra prakrantah. Paramatma also has a limit of Yajna. Paramatma is Yajna. This universe is Yajna. The human life is Yajna. Yajnakarma brings freedom from Karmabandhan.

For the Yajak and Sadhak all Lokas are "Hastamalkavat". Yajna destroys the sins of humans. Veda states that the human body is Yajnashaala and life is Yajna. Human body should be adorned with Yajna. Human body is like the universe. The human body has its

own three Loks—Prithivi, Antariksha and Dyulok. Man's head is the Dyulok where Brahmayajna has to be executed. This is Kundalini Jagran. Kenopanishad describes the mysterious science of Kundalini Jagran. (Source: Acharya Shankar Bhashya, Vani Vilas Press, Srirangam). This is accompanied by an account of "Grihastha Yajna" in the Vedas.

Vaidic Richas have announced that Yajna has spread happiness in the world. Fearless Yajna inspires following the path of truth. This is goodwill, wisdom. Guile and cunning in Yajna brings pain. Yajna protects good people. "Organising Yajna leads to knowledge of unity, rationalization, social conduct, mass education, common wisdom, culture and tradition". The organizer absorbs these qualities. "Yajna cleanses internal and ideological intelligence". By curbing human desire, ambition and wish, it leads on to the path of excellence.

The basic element of Yajna is a deep secret in the mysterious maze of more than 5000 Richas of Rigved which have been unveiled as Yajnavidya in the ten chapters of Rigved that incorporate 10402 to 10628 (or 10381 and 10622) Mantras. "Pursuit of Yajna in Rigved makes it clear that the meaning of one Richa suddenly become obvious after reading of a thousand Richa-Mantras." The Richa of the last Sukta in the ninth chapter makes it evident that "divine Som exists in all Vanaspatis-Aushadhis". That is to say Somyag is the Mahayajna of all Vanaushadhis. Rigvediya "Yajna is Atmatattva, Prakrititattva and Brahmtattva". That is why the goal and the reward for Yajna by all gods are identical. The philosophical, spiritual intention of Rigvediya Yajna is to be face to face with Paramesthi and divine friendship.

It is extraordinary that while describing the physical Yajna suddenly Rishi Gyanyajna dwells on Vagyajna and Swadhyaya etc.

"Swadhyaya has been called Brahmyajna which is Mansayajna". That has been declared highest. Rigved has a beautiful concept of the ambrosia-like Sar Yajna.

"Rigved Yajna is miles apart from the hoax of Karmakand". All social classes- Panchjanas and castes and women are free to perform Yajnakarma". "Yajna lead to the birth of Dharma". The word "Dharma" was first mentioned in the 18th Mantra of 22nd Sukta in the first chapter of Rigved.

Trini pada vichkrame vishnugopa adabhyah.
Ato dharmmani dharyan. Rigved 1.22.18.

The rationals of Vedarth are "Dharnadhamarmityah", Dharati lokan dhriyate punyatmibhirva etc. The law-giving tendency of anything, material or not, with soul or without it, is called Dharma. The Dharma of any object depends on its vocations (Karya). Dharma has been defined as 'Yatoabhudaya nihshreyas siddhih sa dharmma'.

Rigved gives a detailed account of the spiritual, supernatural and material powers of Yajna. The blast from Yajna renders the air of the atmosphere pure, clean and fragrant. It makes the Prithivi warm and its winter cool. Performing Ritu Yajna in the evening destroys the roots of diseases. The roots of the disease spread during change of weather the Ritu. Performing Yajna with different forms of vegetation destroy various diseases. Yajna is nutritious for vegetation. According to Rigved, "Vaidic Yajna were performed on the banks of rivers in the midst of a cluster of trees. The smoke from Yajna is the favourite food for trees which give in return the fruit of Jeevani Shakti-oxygen." To facilitate Yajna, trees that release least amount of harmful gases are cultivated. Medicinal plants grown forests are offered as sacrifice in Yajna.

In the Vaidic way of performing it, Yajna enriches the fertility of the agriculture land. The farmer mixes the Vibhuti-ash of Yajna with fertilizer before use. The Yajna Vibhuti-ash acts as pesticide for the crops. Rain has a secret scientific link with Yajna. 'Ven' mentioned in the Vedas is the god of water in space. The frequency, quivering, throbbing and sound (Sphot, Sphuran, Avriti, Spandan, Naad) of Yajna of the Mantra-Richa-Stuti-Stotra create Vidhayaki power. The Vedas have prescribed a strict regimen for recitation of the Mantras, giving prominence to the tone (swar).

"The complete procedure for Yajna has been outlined in Rigved along with the qualities and Dharma of the Yajnakarta-Yajak-Ritvik". There are Richas of the Vaidic medicinal elements. Importance has been given to inviting the Brahmagyani Vedagya priest for Yajnakarma.

It comes as a surprise that Rigved gives details of "Sarvahut Yajna", "Ashwamegh Yajna", "Purush Yajna", Pitrayajna, "Pitramegh Yajna" etc. "All these are far removed from the net of illusion of ritualism". "Ashwamegh Yajna" means Sristiyajna, Kalyajna, Rashtrasarvadhaniyajna, propagating Yajna in the world and Ved science etc. In Rigved, the ocean of knowledge of the Vedas has a single authentic definition of all the three—spiritual, divine and physical aspects of Yajnavidya. Man is ordained to perform good deeds, best deeds, Satkrat, Prashastatamkarma Yajna to attain divinity. Devtas used Yajna for Yajan of Yajna :

Yagyen yagymayjant devah : Rigved.



यज्ञ प्रतिमा, हम्पी

वैदिक यज्ञ : ऋत, सत्य
यज्ञ परमेष्ठी तत्त्व
मनुर्भव जनया दैव्य जनम्

वैदिक यज्ञ शब्द का अर्थ अत्यन्त व्यापक है। यज्ञ के वेद के ज्ञानकाण्ड–ऋक्संहिता अथवा ऋग्वेद में विराट् रूप से साक्षात्कार होता है।

"यज्ञ–श्रेष्ठतम कर्म, प्रशस्ततम कर्म, सत्कर्म, सन्मार्ग, शुभ कर्म, सत्य कर्म, ज्ञान का प्रकाश, प्रजापति, वाणी, वेद–विशेष ज्ञान, शाश्वत नियम, देवत्व प्राप्ति, ब्रह्मतत्त्व, वैयक्तिक उन्नति छोड़कर सर्वोन्नति–सर्वैश्वर्य, आत्मरूप साक्षात्कार, परमेष्ठी प्राप्ति, सत्यधन, चैतन्यता प्राप्ति, अमरत्व, स्वाध्याय, ऋत

एवं सत्य है।'' यज्ञ ऋत एवं सत्य होने से साक्षात् ''परमेष्ठी तत्त्व'' है। यज्ञ के अनेक अर्थों में देव पूजा, संगतिकरण–संघटन एवं दान भी समाहित है।

कोश ग्रन्थों में यज्ञ शब्द का अर्थ है : ''इज्यते हविर्दीयतेऽत्र। इज्यन्ते देवता अत्र इति वा।'' यज + यजयाचयतविच्छप्रच्छरक्षो नङ्.।। यज्ञ–याग शब्द के अनेक पर्याय हैं : ''सवः, अध्वरः, यागः, सप्ततन्तुः, मखः, क्रतुः, इष्टम्, वितानम्, मन्यु, आहवः, सवनम्, हवः, अभिघव, होमः, हवनम्, महः, यजन'' आदि। इसी के आधार पर श्रुति में यज्ञ का आशय–देवपूजन, दान, सुकृत भी किया गया।

शतपथ ब्राह्मण में कहा गया है कि अन्य ''श्रेष्ठ कर्मों से यज्ञ श्रेष्ठतम कर्म है : यज्ञों वै श्रेष्ठतरं कर्म।।'' ऋग्वेद में अप्रत्याशित रूप से कहा है कि ''वेद से पहिले भी देव, साधक, ऋषि यज्ञ करते रहे।''

ऋग्वेद के अनुसार ''परमेष्ठी की हवि'' रूप में आहुति से ''सर्वहुत यज्ञ'' किया गया। परमेष्ठी के सर्वोच्च त्याग के इस यज्ञ से सृष्टि और देवों की रचना हुई। यज्ञ से ही वाक्–वाणी और वेद प्राप्त हुए हैं। वेद में यह भी कहा है कि ''यज्ञ से ऋत एवं सत्य की उत्पत्ति'' हुई।

वैदिक ऋचाओं के अनुसार ''पृथिवी की नाभि यज्ञवेदी'' है, जिस पर अनवरत (सूर्य द्वारा) यज्ञ किया जा रहा है। अध्यात्मिक रूप से पृथिवी पर सूर्य यज्ञ नहीं करे तो पृथिवी पर प्रलय आ जायेगी। इसी श्रृंखला में मानवीय देह में प्राण–अपान का यज्ञ हो रहा है। शरीर में प्राण–अपान यज्ञ समापन ही मृत्यु है। देह के द्युलोक–आकाश मस्तिष्क में ब्रह्मयज्ञ सम्पन्न हो रहा है। उधर ऋग्वेद के अनुसार द्युलोक में यज्ञ हो रहा है। देवगण यज्ञ कर रहे हैं।

वेद में कहा है कि ज्ञानी के हृदय के गूढ़ स्थान में यज्ञ की अग्नि उत्पन्न होती है। वैदिक यज्ञ संस्था मनुष्य की देवत्व प्राप्ति का साधन है। ''मनुर्भव जनया दैव्य जनम्''।।ऋग्वेद 10.53.6।। अर्थात् ''मनुष्य बनो और देवत्व प्राप्त करो। अथवा मानवीय जीवन का उद्देश्य दिव्यता प्राप्ति है। यज्ञ से मनुष्य देवता बन सकता है।'' ''यज्ञ से ब्रह्मशक्ति वर्धन होती है।'' इसके समर्थन में वेद कहता है कि यज्ञानुष्ठान से देवता महान् हुए। देवों के योद्धा इन्द्र सहित अन्यों ने सैकड़ों यज्ञ किये। यह भी कहा गया है कि यज्ञ करने से पूर्व ब्रह्म को जानना चाहिये।

ब्रह्माण्डव्यापिनी ऊर्जा विष्णु को यज्ञ की संज्ञा दी गई है। वहीं यज्ञ का परम प्रभु सर्वज्ञ अग्नि है। यज्ञाग्नि यज्ञ के सभी कर्मों का देवता है। वेद कहता है कि सूर्य तीन सवन यज्ञ करता है : प्रातःकाल, मध्यान्ह एवं सायं।

यज्ञ का सम्राट सूर्य है। यज्ञ में तीन देवियाँ–सरस्वती, इळा, भारती पधारती हैं। ये ज्ञान, वाणी, भूमि अर्थात् मातृसंस्कृति, मातृभाषा, मातृभूमि हैं।

वैदिक यज्ञ प्रजा उत्पत्तिकारक और प्रजापालक है। पृथिवी और द्यु (आकाश) यज्ञमय हैं। यज्ञ से दिन और रात्रि तेजयुक्त होते हैं। यज्ञ उषा का विस्तारक है। यज्ञ के बल से ही लोक पवित्र होते हैं। यज्ञ में ही देवगण प्रार्थना सुनते हैं।

यज्ञ में जीवनी शक्ति वायु सर्वप्रथम दिव्य सोमरस का पान करता है। यह सोम तेजस्विता, ओज, उत्साह, बल, शक्ति में ब्रह्मज्ञान प्रदान करनेवाला है। वैदिक सोम का मूलस्थान द्युलोक है। "पृथिवी के स्वर्गलोक हिमालय–कैलास के हिम शिखरों पर सोम वनस्पति समूह पाया जाता है।" वेद में लिखा है कि सोम रात्रि में चमकता है, उसमें से प्रकाश निकालता है। यज्ञ में सभी देवता सोमरस पान की अभिलाषा करते हैं। यह सोम स्वर्ण के साथ अधिक तेज प्राप्त करता है। वेद मन्त्रों के अनुसार सप्त ऋषियों और वालखिल्य ऋषियों की उत्पत्ति यज्ञ से हुई।

इन्द्र और वायु की बुद्धियाँ यज्ञ प्रेरक हैं। यज्ञ में सोम से ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति होती है। वेद यज्ञ द्वारा परमात्मा से सखाभाव प्राप्ति पर बल देता है। अर्थात् यज्ञ के माध्यम से यज्ञकर्त्ता परमात्मा से मैत्री स्थापित करे। यह अभूतपूर्व है कि सभी वैदिक देवता यज्ञ रक्षक हैं। वे यज्ञ में विघ्न डालनेवालों को नष्ट करते हैं। "वैदिक यज्ञ निराकार, निर्गुण, निष्काम, निरंजन, निश्चल परमात्मा की उपासना है।" ऋग्वेद के मण्डलों में लगातार कहा है कि एकमात्र परमात्मा को ब्रह्मविद्–ब्रह्मजिज्ञासु अनेक नामों से जानते हैं, कहते हैं : "एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्त्यग्नि यमं मातरिश्वानमाहु।" इसका अर्थ यह भी है कि ऋग्वेद की ऋचाओं से साक्षात्कार करनेवाले ऋषियों ने परमात्मा के बहुरूप में से जिसका साक्षात्कार किया, उसी का वर्णन किया है।

ऋग्वेद में एक ही दार्शनिक–अध्यात्मिक धारा है। जिसके अनुसार "सृष्टि के मूल में एक आदितत्त्व है। इसी की इच्छा से देवों के साथ समूचे संसार की उत्पत्ति हुई। अतः सभी वैदिक देवता उसी आदितत्त्व के विभिन्न कार्यों के अनुरोध से धारण किये गये अलग–अलग रूप हैं।" "उसी आदितत्त्व ने चिन्मय होकर पुरुष रूप से आत्मयज्ञ करके विश्व का निर्माण किया और स्वयं अनेक रूप धारण करके विभिन्न संज्ञाओं का भाजन बना।" यह "एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्त्यग्निं मातरिश्वानमाहु" का रहस्य है। ऋग्वेद के ऋषि–ऋषिकाओं ने इसी उदात्त भावना से प्रेरित होकर आवाहित देवों में अन्य देवों की समस्त विशेषताओं का समाहार किया। मन्त्रद्रष्टा ऋषियों ने सभी देवों को

सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान्, सर्वव्यापी, सर्वोपरि, सर्वप्रज्ञावान्, सर्वसमर्थ आदि घोषित किया।

मानव जीवन से अग्नि का सम्बन्ध अत्यन्त निकट और गहरा है। अतएव ऋषियों को अग्नि के माध्यम से "एकं सत्" का भान हुआ। इसीलिये ऋषियों ने कहा है कि "सभी देवताओं का रूप धारण करते हुए आप (अग्नि) अपने याजकों पर अनुग्रह करते रहते हो।" वैदिक अग्नि देवता यज्ञ में सभी देवताओं को आमन्त्रित कर लानेवाला है। इसी लिये श्रुति में अग्नि से सभी देवों की उत्पत्ति कही गई है। अग्नि के द्वारा ही यज्ञ की हवि देवों तक पहुँचती है। इस दृष्टि से "अग्नि को देवों का मुख" कहा गया है। यज्ञवेदी में "स्वाहा" और "वषट्कार" से आहुति देने का विधान निर्धारित किया गया। स्वाहा का शाब्दिक अर्थ सुन्दर वचन सुनाना, देवताओं को आहुति देना है। अग्नि यज्ञ नियन्ता एवं ब्रह्मज्ञानियों का शासक है। यह भी निर्देश है कि यज्ञ में पुरोडाश का निष्काम समर्पण करें। यह रहस्यमय है कि यज्ञाग्नि के चार शृंग हैं।

यज्ञवेदी को अग्नि ही शुद्ध एवं पवित्र करता है। यज्ञाग्नि का पिता यज्ञकुण्ड है। यज्ञ से ही वैदिक ऋचाओं की उत्पत्ति हुई। यज्ञ से ऋषियों ने वाणी प्राप्त की। यज्ञ स्थान से ही सत्यज्ञान के सूक्त प्रसृत हुए। यज्ञ में तैंतीस देवता प्रस्तुत होते हैं।

यज्ञ से ही मन्त्रों के गुह्य अर्थ प्रगट होते हैं। यज्ञ में तीन वाणियों अथवा तीन वेदों—ऋग्वेद, यजुर्वेद एवं सामवेद का पाठ होता है। यज्ञ से त्रयी तापों—अध्यात्मिक, अधिदैविक एवं अधिभौतिक और त्रयी ऋणों—देवऋण, पितृऋण, ऋषिऋण से मुक्ति मिलती है। यज्ञ वेदी को देवस्थान की उपमा दी गई है।

यज्ञ की अग्नि की सप्त जिव्हाओं—सप्त शिखाओं का उल्लेख मिलता है। यज्ञ में अग्नि ही अष्ट ऋत्विज् स्वरूप है। यज्ञ का ऋषि भी अग्नि है। यज्ञ वेदी में अग्नि अपना तेज स्थापित करता है। यज्ञ में अग्नि ही मुख्य अतिथि है। अतः वेदी में अग्नि स्थापना ससम्मान खड़े होकर करनी चाहिये। अग्नि ऋत्विक् यज्ञ समापक है। अग्नि यज्ञ के सात स्थानों को धारण करता है। यज्ञीय अग्नि के सप्त रत्न हैं। वेदानुसार यज्ञार्ह अग्नि का निर्माण मनुष्यों के हितार्थ किया गया। वेद पार्थिव अग्नि को भी जातवेदा कहता है।

इसी के साथ वेद में स्पष्ट किया गया है कि "हिरण्यगर्भ यज्ञीय अग्नि का उत्पत्तिकर्त्ता" है। उधर वेदानुसार हिरण्यगर्भ ही परमेष्ठी है। अग्नि यज्ञगृह में सर्वत्र उपस्थित है और स्वयं उत्तम यज्ञकर्त्ता है। यह कथन बहुत

रहस्यमय है कि अग्नि वेदों में रखकर हवि समर्पित की गई। यज्ञ में अग्नि का शस्त्र "ऋष्टि" है। इस ऋष्टि के अनेक अर्थ हैं, जैसे अग्नि तीव्र करने का शस्त्र। अग्नि देवताओं और मनुष्यों के समस्त रहस्यों का महाज्ञाता है।

वेद "अग्निविद्या" को सर्वोच्च घोषित करता है। वैदिक देवों के शास्ता रुद्र अग्नि स्वरूप हैं। सर्वत्र व्याप्त विष्णु एवं सूर्य देवता भी अग्नि स्वरूप हैं। पृथिवी के गर्भ में अग्नि है। द्युलोक की अग्नि सूर्य है, अन्तरिक्षलोक की अग्नि विद्युत् है और पृथिवीलोक में पार्थिव अग्नि है। अग्नि यज्ञ कर्त्ता का मित्र है। यज्ञ द्वारा अग्नि का उपचार किया जाता है। यज्ञ की हवि में तीन प्रकार की शक्तियाँ हैं – अध्यात्मिक, दैविक एवं सांसारिक। यज्ञ में अग्नि उपदेश करता है।

"प्राचीन ऋषियों के गुह्य यज्ञस्थल तप से दृष्टिगत होते हैं।" देवयज्ञ में यज्ञाग्नि की सर्वप्रथम पूजा होती है। "अग्नि का कवच यज्ञ वेदी है।" वेद में यज्ञवेदी को राष्ट्र रक्षा की उपमा दी गई है।

यज्ञरूप परमेश्वर की चौदह विभूतियाँ हैं। वहीं यज्ञ के पन्द्रह अंग हैं। समस्त भुवनों का "निर्माता विश्वकर्मा प्रथम होता" है। "प्रजापति ने सृष्टियज्ञ के द्वारा पँचभूत आदि का विस्तार किया।" यज्ञ का गुप्त परम धाम बृहत् साम से प्राप्त हुआ। "यज्ञ पाप के देवता निर्ऋति को दूर करता है।" यह आश्चर्यजनक है कि यज्ञ का मध्य स्थान अन्तरिक्ष है। यज्ञवेदी के धूम को सूक्ष्म रूप में सूर्य की सप्त रश्मियाँ द्युलोक में ले जाती हैं।

"ऋत एवं सत्य रूप यज्ञ के नियम शाश्वत हैं। वे देव एवं मनुष्यों के लिये अलंघनीय हैं।" ऋत का मार्ग ही यज्ञ का मार्ग है। "यज्ञ असम्भव को सम्भव करनेवाला है।" दाशराज्ञ रणयज्ञ में पुरोहित वसिष्ठ के कारण यज्ञकर्त्ता राजा सुदास को अकल्पनीय विजय प्राप्त हुई।

वैदिक संस्कृति का प्रतीक यज्ञ है। यज्ञ ही "अध्यात्म" है। यज्ञ "आत्मतत्त्व–ब्रह्मतत्त्व" है। यज्ञ ही "महाप्रकृति" है। यज्ञ को पूर्ण पुरुष घोषित करते हुए "अश्व" कहा गया है। यज्ञ आन्तरिक शुद्धि का महामार्ग है। "यज्ञ की अग्नि प्रसन्न होकर अपरिपक्व को परिपक्व रूपाकार देती है, अर्थात् अज्ञानी को (ब्रह्म) ज्ञानी में रूपान्तरित करती है।" यह स्मरण रहे कि वैदिक रहस्यमय अग्नि अध्यात्मिक रूप से "चित्" तत्त्व है। ऋग्वेद में अप्रत्याशित रूप से अग्नि को "हनु" वाला कहा गया है, यानी "अग्नि आदि हनुमत्" है।

मन्त्रद्रष्टा ऋषियों के अनुसार यज्ञ का अभिप्राय है – ज्ञान का प्रकाश सर्वत्र फैले, ज्ञानी जन का सदैव प्रकाश में निवास हो। यज्ञ में तेजस्वी पुरोहित से यज्ञगृह प्रकाशित होता है। यज्ञ से सर्वत्र शान्ति स्थापित होती है।

यज्ञ से सुमति और ज्ञान प्राप्त होता है। वेद में यज्ञ को उत्तम कर्मों का स्रोत कहा गया है। यह भी कहा है कि यज्ञ का ज्ञाता ही मार्गदर्शक होता है। जाग्रत साधक अग्रणी का अनुसरण करे। यज्ञ में (ब्रह्म) ज्ञानियों को विशेष रूप से ससम्मान बुलाया जावे और यज्ञ में विद्वानों का सत्कार हो। विद्वान् यज्ञ में उपदेश करें। अर्थात् ओषधीय यज्ञ समापन के बाद ब्रह्मविद्या के विद्वान् ज्ञान चर्चा करें। जिससे यज्ञ में उपस्थित ज्ञानामृत का रसपान करें।

"यज्ञकर्म सत्य धन" है। यज्ञ करना और करवाना ही परमेष्ठी के ज्ञान से युक्त होना है। श्रुति में "यज्ञ कर्त्ता, यज्ञ में भाग लेनेवाले को ब्राह्मण–ब्रह्मविद्, बह्मजिज्ञासु घोषित किया है।" यज्ञ से सत्त्वगुणों की प्राप्ति होती है। उत्तमकर्म–यज्ञकर्म करनेवाले के अपार तेज को पार करना असम्भव नहीं तो कठिन अवश्य है, यज्ञ कर्त्ता से दुष्कर्म कर्त्ता भयभीत रहते हैं।

यज्ञ का पर्याय "अध्वर" है। "अ–ध्वर" का अर्थ ही हिंसा रहित है। वैदिक यज्ञ पूर्णतः हिंसा रहित रहे। वैदिक यज्ञ में सभी पँच जन–देवता, गन्धर्व, नाग, पितर, मनुष्य अथवा सभी वर्णों (ब्रह्मकर्म, क्षात्रकर्म, वैश्यकर्म) के मनुष्य भाग लेते रहे। वेदकाल में शूद्रकर्म नहीं रहा। सभी मनुष्यों का वर्ण कार्य के वरण से सम्बद्ध रहा। जन्म से कोई वर्ण नहीं था। वेद की अत्यन्त प्रगतिशील व्यवस्था में किशोरियों का यज्ञोपवीत संस्कार करने की समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा रही। नारी यज्ञ की ऋत्विक् होकर यज्ञ सम्पादन करती रही। इन्द्र देवता की पत्नी इन्द्राणी एवं ऋषिका जुहू ब्रह्मजाया यज्ञ में अग्रणी रही। यज्ञ से ऋषिका जुहू ब्रह्मजाया ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। ऋग्वेद में बृहस्पति देवता के पाप का उल्लेख आता है। जुहू ब्रह्मजाया के कारण बृहस्पति ने प्रायश्चित किया। मन्त्रद्रष्टा ऋषिका अपाला कथित कुरूपता के कारण परित्यक्ता रही। ऋषिका अपाला ने सोम यज्ञ से कायाकल्प किया। ऋग्वेद में सूर्य के समान तेजस्वी सूर्या के विवाह में यज्ञवेदी का परिभ्रमण सूर्य एवं चन्द्रमा ने किया। अध्यात्मिक रूप से यह सूर्य देवता एवं चन्द्र देवता द्वारा समय एवं ऋतु का नियमन है।

यज्ञ से पृथिवी, अन्तरिक्ष और द्युलोक के 21 सिन्धुओं का (महासमुद्रों) रहस्य स्पष्ट हुआ। ऋग्वेद के ऋषियों के अनुसार "यज्ञ का प्रथम होता परमेष्ठी" है। ऋग्वेद में यज्ञ के आठ ऋत्विक् और कार्यों का वर्णन किया गया है। ये "अष्ट ऋत्विक् हैं : होता, पोता, नेष्टा, अग्निध्र, प्रशस्ता, अध्वर्यु, यजमान एवं ब्रह्मा।" "यज्ञ करनेवाला ब्रह्मवेत्ता में रूपान्तरित होकर भविष्य द्रष्टा त्रिकालज्ञ बन जाता है।" यज्ञ मनुष्य को प्रवृद्ध एवं उत्कर्षशील बनाता है।

वेद में "वास्ताष्पति देवता" को यज्ञ का पालक कहा गया है। यज्ञ देवस्वरूप का ज्ञान करवाता है। यज्ञ से कीर्तिजनक कार्य सम्पादन होता है। ऋग्वेद में रहस्यमय शैली में कहा है कि "अश्वन्वती नदी" को उलांघ कर यज्ञ करें। इसका अर्थ है कि "ब्रह्म को जानकर यज्ञ करें। हमारी ज्योतिर्मय आत्मा परमात्मा का अंश है।" दूसरे, सर्वत्र व्याप्त "विष्णु यज्ञ" है। "त्रिविक्रम से विष्णु वामन से विराट् होता है।" यज्ञकर्त्ता भी विष्णु के अनुसरण में वामन से विराट् होकर यज्ञकर्म करे।

वैदिक ऋचा में "यज्ञ को सत्य की नौका की उपमा" दी गई है। सोमयाग–मातृसंस्कृति, मातृभाषा, मातृभूमि परिचायक है। ऋग्वेद में "आर्य" शब्द का अर्थ "श्रेष्ठ जन" है। इसीलिये कहा गया है कि "आर्यस्य वर्धन।" श्रेष्ठ मनुष्य की वृद्धि हो। ऋग्वेद काल में आर्य मनुष्य जाति का कोई अस्तित्व नहीं था। "आर्यों का आदिदेश" के अनुसार ऋग्वेद की रचना दृषद्वती एवं सरस्वती महानदों के मध्य 39 लाख वर्ष पहिले हुई। श्रेष्ठजनों–आर्यों का आदिदेश दृषद्वती–सरस्वती के चारों ओर फैला जम्बूद्वीप रहा। जम्बूद्वीप में अफ्रीका, यूरोप, यूरेशिया, दक्षिण एवं पूर्व एशिया और गवल द्वीप समाहित रहा।

स्वयं वेद में कहा है कि "यज्ञ सम्बन्धी चतुर्थ नाम सर्वोत्तम कर्म है।" "यज्ञ को कामधेनु" की संज्ञा दी गई है। कामधेनु कामना करते ही उसे साकार करती है।

यज्ञ उत्तम सिद्धिवाली बुद्धि प्रदान करता है। मनुष्य बुद्धिपूर्वक पुरुषार्थ से सर्वत्र यशस्वी होता है। वेद में यह भी निर्देश है कि सम्पूर्ण सत्यनिष्ठा, आत्मसमर्पण, श्रद्धा, विश्वास, भावना आदि के साथ यज्ञ करना चाहिये। हमारी जीवन रूपी यज्ञशाला में शतसांवत्सरिक यज्ञ अनवरत चल रहा है। यज्ञ में यह ध्यान रहे कि मन्त्र–ऋचा–स्तोत्र पाठ का ध्येय परमेष्ठी की प्राप्ति है। हमारी इन्द्रियाँ ही देवता है और आत्मा ही परमात्मा है। अतः मनुष्य आत्मा को नमन करें। यज्ञ से दक्षता एवं श्रेष्ठता आदि स्वतः प्राप्त होती है।

भक्त के यज्ञ से देवता हर्षित होते हैं। यज्ञ से समस्त कर्मों का ज्ञान होता है। ऋषिगण ने यज्ञकर्म को सत्कृत–शुभकर्म–उत्तमकर्म–प्रशस्तमकर्म–सत्यकर्म आदि कहा है। यज्ञाग्नि अज्ञान अविद्या के अंधकार से मुक्ति दिलवाता है। यज्ञीय हवि में अध्यात्मिक, दैविक एवं अधिभूत शक्तियाँ होती हैं। ऋग्वेद वैयक्तिक उन्नति एवं कामनापरक अथवा अभिचार यज्ञ को महत्वहीन मानता है। यज्ञ का संकल्प लोककल्याण, सर्वोन्नति और सभी का अभ्युदय

श्रेष्ठतम माना गया है। वेद में धन शब्द के व्यापक अर्थ हैं। धन का अध्यात्मिक, दैविक एवं भौतिक स्वरूप है। ऋग्वेद में सावधान किया है कि "परमात्मा से मर्यादित ही याचना करें। परमात्मा हमेशा मांगने से क्रुद्ध होता है।" याजक यज्ञकर्म को सत्यधन के रूप में प्रसन्नता से स्वीकार करे। वेद में अत्यन्त स्पष्ट रूप से "याजक के गुण धर्म" का वर्णन किया गया है।

वैदिक दृष्टि से "यज्ञ का धारणकर्त्ता ऋषि है।" यज्ञ की प्रजा इन्द्र है। बृहस्पति देवता यज्ञ में अपराजेय ओज प्रदान करता है। यज्ञ की रक्षा वैदिक देवों के सम्राट वरुण, शास्ता रुद्र, सर्वत्र व्याप्त विष्णु, योद्धा इन्द्र, मित्रवत् मित्र देवता, देव चिकित्सक अश्विनौ आदि देवता करते हैं। देवता यज्ञ में विघ्न करने वालों को नष्ट करते हैं। यह स्मरण रहे कि "ऋग्वेदीय यज्ञसंस्था में दूसरे को हानि पहुँचानेवाले अभिचारयज्ञ, षट्कर्मयज्ञ, मायायज्ञ आदि की तीव्र निन्दा की गई है।" वेद का निर्देश है : ऐसे दुष्कृत्य करनेवाले –निन्दित यज्ञ करनेवालों को समाज से बहिष्कृत कर वनों में धकेला जाये। साथ ही कहा है कि यज्ञकर्त्ता पर कोई तन्त्र–मन्त्र दुष्प्रभाव नहीं कर सकता है।

वैदिक यज्ञविद्या अत्यन्त रहस्यमय, अध्यात्मपरक और गोपन से भी गोपन है। यज्ञविद्या के दर्शन–अध्यात्म के रहस्य के ज्ञान के लिये पँच महाभूतों के आदिभूत और त्रितत्त्वों के आदितत्त्व रुद्र का गहन अनुशीलन प्राथमिक आवश्यकता है। आदिभूत रुद्र सृष्टि उत्पत्ति से पूर्व परमव्योम में अव्यक्त रूप में सर्वत्र व्याप्त रहा। इसके अलावा पँच महाभूतों–आकाश, वायु, अग्नि, जल एवं पृथिवी का सीधा सम्बन्ध यज्ञ से है। "इन पँच महाभूतों की गुप्त विद्या यज्ञकर्म के गुप्त रहस्यों को अनावृत करती है। पँच महाभूतों की यज्ञ में नाभकीय भूमिका है।"'

ब्रह्माण्डव्यापिनी ऊर्जा विष्णु यज्ञ स्वरूप है। यहाँ यह स्मरण रहे कि "ऋग्वेद का विष्णु पौराणिक विष्णु से बहुत ही अलग है।" वैदिक विष्णु अग्निस्वरूप, सूर्यस्वरूप आदि है। "विष्णु यज्ञ का परार्ध्य" है और अग्नि अवरार्ध्य है।" "अग्नि वै यज्ञास्यावरार्ध्यो विष्णुः परार्ध्य"।। शतपथ ब्राह्मण।। गर्भोपनिषत् में कहा है कि "एक कोष्ठाग्नि है और दूसरी ज्ञानाग्नि है।" प्राजापत्य यज्ञ को वैष्णव धाम माना गया है। "विष्णु का अणिमा स्वरूप वामन है और सर्वव्याप्त समष्टि रूप विराट्–भूमा है।" इसी आधार पर विष्णु को सूक्ष्म से सूक्ष्म अणोरणीयान और बृहद् से बृहदतम विराट् महता महीयान कहा गया। ऋग्वेद के अनुसार विष्णु, अग्नि के उच्चतम, तृतीय स्थान की रक्षा करता है (10.1.3)। ऋग्वेद के सातवें मण्डल के सौवें सूक्त में विष्णु को

बहुरूप धारण करनेवाला कहा गया है। ''विष्णु संवत्सर और ऋत है। विष्णु संवत्सर एवं शिपिविष्ट होने से सूर्य है।'' ऋग्वेद के विष्णु सूक्त (1.156.1–5) के अनुसार ''वैष्णव यज्ञ'' से देवों की रचना हुई और इससे वासना एवं एषणा भस्म होती है। ऋग्वेद के इन्द्राविष्णु सूक्त (6.69.1–8) में विष्णु को ''यज्ञ प्रणेता'' एवं ''प्रज्ञात्मा'' कहा गया है। ''ऋग्वेद का विष्णु आत्मशक्ति का रहस्य है। विष्णु मनसविद्या है।''

ऋग्वेद के पाँचवें मण्डल के 51वें सूक्त की नवम ऋचा में कहा है कि यज्ञ में विष्णु आदि पधारने का अनुग्रह करें। शतपथ ब्राह्मण में विष्णु को मघ–यज्ञ घोषित करने का रोचक वृत्तान्त है। विष्णु का शिर मखवत है। ब्राह्मण ग्रन्थों के अनुसार यज्ञ के शिर को संयुक्त करने पर यज्ञ पूरा होता है। तैत्तिरीय संहिता (6.3.4.2,3) के अनुसार ''यज्ञ रूपी विष्णु पृथिवी के भीतर चला गया।''

आचार्य सायण ने ऋग्वेद (8.77.10,11) के भाष्य में यज्ञरूप विष्णु का वर्णन किया है। ''विष्णुर्यज्ञः।।'' नीतिमंजरी।। ऋक् संहिता के अनुसार विष्णु सर्वस्व त्याग से सृष्टि निर्माता है। इसलिये यज्ञविद्या के रहस्यों से साक्षात्कार की अदृश्य कुंजी विष्णुविद्या का गहन अनुशीलन से सम्भव है। महर्षि अंगिरा के अनुसार ''व्यष्टि एवं समष्टि सम्बन्ध से यज्ञ एवं महायज्ञ कहाते हैं।''

''यज्ञो यत्र पराक्रान्त''। परमात्मा में यज्ञ की भी पराकाष्ठा है। परमात्मा यज्ञ है। यह जगत् यज्ञ है। मनुष्य जीवन यज्ञ है। यज्ञ कर्म बन्धन से मुक्त करता है।

याजक–साधक के लिये समस्त लोक ''हस्तामलकवत्'' होते हैं। मनुष्य के पाप कर्मों को यज्ञ नष्ट करता है। वेद कहता है कि ''शरीर यज्ञशाला है और जीवन यज्ञ है। शरीर पर यज्ञ को अलंकृत करें।'' ब्रह्माण्ड की तरह ही मानवीय देह है। देह में तीनों लोक–पृथिवी, अन्तरिक्ष एवं द्युलोक है। ''मनुष्य का शिर द्युलोक है और द्युलोक में ब्रह्मयज्ञ सम्पादन करना है।'' यह कुण्डलिनी जागरण है। ''केनोपनिषत्'' में ''कुण्डलिनी जागरण'' का रहस्यमय विज्ञान का वर्णन है (स्रोत : आचार्य शंकर भाष्य, वाणी विलास प्रेस, श्रीरंगम्)। इसी के साथ वेद में ''गृहस्थ यज्ञ'' का भी वर्णन मिलता है।

वैदिक ऋचाओं में यह भी घोषणा की गई है कि यज्ञ से विश्व में आनन्द व्यापता है। यज्ञ निर्भीक होकर सत्य मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। यज्ञ शुभ इच्छा है, यज्ञ सुबुद्धिकारक है। यज्ञ में कपट, कुटिलता से कष्ट मिलता है। यज्ञ सज्जनों की रक्षा करता है। ''यज्ञ आयोजन से स्वतः ही संघटन, संगतिकरण, लोकव्यवहार, लोकशिक्षा, लोकज्ञान, संस्कृति और

संस्कार का ज्ञान मिलता है।'' याजक इन सद्गुणों को धारण करता है। यज्ञ ''आन्तरिक वैचारिक शुद्धि'' करता है। यज्ञ मानवीय एषणा–कामना–इच्छा आदि को समाप्त कर श्रेय के मार्ग पर ले जाता है।

ऋग्वेद में ''यज्ञ के मूलतत्त्व'' को पाँच हजार से अधिक ऋचाओं के चक्रव्यूह में बहुत ही गोपनीय रखा है। जिससे ऋग्वेद के दश मण्डलों के 10402 से 10628 मन्त्रों (अथवा 10381 एवं 10622) में ''यज्ञविद्या'' का रहस्य प्रस्तुत किया गया है। ऋग्वेद में यज्ञ के अनुशीलन से स्पष्ट होता है कि एक ऋचा का अर्थ हजारों–हजारों ऋचाओं–मन्त्रों के बाद अचानक प्रगट होता है। ''नवम मण्डल के अन्तिम सूक्त की ऋचा में स्पष्ट किया है कि सभी ओषधियों में दिव्य सोम होता है। अर्थात् ओषधियों का महायज्ञ सोमयाग है।'' ऋग्वेदीय ''यज्ञ आत्मतत्त्व, प्रकृतितत्त्व, ब्रह्मतत्त्व है।'' यही कारण है कि विभिन्न देवताओं के यज्ञ का उद्देश्य और प्रतिफल एक है। ऋग्वेदीय यज्ञ का दार्शनिक–अध्यात्मिक अभिप्राय परमेष्ठी से साक्षात्कार एवं सखा भाव है।

यह अभूतपूर्व है कि भौतिक यज्ञ की व्याख्या करते हुए एकाएक ऋषि ज्ञानयज्ञ, वाग्यज्ञ, स्वाध्याय आदि अनेक यज्ञों का सूत्रात्मक वर्णन करता है। ''स्वाध्याय को ब्रह्मयज्ञ कहा गया है। ब्रह्मयज्ञ ही मानसयज्ञ है।'' यह सर्वोपरि घोषित किया गया है। ऋग्वेद के अमृत रूपी सार यज्ञ की अवधारणा बहुत सुन्दर है।

''ऋग्वेदीय यज्ञ कर्मकाण्ड के प्रपंचों से मीलों दूर है। यज्ञकर्म पँचजन सभी वर्णों वाले और नारियाँ करने को स्वतन्त्र हैं।'' वेदानुसार यज्ञ द्वारा ही धर्म की उत्पत्ति हुई। ऋग्वेद में सर्वप्रथम धर्म शब्द प्रथम मण्डल के 22वें सूक्त के 18वें मन्त्र में प्रयुक्त किया गया।

त्रीणी पदा विचक्रमे विष्णुर्गोपा अदाभ्यः।

अतो धर्म्माणि धारयन्।।ऋग्वेद 1.22.18।।

वेदार्थ पोषक–''धारणाद्धर्म्ममित्याहुः'' ''धरति लोकान् ध्रियते पुण्यात्मभिर्वा'' आदि हैं। किसी वस्तु अथवा अवस्तु की, आत्म अथवा अनात्म की, विधायक वृत्ति को धर्म्म कहते हैं। प्रत्येक पदार्थ का व्यक्तित्व जिस वृत्ति पर निर्भर है, वही उस पदार्थ का धर्म्म है। धर्म की परिभाषा ''यतोऽभ्युदय निःश्रेयस सिद्धीः स धर्म्म'' कही गई है।

यज्ञ की अध्यात्मिक शक्तियों, अधिदैविक शक्तियों के साथ अधिभूत शक्तियों का विस्तृत वर्णन ऋग्वेद में मिलता है। यज्ञीय धूम से वायुमण्डल की वायु पवित्र–स्वच्छ और सुगन्धित होती है। यज्ञ से पृथिवी गर्भ और शरद ऋतु पुष्ट होती है। ऋतु संधिकाल में यज्ञ करने से रोग बीज नष्ट होते हैं। ऋतु

सन्धिकाल–ऋतु परिवर्तन के समय ही रोग–महामारी फैलते हैं। विभिन्न वनोषधियों से यज्ञ करने से विभिन्न रोग नष्ट होते हैं। यज्ञ वनस्पति पोषक है। ऋग्वेदानुसार वैदिक यज्ञ नदी के किनारे, वृक्षों के झुरमुट के मध्य आयोजित किये जाते रहे। यज्ञीय धूम वृक्षों का प्रिय भोजन है और वृक्ष प्राणवायु (ऑक्सीजन) प्रतिफल में प्रदान करते हैं। यज्ञ में न्यूनतम विषैली वायु छोड़नेवाले एवं मनुष्य हितकारी वायु छोड़नेवाले वृक्षों की काष्ठ प्रयुक्त की जाती रही। यज्ञ में वनोषधियों की आहुति दी जाती है।

वैदिक यज्ञविधान के अनुसार यज्ञ से कृषि भूमि की उर्वरता में वृद्धि होती है। जैविक खेती करनेवाले यज्ञ की भस्म गोबर की खाद में मिलाकर काम में लेते हैं। फसल पर कीट नाशन का काम यज्ञीय भस्म करती है। यज्ञ से वर्षा का गुप्त विज्ञान रहा। वेद में ''वेन'' अन्तरिक्ष में उत्पन्न जल का देव है। यज्ञ के मन्त्र–ऋचा–स्तुति–स्तोत्र का स्फोट, स्फुरण, आवृत्ति, स्पन्दन, नाद आदि विधायकी शक्ति उत्पन्न करता है। वेद में मन्त्रादि पाठ का कठोरतम विधान है। उसमें स्वर की प्रधानता है।

ऋग्वेद में यज्ञ के सम्पूर्ण विधि विधान का विस्तार से वर्णन किया गया है। साथ ही यज्ञकर्त्ता–याजक के भी गुण–धर्म की व्याख्या की गई है। वैदिक वनस्पतियों के ओषध तत्त्व की भी ऋचाएँ हैं। यज्ञकर्म में विशेष रूप से ब्रह्मज्ञानी वेदज्ञ ऋत्विक् को ही आमन्त्रित करने को महत्व दिया गया है।

यह भी चकित करता है कि ऋग्वेद में सर्वहुत यज्ञ, अश्वमेध यज्ञ, पुरुष यज्ञ, पितृयज्ञ, पितृमेध यज्ञ आदि का वर्णन किया गया है। इनमें सुचर्चित अश्वमेध यज्ञ–सृष्टियज्ञ, कालयज्ञ, जगत् को यज्ञमय बनाने का यज्ञ एवं राष्ट्र संवर्धन यज्ञ है। ये सभी कर्मकाण्ड के मायाजाल से दूर हैं। वेद के ज्ञानकाण्ड–ऋग्वेद में सर्वोच्च यज्ञविद्या की अध्यात्मिक, दैविक एवं भौतिक तीनों पक्षों की एकमात्र प्रमाणिक व्याख्या है। वेद कहता है : मनुष्य शुभकर्म, उत्तमकर्म, सत्कृत, प्रशस्ततमकर्म यज्ञ करे और देवत्व प्राप्त करे। देवों ने यज्ञ से यज्ञ का यजन किया : ''यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवाः।।'' ऋग्वेद।।ऊँ।।

विषय सूची

1. वैदिक यज्ञ : ऋत, सत्य (अंग्रेजी) 24
   यज्ञ परमेष्ठी तत्त्व
2. वैदिक यज्ञ : ऋत, सत्य (हिन्दी) 39
   यज्ञ परमेष्ठी तत्त्व

ज्ञानकाण्ड

3. स्वाध्यायो वै ब्रह्मयज्ञः 62
4. स्वाध्याय का मूल : ऋग्वेद 67

वैदिक यज्ञ विधान एवं प्रमुख यज्ञ खण्ड

5. वैदिक यज्ञ विधान 74
   कर्मकाण्ड रहित
6. श्रुति के प्रमुख यज्ञों का इन्द्रलोक 81
   व्यष्टि–समष्टि : यज्ञ–महायज्ञ
7. आर्यों के प्राचीन यज्ञ : मिथ्या और यथार्थ 89
   यज्ञों की आकाशगंगा
8. वैदिक यज्ञ चिकित्सा : यज्ञ से देवत्व प्राप्ति 102

वेद खण्ड

9. ऋग्वेदीय यज्ञ : प्रथम 111
   मानसयज्ञ सर्वश्रेष्ठ; यज्ञ द्वारा सर्वप्रथम धर्म; यज्ञकर्त्ता : सदैव इन्द्र के बलयुक्त; श्रेष्ठ यज्ञकर्त्ता : शत्रुहन्ता; यज्ञ–सद्कर्म, सद्संकल्प; कल्याणकारी विचार सुनें, कल्याणकारी देखें; यज्ञीय सोम : पाप–रोग हर्त्ता; अग्नि–सोम जीवनरक्षक; पहिला यज्ञकर्त्ता; यज्ञ : उत्तम मार्ग; शंका समाधान : यज्ञीय ज्ञानी पुरुष से; यज्ञ से सुबुद्धि; यज्ञ : आत्मसमर्पण का पाठ; यज्ञ में विघ्न कर्त्ता का पराभव; स्वाध्याययज्ञ : जीवन समर्पित; यज्ञ : सत्कर्म; यज्ञ का प्रकाशित ध्वज : उषा; यज्ञकर्म पर कृषि कर्म; ओषधीय यज्ञ : संरक्षण शक्ति प्रभावी; यज्ञ से वर्षा; यज्ञ से सूर्य किरण चिकित्सा; याज्ञिक नारी; यज्ञ : श्रेष्ठतम कर्म; अहिंसक यज्ञ : चिरस्थायी यश; यज्ञाग्नि : वेदज्ञ ब्रह्मण–ब्रह्मवेत्ता; देवों को बुलानेवाला यज्ञशील अग्नि; सत्यमार्ग, नम्रता : यज्ञ की अग्नि प्रसन्न; अपरिपक्व को परिपक्व ज्ञानवान् कर्त्ता : यज्ञ; यज्ञ : सत्य; यज्ञ के बल से लोक पवित्र; यज्ञ : वायु द्वारा सर्वप्रथम सोमपान; इन्द्र वायु की बुद्धियाँ यज्ञप्रेरक : यज्ञ की जीवनी शक्ति; यज्ञ में वायु : धार्मिकों का संरक्षक; यज्ञ : देवत्व शक्ति वृद्धि; उषा यज्ञ विस्तारक, यज्ञ में सोम से ब्रह्मज्ञान; यज्ञ रक्षक देव वरुण, मित्र; यज्ञ उत्तम कर्म : देवगण प्रार्थना सुनते हैं; यज्ञीय अग्नि : देवों को आमन्त्रण; यज्ञ में अग्नि देवों को लानेवाला; यज्ञ से अभिलाषा पूर्ति; यज्ञ : तीन लोकों के 33 देव; मानव जीवनयज्ञ; यज्ञ से वर्षा; यज्ञ : हिंसा रहित निर्देश; यज्ञ से सिद्धि : वृक्षों की समिधा; सर्वस्व समर्पित यज्ञ से अभीष्ट फल प्राप्ति; यज्ञाग्नि : सत्कर्मों से चित्

तत्त्व से साक्षात्कार; यज्ञ का कर्त्ता अग्नि : जलों के बीच; यज्ञादि नहीं करनेवालों का कल्याण नहीं; यज्ञ : निर्भीक होकर सत्यमार्ग पर चलें; यज्ञ से सत्यज्ञान एवं ऐश्वर्य; सूर्ययाग से उत्तम बुद्धि, सुख; यज्ञभाग : उत्तमकर्म कत्ताओं को; सप्त व्याहृति, सप्त लोक : सप्तयज्ञ, जीवनरूपी यज्ञ; अमृत प्राप्ति; आत्मा अविनाशी : सतत घूमती रहती; यज्ञ संसार का केन्द्र, वेदी पृथिवी का अन्तिम छोर; विशाल मनवाले का यज्ञ : प्रार्थना स्वीकार; मनुष्य जो चाहे, उद्योग से प्राप्त करे; यज्ञ सुबुद्धि वृद्धि कारक, यज्ञ से शुभ इच्छा; यज्ञ से धर्मपत्नी सन्मार्ग में प्रस्थापित; यज्ञ : मन का स्वभाव, शुभकर्म; मरुत् इन्द्र यज्ञ प्रेरक; यज्ञ अमरता को जगानेवाला; यज्ञ : कामधेनु प्रस्तुत; यज्ञ : पृथिवी गर्भ एवं शरद ऋतु पुष्ट कर्त्ता; यज्ञ : कुटिलता, कपट से कष्ट; यज्ञ से सज्जनों की रक्षा; यज्ञ से आनन्दधन; यज्ञ से रक्षा; यज्ञ से परमब्रह्म से सखाभाव; धन सम्पदा यज्ञकर्म को समर्पित करें; यज्ञ : रोग निवारक, वनस्पति पोषक; यज्ञ : सुबुद्धि; यज्ञ से अन्न, बल, धन प्राप्ति; यज्ञ से आनन्दयुक्त; यज्ञ से विजय; अश्विनौ : परिजनों को यज्ञ की प्रेरणा; यज्ञ द्यावापृथिवी पाप से रक्षा; यज्ञ से श्रेष्ठ फल; यज्ञ से विश्व में आनन्द; ज्ञानयज्ञ; समान मनोभाव, महती शक्ति; यज्ञ से दिन–रात्रि तेजयुक्त; यज्ञ में दिव्य एवं उत्तम श्रेष्ठ होता; यज्ञ : मातृभूमि, मातृभाषा, मातृसंस्कृति; यज्ञ में स्वाहा से आहुति; यज्ञ चिकित्सा; यज्ञाग्नि : कुटिल आचरण से सर्वथा दूर; बृहस्पति : यजनीय का भरण–पोषण कर्त्ता

10. ऋग्वेदीय यज्ञ : द्वितीय 156

यज्ञ विधान : यज्ञकर्त्ता ऋत्विज्ों के अष्ट नाम; यज्ञीय अग्नि देवों का मुख; यज्ञ सत्कर्म पूर्ण कर्त्ता; यज्ञीय हवि : सूक्ष्म होकर द्युलोक एवं पृथिवी में फैल जाता है; सत्कर्म में सर्वस्व समर्पण : उच्च स्थान; यज्ञ : ज्ञान उत्पन्न कर्त्ता; शरीर यज्ञशाला : जीवन यज्ञ; यज्ञ : इन्द्रियाँ देवता, समृद्धि का द्वार; वेदी : पृथिवी की नाभि, गृहस्थ यज्ञ; स्वाहाकार पूर्वक हवि विधान; यज्ञाग्नि : सप्त रश्मियाँ–सूर्यरूपा; अग्नि ही ऋत्विक् : विद्वान् देवों को सद्कर्म से तृप्त कर्त्ता; यज्ञ : वर्षणेष्टिका–वर्षा; इन्द्र : यज्ञ से यज्ञकर्त्ता के कार्यों में वृद्धि; यज्ञ का ब्रह्मा : यज्ञ दोषों को दूर करता है; यज्ञीय सोमः ब्रह्मज्ञान प्रतीक; यज्ञीय हवि : अभिलाषा अभीष्ट प्राप्ति; यज्ञ : ज्ञानीजन का सदैव प्रकाश में निवास; सूर्योदय के बाद यज्ञ विधान; यज्ञ : यजमान दुःखों से पार; यज्ञ : उत्तम मार्ग प्रदर्शक; यज्ञ : ज्ञान का प्रकाश सर्वत्र फैले; यज्ञ : अच्छा मार्ग प्रशस्त, पाप कर्म नहीं; देवत्व प्राप्ति मार्ग; यज्ञ से त्रयी ऋण, त्रयी ताप से मुक्ति; यज्ञ से देव द्वारा रक्षा; अयज्ञकर्त्ताओं पर दैवी कोप; समस्त देव हितकारी : प्रेमपूर्वक यज्ञ करें; यज्ञ से उत्तम कीर्ति; अमावस्या की अधिष्ठात्री सिनिवाली यज्ञ : प्रजा उत्पत्तिकारक, प्रजापालक; रुद्रयज्ञ : ईर्ष्या मुक्ति; यज्ञ : सोम वषट्कार पूर्वक समर्पित; यज्ञ : धन देनेवाला सनातन देव; यज्ञ : सरस्वती में सभी आयु

आश्रित; यज्ञ में द्यु एवं पृथिवी; यज्ञीय मन्त्र : कल्याणपरक एवं पुण्यकारक उच्चारण

11. ऋग्वेदीय यज्ञ : तृतीय 172

यज्ञ : वाणी वृद्धि; यज्ञ : उपजाऊ भूमि; यज्ञ : भौतिक, अध्यात्मिक भाग; यज्ञ में देवगण : ज्ञान एवं पराक्रम से अग्नि उत्पन्न कर्त्ता; यज्ञ से सिद्धि : तेजस्वी पुरोहित से यज्ञगृह प्रकाशित; हिंसारहित यज्ञ : उन्नति का मार्ग; वाणी, बुद्धि, ज्ञान रूपी तीन देवियाँ यज्ञ में; यज्ञ से अभिलाषा पूर्ण; देवत्व के लिये यज्ञ; यज्ञ : सप्त होता; यज्ञीय यूप : मिथ्या एवं वैदिक सत्य; 3339 देव : अग्नि होता; सप्त होता यज्ञ; अग्नि यज्ञ नियन्ता : ब्रह्मज्ञानियों का शासक; ज्ञानयज्ञ; यज्ञाग्नि : तीन अन्न–घृत, ओषधि, सोम; यज्ञ धर्म प्रेरक; जीवन संचालक यज्ञ; यजनीय अग्नि तेज : आकाश, पृथिवी, जल, ओषधि में व्याप्त; यज्ञ से वृष्टि; यज्ञ : अग्नि मरुतों का ओज प्राप्ति; "परमेष्ठी ही हवि" : साधक समस्त लोक हस्तामलकवल्; "परमेष्ठी यज्ञ की हवि : पुरुष सूक्त"; यज्ञभूमि : दक्षपुत्री; यज्ञ में पुरोडाश : निष्काम समर्पण, यज्ञ : संसार पालक; कर्मयोग ही तेजस्वी : हर संकट से पार; यज्ञ से सर्वत्र शान्ति; यज्ञ से ज्ञान, अमरता एवं माह ज्ञान; यज्ञ से इन्द्र द्युलोक में स्थापित; यज्ञ जलप्रवाहों को मुक्त कर्त्ता; यज्ञ दैवी शक्ति वर्धक; "नदियों के किनारे यज्ञ विधान"; आर्यों का आदिदेश; "शत यज्ञ कर्त्ता की शक्ति : पँच जन में"; ऋतुनुसार यज्ञ; "मनुष्य शरीर : शक्तियाँ धन एवं अन्तःकरण"; यज्ञ के लिय शत्रु मुक्ति आवश्यक; यज्ञ अज्ञानता निवारक; सूर्य यज्ञ : तीन सवन; "यज्ञवेदी माता"; देव नियम शाश्वत; यज्ञ सम्राट सूर्य; यज्ञ में तीन देवियाँ : सरस्वती, इळा, भारती; यज्ञ में बृहस्पति : अपराजेय ओज प्रदाता

12. ऋग्वेदीय यज्ञ : चतुर्थ 198

यज्ञ द्वारा सत्कृत; आदिऋषि गण : यज्ञ से अग्नि प्राप्ति; यज्ञ से अग्नि के पश्चात् वाणी प्राप्ति; ज्ञानी ज्ञानी बनाये : यज्ञ से उत्तम तेज; यज्ञाग्नि : सभी यज्ञ कर्मों का देवता; यज्ञ : हिंसा, अभिचार निषेध; यज्ञकर्त्ता : उदार हृदय; ज्ञानी का तेज : विवेक प्रदाता; स्वर्ग–नरक पृथिवी पर; वाणी : सुफल, निष्फल; यज्ञ में अग्नि उपदेश कर्त्ता : ज्ञान यज्ञ सत्र; यज्ञ से पाप मुक्ति; इन्द्र रूपी जीवात्मा; "यज्ञ ऋत पद वाच्य", "ऋत की अनन्त शक्ति : ऋत का सम्बन्ध"; यज्ञकर्त्ता–उत्तम कार्यकर्त्ता : परमात्मा को प्रिय; द्युलोक–ब्रह्मरन्ध्र में अमृततत्त्व : सोम के साथ यज्ञ आया; यज्ञ का सोम : सौ लोह पुरियों में रहा; स्वेच्छाचारी नहीं बनें; देवत्व प्राप्ति प्रक्रिया : उत्तम कर्म; यज्ञ : ब्रह्मतत्त्व; यज्ञ से सुमति : अश्विनौ; यज्ञ : सर्वप्रथम वायु द्वारा सोमपान; वायु (प्राण) इन्द्र (आत्मा) से संयुक्त; ब्रह्मज्ञानी ही पुरोहित; सूर्योदय यज्ञ से अमृततत्त्व प्राप्त; यज्ञ : दैवी शक्तियाँ; द्यावापृथिवी : अनन्तकाल से यज्ञ सम्पादन; जीवनरूपी यज्ञ : रस इन्द्रियों के लिये अमृततत्त्व; यज्ञाग्नि के चार शृंग

13. ऋग्वेदीय यज्ञ : पँचम् 221

यज्ञाग्नि : अज्ञानान्धकार से मुक्ति; यज्ञाग्नि : सप्त रत्न; हवन : रोगजन्तु नष्ट; यज्ञ : दिव्य द्वार खोलनेवाला; यज्ञ में दिव्य होता; हवि का सूक्ष्मभाग ओषधियों में स्थापित; यज्ञ पताका : यज्ञाग्नि; यज्ञ : समस्त कामनायें पूर्ण; हवि : दो प्रकार की शक्तियाँ–शारीरिक, अध्यात्मिक; ऋत्विज्ों का तेज; यज्ञ रोगनाशक, ऋतु यज्ञ; प्राणाग्नि एवं आत्माग्नि; "अश्वमेध–राष्ट्र संवर्धन यज्ञ"; यज्ञ : व्याधि संहारक, आरोग्य प्रदाता; "जीवन यज्ञ : तीन दिव्य शक्तियाँ;" ज्ञानयुक्त होने से परमेश्वर प्राप्त; "यज्ञ : आसुरी माया नष्ट;" "यज्ञ : दुष्ट कर्मवाला, राक्षस आमन्त्रित कर्त्ता नष्ट;" "जीवनयज्ञ : प्राण नाभिक;" नारियाँ ऋत ज्ञाता : हवि; यज्ञाग्नि : यज्ञकुण्ड पिता; यज्ञ से वाणी शक्ति; यज्ञवेदी : अग्नि शुद्धि; सूर्य किरण यज्ञ : सृष्टियज्ञ; अग्निविद्या : सर्वोच्च; यज्ञ : कार्य सिद्धि; वैदिक ऋचाओं का विस्तार यज्ञ से; यज्ञीय सोमरस स्वामी : दिव्य श्येन पक्षीराज; यज्ञ : वैयक्तिक उन्नति छोड़कर सर्वोन्नति से सर्वैश्वर्य; यज्ञ उत्तम कर्मों का स्रोत : यज्ञ सज्जनों का पालक; यज्ञ की ऋचाएँ : प्रयत्नशील ज्ञानी; दसमासयज्ञ : यज्ञ कूटनीति तादात्म्य; यज्ञ : ज्ञाता, मार्गदर्शक; यज्ञ : कल्याणकारी दिनों की उत्पत्ति; ज्ञानयज्ञ; "यज्ञ : ऋत, सत्य"; भक्त का यज्ञ : देव हर्षित; ब्रह्मज्ञानी महाधनाढ्य; "यज्ञ : चुनाव प्रक्रिया"; यज्ञ : सर्वकल्याण, सर्वोपकार; विदुषी–ज्ञानी ही मार्गदर्शक; रात्रियज्ञ : यज्ञों के बाद वानप्रस्थाश्रम; आत्मज्ञान उपदेश : ब्रह्मज्ञानी ही कर सकता है; यज्ञकर्त्ता : उद्योगी एवं परिश्रमी का कायाकल्प; रुग्णतानाशक यज्ञ; यज्ञ अरिहन्त; व्यवहार शिक्षा; सप्त बन्धनमुक्ति : गर्भस्त्राविण्युपनिषत्; यज्ञकर्म से प्रकाशन : आचरण शुद्धि; सविता सभी कर्मों का ज्ञाता : यज्ञ समस्त कामना पूर्ण कर्त्ता; सविता : दुर्गुण हरण कर्त्ता; यज्ञ : ऋषि रक्षा

14. ऋग्वेदीय यज्ञ : षष्ठ 244

जाग्रत साधक अग्रणी का अनुसरण करे; देवत्व प्राप्ति मूल मन्त्र; यज्ञ से शतायुषं; शुभकर्म, सत्यपालन से दिव्य तेज; यज्ञकर्म से शान्ति; यज्ञ में ज्ञानियों का सत्कार हो; यज्ञ से तेजस्वी कीर्ति; यज्ञ की नाभि–अग्नि; "परमात्मा पहिला होता"; "देव–इन्द्रियाँ : आत्मा को नमन"; यज्ञ : अग्नि को तीक्ष्ण सामर्थ्य प्राप्ति; अग्नि : सर्वज्ञ, अग्रणी, कर्मकुशल द्रष्टा ऋषि; यज्ञ से शत्रु पराभव : शत्रु कौन?; यज्ञ से दक्षता; यज्ञ श्रेष्ठ कर्म : दिव्य गुणवान् ज्ञानी आमन्त्रित; यज्ञ से सब कर्मों का ज्ञान : ब्रह्मज्ञान; "यज्ञ : सत्कर्म वृद्धि से दैवी शक्तियाँ"; स्वाध्यायशील, यज्ञ में स्तुति; सहस्रार कमल : आत्मरूप; " द्युलोक का मूल यज्ञ;" यज्ञ : अतिथि देव सत्कार; "यज्ञकर्म परिभाषित : श्रेष्ठ कर्म;" नौ दस मास यज्ञ; "सोमयज्ञ : प्रज्ञाधन", "यज्ञ से परमेष्ठी की महिमा वृद्धि"; यज्ञीय सोम : कालगणना कर्त्ता; "यज्ञ में ऋचा पाठ का ध्येय परमेष्ठी प्राप्ति", "यज्ञ : संगठन कर्त्ता"; सत्ययज्ञ के गर्भ में अग्नि; "षट्कर्म यज्ञकर्त्ता : देवों द्वारा नष्ट";

"देव लक्षण : सत्यमार्ग एवं यज्ञ"; "देव समभाव स्थापना कर्त्ता"; रात्रि पुत्र पूषा यज्ञ का नेता; सविता यज्ञस्वरूप; बृहस्पति का यज्ञ : प्रगतिगामियों के हितार्थ; सोम रुद्र यज्ञ : रोग उन्मूलन

15. ऋग्वेदीय यज्ञ : सप्तम 264

"सुगंधित हविर्द्रव्य देवों को प्रिय"; यज्ञ उत्तम कर्म; "यज्ञ : मातृभाषा–मातृसभ्यता–मातृसंस्कृति तीन देवियाँ; दिव्य ज्ञानी की संगति करें; यज्ञाग्नि की तरह तेजस्वी, महाज्ञानी, बुद्धिमान, अमर हो; "यज्ञ : प्रशस्त कर्म"; "यज्ञ में सत्य का उपदेश"; "भरतयज्ञ : भरणपोषण यज्ञ;" यज्ञाग्नि जार, "यज्ञाग्नि वेद उत्पादक"; "ज्ञानी प्रशस्ततमकर्म–यज्ञकर्म करे"; "राष्ट्रयज्ञ : वसु आदि संचालक"; "वैदिक यज्ञ विधि"; "सभी वर्ण यज्ञाधिकारी;" वाग्यज्ञ; यज्ञ : मानवीय प्रवृत्ति ज्ञान; "याजक के गुण"; "यज्ञ : संगठन शक्ति"; पराशर, वशिष्ठ कौन?"; "यज्ञीय दान विधान;" दास, शुष्ण, कुयव कौन?; नृमन एवं देवतीती! आन्तरिक धारणाशक्ति में वृद्धि रहस्य; धन के प्रकार; "परमब्रह्म : सूक्ष्म एवं स्थूल स्थानों में व्याप्त"; सोमयाग, श्रेष्ठकर्म : दैवी शक्तियाँ सहायक; तीन यज्ञ : त्रिभुवन की शक्ति; "जीवनरूपी यज्ञशाला में शतसांवत्सरिक यज्ञ : सर्वज्ञ, महाज्ञानी प्रादुर्भाव;" सत्यपालन से यज्ञ क्षीण नहीं; वेद : ज्ञान सर्वस्व; ऋत्विक्–यज्ञकर्त्ता, आनेवाले पितर शान्ति दें; "यज्ञस्थान से सत्यज्ञान के सूक्त प्रसृत"; यज्ञ : उत्तम सिद्धिवाली बुद्धि; बुद्धिपूर्वक पुरुषार्थ से सर्वत्र यशस्वी; "यज्ञ अर्थात् उन्नति का पथ"; रुद्र : यज्ञ के फल में हिस्सा प्रदाता; यज्ञस्थल : जल देवियाँ रक्षा करें; यज्ञ : अग्नि उपचार; यज्ञ : दीनता रहित कर्त्ता; यज्ञ में गरिमापूर्ण, सुशोभित, सुसज्जित होकर भाग लें; "यज्ञकर्म : लोकरक्षण"; "यज्ञः शुभ दिनों में करें"; "त्र्यम्बक महामन्त्र एवं यज्ञ;" यज्ञकर्म : सत्यमार्ग; यज्ञ : शत्रु दूर; "सोमयाग में शचीपति–शक्ति अधिपति–रोगहर्ता; "हवि से कायाकल्प"; सोमादि पर्वत शिखर पर; "यज्ञ संघटन"; "प्राचीन ऋषि : ऋचाओं से साक्षात्कार"; दाशराज्ञ रणयज्ञ : यज्ञकर्त्ता सुदास की अकल्पनीय विजय; "यज्ञ सत्कृत"; "यज्ञकर्त्ता कौन"; यज्ञ : वंशागत दोष मुक्ति; प्रगति में अवरोध से पापवृत्ति; "शरीर रूपी नौका एवं परमेष्ठी"; दुःख निवारण के तीन साधन : प्रशस्त कर्म में शिथिलता से अवनति; "सत्यमन यज्ञकर्म से संयुक्त"; सर्वकल्याण, सर्वदुःखनिवारण यज्ञ; ज्ञानयज्ञ; सरस्वती यज्ञ : विघ्न बाधा दूर कर आगे बढ़ें; यज्ञ एवं नदी; यज्ञ कल्याण के लिये; ब्रह्मज्ञानी : द्यावापृथिवी; सृष्टियज्ञ; वषट् से आहुति; अत्रिरात्र नामक सोमयाग एवं सत्रयाग

16. ऋग्वेदीय यज्ञ : अष्टम 302

परमेश्वर बिक्री के लिये नहीं; "स्तुति विधि" : यज्ञादि; "हमेशा मांगने से परमात्मा क्रुद्ध : मर्यादित याचना करें"; परमेश्वर स्वरूप : सूक्ष्मरूप, पँचतत्त्व से परे; यज्ञरूप सत्कर्म : देवगणों को प्रिय; मन्त्रद्रष्टा ऋषि रहस्य : ज्ञानदान परम्परा, ज्ञान का प्रचार सर्वत्र करो; "चतुर्मास यज्ञ बंद"; आत्मा परमात्मा का

सच्चा पुत्र; "यज्ञकर्म : सत्यधन"; ब्रह्मज्ञानी अधीन राजा; "यज्ञ की प्रजा इन्द्र"; "यज्ञ : अन्तःकरण में"; "परमेश्वर प्रथम मन्त्रद्रष्टा ऋषि"; "ऋतमार्ग– यज्ञमार्ग : स्व सामर्थ्य जागरण"; "देवत्व प्राप्ति : पवित्रता की ऋत्विज् कर्म"; यज्ञ : ज्ञानी स्वयं उन्नत हो, ब्रह्मशक्ति को उन्नत करे; यज्ञ से बल वृद्धि; प्राची दिशा में उदय से यज्ञ प्रारम्भ"; "द्युलोक–पृथिवीलोक विस्तार से यज्ञ प्रारम्भ"; "यज्ञ धारणकर्त्ता ऋषि"; ज्ञानशक्ति से सभी शत्रु पराजित; अलौकिक सुख, वैषषिक सुख : शान्तिकारक सुख, अशान्तिकारक सुख; यज्ञ : प्राकृतिक चिकित्सा; "यज्ञ से मनुष्य सत्यमार्ग में प्रतिष्ठित"; यज्ञाग्नि : गृहराक्षस (रोगाणु) नाश; "यज्ञ : शत्रु की माया–तन्त्र विफल"; "मायावी काले जादूभरे यज्ञकर्त्ता : समाज से बहिष्कृत करो"; "प्राणशक्ति : जीवनरूपीयज्ञ रक्षक"; यज्ञ में तैंतीस देवता : पिण्ड तीनाग्नि; "यज्ञ करना, यज्ञ करवाना : परमेष्ठी के ज्ञान से युक्त होना"; "यज्ञ कामधेनु"; "मानस यज्ञ सर्वोपरि"; "निन्दित यज्ञ से परमेष्ठी दूर"; "यज्ञ : रोगजन्तु नाश, दुराचारी नष्ट;" अग्नि–देवों एवं मनुष्यों के रहस्यों का महाज्ञाता; "यज्ञ : सत्त्वगुण प्राप्ति"; ज्ञानी की संगति सर्वोत्तम, "ब्रह्म एवं ब्रह्मज्ञानी एकाकार : तत्त्वमसि; भक्त भगवान् एक;" घोरतम संकट दुःख में ब्रह्मोपासना : सुख, शक्ति प्राप्ति; सोम : ब्रह्मज्ञान, अमरता, आरोग्य प्रदाता; तत्त्वमसि; "ऋत्विज् : यज्ञकर्म ज्ञाता हो;" "सप्त छन्द ऋचा पाठ : यज्ञीय सोमरस तैयार;" प्राचीन ऋषियों के गुह्य यज्ञस्थल : तप से दृष्टिगत; "गृह में नित्य प्रति यज्ञ : विद्वान निवास, देवनिवास;" "अश्वमेध यज्ञ : उत्तम ज्ञानियों को पुष्कल दक्षिणा;" "यज्ञ से परमव्योम में स्थान (मोक्ष)"; यज्ञकर्त्ता : कोई नष्ट नहीं कर सकता; देवयज्ञ : यज्ञाग्नि सर्वप्रथम पूजित; अग्नि होम कर्त्ता का मित्र; यज्ञ से वर्षा; "यज्ञमय देश की भूमि अत्यन्त उपजाऊ; यज्ञ से पृथिवी में शक्ति; दोषरहित यज्ञकर्म : वृद्धियुक्त सम्पदा से रक्षा; ज्ञानयज्ञ; "सोम : मन्त्रद्रष्टा ऋषि–विप्र; "यज्ञ सम्बन्धि चतुर्थ नाम–सर्वोत्तम कर्म"; "ऋत के नियम शाश्वत : प्रतिकूलता से पराभव"; "परमेष्ठी भाव से प्रसन्न : यज्ञ से कायाकल्प; "नारी को यज्ञाधिकार"; "शरभ" : दानी राजा अथवा बन्धु ऋषि; यज्ञ में वाणी रूप कामधेनु; "यज्ञादि में अरुचि : देवों की अवकृपा"; "गो अवध्य"; "अग्नि : यज्ञ का पौत्र"; यज्ञ श्रद्धापूर्वक मन से करें"; "आर्यस्य वर्धन : श्रेष्ठ मनुष्य की वृद्धि"; "वैदिक आर्य शब्द का अर्थ–श्रेष्ठ जन"; "उत्तमकर्म–यज्ञकर्म कर्त्ता से, दुष्कर्म कर्त्ता भयभीत"; अपार तेज पार करना कठिन

17. ऋग्वेदीय यज्ञ : नवम् 338

यज्ञ में त्रिधातु : शरीर, मन, बुद्धि सामर्थ्यवान्; सोम से कर्तव्य शक्ति वृद्धि; यज्ञीय सोम : बल, तेजस्विता, धारणा शक्ति वृद्धि; यज्ञ की आत्मा सोमः यज्ञ का पहिला आधार सोम; सोम : याज्ञिकों की सहायता कर्त्ता, रोगबीज नष्ट; "सोम द्वारा शब्दों का आविष्कार"; सोम : चमकनेवाला, प्रकाशमान्; "सोमयाग : मातृभाषा, मातृसंस्कृति, मातृभूमि सर्वोच्च"; सोम यज्ञ की आत्मा; यज्ञ सत्यमार्ग;

यज्ञ से आनन्द; "यज्ञ सर्वजनीन"; यज्ञ : अथर्ववेदी याजक; सोम मन का ज्ञाता; "यज्ञीय सोम : सत्कर्मों का प्रेरक, बुद्धिगत शुभकर्म प्रेरक"; सोम सत्याश्रय में, यज्ञ सत्याश्रय; "सोम परमेष्ठी तत्त्व"; सोम मखरूप–यज्ञरूप; सोम : उत्तम यज्ञ कार्य में लगाओ; तीनों लोकों में सोम; "सोमवल्ली भूलोक के स्वर्ग स्थित"; "सोम : अमरत्व दाता"; "सोम : स्वाध्याय, चैतन्यता वृद्धि कर्त्ता"; "ऋतुओं के संधिकाल में यज्ञ : रोगनष्ट"; यज्ञ में ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद मन्त्र पाठ; "वेद ऋचाएँ : यज्ञ निर्मात्री"; "सोम मन्त्रद्रष्टा ऋषि"; सोम धर्मपालक; सोम सूर्य तादात्म्य; यज्ञ : असंस्कृत को संस्कृत निर्माता : संस्कार शिक्षा; यज्ञीय सोम : स्तोत्रों से सुसंस्कृत; यज्ञ : सोम से ज्ञानवृद्धि; दिव्य श्येन द्युलोक से सोम लानेवाला; यज्ञ में वेद त्रयी ऋचा पाठ; सोमयाग से सहस्रो लाभ; याजक के मापदण्ड; "अश्वमेध– सोमयाग तादात्म्य"; "यज्ञ के तीन सवन : वेद मन्त्र तीन स्वरों में"; विशेष ज्ञानी यज्ञ करना चाहते हैं : अज्ञानी अंधकार में डूबे रहते हैं; पँच जन : सोमयाग; सप्त ऋत्विज् : यज्ञ में सोम की स्तुति; "यज्ञ में अग्नि ऋषि"; "यज्ञ की उत्पत्ति सोम चन्द्रमा प्राप्ति पर"; अदिति का नाती सोम; यज्ञ में गोघृत : रोगकर्मी नष्ट; ऋत्विज्ों को यथायोग्य दक्षिणा विधान; यज्ञ सत्यमार्ग; यज्ञ में जाना प्रशंसनीय; यज्ञ का मध्यभूत स्थान : अन्तरिक्ष; यज्ञ में गोदान; यज्ञ की जिव्हा : आनन्दामृतमय रस; "यज्ञीय ओषधियों के गर्भ में सोम"; पृथिवी द्युलोक में सोम उत्पत्ति; "सोम देवता स्वरूप"; सोम गन्धर्व से द्यावापृथिवी प्रकाशित; यज्ञ की ज्योति सोम; यज्ञ से उत्तम बुद्धियाँ प्राप्त; यज्ञीय सोम ज्ञानवर्धक; "यज्ञ अनादि काल से : यज्ञ शाश्वत"; यज्ञ सत्य की नौका; सप्त ज्ञानी तत्त्वज्ञ यज्ञकर्त्ता; यज्ञ में सत्यस्थान सोम का; यज्ञीय सोम सर्वज्ञ; "यज्ञ : मन्त्रों के गुह्यार्थ प्रगट"; यज्ञ उत्तम कर्म; यज्ञ देवस्थान; सोम–ब्रह्मा, श्येन, ऋषि समान; यज्ञ प्राचीन काल से अथवा वेद पूर्व से; यज्ञ : उत्तम प्राण, दीर्घजीवन दाता; "सोम सुवर्ण से दिव्य शक्ति युक्त"; "ज्ञानयज्ञ : महाज्ञानी सदैव जाग्रत रहे", हमेशा उपदेश करता रहे; उशना ऋषि द्वारा देवों की उत्पत्ति वृत्तान्त; यज्ञ में आकाशीय दिव्य जल; यज्ञीय सोम संस्कार : मानसिक स्तुति से; यज्ञ में तीन वाणियाँ–तीन वेदों का पाठ; "सोम अश्व रूप"; पृथिवी पुत्र : सोम–वनस्पतियाँ; यज्ञ में सप्त छन्दों में सोमस्तुति; यज्ञीय सोम : सप्तर्षियों द्वारा स्तुति; यज्ञीय सोम : सन्मार्ग प्रदर्शक, सर्वश्रेष्ठ ज्ञानी; सत्यव्रत ऋत्विज् : श्रद्धा तप से सोम स्तवित; आनन्द : चार प्रकार; "समस्त ओषधियों में सोमांश; सप्तादित्य, अनेक सूर्य, सप्त दिशा, सप्त होता ऋत्विज्

18. ऋग्वेदीय यज्ञ : दशम 381

अध्वर : अहिंसामय हवन; पृथिवी की नाभि यज्ञवेदी; ऋतुनुसार यज्ञकर्म; मानव जीवन ऋतु–बालपन, तारुण्य, वार्धक्य; ऋत्विज् यज्ञविधि ज्ञाता हो : ऋत्विज् यज्ञविधि से अज्ञान; हवनीय पदार्थ – उत्तम अन्न रूप; यज्ञस्थान; ज्ञान–प्रकाश किरण; यज्ञ शान्ति दाता; स्थिर चित्त वेदी में अग्नि रखते हैं; यज्ञ : ज्ञानी हृदय

में गूढ़ रहस्यमय नाम धारण; यज्ञ से पहिले अग्नि उत्पन्न हुआ; "यज्ञ का प्रभु अग्नि"; यज्ञ से कल्याण, हर तरह का अन्न; अग्नि ऋत्विक् यज्ञ समापक : द्युलोक में यजन; यज्ञवेदी में अग्नि तेज स्थापना; अग्नि : यज्ञ के सप्त स्थानों का धारण; सृष्टि जनक त्वष्टा पुत्र का इन्द्र द्वारा वध; द्यावापृथिवी का यज्ञ; "वैदिक यज्ञ के पाँच उपकरण"; मृत्यु देवता यम यज्ञकर्त्ता शरीर को मृत्यु के पास नहीं भेजता; "यम : त्रिकद्रुक यज्ञ"; "पितर यज्ञ" : सत्यस्वरूप पितर यज्ञकाल में रक्षक; यज्ञ अवशिष्ट : सदा शरीर दृढ़; यज्ञ वेदी : अग्नि का कवच; "पितृ यज्ञ"; यज्ञ : सरस्वती निरोगता, उपयोगी अन्नादि प्रदाता; "पितृमेध यज्ञ : शवदहन यज्ञ"; मन को शुभ संकल्प से युक्त कर; यज्ञ कल्याण करनेवाला; मन कल्याणकारी विचारों से युक्त हो; यज्ञांश भक्षण कर्त्ता वालखिल्य ऋषि एवं सप्तर्षि उत्पत्ति–दश आंगिरसों में समभावी कपिल; यज्ञ : सूर्य दर्शन; यज्ञ देवस्वरूप ज्ञाता, शुभ फल; यज्ञ में उपदेश का कल्याणप्रद फल : अज्ञ भी ज्ञान मार्ग पर; यज्ञ : आदित्यादि से श्रीवृद्धि; सूर्य : यज्ञ विध्वंसक राक्षसों से रक्षण; यज्ञ से देवलोक प्राप्ति : कीर्तिजनक कार्म सम्पादन; यजन से विमुख दुष्ट बुद्धि : अधोगामी नरक जाते हैं; पार्थिव अग्नि जातवेदा; यज्ञीय धूम : तेजोमय शुक्ल कान्ति द्युलोक में; यज्ञार्ह अग्नि निर्माण : मनुष्य हितार्थ; देवताओं द्वारा यज्ञकर्म; "यज्ञानुष्ठान : ब्रह्मशक्ति वर्धन;" "यज्ञानुष्ठान से देव महान्" : हवि के भाग एवं यजमान का अंश; पँच जन : हवन का सेवन करें; सूर्यमण्डल यज्ञ : "मनुर्भव जनया दैव्य जनम्"; "ब्रह्म को जानकर यज्ञ कर" : यज्ञ के लिये अश्वन्मती नदी उलांघें; परमेष्ठी का तेज : पँच देव–सप्ततत्त्व–चौतीस देवस्वरूप; परमेष्ठी का अंश : ज्योतिर्मय आत्मा; "यज्ञ सन्मार्ग"; "यज्ञ से निर्ऋति दूर"; "यज्ञ से कल्याण, पाप समापन"; "यज्ञपालक वास्तोष्पति"; "यज्ञ से असम्भव से सम्भव"; अश्वमेध यज्ञ से वृद्धि; "यज्ञ से परमेष्ठी से मित्रत्व, अमरत्व : यज्ञ सत्यस्वरूप"; "हृदयस्थ निहित बुद्धि प्रज्ञा से अग्निहोत्र कर्म"; "यज्ञ से प्रवृद्ध, उत्कर्षशील"; यज्ञ शरीर में अलंकृत : वनोषधियों से यज्ञ; "अग्नि वेदों में रखकर हवि समर्पण"; "यज्ञस्थान : उषा एवं रात्रि विराजमान्"; वनस्पति यज्ञयूप : ज्ञानी, देवों को हवि प्रदाता; "यज्ञ से वाणी : देवों ने वाणी का सर्वोत्तम रूप ऋषियों को दिया"; "यज्ञ के चार प्रमुख ऋत्विज्"; "यज्ञ से भविष्यकाल द्रष्टा–त्रिकालज्ञ; "यज्ञ से दस्यु माया नष्ट, यज्ञ विघ्नकर्त्ता नष्ट"; "सूर्य रश्मियाँ : यज्ञीय धूम सूक्ष्मस्वरूप द्युलोक में"; "यज्ञ : पृथिवी, आकाश, द्युलोक में 21 सिन्धु रहस्य"; "विश्वरूप यज्ञ"; यज्ञार्ह–यज्ञ में सबके रक्षक; "समस्त भुवनों का निर्माता विश्वकर्मा प्रथम होता; "यश का मूल मन्त्र; "सूर्य चन्द्र द्वारा यज्ञ परिक्रमा : यज्ञ में सूर्य चन्द्र द्वारा समय ऋतु विनियमन"; यज्ञ में इन्द्राणी अग्रणी; यज्ञकर्त्ता रक्षक अग्नि का "ऋष्टि" शस्त्र; "सर्वमेध यज्ञ"; यज्ञ में प्रमुख देवता वायु अथवा अग्नि?; "होता, पोता, नेष्टा, अग्निध्र, प्रशस्ता, अध्वर्यु, ब्रह्मा, यजमान सभी अग्नि"; अश्वमेध

यज्ञ–राष्ट्र संवर्धन यज्ञ; अग्नि यज्ञ साधक : सदैव सत्य ज्ञान; "यज्ञ में दक्षिणा का दाता–तत्त्वदर्शी ऋषि, ऋचा का स्तोता; "बृहस्पति का पाप! : यज्ञ की उपासना"; "अग्नि उत्पन्न होते ही यज्ञ का निर्माण कर अग्रणी हुए"; "यज्ञ : एकमेव अद्वितीय प्रभु की अनेक कल्पना"; "यज्ञ रथ संचालक–ऋग्वेद, सामवेद"; "यज्ञरूप परमेश्वर की चौदह विभूतियाँ"; "यज्ञ के पन्द्रह अंग"; प्रचेतस, सर्वश्रेष्ठ कर्मकर्त्ता, दाता का नाम अग्नि; ब्रह्मवेत्ता ज्ञानी अज्ञानी से श्रेष्ठ : कृपण का धन व्यर्थ; "हिरण्यगर्भ : यज्ञीय अग्नि उत्पन्न कर्त्ता"; अग्नि : यज्ञगृह में सर्वत्र उपस्थित, स्वयं उत्तम यज्ञ कर्त्ता; "यज्ञरूप गो : इच्छित फल"; वेन–अन्तरिक्ष में उत्पन्न जल का देवता : "वेन का यजन"; पाकयज्ञ–हविर्यज्ञ–सोमयज्ञ"; यज्ञवेदी : राष्ट्ररक्षा; "वाक् : यज्ञार्ह देवों में प्रधान"; यज्ञ : पाप से उत्तम रीति से मुक्ति; "यज्ञ : मन के संकल्प सत्य हो"; "सृष्टि यज्ञ : पँच भूत तन्तु, प्रजापति विस्तृत कर्त्ता"; "नित्य यज्ञ विधान"; यम का वाद्य नाळी; "ब्रह्मयज्ञ वृद्धि"; यज्ञ से कायाकल्प; यज्ञ चिकित्सा; "निर्ऋति–पाप देवता निवारक यज्ञ"; "वायु देवता यज्ञ : वायु देवों की आत्मा"; यज्ञ का मस्तक शरीर से पृथक्; उषा : यज्ञ सम्पादन; यज्ञ से राज्य प्राप्ति; "वाणी यज्ञस्थान में सुरक्षित"; "यज्ञ का गुप्त परम आधार : बृहत् साम से प्राप्त"; "यज्ञ के यजुर्वेदीय मन्त्र : परम ज्ञान मन से प्राप्त"; "बृहस्पति यज्ञ" : रोग भय निवारण; "प्रयाज यज्ञ" : अनुयाज अग्नि शान्ति, अभय प्रदाता; "यज्ञ : अग्नि की सप्त शिखाएँ"; "प्राण अपान यज्ञ"; परमेष्ठी के तप से ऋत एवं सत्य उत्पन्न; "यज्ञ : मनन–अन्तःकरण विचार चित्त ज्ञान ऐकमत्य"।

19. यज्ञ : ऋग्वेदीय खिल सूक्त : 3 — 450

अश्वमेध यज्ञ : सृष्टि यज्ञ

सत्य एवं मिथ्या

ऋग्वेद

20. सृष्टियज्ञ : परमेष्ठी का अश्वमेध यज्ञ — 453
अश्वमेध का अध्यात्म : अश्वमेध यज्ञ ब्रह्मविद्या

21. ऋग्वैदिक अश्वमेध यज्ञ — 459
अश्व पूर्ण पुरुष!

22. यज्ञमय पृथिवी — 462
ऋग्वैदिक अश्वमेध यज्ञ : यज्ञीय अश्व उत्कृष्ट देव
अश्वमेध अश्व : पृथिवि पर सर्वत्र यज्ञ ज्ञान प्रसारकर्त्ता

23. ऋग्वेदीय अश्वमेधयज्ञ : सर्वनियन्ता सपक्ष दिव्य अश्व — 467
यज्ञीय जगत् अवधारणा

यजुर्वेद

24. यजुर्वेदीय अश्वमेध यज्ञ — 473
राष्ट्र संवर्धन यज्ञ

25. अश्वमेध : द्वाविंशोऽध्याय 474
यज्ञ से ब्रह्मलोक प्राप्त : यज्ञ से यज्ञ सम्पन्न
26. अश्वमेध : अथ त्रयोविंशोध्यायः 486
सृष्टिविद्या का ज्ञान : यज्ञो भुवनस्य नाभिः
अयं सोमो वृष्णो अश्वस्य रेतो : अश्व व्यापनशील
27. अश्वमेध : अथ चतुर्विंशोऽध्यायः 501
राज कौशल–शासन कला के सूत्र
वैदिक देवों के नामधारी शासन विभाग
देवताओं के कर्म : विभाग कर्म
28. अश्वमेध : अथ पंचविंशोऽध्यायः 514
भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम : भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः
देवता अविनाशी : पँच जन अविनाशी
राष्ट्र संवर्धन यज्ञ : चौतीस विभागों पर तृतीय नेत्र
राष्ट्र शरीरस्थ देवों का महाकुम्भ

उपनिषत्

29. बृहदारण्यकोपनिषत् 530
अश्वमेध यज्ञ : यजनीय काल अश्व!

वैदिक यज्ञ

30. उपनिषत् : शरीर मे यज्ञ! 534
यज्ञ : ब्रह्म ज्ञान प्राप्ति की चर्या–ब्रह्मचर्य
31. अथर्ववेदीय यज्ञ 553
यज्ञ में सर्वस्व आत्मसमर्पण
32. काल का यज्ञ 555
33. अथर्ववेद : यज्ञायोजन धर्मकृत्य संस्कार 561
यज्ञ : अध्यात्मिक लाभ मूलमन्त्र
34. अथर्ववेद 565
यज्ञ : स्वाहा – आत्मसर्वस्व समर्पण
यज्ञमय जीवन : यज्ञमय राष्ट्र
35. अथर्ववेद 568
विष्टारी यज्ञ : अन्नदान रूप यज्ञ
संकल्पसिद्धि : कल्पतरु एवं कामधेनु
36. अथर्ववेद 572
यज्ञ से उन्नति, आरोग्य
37. अथर्ववेद 573
यज्ञ का महत्व : अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक
स्वार्थत्याग ही यज्ञ

38. अथर्ववेद 576
यज्ञ का सत्य फल : समस्त दोष निवारण
39. अथर्ववेद 577
यज्ञ : परमेश्वरार्पण बुद्धि से
40. अथर्ववेद 578
यज्ञवेदी की महिमा
वेदी पवित्रतम भूमि

गोमेध यज्ञ

41. अथर्ववेदीय गोमेध यज्ञ सूक्त 580
सर्वश्रेष्ठ गो संवर्धन का महायज्ञ
गो परमेष्ठी स्वरूप
42. गो रक्षा आर्यों का श्रेष्ठ धर्म 589
43. भ्रम और यथार्थ 591
वैदिक गोमेध अर्थात् गोसंवर्धन, गोसंगतिकरण!

सर्वमेध यज्ञ

44. सर्वमेध यज्ञ 598
सर्वपूज्य परमात्मा का अनुष्ठान

शूलगव यज्ञ

45. वैदिक यज्ञ, मिथ्या और यथार्थ 612
रुद्रमय का यज्ञ : शूलगव होम
46. संदर्भ ग्रन्थ 642

ज्ञानकाण्ड

स्वाध्यायो वै ब्रह्मयज्ञः!

वैदिक यज्ञों में ''स्वाध्याय को ब्रह्मयज्ञ'' कहा गया है। ''स्वाध्यायो वै ब्रह्मयज्ञः।। शतपथ ब्राह्मण 11.5.6.2।।'' शतपथ ब्राह्मण में स्वाध्याय प्रशंसा का वर्णन पँचम अध्याय के सातवें ब्राह्मण में है।

वैदिक क्रम में ''स्वाध्याय और प्रवचन'' दो अत्यन्त प्रिय कर्म हैं। स्वाध्यायादि करने से मन एकाग्र रहता है। वह सदैव स्वतन्त्र्यम् रहता है, अर्थात् कभी पराधीन नहीं होता है। स्वाध्याय एवं प्रवचन कर्त्ता के कार्य दिनों दिन सिद्ध होते जाते हैं। वह हमेशा सुखपूर्वक नींद लेता है। उससे बढ़कर अपने रोगों का चिकित्सक कोई नहीं होता है।

इस प्रकार स्वाध्यायादि के प्रतिफल के रूप में चित्त की एकाग्रता, इन्द्रिय संयम, बुद्धि की वृद्धि, लोक परिपाक एवं यश वृद्धि प्राप्त होते हैं। स्वाध्याय कर्त्ता के संसर्ग में आने वाला भी अध्यात्मिक ज्ञान में परिपक्व हो जाता है।

ऋषिवर के अनुसार स्वाध्याय का क्रम टूटना नहीं चाहिए। शतपथ ब्राह्मण में ब्रह्मविद्–ब्रह्मजिज्ञासु–ब्रह्म अध्येता द्वारा नित्य स्वाध्याय नहीं करने की तुलना सूर्य, चन्द्र, नक्षत्र, जल आदि समस्त देवों द्वारा कार्य नहीं करने से की है। ऋषिवर के अनुसार सूर्य नित्य परिभ्रमण कर आलोकित करता है, चन्द्रमा नित्य यात्रा करता है, नक्षत्र सदैव अपनी परिक्रमाओं में चक्रित हो रहे हैं। मूलभूत रूप से स्वाध्याय स्वयं किया जाता है। इसी कारण कहा गया है कि प्रतिदिन कुछ ऋचाओं–यजुर्वाक्य–सामवचन–देवगाथा का मनन–उच्चारण करना चाहिये।।11.5.7.1–10।।

> अथातः स्वाध्याय–प्रशंसा। प्रिये स्वाध्याय–प्रवचने भवतो युक्तमना भवत्य–पराधीनोऽहर–हरर्थान्त्साधयते सुखं स्वपिति परम चिकित्सक आत्मनो भवतीन्द्रिय–संयमश्–चैकारामता च प्रज्ञावृद्धिर्य– शोलोपक्तिः। ।।1।। ये ह वै के च श्श्रमाः। इमे द्यावापृथिवी ऽअन्तरेण स्वाद्धयायो हैव तेषाम्परमता काष्ट्ठा य ऽएवं व्विद्वान्त्स्वाद्धयायमधीते तस्म्मात्त्स्वाद्ध–यायोऽद्धये– तव्व्यँ।।2।। यद्यद्ध वा ऽअयन्छदसँ। स्वाद्धयायमधीते तेन तेन हैवास्य यज्ञक्क्रतुनेष्ट्टम्भवति य ऽएवं व्विद्वान्त्स्वा–द्धयायमधीते तस्म्मा–त्स्वाद्धयायो–ऽद्धयेतव्व्यः।।3।। यदि ह वा अप्यब्भ्यक्तः। अलङ्.कृतः सुहितः सुखे शयने शयानः

स्वाद्धयायमधीत ऽवा हैव स नखाग्ग्रे–ब्भ्यस्तप्प्यते य ऽएवं व्विद्वान्त्स्वाद्धयायमधीते तस्म्मात्त्स्वाद्धयायो–ऽद्धये–तव्व्यः।।4।। मधु ह वा ऽऋचः। घृतः ह सामान्न्य–मृतं य्यजूंषि यद्ध वा ऽअयं व्वाकोवाक्क्य –मधीते क्षीरौ–दनमांसौदनौ हैव तौ।।5।। मधुना ह वा ऽएष देवाँ–स्तर्प्पयति। य ऽएवं विद्वानृ–चोऽहरहः स्वाद्ध–यायमधीते त ऽएनन्तृप्र्ता–स्तर्प्पयन्ति सर्व्वैः कामैः सर्व्वैर्भोगैः।।6।।

घृतेन ह वा ऽएष देवाँस्तर्प्पयति। य ऽएवं व्विद्वान्त्सामा–न्न्यहरहः स्वाद्धयायमधीते त ऽएनन्तृ प्तास्तर्प्पयन्ति सर्व्वैः कामैः सर्व्वैर्भोगैः।।7।। अमृतेन ह वा ऽएष देवाँस्तर्प्प–यति। य ऽएवं विद्वान्न्यजूं–ष्यहरहः स्वाद्धयायमधीते त ऽएनन्तृ–प्तास्तर्प्पयन्ति सर्वैः कामैः सर्व्वैर्भोगैः।।8।। क्षीरौदनमां–सौदनाब्भ्यां ह वा ऽएव देवाँस्त–र्प्पयति। य ऽएवं व्विद्वान्वाको–वाक्क्यमितिहास–पुराणमित्त्यहरहः स्वाद्धयाय–मधीते त ऽएनन्तृप्तास् –तर्प्पयन्ति सर्वैः कामैः सर्व्वै–र्भोगैः।।9।। यन्ति वा ऽआपः। एत्यादित्य ऽएति चन्द्रमा यन्ति नक्षत्राणि यथा ह वा ऽएता देवता नेयुर्न्न कुर्य्युरेवः हैव तदह–र्ब्राह्मणो भवति यदहः स्वाद्धयाय–न्नाधीते तस्म्मा–त्त्स्वाद्धयायो–ऽद्धयेतव्व्यस्त–स्म्मादप्प्यृचं व्वा यर्जुर्व्वा साम वा गाथां व्वा कुव्व्यां व्वाभिव्व्या–हरेद्व्रतस्या–व्व्यवच्छेदाय।।10।।

।।शतपथ ब्राह्मण 11.5.7.1–10।।

शतपथ ब्राह्मण में स्वाध्याय की महिमा में यहाँ तक कहा है कि यदि कोई शृंगार करके (अलंकृत होकर), सुगन्धित इत्र लगाकर, मधुर भोजन करके आराम दायक शय्या पर लेट कर भी 'स्वाध्याय' रत है तो उसने नख से शिखा तक तपश्चर्या की है। अर्थात् ''स्वाध्याय में लीन रहना चाहिये।'' यह ''स्वाध्याय ही ब्रह्मयज्ञ है।'' स्वाध्याय का ब्रह्मयज्ञ निष्काम कर्म है। इस भावना को स्वाध्याय को आत्मसात करने का मूल मन्त्र ब्रह्मविद्या–आत्मविद्या–सृष्टिविद्या अर्थात् वेद आदि ग्रन्थों का स्वाध्याय (अध्ययन और आत्मसात) करना है। इनके अलावा वेद बीज से सम्बन्धित–ब्राह्मण ग्रन्थ, आरण्यक, उपनिषत् आदि का स्वाध्याय करना है। स्वाध्याय गुण विकसित करने के लिये स्वाध्याय में लीन ब्रह्मविदों–ब्रह्मजिज्ञासुओं–अध्येताओं की संगति में रहना चाहिये। भौतिक एषणाओं के स्थान पर ब्रह्मविद्या के ग्रन्थ एवं अध्यात्मिक दिव्य संगीत का श्रवण भी सहायक होता है। साथ ही चरम भौतिकवाद में डूबों को दूर से नमस्कार करना उचित है। रुद्र ताण्डव के मर्म की तरह समभाव में रहें।

प्रतिष्ठा सूकरीविष्ठासमा गीता महर्षिभिः।

तस्मादेनां परित्यज्य कीटवत् पर्यटेद्यति।।

।।सन्यासोपनित् : नारदपरिव्राजकोपनिषत्।।

स्वाध्याय यज्ञ कर्त्ता "नारदपरिव्राजकोपनिषत्" के उपदेश की भाँति "प्रतिष्ठा को सूकरी विष्ठा की तरह समझे।" इस ब्रह्मयज्ञ में परमेष्ठी की उपासना, भक्ति, जप, तप आदि से आत्मिक शक्ति एवं सद्ज्ञान में वृद्धि होती है।

स्वाध्याय–प्रवचन ब्रह्मयज्ञ : तैत्तिरीयोपनिषत्

तैत्तिरीयोपनिषत् की शिक्षावल्ली के नवमोऽनुवाक में शतपथ ब्राह्मण के अनुसरण में स्वाध्याय (ब्रह्मविद्या–आत्मविद्या–सृष्टिविद्या, वेदादि शास्त्राध्ययन) और प्रवचन (वेदादि पाठरूप ब्रह्मयज्ञ–अध्ययन–अध्यापन) का वर्णन किया गया है। उपनिषत् के अनुसार ये अनुष्ठान–ब्रह्मयज्ञ करने योग्य हैं। आचार्य शंकर भाष्यानुसार सत्य (सत्यभाषण), स्वाध्याय एवं प्रवचन अनुष्ठान किये जाने चाहिये। इन्द्रिय दमन–दम एवं स्वाध्याय–प्रवचन सदैव करते रहें। मनोनिग्रह–शम एवं स्वाध्याय–प्रवचन सदैव करना कर्तव्य है। अग्न्याधन एवं स्वाध्याय–प्रवचन का अनुष्ठान करें। नित्य कर्तव्य–अग्निहोत्र एवं स्वाध्यायादि है। अतिथि सत्कार एवं स्वाध्यायादि का नियमित अनुष्ठान करें। मानुषकर्म (लौकिक व्यवहार–विवाहादि) एवं स्वाध्यायादि सदैव करते रहें। प्रजा उत्पन्न करना और स्वाध्याय प्रवचन करना कर्तव्य है।

प्रजनन (ऋतुकाल में भार्यागमन) के साथ स्वाध्याय–प्रवचन करते रहें। प्रजाति (संतानोत्पत्ति) के दौरान स्वाध्याय एवं प्रवचन का नित्य क्रम जारी रहे। सत्य ही अनुष्ठान करने योग्य है, ऐसा रथीतर का पुत्र सत्यवचा मानता है। तपोनिष्ठ पौरुशिष्ट का मत है कि तप ही नित्य अनुष्ठान करने योग्य है। मुद्गल के पुत्र नाक का मत है कि स्वाध्याय एवं प्रवचन ही कर्तव्य है। अतः स्वाध्याय एवं प्रवचन ही तप (यज्ञ) है।

इन समस्त कर्मों से युक्त मनुष्य को भी स्वाध्याय एवं प्रवचन का यत्नपूर्वक अनुष्ठान करना चाहिये। इसीलिये इन सभी कर्मों के साथ स्वाध्याय एवं प्रवचन को ग्रहण किया गया है। अर्थात् समस्त लौकिक कार्यों के साथ–साथ नियमित रूप से स्वाध्याय एवं प्रवचन का संदेश है। स्वाध्याय के अधीन ही परमश्रेय है और प्रवचन उसकी अविस्मृति एवं धर्म वृद्धि के लिये है। इस लिये स्वाध्याय एवं प्रवचन में श्रद्धा रखनी चाहिये।

स्वाध्याय का अर्थ है – "स्व" का स्वयं का अध्ययन करना और प्रवचन का अर्थ है – स्वाध्याय किये हुए का उपदेश करना।

तैत्तिरीय उपनिषत् का स्पष्ट उपदेश है कि ऋत का पालन करे, परन्तु स्वाध्याय एवं प्रवचन को कभी नहीं भूले। सत्य के पालन के साथ स्वाध्याय एवं प्रवचन निरन्तर हो। तप के साथ स्वाध्याय एवं प्रवचन क्रम यथावत जारी रहे। दम–शम–अग्न्याधन–अग्निहोत्र–अतिथि सेवा–मानवीय सेवा–प्रजापालन–संतानोत्पत्ति–परिजन स्वजन पालन आदि समस्त कर्म करते हुए स्वाध्याय एवं प्रवचन का त्याग कभी नहीं करें। मुद्गल के पुत्र नाक का कथन है कि स्वाध्याय ही तप है, प्रवचन ही तप है। परन्तु ऋत, सत्य, तप, दम, शम आदि के साथ स्वाध्याय एवं प्रवचन कभी नहीं छोड़ना चाहिये।। शिक्षावल्ली नवमोऽनुवाक।।

ऋतं च स्वाध्यायप्रवचने च।
सत्यं च स्वाध्यायप्रवचने च।
तपश्च स्वाध्यायप्रवचने च।
दमश्च स्वाध्यायप्रवचने च।
शमश्च स्वाध्यायप्रवचने च।
अग्नयश्च स्वाध्यायप्रवचने च।
अग्निहोत्रं च स्वाध्यायप्रवचने च।
अतिथयश्च स्वाध्यायप्रवचने च।
मानुषं च स्वाध्यायप्रवचने च।
प्रजा च स्वाध्यायप्रवचने च।
प्रजनश्च स्वाध्यायप्रवचने च।
प्रजातिश्च स्वाध्यायप्रवचने च।
सत्यमिति सत्यवचा राथीतरः।
तप इति तपोनित्यः पौरुशिष्टिः।
स्वाध्यायप्रवचने एवेति नाको मौद्गल्यः।
तद्धि तपस्तद्धि तपः।। इति नवमोऽनुवाकः।। तैत्तिरीय उपनिषत्।।
(स्वाध्यायादिब्रह्मयज्ञस्योत्तमतपस्त्वमुक्तम्।)

शिक्षावल्ली के एकादशोऽनुवाक में वेद विद्या शिक्षा के बाद आचार्य दीक्षान्त में कहता है कि सत्य बोलना, धर्माचरण करना। स्वाध्याय से कभी प्रमाद नहीं करना। सत्य से प्रमाद नहीं करना। धर्म से प्रमाद नहीं करना। कुशल कर्म (आत्मरक्षा में उपयोगी) से प्रमाद नहीं करना। ऐश्वर्य देनेवाले मांगलिक कार्यों में प्रमाद नहीं करना चाहिये। स्वाध्याय एवं प्रवचन से कभी भी प्रमाद नहीं करना चाहिये।। एकादशोऽनुवाक 1।।

ब्रह्मविद्या से पूर्व श्रौत एवं स्मार्त कर्मों का नियम से अनुष्ठान करना चाहिये। इसीलिये श्रुति में उनकी कर्तव्यता का उपदेश का आरम्भ किया जाता है। अनुशासन श्रुति पुरुष के संस्कार के लिए है। क्योंकि पुरुष के संस्कारयुक्त एवं विशुद्ध चित्त होने पर उसे अनायास ही आत्मज्ञान प्राप्त हो जाता है। यह स्मरण रहे कि "तप से पाप का नाश होता है और ज्ञान (ब्रह्म) से अमरत्व का लाभ होता है।" इसी लिये कहा गया है कि "तप से ब्रह्म को जानने की इच्छा कर।" अतः ज्ञान की उत्पत्ति के लिये कर्म करने चाहिये। सभी कर्म विद्या की उत्पत्ति के लिये हैं। कर्म पूर्वसंचित पापों के क्षय के द्वारा ज्ञान प्राप्ति के लिये हैं। अविद्या–कर्म से मृत्यु–अधर्म को पार करके विद्या–ब्रह्मज्ञान से अमरत्व लाभ प्राप्त होता है। इस अनुवाक में ज्ञान की उत्पत्ति के हेतु होने से उनकी कर्तव्यता नियम करने के लिये हैं।

वेदमनूच्याचार्योऽन्तेवासिनमनुशास्ति।
सत्यं वद। धर्मं चर।
स्वाध्यायान्मा प्रमदः।
आचार्याय प्रियं धनमाहृत्य प्रजातन्तुं मा व्यवच्छेत्सीः।
सत्यान्न प्रमदितव्यम्।
धर्मान्न प्रमदितव्यम्।
कुशलान्न प्रमदितव्यम्।
भूत्यै न प्रमदितव्यम्।
स्वाध्यायप्रवचनाभ्यां न प्रमदितव्यम्।
देवापितृकार्याभ्यां न प्रमदितव्यम्।।1।।
।।तैत्तिरीयोपनिषत्, एकादशोऽनुवाकः।।

स्वाध्याय

"शब्द कल्पद्रुम" में स्वाध्याय शब्द का अर्थ लिखा है : "गुष्ठु आवृत्य अध्यायः वेदाध्ययनमिति। आवृत्य वेदाध्ययनम्।" तत्पर्य्यायः। जपः2। इत्यमरः।2. 7.4.7.1। जापः3।। इति जटाधरः। "स्वाध्यायो जप इत्युक्तो वेदाध्ययन–कर्म्मणि।।" इति शब्दरत्नावली।।

"हे आवृत्य वेदाध्यने। सुक्कताय आवृत्य अध्यायोऽधीतिः स्वाध्यायः इङो घञ्। जपनं जपः अल घञि जापंच।। इति भरतः।। वहीं स्वाध्यायी का अर्थ है : (न्) पुं, स्वाध्यायोऽस्यास्तोति। इतिः। पत्तनबणिक्। इति त्रिकाण्डशेषः।। चि, वेदपाठकंच।। यथा महाभारते 3.24.15। "ब्राह्मणाः साग्निहोत्रांच तथैव च निरग्नयः। स्वाध्यायिनो भिज्ञवंच तथैव वनवासिनः।।"

शब्दस्तोमहानिधि में स्वाध्याय की व्याख्या बहुत ही सुन्दर है। ''स्वः स्वकीयत्वेंन विहितः अध्यायः द्विजानाम्, अधि + इङ्.–कर्म्माणि घञ्। द्विजैः पाठ्ये वेदभाग भेदे स्वाध्यायोऽध्येतव्य'' इति श्रुति। भावे घञ्। अवश्या पाठ्यवेदाध्ययने ''स्वाध्यायो जप इत्युक्तो वे दाध्ययनकर्म्मणीति'' स्मृतिः।।ऊँ।।

स्वाध्याय का मूल : ऋग्वेद

ब्रह्मविद्या–आत्मविद्या–सृष्टिविद्या ऋग्वेद में मन्त्रद्रष्टा ऋषि पारशरः शाक्त्यः ने प्रथम मण्डल के 72वें सूक्त की चौथी ऋचा में अग्नि और अष्टम ऋचा में स्वाध्याय के रहस्यों को उद्घाटित किया है। इस सूक्त का विषय (अग्नि) है। मन्त्रद्रष्टा ऋषिवर के अनुसार ''यज्ञ की इक्कीस विधियों'' को जानकर मनुष्यों का हित किया जा सकता है। उनसे अमृत की रक्षा करते हैं।।1.72.6।।

''स्वाध्याय–शुभ कर्म से'' युक्त सप्त बड़ी–बड़ी नदियाँ द्युलोक से बह रही हैं। सत्य को जानने वालों ने सम्पत्ति के दरवाजों को खोलने की रीति जान ली है। गो में होने वाले बहुत से अन्न को सरमा ने जाना, जिसे आजकल मनुष्य की प्रजाएँ सुख से खाती पीती हैं। ''स्वाध्यः सप्त यव्ही'' – (सु + आ + धी) उत्तम प्रकार ध्यान धारणा जिसके किनारे होती हैं, ऐसी सात नदियाँ। नदियों के किनारे और पर्वतो की गुहाओं में ध्यान धारणा अच्छी प्रकार से हो सकती है। यजुर्वेद में कहा है –''उपव्हरे गिरीणां संगमे च नदीनां। धिया विप्रो अजायत।।26.15।।''

स्वाध्यो दिव आ सप्त यव्ही रायो दुरो व्यतृज्ञा अजानन्।
विदद् गव्यं सरमा दृण्हमूर्वं येना नु कं मानुषी भोजते विट्।।
।।ऋग्वेद 1.72.8।।

इस ऋचा में स्वाध्याय को शुभ की संज्ञा दी गई है। ''ऋतज्ञाः रायः दुरः विदन्''–का आशय है कि सत्य को जानने वालों ने ऐश्वर्य (अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक) का मार्ग जान लिया।

ऋग्वेद के सप्तम मण्डल के द्वितीय सूक्त की पँचम ऋचा की मन्त्रद्रष्टा ऋषि देवीर्द्वार है। उत्तम कर्म–शुभ कर्म (स्वाध्याय) करनेवाले,

देवताओं की भक्ति करनेवाले (स्वाध्याः देवयन्तः), रथ की कामना करने वाले यज्ञ के अन्दर द्वारों का आश्रय करते हैं। यज्ञों में पूर्व की ओर अग्रभाग करके रहने वाले जुहू आदि को, वत्स को गोमाता के समान चाटने वाले और अग्रगामी नदियाँ क्षेत्रों को अपने उदक से सिंचन के समान अग्नि को घृत से सिंचन करते हैं।

अर्थात् स्वाध्याय–ब्रह्मयज्ञ–ब्रह्मविद्या अध्ययन–शुभ उत्तम कर्म करनेवाले, दिव्यत्व प्राप्तों की भक्ति करनेवाले और रथ आदि ऐश्वर्यों (अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक) की कामना करनेवाले मननशील प्राणिगण–मनुष्य यज्ञों का आश्रय लेते हैं। यज्ञ में अध्वर्युगण प्रेम से इस अग्नि को घृत से सींचते हैं। जैसे गाय अपने बछड़े को प्रेम से चाटती है, अथवा नदियाँ जिस तरह क्षेत्रों को निष्काम भाव से सींचती हैं।

इस तरह ऋग्वेद में स्वाध्याय की महिमा की प्रशंसा की गई है। ऋग्वेद के मन्त्रद्रष्टा ऋषियों ने स्वाध्याय का आशय शुभ कर्म–सद्कर्म–उत्तम कर्म–ब्रह्मविद्या अध्ययन, प्रवचन आदि लिया है।

स्वाध्यायो3 वि दुरो देवयन्तो ऽशिश्रयू रथयुर्देवताता।
पूर्वी शिशुं न मातरा रिहाणे समग्रुवो न समनेष्वंजन्।।
।।ऋग्वेद 7.2.5।।

स्वाध्याय शब्द ने यायावर की भाँति ऋग्वेद से लेकर ब्राह्मण ग्रन्थ और उपनिषत् की महायात्रा की। ऋग्वैदिक स्वाध्याय की शतपथ ब्राह्मण, तैत्तिरीय–उपनिषत् एवं अथर्वा ऋषि की संहिता अथर्ववेद (वेद त्रयी में यह सम्मिलित नहीं है।) में विशद् व्याख्या की गई है।।ऊँ।।

अथर्ववेद में मानस यज्ञ : आत्मयज्ञ

श्रुति में तीन व्याहृतियों को महाव्याहृति कहा गया है : भूः, भुवः, स्वः।

भूः	अग्नये	प्राणाय
भुवः	वायने	अपानाय
स्वः	आदित्याय	व्यानाय

सम्पूर्ण चेष्टाओं का मूल उत्पत्ति–कारण होने से ज्ञान "भूः" कहलाता है। चेष्टा मात्र किसी न किसी ज्ञान से प्रादुर्भूत होती है। उस ज्ञानावस्था का नाम अग्नि है। अग्नि का काम "अग्रे + नयनम्" आगे ले जाना, पथ प्रदर्शन, मार्गदर्शन करना है। विस्तार के कारण "भुवः" इच्छा का नाम है। साथ ही "स्वः" सुख अनुभूति का उपलक्षण है। अग्नि वायु द्वारा चेष्टा करती है। स्थूल जगत् में अग्नि संयोग से जल, तेल आदि वायु रूप की अवस्था धारण कर

लेते हैं, तभी उनसे चेष्टा उत्पन्न होती है। उससे ताप उत्पत्ति होते–होते वह सुख की अवस्था तक पहुँच जाती है। उस अवस्था को "ज्योतिर्मय" होने से "आदित्य" कहा गया है। यही कारण है कि शतपथ ब्राह्मण में सैकड़ों बार दोहराया गया है कि "त्रिवृद्धि यज्ञः।" इसका आशय यह है कि त्रिस्तरीय है। यह ज्ञान पिपासा, यत्न पिपासा एवं सुख पिपासा को पूर्ण करता है।

ऋग्वेद के अनुसरण में अथर्ववेद (7.5.1–5) में कहा है कि देवगण यज्ञ से यज्ञ पुरुष की पूजा करते हैं। अर्थात् श्रेष्ठ याजक अपनी आत्मा के योग से परमात्मा की उपासना करते हैं। यह "मानसोपासना की यज्ञविधि सर्वश्रेष्ठ एवं मुख्य" है। इस प्रकार की उपासना करनेवाले श्रेष्ठ उपासक ही उस सुखपूर्ण परमधाम (स्वर्ग) को प्राप्त करते हैं कि जिसे पूर्वकाल के साधक प्राप्त हुए हैं (ऋग्वेदीय ऋचा की पुनरुक्ति)।।1।।

यह मानसोपासना रूपी यज्ञ पहिले प्रगट हुआ। यह सर्वत्र फैला। उसको सबने जाना और यज्ञ फिर बहुत विस्तृत (विराट्) हो गया। वह सम्पूर्ण उपासकों का मानों, स्वामी बन गया। यह यज्ञ हमें अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक धन्य करनेवाला धन समर्पण करे।।2।।

याजकों ने जब अमर देवों की उपासना अपने अमर्त्य शक्ति से युक्त मन के द्वारा की, तब उन समस्त को आनन्द प्राप्त हुआ। जिस प्रकार सूर्योदय–ज्ञानोदय होने से प्रकाश (ज्ञान, चेतना) प्राप्त होता है, उसी प्रकार यज्ञ से सबको आनन्द मिलता है।।3।।

याजक जो "यज्ञ अपनी आत्मरूपी हवि से किया करते हैं", उससे अधिक श्रेष्ठ यज्ञ अच्छा एवं सर्वोत्तम भला कौन सा हो सकता है? जो कि विविध हविर्द्रव्यों के हवन से प्राप्त हो सकता है।।4।।

"यज्ञ का मर्म नहीं समझने वाले सैकड़ों श्रद्धालु कोई कुत्ते से हवन करने लगते हैं, कोई गो से, परन्तु वे सभी कार्याकार्य–विवेक रहित मूढ–मूर्ख जन हैं।" हे परमेष्ठी! हमें ऐसा गुरु दीजिये जो यज्ञ के मन को जानता हो। अर्थात् मानस यज्ञ जानता हो। जब हमें ऐसा गुरु मिले, तो हम उससे कहें कि हमें मानस यज्ञ का उपदेश करने का अनुग्रह करो।

यहाँ वैदिक मन्त्रद्रष्टा ऋषि अथर्वा ब्रह्मवर्चस्कामः का आशय है : "जब यज्ञ के मर्म को भूल जाते हैं, तब द्रव्य–यज्ञ को मुख्य समझ बैठते हैं।" लोक समझने लगता है कि अमुक द्रव्य के हवन से कोई पारलौकिक चमत्कार उत्पन्न हो जाता है। फिर लोग ऊटपटाँग द्रव्यों का हवन करते हैं। इसके विपरीत जो यह जानते हैं कि "यज्ञ मुख्य रूप से मानस कर्म है, वे द्रव्य यज्ञ करने में कभी ऐसे द्रव्य से यज्ञ नहीं कर सकते जिससे मानसिक भाव दूषित

हो।" यह स्मरण रहे कि "यज्ञ का मुख्य उद्देश्य तो मानसिक भावनाओं को शुद्ध करना है"।।5।।

मूलभूत रूप से यज्ञ अनेक प्रकार के हैं। उनमें सबसे श्रेष्ठ "आत्मिक यज्ञ – मानस यज्ञ" है। "मानस यज्ञ मन के समर्पण से होता है। आत्मा का समर्पण करने से आत्मयज्ञ हुआ करता है। दोनों के भाव लगभग समान है। यह समर्पण परमेश्वर–परमेष्ठी–परमब्रह्म के लिये करना होता है। परमेष्ठी के इस जगत् में कार्य–सज्जनों की रक्षा, दुष्टों को दूर करना एवं धर्म की व्यवस्था है। ये तीनों कार्य मननशील मनुष्य कर सकता है। इनके अलावा परमेष्ठी के दूसरे कार्य मानव नहीं कर सकता है। इस लिये जब मनुष्य स्वयं को इन तीन कार्यों के लिये समर्पित करता है, तब उसका समर्पण परमेष्ठी के लिये माना जाता है। मन से एवं अपनी आत्मा की शक्ति से उस त्रिविध कर्म करने का नाम ही मन एवं आत्मा का परमब्रह्म को अर्पण करना है।

प्रत्येक यज्ञ में भी तीन कार्य करने होते हैं। 1. सत्कर्म–प्रशस्ततमकर्म –शुभकर्म–सर्वस्व समर्पण–सर्वस्व आत्मत्याग–स्वार्थत्याग–आत्मसमर्पण–श्रेष्ठों का सत्कार–पूजा। 2. स्वयं में संगतिकरण–संघटन। 3. परमार्थकर्म–दान–दुर्बलों की सहायता। इनके अभाव में यज्ञ सुफल एवं सफल नहीं होगा। अर्थात् इनके बिना यज्ञ हो ही नहीं सकता। मूलतः जिस कार्य में मन एवं आत्मा दोनों लग जाते हैं, वही कार्य उत्तम होता है। मन के बिना इन्द्रियाँ कार्य नहीं कर सकती हैं। मन एवं आत्मा के समर्पण का आशय अपनी समूची शक्तियों का समर्पण ही है।

मन एवं आत्मा के परमेश्वर को समर्पण के बाद स्वार्थपरता के कार्य नहीं किये जा सकते। मनुष्य के पास प्रकृति एवं पुरुष, जब जड़ एवं चेतन, देह एवं आत्मा, ये दो ही पदार्थ हैं। इन दोनों में पुरुष अर्थात् चेतना आत्मा श्रेष्ठ है और प्रकृति गौण है। दूसरे शब्दों में "यज्ञ में प्राकृतिक पदार्थों का समर्पण गौण है।" "आत्मिक–मानसिक यज्ञ आत्मसमर्पण द्वारा होने से सर्वोत्कृष्ट है।" इसमें मन रूपी हवि का समर्पण करना होता है। इस आत्मयज्ञ से परमव्योम में आनन्द को प्राप्त होंगे।

"वेद में अन्तरिक्ष, आकाश एवं परमव्योम (महाकाश–परम आकाश) एवं देवता, ईश्वर एवं परमेष्ठी–परमब्रह्म–परमात्मा–परमेश्वर तीन सोपान हैं।" यहाँ मन्त्रद्रष्टा ऋषि परमव्योम का उल्लेख कर रहा है। पर, परतर, परतम शब्द एक से एक श्रेष्ठत्व के दर्शक हैं। "परतम" शब्द का ही संक्षिप्त रूप "पर–म" है। जो सबसे श्रेष्ठ होता है वह "परतम किंवा परम" है। अर्थात् "व्योम तीन प्रकार के हैं : 1. पर व्योम; 2. परतर व्योम और 3. परतम किवां परम व्योम।"

दूसरे शब्दों में "सूक्ष्म, कारण एवं महाकरण" तीन अवस्थाओं से पर, परतर और परतम व्योम व्यक्त होता है। "व्योमन्" शब्द "वि + ओम् + अन्" के तीन शब्द हैं। इनका क्रमपूर्वक कार्य "प्रकृति + परमात्मा एवं जीवात्मा" है। इन तीन शब्दों से सूक्ष्म, कारण एवं महाकारण अवस्थाओं में प्रकृति जीव और परमात्मा का अनुभव होता है। इन तीन अनुभवों में सर्वोत्तम अनुभव परम व्योम शब्द से होता है।

इस सूक्त में वर्णित यज्ञ को "पुरुष यज्ञ" कहने का आशय पुरुष रूपी हवि का समर्पण है। यहाँ प्रकृति पुरुष अन्तर्गत "पुरुष शब्द" विवक्षित है और वह "आत्मा का वाचक" है। ऋग्वेद के दशम मण्डल, यजुर्वेद के तीसवें अध्याय और अथर्ववेद के 19वें काण्ड के छठे सूक्त में पुरुषमेध प्रकरण है। पश्चिमी विद्वानों ने वैदिक संस्कृत का ज्ञान नहीं होने से यज्ञ में पुरुष–नर बलि का दुष्प्रचार किया। यहाँ मेध का अर्थ संवर्धन है। जबकि आत्मयज्ञ का सामान्य यज्ञ–हवन से कोई संबंध नहीं है। यह भौतिक हवन का विषय नहीं है।

इस प्रकार मानसयज्ञ में अग्नि से मुख्य तात्पर्य "मानस संकल्प रूप अग्नि" से है। इस आत्मयज्ञ–मानसयज्ञ–स्वाध्याययज्ञ–ब्रह्मयज्ञ में प्रत्येक मानव उस अग्नि का ईंधन है। यज्ञ के ईंधन कृमि दोषादि रहित, परिपक्व होने चाहिएँ। इस लिये अपरिपक्वता को दूर करने एवं यज्ञ योग्य बनाने के लिये ब्रह्मयज्ञ सम्पन्न किया जाता है। ब्रह्मयज्ञ से पवित्र "मनुष्यरूपी यज्ञ काष्ठ संकल्पाग्नि प्रज्ज्वलित करके स्वयं को उसमें आहूत करने की भावना हृदय" में दृढ़ करता है। इसी का नाम "अग्न्याधान" है।

आत्मयज्ञ : अथर्ववेद 7.5.1–5

।।ऋषि–अथर्वा ब्रह्मवर्चस्कामः। देवता–आत्मा।।

यज्ञेन यज्ञमयन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्।
ते ह नाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति देवाः।।1।।
यज्ञो बभूव स आ बभूव स प्र जज्ञे उ वावृधे पुनः।
स देवानामधिपतिर्बभूव यो अस्मासु द्रविणमा दधातु।।2।।
ये द्देवा देवान्हविषायजन्तामर्त्यान्मनसामर्त्येन।
मदेम तत्र परमे व्योम मन्पश्येम तदुदितौ सूर्यस्य।।3।।
यत्पुरुषेण हविषा यज्ञं देवा अतन्वत।
अस्ति नु तस्मादोजीयो यद्विहव्येनेजिरे।।4।।
मुग्धा देवा उत शुनायजन्तोत गोरंगैः पुरुधायजन्त।
य इमं यज्ञं मनसा चिकेत प्र यो वोचस्तमिहेह ब्रवः।।5।।

इस मानस यज्ञ के रहस्य को उद्घाटित करने वाले सूक्त में कहा है: ''यज्ञ देवों का भी अधिपति बन गया, यज्ञ से हमें महत्व प्राप्त होवे।। ऋचा 2।।''

स्वाध्याय एवं ब्रह्मविद्

ब्रह्मविद–ब्राह्मण का आशय ब्रह्म (वेद का अध्ययन) परमात्मा का ज्ञाता है। शतपथ ब्राह्मण में ब्रह्मविद् (ब्राह्मण) के कर्तव्यों एवं अधिकारों का वर्णन मिलता है : अर्चा, दान, अजेयता, अवध्यता, ब्राह्मण्य, प्रतिरूपचर्या एवं लोक को प्रबुद्ध करना–लोकपंक्ति। स्मृति ग्रन्थों में ब्रह्मविदों के मुख्य षट्कर्म हैं : पठन–पाठन (स्वाध्याय, प्रवचन), यजन–याजन (शुभकर्म–उत्तम कर्म एवं लोक को शुभ कर्म करने की प्रेरणा देना, यज्ञ करना, यज्ञ करवाना) और दान–प्रतिग्रह। वैदिक ज्ञान पद्धति में आचार्य प्रत्येक ज्ञान शिष्यों को निःशुल्क प्रदान करते रहे। जिससे शिष्य–छात्र आचार्य के समान पद को प्राप्त कर लेते रहे। अध्ययन काल एवं शिक्षा–दीक्षा का सूत्रों में विवरण प्राप्त होता है।

ब्रह्मविद्–ब्रह्मजिज्ञासु–ऋषि–मुनि–केशी आदि प्रतिदिन नियमित रूप से ब्रह्मयज्ञ–स्वाध्याय, प्रवचन करते रहे। जिससे लोक प्रबुद्ध होता रहा। यतिधर्म में परिव्राजक एवं यतियों के लिये स्वाध्याय एवं प्रवचन आवश्यक रहा। वैदिक काल से ''ज्ञानयज्ञ–शिक्षायज्ञ'' की समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा रही। यह ''ज्ञानदान– शिक्षादान'' की संस्कृति विश्व में अनूठी रही। यही मूलभूत कारण रहा कि सप्त द्वीपों से वेद्विद्या का गुह्य ज्ञान लेने छात्र भारतवर्ष आते रहे। इसका जीवन्त साक्षी 2300 वर्ष प्राचीन तक्षशिला विश्वविद्यालय रहा।।ऊँ।।

वैदिक यज्ञ विधान एवं प्रमुख यज्ञ

वैदिक यज्ञ विधान

कर्मकाण्ड रहित

यज्ञ से वेदों की उत्पत्ति का रहस्योद्घाटन ऋग्वेद के दशम मण्डल के 90वें पुरुषसूक्त की नवम ऋचा करती है। उस "सर्वहुत यज्ञ में सभी हविर्द्रव्यों के साथ हवन किये गये। उसमें यज्ञीय पुरुष रूपी हवि से "ऋचा" और "साम" उत्पन्न हो गये। उसीसे छन्दों का भी निर्माण हुआ और "यजुष" भी उसीसे उत्पन्न हुआ।" "ऋक्, साम एवं यजुष्" तीनों मन्त्रों–ऋचाओं के प्रकार एक स्थान पर सर्वप्रथम यहीं पाये जाते हैं।" पर इसमें तीनों संहिताओं का उल्लेख नहीं है।

यह यज्ञ–देव, साध्य एवं ऋषि गण ने किया। अर्थात् "सृष्टि के पूर्व देवों के साथ साध्य और ऋषि भी विद्यमान रहे।" यहाँ "सर्वहुत" का अर्थ है : "सबका हवन करनेवाला।" इसी आधार पर "सर्वहुत यज्ञ से ऋग्वेद, यजुर्वेद एवं सामवेद संहिताओं की उत्पत्ति कही गई है।"

तस्माद्यज्ञात् सर्वहुत ऋचः सामानि जज्ञिरे।
छन्दांसि जज्ञिरे तस्माद्युजुस्तस्मादजायत।।9।।

।।ऋग्वेद 10.90.9।।

वेदों की "ऋक्संहिता (ऋग्वेद) ज्ञानकाण्ड" है। ऋग्वेद की एक लाख ऋचाओं वाली पाण्डुलिपि विस्मृति के गर्भ में है। ऋग्वेद में यज्ञ कर्म काण्ड की माया अथवा प्रपंच से अछूता है। ऋग्वेद काल में सभी "पँच जन–देवता, गन्धर्व, पितर, नाग एवं मनुष्य और नारियाँ यज्ञ करने के अधिकारी रहे।" पँच जन द्वारा कार्य वरण के अनुसार उनका "वर्ण" होता रहा। कुमारियों–किशोरियों– तरुणियों का विधिवत् यज्ञोपवीत संस्कार होता रहा। विदुषी नारियाँ मन्त्रद्रष्टा ऋषिका एवं ऋत्विक् रही। वेदज्ञ ब्रह्मविद् (नारियाँ) को भी यज्ञ सम्पन्न–सम्पादन करने हेतु बुलाया जाता था और रहा।

ऋग्वेद में स्पष्ट निर्देश है कि "बृहद् यज्ञ आर्थिक सामर्थ्यानुसार ही करवाना चाहिये।" ऋक्संहिता के अनुसार सत्य स्वरूप यज्ञ सद् संकल्प (मन में सत्य संकल्प) के साथ करना चाहिये। यज्ञ में निष्काम सर्व समर्पण हो। यह भी उल्लेख मिलता है कि परमेष्ठी यज्ञकर्त्ता द्वारा सकाम यज्ञ से अधिक प्रसन्न नहीं होता है। अर्थात् "यज्ञ में धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष (चतुर्पुरुषार्थ) के स्थान पर (वैयक्तिक उन्नति) के स्थान पर लोककल्याण, लोक अभ्युदय (सर्वोन्नति), लोकसंग्रह का संकल्प लेना अधिक श्रेयस्कर है।"

यज्ञ की मूल भावना – ''मनुर्भव जनया दैव्य जनम्'' (ऋग्वेद 10.53. 6) होना है। ऋग्वेदानुसार यज्ञ ''शुभ दिन'' आयोजित हो। ऋतु अनुसार यज्ञ किये जायें और ''चतुर्मास'' स्वाध्याय यज्ञ (ब्रह्मयज्ञ) हो।

यज्ञ स्थल नदी आदि के किनारे वृक्षों के मध्य हो। अध्यात्मिक रूप से यज्ञीय धूम वृक्ष–वनस्पति का भोजन है। यज्ञ स्थल पर अग्नि स्थापना के बाद दर्भ के आसन बिछाये जाने चाहिये। यज्ञवेदी के समीप ''काष्ठ का यज्ञयूप'' स्थापित किया जावे। यज्ञयूप से यज्ञीय धूम सीधे सूर्य की रश्मियों के सम्पर्क में आता है। यह सूक्ष्म रूप मे अन्तरिक्ष को चीरता हुआ ''परमव्योम'' में जाता है। खुले आकाश में वर्षाकाल में सम्भव नहीं होने से ''चतुर्मास में स्थगन'' का विधान आया। अध्यात्मिक रूप से ''यज्ञयूप यज्ञ सूचक यज्ञध्वज'' है, ताकि यज्ञस्थल चिन्हित रहे। बीसवीं–इक्कीसवीं सदी में वृक्ष समूह के प्रतीक रूप में यज्ञवेदी के चारों ओर कदलीवृक्ष सजाये जाते हैं, पत्तों की बंदनवार बांधी जाती है। यह अत्यन्त दुःख का विषय है कि ''पश्चिमी विद्वानों ने यज्ञयूप को बलि स्थान प्रचारित किया।''

''अध्वर'' शब्द यज्ञ का पर्याय है। अध्वर का अर्थ ही हिंसा रहित है। ऋग्वेद में कठोरतम शब्दों में कहा है कि ''यज्ञ हिंसा रहित हो और हवनीय पदार्थ उत्तम अन्न रूप है। साथ ही वृक्षों की काष्ठ समिधा हो।'' ऋषियों ने समिधा में उन वृक्षों को चुना जो जलने पर न्यूनतम विषाक्त धूम छोड़ते हैं अथवा मानव हितकारी धूम छोड़ते हैं : कल्पवृक्ष, मन्दार, सन्तानः, अश्वस्थ, उदुम्बर, शमी, वेदवृक्ष पलाश, आम्र, वट, पाकर आदि। कल्पवृक्ष, मन्दार एवं वेदवृक्ष की काष्ठ अत्यन्त हलकी होती है। परन्तु देशभर में कल्पवृक्ष, मन्दार एवं वेदवृक्ष पलाश की काष्ठ मिलना दुर्लभ हीरे की खोज है। वेदानुसार वेदवृक्ष के पत्र (पत्ता) में बुद्धिवर्धन गुण है। इसलिये वेदवृक्ष पत्र की पत्तल एवं दोने में भोजन करना प्रचलन में रहा और है। वैदिक ऋषियों को वेदवृक्ष पत्र के ओषध गुणों का पूर्ण ज्ञान रहा। वेदवृक्ष की काष्ठ भी अन्यों की तुलना में अपेक्षाकृत हलकी होती है।

यज्ञ में सुवर्ण (सोना) से सम्पर्क कर सोमरस अर्पण का उल्लेख ऋग्वेद में मिलता है। ऋग्वेद का नवम् मण्डल सोम को समर्पित है। इसमें रहस्योद्घाटन किया गया है कि ''समस्त यज्ञीय ओषधियों में सोमांश होता है।'' अतः यज्ञ में उन ओषधियों के ''अखण्डित'' समर्पण से दिव्य सोम की पूर्ति हो जाती है। ''ऋग्वेदीय श्रीसूक्त के अनुसार विल्व का वृक्ष श्रीवृक्ष है। श्रीवृक्ष के विल्वफल में सुवर्ण होता है।'' यज्ञीय ओषधियों में विल्वफल भी सम्मिलित है। इसके अलावा ''ककुदवाली भारतीय गाय के घृत में सुवर्णांश

होता है।" गोघृत से समस्त ओषधियों का महायज्ञ ही स्वर्णमय सोमयज्ञ है। इसमें यह आवश्यक है कि ऋत्विक् और यजमान दोनों को यज्ञीय वनोषधियों का ज्ञान हो और उनका सत्यनिष्ठ संग्रह हो। यज्ञ में न्यूनतम 203 के आस पास ओषधियों की आहुति दी जाये। इनमें सुगन्धित जड़ी–बूटी भी हों।

ऋग्वेद के अनुसार यज्ञवेदी पूर्वोमुखी हो (कहीं उत्तर वेदी का भी उल्लेख मिलता है।)। यह स्मरण करवाना चाहेंगे कि वैदिक "विष्णु यज्ञ" है। ऋग्वेद में उल्लेख है कि प्रत्येक देवता वामन से विराट् होकर विष्णु बन जाता है। वेद में "पृथिवी और सूर्य को चतुर्हस्त" कहा गया है (कहीं वृत्ताकार घोषित किया गया है।)। इस लिये उनके प्रतीक रूप में यज्ञवेदी चोकोर और गोल बनाने का विधान आया। यजमान को अग्नि को वामन से विराट् करने के उद्देश्य से वेदी का आकार नीचे वामन एवं ऊपर विराट् बनाना चाहिये। यज्ञपुरुष विष्णु के त्रिविक्रम को यज्ञ में प्रतीक रूप में किया जाता है (तीन बार विष्णु उच्चारण का आचमन और पृथिवी पर तीन कदम चलना।)।

"वैदिक यज्ञ में अग्नि देवता प्रधान अतिथि है।" यज्ञवेदी में अग्नि प्रतिष्ठित करते हुए सभी ऋत्विक् यजमान, आमन्त्रित विद्वान् आदि सम्मान में खड़े रहेंगे। ओषधी गुण सम्पन्न दर्भ (कुशा) के आसन ही बिछाये जायेंगे। वेद में यज्ञ के अन्न के व्यापक अर्थ हैं। "यज्ञ के तीन अन्न–घृत, ओषधि, सोम हैं।" अग्नि अच्छी तरह प्रदीप्त होने पर ही यज्ञ आहुति दी जायँ।

ऋग्वेद में यज्ञ के "अष्ट ऋत्विक्" और उनके कार्यों का वर्णन है : "होता, पोता, नेष्टा, अग्निध्र, प्रशस्ता, अध्वर्यु, यजमान एवं ब्रह्मा।" ऋत्विक् को स्पष्ट निर्देश है कि वह यजमान आदि को मन्त्र, स्तोत्र, स्तुति आदि का अर्थ स्पष्ट करे। यज्ञकर्त्ताओं को मन्त्रादि का आशय ज्ञात हो। यज्ञ में ऋत्विक् मन्त्र पाठ बहुत ही धीमी गति अथवा तीव्र गति से उच्चारण नहीं करे। मन्त्र पाठ गाकर भी नहीं होना चाहिये। मन्त्र पाठ मध्यम गति में उच्च स्वर में हो। मन्त्र पाठ कदापि अशुद्ध नहीं हो। अशुद्ध मन्त्र पाठ के कारण इन्द्र ने त्वष्टा के पुत्र का सिर काट दिया। वेद में स्तुति विधि–विधान मिलता है। यहाँ यज्ञकुण्ड पिता है, उसमें प्रेमपूर्वक, आहुति प्रदान करें। ऋग्वेद के विपरीत ऋत्विज् गोमुखी में माला रखकर मन्त्र मन में जप कर स्वाहा बोलकर आहुति दिलवाते हैं।

यज्ञ में अग्नि का शस्त्र "ऋष्टि" है। अध्यात्मिक रूप में यह यज्ञाग्नि को तीव्र करने का तेज धारदार शस्त्र है (विडम्बना है कि वर्तमान में ऋत्विक् गण कुशा की तलवार बनाकर यजमान को देते है, जिससे यज्ञ रक्षा होगी?) ऋग्वेद में "सूर्या विवाह सूक्त" है। इस सूक्त की एक ऋचा में उल्लेख है कि

"सूर्य और चन्द्रमा यज्ञवेदी की परिक्रमा करते हैं।" अर्थात् "सूर्य एवं चन्द्रमा समय एवं ऋतु का विनियमन करते हैं।" अर्थात् सूर्य–चन्द्र यज्ञ के समय ऋतु का नियमन रखते हैं। मूलभूत रूप से सूर्या विवाह की ऋचाएँ अध्यात्मिक रहस्यपूर्ण हैं। इस ऋचा में सूर्या का अर्थ सूर्य के समान तेजस्वी युवति है। वैसे ऋग्वेद में यज्ञ के पाँच उपकरण और चार प्रमुख ऋत्विज् का भी वर्णन मिलता है।

वेदानुसार यज्ञ के मन्त्र कल्याणपरक एवं पुण्यप्रद हैं। यज्ञ सद्बुद्धियों का प्रेरक है। यज्ञ से परमेश्वर से सखा भाव की प्राप्ति होती है। यज्ञ उत्तम मार्ग प्रदर्शक है। यज्ञ से सर्वत्र शान्ति की कामना की गई है।

वेद और विशेषकर ऋग्वेद एकेश्वरवाद–अद्वैत का शंखनाद करता है। "एकः सद् विप्रा बहुधा वदन्त्यग्निं यमं मातरिश्वानमाहु।।" ऋग्वेद 1.164.46।। ब्रह्मज्ञानी एक ही परमब्रह्म–परमेष्ठी–परमेश्वर–परमात्मा को यम, अग्नि, मातरिश्वा आदि देवताओं के नाम से सम्बोधित करते हैं। वैदिक परमेष्ठी निराकार, निर्गुण, निष्काम, निश्चल, निरंजन आदि है। लिंग का अर्थ चिन्ह, निराकार ही है। परमेष्ठी सूक्ष्म से सूक्ष्म अव्यक्त सर्वव्याप्त सर्वशक्तिमान्, सर्वसामर्थ्यवान् अदृश्य तत्त्व है। इसलिये वैदिक यज्ञ के देवता निराकार रहे।

वेद काल में – गणेश, ब्रह्मा, लक्ष्मी, काली, पार्वती, रुद्राणी, स्कन्द, हनुमान, षोड्ष मातृका, नवग्रह आदि देवता नहीं थे। "वेद में अलक्ष्मी सूक्त अवश्य है।" प्रत्येक वैदिक देवता श्री और धन प्रदाता है। "वैदिक देवों के शास्ता रुद्र एवं बृह्मणस्पति–बृहस्पति ही गणाधिपति हैं।" इस लिये वैदिक यज्ञ में गणेश, लक्ष्मी, नवग्रह, मातृका आदि का अस्तित्व ही नहीं रहा। अतः उनकी पूजा भी नहीं होती थी। यह यज्ञप्रश्न है कि इनका वेद के विपरीत यह समावेश कब और क्यों, कैसे किया गया?

वेद में सरस्वती ज्ञान की अधिष्ठात्री देवता एवं महानद दोनों है। वाक् की अधिष्ठात्री भी महान् देवता है। वेद में दैवी शक्ति एवं देवांगनाएँ हैं। यज्ञकर्म में दोष रहित यज्ञ करने पर विशेष बल दिया गया है। अष्ट ऋत्विकों में "ब्रह्मा" की भूमिका अहम् रही। ब्रह्मा सम्पूर्ण यज्ञकर्म का सूक्ष्म से सूक्ष्म निरीक्षण करता और "यज्ञ सम्पन्न होने पर ब्रह्मा यज्ञ के दोषों का निवारण करता।" ब्रह्मा यह भी निर्देश देता है कि सोम की आहुति वषट्कार से दी जाये। ब्रह्मा को देवों के मन्त्रों के छन्दों की गहन जानकारी होती थी। वेदकाल में क्षात्र धर्म व्रत के पालक राजा सर्वश्रेष्ठ ब्रह्मविद् को यज्ञ का ब्रह्मा नियुक्त करते थे। आमतौर पर पुर के पुरोहित महान् विद्वान् ही रखे जाते थे

और यज्ञ में पुरोहित ब्रह्मा का गुरुतर उत्तरदायित्व का निर्वहन करते थे। इसके अनेक उदाहरण मिलते हैं।

ऋग्वेद की ऋचाओं में निरन्तर कहा है कि यज्ञकर्म में अधिक से अधिक विद्वान् भाग लें और (ब्रह्मविद्या का) प्रवचन करें। यजमान यज्ञ के लिये ब्रह्मज्ञानी विद्वान् ऋत्विज् को ही बुलाये। इसका स्पष्ट उपदेश है कि यज्ञायोजन का ही एक महत्वपूर्ण भाग ज्ञानयज्ञ है। यज्ञ के ज्ञानयज्ञ सत्र में विद्वान्–आत्मविद्या, सृष्टिविद्या, ब्रह्मविद्या आदि पर परिसंवाद हो; ताकि यज्ञ में भाग लेनेवालों का ज्ञान वर्धन हो। यह भी निर्देश है कि सभी पँचजन यज्ञ में भाग लें। इसतरह, यज्ञ लोक व्यवहार, लोक चेतना और संगठन की भी शिक्षा देता है। वेद में यज्ञ को चुनाव प्रक्रिया की भी संज्ञा दी गई। ज्ञानयज्ञ में सर्वश्रेष्ठ विद्वान् का चयन स्वयं हो जाता रहा। यज्ञ सभा, समिति एवं चुनाव तीनों है।

"यज्ञ संस्कार शिक्षा प्रदान करता है।" यज्ञ से मातृसंस्कृति–मातृभूमि – मातृभाषा (सरस्वती, इळा, भारती) देवता प्रसन्न होते हैं। वेद का निर्देश है कि "उषःकाल से यज्ञ प्रारम्भ करें।" अथवा प्राची दिशा में (सूर्योदय से) यज्ञ हो। यज्ञ तीन सवन करें – प्रातःकाल, मध्यान्ह एवं सायं। ऋग्वेद में "नित्य हवन का विधान है।"

वेद के मन्त्रद्रष्टा ऋषियों ने महत्वपूर्ण घोषणा की है : "वेद से पूर्व भी यज्ञ रहे।" यज्ञ मन्त्रों का गूढ़ार्थ प्रगट करता है। यज्ञ में मनन अन्तःकरण विचार चित्त का ज्ञान एकविध हो। यज्ञ उद्योगी (उद्यमी) परिश्रमी का कायाकल्प करता है, यज्ञ से दीर्घायु प्राप्त होती है। यज्ञ कर्त्ता की पत्नी यज्ञकर्म से सन्मार्ग में प्रवृत्त होती है।

ऋग्वेद यज्ञ से षट्कर्म–मारण, वशीकरण, उच्चाटन, स्तम्भन, विद्वेष, शान्ति, अभिचार, कृत्या प्रयोग (दुष्ट कर्म) को निषेध किया गया है। दुष्ट कर्म यज्ञ हानिकारक होते हैं। जैसे की अनुयाज अग्नि भय रहित कर्त्ता एवं शान्ति प्रदाता है।

वेद में अमावस्या को सिनीवाली देवता का यज्ञ और पौर्णमासी को राका का यज्ञ अत्यन्त शुभ कहा गया है। अथर्ववेद में अमावस्या एवं पौर्णमासी के सूक्त हैं। अत्यन्त शुभ अमावस्या के दिन सूर्य–चन्द्रमा और देवगण एक स्थान पर एकत्रित होते हैं। वेद के विपरीत लोक में षट्कर्म–अभिचार–दुष्टकर्म के यज्ञ गुप्त रूप से होते हैं। यह स्मरण रहे कि देश के प्रमुख तान्त्रिकों की मृत्यु हुई है। जयपुर के राजगुरु रहे श्री विद्यानाथ ओझा के अनुसार तान्त्रिक–पण्डित द्वारा अभिचार–षट्कर्म करने से उसका प्रतिफल

स्वयं भुगतना होता है (पापों का वहन करना होता है), क्योंकि यज्ञ सत्य मार्ग है।

ऋषिका जुहू के वृत्तान्त में "बृहस्पति के पाप का" रहस्योद्घाटन हुआ। इन्द्राणी युद्ध में महानायक एवं यज्ञ में अग्रणी है। वैदिक ऋचाओं के अनुसार–ऋक्, यजुष एवं साम की और सृष्टि की उत्पत्ति यज्ञ से हुई। यज्ञ कामधेनु की तरह सर्व कामनाओं को पूर्ण करनेवाला है। यज्ञ से "असम्भव को सम्भव" किया जा सकता है। यज्ञ की हवि में यजमान का अंश भी होता है।

वैदिक सूक्त में "यज्ञ में दक्षिणा के महत्व का सविस्तार वर्णन किया गया है।" यज्ञकर्त्ता को उत्तम ज्ञानियों, ऋषियों, ब्रह्मविदों आदि को "पुष्कल दक्षिणा" देनी चाहिये। बृहद् यज्ञ में गोदान का भी विधान है। वैदिक श्रेष्ठ जन अथवा आर्य नित्यप्रति यज्ञ करते रहे। "आर्ष ग्रन्थों में दक्षिणा लेनेवाले को अच्छा नहीं माना गया।" दूसरों के लिये सकाम पूजा–अर्चना करने वालों को भयानक परिणामों से सावधान किया गया है। उन्हें निर्देश है कि वे अपनी रक्षा के लिये भी यजमान के लिये किये गये जप–यज्ञ आदि के समान जप–यज्ञ करें और दक्षिणा की आधी राशि दान दें।

यज्ञ से वर्षा का अपना विधान (स्रोत : वरुण विद्या)। यज्ञ से आनन्द धन (अध्यात्मिक, दैविक, अधिभूत) प्राप्त होता है। यज्ञ से त्रयी ताप–अध्यात्मिक, अधिदैविक, अधिभूत और त्रयी ऋण से मुक्ति मिलती है। यज्ञकर्त्ता की अदृश्य दैवी शक्तियाँ, देवत्व प्राप्त पितर आदि सहायता करती हैं। वेद "मानस यज्ञ" को सर्वश्रेष्ठ कहता है।

यज्ञ आधि–व्याधि निवारक है। व्याधि (रोग) दो प्रकार की होती है – अल्पकालीन और दीर्घकालीन। ऋग्वेद में ओषधि सूक्त है। वेद में वनस्पतियों के ओषधीय तत्त्वों से रोग मुक्ति का विस्तृत वर्णन दिया गया है (विस्तृत विवरण : वेद ओषधि कल्पतरु)। चौंकें नहीं! मन्त्रद्रष्टा ऋषियों को 32 से अधिक प्रकार के ज्वर की गहन जानकारी रही। उन्होंने वनोषधियों और मन्त्र के द्वारा यज्ञ से सभी प्रकार के रोगों से मुक्ति का विज्ञान, विशेष ज्ञान प्रस्तुत किया। यज्ञ में (198 से अधिक) वनोषधियाँ–वनस्पति उत्पाद हवि के रूप में समर्पित करने का विधान रचा। यज्ञ के दौरान वनोषधियों को धूम श्वास के साथ देह के अन्दर प्रवेश कर शरीरस्थ रोग जीवाणुओं को समूल नष्ट करता है। ऐलोपैथी (अंग्रेजी चिकित्सा पद्धति) में उबलते पानी में अंग्रेजी दवा डालकर रोगी को दी जाती है। यह वेद की यज्ञ चिकित्सा का अनुसरण है।

यज्ञीय धूम वायुमण्डल में व्याप्त महामारी के विषाक्त जीवाणुओं को भी समाप्त करता है। दूसरे शब्दों में यज्ञीय ओषधियों का धूम वायु प्रदूषण को

समाप्त कर निर्मल–निरंजन बनाता है। ऋग्वेदानुसार देवताओं को सुगन्ध प्रिय है। अतः यज्ञ की वनोषधियों में सुगन्धित का भी चयन किया जाता था और किया जाता है। परिणामतः वायु निर्मल के साथ सुगंधित रहता और यज्ञकर्त्ता–ऋत्विक्–आमन्त्रित विद्वान् आदि सुगन्ध से प्रसन्न और प्रफुल्लित रहते हैं।

ऋग्वेद के "श्रीसूक्त में विल्ववृक्ष–श्रीवृक्ष" है। यह विडम्बना है कि यज्ञ कर्मकाण्ड में "श्रीफल अर्थात् विल्वफल के स्थान पर नारियल" अर्पित किया जा रहा है। "श्रीसूक्त के यज्ञ" में "विल्वफल की आहुति" देनी चाहिये (आमतौर पर पायसम–खीर की आहुति दी जा रही है। क्या खीर श्रीफल है?)।

प्राचीन काल के यज्ञों में अग्नि के तीन कुण्ड निर्माण का उल्लेख मिलता है। यज्ञ में अग्निचयन की अपनी अहम् भूमिका रही। वेदानुसार यज्ञीय हवि और सोमरस में यव (जौ) का महत्व है। वैदिक अवधारणा के अनुसार सभी एक मन हो के प्रतीक रूप में मन्त्र पाठ में "स्वाहा" उच्चारण के साथ सभी द्वारा आहुति दी जाती थी और दी जा रही है।

ऋग्वेद में अनेक यज्ञों का उल्लेख मिलता है। इनमें प्रमुख हैं : सोमयाग, ब्रह्मयज्ञ, सृष्टियज्ञ, सर्वहुत यज्ञ, सर्वमेध यज्ञ, यम यज्ञ, पितर यज्ञ, पितृमेध यज्ञ, वृष्टीयज्ञ, कायाकल्प यज्ञ, रोगमुक्ति यज्ञ, श्रद्धा यज्ञ, प्रयाज यज्ञ, भरत यज्ञ, वाग्यज्ञ, ज्ञानयज्ञ, तपयज्ञ, विद्यायज्ञ, राष्ट्रवृद्धि यज्ञ–अश्वमेघयज्ञ, कालयज्ञ, दर्शपौर्णमास यज्ञ, शत्रु (आन्तरिक) हन्ता यज्ञ आदि। "यज्ञ से भूमि की उर्वरता वृद्धि का भी उल्लेख किया गया है।" वैदिक ऋचाओं में सभी प्रकार की समस्याओं–संकटों का निवारण कर्त्ता यज्ञ को कहा गया है। साथ ही यजमान को सावधान किया है कि परमेश्वर बिक्री के लिये नहीं है। अतः परमात्मा के विधान में हस्तक्षेप नहीं करे। वेदोक्त यज्ञ सम्पूर्ण आत्मसमर्पण, सर्वस्वत्याग, सर्वकल्याण, सर्व अभ्युदय का श्रेष्ठतम कर्म है। अतः यज्ञ को सम्पूर्ण सत्यनिष्ठा, आस्था, विश्वास, समर्पण एवं प्रेम–सद्भावना के साथ करने का विधान है।

"वर्तमान में वैदिक यज्ञ विधान का अनुसरण नगण्य हो रहा है। ऋग्वेदीय यज्ञ के अध्येता विरले ही मिलते हैं।" यज्ञ में नकली नवग्रहकाष्ठ, नकली सर्वोषधि और अन्य घटिया यज्ञ सामग्री प्रयोग में ली जा रही है। मन्त्रों का भ्रष्ट पाठ हो रहा है। यज्ञवेदी संरचना भी वेद विपरीत होती है। संकल्प में लोककल्याण, लोकमंगल, सर्व अभ्युदय आदि नहीं है। "दक्षिणा" में "ऐश्वर्यवान् विपत्ति" चरितार्थ हो रहा है। इस लिये यह प्रश्न अर्थहीन है कि

यज्ञ से लाभ क्यों नहीं होता? इस पर जयपुर के राजगुरु पण्डित श्री विद्यानाथ ओझा ने भारत–पाकिस्तान युद्ध के समय का वृत्तान्त सुनाया। राजस्थान के तत्कालीन राज्यपाल डॉ. सम्पूर्णानन्द स्वयं वेद के विद्वान् रहे। राज्यपाल डॉ. सम्पूर्णानन्द ने राजगुरु श्री विद्यानाथ ओझा को बुलाकर कहा कि पाक को परास्त करने के लिये आप यज्ञ करें। राजगुरु पण्डित श्री विद्यानाथ ओझा ने तत्काल उत्तर दिया : अवश्य! आप ऋग्वेद पाठी ऋत्विकों और वेदोक्त सामग्री की व्यवस्था करें। सारसंक्षेप में वैदिक यज्ञ विधान के विपरीत यज्ञ किये जा रहे हैं। परमेष्ठी उन्हें क्षमा करे। अच्छा रहे कि हेमाद्रि की तरह "ऋग्वैदिक यज्ञ विधान" प्रकाशित हो।।ऊँ।।

श्रुति के प्रमुख यज्ञों का इन्द्रलोक

व्यष्टि–समष्टि : यज्ञ–महायज्ञ

वेद से लेकर उपनिषत् तक व्यष्टि एवं समष्टि के लिये सम्पन्न यज्ञों का मन्त्रमुग्ध करता इन्द्रलोक फैला है। महर्षि भरद्वाज और महर्षि अंगिरा ने व्यष्टि और समष्टि के भेद की व्याख्या बहुत ही सुन्दर की है। महर्षि भरद्वाज ने कहा है कि कुशलतापूर्वक सम्पन्न अनुष्ठान कहलाता है और समष्टि से सम्बन्ध होने से महायज्ञ कहलाता है।

यर्ज्ञ कर्मसु कौशलम् समष्टिसम्बन्धान्महायज्ञः।।महर्षि भरद्वाज।।

यज्ञ महायज्ञो व्यष्टि समष्टिसम्बन्धात्।।महर्षि अंगिरा।।

"ऋग्वेद" में "सर्वहुत यज्ञ–पुरुषयज्ञ, देवयज्ञ, प्रकृति–अश्वमेध यज्ञ, राष्ट्र संवर्धनयज्ञ–अश्वमेधयज्ञ, सोमयाग, स्वाध्याययज्ञ, प्रयाज यज्ञ, दशराज्ञरण यज्ञ, भरत यज्ञ, वाग्यज्ञ, यमयज्ञ, पितरयज्ञ–पितृमेध, सर्वमेधयज्ञ, ज्ञानयज्ञ, वृष्टियज्ञ, अमावस्यायज्ञ, सर्वओषधयज्ञ, व्याधि–रोगहरण यज्ञ, वेनयज्ञ, ऋतुकाल यज्ञ, ऋतुसंधि यज्ञ, राजयक्षमादि निवारण यज्ञ, सृष्टियज्ञ आदि का उल्लेख मिलता है। "वैदिक देवता रुद्र, सूर्य, सविता, वरुण, इन्द्र, त्वष्टा, विश्वकर्मा, वायु, अश्विनौ, मरुत्, अर्यमा, मित्र, विष्णु आदि के यज्ञों का कोई नामकरण नहीं किया गया है। ऋग्वेदीय यज्ञ महानद अथवा नदी के किनारे वृक्षों के मध्य सादगी से किया जाता रहा। उनमें कर्मकाण्ड का मायाजाल नहीं रहा। मन्त्रों के शुद्ध पाठ और शुद्ध भावना केन्द्र में रही। ऋग्वेदीय अश्वमेध भी

विकृति विहीन रहा। अश्वमेध यज्ञ का अर्थ है : सृष्टियज्ञ, कालयज्ञ, जगत् को करने का यज्ञ, राष्ट्र संवर्धन यज्ञ, ब्रह्म प्राप्ति यज्ञ आदि।

उनतालीस लाख वर्ष पूर्व ऋग्वैदिक काल में यज्ञस्थल पर कुशा के आसन बिछाये जाते रहे। पृथिवी के द्युलोक–त्रिविष्टपम हिमालय और परमपवित्र कैलास महापर्वत के इर्द–गिर्द उत्पन्न होनेवाले "सोम वनस्पति समूह" को लाकर रस निकालकर यज्ञ में अर्पित किया जाता रहा। सोमरस में गोदुग्ध, गोदही और यव मिलाया जाता। वनों से वृक्षों की काष्ठ लाकर समिधा के रूप में काम में ली जाती रही। "यज्ञ में भाग लेनेवाले को ब्राह्मण–ब्रह्मविद् कहा जाता रहा।" अधिकांशतः यज्ञ का संकल्प–समष्टि–सर्वकल्याण ही रहा। इससे कामनायें स्वतः पूर्ण होती। स्वाध्याय–ब्रह्मयज्ञ कहा गया और यज्ञ को सत्यधन की संज्ञा प्रदान की गई।

मात्र 1990 मन्त्रों के "यजुर्वेद" में वैयक्तिक कामनापरक यज्ञों का महातूफान आया। यजुर्वेद की माध्यंदिन शाखा–वाजसनेयी यजुर्वेद संहिता के 39 अध्यायों में यज्ञों का वर्णन है। इनमें प्रमुख यज्ञों के नाम हैं : "अमावस एवं पूर्णिमा यज्ञ, कृत्या निवारण यज्ञ, पाक्षिक यज्ञ, सोमयाग, दाक्षिण होम, समिष्ट यजुः अवमृथ, वाजपेय यज्ञ, सौत्रामणि यज्ञ, पितर यज्ञ, अश्वमेधयज्ञ, सावित्रीयज्ञ, पुरुषमेधयज्ञ, सर्वमेध यज्ञ, पितृयज्ञ, गोमेधयज्ञ, राजसूययज्ञ, शतरुद्रियाख्यहोम, रुक्मयज्ञ, शिवसंकल्पयज्ञ, यज्ञचिकित्सा, अभिचारनिवृति।" इसके अलावा रक्षोहण अनुवाक है।

अथर्ववेद में 6000 मन्त्र हैं। अथर्ववेद में पाकयज्ञ (आज्यतन्त्र, पाकतन्त्र) का वर्णन है। अथर्ववेद 19 प्रकार के अभिचार कर्मों–कृकलास कर्म, शरगृष्टि कर्म, सपत्नीक्षयणीय कर्म, गाँव में जाकर किये जानेवाले 6 प्रकार के कर्म, मणि कर्म, पाश कर्म, तीन प्रकार के विकंगत स्रुव कर्म और पाँच प्रकार के कृत्या अभिचार कर्म का परिगणन किया गया है। "अथर्ववेदीय तन्त्रविधान में किये जाने वाले यज्ञ के 22 प्रकार मिलते हैं।"

"निशाकर्म यज्ञ प्रयोग" में दुःख, दारिद्रय दैन्य पीड़ित अथवा असाध्य आधि–व्याधि से ग्रस्त को "वरणवृक्ष (श्रीवृक्ष)" की जड़ी बाँधने का विधान है। निशाकर्म सायंकाल से आधी रात्र तक किया जाता है। अथर्ववेद में अग्नि, वायु एवं हवन चिकित्सा का वर्णन है। इसके अलावा आत्मयज्ञ–ब्रह्मकवच साधना, ब्रह्मविद्या होम, द्रव्ययज्ञ, हवन से बालकों को निरोग करना, वाकसिद्धियज्ञ, प्रयोजनसिद्धियज्ञ, वादविवादविजययज्ञ, मेधाजननयज्ञ, सभाजयार्थयज्ञ, असाध्यरोगमुक्तियज्ञ, रक्षोघ्नयज्ञ, आथर्वणी चिकित्सा जप हवन, श्री–तेज–वर्चस–धन–आयुष्य वृद्धि यज्ञ, कृत्या निवारण यज्ञ, रक्षघ्नेष्टियज्ञ

(पिशाचक्षयार्थ), अर्थोत्थापनयज्ञ, वृहच्छान्तिकर्मयज्ञ, शत्रुनाशनयज्ञ, अलक्ष्मीनाशनयज्ञ, शापनाशनयज्ञ, पापनाशनयज्ञ, नक्षत्रशान्तियज्ञ, पितृमेध, पुरुषयज्ञ, आदि का चलन रहा। उधर "कृत्यायें अनेक प्रकार की होती हैं – दैवी, आसुरी, मानुषी, राजसी, कापालिकी आदि। "कृत्या अभिचार कर्म है।" स्त्रियों, निकृष्ट पुरुषों, राजाओं–शासकवर्ण–वणिककर्म, ब्राह्मणों, कापालिकों, शाकिनी, डाकिनी आदि द्वारा किये जाने वाले घातक मारणादि प्रयोगों को कृत्या कहा जाता है।

अथर्ववेदीय मन्त्रविद्या के पाँच प्रकार हैं : 1. संकल्प, आवेश; 2. अभिमर्षण, मार्जन; 3. आदेश; 4. मणिबन्धन और 5. कृत्या एवं अभिचार। यह स्मरण रहे कि वेद त्रयी में मात्र ऋग्वेद, यजुर्वेद एवं सामवेद हैं। अथर्ववेद को श्यामतन्त्र (काला जादू) कहा गया और वेद त्रयी से बाहर रखा गया है।

भरत के अनुसार तृतीय वेद को साम इसलिये कहते हैं कि यह पाप छिन्न करता है : "स्यति पापं नामं।" सामवेद के दो भाग–पूर्व एवं उत्तर हैं। साम स्वर मण्डल के बारे में नारदीयशिक्षा में कहा है : "सप्त स्वर, त्रयो गामा, मूर्छनास्त्वेक–विंशतिः। ताना एकोनपँचाशत्, इत्येतत्स्वरमण्डलम्।।" ये सप्त स्वर हैं : "पँचम, मध्यमः, गन्धारः, ऋषभः, षड्जः, निषादः, धैवतः एवं पँचम।" सामवेद के पूर्वाचिक में 585 मन्त्र एवं उत्तरार्चिक में 1225 मन्त्र (ऋचाएँ) हैं। यह चौंकाता है कि ऋग्वेद में साम की प्रशंसा मिलती है। सामवेद की विभिन्न शाखाओं में मन्त्रों की संख्या भी पृथक्–पृथक् हैं : कौथुमीयाः में 1875 मन्त्र एवं जैमिनीयाः में 1693 मन्त्र। सामवेद में भी अनेक यज्ञों का विवरण दिया गया है।

सामवेद में कहा है : "यज्ञ इन्द्रमवर्धयद्यद्भूमिं व्यवर्तयत।।2.8.1.9.1।।" "यज्ञं च नस्तत्वं च प्रजां चादित्यैरिन्द्रः सह सीषधातु।।" 2.4.1.23.2।। "यज्ञस्य हि स्थ ऋत्विजा सस्नी वाजेषु कर्मसु। इन्द्राग्नी तस्य बोधतम्।।" 2.4.1.10.1।। "यज्ञस्य केतुं प्रथमं पुरोहितमग्निं नरस्त्रिषधस्थे समिन्धते। इन्द्रेण देवैः सरथंस बर्हिषि सीदन्नि होता यजथाय सुक्रतुः।।" 2.3.1.6.3।। यज्ञायज्ञा वो अग्नये गिरागिरा च दक्षसे। प्रप्र वयममृतं जातवेदसं प्रियं मित्रं न शरंसिषम्।।2.1.1.20.1।।

मुण्डक उपनिषत् में हीनकर्म के यज्ञ की कठोरतम शब्दों में निंदा की है। जिसमें अठारह ऋत्विज्ों का अवरं कर्म–हीन कर्म है वह यज्ञरूप नौका दृढ़ नहीं है। अर्थात् "हीन कर्म के यज्ञ से मनुष्य पार नहीं हो सकता।" "हीनकर्म को जो मूढ–जड़बुद्धि–मूर्ख श्रेय–कल्याणपरक समझते हैं; वे बारंबार मृत्यु के ही अधीन होते हैं। स्वयं अविद्या–अज्ञान में रहते हुए भी जो अपने

आपको महान् पण्डित–महाज्ञानी–महाविद्वान् समझते हैं वे मूढ अंधे के पीछे से चलनेवालों के समान गिर जाते हैं। अविद्या में रहते हुए भी मूढजन स्वयं को कृतार्थ समझते हैं, परन्तु वे अन्त में दुःखी होकर हीन अवस्था में गिरते हैं।।" 1.2.7,8,9।। "ऋग्वेद की ऋचाओं में बारंबार दुष्टकर्म (अभिचार, षट्कर्म) करनेवालों को नष्ट होने की चेतावनी दी गई है।"

प्लवा ह्येते अदृढा यज्ञरूपा अष्टादशोक्तमवरं येषु कर्म।
एतच्छ्रयो येऽभिनन्दन्ति मूढा जरामृत्युं ते पुनरेवापि यन्ति।।7।।
अविद्यायामन्तरे वर्तमानाः स्वयं धीराः पण्डितंमन्यमानाः।
जघन्यमानाः परियन्ति मूढा अन्धैनैव नीयमाना यथान्धाः।।8।।
अविद्यायां बहुधा वर्तमाना वयं कृतार्था इत्यभिमन्यन्ति बालाः।
यत्कर्मिणो प्रवेदयन्ति रागात्तेनातुराः क्षीणलोकाश्च्यवन्ते।।9।।
।।मुण्डक उपनिषत् 1.2.7,8,9।।

"कर्मकाण्ड निरर्थकता" पर मुण्डक उपनिषत् में मारक प्रहार किया गया है। "जब हव्य का वाहन करनेवाली प्रदीप्त हो उठती है, अग्नि की ज्वालाएँ तीव्र हो जाती हैं, तब बीच में श्रद्धा से आज्यभागाहुति नाम की दो आहुतियाँ समर्पित की जाती हैं।।2।।"

अगर अग्निहोत्र उस प्रकार का नहीं हो अर्थात् अग्नि प्रदीप्त ही नहीं हो, श्रद्धापूर्वक आहुतियाँ समर्पित नहीं की जायँ, यदि अग्निहोत्र दर्शेष्टि रहित हो, पौर्णमासेष्टि रहित हो, चातुर्मास्येष्टि रहित हो, नवान्नेष्टि रहित हो, अतिथि पूजा रहित हो, आहुति रहित हो, विधि रहित हो, तो उक्त "सप्त प्रकार की विधियों से रहित होने के कारण वह उसके सप्त लोकों के पुण्य को समाप्त कर देता है। उस यज्ञ से कोई पुण्य नहीं मिलता है।।1.2.3।।

यस्याग्निहोत्रमदर्शमपौर्णमासमचातुर्मास्यमनाग्रयणमतिथिवर्जितं च।
अहुतमवैश्वदेवमविधिना हुतमाससप्तमांस्तस्य लोकन्हिनस्ति।।3।।
।।मुण्डक उपनिषत् 1.2.3।।

अनेक ग्रन्थकारों ने "मैत्रायण्युपनिषत्" के कथित "चौदह यज्ञों" का उल्लेख किया है। अडयार पुस्तकालय (थियोसोफिकल सोसायटी) ने लगभग 90 वर्ष पूर्व सन 1935 में 108 उपनिषदों का प्रकाशन किया। इनके सम्पादक प्रोफेसर सी. कुनान (कुनन) राजा रहे। वहीं सौ वर्ष से अधिक पहिले वैष्णवोपनिषद् (सन 1923) एवं शैवोपनिद् (सन 1925) कर प्रकाशन हुआ। इनके भाष्यकार एवं सम्पादक आचार्य ए. महादेव शास्त्री रहे। सन 1910 में वाणी विलास प्रेस, श्रीरंगम से 20 खण्डों में शंकराचार्य समग्र का प्रकाशन

हुआ। "अडयार से 90 वर्ष पूर्व प्रकाशित मैत्राण्युपनिषत् में 14 यज्ञों का कोई प्रमाण नहीं मिलता है।"

छान्दोग्योपनिषत् में "जीवनयज्ञ" और जीवन की यज्ञरूप अवधारणा अद्भुत है। "जीवन को सोमयाग की उपमा" दी गई है। इस "यज्ञ का वसु–ब्रह्मचर्य प्रातः सवन; रुद्र ब्रह्मचर्य माध्यन्दिन द्वितीय सवन एवं आदित्य ब्रह्मचर्य तृतीय सवन है।" इसके पालन से इतरा के पुत्र महिदास की आयु 116 वर्ष रही। छान्दोग्योपनिषत् में "तीन अग्नियाँ– गार्हपत्याग्नि, अन्वाहार्यपचनाग्नि एवं आहवनीयाग्नि की व्याख्या करते हुए इसे अग्निविद्या (आत्मविद्या) कहा गया है।"

छान्दोग्योपनिषत् में चतुर्थ प्रपाठक के सोलहवें खण्ड में "सृष्टियज्ञ" वर्णित है। मूलभूत रूप से "सृष्टियज्ञ ही आत्मयज्ञ" है। सृष्टि यज्ञ का "अध्वर्यु आदि वाणी" और "ब्रह्मा मन" है। वाणी अध्वर्यु–होता–उद्गाता तीनों का कर्म करता है। प्रजापति ने अन्तरिक्ष, द्यौः एवं पृथिवी को तपाया। उनसे त्रयी विद्या –ऋक् (अग्नि से) (भूः व्याहृति); यजुष् (वायु से) (भुवः व्याहृति); और साम (आदित्य से) (स्वः व्याहृति) उत्पन्न हुई।

"यदि ऋचा पाठ में होता से अशुद्धि हो जाये, तो गार्हपत्याग्नि में भूः स्वाहा की आहुति दे।" "यदि यजुष् पाठ में अध्वर्यु से अशुद्धि हो जाये, तो आन्वाहार्यपचनाग्नि–दक्षिणाग्नि में भुवः स्वाहा कहकर आहुति समर्पित करे।" "यदि साम पाठ में उद्गाता से अशुद्धि हो जाय, तो आहवनीयाग्नि में स्वः स्वाहा कहकर आहुति समर्पित करे।"

तद्यद्यृक्तो रिष्येद भूः स्वाहेति गार्हपत्ये जुहुयादृचामेव
तद्रसेनर्चां वीर्येणर्चां यज्ञस्य विरिष्टँ संदधाति।।4।।
अथ यदि यजुष्टो रिष्येद् भुवः स्वाहेति दक्षिणाग्नो जुहुयाद्य–
जुषामेव तद्रसेन यजुषां वीर्येण यजुषां यज्ञस्य विरिष्टँ संदधाति।।5।।
अथ यदि सामतो रिष्येत्स्वः स्वाहैत्याहवनीये जुहुयात्साम्ना–
मेव तद्रसेन साम्नां वीर्येण साम्नां यज्ञस्य विरिष्टँ संदधाति।।6।।
।।छान्दोग्योपनिषत् 4.17.4, 5, 6।।

"सृष्टियज्ञ में द्युलोक यज्ञ की अग्नि है। अग्नि में सूर्य समिधा है, किरणें धुँआ है, दिन ज्वाला है, चन्द्र अंगार है एवं नक्षत्र चिनगारियां हैं।" द्युलोक रूपी यज्ञाग्नि में देवगण श्रद्धा से आहुति समर्पित करते हैं।।5.4.1,2।। इसी में "द्युजलयज्ञ, पर्जन्ययज्ञ, पृथिवीयज्ञ, पुरुषयज्ञ, स्त्रीयज्ञ" आदि संचालित हो रहे हैं।

छान्दोग्योपनिषत् में वैश्वानर आत्मा यज्ञ की व्याख्या अध्यात्मपरक है। उसका "गार्हपत्याग्नि हृदय, आन्वाहार्यपचनाग्नि मन और आहवनीयाग्नि मुख" है।।5.18.2।।

छान्दोग्योपनिषत् में "कर्मकाण्डी यज्ञ" पर प्रहार करते हुए कहा है कि "यत् + ज्ञ्"; "यज्ञ का अर्थ है कि, जिससे ब्रह्म जाना जाय।"
अथ यद्यज्ञ इत्याचक्षते ब्रह्मचर्यमेव तद् ब्रह्मचर्येण ह्येव यो ज्ञाता तं विन्दतेऽथ यदिष्टमित्याचक्षति ब्रह्मचर्यमेव तद् ब्रह्मचर्येण ह्येवेष्ट्वात्मानमनुविन्दते।।8.5.1।।

कर्मकाण्डी गण का "सत्रायण यज्ञ" भी ब्रह्मचर्य ही है। इसी उपनिषत् में "अनाशकायन–यज्ञ" का भी वर्णन है।

बृहदारण्यकोपनिषत् के अनुसार अब तक "सृष्टि रूप दो यज्ञ–जड़ जगत् एवं चेतन जगत्" हुए। उस मृत्यु रूप ब्रह्म ने फिर कामना की, एक बड़े यज्ञ से पुनः यज्ञ करूं। "सोऽकामयत भूयसा यज्ञेन भूत्यों यजेयेते।।" इसके प्रथम अध्याय का तीसरा ब्राह्मण कहता है कि "ब्रह्माण्ड एवं पिंड यज्ञ" है।

विदेहराज जनक के पुरोहित आचार्य अश्वल ने सूर्य देवता से यजुर्वेदीय शिक्षा प्राप्त ब्रह्मर्षि याज्ञवल्क्य से पूछा : हे याज्ञवल्क्य! जगत् में जब प्रत्येक वस्तु को मृत्यु व्याप रही है, सभी मृत्यु के अधीन हैं; तब यज्ञ करनेवाला यजमान किस प्रकार मृत्यु से छुटकारा प्राप्त कर सकता है? यजमान को मृत्यु से मुक्ति के उद्देश्य से यज्ञ किये जाते हैं, परन्तु सभी को व्याप रही मृत्यु से कैसे छूट सकता है"?

ब्रह्मर्षि याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया : "ब्रह्माण्ड का अग्नि देवता पिण्ड (मनुष्य देह) में वाणी के रूप में विराजमान है।" इसीलिये कहा है कि अग्नि मुख में वाणी बनकर प्रविष्ट हो गई है। "अग्निर्वाग् भूत्वा मुखं प्राविशत्।" यज्ञ में "होता" यजमान की "वाणी" को फिर से "अग्नि" रूप प्रदान कर देता है, इसी से यजमान मृत्यु को जीत लेता है।" अपने पिण्ड को ब्रह्माण्ड से, व्यष्टि को समष्टि में मिला देना, इनमें सामंजस्य–समभाव उत्पन्न कर देना ही मृत्यु से मुक्ति है।" होता, वाणी एवं अग्नि तीनों के सहयोग से मृत्यु से मुकाबला करता है। यह "पिण्ड की वाणी" ही "ब्रह्माण्ड की अग्नि" है। "वाणी का अग्निरूप होना ही मुक्ति है, मृत्यु से छूटना ही "अतिमुक्ति" है।।3.1.3।।

याज्ञवल्क्येति होवाच यदिदँ सर्वं मृत्युनाऽऽप्तँ सर्वं
मृत्यु–नाऽभिपन्नं केन यजमानो मृत्योराप्ति–मतिमुच्यत
इति होत्र–र्त्विजाग्निना वाचा वाग्वै यज्ञस्य होता
तद्येयं वाक् सोऽमग्निः स होता स मुक्तिः साऽतिमुक्तिः।।3।।

।।बृहदारण्यकोपनिषत् 3.1.3।।

बृहदारण्यकोपनिषत् में "अश्वमेध यज्ञ" के दार्शनिक तत्त्व का वर्णन किया गया है। ब्रह्मर्षि याज्ञवल्क्य ने ब्रह्मज्ञानी को "लोकैषणा, वित्तैषणा एवं पुत्रैषणा से मुक्त होने का उपदेश दिया है।" उन्होंने गार्गी से कहा कि "अक्षर" के ज्ञान के अभाव में यज्ञ याग आदि व्यर्थ है। "अक्षर अविनाशी तत्त्व है। जिसमें आकाश ओत–प्रोत है, उसे ब्रह्मवेत्ता अक्षर कहते हैं।" बृहदारण्यकोपनिषत् के षष्ठ अध्याय के तीसरे ब्राह्मण में "यज्ञ के कर्मकाण्ड" का विस्तार से वर्णन है। इसका चौथा ब्राह्मण "पुत्रेष्टि यज्ञ" कर्म है।

कठोपनिषत् में "नचिकेता यज्ञ" का उल्लेख है। प्रश्नोपनिषत् के अनुसार "प्राण देवों को हवि ले जानेवाला है। यह भी स्पष्ट किया है कि अग्निहोत्र के लिये जो अग्नि रखी जाती है उसका नाम "गार्हपत्य अग्नि" है। यज्ञ के लिये अन्नादि पकाया जाता है उसका नाम "आन्वाहार्यपचन और दक्षिणाग्नि" है। "देह में दक्षिणाग्नि व्यान है।" गार्हपत्य अग्नि से यज्ञ के लिये हवनकुण्ड में लाई जानेवाली "आहवनीय अग्नि" है। उसी तरह भीतर लाये जाने के कारण "आहवनीय प्राण" है। "प्राणपँचक" की साधना ही "अध्यात्म में पँचाग्निव्रत" है।

तैत्तिरीयोपनिषत् के अनुसार "याजक ऋषिजन व्याहृतियों से यजन–याजन करते रहे।" तैत्तिरीयोपनिषत् का उपदेश है : "अग्निहोत्र और स्वाध्याय प्रचवन हो : अग्निहोत्रं च स्वाध्यायप्रवचने च।" श्वेताश्वतरोपनिषत् के चतुर्थ अध्याय में कहा है कि "यज्ञ, क्रतु, व्रत, भूत, भविष्य, वर्तमान एवं छन्द और जो कुछ वेद बतलाते हैं, वह समस्त मायावी ईश्वर इस अक्षर से ही उत्पन्न होता है। उस प्रपंच में ही माया से अन्य सा बँधा हुआ है।

"कैवल्योपनिषत्" में "शतरुद्रीयजपविधि" है। "भस्मजाबालोपनिषत्" में प्रातःकाल होम करने का वर्णन है। "शरभोपनिषत्" में यज्ञ का सूत्रात्मक वर्णन है। "अव्यक्तोपनिषत्" में "जगत्–सृष्टि के ध्यानयज्ञ" की व्याख्या की गई है। "गरुडोपनिषत्" गरुडमालामन्त्रादि यज्ञपरक प्रतीत होता है।

"कौषीतकिब्राह्मणोपनिषत्" में महर्षि चित्र की यज्ञशाला का उल्लेख है। "कुण्डिकोपनिषत्" में "ब्रह्मयज्ञ" करने का वर्णन है। "सन्यासोपनिषत्" में "वैश्वानरयज्ञ" का सम्बन्ध सन्यास से कहा गया है। "नारदपरिव्राजकोपनिषत्" में वैराग्य धारणकर्त्ता के लिये सत्व, रज, तम तीनों तत्वों के हवन का निर्देश है।

"शाट्यायनोपनिषत्" में उपनिषत् आदि का अभ्यास "स्वाध्याय यज्ञ" कहा गया है। ऊँ उच्चारण करते हुए ब्रह्मरूप में आत्मा की आहुति दी जाती

है। अर्थात् ब्रह्म में आत्मा को लीन किया जाता है। वहीं सभी यज्ञों से उत्तम ज्ञानयज्ञ कहा गया है।।16, 17।।

"याज्ञवल्क्योपनिषत्" में "त्रैधातिवीय यज्ञ" (सत्व, रज, तमस्) सम्बन्धित यज्ञ की व्याख्या की गई है।

छान्दोग्योपनिषत् में चेतावनी दी है : हे प्रतोता, हे उद्गाता और हे प्रतिहर्ता! आप जिन देवताओं का स्तवन करते हो, यदि आप उन देवताओं के स्वरूप को नहीं जानते हुए अपना कर्म करोगे, तो आपका मस्तक टूट जायगा।।1.10।। इसका तात्पर्य यह है कि ऋत्विक् यज्ञीय देवता का भली–भाँति स्वरूप ज्ञान प्राप्त करें और पश्चात् यज्ञ करे (ऋग्वेद की ऋचाओं में इसे बारंबार दोहराया गया है।)।

प्रस्तोतर्या देवता प्रस्तावमन्वायत्ता तां चेदविद्वान्प्रस्तोष्यसि
मूर्धा ते विपतिप्यतीति।।9।। उद्गातर्या देवतो–दगीथ–
मन्वायत्ता तां चेदविद्वानु–द्गास्यसि मूर्धाते
विपतिष्यतीति।।10।। प्रतिहर्तर्या देवता प्रतिहार–
मन्वायता तां चेदविद्वान्प्रतिहरिष्यति मूर्धा ते
विपतिप्यतीती।। छान्दोग्योपनिषत्।।

उपनिषकार ज्ञान से ज्ञानी हुए ऋत्विज् को महत्वपूर्ण कहते हैं। "इन देवताओं और त्रयीविद्या के रेतस् (तेज) से यज्ञ का दोष दूर होता है। जिस यज्ञ में ऐसी ज्ञानी ब्रह्मा होता है, वह यज्ञ ओषधरूप होता है।"

जासां देवतानामस्यास्त्रय्या विद्याया वीर्येण यज्ञस्य विरिष्टं संदधाति।
भेषजकृत्तो ह वा एप यज्ञ यत्रैवंविद् ब्रह्मा भवति।।
।।छान्दोग्योपनिषत् 4.17.8।।

श्रुति में आत्मयज्ञ, सौत्रामणी यज्ञ, दर्शपौर्णमास यज्ञ, चातुर्मास्य यज्ञ, सोमयाग, शतरुद्रिय यज्ञ, त्र्यम्बक होम, त्र्यम्बक हविर्याग, त्र्यम्बक याग, अग्निचयन, स्विष्टकृदाहुति, गवेधक होम, त्र्यम्बक हवि, रुद्रयाग, शरीर यज्ञ आदि का वर्णन किया गया है।

"स्मृतिकाल" के प्रमुख यज्ञों में – शूलगाव होम, त्र्यम्बक होम, राजसुययज्ञ, अश्वमेधयज्ञ, नृयज्ञ, अजयज्ञ, गोयज्ञ, ब्रह्मयज्ञ, पितृयज्ञ, देवयज्ञ, भूतयज्ञ, सोमयज्ञ, संयमयज्ञ, इन्द्रिययज्ञ, द्रव्ययज्ञ, तपोयज्ञ, योगयज्ञ, स्वाध्याय यज्ञ, आत्मसंयम योगयज्ञ, ज्ञानयज्ञ, जपयज्ञ, नामस्मरणयज्ञ, प्राणयज्ञ, अपानयज्ञ, कुंभकयज्ञ, प्राणाग्नियज्ञ, पुत्रैष्टियज्ञ, नरमेध, पुरुषमेधयज्ञ, जीवनयज्ञ, सर्वमेधयज्ञ, विश्वजीतयज्ञ, भूदानयज्ञ, ओषधियों का महायज्ञ, आन्तरिक शत्रुनाशकयज्ञ, वृष्टियज्ञ, वैश्विक महासंकट–महामारी निवारण यज्ञ, वैश्विक

शान्तियज्ञ, महासंकट मुक्तियज्ञ, प्रेतयज्ञ, अमावस्यायज्ञ, पौर्णमासीयज्ञ, एकादश इन्द्रिय संयमयज्ञ, रुद्रयज्ञ, महामृत्युंजययज्ञ, शरभसालुवयज्ञ, विष्णुयज्ञ, महागणपतियज्ञ, चण्डीयज्ञ, श्रीसूक्तयज्ञ, ग्रहशान्तियज्ञ, वास्तोष्पतियाग, महालक्ष्मीयज्ञ, महासरस्वतीयज्ञ, सूर्ययज्ञ आदि हैं। यह विडम्बना है कि वेद में वर्जित हीनकर्मज्ञ (अभिचारयज्ञ, षट्कर्मयज्ञ) भी होते रहे और हो रहे हैं। सर्वज्ञ परमेष्ठी ऐसे दुर्बुद्धियों को क्षमा करे।।ऊँ।।

आर्यों के प्राचीन यज्ञ : मिथ्या और यथार्थ

यज्ञों की आकाशगंगा

वैदिक काल अर्थात् उनतालीस लाख वर्ष प्राचीन यज्ञ, याग, क्रतु, सत्र, इष्टियाँ, मेध आदि का वास्तविक स्वरूप विस्मृति के गर्भ में है। ऋग्वेदीय यज्ञतत्त्व की आत्मा और मूलाधार महासंक्रमण दौर से गुजर रहा है।

यज्ञ के सिद्धान्त, दार्शनिक–अध्यात्मिक तत्त्व, वैदिक देवतत्त्व और ऋग्वैदिक यज्ञीय विधिविधान आदि का ज्ञान आवश्यक है। यहाँ स्मरण रहे कि "ऋग्वेदीय यज्ञसंस्था बाह्य कर्मकाण्ड से अछूता रहा।" "वैदिक यज्ञ में बाह्य कर्मकाण्ड का आडम्बर छाने से उसकी आत्मा ही लोपित हुई। उसके फलस्वरूप वेदोक्त कर्मकाण्ड भी मरणसन्न हुआ है।"

वैदिक यज्ञसंस्था के नाम पर कर्मकाण्डीय अनावश्यक आयोजन के विरुद्ध ईसा पूर्व प्रगतिगामी क्रांतिकारी अभियान चले। इन परिवर्तनों के अग्रणी भगवान् महावीर स्वामी, शक्य मुनि बुद्ध, आचार्य शंकर (श्रीमद् आदिशंकराचार्य), नवनाथों में प्रमुख गोरक्षनाथ, वैयाकरणविद् भर्तृहरि आदि रहे। नाथ सिद्ध गोरक्षनाथ के शिष्य नाथगुरु भर्तृहरि ने ईसा पूर्व पहली शती में "अक्षर ब्रह्म" की अवधारणा प्रस्तुत की।

यह स्मरण कराना चाहेंगे कि यूनानी विजेता एलक्जेण्डर ने 2300 वर्ष पूर्व अम्बदेश स्थित विश्व विख्यात "तक्षशिला विश्वविद्यालय" पर कब्जा किया। "यूनानी विजेता तक्षशिला विश्वविद्यालय के वेदादि आर्ष ग्रन्थ और विद्वानों को साथ ले गये। शेष बचे ग्रन्थों के ग्रन्थागार को छह माह तक जलाया गया।" एकमात्र आचार्य विष्णुगुप्त कौटल्य चाणक्य तक्षशिला से पलायन में सफल

रहे। "इस प्रकार 2300 वर्ष पूर्व वेद–वेदांग, स्मृति, पुराण, जयसंहिता, रामायण आदि पाण्डुलियाँ–ग्रन्थ विदेश गये।"

जम्बूद्वीप भारतवर्ष में सन् 1838 (सन्दर्भ लॉर्ड मैकाले भाषण) से वेदों के विकृतिकरण का इन्द्रजाल रचा गया। पश्चिमी विद्वानों ने वैदिक अश्वमेध यज्ञादि में पशु हिंसा का दुष्प्रचार किया। यजुर्वेद के कुछ भाष्यकारों ने भी अपने भाष्य में पशु बलि का रूपक प्रस्तुत किया। क्षमा करें! वेद में यज्ञ को अध्वर कहा गया है। अध्वर का अर्थ ही हिंसा रहित (अहिंसा) है। सन् 1862 में ऋग्वेद के प्रचार के लिये वेद प्रचारक को उसकी प्रति जर्मनी से मंगवानी पड़ी।

यज्ञसंस्था में वैयक्तिक (व्यष्टि) यज्ञ है और सर्वहित–जगत् कल्याण–सृष्टि कल्याण–समष्टि का महायज्ञ है। ऋग्वेद प्राचीन समष्टि महायज्ञ को रेखांकित कर रहा है। साथ ही वैयक्तिक (व्यष्टि) यज्ञ का उल्लेख किया गया है।

ऋग्वेदीय अश्वमेध यज्ञ : यज्ञमय पृथिवी

ऋग्वेदीय अश्व शब्द बहुअर्थी है। अ–श्व का अर्थ – कल नहीं है, मात्र वर्तमान है। जगत् क्षण भंगुर है। अर्थात् अश्व काल है, ब्रह्म है। अश्व पूर्ण पुरुष–परमात्मा है। "अश्व का अर्थ है – सृष्टि, काल, ब्रह्म–परमेष्ठी, सूर्य, अग्नि, व्यापनशील, यज्ञ, धान्य, सर्वत्र व्याप्त, सोम, यज्ञ, शक्ति, बल, गति, राष्ट्र, रेतस् आदि है।"

ऋग्वेद (162) में अश्वमेध यज्ञ का उद्देश्य जगत् में यज्ञज्ञान का प्रचार अर्थात् जगत् को यज्ञीय बनाना है। ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के 163वें सूक्त के अश्वमेध यज्ञ के यज्ञीय सृष्टि अवधारणा को प्रतिपादित करनेवाला घोषित किया है। इसमें सपक्ष दिव्याश्व सर्वनियन्ता है।

यजुर्वेदीय अश्वमेध यज्ञ : राष्ट्र संवर्धन यज्ञ

यजुर्वेद में 22 से 25 अध्याय बहुचर्चित अश्वमेधयज्ञ–राष्ट्र संवर्धन यज्ञ के हैं। इसके 22वें अध्याय में मूलतः यज्ञ से ब्रह्मलोक प्राप्ति एवं यज्ञ से यज्ञ सम्पन्न होना धुरी है। इसके 23वें अध्याय का मुख्य विचार है : "अश्व व्यापनशील, सृष्टिविद्या ज्ञान, काल, ब्रह्म, सूर्य, अग्नि, वदे आदि है एवं यज्ञ पृथिवी की नाभि है।" इसके 24वें अध्याय में राज कौशल–शासन कला सूत्र, वैदिक देवनामधारी विभाग और उनके कर्म वर्णित हैं। वहीं 25वें अध्याय में राष्ट्र के चौतीस विभागों पर तीसरी नजर रखने, देवता अविनाशी–पँचजन अविनाशी और भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम का उपदेश है।

बृहदारण्यकोपनिषत् अश्वमेध यज्ञ : सृष्टियज्ञ

बृहदारण्यकोपनिषत् के प्रथम अध्याय में "सृष्टि यज्ञ ही अश्वमेध यज्ञ" है और इसका सविस्तार वर्णन है। इसमें "अश्वमेधत्वम्" का अर्थ है – जो वर्धनशील के साथ पवित्र, ज्ञानी एवं सत्कर्मकर्त्ता हो।

इस उपनिषत् में प्रकृति में स्वयं हो रहे अश्वमेध यज्ञ और अर्क एवं अश्वमेध तत्त्व की सुन्दर व्याख्या है।

इस प्रकार ऋग्वेद, यजुर्वेद और बृहदारण्यकोपनिषत् में अश्वमेध यज्ञ में कहीं हिंसा का उल्लेख नहीं है। "पश्चिमी वेद विद्वानों द्वारा अश्व एवं मेध का रूढ अर्थ लेने से अश्वमेध यज्ञ में महायुद्ध, साम्राज्ञी अश्व रमण और अश्व की बलि का वितण्डा खड़ा हुआ।"

ऋतु सन्धिकाल यज्ञ : रोग निवारक

ऋग्वेद में ऋतु सन्धिकाल में यज्ञ का विधान है। इससे ऋतु परिवर्तन पर होनेवाले रोगों–महामारियों से रक्षण होता है।

त्रिकद्रुक यज्ञ : यम यज्ञ

ऋग्वेद के दशम मण्डल का 14वाँ सूक्त "यम यज्ञ–त्रिकद्रुक यज्ञ" है। इस यज्ञ से यम का संरक्षण (ज्योति, गो, आयु आदि) प्राप्त होता है। यम छह स्थानों में रहता है – द्युलोक, भूलोक, ऋक्, सूनृत, ओषधियाँ एवं जल।

पितर यज्ञ

सत्य स्वरूप पितर यज्ञकाल में रक्षक

ऋग्वेद के दशम मण्डल का 15वाँ सूक्त पितर यज्ञ सूक्त है।

पितृमेध यज्ञ : शव दहन यज्ञ

ऋग्वेद के दशम मण्डल के 18 सूक्त का विषय "पितृमेध" है। इसमें घर में स्वामी पुरुष की मृत्यु के बाद शवदहन का वर्णन है। "पितृमेध यज्ञ का आख्यान बहुत ही प्रगतिशील है। यह वर्तमान प्रचलित कर्मकाण्ड के एकदम विपरीत कर्मकाण्ड विहीन है। इसमें घर से प्रेत (मृत देह) बाहर निकलते ही अशौचनिवृत्ति हो जाती है।" ऋत्विक् सुहागिनों को काजल और श्रृंगार करने का निर्देश देता है। शवदाह अथवा समाधि के बाद सभी अशौचनिवृत्त हो जाते रहे। मृतक की पत्नी को शेष जीवन स्वेच्छा से व्यतीत करने का अधिकार रहा। अतः "वेद में कोई सती प्रथा नहीं रही।" पितृमेध में यज्ञीय मन्त्रों का पाठ होता रहा।

वाणीयज्ञ, ज्ञानयज्ञ

ऋग्वेद की अनेक ऋचाओं में वाग्यज्ञ और ज्ञानयज्ञ का उल्लेख मिलता है। ऋग्वेदीय मन्त्रद्रष्टा ऋषियों ने यह लगातार दोहराया है कि, "यज्ञ में ब्रह्मवित्, वेदविद् आदि विद्वानों की उपस्थिति हो। यज्ञ के पश्चात विद्वान् सृष्टिविद्या–ब्रह्मविद्या आदि पर प्रवचन करे। यज्ञ में भाग लेनेवाले विद्वान् वैदिक ग्रन्थों पर चर्चा करें।"

वृष्टि याग

ऋग्वेद यज्ञ से वृष्टि (वर्षा) का गोपनीय ज्ञान प्रस्तुत करता है। यज्ञ से वर्षा का उल्लेख अनेक ऋचाओं में मिलता है। "वरुणविद्या" के अनुसार जल के अधिष्ठाता वरुण देवता के यज्ञ से वर्षा होती है। "वरुण यज्ञ" की समिधा में टींट एवं हरे बांस की काष्ठ प्रयुक्त होती है। इसमें जलती हुई हवि की आहुति जल में दी जाती है। प्रधानमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भारतीय प्रशासनिक सेवाधिकारी श्री पी.वी.आर.के. प्रसाद ने अपनी पुस्तक में तिरुपति में वरुण याग द्वारा वर्षा का वृत्तान्त लिखा है। प्रोफेसर भारत भूषण विद्यालंकार ने भी यज्ञ से वर्षा का प्रयोग किया।

वैदिक सोम यज्ञ

ऋग्वेद में दिव्य सोम यज्ञ और देवों द्वारा सोमपान का वर्णन अनेक स्थानों पर किया गया है। इस सोम प्राप्ति के लिये सोमलता समूह को पीसकर रस निचोड़ा जाता रहा। ऋग्वेद के अनुसार भूलोक के स्वर्ग–त्रिविष्टपम् (परमपवित्र कैलास, हिमालय, तिब्बत) में हिम शिखरों के समीप सोम ओषधि समूह मिलता है। सोम समूह के पौधे–झाड़ियाँ–लता रात्रि में विद्युत् की तरह चमकते हैं। यमुनोत्री के पीछे बंदरपूँछ के समीप वन में, गंगोत्री में गोमुख से आगे तपोवन में, बदरीकाश्रम एवं केदारनाथ के वनों में और अन्य हिम शिखरों वाले पर्वतों में सोम वनस्पति समूह मिलता है। ऋग्वेद के दशम मण्डल के 85वें सूक्त में कहा है कि सोम को ब्रह्मज्ञानी ही जानता है, अयाज्ञिक नहीं।

सोम का अर्थ है – उमया सह–उमा के साथ। विभुसत्ता की आनन्दवृत्ति अथवा इच्छा एवं क्रिया शक्ति का नाम और रूप सोम है। इसलिये सोम का अर्थ आनन्द है। विभु का आनन्दमय सक्रिय रूप ही सोम है अर्थात् सोम आनन्दरस–अमृतरस है। कोषग्रन्थों में सोम का अर्थ है – अमृत सूते (षु अभिषवे, मन) जिससे अमृत झरता है। वेद की "ब्रह्मविद्या" में "सोम–आनन्दामृतरस" है। वैदिक दृष्टि से चन्द्रमा सोममय है। परन्तु यह चन्द्रमा हमें दृष्टिगोचर होनेवाला चन्द्रमा नहीं है।

यज्ञ से कायाकल्प–रोगमुक्ति–चिकित्सा

ऋग्वैदिक ऋचाओं में कायाकल्प और रोगमुक्ति यज्ञ के आख्यान मिलते हैं। आचार्य भास्कर राय ने सन् 1708 में ऋग्वेद में सविता देवता की तीन ऋचाओं को आधार बनाकर सविता–सूर्य स्तुति एवं याग कर कायाकल्प किया (स्रोत : तृच भास्कर)। ऋग्वेद के नवम् मण्डल के अन्तिम सूक्तानुसार यज्ञ में प्रयुक्त ओषधियों में दिव्य सोम का अंश होता है। यज्ञीय वनोषधियों की आहुति से उनका सोमादि ओषधि पूर्ण धूम श्वास के द्वारा शरीर में जाता है और रोगाणु–राक्षस, पैशाच, गन्धर्व, अप्सरा को नष्ट करता है। यज्ञीय धूम से वायु में व्याप्त महामारी के जीवाणु समाप्त होते हैं (वेद ओषधि कल्पतरु)। यज्ञीय धूम वायु की विषाक्तता को दूर कर निर्मल निरंजन बनाता है।

भरत यज्ञ

नाम से नहीं चौंकें। ऋग्वेदीय "भरत" शब्द का अर्थ "भरण–पोषण" है। यह भरण–पोषण यज्ञ है।

दशमास यज्ञ

ऋग्वेद में दशमास तक चलनेवाले यज्ञों का वर्णन मिलता है। ऋग्वेद के सप्तम मण्डल के 83वें सूक्त में "दाशराज्ञ रणयज्ञ" का वृत्तान्त है। इसमें यज्ञकर्त्ता ब्रह्मर्षि वसिष्ठ के कारण राजा सुदास को "अकल्पनीय विजयश्री" प्राप्त हुई।

पुरुष यज्ञ : पुरुष मेध यज्ञ

ऋग्वेद के सुविख्यात पुरुष सूक्त (10.90.1–16) के समय यज्ञकर्म के आर्यों के जीवन में केन्द्रीय स्थान प्राप्त रहा (आर्य का अर्थ श्रेष्ठ) है। याग का प्रधान रूप इष्टदेवता के चरणों में सर्वोत्तम वस्तु का समर्पण रहा। ऋग्वेद के पूर्वार्ध में कहा है कि "यज्ञ में परमेष्ठी हवि रहे।" इसकी व्याख्या पुरुष सूक्त में की गई। सर्वश्रेष्ठ पुरुष (परमेष्ठी) ने स्वयं निर्मित सृष्टि के लिये बहुत ही स्नेह एवं आनन्द के साथ अपना सर्वस्व (यज्ञ में) न्योछावर किया। यह सर्वस्वसमर्पण– आत्मयज्ञ में लेशमात्र भी आत्मक्लेश–आत्मनाश भावना नहीं रही। सर्वव्यापी एवं सर्वात्मक पुरुषोत्तम परमेष्ठी ने अपनी आत्मा से विराज् नाम के नारी–तत्त्व का और उस नारी–तत्त्व से पुरुष–तत्त्व का निर्माण किया। इस "पुरुष–तत्त्व को यज्ञीय हव्यों की तरह पूर्णतया समर्पित करके विविध रूप धारण करनेवाली सृष्टि को जन्म दिया।" द्युलोक स्थित देवता, साध्य, ऋषि पहिले पुरुषोत्तम के ही अंश रहे, लेकिन उन्होंने दूसरे पुरुष का यज्ञीय द्रव्य के रूप में उपयोग किया। यज्ञ में हव्य के रूप में समर्पित होने के उपरान्त दूसरा पुरुष सृष्टि में परिवर्तित हुआ। वह प्रसंग अन्य वेदों में भी है।

सर्वमेध यज्ञ

किसी उच्च यज्ञ के लिये मनुष्य समुदाय का अपना सर्वस्व त्याग देना सर्वमेध है।

वाजपेय यज्ञ

आम जन को अन्न एवं वाणी से तृप्त करनेवाला वाजपेय याग है।

काल का यज्ञ

अथर्ववेद के तृतीय काण्ड के 10वें सूक्त में काल के यज्ञ का वर्णन है। इसके अनुसार वर्ष में यज्ञ करने का संकल्प (दीक्षा) माघ के कृष्णपक्ष की अष्टमी को किया जाता है। यह आत्मयज्ञ है। इसमें काल ही कल्पतरु एवं कामधेनु है।

यज्ञ से अभ्युदय, निःश्रेयस

ऋग्वेद से अथर्ववेद तक यज्ञ से उन्नति, निःश्रेयस की ऋचाएँ हैं।

विष्टारी यज्ञ

अथर्ववेद में विस्तार करनेवाले विष्टारी यज्ञ का सूक्त है। इसमें अन्नदान रूप यज्ञ का वर्णन है।

यज्ञ से पाप–दोष हरण

अथर्ववेद के षष्ठ काण्ड के 114वें सूक्त में सत्य यज्ञ में अज्ञानतावश देवों आदि का अनादर, यज्ञ में त्रुटि, पापकर्म एवं दोष हरण का वर्णन है।

स्वाध्याय–ब्रह्मयज्ञ

सत्यविद्या–ब्रह्मविद्या–सृष्टिविद्या–आत्मविद्या के आर्ष ग्रन्थों का अध्ययन एवं उपदेश स्वाध्याय यज्ञ है।

नामजपयाग

श्रुति ग्रन्थ ''कलिसंतरणोपनिषत्'' में कलयुग में षोडश नाम जप–संकीर्तन यज्ञ का उल्लेख है। वेद में लगातार कहा है कि सदैव परमप्रभु का स्मरण करें। इस उपनिषत् का मन्त्र है : ''हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे। हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे।।'' इस मन्त्र के ''राम एवं कृष्ण'' पौराणिक अवतार नहीं हैं। सन् श्रुति में राम एवं कृष्ण दोनों का अर्थ सूर्य है। श्रीकृष्णयामल तन्त्रानुसार कृष्ण सूर्य है और किरणें गोपीगण हैं। 1923 में दा अडयार लाइब्रेरी एण्ड रिसर्च सेन्टर, मद्रास ने पण्डित ए. महादेव शास्त्री के सम्पादकत्व में ''वैष्णवोपनिषद्'' का प्रकाशन किया। इसके अनुसार राम एवं कृष्ण ब्रह्म ही हैं। राम एवं कृष्ण सूर्य स्वरूप हैं।

देवयज्ञ

वेद में अनेक ऋचाओं में देवयज्ञ का उल्लेख आया है। इस यज्ञ में वैदिक देवताओं–अग्नि, सूर्य आदि के साथ अपने वाक्, चक्षु आदि का सम्बन्ध अनुभव करते हुए दैवी शक्ति के द्वारा अपनी शक्तियों की उन्नति करने का अनुष्ठान है। वेदविद्या में अग्नि वाकस्वरूप और सूर्यस्वरूप है।

ब्रह्मयज्ञ

ब्रह्माग्नि में यज्ञ का यज्ञ करना होता है। इसमें ज्ञानाग्नि में समस्त कर्मों को भस्म करना होता है।

शरीर यज्ञ

प्राणाग्निहोत्रोपनिषत्, गर्भोपनिषत्, छान्दोग्योपनिषत्, बृहदारण्य–कोपनिषत्, महानारायणोपनिषत् आदि में शरीर यज्ञ का वर्णन है।

राजसूय यज्ञ

"ऋग्वेदानुसार पुर के राजा का निर्वाचन होता है।" "जिस सम्मेलन में राजा का निर्वाचन एवं राजतिलक होता है, उसका नाम राजसूय यज्ञ है।" अथर्ववेद में इसका विस्तृत वर्णन है।

गोमेध यज्ञ, शूलगव यज्ञ

यह गोवंश के संवर्धन का यज्ञ है। इससे भूमि की उर्वरा शक्ति में वृद्धि होती है। शोध कर्त्ताओं के अनुसार गोवंश का गोबर कुछ ही घण्टों में उर्वरक (खाद) में रूपान्तरित हो जाता है। गोमूत्र भी अत्यन्त उत्तम उर्वरक है। श्रुति काल में समृद्धि का पैमाना व्यक्ति के पास गायों की संख्या रही। "वेद विद्या में काम, क्रोध, मद, मोह, लोभ, मत्सर, अविद्या को पशु की संज्ञा दी गई है।"

त्र्यम्बक याग

ऋग्वेदीय त्र्यम्बक रुद्र तीनों लोकों का पिता है। त्र्यम्बक रुद्र ही महाकाल है। रुद्र की भगिनी अम्बिका तीनों लोकों की जगन्माता है। रुद्र का वाहन मूषक है। ऋग्वैदिक रुद्र मन्त्र–"त्र्यम्बकम् यजामहे...।" महामन्त्र के पाठ के साथ अग्नि में आटे का भुनी हुआ पुरोडाश–बाटी एक सूक्ष्म भाग अर्पित किया जाता है। इसमें घृत की आहुति नहीं दी जाती है। त्र्यम्बक रुद्र से प्रार्थना की जाती है कि वे इसे प्रेमपूर्वक ग्रहण करने का अनुग्रह करें। उसके पश्चात वे अपनी भगिनी अम्बिका के साथ मूजवान पर्वत के पार अपने स्थान पर जाने की कृपा करें। यह शेष बाटी मार्ग के लिये है। इस प्रकार देवों के शास्ता महान् देव का त्र्यम्बक याग बहुत सहज, सरल और कर्मकाण्ड के

प्रपंच से दूर (मन्त्र का भाष्य रुद्रविद्या में देखें) (यहाँ त्र्यम्बक'' का अर्थ ''त्रिनेत्र'' लेना वेद विपरीत है।) है।

मानस यज्ञ

श्रुति में मानसयज्ञ को सर्वश्रेष्ठ कहा गया है। श्री एवं बुद्धि की कामनावालों के लिये जप और होम का विधान है।

तैत्तिरीयोपनिषत् के चतुर्थ अनुवाक में श्री एवं बुद्धि की कामनावालों के लिये जप और होम का विधान है। आचार्य शंकर ने इसकी सुन्दर व्याख्या की है। इसका तीसरा मन्त्र है : ''यशो जनेऽसानि स्वाहा। श्रेयान् वस्योऽसानि स्वाहा। तं त्वा भग प्रविशानि स्वाहा। स मा भग प्रविश स्वाहा। तस्मिन् सहस्रशाखे निभगाहं त्वयि मृजे स्वाहा। यथापः प्रवता यन्ति यथा मासा अहर्जस्म्। एवं मां ब्रह्मचारिणो धातरायन्तु सर्वतः स्वाहा। प्रतिवेशोऽसि प्र मा पाहि प्र मा पद्यस्व।।3।।''

अग्निहोत्र

मुण्डकोपनिषत् के द्वितीय खण्ड में ''अग्निहोत्र'' का वर्णन है। अग्निसाध्य कर्मों में अग्निहोत्र की प्रधानता है। अंगिरा ऋषि ने अग्निहोत्र कर्म का व्याख्या करते हुए कहा – ''जब भली भाँति प्रदीप्त अग्नि में अग्निशिखा क्रीड़ा करने लग जाये, उस समय दोनों आज्य भागों के मध्य में प्रातः एवं सायंकाल आहुतियाँ डालें।'' दर्श् पौर्णमास यज्ञ में आहवनीय अग्नि के उत्तर एवं दक्षिण ओर ''अग्नेय स्वाहा'' एवं ''सोमाय स्वाहा'' इन मन्त्रों से दो घृताहुतियाँ दी जाती हैं। उन्हे ''आज्यभाग'' कहते हैं। इसके बीच का भाग ''आवापस्थान'' कहलाता है। शेष सभी आहुतियाँ उसी में दी जाती हैं। आवापस्थान में देवों के उद्देश्य से आहुतियाँ देनी चाहिये।।2।।

जिसका अग्निहोत्र दर्श, पौर्णमास, चातुर्मास्य और आग्रयण–इन कर्मों से रहित, अतिथि–पूजन से वाजित, यथासमय किये जानेवाले हवन और वैश्वेदेव रहित अथवा ''अविधिपूर्वक हवन'' किया होता है, उसकी मानों ''सात पीढ़ियों का वह नाश'' कर देता है।।3।।

जिस अग्निहोत्री का अग्निहोत्र अदर्श–दर्श नामक कर्म से रहित होता है, क्योंकि अग्निहोत्रियों को दर्शकर्म अवश्य करना चाहिये। अग्निहोत्र से सम्बन्ध रखनेवाला होने के कारण (यह दर्शकर्म) अग्निहोत्र के विशेषण के समान प्रयुक्त हुआ है। अतः जिसके द्वारा इसका अनुष्ठान नहीं किया जाता। इसी प्रकार ''अपौर्णमासम्'' आदि में भी अग्निहोत्र का विशेषणत्व देखना चाहिये। क्योंकि अग्निहोत्र के अंग होने में उन पौर्णमास आदि की दर्श से समानता है।

अतः जिनका अग्निहोत्र–अपौर्णमास–पौर्णमास कर्म से रहित, अचतुर्मास्य–चातुर्मास्य कर्म से रहित, अनाग्रयण–शरदादि ऋतुओं में नवीन अन्न से किये जानेवाला जो आग्रयण है वह जिस अग्निहोत्र का नहीं किया जाता वह "अनाग्रयण" है। अतिथिवार्जित का अर्थ है – जिसमें नित्य अतिथि का पूजन नहीं किया गया है। जो स्वयं भी, जिसमें विधिपूर्वक अग्निहोत्रकाल में हवन नहीं किया गया, ऐसा है। साथ ही जो अदर्श आदि के समान अवैश्वदेव–वैश्वदेव कर्म से रहित है और यदि उसमें हवन भी किया गया तो अविधिपूर्वक ही किया गया है। अर्थात् जिसमें यथोचित रीति से हवन नहीं किया गया।

इस प्रकार अनुचित रीति से किया हुआ अग्निहोत्र कर्म मात्र परिश्रम है। उस कर्त्ता के सप्तम लोक सहित सम्पूर्ण लोकों को नष्ट कर देता है। "कर्मों का यशोचित विधि से अनुष्ठान करने पर ही कर्मफल के अनुसार भूलोक से सत्यलोक पर्यन्त सप्त लोक फल रूप प्राप्त होते हैं। ।।3–शांकरभाष्य।।

अग्निहोत्र की अग्नि सप्त जिव्हाएँ हैं। ये–काली, कराली, मनोजवा, सुलोहिता, सुधूम्रवर्णा, स्फुलिंगिनी और विश्वरुची हैं। अर्थात् अग्नि की जिव्हाएँ –काली, भयंकर, मन की भाँति चंचल, रक्तवर्ण, धुएँ के रंग की, चिन्गारियोंवाली और नाना शोभा वाली हैं। ये अग्नि की सप्त चंचल जिव्हाएँ हवि–आहुति का ग्रास करने के लिये हैं।।4।।

अग्नि की चमकती इन शिखाओं में यथासमय पर आहुतियाँ देता हुआ जो अग्निहोत्र कर्म का आचरण करता है, उस यजमान को ये शिखाएँ सूर्य की किरण बन कर वहाँ ले जाती हैं जहाँ देवताओं का स्वामी परमात्मा रहता है।।5।।

ये दीप्तिमती आहुतियाँ आओ, आओ कहती हुई तेजस्वी सूर्य की किरणों द्वारा यजमान को उठाकर ले जाती हैं। वे मधुर प्रिय वाणी उसको कहती है – "यह आपके पवित्र, शुभकर्मों, सुकृत से उपार्जित ब्रह्मलोक है, जिसको आपने पा लिया है"।।6।।

ये यज्ञरूप नौकाएँ, जिनमें अठारह दूसरे कर्म कहे हैं, अदृढ़ हैं। इन्हें ज्ञानबाह्य होने से निकृष्टकर्म कहा गया है। "प्लव" का अर्थ विनाश है। अठारह यज्ञरूप–सोलह ऋत्विक्, यजमान एवं यजमान पत्नी हैं। जिनमें ज्ञानरहित कर्म आश्रित है, अदृढ़–अस्थिर है। अंगिरा ऋषि के अनुसार भव–सागर को पार करने के लिये ये यज्ञरूप–प्लव, याग आदि के बेड़े अदृढ़ हैं। ये "अपरा विद्या" है। अर्थात् "कर्मकाण्ड निरर्थक है।" इसके स्थान पर

आवश्यकता "परा विद्या" (ज्ञान काण्ड) की है। अंगिरा ऋषि ने शौनक मुनि को कहा कि "ज्ञानी ऋषियों ने जिन कर्मों से वेद मन्त्रों का साक्षात्कार किया वे ही सत्य मार्ग हैं (कर्मों को यज्ञ की उपमा दी गई।)।" त्रेता युग में उनका मायावी (यज्ञ) विस्तार हुआ। हे सत्य संकल्पवालो! उन्हीं के अनुसार दृढ़ता से आचरण करो। लोक में आपके लिये यही सुकृत का मार्ग है। पुरुषार्थ का एकमात्र साधन होने के कारण यह सत्य है।

शांकरभाष्य के अनुसार सत्यकाम होकर आप उसका नित्य–नित्य आचरण करो। आपके यही सुकृत–स्वयं किये हुए कर्मों के लोक प्राप्ति के लिये मार्ग है। सारतः "वेदत्रयी में विहित जो ये अग्निहोत्र आदि कर्म हैं वे ही यह फल प्राप्ति का साधन है"।।7, 1।। मुण्डकोपनिषत्, द्वितीय खण्ड।।

पुरुष यज्ञस्वरूप

छान्दोग्योपनिषत् के प्रपाठक 3, खण्ड 16 के प्रथम मन्त्रानुसार "मनुष्य देह स्थित आत्मा यज्ञस्वरूप है।"

ओषधियों का महामख

वेदत्रयी में ओषधियों के महामख का सूत्रात्मक वर्णन किया गया है।

रुद्र–चिकित्सक का ओषधि (दान) यज्ञ

ऋग्वेद के अनुसार चिकित्सक रुद्र रोगी के रोग का निदान, परिचर्या आदि निःशुल्क करेंगे। साथ ही रोगी को रोगनिवारण ओषधि भी निःशुल्क देंगे। अर्थात् रुद्र–वैद्य–चिकित्सक "ओषधि दान–सत्कृत यज्ञ" रत रहे। विश्व में कहीं भी "निःशुल्क उपचार" का उल्लेख नहीं मिलता है।

वैदिक काल के ऋषि इसी श्रृंखला में "विद्यादान–ज्ञानयज्ञ" की अग्नि प्रज्ज्वलित किये रहे। ये दोनों समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा 19वीं सदी के मध्य तक रहीं।

शिवसंकल्प यज्ञ

श्रुति में शिवसंकल्प को यज्ञ की संज्ञा दी गई है। ऋग्वेद में वालखिल्य ऋषियों का शिव संकल्प सूक्त है। यजुर्वेद में भी शिव संकल्प की ऋचाएँ हैं। वैसे शिवसंकल्पोपनिषत् भी है।

दुष्टकर्म अभिचार यज्ञ निन्दित, निषेध

वेद में दुष्ट कर्म (षट्कर्म, कृत्या, अभिचार आदि) के लिये यज्ञ की घोर निन्दा की गई है और उसके भयानक परिणामों की चेतावनी दी गई है।

इन्द्रियय्ज्ञ

यह शब्दादि विषयों का अर्पण योग्य मर्यादा तक इन्द्रियों में करना हैं। आत्मसंयम की योगग्नि में इन्द्रियों और प्राणों के कर्मों (सम्पूर्ण कर्मों का संयमन) का हवन करना है।

संयमरूप अग्नि में श्रोत्रादि इन्द्रियों का हवन करना। इन्द्रियों का संयम करना और भोगवृद्धि की इच्छा समापन करना।

तपयज्ञ

श्रुति में सर्वप्रथम आदिभूत, आदितत्त्व रुद्र के पुत्र प्रजापति ने तप यज्ञ किया। तप यज्ञ शीत उष्णादि द्वंद्व सहन करने के अभ्यास में वृद्धि करना। तपयज्ञ से सभी सम्भव है।

द्रव्य यज्ञ

श्रुति में दक्षिणा सूक्त है, जिसमें द्रव्य दान की महिमा का वर्णन है। द्रव्य यज्ञ का आशय द्रव्य का परोपकार–परमार्थ–लोककल्याण में सद्व्यय करना है।

प्राणाग्निहोत्र यज्ञ

प्राणों का प्राण में अर्पण करना प्रणाग्निहोत्र यज्ञ है।

प्राण यज्ञ, अपान यज्ञ, कुम्भक यज्ञ

श्रुति में इनका उल्लेख है।

नित्ययज्ञ

ऋग्वेद में नित्य यज्ञकर्म को रेखांकित किया गया है। ऋग्वेद के मन्त्रद्रष्टा ऋषियों ने बृहद् यज्ञ आयोजन के मापदण्ड भी निर्धारित किये हैं। जिनमें यजमान की सामर्थ्य आदि को निर्णायक कहा है। अतः आमजन अपना नित्य यज्ञकर्म करता रहे।

ऐतरेय श्रुति : यज्ञ भेद

"स एष यज्ञः पंचविधः – अग्निहौत्रम् दर्शपौर्णमासौ, चातुर्मास्यानि, पशुः, सोमः इति।।"

यज्ञ के पाँच भेद हैं – अग्निहोत्र, दर्शपौर्णमास, चातुर्मास्य, पशु एवं सोम।

चातुर्मास्य : यज्ञ लम्बित

ऋग्वेद में स्पष्ट निर्देश है कि वर्षा के चतुर्मास में यज्ञ लम्बित रहेंगे। क्योंकि ऋग्वेदानुसार यज्ञकर्म नदी के किनारे, खुले आकाश के नीचे आयोजन का विधान है। अर्थात् केवल स्वयं यज्ञ करें।

यज्ञ एवं महायज्ञ भेद

महर्षि अंगिरा के अनुसार "व्यष्टि–समष्टि के सम्बन्ध से यज्ञ–महायज्ञ" कहे जाते हैं : "यज्ञ महायज्ञो व्यष्टि समष्टिसम्बन्धात्।।"

महर्षि भारद्वाज का कथन है कि कुशलतापूर्वक जो अनुष्ठान किया जाता है, उसे "यज्ञ" कहते हैं। पश्चात् "समष्टि" सम्बन्ध होने से उसी को "महायज्ञ" कहते हैं। "यज्ञः कर्मसु कौशलम् समष्टिसम्बन्धान्महायज्ञः।।"

वैदिक काल में सभी ऋषि एकत्र होकर "ज्ञान सत्र महायज्ञ" का आयोजन करते रहे।

वैयक्तिक यज्ञ : लौकिक यज्ञ

वैयक्तिक यज्ञों में पाँच महायज्ञ प्रमुख हैं। ये–"ब्रह्मयज्ञ, देवयज्ञ, पितृयज्ञ, भूतयज्ञ, मनुष्य यज्ञ" हैं। "पंचैतांस्तु महायज्ञान् यथाशक्ति न हापयेत्।।" मनु 4.21।।

पितृयज्ञ

स्मृति में कहा है : "पिता गार्हपत्त्याग्नि है, माता दक्षिणाग्नि है और आचार्य आहवनीयाग्नि है। इन श्रेष्ठतर अग्नियों में पितृयज्ञ होता है।" इसमें इन "सभी को भक्तिप्रेरित श्रद्धामय सेवाओं से तृप्त करना पितृयज्ञ है।"

देवयज्ञ

इसमें जगत् महायज्ञ को चलानेवाले देवों–अग्नि, वायु, सूर्यादि की पूजा की जाती है।

भूतयज्ञ

"भूत शब्द का अर्थ प्राणी, जन्तु, जीवधारी आदि है।" भूतयज्ञ में छह ग्रास निकालकर भोजन करने का विधान है। "ये ग्रास–पतित, श्वपच, पापरोगी, वायस एवं कृमि के लिये निकाले जाते हैं।" इन शब्दों का अर्थ है : पतित–रोगग्रस्त, दुष्कालग्रस्त, मानस पीड़ित, बेरोजगार, निर्धन आदि। श्वपच–अधर्म आचरण से समाज में गिरे हुए जन। श्वा–समस्त पशु। वायस–समस्त पक्षीगण। कृमि–कीट–पतंग। पापरोगी–घृणित रोग ग्रस्त। अर्थात् भूतयज्ञ समस्त जीव धारियों की रक्षा करना है। यह "बलिवैश्वदेव यज्ञ एवं भूतमहायज्ञ" भी कहाता है।

भूतयज्ञ में उपरोक्त की रक्षा पालन के लिये किया हुआ त्याग (ग्रास) "हवि" है। जिसके द्वारा यह त्याग पहुँचता है, वह "अग्नि" है। इस पुण्य से नाना प्रकार का सुख फल प्राप्त होता है। "वैदिक परम्परा में सूक्ष्म से सूक्ष्म प्राणी का रक्षा ही भूतयज्ञ है।"

अतिथियज्ञ

अथर्ववेद के नवम काण्ड के छठे सूक्त में अतिथियज्ञ की महिमा का सविस्तार वर्णन किया गया है। अथर्ववेदानुसार अतिथि के भोजन ग्रहण करने से पहिले भोजन नहीं करना चाहिये। इसीलिये अतिथि को देवता की उपमा दी गई है। ऋग्वेद में अग्नि अतिथि है।

ब्रह्मयज्ञ

"सर्वशक्तिमान्, सृष्टि संचालक परमब्रह्म परमेष्ठी के साथ सम्बन्ध जोड़ना ब्रह्मयज्ञ है।" श्रुति में स्वाध्याय को ब्रह्मयज्ञ की संज्ञा दी गई है। दैनिक कृत्यों में संध्या ब्रह्मयज्ञ है। वैसे "ब्रह्म" अर्थ भी "ज्ञान" होता है। अतएव इस आन्तरिक यज्ञ का नाम "ज्ञानयज्ञ" है।

मनुष्ययज्ञ

मनुष्ययज्ञ का वर्णन अनेक उपनिषदों में उपलब्ध है।

अन्य यज्ञीय रूप : प्रशस्ततमकर्म

1. निर्धनों भूमिहीनों को कृषिभूमि दान – "भूदानयज्ञ"।
2. निर्धन–जरूरतमन्द छात्रों को पुस्तक एवं शिक्षा शुल्क प्रदान करना – "ज्ञानयज्ञ"।
3. निःशुल्क विद्यादान, ओषधिदान आदि – "ओषधयज्ञ"।
4. शिक्षासंस्थान निर्माण और निःशुल्क शिक्षा – "विद्यायज्ञ"।
5. चिकित्सालय निर्माण और निःशुल्क शिक्षा।
6. वरिष्ठजनों की सेवा – "पितृयज्ञ"।
7. ग्रन्थागार स्थापना एवं संचालन।
8. स्वधन से संघ संसाधन एवं वितरण।
9. निःशुल्क शिक्षा एवं कौशल विकास।
10. ललित कलाओं को संरक्षण।
11. आर्थिक संकटाग्रस विद्वानों को सहयोग।
12. आर्षग्रन्थों की पाण्डुलिपियों का लिप्यान्तरण एवं प्रकाशन। वैदिक साहित्य का निःशुल्क वितरण और प्रचार।
13. यज्ञमय देश बनाने के लिये सर्वस्व त्याग।
14. स्वाध्याय–ब्रह्मयज्ञ।

कामनापरक यज्ञ

ऋग्वेदीय यज्ञपरक ऋचाओं में यज्ञ से स्वतः अध्यात्मिक, अधिदैविक, अधिभूत धन (धन्य करनेवाला), उत्तम सन्तान, गो आदि पशुधन, उत्तम

पैदावार, खुशहाल स्वजन–परिजन, उत्तम शौय, उत्तम बुद्धि, ज्ञान, सर्वकल्याण, रक्षण आदि की प्राप्ति का उल्लेख किया गया है।

"वेदोत्तर काल में कामनापरक यज्ञों की सुनामी आई।" इनमें पुत्रेष्टियज्ञ, युद्ध में विजयश्री यज्ञ, राज्य प्राप्ति यज्ञ, धन–सम्पदा–श्री प्राप्ति यज्ञ, गुप्तविद्या प्राप्ति यज्ञ आदि सम्पन्न होने लगे। यह विडम्बना है कि यज्ञ से षट्कर्म (मारण, उच्चाटन, वशीकरण, स्तम्भन, विद्वेष एवं शान्ति), अभिचार और कुटिल मनतव्यों के लिये अदृश्य समानान्तर दुष्टकर्म यज्ञों का प्रचलन हुआ। यद्यपि ऋग्वेद में दुष्टकर्म यज्ञों को निषेध किया गया है। इन आसुरी–पिशाची–राक्षसी भावनाओं के यज्ञों को "दैवी भावनावाला ब्रह्मविद्या वेद निन्दित कर्म" घोषित करता है। वेदत्रयी में षट्कर्म–अभिचार का कोई स्थान नहीं था। वैदिक यज्ञानुष्ठान में विकृति का विरोध जैन धर्म के महावीर स्वामी, बौद्ध धर्म के शाक्य मुनि बुद्ध, अद्वैत का सिंहनाद करनेवाले आचार्य शंकर, नवनाथों में प्रमुख गोरक्षनाथ आदि ने किया। प्रकारान्तर में आसुरी–पैशाच–राक्षस भावनावाले (चरम भौतिकवादी) जनों में यज्ञ के स्वरूप को विकृत करने का दबे पांव चलन शुरु हुआ।

विदेशी विद्वानों ने स्वयं लिखा है कि उन्नीसवीं शती पूर्वार्ध तक वैदिक दैवी भावना (लोककल्याण, लोक अभ्युदय, लोक मंगल आदि) के यज्ञ ही छाये रहे। विगत लगभग 150–175 वर्षों में तन्त्र की काली आंधी ने राक्षस –पैशाच–आसुरी भावनावाले यज्ञों का नव साम्राज्य स्थापित किया। इससे ऋग्वैदिक दैवी भावना प्रधान यज्ञ एक सीमा तक पृष्ठभूमि में चले गये। यह विडम्बना है कि ऋग्वैदिक यज्ञकर्म विधान का अधिकारिक–प्रमाणिक ग्रन्थ विस्मृत है।।ऊँ।।

वैदिक यज्ञ चिकित्सा

सात्विक यज्ञ आरोग्यप्रद

ऋग्वेदीय यज्ञपरक ऋचाओं में – दीर्घायुस्व एवं आयुष्य–व्याधिहरण का सूत्रात्मक वर्णन किया गया है। यहाँ उल्लेखनीय है कि यज्ञ में सैकड़ों वनोषधियों की अखण्डित आहुति दी जाती रही। ऋग्वेद के नवम मण्डल के अन्तिम सूक्त की ऋचा में रहस्योद्घाटन किया गया है कि, "यज्ञीय

वनोषधियों में दिव्य शक्तिवान् सोम (आनन्दामृत रस) होता है।'' ऋग्वेद के अनुसार सोम सर्वोषधि है और अमरता प्रदाता है। इस सोम रस के पान के लिये देवता गण तत्पर रहते हैं।

चौंकें नहीं! ऋग्वेद का ओषधि सूक्त वृक्ष–वनस्पति–लता–पौधा आदि के ओषध तत्त्व से साक्षात्कार करवाता है। अर्थात् 39 लाख वर्ष ऋग्वैदिक में मन्त्रद्रष्टा तत्त्वज्ञ ऋषियों को अधिकांश वृक्ष–वनस्पति के व्याधि (रोग) हरण क्षमता की गहनतम जानकारी रही। यह अवश्य है कि ऋग्वेद में उनका वर्णन –प्रतीकात्मक, संकेतात्मक, सूत्रात्मक, ध्वन्यात्मक, बहु अर्थी, अभिव्यंजनात्मक –अलंकारपूर्ण, अध्यात्मपरक, गूढ़, संहत, संक्षिप्त, रहस्यपूर्ण आदि किया गया है। इसके अलावा ''ऋग्वैदिक संस्कृत वर्तमान लौकिक संस्कृत से भिन्न है।'' वैदिक कोषकार ''आचार्य यास्क ने स्वीकारा कि वे सैकड़ों वैदिक शब्दों के अर्थ नहीं खोज पाये।''

इस परिपेक्ष्य में वैदिक यज्ञ और उसमें समर्पित की जानेवाली वनोषधियों के वर्तमान प्रचलित नाम शोध–अन्वेषण का विषय है। अधिकांश ''ब्रह्मविदों ने सोम को वनस्पति समूह कहा है।'' भूस्वर्ग–त्रिविष्टपम् क्षेत्र के हिम शिखरों वाले पर्वतों के समीप रात्रि में प्रकाशित वनस्पतियाँ–सोम वनस्पति समूह उपलब्ध होता है। इनके विकल्प में ऋग्वेद में समस्त वनोषधियों के महामख का निर्देश दिया गया है।

वेदात्रयी में एकमात्र ऋग्वेद ''यज्ञोपचार'' का आदिज्ञाता है। ब्राह्मण ग्रन्थों में इसकी व्याख्या का जतन किया गया है। गोपथ ब्राह्मण (5.1.19) में कहा है : ''ये ओषधियों के ही यज्ञ हैं। इसलिये ''ऋतुओं की संधियों में यज्ञ'' आयोजन किये जाते हैं, क्योंकि ''ऋतु संधि में व्याधि (बीमारी) होती है।''

भैषज्य यज्ञा वा पते।

तस्मादृतुसंधिषु प्रयुजन्ते।

ऋतुसंधिषु वै व्याधिर्जायते।। गोपथ ब्राह्मण उ.1.19।।

वैदिक काल से अरोग्य सम्पादन एवं व्याधि (अल्पकालिक, दीर्घकालिक) (रोग) चिकित्सा का मुख्य केन्द्र ''सात्त्विक'' यज्ञ रहा। यज्ञोपचार में वनोषधियों के अलावा अग्नि और सूर्य की प्रधानता है। अग्नि शब्द से तेजस, आग्नेय, चित् और परमेष्ठी का बोध होता है। सूर्य, विष्णु, अश्व, रुद्र आदि अग्नि स्वरूप हैं। ऋग्वेद में कहा है कि सोम ने मुझे कहा कि जल के अन्दर समस्त ओषधियाँ हैं। जल ही समस्त ओषधि है। अग्नि आरोग्य करनेवाला है।।1.23.20।।

अप्सु मे सोमो अब्रवीदन्तर्विश्वानि भेषजा।

अग्नि च तिश्वशंभुवमापश्च विश्वभेषजी।।

।।ऋग्वेद 1.23.20।।

इस ऋचा में कहा है : "अग्निं च विश्व–शं–भुव"। अर्थात् (विश्व) सम्पूर्ण (शं) शान्ति और आरोग्य (भुव) देनेवाला है। अर्थात् यह अग्नि चिकित्सा –यज्ञ चिकित्सा का संकेत दे रहा है। अग्नि अथवा यज्ञीय अग्नि समस्त रोग –दोष दूर कर सकता है। वेद में रोग जीवाणुओं को राक्षस, पिशाच, गन्धर्व, अप्सरा आदि को उपमा दी गई है। अग्नि "रक्षो–हा" भी है अर्थात् शरीरस्थ रक्त पीनेवालों राक्षसों का नाशकर्त्ता है। अग्नि ही यज्ञ चिकित्सा में प्रमुख है।

यज्ञ से ज्ञात और अज्ञात रोग दूर हो सकते हैं। ज्ञात रोग–जिसका कारण, निदान और उपचार विधि स्पष्ट है। उन्हें "ज्ञात–यक्ष्म" कहते हैं। वहीं जिन रोगों का निदान एवं उपशमन ज्ञात नहीं है, उन्हें "अज्ञात–यक्ष्म" कहते हैं। वेद में लगभग 32 प्रकार के ज्वर का उल्लेख मिलता है। राजयक्ष्मा रोगोंका राजा है। अथर्ववेद (3.11.1) में कहा है कि हवन के द्वारा अज्ञात रोग एवं क्षयरोग से भी आपको दीर्घ जीवन के लिये छुड़ाता हूँ।

मुंचामि त्वा हविषा जीवनाय

कमज्ञात यक्ष्मादुत राजयक्ष्मात्।।अथर्ववेद 3.11.1।।

यज्ञ में मन्त्रों की सात्त्विक (अध्यात्मिक, अधिदैविक और अधिभूत शक्ति) (मन्त्राक्षरों का स्फोट, स्फुरण, स्पन्दन, आवृत्ति, नाद आदि) ऊर्जा का शक्तिपात होता है (अक्षर की शक्ति आदि का वर्णन एकाक्षरनामकोशसंग्रह, शिवदृष्टि, वाक्य पदीयम्, स्फोटवाद, स्फोटसिद्धि आदि में है।)। यह विधायकी शक्ति व्याधिग्रस्त यजमान अथवा यजमान परिजन को नव ऊर्जा प्रदान करती है।

ओषधियों के यज्ञ में समर्पण से उनका ओषधि तत्त्व एवं सोम तत्त्व यज्ञीय धूम के साथ यजमान एवं यज्ञ में भाग लेनेवालों के शरीर में श्वास द्वारा प्रवेश कर रोगों का शमन करता है। यह उल्लेखनीय है कि ऋग्वेद काल में यज्ञ नदी के किनारे, वृक्षों के मध्य खुले आकाश के नीचे सम्पन्न होते थे। वृक्ष यज्ञ के समय जीवनीवायु (ऑक्सीजन) प्रदान करते और विषाक्त वायु (कार्बन डाई ऑक्साइड) का भक्षण करते थे। अर्थात् यज्ञ के समय शुद्ध पवित्र –निर्मल हवा प्राप्त होती थी। यह भी आरोग्यप्रद थी।

शुक्ल यजुर्वेद की शिव संकल्प ऋचाओं में कहा है : "येन सप्त होता यज्ञः तायते।" जिसके मन के द्वारा "सप्त होता यज्ञ फैलाते हैं।" ये "सप्त होता गण–दो नेत्र, दो कर्ण, दो नासिका एवं एक मुख है।" यह पुरुषरूपी यज्ञ मन के द्वारा चलाया जाता है। इस यज्ञ में "मन ही ब्रह्मा" है। वैदिक

पद्धति में यज्ञ में ब्रह्मा का काम यज्ञ के दोषों को दूर करना है। इसका आशय यह है कि "मानस यज्ञ से शरीर के सभी रोग मन द्वारा दूर किये जा सकते हैं।"

इससे सुस्पष्ट है कि ऋग्वैदिक काल में "यज्ञविद्या चरमोत्कर्ष" पर रही। यज्ञ से वृष्टि कराई जाती थी। यज्ञ से धान्य में विशेष सत्त्व तत्त्व का समावेश किया होता है। सत्त्व तत्त्व धान्य से पुरों और गृहों का सम्पादन किया जाता था। वैदिक काल से यज्ञों का स्वरूप दैवी भावना प्रदान रहा। वैदिक वाङ्.मय में यज्ञ का उज्ज्वल स्वरूप ही दिखाया गया है। यज्ञ से उत्पन्न विशेष दिव्य शक्ति को लोक (समष्टि एवं व्यष्टि) की उन्नति, कल्याण, अभ्युदय में किया जाता रहा। आम प्रचलन में यज्ञ का शुभ स्वरूप ही रहा।

इसके विपरीत अदृश्य रूप से आसुरी–पैशाची, राक्षसी यज्ञ गोपनीय रूप होते रहे। "राक्षसी भावना के यज्ञों से शत्रु के नगरों में बीमारियाँ उत्पन्न की जाती थी।" वर्तमान में जैसे रोगों के जीवाणु छोड़कर महामारी फैलायी जाती है। यह राक्षसी यज्ञ है। आसुरी–पिशाची–राक्षसी यज्ञ विनाश के कार्यों के लिये होते रहे। ऋग्वेद में विनाश एवं अशुभ के लिये यज्ञों का प्रयोग निषेध किया गया है।

इस प्रकार सात्त्विक श्रेष्ठ यज्ञों के आयोजन से आरोग्य में वृद्धि होती है और घोर इष्टियों से व्याधियाँ (महामारी आदि) फैल सकती हैं।।ऊँ।।

देवत्व प्राप्ति अनुष्ठान यज्ञ

गृहस्थयज्ञ से देवत्व प्राप्ति

ऋग्वेद में मननशीलों से मनुष्य बनने और देवत्व प्राप्ति का सूत्र दिया है : "मनुर्भव जनया दैव्य जनम्।।10.53.6।।" ऋग्वेद में यह कहा है : देवत्व प्राप्ति इच्छा करनेवाले मनुष्य की भला कौन बराबरी कर सकता है? इसका आशय है कि "देव अपने को प्राप्त हो ऐसी इच्छा करनेवाला।" "को देवयन्तमश्नवत् जनम्"।।ऋग्वेद 1.40.7।।"

देवता के गुणधर्म मानवीय देह में प्रगट होने का अर्थ देव की प्राप्ति है। अथवा देवता को प्राप्त करने का अर्थ देव बनाना है। ऋग्वेद (6.3.1) के अनुसार "वह देवों के साथ रहनेवाला, सत्य का पालन करानेवाला, सत्य पालना के लिये जीवन लगानेवाल दीर्घायु प्राप्त करता है। साथ ही उपास्य

देव की विशेष ज्योति (ऊरुज्योति) भी प्राप्त करता है।'' अर्थात् वह देवता के समान तेजस्वी एवं जरारहित होता है। यह स्वाभाविक है कि देवों के साथ रहनेवाला दिव्यगुण युक्त होता ही है।

अग्ने से क्षेसद् ऋतपा ऋतेजा ऊरु ज्योतिः
नशते देवयुः ते।।ऋग्वेद 6.3.1।।

यज्ञ : देवत्वप्राप्ति सहज मार्ग

ऋग्वेद के दशम मण्डल की पाँचवी ऋचा में ''यज्ञ को देवत्व प्राप्ति का सहज मार्ग बताया है।'' ''आओ, यहाँ देवत्व प्राप्त करने की इच्छा करनेवाला मनुष्य यज्ञ करने की इच्छा कर रहा है। परन्तु हे आदि ज्ञानी अग्ने! आप तो अलंकार धारण करके अंधेरे में विराजमान हो। देवों के पास जाने के लिये हमारा मार्ग सुगम करो। आप प्रसन्न अन्तःकरण से अन्नों को (देवों के पास) ले चलो।''

देवत्व प्राप्ति यज्ञ बहुत ही सरल है। इसमें ''सर्वप्रथम आसुरी प्रवृत्ति को नष्ट करना और दैवी प्रवृत्ति को धारण करना होता है।'' अर्थात् देवत्व प्राप्ति का इच्छुक यज्ञ करे। शुभकर्म–सत्कर्म–प्रशस्ततमकर्म–लोककल्याणकर्म एवं पूजनीयों का सत्कार करे। भूमि को यज्ञमय बनाने की संघटना करे। सर्वोदय–लोक अभ्युदय–दीन हीन सेवा–ज्ञानयज्ञ (विद्यादान)–ओषधयज्ञ (ओषधिदान) आदि करे। मननशील मनुष्य परमात्मा स्वरूप लोक–समाज–पुर–जगत् की यज्ञ द्वारा सेवा करके देवत्व प्राप्त करे।

एहि मनुर्देवयुयर्ज्ञकामोऽरंकृत्या तप्नसि क्षेष्यग्ने।
सुगान् पथः कृणुहि देवयानान् वह हव्यानि सुमनस्यमानः।।
।।ऋग्वेद 10.51.5।।

ऋक् संहिता के अनुसार ''उषःकालों में करने योग्य कर्मों को जाननेवाला (ब्रह्मवित्) ज्ञानी और ब्रह्मवितों–ज्ञानियों के मार्ग से जानेवाला है। यह अत्यन्त तेजस्वी देवत्व प्राप्त करनेवालों के द्वारा प्रदीप्त किया हुआ, अन्धकार के द्वारों को बंद करता है। (अज्ञान, अविद्या रूपी) अन्धकार को हटाता है और (ब्रह्म ज्ञान) प्रकाश करता है।।3.5.1।।''

इसका अभिप्राय है कि उषःकाल में उठकर अपने कर्त्तव्य कर्मों का करना, आत्मज्ञान–सृष्टिज्ञान–ब्रह्मविद्या ज्ञान प्राप्त करना, ज्ञानियों के पदचिन्हों पर चलना, अज्ञान–अविद्या–आन्तरिक शत्रुओं–माया के अन्धकार को दूर करना, हमेशा जाग्रत चैतन्य रहना आदि देवत्व के लक्षण हैं। इसलिये देवत्व प्राप्त करनेवालों को ब्रह्मज्ञों के मार्ग से जाना चाहिये।

प्रत्यग्निः उषसः चेकितानोऽवोधि विप्रः पदवीः

कवीनाम्। पृथुपाजा देवयद्भिः समिद्धोऽप
द्वारा तमसो वह्निरावः।।ऋग्वेद 3.5.1।।

देवत्व प्राप्ति के लिये "जीवन व्यवहार को शुद्ध करना" अनिवार्यता है। ऋग्वेद में कहा है कि "पिण्ड में आत्मा की अग्नि" है। यह अग्नि श्वासो–च्छवास की धोंकनी से प्रज्ज्वलित की जाती है। इस अग्नि में मनुष्य का जीवन परिशुद्ध होता है। अथवा जीवात्मा की वृद्धि तप करने से होती है। "उत्तम कर्म करनेवाले, उत्तम तेजस्वी विबुध अपने में देवत्व वृद्धि करनेवाले अपने जीवन को भट्टी में तपाकर शुद्ध करते हैं और उसतरह जीवन व्यवहार को परिशुद्ध करते हैं"।।ऋग्वेद 4.2.17।।

यह प्रश्न उठता है कि देवत्व प्राप्ति इच्छुक किसका अनुकरण करे, किसकी सेवा करे? ऋग्वेद में इसका बहुत ही सरल उत्तर है। "जो शत्रुओं का समूल नाश करनेवाले, दुष्टों का दमन करनेवाले, जिनकी वाणी मधुर है, जिसमें मूढता नहीं है और अपने घर–पुर–राष्ट्र–जगत् का योग्य रीति से पालन करता है, ऐसा जो प्रथम स्थान पर बैठने वाला विबुध है, उसके साथ रहकर बुद्धिपूर्वक किये जानेवाले शुभ कर्मों से उसकी परिचर्या करे।" इसका अभिप्राय है कि उसके (ब्रह्मज्ञानी) साथ रहे और बुद्धिपूर्वक शुभ कर्म करते रहे।।ऋग्वेद 4.11.5।।

परिशुद्ध होने के अनुष्ठान में "प्राणायाम के द्वारा तपोऽग्नि प्रज्ज्वलित" की जाती है।

सुकर्माणः सुरुचो देवयन्तोऽयो न देवा जनिमा धमन्तः।।
।।ऋग्वेद 4.2.17।।

त्वामग्ने प्रथमं देवयन्तो देवं मर्ता अमृत मन्द्रजिव्हम्।
द्वेषोयुतमा विवासन्ति धीभिर्दमूनस गृहपतिममूरम्।।
।।ऋग्वेद 4.11.5।।

वेद के अनुसार देवत्व प्राप्ति के लिये सभी द्वारा मिलजुलकर कार्य–उपासना करनी चाहिये। "जो देवत्व प्राप्त करने की इच्छा करते हैं, उन प्रजाजनों के लिये जो सामर्थ्यवान् उपास्य है उसी की हम सभी मिलकर उपासना करते हैं"।।ऋग्वेद 1.36.1।।

"देवत्व प्राप्त करने वाले अपने सुविचार बहुत प्रसिद्ध और धन प्राप्ति के मार्गों को अपनी बुद्धि से जाननेवाले वीर के पास सीधा पहुँचा देते हैं।" ।।ऋग्वेद 1.6.6।।

ऋग्वैदिक "यव्ह" शब्द का अर्थ "सर्वसामर्थ्यवान्, महाशक्तिमान्" आदि है। देवों के शास्ता "रुद्र का अस्त्र यव्ह" है। परमेष्ठी की सामुदायिक उपासना में सम्मिलित होना देवत्व प्राप्ति के लिये आवश्यक है।

देवयन्तो यथा मतिमच्छा विदद्वसुं गिरः।
महामनूषत श्रुतम्।।ऋग्वेद 1.6.6।।
प्र वो यव्हं पुरूणां विशा देवयतीनाम्।
अग्निं सूक्तेभिर्वचोभिमहे सं सीमिदन्य ईळते।।1।।
।।ऋग्वेद 1.36.1।।

"देवत्व प्राप्ति करनेवाले के अनुष्ठान का संरक्षण परमात्मा स्वयं अपनी सम्पूर्ण शक्तियों से करता रहता है।।ऋग्वेद 7.69.4।।"

यद् देवयन्तमवथः शचीभिः परि घ्रंसमोमना वां वयो गात्।।
।।ऋग्वेद 7.69.4।।

वेदविद्या में कहा है कि देवताओं के साथ रहने से देवताओं के गुण आते हैं। मनुष्य की उन्नति देव गुणों की वृद्धि से होती है।

"प्र पूर्वाभिस्तिरते देवयुर्जनः"।।ऋग्वेद 5.48.2।।

अर्थात् देवताओं से सम्बन्ध स्थापित करनेवाले मनुष्य अपूर्व शक्तियों से युक्त होता है। वह दुःखों से पार होता है।।5.48.2।।

हे ज्ञान के अधिष्ठाता ब्रह्मणस्ते! उठो और आप हमारी सहायता करो। हम आपकी देवत्व प्राप्ति की इच्छा से स्तुति करते हैं। अर्थात् "(ब्रह्म) ज्ञान प्राप्त करना और ब्रह्म (ज्ञान) की उपासना करना आदि देवत्व प्राप्ति के लिये अनिवार्य है"।।ऋग्वेद 1.40.1।।

"वह परमात्मा कर्मों का कर्त्ता है।" परमात्मा मानवों का हितकारी है। परमेष्ठी सद्भावनावाला है। वह मित्र की भाँति सहायक है। वह अद्भुत रथ में अध्यात्मिक, अधिदैविक, अधिभूत धन रखकर लानेवाला है। वह "यज्ञों" में प्रथम वन्दनीय है। वह दर्शनीय है। सामूहिक प्रयासों से अभ्युदय प्रगति करनेवाली और देवत्व प्राप्त करनेवाली प्रजा उस परमात्मा की उपासना करती है"।।ऋग्वेद 1.77.3।।

इस "ऋचा में परमात्मा के गुणों का वर्णन सर्व प्रथम किया गया है।" "परमात्मा–कर्मों को उत्तम रीति से करनेवाला, मननशील मनुष्यों का हितैषी, सद्भावयुक्त, मित्रवत् सहयोग को तत्पर, अपूर्व धन देनेवाला और यज्ञों में प्रथम पूज्य है।"

उत्तिष्ठ ब्रह्मणस्पते देवयन्तस्त्वेमहे।
उप प्र यन्तु मरुतः सुदानव इन्द्र प्राशूर्भवा सचा।।ऋग्वेद 1.40.1।।

स हि क्रतुः स मर्यः स साधुर्मित्रो न भूदद्भुतस्य रथी।
तं मेधेषु प्रथमं देवयन्तर्विश उप ब्रबुते दस्ममारीः।।3।।
।।ऋग्वेद 1.77.3।।

"दैवी गुणों को अपने अन्दर धारण करने से सभी तरह की उन्नति होती है।" उसको अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक धन प्राप्त होता है और परमेष्ठी का संरक्षण मिलता है।। ऋग्वेद 6.28.2।। अर्थात् देवत्व प्राप्ति यज्ञ करनेवालों से परमब्रह्म प्रसन्न होता है।

इन्द्रो यज्वने पृणते च शिक्षत्युपेद्ददाति न स्वं मुषायति।
भूयोभूयो रयिभिदस्य वर्धयन् अभिन्ने खिल्ये निदधाति देवयुम्।।
।।ऋग्वेद 6.28.2।।

मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने ऋग्वेद के पाँचवे मण्डल के 34वें सूक्त की 5वीं ऋचा में अध्यात्मिक रहस्यपूर्व शैली में कहा है कि, "देवत्व प्राप्त करनेवाला गायों के व्रज (बाड़े) में रहता है।" गो शब्द का अर्थ है – वाग्देवी सरस्वती, शब्द, आकाश, नक्षत्र, स्वर्ग, पृथिवी, इन्दिय शक्तियाँ, सूर्य, हीरक, इन्द्र का वज्र, प्रकाश की किरण–ज्ञान, माता, दिशा, नेत्र, जल, बाण, वृषभ, परमात्मा आदि। अर्थात् "देवत्व प्राप्त परमात्मा के परमधाम (स्वर्ग) में रहता है।" "आ देवयुं भजति गोमति व्रजे।।ऋग्वेद 5.34.5।।"

गृहस्थ यज्ञ से देवत्व प्राप्ति

मन्त्रद्रष्टा ऋषि कुत्स आङ्गिरस ने सूर्य सूक्त में नवीनतम रहस्योद्घाटन किया है कि, "गृहस्थ यज्ञ से देवत्व प्राप्ति हो सकती है। अर्थात् देवत्व प्राप्ति के विरुद्ध गृहस्थ धर्म नहीं है। देवत्व प्राप्ति के लिये गृहस्थ छोड़कर वैराग्य–सन्यास आदि लेने की कोई आवश्यकता नहीं है।" वैदिक काल से पुराण, रामायण, जयसंहिता आदि काल तक ऋषिगण गृहस्थी रहे। उपनिषत् में शुक्ल यजुर्वेद के ब्रह्मर्षि याज्ञवल्क्य की पत्नी गार्गी एवं मैत्रेयी रही। याज्ञवल्क्य की श्रृंखला में महर्षि अत्रि, महर्षि अगस्त्य आदि रहे।

देवत्व प्राप्ति की इच्छा करनेवाले गृहस्थी बन कर रहे और अपनी पत्नी के साथ रहे। गृहस्थ में मिलकर अपने कल्याण के लिये कल्याणकारी यज्ञकर्म करे। वैदिक ऋचा में कहा है कि "देवत्व प्राप्त करनेवाले मनुष्य दम्पति के जोड़े, पति–पत्नी के युगल बनाकर साथ–साथ रहते हैं। वे गृहस्थी जीवन व्यतीत करते हैं और अपना कल्याण होने के लिये कल्याणकारक यज्ञ करते हैं"।।ऋग्वेद 1.115.2।।

यत्रा नरो देवयन्तो युगानि वितन्वते प्रति
भद्राय भद्रम।।ऋग्वेद 1.115.2।।ऊँ।।

वेद खण्ड



ऋग्वेद मूरत

ऋग्वेदीय यज्ञ : प्रथम

।।मानसयज्ञ सर्वश्रेष्ठ; यज्ञ द्वारा सर्वप्रथम धर्म; यज्ञकर्त्ता : सदैव इन्द्र के बलयुक्त; श्रेष्ठ यज्ञकर्त्ता : शत्रुहन्ता; यज्ञ–सद्कर्म, सद्संकल्प; कल्याणकारी विचार सुनें, कल्याणकारी देखें; यज्ञीय सोम : पाप–रोग हर्त्ता; अग्नि–सोम जीवनरक्षक; पहिला यज्ञकर्त्ता; यज्ञ : उत्तम मार्ग; शंका समाधान : यज्ञीय ज्ञानी पुरुष से; यज्ञ से सुबुद्धि; यज्ञ : आत्मसमर्पण का पाठ; यज्ञ में विघ्न कर्त्ता का पराभव; स्वाध्याययज्ञ : जीवन समर्पित; यज्ञ : सत्कर्म; यज्ञ का प्रकाशित ध्वज : उषा; यज्ञकर्म पर कृषि कर्म; ओषधीय यज्ञ : संरक्षण शक्ति प्रभावी; यज्ञ से वर्षा; यज्ञ से सूर्य किरण चिकित्सा; याज्ञिक नारी; यज्ञ : श्रेष्ठतम कर्म; अहिंसक यज्ञ : चिरस्थायी यश; यज्ञाग्नि : वेदज्ञ ब्रह्मण–ब्रह्मवेत्ता; देवों को बुलानेवाला यज्ञशील अग्नि; सत्यमार्ग, नम्रता : यज्ञ की अग्नि प्रसन्न; अपरिपक्व को परिपक्व ज्ञानवान् कर्त्ता : यज्ञ; यज्ञ : सत्य; यज्ञ के बल से लोक पवित्र; यज्ञ : वायु द्वारा सर्वप्रथम सोमपान; इन्द्र वायु की बुद्धियाँ यज्ञप्रेरक : यज्ञ की जीवनी शक्ति; यज्ञ में वायु : धार्मिकों का संरक्षक; यज्ञ : देवत्व शक्ति वृद्धि; उषा यज्ञ विस्तारक, यज्ञ में सोम से ब्रह्मज्ञान; यज्ञ रक्षक देव वरुण, मित्र; यज्ञ उत्तम कर्म : देवगण प्रार्थना सुनते हैं; यज्ञीय अग्नि : देवों को आमन्त्रण; यज्ञ में अग्नि देवों को लानेवाला; यज्ञ से अभिलाषा पूर्ति; यज्ञ : तीन लोकों के 33 देव; मानव जीवनयज्ञ; यज्ञ से वर्षा; यज्ञ : हिंसा रहित निर्देश; यज्ञ से सिद्धि : वृक्षों की समिधा; सर्वस्व समर्पित यज्ञ से अभीष्ट फल प्राप्ति; यज्ञाग्नि : सत्कर्मों से चित् तत्त्व से साक्षात्कार; यज्ञ का कर्त्ता अग्नि : जलों के बीच; यज्ञादि नहीं करनेवालों का कल्याण नहीं; यज्ञ : निर्भीक होकर सत्यमार्ग पर चलें; यज्ञ से सत्यज्ञान एवं ऐश्वर्य; सूर्ययाग से उत्तम बुद्धि, सुख; यज्ञभाग : उत्तमकर्म कर्त्ताओं को; सप्त व्याहृति, सप्त लोक : सप्तयज्ञ, जीवनरूपी यज्ञ; अमृत प्राप्ति; आत्मा अविनाशी : सतत घूमती रहती; यज्ञ संसार का केन्द्र, वेदी पृथिवी का अन्तिम छोर; विशाल मनवाले का यज्ञ : प्रार्थना स्वीकार; मनुष्य जो चाहे, उद्योग से प्राप्त करे; यज्ञ सुबुद्धि वृद्धि कारक, यज्ञ से शुभ इच्छा; यज्ञ से धर्मपत्नी सन्मार्ग में प्रस्थापित; यज्ञ : मन का स्वभाव, शुभकर्म; मरुत् इन्द्र यज्ञ प्रेरक; यज्ञ अमरता को जगानेवाला; यज्ञ : कामधेनु प्रस्तुत; यज्ञ : पृथिवी गर्भ एवं शरद ऋतु पुष्ट कर्त्ता; यज्ञ : कुटिलता, कपट से कष्ट; यज्ञ से सज्जनों की रक्षा; यज्ञ से आनन्दधन; यज्ञ से रक्षा; यज्ञ से परमब्रह्म से सखाभाव; धन सम्पदा यज्ञकर्म को समर्पित करें;

यज्ञ : रोग निवारक, वनस्पति पोषक; यज्ञ : सुबुद्धि; यज्ञ से अन्न, बल, धन प्राप्ति; यज्ञ से आनन्दयुक्त; यज्ञ से विजय; अश्विनौ : परिजनों को यज्ञ की प्रेरणा; यज्ञ द्यावापृथिवी पाप से रक्षा; यज्ञ से श्रेष्ठ फल; यज्ञ से विश्व में आनन्द; ज्ञानयज्ञ; समान मनोभाव, महती शक्ति; यज्ञ से दिन–रात्रि तेजयुक्त; यज्ञ में दिव्य एवं उत्तम श्रेष्ठ होता; यज्ञ : मातृभूमि, मातृभाषा, मातृसंस्कृति; यज्ञ में स्वाहा से आहुति; यज्ञ चिकित्सा; यज्ञाग्नि : कुटिल आचरण से सर्वथा दूर; बृहस्पति : यजनीय का भरण–पोषण कर्त्ता।।

मानसोपासना यज्ञविधि सर्वश्रेष्ठ

ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के 164वें सूक्त की 46वीं ऋचा में सिंहगर्जना की है : ''यद्यपि परमेष्ठी–परमात्मा–परमेश्वर–परम ब्रह्म एक ही सत् तत्त्व है। परन्तु उसका वर्णन–ब्रह्मज्ञानी–ब्रह्मजिज्ञासु–तत्त्वज्ञानी–प्रवृद्ध जन अनेक तरीके से करते हैं। ऐश्वर्यवान् होने से वही इन्द्र, हितकारी होने से वही मित्र, सर्वश्रेष्ठ होने से वरुण, सर्वप्रकाशक होने–आदिज्ञानी होने से अग्नि, उत्तम होने से सुपर्ण गरुत्मान है। अर्थात् समस्त वैदिक देवता परमेष्ठी का ही स्वरूप हैं।''

इन्द्रं मित्रं वरुणमग्निमाहुरथो दिव्य सः सुपर्णो गरुत्मान्।
एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्त्यग्निं यमं मातरिश्वानमहुः।।
।।ऋग्वेद 1.164.46।।

इस सूक्त की 50वीं ऋचा में कहा है : ''देवगण यज्ञ से यज्ञ पुरुष की पूजा करते हैं। वे धर्म उत्कृष्ट हैं। वे महत्व प्राप्त करते हुए उस सुख पूर्ण स्वर्ग लोक को प्राप्त करते हैं। इस परमलोक में पूर्व के साधन सम्पन्न देव रहते हैं।''

इसका अभिप्राय है कि श्रेष्ठ याजक अपनी आत्मा के योग से (यज्ञ) परमेष्ठी की उपासना करते हैं। यह ''मानसोपासना की यज्ञ विधि सबसे श्रेष्ठ एवं मुख्य है।'' इस प्रकार की यज्ञ–उपासना करनेवाले श्रेष्ठ उपासक ही इस सुखपूर्ण परमव्योम–स्वर्गधाम को प्राप्त करते हैं। इस परमधाम में पूर्वकाल के ऐश्वार्यवान् देव रहते रहे।। ऋग्वेद 1.164.50।। इस सूक्त के ऋषि दीर्घतमा औचथ्यः हैं और देवता साध्याः हैं।

यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्।
ते ह नाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति देवाः।।
।।ऋग्वेद 1.164.50।।

ब्रह्मविद्या–सृष्टिविद्या–आत्मविद्या ऋग्वेद के मन्त्रद्रष्टा ऋषि दीर्घतमा औचथ्यः ने सीधे एवं स्पष्ट शब्दों में "मानसोपासना यज्ञ" को सर्वोपरि घोषित किया है। प्रकारान्तर में "ऋग्वेद में स्वाध्याय को ब्रह्मयज्ञ" कहा गया है। इसी सूक्त में 39वीं ऋचा में स्पष्ट किया है कि परम ब्रह्म–परमेष्ठी परमव्योम के समान अनन्त व्यापक और वेद की ऋचाओं के समान (अक्षरों के समान) अविनाशी है। जिस प्रकार परमेष्ठी में सभी देव निवास करते हैं, उसी प्रकार परम ब्रह्म की वाणी–वेद ऋचाओं के अक्षरों में समस्त देवगण निवास करते हैं। जो परमेष्ठी की सत्ता में विश्वास नहीं करता, वह इन वेद ऋचाओं का क्या सदुपयोग करेगा? जो वेद ऋचाओं में श्रद्धा–विश्वास–आस्था करते हैं, इन वेद ऋचाओं का मनन–स्वाध्याय–मानसयज्ञ करके परम स्थान–परमव्योम–मोक्ष को प्राप्त करते हैं।

इस ऋचा में मन्त्रद्रष्टा ऋषि वेद की ऋचाओं के अक्षर की अध्यात्मिक–दैविक–भौतिक शक्ति की ओर संकेत कर रहे हैं (अक्षरब्रह्म के बारे में स्फोटाचार्य ने मौलिक कार्य किया। आचार्य नागेश भट्ट ने स्फोटवाद, आचार्य मण्डन मिश्र ने स्फोटसिद्धि, स्वामी सोमानन्द ने शिवदृष्टि, आकाश भैरव कल्पोक्तम एवं नवनाथों में से एक भर्तृहरि कृत वाक्यपदीयम् मूलभूत ग्रन्थ हैं।)। मानसयज्ञ से अक्षरब्रह्म की प्राप्ति होती है।

ऋचो अक्षरे परमे व्योमन् यस्मिन् देवा अधि विश्वे निषेदुः।
यस्तन्न वेद किमृचा करिष्यति य इत तद विदुस्त इमे समासते।।
।।ऋग्वेद 1.164.39।।

इसी सूक्त की 45वीं ऋचा का विषय (देवता) वाक् है। इसमें कहा गया है कि वाणी के चार रूप–परा, पश्यन्ति, मध्यमा एवं वैखरी हैं। इनमें "परा" वाणी का स्थान मूलाधार है। वहाँ से प्रकट होकर हृदय में पहुँचती है। उस हृदयस्थानीय वाणी को "पश्यन्ति" कहते हैं। हृदय स्थान से गुजरती वाणी बुद्धि में पहुँचती है। बुद्धिस्थानीय वाणी का नाम "मध्यमा" है। उस बुद्धि में से निकलकर वाणी कण्ठ एवं मुख में प्रगट होती है। यह "वैखरी" वाणी है। "इनमें मूलाधार की परा, हृदयस्थानीया पश्यन्ति, बुद्धि स्थानीया मध्यमा से तीन वाणियाँ गुहा–गुप्त स्थानों में छिपी हुई हैं।" इन्हें ब्रह्मविद्–योगी–स्वाध्याय कर्त्ता ही जान सकते हैं। कण्ठस्थानीया चौथी वाणी है। उसे सभी मनुष्य बोलते हैं, सभी जानते हैं।।ऋग्वेद 1.164.45।।

चत्वारि वाक् परिमिता पदानि तानि विदुर्ब्राह्मण ये मनीषिणः।
गुहा त्रीणि निहिता नेंगयन्ति तुरीयं वाचो मनुष्या वदन्ति।।
।।ऋग्वेद 1.164.45।।

यज्ञ द्वारा सर्वप्रथम धर्म का मार्ग

हे इन्द्र! दिव्य लोग, दिव्य जलों के पास जाने के समान यज्ञ के समीप आते हैं। वे फैले हुए विस्तृत यज्ञस्थान को देखते हैं। देवों की भक्ति करनेवाले को वे पूर्व की दिशा में ले जाते हैं और श्रेष्ठों के समान ज्ञान से प्रिय उपदेश करते हैं। अर्थात् जिस प्रकार उत्तम शुद्ध जलों के पास लोग प्रेम से आते हैं, उसी तरह दिव्य तेजस्वी यज्ञ के पास आते हैं। वे यज्ञस्थान को जाते हैं। देवों की भक्ति करनेवाले हमेशा श्रेष्ठ एवं उत्तम होकर प्रथम रहते हैं। वे सदैव उपदेश सुनकर उसका आचरण करते हैं।।2।।

आपकी पूजा के लिए दो जुड़े हुए अन्नपात्र रखे हैं। हे इन्द्र! आपने उन दोनों रखे अन्न को स्तुति के वचन के साथ स्वीकार किया। आपके (परमेष्ठी) के नियम में रहकर युद्ध के लिये उद्यत नहीं होनेवाला सुरक्षित रहता है एवं पुष्ट भी होता है। अर्थात् निर्बल होने पर भी परमेष्ठी की सुरक्षा में रहकर पुष्ट होता है। ''इस प्रकार यज्ञ के द्वारा उसे मंगलकारी शक्ति'' मिलती है।।3।।

अंगिरा ऋषियों ने अग्नि प्रदीप्त करके उत्तम यज्ञ करते हुए उसमें ''अन्न की प्रथम आहुतियाँ'' दी। इसके फलस्परूप इन्द्र ने उनसे प्रसन्न होकर पणि आदि असुरों से उनकी गायें एवं धन छीनकर उनको (अंगिराओं) प्रदान किया।।4।।

अथर्वा ऋषि ने 'यज्ञों के द्वारा सबसे पहिले धर्म का यज्ञमार्ग फैलाया।'' अंगिरा ने ''अग्नि प्रदीप्त करके उसमें अन्न की आहुतियाँ देकर सर्वप्रथम यज्ञविद्या सिद्ध की।'' अर्थात् पश्चिमी विद्वानों द्वारा यज्ञ में माँस प्रयोग का प्रचार आधारहीन है, क्योंकि यज्ञविद्या सिद्धि यज्ञ में अन्न की आहुतियों से प्राप्त करने का उल्लेख मन्त्रद्रष्टा ऋषि गोतमो राहूगणः ने ऋग्वेद में किया है। अथर्वा ऋषि ने इस यज्ञ का चारों ओर बहुत प्रचार किया। तदनन्तर कवि पुत्र ''उशना ने यज्ञ में गोरस–गोघृत आदि का यज्ञ किया।'' उन्होंने गोदुग्ध–गोरस का सोम में मिलाना आदि पद्धतियों का प्रचार किया।।5।।

''यज्ञ करनेवाले घर–स्थल में पवित्रतम्–दिव्य शक्ति सम्पन्न दर्भ काटकर उनके आसन बनाकर बिछाये जाते हैं।'' सूर्योदय के बाद वेद ऋचाओं का घोष किया जाता है। वहाँ प्रशंसनीय ऋषि कुशल कारीगर की भाँति यज्ञकर्म करता है। ऋषि वेद मन्त्रों का गान करते हैं। उधर सोम कूटने के पत्थरों का शब्द होता है।।6।।ऋग्वेद 1.83.2–6।।

आपो न देवीरूप यन्ति होत्रियमवः पश्यन्ति विततं यथा रजः।
प्राचैर्देवास प्र णयन्ति देवयुं ब्रह्मप्रियं जोषयन्ते वरा इव।।2।।
अधि द्वयोरदधा उक्थ्यं1 वचो यतस्रुचा मिथुना या सपर्यतः।
असंयत्तो व्रते ते क्षेति पुष्यति भद्रा शक्तिर्यजमानाय सुन्वते।।3।।
आदंगिराः प्रथम दधिरे वय इद्धाग्नयः शम्या ते सुकृत्यया।
सर्वं पणेः समविन्दन्त भोजनमश्वावन्तं गोमन्तमा पशुं नरः।।4।।
यज्ञैरथर्वा प्रथमः पथस्तते ततः सूर्या व्रतपा वेन आजनि।
आ गा आजदुशना काव्यः सचा यमस्य जातममृतं यजामहे।।5।।
बर्हिर्वा यत् स्वपत्याय वृज्यते ऽर्को वा श्लोकमाघोषते दिवि।
ग्रावा यत्र वदति कारुरुक्थ्य1 स्तस्ये दिन्द्रो अभिपित्वेपु रण्यति।।6।।
।।ऋग्वेद 1.83.1–6।।

यज्ञ कर्त्ता : सदैव इन्द्र के बलयुक्त

ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के 84वें सूक्त में मन्त्रद्रष्टा गोतमो राहूगण ने पिछले 83वें सूक्त को ही विस्तारित किया है। इस सूक्त का विषय–देवता इन्द्र है। इसकी द्वितीय ऋचा में कहा है कि अद्वितीय बल वाले इन्द्र को उसके अश्व मनुष्यों के यज्ञ एवं ऋषियों के स्तोत्र के पास लेकर जाते हैं। अर्थात् "यज्ञ और वैदिक ऋचाओं से सदैव बलशाली इन्द्र की शक्ति का शक्तिपात होता है"।।2।। हे इन्द्र! आप वृत्रघातक रथ पर आरुढ हो। आप इस निचौड़े हुए सर्वोत्तम अमर–आनन्द अमृत कारक (सोम) रस का पान करें। यज्ञ स्थान में बलवर्धक दिव्य सोम की धाराएँ बह रही हैं। अर्थात् यज्ञ स्थल में प्रचुर मात्रा में सोमरस उपलब्ध है।।4।।

"यह इन्द्र दान नहीं देनेवालों का कट्टर शत्रु है।" वह उन्हें बहुत ही शीघ्र समाप्त कर देता है। परन्तु जो उदार हैं, उनकी प्रार्थना बहुत ध्यान से सुनता है। इसी प्रकार "जगत् में शासक और धनीवर्ग अपने ऐश्वर्य–धन को लोक कल्याण–लोकमंगल–अन्तिम व्यक्ति के अभ्युदय में उपयोग करें, अदानशीलता एवं कंजूसी को कभी नहीं पनपने दें।" प्रजाओं में उदार मनोवृत्ति के उदय के लिये ऐश्वर्यवान् सदैव यज्ञ करें।।8।।

यह इन्द्र देवों में सर्वोपरि है। इसलिये यज्ञ करनेवाले देवों के मध्य में हमेशा इसकी पूजा करते हैं। "पूजित होकर यह इन्द्र भी यज्ञ करनेवालों को सदा बल से युक्त करता है।।9।।

मानव हवि और घृत से इस अग्रणी इन्द्र की पूजा–यज्ञ करते हैं। इसी इन्द्र को ऋतु और स्रुचा से भी हवि (आहुति) देते हैं। इस प्रकार "वे

यज्ञ करनेवालों को वांछित धन (अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक) देते हैं।'' वह तेजस्वी यजमान इन्द्र को जानता है।।18।।ऋग्वेद 1.84.2, 4, 8, 9, 18।।

इन्द्रमिद्धरी वहतोऽपतिधृष्टशवसम्।
ऋषीणां च स्तुतीरूप यज्ञं च मानुषाणाम्।।2।।
इममिन्द्र सुत्तं पिब ज्येष्ठममर्त्यं मदम्।
शुक्रस्य त्वाभ्यक्षरन् धारा ऋतस्य सादने।।4।।
कदा मर्तमराधसं पदा क्षुम्यमिव स्फुरत्।
कदा नः शुश्रवद् गिर इन्द्रो अंग।।8।।
यश्चिद्धि त्वा बहुभ्य आ सुतावाँ आविवासति।
उग्रं तत् पत्यते शव इन्द्रो अंग।।19।।
को अग्निमीट्ट हविषा घृतेन स्रुचा यज्ञाता ऋतुभिर्ध्रुवेभिः।
कस्मै देवा आ वहानाशु होम को मंसते वीतिहोत्रः सुदेवः।।18।।
।।ऋग्वेद 1.84,2, 4, 8, 9, 18।।

श्रेष्ठ यज्ञ कर्त्ता : शत्रु हन्ता

श्रेष्ठ यज्ञ करने वाले, मन के समान वेगवान् एवं अत्यन्त बलिष्ठ हों। संघमय जीवन बितानेवाले वीर शस्त्रास्त्रों से सुसज्ज होकर रथारूढ होते हैं और सुदृढ़ शत्रुओं को भी जड़ मूल से उखाड़ देते हैं। श्रेष्ठ यज्ञ कर्त्ताओं की तुलना मन के वेग से चलनेवाले, सामर्थ्यशाली संघ बनाने वाले महायोद्धा मरुतों से की गई है।।4।।

वीर अपनी शक्ति–बल से ही बड़े होते हैं। वे ''अपनी कर्तृत्वशक्ति से स्वर्ग तक पहुँच जाते हैं।'' साथ ही वे अपने बल से विशाल क्षेत्र में प्रभुत्व स्थापित करते हैं। जिस बल देनेवाले एवं आनन्द वृद्धि करनेवाले का व्यापक परमात्मा स्वयं ही रक्षण करता है। हमारे प्रिय यज्ञ में वे वीर शीघ्रता से पधारने का अनुग्रह करें। तीव्रगामी घोड़े उन्हें इधर (यज्ञ) लायें। आप जैसे शीघ्रगामी, पराक्रमी तेजस्वी बनकर पधारें। हमने आपके लिये विशाल यज्ञस्थल तैयार करके रखा है। यहाँ आप पधारकर पवित्र दर्भ आसन ग्रहण कर मधुरता से परिपूर्ण अन्न एवं सोम का सेवन कर हर्षित बनो।।6, 7।।ऋग्वेद 1.85.4, 6, 7।।

वि ये भ्राजन्ते सुमखास ऋष्टिभिः प्रच्यावयन्तो अच्युता चिदोजसा।
मनोजुवो यन्मरुतो रथेष्वा वृषव्रातासः पृषतीरयुग्ध्वम्।।4।।
आ वो वहन्तु सप्तयो रघुष्यदो रघुपत्वानः प्र जिगात बाहुधिः।
सीदता बहिरुरु व सदस्कृतं मादयध्वं मरुतो मध्वो अन्धसः।।6।।
तेऽवर्धन्त स्वतवसो महित्वना नाकं तस्थुरुरु चक्रिरे सदः।

विष्णुर्यद्धावद् वषणं मदच्युतं वयो न सीदन्नधि बर्हिषि प्रिये।।7।।

।।ऋग्वेद 1.85.4, 6, 7।।

यज्ञ–सद्कर्म, सद् संकल्प

यज्ञों के अर्थात् सद् कर्मों द्वारा और शुभ संकल्पों (ज्ञानियों की सुमतियों) द्वारा जो प्रार्थना होती है, वो आप सुनो।।12।। जिन दिनों यज्ञ प्रचलित रखे जाते हैं, उस समय साम गान का श्रवण एवं सोम रस सेवन निरन्तर जारी रहता है।।4।।1.86.2, 4।।

यज्ञैवो यज्ञवाहसो विप्रस्य वा मतीनाम्।

मरुतः शृणुता हवम्।।2।।

अस्य वीरस्य बर्हिर्षि सुतः सोमो दिविष्टिषु।

उक्थं मदश्च शस्यते।।4।।ऋग्वेद 1.86.2, 4।।

कल्याणकारक विचार सुनें, कल्याणपरक देखें

हे देवों! हम कानों से कल्याणकारक, मंगलमय, शुभ भाषण सुनें। हे यज्ञ के योग्य देवों! हम आँखों से कल्याणप्रद, मांगलिक, शुभ ही देखें। हम स्थिर सुदृढ़ अवयवों से युक्त शरीर से (परमेष्ठी) आपकी स्तुति करें। हम सम्पूर्ण आयु तक देवों और ब्रह्मविदों के लिये हितकारी कार्य करें।।ऋग्वेद 1. 89.8।।

भद्रं कर्णेभिः शुणुयाम देवा भद्रं पश्यमाक्षभिर्यजत्राः।

थरैरंगैस्तुष्टवांसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः।।8।।

।।ऋग्वेद 1.89.8।।

यज्ञीय सोम : पाप हर्त्ता, उत्तम वृद्धि, रोग हर्त्ता

इस सूक्त (1.91.1–23) में रहस्योद्घाटन किया गया है कि दिव्य सोम भूलोक के स्वर्ग हिमालय के शिखरों पर होता है। सोम ओषधियों का राजा है। सोम दीर्घ जीवन देनेवाला है। इससे ''अपमृत्यु'' को दूर किया जा सकता है। ''जिसे सोमरस मिलता है, वह क्षीण नहीं होता।'' ''सोम यज्ञीय होने के कारण मनुष्य को पाप से भी बचाता है।।8।। हे सोम! आप यज्ञ को और हमारे स्तोत्र को स्वीकार करें और हमारी ''उत्तम रीति से वृद्धि करने की कृपा करें।।10।।'' सोम मनुष्य को रोगादिकों से पार कराता है। सोम उत्तम वीरता का जनक है एवं शत्रु नाशक है। ''जहाँ सोम का यज्ञ किया जाता है, उस स्थान के चारों ओर का वातावरण स्वच्छ, पवित्र, शुभमय हो जाता है। वहाँ रोगादि उत्पन्न नहीं होते।।19।।ऋग्वेद 1.91.8, 10, 19।।

त्वं न सोमः विश्वतो रक्षा राजन्नघायतः।

न रिष्येत् त्वावतः सखा।।18।।

इमं यज्ञमिदं वचो जुजुषाण उपागहि।
सोम त्वं नो वृधे भव।।10।।
या ते धामानि हविषा यजन्ति ता वे विश्वा परिभूरस्तु यज्ञम्।
गयस्फानः प्रतरणः सुवीरो ऽवीरहा प्र चरा सोम दुर्यान्।।19।।
।।ऋग्वेद 1.91.8, 10, 19।।

अग्नि सोम : जीवन रक्षक, पाप से रक्षा

अग्निसोम सूक्त में स्पष्ट किया है कि जो प्रीति पूर्वक अग्नि एवं सोम देवों को (यज्ञ में) हवि अपर्ण करता है और जिसकी हवि को दोनों स्वीकार करते हैं, उसके जीवनव्रत सुरक्षित रहते हैं। वह पापों से बचा रहता है। वह अनेक सुख प्राप्त करता है। यह स्मरण रहे कि "सृष्टि अग्निषोमात्मक" है। हे अग्निषोमो! जो आपको (यज्ञ में) घी का अर्पण करता है, उसे धन्य करनेवाला धन दो। अग्नि एवं सोम! आप शुद्ध मन–अन्तःकरण से प्रार्थना करनेवालों को भरपूर धन देते हो।।ऋग्वेद 1.93.7, 8, 10।।

अग्नीषोमा हविषः प्रस्थितस्य वीतं हर्यतं वृषणा जुषेथाम्।
सुशर्माणा स्ववसा हि भूतमथा धत्तं यजमानाय शं यो।।7।।
येा अग्नीषोमा हविषा सपर्यात् देवद्रीचा मनसा यो घृतेन।
तस्य व्रतं रक्षतं पातमंहसो विशे जनाय महि शर्म यच्छतम्।।18।।
अग्नीषोमावनेन वां यो वां घृतेन दाशति।
तस्मै दीदयतं बृहत्।।10।।ऋग्वेद 1.93.7, 8, 10।।

पहिला यज्ञकर्त्ता : प्रगतिशील, सर्वपोषक, दाता

प्रजा प्रगति करनेवाली हो। लोक अपनी उन्नति के लिये सदैव उन्नतिशील रहे। प्रजाजनों में जो सबसे पहिला यज्ञ को सम्पन्न करनेवाला, प्रगतिशील, सबका पोषणकर्त्ता और दाता हो, उसी की प्रशंसा करनी चाहिये।।ऋग्वेद 1.95.3।।

तमीळत प्रथमं यज्ञासाधं विश आरीराहुतमृंजसानम्।
ऊर्जः पुत्रं भरतं सृप्रदानुं देवा अग्निं धारयान् द्रविणोदाम्।।3।।
।।ऋग्वेद 1.95.3।।

यज्ञ : उत्तम मार्ग प्रेरक

जिस समय यज्ञ का समय होता है और स्थान–स्थान पर यज्ञ सत्र शुरू होते हैं। उस समय तेजस्वी इन्द्र अपने रथ से उतर कर यज्ञ में विराजमान होता है। उस समय प्रजानन इन्द्र के पास आकर रक्षा करने की प्रार्थना करते हैं। इसके उत्तर में इन्द्र "उन मनुष्यों को उत्तम मार्ग प्रेरित करता है।" इसका आशय है कि "(यज्ञ में) जब मनुष्य उत्तम मार्ग से चलता

है तो देवगण स्वयं उसकी रक्षा करते हैं। फिर आत्मरक्षा के लिये प्रार्थना की आवश्यकता नहीं रहती है।" उसके सद्कर्मों–यज्ञ से आकर्षित होकर इन्द्र आदि देव उसकी रक्षा के लिये स्वयं आते हैं। वे देवगण उसके शत्रुओं को उत्साहहीन कर देते हैं।।ऋग्वेद 1.104.1, 2।।

योनिष्ट इन्द्र निषदे अकारि तमा नि षीद स्वानो नार्वा।
विमुच्या वयोऽवसायाश्वान् दोषा वस्तोर्वहीयसः प्रपित्वे।।1।।
ओ त्यं नर इन्द्रमूतये गुर्नू चित् तान् त्सद्यो अध्वनो जगम्यात्।
देवासी मन्युं दासस्य श्चम्नन् ते न आ वक्षन् त्सुविताय वर्णम्।।2।।
।।ऋग्वेद 1.104.1, 2।।

शंका समाधान : (यज्ञीय) ज्ञानी पुरुष से

हम समीप के यज्ञ से प्रश्न पूछते हैं, उसका उत्तर वह देव दूत अग्नि देगा ही। आपका प्राचीन काल से चला आया सरल भाव कहाँ गया? किस नवीन ने उसे धारण किया है? हे पृथिवी और द्युलोक! हमारी इस जिज्ञासा को समझो।।4।। मन्त्रद्रष्टा त्रित आप्त्यः, कुत्स आंगिरसो वा का गूढ उपदेश है। यहाँ यज्ञ–अग्नि आदि ज्ञानी हैं। इसका आशय है कि जो कुछ (ब्रह्म) ज्ञान का पूछना है, समीपस्थ ज्ञानी पुरुष से ही पूछना चाहिए। क्योंकि जिज्ञासा अथवा शंका समाधान ज्ञानी ही उत्तम शक्ति से कर सकता है। अथवा ज्ञानी ही प्रश्नों का उत्तर उत्तम रीति से दे सकता है। यह विचारणीय है कि प्राचीन ज्ञानवृद्ध किस तरह आचरण करते थे और आजकल के तरुण किस तरह का आचरण करते हैं? "प्राचीन ज्ञान वृद्धों के आचरण में प्राकृतिक सहजता, सरलता, निश्च्छलता, सत्यनिष्ठा, धैर्य, स्पष्टवादिता, ज्ञानपूर्वक निष्काम उपदेश आदि रही।" यह द्रष्टव्य है कि आज के युवॉजन में कितनी सरलता आदि है? प्राचीन जन के आदर्श हमारे व्यवहार में भी आने चाहिए। "ये सद्गुण ही सबके मार्गदर्शक हों।।ऋग्वेद 1.105.4।। इस ऋचा में मन्त्रद्रष्टा ऋषि यज्ञ के माध्यम से सद्गुणों के मार्गदर्शन होने का उपदेश दे रहे हैं।

मन्त्रद्रष्टा ऋषिगण ने कहा है कि हम दुष्ट बुद्धिवालों का अतिक्रमण करके सुबुद्धिवालों की संगति में रहें। हम दुष्टों का दमन करते हुए आगे बढ़ें। दुष्ट मानव समूचे समाज को कष्ट देते हैं, अतः उनका दमन करना चाहिए। दुष्ट समाज में उपद्रव नहीं कर सकें, उन्हें ऐसी स्थिति में रखना धर्म है। सत्य का समर्थ आधार, वरिष्ठ द्रष्टा का निरीक्षण और उत्तम आर्य (श्रेष्ठ) मन वाले के मार्ग से गमन, ये तीन साधन हैं। जिससे दुष्टों को दूर करके सज्जनों का मार्ग निरुपद्रवी हो। अपना पक्ष सत्य के आश्रय पर स्थित हो।

कार्यकर्त्ताओं पर भद्र एवं श्रेष्ठ पुरुष का निरीक्षण हो। मनुष्य सदैव श्रेष्ठ मार्ग से चले। इन तीन साधनों से मानव की उन्नति हो सकती है।।6।।

यज्ञ पृच्छाम्यवमं स तद् दूतो वि वोचति।
क्व ऋतं पूर्व्यं गतं कस्तद् बिभर्ति नूतनो वित्त मे अस्य रोदसी।।4।।
कद् व ऋतस्य धर्मणि कद् वरुणस्य चक्षणम्।
कदर्यम्णो महस्पथाति क्रामेम दृढयो वित्त से अस्य रोदसी।।6।।
।।ऋग्वेद 1.105.4, 6।।

यज्ञ से सुबुद्धि प्राप्ति

यज्ञ से देवों की शुभबुद्धि प्राप्त करता है। अर्थात् "यज्ञ से सुबुद्धि प्राप्त होती है।" यज्ञ अर्थात् सद्कार्य–सद्कार्य करनेवाले सज्जनों की "संगति करने से बुद्धि शुद्ध एवं पवित्र होती है।" सुबुद्धि से उत्तम सुख मिलता है। वह उत्तम यश देती है और संकटों से रक्षा करती है।।ऋग्वेद 1.107.1।।

यज्ञो देवानां प्रत्येति सुम्नमादित्यासो भवता मृळयन्तः।
आ वोऽर्वाची सुमतिर्ववृत्यादहोश्चिद्या वरिवोवित्तरासत्।।1।।
।।ऋग्वेद 1.107.1।।

यज्ञ : आत्मसमर्पण–स्वार्थत्याग का पाठ

यह आत्मसमर्पण–आत्मत्याग–स्वार्थत्याग का पाठ है। प्रदीप्त अग्नि में हवन–यज्ञ–होम करें। जिस तरह अग्नि में हवि अर्पित की जाती है, उसी प्रकार ज्ञानी, धीर, वीर जनता के कल्याण के यज्ञ में अपना जीवन समर्पित करे। ब्रह्मज्ञानी–धीर–वीर यशाशक्ति पराक्रम करे। क्योंकि पराक्रम करना ही उनका स्वभाव है। वे वीर अपने शरीर को सुदृढ़ एवं बलिष्ठ बनाते हैं। ब्रह्मविद ज्ञानयज्ञ–स्वाध्याय–ब्रह्मयज्ञ से ज्ञानवृद्ध होते हैं। ऐसे जनों के साथ मित्रता स्थायी और कल्याण करने वाली होती है।।ऋग्वेद 1.108. 4, 5।।

समिद्धेष्वाग्निष्वानजाना यतस्रुचा बर्हिरु तिस्तिराणा।
तीव्रैः सोमैः परिषिक्तेभिरर्वागेन्द्राग्नी सौमनसाय यातम्।।4।।
यानीन्द्राग्नी चक्रथुर्वीर्याणि यानि रूपाण्युत वृष्ण्यानि।
या वां प्रत्नानि सख्या शिवानि तेभिः सोमस्य पिबंत सुतस्य।।5।।
।।ऋग्वेद 1.108.4, 5।।

यज्ञ–सद्कार्य में विघ्न कर्त्ताओं का पराभव

वैदिक ऋभु मर्त्य–मरणशील होते हुए भी उपासना, सद्कार्य और अपनी चमत्कारिक कर्मकुशलता के द्वारा अमरत्व को प्राप्त हुए (उन्होंने सबको प्रेरणा देनेवाले सविता की प्रार्थना की। वे अमर हो गये और सोमपान के अधिकारी बने। यह "सोम प्राणशक्ति" का दाता "असुर" है। सोमरस में

जीवन सत्त्व अत्यधिक है, इसलिये उसे "असु–र" कहा गया। यह सोम ब्रह्मज्ञान है। ब्रह्मज्ञानी सर्वाधिक जीवनशक्तिवान् होता है। मनुष्य ब्रह्मज्ञानी तभी बन सकता है, जब वह देव बन जाये।)। ये ऋभु मानव का रूप धारण कर अन्तरिक्ष में विचरते हैं। ऋभु अपने कार्य शीघ्रता एवं कुशलता से करने के कारण प्रजापति के साथ रहते हैं। वे अपने बल से बलशाली होकर द्युलोक एवं अन्तरिक्ष पर आरोहण करते हैं।

ऋभु बल युक्त होने के कारण सदैव नवीन नित्य तरुण जैसे दीखते हैं। इस लिये ऋभु हमेशा इन्द्र–ऐश्वर्यसम्पन्न होते हैं। वे ऐश्वर्य सम्पन्न होने से धन एवं बल का दान करके सहायता करते हैं। "उन ऋभुओं की सहायता प्राप्त कर हम यज्ञ–सद्कार्य नहीं करनेवाले अथवा यज्ञ में विघ्न डालने वालों का पराभव करें।" जगत् में प्रजागण का संगठन–कल्याण–अभ्युदय आदि का कार्य अत्यन्त आवश्यक है। अतः इस पवित्र कार्य–यज्ञ में जो विघ्न डालते हैं, उनका पराभव अवश्य करना चाहिए।।ऋग्वेद 1.110.7।।

ऋभुर्न इन्द्रः शवसा नवीयान भुर्वाजेभिर्वसुभिर्वसुददि।
युष्माकं देवा अवसाहनि प्रिये3 ऽभि तिष्ठेम पृत्सुतीरसुन्वताम्।।7।।
।।ऋग्वेद 1.110.7।।

संगठन, सद्कार्य, संगठन, स्वाध्याय – यज्ञ : जीवन समर्पित

ऋभुओं का "तेजस्वी जीवन यज्ञ कार्य (सत्कर्म, स्वाध्याय, सर्वस्व आत्मसमर्पण, सद्कार्य, संगठन, देवपूजा, दान आदि) में ही व्यतीत होता है।" इसी के अनुरूप दैनिक कार्य करते हुए मनुष्य का सम्पूर्ण जीवन सत्कार्य, संगठन, स्वाध्याय, देव अर्चना, दान रूप आदि शुभ कर्मों में ही समर्पित हो। मानवीय जीवन लोककल्याण, सत्कर्म, लोकमंगल, लोकसंग्रह और बल वृद्धि के लिए हो। मनुष्यों के संगठनार्थ इन्द्रियों का बल हो। इस प्रकार संगठन शक्ति से ही हम समस्त प्रजाओं के साथ रहें।।ऋग्वेद 1.111.2।।

आ नो यज्ञाय तक्षत ऋभुमद्वयः क्रत्वे दक्षाय सुप्रजावतीमिषम्।
यथा क्षमाय सर्ववीरया विशा तन्नः शर्धाय धासथा स्विन्द्रियम्।।2।।
।।ऋग्वेद 1.111.2।।

यज्ञ : सत्कर्म

मेरा यह यज्ञ सफल हो। यज्ञ में मेरा चित्त लगे। इसलिये मैं द्युलोक एवं पृथिवी लोक और उसमें रहनेवाले अग्नि की सर्वप्रथम स्तुति करता हूँ। अश्विदेवों! कुशल शूर पुरुष को युद्ध में अपना भाग प्राप्त कर लेने के लिये जिन रक्षक शक्तियों के साथ उसे आप दोनों प्रेरित करते हो, उन संरक्षक शक्तियों के साथ हमारे पास आओ। उनसे हमारी सुरक्षा करो। "अपना

सत्कर्म–यज्ञ सफल बनाने की इच्छा से मनुष्य परमेश्वर से प्रार्थना करे।" अपना न्याय्य भाग प्राप्त करने के लिये आवश्यक हुए युद्ध में जाने के लिये कुशलता से युद्ध करने वाले शूरवीर को नेतृत्व कर्त्ता प्रेरणा दें। नेतृत्व कर्त्ता – परमेष्ठी उनकी हर प्रकार की सुरक्षा का प्रबन्ध करे।।ऋग्वेद 1.112.1।।

इळे द्यावापृथिवी पूर्वचित्तये ऽग्निं धर्मं सुरुचं यामन्निष्टये।
याभिर्भरे कारमंशाय जिन्वथस्ताभिरु षु ऊतिभिरश्विना गतम्।।1।।
।।ऋग्वेद 1.112.1।।

यज्ञ का प्रकाशित ध्वज : देवमाता उषा

हे उषा! आप देवों की माता हैं, आप अदिति (अखण्डनीय अनन्त ऊर्जा) का मुख हैं। अर्थात् देवों की माता, अदिति के मुख के समान तेजस्विनी और यज्ञ के ध्वज जैसी यह विशाल उषा चमक रही है। (आप) ज्ञान की चारों ओर प्रशंसा हो। इसी तरह यह उषा प्रकाशती रहे। अर्थात् हम चिरकाल तक जीवित रहकर उषा को देखते रहें। हे सबके द्वारा आदरणीय उषा! हम अपने लोकों में सम्मान के स्थान पर पहुँचें। अर्थात् हे उषे! हमें उन्नति के मार्ग से ले चलो।।19।।

उषा के पास विलक्षण धन (अध्यात्मिक, दैविक, धन) है। उषा यह धन्य करनेवाला धन शुभकर्म, सत्कार्य–सद्कार्य, स्वाध्याय अर्थात् यज्ञ करनेवाले याजक को ही प्रदान करती है। यह धन अयज्ञशील को नहीं मिलता है। उषा अयज्ञशील का कल्याण भी नहीं करती है। उषःकाल में उठकर मानसयज्ञादि करनेवालों का उषा कल्याण करती है। "धन का अर्थ–तपोधन–विद्याधन–दानधनादि; धन्य करनेवाला; प्रियतम निधि; प्रज्ञाधन; सत्यधन; सम्पत्ति; समस्त द्रव्य; अग्नि; स्निग्घतम पदार्थ; पूंजी; पारितोषिक–पुरस्कार; धनिष्ठा नक्षत्र; अपहृत वस्तु; गोधन; नायिका–युवति; ऐहिक सुख के साधनभूत द्रव्य; भूमिधन; स्नेहभाजन; स्नेहभाजन; प्रिय व्यक्ति; वित्त; जोड़ (अमुक संख्या का); परमाणु की विद्युत् शक्ति; अर्थ; प्राणधन; ज्ञानधन; आरोग्यधन; कुलधन; संतोषधन; समभावधन आदि है।" यह उषा विलक्षण एवं कल्याणकारी धन हमारे पास लावे, और उस धन की मित्र, वरुण, अदिति, सिन्धु, द्यु, पृथिवी आदि देव वृद्धि करें।।210।।ऋग्वेद 1.113.19, 20।।

माता देवानामदितेरनीकं यज्ञस्य केतुर्बृहती वि भाहि।
प्रशस्तिकृद् ब्रह्मणे नो व्यु1 च्छा नो जने जनय विश्ववारे।।19।।
यच्चित्रमप्न उषसो वहन्तीजानाय शशमानाय भद्रम्
तन्नो मित्रो वरुणो मामहन्तामदितिः सिन्धुः पृथिवी उत द्यौः।।20।।
।।ऋग्वेद 1.113.19, 20।।

यज्ञकर्म पर कृषिकर्म

जिस स्थान पर देवों के उपासक, दूसरे कल्याण की ओर ले जानेवाले, एक कल्याण की अभिलाषा से यज्ञरूप हल के जुए पकड़कर आगे ले जाते रहते हैं, उस स्थान पर जिस प्रकार कोई युवक किसी युवती के पीछे–पीछे जाता है, उसी प्रकार सूर्य से चमकती उषा देवी के पीछे जाती है। "युगानि वितन्वते"–यज्ञर्म पर कृषिकर्म के आरोप करके यह वर्णन किया गया है।।ऋग्वेद 1.115.2।।

सूर्यो देवीमुषसं रोचमानां मर्यो न योषामभ्येति पश्चात्।
यत्रा नरो देवयन्तो युगानि वितन्वते प्रति भद्राय भद्रम्।।
।।ऋग्वेद 1.115.2।।

(ओषधीय) यज्ञ : संरक्षण शक्तियाँ प्रभावी

मन्त्रद्रष्टा ऋषि कक्षिवान् दैर्घतमस औशिज ने अश्विनौ देवता (विषयक) सूक्त में अभूतपूर्व रहस्योद्घाटन किया है : "यज्ञ से होनेवाली समस्त प्रकार की संरक्षण शक्तियाँ चारों ओर अपना प्रभाव दिखा रही हैं।" अर्थात् शुभकर्म–सत्कर्म, स्वाध्याय–ब्रह्मयज्ञ, जपयज्ञ, देवयज्ञ, वैश्वेदेवयज्ञ, पितृयज्ञ, नृयज्ञ आदि एवं वनोषधियों के यज्ञ से अन्तरिक्ष–आकाश–परमव्योम में विद्यमान दैवी शक्तियाँ चारों ओर से संरक्षण करती हैं। अर्थात् यज्ञ का अध्यात्मिक, दैविक एवं भौतिक प्रभाव होता है, यह त्रिविध ताप से मुक्ति दिलाता है।

ऋचा में कहा है कि प्रभात होते ही हमारी बुद्धि अश्विदेवों की प्रशंसा करने लगी है। इसमें समस्त दिशाओं के प्रजाजन शामिल हुए हैं। अब हम घृतादि पदार्थ–ओषधियाँ स्वादु बनाकर यज्ञ के लिये तैयार रखते हैं। यह स्पष्ट है कि "मन्त्रद्रष्टा ऋषि ओषधियों के महायज्ञ का वर्णन कर रहा है। क्रान्तदर्शी ऋषियों को वनोषधियों के धूम्र के अध्यात्मिक, दैविक एवं भौतिक प्रभाव की गहन जानकारी रही।" "यज्ञ से समस्त प्रकार की संरक्षण शक्तियाँ चारों ओर अपना प्रभाव दिखा रही हैं।" दिव्य भिषज् अश्विदेवों के रथ पर जगत् की आत्मा सूर्य की पुत्री और भाग्य के देवता भग की भगिनी विराजमान है। सभी जन प्रभात के समय तैयार रहें। चारों ओर के भी ज्ञानी जन आकर शामिल हों। घृतादि पदार्थ यज्ञार्थ तैयार किये जायँ। सभी जन यज्ञकर्म–शुभकर्म में दत्त चित्त हों। हर एक सबकी सुरक्षा के लिये कटिबद्ध हो। सभी यज्ञकर्म–शुभकर्म–सद्कर्म–स्वाध्याय से सुरक्षित रहें। इस तरह "यज्ञकर्म से (दैवी) संरक्षण शक्तियाँ सुरक्षा कवच की रचना होती है।।ऋग्वेद 1.119.2।।

ऊर्ध्वा धीतिः प्रत्पस्य प्रयामन्यधायि शस्मन्त्समयन्त आ दिशः।
स्वदामि धर्मं प्रति यन्त्यूतय आ वामूर्जानरी रथमश्विनारुहत्।।
।।ऋग्वेद 1.119.2।।

यज्ञ से वर्षा

मन्त्रद्रष्टा कवि कक्षीवान् दैर्घतमस औशिजः ने इन्द्रो विश्वे देवा वा देवता के सूक्त में यज्ञ से वर्षा के विज्ञान का कूटात्मक–संकेतात्मक–प्रतीकात्मक–रहस्यात्मक भाषा में रहस्योद्घाटन किया गया है। ''जब अग्नि में उत्तम दुधारु (ककुद वाली) गाय के पवित्र घी–वनोषधियाँदि का हवन किया जाता है, तब यह का धूम्र–धूम सूर्य किरणों के सहारे द्युलोक में जाता है। तब उन्हीं किरणों के द्वारा पृथिवी का महासागरीय जल आकाश में ले जाया जाता है, जहाँ वे बादल बनते हैं। ये मेघ द्यावापृथिवी के मध्य फैले होते हैं और पानी से भरपूर रहते हैं। वे मेघ जल की वर्षा कर अन्नादि उत्पन्न करते हैं। वर्षा के जल में भरपूर उत्पादनशक्ति रहती है। इनसे उत्पन्न अन्नादि को प्राप्त कर प्राणिमात्र ऐश्वर्यवान् होते हैं।।5।।''

''जब यज्ञशील मनुष्य उत्तम आनन्ददायक एवं शक्तिदायक सोमरस आदि का यज्ञ करते हैं, तब सूर्य की किरणें पृथिवी पर आकर यज्ञ की अग्नि के साथ मिलती हैं और उस सोमादि हवि का भक्षण करती हैं। यह हवि सूक्ष्म होकर सूर्य किरणों के द्वारा द्युलोक में जाती है। उन किरणों की सहायता से वह सूक्ष्म हवि मेघों में जाकर जल में एकाकर हो जाती है। प्रकारान्तर में सूर्य किरणें जब मेघों को प्रेरित करती है, तब वही हवि वर्षा के माध्यम से इस पृथिवी पर अवतरित होती है और चारों ओर जल हो जाता है।।ऋग्वेद 1.121. 5, 8।।

वेदज्ञ प्रोफेसर भारतभूषण विद्यालंकार एवं प्रधानमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार श्री पी.वी. रामाकृष्णा प्रसाद, आई.ए.एस. ने यज्ञ से वर्षा की पुष्टि की। ''वरुणविद्या महारहस्यम्'' के अनुसार वरुण यज्ञ से वर्षा सुनिश्चित रूप से होती है। ''वरुण यज्ञ में हरे बाँस एवं टींट की काष्ठ का प्रयोग किया जाता है। यज्ञ में 203 वनोषधियों के अलावा घृत–शर्करा से भरे एक हजार नारियल गिरि की भी आहुति देनी होती है। यज्ञ की जलती समिधा–हवन सामग्री की आहुति जल में दी जाती है।'' ''व्हेन आई मीट तिरुपति बालाजी'' में श्री प्रसाद, पूर्व आई.ए.एस. ने लिखा है कि यह वरुण यज्ञ एक माह तक चला। ''वरुणविद्या महारहस्यम'' के अनुसार ''वरुण यज्ञ में 43 अक्षर के वरुण मन्त्र के 43 लाख जप और 4.3 लाख आहुति का विधान है।'' वरुण यज्ञ से वर्षा का प्रयोग तिरुपति और हरिद्वार में किया गया। इस प्रकार ऋग्वेद में

यज्ञ द्वारा वर्षा का उल्लेख सत्य है, परन्तु उसका समिधा काष्ठ, हवन सामग्री विशिष्ट है और अन्त में जलती हवन सामग्री की जल में आहुति अभूतपूर्व है। वैदिक काल से उन्नसवीं शती तक वेदविज्ञान के ज्ञाता यज्ञ से वर्षा करवाते रहे। वर्तमान में भौतिक विज्ञान कृत्रिम वर्षा करवा रहा है।

तुभ्यं पयो यत् पितरावनीतां राधः सुरेतस्तुरणे भुरण्यू।
शुचि यत् ते रेक्ण आयजन्त सुबर्दुघायाः पय उस्रियायाः।।5।।
अष्टा महो दिव आदो हरी इह द्युम्नासाहमभि योधान् उत्सम्।
हरिं यत ते मन्दिनं दक्षन् वृधे गोरभसमिद्रिभिवार्ताप्यम्।।8।।
।।ऋग्वेद 1.121.5, 8।।

यज्ञ से सूर्य किरण चिकित्सा

उनतालीस लाख वर्ष पहिले ऋग्वेद में यज्ञीय धूम्र–(धूम) एवं सूर्य किरण चिकित्सा का उल्लेख किया गया (स्रोत : वेद ओषधी कल्पतरु)। वर्तमान भौतिक चिकित्सा में दवाइयों को खोलते पानी में डालकर उसकी भाप रोगी लेता है। यह विडम्बना है कि पश्चिमी वैज्ञानिक यज्ञ से प्रदूषण का प्रपंच रच रहे हैं।

प्रातःकाल में मनुष्यों के द्वारा की जानेवाली स्तुतियों के बाद यह सूर्य रात्रि में छिपी हुई प्रकाशमय किरणों को प्रगट करता है। उसके बाद यज्ञ प्रारम्भ होते हैं। ऋचा में रहस्यमय शैली में कहा है कि सूर्य सज्जनों की रक्षा करता है, पर जो द्रोह करते हैं उनके लिये अवनति के द्वार खोल देता है। अर्थात् जो सूर्य किरणों एवं यज्ञ का उत्तम उपयोग किरण स्नान, यज्ञीय हवि धूम्र स्नान आदि के द्वारा करते हैं, उनको स्वास्थ्य प्रदान करके यह उनकी रक्षा करता है। सूर्य किरण स्नान और यज्ञ में प्रयुक्त 203 से अधिक वनोषधि घृतादि की आहुति का धूम रोग हरण करता है। यज्ञ में सर्वोषधि, ग्रहों–नक्षत्रों से सम्बन्धित वृक्ष–वनस्पति अंश समर्पित किये जाते हैं। वेद में रोग और ओषधीय वृक्ष–वनस्पति का वर्णन है। सूर्य किरण स्नान स्वयं में स्वास्थ्य वर्धक है। वेद में सूर्य प्रकाश में कार्य नहीं करनेवालों (शीतक कक्षों के कर्मियों) में रक्त अल्पता आदि रोग होने की चेतावनी दी गई है।

ऋचा के अनुसार जो इन सूर्य किरणों आदि से द्रोह करता है, वह कभी इनका लाभ नहीं उठा पाता है। उसके लिये रोगों के द्वार हमेशा खुले रहते हैं। रोगों को दूर करने के लिये सूर्य किरण–यज्ञ चिकित्सा एक उत्तम साधन है।।ऋग्वेद 1.121.4।।

अस्य मदे स्वर्ये दा ऋतायापीवृतमुस्त्रियाणामनीकम्।
यद्ध प्रसर्गे त्रिककुम्निवर्तदप द्रुहो मानुषस्य दुरो वः।।

।।ऋग्वेद 1.121.4।।

याज्ञिक नारी

जगत् की आत्मा सूर्य की दुहिता, मनुष्यों का तारण करनेवाली, समस्त कार्य दक्षता से करनेवाली, अज्ञान–अन्धकार समापन कर्त्ता, उत्तम भाषण करनेवाली, वैदिक देव सम्राट वरुण एवं भाग्य के देवता भग की बहिन उषा प्रतिदिन हविर्भाग लेने आती है। उषा देवता कीर्ति को धारण करती है, स्तुति सुनती है और घर–घर पहुँचाती है। घर–घर में प्रकाश करती है। उषा धनों में श्रेष्ठ धन धारण करती है। नारी भी प्रतिदिन हवन करे, यश अर्जित करे, घर में ज्ञान का प्रकाश करे।।ऋग्वेद 1.123.4।।

इसप्रकार इस ऋचा से स्पष्ट है कि वैदिक काल में नारी को स्वतन्त्र रूप से यज्ञ का पूर्ण अधिकार रहा। वैदिक काल में तरुणियों का विधिवत यज्ञोपवीत संस्कार होता रहा। यह समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा उन्नीसवीं शती तक लोक प्रचलन में रही।

गृहंगृहमहना यात्यच्छा दिवेदिये अधि नामा दधाना।
सिसासन्ती द्योतना शश्वदागादग्रमग्रमिद् भजते वसूनाम्।।

।।ऋग्वेद 1.123.4।।

यज्ञ : श्रेष्ठतम कर्म

"यज्ञ करना श्रेष्ठतम कर्म" है। यज्ञ करनेवाले को नदियाँ सदैव सुख देती हैं। इस समय यज्ञ करनेवाले और आगे भी यज्ञ करनेवालों को गो (वाक् देवी; दिशा; इन्द्रिय शक्तियाँ; आनन्द–सोम प्रदाता चन्द्रमा; प्रकाश की किरण–ज्ञान; पृथिवी; सूर्य; आकाश; इन्द्र का वज्र; स्वर्ग; दिशा; अश्व अ–नहीं है, श्व–कल; हीरक; नक्षत्र; नेत्र; ब्रह्म; यज्ञ; आपः–जल) घी (सारतत्त्व) की धाराएँ प्राप्त कराती है। जो यज्ञ में धन का दान करके सबको पूर्ण करते हैं और सबको सम्पन्न बनाकर प्रसन्न करते हैं, उन्हें अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक ऐश्वर्य प्राप्त होता है। यज्ञ एवं दान ऐश्वर्य एवं सुख प्राप्ति का श्रेष्ठतम साधन है।।ऋग्वेद 1.125.4।।

उप क्षरन्ति सिन्धवो मयोभुव ईजानं च यक्ष्माणं च धेनवः।
पृणन्तं च पपुरिं च श्रवस्यवो घृतस्य धारा उप यन्ति विश्वतः।।

।।ऋग्वेद 1.125.4।।

अहिंसक यज्ञ : चिरस्थायी यश

इस सूक्त की ऋचा में स्पष्ट रूप से "अहिंसक यज्ञ करने और सम्पूर्ण आत्मत्याग से चिरंजीवी यश का उल्लेख किया गया है।" अहिंसक राजा ने मेरे लिये सहस्र (हजार) यज्ञ सम्पन्न किये। समुद्र या महानद के

किनारे रहनेवाले भाव्य के लिये मैं बुद्धिपूर्वक ज्ञान से परिपूर्ण स्तोत्रों को कहता हूँ। इसका आशय है कि राजा ऐसा वीर एवं पराक्रमी हो कि कोई भी शत्रु उसकी हिंसा नहीं कर सके। दूसरे, "वैदिक काल के यज्ञों में हिंसा का कोई स्थान नहीं रहा।" ऐसा शूर राजा अपने यश में वृद्धि के लिये आत्मा के चिन्तन (वेदोचित)–शुभकर्म–सत्कर्म–यज्ञों का सदैव आयोजन करे। यज्ञ करने से यश चिरस्थायी रहता है। यज्ञों का विस्तार नदियों के किनारे पर किया जाए और उन यज्ञों में बुद्धिपूर्वक ज्ञान से भरे स्तोत्रों का गायन किया जाए। अर्थात् यज्ञ सत्रों में ब्रह्मविद्या–सृष्टिविद्या–आत्मविद्या के ज्ञान सत्रों का आयोजन हो।।ऋग्वेद 1.126.1।।

अमन्दान त्स्तोमान् प्र भरे मनीषा सिन्धावधि क्षियतो भाव्यस्थ।
यो मे सहस्रममिमीत सवानतूर्तो राजा श्रव इच्छमानः।।
।।ऋग्वेद 1.126.1।।

यज्ञाग्नि : वेदज्ञ ब्राह्मण–ब्रह्मवेत्ता

तेजस्वी अग्नि देवता हिंसा रहित यज्ञों की प्रेरणा देनेवाला है। यह अत्यन्त श्रेष्ठ अग्नि देवता अपनी ज्वालाओं से घी का भक्षण करके और अधिक तेजस्वी होता है। "अग्नि देवों को यज्ञ में बुलाकर लाने वाला है।" यह अरणी से बलपूर्वक मंथन पर उत्पन्न होने वाला है। यह उपासकों को अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक धन देनेवाला है। "ऐसी तेजस्वी अग्नि का एक वेदज्ञ ब्राह्मण–ब्रह्मवेत्ता की तरह सम्मान किया जाता है"।।ऋग्वेद 1.127.1।।

अग्निं होतारं मन्ये दास्वन्तं वसु सहसो
जातवेदसं विप्रं न जातवेदसम्।
य ऊर्ध्वया स्वध्वरो देवो देवाच्या कृपा।
घृतस्य विभ्राष्टिमनु वष्ठि शोचिषा ऽऽजुव्हानस्य सर्पिषः।।1।।
।।ऋग्वेद 1.127.1।।

देवों को बुलानेवाला यज्ञशील अग्नि

मन्त्रद्रष्टा ऋषि परुच्छेपो दैवोदासि ने इस ऋचा में कहा है : "यह यज्ञशील अग्नि देवों को बुलानेवाला है।" यह अग्नि अपने कर्मों को पूरा करने के लिए उत्पन्न होता है। यह अन्यों के कर्मों को भी पूर्ण करता है। यह उसके साथ मैत्री करनेवालों को सब प्रकार के उपभोग के पदार्थ देता है। धन की कामना करनेवाले के लिये यह मानों धन का सागर ही है।।ऋग्वेद 1.128.1।।

अयं जायत मनुषो धरीमणि होता
यजिष्ठ उशिजामनु व्रतमग्निः स्वमनु व्रतम्।

विश्वश्रुष्टिः सखीयते रयिरिव श्रवस्यते।
अदब्धो होता नि षददिळस्पदे परिवीत इळस्पदे।।1।।
।।ऋग्वेद 1.128.1।।

यह अग्नि व्यवस्थित वेदी में विराजता है।

सत्य मार्ग, नम्रता : यज्ञ की अग्नि प्रसन्न

हम सभी सत्य के मार्ग से, नम्रता से आहुतियों से, हव्यवाले यज्ञ से यज्ञ के साधक इस अग्नि की सेवा करते हैं। इस अग्नि को मातरिश्वा वायु ने हमारे लिये बहुत दूर से लाकर प्रदीप्त किया था। वेद विज्ञान के अनुसार आकाश से वायु, वायु से तेज (अग्नि), तेज से आपः (जल) और आपः से पृथिवी की उत्पत्ति हुई। वायु देव मनुष्यों के हित के लिये अग्नि को लाये। यह अग्नि हमारी आहुति में समर्पित अन्नादि को स्वीकार करने का अनुग्रह करे। अर्थात् यज्ञ की अग्रणी अग्नि सत्य के मार्ग से चलने से और नम्रता पूर्वक व्यवहार करने से प्रसन्न रहता है। यह सदैव सामर्थ्ययुक्त रहता है, कभी क्षीण नहीं होता है।।2।। शोभनकर्म करने वाला, सदैव आगे रहनेवाला यह अग्रणी अग्नि घर–घर; आश्रम–आश्रम में ''नाश रहित यज्ञ के कर्म में प्रज्ज्वलित होता है। अग्नि के प्रज्ज्वलित होने से यज्ञ का ज्ञान होता है। यह बुद्धिमान् एवं उत्तम कर्म करनेवाला है।।4।।

हे अग्ने! दिव्यगुणों से युक्त आप यज्ञ की हवि की कामना करनेवाले समस्त देवों के लिये हवि का वहन करते हो। विश्वव्यापी, महान् एवं सम्पन्न अग्नि सूर्य देवता की तरह दाहिने हाथ में यज्ञकर्त्ता–यजमान को देने योग्य धन धारण करता है। यज्ञ में अग्नि का हाथ यशाभिलाषियों को धन देने के लिये खुला रहता है। अर्थात् अग्नि यज्ञ (शुभकर्म, सत्कर्म, सर्वस्व समर्पण, आत्मत्याग, देव पूजा, संगटन) उत्तम कर्म करनेवालों को ही धन प्रदान करता है, परन्तु दुष्टों एवं दुराचारियों को धन नहीं देता है।।6।।

यह अग्नि ''मनुष्यों के पाप दूर करने के निमित्त भूत कार्य में'' और यज्ञों में अत्यन्त सुख देनेवाला एवं हितकारी है। ''अग्नि विजयी राजा की तरह यज्ञों में प्रजाओं का पालक एवं प्रिय है।'' यह अग्नि यज्ञ में यजमानों की हवि को स्वीकारने के उद्देश्य से पधारता है। ''अग्नि यज्ञ में विघ्न–बाधा पहुँचाने वाले धूर्तों से रक्षा करता है''।।7।।ऋग्वेद 1.128.2, 4, 6, 7।।

तं यज्ञसाधमपि वातयामस्वृतस्य पथा नमसा
हविष्मता देवताता हविष्मता।
स न ऊर्जामुपाभृत्यया कृपा न जूर्यति।
यं मातरिश्वा मनवे परावतो देवं भाः परावतः।।2।।

स सुक्रतुः पुरोहितो दमेदमे ऽग्निर्यज्ञस्याध्वरस्य
चेतति क्रत्वा यज्ञस्य चेतति।
क्रत्वा वेधा इषूयते विश्वा जातानि पम्पशे।
यतो घृतश्रीरतिथिरजायत वह्निर्वेधा अजायत।।4।।
विश्वो विहाया अरतिर्वसुर्दधे हस्ते दक्षिणे
तरणिर्न शिश्रथच्छ्रवस्यया न शिश्रथत्।
विश्वस्मा इदिषुध्यते देवत्रा हव्यमोहिषे।
विश्वस्मा इत् सुकृते वारमृण्वत्यग्निर्द्वारा व्यृण्वति।।6।।
स मानुषे वृजने शंतमो हितो3 ऽग्निर्यज्ञेषु
जेन्यो न विश्वपतिः प्रियो यज्ञेषु विश्वपतिः।
स हव्या मानुषाणामिळा कृतानि पत्यते।
स नस्त्रासते वरुणस्य धूर्तेर्महो देवस्य धूर्तेः।।7।।

।।ऋग्वेद 1.128.2, 4, 6, 7।।

अपरिपक्व को परिपक्व ज्ञानवान् कर्त्ता : यज्ञ

हे प्रेरक इन्द्र! यज्ञ प्राप्ति के लिये आप अपरिपक्व बुद्धिवान् के पास रथ ले जाते हो। हे पाप रहित! आप उसको अग्रणी करते हो। आप उसे शीघ्र ही अभीष्ट पदार्थ के देने योग्य बना देते हो। आप उस अन्नवाले को चाहते हो। हे पाप रहित एवं शीघ्र कार्य करनेवाले इन्द्र! आप विद्वानों की वाणी के समान हम ज्ञाताओं की यह वाणी सुनें।

अर्थात् जो यज्ञ कर्त्ता साधक अपरिपक्व बुद्धिवाला होते हुए भी परमेष्ठी रूपा इन्द्र पर श्रद्धा रखता है, उसकी परमेष्ठी (यज्ञकर्म के कारण) सहायता करता है और उसे अग्रणी बनाता है। साथ ही परमेष्ठी अभीष्ट की प्राप्ति के उसे आगे बढ़ाता है। दूसरे शब्दों में "यज्ञ से परिपक्व बुद्धिवाला" बनते हैं।।ऋग्वेद 1.129.1।।

यं त्वं रथमिन्द्र मेधसातयं ऽपाका सन्तमिषिर प्रणयसि प्रानवद्य नयसि।
सद्यश्चित्तमभिष्टये करो वशश्च वाजिनम्।
सास्माकमनवद्य तूतुजान वेद्यसामिमां वाचं न वेधसाम्।।

।।ऋग्वेद 1.129.1।।

यज्ञ : सत्य

जिस यज्ञ में उत्तम स्थान बनाया गया है, वहाँ पूर्व के समान इन्द्र के लिये वही तेजस्वी अन्न प्राप्त हो। आप "सत्य का स्थान प्राप्त करवाने वाले" हो। आप उस सत्य के स्थान का वर्णन करने की कृपा करें। अर्थात् केवल इन्द्र–परमेष्ठी ही विद्वानों–ब्रह्म जिज्ञासुओं के समक्ष उस सत्य स्थान का वर्णन

करता है। तब ज्ञानीजन उस सत्य के स्थान को देखते हैं, उसका साक्षात्कार करते हैं। अतः इन्द्र को उस सत्य स्थान ज्ञाता कहा गया है।।ऋग्वेद 1.132. 3।।

तत् तु प्रयः प्रत्नथा ते शुशुक्वनं यस्मिन् यज्ञे वास्मकृण्वत
क्षयमृतस्य वारसि क्षयम्।
वि तद् वोचेरध द्विताऽन्तः पश्यन्ति रश्मिभिः।
स घा विदे अन्विन्द्रो गवेषणो बन्धुक्षिद्भयो गवेषणः।।3।।
।।ऋग्वेद 1.132.3।।

यज्ञ के बल से लोक पवित्र : यज्ञ से द्वेष दूर

मैं "यज्ञ के बल से दोनों लोकों को पवित्र करता" हूँ। इन्द्र के विरोधी समस्त बड़े शत्रुओं को जलाता हूँ। जहाँ शत्रु लड़ते हुए मारे गये, मरे हुए वे सभी श्मशान में सो गये। इस ऋचा में मन्त्रद्रष्टा कवि परुच्छेपो दैवदासिः ने "यज्ञ से लोकों को पवित्र करने" का अभूतपूर्व रहस्योद्घाटन किया है।।1।। यज्ञ कर्त्ता सवन करता हुआ घर प्राप्त करता है। वह "यज्ञ द्वारा सब और फैले द्वेषियों को दूर भगाता है।" देवों के द्वेषियों को भी दूर भगाता है। अर्थात् "यज्ञ करनेवाला परमेष्ठी उपासक द्वेष नहीं करता और दूसरे के द्वेष भी दूर हटा देता है।" परमब्रह्म सच्चे भक्त को ही स्थिर धन्य करनेवाला धन प्रदान करता है। यज्ञ में परमेष्ठी को हवि देने से, उसे परमब्रह्म अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक धन देता है। इसका आशय यह भी है कि "शुभकर्म–यज्ञकर्म से अन्तःकरण निर्मल, पवित्र होता है और आन्तरिक शत्रु नष्ट होते हैं"।।7।।ऋग्वेद 1.133.1, 7।।

उभे पुनामि रोदसी ऋतेन द्रुहो दहामि सं महीरनिन्द्राः।
अभिव्लग्य यत्र हता अमित्रा वैलस्थानं परि तृळहा अशेरन्।।1।।
वनोति हि सुन्वन् क्षयं परीणसः सुन्वानो हि ष्मा यजत्यव
द्विषो देवानामव द्विषः।
सुन्वान इत् सिषासति सहस्रा वाज्यवृतः।
सुन्वानायेन्द्रो ददात्याभुवं रथिं ददात्याभुवम्।।7।।
।।ऋग्वेद 1.133.1, 7।।

यज्ञ : वायु द्वारा सोमपान

हे वायो! हमारे द्वारा आपके लिये पवित्रतम दर्भासन बिछाया गया है। अतः आप सहस्रों अश्वों के रथ से हमारे यज्ञ में हवि ग्रहण करने के लिये पधारने का अनुग्रह करो। हे वायु! आपके लिये यज्ञ चल रहा है। आप यहाँ पधारकर सोमरस पिओ। यह सोमरस पत्थरों से कूटकर शुद्ध करके तैयार

किया जाता है। यह इस निर्मल दीप्तिवाला और अनेक तेजों को धारण करता है। "वायु रस सोमरस का भाग यज्ञ में सबसे प्रथम ग्रहण करता है"।।1।। ऋग्वेद 1.135.1।। इस ऋचा में वायु के घोड़ों के नाम "नियुत" है।

स्तीर्णं बर्हिरूप नो याहि वीतये सहस्रेण नियुता नियुत्वते शतिनीभिर्नियुत्वते।
तुभ्यं हि पूर्वपीतये देवा देवाय येमिरे।
प्र ते सुतासो मधुमन्तो अस्थिरम् मदाय क्रत्वे अस्थिरन्।।
।।ऋग्वेद 1.135.1।।

इन्द्र, वायु की बुद्धियाँ यज्ञ प्रेरक : यज्ञ में जीवनीशक्ति

इन वायु एवं इन्द्र की बुद्धियाँ यज्ञों को प्रेरित करें। जिससे हम यज्ञ में इन दोनों के लिये तेजस्वी, दिव्य शक्ति सम्पन्न सोमरस तैयार रखें। ये दोनों हमारे यज्ञ में सोमरस पान करें।।5।। इन्द्र एवं वायु से प्रार्थना की गई है कि वे यज्ञगृह में पधारें, जहाँ वैदिक ऋचाओं का पाठ हो रहा हो। यह भी कहा गया है कि आप दोनों सोते हुए (अज्ञान के अन्धकार में सोनेवाले) मनुष्यों को पार कर जा, उनके पास नहीं ठहरें। अर्थात् वायु सोनेवाले (अज्ञानी, मूर्ख) के पास नहीं जाता है। जो अज्ञान की निन्द्रा में हैं वे वायु के ज्ञान का लाभ नहीं उठा सकते हैं। पराक्रमी इन्द्र और महाज्ञानी वायु हमेशा यज्ञगृहों में ही जाते हैं। जो प्रातःकाल उठकर यज्ञ (शुभकर्म, सर्वस्वत्याग, स्वार्थत्याग, आत्मसमर्पण, देवपूजा, संगतिकरण, लोककल्याण कार्य, जपयज्ञ, स्वाध्याययज्ञ, ब्रह्मयज्ञ, ज्ञानयज्ञ, हवनादि) करते हैं, उन्हें ही वायु से जीवनीशक्ति प्राप्त होती है। यानी "यज्ञ से इन्द्र एवं वायु की जीवनीशक्ति मिलती है।।ऋग्वेद 1.135.5, 7।।

आ वां धियो ववृत्युरध्वराँ उपेममिन्दुं मर्मृजन्त
वाजिनमाशुमत्यं न वाजिनम्।
तेषां पिबतमस्मयू आ नो गन्तमिहोत्या।
इन्द्रवायू सुतानामद्रिभिर्युवं मदाय वाजदा युवम्।।5।।
अति वायो ससतो याहि शश्वतो यत्र ग्रावा वदति तत्र
गच्छतं गृहमिन्द्रश्च गच्छतम्।
वि सुनृता ददृशे रीयते घृतमा पूर्णया नियुता याथो अध्वरमिन्द्रश्च याथो अध्वरम्।।7।।ऋग्वेद 1.135.5, 7।।

यज्ञ में वायु : धार्मिकों का संरक्षक

यज्ञादि शुभ अवसरों पर हम वायु देवता की स्तुति करते हैं। वायु देवता जीवनीशक्ति, शुद्ध पवित्र भावनाओंवाले, शीघ्रता से कार्य करनेवाले,

महासामर्थ्यवान् प्राणशक्ति, सर्वशक्तिमान आदि हैं। (यज्ञ में) भयभीत, अत्यन्त निर्बल आदि वायु की शरण में आते हैं। "क्योंकि यज्ञकर्त्ता जानते हैं कि वायु दुष्टों से धार्मिकों का संरक्षण करता है।।5।।" वायु देवता यज्ञशील एवं पाप रहित की ही यज्ञीय हवि ग्रहण करता है।" यह वायु श्रेष्ठ होने के कारण "यज्ञ में सोमरसों के पान का प्रथम अधिकारी है।।6।।" ऋग्वेद 1.134.5, 6।।

तुभ्यं शुक्रासः शुचयस्तुरण्यवो मदेषूग्रा इषणन्त
भुर्वव्यपामिषन्त भुर्वणि।
त्वां त्सारी दसमानो भगभीट्टे तक्ववीये।
त्वं विश्वस्माद् भुवनात् पासि धर्मणाऽसुर्यात् पासि धर्मणा।।5।।
त्वं नो वायवेषामपूर्व्यः सोमानां प्रथमः पीतिमर्हसि सुतानां पीतिमर्हसि।
उतो विहुत्मतीनां विशां ववर्जुषीणाम्।
विश्वा इत ते धेनवो दुह्र आशिरं घृत दुह्रत आशिरम्।।6।।
।।ऋग्वेद 1.134.5, 6।।

यज्ञ : देवत्व शक्ति वृद्धि

इस ऋचा में मन्त्रद्रष्टा ऋषि परुच्छेसो दैवोदासिः ने अभूतपूर्व रहस्योद्घाटन किया कि "यज्ञ से देवत्व एवं शक्ति में वृद्धि होती है।" सर्वहितकारी मित्र एवं वैदिक देवों के सम्राट वरुण दोनों देवता अत्यन्त तेजस्वी हैं। ब्रह्माण्डीय महासागर में रहनेवाले सम्राट वरुण सत्य के पालक हैं और असत्य को दण्ड देते हैं। "सम्राट वरुण ही महानारायण एवं सत्य नारायण हैं।" प्रत्येक यज्ञ में ये दोनों ही उपासना करने योग्य हैं। सभी इनकी स्तुति श्रद्धा, आस्था, विश्वास एवं सम्पूर्ण समर्पण से करते हैं। इसलिए इनके देवत्व एवं शक्ति में इतनी अधिक वृद्धि हो जाती है कि उसे कोई भी शत्रु कहीं कम नहीं कर पाता है।।ऋग्वेद 1.136.1।।

प्र सु ज्येष्ठं निचिराभ्यां बहन्नमो हव्यं मतिं भरता
मृळयद्भयां स्वादिष्ठं मृळयद्भयाम्।
ता सम्राजां घृतासुती यज्ञेयज्ञ उपस्तुता।
अथैनोः क्षत्रं न कुतश्चनाधृषे देवत्वं नू चिदाधृषे।।1।।
।।ऋग्वेद 1.136.1।।

उषा : यज्ञ विस्तारक, प्रेरक; यज्ञ में सोम से ब्रह्मज्ञान

अत्यन्त तेजी से गमन करने वाली "उषा देवता यज्ञ का विस्तार के लिये प्रगट हुई है। अर्थात् उषा देवता यज्ञ करने की प्रेरणा देते हुए प्रगट होती है।" उषा के उदय होते ही सूर्य का मार्ग भी प्रकाशित होता दिखाई देता है। सूर्योदय होते ही सभी यज्ञ करने लगते हैं। ये सभी देव आहुति रूपी

प्रशंसनीय अन्न धारण करते हैं। वे उससे महान् प्रशंसनीय बल युक्त होते हैं। "यज्ञीय आहुति से देवों के प्रशंसनीय महान् बल में वृद्धि होती है।।2।।" यज्ञ में देवों को सोमपान कराया जाता है, अथवा सोमयाग किया जाता है। सोम सबसे अधिक अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक ऐश्वर्यवान् एवं तेजस्वी है। "सोम का अर्थ स–उमा अर्थात् जो ब्रह्मज्ञान से युक्त होता है, वह महातेजस्वी एवं षड् ऐश्वर्य युक्त होता है।" सभी प्रजाएँ उसको चाहती हैं। वही ब्रह्मज्ञानी समस्त प्रजाओं को उत्तम मार्ग प्रेरित करता है एवं उत्तम सुख देता है।।4।।ऋग्वेद 1. 136.2, 4।।

अदर्शि गातुरुरवे वरीयसी पन्था ऋतस्य समयंस्त
रश्मिभि–अक्षुभर्गस्य रश्मिभिः।
द्युक्षं मित्रस्य सादनमर्यम्णो वरुणस्य च।
अथा दधाते बृहदुक्थ्यं1 वय उपस्तुत्यं बृहद वयः।।2।।
अयं मित्राय वरुणाय शंतम सोमो भूत्ववपानेष्वाभगो देवो देवेष्वाभगः।
तं देवासो जुषेरतु विश्वे अद्य सजोषसः।
तथा राजाना करथो यदमिह ऋतवाना यदीमहे।।4।।

।।ऋग्वेद 1.136.2, 4।।

यक्ष : रक्षक देव सम्राट वरुण, मित्र

हे वैदिक देवों के सम्राट वरुण एवं मित्रवत हितकारी मित्र देवता! यज्ञ करने वाले आपके लिये पत्थरों से कूट कर सोम को निचोड़ते हैं। यज्ञ में प्रदान सोम रस का पान देवगण करते हैं। मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने यज्ञ में पधारनेवाले वरुण एवं मित्र देवता को यजमान आदि की रक्षा करनेवाला कहा है।।ऋग्वेद 1.137.3।। इस ऋचा में सोम दोहन को दुधारु गाय के दूध निकालने की उपमा दी गई है।

तां वां धेनुं वासरीमंशुं दुहन्त्यद्रिभिः सोम दुहन्त्यद्रिभिः।
अस्मत्रा गन्तमुप नो ऽर्वांचा सोमपीतये।
अयं वां मित्रावरुणा नृभिः सुतः सोम आ पीतये सुतः।।

।।ऋग्वेद 1.137.3।।

यज्ञ उत्तम कर्म : देवगण प्रार्थना ध्यान से सुनते हैं

सर्वप्रथम हमने बुद्धि से अग्नि (चित् तत्त्व) को धारण किया। चित् तत्त्व–अग्नि से दिव्य शक्ति शरीर को प्राप्त हुई। प्रकारान्तर में जीवनीशक्ति वायु एवं पराक्रमी इन्द्र को धारण किया। आत्म शक्ति में वृद्धि से "मनुष्य यज्ञकर्म–उत्तम कर्म करता है।" मनुष्य तेजयुक्त यज्ञ में प्रशंसनीय कार्य करता है। तब उसकी प्रार्थना देवों तक पहुँचती है। अर्थात् "यज्ञ रूपी उत्तम कर्म

करनेवाले की प्रार्थना देवों के पास सीधे पहुँचती है और वे उसे बहुत ध्यान से सुनते हैं।" उत्तम–कर्म यज्ञकर्म से प्रार्थना को देवगण अत्यन्त गम्भीरता से सुनकर वांछित कार्य करते हैं।।ऋग्वेद 1.139.1।।

अस्तु श्रोषट् पुरो अग्निं धिया दध आ नु तच्छर्धो दिव्यं
वृणीमह इन्द्रवायु वृणीमहे।
यद्ध क्राणा विवस्वति नाभा संदायि नव्यसी।
अध प्र सू न उप यन्तु धीतयो देवाँ अच्छा न धीतयः।।
।।ऋग्वेद 1.139.1।।

यज्ञ : अभिलाषा

यज्ञ करनेवाला यज्ञ करे, और अभिलाषी जन अभिलाषाओं को प्राप्त करे। सर्व हित की कामना करता हुआ वाक् एवं बुद्धि का स्वामी महाज्ञानी सम्पूर्ण बलयुक्त एवं अनेकों के चाहने योग्य सोम के द्वारा यज्ञ करता है। अर्थात् "यज्ञ करनेवाला मनुष्य अनेक तरह की कामनाओं को प्राप्त करता है। यज्ञ समस्त अभिलाषाओं को पूर्ण करने में समर्थ है।" यज्ञ करनेवाला सदैव जल और अन्नादि से भरपूर रहता है। वह सदा धन एवं ऐश्वर्य से सम्पन्न रहता है।।ऋग्वेद 1.139.10।।

होता यक्षद वनिनो वन्त वार्यं बृहस्पतिर्यजाति वेन उक्षभिः
पुरुवारेभिरुक्षामिः।
जगृभ्मा दूरआदिशं श्लोकमद्रेरध त्वमना।
अधारयदरमिन्दानि सुक्रतुः पुरु सद्मानि सुक्रतुः।।10।।
।।ऋग्वेद 1.139.10।।

तीनों लोकों के ग्यारह–ग्यारह देव : यज्ञ

ऋग्वेदानुसार पृथिवी, अन्तरिक्ष एवं द्युलोक इन तीनों लोकों में ग्यारह–ग्यारह देव रहते हैं। इस प्रकार तीनों लोकों में तैंतीस देवों का निवास है। ये समस्त देव अपनी शक्ति से अपने आलय में रहते हैं। उन्हें किसी दूसरे की शक्ति की आवश्यकता नहीं है। हे देवों! आप सभी इस यज्ञ का सेवन करो। यहाँ उपदेश है कि "यज्ञ कर्त्ता अपने ही सामर्थ्य पर स्थिर रहे। दूसरे की शक्ति के आधार पर प्राप्त स्थिरता अधिक समय तक स्थायी नहीं होती है।" इस ऋचा में "यज्ञ वेदी" का उल्लेख किया गया है।।ऋग्वेद 1.140.1।।

वेदिषदे प्रियधामाय सुद्यते धासिमिव प्र भरा योनिमग्नये।
वस्त्रेणेव वासवा मन्मना शुचिं ज्योतीरथं शुक्रवर्णं तमोहनम्।।
।।ऋग्वेद 1.140.1।।

यज्ञीय अग्नि : देवों को आमन्त्रण

अनन्तर, हवन करनेवाले सभी यज्ञों में होम सम्पादन हेतु अग्नि का वरण करते हैं। साथ ही अग्नि को प्रसन्न करते हैं। ऐसे मनुष्यों के यज्ञों में वह अग्नि हवि भक्षण के लिए देवों को बुलाकर लाता है।

हे नित्य तरुण अग्नि! आप सोमयाग करनेवाले को श्रेष्ठ धन देते हो, अतः सभी आपकी उपासना करते हैं।।ऋग्वेद 1.141.6, 10।।

आदिद्धोतारं वृणते दिविष्टिषु भगमिव पपृचानास ऋंजते।
देवान् यत क्रत्वा मज्मना पुरुष्टुतो मर्तं शंसं
विश्वधा वेति धायसे।।6।।
त्वमग्ने शशमानाय सुन्वते रत्नं यविष्ठ दैवतातिमिन्वसि।
तं त्वा नु नव्यं सहसो युवन् वयं भगं न कारे महिरत्न धीमहि।।10।।
।।ऋग्वेद 1.141.6, 10।।

यज्ञ में अग्नि देवों को लानेवाला

हे अग्नि! आप प्रज्ज्वलित होकर यज्ञ में देवों को बुलाकर लाने का अनुग्रह करें। यज्ञ एवं दान करनेवाले मनुष्य के लिए अपनी ज्वालाओं को फैला और उनका हित कर।।ऋग्वेद 1.142.1।।

समिद्धो अग्न आ वह देवाँ अद्य यतस्रुचे।
तन्तुं तनुष्व पूर्व्यं सुतसोमाय दाशुषे।।ऋग्वेद 1.142.1।।

मानव जीवन यज्ञ

जब तक यह अग्नि शरीर में रहती है, तब तक यह शरीर स्वस्थ–जीवित रहता है। इसलिए अग्नि को "तनूनपात" कहा गया है। जब तक "इस शरीर में मानव जीवनरूप यज्ञ" चलता रहता है," तब तक अग्नि इस शरीर में विद्यमान रहता है।।ऋग्वेद 1.142.2।।

घृतवन्तमुप मासि मधुमन्तं तनूनपात्।
यज्ञं विप्रस्य मावतः शशमानस्य दाशुषः।।ऋग्वेद 1.142.2।।

यज्ञ से वृष्टि

देवों में पूजनीय स्वयं पवित्र रहकर दूसरों को भी पवित्र करनेवाला अद्भुत एवं तेजस्वी मनुष्यों से प्रशंसित देव यज्ञ को द्युलोक के मधुर रस से तीन बार सींचता है। अर्थात् यह नरों में प्रशंसित देव पूज्य पवित्र और दूसरों को पवित्र करनेवाला अद्भुत एवं अत्यन्त तेजस्वी है। यह द्युलोक में रहकर "वर्षा जल रूपी मधुर रस" को उत्पन्न करता है और उस वर्षा जल रूपी मधुर रस से पृथिवी को सींचता है।" अर्थात् मनुष्यों को दिन में तीन बार यज्ञ करने का विधान है।।ऋग्वेद 1.142.3।।

शुचिः पावको अद्भुतो मध्वा यज्ञं मिमिक्षति।
नराशंसस्त्रिरा दिवो देवो देवेषु यज्ञीयः।।ऋग्वेद 1.142.3।।

यज्ञ : हिंसारहित निर्देश

मन्त्रद्रष्टा ऋषि दीर्घतमा औचथ्यः ने "बर्हि" विषयक ऋचा में स्पष्ट निर्देश दिया है कि "यज्ञ हिंसारहित एवं उत्तम हो।" किसी पर अत्याचार करके सर्वस्व समर्पण, सत्कर्म, देवपूजा, संगठन और दान इत्यादि काम नहीं किए जाएं। लोक को समझा बुझाकर संगठित किया जाए। "किसी से हिंसा, भय, बलात् दान नहीं करवाया जाए।" इस प्रकार "देवपूजा, शुभकर्म भी हिंसारहित हो।" इन सभी उत्तम कर्मों में राष्ट्र के अधिपति को उत्तम स्थान प्रदान किया जाए।।ऋग्वेद 1.142.5।।

स्तृणानासो यतस्रुचो बर्हिर्यज्ञे स्वधरे।
वृंजे देवण्यचस्तममिन्द्राय शर्म सप्रथः।।5।।ऋग्वेद 1.142.5।।

यज्ञ से सिद्धि : वृक्षों की समिधा से यज्ञाग्नि

ऋग्वेदीय ऋचा में यह रहस्योद्घाटन किया गया है कि, "यज्ञ सिद्धि देनेवाला होता है।" यह भी निर्देश है कि यज्ञ करनेवाले होता उत्तम, सुन्दर वाणी वाले हों, उच्च मधुर स्वर में उच्चारण करनेवाले, स्तोत्र पाठ में प्रवीण एवं यज्ञ कर्म का ज्ञाता हो। "यज्ञकर्म का विधान है कि स्तोत्र, मन्त्र, ऋचा का पाठ तेज–तेज अथवा बहुत धीरे–धीरे गति से नहीं हो, मध्य गति में उच्चघोष में हो। दूसरे, उनका विशुद्ध पाठ करना चाहिये। स्मरण रहे कि सर्वोत्तम रचयिता त्वष्टा के पुत्र द्वारा अशुद्ध पाठ के कारण इन्द्र ने उसका वध किया। मूलतः उसने उच्चारण में अशुद्धि से कहा कि इन्द्र "असहायता" करें। तीसरे, होता–ऋत्विज् को मन्त्र–स्तोत्र–ऋचा के अर्थ ज्ञान होना चाहिये। याज्ञिक यज्ञ कर्त्ता को मन्त्रादि का भावार्थ अवश्य समझाये।।8।।

"वृक्षों की काष्ठ की समिधा से यज्ञाग्नि प्रज्ज्वलित होती है।" उसमें आहुतियाँ दी जाती हैं। "तब अग्नि में भस्मीभूत होकर हवियाँ देवों के पास पहुँचती हैं"।।11।।ऋग्वेद 1.142.8, 11।।

मन्द्रजिव्हा जुगुर्वणी होतार दैव्या कवी।
यज्ञं नो यक्षतामिमं सिध्रमद्य दिविस्पृशम्।।8।।
अवसृजन्नुप त्मना देवान् यक्षि वनस्पते।
अग्निर्हव्या सुषूदति देवो देवेषु मेधिरः।।11।।ऋग्वेद 1.142.8, 11।।

यज्ञ में सर्वस्व समर्पित–आत्मसमर्पण

अग्नि देवता के सूक्त की ऋचा में मन्त्रद्रष्टा ऋषि दीर्घतमा औचथ्यः ने कहा है : "पृथिवी के ऊपर यज्ञ वेदी में आस्था, विश्वास, भावना, श्रद्धा

भक्ति से उपासक सभी कुछ समर्पित करे, स्वार्थ का त्याग करे, यही कर्तव्य है। आत्मसमर्पण भाव से जो परमेष्ठी अथवा भगवान् को पुकारता है, परमेष्ठी तत्क्षण उसकी सुनते हैं और सहायता करते हैं''।।1।। यज्ञ के सम्पादन और घृत से प्रदीप्त अग्नि को प्रज्ज्वलित करने पर वह ''मनुष्यों–यज्ञ कर्त्ताओं की निर्मल बुद्धियों को उत्तम, शुभ, मंगलमय, लोक कल्याणकारी सत्कर्मों की ओर प्रेरित करता है।।7।।ऋग्वेद 1.143.7।।

घृतप्रतीकं व ऋतस्य धर्षदमग्निं मित्रं न समिधान ऋंजते।
इन्धानो अक्रो विदथेषु दीद्यच्छुक्रवर्णामुदु नो यंसते धियाम्।।7।।
प्र तव्यसीं नव्यसीं धीतिमग्नये वाचो मति सहसः सूनवे भरे।
अपां नपाद् येा वसुभिः सह प्रियो होता पृथिव्यां न्यसीददृत्वियः।।1।।
।।ऋग्वेद 1.143.7, 1।।

होता : निर्मल बुद्धि से सत्य नियम पालन कर्त्ता

मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने स्पष्ट कहा है : ''यज्ञ का होता निर्मल बुद्धि से सत्य के नियमों से चले।'' फिर शुद्ध होकर यज्ञाग्नि में आहुति देने के लिये स्रुचा को उठाता है।।ऋग्वेद 1.144.1।।

एति प्र होता व्रतमस्य माययोर्ध्वां दधानः शुचिपेशसं धियम्।
अभि स्रुचः क्रमते दक्षिणावृतो या अस्य धाम प्रथमं ह निसते।।1।।
।।ऋग्वेद 1.144.1।।

यज्ञ से अभीष्ट फल प्राप्ति

जब यज्ञकर्त्ता अग्नि की सेवा करता है (यज्ञ वेदी की अग्नि में आहुति समर्पण), तब अग्नि शीघ्र उत्पन्न होकर सर्वत्र जाता है। अग्नि अपनी ज्वालाओं से सर्वत्र प्रकाशित होता है। सर्वत्र व्याप्त यज्ञाग्नि की ओर कामना करती हुई आहुतियाँ दी जाती हैं। उस समय ''अग्नि आनन्दवर्धक कर्म करनेवाले यजमान को संतोष देने के लिए अभीष्ट फल देता है।'' अर्थात् यज्ञाग्नि यज्ञकर्त्ताओं को प्रेरणा देनेवाला, दुःखों से पार करानेवाला, उनका संरक्षक और इष्ट फल देनेवाला है।।ऋग्वेद 1.145.4।।

उपस्थायं चरति यत् समारत सद्यो जातस्तत्सार युज्येभि।
अभि श्वान्तं मृशते नान्द्ये मुदे नहीं गच्छन्त्युशतीरपिष्ठितम्।।4।।
।।ऋग्वेद 1.145.4।।

यज्ञगृह में अग्नि : सत्कर्मों से चित् तत्त्व से साक्षात्कार

याज्ञिक अग्नि को नित्य यज्ञगृह में ले जाकर अच्छी तरह से प्रदीप्त करता है। अध्यात्मिक रूप से इसका आशय है : सत्कर्मों से चित् तत्त्व से साक्षात्कार होता है।''।।ऋग्वेद 1.148.3।।

नित्ये चिन्नु यं सदने जगृभ्रे प्रशस्तिभिर्दधिरे यज्ञीयासः।
प्र सू नयन्त गृभयन्त इष्टावश्वासो न रथ्यो रारहाणाः।।
।।ऋग्वेद 1.148.3।।

यज्ञ का कर्त्ता अग्नि : जलों के बीच

इस अग्नि के कारण तीनों लोक और समूचा विश्व प्रकाशित होता है। यह पृथिवी में अग्नि पार्थिव रूप में, अन्तरिक्ष में विद्युत् के रूप में और द्युलोक के सूर्य रूप में है। यह यज्ञाग्नि देवों को बुलानेवाला है। यज्ञ का कर्त्ता अग्नि जलों के बीच रहता है। अर्थात् यज्ञ का कर्त्ता (शुभकर्म) हृदय के समुद्र (चित् तत्त्व) स्थित है।।ऋग्वेद 1.149.4।।

अभि द्विजन्मा त्री रोचनानि विश्वा रजांसि शुशुचानो अस्थात्।
होता याजिष्ठो अपां सधस्थे।।ऋग्वेद 1.149.4।।

शुभकर्म–यज्ञादि नहीं करनेवालों का कल्याण नहीं

जो अग्नि–परमेष्ठी को अपना स्वामी नहीं मानता, धनवान्–ऐश्वर्यवान् होने पर भी यागादि–शुभकर्म, सत्कर्म करके धनदान नहीं करता, देवों की स्तुति नहीं करता, ऐसे जनों का कल्याण नहीं होता। अर्थात् शुभकर्म से अन्तःकरण पवित्र एवं शुद्ध होकर उदारमना होता है।।ऋग्वेद 1.150.2।।

व्यनिनस्य धनिनः प्रहोषे चिदररुषः।
कदा चन प्रजिगतो अदेवयो।।ऋग्वेद 1.150.2।।

यज्ञ : निर्भीक होकर सत्य मार्ग पर चलें

वैदिक देव सम्राट, सत्य के पालक वरुण देवता एवं हितकारी मित्र देवता अत्यन्त बलवान् हैं। इन्हें यज्ञ की भूमि अत्यन्त प्रिय है। यह हमेशा सत्य के मार्ग से चलते हैं एवं सत्य की निर्भीकता से घोषणा करते हैं। सम्राट वरुण असत्य कर्म करनेवालों को दण्ड देते हैं। उनके गुप्तचर जगत् में प्रत्येक स्थान पर छाये हैं, वे मनुष्य के सत्य–असत्य कर्मों की सूचना प्रति पल सम्राट वरुण को देते हैं। ये दोनों देवता हितकारी काम ही करते हैं, क्योंकि हितकारी कामों से देवों का उपकार होता है। यहाँ उपदेश है कि "यज्ञादि सत्कर्म करनेवाला सदैव निर्भीक होकर सत्य के मार्ग पर चले एवं सत्य भाषण निर्भीक होकर करे।।4।।

जो ज्ञानी और यज्ञ करनेवाला स्तोता मित्र एवं वरुण को यज्ञ के द्वारा हवि प्रदान करता है, उसके यज्ञ में ये दोनों पधारते हैं। यज्ञ कर्त्ता द्वारा की जानेवाली स्तुतियों को बहुत ही ध्यान से सुनते हैं।।7।। यहाँ मन्त्रद्रष्टा ऋषि का संदेश है कि यज्ञ से ज्ञानी (उत्तम बुद्धि) बनते हैं।।ऋग्वेद 1.151.4, 7।।

प्र मा क्षितिरसुर या महि प्रिय ऋतावानावृतमा घोपथो बृहत्।
युवं दिवो बृहतो दक्षमाभुवं गां न धुर्युप युंजाथे अपः।।4।।
यो वा यज्ञैः शशमानो ह दाशति कविर्होता यजति मन्मसाधनः।
उपाह तं गच्छथो वीथो अध्वरमच्छा गिरः सुमतिं गन्तमस्मयू।।7।।
।।ऋग्वेद 1.151.4, 7।।

यज्ञ से सत्यज्ञान एवं ऐश्वर्य

जब हवि को देनेवाला मननशील मनुष्य यज्ञ में वरुण एवं मित्र को हवि देता है, तब सत्यशील वरुण यज्ञ कर्त्ता को गो (इन्द्रिय शक्ति, प्रकाश किरण– ज्ञान, वाक्, दिशा, आकाश–परमब्रह्मज्ञान, सूर्य–महाज्ञानी, चन्द्रमा–आनन्द, स्वर्ग, वज्र, हीरक, गाय, धरती, नक्षत्र, जलादि) प्रत्येक तरह का सुख प्रदान करता है। अर्थात् "यज्ञ का शुभकर्म करनेवाले के पास सद्ज्ञान से तृप्ति रहती है"।।3।।

सभी यज्ञशील मनुष्य ऐश्वर्यशाली (सर्वशक्तिमान, शक्ति, प्रभुत्व, आधिपत्य, देवत्व–ईश्वरत्व, अणिमादि सिद्धियाँ, सर्वव्यापकता, विभव, धन–सम्पति, सम्पदा के साथ वैराग्यादि) होकर देवों का यज्ञ करें। मित्र एवं वरुण समस्त मनुष्यों का हित एवं कल्याण करें, और उन्हें आनन्दित करें। अग्नि भी ऐश्वर्य प्रदान करे।।4।।ऋग्वेद 1.153.3, 4।।

पीपाय धेनुरदितिर्ऋताय जनाय मित्रावरुणा हविर्दे।
हिनोति यद् वां विदथे समर्यन् त्स रातहव्यो मानुषो न होता।।3।।
उत वां विक्षु मद्यास्वन्धो गाव आपंच पीपयन्त देवीः।
उतो नो अस्य पूर्व्यः पतिर्दन् वीतं पातं पयस उस्रियायाः।।4।।
।।ऋग्वेद 1.153.3, 4।।

सूर्य याग : उत्तम बुद्धि, सुख

यह विष्णु स्वरूप सूर्य जल को उत्पन्न करनेवाला है। सूर्य अपनी तेजस्वी किरणों से पृथिवी के महासागरीय जल को भाप बनाकर हरण करता है। प्रकारान्तर में भाप को मेघ–बादल रूप में बदल देता है। इसप्रकार मेघ वर्षा कर जल में बदल जाते हैं। इसी कारण सूर्य को जल उत्पन्न करनेवाला कहा है। क्योंकि सूर्य लोगों का हित करता है। अतः हवि से युक्त किया सूर्य याग भी प्रशंसनीय है। इसका तात्पर्य है कि लोकहित कार्य ही सुखदायक है।।1।।

हे स्तुति करनेवालो! यज्ञ के केन्द्र अत्यन्त प्राचीन विष्णु को जैसा जानते हो, उसी रीति से स्तुतियों से तृप्त करो (वेदानुसार ब्रह्माण्डव्यापिनी ऊर्जा शक्ति विष्णु ही यज्ञ है।)। इस यज्ञ रूपी विष्णु–सूर्य का पराक्रम, यश

जानते हुए वर्णन करो। व्यापक यज्ञ देव! आपकी महान् उत्तम बुद्धि हमें प्राप्त हो।।3।।ऋग्वेद 1.156.1, 3।।

भवा मित्रो न शेव्यो घृतासुतिर्विभूतद्युम्न एवया ए सप्रथाः।
अधा ते विष्णो विदुषा चिदर्ध्यः स्तोमो यज्ञश्च राध्यो हविष्मता।।1।।
तमु स्तोतारः पूर्व्यं यथा विद ऋतस्य गर्भं जनुषा पिपर्तन।
आस्य जानन्तो नाम चिद् विवक्तन महस्ते विष्णो सुमतिं भजामहे।
।।3।।ऋग्वेद 1.156.1, 3।।

यज्ञ भाग : उत्तम कर्म करनेवाले को

इन्द्र अपने अश्व जोड़कर, अश्विनौ अपने रथ तैयार करके यज्ञ में जाने को तत्पर हो गये हैं। ज्ञान–बुद्धि के बृहस्पति देव ने भी (ब्रह्मविद्या के) स्तोत्रों का पारायण शुरू कर दिया है। परन्तु "ऐसे देवों के पास वही जा सकते हैं, जो ज्ञानी, तेजस्वी और शक्तिशाली होते हैं। उत्तम कर्म करनेवाले ही यज्ञ के भाग को (शुभ फल) प्राप्त कर सकते हैं"।।ऋग्वेद 1.161.6।।

इन्द्रो हरि युयुजे अश्विना रथं बृहस्पतिर्विश्वरूपामुपाजत।
ऋभुर्विभ्वा वाजो देवाँ अगच्छत स्वपसो यज्ञीयं भागमैतन।।
।।ऋग्वेद 1.161.6।।

सप्त व्याहृति, सप्त लोक : सप्त यज्ञ, जीवनरूपी यज्ञ

एक साथ उत्पन्न होनेवाले सप्त तत्त्वों को एक से उत्पन्न कहते हैं। इनमें छह जुड़वा हैं, ये ऋषि हैं। ये देवों से उत्पन्न होने वाले हैं। "उनके यज्ञ उनके स्थानों में चल रहे हैं।" ये रूप से विभिन्न होने पर भी एक ही तत्त्व पर आश्रित होकर गति करते हैं।

यहाँ मन्त्रद्रष्टा ऋषि दीर्घतमा औचथ्यः विश्वे देवा विषय को पहेली में प्रस्तुत कर रहे हैं। उनका आशय है : "सृष्टि में भूः, भुवः, स्वः, महः, जनः, तपः एवं सत्य सप्त व्याहृति ही सप्त लोक हैं।" वैदिक देवों के शास्ता रुद्र के पुत्र प्रजापति से ये उत्पन्न होते हैं। उनमें भूः–भुवः, स्वः–महः, और जनः–तपः जुड़वां हैं। परन्तु "सत्य अकेला" है। ये सभी ऋषि हैं और देवों से उत्पन्न होनेवाले हैं। यह अभूतपूर्व है कि वेद में अग्नि की सप्त जिव्हाएँ हैं। सप्त व्याहृति हैं। सूर्य की सप्त किरण हैं। वायु के सप्त स्कन्ध हैं। सप्त रुद्र हैं। सप्त प्रजापति हैं। सप्त धातु हैं। सप्त वाणी हैं।

इनका अपनी–अपनी जगह यज्ञ चल रहा है। यद्यपि इनके रूप अलग–अलग हैं, पर ये सभी एक प्रजापति के आधार से रहते हैं। अधिभौतिक रूप से शरीर में आँख, नाक, कान और रसना सप्त इन्द्रियाँ हैं। इनमें आँख, नाक, कान दो–दो जुड़वाँ हैं और रसना अकेली है। ये शरीर में सप्त ऋषि हैं

: "सप्त ऋषयः प्रतिहिताः शरीरे।" ये देवों से उत्पन्न हुए हैं : सूर्य देव से आँख; अश्विनौ से नाक; दिशाओं से कान, और जल से रसना बनी है। "ये सभी इन्द्रिय रूपा ऋषि अपने–अपने स्थान पर जीवनरूपी यज्ञ कर रहे हैं। यद्यपि ये रूपों में पृथक–पृथक हैं, किन्तु सभी (प्रजापति–स्वरूप) एक ही आत्मा से इस शरीर में रह रहे हैं।।ऋग्वेद 1.164.15।।

साकंजानां सप्तथमाहुरेकजं पळिद् यमा ऋषयो देवजा इति।
तेषामिष्टानि विहितानि धामशः स्थात्रे रेजन्ते विकृतानि रूपशः।।5।।
।।ऋग्वेद 1.164.5।।

अमृत प्राप्ति

गायत्री के ऊपर गायत्री स्थित है। त्रैष्टुभ से त्रैष्टुभ की रचना हुई। जगती पर जगत्पद रखा गया है। जो इस ज्ञान को जानते हैं, वे अमृत को प्राप्त करते हैं। गायत्र से अर्क को नापा जाता है। अर्क से साम को नापा जाता है। दो पाद और चार पादोंवाले अक्षर से सप्त प्रकार की वाणी नापी जाती है।।ऋग्वेद 1.163.23, 24।।

इसका आशय है कि गायत्री भूमि है, उस पर अग्नि स्थापना की जाती है। तैत्तिरीय संहिता (2.2.5.5) में कहा है : "गायत्रोग्निः।" शतपथ ब्राह्मण में कहा है : "प्राणो वा अर्कः (10.4.1.23)।" "ऋक् एव अर्कः।" त्रैष्टुभ अन्तरिक्ष है। अन्तरिक्ष पर वायु की स्थापना की जाती है। जगत् द्यु है। जगत् पर आदित्य की स्थापना की जाती है। अग्नि भूमि का प्राण है, वायु अन्तरिक्ष का प्राण है और सूर्य द्युलोक का प्राण है। "इस विद्या को जाननेवाला ज्ञानी ही अमृत को प्राप्त कर सकता है।"

गायत्र अर्थात् उस परमेष्ठी प्राण से वैयक्तिक प्राण की रचना हुई। ऋचा से साम की रचना हुई : "या ऋक् तत् साम।" पादबद्ध व्यवस्थावाले मन्त्रों आदि की रचना हुई। स्तोत्र से वाणी की रचना हुई। परमेष्ठी वाणी से साधारण वाणी की रचना हुई। दो पाद अथवा चार पादवाले अक्षरों से सप्त प्रकार के छन्दों का निर्माण हुआ। उस परमेष्ठी से ही प्राणीमात्र के प्राण और वाणी का सृजन हुआ।।ऋग्वेद 1.165.23, 24।।

यद् गायत्रे अधिक गायत्रमाहितं त्रैष्टुभाद् वा त्रैष्टुभं निरतक्षत।
द् वा जगज्जगत्याहितं पदं य इत् तद् विदुस्ते अमृतत्वमानशुः।।23।।
गायत्रेण प्रति मिमीते अर्कमर्केण साम त्रैष्टुभेन वाकम्।
वाकेन वाकं द्विपदा चतुष्पदा ऽक्षरेण मिमते सप्त वाणीः।।24।।
।।ऋग्वेद 1.164.23, 24।।

आत्मा अविनाशी : सतत घूमती रहती

यह "अविनाशी आत्मा सतत घूमती रहती है।" आत्मा का स्वभाव एक शरीर को छोड़कर दूसरे में जाना है। प्राण का आधार आत्मा है। आत्मा जब शरीर से निकल जाती है, तब यह शरीर गृह में ही खम्बे के समान निश्चल पड़ा रहता है। आत्मा शरीर के साथ रहती है। अतः यह शरीर मरणशील है और आत्मा अविनाशी है। शरीर इस आत्मा के आश्रित रहता है, वहीं आत्मा किसी दूसरे पर आश्रित नहीं रहती है। अविनाशी आत्मा अपनी ही शक्तियों से युक्त होकर सर्वत्र घूमती रहती है।।ऋग्वेद 1.164.30।।

अनच्छये तुरगातु जीवमेजद् ध्रुवं मध्य आ पस्त्यानाम्।
जीवो मृतस्य चरति स्वधामिरमर्त्यो मर्त्येना सयोनिः।।30।।
।।ऋग्वेद 1.164.30।।

यह वेदविद स्पष्ट कर सकते हैं कि अविनाशी आत्मा और एक शरीरगृह से दूसरे शरीरगृह के आधार पर पुनर्जन्म की अवधारणा कब, कैसे विकसित हुई? वेदोत्तर काल में इसी वैदिक आधार पर पुनर्जन्म की परिकल्पना–सिद्धान्त गढ़ा गया।

परमेष्ठी परमपुरुष–अश्व

यह संसार का केन्द्र, वेदी पृथिवी का अन्तिम छोर

यह (यज्ञ) वेदी पृथिवी का अन्तिम छोर है। यह यज्ञ संसार का केन्द्र है। यह सोम सर्वशक्तिमान् का रेतस् है। यह ब्रह्मा वाणी का परम उत्पत्ति स्थान है।

इसका आशय है कि यह "वेदी (योनि) अर्थात् प्रसवस्थान ही मातृत्व की पराकाष्ठा है। पृथिवी माता का प्रतीक है और वेदी पराकाष्ठा है।" यह स्मरण रहे मातृत्व से बढ़कर और कोई तत्त्व नहीं है। माता (प्रसव कर्त्ता) सर्वोच्च होती है। इसलिये मातृत्व (नव सृजन, रचना) अन्तिम पराकाष्ठा है। "नरनारी संयोगरूपी यज्ञ ही इस संसार का केन्द्र है।" यदि नरनारी संयोगरूपी यज्ञ निरन्तर नहीं हो, तो संसार का उच्छेद हो जाए। "सोम अर्थात् सन्तान ही बलवान् एवं शक्तिशाली पुरुष का रेतस् है। जब तक नवसर्जन–सन्तान नहीं हो, तब तक रेतस् की सार्थकता नहीं होती।" किसी पुरुष के रेतस् के बलवान् होने का प्रमाण उसकी सन्तान है। निर्बल वीर्य से सन्तान नहीं होती है।

आत्मा ही वाणी का उत्पत्ति स्थान है। आत्मा कुछ अभिप्राय प्रयुक्त करने की इच्छा से इन्द्रियों के साथ संयुक्त होकर वाणी उत्पन्न करती है।।ऋग्वेद 1.164.35।।

इयं वेदिः परो अन्तः पृथिव्या अयं यज्ञो भुवनस्य नाभिः।
अयं सोमो वृष्णो अश्वस्य रेतो ब्रह्मायं वाचः परमं व्योम।।
।।ऋग्वेद 1.164.35।।

इस "ऋचा में (परम) पुरुष को अश्व की संज्ञा" दी गई है। द्वि पाद और चतुष्पाद पशुओं में एक मात्र पूर्ण–परम पुरुष अश्व मात्र है, शेष अर्धनारीश्वर हैं। इसकी व्याख्या अश्व खण्ड में की गई है।

विशाल मन वाले का यज्ञ : प्रार्थना स्वीकार

सदैव तरुण रहनेवाले ये रुद्र पुत्र मरुत् किसके स्तोत्रों का सेवन करते हैं? इन मरुतों को कौन यज्ञ की ओर मोड़ता है? दिव्य श्येन पक्षी के समान अन्तरिक्ष में विचरण करनेवाले मरुतों को किस विशाल मन से प्रसन्न करें? इस ऋचा का अध्यात्मिक अर्थ है कि सदा तरुण रहनेवाले ये मरुत् विशाल मन वाले के यज्ञ में पधारकर उसके स्तोत्र सुनते हैं। अर्थात् यज्ञ कर्त्ता का विशाल मन (सद्गुण सम्पन्न उदारमना) हो। वे विशालमना की प्रार्थना सुनते हैं। जो संकुचित मनोवृत्तिवाला है, उसकी प्रार्थना कोई भी (देवता) नहीं सुनता है।।ऋग्वेद 1.165.2।।

कस्य ब्रह्माणि जुजुषुर्युवानः को अध्वरे मरुत आ ववर्त।
श्येनाँ इव ध्रजतो अन्तरिक्षे केन महा मनसा रीरमाम।।2।।
।।ऋग्वेद 1.165.2।।

मनुष्य जो चाहे, उद्योग करके प्राप्त करे

ऋग्वेद में सिंहगर्जना की गई है कि "मनुष्य अपना मनवांछित भाग्य लिख सकता है, शुभ कर्मों से। यानी हम स्वयं शुभकर्मों–सत्कर्मों (यज्ञ) से अपना भाग्य लिख सकते हैं।" प्रकारान्तर में योगवासिष्ठ में वैदिक ऋषि वसिष्ठ ने इसकी पुनरुक्ति की : "अपना भाग्य स्वयं लिखें, शुभ कर्मों से।"

इस ऋचा में इसी विचार को प्रस्तुत किया गया है। "यत् वशाम, क्रत्वा– जो कुछ भी मनुष्य चाहे, उद्योग अथवा उद्यम करके उसे प्राप्त कर ले।" हे महाबलवान् इन्द्र! आपने हमारे उपयोगी और अपने सदृश बलों से युक्त होकर अनेक कार्य किये हैं। हे बलवान् इन्द्र! हमनें भी बहुत से वीरता के कार्य किये हैं। "हम मरुत्गण जो कुछ भी चाहते हैं, उद्योगों से प्राप्त कर लेते हैं।" इसका उपदेश है कि मनुष्य जो कुछ भी पाना चाहे, उसके लिए उद्योग करे। बिना उद्योग के कुछ भी पाना कठिन है।।ऋग्वेद 1.165.7।।

भूरि चकर्थ युज्येभिरस्मे समानेभिर्वृषभ पौंस्येभिः।
भूरीणि हि कृणवामा शविष्ठेन्द्र क्रत्वा मरुतो यद् वशाम।।
।।ऋग्वेद 1.165.7।।

यज्ञ सुबुद्धि वृद्धि कारक; यज्ञ से शुभइच्छा

वीर मरुत् सभी को आश्रय देनेवाले, शत्रुओं का सम्पूर्ण विनाश करनेहारे, युद्ध स्थल में अत्यन्त सराहनीय आदि हैं। मरुत्गण का धन कोई छीन नहीं सकता है। मरुत् यज्ञस्थल में देवताओं के समान पूज्य हैं और देवों की भाँति यज्ञ में सोमपान करते हैं। क्योंकि मरुत्गण ही वीरों के प्रथम श्रेणी में परिगणनीय बल एवं पुरुषार्थ जानते हैं। यहाँ वीर मरुत् गणों से प्रार्थना की गई है कि वे अपने शुभ अन्तःकरण से हमारी सुबुद्धि की वृद्धि करें।।7।। अर्थात् यज्ञ में पधारे रुद्रपुत्र मरुत्गण शुभ अन्तःकरण वाले हैं और यज्ञ में सुबुद्धि वृद्धि कारक हैं।

हे वेगवान् वीर मरुतों! जिस प्रकार आपके ऐश्वर्य के सहयोग से हम बड़े–बड़े कार्य करते हैं, जिससे सभी लोग संग्रामों में चतुर्दिक् फैल जाते हैं – विजयी हो जाते हैं। आपकी उस "शुभ इच्छा को हम यज्ञकर्मों से प्राप्त करें।" हमारी यही कामना है कि, वर्तमान में आरम्भ कर्मों में आपकी शुभइच्छा (सहायता) पूर्ववत प्राप्त हो।।14।।ऋग्वेद 1.166.7, 14।।

प्र स्कम्भदेष्णा अनवभ्रराधो ऽलातृणासो विदथेषु सृष्टुताः।
अर्चन्त्यर्कं मदिरस्य पीतये विदुर्वीरस्य प्रथमानि पौंस्या।।7।।
ये दीर्घं मरुतः शूशवाम युष्माकेन परीणसा तुरासः।
आ यत् ततनन वृजन जनास एभिर्यज्ञेभिस्तदभीष्टिमश्याम्।।14।।
।।ऋग्वेद 1.166.7, 14।।

यज्ञ : धर्मपत्नी सन्मार्ग में प्रस्थापित

हे शूर एवं वीर मरुतों! यज्ञ में हविष्यान्न और सोमरस प्रस्तुत है। यज्ञों में उपासक स्तोत्र का पाठ–गायन करता है। उस समय सदैव तरुण वीर "मरुत्गण यज्ञ कर्त्ता की धर्मपत्नी को अच्छे मार्गों में, यज्ञ में प्रस्थापित करते हैं।"

अर्थात् जब यज्ञ कर्त्ता उपासक वीर मरुतों की प्रशंसा करते हैं, तब "वीरों की धर्मपत्नी सन्मार्ग पर चलती हुई अपने पति के यश में वृद्धि करती है"।।ऋग्वेद 1.167.6।। अर्थात् यज्ञ एवं सन्मार्ग का अन्तर्सम्बन्ध है।

आस्थापयन्त युवतिं युवानः शुभे निमिश्ला विदथेसु पज्राम्।
अर्को यद् वो मरुतो हविष्यमान् गायद् गाथं सुतसोमो दुवस्यन्।।6।।
।।ऋग्वेद 1.167.6।।

यज्ञ : मन का समभाव; शुभ कार्य

यज्ञायज्ञा – प्रत्येक कर्म में आपका मन का समभाव सेवा करने में त्वरा करनेवाला है। आप अपना हर विचार दैवी सामर्थ्य पाने की इच्छा से ही

धारणा करते हो। हम आपको आकाश एवं पृथिवी की सुस्थिति के लिये और सबके रक्षण के लिये आमन्त्रित करते हैं।

मन्त्रद्रष्टा कवि अगस्त्यो मैत्रावरुणिः का गूढ़ संदेश है कि वीरों के "मन का समभाव (संतुलित दशा) ही उन्हें शुभ कर्मों–यज्ञादि में प्रेरित करता है।" उनका विचार होता है कि "दैवी शक्ति को प्राप्त कर समस्त जन की सुस्थिति एवं सुरक्षा के लिए उसका उपयोग करना ही सार्थक है।" इसीलिए ऐसे महान् वीरों को अपने अनुकूल बनाना चाहिए।।ऋग्वेद 1.168.1।।

यज्ञायज्ञा वः समना तुतुर्वणिर्धियंधियं वो देवया उ दधिध्वे।
आ वोऽर्वाचः सुविताय रोदस्योर्महे ववृत्यामवसे सुवृक्तिभिः।।
।।ऋग्वेद 1.168.1।।

मरुत्–इन्द्र यज्ञ प्रेरक

पराक्रमी इन्द्र के पास ऐसा धन है, जो यजमानों को सन्तुष्ट करके उन्हें यज्ञकर्म में प्रेरित करता है। इसी शृंखला में रुद्रपुत्र मरुत् भी यज्ञ के प्रेरक हैं। क्योंकि वे सदैव यज्ञ में जाकर यजमानों को सुखी करते हैं।।ऋग्वेद 1.169.5।।

त्वे राय इन्द्र तोशतमाः प्रणेतारः कस्य चिदृतायोः।
ते षु णो मरुतो मृळयन्तु ये स्मा पुरा गातूयन्तीव देवाः।।
।।ऋग्वेद 1.169.5।।

यज्ञ अमरता को जगानेवाला

मन्त्रद्रष्टा ऋषि अगस्त्यो वा ने इन्द्र देवता के सूक्त में अभूतपूर्व घोषणा की है कि, "श्रद्धा, विश्वास, आस्था, भावना, भक्ति एवं सद्कामना (निष्काम) से किये जानेवाला यज्ञकर्म (शुभकर्म) अमरता को प्रदान करता है।" जैसे असुरराज बलि वामन रूपा विष्णु को तीन पद भूमि दान में त्रिलोक दान कर अमर हो जाए। असुरराज बलि द्वारा सर्वस्व दान ने उन्हें चिरंजीवी कर दिया। महर्षि दधीचि इन्द्र के वज्र निर्माणार्थ शरीर की अस्थि दान कर अमर हुए।

जिस यज्ञ में अग्नि को प्रज्ज्वलित करके उसमें समर्पण, श्रद्धा, आस्था, विश्वास, भक्ति आदि पूर्वक आहुति दी जाती है, ऐसा "श्रद्धा एवं समस्त आत्मत्याग से किया जानेवाला यज्ञ अमरता को देने वाला होता है"।।4।।

हे इन्द्र! हम यज्ञकर्म (शुभकर्म, सत्कर्म, सर्वस्व आत्मसमर्पण) करते हैं। आप यज्ञीय हवि ग्रहण करने का अनुग्रह करो। यज्ञाग्नि में ऋतु अनुसार

वनोषधि–सामग्री डालकर यज्ञ करना चाहिए। उससे परमेष्ठी अनेक प्रकार के ऐश्वर्य प्रदान करता है।।5।।ऋग्वेद 1.170.4, 5।।

अरं कृण्वन्त वेदि समग्निमिन्धतां पुरः।
तत्रामृतस्य चेतन यज्ञं ते तनवावहै।।4।।
त्वमीशिषे वसुपते वसूनां त्वं मित्राणां मित्रपते धेष्ठः।
इन्द्र त्वं मरुद्भिः सं वदस्वाध प्राशान ऋतुथा हवींषि।।5।।
।।ऋग्वेद 1.170.4, 5।।

मन्त्रद्रष्टा ऋषिवर का यह भी उपदेश है कि "ऋतुकाल के अनुसार हवन सामग्री होनी चाहिये।"

यज्ञ : कामधेनु प्रस्तुत; बलयुक्त करनेवाला

जब इच्छा पूर्ण करनेवाली एवं नहीं दबनेवाली गो (कामदुघा–कामधेनु) यज्ञ में विराजमान दिव्य इन्द्र अर्थात् परमेष्ठी की सेवा करती है। उस समय परमेष्ठी के निमित्त उत्साहवर्धक साम गाया जाता है। अर्थात् यज्ञ में परमेष्ठी के लिए दूध घृतादि पदार्थ दिये जाते हैं। साम गान सुखदायी और उन्नतिकारक है।।1।।

जब इन्द्र हवि चाहता है, तब ऋत्विज् गण उसे हवि दिया करते हैं। यह हवि स्वयं भी बल युक्त होकर यज्ञ कर्त्ता को भी बल से युक्त करती है।।2।।

गायत साम नभन्यं1 यथा वेरर्चाम तद् वावृधानं स्वर्वत्।
गावो धेनवो बहिष्यदब्धा आ यत् सद्मानं दिव्यं विवासान्।।1।।
अर्चद् वृषा वृषभिः स्वेदुहव्यैर्मृगो नाश्नो अति यज्जुगुर्यात्।
प्र मन्दयुर्मना गूर्त होता भरते मर्यो मिथुना यजत्रः।।2।।
।।ऋग्वेद 1.173.1, 2।।

यज्ञ वर्षा सम्बन्ध

यज्ञ : पृथिवी गर्भ एवं शरद् ऋतु पुष्ट कर्त्ता

वह दाता इन्द्र निश्चित ही यज्ञगृह की ओर जाने पर हविर्भाग ग्रहण करता है। वह पृथिवी के गर्भ एवं शरद् ऋतु को पुष्ट करता है। अध्यात्मिक रूप से इस ऋचा में इन्द्र वर्षा कर्त्ता देवता है। "यज्ञ से वृष्टि होने से पृथिवी के गर्भ में जल भर जाता है। उससे शरद् ऋतु आती है।" मन्त्रद्रष्टा ऋषि अगस्त्यो मैत्रावरुणि इस ऋचा में "यज्ञ एवं वर्षा के सम्बन्ध" को पुनः उद्घाटित कर रहे हैं। इन्द्र को यज्ञ की तरफ ले जानेवाला घोड़ा प्रेम से शब्द करता है। वर्षा में अश्व रूपी मेघ गड़गड़ाहट करते हैं। मेघों के शब्द

करने से गोवंश रंभाता है। वह स्तुति को ग्रहण करता है। वह (इन्द्र) दोनों लोकों के बीच दूत की तरह घूमता है।।ऋग्वेद 1.173.3।।

नक्षद्धोता परि सद्म मिता यन भरद् गर्भदा शरदः पृथिव्याः।
क्रन्ददश्वो नयमानो रुवद् गौरन्तर्दूतो न रोदसी चरद् वाक्।।3।।
।।ऋग्वेद 1.173.3।।

यज्ञ : कुटिलता, कपट से कष्ट

प्रत्येक यज्ञ दैवी शक्ति में वृद्धि करता है। यज्ञ में कुटिलता–कपट पूर्ण कर्म से इन्द्र–दैवी शक्ति दूर चला जाता है। अर्थात् "यज्ञ में कपट–कुटिलता रुचिकर नहीं है, वह कालान्तर में लम्बे जीवन में कष्ट देनेवाला है।" जैसे तीर्थ में समीप जल एवं गृह प्यासे को प्रसन्न करता है, वैसे ही यज्ञ इन्द्र को प्रसन्न करता है। लम्बा एवं काँटों भरा मार्ग कष्ट पहुँचाता है, "उसी तरह कुटिल यज्ञ का कुटिल फल करता है।" इसके विपरीत "सत्य यज्ञ मनुष्य के लिए आनन्दकारक होता है"।।ऋग्वेद 1.173.11।।

यज्ञो हि ष्मेन्द्रं कश्चिदृन्धंजुहुराणश्चिन्मनसा परियन्।
तीर्थे नाच्छा तातृषाणमीको दीर्घो न सिध्रमा कृणोत्यध्वा।।11।।
।।ऋग्वेद 1.173.11।।

यज्ञ : सज्जनों की रक्षा दैवी शक्ति द्वारा

हे इन्द्र! आप अपने अश्वों पर यज्ञ में पधारने का अनुग्रह करो। आपके अश्व वायुवेग के समान दौड़ते हैं। आप कुत्स के युद्ध में पहुँच कर शत्रुओं पर टूट पड़ें। तेजस्वी सूर्य कुत्स के युद्ध में अपना प्रलंयकर चक्र चलायें। इन्द्र का वज्र शत्रुओं का संहार करे। यहाँ "कु–त्स" का अर्थ "बुराई को दूर करनेवाला एवं सज्जनों की रक्षा करना है और उसे ही हर प्रकार की सहायता प्रदान करना है।" यहाँ उपदेश है कि यज्ञ (सद्कर्म, संगठन, देवपूजा) करनेवाले सज्जनों की रक्षा दैवी शक्ति स्वयं करती है।।ऋग्वेद 1. 174.5।।

वह कुत्समिन्द्र यस्मिंचाकन् त्स्यूमन्यू ऋज्रा वातस्याश्वा।
प्र सूरश्चक्रं बृहतादभीके ऽभि स्पृधो यासिषद् वज्रबाहुः।।5।।
।।ऋग्वेद 1.174.5।।

यज्ञ से आनन्द धन

जो इन्द्र (परमेष्ठी) के लिये यज्ञ नहीं करता, अर्थात् आनन्द नहीं करता, वह परमेष्ठी के आनन्द धन का भागी नहीं है। परमेष्ठी यज्ञ–शुभकर्म, सत्कार्य नहीं करनेवाले को मारता है और उसका धन यज्ञकर्त्ता को देता है।

इसका आशय है कि यज्ञरूपी सद्कर्म कर्त्ता ही परमात्मा के आनन्द धन का भागी है। दुष्कर्म करनेवाला नष्ट हो जाता है।।ऋग्वेद 1.176.4।।

असुन्वन्त समं जहि दूणाशं यो न ते मयः।
अम्मभ्यमस्य वेदन दद्धि सूरिश्चिदाहते।।ऋग्वेद 1.176.4।।

यज्ञ से रक्षा

स्तोत्र पढ़े जाने के समय सदैव विद्यमान रहते हुए सोम ने दो प्रकार के यज्ञ करनेवाले यजमानों की रक्षा की। उसी प्रकार हे सोम! आपने युद्ध में इन्द्र का रक्षण किया। दिव्य सोमपान से इन्द्र का उत्साह और शक्ति बढ़ी एवं उससे इन्द्र विजयी हुआ। मन्त्रद्रष्टा ऋषि का उपदेश है कि यज्ञ में वनोषधियों के मन्त्रों सहित समर्पण से दैवी शक्ति रक्षा करती है। यज्ञ–शुभकर्म करने से अदृश्य दैवी शक्ति स्वयं सहायता करती है।।ऋग्वेद 1.176.5।।

आवो यम्य द्विबर्हसो ऽर्केषु सानुषगसत्।
आजाविन्द्रम्येन्दो प्रावो वाजेषु वाजिनम्।।ऋग्वेद 1.176.5।।

यज्ञ से उत्तम अन्न, प्रत्येक पदार्थ : परमब्रह्म से सखा भाव

हे इन्द्र! यह देवों को प्राप्त होनेवाला यज्ञ है। यह गोरस और सोमरस आपके लिये है। आपके लिये कुश का विशाल आसन बिछाया गया है। आप इस पर विराजमान होकर ऋचा पाठ और सोमरस का आनन्द लें।।4।। इन्द्र स्तुति स्थान पर प्रगट होकर स्तोताओं को धन–विद्यादि देता है। साथ ही अन्न, बल और विजयशील दान भी प्रदान करता है।।5।।ऋग्वेद 1.177.45।।

अयं यज्ञो देवया अयं मियेध इमा ब्रह्माण्ययमिन्द्र सोमः।
स्तीर्णं बर्हिश तु शक्र प्र याहि पिबा निषद्य वि मुचा हरी इह।।4।।
ओ सुष्टुत इन्द्र याह्यर्वाङु.प ब्रह्माणि मान्यस्य कारोः।
विद्याम वस्तोरवसा गृणन्तो विद्यामेषं वृजनं जीरदानुम्।।5।।
।।ऋग्वेद 1.177.4, 5।।

हमारी उंगलियों ने जिस यज्ञ कर्म को शुरू किया है, राजा इन्द्र उसे बीच में नष्ट नहीं कर दे। हम परमेष्ठी को यज्ञ में सभी पदार्थ समर्पित करते हैं। अतः वह प्रसन्न होकर "हमें मित्रता और उत्तम धन प्रदान करे।" अर्थात् "शुभकर्म–यज्ञकर्म से परमब्रह्म से मित्रता–सखा भाव की प्राप्ति होती है।"

न घा राजेन्द्र आ दभन्नो या नु स्वसारा कृणवन्त योनो।
आपश्चिदस्मै सुतुका अवेषन् गमन्न इन्द्रः सख्या वयश्च।।2।।
।।ऋग्वेद 1.178.2।।

धन सम्पदा यज्ञकर्म को समर्पित करें!

यज्ञ : चरम भौतिकतावादी विरुद्ध

हे बलवान् अनिन्दनीय अश्विदेवों! हम सत्यनिष्ठ अन्तःकरण से आपकी प्रशंसा–स्तुति करते हैं। परन्तु "धनसंग्रह करनेवाला वैश्य–चरम भौतिकता की चकाचौंध में भ्रमित होकर यज्ञ (शुभकर्मादि) के विरुद्ध हो रहा है।" आप तो यज्ञकर्त्ता के पास पधारते हो। वहाँ देवों के दिव्य सोमरस का पान करते हो। अर्थात् "अश्विनौ देव यज्ञ नहीं करनेवाला धनाढ्य पर कृपा नहीं करते हैं। जो धनपति धन का सदुपयोग–सामाजिक सरोकार, लोककल्याण, अन्तिम व्यक्ति के अभ्युदय, लोकसंग्रह, ब्रह्मज्ञान प्रसार आदि यज्ञकर्म में नहीं करता, उसका कोई उपयोग नहीं है। अतः धन सम्पदा का यज्ञ में समर्पण करना चाहिये"।।7।।

वयं चिद्धि वां जरितारः सत्या विपन्यामहे वि पणिर्हितावान्।
अधः चिद्धि ष्माश्विनावनिन्द्या पाथो हि ष्मा वृषणावान्तिदेवम्।।
।।ऋग्वेद 1.180.7।।

यज्ञ : वनस्पति पोषक, रोग दोष निवारक

हे अश्विनौ देवों! आप दोष रहित और भली भाँति प्रशंसित हो। आप दोनों में से एक "जविष्णु"–जयशील, सदैव विजयी होनेवाला है और दूसरा "यज्ञ प्रेरक" एवं अच्छे ऐश्वर्यवाला है।।4।। अश्विन देव दो हैं। अश्विनौ देवताओं के चिकित्सक–उपचारक महावैद्य हैं। एक का रथ सुनहरा है। यह सुनहरा रथ दिशा–उपदिशाओं के यज्ञ स्थान में जाता है। दूसरे रथ के घोड़े बिलोड़ने से उत्पन्न अन्नों–घृतादि का साथ लेकर सबको पुष्ट करते हुए चलते है। अर्थात् यज्ञ में पधारनेवाले अश्विनौ रोग दोष निवारक एवं अन्नादि पोषक हैं।।5।। ऋग्वेद 1.181.4, 5।।

इहेह जाता समवावशीतामरेपसा तन्वा3 नामभिः स्वैः।
जिष्णुर्वामन्यः सुमखस्य सुरिर्दिवो अन्यः सुभगः पुत्र उहे।।4।।
प्र वां निचेरुः ककुहो वशा अनु पिशंगरूपः सदनानि गम्याः।
हरी अन्यस्य पीपयन्त वाजैर्मथ्रा रजांस्यश्विना वि घोषैः।।5।।
।।ऋग्वेद 1.181.4, 5।।

यज्ञ : सुबुद्धि

हे मननशील विद्वानों! हमें यह ज्ञान हुआ है कि देवौ के महावैद्य अश्विदेवों का सुदृढ़ रथ हमारे यज्ञस्थल के समीप आ पहुँचा है। उसे देखकर आनन्दित होओ और भली भाँति अलंकृत बनो। वे दोनों अश्विदेव शुद्ध कर्म करनेवाले, विश्पला की सहायता करनेवाले, "अच्छे कर्म करनेवाले को शुभमति

(सुबुद्धि) देनेवाले'' एवं प्रशंसनीय हैं। ये द्युलोक को आधार देनेवाले भी हैं। मन्त्रद्रष्टा ऋषिवर का आशय है कि ''बड़ा'' उसको कहते हैं : ''जो उत्तम कर्म करता है, निर्बल–अनाथ–दरिद्र–असहाय की सहायता करता है, सबको आधार देता है और सद्बुद्धि देता है''।।ऋग्वेद 1.182.1।।

अभूदिदं वयुनमो पु भूषता रथो वृषण्वान् मदता मनीषिणः।
धियं जिन्वा धिष्ण्या विश्पलावसू दिवो नपाता सुकृते शुचिव्रता।।1।।
।।ऋग्वेद 1.182.1।।

यज्ञ से अन्न, बल, धन प्राप्ति

हे अश्विदेवों! हम हविष्यान्न साथ लेकर यज्ञ करते हैं। आपसे प्रार्थना है कि इससे हमें अतिशीघ्र अन्न, बल एवं धन प्राप्त हो।।ऋग्वेद 1.181.9।।

युवां पूषेवाश्विना पुरंधिरग्निमुषां न जरते हविष्मान्।
हुवे यद् वां वरिवस्या गृणानो विद्यामेषं वृजनं जीरदानुम्।।9।।
।।ऋग्वेद 1.181.9।।

यज्ञ से आनन्द युक्त

हे शत्रुविनाशकर्त्ता अश्विदेवो! आप दोनों स्तुति योग्य हो। आप इन्द्र एवं मरुतों के शुभगुणों को धारण करते हो। आप अत्यन्त कार्यशील हो। आप उत्तम रथियों में भी श्रेष्ठ हो। आप सदैव शुभ कार्य में तत्पर रहते हो। आप रथ पर मधु के घड़े भरकर रखते हो। मधु का अर्थ है : मन्यत इति मधु। मन् + उ नस्य धः। अर्थात् आनन्द युक्त, सुखद, रूचिकर, पुष्परस, मिठास, शहद, अशोक वृक्ष, मीठा मादक पेय, पवित्रम्, प्राणिनां शुभाशुभकर्म्मणि, मधु क्षरन्ति, सिन्धव, त्रपुणि च आदि। आप ''यज्ञ कर्त्ता के समीप पहुँच कर आनन्दयुक्तता प्रदान करते हो।।2।।ऋग्वेद 1.182.2।। भृगु ऋषि ने मधुविद्या प्राप्त की। मधुविद्या से सूर्यविद्या का ज्ञान होता है।

इन्द्रतमा हि धिष्ण्या मुरुत्तमा दस्रा दंसिष्ठा रथ्या स्थीतमा।
पूर्णं रथं वहेथे मध्व आचितं तेन दाश्वांसमुप याथो अश्विना।।2।।
।।ऋग्वेद 1.182.2।।

यज्ञ से विजय धन, बल एवं अन्न

हे सत्य के पालक अश्विदेवो! इस यज्ञ में स्तोता गणों से गाये स्तोत्रों से प्रसन्न हो जाओ और यज्ञ से हमें विजय देनेवाला धन, बल एवं अन्न प्राप्त हो।।ऋग्वेद 1.182.8।।

तद् वां नरा नासत्यावनु ष्याट् यद् वा मानास उचथमवोचन्।
अस्मादद्य सदसः सोम्यादा विद्यामेषं वृजनं जीरदानुम्।।8।।

अश्विनौ : परिवारजनों को यज्ञ की प्रेरणा; यज्ञ से रक्षा

हे अश्विदेवो! आप हमेशा सत्कर्म (यज्ञ) में (जाने को) तत्पर रहते हो। आप यज्ञ के लिए अपने सुन्दर रथ पर सवार होते हो। वह रथ सीधा यज्ञ स्थल पर जाता है। यह स्मरण रहे कि आप भाग्य के देवता भग की भगिनी–उषा के साथ प्रातःकाल ही रथ पर विराजमान होते हो। आप स्तुति पाठ से आनन्दित होते हो।।2।। हे सत्य के पालक अश्विदेवों! हविर्द्रव्यों से भरपूर आपका रथ आप दोनों को अपने कार्य करने के लिये ले जाता है। आप "यज्ञ कर्त्ता और परिवारजनों (बाल बच्चों) को यज्ञ की प्रेरणा करने के लिये यज्ञस्थान के प्रति पधारने का अनुग्रह करो।।3।।

हे शत्रुविनाशक सत्य के पालक अश्विदेवो! यह हविर्भाग एवं स्तुति आपके लिये है। ये मधु के पात्र आपको समर्पित हैं (यहाँ मधु का अर्थ मिष्ठान्न)। आप कृपा कर हमें नहीं छोड़ें। साथ ही दूसरे के यहाँ नहीं जाओ। आपकी कृपा से हिंसक वन्य जीव (वृकियाँ–भेड़िया) हमें आक्रान्त नहीं करे (अर्थात् आप रक्षा करें)।।4।। हे सत्य के पालक अश्विनौ! गोतम, अत्रि एवं पुरुमीढ ऋषिगण हवि लेकर आपसे रक्षा की प्रार्थना करते हैं। सरल मार्ग से जानेवाला इष्ट स्थान को सहज पहुँचता है। उसी तरह आप हमारी प्रार्थना सुनकर सरल मार्ग से हमारे पास पधारने का अनुग्रह करें। सरल मार्ग से चलकर और निर्विघ्न इष्ट स्थान को पहुँचे।।5।।

सुवृद् रथो वर्तते यन्नभि क्षां यत् तिष्ठथः क्रतुमन्तानु पृक्षे।
व पुर्वपुष्पा सचतामियं गीर्दिवो दुहित्रोषसा सचेथे।।2।।
आ तिष्ठतं सुवृतं यो रथो वामनु व्रतानि वर्तते हविष्मान्।
येन नरा नासत्येषयध्यै वर्तिर्याथस्तनयाय त्मने च।।3।।
मा वां वृको मा वकीरा दधर्षीन्मा परि वर्क्तमुत मातिं धक्तम्।
अयं वां भागो निहित इय गीर्दस्राविमे वां निधयो मधूनाम्।।4।।
युवां गोतमः पुरुमीळहो अत्रिर्दस्रा हवतेऽवसे हविष्मान्।
दिशं न दिष्टामृजूयेव यन्ता से हवं नासत्योप यातम्।।5।।

।।ऋग्वेद 1.183.2, 3, 4, 5।।

यज्ञ : द्यावापृथिवी पाप से रक्षा

हम सुन्दर रूप वाले विशालतम विस्तृत और अनन्त विस्तृत द्यावापृथिवी को यज्ञ में बुलाते हैं। यदि हमने देवों के प्रति कोई पाप किया हो, मित्र के प्रति पाप किया हो अथवा इन समस्त पदार्थों के स्वामी परमेष्ठी के प्रति प्रमादवश पाप किया हो, तो उन समस्त पापों को नष्ट करने के लिये

हमारी बुद्धि समर्थ हो। यज्ञ में आमन्त्रित एवं विराजमान द्यावापृथिवी भी हमारी पाप से रक्षा करे।।ऋग्वेद 1.185.7, 8।।

उर्वी पृथिवी बहुले दुरेअन्ते उप ब्रुवे नमसा यज्ञे अस्मिन्।
दधाते ये सुभगे सुप्रतूर्ती द्यावा रक्षतं पृथिवी नो अभ्वात्।।7।।
देवान वा यच्चकृमा कच्चिदागः सखायं वा सदमिज्जास्पतिं वा।
इयं धीभूर्या अवयानमेषां द्यावा रक्षतं पृथिवी नो अभ्वात्।।8।।
।।ऋग्वेद 1.185.7, 8।।

द्यावापृथिवी : यज्ञ में श्रेष्ठ फल

द्यावापृथिवी के लिये यज्ञ में हम जो स्तुति करते हैं, वह कभी व्यर्थ नहीं हो। अर्थात् यज्ञीय स्तुति का श्रेष्ठ फल हमें अवश्य मिले और दोनों हमारी स्तुतियों से प्रसन्न होकर (माता–पिता की भाँति) हमारी रक्षा करें। हम भी सुरक्षित होकर अन्न, बल आदि प्राप्त करें।।ऋग्वेद 1.185.11।।

इदं द्यावापृथिवी सत्यमस्तु पितर्मातर्यदिहोपब्रुवे वाम्।
भूतं देवानामवमे अवोभिर्विद्यामेषं वृजनं जीरदानुम्।।ऋग्वेद 1.185.11।।

सविता, वरुण : यज्ञ से विश्व में आनन्द!

समस्त लोकों का कल्याण करनेवाले सविता देव हमारी स्तुति से प्रसन्न होकर हमारे यज्ञ में अन्न युक्त होकर पधारने का अनुग्रह करें। यह स्मरण रहे कि सविता देवता सर्व प्रसविता एवं सर्वप्रेरक हैं। सविता देवता आदि सूर्य हैं। सभी देव तरुण हैं, वे कभी वृद्ध नहीं होते। वे सभी देवता यज्ञ में पधारकर अपनी दैवी कृपा से हमें और सम्पूर्ण विश्व को आनन्दित करें।।ऋग्वेद 1.186.1।।

आ न इळाभिर्विदथे सुशस्ति विश्वानरः सविता देव एतु।
अपि यथा युवानो मत्सथा नो विश्वं जगदभिपित्वे मनीषा।।1।।
।।ऋग्वेद 1.186.1।।

यज्ञ : पराक्रम, तृप्ति एवं ज्ञानयज्ञ सत्र

अग्नि यज्ञ का मुख

विश्वकर्मन् करनेवाला त्वष्टा देवता विद्वानों से प्रेमपूर्वक व्यवहार करनेवाला है। रचयिता त्वष्टा देव यज्ञ में पधारने की कृपा करें। अर्थात् यज्ञ में ''ज्ञानयज्ञ सत्र'' भी आवश्यक है। इन्द्र देवता शत्रुओं को विनष्ट करनेवाले और मनुष्यों को तृप्त करनेवाले हैं। वे हमारे यज्ञ में आकर हमारे कार्यों में सहायक हों। अर्थात् यज्ञ के देव से तृप्ति एवं पराक्रम मिलता है। ''यज्ञ से हम ज्ञानवृद्ध'' होते हैं।।ऋग्वेद 1.186.6।।

उत न ईं त्वष्टा गन्त्वच्छा स्मत् सूरिभिरभिपित्वे सजोषाः।

आ वृत्रहेन्द्रश्रर्षणिप्रा स्तुविष्टमो नरां न इह गम्पाः।।6।।

।।ऋग्वेद 1.186.6।।

यज्ञ : समान मनोभाव, महती शक्ति

रथों पर बैठे हुए रक्षकगणों की तरह शत्रुओं को विनष्ट करनेवाले, समान मनोभाव वाले और मित्रों के समान मिलजुल कर रहनेवाले, महापराक्रमी, तेजस्वी मरुत्गण और द्यावापृथिवी हमारे यज्ञ में आकर विराजमान् हों। अर्थात् यज्ञ से हमारे मनोभाव समान हों, महती शक्ति हो और प्राणियों में परस्पर सखा भाव हो।।ऋग्वेद 1.186.8।।

उत न ईं मरुतो वृद्धसेनाः स्मद् रोदसी समनसः सदन्तु।

पृषदश्वासोऽवनयो न रथा रिशादसो मित्रयुजो न देवाः।।8।।

।।ऋग्वेद 1.186.8।।

यज्ञ में दिव्य एवं उत्तम श्रेष्ठ ज्ञानी होता : ज्ञानयज्ञ सत्र

हमारे इस यज्ञ को दिव्य एवं उत्तम श्रेष्ठ ज्ञानी होता सम्पूर्ण करें। अर्थात् ज्ञानयज्ञ सत्र हो।।ऋग्वेद 1.188.7।।

प्रथम हि सुवाचसा होतारा दैव्या कवी।

यज्ञं नो यक्षतामिमम्।।ऋग्वेद 1.188.7।।

यज्ञ से दिन एवं रात्रि तेज युक्त

अन्य देवों द्वारा प्रदीप्त किया गया अग्नि अत्यन्त तेजस्वी दिखाई देता है। अग्नि अनेकों अन्नों को धारण करता है। यह यज्ञ में मधुर हवियों से संयुक्त होता है।।2।। यह अग्नि हजारों तरह के ऐश्वर्य से युक्त है। इसलिए हम अग्नि की प्रार्थना करते हैं। "अग्नि ही यज्ञ में अनेक देवों को बुलाकर लाता है। इसी आधार पर कहा गया है कि यज्ञ में अग्नि देवताओं का मुख है।।3।।" यज्ञ में हजारों आसनों पर हजारों वीर बैठते हैं। ये वीर सूर्य के समान तेजस्वी हैं।।4।। यज्ञ के द्वार अलंकृत होने से तेजस्वी एवं शोभायमान् हैं। मानों ये सभी द्वार तेजस्वी पदार्थ प्रदान करते हों।।5।। उषा एवं रात्रि दोनों प्रथम ही उत्तम तेजस्वी और सुन्दर रूपवाली हैं।। "जब उषा एवं रात्रि कालों में यज्ञ सम्पन्न होते हैं, तब ये दोनों ओर अधिक तेज से युक्त हो जाती हैं।।6।।

तनूनपादृतं यते मध्वा यज्ञः समज्यते।

दधत् सहस्रिणीरिषः।।2।।

आजुव्हानो न ईडयो देवाँ आ वक्षि यज्ञीयान्।

अग्ने सहस्रसा असि।।3।।

प्राचीनं बर्हिरोजसा सहस्रवीरमस्तृणन्।

यत्रादित्या विराजथ।।4।।
विराट् सम्राड्विभ्वीः प्रभ्वीर्बव्हीश्च भूयसीश्च याः।
दुरो घृतान्यक्षरन्।।5।।
सुरुक्मे हि सुपेशसा ऽधि श्रिया विराजतः।
उषासावेह सीदताम्।।6।।ऋग्वेद 1.188.2, 3, 4, 5, 6।।

यज्ञ मातृभूमि (भारती), मातृभाषा (इळा), मातृसंस्कृति (सरस्वती) उपासना

यज्ञ में हम भारती, इळा एवं सरस्वती को आमन्त्रित करते हैं। अर्थात् ''मातृभूमि, मातृभाषा एवं मातृसंस्कृति तीनों की सदैव उपासना करनी चाहिये। इन तीनों का हमेशा सम्मान करना चाहिये।'' क्योंकि ये सदा ऐश्वर्य प्रदान करनेवाली होती हैं। इनकी उपासना ऐश्वर्यशाली बनाती है।।8।।ऋग्वेद 1. 188.8।।

भारतीळे सरस्वति या वः सर्वा उपब्रुवे।
ता नश्चोदयत श्रिये।।ऋग्वेद 1.188.8।।

यज्ञ : ''स्वाहा'' से आहुतियाँ, यज्ञ विधान

''यह अग्नि हमेशा देवों में आगे रहता है। इसीलिये इसे अग्नि कहा जाता है।'' यज्ञ में अग्नि के प्रज्ज्वलित होने पर गायत्री छन्द के मन्त्रों का पाठ किया जाता है। अन्त में ''स्वाहा'' शब्द के साथ यज्ञाग्नि में आहुतियाँ दी जाती है। जिससे यज्ञाग्नि ओर अधिक प्रज्ज्वलित होती है। इस प्रकार ऋग्वेद के मन्त्रद्रष्टा ऋषि अगस्त्यो मैत्रावरुणि ने ''यज्ञ वेदी की अग्नि में स्वाहाकार के साथ आहुति देने का विधान दिया''।।ऋग्वेद 1.188.11।।

पुरोगा अग्निर्देवानां गायत्रेण समज्यते।
स्वाहाकृतीषु रोचते।।ऋग्वेद 1.188.11।।

हवन से समस्त रोग हरण : यज्ञ चिकित्सा

प्रतिदिन अग्नि में हवन करने से समस्त रोग दूर हो जाते हैं, परन्तु जो हवन नहीं करता वह रोगी रहता है। यज्ञ में 203 से अधिक वनोषधियाँ–सर्वोषधि–नवग्रहकाष्ठ–समिधा (यज्ञीय काष्ठ) का धुवाँ समस्त रोग हरण करता है। यज्ञीय धूम्र–धूम प्राण वायु के साथ शरीर में संचार कर रोग के जीवाणुओं को समूल नष्ट करता है। यज्ञ की प्रत्येक वनोषधि में रोगनाशक शक्ति है (स्रोत : वनोषधि चन्द्रोदय, चरक संहिता, गरुड पुराण–धनवन्तरी संहिता, वेद ओषधि कल्पतरु, वेद का ओषधि सूक्त आदि)। इसलिये अग्निहोत्र कल्याण प्राप्ति का एक मुख्य साधन है। यह ऋचा ''यज्ञ चिकित्सा'' का सिंहनाद करती है। भौतिक रूप से यज्ञ वातावरण में विषाक्त जीवाणुओं को नष्ट कर

वातावरण को पवित्र एवं निर्मल बनाता है। यह दुःखद है कि पश्चिम यज्ञ से प्रदूषण का भ्रामक प्रचार करता है।।ऋग्वेद 1.189.3।।

अग्ने त्वमस्मद् युयोध्यमीवा अनग्नित्रा अभ्यमन्त कृष्टीः।
पुनरस्मभ्यं सुविताय देव क्षां विश्लेभिरमृतेभिर्यजत्र।।3।।
।।ऋग्वेद 1.189.3।।

यज्ञाग्नि : कुटिल आचरण से सर्वथा दूर

यज्ञार्थ उत्पन्न अग्नि की उपासना करनेवाला शरीर से पुष्ट होकर हिंसक एवं निन्दक व्यक्तियों को दूर करता है। यज्ञाग्नि! कुटिल आचरण करनेवाले दुष्टों का निश्चय से दमन करनेवाला है। वह कुटिल आचरण से सर्वथा दूर रहता है।।6।। यजनीय अग्नि! यज्ञ करनेवाले और यज्ञ नहीं करनेवाले दोनों मनुष्यों को जानता है। यह ''सत्कर्मियों'' का ही पक्ष लेता है। यह समस्त मनुष्यों का गुरु है। उन्हें सन्मार्ग पर चलने की शिक्षा देता है।।7।। यज्ञ; मापन करके यज्ञ वेदी सृजित की जाती है। यज्ञ के पालक इस अग्नि के लिये सभी स्तुति करते हैं। हम इन ''इन्द्रियरूपी ऋषियों को बलवान्'' कर अनेक प्रकार के धन को प्राप्त करें। ''शरीर की प्राणाग्नि को एवं इन्द्रियों को बलवान् बनाना चाहिये''।।8।।ऋग्वेद 1.189.6, 7, 8।। इस ऋचा में ''इन्द्रियों को शरीरस्थ ऋषि'' कहा गया है।

वि घ त्वावाँ ऋतजात यंसद् गृणानो अग्ने तन्वे3 वरूथम्।
विश्वाद् रिरिक्षारुेत निनित्सोरभिह्रुतामसि हि देव विष्पट्।।6।।
त्वं ताँ अग्न उभयान् वि विद्वान् वेषि प्रपित्वे मनुषो यजत्र।
अभिपित्वे मनवे शास्यो भूर्ममृजेन्य उशिरम्भर्नाक्रः।।7।।
अवोचाम निवचनान्य स्मिन् मानस्य सूनुः सहसाने अग्नौ।
वयं सहस्रमृषिभिः सनेम विद्यामेषं वृजनं जीरदानुम।।8।।
।।ऋग्वेद 1.189.6, 7, 8।।

बृहस्पति : यजनीय का भरण पोषण कर्त्ता

बुद्धि–ज्ञान के अधिष्ठाता बृहस्पति का यश द्युलोक और पृथिवी पर चहुँ ओर फैलता है। बृहस्पति ने असुरराज वलासुर के यहाँ बंदी–सूर्य, चन्द्र, अग्नि, इन्द्र आदि देवताओं को न केवल छुड़ाया, बल्कि वलासुर का वध किया। वेद के अनुसार इससे बृहस्पति देवता का यश सूर्य, चन्द्र रहने तक रहेगा।

सर्व बुद्धि सम्पन्न बृहस्पति देवता यज्ञ कर्त्ता–ब्रह्मविदों–ब्रह्मजिज्ञासुओं –विद्वानों–शुभकर्मियों का भरण पोषण करता है। बृहस्पति देवता वन्यजीवों को

मारनेवाले शस्त्रों से छली–कपटी जनों की ओर जाता है और संहार करता है।।ऋग्वेद 1.190.4।।

अस्य श्लोकों दिवीयते पृथिव्यामत्यो न यंसद् यक्षभृद् विचेताः।
मृगाणां न हेतयो यन्ति चेमा बृहस्पतेहिमायाँ अभि द्यून।।4।।
।।ऋग्वेद 1.190.4।।

ऋग्वेदीय यज्ञ : द्वितीय

।।यज्ञ विधान : यज्ञकर्त्ता ऋत्विज्ों के अष्ट नाम; यज्ञीय अग्नि देवों का मुख; यज्ञ सत्कर्म पूर्ण कर्त्ता; यज्ञीय हवि : सूक्ष्म होकर द्युलोक एवं पृथिवी में फैल जाता है; सत्कर्म में सर्वस्व समर्पण : उच्च स्थान; यज्ञ : ज्ञान उत्पन्न कर्त्ता; शरीर यज्ञशाला : जीवन यज्ञ; यज्ञ : इन्द्रियाँ देवता, समृद्धि का द्वार; वेदी : पृथिवी की नाभि, गृहस्थ यज्ञ; स्वाहाकार पूर्वक हवि विधान; यज्ञाग्नि : सप्त रश्मियाँ–सूर्यरूपा; अग्नि ही ऋत्विक् : विद्वान् देवों को सद्कर्म से तृप्त कर्त्ता; यज्ञ : वर्षणेष्टिका–वर्षा; इन्द्र : यज्ञ से यज्ञकर्त्ता के कार्यों में वृद्धि; यज्ञ का ब्रह्मा : यज्ञ दोषों को दूर करता है; यज्ञीय सोमः ब्रह्मज्ञान प्रतीक; यज्ञीय हवि : अभिलाषा अभीष्ट प्राप्ति; यज्ञ : ज्ञानीजन का सदैव प्रकाश में निवास; सूर्योदय के बाद यज्ञ विधान; यज्ञ : यजमान दुःखों से पार; यज्ञ : उत्तम मार्ग प्रदर्शक; यज्ञ : ज्ञान का प्रकाश सर्वत्र फैले; यज्ञ : अच्छा मार्ग प्रशस्त, पाप कर्म नहीं; देवत्व प्राप्ति मार्ग; यज्ञ से त्रयी ऋण, त्रयी ताप से मुक्ति; यज्ञ से देव द्वारा रक्षा; अयज्ञकर्त्ताओं पर दैवी कोप; समस्त देव हितकारी : प्रेमपूर्वक यज्ञ करें; यज्ञ से उत्तम कीर्ति; अमावस्या की अधिष्ठात्री सिनिवाली यज्ञ : प्रजा उत्पत्तिकारक, प्रजापालक; रुद्रयज्ञ : ईर्ष्या मुक्ति; यज्ञ : सोम वषट्कार पूर्वक समर्पित; यज्ञ : धन देनेवाला सनातन देव; यज्ञ : सरस्वती में सभी आयु आश्रित; यज्ञ में द्यु एवं पृथिवी; यज्ञीय मन्त्र : कल्याणपरक एवं पुण्यकारक उच्चारण।।

यज्ञ विधान

यज्ञ कर्त्ता ऋत्विज्ों के अष्ट नाम : अग्नि

यह अभूतपूर्व है कि ऋग्वेद के द्वितीय मण्डल के अग्नि सूक्त में यज्ञ करनेवाले ''ऋत्विक् (याज्ञिक) के अष्ट नाम'' अग्नि के ही कहे गये हैं। इसके

अनुसार "अग्नि ही होता, पोता, नेष्टा, अग्निध्र, प्रशास्ता, अध्वर्यु, ब्रह्मा एवं यजमान" है।।ऋग्वेद 2.1.2।। इनमें "होता" यज्ञ में ऋचाओं का गान करता है। होता वैदिक काल में ऊह विधि से ऋचाओं की रचना भी करता रहा। "पोता" का अर्थ पवित्र कर्त्ता है। "नेष्टा" – सोमयाग के प्रधान ऋत्विज्ों में से एक है। "प्रशास्ता" को मैत्रावरुण भी कहते हैं। यह बृहद् यज्ञों में भाग लेता है और होता को परामर्श देता है। कुछ प्रार्थनाएँ प्रशास्ता के अधीन होती हैं। "आग्नीध्रम्" – यज्ञाग्नि जलानेवाला पुरोहित। "अध्वर्यु" – यज्ञ करनेवालों में से एक। "अध्वर" का अर्थ आकाश, यश, सोमयज्ञ भी है। अध्वर–अध्वानं सत्पथं रीति–इति अध्वन् + रा + क अथवा न ध्वरति कुटिलो न भवति नच् + ध्वृ + अच्, ध्वरतिहिंसाकर्मा तत्प्रतिषेधो निपातः अहिंस्र–निरुक्त।। तमध्वरे विश्वजिति–रघुवंश 5.1।। रः, – रम् आकाश अथवा वायु। पापनिष्कृति। "अध्वर" – "अध्व" का अर्थ सत्कर्म (यज्ञकर्म), "र" का अर्थ देनेवाला है। अर्थात् सत्कर्म–यज्ञकर्म, अथवा जहाँ हिंसा, क्रोध, कुटिल कर्म नहीं हो। "न + ध्वर" – शुभकर्म, स्वच्छ कर्म। यजुर्वेद में कहा है : "इमं यज्ञमवतादध्वरं।" रघुवंश में कहा है : "तमध्वरे विश्वजिति क्षितीशम्।"

अध्वर्युः – अध्वर + क्यच् + युच्। पुरोहित, पारिभाषिक रूप से "होतृ", "उद्गातृ" एवं "ब्रह्मन्" के अतिरिक्त ऋत्विक्। यज्ञों में "जो पुरोहित गाता है, उसे उद्गातृ" कहते हैं। होता के निर्देशानुसार यज्ञ में अध्वर्यु काम करता है। "ब्रह्मा" का सम्बन्ध सोमयाग से है। बाद में ब्रह्मा को "ब्राह्मणाच्छंसी" कहने लगे, जो "यज्ञों के निरीक्षक का काम करने लगा। मनु ने कहा कि "अग्नि की स्थापना, पाकयज्ञ, अग्निष्टोम आदि जो यजमान के लिये करता है, वह उसका ऋत्विक् (ऋत्विज्) कहलाता है। ऋत्विक् के पर्याय हैं : याजक, भरत, कुरु, वाग्यत, वक्तवर्हिष, यतश्रुत, मरुत्, सबाध एवं देवयव (कुल नौ) "पुरातन श्रौत यज्ञों में कार्य करनेवालों की संख्या 7 होती रही (ऋग्वेद में 8 हैं।)।"

"ब्राह्मण काल" के यज्ञों में 16 पुरोहित होने लगे। इनमें नये ऋत्विक् – "अच्छावाक्, ग्रावस्तुत्, उन्नेता एवं सुब्रह्मण्य" रहे। इन्हें औपचारिक एवं कार्यविधि के अनुसार चार–चार भागों में विभाजित किया गया : "होता, मैत्रावरुण, अच्छावाक् एवं ग्रावस्तुत;" "उद्गाता, प्रस्तोता, प्रतिहर्ता एवं सुब्रह्मण्य;" "अध्वर्यु, प्रतिस्थाता, नेष्टा एवं उन्नेता" और "ब्रह्मा, ब्राह्मणाच्छंसी, आग्निध्र एवं पोता।"

बृहद् यज्ञों में "मुख्य पुरोहित ब्रह्मा" का स्थान ग्रहण करता रहा। यह सभी याज्ञिक कार्यों का मुख्य निरीक्षक होता था। ब्रह्मा यज्ञ में सर्वप्रथम

ऋचाओं का गान करता रहा। "यजुष्" – पद्यात्मक ऋचाओं से भिन्न गद्यात्मक वेदमन्त्र। वेद का वह भाग, जिसका सम्बन्ध यज्ञ, पूजा आदि से है, यजुष् कहलाता है। होमात्मक यज्ञ का विस्तार आहवनीय अग्नि से होता है।

यह सुस्पष्ट है कि "ऋग्वेद में ही यज्ञ विधान का सूत्रात्मक, कूटात्मक, प्रतीकात्मक, संकेतात्मक आदि वर्णन मिलता है।" यह अवश्य है कि ऋग्वेदीय यज्ञ विधान के सूत्र दशों मण्डलों की–साढे दश हजार से अधिक ऋचाओं में फैला है। "ऋग्वेद में यज्ञकर्म को सन्मार्ग कर्म परिभाषित किया गया है।" यजुर्वेद और ब्राह्मण ग्रन्थों में यज्ञ विधि का विस्तार मिलता है। परन्तु यह स्मरण रहे कि ज्ञान खण्ड रूपी ऋग्वेद में यज्ञकर्म की सविस्तार व्याख्या उपलब्ध है। "ऋग्वैदिक काल अर्थात् 39 लाख वर्ष पूर्व यज्ञ (सत्कर्म) वैदिक विधानों में प्रधान कार्य के रूप में स्थापित हुआ।" वैदिक देवताओं एवं परमव्योम के मध्य यज्ञकर्म एक निसेनी (सीढी, सोपान) का कार्य करता रहा। प्रकारान्तर में "श्रौतसूत्रों" में यज्ञविधि का मायावी विस्तार हुआ और ऋग्वैदिक यज्ञविधान को विस्मृत किया गया। वैदिक यज्ञ विधान कर्मकाण्ड रहित है और आगम में कर्मकाण्डी मायावी प्रपंच है। जिससे यज्ञ की मूलभावना खण्डित हुई।

तवाग्ने होत्रं तव पोत्रमृत्वियं तव नेष्ट्रं त्वमग्निदृतायतः।
तव प्रशास्त्रं त्वमध्वरीयसि ब्रह्मा चासि गृहपतिश्च नो दमे।।2।।
।।ऋग्वेद 2.1.2।।

यज्ञीय अग्नि देवताओं का मुख

आगम और कर्मकाण्ड में कहा गया है कि यज्ञाग्नि देवों का मुख है। मूलभूत रूप से ऋग्वेद में इस अवधारणा को प्रतिपादित किया गया। "हे अग्ने! आपको आदित्यों ने अपना मुख बनाया। हे दूरदर्शी! पवित्र देवताओं ने आपको अपनी जिव्हा बनाया।" दान देनेवालों में "उत्तम देवगण यज्ञ में आपका आश्रय लेते हैं, और वे यज्ञाग्नि में आहुति रूप से दिये गये हव्य को देवतागण खाते हैं।" अर्थात् "यज्ञाग्नि सभी देवों का मुख है। अतः यज्ञ में सभी देवगण इसी अग्नि का आश्रय लेते हैं और यज्ञाग्नि में दी गई आहुतियों को ग्रहण करते हैं"।।ऋग्वेद 2.1.13।।

त्वामग्न आदित्यास आस्यं1 त्वां जिव्हा शुचयश्चकिरे कवे।
त्वां रातिषाचो अध्वरेषु सश्चिरे त्व देवा हविरदन्त्याहुतम्।।
।।ऋग्वेद 3.1.13।।

यज्ञ (सत्कर्म) पूर्ण कर्त्ता

अग्नि का अत्यन्त यह तेजस्वी स्वरूप भी प्रिय लगता है। यह प्रकाशमान् अग्नि दानशील के "यज्ञ को विस्तृत कर पूर्ण करता है।" ऋग्वेद 2.1.10।।

त्वमग्न ऋभुराके नमस्य1 स्त्वं वाजस्य क्षुमतो राय ईशिषे।
त्वं वि भास्यनु दक्षि दावनं त्वं विक्षिसुरसि यज्ञमातनिः।।
।।ऋग्वेद 2.1.10।।

सत्कर्म–यज्ञीय हवि : सूक्ष्मरूप में द्युलोक, पृथिवी में व्याप्त

यह अग्नि देवों के बीच रहता हुआ भी अपने महत्व के कारण सर्वश्रेष्ठ होकर उनसे ऊपर रहता है। इससे पूर्व (2.1.3, 4) में कहा गया है : "सतां वृषभः इन्द्रः" – यह अग्नि सज्जनों में बलवान् नेता होने से "इन्द्र" है। "उरुगायः विष्णुः" – यह अग्नि सर्वव्यापी होने से "विष्णु" है। "रयिवित् ब्रह्मा" – यह अग्नि ज्ञानादि ऐश्वर्य से युक्त होने से ब्रह्म है।" "धृतव्रतः वरुणः" – नियमों का पालन करने से "वरुण" है। "त्वं विधते सुवीर्यं त्वष्टा" – आप अपने को धारण करनेवाले को उत्तम तेज–रेतस् देनेवाला अथवा सृष्टि के रचनाकार होने से त्वष्टा है। वैसे तीनों लोकों में व्याप्त होने से "अग्नि त्र्यम्बक रुद्र" है। यज्ञ में जो कुछ भी हवि या अन्न अग्नि को समर्पित किया जाता है, यह सूक्ष्मरूप में विस्तृत द्युलोक और पृथिवीलोक में फैल जाता है। अध्यात्मिक रूप से "सत्कर्म (यज्ञ) को सर्वस्व समर्पण–आत्मत्याग की कीर्ति चारों ओर फैलती है।।"ऋग्वेद 2.1.15।।

त्वं तान् त्सं च प्रति चासि मज्मना ऽग्ने सुजात प्रच देव रिच्यसे।
पृक्षो यदत्र महिना वि ते भुवदनु द्यावापृथिवी रोदसी उभे।।
।।ऋग्वेद 2.1.15।।

सत्कर्म में सर्वस्व समर्पण : उच्च स्थान

यज्ञ में दान : उच्च स्थान

मन्त्रद्रष्टा ऋषि आंगिरसः शौनहोत्रः पश्चाद् ने अग्नि सूक्त में कहा है कि हे अग्नि! मेधावी स्तोताओं को गो आदि पशु दान देनेवाले दानियों को उच्च स्थान में ले जाने का अनुग्रह करें। हम भी वीर परिजनों के साथ यज्ञ में इस अग्नि की स्तुति करें। ऋषिवर का आशय है कि यज्ञ रूपा सत्कर्म–शुभकर्म–सन्मार्ग कर्म में सर्वस्व आत्मत्याग से स्वतः ही उच्च स्थान प्राप्त होता है। इसलिये हम स्वजन–परिजन के साथ सद्कर्म में सर्वस्व अर्पित करें। ।।ऋग्वेद 2.1.16।।

ये स्तोतृभ्यो गोअग्रामश्वपेशसमग्ने रातिमुपसृजन्ति सूरयः।
अस्मांच तांश्च प्र हि नेषि वस्य आ बृहद् वदेम विदधे सुवीराः।।
।।ऋग्वेद 2.1.16।।

यज्ञ : ज्ञान उत्पन्न कर्त्तादि, मनुष्य सुशोभित

हे यज्ञ करनेवालो! आप ज्ञान को उत्पन्न करनेवाले, समिधा से प्रदीप्त होनेवाले, सुवर्णादि ऐश्वर्य प्रदाता, युद्धों में बलशाली यज्ञाग्नि को प्रज्ज्वलित करो।।1।।

यह अग्नि यज्ञ को पूरा करनेवाला होकर यज्ञ को व्याप्त करता है। अतः "यज्ञ से मनुष्य सुशोभित होता है।" मनुष्य यज्ञाग्नि को सुशोभित करता है। वह अपनी ज्वालाओं से लोकों को नक्षत्र एवं आकाश की तरह प्रकाशित करता है।।5।।ऋग्वेद 2.2.1, 5।।

यज्ञेन वर्धत जातवेदसमग्निं यजध्वं हविषा तना गिरा।
समिधानं सुप्रयसं स्वर्णरं द्युक्षं होतारं वृजनेषु धूर्षदम्।।1।।
स होता विश्वं परि भूत्वध्वरं तमु हव्यैर्मनुष ऋंजते गिरा।
हिरिशिप्रो वृधसानासु जर्भुरद द्यौर्न्न स्तृभिश्चितयद् रोदसी अनु।।5।।
।।ऋग्वेद 2.2.1, 5।।

शरीर यज्ञशाला : जीवन यज्ञ

यज्ञ : समृद्धि का द्वार, सुखकारक; इन्द्रियाँ देवता

"हे दिव्य यज्ञ आप समृद्धि का उत्तम साधन हो।" यज्ञ करनेवाला मनुष्य हमेशा उत्तम सन्तान एवं उत्तम धनधान्य युक्त होता है। जिस यज्ञ को उत्तम घृत से सींचा जाता है, उस यज्ञ में समस्त देवगण आकर विराजमान होते हैं। इसीलिये यज्ञ को फैलाना चाहिए।।2.3.4।।

यज्ञशाला के द्वार सभी के लिये सुखकारक हों। जो यजमान यज्ञ करता है, उसे षड् ऐश्वर्य प्राप्त होते हैं। "यह शरीर भी यज्ञशाला है। शरीर में दो आँख, दो कान, एक मुख, उपस्थ और जननेन्द्रिय नौ द्वार हैं। ये इन्द्रियाँ नौ देवता हैं। इन द्वारों में प्रवेश कर देवगण इस शरीर में रहते हैं।" मनुष्य इन देवद्वारों की भली भाँति सुरक्षा करे।।5।। उषा और नक्ता दोनों देवता दिन एवं रात्रि का प्रतीक हैं। ये दोनों देव मनुष्य को उत्तम कर्मों (यज्ञ) की प्रेरणा देते हैं। ये दोनों ताना–बाना बुनने में महारथी हैं। क्षण, पल, घटी, मिनट आदि काल विभाग चारों ओर फैले हैं। ये काल विभाग ही मानों फैले हुए धागे हैं। इनसे "ये देवता मनुष्य के जीवन रूपी वस्त्र बुनते हैं।" ये "देवता कर्मरूप से यद्यपि परस्पर विरुद्ध हैं, परन्तु ये मिलकर चलते हैं। अर्थात् इनमें "समभाव" है। ये दोनों "मानव जीवनरूपी वस्त्र को बुनते हुए

मनुष्य जीवन के यज्ञ को उत्तम रूप से युक्त करते हैं।" अर्थात् "मनुष्य जीवनयज्ञ में समभाव से रहे"।।6।।ऋग्वेद 2.3.4, 5, 6।।

देव बर्हिर्वर्धमानं सुवीरं स्तीर्णं राये सुभरं वेद्यस्याम्।
घृतेनाक्तं वसवः सीदतेद विश्वे देवा आदित्या यज्ञीयासः।।4।।
वि श्रयन्तामुर्विया हूयमाना द्वारो देवीः सुप्रायणा नमोभिः।
व्यचस्वतीर्वि प्रयन्तामजुर्या वर्णं पुनाना यशसं सुवीरम्।।5।।
साध्वपांसि सनता न उक्षिते उषासानक्ता वय्येव रण्विते।
तन्तुं ततं संवयन्ती समीची यज्ञस्य पेशः सुदुघे पयस्वती।।6।।
।।ऋग्वेद 2.3.4, 5, 6।।

यज्ञ वेदी : पृथिवी की नाभि

गृहस्थ यज्ञ

मन्त्रद्रष्टा ऋषि गृत्समद (आंगिरसः शौनहोत्रः पश्चाद) ने सिंहगर्जना की कि "पृथिवी की नाभि यज्ञ वेदी में तीनों सवनों में अच्छी तरह संयुक्त होकर यज्ञ करते हैं।" ऋचा में कहा है कि "मनुष्य मानुषी दिव्य देव हैं। ये विद्वान गृहस्थाश्राम में रहते हुए ऋचाओं से यज्ञ करते हैं। ये आदर्श गृहस्थी हैं। समस्त गृहस्थियों को ऋत् के अनुसार यज्ञकर्म करने चाहिए। नर–नारी को अपनी आयु के तीन सवनों (बाल्यकाल, युवॉवस्था, वृद्धावस्था) में अच्छी तरह संयुक्त होकर सत्कर्म–यज्ञ करने चाहिये।।ऋग्वेद 2.3.7।।

दैव्या होतारा प्रथमः विदुष्टर ऋजु यक्षतः समृचा वपुष्टरा।
देवान् यजन्तावृतुथा समंजतो नाभा पृथिव्या अधि सानुषु त्रिषु।।
।।ऋग्वेद 2.3.7।।

यह उल्लेखनीय है कि वेद में कहा है कि यह वेदी ही पृथिवी की नाभि है। जिसमें निरन्तर सूर्य यज्ञरत है।

"स्वाहाकार" पूर्वक हवि विधान

मन्त्रद्रष्टा ऋषि गृत्समद ने "इस ऋचा में विधान दिया कि स्वाहाकार पूर्वक हवि देवों तक अग्नि ले जाता है।" अग्नि का मूल स्थान, सेचक द्रव्य आश्रय और सभी कुछ घृत है। यज्ञ में इसीसे प्रज्ज्वलित यज्ञाग्नि हवि को देवों तक पहुँचाता है और प्रसन्न करता है। यह स्वाहाकार पूर्वक दी गई हवि देवों तक पहुँचाता है।।ऋग्वेद 2.3.11।। प्रकारान्तर में आगम में स्वाहाकार हविर्दान मन्त्र रूपान्तरित हुआ। "स्वाहास्वधाकार–विवर्जितानि श्मशानतुल्यानि गृहाणि तानि।।" सु + आ + व्हे + डा।। "सुष्ठु आहूवन्ते देवा अनेन इति।।" भागवत पुराण के अनुसार स्वाहा दक्ष की कन्या और अग्नि की भार्या है। ब्रह्मवैवर्तपुराण (प्रकृति खण्ड स्वाहोपाख्यान) में स्वाहा की उत्पत्ति का वर्णन

मिलता है। इसप्रकार वैदिक स्वाहाकार को आगम में लोकलुभावन रूप दिया गया। इसके विपरीत वेद में कहीं भी "अग्नि देवता की पत्नी का उल्लेख नहीं मिलता है। वैदिक स्वाहा का अर्थ आगम–पुराण आदि से इतर है। स्वाहा का अर्थ स्वार्थत्याग, सर्वस्व समर्पण, आत्मत्याग, सुवचन आदि है। वैदिक स्वाहा की व्याख्या पृथक् से दी गई है।

घृतं मिमिक्षे घृतमस्य योनिर्घृते श्रितो घृतम्वस्य धाम।
अनुष्वधमा वह मादयस्व स्वाहाकृतं वृषभ वक्षि हव्यम्।।11।।
।।ऋग्वेद 2.3.11।।

यज्ञाग्नि : सप्त रश्मियाँ, सूर्य रूपा

यज्ञ के नायक अग्नि की सप्त रश्मियाँ सर्वत्र व्याप्त हैं। वह पवित्र करनेवाला अग्नि मनुष्य की तरह यज्ञ का आठवाँ स्थानीय होकर पूर्ण रूप से व्याप्त होता है। "यज्ञ में आठवीं स्थानीय अग्नि का उल्लेख रहस्यमय है।" इस रहस्य का उद्घाटन ऋग्वेद के दशम मण्डल का 72वाँ सूक्त करता है। इसके मन्त्रद्रष्टा ऋषि बृहस्पतिर्लौक्यः बृहस्पतिरांगिरसो वा अदितिर्दाक्षायणी और देवता (विषय) विश्वेदेवाः है। इसमें आदित्यों का वृत्तान्त है। अदिति के आठ पुत्रों (आदित्यों) में से सात का पूर्ण विकास हुआ था। अतएव सातों (आदित्य) जनमते ही अपनी माता अदिति के साथ देवलोक चले गये। "आठवाँ पुत्र रहा सूर्य", जिसका गर्भ में पूर्ण विकास नहीं हो सका। इसीसे वह देवलोक नहीं जा सका। "माता अदिति उसे (सूर्य को) भूलोक ले आई और उसे उदय एवं अस्त की अनुभूति प्राप्त करने के लिये यहीं छोड़ दिया।" कवि ने आदित्यों को पक्षी की संज्ञा दी है। जिनमें से सात पूर्ण विकसित होकर अण्डों से जीवित निकले; किन्तु सूर्य जिस अण्डे में रहा, वह पूर्ण रूप से विकसित नहीं हो पाया। परिणामतः संज्ञाहीन अवस्था के कारण अपक्व दशा में उसका जन्म हुआ। अतएव कवि ने उसे "मार्तण्ड" की संज्ञा दी है। इस सूक्त में दाक्षायणी अदिति और दक्ष का सम्बन्ध एक उलझी गुत्थी है। इस सूक्त के अलावा ऋग्वेद में कहीं भी दक्ष को अदिति का पुत्र नहीं माना है। यह पहेली है कि क्या अदिति दक्ष की दुहिता रही? यास्क का (निरुक्त 11. 23) कथन है कि "दक्ष एंव अदिति के परस्पर जनकत्व का यह वर्णन पुरुष एवं विराज (ऋग्वेद 10.90.5) की तरह का है।"

इस ऋचा में यज्ञाग्नि में अग्नि का आठवाँ स्थानीय होकर पूर्ण रूप से व्याप्त होना मार्तण्डोत्पत्ति वृत्तान्त से सम्बन्धित प्रतीत होता है। "मन्त्रद्रष्टा ऋषि सोमाहुतिभार्गवः यज्ञाग्नि की तुलना आठवें मार्तण्ड सूर्य से कर रहे हैं। यज्ञाग्नि सूर्य की तरह ज्ञान का प्रकाश सर्वत्र करती है"।।ऋग्वेद 2.5.2।।

आ यस्मिन् त्सप्त रश्मयस्तता यज्ञस्य नेतरि।

मनुष्वद् दैव्यमष्टमं पोता विश्वं तदिन्वति।।2।।ऋग्वेद 2.5.2।।

अथवा इस यज्ञ में अग्नि को लक्ष्य करके हवि दी जाती है और वैदिक ऋचाओं का पाठ किया जाता है, उन सभी को अग्नि जानता है। जिस प्रकार धुरी के चारों ओर चक्र होते हैं, उसी प्रकार समस्त ऋचाएँ–मन्त्र–स्तुतियाँ इस यज्ञाग्नि के चारों ओर घूमती हैं। अर्थात् समस्त आहुतियाँ और प्रार्थनाएँ इसी "यज्ञाग्नि" को लक्षित कर दी जाती हैं। यही "समस्त विश्व का केन्द्र" है।।ऋग्वेद 2.5.3।।

दधन्वे वा यदीमनु वोचद् ब्रह्माणि वेरु तत्।

परि विश्वानि काव्य नेमिश्चक्रमिंवाभवत्।।3।।ऋग्वेद 2.5.3।।

अग्नि ही ऋत्विक्, विद्वान् देवों को सद्कर्म से तृप्त कर्त्ता

मन्त्रद्रष्टा ऋषि सोमाहुति भागर्व ने अग्नि सूक्त में अप्रत्याशित घोषणा की है कि, अग्नि ही ऋत्विक् (यज्ञ के पुरोहित के रूप में कार्य करने वाला; पुरोहित–धार्मिक कृत्य करानेवाला, पुर का हित चाहनेवाला) है। ऋचा में कहा है : "यह यज्ञ की अग्नि अपने–अपने पोषण एवं शक्ति के लिए ऋत्विक् हो ऋत्विज्ों का कर्म करे। उसके बाद हम भी उसकी स्तुति करके उसको आहुति प्रदान करें"।।7।। जिस प्रकार "विद्वान् देवों की तृप्ति के लिए सद्कर्म करते हैं," उसी प्रकार हम भी इस अग्नि की तृप्ति के लिये यज्ञ–सद्कर्म–सत्कर्म–शुभकर्म करते हैं। इस "अग्नि (चित् तत्त्व) की तृप्ति के लिये यज्ञ (शुभकर्म) करें"।।8।।ऋग्वेद 2.5.7, 8।। इससे सुस्पष्ट होता है कि यज्ञ का आशय शुभकर्म है।

स्वः स्वाय धायसे कृणुतामृत्विगृत्विजम्।

स्तोमं यज्ञं चादरं वनेमा ररिमा वयम्।।7।।

यथा विद्वाँ अरं करद् विश्वेभ्यो यजतेभ्यः।

अयमग्ने त्वे अपि यं यज्ञं चकृमा वयम्।।8।।

।।ऋग्वेद 2.5.7, 8।।

यज्ञ : "वर्षणेष्टिका–यज्ञ से वर्षा"

सबका पालन पोषण करने के कारण "वृष्टि को माता" कहा है। उन जलों से भरा हुआ मेघ अब इधर–उधर घूमता है, वर्षा नहीं करता, तब यज्ञ में "स्तोता गण अपने मन्त्रों के दिव्य बल से मेघ में गर्जना उत्पन्न करते हैं। वे विद्युत् को प्रेरित करके जल वर्षा करवाते हैं।" इस ऋचा में मन्त्रद्रष्टा ऋषि गृत्समदादि ने "वर्षणेष्टिका" का गोपनीय सूत्र बताया है। अर्थात् वैदिक काल

से इक्कीसवीं शती तक यज्ञ से वर्षा की गोपनीय विधि प्रचलन में रही।।ऋग्वेद 2.11.8।।

नि पर्वतः साद्यप्रयुच्छन् त्सं मातृभिर्वावशानो अक्रान्।
दूरे पारे वाणीं वर्धयन्त इन्द्रेषितां धमनिं पप्रथन् नि।।8।।
।।ऋग्वेद 2.11.8।।

इन्द्र : यज्ञ से यज्ञकर्त्ता के कार्यों में वृद्धि

हे इन्द्र! आप जिस यज्ञ में प्रसन्न हुए, उनमें दृढ़ होकर सोम पान करते हो। वे स्तोता भी शीघ्र उसे सेवन करें। हे तारक! आप हमारे स्तोत्रों से युद्धों में हमारी और द्यौ की भली भाँति वृद्धि करते हो। "यज्ञ में इन्द्र सोम एवं स्तोत्र से प्रसन्न होकर स्तोता और उसके कार्यों की वृद्धि करता है"।।।15।।ऋग्वेद 2.11.15।।

व्यन्त्विन्नु येषु मन्दसानस्तृपत सोमं पाहि द्रह्यदिन्द्र।
अस्मान् त्सु पृत्म्वा तरुत्राऽवर्धयो द्यां बृहद्भिरंर्कैः।।15।।
।।ऋग्वेद 2.11.15।।

यज्ञ का ब्रह्मा : यज्ञ दोषों को दूर करता है

परमेष्ठी के निमित्त यज्ञ में होता, अध्वर्यु, उद्गाता और ब्रह्मादि अपना –अपना काम करते हैं। इनमें "ब्रह्मा रूपी ऋत्विक् यज्ञ के दोषों को दूर करता है।" यज्ञ से इन्द्र की शक्ति बढ़ती है। वह बलवान् होकर वृष्टि करता है। वृष्टि से अन्न होता है। उस अन्न के भोजन को खाकर प्राणी जीते हैं।।ऋग्वेद 2.13.3, 4।। यज्ञकर्म में ब्रह्मा की भूमिका अहम् है, क्योंकि उसका उत्तरदायित्व यज्ञ के दोषों का निवारण है।

अन्वेको वदति यद् ददाति तद् रूपा मिनन्तादपा एक ईयते।
विश्वा एकस्य विनुदस्तितिक्षते यस्ताकृणोः प्रथमं सास्युक्थ्यः।।3।।
प्रजाभ्यः पुष्टिं विभजन्त आसते रयिमिव पृष्ठं प्रभवन्तमायते।
असिन्वन् दंष्ट्रैः पितुरत्ति भोजनं यस्ताकृणोः प्रथम सास्युक्थ्यः।।4।।
।।ऋग्वेद 2.13.3, 4।।

यज्ञ : सोम ब्रह्मज्ञान प्रतीक

मन्त्रद्रष्टा ऋषि गृत्समद ने इन्द्र के सूक्त में स्पष्ट रूप से कहा है : "(यज्ञ में) सोम ब्रह्मज्ञान का प्रतीक है और वृत्र अन्धकार रूपी अज्ञान का प्रतीक है।" जगत् में ब्रह्मज्ञान और अज्ञान के मध्य महासमर चल रहा है। "यज्ञ रूपी सत्कर्म–शुभकर्म–सद्कर्म करनेवाला ही ब्रह्मज्ञान का अधिकारी होता है।" ऋचा में बहुत ही अभिव्यंजनात्मक रूप में कहा है : हे अध्वर्यु! जिस इन्द्र ने जैसे आकाशीय विद्युत् से वृक्ष को समाप्त कर दिया है, वैसे ही

इन्द्र अपने वज्र से जल को रोकनेवाले वृत्र को मार देता है। उस उद्यमी, पराक्रमी इन्द्र के लिये यह सोमरस प्रदान करो। यह इन्द्र सोम को पीने की योग्यता रखता है। इस ऋचा में "अज्ञान–अन्धकार रूपी वृत्र है।" "सोम ब्रह्मज्ञान है।" इन्द्र अन्धकार को नष्ट कर ब्रह्मज्ञान पाने की योग्यता प्राप्त करता है। अतः "प्रत्येक मनुष्य अज्ञान रूपी अन्धकार का विनाश कर ब्रह्मज्ञान का सच्चा अधिकारी बन सकता है।।" ऋग्वेद 2.14.2।।

अध्वर्यवो यो अपो वव्रिवांसं वृत्रं जघानाशन्येव वृक्षम्।
तस्मा एत भरत तद्वशायं एष इन्द्रो अर्हति पीतिमस्य।।2।।
।।ऋग्वेद 2.14.2।।

यज्ञीय हवि : अभिलाषा–अभीष्ट प्राप्ति

हे श्रेष्ठ अध्वर्यु गणों! आप जो कुछ चाहो परमेष्ठी (इन्द्र) के निमित्त शीघ्र हवि देते हुए उस मनवांक्षित अभीष्ट वस्तु को प्राप्त करो। अर्थात् परमेष्ठी को प्रसन्न करके मनुष्य जो कुछ चाहता है, प्राप्त कर सकता है। यह परमेष्ठी (इन्द्र) सर्वैश्वर्यवान् है। परमेष्ठी को यज्ञ में प्रचुर मात्रा में सोम प्रदान करो। अर्थात् शुभकर्म के लिये सर्वस्व आत्मसमर्पण से ब्रह्मज्ञान की और अभीष्ट प्राप्ति होती है। परमेष्ठी अपने भक्तों–सद्कर्म कर्त्ताओं–यज्ञकर्त्ताओं–ब्रह्मजिज्ञासुओं–ब्रह्मविदों की सहायता करता है। ऋग्वेद में इससे पूर्व कहा गया है : सभी अपना भाग्य स्वयं लिख सकते हैं। इस ऋचा में इसी को दोहराया है। प्रकारान्तर में योग वासिष्ठ में दोहराया गया कि मनुष्य अपना मनचाहा भाग्य लिख सकता है, शुभकर्मों से। "विश्व के धर्मशास्त्रों में एकमात्र ऋग्वेद अपना भाग्य स्वयं शुभकर्मों से लिखने की घोषणा कर रहा है"। ।।ऋग्वेद 2.14.8।।

अध्वर्यवो यन्नरः कामयाध्वे श्रुष्टी वहन्तो नशथा तदिन्द्रे।
गभस्तिपूतं भरत श्रुतायेन्द्राय सोमं यज्यवो जुहोत।।8।।
।।ऋग्वेद 2.14.8।।

यज्ञ : ज्ञानी जन का सदैव प्रकाश में निवास

इन्द्र प्राचीन कालों की भाँति इन कालों में भी यज्ञों से तृप्त होता है। अर्थात् ब्रह्मज्ञानी जन सदैव प्रकाश (ब्रह्मज्ञान–ब्रह्मचर्चा) में ही निवास करता है।।ऋग्वेद 2.19.1।। अर्थात् मननशील प्राणी ब्रह्मचर्चा–शुभकर्मों में संलग्न रहे।

अपाय्यस्यान्धसो मदाय मनीषिणः सुवानस्य प्रयसः।
यस्मिन्निन्द्रः प्रदिविं वावृधान ओको दधे ब्रह्मण्यन्तश्च नरः।।1।।
।।ऋग्वेद 2.19.1।।

सूर्योदय के पश्चात् यज्ञ विधान

उस सूर्य देवता ने यज्ञ करनेवाले याजक के लिये सूर्य को प्रकाशित किया। "अर्थात् सूर्योदय के पश्चात् यज्ञ होते हैं"।।ऋग्वेद 2.19.5।।

स सुन्वत इन्द्रः सूर्यमः ऽऽ देवो रिण्ड्.मर्त्याय स्तवान्।
आ यद् रयिं गुहदवद्यमस्मै भरदंशं नैतशो दशस्यन्।।5।।
।।ऋग्वेद 2.19.5।।

यज्ञ : यजमान दुःखों से पार

इन्द्र प्रशंसा करनेवाले, वर्णन करनेवाले (स्तुति कर्त्ता) और यज्ञ में हवि पकानेवाले यजमान को एवं अपने यज्ञ कर्त्ता को अपने संरक्षण से दुःखों से पार करता है। इन्द्र प्रजाओं की रक्षा करनेवाला (सर्वहित कर्त्ता) है। वह नित्य तरुण, मित्र एवं सुखदायी है। इसीलिये हम सभी उसकी उपासना करते हैं।।ऋग्वेद 2.20.3।।

स नो युवेन्द्रो जोहूत्रः सखा शिवो नरामस्तु पाता।
यः शंसन्तं य शशमानमुती पचन्तं च स्तुवन्तं त्व प्रणेषत्।।3।।
।।ऋग्वेद 2.20.3।।

यज्ञ : उत्तम मार्ग प्रदर्शक

समृद्धि की कामना करनेवाले एवं शीघ्रता से कर्मों को करनेवाले बुद्धिमान् जन यज्ञ के द्वारा उत्तम मार्गों का ज्ञान करते हैं। उस उत्तम मार्ग से चलकर वे इन्द्र से मित्रता करते हैं। अतः स्पष्ट है कि यज्ञ (सत्कर्म) से उत्तम मार्गों का ज्ञान होता है और ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति से ब्रह्म का साक्षात्कार होता है।।ऋग्वेद 2.21.5।।

यज्ञेन गातुमप्तुरो विविद्रिरे धियो हिन्व ना उशिजो मनीषिणः।
अभिस्वरा निषदा गा अवम्यव इन्द्रे हि न्वाना द्रविणान्याशत।।5।।
।।ऋग्वेद 2.21.5।।

यज्ञ : ज्ञान का प्रकाश सर्वत्र फैले

हे ब्रह्मणस्पते! हम ज्ञानियों में भी विशेष ज्ञानी, गणों के अधिपति, दूरदर्शियों के भी दूरदर्शी, अत्यन्त उपमा देनेवाले, श्रेष्ठ, तेजस्वी, मन्त्रों के स्वामी आपको सहायतार्थ बुलाते हैं। आप हमारी स्तुति को सुनते ही रक्षण के साधनों के साथ हमारे यहाँ पधारने का अनुग्रह करो। "इस ऋचा में ब्रह्मणस्पति को गणाधिपति (गणपति) कहा गया है"।।1।। "यज्ञ के भागी उत्तम ज्ञानवान् सभी विद्वान होते हैं।" देवगण इस ब्रह्मणस्पति (ज्ञान के अधिष्ठाता) का आश्रय लेकर उत्तम कर्म करते हैं। यह "ब्रह्मणस्पति ज्ञान का स्वामी होने से सर्वत्र ज्ञान को उसी प्रकार फैलाता है, जिस प्रकार सूर्य अपनी

किरणों को अर्थात् ज्ञान का प्रकाश सर्वत्र फैले।" ऋचा में कहा है कि हे बलवान् ब्रह्मणस्पति! प्रकृष्ट ज्ञान वाले देवों ने आपसे यज्ञ का भाग (उत्तम कर्म) प्राप्त कर लिया।।ऋग्वेद 2.23.1, 2।। इस ऋचा का पाठ अधिकांश मांगलिक कार्यों में होता है।

गणानां त्वा गणपतिं हवामहे कविं कवीनामुपमश्रवस्तमम्।
ज्येष्ठराजं ब्रह्मणां ब्रह्मस्पत आ नः शृण्वन्नूतिभिः सीद सादनम्।।1।।
देवाश्चित् ते असूर्य प्रचेतसो बृहस्पते यज्ञीयं भागमानशुः।
उस्रा इव सूर्यो ज्योतिषा महो विश्वेषामिंजनिता ब्रह्मणामसि।।2।।
।।ऋग्वेद 2.23.1, 2।।

यज्ञ : अच्छा मार्ग प्रशस्त, पाप कर्म नहीं

हे ब्रह्मणस्पति! यज्ञ में आपको जो हवि देता है, उसे आप सुनीति के अच्छे मार्ग से ले जाते हो। आप यज्ञशील की हर तरह से रक्षा करते हो। आप ब्रह्मज्ञान से द्वेष करनेवालों को तपानेवाले हो और शत्रुता करनेवालों के क्रोध के नाशक हो। जब मननशील प्राणी यज्ञ के उत्तम मार्ग से चलता हुआ उत्तम कर्म करता है, तब उससे कोई पापकर्म नहीं होता है। इस प्रकार वह कभी पापी नहीं होता है।।4।।ऋग्वेद 2.23.4।।

सुनीतिभिर्नयसि त्रायसे जनं यस्तुभ्यं दाशान्न तमंहो अश्नवत्।
ब्रह्मद्विषस्तपनो मन्युमीरसि बृहस्पते महि तत् ते महित्वनम्।।4।।
।।ऋग्वेद 2.23, 4।।

देवत्व प्राप्ति मार्ग!

हे बृहस्पति देवता! यदि कोई शत्रु अथवा क्रोधित वृक (भेड़िये) के समान क्रूर मनुष्य निष्पाप हमको दुःख दे, तो आप हमारी उनसे रक्षा करने का अनुग्रह करें। आप रक्षणों से पार कराने वाले हो। आप हमारे शरीर रक्षक और सबसे ऊपर रहकर बोलनेवाले हो। आप देव निन्दकों का नाश करें। दुष्ट शत्रु नष्ट हो जायें। "हमें देवत्व प्राप्ति का सरल, सहज मार्ग बताने की कृपा करें"।।ऋग्वेद 2.23.7।।

उत वा यो नो मर्चयादनागसो ऽरातीवा मर्तः सानुको वृकः।
बृहस्पते अप तं वर्तयः पथः सुगं नो अस्यै देववीतये कृधि।।7।।
।।ऋग्वेद 2.23.7।।

यज्ञ से त्रयी ऋण–त्रयी ताप से मुक्ति

वैदिक ब्रह्मणस्पति ज्ञान के अधिपति देवता हैं। क्योंकि रचयिता प्रजापति ने बृह्मणस्पति को सर्वश्रेष्ठ सृजित किया है। इसीलिये यह सम्पूर्ण ऋचाओं का ज्ञानी है, सभी ज्ञान इसमें रहते हैं। ब्रह्मणस्पति प्रत्येक साम के

कवि (विचारक ऋषि, ब्रह्मण् भास्कर, सर्वज्ञ, सूक्ष्मार्यदर्शिनि) हैं। यह "ब्रह्मणस्पति महान् यज्ञ करनेवाले का ऋण त्रयी (देवऋण, पितृऋण आदि) ताप त्रयी (अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक) से मुक्त करके उन्हें सम्पन्न बनाता है। इस ऋचा में त्वष्टा को प्रजापति के त्वष्टा कहा है।।ऋग्वेद 2.23.17।।

विश्वेभ्यो हि त्वा भुवनेभ्यस्परि त्वष्टाजनत् साम्नः साम्नः कविः।
स ऋणचिदृणया ब्रह्मणस्पतिर्द्रुहो हन्ता मह ऋतस्य धर्तरि।।8।।
।।ऋग्वेद 2.23.17।।

यज्ञ से देव द्वारा रक्षा

ब्रह्मणस्पति देवता की इस ऋचा में उद्घोषणा की है कि "यज्ञ कर्त्ता की देव रक्षा करते हैं।" ब्रह्मविदों ने इसी तथ्य को नये तरीके से प्रस्तुत किया है कि मनुष्य के "अदृश्य सहायक देवता हैं।" अर्थात् "सन्मार्ग–शुभकर्म करनेवालों की ब्रह्माण्ड में अदृश्य व्याप्त दिव्य आत्मायें (दैवी शक्ति) स्वयं सहायता करती है।" इसका मूलाधार ऋग्वेद की यह ऋचा है। नियामक ब्रह्मणस्पति यज्ञों के स्तोत्रों को समझकर उपासकों (यज्ञ कर्त्ताओं की) पुत्रों की भाँति पुष्ट करता है। देवगण जिसकी रक्षा करते हैं, उसका हर तरह से कल्याण होता है। उसका कोई भी कुछ नहीं बिगाड़ सकता। अतः हम भी यज्ञ में ब्रह्मणस्पति की महिमा का गुण गान करें।।ऋग्वेद 2.23.19।।

ब्रह्मणस्पते त्वमस्य यन्ता सूक्तस्य बोधि तनयं च जिन्व।
विश्वं तद् भद्रं यदवन्ति देवा बृहद् वदेम विदथे सुवीराः।।
।।ऋग्वेद 2.23.19।।

अयज्ञ कर्त्ताओं पर दैवी कोप

यज्ञशील, देवों की पूजा करनेवाला, सत्कर्म कर्त्ता, सीधे एवं सरल मार्ग पर चलनेवाला ही ज्ञानाधिपति ब्रह्मणस्पति का मित्र होता है। ब्रह्मणस्पति (दैवी शक्ति) कुटिल मार्ग से चलनेवाले, देवों को नहीं माननेवाले और सत्कर्म–शुभकर्म–यज्ञकर्म नहीं करनेवालों पर कोप कर नष्ट करता है। ।।ऋग्वेद 2.26.1।।

ऋजुरिच्छंसो वनवद् वनुष्यतो देवयन्निदेवयन्तभ्यसत्।
सुप्रावीरिद् वनवत् पृत्सु दुष्टरं यज्वेदयज्योति भजाति भोजनम्।।
।।ऋग्वेद 2.26.1।।

समस्त देव हितकारी : प्रेम पूर्वक यज्ञ करें

समस्त वैदिक देव मित्र के समान हितकारी, अरिहन्त, तेजस्वी, सर्वैश्वर्यवान्, सर्वश्रेष्ठ और सर्वाधिक बलशाली हैं। हम प्राचीनकाल से हमेशा

इन्हें हवि देते आये हैं। हमें इनकी स्तुति सदैव प्रेमपूर्वक ही करनी चाहिये। इनसे हमेशा स्नेह भरी वाणी से ही बोलना चाहिये।।ऋग्वेद 2.27.1।।

इमा गिर आदित्येभ्यो घृतस्नूः सनाद् राजभ्यो जुव्हा जुहोमि।
शृणोतु मित्रो अर्यमा भर्गो नस्तुविजातो वरुणो दक्षो अंशः।।1।।
।।ऋग्वेद 2.27.1।।

यज्ञ से उत्तम कीर्ति

यह आदित्य दूरदर्शी और स्वराट् है। आदित्य अपनी शक्ति से तेजस्वी है, इसे अपनी तेजस्विता के लिये किसी दूसरे की शक्ति की आवश्यकता नहीं है। यह स्वयं शक्तिमान् आदित्य सभी विनाशों को हमसे दूर करे। वैदिक देव सम्राट, ब्रह्माण्डीय महासागरों के स्वामी, श्रेष्ठ, सत्यपालक वरुण देवता यज्ञ कर्ताओं को यश प्रदान करते हैं। अतः वरुण देवता से यज्ञ करने से उत्तम कीर्ति और उत्तम यश प्रदान करने की प्रार्थना करते हैं। अर्थात् ''यज्ञ करने से उत्तम कीर्ति और उत्तम सुख प्राप्त'' होता है।।ऋग्वेद 2.28.1।।

इदं कवेरादित्यस्य स्वराजो विश्वानि सान्त्यभ्यस्तु महना।
अति यो मन्द्रो यजथाय देवः सुकीर्ति भिक्षे वरुणस्य भूरेः।।1।।
।।ऋग्वेद 2.28.1।।

अमावस्या की अधिष्ठात्री सिनीवाली यज्ञ : प्रजा उत्पत्तिकारक, प्रजापालक

यह उल्लेखनीय है कि वेद में पौर्णमासी एवं और अमावस्या के सूक्त हैं। ''पौर्णमासी की अधिष्ठात्री देवी राका'' और ''अमावस्या की अधिष्ठात्री सिनीवाली'' देवी है। शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को सिनीवाली है। इस दिन से चन्द्रमा की कलायें बढ़ती हैं। ''सिनीवाली देवों की भगिनी है। यह देवों को तेजस्वी बनाती है।'' वेदानुसार ''अमावस्या अत्यन्त शुभ है। इस शुभ दिन सूर्य और चन्द्रमा (सोम) एकसाथ होते है। साथ ही समस्त देवता भी एकत्र होते हैं। सोम वनस्पतियों में प्रवेश करता है।'' इसके ठीक विपरीत आगम एवं लोक में अमावस्या को अशुभता और षट्कर्म, अभिचार, कृत्या प्रयोग, मारण मोहन, वशीकरण, उच्चाटन आदि के तान्त्रिक प्रयोगों से सम्बद्ध किया गया है। अमावस्या के दिन शुभ कार्यों को अघोषित रूप से निषेध का प्रपंच रचा गया। यह वैदिक मान्यताओं के बिल्कुल उलट है।

ऋग्वेदीय ऋचा में कहा है कि ''अमावस्या की अधिष्ठात्री सिनीवाली देवी उत्तम किरणोंवाली होने के कारण अनेक प्रकार के उत्तम पदार्थों को उत्पन्न करती है और इस प्रकार उन पदार्थों के द्वारा जगत् की प्रजाओं का

पालन करती है। इस सिनीवाली के लिये यज्ञ में हवि प्रदान करो।" अर्थात् अमावस्या को यज्ञ करने से शुभता एवं उत्तम पदार्थों की उत्पत्ति होती है।।ऋग्वेद 2.32.7।।

या सुबाहुः स्वंगरि सुषूमा बहुसूवरी।
तस्यै विशपत्न्यै सिनीवाल्यै जुहोतन।।7।।ऋग्वेद 2.32.7।।

रुद्र यज्ञ : ईर्ष्या मुक्ति

देवों के शास्ता रुद्र के क्रोध को शान्त करने के लिये यज्ञ में हवियों के द्वारा एवं स्तुतियों के द्वारा उन्हें आमन्त्रित किया जाता है। वैदिक रुद्र बहुत ही कोमल हृदयवाला, महाकरुणामय है। अतः जो भी शुद्ध एवं पवित्र अन्तःकरण–मन से रुद्र की उपासना करता है, रुद्र उस पर प्रसन्न हो जाता है। वह जगत् को धारण एवं पोषण करनेवाला है। मन्त्रद्रष्टा ऋषि गृत्समद् ने रुद्र विषयक सूक्त में कहा है कि ऐसा पवित्र हृदयवाला कभी ईर्ष्या नहीं करता। ऋचा का गूढ़ आशय है : "ईर्ष्या एक भयानक मानसिक व्याधि है। ईर्ष्या मनुष्य से हिंसा करा देती है। परमेष्ठी रुद्र यज्ञकर्त्ता उपासक कभी भी ईर्ष्या के वश में नहीं होता, इसलिये वह कभी भी नष्ट नहीं होता।" मूलभूत रूप से "पँचभूतों के आदिभूत–आदितत्त्व रुद्र का दर्शन समभाव का है।" ऋग्वेद 2.33.5।। अतः समभाव प्राप्ति एवं ईर्ष्या मुक्ति के लिए रुद्र यज्ञ करें।

हवीमभिर्हवते वो हविर्भिरव स्तोमेभी रुद्रं दिषीय।
ऋदूदरः सुहवो मा नो अस्यै बभ्रुः सुशिप्रो रीरधन्मनायै।।5।।
।।ऋग्वेद 2.33.5।।

यज्ञ : सोम वषट्कर पूर्वक समर्पित

सोम को कूटकर छाना जाता है। उसके बाद सोम में गोरस एवं मधुर पानी मिलाया जाता है। इस सोम की यज्ञ में स्वाहा शब्दोच्चारण के साथ यज्ञाग्नि में आहुति इन्द्र के लिये देते हैं। सबका शासक इन्द्र "वषट्कार पूर्वक" समर्पित सोम को यज्ञ में आकर पान करता है।।ऋग्वेद 2.36.1।।

तुभ्यं हिन्वानो वसिष्ट गा अपो ऽधुक्षन् त्सीमविभिरद्रिभिर्नरः।
पिबेन्द्र स्वाहा प्रहुतं वषटकृतं होत्रादा सोमं प्रथमो य इशिषे।।1।।
।।ऋग्वेद 2.36.1।।

यज्ञ : धन देनेवाला देव सनातन

यह धन देनेवाला देव सनातन है। अतः पहिले भी मैं इसी देव का यज्ञ–प्रार्थना करता था और आज भी उसकी प्रार्थना करता हूँ। अध्वर्यु गण यज्ञ में उसी के लिये मधुरम् तैयार करते हैं। वह देव पोत्र से सोम का ऋतुओं के साथ पान करता है। अर्थात् "जो देव धन (अध्यात्मिक, दैविक,

भौतिक) देने में उदार हो, उसी से मांगना चाहिये।" उदार दानी की स्तुति करनी चाहिये। कंजूस मनुष्य से कभी धन नहीं मांगें, न ही उसकी स्तुति करें। सभी देवों से प्रेरणा लेकर उदारशय बनें।।ऋग्वेद 2.37.2।।

यमु पूर्वमहुये तमिदं हुवे सेदु हवयो ददिर्यो नाम पत्यते।
अध्वर्युभिः प्रस्थितं सोम्यं मधु पोत्रात्
सोमं द्रविणोदः पिब ऋतुभिः।।2।।ऋग्वेद 2.37.2।।

यज्ञ : सरस्वती में सभी आयु आश्रित

वैदिक सरस्वती अत्यन्त श्रेष्ठ निर्माता है, वह मनुष्य को उत्तम ज्ञान से श्रेष्ठ एवं तेजस्वी बनाती है। यह सरस्वती (अम्ब) सबकी माता है। "अम्बा" शब्द का अर्थ माता, भद्रमाता आदि है।

इस सरस्वती देवी में सभी तरह की आयु एवं विविध प्रकार के अन्न आश्रित हैं। सरस्वती देवी को यज्ञों से प्रसन्न करने पर वह दीर्घायु देती है और उत्तम सन्तान प्रदान करती है। इस ऋचा में वैदिक सरस्वती को अम्बा (जगन्माता), विश्व की आयु की नियंता और पवित्रकारक यज्ञों से प्रसन्न होने वाली कहा गया है।।ऋग्वेद 2.41.17।।

त्वे विश्वा सरस्वति श्रितायूंषि देव्याम्।
शुनहोत्रेषु मत्स्व प्रजां देवि दिदिड्ढि नः।।17।।ऋग्वेद 2.41.17।।

यज्ञ में द्यु एवं पृथिवी

हे द्यु एवं पृथिवी दोनों! आप आज इस यज्ञ में सोमपान के लिये पूजनीय देवों के साथ हमारे समीप विराजमान होने का अनुग्रह करो।।ऋग्वेद 2.41.21।।

आ वायुपस्थमद्रुहा देवाः सीदन्तु यज्ञीयाः।
इहाद्य सोमपीतये।।ऋग्वेद 2.41.21।।

यज्ञीय वैदिक मन्त्र : कल्याणपरक एवं पुण्यकारक वचन उच्चारण

यज्ञों में उद्गाता और ब्रह्मा वेद मन्त्रों का उच्चारण करता है। वैदिक ऋचाएँ–मन्त्र कल्याणकारक एवं पुण्यप्रद हैं। उसी का अनुसरण करता हुआ उपदेशक कल्याणप्रद एवं पुण्यकारक वचन बोले।।ऋग्वेद 2.43.2।।

उद्गातेव शकुने साम गायसि ब्रह्मपुत्र इव सवनेषु शससि।
वृषेव वाजी शिशुमतीरपीत्या सर्वतो नः शकुने भद्रमा वद।
विश्वतो नः शकुने पुण्यमा वद।।ऋग्वेद 2.43.2।।

यज्ञ : ऋचाओं में विषय की विभिन्न प्रकार व्याख्या

।।2.5.5, 6; 2.6.1, 2, 38; 2.9.1, 4; 2.10.1; 2.12.15; 2.13.6; 2.14.3, 4, 5, 6, 7, 9, 10, 11, 12; 2.16.1, 4, 5, 7; 2.17.9; 2.18.2, 3, 4, 5, 7, 9; 2.19.9; 2.

20.7, 9; 2.23.17; 2.24.1; 2.25.1; 2.26.2, 3, 4; 2.27.12, 17; 2.28.7; 2.30.6; 2.33.15; 2.34.14; 2.35.12, 15; 2.36.2, 3, 4, 6; 2.37.3, 4, 56; 2.38.1; 2.39. 8; 2.40.6; 2.41.14, 18, 19, 20।।

ऋग्वेदीय यज्ञ : तृतीय

।।यज्ञ : वाणी वृद्धि; यज्ञ : उपजाऊ भूमि; यज्ञ : भौतिक, अध्यात्मिक भाग; यज्ञ में देवगण : ज्ञान एवं पराक्रम से अग्नि उत्पन्न कर्त्ता; यज्ञ से सिद्धि : तेजस्वी पुरोहित से यज्ञगृह प्रकाशित; हिंसारहित यज्ञ : उन्नति का मार्ग; वाणी, बुद्धि, ज्ञान रूपी तीन देवियाँ यज्ञ में; यज्ञ से अभिलाषा पूर्ण; देवत्व के लिये यज्ञ; यज्ञ : सप्त होता; यज्ञीय यूप : मिथ्या एवं वैदिक सत्य; 3339 देव : अग्नि होता; सप्त होता यज्ञ; अग्नि यज्ञ नियन्ता : ब्रह्मज्ञानियों का शासक; ज्ञानयज्ञ; यज्ञाग्नि : तीन अन्न–घृत, ओषधि, सोम; यज्ञ धर्म प्रेरक; जीवन संचालक यज्ञ; यजनीय अग्नि तेज : आकाश, पृथिवी, जल, ओषधि में व्याप्त; यज्ञ से वृष्टि; यज्ञ : अग्नि मरुतों का ओज प्राप्ति; ''परमेष्ठी ही हवि'' : साधक समस्त लोक हस्तामलकवल्; ''परमेष्ठी यज्ञ की हवि : पुरुष सूक्त''; यज्ञभूमि : दक्षपुत्री; यज्ञ में पुरोडाश : निष्काम समर्पण, यज्ञ : संसार पालक; कर्मयोग ही तेजस्वी : हर संकट से पार; यज्ञ से सर्वत्र शान्ति; यज्ञ से ज्ञान, अमरता एवं माह ज्ञान; यज्ञ से इन्द्र द्युलोक में स्थापित; यज्ञ जलप्रवाहों को मुक्त कर्त्ता; यज्ञ दैवी शक्ति वर्धक; ''नदियों के किनारे यज्ञ विधान''; आर्यों का आदिदेश; ''शत यज्ञ कर्त्ता की शक्ति : पँच जन में''; ऋतुनुसार यज्ञ; ''मनुष्य शरीर : शक्तियाँ धन एवं अन्तःकरण''; यज्ञ के लिय शत्रु मुक्ति आवश्यक; यज्ञ अज्ञानता निवारक; सूर्य यज्ञ : तीन सवन; ''यज्ञवेदी माता''; देव नियम शाश्वत; यज्ञ सम्राट सूर्य; यज्ञ में तीन देवियाँ : सरस्वती, इळा, भारती; यज्ञ में बृहस्पति : अपराजेय ओज प्रदाता।।

यज्ञ : वाणी वृद्धि

उत्तम मन से समिधाओं एवं हव्यों के द्वारा यज्ञाग्नि को प्रसन्न करते हुए यज्ञ करने से मनुष्य की वाणी वृद्धि होती है। क्योंकि यज्ञों में स्तोत्र का पाठ किया जाता है। मूलभूत रूप से स्तोत्र देवों के और दूरदर्शी विद्वानों द्वारा रचित होते हैं। इस प्रकार ''यज्ञ से वाक् शक्ति में वृद्धि'' का सन्देश है।।ऋग्वेद 3.1.2।।

प्रांचं यज्ञ चकृम वर्धतां गी समिद्भिरग्निं नमसा दुवस्यन्।
दिवः शशासुर्विदथा कवीनां गृत्साय चित् तवसे गातुमीषुः।।2।।

यज्ञ से उपजाऊ भूमि

हे अग्ने! आप यज्ञ करनेवाले के लिये चिरकाल तक "उपजाऊ भूमि और उत्तम रहनेवाली अनेक उपयोगी वस्तुएँ देने" का अनुग्रह करें। साथ ही उत्तम बुद्धि भी प्रदान करें।।ऋग्वेद 3.1.23।। लोक में यज्ञ की भष्मी खाद के साथ मिलाकर खेत में डालने की परम्परा है। यज्ञ की विभूति में उर्वरा शक्ति एवं कीटनाशक शक्ति होती है।

इळामग्ने पुरुदंसं सनिं गौः शश्वत्तमं हवमानाय साध।
स्यान्न सुनुस्तनयो विजावा ऽग्ने सा ते सुमतिर्भूत्वस्मे।।23।।
।।ऋग्वेद 3.1.17।।

यज्ञ : भौतिक, अध्यात्मिक भाग

मन्त्रद्रष्टा ऋषि गायिनो विश्वामित्र ने वैश्वानरोऽग्नि के सूक्त में "यज्ञ के भौतिक एवं अध्यात्मिक भागों का उल्लेख किया है।" उन्होंने कहा है कि "यज्ञ का साधक एवं अग्रणी यज्ञाग्नि" है। मननशील प्राणी उसकी पवित्र स्तुति करे। "जिस प्रकार सारतत्त्व–घृत पवित्र एवं तेजस्वी ओजपूर्ण होता है, उसी प्रकार ऋचा–स्तोत्र–स्तुति भी पवित्र एवं तेजस्वी हो। स्तोतागण भौतिक और अध्यात्मिक रूप से दो भागों में विभक्त कर इस यज्ञाग्नि अथवा चित् तत्त्व को प्रदीप्त करके सुशोभित करते हैं।। यहाँ मन्त्रद्रष्टा ऋषि "मानस यज्ञ को अध्यात्मिक यज्ञ कह रहा है।।" ऋग्वेद 3.2.1।।

वैश्वानराय धिषणामृतावृधे घृतं न पूतमग्नये जनाममि।
द्विता होतारं मनुषश्च वाघतो धिया रथं न कुलिशः समृण्वति।।1।।
।।ऋग्वेद 3.2.1।।

यज्ञ में देवगण : ज्ञान एवं पराक्रम से अग्नि उत्पन्न कर्त्ता संकल्पशक्ति से अग्नि उत्पन्न

"तरुषः दक्षस्य विघर्मणि देवासः क्रत्वा चित्तिभिः अग्निं जनयन्त" अर्थात् देवगण अपने दिव्य ज्ञान एवं पराक्रम से यज्ञ में अग्नि उत्पन्न करते हैं, परन्तु यज्ञ करनेवाला भी पराक्रमी एवं कुशल हो। देवगण अर्थात् ब्रह्मविद्या के विद्वान् पराक्रमी, कुशल मनुष्य के यज्ञ में जाकर अपने श्रेष्ठ कर्मों एवं ब्रह्मज्ञान से अग्नि को उत्पन्न करते हैं। ब्रह्मविद्या के विद्वान् अपने ज्ञान एवं शुभ कर्मों से नेतृत्व अथवा अग्रणी की संरचना करते हैं। राष्ट्र यज्ञ में नेतृत्व उत्पन्न होता है। उसे देखकर प्रजायें बल प्राप्ति की कामना से उसकी प्रशंसा करती

हैं। मन्त्रद्रष्टा ने इसकी उपमा–वीर द्वारा उत्तम घोड़े की देखकर प्रशंसा से की है।

इस ऋचा में ऋषिवर "संकल्प शक्ति" से यज्ञाग्नि उत्पन्न करने का सूत्र दे रहा है।।ऋग्वेद 3.2.3।।

क्रत्वा दक्षम्य तरुषो विधर्माणि देवासो अग्निं जनयन्त चित्तिभिः।
रुरुवानं भानुना व्योतिषा महामत्यं न वाजं सनिष्यन्नप ब्रुवे।।3।।
।।ऋग्वेद 3.2.3।।

यज्ञ से सिद्धि : तेजस्वी पुरोहित से यज्ञगृह प्रकाशित

यज्ञ की अग्नि द्युलोक और पृथिवी लोकों में व्याप्त होकर चलती है। यह अग्नि देवों का दूत है। इसलिये वह देवों द्वारा इस पृथिवी पर भेजा गया है। वह आकर (यज्ञ में) देवों का पुरोहित बनता है। मनुष्य ज्ञानरूपी अग्नि को ही स्थापित करता है। मनुष्यों का पुरोहित इतना ब्रह्मज्ञानी, तेजस्वी हो कि वह अपने तेजों से यज्ञगृह को प्रकाशित करे। अर्थात् "ब्रह्मविद्, ब्रह्मजिज्ञासु, ब्रह्मानुसंधान कर्त्ता ही ज्ञान का प्रकाश दे सकता है"।।2।।

ज्ञानी जन "अग्नि को यज्ञ की पताका" कहते हैं। इस यज्ञाग्नि के प्रदीप्त होने पर सभी को यज्ञ होने का पता चलता है। यज्ञाग्नि से यज्ञ सिद्ध होते हैं। इसलिये यह यज्ञ का साधन है। यज्ञ कर्त्ता ज्ञानी उसी सुख को पाना चाहता है, जिसमें सुख हो। यहाँ उपदेश है : "जहाँ पर कर्म है, वहीं सुख है"।।3।।

"यज्ञों की सिद्धि" इस अग्नि से होती है। इसलिये यह यज्ञों का पालक है। यज्ञ ज्ञानियों की प्राणशक्ति को बलवान् बनाता है। यह स्तुति करनेवालों को उत्तम मार्ग प्रदर्शित करता है। यह द्युलोक में सूर्य, अन्तरिक्ष लोक में विद्युत् और पृथिवी लोक में अग्नि रूप में व्याप्त है। अग्नि "मानवीय देह में चित् तत्त्व है।" ऐसा वह ज्ञानवान् अग्नि तेजों से सर्वत्र प्रकाशित होता है।।4–।।ऋग्वेद 3.3.2, 3, 4।।

अन्तर्दूतो रोदसी दस्म ईयते होता निषत्तो मनुषः पुरोहितः।
क्षयं बृहन्त परि भूषति द्युभिर्देवेभिरग्नि रिषितो धियावसुः।।2।।
केतुं यज्ञानां विदथस्य साधनं विप्रासो अग्निं महयन्त चित्तिभिः।
अपां सि यस्मिन्नधि संदधु र्गिरस्तस्मिन्त्सुम्नानि यजमान आ
चके।।3।।
पिता यज्ञानामसुरो विपश्चितां विमानमग्निर्वयुनं च वाधताम्।
आ विवेश रोदसी भूरिवर्पसा पुरुप्रियो भन्दते धामभिः कविः।।4।।
।।ऋग्वेद 3.3.2, 3, 4।।

हिंसा रहित यज्ञ : उन्नति का मार्ग

यज्ञ में दीक्षित होने पर मनुष्य सदैव सत्कर्म करे। जिससे उसकी उन्नति हो। परन्तु यज्ञकर्म हिंसा रहित हो। इस प्रकार उत्तम कर्म करते हुए वह यज्ञाग्नि को प्रदीप्त करे। यज्ञाग्नि की ज्वालायें अन्तरिक्ष तक पहुँचें। "यज्ञ के केन्द्र में अग्नि स्थापित करने के बाद आसन बिछाये जाएं"।।4।।

ऊर्ध्वो वां गातुरध्वरे अकार्यूर्ध्वा शोचींषि प्रस्थिता रजांसि।
दिवो वा नाभा न्यसादि होता स्तृणीमहिं देवव्यचा वि बर्हिः।।4।।
।।ऋग्वेद 3.4.4।।

वाणी, बुद्धि, ज्ञान रूपी तीन देवियाँ यज्ञ में

यज्ञ में हमारी वाणी दूसरों की वाणियों के साथ मिल जाए। जगत् में सभी आपस में प्रेमपूर्वक बोलें, सबकी वाणियाँ परस्पर अनुकूल हों, कोई मति भ्रम–विरोध नहीं हो। मनुष्यों एवं देवों की बुद्धि एक हो, तेज भी एक हो। अर्थात् सभी मेधावान् हों, सबकी बुद्धियाँ एक समान हों। हमारा ज्ञान अन्यों के ज्ञान के साथ मिले। अर्थात् सभी ब्रह्मविदों–विद्वानों के बताये मार्ग पर चलें। सभी का ज्ञान भी परस्पर अनुकूल हो। हमारे यज्ञ आसन पर–वाणी, बुद्धि एवं ज्ञान रूपी तीन देवियाँ विराजमान् हों।।ऋग्वेद 3.4.8।।

आ भारती भारतीभिः सजोषा इळा देवैर्मनुष्येभिरग्निः।
सरस्वती सारस्वतेभिरर्वाक तिस्रो देवीर्बर्हिरेदं सदन्तु।।8।।
।।ऋग्वेद 3.4.8।।

"इस ऋचा में भारती (वाणी), इळा (बुद्धि) एवं सरस्वती (ज्ञान) तीन देवियाँ हैं।"

अग्नि : यज्ञ से अभिलाषा पूर्ण

"यज्ञ से अभिलाषा को पूर्ण करनेवाला", "जल के गर्भ में रहनेवाला", मनुष्यों का मित्र यह अग्रणी अग्नि प्रजाओं को उन्नत करने एवं प्रजाओं की उन्नति के लिये उनके बीच में जाकर कार्य करता है। यहाँ मन्त्रद्रष्टा ऋषि गाथिनो विश्वामित्र ने पँच महाभूत सृजन का सूत्रात्मक वर्णन किया है। अग्नि महाभूत से जल की उत्पत्ति हुई। अतः अग्नि जल के गर्भ में रहता है। प्रजाओं की उन्नति के लिये कार्य करने से प्रजा उसको ऊँचा स्थान देती है और आराधना करती है। इसका अर्थ है कि "मनुष्य शुभकर्म–यज्ञकर्म से मानवों का हित, कल्याण करे और लोक के मध्य जाकर सर्वकल्याण, सर्वोत्थान, सर्वोदय आदि के लिये सर्वस्व समर्पण करे। वही मेधावी और पूजा के योग्य होता है"।।ऋग्वेद 3.5.3।।

अधाय्या ग्निर्मानुषीषु विक्ष्व1पां गर्भो मित्र ऋतेन साधन्।

आ हर्यतो यजतः सान्वस्थादभूदु विप्रो हव्यो मतीनाम्।।3।।

।।ऋग्वेद 3.5.3।।

देवत्व के लिये यज्ञ (सन्मार्ग, शुभकर्म, सद्मार्ग)

मन्त्रद्रष्टा ऋषि गाथिनो विश्वामित्र ने अग्नि के सूक्त में अभूतपूर्व रहस्योद्घाटन किया कि, "देवत्व के लिये यज्ञ (शुभकर्म, सत्कर्म, सन्मार्ग, लोककल्याण अथवा सर्वलौकिक–सर्वकालिक–सर्वजनीन कार्य के लिये सर्वस्व आत्म समर्पण) ही एकमात्र मार्ग है।" सूक्त की ऋचा में कहा है, कि हे स्तोताओं! आप देवत्व प्राप्ति की इच्छा करते हुए बल प्रदान करनेवाले स्नुचा को घी से भर कर यज्ञाग्नि को समर्पित करें। यह हवि एवं घृत से परिपूर्ण स्नुचा यज्ञाग्नि की ओर जाता है।।ऋग्वेद 3.6.1।। अर्थात् लोककल्याण के कार्यों में सर्वस्व आत्मत्याग से देवत्व की प्राप्ति होती है।"

ऋग्वेद में कहा है : "मनुर्भव जनय दिव्यं जन्म।" अर्थात् "मननशील प्राणी मनुष्यत्व प्राणी मनुष्यत्व के सद्गुणों को ग्रहण कर देवत्व प्राप्त करता है।" वेद में वैदिक देवों के शास्ता रुद्र को महान् देव (महादेव) और पशुओं (प्राणिमात्र; मनुष्य भी) का अधिपति (पशुपति) कहा गया है।" मननशील मनुष्यों में भी पशुभाव है, उसके आंतरिक शत्रु (काम, क्रोध, मद, मोह, लोभ, मत्सर, कपट, कुटिलता, अज्ञान, दंभ, अहंकार आदि) भी हैं। यहाँ वैदिक ऋषि मननशील प्राणी को आंतरिक शत्रुओं एवं पशुत्व के भावों को समूल नष्ट करने का उपदेश दे रहा है। अथवा अन्तःकरण को शुद्ध, पवित्र, निरंजन, निर्मल, निष्काम करना देवत्व प्राप्ति की प्राथमिक शर्त है। विश्व में एकमात्र वेद ही मनुष्य से देवता बनने का सुगम सहज मार्ग बताता है।

प्र कारवो मनना वच्यमाना देवद्रीचीं नवत देवयन्तः।

दक्षिणावाड् वाजिनी प्राच्येति हर्षिर्भरन्त्यग्नये घृताची।।1।।

।।ऋग्वेद 3.6.1।।

यज्ञ : सप्त होता

यज्ञ में पाँच अध्वर्यु के साथ सप्त ब्रह्मविद् होता–ऋत्विक् (अष्टम यजमान) यज्ञ में अग्नि के प्रिय स्थान (वेदी) की रक्षा करते हैं। ये याजक दिव्य सोमरस पान से और नियमों के अनुशासन में रहकर आनन्दित होते हैं। दिव्य होता स्वरूप दो अग्नियों को मुख्य रूप से प्रज्ज्वलित करता है। सप्त होता सोमपान से प्रसन्न होते हैं। इसके बाद ये नियम से रहने के कारण तेजस्वी होकर सत्यभाषी होते हैं।।ऋग्वेद 3.7.7,8।।

इस ऋचा में पाँच अध्वर्यु और सप्त ब्रह्मविद् होता का गूढ़ रहस्य है। ऋचा में "अग्नि को ऋत" कहा गया है।

अध्वर्युभिः पंचभिः सप्त विप्राः प्रियं रक्षन्ते निहितं पदं वेः।
प्रांचो मदन्त्युक्षणो अर्जुर्या देवा देवानामनु हि व्रता गुः।।7।।
दैव्या होतार प्रथमा न्यंजे सप्त वृक्षासः स्वधया मदन्ति।
ऋतं शंसन्त ऋतमित् त आहुरनु व्रतं व्रतपा दीध्यानाः।।8।।
।।ऋग्वेद 3.7.7,8।।

यज्ञ यूप सूक्त

यज्ञीय यूप : मिथ्या एवं सत्य

यज्ञीय यूप के बारे में मिथ्या एवं भ्रामक प्रचार है कि यज्ञ यूप पर पशुबल–नरबलि दी जाती रही। ऋग्वेद के तीसरे मण्डल के आठवें "सूक्त का देवता–विषय यूप है।"

इस सूक्त की प्रथम ऋचा में कहा है कि यज्ञ स्थान पर "काष्ठ" (लकड़ी) का यूप स्थापित किया जाता है। इस यूप को "दिव्य घृत" से सींचा जाता है। यह यूप यज्ञ में अत्यन्त आवश्यक है।।1।। हे यूप! आप प्रदीप्त यज्ञाग्नि के समक्ष विद्यमान हो, उत्तम एवं उत्साहवर्धक वैदिक ऋचाएँ–मन्त्र–स्तुतियाँ सुनने का अनुग्रह करें। आप हमारी "दुष्ट बुद्धियों को नष्ट करें" एवं हमारे सौभाग्य में वृद्धि करें।।2।। अर्थात् यूप यज्ञ वेदी के समीप स्थापित किया जाता है। यह "यूप यज्ञकर्त्ता की दुष्ट बुद्धियों को नष्ट करता है।"

यूप सृजन के बाद उसे उत्तम वस्त्रों से अलंकृत कर यज्ञ स्थल पर लाया जाता है। इस यूप को बुद्धिमान् एवं आत्मज्ञानवान् अध्ययनशील ज्ञानी जन मनःपूर्वक भूमि में गाड़कर ऊँचा करते हैं। हे वनस्पति के यूप! आप भूमि के ऊपर ऊँचा खड़ा रहें। साथ ही यज्ञस्थान को नापते हुए यजमान को उत्तम अन्न और तेज प्रदान करने की कृपा करें।।3, 4।।

यह यूप यज्ञस्थान में यज्ञकर्त्ताओं के बीच लाया जाता है। वहाँ यूप को ब्रह्म ज्ञानियों के द्वारा जलादि से पवित्र किया जाता है। उस समय स्तोतागण यूप की स्तुति करते हैं।।5।।

यूप की श्रेष्ठजनों ने रचना की है, जिससे "यूप सूर्य के समान तेजस्वी हुआ है।" हे यूप! आप यज्ञ कर्त्ता को प्रजाओं से युक्त उत्तम धन आदि प्रदान करें।।6।। ऋत्विज्ों ने सम्पूर्ण विधि विधान से यूप को पृथिवी में रोपा है। "यह यूप यज्ञ को सिद्ध करनेवाला है।" यह यूप यज्ञ कर्त्ता को अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक धन, (तपोधन, ज्ञानधान, वैराग्यधन, यशोधन, कुलधन, प्राणधन, आरोग्यधन, प्रज्ञाधन, सत्यधन, संतोषधन, समभावधन आदि) प्रदान करे।।7।।

इस "यूप की रुद्र, द्यु, आदित्य, अन्तरिक्ष, वसु एवं पृथिवी रक्षा करे।" इस यज्ञ के प्रज्ञापक (सूचना देनेवाले) इस यूप को ऊँचा करें।।8।। ये "यूप तेजों को धारण करने के कारण सूर्य के समान चमकता है।" ये यूप हंस के समान पंक्तियों में गाड़े जाते हैं। अर्थात् यज्ञ स्थल पर अनेक यूप होते हैं। यज्ञस्थान में यूप इतने ऊँचे स्थान में लगाये जाते हैं, कि इनकी चोटियाँ अन्तरिक्ष को छूती हैं।।9।। सूर्य के समान चमकते यूप स्तम्भ के दोनों किनारों पर लोहे के गोल चक्र लगाये जाते हैं। ये दूर से पशुओं के शृंग–सींग प्रतीत होते हैं। ये यूप स्तुतियों से प्रसन्न होकर यज्ञ कर्त्ताओं की समस्त प्रकार के संग्राम में रक्षा करते हैं।।10।। हे वनस्पते! आपको महान् सौभाग्य के लिये कुशल विश्वकर्माओं ने तराशा है। हे वनस्पते! आप सैकड़ों शाखाओंवाला होकर उत्पन्न हो। अर्थात् वनस्पति–यूप अनेक प्रकार से समृद्ध होता है। यूप से प्रार्थना है कि इसी तरह हमें भी अनेकों प्रकार से समृद्ध कर, उन्नत करे।।11।।

"इन ग्यारह ऋचाओं में कहीं भी यूप पर बलि का विधान नहीं है।" वैदिक मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने यज्ञ यूप के स्तोत्रों–स्तुतियों से प्रसन्न होने का उल्लेख किया है। उन्होंने "यज्ञ यूप को सिद्धि प्रदाता" कहा है। वैदिक देवों के शास्ता रुद्र, द्यावापृथिवी (सृष्टि के माता–पिता), जगत् की आत्मा आदित्य–सूर्य, अष्ट वसु (आपः, ध्रुव, सोम, धव, अनिल, अनल, प्रत्यूष एवं प्रभास), अन्तरिक्ष आदि देवगण यूप की रक्षा करते हैं। तेजस्वी यूप देवों के मार्ग से अन्तरिक्ष में जाते हैं। यह यज्ञीय यूप काष्ठ का होता है।।ऋग्वेद 3.5.1–11।।

पश्चिमी वेद विद्वानों एवं आगमविदों ने ऋग्वेद के विपरीत यज्ञों और देवालयों के बाहर स्थापित यूप को पशु आदि बलिदान के स्थल की भ्रम पूर्ण संज्ञा दी। वैदिक अश्वमेध यज्ञ (सृष्टियज्ञ, कालयज्ञ, जगत् को यज्ञमय करने का यज्ञ आदि) के मूल रहस्य को समझने के स्थान पर अश्व की बलि का कथानक गढ़ा। उन्होंने वैदिक अश्व और मेध के मूल आशय को जानने समझने का प्रयास नहीं किया। अन्यथा वे अश्वमेध यज्ञादि में पशु बलि का वृत्तान्त नहीं कहते। यज्ञ यूप काष्ठ का होने से वैदिक "वृक्ष ब्रह्म–वृक्ष प्रजापति" की अवधारणा की पुष्टि करता है। वैदिक रुद्र सूक्त में "देवों के शास्ता रुद्र–वृक्ष, वनस्पति एवं वनों के अधिपति हैं।" रुद्र मत की नीलमत पुराण में "काष्ठ रूपी रुद्र" का उल्लेख है। वृक्ष को जीवन्त देव मानकर उसे काटने, पत्र–पुष्प–फल तोड़ने आदि से पूर्व वृक्ष की आराधना कर अनुमति लेने का कठोर विधान रहा और है।

अंजन्ति त्वामध्वरे देवयन्तो वनस्पते मधुना दैव्येन।

यदूर्ध्वस्तिष्ठा द्रविणेह धत्ताद् यद वा क्षयो मातुरस्या उपस्थे।।1।।
समिद्धस्य श्रयमाणः पुरस्ताद् ब्रह्म वन्वानो अजरं सुवीरम्।
आरे अस्मदमतिं बाधमान उच्छ्रयस्व महते सौभगाय।।2।।
उच्छ्रयस्व वनस्पते वर्ष्मन् पृथिव्या अधि।
सुमिती मीयमानो वर्चो धा यज्ञवाहसे।।3।।
युवा सुवासाः परिवीत आगात् स उ श्रेयान् भवति जायमानः।
तं धीरासः कवय उन्नयन्ति स्वाध्यो3 मनसा देवयन्तः।।4।।
जातो जायते सुदिनत्वे अन्हां समर्य आ विदथे वर्धमानः।
पुनन्ति धीरा अपसो मनीषा देवया विप्र उदयर्ति वाचम्।।5।।
यान् वो नरो देवयन्तो निमिम्युर्वनस्पते स्वधितिर्वा तत्तक्ष।
ते देवासः स्वरवस्तस्थिवांसः प्रजावदस्मे दिधिषन्तु रत्नम्।।6।।
ये वृक्णासो अधि क्षमि निमितासो यतस्रुचः।
ते नो व्यन्तु वार्यं देवत्रा क्षेत्रसाधसः।।7।।
आदित्या रुद्रा वसवः सुनीथा द्यावाक्षामा पृथिवी अन्तरिक्षम्।
सजोषसो यज्ञमवन्तु देवा ऊर्ध्वं कृण्वन्त्वध्वरस्य केतुम।।8।।
हंसा इव श्रेणिशो यतानाः शुक्रा वसानाः स्वरवो न आगुः।
उन्नीयमानः कविभिः पुरस्ताद् देवा देवानामपि यन्ति पाथः।।9।।
शृंगाणीवेच्छृंगिणां स ददृश्रे चषालवन्त स्वरवः पृथिव्यां।
वाघद्भिर्वा विहवे श्रोषमाणा अस्माँ अवन्तु पृतनाज्येषु।।10।।
वनस्पते–शतवल्शो वि रोह सहस्रवल्शा वि वयं रुहेम।
यं त्वामयं स्वाधितिस्तेजमानः प्राणिनाय महते सौभगाय।।11।।

।।ऋग्वेद 3.8.1–11।।

तीन हजार तीन सौ उनतालीस देव : अग्नि होता

मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने इस ऋचा में यज्ञ में तीन हजार तीन सौ उनतालीस देवगण का होता अग्नि को बताया है। देवगण द्वारा कुशासन बिछाकर होता स्वरूपा अग्नि को बैठाया जाता है। देवों की 3339 की संख्या एक पहेली के समान है? क्या यह त्रि तत्त्वों (सत्, रजस् एवं तमस्) की ओर संकेत है?।।ऋग्वेद 3.9.9।।

त्रीणि शता त्री सहस्राण्यग्निं त्रिशंच देवा नव चासपर्यन्।
औक्षन् घृतैरस्तृणन् बर्हिरस्मा आदिद्धोतारं न्यसादयन्त।।9।।

।।ऋग्वेद 3.9.9।।

सप्त होता यज्ञ

यह यज्ञों का प्रज्ञापक अग्नि सप्त होताओं द्वारा सारभूत तत्त्व घृत से सिक्त होकर, यजमानों के पास देवताओं के साथ आया है। इस ऋचा में होता गण की सप्त संख्या उलझी गुत्थी है। वेद में सप्त व्याहृति, अग्नि की सप्त जिव्हा, सूर्य की सप्त रश्मियाँ, सप्त रुद्र, सप्त ऋषि, सप्त ग्रह, सप्त प्रकृति, पृथिवी संरचना के सप्त चरण, वायु के सप्त स्कम्भ, सप्त आत्मन्, सप्त सिन्धु, शरीर के संघटक सप्त मूल तत्त्व (अन्नरस, रुधिर, मांस, मज्जा, अस्थी, चर्बी, रेतस्), सप्त दिवस आदि हैं। वहीं सप्त अधोलोक (अतल, वितल, सुतल, रसातल, तलातल, महातल एवं पाताल), विवाह की सप्त पदी, सप्त मोक्ष दायक पुरी (अयोध्या, मथुरा, माया, काशी, कांची, अवन्तिका एवं द्वारका), सप्त राशियाँ, संगीत के सप्त स्वर, सतपर्णी वृक्ष, सप्त द्वीप, राज्य के सप्त अंग, सूर्य रथ के सप्ताश्व, सप्त द्वीप, राज्य के सप्त अंग, सप्त तारा मण्डल आदि हैं।।ऋग्वेद 3.10.4।। क्या यहाँ मन्त्रद्रष्टा ऋषि ब्रह्मज्ञानियों को संगठित करने का उपदेश दे रहे हैं?

स केतुरध्वराणामग्निर्देवेभिरा गमत्।
अंजानः सप्तः होतृभिर्हविष्मते।।ऋग्वेद 3.10.4।।

अग्नि यज्ञ नियन्ता : ब्रह्मज्ञानी मनुष्यों का शासक

सर्वज्ञ अग्नि यज्ञों और समस्त मनुष्यों का नियन्ता है। वही समस्त श्रेष्ठ धनों का दाता है। अतः उस श्रेष्ठ अग्नि की सेवा करनी चाहिये। इस ऋचा में "विप्रः एषा यन्ता" का आशय है : "सर्वज्ञ ब्रह्मज्ञानी ही इन मनुष्यों का शासक हो सकता है"।।ऋग्वेद 3.13.3।।

स यन्ता विप्र एषां से यज्ञानामथा हि षः।
अग्निं तं वो दुवस्यत दाता यो वनिता मधम्।।3।।ऋग्वेद 3.13.3।।

ज्ञानयज्ञ

यज्ञकारी सर्वज्ञ अग्नि देवों को बुलानेवाला, सत्य पालक, अतिशय मेधावी एवं सुखकर है। वह हमारे यज्ञों में आता है। हम विनम्रतापूर्वक आपकी स्तुति करते हैं। "हे अग्नि आप महा विद्वान् हैं, अतः अपने साथ अनेक विद्वानों को हमारे यज्ञ में लाने का अनुग्रह करें।" आप इस पवित्र कुशासन पर विराजमान हों। "विद्वान् विदुषः आ वक्षि" – विद्वान् ही अपने साथ विद्वानों को ला सकता है। यह सूत्रात्मक रूप में ज्ञानयज्ञ का संकेत है।।ऋग्वेद 3.14.2।।

अयामि ते नमऊक्तिं जुषस्व ऋतावस्तुभ्यं चेतते सहस्वः।
विद्वाँ आ वक्षि विदुषो नि षत्सि मध्य आ बर्हिरूतये यजत्र।।2।।
।।ऋग्वेद 3.14.2।।

यज्ञाग्नि : तीन अन्न–घृत, ओषधि, सोम

हे यज्ञ में पधारनेवाले अग्नि देवता! आपका जन्म तीन उषाओं से हुआ। अर्थात् आपकी तीन माता हैं। मूलभूत रूप से यह पृथिवी पर भौतिक अग्नि, अन्तरिक्ष में विद्युत् एवं द्युलोक में सूर्य है। इसप्रकार अग्नि के तीन जन्म हुए। सर्वज्ञ अग्नि के तीन प्रकार के अन्न हैं – घृत (सारतत्त्व), ओषधि एवं दिव्य सोम। अग्नि इन तीन अन्न से प्रदीप्त होकर देवों को हव्य पहुँचाता है और यजमान का कल्याण करता है।।ऋग्वेद 3.17.3।। यह स्मरण रहे कि वेद में तीन की संख्या अत्यन्त रहस्यमय है।

त्रीण्यायूंषि तव जातवेदस्तिस्र आजानी रुषसस्ते अग्ने।
ताभिर्देवानामवो यक्षि विद्वनथा भव यजमानाय शं योः।।3।।
।।ऋग्वेद 3.17.3।।

यज्ञ धर्म प्रेरक

हे सर्वज्ञ यज्ञाग्नि! आपसे पूर्व जो यज्ञ करनेवाले जिस धर्म पर चलकर सुखी हुए, उसी धर्म पर हमें प्रेरित कर। जिससे हमारे यज्ञ से देव प्रसन्न हों।।ऋग्वेद 3.17.5।।

यस्त्वद्धोता पूर्वो अग्ने यजीयान् द्विता च सत्ता स्वधया च शंभुः।
तस्यानु धर्म च प्रजा चिकित्वो ऽथा नो धा अध्वरं देववीतौ।।5।।
।।ऋग्वेद 3.17.5।।

जीवन संचालक यज्ञ

जीवन को चलाने वाले यज्ञ में मनुष्य अग्नि, उषा, अश्विनौ एवं दध्रिका आदि देवों को स्तोत्रों से प्रेमपूर्वक बुलाता है। वैसे सृष्टि में अग्नि सोमात्मक यज्ञ निरन्तर चल रहा है। सूर्य पृथिवी की नाभि पर सतत यज्ञ कर रहा है। मानवीय पिण्ड में प्राण एवं अपान का यज्ञ निर्बाध जारी है। अतः यज्ञ जीवन का संचालक है। हमारी प्रार्थना यज्ञ की कामना करनेवाले, उत्तम तेज से सम्पन्न देव सुनें।।ऋग्वेद 3.20.1।।

अग्निमुषसमश्विना दध्रिकां व्युष्टिषु हवते वह्निरुक्थैः।
सुज्योतिषो ना शृण्वन्तु देवाः सजोषसो अध्वरं वावशानाः।।1।।
।।ऋग्वेद 3.20.1।।

यजनीय अग्नि तेज : आकाश, पृथिवी, जल, ओषधि में व्याप्त

हे यजनीय अग्नि! आपका तेज पृथिवी, आकाश, आपः (जल), वनस्पति आदि में सर्वत्र व्याप्त है। इसी तेज से अन्तरिक्ष भी विस्तृत हुआ है। आपका वह तेज सर्वद्रष्टा, प्रकाशमान् एवं गंभीर है।।ऋग्वेद 3.22.2।।

अग्ने यत ते दिवि वर्चः पृथिव्यां यदोषधीष्वप्स्वा यजत्र।

येनान्तरिक्षमूर्वाततन्थ त्वेषः स भानुरर्णवो नृचक्षाः।।2।।

।।ऋग्वेद 3.22.2।।

यज्ञ से वृष्टि

मन्त्रद्रष्टा ऋषि गाथिनो विश्वामित्र ने इस ऋचा में यज्ञ से वर्षा का कूटात्मक, सूत्रात्मक वर्णन किया है। जब यज्ञ प्रज्ज्वलित होते हैं, तब प्रज्ज्वलित यज्ञाग्नि को किरणें आकाश में जाकर मेघों का निर्माण करती हैं। उसके फलस्वरूप वायु चलने लगती है। उस वायु के प्रचण्ड प्रवाह से मेघ काँपने लगते हैं और तब जल वर्षा होती है।।ऋग्वेद 3.26.4।।

प्र यन्तु वाजास्तविषीभिरग्नयः शुभे संमिश्लाः पृषतीरयुक्षत।
बृहदुक्षो मरुतो विश्ववेदसः प्र वेपयन्ति पर्वताँ अदाभ्याः।।4।।

।।ऋग्वेद 3.26.4।।

यज्ञ : अग्नि, मरुतों का ओज प्राप्ति

ये सभी मरुत् हर तरह के युद्ध में भाग लेने वाले योद्धा हैं, महाबुद्धिमान् हैं, समस्त धनों से युक्त हैं और सभी यज्ञों में जानेवाले हैं। ये मरुत् हमेशा समूह में रहते हैं। ऐसे वीर योद्धा मरुत् गण से हम अग्नि के प्रकाशित ओज को प्रदान करने की प्रार्थना करते हैं।।ऋग्वेद 3.26.6।।

व्रातंव्रातं गणंगणं सुशस्तिभिरग्नेर्भामं मरुतामोज ईमहे।
प्रषदश्वासो अनवभ्रराघसो गन्तारो यज्ञं विदथेषु धीराः।।6।।

।।ऋग्वेद 3.26.6।।

परमेष्ठी ही हवि

साधक : समस्त लोक हस्तामलकवत्

परमेष्ठी आदि अनादि काल से सर्वज्ञ है। परमेष्ठी के प्रकाशक सूर्य और चन्द्र ही नेत्र हैं। परमेष्ठी के मुँह में सदैव अमृत बना रहता है, वही उसका प्राण है। वह तीन प्रकार से धारक है। अर्थात् परमात्मा ही सूर्य बनकर द्युलोक को, वायु बनकर अन्तरिक्ष को और अग्नि बनकर पृथिवी को धारण करता है। अथवा परमेष्ठी ही तीनों लोकों का पिता–त्र्यम्बक है। परमेष्ठी ही ब्रह्माण्ड रचना से पूर्व के काल, ब्रह्माण्ड रचना के पश्चात के काल, वर्तमान काल और आनेवाले कल का महाकाल त्र्यम्बक है। वही समस्त लोकों को मापता है। वही प्रकाश का स्रोत है। "परमेष्ठी ही (यज्ञीय) हवि है।" परमेष्ठी के हवि होने से ही सृष्टि की उत्पत्ति हुई।।7।।

ब्रह्मज्ञानी–ब्रह्मजिज्ञासु–यज्ञकर्त्ता–ज्ञानी–साधक–साध्य अपने हृदय में ही परमात्मा की ज्योति का अनुभव करता है। परमात्मा की ज्योति के अनुभव से उसके मन, वाणी एवं कर्म पवित्र हो जाते हैं। मन, वाणी एवं कर्म की

पवित्रता से आत्मा भी पवित्र हो जाती है। आत्मा के पवित्र होने के परिणामस्वरूप उसके अन्दर शुभ शक्तियों का उदय होता है। ये शक्तियाँ "स्व–धा" अर्थात् "आत्मा को धारण करनेवाली होती हैं।" इन स्वधा शक्तियों के कारण आत्मा अत्यन्त श्रेष्ठ एवं सुन्दर बन जाती है। उसके बाद वह आकाश और समूचे जगत् को देखता है। उसके लिये "समस्त लोक हस्तामलकवत् प्रत्यक्ष हो जाते हैं"।।ऋग्वेद 3.26.7, 8।।

अग्निरस्मि जन्मना जातवेदा घृतं मे चक्षुरमृतं म आसन्।
अर्कस्त्रिधातु राजसो विमानो ऽजस्रो धर्मो हविरस्मि नाम।।7।।
त्रिभिः पवित्रैरपुपोद्धय1 र्कं हृदा मतिं ज्योतिरनु प्रजानन्।
वर्षिष्ठं रत्नमकृत स्वधाभिरादिद् द्यावपृथिवी पर्यपश्यत्।।8।।
।।ऋग्वेद 3.26.7, 8।।

परमेष्ठी यज्ञ की हवि : पुरुष सूक्त
सर्वहुत यज्ञ

ऋग्वेद का सुप्रसिद्ध "पुरुष सूक्त" (10.90.1–16) है। इसमें समूचे जगत् की उत्पत्ति को यज्ञकर्म घोषित किया गया है। इसमें "सर्वश्रेष्ठ पुरुष (परम ब्रह्म) द्वारा स्वयं निर्मित सृष्टि के लिये बहुत स्नेह एवं आनन्द के साथ अपने सर्वस्व का यज्ञ में न्योछावर किया गया। इस सर्वस्वसमर्पण, आत्मत्याग एवं आत्मयज्ञ का उद्देश्य सृष्टि सृजन रहा।" इस "पुरुष तत्त्व को यज्ञीय हव्यों की तरह पूर्णतया समर्पित करके उसने विविध रूप धारण करने वाली सृष्टि को जन्म दिया।" "मन्त्रद्रष्टा ऋषि नारायण ने इस सृष्टि निर्माण कार्य को यज्ञ" कहा है। अतः यज्ञ का कर्तृत्व साक्षात् परमेष्ठी–पुरुषोत्तम के स्थान पर उसके द्वारा प्रथम निर्मित देवों पर आरोपित किया गया। प्रथम पुरुष यदि स्वयंभू एवं सर्वव्यापी है तो दूसरा प्रारम्भ में "विराज्" से उत्पन्न एवं केवल पृथिवी से बड़ा है। "परमेष्ठी के स्वर्ग स्थित देवता पहिले अंश रहे, लेकिन दूसरे पुरुष का उन्होंने यज्ञीय द्रव्य के रूप में उपयोग किया।" "यज्ञ में हव्य के रूप में समर्पित होने के उपरान्त दूसरा पुरुष सृष्टि में परिवर्तित होने लगा।" यह परिवर्तन प्रथम पुरुष याने परमेष्ठी की इच्छानुसार ही हो रहा था।

जो कुछ हुआ है और जो कुछ आगे होनेवाला है, वह सब यही पुरुष (परमेष्ठी) है। "यज्ञ में हविर्भाग" के द्वारा जो अमृत्य देवों का समूह (भूत और भव्य जगत् के) उस पार (स्वर्ग लोक में) आरोहण कर रहा है उस पर भी पुरुष का ही अधिकार जमा हुआ है।।2।। इस पुरुष का विस्तार इतना महान् है, तो भी यह पुरुष स्वयं इस विस्तार की अपेक्षा ओर भी महान् है। अन्य

सभी भूत मिलकर इसकी तुलना में एक चौथाई ही होंगे। स्वर्गलोक के अमर्त्य देव तीन चौथाई हैं।।3।।

तीन अंशात्मक यह पुरुष ऊर्ध्वगामी होकर (स्वर्ग में देव रूप में) जाकर रहा। इसका एक अंशात्मक भाग (फिर भूतरूप में परिणत होने के लिये) यहीं रहा है। फिर वहाँ से अन्न भक्षण करनेवाले और उसके बिना जीनेवाले ऐसे उभयविध प्राणियों की दिशा में सभी और वह पुरुष फैल गया।।4।।

इस आदि पुरुष से विराज् (नामक स्त्री तत्त्व) का जन्म हुआ और विराज् से (फिर दूसरे) पुरुष का जन्म हुआ। वह दूसरा पुरुष जन्म ग्रहण करते ही इस भूमि के आगे और पीछे दोनों ओर से उससे भी बड़ा होकर रहा।

"विराज्" – वह नारीतत्त्व जिससे "यज्ञीय का जन्म" हुआ अथवा विराज् को पुल्लिंगी शब्द मानकर उसमें उस तत्त्व का उल्लेख समझ लें जो सर्वात्मक मूल पुरुष एवं परवर्ती "यज्ञीय पुरुष" के बीच में रहा। साथ–साथ यह भी मानना पड़ेगा कि ये तीनों तत्त्व क्रमशः आकार में लघुतर होते गये। "भूमिम्"–माना कि भूमि अभी भविष्य के गर्भ में है, फिर भी पुरुष की बड़ी विशालता की ओर संकेत करने के लिये कवि ने यहाँ भूमि का उल्लेख किया है।।5।।

जिस समय "इस दूसरे पुरुष को पशुरूपी हवि मानकर पुरातन देवों ने यज्ञ किया, उस समय इस यज्ञ में वसन्त ऋतु आज्य, ग्रीष्म ऋतु–इन्धन, और शरद् ऋतु हवि (पुरोडाश रूप) के स्थान में नियुक्त हो गये थे।

ऋचा में "हविषा"–पशुरूपी हव्य के रूप में है। वसन्त, ग्रीष्म एवं शरद ऋतुओं का उल्लेख दशम मण्डल के 161वें सूक्त की चतुर्थ ऋचा में भी मिलता है। इन तीनों ऋतुओं के अलावा हिमा (शतं हिमाः) में हेमन्त ऋतु का भी उल्लेख हुआ है। लेकिन "अन्य दो ऋतुएँ ऋग्वेद नहीं पाई जाती हैं"।।6।।

प्रथम पीढ़ि के देवों ने सृष्टि के प्रारम्भ में जन्मे हुए (इस दूसरे)" पुरुष को यज्ञीय हवि" मानकर परम पावन कुशों पर रखा और प्रोक्षण किया। उसकी सहायता से जो देव, साध्य एवं ऋषि (उस समय उपस्थित रहे) उन्होंने यज्ञ संपादन किया।

इस ऋचा में यज्ञ का अर्थ यज्ञीय हव्य है। "विराज्" का जन्म इसके पहिले अवश्य हुआ था; लेकिन वह पुरुष नहीं था (देखें पाँचवीं ऋचा)। इसलिये सम्भवतः इसे यहाँ "अग्रतः जांत" कहा गया है।" इस प्रस्तुत ऋचा

से स्पष्ट है कि इस यज्ञ में पुरातन देवों के साथ साध्य एवं ऋषि भी सृष्टि के पूर्व विद्यमान रहे।'' ''प्रौक्षन्'' का अर्थ है : प्राक्षण करके पवित्र किया।।7।।

सभी हविर्द्रव्यों के साथ हवन किये गये। यज्ञीय (पुरुष रूपी) हवि से पृषदाज्य एकत्र हुआ। उस पृषदाज्य से उस स्वयंभू पुरुष ने अन्तरिक्ष, अरण्य एवं ग्रामों में संचार करनेवाले पशुओं को उत्पन्न किया। यहाँ ''सर्वहुत्'' का आशय ''सबका हवन करने वाला'' है। ''चक्रे''–उस पुरुषतत्त्व का सर्वतः हवन करने के उपरान्त उससे पृषदाज्य का निर्माण हुआ। उस पृषदाज्य से स्वयंभू परमेष्ठी ने सभी प्रकारों के प्राणियों को पैदा किया।।8।।

सभी हविर्द्रव्यों के साथ हवन किये गये। उस ''यज्ञीय पुरुष रूपी हवि से अर्थात् तज्जन्य पृषदाज्य से ऋचा एवं साम उत्पन्न हो गये। उसी से ही छन्दों का भी निर्माण हुआ। साथ यजुष् (यजुर्वेद) भी उत्पन्न हुआ।''

''ऋग्वेद में सर्वप्रथम ऋक्, साम एवं यजुष् तीनों मन्त्रों–ऋचाओं के प्रकार एकस्थान पर पुरुष सूक्त की इस ऋचा में ही पाये जाते हैं।'' यह तो स्पष्ट ही है कि इनमें तीन संहिताओं का उल्लेख नहीं है।।9।। उसी से अश्व और जिन प्राणियों की नीचे एवं ऊपर की दोनों दन्तपङ्क्तियाँ हैं ऐसे प्राणी भी उत्पन्न हुए। गायें भी उसी से पैदा हुई और महिषा (भैंस), अश्व, बकरियाँ, भेड़ें, ऊँट आदि भी वैसे ही पैदा हो गई।।10।।

जिस समय इस ''पुरुषरूपी यज्ञीय पशु का आहुति देने के लिये देवों ने विभाजन किया उस समय उसका कितने भागों में हवन'' किया? उसके मुख का क्या हुआ? उसके बाहु, उरुओं का किसमें परिवर्तन हुआ? उसके चरणों को क्या हुआ?।।11।।

उसका मुख ब्रह्मविद (ब्रह्मकर्मकर्त्ता), उसकी भुजाएँ राजन्य (क्षात्र कर्म) बनाई गई। उसकी जाँध से कृषि–वाणिज्य–विपणन–सेवा करने वाले वैश्य और पादों से कर्मी–शूद्र का निर्माण हुआ।।12।। ऋग्वेद में इससे पहिले त्रयीवर्ण–ब्रह्मविद्, क्षात्रधर्म एवं वैश्य का उल्लेख है। शूद्र का उल्लेख पँच जन–देवता, गन्धर्व, नाग, पितर एवं मनुष्य में भी नहीं है। अतः ऋग्वेद के दशम मण्डल की प्रमाणिकता पर प्रश्नचिन्ह लगा। यज्ञीय पुरुष के मन से चन्द्रमा पैदा हुआ और नेत्रों से सूर्य का निर्माण हुआ। यज्ञीय पुरुष के मुख से दो देव–इन्द्र एवं अग्नि, और प्राण से वायु वैसे ही उत्पन्न हो गया। ''चक्षोः''–चक्षुषः। स्वरान्त ''चक्षु'' शब्द सिर्फ यहीं पाया जाता है। यह अवश्य है कि एक ही स्वरान्त एवं व्यंजनान्त दोनों तरह के रूप ऋग्वेद में अन्यत्र भी मिलते हैं।।13।।

यज्ञीय पुरुष की (हवि के पृषदाज्य से) नाभि से अन्तरिक्ष उत्पन्न हुआ। मूर्धा से द्युलोक प्रगट हुआ। पादों से भूमि और कानों से दिशाएँ निर्मित हुई। इसप्रकार पुरातन देवों ने (पुरुष यज्ञ से) लोकों की रचना की।।14।। जिस समय "यज्ञ करते हुए पुरातन देवों आदि ने दूसरे पुरुष को यज्ञीय हवि (पशु) मानकर यूप में बाँध रखा उस समय उस यज्ञ की अग्नि के लिये सात परिधि और इक्कीस समिधाएँ प्रयुक्त की गई।"

परिधि अर्थात् प्राकार की तरह चारों ओर रचित इन्धनों की सप्त कतारें। यह ऋचा यज्ञ के परिधियों एवं समिधाओं की विशिष्ट संख्या एवं पशुबन्धन से सम्बद्ध है। परवर्ती वेदों की संहिताओं में इस सूक्त की अनेक ऋचाएँ उद्धृत की गई हैं।।15।।

पुरुषरूपी यज्ञीय हवि की सहायता से पुरातन देवों आदि ने अपने यज्ञ को पूर्ण किया। उस समय उनके आचार में परिगणित बातें ही इस विषय के प्रथम नियम के रूप में सिद्ध हो गई। इन्हीं के अनुसार किए गए यज्ञों से प्राप्त महानताएँ (अर्थात् वे महान् यजमान) जिस स्थान पर पुरातन साध्य और प्रथम पीढ़ी के देव रहते हैं, उस नाकलोक (स्वर्ग, परमव्योम) में पहुँच गए हैं।।16।। ("यज्ञं यज्"–यज्ञ को सफल बनाना, उसे पूर्ण करना)

पुरुष सूक्त सन्देश है कि परमेष्ठी–इष्टदेवता का अपना सर्वस्व समर्पित करना ही याग का प्रधान रूप है। प्रकारान्तर में इष्टदेवता की तरह अन्य जीवों को भी सद्भावना के साथ ईप्सित वस्तु अर्पित करने में इसका परिपाक होता था। इस सूक्त से स्पष्ट है कि वैदिक काल में आर्यों के आदिदेश (दृषद्वती महानद एवं सरस्वती महानद : स्रोत आर्यों का आदिदेश, डॉ. सम्पूर्णानन्द) के जीवन में यज्ञकर्म का केन्द्रीय स्थान रहा। इस भावना की चरम सीमा तो यही रही कि "सम्पूर्ण सत्ता के रहते हुए सम्राट अपनी समूची शक्ति एवं बुद्धि के साथ–साथ सम्पत्ति का उपयोग प्रधान रूप से प्रजा के लिये करे और अपने लिये बहुत ही संयम से काम ले।"

इस प्रकार ऋग्वेद के तीसरे मण्डल के 27वें सूक्त की 26वीं ऋचा "परमेष्ठी ही हवि" की सविस्तार व्याख्या दशम मण्डल के 90वें पुरुष सूक्त में मिलती है। पुरुष सूक्त के यूप के सम्बन्ध में यूप सूक्त देखें।

ऋग्वेद : दशम मण्डल, 90वाँ सूक्त

सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात्।
स भूमिं विश्वतो वृत्वा ऽत्यतिष्ठद्दशांगुलम्।।1।।
पुरुष एवेदं सर्वं यद्भूतं यच्च भव्यम्।
उतामृतत्वस्येशानो यदन्नेनातिरोहति।।2।।

एतावानस्य महिमा ऽतो ज्यायाँश्च पूरुषः।
पादोऽस्य विश्वा भूतानि त्रिपादस्यामृत दिवि।।3।।
त्रिपादूर्ध्व उदैत् पुरुषः पादोऽस्येहाभवत् पुनः।
ततो विष्वङ्. व्यक्रामत् साशनानशने अभि।।4।।
तस्माद्विराळजायत विराजो अधि पूरुषः।
स जातो अत्यरिच्यत पश्चाद्भूमिमथो पुरः।।5।।
यत पुरुषेण हविषा देवा यज्ञमतन्वत।
वसन्ता अस्यासीदाज्यं ग्रीष्म इध्मः शरद्धविः।।6।।
तं यज्ञं बर्हिषि प्रौक्षन् पुरुषं जातमग्रतः।
तेन देवा अयजन्त साध्या ऋषयश्च ये।।7।।
तस्माद्यज्ञात् सर्वहुतः संभृतं पृषदाज्यम्।
पशून् ताँश्चके वायव्यानाख्यान् ग्राम्याश्च ये।।8।।
तस्माद्यज्ञात् सर्वहुतः ऋचः सामानि जज्ञिरे।
छन्दासि जज्ञिरे तस्माद्यजुस्तस्मादजायत।।9।।
तस्मादश्वा अजायन्त ये के चोभयादतः।
गावो ह जज्ञिरे तस्मात् तस्माज्जाता अजावयः।।10।।
यत पुरुषं व्यदधुः कतिधा व्यकल्पयन्।
मुखं किमस्य कौ बाहू का ऊरू पादा उच्येते।।11।।
ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीब्दाहू राजन्यः कृतः।
ऊरू तदस्य यद्वैश्यः पद्भयां शूद्रो अजायत।।12।।
चन्द्रमा मनसो जातश्चक्षोः सूर्यो अजायत।
मुखादिन्द्रश्चाग्निश्च प्राणाद्वायुरजायत।।13।।
नाभ्या आसीदन्तरिक्षं शीर्ष्णो द्यौः समवर्तत।
पद्भयां भूमिर्दिशः श्रोत्रात् तथा लोकाँ अकल्पयन्।।14।।
सप्तास्यासन् परिधयस्त्रिः सप्त समिधः कृताः।
देवा यद्यज्ञं तन्वाना अबन्धन् पुरुषं पशुम्।।15।।
यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्।
ते ह नाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति देवाः।।16।।

यह स्पष्ट है कि ऋग्वेद के मण्डल के अमुक सूक्त की ऋचा का गूढ़ार्थ अन्य किसी मण्डल के अमुक सूक्त की ऋचा–ऋचाओं में दिया गया है। इसलिये ऋग्वेद की समस्त ऋचाओं के गहन अध्ययन से ही मन्त्रद्रष्टा ऋषि का आशय जान सकते हैं।

दक्ष पुत्री : यज्ञभूमि

ज्ञानपूर्वक कर्मों के कारण वरण योग्य यह यज्ञ की अग्नि सभी स्थावर जंगमादि प्राणियों (वृक्ष वनस्पतियों एवं प्राणिमात्र) को अपने गर्भ में धारण करता है। उसी समस्त जगत् के पालक अग्नि को दक्ष तनया यज्ञभूमि धारण करती है। अर्थात् "दक्ष पुत्री यज्ञभूमि है"।।9।।ऋग्वेद 3.27.9।। स्मृति में आगम में इसी ऋचा को नया रोचक कलेवर देकर दक्ष प्रजापति की पुत्री स्वाहा को सर्वपालक अग्नि की पत्नी का कथानक जोड़ा गया। जबकि आगम का यह कथानक वेद के विपरीत है।

धिया चक्रे वरेण्यो भूतानां गर्भमा दधे।
दक्षस्य पितरं तना।।ऋग्वेद 3.27.9।।

यज्ञ में पुरोडाश : निष्काम समर्पण

ऋग्वेद के तीसरे मण्डल के 28वें सूक्त में यज्ञ में पुरोडाश समर्पण की ऋचाएँ हैं। पुरोडाश का अर्थ यव–चावल अथवा धान्य को पीसकर बनाई गई और कपाल में रखकर प्रस्तुत की गई यज्ञ की आहुति है।। मनुस्मृति 7. 21।। मूलतः यह आटे की टिकिया (बाटी) है, जिसे अग्नि में सेका जाता है। साधारण से साधारणजन यह यज्ञ में प्रस्तुत करने में सामर्थ्यवान् है। अर्थात् यज्ञ का प्रचलन जनसामान्य में रहा। मन्त्रद्रष्टा ऋषि गाथिनो विश्वामित्र ने इस सूक्त की प्रथम ऋचाओं में "शुभ कर्म कर, फल की चिन्ता नहीं कर" का अध्यात्मिक दार्शनिक संदेश दिया गया है। "यज्ञ कर्त्ता निष्काम भाव से यज्ञाग्नि में पुरोडाश समर्पित करता है।"

सर्वज्ञ और ज्ञानधन वाले अग्ने! आप प्रातःसवन में हमारे पुरोडाश एवं हव्य का सेवन करने का अनुग्रह करें।।1।। हे नित्य तरुण, सत्यपालक यज्ञाग्नि! आपके लिये भली–भाँति सुसंस्कृत पुरोडाश तैयार किया गया है, आप उसका सेवन करने का अनुग्रह करो।।2।। आप दिनान्त में उत्तम रीति से दिये गये पुरोडाश का भक्षण करने की कृपा करें। आप बल के पुत्र एवं यज्ञ में कल्याणप्रद हो।।3।। यज्ञकर्म सर्वकल्याणकारी है।।ऋग्वेद 3.28.1–3।।

अग्ने जुषस्व नो हवि पुरोळाशं जातवेद।
प्रातःसावे धियावसो।।1।।
पुरोळा अग्ने पचतस्तुभ्यं वा घा परिष्कृतः।
तं जुषस्व यविष्ठय।।2।।
अग्ने वीहि पुरोळाशमाहुतं तिरोअह्नयम्।
सहसः सनुरस्यध्वरे हितः।।3।।ऋग्वेद 3.28.1–3।।

यज्ञ : संसार पालक

अरणी के मथने से अग्नि को प्रगट किया जाता है। इससे यज्ञ किया जाता है। उस यज्ञ से संसार का पालन होता है। अतः मन्त्रद्रष्टा कवि ने अरणी को ही संसार पालक की संज्ञा दी है। यहाँ मन्त्रद्रष्टा ऋषि का गूढ़ उपदेश है कि शुभकर्म–सन्मार्ग–सद्कार्य से ही जगत् का व्यापार चल रहा है।।ऋग्वेद 3.29.1।।

अस्तीदमधिमन्थनमस्तिं प्रजननं कृतम्।
एतां विश्पत्नीमा भराग्निं मन्थाम पूर्वथा।।1।।ऋग्वेद 3.29.1।।

कर्मयोग ही तेजस्वी : हर संकट से पार

"ऋत्विज्ो वा" विषयक ऋचा में उपदेश है कि कर्मयोद्धा चट्टान सरीखी बाधाओं को भी पार करने समर्थ होता है। अपनी भुजाओं से शत्रु एवं महासंकटों को मथनेवाला बलवान् वीर ही चारों ओर से तेजस्वी होता है। ऐसा कर्मयोगी हमेशा क्रियाशील रहता है। ऐसा अनिर्बन्ध शक्तिवाला कर्मयोद्धा हिमालयी चट्टानों और भयानक गहन जंगलों को भी पार कर जाता है। ।।ऋग्वेद 3.29.6।। इस ऋचा का उपदेश है कि ऋत्विज्–यज्ञकर्त्ता–कर्मयोद्धा बनकर गहन संकटों से पार हो।

यदी मन्थन्ति बाहुभिर्वि रोचते ऽश्वो न वाज्यरुषो वनेष्ठा।
चित्रो न यामन्नश्विनोरनिवृतः परि वृणक्त्यश्मनस्तृणा दहन्।।6।।
।।ऋग्वेद 3.29.6।।

यज्ञ से सर्वत्र शान्ति

हे यज्ञ सम्पन्न करनेवाले सर्वज्ञ अग्ने! आज हम इस यज्ञ में आपका वरण करते हैं। अतः आप यहाँ स्थिर होकर सर्वत्र शान्ति स्थापित करने का अनुग्रह करो। साथ ही सोम पान करें।।ऋग्वेद 3.29.16।।

यदद्य त्वा प्रयति यज्ञे अस्मिन् होतश्चिकित्वोऽवृणीमहीह।
ध्रुवमा ध्रुवमुताशमिष्ठाः प्रजानन् विद्वाँ उप याहि सोमम्।।16।।
।।ऋग्वेद 3.29.16।।

इसका आशय यह भी है कि (ब्रह्म) ज्ञानपूर्वक सन्मार्ग से चलने से ही सर्वत्र शान्ति स्थापित की जा सकती है।

यज्ञ से ज्ञान, अमरता एवं माह ज्ञान

अंगिरा ऋषि ज्ञान प्राप्त करने की इच्छा करने वाले और स्तोत्रों से अमरता के लिये मार्ग बनाते हुए यज्ञ में बैठे। इन अंगिराओं के यज्ञ में बहुत बड़ा बैठने का स्थान है। उन ऋषियों ने यज्ञ के साधन से महिनों को जाना। यज्ञ करते हुए उन्होंने जाना कि इतने महिने हुए।।9।। इस ऋचा का आशय

है : "यज्ञ–ज्ञान प्राप्त करने और अमरता प्राप्त करने का एक उत्तम मार्ग है। यज्ञ में अनेक ब्रह्मविद्या–आत्मविद्या–सृष्टिविद्या–अक्षरब्रह्मविद्या–पँचमहाभूत विद्या–वैदिक दर्शन–वैदिक विज्ञान आदि के महाज्ञानी ऋषि आते हैं (अर्थात् ज्ञानयज्ञ का सत्र चलता है।)। दूसरे, ब्रह्म ज्ञान प्राप्ति के पश्चात् सर्वस्व आत्मत्याग से कीर्ति अमर रहती है। वैदिक ऋषि दधीचि ने इन्द्र के विरोध को नकार कर (अश्व शिर प्रत्यारोपण करवा कर) अश्विनौ को गूढ़तम मधुविद्या का रहस्य समझाया। सत्ययुग के दीर्घकाल में ही कई बार वेदों का संकोच–विकास हुआ। महाभारत के शल्यपर्व में वृत्तान्त है कि "एक समय अवर्षण के कारण ऋषि गण देश के बाहर एक वर्ष रहने से वेदों को ही भूल गये। उस विकट संकट में महर्षि दधीचि ने और सरस्वती के पुत्र सारस्वत ऋषि ने अपने से कहीं अधिक आयु के वृद्ध ऋषियों को फिर से वेद पढ़ाये।" देवों ने वृत्र नामक असुर के संहार के लिये महर्षि दधीचि से उनकी अस्थियाँ मांगी। महर्षि दधीचि सर्व कल्याण के लिए आत्म उत्सर्ग के लिये सहर्ष तैयार हो गये। उन्होंने योगबल से प्राणत्याग कर देवताओं को हड्डियाँ दे दी। महर्षि की अस्थियों से वज्र का निर्माण हुआ। इस वज्र से इन्द्र देवता ने वृत्र असुर का वध किया। इन्हीं हड्डियों से पौराणिक विष्णु एवं शिव के धनुष बनाये गये। "महर्षि दधीचि जगत् कल्याण के लिये आत्मत्याग कर अमर हुए अर्थात् उनकी कीति अमर है।" वैसे ऋग्वेद में दध्यङ्. आथर्वण महान् ऋषि एवं गुरु हैं। ऋचा के अनुसार इसी यज्ञ के द्वारा ऋषियों ने महिनों को जाना।।ऋग्वेद 3.31.9।।

नि गव्यता मनसा सेदुरर्कैः कृण्वानासो अमृतत्वाय गातुम्।
इदं चिन्नु सदनं भूर्येषां येन मासाँ असिषासन्नृतेन।।9।।
।।ऋग्वेद 3.31.9।।

यज्ञ से इन्द्र द्युलोक में स्थापित

उत्तम कर्म करने वाले अंगिरस ऋषियों ने इस पालन करनेवाले इन्द्र के लिये विस्तृत और प्रकाशयुक्त स्थान को निर्मित किया। उस उत्तम स्थान में बैठकर ऋषियों ने यज्ञ किया, सबको उत्पन्न करनेवाले द्यावापृथिवी को आधार दिया (अंगिराओं का यह महायज्ञ सृष्टि रचना से पहिले परमव्योम में सम्पन्न हुआ होगा।)। इस यज्ञ के द्वारा अंगीरस ऋषियों ने इन्द्र देवता को द्युलोक में स्थापित किया।।ऋग्वेद 3.31.12।।

चित्रे चिच्चक्रुः सदनं समस्मै महि त्विषीमत् सुकृतो वि हि ख्यन्।
विष्कभ्नन्तः स्कम्भनेना जनित्री आसीना ऊर्ध्वं रभसं वि मिन्विन्।।
।।ऋग्वेद 3.31.12।।

यज्ञ : जलप्रवाहों को मुक्त कर्त्ता–वर्षा कर्त्ता

हे इन्द्र! आप मनु–मनुष्यों (यहाँ मनु का अर्थ मननशील प्राणी है, राजा मनु नहीं है।) के यज्ञ के समान ही हमारे यज्ञ का भी सेवन करने का अनुग्रह करो। आप यह सोमपान कर अविनाशी बल प्राप्त करें। आप रुद्रपुत्र मरुत् गणों के साथ यज्ञ में पधार कर जलप्रवाहों को मुक्त करें (अर्थात् वर्षा करें)।।ऋग्वेद 3.32.5।। यह ऋचा वर्षा विद्या से सम्बन्धित है।

मनुष्वदिन्द्र सवनं जुषाणः पिबा सोमं शश्वते वीर्याय।
स आ ववृत्स्व हर्यश्च यज्ञैः सरण्युभिरपो अर्णा सिसर्षि।।5।।
।।ऋग्वेद 8.32.5।।

यज्ञ दैवी शक्ति (इन्द्र वज्रशक्ति) वर्धक

मन्त्रद्रष्टा ऋषि गाथिनो विश्वामित्र ने इस इन्द्र विषयक सूक्त की ऋचा में कहा है कि (ब्रह्म) ज्ञानियों के शुभकार्य, सन्मार्ग, सत्कर्म, ज्ञानयज्ञ से दैवी शक्ति में वृद्धि होती है, इसी यज्ञ से युद्ध में (इन्द्र के) दिव्य वज्र की रक्षा होती है। ऋचा में अभिव्यंजनात्मक, कूटात्मक, प्रतीकात्मक, रहस्यात्मक आदि शैली में कहा है कि प्राचीन कालीन, मध्य कालीन (सृष्टि रचना से पहिले और बाद के ऋषियों, साध्यों) और नवीन ऋषियों के स्तोत्रों से यह इन्द्र वृद्धि को प्राप्त हुआ। यज्ञ करनेवाले स्तोतागण इन्द्र को अपने पास बुलाते हैं। यह यज्ञ ही अहि संहारक संग्राम में इन्द्र के वज्र की रक्षा करे।।ऋग्वेद 3.33.12, 13।।

यज्ञो हि इन्द्र वर्धनो भूदुत प्रियः सुतसोमो मियेधः।
यज्ञेन यज्ञमव यज्ञीयः सन् यज्ञस्ते वज्रमहिहत्त्य आवत्।।12।।
यज्ञेनेन्द्रमवसा चक्रे अर्वागैनं सुम्नाय नव्यसे ववृत्याम्।
य स्तोमेभिर्वावृधे पूर्व्येभिर्यो मध्यमेभिरुत नूतनेभिः।।13।।
।।ऋग्वेद 3.33.12, 13।।

नदियों के किनारे यज्ञ : आर्यों का आदिदेश

हे नदियों! आपकी लहरे यज्ञस्तम्भ से टकराती रहें, अर्थात् महानदों के किनारे पर सदैव यज्ञ चलते रहें। यह उल्लेखनीय है कि "ओरायन" (लेखक : श्री बाल गंगाधर तिलक) और "इन्द्रविजय" (लेखक : महामहोपाध्याय श्री मधुसूदन ओझा) के अनुसार (वेद जनक) आर्य उत्तरी ध्रुव एवं उत्तरी ध्रुव परिसर के रहे, वे उत्तरी ध्रुव से जम्बूद्वीप भारतवर्ष आये। इसके विपरीत संस्कृत के विद्वान डॉ. सम्पूर्णानन्द ने "आर्यों के आदिदेश" में ऋग्वेद की ऋचाओं के अनुशीलन से सिद्ध किया कि 39 लाख वर्ष पूर्व जम्बूद्वीप भारतवर्ष के दृषद्वती महानद एवं सरस्वती महानद के किनारे वेद की रचना हुई। यह ऋचा इसकी पुष्टि करती है। वैसे "उत्तरी ध्रुव में नदियाँ नहीं हैं।"

अतः "ऋग्वेद यह प्रमाणित करता है कि भारतवर्ष ही आर्यों का आदिदेश रहा।" प्रख्यात आलोचक डॉ. रामविलास शर्मा ने "पश्चिमी एशिया और ऋग्वेद" में इसकी पुष्टि की है।

ऋचा में नदियों के जल प्रवाह से सरसब्ज खेतों का बहुत सुन्दर वर्णन किया गया है। हे नदियों! आपके जल बैलों के जुओं को मुक्त करते रहें, अर्थात् महानदों के किनारे पर कृषक खेती करते रहें। नदियों! आप निष्पाप होकर हमेशा समृद्धि को प्राप्त होओ। इसका आशय है कि नदियों की कभी हिंसा नहीं होनी चाहिए, "नदियों के पानी का दुरुपयोग करना आदि ही उनकी हिंसा है।"ऋग्वेद 3.33.13।।

उद् व ऊर्मिः शर्म्या हन्त्वापो योक्त्राणि मुंचत।
मादुष्कृतौ व्येनसा ऽघ्न्यौ शूनमारताम्।।13।।ऋग्वेद 3.33.13।।

शत यज्ञ कर्त्ता की शक्ति : पँच जन में

हे सैकड़ों यज्ञ करने वाले इन्द्र! आपकी शक्ति पँच जन में रहती है। मूलतः प्राणियों की पाँच श्रेणियाँ हैं : देवता, गन्धर्व, मनुष्य, नाग एवं पितर। वैदिक दृष्टि से पँच जन हैं : ब्रह्मविद्, क्षात्र कर्म पालक, व्यापार–वाणिज्य–कृषि करनेवाले–विश्वकर्मन–व्रात्य और रसज्ञ–भिषविद्। वैसे पँच जन के कर्म हैं : ज्ञान, शौर्य, धन, सेवा, निर्भयता के शक्तिवान्। इन सभी में इन्द्र (ब्रह्म) की शक्ति ही विविध रूप में प्रगट होती है। ये सभी शक्तियाँ समाज और लोक के समुत्थान के लिये आवश्यक हैं।।ऋग्वेद 3.37.9।।

इन्द्रियाणि शतक्रतो या ते जनेषु पंचसु।
इन्द्र तानि त आ वृणे।।ऋग्वेद 3.37.9।।

ऋतुनुसार यज्ञ

इस ऋचा में मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने स्पष्ट किया है कि सभी यज्ञ ऋतुओं के अनुसार होते हैं, अर्थात् "ऋतुओं के अनुसार यज्ञ का स्वरूप परिवर्तित होता है।"

हे इन्द्र! हमारे यहाँ सूर्योदय के पश्चात् यज्ञ होते हैं। ये "सभी यज्ञ ऋतुओं के अनुसार होते हैं। इस यज्ञ के लिये होता बैठ गया है और उसने देवों, ऋत्विक् गण, यजमान और देवता के लिए आसन बिछा दिये हैं।।ऋग्वेद 3.41.2।।

सत्तो होता न ऋत्वियस्ति स्तिरे बर्हिरानुषक्।
अयुज्रन प्रातरद्रयः।।ऋग्वेद 3.41.2।।

मनुष्य शरीर : शक्तियाँ धन एवं अन्तःकरण

मन्त्रद्रष्टा ऋषि गाथिनो विश्वामित्र ने इन्द्र विषयक सूक्त में नवीन रहस्योद्घाटन किया है कि "मनुष्य की शारीरिक शक्तियाँ ही धन हैं।" वेद विज्ञान के अनुसार शरीर में दृश्य इन्द्रियों के साथ अदृश्य इन्द्रियाँ भी कार्यरत हैं। "गो" शब्द का अर्थ इन्द्रिय शक्तियाँ भी है।

ऋग्वेद के अनुसार परमब्रह्म रुद्रादि को "अन्तःकरण" में खोजें। इस अन्तःकरण का सम्बन्ध ज्ञानेन्द्रियों एवं कमेन्द्रियों से अलग है। ऋषिवर–ब्रह्मज्ञानी–साधक शरीर की अदृश्य इन्द्रियों की ओर संकेत कर रहा है, अर्थात् भीतर की ज्ञानेन्द्रिय। कार्य भेद से अन्तःकरण के चार नाम हैं – मन, बुद्धि, अहंकार एवं चित्त। इसके विषय–संशय, स्मरण, गर्व और निश्चय हैं। इन सबको मिलाकर अन्तःकरण कहलाता है। पाँच महाभूतों (आकाश, वायु, अग्नि, जल एवं पृथिवी) में स्थित सूक्ष्म तन्मात्राओं के अंशों से अन्तःकरण बनता है।

"शब्दकल्पद्रुम" के अनुसार "अन्तःकरण अन्तरिन्द्रियं" है। अन्तर्मध्यवर्त्ति करणं ज्ञानसाधनं, कर्म्मधारयः, क्व + करणे ल्युट्। धोन्द्रियं। तत्पर्य्यायः। मनः 2 निगुः 2। इति त्रिकाण्ड शेषः। अस्य कार्य्यभेदान्नामचतुष्टयं, यथाः

मनो बुद्धिरहंकारश्चित्तं करणमान्तरं।
संशयो निश्चयो गर्व्वः स्मरणं विषया अभी।।
।।इति वेदान्तः।। अस्योत्पत्तिर्यथा – "मिलितैस्तु तैः अन्तःकरणमेकं स्यात्" इति। तैः पंचभूतस्थ–सत्त्वांशैर्मिलितैः अन्तःकरण भवतीत्यर्थः।
धनुभृतोऽप्यस्य दयार्द्रभावमाख्यातमन्तःकरणै र्विशंकैः।।इति रघुवंश।।

ऋचा में कहा है कि मननशील प्राणी मनुष्य में "धन" रूपी अनेक प्रकार की शक्तियाँ हैं। परन्तु ये शक्तियाँ शरीर की नहीं होकर जीवात्मा स्वरूप इन्द्र की हैं। पृथिवी में भी अनेक रूप में यह इन्द्र ही धनों को स्थापित करता है। पृथिवी में यह उष्णता–इन्द्र नहीं हो तो सुवर्ण, रजत, ताम्र, हीरक, यूरेनियम आदि कुछ भी नहीं हो। इसलिये पृथिवी के गर्भ में विद्यमान धन इन्द्र के कारण है। इसी श्रृंखला में इस पिण्ड में जब तक जीवात्मा है, तभी तक इस शरीर में शक्तियाँ भी अपना काम करती हैं। अतः ये शक्ति रूपी मनुष्य के भीतर के धन इन्द्र के हैं। उस सवैर्श्यवान् परमेष्ठी के कारण ही द्यु, ओषधि, जल आदि धन की रक्षा करते हैं। इनमें व्याप्त समस्त शक्तियाँ उनकी नहीं होकर परमेष्ठी (इन्द्र) की हैं। अतः मनुष्य को परमेष्ठी द्वारा प्रदान इन अदृश्य शक्तियों रूपी धन को प्राप्त करना चाहिए। ये यज्ञ से जाग्रत होती

हैं।।ऋग्वेद 3.51.5।। वैसे तपोधन, विद्याधन–ज्ञानधन–प्रज्ञाधन–सत्यधन–संतोषधन–आरोग्यधन–प्राणधन–कुलधन–नामधन–यशोधन आदि का भी उल्लेख मिलता है। धन का अर्थ धन्य करनेवाला भी है।

पूर्वोरस्य निषिधो मर्त्येषु पुरु वसूनी पृथिवी बिभर्ति।
इन्द्राय द्याव ओषधीरुतापो रयिं रक्षन्ति जीरयो वनानि।।5।।
।।ऋग्वेद 3.51.5।।

मन्त्रद्रष्टा ऋचि ने यहाँ "स्थूल, सूक्ष्म एवं अदृश्य इन्द्रियों" का रहस्योद्घाटन किया है। गुण–कर्म–शक्ति की अभिव्यक्ति इन्द्रियों में होती है। स्थूल कर्मेन्दियाँ एवं ज्ञानेन्द्रियाँ हैं। नेत्र में अन्तर्निहित दृष्टि शक्ति है, कर्ण में श्रवण सामर्थ्य है, नाक में श्वास सामर्थ्य है आदि आदि। इनके माध्यम से हमें बोध होता है, किन्तु "अन्तःकरण–मन, बुद्धि, चित्त एवं अहंकार इन्हें विषय से संयुक्त करता है। अन्तःकरण से संयुक्त हुए विना स्थूल इन्द्रियाँ कोई कार्य नहीं करती हैं।" इसे इस प्रकार समझें कि मनुष्य देखकर भी नहीं देखता, सुनकर भी नहीं सुनता। उसका मूलभूत कारण है कि उस समय स्थूल इन्द्रियाँ मन से संयुक्त नहीं रहीं। अन्तःकरण ज्ञान करवाता है। यह पुनः लिख रहे हैं कि "अन्तःकरण अदृश्य है।"

इसी तरह कर्मेन्द्रियाँ भी मन–बुद्धि–अहंकार–चित्त से संयुक्त होती हैं। उनका भी अन्तःकरण नियंता है। हमारे "पँच प्राणों में प्राण एवं अपान का सतत यज्ञ चल रहा है।" यह यज्ञ मूलतः सृष्टि निर्माण का है (अग्नि सोमात्मक)। मनुष्य इन्द्रिय गोलक को उसके गुणधर्म–कार्य से ही जानता है। इन्द्रियाँ प्रतीकात्मक हैं। "शरीर में अधोभाग स्थूल, मध्यभाग चेतना और ऊर्ध्वभाग परमेष्ठी–द्युलोक है।" "मननशील मनुष्य की अदृश्य इन्द्रियाँ अर्थात् अन्तःकरण, सूक्ष्म इन्द्रियाँ एवं स्थूल इन्द्रियाँ और उनका संयुक्त होना, सम्बद्ध होना धन्य (धन) करता है।"

मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने इस एक ऋचा में गूढ़तम दर्शन को कूटात्मक रूप में प्रस्तुत किया है। यहाँ सर्वप्रथम "इन्द्रियों को धन की संज्ञा" दी गई है। पिण्डगत इन्द्रियों को देवता कहा गया है। उनका गूढ़तम अभिप्राय अदृश्य एवं दृश्य इन्द्रियों और अन्तःकरण से है। ये सभी धन्य करनेवाली होने से धन हैं। इस अमूल्य धनों का सीधा तारतम्य पँच महाभूतों से है। ये पाँच हैं, अर्थात् पृथिवी, अग्नि, जल, वायु एवं आकाश। "तं वेधा विदथे नूनं महाभूत–समाधिना ।।रघुवंश1.29।।" भूतशुद्धि आवश्यक है। पवित्रीकृत–"अन्तः शुद्धस्त्वमपि भविता वर्णमात्रेण कृष्णः।।" मेघदूत 49।। "अन्वमीयत शुद्धेति शान्तेन वपुषेव

सा।।" रघुवंश 15.77;14.14।। अर्थात् "इन्द्रियों पर छाये मल की शुद्धि आवश्यक है।"

भूतशुद्धि के लिये शम एवं दम भी आवश्यक है। शम का अर्थ वासनाओं पर प्रतिबन्ध, मानसिक शान्ति, विरक्ति है। शमरतेऽमरतेजसि पार्थिवे।।रघुवंश 9.4।। शममुपयातु ममापि चित्तदाहः।। उत्तर रामचरित 6.8।। शममेष्यति मम शोकः कथं नु वत्से।। शंकर दिग्विजय।। संसार की समस्त आसक्तियों से विरक्ति शम है।

मननशील प्राणी निरन्तर स्वाध्याय और अभ्यास से शरीर की सभी प्रकार की इन्द्रियों की अध्यात्मिक, दैविक एवं भौतिक शक्तियों–धन को प्राप्त करने का सच्चा अधिकारी बनता है।

यज्ञ के लिये शत्रु मुक्ति आवश्यक

जब इन्द्र ने चारों ओर के शत्रुओं का संहार किया, तभी वह यज्ञ कर सका। "मननशील मनुष्य भी अज्ञान, दुष्प्रवृत्तियाँ, पर पीड़ा में आनन्द की विकृत मनोवृत्ति, काम, क्रोध, मद, मोह, लोभ, मत्सर, कुसंगत, अविद्या आदि आन्तरिक बाहरी शत्रुओं से मुक्त होने पर ही सन्मार्ग, शुभकर्म, सद्कार्य, यज्ञ आदि कर सकता है।" यज्ञ के लिये सत्यधन भी आवश्यक है। इससे वह अपनी अध्यात्मिक, अधिदैविक एवं भौतिक उन्नति कर सकता है। इसी प्रकार राष्ट्र प्रबन्धन करनेवाला अपने चारों तरफ के शत्रुओं को नष्ट कर ही राष्ट्र एवं जगत् की उन्नति कर सकता है।।ऋग्वेद 3.53.11।। इसमें मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने कुषिक ऋषि के सुपुत्रों से राजा सुदास के घोड़े ऐश्वर्य के लिए खोलने का रूपक रचा है एवं इन्द्र द्वारा वृत्र वध का भी उल्लेख है। उसके बाद में वह पृथिवी के उत्तम स्थान में बैठकर यज्ञ करता है।

उप प्रेत कुशिकाश्चेतयध्वमश्वं राये प्र मुंचता सुदासः।
राजा वृत्रं जंघनत् प्रागपागुदगथा यजांते वर आ पृथिव्याः।।11।।
।।ऋग्वेद 3.53.11।।

यज्ञ अज्ञानता निवारण

जमदग्नि ऋषि के द्वारा प्रदान एवं अज्ञानता को नष्ट करनेवाली विद्या, वाक् शक्ति बहुत ही जोर से शब्द–आवाज करती है (प्रथम महाभूत आकाश का गुण शब्द करना है।)। "चक्षुर्वै जमदग्निः ऋषिः जगत्पश्यत्यनेन–जमदग्निः नेत्र।।" सूर्य की पुत्री एवं भाग्य के देवता की भगिनी उषा देवों को अमरता देनेवाली और क्षीणता से रहित अन्न को प्रदान करनेवाली है। अर्थात् "जगत् की आत्मा सूर्य विद्या का प्रदाता है।" इस सूर्य की दुहिता उषा के उदय के साथ ही सभी यज्ञ प्रारम्भ होते हैं। उन यज्ञों में देवों को हवि दी

जाती है। यह हवि अमरता प्रदान करनेवाली और क्षीणता रहित होती है। इसी तरह नेत्र आदि इन्द्रियों से प्राप्त की गई विद्या से अज्ञानता का नाश होता है। जिस समय जगत् का चक्षु सूर्य उदय होता है, तब जगत् का अन्धकार दूर होकर सर्वत्र प्रकाश हो जाता है। यहाँ सूर्य एवं उषा के साथ यज्ञ का उल्लेख है। अतः "ज्ञानयज्ञ से अज्ञानता निवारण का सन्देश है।" यह पुनः लिख रहे हैं कि यज्ञ अमरता प्रदाता है।।ऋग्वेद 3.53.15।।

ससर्परीरमतिं बाधमाना बृहन्मिमाय जमदग्निदत्ता।
आ सूर्यस्य दुहिता ततान श्रवो देवेष्वमृतनजुर्यम्।।15।।
।।ऋग्वेद 5.53.15।।

सूर्य यज्ञ : तीन सवन

मन्त्रद्रष्टा ऋषि प्रजापतिर्वैश्वामित्र, प्रजापतिर्वाच्यो वा ने विश्वेदेवाः सूक्त में कहा है कि सूर्ययज्ञ तीन काल में होते हैं। इसका दूसरा अभिप्राय यह है कि जब उत्तम मनोहारी किरणोंवाले और सर्वोत्कृष्ट रूपवाले सूर्य देवता की किरणें यज्ञशाला में आकाश से उतरती हैं, तब यज्ञ प्रारम्भ होते हैं। इन्हीं सूर्य देवता के कारण यज्ञ तीनों सवन चलते हैं : प्रातःसवन, माध्यन्दिन सवन और सायं सवन। ये यज्ञ सूर्यास्त तक चलते हैं।।ऋग्वेद 3.54.11।।

हिरण्यपाणिः सविता सुजिव्हस्त्रिरा दिवो विदथे पत्यमानः।
देवेषु च सवितः श्लोकमश्रेरादम्मभ्यमा सुव सर्वतातिम्।।11।।
।।ऋग्वेद 3.54.11।।

यज्ञवेदी माता

मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने इस ऋचा में "यज्ञवेदी को माता" की संज्ञा दी है। एक ही तेजस्वी अग्नि अनेक तरह से प्रकाशित होता है। यह यज्ञ में यज्ञाग्नि के रूप में रहता है। "मनुष्य देह में चित् तत्त्व के रूप में है।" अलग–अलग काष्ठ में अलग–अलग रूप में विद्यमान रहता है। अग्नि को एक अरणी माता तो उसे केवल मात्र धारण करती है, वहीं दूसरी माता यज्ञवेदी उसे हवि देकर पुष्ट करती है। इसी तरह कुल, पुर, क्षेत्र, द्वीप का एक ही महानायक (राजा, सम्राट, शासक) अनेक रूपों को धारण करता है। कभी वह सुखों का भोग करता है और कभी वन (संकट–समस्या–युद्ध) में जाता है। उसकी माता तो उसे मात्र अपने गर्भ में ही धारण करती है, परन्तु उसकी "दूसरी माता प्रजा" (यज्ञवेदी) उसका पालन पोषण करती है। सर्वजनीन–सर्वकालिक–सर्वलौकिक शुभकर्म (यज्ञ) करनेवालों का पालन लोक करता है।।ऋग्वेद 3.55.4।।

समानो राजा विभृतः पुरुत्रा शये शयासु प्रयुतो वनानु।

अन्या वत्सं भरति क्षेति माता महद् देवानामसुरत्वमेकम्।।4।।

।।ऋगवेद 3.55.4।।

देव नियम शाश्वत

देवों के नियम श्रेष्ठ एवं शाश्वत हैं। दैविक नियम हमेशा एक से रहते हैं। उन नियमों का उल्लंघन मायावी दुष्ट भी नहीं करते हैं और न ही विद्वान, सज्जन आदि। जगत् माता–पिता द्युलोक और पृथिवी आदि भी उन शाश्वत नियमों का उल्लंघन नहीं कर सकते हैं। इसलिए जब एक बार पर्वतों को स्थित कर दिया तो वे आजतक स्थिर हैं, कभी नहीं झुकते।।ऋग्वेद 3.56.1।।

न ता मिनन्ति मायिनो न धीरा व्रता देवानां प्रथमा ध्रुवाणि।
न रोदसी अद्रुहा वेद्यामिर्न पर्वतानिनमे तस्थिवांसः।।1।।

।।ऋग्वेद 3.56.1।।

यज्ञ सम्राट सूर्य

यज्ञों में तीन देवियाँ : सरस्वती, इळा, भारती

हे सिन्धवः! आप तीन स्थानों में रहते हो। इन स्थानों में तीन तरह के देव रहते हैं। इन "तीन लोकों का निर्माता सूर्य यज्ञों में सम्राट है।" ब्रह्माण्डीय आपः से युक्त तीन आकाशीय दैवी शक्तियाँ द्युलोक से तीन सवनों वाले यज्ञ में आती हैं।

इसका अभिप्राय है कि द्युलोक, अन्तरिक्षलोक एवं पृथिवीलोक में द्युस्थानीय, अन्तरिक्षस्थानीय एवं पृथिवीस्थानीय देवता रहते हैं। इन तीनों लोकों का निर्माता सूर्य यज्ञ के तीन सवनों में प्रकाशित होता है। अर्थात् सूर्य यज्ञों में सम्राट है। इन यज्ञों में तीन दैवी शक्तियाँ–सरस्वती, इळा एवं भारती उपस्थित होती हैं। अर्थात् सरस्वती ज्ञान की अधिष्ठात्री; इळा–पृथिवी, भाषण, बुद्धि की अधिष्ठात्री और भारती–वाक् की अधिष्ठात्री यज्ञ –शुभकर्म, सन्मार्ग, सद्कर्म (यज्ञ) में अवतरित होती हैं। "यज्ञ से वाक् शक्ति, बौद्धिक शक्ति और ज्ञान शक्ति प्राप्त होती है।" तीनों लोकों की दैवी शक्तियाँ यज्ञ कर्त्ता की अदृश्य सहायता करती हैं।।ऋग्वेद 3.56.5।।

त्री षधस्थ सिन्धवस्त्रिः कवीनामुत त्रिमाता विदथेषु सम्राट्।
ऋतावरीर्योषणास्तिस्त्रो अप्यास्रिरा दिवो विदथे पत्यमानाः।।

।।ऋग्वेद 3.56.5।।

यज्ञ में बृहस्पति : अपराजेय ओज प्रदाता

हे मनुष्यो! यज्ञ में ज्ञान–बुद्धि के अधिष्ठातृ बृहस्पति को स्तोत्रों से प्रणाम करो। बृहस्पति देवता ने सूर्य, चन्द्र, वायु, इन्द्र, गो आदि को महान्

असुर वलासुर के अभेद्य पुर का विध्वंस कर बाहर निकाला था। इसलिये बृहस्पति देवता की महान् कीर्ति सूर्य, चन्द्रादि रहने तक रहेगी। बृहस्पति बुद्धि, ज्ञान और शौर्य का महासंगम है। हम उस अपराजेय दुर्धर्ष योद्धा बृहस्पति से शत्रुओं (आन्तरिक एवं बाह्य) के सामने नहीं झुकनेवाला ओज प्रदान करने की प्रार्थना करते हैं।।ऋग्वेद 3.62.5।।

शुचिमकैर्बृहस्पतिमध्वरेषु नमस्यत।
अनाम्योज आ चके।।ऋग्वेद 3.62.5।।

यज्ञकर्म : ऋचाओं में विषय की विभिन्न प्रकार व्याख्या

3.1.1, 11, 15, 18, 20, 22; 3.2.5, 6, 7, 8, 14; 3.3.5, 6, 8; 3.4.1, 2, 5, 7, 9, 10, 11; 3.5.2, 9, 11; 3.6.3, 6, 8, 9, 10, 11; 3.7.1, 4, 11; 3.8. 6; 3.9.8; 3.10.5, 7, 9; 3.11.1, 2, 7; 3.12.1, 2, 3; 3.13.1, 2, 5, 6, 7; 3.14. 1, 3, 4, 5, 7; 3.15.5, 7; 3.16, 4, 6; 3.17.1, 2, 4; 3.18.2, 3; 3.19.1, 2, 4, 5; 3.20.2, 5; 3.21.1—5; 3.22.1, 4, 5; 3.23.1, 5; 3.24.2, 3,4; 3.25.1, 2,4; 3. 27. 1, 2, 3, 5, 6, 7, 8, 11, 12, 14; 3.28.4, 5, 6; 3.29.4, 5, 7, 8, 12, 14; 3.30.1, 2, 15; 3.31.3, 5, 18; 3.32.1, 2,3; 3.33.11; 3.34.11; 3.35.2—11; 3. 36.7, 11; 3.38.6, 10; 3.39.1, 2, 8, 9; 3.40.2, 3; 3.41. 3, 4; 3.42.4, 5; 3. 43.3, 4; 3.44.1; 3.45.3; 3.49.1, 3; 3.50.1, 2; 3.51.7, 8, 9; 3.52.5; 3.53.1, 2, 3, 8, 9, 10; 3.54.1, 2, 3, 12, 14, 22; 3.51.1; 3.57.4, 5; 3.58.1, 2, 3, 6; 3.59.4, 6; 3.60.5; 3.62.12, 13

ऋग्वेदीय यज्ञ : चतुर्थ

।।यज्ञ द्वारा सत्कृत; आदिऋषि गण : यज्ञ से अग्नि प्राप्ति; यज्ञ से अग्नि के पश्चात् वाणी प्राप्ति; ज्ञानी ज्ञानी बनाये : यज्ञ से उत्तम तेज; यज्ञाग्नि : सभी यज्ञ कर्मों का देवता; यज्ञ : हिंसा, अभिचार निषेध; यज्ञकर्त्ता : उदार हृदय; ज्ञानी का तेज : विवेक प्रदाता; स्वर्ग—नरक पृथिवी पर; वाणी : सुफल, निष्फल; यज्ञ में अग्नि उपदेश कर्त्ता : ज्ञान यज्ञ सत्र; यज्ञ से पाप मुक्ति; इन्द्र रूपी जीवात्मा; ''यज्ञ ऋत पद वाच्य'', ''ऋत की अनन्त शक्ति : ऋत का सम्बन्ध''; यज्ञकर्त्ता—उत्तम कार्यकर्त्ता : परमात्मा को प्रिय; द्युलोक—ब्रह्मरन्ध्र में अमृततत्त्व : सोम के साथ यज्ञ आया; यज्ञ का सोम : सौ लोह पुरियों में रहा; स्वेच्छाचारी नहीं बनें; देवत्व प्राप्ति प्रक्रिया : उत्तम कर्म; यज्ञ : ब्रह्मतत्त्व; यज्ञ

से सुमति : अश्विनौ; यज्ञ : सर्वप्रथम वायु द्वारा सोमपान; वायु (प्राण) इन्द्र (आत्मा) से संयुक्त; ब्रह्मज्ञानी ही पुरोहित; सूर्योदय यज्ञ से अमृततत्त्व प्राप्त; यज्ञ : दैवी शक्तियाँ; द्यावापृथिवी : अनन्तकाल से यज्ञ सम्पादन; जीवनरूपी यज्ञ : रस इन्द्रियों के लिये अमृततत्त्व; यज्ञाग्नि के चार शृंग।।

यज्ञ द्वारा सत्कृत

हे यजनीय अग्ने! अमर, सर्वत्र द्युतिमान् एवं अत्यन्त ज्ञानी (प्राचीन देवगण, साध्य, ऋषि) आपको मनुष्यों के मध्य अपने पुरुषार्थ से अच्छी तरह प्रकाशित होने तक प्रज्ज्वलित करते हैं और आपको प्रेरित करते हैं।।1।। हे अग्निदेव! आप यज्ञ में आने की इच्छा करनेवाले, सत्यपालक, ब्रह्माण्डीय समुद्रों के आपः जल को धारण करनेवाले, प्राणियों के आधार एवं संरक्षक, देवों के सम्राट, महान् तेजस्वी वरुण विद्वानों और ज्ञानियों की ओर प्रेरित कर। यज्ञ में सत्कर्म होना इसका कारण है।।2।। यहाँ स्मरण रहे कि पँच महाभूतों में वायु से अग्नि और जल की उत्पत्ति हुई। अर्थात् सत्य पालक वैदिक देवों का सम्राट वरुण यज्ञ के द्वारा सत्कृत होने के कारण (यज्ञ में) आकर विद्वानों एवं ज्ञानियों के सन्मुख होता है।।ऋग्वेद 4.1.1,2।।

त्वां ह्यग्ने सदमित् समन्यत्रो देवासो
देवमरतिं न्येरिर इति क्रत्वा न्येरिरे।
अमर्त्यं यजत मर्त्येष्वा देवमादेंव
जनत प्रचेतसं विश्वमादेवं जनत प्रचेतसम्।।
स भ्रातरं वरुणमग्न आ ववृत्स्व देवाँ
अच्छा सुमति यज्ञवनसं ज्येष्ठ यज्ञवनसम्।
ऋतावानमादिव्यं चर्षणीधृतं राजानं चर्षणीधृतम्।।1, 2।।
।।ऋग्वेद 4.1.1, 2।।

आदि ऋषिगण : यज्ञ से अग्नि प्राप्ति

इस मर्त्यलोक के आदि ऋषिगण–पितर गणों ने "यज्ञ की इच्छा से अग्नि" को प्राप्त किया। इसके अनेक अभिप्राय हैं। आदि ऋषियों–पितरों आदि एवं साध्यों–पुरातन देवताओं को अग्नि का ज्ञान रहा। ऋग्वेद की प्रथम ऋचा में अग्नि का उल्लेख है। अर्थात् ऋग्वेद काल से पहिले भी अग्नि रही। दूसरे, यज्ञ अर्थात् सत्कृत से आदि ऋषिगण आदि ने ब्रह्मज्ञान प्राप्त किया। तीसरे, पुरातन पितरों ने स्वाध्याय से चित्तत्त्व–आत्मतत्त्व की प्राप्ति की। चौथे, पुरातन ऋषिगण ने सद्ज्ञान से अग्नितत्त्व का ज्ञान प्राप्त किया। पाँचवां, भौतिक रूप से पुरातन काल में मननशील प्राणियों ने बुद्धि कौशल से अग्नि

का आविष्कार किया। यह भी यक्षप्रश्न है कि मन्त्रद्रष्टा ऋषि वामदेव गौतम किस अग्नि की चर्चा कर रहे हैं? अग्नि के "हविः प्रक्षेपणाधिकरण" में छह नाम बताये हैं : 1. गार्हपत्य अग्नि; 2. आहवनीय अग्नि; 3. दक्षिणाग्नि; 4. सभ्य अग्नि; 5. आवसथ्य अग्नि एवं 6. औपासन (जैमिनी मीमांसासूत्र)। "अग्नि" शब्द का व्युत्पत्ति अर्थ इस प्रकार है : "अगि गतौ, अंगेर्नलोपश्च, अंग + नि और नकार का लोप।" जो ऊपर की ओर जाता है। अग्नि के तीन स्थान और तीन मुख्य रूप हैं : 1. व्योम में सूर्य; 2. मध्याकाश–अन्तरिक्ष में विद्युत् एवं 3. पृथिवी पर साधारण अग्नि। अग्नि का नैतिक तत्त्वों से भी अभिन्न सम्बन्ध है। अग्नि सर्वज्ञ, ऋत का संरक्षक, आदिज्ञानी, सर्वदर्शी, शरीर में चित् तत्त्व, मनुष्य के गुप्त जीवन का ज्ञाता, कर्मों का निरीक्षक, पापियों–असत्यों को दण्ड देनेवाला, शरीर में प्राणवायु प्रेरक आदि है। यह उल्लेखनीय है कि भारतीय मनीषा में पाँच प्रकार की अग्नि बतायी गई है। "नकार प्राण का नाम है एवं दकार अग्नि का नाम है। प्राण एवं अग्नि के संयोग से नाद की उत्पत्ति होती है।" "आत्मा के द्वारा प्रेरित चित्त देह में उत्पन्न अग्नि को आहत करता है। ब्रह्मग्रन्थि में स्थित प्राणवायु को अग्नि प्रेरित करता है।

वैदिक वांगमय में "ज्ञानाग्नि और कोष्ठाग्नि" भेद भी वर्णित है। वेद में अग्नि के दार्शनिक तत्त्वों पर गहन प्रकाश डाला गया है। यज्ञ में अग्नि ही आहुतियों को ग्रहण कर सम्बन्धित देवों तक पहुँचाने का कार्य करता है। "ऋग्वेद में देवों के शास्ता रुद्र, जगत् की आत्मा सूर्य, ब्रह्माण्डव्यापिनी तेज ऊर्जा विष्णु आदि अग्नि स्वरूप हैं।" सृष्टि निर्माण भी अग्नि सोम के यज्ञ से होता है।

यज्ञ के समय "यज्ञाग्नि" में "स्वाहा" उच्चारण करके ही आहुति दी जाती है। "सष्ठु आहूवन्ते देवा अनेनेति।।" सु + आ + व्हे + डा।। तत्पर्य्यायः। श्रौषट्, वौषट्, वषट्, स्वधा।।इत्यमरः 3.4.8।। "त्वं स्वाहा त्वं स्वधा त्वं हि वषट्कारः स्वरात्मिका।।" स्वाहा का अध्यात्मिक अर्थ–अच्छी तरह बात कहता हूँ। अर्थात् उत्तम प्रार्थना। "ज्ञानकाण्ड ऋग्वेद में स्वाहा सम्पूर्ण समर्पण, सर्वस्व आत्मत्याग है।" "कर्मकाण्ड परक यजुर्वेद में स्वाहा आहुति है।" यजुष् में स्वाहा देवताओं का हविर्दान मन्त्र रूप है।

इस परिप्रेक्ष्य में वैदिक वामदेव गौतम ने कहा है कि पुरातन ऋषियों ने यज्ञ द्वारा अग्नि को (उत्पन्न) प्राप्त किया। ऋचा के अध्यात्मिक, अधिदैविक एवं अधिभौतिक अर्थ हैं।।ऋग्वेद 4.1.13।। यही मूलभूत कारण है कि "वेद का भाष्य वेद है। ऋग्वेद ज्ञानकाण्ड होने से सूक्ष्म तत्त्व विस्तृत है।" ऋग्वेद की ऋचाओं के अनुशीलन के लिये आवश्यक है कि ज्ञानकाण्ड की समस्त

ऋचाओं में मन्त्र संगति का सूक्ष्म ज्ञान हो। ऋग्वेद में अनेक अवसरों पर प्रारम्भिक मण्डल की ऋचा की संगति ऋचा–ऋचायें हजारों–हजारों ऋचाओं के बाद प्राप्त होती है।

अस्माकमत्र पितरो मनुष्या अभि प्र सेदुर्ऋतमाशुषाणाः।
अश्वव्रजाः सुदुघा वव्रे अन्तरुदुस्रा आजन्नुषसो हुवानाः।।
।।ऋग्वेद 4.1.13।।

यज्ञ से अग्नि के पश्चात् वाणी प्राप्ति

पूर्व की ऋचा की संगति में पुरातन मनुष्यों आदि–ऋषियों आदि ने (यज्ञ करते अग्नि प्राप्त करके के पश्चात्) सर्वप्रथम वाणी का ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने "वाणी को माता रूप" कहा। इसके पश्चात् वाणी से 21 छन्दों का ज्ञान प्राप्त करके उषा की स्तुति की। परिणामस्वरूप सूर्य के तेज के साथ उषा प्रगट हुई।

यहाँ उल्लेखनीय है कि देहजन्य अग्नि में शब्द उत्पादन की शक्ति होती है।

आत्मना प्रेरितं चित्तं वह्निमाहन्ति देहजम्।
ब्रह्मग्रन्थिस्थितं प्राणं स प्रेरयति पावकः।।
पावकप्रेरिताः सोऽथ क्रमादूर्ध्वपथे चरन्।
अतिसूक्ष्मध्वनिं नाभौ हृदि सूक्ष्मं गले पुनः।।
पुष्टं शीर्षे त्वपुष्टंच कृत्रिमं वदने तथा।
आविर्भावयतीत्येवं पंचधा कीर्त्यते बुधैः।।
नकारं प्राणनामानं दकारमनलं विदुः।
जातः प्राणाग्निसंयोगात्तेन नादोऽभिधीयते।।
।।संगीत दर्पण।।

ऋग्वेद में वाक् सूक्त है। वाक् सूक्त को वैदिक देवों के शास्ता, पँच महाभूतों के आदिभूत, त्रितत्त्वों के आदितत्त्व, परमेष्ठी रुद्र का भी माना जाता है। साथ व्याख्याकार वेद के वाक् सूक्त को वैदिक चण्डीपाठ की संज्ञा देते हैं। वैदिक देवमण्डल में वाक् का बहुत महत्व है। यह भावनात्मक देवता भी है। वाक् के चार प्रकार–परा, पशयन्ती, मध्यमा एवं वैखरी हैं। काठक उपनिषत् में वाक् के स्वरूप के बारे में कहा है : "प्रजापतिर्वे इदमासीत्। तस्य वाग्द्वितीयासीत्। तं मिथुनमभवत्"। सा गर्भमधत्त। सा अस्मात् अपक्रामत्। सा इमाः प्रजाः असृजत। सा प्रजापतिमेव पुनः प्राविशत।। 12.5, 27.1।। बृहदारण्यकोपनिषत् (2.4) में इस अलंकृत कथन को स्पष्ट करते हुए कहा है : "एष उ एव ब्रह्मणस्पतिर्वाग्र्व ब्रह्म तस्या एष पतिस्तस्मादु बृहस्पतिः।।" 1.3.

21।। वैदिक और पौराणिक ग्रन्थों में वाक् के स्वरूप का विस्तृत विवरण करते हुए कहा है : "प्रजापतिर्वे इदमासीत्। तस्य वाग्द्वितीयासीत्। वाग्वै परमं ब्रह्म।।" अर्थात् "प्रारम्भ में केवल सृष्टि के अधिपति (प्रजापति) थे। उनके साथ वाक् रहा। वाक् ही परम ब्रह्म है।" श्रुति में वाक् एवं ब्रह्म को अभिन्न माना है। श्रुति में इन्द्र को वाक् अथवा ध्वनियों का अन्तर समझनेवाला कहा गया है।

वाक् का एक भाग दैवी एवं दूसरा भाग मानुषी है। ब्रह्मविद् को दोनों का ज्ञाता कहा गया है। शतपथ ब्राह्मण (4.1.3.16) में चार प्रकार के वाक् का उल्लेख है : मानुषी वाक्, पशुओं का वाक्, खग–पक्षियों (वयांसि) और क्षुद्रं सरीसृपम्–छोटे रेंगनेवाले कीड़ों का। तन्त्रालोक के अनुसार "राव" की ध्वनि का दशवाँ प्रकार दुंदुभी मोक्षदायक है। यह "राविणी विद्या" है। कोष ग्रन्थों में वाक् के प्रमुख नाम हैं : ब्राह्मी, ब्रह्मशक्ति, सरस्वती इत्यादि। सरस्वती का अर्थ है – गतिवाली। सरस्–गति। सृ गतो + असुन् ओणादिक्। सरस् + वती – गतिशीला। अर्थात् निष्क्रिय परम ब्रह्म की स्पन्दन शक्ति।

ऋचा में कहा है कि इक्कीस छन्दों का ज्ञान प्राप्त किया। यह उल्लेखनीय है कि सम्पूर्ण ऋग्वेद पद्यमय है। छन्द का प्रधान प्रयोजन भाषा का लालित्य है। वेदाध्ययन में छन्दों का ज्ञान अनिवार्य है। छन्दों को वेद का चरण बताया गया है। कात्यायन की सर्वानुक्रमणिका में सात छन्दों का उल्लेख है : 1. उष्णिक्; 2. अनुष्टुप्; 3. बृहती; 4. गायत्री; 5. पंक्ति; 6. त्रिष्टुभ् एवं 7. जगती। गायत्री छन्द में सब मिलाकर सस्वर 24 अक्षर होते हैं। वैदिक गायत्री छन्द त्रिपदा है। उष्णिक् छन्द में 28 अक्षर; अनुष्टुप् छन्द में 32 अक्षर; बृहती में 36 अक्षर; पंक्ति छन्द में 40 अक्षर; त्रिष्टुभ् छन्द में 44 अक्षर और जगती छन्द में 48 अक्षर होते हैं। वैदिक काल में जगती से बड़े छन्द नहीं होते थे। वेद का अधिकांश मन्त्रभाग इन्हीं सात छन्दों में है। वेद में सबसे अधिक 24 अक्षरों के गायत्री छन्द का व्यवहार हुआ है। कात्यायन ने इन सात छन्दों के अनेक भेद स्थिर किये हैं। छन्दशास्त्र के प्राचीन निर्माता महर्षि पिंगल ने 1, 61, 66, 216 प्रकार के वर्णवृत्तों का विवरण दिया है।

यह अनुत्तरित प्रश्न है कि ऋग्वेद के सूक्त में वर्णित 21 छन्द कौनसे रहे (हमें मात्र 7 छन्दों का ज्ञान है।)? वैसे वैदिक भाषा को छन्दस कहा जाता रहा। छन्दों के ज्ञान के विना वेदाध्ययन को दुष्कृत (पाप) कहा गया।।ऋग्वेद 4.1.16।।

ते मन्वत प्रथमं नाम धेनोस्त्रिः सप्त मातुः परमाणि विन्दन्।
तज्जानतीरभ्यनूषत व्रा आविर्भुवदरुणीर्यशसा गोः।।ऋग्वेद 4.1.16।।

ज्ञानी ज्ञानी बनायें; यज्ञ से उत्तम तेज

हम सप्त आदित्य पुत्र अंगिरस ज्ञानी बनें। इसके बाद सबका निर्माण करनेवाली, उषा से श्रेष्ठ से श्रेष्ठ ज्ञानी मनुष्यों को उत्पन्न करें। हमने तेजस्वी होकर धन से युक्त पर्वत को ध्वस्त किया।।15।। अर्थात् मनुष्य सर्वप्रथम (ब्रह्मज्ञान प्राप्त कर) ज्ञानी बनकर दूसरों को भी ज्ञानी बनाएं। यहाँ इसका आशय यह है कि "ज्ञानी जन सतत ज्ञानयज्ञ करें।" इस प्रकार तेजस्वी होकर सर्वैश्वर्य प्राप्त करें।

हे अग्ने! फिर "श्रेष्ठ, पुरातन, सत्यभूत यज्ञकर्मों का यथावद् रूप से अनुष्ठान करने वाले हमारे पितरों ने उत्तम स्थान और तेज को प्राप्त किया।" उन सभी ने वेद की ऋचाओं का उच्चारण करके अन्धकार (अज्ञान, अविद्या आदि) विनष्ट किया। उससे अरुण वर्णवाली उषा प्रगट हुई।।16।।

अर्थात् पुरातन ऋषियों–साध्यों–देवपुरुषों ने यज्ञ के द्वारा (सत्यभूत श्रेष्ठ सत्कृत) उत्तम तेज को प्राप्त किया। प्रकारान्तर में ब्रह्मज्ञान के स्तोत्रों के सस्वर पाठ से अज्ञान–अविद्या–पशुवृत्ति रूपी अन्धकार को समाप्त कर उषा को प्रगट किया।।ऋग्वेद 4.2.15, 16।।

अधा मातुरुषसः सप्त विप्रा जायेमहि प्रथमा वेधसो नृन्।
दिवस्पुत्रा अंगिरसो भवेमाऽद्रिं रुजेम धनिनं शुचन्तः।।15।।
अधा यथा नः पितरः परासः प्रत्नासो अग्न ऋतमाशुषाणाः।
शुचीदयन् दीधितिमुक्थशासः क्षामा भिदन्दन्तो अरुणीरप व्रन्।।
।।ऋग्वेद 4.2.15, 16।।

यज्ञाग्नि : सभी यज्ञ कर्मों का देवता

उत्तम कर्म करनेहारा, ज्ञानी यज्ञाग्नि सभी यज्ञ कर्मों का देवता होने से उन्हें भली भाँति जानता है। यज्ञाग्नि के प्रसन्न होने पर इसके स्तोत्र हमारे लिये आनन्ददायक होते हैं एवं यह हमारे घरों से मित्रता स्थापित करता है।।ऋग्वेद 4.3.4।।

त्वं चिन्नः शम्या अग्ने अस्या ऋतस्य बोध्यृतचित् स्वाधीः।
कदा त उक्था सधमाद्यानि कदा भवन्ति सख्या गृहे ते।।4।।
।।ऋग्वेद 4.3.4।।

यज्ञ : हिंसा, "अभिचार" निषेध

हे अग्ने! आप किसी भी हिंसक मनुष्य के यज्ञ में नहीं पधारने का अनुग्रह करो। आप कुटिल चित्तवाले, दुष्ट बुद्धिवाले आदि के यज्ञ में नहीं भाग लें। अर्थात् यज्ञ में हिंसा और अभिचार (मारण, मरण, मोहन, उच्चाट्न, वशीकरण आदि)–दुष्कृत्य–कृत्या का निषेध है। यज्ञकर्त्ता भी मित्र अथवा शत्रु

की शक्ति के आश्रित नहीं हो। यह विडम्बना है कि पश्चिमी विद्वानों आदि ने यह दुष्प्रचार किया कि यज्ञ हिंसा परक है। यज्ञों से कुटिल कर्म–अभिचार होते हैं। इस ऋचा एवं अन्यों में इनका स्पष्ट निषेध किया गया है।।ऋग्वेद 4. 3.13।।

मा कस्य यक्षं सदमिद्धुरो गा मा वेशस्य प्रमिनतो मापेः।
मा भ्रातुरग्ने अनृजोर्ऋणं वेर्मा सख्युर्दक्षं रिपोर्भुजम्।।13।।ऋग्वेद 4.3.13।।

यज्ञ कर्त्ता : उदार हृदय

जो प्रतिदिन यज्ञ में हवि द्वारा एवं स्तुति से यज्ञाग्नि को उत्तम रीति से तृप्त करता है, उसे यज्ञाग्नि सर्वैश्वर्य प्रदान करके सौभाग्यशाली बनाता है। "साथ ही वह (यज्ञ कर्त्ता) उत्तम दानशाली बनता है, उदार हृदय बनाता है।" वह सर्वैश्वर्य–धनादि का उपयोग–परमार्थ, लोकहित, लोक अभ्युदय, लोक कल्याण आदि के लिये करता है। सौभाग्य एवं ऐश्वर्य प्राप्ति पर कृपण (कंजूस), स्व भोग में लिप्त नहीं होना चाहिए। क्योंकि इस सौभाग्य–सर्वैश्वर्य में लोक स्वामित्व निहित है। ऐसे उदार हृदय वाले यज्ञ कर्त्ता के जीवन के सभी दिन उत्तम होते हैं।।ऋग्वेद 4.4.7।।

सदग्ने अस्तु सुभगः सुदानुर्यस्त्वा नित्येन हविषा य उक्थैः।
पिप्रीषति स्व आयुषि दुरोणे विश्वेदस्मै सुदिना सासदिष्टिः।।7।।
।।ऋग्वेद 4.4.7।।

ज्ञानी का तेज : विवेक प्रदाता

ज्ञानी का (ब्रह्म) तेज अन्धे ममता के पुत्र की तरह रक्षा करता है। ममता के प्रेम में मनुष्य अन्धा होकर मनमाना, उच्छृंखल, निरंकुश व्यवहार करने लगता है। "भौतिकता की चकाचौंध में अंधे को ज्ञानीजन विवेक प्रदान कर सन्मार्ग पर लाता है" एवं उसके पुण्यों की रक्षा करता है। विवेक के सन्मार्ग पर आन्तरिक शत्रु–काम, क्रोध, मद, मोह, लोभ एवं मत्सर बेअसर रहते हैं। इससे पहिले ऋग्वेद में भौतिकता के वशीकरण में समाज के पतन की चेतावनी दी गई है। इसमें विद्वानों को लोक को सन्मार्ग पर लाने को कहा गया है। अर्थात् वैदिक काल में ही चरम भौतिकवादी संस्कृति और आन्तरिक शत्रुओं से चेताया गया। वही "ब्रह्मज्ञानी–ब्रह्मजिज्ञासु–साधक–ऋषि–मुनि–कवि–केशी–विद्वान् की इस महासंकट में विवेक का सन्मार्ग दिखाने की भूमिका निर्धारित की गई।।" ऋग्वेद 4.4.13।।

ये पायवो मामतेयं ते अग्ने पश्यन्तो अन्धं दुरितादरक्षन्।
ररक्ष तान् त्सुकृतो विश्ववेदा दिप्सन्त इद् रिपवो नाह देभुः।।13।।
।।ऋग्वेद 4.4.13।।

स्वर्ग–नरक पृथिवी पर

मन्त्रद्रष्टा ऋषि वामदेवो गौतम ने बहुत ही स्पष्टता से पृथिवी पर नरक–स्वर्ग को रेखांकित किया है। अतः इसी भूलोक पर स्वर्ग और नरक है। बन्धुबान्धवों से रहित (उच्छृंखल, समाज–परिवार के नैतिक अंकुश रहित) और पति से द्वेष करनेवाली (सम्बन्ध स्वातन्त्र्य) नारी दुराचारिणी होकर कुमार्ग पर चलती है (इसी क्रम में नर को लें।)। उसी प्रकार कुमार्ग पर चलनेवाले, दुराचारी, नैतिक नियमों का उल्लंघन करनेवाले, असत्य वक्ता आदि दुष्कर्मियों (पापियों) ने इस भूलोक पर अगाध नरक का निर्माण किया है। ऐसे दुष्ट नर–नारी लोक को नरक बना देते हैं। ऐसे असत्यशील दुष्कर्मियों का उन्मूलन आवश्यक है। ''व्यन्तः दुरेवाः अनृताः असत्याः पापासः इदं गभीरं पदं अजनत''– कुमार्ग पर चलनेवाले, दुराचारी, नैतिक नियमों को तार–तार करनेवाले असत्यशील पापियों ने ही इस गम्भीर नरक का निर्माण किया है।।ऋग्वेद 4.5.5।।

अभ्रातरो न योषणो व्यन्तः पतिरियो न जनयो दुरेवाः।
पापासः सन्तो अनृता असत्या इदं पदमजनता गभीरम्।।5।।
।।ऋग्वेद 4.5.5।।

वाणी : सुफल, निष्फल

वेद के ज्ञान काण्ड ऋग्वेद में वाणी की निष्फलता और सुफलता के रहस्य को उद्घाटित किया है। ''अनिरेण फल्गवेन वचसा अतृपासः किं वदन्ति'' – नीरस, कठोर, लघुता एवं निष्फल वाणी के कारण अतृप्त रहनेवाला मनुष्य परमेष्ठी की स्तुति क्या करेगा? ''अत्–आयुधासः असता सचन्तां'' – शस्त्र धारण नहीं करनेवाले (अज्ञानी–अशिक्षित–असंस्कृत–आत्मज्ञान से विमुख–वेद विज्ञान से वंचित) पराक्रम हीन सदैव दुःखी रहता है।

अर्थात् जिनकी वाणी सदैव कर्कश, अतिरंजित कटाक्षपूर्ण, अज्ञानतापूर्ण, सुसंस्कृत विहीन, नीरस, निराशतापूर्ण, नकारात्मक आदि रहती है, जो कभी मधुरता से नहीं बोलते, उनका बोलना निष्फल रहता है। अर्थात् जो व्यक्ति सदैव अनर्गल बोलता है एवं जिसकी वाणी बहुत निकृष्ट (नीच) होती है, वे स्वयं हमेशा असन्तुष्ट रहते हैं। वे भला परमेष्ठी की स्तुति क्या करेंगे? ऐसे व्यक्ति कभी पराक्रमी नहीं हो सकते। इसलिये वे हमेशा दूसरे के दास बनकर (वाणी के कारण) दुःख पाते हैं।

वेद का उपदेश है कि मनुष्य को सदैव सकारात्मक, सुसंस्कृत, सारगर्भित–ज्ञानपूर्ण, नम्रतापूर्वक, माधुर्यपूर्ण आदि ही सम्भाषण करना चाहिये। वैदिक यज्ञकर्म में इसका अत्यन्त महत्व है।।ऋग्वेद 4.5.14।।

अनिरेण वचसा फल्वेन प्रतीत्येन कृधुनातृपासः।
अधा ते अग्ने किमिहा वदन्त्यनायु धास आसता सचन्ताम्।।14।।
।।ऋग्वेद 4.5.14।।

यज्ञ में अग्नि उपदेश कर्त्ता : ज्ञानयज्ञ सत्र

अग्नि मननशील एवं यज्ञ करनेवाले मनुष्यों के यज्ञ में ही जाता है। यज्ञ में उपस्थितों को उत्तम उपदेश देता है। उसमें (ब्रह्म) उपदेशक के गुण हैं। यहाँ मन्त्रद्रष्टा ऋषि "ज्ञानयज्ञ सत्र" की ओर संकेत कर रहा है।।ऋग्वेद 4.9.5।।

वेषि ह्यध्वरीयतामुपवक्ता जनानाम्।
हव्या च मानुषाणाम्।।ऋग्वेद 4.9.5।।

यज्ञ कर्म से कल्याणकारी बल

"बृहतः क्रतोः भद्रस्य दक्षस्यः साधुः" – महान् यज्ञ अथवा सत्कृत से कल्याणकारी बल की प्राप्ति होती है। "रथीः"–"रंहतेर्गतिकर्मणः"–प्रेरक, प्रेरणा देने वाला। कल्याणकारक बल का देनेवाले एवं सत्य के आधाररूप यज्ञ को यह यज्ञाग्नि अपनी प्रेरणा से बढ़ाता है। इसीलिये यह यज्ञ का अग्रणी है। अतः यज्ञ सत्य का आधार और कल्याणकारी बल प्रदाता है। यह यज्ञ चित् तत्त्व–ज्ञान रूपी अग्नि से वृद्धि को प्राप्त करता है। यह चित् तत्त्व–आत्मतत्त्व ही यज्ञकर्म का नेता है।।ऋग्वेद 4.10.2।।

अधः ह्यग्ने ऋतोर्भद्रस्य दक्षस्य साधोः।
रथीर्ऋतस्य बृहतो बभूथ।।ऋग्वेद 4.10.2।।

यज्ञ से पाप मुक्ति

हे सत्य से युक्त यज्ञ की अग्नि! आप यज्ञकर्त्ता मनुष्य के पुराने से पुराने दुष्कर्म (पाप) को भी नष्ट कर देते हैं। अर्थात् यज्ञकर्म–शुभकर्म–सत्कृत से बहुत पहिले किये हुए दुष्कर्मों का प्रायश्चित हो जाता है।।ऋग्वेद 4.10.7।।

कृतं चिद्धि ष्मा सनेमि देवो ऽग्न इनोषि मर्तात्।
इत्था यज्ञमानादृतावः।।ऋग्वेद 4.10.7।।

इन्द्र रूपी जीवात्मा : इन्द्रियाँ देवगण

इन दो ऋचाओं में बहुत अभिव्यंजनात्मक रूपक में इन्द्र रूपी जीवात्मा का वर्णन किया गया है। एक समय जब इन्द्र शक्तिहीन होने लगा, उस समय उसकी माता ने कहा कि इन्द्र आपको देवगण छोड़ रहे हैं। तब महान् असुर को मारने के उद्देश्य से इन्द्र ने विष्णु से कहा कि आप अपना पराक्रम प्रगट करके उस असुर का संहार करें।

यह एक अध्यात्मिक अलंकार है। इस ऋचा में शरीर की अवस्था का वर्णन है। जब शरीर में इन्द्र अथवा आत्मा निर्बल हो जाती है, तब आत्मा का "देवता स्वरूप इन्द्रियाँ" साथ छोड़ने लगती हैं। यहाँ आत्मशक्ति कमजोर पड़ने का उल्लेख है। इस महाविकट संकट में उसकी आत्मा को शक्ति देनेवाली उसकी माता सजग करती है कि इस देह में से इन्द्रियों की शक्ति कम हो रही है। उससे आत्मा सजग होकर "विष्णुरूपी प्राणशक्ति" को प्रेरित करती है। वह प्राणशक्ति प्रेरित होकर इन्द्रियों को पुष्ट करती है।।11।।

हे इन्द्र! जब आपने पिता को पैर पकड़ कर फेंका तब किसने आपकी माता को विधवा बनाया? सोनेवाले एवं चलनेवाले आपको किसने मारने की इच्छा की? कौनसा देवता सुख देने में आपसे अधिक है?।।12।। इसका अध्यात्मिक अर्थ चौंकाता है। जब "इन्द्र रूपी जीवात्मा अपने पिता परमेष्ठी–परम ब्रह्म–परमात्मा" को भुला देता है, उस समय "आत्मा को उत्पन्न करनेवाली शक्ति रूप माता शक्तिहीन विधवा" हो जाती है। "परमेष्ठी की शक्ति आत्मा को शक्ति सम्पन्न करती है।" इसलिये "परमेष्ठी मानों आत्मा को उत्पन्न" करता है। जब यह आत्मा सुप्त (सोती) रहती है, सजग नहीं रहती है, मानों उस समय आत्मा की मृत्यु ही हो जाती है। मूलभूत रूप में जीवात्मा जितना सुख प्रदान करता है, उसकी तुलना में परमेष्ठी अनन्त गुना सुख स्वरूप है।।12।। अतः आत्मा को सजग, जाग्रत एवं सशक्त करने का सीधा सरल सहज मार्ग यज्ञकर्म है।।ऋग्वेद 4.18.11, 12।।

उत माता महिषमन्ववेनदमी त्वा जहति पुत्र देवाः।
अथाब्रवीद् वृत्रमिन्द्रो हनिष्यन् त्सखे विष्णो वितरं वि क्रमस्व।।1।।
कस्ते मातरं विधवामचक्रच्छयुं कस्त्वामजिघासच्चरन्तम्।
कस्ते देवो अधि मार्डीक आसीद् यत् प्राक्षिणाः पितरं पादगृह्य।।12।।
।।ऋग्वेद 4.18.11, 12।।

यज्ञ ऋत पद वाच्य

वेद का प्रतिपाद विषय आत्मज्ञान–सृष्टिविज्ञान–ब्रह्मविज्ञान–पराविज्ञान –सद्विद्या आदि है। ये एक ही अर्थवाले विभिन्न नाम हैं। अर्थात् वेद प्रकृति का सृष्टिविज्ञान है। वेद मन्त्रों में ज्ञान एवं वाक्, दोनों का समन्वय है। वैदिक ऋचाएँ (मन्त्र) ज्ञानात्मक भी हैं और शब्दात्मक भी हैं। शब्द एवं ज्ञान में भेद स्थूल स्तर पर प्रतीत होता है। यह भेद पश्यन्ती के स्तर पर विलुप्त हो जाता है। मूलभूत रूप से शब्द को आत्मप्रकाश कहा गया है। ज्ञान के अन्तरंग पक्ष के स्तर में ही शब्द भी नित्य कहा जा सकता है।

वैदिक दृष्टि से धर्मतत्त्व की मुख्य अन्तर्दृष्टि यह रही है कि "धर्म–अध्यात्म एक सनातन एवं सार्वभौम तत्त्व है। उसका मूलाधार लोकोत्तर है।" वैदिक दृष्टि सृष्टि का मूलतत्त्व दैवी शक्तियाँ–मूल विधारक शक्तियाँ और ऋत ही मूल व्यवस्था है। दैवीशक्ति ज्योतिःस्वरूप है। यह एक ही ज्योति बाह्य जगत् और मानवीय सत्ता में अनस्यूत है। वैदिक चिन्तन में ब्रह्माण्ड एवं पिण्ड में समानता का मूल मन्त्र है। सृष्टि सूक्ष्म एवं अव्यक्त अवस्था से स्थूल अवस्था तक पहुँचती है। मनुष्य (देवशक्ति) ज्योति का स्वरूप अपने अन्तःकरण के अन्दर ध्यान के द्वारा प्रत्यक्ष कर सकता है।

उनतालीस लाख वर्ष प्राचीन "वैदिक दृष्टि जगत् व्यवस्था को ज्योति और तम के संघर्षात्मक सम्बन्ध से निर्धारित मानती है।" इसका प्रतीकात्मक रूपात्मक देवासुर आख्यान है। ज्योति एक केन्द्र से चारों ओर चमकती किरणों के प्रभामण्डल स्वरूप है। यह ज्योति अपने प्रहार से प्रकाश विरोधी, गति विरोधी, अन्धी, निरुद्देश्य तमोगुहा को भंग करती है। किरणों के लिये अवकाश का सृजन करती है।

सृष्टिक्रम की अध्यक्षता ज्योतिर्मय चेतना सत्ता करती है। "ज्योतिर्मय चेतना के स्वाभाविक नियम ऋत कहलाते हैं।" "ऋत परमेष्ठी है।" उसकी अधीनता में दैवी शक्तियाँ–परमज्योति सृष्टि का निर्धारण और ब्रह्माण्ड का संचालन करती है। "ऋत का सबसे महत्वपूर्ण नियम है : सृष्टिक्रम में सत् का परिच्छेदक आकारों द्वारा आत्मविभाजन एवं यथातथ्य व्यवस्थापन।" विभक्त सत्ताएँ परस्पर आदान–प्रदान की क्रियाओं से सम्बद्ध रहती हैं। "यज्ञ ऋत का ही प्रतिरूप है।"

"यज्ञ का रहस्य ही सृष्टि का रहस्य है।" वैदिक सृष्टि का मूलाधार ऋत का विचार है। "ऋत" की व्युत्पत्ति "ऋ" धातु से मानी जाती है। यह गत्यर्थक कही गयी है। इस दृष्टि से ऋत का अर्थ है : गति और गति का मार्ग, हेतु एवं लक्ष्य, लक्षणा से गति का नियम अथवा सही प्रकार की गति। "व्युत्पत्ति से ऋत का अर्थ है : विधारक नियम, लक्षणा से व्यवस्थापक, अटूट बन्धन।" सृष्टि के पहिले स्रष्टा के ध्यान में उसका नियामक मूलरूप ही ऋत रहा। वही सृष्ट पदार्थों के आदर्श के रूप में सत्य है। "इस लोक के अतीत ऋत का लोक है। इसलिये (ऋत) परमव्योम के नाम से अभिहित है।"

"ऋत में नानात्व एवं एकत्व, व्यापकता एवं अतिक्रामिता दोनों पक्ष समाहित हैं।" "ऋत में द्रव्य, सत्ता, धर्ममूलक औचित्य एवं कर्तव्यता और समस्त ज्ञान की आधारभूत रचना के प्रतिमान तीनों पक्ष भी समाहित हैं।" ऋत एवं देवता का सम्बन्ध भी अयुतसिद्ध है। प्राकृतिक नियमों के रूप में

ऋत भौतिकविज्ञान का प्रतिपाद्य है। यह स्मरण रहे कि आत्मविज्ञान परमार्थ का साधक है।

इस प्रकार वैदिक युग में आत्मविद्या–सृष्टिविद्या–ब्रह्मविद्या की प्रधानता रही और पुरुषविद्या अपेक्षाकृत गौण रही। उसमें ऋत ही सृष्टि का नियामक तत्त्व रहा। "देवता ऋत सूत्र से सम्बद्ध चित् शक्तियाँ रही। एक ही तत्त्व के तीन आयाम–ऋत, सत्य एवं देवता रहे।" ऋत का ज्ञान पारमार्थक साक्षात्कारात्मक ज्ञान में प्रदत्त विशेष ज्ञान है। योगसूत्र (पतंजलि) में कहा है : "निर्विचारवैशारद्येऽध्यात्मप्रसादः। ऋतम्भरा तत्र प्रज्ञा।" 1.47–48।। प्रज्ञा विशेषार्थक होती है। सृष्टि का मूल विज्ञान स्रष्टा के आत्मज्ञान से अभिन्न है। यही ब्रह्मात्मविज्ञान और पराविद्या है। "पराविद्या, ब्रह्मविद्या, आत्मविद्या, सद्विद्या अथवा ऋत–चित् एक ही हैं, उनके अलग–अलग नाम हैं।" ऋत और सत्य, विश्वमिन्व एवं अविश्वमिन्व इन दोनों का अभेद ही प्रधान है। अतः "ऋत देवताओं का व्रत है। वहीं देवता ब्रह्म के नानाशक्त्यात्मक सोपाधिक रूप हैं।" अतः ऋत एवं सत्य को ब्रह्म एवं धर्म से अभिन्न कहा गया है।

"ऋत एवं देवतत्त्व में सृष्टि विज्ञान अन्तर्निहित है। यह ऋतचर्या अथवा यज्ञसाधना में प्रतिरूपित है। इससे ही लोकविधान नियंत्रित होता है।" देवतत्त्व से ही नृतत्त्व का ज्ञान होता है। यही ज्ञान ब्रह्मात्मैक्याविज्ञान में पर्यवसित होता है। इसके दो पक्ष हैं : नित्यसिद्धवस्तु का ज्ञान–शाश्वतज्ञानात्मक और धर्मात्मक साध्य पदार्थ का कर्म द्वारा साधन। वैदिक विद्यायें–अधिभौतिक, अधिदैविक, अधियाज्ञिक एवं अध्यात्मिक रहस्यों एवं प्रतीकों के रूप में है।

यह मूलभूत अवधारणा है कि चित् के अन्दर समस्त जानने की अद्भुत शक्ति है। "चित् शुद्धि और एकाग्रता होने पर मनुष्य महती देवता है।" वैदिक विद्याएँ निश्चित अवधारणाओं एवं विधियों पर आधृत हैं। वैदिक विद्याओं का परिशीलन अनुभूति पर्यवसायी है। वेद काल के "संस्कारों का मूल अभिप्राय आत्मा की शुद्धि से है। सांस्कारिक कर्मकाण्ड–अनुष्ठान मनुष्य को पाप के आवरण (मल) से मुक्त करते हैं। "संस्कार के दो कार्य हैं : दोषापनयन एवं अपूर्व गुणाधान।" यहाँ यह स्मरण रहे कि "वैदिक काल से उन्नीसवीं शती तक तीनों वर्णों (ब्रह्मकर्म, क्षात्रकर्म, वैश्यकर्म) एवं नारियों का उपनयन संस्कार होता रहा अर्थात् नारियाँ भी यज्ञोपवीत धारण करती रही। वैदिक काल में पृथक शूद्र वर्ण नहीं था। सभी वर्ण वैदिक शिक्षा के अधिकारी रहे। यहाँ तक कि अनुलोम वर्णसंकर–व्रात्य भी अधिकारी माने जाते थे।"

इस प्रकार "ऋत और सत्य ही समाज व्यवस्था के आधारभूत धर्म को प्रकाशित करते हैं।" अथर्ववेद में कहा गया है कि "सत्य, ऋत, दीक्षा, ब्रह्म, तप और यज्ञ पृथिवी को धारण करते हैं।" वैदिक युग में ऋत के रूप में (अर्यमा के मार्ग के रूप में) नक्षत्रमार्ग विदित रहा। प्रकारान्तर में इस मार्ग के घटक 28 (कहीं 27) नक्षत्रों का निर्धारण किया गया।

ऋत के सूक्ष्म ज्ञान को व्यावहारिक विज्ञान रूप देने के लिये उसके मध्य क्रियात्मक एवं प्रत्यक्ष–सम्बद्ध ज्ञान की आवश्यक है। प्राकृतिक तत्त्वों के ज्ञान के लिये क्रियात्मक तन्त्र–प्रत्यक्ष प्रयोग आवश्यक होते हैं। "ऋत का अपरार्ध सत्य है। ये दोनों तप (चेतना) के द्वारा ही प्रत्यक्ष योग्य रूप धारण करते हैं।"

"वेद का स्वरूप विचार" ग्रन्थ के अनुसार वेद प्रकृति का सृष्टि विज्ञान है। तीनों वेदों का सम्बन्ध विशेष रूप से पिण्डोत्पत्ति, गति एवं तेज से है। ये प्राकृतिक सृष्टि के तीन व्यापक तत्त्व हैं।

अतः "ऋत विश्व का मूल नियम है।" ऋत के अध्यात्मिक, अधिदैविक, अधियाज्ञिक, अधिभौतिक पक्ष वेद में रहस्यात्मक रूप में वर्णित हैं। ऋत का अध्यात्मिक, अधिदैविक वैज्ञानिक पक्ष रहस्य के तिलिस्म में छिपा हुआ है। यही कारण है कि ऋत को तात्त्विक ज्ञान और मिथक की संज्ञा दी गई है। "इस प्रकार परमव्योम में अवस्थित, देश–कालातीत ऋत तत्त्व का मूल है। ऋत नियामक है, उसका प्रतिदर्श एवं आदर्श है।" ऋत ही व्यक्त जगत् में अनेकानेक पदार्थ एवं घटनाओं का अदृश्य मह्यसूत्र है। "ऋत का प्रतीकात्मक प्रतिरूपण एवं उसका अर्थानुध्यान ही यज्ञ का सार (उपासना) है। इस दृष्टि से याज्ञिकता–यज्ञ भी ऋत पद वाच्य है।" ऋत के तीन मुख्य रूप हैं : प्रकृति का नियम, आचार–व्यवहार का नियम और अनुष्ठान का नियम। ये ऋत के तीन रूप मिलकर प्राकृतिक एवं मानवीय जगत् को व्याप्त करते हैं और उन्हें एक नियत, व्यवस्थित एवं सार्थक इकाई का रूपाकार देते हैं।

ऋत की अनन्त शक्ति : ऋत यज्ञ सम्बन्ध

इसप्रकार ऋग्वेद में सबसे अध्यात्मिक रहस्यपूर्ण शब्द "ऋत" है। इस सन्दर्भ में ऋग्वेद के 10वें मण्डल के 12वें अनुवाक का 190वाँ सूक्त "अघमर्षण" के नाम से प्रसिद्ध है। "धधकती हुई ऊष्मा–ताप–अग्नि से ऋत एवं सत्य उत्पन्न हुए। इससे अर्णव समुद्र उत्पन्न हुआ। अथाह जलराशि में संवत्सर की उत्पत्ति हुई। वश में करनेवाले ने दृश्य जगत् को बनाया। स्रष्टा ने सूर्य, चन्द्रमा, आकाश, पृथिवी और अन्तरिक्ष को पहिले जैसा बनाया।"

वेद में "चेतना" के लिये "तप" शब्द का प्रयोग किया गया है। जगमगाती हुई "चेतना" से ऋत एवं सत्य प्रगट हुए। "ऋत का अर्थ सत्य है।" "ऋत सत्य का अर्थ है – परमेष्ठी–परमात्मा–परमब्रह्म।" यहाँ से सृष्टि के आकार का प्रारम्भ हुआ। उससे रात्रि प्रगट हुई। यह रात्रि, प्रथम स्पन्दन से सृष्टि के आदि और अस्पष्ट रूप का धुन्ध है। जिसमें सृष्टि निर्माण आरम्भ होता है। उसका स्पष्ट रूपाकार नहीं बन पाता। इसे ही कालरात्रि, मोहरात्रि, महारात्रि आदि संज्ञाएँ दी गई हैं। सत्य स्वरूप ब्रह्म पर (काल) रात्रि प्रगट होती है और सृष्टिलीला का विस्तार करती है (योग वासिष्ठ का कालरात्रि का नृत्य प्रसंग)। वेद में अप्–आपः देवता है। यह ज्योति स्वरूप है। इसका तृप्ति के कारण जल एवं अमृत के अर्थ में प्रयोग हुआ है। वेद में कहा है कि आपः –अप् ज्योति है, रस है, अमृत है, ब्रह्म है, भूर्भुवःस्वः है। साथी ही ओउम् है। "आपो ज्योति रसोऽमृतं ब्रह्म भूर्भुवः स्वरोम्।"

अर्थात् इस आपः, अर्थात् ज्योति का अर्णव और सम्राट प्रगट हुआ अथवा महाज्योति प्रगट हुई। यह सृष्टि के धुन्ध से इसके स्पष्ट रूप का प्रगट होना है। उसके पश्चात् काल (संवत्सर) की उत्पत्ति हुई। "संवसन्ति ऋतवोऽत्र" (अमरकोषः)। इसका अर्थ है कि ऋतु जिसके अन्तर्गत हो। आचार्य सायण ने भी इसका अर्थ "काल" किया है। सुप्रसिद्ध पुरुष सूक्त के "यज्ञेनयज्ञमयजन्त देवाः" का अर्थ है कि "आत्मशक्ति को विभुशक्ति में मिला दिया।"

ऋतंज सत्यंचाभीद्धात्तपसोऽध्यजायत।
ततो रात्र्यजायत तत समुद्रो अर्णवः।।1।।
समुद्रादर्णवादधि संवत्सरो अजायत।
अहोरात्राणि विदधद्विश्वस्थ मिषतो वशी।।2।।
सूर्याचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत्।
दिगंच पृथिवीं चान्तरिक्षमथोस्व।।3।।ऋग्वेद 10.190.1–3।।

ऋग्वेद (1.145.5) में कहा है : "ऋतचिद्धि सत्यः।" "ऋतस्य यज्ञस्य जलस्य वा चित्त ज्ञाता।" इति भाष्यम्।। अग्नेर्ऋषिभेदः। यथा, यजुषि।17.82।। "ऋतंच सत्यंच।" इति।। शब्दकल्पद्रुम (राजा राधाकान्तादेव) में ऋतं को "ऋ + कृ" कहा है।

ऋतामृताभ्यां जीवेत्तु मृतेन प्रमृतेन वा।
सत्यामृताभ्यामपि वा न श्ववृत्त्या कदाचन।।
ऋतमुम्छशिलं ज्ञेयममृतं स्यादयाचित्तम्।
मृतन्तु याचिनं भैक्षं प्रमृतं कर्षण स्मृतम्।।मनु 414–5।।

ऋग्वेद (7.101.6) में कहा है : "तन्मं ऋतं पातु शतशारदाय।" ऋतमुदकम्। इति भाष्यम्।। सत्यं इति मेदिनी।। ऋग्वेद (1.137.2) में कहा है : "सुतो मित्राय वरुणाय पीतये चारुर्ऋताय पीतये।।" श्रुति में कहा है : "ऋतमेकाक्षरं ब्रह्म।।" सत्यचारः। ऋग्वेद के चौथे मण्डल के 23वें सूक्त की 8–10 तीन ऋचाओं का विषय ऋत है।

ऋतस्य हि शुरुधः सन्ति पूर्वीऋतस्य धीतिर्वृजिनानि हन्ति।
ऋतस्य श्लोको बधिरा ततर्द कर्णा बुधानः शुचमान आयोः।।8।।
ऋतस्य दृळहा धरुणानि सन्ति पुरूणि चन्द्रा वपुषे वपूंषि।
ऋतेन दीर्घमिषणन्त पृक्ष ऋतेन गाव ऋतमा विवेशुः।।9।।
ऋतं येमान ऋतमिद् वनोत्यृतस्य शुष्मस्तुरया उ गव्युः।
ऋताय पृथ्वी बहुले गभीरे ऋताय धेनू परमे दुहाते।।10।।
।।ऋग्वेद 4.23.8–10।।

"ऋतस्य शरुधः पूर्वीः सन्ति" – ऋत की अनन्त शक्तियाँ हैं। "ऋत" – सत्य, यज्ञ, सही, आपः, समुचित, परमादरणीय। "ऋतस्य बुधानः शुचमानः श्लोकः....." – ऋत के सत्य ज्ञानमय और शुद्ध स्तोत्र मनुष्य के कानों को बधिर कर देते हैं। "ऋतस्य धीतिः वृजनानि हन्ति" – उचित बुद्धि पापों को नष्ट करती है।

"ऋतस्य वपूंषि दृळहा, धरुणानि, चन्द्रा पुरूणि सन्ति" – सत्य स्वरूप ऋत के शरीर सुदृढ़, धारणक्षम, आनन्ददायी और अनेक होते हैं। "ऋतेन दीर्घं वृक्षः इषणन्त"–ऋत–सत्य से बहुत अन्न चाहते हैं। सत्य–ऋत के पालन से अनेक लाभ होते हैं।

"ऋतेन गावः ऋतं आ विवेशुः" – ऋत की सहायता से गायें "यज्ञ" में प्रविष्ट होती हैं। "ऋतं येमानः ऋतं इत् वनोति" – ऋत–सत्य का पालन करनेवाले ऋत की भक्ति करते हैं। "ऋताय बुहले गभीरे पृथ्वी" – ऋत के लिये विस्तीर्ण एवं गम्भीर द्यावापृथिवी।

अर्थात् ऋत–सत्य–यज्ञ की अनन्त शक्तियाँ हैं। अथवा सत्य उत्तम कर्तव्य में अनन्त शक्तियाँ अन्तर्निहित हैं। ऋत की उत्तम बुद्धियाँ समस्त पापों को नष्ट करती हैं। सत्य–शुभकर्म–सन्मार्ग की स्तुतियाँ दुष्ट मनुष्यों के कानों को अच्छी नहीं लगती हैं। इसलिये मानों वह सत्य–उत्तम वचनों के प्रति बहरा बन जाता है।।8।। ऋत–सत्य अर्थात् अविनाशी देव के शरीर दृढ़, धारण करनेवाले और अनेक होते हैं। मनुष्य इस अविनाशी देव (ऋत–सत्य) को प्रसन्न करके बहुत अधिक अन्न चाहते हैं।

"ऋत की सहायता से गो यज्ञ में प्रविष्ट होती हैं।" यहाँ "गो का अर्थ इन्द्रियाँ और यज्ञ का आशय उत्तम कर्म–सत्कृत" है। अर्थात् इन्द्रियाँ उत्तम कर्म की ओर प्रवृत्त होती हैं। सत्य के पालन से अनेक लाभ होते हैं।।9।। ऋत–सत्य–यज्ञ–सत्कृत का पालन करनेवाला ऋत की ही भक्ति करता है। इस अविनाशी ऋत–सत्य का बल अश्व और गायों को देनेवाला है। अश्व का अर्थ–काल, सूर्य, अग्नि, सोम, यज्ञ, गति, शक्ति, बल, ब्रह्म आदि है। वहीं गो का अर्थ–इन्द्रिय शक्तियाँ, वाक्, सरस्वती, प्रकाश की किरण, स्वर्ग, सूर्य, चन्द्रमा, दिशा, माता, हीरक, इन्द्र का वज्र, पृथिवी, नेत्र, अश्व, बाण आदि है। ऋत से प्रेरित होकर द्युलोक और पृथिवीलोक विस्तीर्ण और गम्भीर हुए हैं। इसी से प्रेरित होकर इन्द्रियाँ उत्तम कार्य करती हैं।।10।। ऋग्वेद 4. 23.8–10।। दशवीं ऋचा में "ऋत एवं यज्ञ का अन्तर्सम्बन्ध" कहा गया है।

"ब्रह्म वा ऋतं ब्रह्म हि मित्रो ब्रह्म ऋतं ब्रह्म एवायुः।।" परब्रह्म।। इति श्रुति।। रुद्रः। यथा, सामगानां सन्ध्यामन्त्रे रुद्रोपख्याने।। "ऋत–मित्वस्य कालाग्नो रुद्र ऋषिरनुष्टुप्छन्दो रुद्रो देवता रुद्रोपख्याने विनियोगः।।" देवभेदः।। इति श्रुति।।

आत्मरूपी अपार धन बनाम क्षणभंगुर संसार सुख कर्मानुसार फल

मन्त्रद्रष्टा ऋषि नामदेवो गौतम ने इस ऋचा में गूढ़तम दार्शनिक तत्त्व प्रतीकात्मक रूप में प्रस्तुत किया है। "मननशील मनुष्य आत्मारूपी अपार धन के बदले में क्षण भंगुर संसारी सुख रूपी अल्प पदार्थ लेता है। अन्त में उसे संसारी सुख मिथ्या अथवा किसी काम का प्रतीत नहीं होता है। उस समय वह फिर आत्मारूपी अक्षय धन की कामना करता है। परन्तु वह उन्हें नहीं मिल पाता है। वास्तव में मनुष्य जो कुछ वाणी से बोलता है, अथवा कर्म करता है, उसी का फल प्राप्त करता है।" अर्थात् "यज्ञ–शुभकर्म–सत्कृत का शुभ फल होगा।" कर्मानुसार ही मनुष्य को फल मिलना सुनिश्चित है।

भूयसा वस्नमचरत् कनीयोऽविक्रीतो अकानिषं पुनर्यन्।
स भूयसा कनीयो नारिरेचीद् दीना दक्षा वि दुहन्ति प्र वाणम्।।9।।
।।ऋग्वेद 4.24.9।।

यज्ञ कर्त्ता–उत्तम कार्य कर्त्ता : परमात्मा को प्रिय

" प्राशुषाट् एषः वीरः इन्द्रः केवला सु प्र अव्ययः पंक्ति कृणुते" – अरिहन्त–यह वीर इन्द्र केवल उत्तम मार्ग पर चलनेवाले की यज्ञ में हवि को ही स्वीकार करता है। "दुष्प्राव्यः अवाचः अव हन्ता वीर" – कुमार्ग से जाने वालों का हन्ता है यह वीर। "अदिति, अस्मै उरु शर्म यंसत्" – अविनाशी

माता अदिति–अर्थात् महाप्रकृति उसको सुख प्रदान करती है। "इन्द्रे सुकृत्, मनायुः, सुप्रावीः प्रियः" – इन्द्र रूपा परमात्मा को उत्तम कर्म करनेवाला, मननशील एवं उत्तम रक्षण करनेवाला प्रिय होता है।

प्रजाओं का हित करनेवाले एवं श्रेष्ठ अग्रणी मनुष्य को कुछ अथवा बड़ी संख्या के शत्रु भी मिलकर पराजित नहीं कर सकते। वह अपराजित रहता है। अविनाशी महाप्रकृति–माता अदिति ऐसे लोकोत्थान, सर्वोदय, लोककल्याण को सर्वस्व समर्पित करनेवाले मननशील को महान् सुख देती है। परमात्मा को उत्तम कर्म करनेवाले, "यज्ञकर्म कर्त्ता", उत्तम मार्ग से जानेवाला मनुष्य ही प्रिय होता है।।5।।

इस ऋचा में मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने स्पष्ट किया है कि "अरिहन्त इन्द्र–परमेश्वर केवल उत्तम मार्ग से जानेवालों की हवि यज्ञ में स्वीकार करता है।" यह इन्द्र सोमयाग नहीं करनेवाले (कुमार्ग से चलनेवाले) का मित्र अथवा भाई नहीं होता है। वह तो कुमार्ग से चलनेवालों को नष्ट करता है।।6।।ऋग्वेद 4. 25.5, 6।।

न तं जिनन्ति बहवो न दभ्रा उर्वस्मा अदितिः शर्म यंसत्।
प्रियः सुकृत प्रिय इन्द्रे मनायुः प्रियः सुप्रावीः प्रियो अस्य सोमी।।5।।
सुप्राव्यः प्राशुषळेष वीरः सुष्वेः पक्तिं कृणुते केवलेन्द्रः।
नासुष्वेराधिर्न सखा न जामिर्दुष्प्राव्यो ऽवहन्ते दवाचः।।6।।
।।ऋग्वेद 4.25.5, 6।।

द्युलोक–ब्रह्मरन्ध्र में अमृततत्त्व : सोम के साथ यज्ञ आया

वेद में शंबरासुर की निन्यानवें पुरियों का उल्लेख है। एक वृत्तान्त में उल्लेख है कि देवों को यज्ञ में प्रिय लगनेवाली हवि सोम का हरण हो जाता है। दिव्यता प्राप्त श्येन पक्षीराज सोम (अमृत) को लोहकपाटों को चीर कर लाता है। ऋग्वेद के चतुर्थ मण्डल के 26वें सूक्त के देवता आत्मा, इन्द्र एवं श्येन है।

"जब यह जीवात्मा द्युलोक रूपी ब्रह्मरन्ध्र में प्रविष्ट होकर वहाँ अमृततत्त्व को प्राप्त कर लेता है, तब उसके लिये असाध्य सरीखा कुछ नहीं रहता है।" इस अमृततत्त्व की प्राप्ति से जीवन शान्त एवं मधुर हो जाता है। वह महान् यश को प्राप्त करता है।।5।।

उत्तम शक्तिवाली जीवात्मा देवों (ब्रह्मविदों–साधकों–ऋषियों–विद्वानों –महाज्ञानियों) को प्रिय लगनेवाले अमृततत्त्व को प्राप्त कर लेता है, उस समय वह आत्मा अन्य आत्माओं की अपेक्षा अधिक शक्तिशाली और शीघ्रगामी (मन के वेग) हो जाता है।।4।।

यह श्येन पक्षी द्युलोक से इस अमृत रूपी सोम को लाया, उस समय उसके साथ अनेकों तरह के यज्ञ भी ले आया। अर्थात् द्युलोक में उत्तमकर्म होते रहे, श्येन उन्हें भूलोक लाया। "यज्ञ में यह सोम वीर इन्द्र को दिया जाने लगा।" सोम से शक्ति, बल, ऊर्जा, तेज प्राप्त कर इन्द्र ने अनेक शत्रुओं का संहार किया। इन्द्र स्वयं (ब्रह्म) ज्ञानी है, इसीलिये वह अज्ञान का नाश करता है।।7।।ऋग्वेद 4.26.4, 5, 7।।

प्र सु ष विभ्यो मरुतो विरस्तु प्र श्येनः श्येनेभ्य आशुपत्वा।
अचक्रया यत् स्वधया सुपर्णो हव्यं भरन्मनवे देवजुष्टम्।।4।।
भरद् यदि विरतो वेविजानः पथोरुणा मनोजवा असर्जि।
तूयं ययौ मधुना सोम्येनोत श्रवो विविदे श्येनो अत्र।।5।।
आदाय श्येनो अभरत् सोमं सहस्रं सवाँ अयुतं च साकम्।
अत्रा पुरंधिरजहादरातीर्मदे सोमरस मूरा अमूरः।।7।।
।।ऋग्वेद 4.26.4, 5, 7।।

यज्ञ का सोम : सौ लोह पुरियों में रहा

सोम स्वरूप अमृत देवों की नगरी द्युलोक में रहा। सोम के स्थल को सौ लोह पुरियों से रक्षित रखा गया। अतः द्युलोक से सोम लाना एक असम्भव मुहिम था। लेकिन महाशक्तिवान् श्येन पक्षी सोम रक्षक देवों एवं पुरियों को मनोवेग से पार कर गया। वह यज्ञ की हवि के लिये सोम लेकर उसी वेग से लौट आया।।1।।

श्येन रूपी जीवात्मा जब अमृत तत्त्व–सोम लाने के लिये द्युलोक (ब्रह्मरन्ध्र, सहस्रार) की ओर जाता है, उस समय उसे अनेक विघ्न घेर लेते हैं। वे उसके मार्ग में अनेक बाधाएँ (विषय वासना, एषणा, आसक्ति, आन्तरिक शत्रु) उत्पन्न करते हैं। यह बात अलग है कि वे विघ्न जीवात्मा को सुकृत के कारण घेर नहीं पाते हैं। इसके विपरीत वही जीवात्मा अथवा आत्मा अपनी शक्तियों से विघ्नों को विजित करता है। इस महासंकट में सबके प्रेरक परमेष्ठी भी जीवात्मा के सहायक होते हैं।।2।।ऋग्वेद 4.27.1, 2।। मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने अलंकारपूर्ण शैली में जीवात्मा को श्येन पक्षीराज की संज्ञा दी है।

ब्रह्मरन्ध्र तक महायात्रा में आन्तरिक शत्रु विघ्न बाधा उत्पन्न करते हैं। लेकिन दृढ़ शुभ संकल्प और प्रज्ञावान परमेष्ठी की प्रेरणा से महासंकट बालू के महल की तरह धराशायी होते हैं। जीवात्मा के लिये शुभकर्म–सर्वोत्तम कार्य–यज्ञ आदि असम्भव को सम्भव करते हैं।

गर्भे नु सन्नन्वेषामवेदमहं देवानां जनमानि विश्वा।
शतं मा पुर आयसीररक्षन्नध श्येनो जवसा निरदीयम्।।1।।

न षा स मामप जोषं जभाराऽभीमास त्वक्षा वीर्येण।
ईर्मा पुरंधिरजहादरातीरुत वाताँ अतरच्छूशुवानः।।2।।
।।ऋग्वेद 4.27.1, 2।।

स्वेच्छाचारी नहीं बनें

इस ऋचा में सूर्य की दुहिता, भाग्य के देवता भग की भगिनी, सर्वसुन्दरी उषा का रथ इन्द्र द्वारा विध्वंस करना आदि का अलंकारिक वर्णन है। इसका अध्यात्मिक उपदेश यह है कि "कुमार–कुमारिकाएँ नैतिक मर्यादा में रहें, स्वेच्छाचारी नहीं बनें। सम्बन्ध स्वातन्त्रय स्वेच्छा से भ्रमण करना दण्डनीय होता है।" इसे समझाने के लिये ही यह अलंकारिक रूपक है। सूर्य इन्द्र है। सूर्य के आते ही उषा का संचार बंद होता है।।ऋग्वेद 4.30.11।।

एतदस्या अनः शये सुसंपिष्ट विपाश्या।
ससार भी परावतः।।11।।ऋग्वेद 4.30.11।।

देवत्व प्राप्ति प्रक्रिया : उत्तम कर्म

ऋग्वेद में मन्त्रद्रष्टा ऋषि वामदेवो गौतम ने ऋभब विषयक सूक्त में मनुष्य से देवत्व प्राप्ति का मूल रहस्य उजागर किया है। ऋग्वेद में ऋभु वायु स्थानीय देव गण हैं। "ऋभुर्न रथ्यं नवं दधतो केतुमादिशे।।" ऋग्वेद 9.21.6।। ऋभु का अर्थ है : अरि स्वर्गे अदितौ वा भवति इति–ऋ + भु + डु। दिव्यता, देव।

ऋभुवों ने माता–पिता की सेवा करके और उत्तम कर्मों से स्वयं को शक्तिशाली, सामर्थ्यशाली बनाया। परिणामतः ऋभुगण देवों के मित्र बने। इससे उनकी मनः की शक्ति अभूतपूर्व हो गई। तब उन्हें देवत्व की प्राप्ति हुई। अर्थात् वे मनुष्य से देव बन गये। इसी तरह मननशील प्राणी (मनुष्य) उत्तम एवं सर्वोत्तम कर्म करके मनः की शक्ति में वृद्धि कर सकते हैं और देवता बन सकते हैं।।ऋग्वेद 4.33.2।।

यदारमक्रन्नृभवः पितृभ्यां परिविष्टी वेषणा दंसनाभिः।
आदिद् देवानामुप सख्यमायन् धीरासः पुष्टिमवहन् मनायै।।2।।
।।ऋग्वेद 4.33.2।।

यज्ञ : ब्रह्मतत्त्व

ब्रह्मतत्त्व सर्वत्र व्यापक, अत्यन्त तेजस्वी, सर्वसामर्थ्यवान्, अन्तरिक्ष में व्यापक यज्ञ वेदी में विद्यमान रहता है। ब्रह्मतत्त्व ही घर में अतिथि के रूप में आता है। वही मनुष्यों में व्यापक है। वह श्रेष्ठ (ब्रह्मज्ञानियों) मनुष्यों में रहनेवाला है। ब्रह्मतत्त्व ऋत में रहता है। वह ही व्योम में सर्वत्र व्याप्त है। वह

यज्ञ में निवास करता है और सत्यकर्म, ब्रह्मज्ञान एवं सत्य से प्राप्य है।।ऋग्वेद 4.40.5।।

हसंः शुचिषद् वसुन्तरिक्षसद्धोता वेदिषदतिथिर्दुरोणसत्।
नृषसद् वरसदृतसद् व्योमसदब्जा गोजा ऋतजा अद्रिजा ऋतम्।।5।।
।।ऋग्वेद 4.40.5।।

यज्ञ से सुमति : अश्विनौ

मन्त्रद्रष्टा ऋषि पुरुमीळ्हाजमीळहौ सौहोत्रों ने अश्विनौ विषयक सूक्त में स्पष्ट किया है कि वैदिक चिकित्सक अश्विनौ पूजा–यज्ञ करनेवालों को सुमति प्रदान करते हैं और सुमति से उन्हें सुख मिलता है। इसप्रकार अश्विनौ देवता स्तोता की रक्षा करते हैं।।ऋग्वेद 4.43.7।।

इहेह यद् वां समना पपृक्षे सेयमस्मे सुमतिर्वाजरत्ना।
उरुष्यतै जरितारं युण ह श्रितः कामो नासत्या युवद्रिक।।7।।
।।ऋग्वेद 4.43.7।।

यज्ञ : सर्वप्रथम वायु द्वारा सोमपान

इस इन्द्रवायु देवता के सूक्त में अप्रत्याशित रहस्योद्घाटन किया गया है कि "यज्ञ में वायु देवता सर्वप्रथम सोमपान करता है।" इसीलिये यज्ञों में सबसे पहिले वायु को मधुर रस प्रस्तुत करने का विधान है। अध्यात्मिक रूप से वायु जीवनी शक्ति है। इसमें दिव्य अमृत–सोम अभिवृद्धि करता है। अधिभौतिक से यज्ञ में सोम से वायु जीवनीशक्ति निर्मल होती है (वायु शोधन प्रक्रिया)। अतः पश्चिमी विद्वानों का यह प्रचार मिथ्या है कि यज्ञ से वायु प्रदूषण होता है। इसके विपरीत वन–ओषधियों के महायज्ञ से समस्त प्रदूषण समाप्त होता है।।ऋग्वेद 4.46.1।।

अग्रं पिबा मधूनां सुतं वायो दिविष्टिषु।
त्वं हि पूर्वया असि।।ऋग्वेद 4.46.1।।

वायु (प्राण) इन्द्र (आत्मा) से संयुक्त

वायु हवन करनेवालों की रक्षा करता है। मूलतः "वायु प्राण है।" वायु का रथ (मनुष्य का) शरीर है। उस शरीर में वायु इन्द्रिय रूपी अश्वों को जोड़ता है। वायु इस तेजस्वी शरीर रूपी रथ में बैठता है। "वायु रूपी प्राण इन्द्र रूपी आत्मा के साथ संयुक्त होता है। उस समय प्राण अमृततत्त्व–सोम का पान करता है"।।ऋग्वेद 4.48.2।।

निर्यवाणो अशस्तीर्नियुत्वाँ इन्द्रसारथिः।
वायवा चन्द्रेण रथेन याहि सुतस्य पीतये।।2।।ऋग्वेद 4.48.2।।

ब्रह्मज्ञानी ही पुरोहित

इन्द्राबृहस्पति सूक्त की ऋचा में कहा गया है कि यज्ञ एवं पुर का पुरोहित ब्रह्मज्ञानी होना चाहिये। "यस्मिन् राजनि ब्रह्माः पूर्वः इति" – जिस राज्य में ब्रह्मज्ञानी पुरोहित सत्कृत में आगे रहता है; "तस्मै विशः स्वयं एव आ नमस्ते" – उसके आगे प्रजायें स्वयं ही आदरपूर्वक झुक जाती हैं।

जिस राजा के राज्य में ब्रह्मज्ञानी पुरोहित सबसे आगे चलता है, अर्थात् ब्रह्मज्ञानी–वेदज्ञ विद्वान (पुरोहित) की सलाह ली जाती है, उस पुर के सभी निवासी सुख से रहते हैं। फलस्वरूप समस्त प्रजायें राजा एवं विद्वान् का आदर करती हैं। वही राज्य धनधान्य से समृद्ध होता है। उस राज्य में भूमि प्रतिदिन पुष्ट होकर बढ़ती है, अर्थात् भूमि अत्यन्त उपजाऊ एवं पोषक पदार्थों को उत्पन्न करनेवाली होती है। अतः राजा भी चिन्ताओं से मुक्त रहता है।।ऋग्वेद 4.50.8।।

स इत् क्षेति सुधति ओकसि स्वे तस्मा इळा पिन्वते विश्वदानीम्।
तस्मै विशः स्वयमेवा नमन्ते यस्मिन् ब्रह्मा राजनि पूर्व एति।।
।।ऋग्वेद 4.50.8।।

सूर्योदय यज्ञ से देवों का अमृततत्त्व

सूर्योदय के साथ यज्ञ प्रारम्भ करना चाहिये। उस यज्ञ का अमृततत्त्व और उत्तम भाग आदिसूर्य सविता देवता देवों को प्रदान करता है। उसी के साथ यज्ञ कर्त्ता को उत्तम धन और संतान देता है।।ऋग्वेद 4.54.2।। अर्थात् भूलोक पर सत्कृत–यज्ञ से दैवी शक्ति में वृद्धि होती है।

देवेभ्यो हि प्रथमं यज्ञीयेभ्योऽमृतत्वं सुवसि भागमुत्तमम्।
आदिद् दामानं सवितर्व्यूर्णषेऽनूचीना जाविता मानुषेभ्यः।।2।।
।।ऋग्वेद 4.54.2।।

यज्ञ : दैवी शक्तियाँ

यज्ञ का सम्पादन–पूर्ण करनेवालो दैवी शक्ति–दिव्य गुणों से युक्त द्यु एवं पृथिवी देवता है। ये दैवी शक्ति किसी की हिंसा नहीं करनेवाली है। यह किसी से द्रोह नहीं करती है। यह देवों को उत्पन्न करनेवाली है। यह बलिष्ठ (दैवी शक्ति) यज्ञ युक्त है। ये तेजस्वी दैवी शक्ति अर्थात् देवता गण यज्ञ के योग्य तेजस्वी स्तोत्रों से युक्त हों।।ऋग्वेद 4.56.2।।

देवी देवेभिर्यजते यजत्रैरमिनती तस्थतुरुक्षमणे।
ऋतावरी अद्रुहा देवपुत्रे यज्ञस्य नेत्री शुचयद्भिरर्कैः।।2।।
।।ऋग्वेद 4.56.2।।

द्यावापृथिवी : अनन्त काल से यज्ञ सम्पादन

द्यावापृथिवी सूक्त में सर्वाधिक चौंकानेवाला रहस्योद्घाटन किया है कि "द्यावापृथिवी अनन्त काल से यज्ञ का सम्पादन कर रहे हैं।" द्यावापृथिवी सबको पवित्र करनेवाले हैं। दोनों ही अपने रूप एवं बल से सुशोभित हैं ।।ऋग्वेद 4.56.6।। यहाँ ऋषिवर "सृष्टियज्ञ" का वर्णन कर रहे हैं।

पुनाने तन्वा मिथः दक्षेण राजथः।
परि यज्ञं नि वेदथुः।।ऋग्वेद 4.56.6।।

जीवनरूपी यज्ञ : रस इन्द्रियों के लिए अमृततत्त्व

इन दो ऋचाओं का अध्यात्मिक रूप से अर्थ है कि हृदय रूपी समुद्र से लहरें उठती हैं। ये लहरें सोम–अमृततत्त्व के स्थान मस्तिष्क (सहस्रार) तक पहुँचती हैं। घृत का अर्थ सारतत्त्व, वीर्य, रेतस् है। यह सारतत्त्व रूपी घृत ही अमृततत्त्व है। यही इन्द्रियों के लिये रस रूप है। यही देवों (इन्द्रियों) को प्राप्त होता है। हम इस रेतस् रूपी घृत की प्रशंसा करें। "इस जीवनरूपी यज्ञ में हम सम्पूर्ण विनम्रता से इस जीवनी रस को धारण करें।" हमारी स्तुतियों को परमात्मा सुनने का अनुग्रह करे। उसी चतुर्वाक रूपी परम तेजस्वी परमात्मा ने इस जगत् की रचना की है।।ऋग्वेद 4.58.1, 2।। ऋचा में घृत का गुह्यनाम रेतस् है।

समुद्रादूर्मिर्मधुमाँ उदारदुपांशुना सममृतत्वमानट्।
घृतस्य नाम गुह्यं यदिस्त जिव्हा देवानाममृतस्य नाभिः।।1।।
वयं नाम प्र ब्रवामा घृतस्याऽस्मिन् यज्ञे धारयामा नमोभिः।
उप ब्रह्मा शृणवच्छस्यमानं चतुःशृंगोऽवमीदगौर एतत्।।2।।
।।ऋग्वेद 4.58.1, 2।।

यज्ञाग्नि के चार श्रृंग!

इस यज्ञाग्नि के चार श्रृंग (सींग) हैं। वैसे वाक् के भी चार प्रकार हैं : परा, पश्यन्ती, मध्यमा एवं वैखरी। वेद में पृथिवी को चार दिशाओंवाली (चतुर्भुजा) घोषित किया गया है। पृथिवी से स्थितितत्त्व अभीष्ट है, जिसकी स्थिरता का प्रतीक चतुष्कोण वेदी है। यह ऋचा ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के 164वें सूक्त की 33, 34 एवं 35वीं ऋचाओं से संयुक्त है।

"मेरे जन्मदाता पिता द्यौ हैं, बन्धु नाभि है, यह विस्तृत पृथिवी माता है।" यहाँ द्यावापृथिवी का विस्तार चिदाकाश का विस्तार है। इसमें तीन बिन्दुओं का संकेत है – नाभि एवं दो सीधे चमूपात्र। नाभि बिन्दु है और दोनों गोल चमू नाद के दो बिन्दु हैं। ये तीनों बिन्दु त्रिशक्ति हैं, तीन तत्त्व हैं – सत्, रजस् एवं तमस्।

इन ऋचाओं में "पिता ने पुत्री में गर्भाधान किया" का वास्तविक आशय है कि "जिस त्रिशक्ति (त्रितत्त्व, पँच महाभूत) को विभु (परमेष्ठी) ने उत्पन्न किया, उससे ही सृष्टि की रचना की।" यहाँ त्रिबिन्दु का बना हुआ त्रिकोण योनि है।

"मैं आपसे पृथिवी के अशेष अन्त की बात पूछता हूँ, मैं आपसे पूछता हूँ, जहाँ सृष्टि की नाभि है। मैं आपसे आनन्द बरसानेवाले अश्व की शक्ति की बात पूछता हूँ, मैं आपसे अशेषतत्त्व (परमव्योम) और वाक् की बात पूछता हूँ।"

"यह पृथिवी पृथिवी का अशेष अन्त है। यही यज्ञ भुवन की नाभि है। यह सोम–आनन्द वर्षा करनेवाली, अश्व (परम पुरुष) की शक्ति है। यह वेदमन्त्र–ब्रह्म वाक् और चिदाकाश परमव्योम है।" यहाँ वेदी को पृथिवी का अन्त कहा गया है। यज्ञ को भुवन की नाभि कहा गया है। "सम्पूर्ण सृष्टि और जीवन ही यज्ञ है।" इसलिये "विभु को यज्ञपुरुष कहा गया है।" इस यज्ञ का प्रतीक वेदी का वर्तुलाकार होमकुण्ड है। यह परमेष्ठी–विभु की सृष्टि क्रिया का स्पन्दन स्थान है। यही नाभि है। आनन्द स्वरूप सोमरस ब्रह्मतेज की वर्षा करनेवाला है, वेद की ऋचा ही "वाक् एवं परमब्रह्म–परमंव्योम" है। यह स्मरण रहे कि कोषग्रन्थों में "सोम का अर्थ – अमृतं सूते (षु अभिषवे), मन, जिससे अमृत टपकता हो। सोम का अर्थ है – उमया सह, उमा सहित। परमेष्ठीसत्ता की आनन्दवृत्ति – इच्छा एवं क्रिया नाम और रूप उमा है। इसलिये उमा का अर्थ आनन्द है। परमेष्ठी विभु का आनन्दमय सक्रिय रूप सोम है। अतः सोम आनन्दरस, अमृतरस है। यह सभी सत्ताओं के भीतर छिपा हुआ दिव्य आनन्द है। वेद में "अश्व आत्मज्योति" है (काल, अग्नि, सूर्य, ब्रह्म, सोम, राष्ट्र, परम पुरुष भी)। वेद "आत्मज्योति एवं शक्ति को विश्वज्योति एवं शक्ति में मिलाने (अश्वमेध)" का निर्देश दे रहा है ।।ऋग्वेद 1.164.33, 34, 35।।

धौर्मे पिता जनिता नाभिरत्र बन्धुर्मे माता पृथिवी महीयम्।
उत्तानयोश्चम्वोर्योनिरन्तरत्रा पिता दुहितुर्गभमावात्।।33।।
पृच्छामि त्वा परमन्तं पृच्छामि पृथिव्याः यत्रा भुवनस्य नाभिः।
पृच्छामित्वा वृष्णो अश्वस्य रेतः पृच्छामि वाचः परमं व्योम।।34।।
इयं वेदिः परो अन्तः पृथिव्या अयं यज्ञो भुवनस्य नाभिः।
अयं सोमो वृष्णो अश्वस्य रेतो ब्रह्मायं वाचः परमं व्योम।।35।।

।।ऋग्वेद 1.164.33, 34, 35।।

अध्यात्मिक रूप से चार आन्तरिक शक्तियाँ बतायी गई हैं। यज्ञाग्नि के तीन सवन–प्रातः, मध्यान्ह और सायं (अग्नि के तीन स्वरूप भूलोक में भौतिक अग्नि, अन्तरिक्ष लोक में विद्युत् एवं द्युलोक में सूर्य) हैं। इसके दो शिर

–ब्रह्मादिन एवं प्रवर्ग्य हैं। इसके सात छन्द ही सप्त हाथ हैं। वेद में सप्त की संख्या अत्यन्त महत्वपूर्ण है : सप्त आनन्द; अग्नि की सप्त जिव्हा; सूर्य की सप्त किरणें; सप्त अर्चिषः; सप्त धीतयः; सप्त सिन्धु; सप्त मातरः; सप्त धेनवा; सप्तगु; सप्तमुख (अंगिरा); सप्त रत्नानि; सप्त व्याहृति; वायु के सप्त स्कन्ध; सप्त ऋषयः; सप्त विप्राः; सप्त हरित; सप्त इन्द्रियाँ; सप्त धातुः आदि।

यह यज्ञाग्नि मंत्र, ब्रह्मविद एवं कल्प इन तीन स्थानों पर बंधा है। वह महान् देव अग्नि सर्वत्र व्याप्त है। इस ऋचा का दूसरा अर्थ है कि जगत् की आत्मा सूर्य की चार दिशायें चार सींग हैं। सूर्य के तीन चरण हैं – प्रातः, मध्यान्ह एवं सायं। सूर्य के दो शिर हैं – उत्तरायण एवं दक्षिणायन। सप्त किरणें सूर्य के सात हाथ हैं। यह सूर्य भूलोक, अन्तरिक्ष एवं द्युलोक से बद्ध है। यह सूर्य शब्द (प्रणव पाठ : सविता ऋचा) करता है। यह महान् देव सूर्य सर्वत्र गमन करता है।।ऋग्वेद 4.58.3।।

चत्वारि शृंगा त्रयो अस्य पादा द्वै शीर्षे सप्त हस्तासो अस्य।
त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति महो देवो मर्त्याँ आ विवेश।।3।।
।।ऋग्वेद 4.58.3।।

यज्ञ : ऋचाओं में विषय की विभिन्न प्रकार से व्याख्या

4.1.4, 5, 18, 20; 4.2.1, 4, 7, 8, 9, 10, 20; 4.3.7, 8, 14; 4.4.15; 4.5.1; 4.6.1–5, 9, 11; 4.6.1, 5, 6, 7, 8; 4.8.1–6; 4.9.1, 3, 4; 4.10.4; 4.11.1; 4.12.1, 2; 4.14.1, 4; 4.15.1–3; 4.16.1, 3; 4.20. 2, 3, 10; 4.21.1; 4.23.1, 2, 4; 4.24.5, 6, 7; 4.30.16; 4.32.16, 24; 4.34.1, 3, 4; 4.35.8; 4.37.1–4; 4.40.2; 4.41.1; 4.42.10; 4.43.1; 4.44.3–5; 4.45.7, 14; 4.46.2, 5, 6; 4.47.1, 4; 4.48.1, 3–5; 4.49.1, 2; 4.50.6, 10; 4.51.2, 3, 7, 8; 4.54.6; 4.56.4, 7; 4.58.7, 8, 10।।

ऋग्वेदीय यज्ञ : पँचम्

।।यज्ञाग्नि : अज्ञानान्धकार से मुक्ति; यज्ञाग्नि : सप्त रत्न; हवन : रोगजन्तु नष्ट; यज्ञ : दिव्य द्वार खोलनेवाला; यज्ञ में दिव्य होता; हवि का सूक्ष्मभाग ओषधियों में स्थापित; यज्ञ पताका : यज्ञाग्नि; यज्ञ : समस्त कामनायें पूर्ण; हवि : दो प्रकार की शक्तियाँ–शारीरिक, अध्यात्मिक; ऋत्विज्ों का तेज; यज्ञ रोगनाशक, ऋतु यज्ञ; प्राणाग्नि एवं आत्माग्नि; ''अश्वमेध–राष्ट्र संवर्धन यज्ञ'';

यज्ञ : व्याधि संहारक, आरोग्य प्रदाता; "जीवन यज्ञ : तीन दिव्य शक्तियाँ;" ज्ञानयुक्त होने से परमेश्वर प्राप्त; "यज्ञ : आसुरी माया नष्ट;" "यज्ञ : दुष्ट कर्मवाला, राक्षस आमन्त्रित कर्त्ता नष्ट;" "जीवनयज्ञ : प्राण नाभिक;" नारियाँ ऋत ज्ञाता : हवि; यज्ञाग्नि : यज्ञकुण्ड पिता; यज्ञ से वाणी शक्ति; यज्ञवेदी : अग्नि शुद्धि; सूर्य किरण यज्ञ : सृष्टियज्ञ; अग्निविद्या : सर्वोच्च; यज्ञ : कार्य सिद्धि; वैदिक ऋचाओं का विस्तार यज्ञ से; यज्ञीय सोमरस स्वामी : दिव्य श्येन पक्षीराज; यज्ञ : वैयक्तिक उन्नति छोड़कर सर्वोन्नति से सर्वैश्वर्य; यज्ञ उत्तम कर्मों का स्तोत्र : यज्ञ सज्जनों का पालक; यज्ञ की ऋचाएँ : प्रयत्नशील ज्ञानी; दसमासयज्ञ : यज्ञ कूटनीति तादात्म्य; यज्ञ : ज्ञाता, मार्गदर्शक; यज्ञ : कल्याणकारी दिनों की उत्पत्ति; ज्ञानयज्ञ; "यज्ञ : ऋत, सत्य"; भक्त का यज्ञ : देव हर्षित; ब्रह्मज्ञानी महाधनाढ्य; "यज्ञ : चुनाव प्रक्रिया"; यज्ञ : सर्वकल्याण, सर्वोपकार; विदुषी–ज्ञानी ही मार्गदर्शक; रात्रियज्ञ : यज्ञों के बाद वानप्रस्थाश्रम; आत्मज्ञान उपदेश : ब्रह्मज्ञानी ही कर सकता है; यज्ञकर्त्ता : उद्योगी एवं परिश्रमी का कायाकल्प; रुग्णतानाशक यज्ञ; यज्ञ अरिहन्त; व्यवहार शिक्षा; सप्त बन्धनमुक्ति : गर्भस्त्राविण्युपनिषत्; यज्ञकर्म से प्रकाशन : आचरण शुद्धि; सविता सभी कर्मों का ज्ञाता : यज्ञ समस्त कामना पूर्ण कर्त्ता; सविता : दुर्गण हरण कर्त्ता; यज्ञ : ऋषि रक्षा।।

यज्ञाग्नि : अज्ञानान्धकार से मुक्ति

देवों की पूजा के लिये मनुष्य यज्ञाग्नि को प्रातःकाल प्रज्ज्वलित करते हैं। "सुमनाः ऊर्ध्वः अस्यात्"–उत्तम मनवाला मनुष्य हरदम उत्तम रहता है। "महान् देवः तमसः निरमोचि"–तब वही मनुष्य महान् देव बनकर अज्ञान के अन्धकार से छूट जाता है। यज्ञाग्नि से प्रसन्न होकर उत्तम मनवाला देव ऊपर की ओर जाता है। इस प्रकार यज्ञाग्नि का तेजस्वी रूप प्रगट होता है और चारों ओर के अज्ञान अन्धकार से मुक्ति हो जाती है।।ऋग्वेद 5.1.2।। अर्थात् निरन्तर सत्कृत से अज्ञान अन्धकार छूट जाता है।

अबोधि होता यजथाय देवानूर्ध्वो अग्निः सुमनाः प्रातरस्थात्।
समिद्धस्य रुशददर्शि पाजो महान् देवस्तमसो निरमोचि।।
।।ऋग्वेद 5.1.2।।

यज्ञानि : सप्त रत्न

सर्वप्रथम यज्ञवेदी में यज्ञाग्नि धीरे–धीरे जलती है। परन्तु यज्ञाग्नि में पर्याप्त मात्रा में समिधाएँ (काष्ठ) समर्पित करने पर यह अधिक प्रज्ज्वलित होती है। यज्ञ को सम्पूर्ण करनेवाला यज्ञाग्नि सप्त रत्न लेकर बैठता है।

मानवीय पिण्ड में सप्त रत्न हैं : दो नेत्र, दो कर्ण, दो नासिका और मुख। यह स्मरण रहे कि संस्कृत में रत्न का एक अर्थ – अवयव, अंग, शरीर, भाग आदि भी है। "आत्मान रथिनं विद्धि शरीरं रथमेव तु।।कठोपनिषत्।।" "चक्रधर इति रथांगमद : सततं विभर्षि भुवनेषु रूढये।।" शिशुपाल वध।। (अर्थात् विष्णु)।।

जनिष्ट हि जेन्यो अग्रे अह्नां हितो हितेष्वरुषो वनेषु।
दमेदमे सप्त रत्ना दधानोऽग्निर्होता नि षसादा यजीयान्।।
।।ऋग्वेद 5.1.5।।

प्रतिदिन हवन : रोगजन्तु नष्ट

यह (यज्ञ की) अग्नि अपने तेज एवं सामर्थ्य से स्वयं प्रकाशित होकर सम्पूर्ण पदार्थों को प्रगट करता है। वह असुरों की दुःखदायक माया को नष्ट करता है। उसकी ज्वाला की तीक्ष्णता से राक्षस नष्ट होते हैं। मन्त्रद्रष्टा कवि ने "शरीर में रक्त पीनेवाले–रोग जन्तुओं को राक्षस" की उपमा दी है। साथ ही "शरीर सामर्थ्य को क्षीण करनेवाले रोग जन्तुओं को पिशाच (असुर) की संज्ञा" दी है। मन्त्रद्रष्टा ऋषि कुमार आत्रेय, वृशो वा जान एवं उमौ वा ने बहुत गोपनीय तरीके से कहा कि "ओषधियों का महायज्ञ करने से समस्त रोगों के जीवाणु– जन्तु निश्चित रूप से नष्ट होते हैं।" "ओषधियों के यज्ञ में सर्वोषधि, नवग्रह काष्ठ के अलावा लगभग 181 वनोषधियों की आहुति दी जाती है।" ओषधियों का धूम्र अथवा धूम श्वास के साथ यज्ञ कर्त्ता के शरीर में जाकर रोग जन्तुओं को नष्ट करता है। उदाहरण के लिये अपामार्ग अस्थमा में और अर्जन हृदय रोग में लाभकारक है। यह विडम्बना यह है कि आमतौर पर यज्ञीय ओषधियों की उपलब्धता विरले ही है। वैदिक ओषधियों–वृक्षों के संस्कृत नाम भी एक तिलिस्म है। "वनोषधि चन्द्रोदय" एक मात्र सन्दर्भ ग्रन्थ है (प्रकाशन 1938)।।ऋग्वेद 5.2.9।। विशेष विवरण वेद ओषधी कल्पतरु में देखें।

वि ज्योतिषा बृहता भात्यग्निराविर्विश्वानि कृणते महित्वा।
प्रादेवीर्मायाः सहते दुरेवाः शिशीते शृंगे रक्षसे विनिक्षे।।
।।ऋग्वेद 5.2.9।।

यज्ञ : दिव्य द्वार खोलने वाला

ये दिव्य द्वार यज्ञ से खुलकर सुखदायी होते हैं। दैवी शक्ति हमारी रक्षा के यज्ञ को पूर्ण करे।।ऋग्वेद 5.5.5।।

देवीर्द्वारो वि श्रयध्वं सुप्रायणा न ऊतये।
प्रप्र यज्ञं पृणीतन।।ऋग्वेद 5.5.5।।

यज्ञ में दिव्य होता

इस ऋचा के देवता दैर्व्यो होतारौ प्रचेतसौ है। वैदिक देवों के सम्राट, सत्य के पालक, महाज्ञानी, श्रेष्ठतम आदि वरुण का विशेषण प्रचेतस है। प्रचेतस् – प्र + चित – असि च। वरुणे, मुनिभेदे, प्रकृष्टहृदयेत्रि। प्रचेतसी– प्रकर्षेण चेतयति मूर्च्छितं चित–णिच्–असिच् ङीप्। कट्फले तच्चूर्णस्य हि मूर्च्छानाशकता वैद्यकसिंघा। हे दिव्य होताओं (यज्ञ कर्त्ता, यज्ञ का पुरोहित)! आप दोनों स्तुत होकर हमारे द्वारा किये जानेवाले यज्ञ में वायु की गति से पधारने का अनुग्रह करो। वेदानुसार द्यावापृथिवी निरन्तर यज्ञ कर रहे हैं। सूर्य पृथिवी की नाभि पर यज्ञ कर्म सतत कर रहा है। उधर सर्वज्ञ सत्यव्रत सम्राट वरुण का सत्ययज्ञ चल रहा है।।ऋग्वेद 5.5.7।। अर्थात् हमारे यज्ञ के ऋत्विक् देवता हैं।

वातस्य पत्मन्नीळिता दैव्या होतारा मनुषः।
इमं नो यज्ञमा गतम्।।ऋग्वेद 5.5.7.।।

हवि का सूक्ष्म भाग ओषधियों में स्थापित

यज्ञ की पताका, सबसे प्राचीन, हर कार्य में सर्वप्रथम स्थापित किये जाने वाले इन्द्रादि देवों के साथ एक ही बैठनेवाले इस अग्नि को मनुष्य तीन स्थानों में प्रज्ज्वलित करते हैं। शुभकर्मों का कर्त्ता और देवों को बुलानेवाले वह अग्नि यज्ञ के लिये कुशासन पर प्रतिष्ठित होता है।

अर्थात् यज्ञ का चिन्ह, सबसे प्राचीन, इन्द्रादि देवों के साथ एक स्थान पर स्थापित होनेवाला (यज्ञ की) अग्नि है। यह द्युलोक–अन्तरिक्षलोक–पृथिवीलोक तीन स्थानों पर प्रज्ज्वलित होता है। यह यज्ञाग्नि उत्तम आसन (वेदी) पर स्थापित होता है। यह उत्तमकर्मों का कर्त्ता है।।ऋग्वेद 5.11.2।।

यज्ञस्य केतुं प्रथम पुरोहितमग्निं नरस्त्रिषधस्थे समीधिरे।
इन्द्रेण देवैः सरथं स बर्हिषि सीदन्नि होता यजथाय सुक्रतुः।।
।।ऋग्वेद 5.11.2।।

यज्ञ : समस्त कामनायें पूर्ण

हे यज्ञाग्नि! प्रकाशमान् एवं कामना पूर्ण करनेवाले यजनीय आपकी जो स्तोत्र द्वारा स्तुति करता है, और आपके लिये यज्ञ को करता है, उस मनुष्य का घर विस्तीर्ण हो और आपकी भली भाँति सेवा करनेवाले मनुष्य की कामना सिद्ध हो।

अर्थात् जो इस बलवान् एवं तेजस्वी की स्तुति करता है और यज्ञ में आहुति देता है, वह महान् धनी होता है। आपकी सेवा करने वाले उस मनुष्य

की सभी कामनायें पूर्ण होती हैं।।ऋग्वेद 5.12.6।। इस ऋचा में यज्ञ ही ऋत है।

यस्ते अग्ने नमसा यज्ञमीट्ट ऋतं स पात्यरुषस्य वृष्णः।
तस्य क्षयः पृथुरा साधुरेत प्रसर्स्राणस्य नहुषस्य शेषः।।
।।ऋग्वेद 5.12.6।।

हवि : दो प्रकार की शक्तियाँ–शारीरिक, अध्यात्मिक

हे अमर अग्ने! पवित्र हवि पहुँचानेवाले द्वित को अपने बल से महत्व युक्त कर। द्वितय–अर्थात् दो प्रकार की शक्ति से सम्पन्न शारीरिक और अध्यात्मिक। क्योंकि सोमरस देनेवाले, दोनों प्रकार की शक्ति से सम्पन्न और उत्तम हवि देनेवाले मनुष्य को अपने सामर्थ्य से सर्वश्रेष्ठ बना।।ऋग्वेद 5.18.2।।

द्विताय मृक्तवाहसे स्वस्य दक्षस्य मंहना।
इन्दुं स धत्त आनुषक् स्तोता चित् ते अमत्यं।।
।।ऋग्वेद 5.18.2।।

ऋत्विज्ों का तेज

"येषु चित्रा दीधितिः" – यज्ञशील ऋत्विज्ों में अनेक तरह के तेज होते हैं। "आसन् उक्था पान्ति"– वे ऋत्विक् मुख से कण्ठस्थ करके मन्त्रों की रक्षा करते हैं। जो ऋत्विज् अनेक तेजों से युक्त हैं, वे वेद्मन्त्रों को कण्ठस्थ करके वेदमन्त्रों की रक्षा करते हैं। वे यज्ञ में अग्नि को देने के लिये अनेक प्रकार के अन्नों को तैयार करते हैं।।ऋग्वेद 5.18.4।।

चित्रा वा येषु दीधितिरासन्नुक्था पान्ति ये।
स्तीर्णं बर्हिः स्वर्णरे श्रवांसि दधिरे परि।।ऋग्वेद 5.18.4।।

यज्ञ : रोगनाशक

जब यज्ञाग्नि जलता है, तब उसकी विभूति (भस्म–राख) इधर–उधर उड़ती है। उससे यज्ञाग्नि का जलना ज्ञात होता है। यज्ञाग्नि की ज्वालाएँ रोगरूपी शत्रुओं का नाश करनेवाली हैं। जो इसकी उपासना करता है, वह कभी रोगग्रस्त नहीं होता है।।ऋग्वेद 5.19.5।।

क्रीळन् नो रश्म आ भुवः सं भस्मना वायुना वेविदानः।
ता अस्य सन् धृषजो न तिग्माः सुसंशिता वक्ष्यो वक्षणेस्थाः।।
।।ऋग्वेद 5.19.5।।

ऋतु यज्ञ

हे यजमानों! आप सभी, जगत् के समस्त पदार्थों के सर्वज्ञ, तेजस्वी और सब ऋतुओं में यज्ञ करनेवाले यज्ञाग्नि को स्थापित करो (अर्थात् ऋतु के

अनुसार यज्ञ का विधि–विधान एवं प्रकार है।) वह देवों का प्रिय है और यज्ञ को सिद्ध करनेवाला है।।ऋग्वेद 5.22.2।।

न्य1ग्निं जातवेदसं दधाता देवमृत्विजम्।

प्र यज्ञ एत्वानुषगद्या देवव्यचस्तम्।।ऋग्वेद 5.22.2।।

प्राणाग्नि एवं आत्माग्नि

यज्ञाग्नि हमारे यज्ञ में देवताओं के लिये हव्य वहन करनेवाला है। उसकी सभी अपनी बुद्धियों से स्तुति द्वारा पूजा करो। यह अग्नि देवों के मध्य प्रकाशित होता है और मनुष्यों में प्रविष्ट होता है।

अर्थात् यह अग्नि देवों में प्रतिष्ठित है। यह देवों के बीच में सूर्य, विद्युत् आदि रूप में विद्यमान है। यह मनुष्यों में ज्ञानी ब्रह्मविद् के रूप में अवस्थित है। अथवा "मानवीय देह में प्राणाग्नि एवं आत्माग्नि के रूप में विद्यमान है।" "देह में अग्नि आत्मतत्त्व–चित्तत्त्व है।।ऋग्वेद 5.25.4।।

अग्निर्देवेषु राजन्यग्निर्मर्तेष्वाबिशन्।

अग्निर्नो हव्यवाहनोऽग्निं धीभिः सर्पयत।।5।।4।।ऋग्वेद 5.25.4।।

"अश्वमेध–राष्ट्र संवर्धन यज्ञ"

अश्वमेध यज्ञ का यथार्थ

विद्वान्–ज्ञानी सर्वज्ञ–सर्वसमर्थ अग्नि की ऋचाओं से स्तुति करता है और कहता है कि हमें "अश्वमेध यज्ञ–राष्ट्र संर्वधन यज्ञ" के लिये धन अध्यात्मिक, अधिदैविक एवं अधिभूत प्रदान करने का अनुग्रह करो। उससे प्रसन्न होकर वह "प्रयत्न करनेवाले को उत्तम धन प्रदान करता है।" यह यज्ञ की कामना करनेवाले को सुमति देनेवाला है। यह दोहरा रहे हैं कि धन के अनेक रूप हैं : तपोधन, विद्याधन, प्राणधान, यशोधन, आरोग्यधन, प्रभु नाम, स्मरणधन, प्रज्ञाधन, सत्यधन, ज्ञानधन, भक्तिधन, वैराग्यधन, राष्ट्रधन, द्रव्यधन, मानधन, कुलधन, नैतिकधन आदि। धन का अर्थ धन्य करनेवाला भी है। "धन" के अनेक अर्थों में कुछ हैं : प्रियतम निधि, स्निग्धतम पदार्थ, पारितोषिक, प्रतिद्वन्द्विता, सम्पत्ति, निधि–धन, पूँजी, व्यर्थ अवशिष्ट, धनिष्ठा नक्षत्र, अर्थ आदि।

वहीं अश्व का अर्थ है : काल, त्र्यम्बक, सूर्य, अग्नि, यम, ब्रह्म, यज्ञ, सृष्टि, प्राण, इन्द्रिय, सप्त संस्था (सूर्य की सप्त किरण, अग्नि की सप्त जिव्हा, सप्त व्याहृति, सप्तधातु, सप्त रत्न, वायु के सप्त स्कन्ध, सप्त रुद्र, सप्त इन्द्रियाँ, सप्त तन्तु विज्ञान, सप्त सिन्धु, सप्तर्षि, सप्तविध प्राण, सप्तरथवाहणि, सप्तकपाल पुरोडाश, सप्तयः, सप्तलोक, सप्तमीचिति, सप्तपदी आदि), गति, बल, शक्ति आदि। "मेध" का आशय संगतिकरण, संवर्धन आदि है।

मेध–मेथवत् सर्व्वम्। मेधति ते अमेधीत् अमेधिष्ट। इस ऋचा में अश्वमेध का अर्थ – "राष्ट्र संवर्धन–यज्ञ, सृष्टि–यज्ञ, कालयज्ञ, ब्रह्मवर्चस्व प्राप्ति–यज्ञ आदि है।" परन्तु भूलोक के सन्दर्भ में "राष्ट्र (संवर्धन) यज्ञ" अधिक सामायिक है। इसका शाब्दिक अर्थ अश्व बलि यज्ञ लेना वैदिक अवधारणा के विपरीत है, स्मरण रहे कि विशेष रूप से "यज्ञकर्म में हिंसा निषेध" है (अध्वर का अर्थ ही अहिंसक है।)।

बहुअर्थी, कूटात्मक, सूत्रात्मक, अभिव्यंजनात्मक, ध्वनिमूलक, बहुअर्थवान्, संहत, संक्षिप्त, गूढ़तम, रहस्यात्मक, अध्यात्मपरक आदि वैदिक शब्द पश्चिमी विद्वानों के लिये अनुत्तरित पहेली रहे। वैदिक ऋचाओं के मूलभूत अर्थ अथवा अभिप्राय से साक्षात्कार मन्त्रद्रष्टा ऋषि के मानस में जाकर (अन्तःकरण) किया जा सकता है। इस सन्दर्भ में रोचक वृत्तान्त सामयिक है। प्रजापति ब्रह्मा ने देवता, असुर (दानव) एवं मननशील मनुष्यों को ब्रह्मज्ञान देने के उद्देश्य से सर्वप्रथम कहा : "अ"। तीनों से उन्होंने पूछा कि समझ गये। तीनों ही ने तीन अलग अर्थ कहे। वैदिक शब्दों के अध्यात्मिक, अधिदैविक, अधियज्ञिक एवं अधिभौतिक अर्थ हैं।

"क्षत्रः" शब्द "क्षण् + क्विच् = क्षत्, ततः त्रायते – त्रै + क" है। "क्षतात्किल त्रायत इत्युदग्रः क्षत्रस्य शब्दो भुमनेषु रूढ़ः"।।रघुवंश 2.53।। "असंशयं क्षत्रपिरग्रहक्षमा।। शतपथ ब्राह्मण 1.21।। अर्थात् क्षत्रः शब्द का अर्थ है – प्रभुता; सामर्थ्य; शक्ति; अधिराज्य; योद्धा; बल; राज्य; देह; धन आदि। क्षत्रर्मन् का अर्थ योद्धा है। क्षात्रधर्म का पालन करने वालों के लिये "अश्वमेध यज्ञ–राष्ट्र संवर्धन यज्ञ" सर्वोपरि यज्ञकर्म रहा। अश्वमेध में सम्राट पुष्कल दान दक्षिणा देते थे। यह दान सात्विक होने के कारण दान लेनेवालों के लिये बहुत आनन्ददायक होता रहा। अश्वमेध यज्ञ क्षात्रधर्म पालक, किसी वर्ण का, सम्राट, महाराजा आदि करने के अधिकारी घोषित किये गये। लगभग 2100 वर्ष पहिले भारद्वाज गोत्र ब्राह्मण सम्राट पुष्यमित्र शुंग ने दो अश्वमेध यज्ञ किये। पूर्व प्रधानमंत्री श्री पामुलपर्ती वेंकटा नरसिंहा राव के अनुसार महान् सेनानी पुष्यमित्र आचार्य विष्णुगुप्त कौटल्य चाणक्य के वंशज रहे। विगत 2000 वर्षों में पहिला एवं अन्तिम अश्वमेध यज्ञ जैपुर (जयपुर, राजस्थान) में हुआ। महान् इतिहासकार सर जदुनाथ सरकार ने जयपुर के इतिहास में सन् 1734 में यज्ञ होने की पुष्टि की है। सीतामऊ के राजकुमार एवं इतिहास अध्येता राजकुमार डॉ. रघुवीर सिंह ने भी जयपुर के इतिहास पर गहन शोध किया।।ऋग्वेद 5.27.4, 5।। वैसे ऋग्वेद में अश्व के सूक्त हैं। यजुर्वेद में अश्वमेध के कुछ अध्याय हैं। उनकी भ्रष्ट्र व्याख्या से वितण्डा मचा है।

यो म इति प्रवोचत्यश्वमेधाय सुरये।
ददृचा सनिं यते ददन्मेधामृतायते।।4।।
यस्य मा परुषाः शतमुद्धर्षयन्त्युक्षणः।
अश्वमेधस्य दानाः सोमां इव त्र्याशिरः।।5।।
।।ऋग्वेद 5.27.4, 5।।

यज्ञ : व्याधि संहारक, आरोग्य प्रदाता–यज्ञ चिकित्सा

मन्त्रद्रष्टा ऋषि विश्ववारात्रेयी ने अग्नि देवता के सूक्त में यज्ञाग्नि को दीर्घकालिक एवं अल्पकालिक व्याधि (पीड़ा, रोग, रुग्णता, अस्वास्थ्यकर स्थिति) संहारक कहा है। यह "यज्ञ चिकित्सा" का सूत्र है।

इस यज्ञाग्नि में यह गुण है कि यह प्रज्ज्वलित होकर व्याधि के विषाक्त जीवाणुओं–जन्तुओं का संहार कर मनुष्य को आरोग्यता–अमरता प्रदान करता है। साथ ही यज्ञकर्त्ता का हर तरह से कल्याण करता है। यह स्मरण रहे कि धनों की शृंखला में आरोग्यधन भी है। जिस पर यह यज्ञाग्नि प्रसन्न होता है वह धनवान् होता है।।ऋग्वेद 5.28.2।।

समिध्यमानो अमृतस्य राजसि हविष्कृण्वन्तं सचसे स्वस्तये।
विश्वं स धत्ते द्रविणं यमिन्वस्यातिथ्यमग्ने निच धत्त इत् पुरः।।
।।ऋग्वेद 5.28.2।।

जीवनयज्ञ : तीन दिव्य शक्तियाँ

मनुष्य के यज्ञ में तीन श्रेष्ठ पुरुष तीन दिव्य तेजों को धारण करते हैं। हे इन्द्र! पवित्र बल से युक्त शास्ता रुद्र के सेनानी पुत्र मरुत् आपकी अर्चना करते हैं। आप इनको देखनेवाले हैं। अर्थात् "मनुष्य जीवन एक यज्ञ है। इस यज्ञ में मन, बुद्धि एवं चित् रूपी तीन श्रेष्ठ पुरुष तीन श्रेष्ठतत्त्व–मनन, विवेक एवं ज्ञान रूप तीन दिव्य शक्तियाँ धारण करते हैं।" "मरुत् गण रूपी प्राण पवित्र होकर इस यज्ञाग्नि को प्रज्ज्वलित करते हैं।" ऋषिवर ने "प्राण के लिये मरुत्" और "आत्मा के लिये इन्द्र" शब्द का प्रयोग किया है। आत्मा इस जीवनयज्ञ को देखता है। इस सूक्त में "अर्यमा का अभिप्राय श्रेष्ठतत्त्व है"।।ऋग्वेद 5.29.1।।

त्र्यर्यमा मनुषो देवताता त्री रोचना दिव्या धारयन्त।
अर्चन्ति त्वा मरुतः पूतदक्षास्त्वमेषामृषिरिन्द्रासि धीरः।।1।।
।।ऋग्वेद 5.29.1।।

ज्ञानयुक्त होने से परमेष्ठी प्राप्त

"बुबुधानाः नरः इन्द्रं अशेम" – "ज्ञानवान् मनुष्य ही परमेष्ठी तत्त्व को प्राप्त करता है। ब्रह्मविद्या जिज्ञासु ही आत्मतत्त्व प्राप्त करता है।"

हमने इस परमेष्ठी (इन्द्र) के गुप्त स्थान को जान लिया है। हम जब परमेष्ठी–परम आत्मा के स्थान पर गये भी, परन्तु वहाँ पहुँचने पर मालूम हुआ कि मात्र (ब्रह्म) ज्ञान से युक्त पुरुष ही उस आत्मा–परमेष्ठी इन्द्र को प्राप्त कर सकता है। यह इन्द्र भी हृदयरूपी गुप्त स्थान में छिपा है। यह उल्लेखनीय है कि "आत्मा का स्थान हृदय है (यहाँ हृदय शब्द शरीरस्थ हृदय से अलग है।)।" कुछ उस स्थान पर पहुँच भी जाते हैं। वहाँ जाकर ज्ञान होता है कि "केवल मात्र ज्ञानी जन ही उस आत्मा को प्राप्त कर सकते हैं"।।ऋग्वेद 5. 30.2।।

अवाचचक्षं पदमस्य सरस्वरुग्रं निधातुरन्वायमिच्छन्।
अपृच्छमन्याँ उत ते म आहुरिन्द्रं नरो बुबुधाना अशेम।।2।।
।।ऋग्वेद 5.30.2।।

यज्ञ : असुरी माया नष्ट

मन्त्रद्रष्टा ऋषि भौमोऽत्रि अत्रि ने ऋचा में कहा है कि यज्ञ से असुर की माया नष्ट की जाती है। ऋचा में कहा है कि ज्ञानी अत्रि ने पत्थरों को संयुक्त कर यज्ञ प्रारम्भ किया और स्तोत्र से यज्ञ में देवों की स्तुति की। यज्ञ में आहुतियों से देवों को प्रसन्न कर स्वर्भानु असुर की माया को दूर किया। अर्थात् माया का अन्धकार हटाया। द्युलोक में सूर्य के मण्डल को प्रकाशित करने के लिये अन्धकार मुक्त किया। यहाँ "असुर स्वर्भानु अज्ञान अन्धकार स्वरूप" है।

इस वृत्तान्त में एक समय स्वर्भानु नामक असुर ने सूर्य को अपनी माया से ढक दिया। सूर्यदर्शन नहीं होने के कारण सभी भुवन भ्रान्त हो गये। सृष्टि में चारों ओर स्याह काला अन्धकार छा गया। अन्धकार से आवृत सभी भुवन मोहित हुए।

स्वर्भानु असुर के माया से भरे अन्धकार के कारण सूर्य लोकों को प्रकाशित करने में असमर्थ हो गया। इस प्रकार स्वर्भानु ने सूर्य को अपने कर्तव्य से भ्रष्ट कर दिया। उस समय छिपे हुए सूर्य को अत्रि ऋषि ने श्रेष्ठतम ज्ञान से प्राप्त किया।

हे अत्रि ऋषि! आपके रहते हुए मुझे, यह द्रोह करनेवाले दुष्ट असुर स्वर्भानु भूख के कारण अथवा डर से निगल नहीं जाए। आप सच्चे ऐश्वर्य से मेरे मित्र हो। आप और वैदिक देवों के सम्राट महातेजस्वी वरुण दोनों मिलकर यहाँ मेरी रक्षा करो। उस समय ज्ञानी विद्वान् ने अपने श्रेष्ठतम ज्ञान की सहायता से यही समझा कि अन्धकार से ढका सूर्य अब निकल आया है।।ऋग्वेद 5.40.8।।

ग्राव्णो ब्रहरा युयुजानः सपर्यन कीरिणा देवान् नमसोपशिक्षन्।
अत्रिः सूर्यस्य दिवि चक्षुराधात् स्वर्भानोरप माया अघुक्षत्।।8।।
।।ऋग्वेद 5.40.8।।

यज्ञ : दुष्ट कर्म वाला; राक्षस आमन्त्रित कर्त्ता नष्ट

इस ऋचा में मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने बुद्धि के अधिष्ठाता बृहस्पति से कहा है कि अत्यन्त स्व केन्द्रोन्मुख मनुष्यों को अन्धकार में डालने का अनुग्रह करो। "अपव्रतान्, प्रसवे वावृधानान् ब्रह्मद्विषः सूर्यात् यावयस्य" – दुष्ट कर्म करनेवाले कुछ समय के लिये वृद्धि को प्राप्त होते हैं। परन्तु ईश्वर से द्वेष करनेवाले नास्तिकों को अन्त में गहरे अन्धकार में ढकेल दिया जाता है। "उक्थैः नः अपृणन्तः भुंजते एषा वित्तं विसर्माणं कृणुहि" – जो मनुष्य प्रार्थना करने पर भी धन नहीं देकर स्वयं भोगता है, यह ऐश्वर्यपूर्ण विपत्ति है। समाज से अर्जित धन लोकस्वामित्व का है। धनार्जन करनेवाला केवल मात्र न्यासी है। उसे स्वयं के व्यय से अतिरिक्त धन समाज की मांग–आवश्यकतानुसार लोककल्याण, परमार्थ, सर्वोदय आदि में देना चाहिये।

"मरुतः यः देववीतौ रक्षसः ओहते तं अचक्रेभिः नि यात्" – हे मरुतो! जो "यज्ञ में राक्षसों को बुलाता" है, उसके रथों को आप चक्रों से रहित करके मार डालो। "यः वः शशमानस्य निन्दात्, सिष्विदानः कामान् तुच्छ्यान् करते" – जो मनुष्य सत्य ऋत के अनुसार स्तुति करनेवालों की निन्दा करता है, वह अपनी कामनाओं को तुच्छ करता है।

स्व केन्द्रान्मुख–स्वार्थी–चरम तामसी प्रवृत्तिवान् धन का परमार्थ, लोककल्याण, सर्वोदय आदि सत्कृत की आवश्यकता में भी दान नहीं करते हैं। वे परमसत्तावान् परमेष्ठी से द्वेष रखते हैं। ऐसे मनुष्य नास्तिक होते हैं। ऐसे मनुष्य थोड़े समय के लिये इस संसार में वृद्धि करते हैं। परन्तु अन्त में गहन अन्धकार का निवाला बनते हैं।।9।। जो मनुष्य यज्ञ जैसे पवित्र कार्य में दुष्ट राक्षसों (दुष्प्रवृत्तिवानों, विकृत मानसिकतावानों, घोर तामसी भोगवादी, चरम भौतिकवादीगणों, असामाजिक जनों आदि) को बुलाता है, उसे दैवी–शक्तियाँ धनहीन बनाकर नष्ट कर देती है। साथ ही देवों के भक्तों की निन्दा करनेवाले की सभी कामनायें नष्ट हो जाती हैं।।10।।

अर्थात् मनुष्य धन का सदुपयोग लोककल्याण आदि में करे। वह भौतिकवादी चकाचौंध को मिथ्या समझे। दूसरा, यज्ञ आदि सत्कर्मों से नकारात्मक दुष्प्रवृत्तिवान् आदि को दूर ही रखे। तीसरा, स्वस्वार्थ में लिप्त प्रारम्भ में प्रगति करता लगता है, पर अन्त में नष्ट होता है। चौथा, दैवी शक्ति की निन्दा करनेवाले की कामनायें नष्ट होती हैं।।ऋग्वेद 5.42.9, 10।।

विसर्माणं कृणुहि वित्तमेषां ये भुंजते अपृणन्तो न उक्थैः।
अपव्रतान् प्रसवे वावृधानान् ब्रह्मद्विषः सूर्याद् यावयस्व।।9।।
य ओहते रक्षसो देववीतावचक्रेभिस्तं मरुतो नि यात।
यो वः शमी शशमानस्य निन्दात् तुच्छयान् कामान् करते सिष्विदानः
।।10।।ऋग्वेद 5.42.9, 10।।

इस ऋचा में यज्ञकर्म द्वारा "षट्कर्म" (छह तान्त्रिक कर्म– मारण, उच्चाटन, स्तंभन, वशीकरण, शांति एवं विदूषण) (राक्षसकर्म) को निषेध करते हुए अन्त में हानिकारक होने की चेतावनी दी गई है। इन षट्कर्मों से प्रारम्भ में सफलता मिलती है, परन्तु अन्त में ये तान्त्रिक कर्म कर्त्ता को ही डुबा देते हैं। इसका ज्वलन्त उदाहरण महातान्त्रिकों की भयानक मृत्यु है।

जीवनयज्ञ : प्राण नाभिक

मरुत्गण प्राण हैं और देवों के शास्ता, महादेव रुद्र के पुत्र हैं। शास्ता रुद्र आदिमहाभूत एवं आदिस्वरूप हैं। रुद्र सूर्यस्वरूप, वरुणस्वरूप, अग्निस्वरूप आदि है। ये प्राण सदैव तरुण रहते हैं, अर्थात् "प्राण कभी वृद्ध नहीं होता है।" इन्हीं प्राणों से प्रेरित होकर मन उत्तम, शुभ संकल्प करता है। शुभ संकल्प से अध्यात्मिक, अधिदैविक एवं अधिभौतिक धन की प्राप्ति होती है। ये "प्राण मानव को जीवनरूपी यज्ञ की ओर ले जाते हैं।" "प्राण के अश्व शब्द, स्पर्श, दृष्टि, श्रवण, वाणी आदि अनुभव करनेवाली इन्द्रियाँ हैं।" प्राण इन इन्द्रियों में संचार करके इन्हें शक्तिशाली रखता है।।ऋग्वेद 5.42.15।।

एषः स्तोमो मारुतं शर्धो अच्छा रुद्रस्य सूनूँर्युवन्यूँरुदश्या।
कामो राये हवते मा स्वस्त्युप स्तुहि पृषदश्वाँ अयास।।
।।ऋग्वेद 5.42.15।।

हवि : नारियाँ ऋत ज्ञाता

यह उल्लेखनीय वेद में मन्त्रद्रष्टा ब्रह्मज्ञ ऋषिकाएँ भी हैं। वैदिक काल में नारियों का पुरुषों की तरह उपनयन संस्कार (यज्ञोपवीत धारण) होता रहा और वे ब्रह्मज्ञान, ब्रह्मज्ञान सत्र एवं यज्ञ करने की अधिकारी रही। इस ऋचा में कहा गया है कि यज्ञ की हवि को स्वीकारनेवाली देवांगनायें (दैवी शक्तियाँ) सोमरस पीने की (देवों की तरह) अधिकारी रही। "वैदिक विदुषी नारियाँ ऋत को जाननेवाली और तेजस्विनी रही।" वे सदैव विद्वान् सत्पुरुषों– ब्रह्मविद्–ब्रह्म जिज्ञासी, ज्ञानी आदि से संवाद कर सन्मार्ग का अनुसरण करती रही। ऋचा में ब्रह्मज्ञानी–विद्वान् सत्पुरुष के लिये देव शब्द प्रयुक्त किया है। "ग्ना" – स्त्री; मेना इति स्त्रीणां (निरुक्त 3.21)। वे नम्र भाव से समर्पण से यज्ञ में हवि देनेवाली रही। यहाँ उपदेश है कि जगत् में स्त्रियाँ अपरिमित

बलवाली हों। नारियाँ सर्वत्र संचार करनेवाली हों। वे ऋत–सत्य–परमेष्ठी के गुह्य ज्ञान की ज्ञाता हों। वे ब्रह्मज्ञान यज्ञ में भागीदार हों एवं सन्मार्ग पर चलें। अथवा सत्पुरुषों के मार्ग पर चलनेवाली हों। वे कुल, पुर, राष्ट्र एवं जगत् की उन्नति के लिये सर्वत्र संचार करें। यहाँ इस ऋचा से स्पष्ट है कि "वेद काल में नारियों को नरों की तरह समानाधिकार रहा। वे समाज की अग्रणी रही"।। ऋग्वेद 5.43.6।। "वेद की देन नारी अधिकारिता है।"

आ नो महीमरमतिं सजोषा ग्नां देवीं नमसा रातहव्याम्।
मधोर्मदाय बृहतीमृतज्ञामाग्ने वह पथिभिर्देवयानैः।।6।।ऋग्वेद 5.43.6।।

यज्ञकुण्ड : यज्ञाग्नि पिता

इस ऋचा में मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने यज्ञकुण्ड को यज्ञाग्नि के पिता की संज्ञा दी है। यज्ञकुण्ड यज्ञाग्नि रूपी पुत्र को पिता की तरह अपनी गोद में बिठाता है।।ऋग्वेद 5.43.7।।

अंजन्ति यं प्रथयन्तो न विप्रा वपावन्तं नाग्निना तपन्तः।
पितुर्न पुत्र उपसि प्रेष्ठ आ धर्मो अग्निमृतयन्नसादि।।7।।
।।ऋग्वेद 5.43.7।।

जीवनयज्ञ : प्राण–अपान–अश्विनौ

इस ऋचा में अश्विनौ देवता की यज्ञ में आवश्यकता का रूपक है। मन्त्रद्रष्टा ऋषि का अश्विनौ से आशय–प्राण एवं अपान से है। प्राण एवं अपान जीवनरूपी यज्ञ कोष की रक्षा करते हैं। अर्थात् जीवन में प्राण, अपान का सतत यज्ञ चल रहा है। इन्हीं के कारण जीवनयज्ञ चलता है। जिस प्रकार रथ की धुरा की नाभि में अक्ष नहीं हो तो वह नहीं चल सकता; उसी प्रकार जब तक प्राण, अपान नहीं हो, यह जीवनयज्ञ नहीं चल सकता है।।ऋग्वेद 5.43.8।।

अच्छा मही बृहती शंतमा गीर्दूतो न गन्त्वाश्विना हुवध्यै।
मयोभुवा सरथा यातमर्वाग्गन्तं निधिं धुरमाणिर्न नाभिम्।।
।।ऋग्वेद 5.43.8।।

यज्ञ से वाणी शक्ति

ऋचा में वाणी, ज्ञान एवं बुद्धि के अधिष्ठाता देवता सरस्वती के यज्ञगृह में पधारने का उल्लेख है। इसका भावार्थ है कि पूज्यवाणी द्युलोक एवं पर्ववाले अन्तरिक्ष से हमारे यज्ञ में पधारने का अनुग्रह करे। वह अत्यन्त कान्तिमान् है। वह यज्ञ में हमारी हवियों को स्वीकार कर उत्कंठित मन से हमारी स्तोत्रपूर्ण वाणी को सुनने की कृपा करे। यह "यज्ञ से वाणी शक्ति प्राप्ति का सूत्र है"।।ऋग्वेद 5.43.11।।

आ नो दिवो बृहतः पर्वतादा सरस्वती यजता गन्तु यज्ञम्।
हवं देवी जुजुषाणा घृताची शग्मां नो वाचमुशती शृणोतु।।11।।
।।ऋग्वेद 5.43.11।।

यज्ञवेदी : अग्नि शुद्धि

जब पृथिवी के श्रेष्ठतम स्थान यज्ञवेदी के पास साधनों से सम्पूर्ण ऋत्विज् पहुँच जाते हैं, तब यज्ञ में अग्नि को शुद्ध करके स्थापित करते हैं। यज्ञकर्त्ता सुखकारक अग्नि को नमन से शुद्ध करते हैं।।14।।ऋग्वेद 5.43.14।।

मानुष्पदे परमे शुक्र आयोर्विपन्यवो रास्पिरासो अग्मन्।
सुशेव्यं नमसा रातहव्याः शिशुं मृजन्त्यायवो न वासे।।14।।
।।ऋग्वेद 5.43.14।।

सूर्य किरण यज्ञ : सृष्टि यज्ञ

सूर्य की रश्मियाँ यज्ञ का सम्पादन करनेवाली हैं। अर्थात् सूर्य किरणों के प्रगट होने (सूर्योदय) पर यज्ञ की क्रियायें प्रारम्भ होती हैं। ये सूर्य रश्मियाँ द्युलोक से भूलोक की ओर आती हैं। ये यज्ञ को समृद्ध करती हैं और पृथिवी पर सभी पदार्थों को पुष्ट करती हैं। ये सूर्य किरणें पृथिवी पर शासन करती हैं। सूर्य इन किरणों द्वारा अदृश्य रूप से पृथिवी के सप्त समुद्रों, महानदों, जलाशयों आदि के जल का हरण करता है। सूर्य के द्वारा सप्त सिन्धुओं के जल हरण को कोई भौतिक नेत्रों से नहीं देख सकता है। इस सूर्य किरण यज्ञ के कारण ही पृथिवी पर जीवन है, अन्यथा पृथिवी पर अन्धकार महाशीत का साम्राज्य होता और जीवनक्रम भी नहीं होता। इसीलिये वेद में सूर्य को जगत् की आत्मा कहा गया है। अतः सूर्य पृथिवी पर निरन्तर सृष्टियज्ञ कर रहा है।।ऋग्वेद 5.44.4।।

प्र व एते सुयुजो यामन्निष्टये नीचीरमुष्मै यम्य ऋतावृधः।
सुयन्तुभिः सर्वशासैरभीशुभिः क्रिविर्नामानि प्रणवे मुषायति।।4।।
।।ऋग्वेद 5.44.4।।

अग्निविद्या सर्वोच्च

यज्ञ में समिधाओं से प्रदीप्त यज्ञाग्नि की आयु सोम से बढ़ती है। यह प्रदीप्त रूप में हृदयरूपी गुहा में संचार करता है। अध्यात्मिक रूप से अग्नि चित् तत्त्व है। "धारवाकेषु शोभते" का अर्थ है : यह "अग्नि विद्या को धारण करनेवालों" में अधिक शोभित होता है। अथवा अग्निविद्या को ब्रह्मज्ञानी ही प्राप्त कर सकते हैं। अग्नि चित् तत्त्व होने से अग्निविद्या–चित्विद्या–आत्मविद्या सर्वोच्च है। "अग्नि इस विद्या का अधिष्ठाता देव है।" अतः वह विद्वानों में

ओर अधिक प्रकाशित होता है। यह यज्ञ में प्रदीप्त होकर अपनी ज्वालाओं को चहुँ ओर प्रकाशित करता है।।ऋग्वेद 5.44.5।।

संजर्भुराणस्तरुभिः सुतेगृभं वयाकिनं चित्तगर्भासु सुस्वरुः।
धारवाकेष्वृजुगाथ शोभसे वर्धस्व पत्नीरभि जीवो अध्वरे।।5।।
।।ऋग्वेद 5.44.5।।

यज्ञ : कार्य सिद्धि

यज्ञ प्रज्ञापक श्रेष्ठ अग्नि की ऋषियों ने वाणी से (वैदिक ऋचाओं से) स्तुति की। इसलिये ऋषिगण यज्ञाग्नि को प्रसन्न कर कार्यसिद्धि (सर्वैश्वर्य प्राप्त करने) में सफल हुए। यज्ञ सर्वस्व कार्यसिद्धि में समर्थ है। इसका उपदेश यह है कि मनुष्य अपने लक्ष्य–उद्देश्य–वांछित कार्य–सर्वैश्वर्य आदि की प्राप्ति के लिए सम्पूर्ण आत्मसमर्पण, आत्मनिष्ठा, शिव संकल्प, सम्पूर्ण सत्यनिष्ठा से लीन होकर कार्य करता है, तब वह उसे निश्चित रूप से सफलता प्राप्त कर लेता है। ''सुनियोजित रूप से सतत् प्रयास परिश्रम से कार्य सिद्धि होती है''।।। ऋग्वेद 5.44.8।।

ज्यायांसमस्य यतुनस्य केतुन ऋषिस्वरं चरति यासु नाम ते।
यादृश्मिन्धायि तपपस्यया विदद् य उ स्वयं वहते सो अरं करत्।।
।।ऋग्वेद 5.44.8।।

उत्तम कर्म कर्त्ता : हृदय की अभिलाषायें साकार
यज्ञ से वैदिक ऋचाओं का विस्तार

''यत्र पूतबन्धनी मतिः विद्यते, अव क्रवणस्य हार्दि न रजते'' – जहाँ पवित्रता से बुद्धि विद्यमान होती है, वहीं उत्तम कर्म करनेवाले के हृदय की अभिलाषायें कभी व्यर्थ नहीं होती, साकार होती हैं।'' ''यस्मिन् आयता सवनं न रिष्यति'' – जिन यज्ञों में इन ऋचाओं का विस्तार किया जाता है, उन ''यज्ञों में किसी तरह की हिंसा नहीं होती।'' ''आसां अग्रिमा समुद्रं अव तस्थे'' – इन ऋचाओं में श्रेष्ठतम ऋचा है, वह समूचे जगत् में, समुद्र की सीमा तक प्रसिद्ध होती है। वैदिक युग अर्थात् 39 लाख वर्ष पहिले वेद की ऋचाएँ सप्त सिन्धु, सप्तद्वीप आदि में प्रसिद्ध रही। सप्तद्वीप वेदमय एवं यज्ञमय रहे। इसके शेष होते अवशेष मिलते हैं।।ऋग्वेद 5.44.9।।

समुद्रमासामव तस्थे अग्रिमा न रिष्यति सवनं यस्मिन्नायता।
अत्रा ने हार्दि क्रवणस्य रेजते यत्रा मतिर्विद्यते पूतबन्धनी।।
।।ऋग्वेद 5.44.9।।

यज्ञीय सोमरस स्वामी : दिव्य श्येन पक्षीराज

यज्ञ में देवों को अर्पित करने के लिये तेजस्वी दिव्य सोम अत्यन्त आवश्यक रहा। परन्तु दिव्य सोम द्युलोक में लगभग अभेद्य सौ लोह पुरियों के मध्य सोम सुरक्षित था। उसकी रक्षा के लिये सशस्त्र दिव्य योद्धा नियुक्त थे। इस असम्भव मुहिम का उत्तरदायित्व देवों की जननी, सूर्य (मार्तण्ड) की माता अदिति के सुपुत्र पक्षीराज श्येन को सौंपा गया। पक्षीराज श्येन यज्ञार्थ सोम लाये। इसलिये श्येन यज्ञीय के सोम का स्वामी है। यह दिव्य सोम बल, तेजस्विता, ओज, आनन्द आदि पान कर्त्ता के हृदय–शरीर में भर देता, सोम हृदय में शक्तिपात करता है। यही मूलभूत कारण है कि यज्ञ में सोम सर्वपूज्य है, सभी सोम प्राप्त करना चाहते हैं। वैदिक यज्ञकर्म में सोम का विशेष महत्व है।।ऋग्वेद 5.44.11।। प्रकारान्तर में पौराणिककाल–स्मृतिकाल में दिव्य श्येन का रूपान्तरण गरुड देवता के रूप में हुआ। गरुड देवता को भी पक्षीराज कहा गया है। तन्त्र में शास्ता रुद्र के तेजोग्र रूप एवं श्री विष्णु के नृसिंह स्वरूप संहारक शरभ देव पक्षीराज के रूप में अवतरित होते हैं। शरभ का उल्लेख जैन और बौद्ध आगम में भी मिलता है। शरभ देव को श्रीराजराजेश्वरी ललिता त्रिपुरसुन्दरी श्रीविद्या अम्बिका की शक्ति माना जाता है। यज्ञ में सोम का आशय नवम मण्डल के अन्तिम सूक्त में स्पष्ट किया गया है।

श्येन आसाम दितिः कक्ष्यो3 मदो विश्ववारस्य यज्ञतस्य मायिनः।
समन्यमन्यमर्थयन्त्येतवे विदुर्विषाणं परिपानमन्ति ने।।11।।

।।ऋग्वेद 5.44.11।।

यज्ञ : वैयक्तिक उन्नति छोड़कर सर्वोन्नति से सर्वैश्वर्य

यज्ञ ऋचा यज्ञकर्म के नये रूप से साक्षात्कार करवाती है। यहाँ सीधे–सीधे "यज्ञकर्म सामुदायिक अथवा सर्वोन्नति, सर्वोदय, सर्वकल्याण आदि है।" मनुष्य को श्रेयस के मार्ग पर चलना है। "यः ई गणः भजते सः वरा उभा प्रति एति" – जो मनुष्य समुदाय की उपासना करता है, वह अभ्युदय एवं निःश्रेयस दोनों में प्रगति करता है। ऋचा में अभिव्यंजनात्मक शैली में कहा है कि जो इन देवगणों की उपासना करता है, वह हमेशा धन से भरपूर यज्ञ करनेवाला होता है। वह बाहुओं से कुटिल जनों का नाश करता है। वह ज्ञान से सम्पन्न एवं शक्तिशाली होकर शत्रु संहार करता है। वह मनुष्य श्रेष्ठता से युक्त दोनों में (अभ्युदय, निःश्रेयस्) प्रगति करता है और प्रकाशित होता है।

मन्त्रद्रष्टा ऋषि अवत्सारेण सह सदापृण यजत बाहुवृक्त श्रुतवित् तर्या ने "यज्ञकर्म को सर्वोन्नति" की संज्ञा दी है। ऋचा में कहा है कि "मनुष्य को वैयक्तिक उन्नति के स्थान पर यज्ञकर्म–सर्वोन्नति–सामुदायिक उन्नति को

अपना उद्देश्य बनाना चाहिये। इसके परिणाम स्वरूप वह अध्यात्मिक, अधिदैविक, भौतिक षड् ऐश्वर्य सम्पन्न होकर अपने शत्रुओं (काम, क्रोध, मद, मोह, लोभ, मत्सर) का संहार करता है। इस प्रकार वह अध्यात्मिक, दैविक, अधिभौतिक धन द्वारा सुखों को प्राप्त कर अभ्युदय एवं निःश्रेयस ज्ञान को प्राप्त करता है।'' ''यज्ञकर्म व्यक्ति को जनोन्मुखी बनाता है एवं सामाजिक सरोकारों से जोड़ता है। यज्ञकर्म श्रेय का मार्ग है''।।ऋग्वेद 5.44.12।।

सदापृणो यजते वि द्विषो वधीद् बाहुवक्त श्रुतवित् तर्थो वः सचा।
उभा स वरा प्रत्येति भाति च यदीं गणं भजते सुप्रयावभिः।।12।।
।।ऋग्वेद 5.44.12।।

यह उत्तम कर्मो का स्रोत : यज्ञ सज्जनों का पालक

''विश्वासां धियां ऊधः'' – यह यज्ञ सभी तरह के (उत्तम) कर्मों का स्रोत है। ''यजमानस्य सुतंभरः सत्पतिः'' – यह यज्ञ अपने सामर्थ्य से यज्ञकर्त्ता के परिवारजन का भरण पोषण कर्त्ता एवं सज्जनों का पालक और स्वामी है। इस प्रकार ऋचा में सीधे–सीधे घोषणा की है कि यह यज्ञ स्व सामर्थ्य से यज्ञकर्म करनेवाले के कुटुम्ब की रक्षा करता है, एवं पालन पोषण करता है। ओषधियों के महायज्ञ से घर का वातावरण (वायु) शुद्ध एवं पवित्र, रोग (दीर्घकालिक, अल्पकालिक) जन्तुओं से मुक्त और विधायकी सकारात्मक शक्ति सम्पन्न रहता है। वैदिक ऋचाओं का पाठ अक्षर ब्रह्म की दिव्यशक्ति का शक्तिपात करता है। यज्ञ–सत्कृत होने से सज्जनों का पालक है। यज्ञ ही समस्त उत्तम कर्मों का स्रोत है। यज्ञ से ही सभी उत्तम कर्म निकलते हैं। परन्तु यज्ञ (ब्रह्म) ज्ञानी एवं (ब्रह्म) जिज्ञासु ही कर सकता है (दुष्ट मनुष्य यज्ञ से षट्कर्म–मारण, उच्चाटन, स्तंभन, वशीकरण, विदूषण एवं शांति करते हैं।)। यज्ञ कर्त्ता प्रातःकाल वैदिक स्तुतियों का पाठ करता है। अज्ञानी–अविद्या में लिप्त इस यज्ञ को नहीं कर सकता है। इस ऋचा में भी यज्ञ उत्तम कर्म कहा है। ।।ऋग्वेद 5.44.13।।

सुतंभरो यजमानस्य सत्पति र्विश्वासामूधः स धियामुदंचनः।
भरद्धेनू रसवच्छिश्रिये पयोऽनुब्रुवाणो अध्येति न स्वपन्।।13।।
।।ऋग्वेद 5.44.13।।

यज्ञ की ऋचाएँ : प्रयत्नशील ज्ञानी

यज्ञ की ऋचाएँ सदैव जाग्रत रहनेवाले अर्थात् हमेशा प्रयत्नशील को चाहती हैं अथवा उसको ज्ञान चाहता है। सतत स्वाध्याय से ज्ञान प्राप्ति होती है। साम (आनन्ददायक, शान्तिप्रदाता, प्रसन्नता प्रदाता गान) भी सदैव प्रयत्नशील ज्ञानी के पास ही जाता है। साम छन्दोबद्ध सूक्त है।

"सप्तसामोपगीतं त्वाम्।। रघुवंश 10.21।।" सामवेद सूर्य से उत्पन्न हुआ है।। मनु स्मृति 1.23।। लंकेश्वर दशकन्धर दशानन रावण ने सामवेद, यजुर्वेद एवं ऋग्वेद का दार्शनिक दृष्टि से भाष्य किया है। (ब्रह्म) ज्ञानी के पास ही सोम रूपी उत्तम बुद्धि जाकर कहती है कि मैं आपकी हूँ और आपकी ही मित्रता में रहूँगी। अर्थात् ज्ञानी को ही सोम की तेजस्विता, मेधा प्राप्त होती है।।ऋग्वेद 5.44.14।। ऋषिवर का उपदेश है कि ब्रह्मज्ञान प्राप्ति के लिये सदैव जिज्ञासु एवं प्रयत्नशील रहना चाहिये।

यो जागार तमृचः कामयन्ते यो जागार तमु सामानि यन्ति।
यो जागार तमयं सोम आह तवाहमस्मि सख्ये न्योकाः।।
।।ऋग्वेद 5.44.14।।

दसमास यज्ञ : यज्ञ कूटनीति तादात्म्य

नौ गो (इन्द्रिय शक्ति, वाणी के देवता–सरस्वती, प्रकाश की किरण–ज्ञान, आकाश–शब्दब्रह्म, पृथिवी–दुदोह गां स यज्ञाय, इन्द्र का वज्र–प्रलयंकर शस्त्र, गाय, स्वर्ग, तारे, दिशा, जल, नेत्र, सूर्य, चन्द्रमा आदि) के स्वामी यजमानों ने "दसमास यज्ञ" किया। यज्ञ के लिये सोम वल्ली (सोम समूह) को कूटकर सोमरस निकाला गया। "सरमा" ने यज्ञ की स्तुतियों को प्राप्त किया। महर्षि अंगिरा ने (यज्ञ में) सभी बातों को सत्य करके दिखाया। दसमास तक यज्ञ में निरन्तर स्तुतियाँ चलती रही। वेद में सरमा देवताओं का दूत बनकर गो चुरानेवाले पणियों के पास गयी। सरमा ने अपने चमत्कारिक कूटनीति के ज्ञान का परिचय दिया। इस तरह "ऋग्वेद में कूटनीति की गत्यात्मकता का सूत्रात्मक वर्णन है।" वैदिक देवशास्त्र में "सरमा का कार्य मार्ग निर्देश करना है।" यह अभूतपूर्व है कि "यज्ञ और कूटनीति की पुरोधा सरमा का तादात्म्य" कहा गया है। वैसे महर्षि कश्यप की पत्नी का नाम भी सरमा रहा। ऋचा के अनुसार यज्ञों में सभी कथन सत्य प्रमाणित हुए।।7।। एक ऋचा में यह भी कहा गया है कि सरमा ने ऋत के मार्ग से स्तुति प्राप्त की।

अनूनोदत्र हस्तयो अद्रिरार्चन् येन दश मासो नवग्वा।
ऋतं यती सरमा गा अविन्दद् विश्वानि सत्यांगिराश्चकार।।7।।
।।ऋग्वेद 5.45.7।।

यज्ञ ज्ञाता मार्गदर्शक

जिस प्रकार एक विद्वान् यज्ञकर्म में प्रवृत्त होता है, उसी प्रकार सामान्य मनुष्य भी यज्ञकर्म करता है। यह विडम्बना है कि सामान्य मनुष्य एक बार यज्ञकर्म प्रारम्भ कर देने पर उसकी क्रियाओं से अभिज्ञ होने के कारण दुविधाग्रस्त होता है। वह न तो यज्ञ पूरा कर पाता है और न ही उसे मध्य में

छोड़ पाता है। ऐसे विकट संकट में यज्ञ का ज्ञाता विद्वान् उसे सरल मार्ग से ले जाकर उसकी रक्षा करता है।।ऋग्वेद 5.46.1।।

हयो न विद्वाँ अयुजि स्वयं धुरि तां वहामि प्रतरणीमवस्युवम्।
नास्या वश्मि विमुचं नावृतं पुनर्विद्वान् पथः पुरएत ऋजु नेषति।।11।।
।।ऋग्वेद 5.46.1।।

यज्ञ : कल्याणकारी दिनों की उत्पत्ति

यज्ञ में सूर्य को उत्पन्न करनेवाली अदिति देवता, भाग्य के देवता भग एवं पालन–पोषण करनेवाले पूषा देवता अपने–अपने खाने योग्य हवियों को ग्रहण करते हैं। वहीं पँच देव–सम्राट एवं सत्यपालक वरुण; सर्वत्र व्यापक विष्णु; तीनों लोकों में स्थित–महाज्ञानी अग्नि; हितकारी मित्र देवता (सूर्य मित्र भी) और योद्धा इन्द्र देवता कल्याणकारी दिनों को उत्पन्न करते हैं। ।।ऋग्वेद 5.49.3।।

अदत्रया दयते वार्याणि पूषा भगो अदितिर्वस्त उस्र।
इन्द्रो विष्णुर्वरुणो मित्रो अग्निरहानि भद्रा जनयन्त दुस्मा।।3।।
।।ऋग्वेद 5.49.3।।

ज्ञानयज्ञ

यज्ञ में ब्रह्मज्ञानी विद्वानों एवं उनकी विदुषी पत्नियों की पूजा एवं सेवा करनी चाहिये। अर्थात् यज्ञ में ब्रह्मज्ञों उनकी ब्रह्मनिष्ठ विदुषियों के मध्य ज्ञान का सत्र हो। ज्ञानयज्ञ की सेवा मार्गों में आनेवाले सभी विघ्न–बाधाओं को दूर करती है अथवा ज्ञानमार्ग से समस्त संकटों का हल निकल जाता है और सभी शत्रुगण (आन्तरिक) नष्ट हो जाते हैं।।ऋग्वेद 5.50.3।।

अतो न आ नृनतिथीनतः पत्नीर्दशस्यत।
आरे विश्वं पथेष्ठां द्विषो युयोतु यूयुविः।।3।।ऋग्वेद 5.50.3।।

यज्ञ : ऋत, सत्य

हे ऋत नियमों के अनुसार देवो! आप यज्ञ में पधारने का अनुग्रह करो। हे सत्य को धारण करनेवाले देवो! आप हवि आदि को ग्रहण कर कृतार्थ करो।।ऋग्वेद 5.51.2।।

ऋतधीतय आ गत सत्यधर्माणे अध्वरम्।
अग्नेः पिबत जिव्हया।।ऋग्वेद 5.51.2।।

भक्त का यज्ञ : देव हर्षित

भक्त के यज्ञों में जाते हुए शास्ता रुद्र के वीर पुत्रों को बहुत अधिक हर्ष होता है। भक्त सम्पूर्ण सत्यनिष्ठा, आत्मसमर्पण, आस्था, विश्वास एवं श्रद्धा के साथ यज्ञ करता है। दूसरे शब्दों में देवगण भक्त के यज्ञ में पधारकर

आनन्दित होते हैं। ये सभी का हित चाहते हैं, इसलिये इनकी स्तुति करनी चाहिये।।ऋग्वेद 5.53.16।।

स्तुहि भोजान् त्स्तुवतो अस्य यामनि रणन् गावो न यवसे।
यतः पूर्वा इव सखींरनु व्हय गिरा गृणीहि कामिनः।।16।।
।।ऋग्वेद 5.53.16।।

ब्रह्मज्ञानी महाधनाढ्य

मन्त्रद्रष्टा ऋषि श्यावाश्व आत्रेय ने मरुत् देवता के सूक्त में कहा है कि ब्रह्मज्ञानी असीम सामर्थ्यवान् एवं महाधनाढ्य है। ज्ञान ही अत्यन्त सुखदायक है। मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने ब्रह्मज्ञान को भौतिक धन–भौतिक सामर्थ्य की तुलना में सर्वोच्च कहा है। उन वीर पुरुषों को नमन करना चाहिये।।ऋग्वेद 5.58.2।।

त्वेषं गणं तवसं खादिहस्तं धुनिव्रतं मायिनं दातिवारम्।
मयोभुवो ये अमिता महित्वा वन्दस्व विप्र तुविराधसो नृन्।।2।।
।।ऋग्वेद 5.58.2।।

वैदिक यज्ञ : चुनाव प्रक्रिया शुभारम्भ

हे यज्ञ करनेवाले वीर मरुत् गणों! आप लोककल्याण के लिये शत्रुविनाशक एवं कुशलता से कार्य करनेवाले राजा को उत्पन्न (चयन, चुनाव) करते हो। इसका भावार्थ है कि आमजन का हितकारी, आन्तरिक–बाह्य शत्रुओं का समापन करनेवाला एवं कुशलतापूर्वक राज्य शासन के कार्य करने में सक्षम, ज्ञानवान् आदि को पुर–राज्य–राष्ट्र–द्वीप का शासक चुना जाता है। "वेद काल अर्थात् 39 लाख वर्ष पूर्व शासन व्यवस्था निर्वाचितों के हाथों में रही। वेद से चुनाव का श्रीगणेश हुआ।" वे अपना कार्य–कर्तव्य वेग के साथ सम्पन्न करते हैं और पुर की सेवा में मिलजुलकर अविषम भाव से विशिष्ट कार्य को सम्पन्न करते हैं।।ऋग्वेद 5.58.5।।

यत् प्रायासिष्ट पृषतीभिरश्वैर्वींळुपविभिर्मरुतो रथेभिः।
क्षोदन्त आपो रिणते वनान्यवोस्त्रियो वृषभः क्रन्दतु द्यौः।।5।।
।।ऋग्वेद 5.58.5।।

यज्ञ : सर्वकल्याण, सर्वोपकार

याजक "यज्ञ का आरम्भ सर्वकल्याण, सर्वोपकार, सर्वोदय, सर्वस्वत्याग, आत्म स्वार्थत्याग आदि से करता है।" यज्ञ का उद्देश्य सभी का अभ्युदय, सबका भला, सभी को सहयोग, सभी का कल्याण आदि की पवित्र भावना है। यहाँ मन्त्रद्रष्टा ऋषि श्यावाश्व आत्रेय यज्ञ को परिभाषित कर रहा है। इसमें प्रकाश (ज्ञान) के देवता की पूजा करो और पृथिवी (मातृभूमि) के

सूक्तों का गायन करो। वीर मरुत् गण अपने वाहन (अश्व) को सुसज्जित करते हैं। वे अन्तरिक्ष को पार कर द्युलोक तक संचार करते हैं। साथ ही अपने दिव्य तेज को अर्णव–समुद्रों एवं सभी द्वीपों में फैला देते हैं।।ऋग्वेद 5. 59.1।।

प्र वः स्पळक्रन् त्सुविताय दावनेऽर्चां दिवे प्र पृंथिव्या ऋतं भरे।
उक्षन्ते अश्वान् तरुषन्त आ रजोऽनु स्वं भानु श्रथयन्ते अर्णवैः।।1।।
।।ऋग्वेद 5.59.1।।

विदुषी–ज्ञानी ही मार्गदर्शक

"या जसुरिं, तृष्यन्तं, कामिनं वि जानाति, देवत्रा मनः कृणुते" – जो स्त्री दुःखी मनुष्य के, प्यासे के एवं धनाभिलाषी मनुष्य के मन के भावों को जानती है और जो अध्यात्म–दर्शन–देवार्चना में मन को लगाती है, वही विदुषी प्रशंसा के योग्य होती है।

सदैव प्रसन्न एवं प्रफुल्लित रहनेवाली, ज्ञानवान्, करुणामय, उदारहृदय विदुषी नारियाँ बहुत प्रशंसित होती हैं। ऐसी विदुषी महान् यशवाले ज्ञानी को भी उत्तम मार्ग दिखाती है। वे ज्ञानी विदुषी द्वारा प्रदर्शित मार्गों पर आगे बढ़ते हैं। यह स्मरण रहे कि ऋग्वेद में एक नहीं अनेक मन्त्रद्रष्टा ऋषिकाएँ हैं। जिन्होंने लोक का पथप्रदर्शन किया। प्रकारान्तर में विदुषी गार्गी, मैत्रयी, लोपामुद्रा आदि रही।।ऋग्वेद 5.61.9।।

उत मेऽरपद् युवतिर्ममन्दुषी प्रति श्यावाय वर्तनिम्।
वि रोहिता पुरुमीळहाय येमतुर्विप्राय दीर्घयशसे।।9।।
।।ऋग्वेद 5.61.9।।

रात्रियज्ञ परम्परा : यज्ञों के बाद वानप्रस्थाश्रम

हे रात्रि देवी! आप मेरी स्तुति से पूर्ण वाणी (ऋचा पाठ) को यज्ञ करने के गतव्य (यज्ञस्थल) तक पहुँचाने का अनुग्रह करो। इससे स्पष्ट है कि वैदिक काल में रात्रियज्ञ का भी चलन रहा।।17।।

रथ के मार्गों को जाननेवाला यह ऐश्चार्यवान् राजा यज्ञों को समाप्त करने के बाद वानप्रस्थाश्रम स्वीकार करे।।19।।ऋग्वेद 5.61.17, 19।।

एतं मे स्तोममूर्म्ये दार्भ्याय परा वह।
गिरो देवि स्थीरिव।।17।।
एष क्षेति रथवीतिर्मघवा गोमतीरनुं।
पर्वतेष्वपश्रितः।।19।।ऋग्वेद 5.61.17, 19।।

इस ऋचा में "गोमती" का अर्थ गोमती नदी नहीं है, बल्कि जल से पूर्ण नदी है।

आत्मज्ञान उपदेश : ब्रह्मज्ञानी ही कर सकता है

मन्त्रद्रष्टा ऋषि रातहव्य आत्रेय ने मित्रोवरुण के सूक्त में स्पष्ट किया है कि ब्रह्मज्ञानी (उत्तम कर्म कर्त्ता विद्वान्, ब्रह्मविद्) ही आत्मज्ञान का उपदेश दे सकता है। ऋचा में कहा है कि सत्य नियमों का पालक एवं रक्षक वरुण एवं मित्र को भली भाँति जाननेवाला, उत्तम कर्म (यज्ञादि) करनेवाला एवं देवों की स्तुति कर्त्ता ही विद्वानों के ज्ञानयज्ञ में आत्मज्ञान का उपदेश दे सकता है।।ऋग्वेद 5.65.1।।

यश्चिकेत स सुक्रतुर्देवत्रा स ब्रवीतु नः।
वरुणो यस्य दर्शतो मित्रो वा वनते गिरः।।1।।ऋग्वेद 5.65.1।।

यज्ञ कर्त्ता : उद्योगी एवं परिश्रमी का कायाकल्प

हे ज्ञानवान्! आप हिंसक शत्रुओं के विनाशक–अरिहन्त, सत्यपालक, ब्रह्माण्डीय सलिलम् के अधिष्ठाता, ऋतव्रत, सम्राट वरुण एवं जगत् की आत्मा, उत्तम कर्म कर्त्ता मित्र स्वरूप सूर्य को यज्ञ में हवि ग्रहण करने के लिये आमन्त्रित कर आहुति प्रदान कर। महान् वरुण जगत् के जीवनार्थ जल का रूप धारण करनेवाले और जल द्वारा भूलोक पर अन्न, वनस्पति आदि उत्पन्न करनेवाले हैं।

मन्त्रद्रष्टा ऋषि रातहव्य आत्रेय का आशय है कि "ये दोनों देवता अपने जिस मनुष्य का उद्योगी–उद्यमी एवं परिश्रमी में रूपान्तरण–कायाकल्प करना चाहते हैं, उसे वे सदैव उत्तम मार्ग से ले जाते हैं।" यज्ञ अथवा उत्तम मार्ग से चलनेवाले मनुष्य हमेशा उद्यमशील, परिश्रमी एवं लोकोन्मुख होते हैं। ये देव सदा ऐसे सत्पुरुषों एवं उनके परिजन की रक्षा करते हैं।।ऋग्वेद 6.65.6।।

युवं मित्रेमं जनं यतथः सं च नयथः।
मा मघोनः परि ख्यतं मो अस्माकमृषीणां गोपीथे न उरुष्यतम्।।6।।
।।ऋग्वेद 5.65.6।।

रुग्णता नाशक यज्ञ

मैं प्रातःकाल आदित्यों की जननी अदिति देवता, और मध्यान्ह में समृद्धशाली, संवत्सर स्वरूप, आरोग्यता प्रदायक सूर्य की उपासना करता हूँ। यज्ञ में सत्यपालक, परमेष्ठी तत्त्व, जलाधार वरुण और हितकारी मित्र की यज्ञ में स्तुति करता हूँ। ये अदिति देवता, सूर्य देवता, वरुण देवता एवं मित्र देवता हमारे परिजनों की रुग्णता–रोगादि दूर कर कल्याण करें। अर्थात् "रोग निवारण यज्ञ में चारों देवता सम्बन्धित वनोषधि, सर्वोषधि, ओषधियाँ, काष्ठ आदि का प्रयोग हो"।।ऋग्वेद 5.69.3।।

प्रातर्देवीमदिति जोहवीमि मध्यंदिन उदिता सूर्यस्य।
राये मित्रावरुणा सर्चतातेळे तोकाय तनशाय शं योः।।3।।
।।ऋग्वेद 5.69.3।।

यज्ञ : अरिहन्त

हे अरिहन्त मित्र और वरुण! आप दोनों हमारे इस सुन्दर यज्ञ में पधारने का अनुग्रह करो।।1।। हे मित्र एवं वरुण! आप सर्वज्ञ हो। आप सम्पूर्ण विश्व पर शासन करते हो, अतः आप हमारी बुद्धियों को परिपुष्ट करके तृप्त करो।।2।।ऋग्वेद 5.71.1, 2।।

आ नो गन्तं रिशादसा वरुण मित्र बर्हणा।
उपेमं चारुमध्वरम्।।1।।
विश्वस्य हि प्रचेतसा वरुण मित्र राजथः।
ईशाना पिप्यतं धियः।।2।।ऋग्वेद 5.71.1, 2।।

व्यवहार शिक्षा

मन्त्रद्रष्टा ऋषि अवस्युरात्रेय की अश्विनौ विषयक ऋचा में जीवन में व्यवहार–आचरण की शाश्वत शिक्षा है। ''मननशील प्राणी को किसी के दबाव में नहीं आना चाहिये। सदैव सत्य का पालन करना चाहिये। स्वभाव मधुरता से परिपूर्ण हो। कभी उदास नहीं होना चाहिये, मनोवषाद में नहीं रहे। हमेशा प्रसन्नचित्त, विधायिकविचारवान्, सकारात्मपूर्ण, आर्यत्व के योग्य व्यवहार करना चाहिये।।ऋग्वेद 5.75.7।।

अश्विनावेह गच्छतं नासत्य मा वि वेनतम्।
तिरश्चिदर्यया परि वर्तिर्यातमदाभ्या माध्वी मम श्रुतं हवाम्।।7।।
।।ऋग्वेद 5.75.7।।

सप्त बन्धन मुक्ति : गर्भस्त्राविण्युपनिषत्

सप्त बन्धन : पँच तन्मात्रा, अहंकार एवं महत्

मन्त्रद्रष्टा ऋषि सप्तवधिरात्रेय ने ''गर्भस्राविण्युपनिषत्'' की पाँच ऋचाओं में से प्रथम में मनुष्य के सप्तवर्ध्रि (सप्त बन्धन) का उल्लेख किया है। ये ''सप्त बन्धन–पँच तन्मात्रा, अहंकार एवं महत् हैं।'' मनुष्य इनसे बद्ध होता है। ऋचा में वनस्पति के अधिपति अश्विनौ से इस बन्धन से मुक्ति की प्रार्थना की गई है।।5।।

वि जिहीष्व वनस्पते योनिः सूष्यन्त्या इव।
श्रुतं मे अश्विना हवं सप्तवर्ध्रि च मुंचतम्।।5।।ऋग्वेद 5.78.5।।

यज्ञकर्म से ज्ञान प्रकाशन : आचरण सुधार

मन्त्रद्रष्टा ऋषि सत्यश्रवा आत्रेय ने उषा देवता के सूक्त में यज्ञकर्म से ज्ञान का प्रकाशन होने और उससे आचरण सुधार होने का उल्लेख किया है। मननशील मनुष्य आचरण सुधार से सज्जन बनता है। साथ ही राज्यप्रबन्धन ऐसा हो कि लोक का सदाचरण हो।।ऋग्वेद 5.79.9।। यह उल्लेखनीय है कि सत्कृत–शुभकर्म–यज्ञकर्म का लोक में प्रचार से सद्वातावरण निर्मित होता है, लोक उसका अनुसरण करता है।

व्युच्छा दुहितर्दिवो मा चिरं तनुथा अपः।
नेत् त्वा स्तेनं यथा रिपुं तपाति सूरो अर्चिषा सुजाते अश्वसूनृते।।
।।ऋग्वेद 5.79.9।।

सविता सभी कर्मों का ज्ञाता : समस्त यज्ञों को सम्पूर्ण कर्त्ता

आदिसूर्य, सर्व प्रसविता, आदिज्ञानी "सविता देवता सभी कर्मों का ज्ञाता" है अथवा महाकाल है। "एकमात्र सविता ही समस्त यज्ञों को सम्पूर्ण" करता है। ऋग्वेद की एक ऋचा के अनुसार सविता के मुख का जबड़ा लोहे की तरह भारी होने से वह बहुत ही धीमे स्वर में प्रणव–ओउम् का पाठ करता है। अमेरिकी नासा ने विगत वर्ष में सूर्य में होने वाली ध्वनि का अंकन किया। इससे ऋग्वेद के कथन की पुष्टि हुई। सुप्रसिद्ध गायत्री मन्त्र (छन्द का) भी सविता देवता का है। यही मूलभूत कारण है कि उस सर्वज्ञ, आदिज्ञानी सविता की स्तुति में सभी विद्वान् अपना मन एवं बुद्धि लगाते हैं। सविता में ही अपना ध्यान केन्द्रित करते हैं।।ऋग्वेद 5.81.1।।

युंजते मन उत युंजते धियो विप्रा विप्रस्य बृहतो विपश्चितः।
वि होत्रा दधे वयुनाविदेक इन्मही देवस्य सवितुः परिष्टुतिः।।
।।ऋग्वेद 5.81.1।।

सविता दुगुर्ण हरण कर्त्ता

मन्त्रद्रष्टा ऋषि श्यावाश्व आत्रेय ने नवीन रहस्य उजागर किया कि "सविता सभी दुगुर्णों को दूर करता है।" "देव सवितः! विश्वानि दुरितानि परा सुवे" – हे सविता देवता! हमसे सभी दुर्गणों को दूर करने का अनुग्रह करो। "यत् भद्रं, तत् नः आ सुव" – जो कल्याणकारी हो, वह हमें प्रदान करने की कृपा करो।।ऋग्वेद 5.82.5।।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परा सुव।
यत् भद्रं तन्न आ सुव।।ऋग्वेद 5.82.5।।

यज्ञ : ऋषि रक्षा

मन्त्रद्रष्टा ऋषि एवयामरुद्रात्रेय ने मरुत् विषयक सूक्त में कहा है कि (मरुत्) देवता यज्ञ करनेवाले ऋषि की रक्षा करते हैं। अर्थात् ''यज्ञकर्म ऋषि का संरक्षण करता है।'' ऋचा में कहा है कि दुर्धर्ष योद्धा मरुत् गण यज्ञ में पधारने का अनुग्रह करें और ऋचाओं का गान सुनें। हे मरुत् गण! आप रक्षण कार्य में पर्वत की तरह श्रेष्ठ हो, आप स्थिर रूप से रक्षा करें। मरुत् गण उत्कृष्ट ढंग से विचार करनेवाले हैं। वे शुभकर्मों के निन्दकों की शत्रु सेना को परास्त करें।।ऋग्वेद 5.87.9।।

यज्ञ : ऋचाओं में विषय की विभिन्न प्रकार से व्याख्या

5.1.6, 7—11; 5.2.7, 12; 5.3.5, 9, 10; 5.4.4—8; 5.5.1, 2, 4, 6, 8—11; 5.6.5, 7—10; 5.7.2, 8, 9; 5.8.4, 7; 5.9.2; 5.11.3—5; 5.12.1; 5.13. 1—6; 5.14.1, 2, 3, 6; 5.15.1, 2, 5; 5.16.2; 5.17.1, 4; 5.18.5; 5.19.2; 5.20. 3; 5.21.2, 3, 4; 5.25.7—9; 5.28.1, 4—6; 5.29.3,11, 5.31.11—13; 5.34.1, 3, 4, 6; 5.37.1, 5; 5.41.1, 4, 9, 19; 5.42.7; 5.43.6, 13, 15; 5.44.1, 3, 14; 5. 45.4, 5, 11; 5.46.5; 5.47.6; 5.49.4, 5; 5.50.4, 5; 5.51.4, 5, 8—10; 5.52.4, 5, 10, 16; 5.55.1; 5.56.2; 5.60.1, 2, 7, 8; 5.61.18; 5.62.6; 5.63.2, 5; 5.64. 7; 5.65.2; 5.66.1; 5.67.1; 5.68.4; 5.71.3; 5.73.2; 5.74.7; 5.77.1, 2; 5.78.1; 5.86.5, 2; 5.87.7

ऋग्वेदीय यज्ञ : षष्ठ

।।जाग्रत साधक अग्रणी का अनुसरण करे; देवत्व प्राप्ति मूल मन्त्र; यज्ञ से शतायुषं; शुभकर्म, सत्यपालन से दिव्य तेज; यज्ञकर्म से शान्ति; यज्ञ में ज्ञानियों का सत्कार हो; यज्ञ से तेजस्वी कीर्ति; यज्ञ की नाभि—अग्नि; ''परमात्मा पहिला होता''; ''देव—इन्द्रियाँ : आत्मा को नमन''; यज्ञ : अग्नि को तीक्ष्ण सामर्थ्य प्राप्ति; अग्नि : सर्वज्ञ, अग्रणी, कर्मकुशल द्रष्टा ऋषि; यज्ञ से शत्रु पराभव : शत्रु कौन?; यज्ञ से दक्षता; यज्ञ श्रेष्ठ कर्म : दिव्य गुणवान् ज्ञानी आमन्त्रित; यज्ञ से सब कर्मों का ज्ञान : ब्रह्मज्ञान; ''यज्ञ : सत्कर्म वृद्धि से दैवी शक्तियाँ''; स्वाध्यायशील, यज्ञ में स्तुति; सहस्रार कमल : आत्मरूप; '' द्युलोक का मूल यज्ञ;'' यज्ञ : अतिथि देव सत्कार; ''यज्ञकर्म परिभाषित : श्रेष्ठ कर्म;'' नौ दस मास यज्ञ; ''सोमयज्ञ : प्रज्ञाधन'', ''यज्ञ से परमेष्ठी की महिमा वृद्धि''; यज्ञीय

सोम : कालगणना कर्त्ता; "यज्ञ में ऋचा पाठ का ध्येय परमेष्ठी प्राप्ति", "यज्ञ : संगठन कर्त्ता"; सत्ययज्ञ के गर्भ में अग्नि; "षट्कर्म यज्ञकर्त्ता : देवों द्वारा नष्ट"; "देव लक्षण : सत्यमार्ग एवं यज्ञ"; "देव समभाव स्थापना कर्त्ता"; रात्रि पुत्र पूषा यज्ञ का नेता; सविता यज्ञस्वरूप; बृहस्पति का यज्ञ : प्रगतिगामियों के हितार्थ; सोम रुद्र यज्ञ : रोग उन्मूलन।

जाग्रत साधक अग्रणी का अनुसरण करे
वैदिक काल से परमेष्ठी नाम स्मरण परम्परा

"जागृवासः रुशन्तं अग्निं अनुग्मन्" – जाग्रत रहनेवाला साधक तेजस्वी अग्रणी (यज्ञाग्नि) का अनुसरण करे। अन्धविश्वास में किसी असाधु के पीछे नहीं रहे। "जागृवासः रयिं अनुग्मन्" – जाग्रत रहकर प्रयत्नशील ऐश्वर्य प्राप्त करता है। ज्ञानियों को बुलानेवाला एवं अन्न प्रदान करनेवाला होने के कारण प्रशंसनीय यह अग्नि यज्ञ की भूमि–वेदी पर स्थिर है। यह सबका अग्रणी–नेता है। यह दिव्य गुणों से युक्त होने की इच्छा करता है। यह इसका अनुसरण करनेवाले को अध्यात्मिक, अधिदैविक एवं अधिभौतिक धन प्रदानकर धन्य करता है। मन्त्रद्रष्टा ऋषि बार्हस्पत्यो भरद्वाज का आशय यह है कि मनुष्य भी यज्ञाग्नि की तरह पावन बने, सद्ज्ञानियों की संगत में रहे एवं प्रशंसित सत्कर्मों को करने में सदैव प्रथम पंक्ति में रहे। दैवी भाव प्राप्त करने की इच्छावान् जाग्रत् साधक तेजस्वी अग्रणी का अनुसरण करे। मूलभूत रूप से यज्ञकर्त्ता जाग्रत रहकर सद्प्रयत्न करे, उसे सर्वैश्वर्य प्राप्त होंगे।।2।। परमेष्ठी के पवित्र पद का ध्यान करनेवाला श्रेष्ठ यश प्राप्त करता है। "यज्ञीयानि नामानि दधिरे"–शुभकर्म–परमेष्ठी के पवित्र नामों का ध्यान करते रहे। "ते भद्रायां संदृष्टौ रणयन्त"–परमेष्ठी के कल्याण करनेवाले जगत् के सौन्दर्य में आनन्द प्राप्त करते रहें। ऐसे मनुष्य का यश कभी कलंकित नहीं होता है। वे यत्र–तत्र–सर्वत्र परमेष्ठी के करुणामय अलौकिक सौन्दर्य का ही साक्षात्कार करते हैं। मननशील परमेश्वर के पवित्रतम पद की अत्यन्त विनम्र भाव से उपासना करे। वह सर्वत्र परमेष्ठी की महिमा का दर्शन करे। साथ ही उसके "पवित्र नामों का स्मरण करता रहे।" उसे अपराजित यश प्राप्त होता है।। 2, 3, 4।।

अधा होता न्यसीदो यजीयानिळम्पद इषयन्तीडयः सन।
तं त्वा नरः प्रथम देवयन्तो महो राये चितयन्तो अनु ग्मन्।।2।।
वृतेव यन्तं बहुभिर्वसव्यै3स्त्वे रयिं जागृवासो अनु ग्मन्।
रुशन्तमग्निं दशतं बृहन्तं वपावन्तं विश्वहा दीदिवासम्।।3।।

पदं देवस्य नमसा व्यन्तः श्रवस्यवः श्रव आपन्नमृक्तम्।

नामानि चिद दधिरं यज्ञीयानि भद्रायां ते रणयन्त संदृष्टौ।।4।।

"इस प्रकार वेदकाल अर्थात् 39 लाख वर्ष पूर्व ही परमेष्ठी के नाम स्मरण की समृद्ध परम्परा का श्रीगणेश हुआ।"।।ऋग्वेद 6.1.2, 3, 4।।

देवत्व प्राप्ति मूलमन्त्र

इस सूक्त में देवत्व प्राप्ति का मूलमन्त्र दिया गया है। जो उत्तम बुद्धिवाले, सुख की कामनाकर्त्ता एवं देवत्व की प्राप्ति की इच्छा करनेवाले है, वे इस यज्ञ की अग्नि की उपासना करते हैं। "मनुष्य उत्तम बुद्धि–यज्ञकर्म को धारण करे, और देवत्व प्राप्त करे। देवताओं के गुण को अपने अन्दर धारण करे।" अर्थात् "मनुर्भव जनय दिव्यं जन्म।।" इस प्रकार मनुष्य दिव्य तेजस्वी बनकर स्वयं सुखी बने और अन्यों को भी बनाये। परिणामतः विश्व स्वर्ग बनेगा। स्वर्ग वह स्थान है कि जहाँ अज्ञान–अविद्या लेश मात्र भी नहीं है, वहाँ सभी ब्रह्मज्ञानी, रहते हैं। स्वर्ग में रोग अथवा अपमृत्यु नहीं है, जहाँ जीर्ण एवं क्षीण नहीं है। सभी पूर्णायु, बलवान् एवं प्रज्ञावान् होते हैं। अर्थात् सर्वोत्तम वर्ग का स्वर्ग में स्थान है।।ऋग्वेद 6.1.7।।

तं त्वां वयं सुध्यो3 नव्यमग्ने सुम्नायव ईमहे देवयन्तः।

त्वं विशो अनयो दीद्यानो दिवो अग्ने बृहता रोचनेत।।7।।

।।ऋग्वेद 6.1.7।।

यज्ञ से शतायुषं

"समिधा निशितिं आहुतिं मर्त्यः नशत्" मनुष्य समिधाएँ और पवित्र आहुतियाँ यज्ञाग्नि को समर्पण करे। "स मर्त्यः शतायुषं पुष्यति" – वह यज्ञकर्त्ता सौ वर्ष की पूर्ण आयु प्राप्त करता है। "स मर्त्यः वयावन्तं क्षयं पुष्यति" – यज्ञकर्त्ता स्वजन–परिजनों और धनधान्य से परिपूर्ण एवं पुष्ट धर रहता है। उसके ऐश्वर्य में निरन्तर वृद्धि होती है। अर्थात् यज्ञकर्म नित्य करने से पूर्णायु प्राप्त होती है।।ऋग्वेद 6.2.5।।

समिधा यस्त आहुतिं निशितिं मर्त्यो नशत्।

वयावन्तं स पुष्यति क्षयमग्ने शतायुषम्।।5।।ऋग्वेद 6.2.5।।

शुभकर्म, सत्यपालन से दिव्य तेज

मनुष्य शुभकर्म–यज्ञकर्म करे, सदैव सत्य के पालन के लिये देव सम्राट वरुण एवं मित्र की तरह कटिबद्ध रहे। यह समझ ले कि उसका "जन्म ही सत्य पालन के लिये" हुआ है। "ऋतपाः ऋतेजाः क्षेषत्"–सत्य का पालक और सत्य पालन के लिये जीवन समर्पित करनेवाला दीर्घजीवी होता है। "सा देवयुः उरु ज्योतिः नशते" – वह देव उपासक परमेश्वर का विस्तृत तेज प्राप्त

करता है। उसकी सर्वज्ञ अग्नि, सम्राट वरुण एवं हितकारी मित्र रक्षा करते हैं। इससे वह निर्भय होता है।।ऋग्वेद 6.3.1।।

अग्ने स क्षेषट्टतपा ऋतेजा उरु ज्योतिर्नशते देवयुष्टे।
यं त्वं मित्रेण वरुणः सजोषा देव पासि त्यजसा मर्तमंहः।।
।।ऋग्वेद 6.3.1।।

यज्ञकर्म से शान्ति

"सूरः न अस्य दृशतिः अ–रेपा" – सूर्य के समान मनुष्य का दर्शन निष्पाप हो। "तं मर्त अंहः न, प्रदृप्तिः न" – उस मनुष्य को गर्व एवं पाप नहीं होता। "शमीभिः शशमे" – शान्ति देनेवाले कर्मों से शान्ति प्राप्त करता है। "दृप्ति" – गर्व, घमंड; "अ–दृप्ति" – गर्व रहित उत्तम व्यवहार। "ऋधद्वाराय अग्नये ददाश, यज्ञेभिः ईजे" – प्रदीप्त अग्नि में हवि अर्पण कर अनेक यज्ञ करे। जो मनुष्य यज्ञाग्नि में हवन करता है और अनेक यज्ञकर्मों को करके शान्ति लाभ करता है। उसे कभी मिथ्या घमंड, अहंकार आदि और पाप नहीं होता है। उसे पुत्र एवं पौत्रों की प्राप्ति होती है।।ऋग्वेद 6.3.2।। अर्थात् "शान्ति की कुंजी निरन्तर यज्ञकर्म है।"

ईजे यज्ञेभिः शशमे शमीभिर्ऋधद्वारायाग्नये ददाश।
एवा चन तं यशसामजुष्टिर्नाहो मर्तं नशते न प्रदृप्तिः।।ऋग्वेद 6.3.2।।

यज्ञ में ज्ञानियों का सत्कार हो

यह यज्ञ की अग्नि देवों को सत्कार करनेवाला है। इसमें सारतत्त्व एवं अन्य पवित्र द्रव्यों (वनोषधि) को अहुतियाँ दी जाती हैं। ये देवों के पास जाकर पहुँचती हैं। इस प्रकार देवों का सत्कार होता है। "इसी का अनुसरण करते हुए यज्ञ एवं जीवनयज्ञ में उत्तम गुणों से युक्त ज्ञानियों का सत्कार होना चाहिये"।।ऋग्वेद 6.4.1।।

यथा होतर्मनुषो देवताता यज्ञेभिः सूनो सहसो यजासि।
एवा नो अद्य समना समानानुशन्नग्न उशतो यक्षि देवान्।।
।।ऋग्वेद 6.4.1।।

यज्ञ से तेजस्वी कीर्ति

जो इस अग्नि की यज्ञ द्वारा सेवा करता है, वह विशेष ज्ञानवान् होकर तेजस्वी कीर्ति एवं धन्य करनेवाले धन से प्रकाशित होता है। मनुष्य बल वृद्धि की प्रेरणा करे एवं अपमृत्यु दूर करे।।ऋग्वेद 6.5.5।।

यस्ते यज्ञेन समिधा य उक्थैरर्कोभिः सूनो सहसो ददाशत्।
स मर्त्येष्वमृत प्रचेता राया द्युम्नेन श्रवसा वि भाति।।ऋग्वेद 6.5.5।।

यज्ञों का नाभि–अग्नि

अग्नि यज्ञों का नाभि–केन्द्र है, धनों का आलय है और अत्यन्त विराट् आश्रय स्थल है। ऐसे महान् अग्नि का प्रशंसा गान करते हैं। यह यज्ञ संचालक, यज्ञ ध्वज एवं मानवों का नेतृत्व कर्त्ता है। इसे देवों एवं विबुधों ने मिलकर अरणियों के मन्थन से उत्पन्न किया।।ऋग्वेद 6.7.2।।

नाभि यज्ञानां सदनं रयीणां महामाहावमभि सं नवन्त।
वैश्वानरं रथ्यमध्वराणां यज्ञस्य केतुं अनयन्त देवाः।।2।।
।।ऋग्वेद 6.7.2।।

परमात्मा पहिला होता

यह समस्त विश्व का संचालक–वैश्वानर अग्नि रूप में रहनेवाला परमात्मा पहिला होता–याजक है। हे मनुष्यों! इसे देखो, यह मर्त्य प्राणियों में अमर ज्योति है। यह सभी में शाश्वत रूप से रहता है और सबको व्यापता है। यह अमर है। यह शरीर के साथ उत्पन्न होकर बढ़ता जाता है। "अध्यात्मिक दृष्टि से अग्नि रूप के वर्णन से आत्मा का वर्णन किया गया है।" यह अखण्ड आयुष्य का दिव्य वस्त्र है। इसमें दिन एवं रात्रि के धागे बुने जा रहे हैं ।।ऋग्वेद 6.9.4।।

अयं होता प्रथमः पश्यतेममिदं ज्योतिरमृतं मर्त्येषु।
अयं स जज्ञे ध्रुव आ निसत्तो ऽमर्त्यस्तन्वा3 वर्धमानः।।4।।
।।ऋग्वेद 6.9.4।।

देव–इन्द्रियाँ : आत्मा को नमन

हे वैश्वानर अग्ने! आपको अन्धकार में रहनेवाले समस्त देवता नमन करते हैं। वे सभी अन्धकार से भयभीत हैं। यह वैश्वानर अग्नि हमारी रक्षा करे। सभी में जो नर रूप में होता है, वह वैश्वानर है। वह विश्व का अग्रणी है। अध्यात्मपरक अर्थों में "अन्धकार में रहनेवाले देव इन्द्रियाँ हैं। ये इन्द्रियाँ–देव इस आत्मा (वैश्वानर) को नमन करते हैं।" इससे इनका भय दूर होता है, आत्मा इन्हें शक्ति प्रदान करता है। यह देवों को निर्भय करता है। सारसंक्षेप में "वैश्वानर आत्मा है और मनादि एवं इन्द्रियाँ उसकी सेवा करनेवाले हैं।" दिन एवं रात्रि धागे हैं और उनसे आयुष्य रूप वस्त्र बुना जा रहा है।।ऋग्वेद 6.9.7।।

विश्वे देवा अनमस्यन् भियानास्त्वामग्ने तमसि तस्थिवांसम्।
वैश्वानरोऽवतूतये नो ऽमर्त्योऽवतूतये नः।।ऋग्वेद 6.9.7।।

यज्ञ : अग्नि को तीक्ष्ण सामर्थ्य प्राप्ति

मनुष्य वेद की ऋचाओं, स्तोत्रों आदि से यज्ञों द्वारा यज्ञवेदी में उत्तम ज्ञानी, अग्रणी अग्नि के तीक्ष्ण सामर्थ्य को प्राप्त करता है। कान्तिमान् यज्ञाग्नि धनधान्य एवं अनेक ऐश्वर्य प्रदान करता है।।ऋग्वेद 6.13.4।।

यस्ते सूनो सहसो गीर्भिरुक्थैर्यज्ञैर्मर्तो निशितिं वेद्यानट्।
विश्वं स देव प्रति वारमग्ने धत्ते धान्यं1 पत्यते वसव्यैः।।4।।
।।ऋग्वेद 6.13.4।।

अग्नि : सर्वज्ञ अग्रणी, कर्म कुशल द्रष्टा ऋषि

सर्वज्ञ अग्नि अग्रणी है एवं कर्म कुशल द्रष्टा ऋषि है। मानवी प्रजाजन इसी अग्नि की यज्ञ में स्तुति करते हैं।।ऋग्वेद 6.14.2।।

अग्निरिद्धि प्रचेता अग्निर्वेधस्तम ऋषिः।
अग्नि होतारमीळते यज्ञेषु मनुषो विशः।।2।।ऋग्वेद 6.14.2।।

यज्ञ से शत्रु पराभव : शत्रु कौन?

शत्रु के धन शत्रु से पृथक होते हैं और हमारे पास आने की त्वरा करते हैं। मनुष्य शत्रु (आन्तरिक–काम, क्रोध, मद, मोह, मत्सर, अज्ञान, अविद्या, चरम भौतिकवादी एषणा, विकृत मनोवृति, निराशावादी विचार आदि) का नाश करने के लिये और विरोधियों का पराभव करने के लिये यज्ञादि व्रत कर्म करते हैं। यह बहुत ही दुःखद है कि वैदिक मन्त्रद्रष्टा ऋषि बार्हस्पत्यो भरद्वाज अथवा ऋग्वेद की मूलभावना के ठीक विपरीत वेदोत्तर काल (पौराणिक–इतिहास काल) में शत्रुओं (व्यक्तियों) के संहार के लिये अथवा कुत्सित षट्कर्म–मारण, मोहन, उच्चाटन, स्तम्भन, विद्वेष एवं शान्ति के लिये (अभिचार) गोपनीय रूप से तान्त्रिक यज्ञ की समानान्तर धारा चली। जम्बूद्वीप भारतवर्ष में कामख्या देवी, महातारा पीठ, पीताम्बरा बगलामुखी, विन्ध्यवासिनी देवी, आकाश भैरव मन्दिर, प्रत्यंगरा देवी पीठ आदि को कथित रूप से इनका केन्द्र माना जाता है। पूर्व प्रधानमंत्री श्री पी.वी. नरसिम्हा राव ने सन् 1996 में लोकसभा चुनाव के बाद इसकी पुष्टि की। जयपुर के पूर्व राजगुरु पण्डित विद्यानाथ ओझा के अनुसार अधिकांश तांत्रिकों की मृत्यु भयानक होती है। ऋग्वेद इनकी घोर निन्दा करता है। इस ऋचा में मन्त्रद्रष्टा ऋषि यज्ञादि व्रत से आन्तरिक शत्रु नष्ट करने का उपदेश दे रहा है।।ऋग्वेद 6.14.3।।

नाना ह्य1ग्नेऽवसे स्पर्धन्ते रायो अर्यः।
तूर्षन्तो दस्युमायवो व्रतैः सीक्षन्तो अव्रतम्।।3।।ऋग्वेद 6.14.3।।

यज्ञ से दक्षता

"सः अवृकः त्वं दक्षस्य वृधः भूः" – मनुष्य स्वयं क्रूरता रहित होकर दक्षता की वृद्धि करनेवाला हो। हे यज्ञाग्नि! आप स्वयं क्रूरता रहित होकर, मेधावी दक्ष मनुष्य का संवर्धन करनेवाले हो। जो भरद्वाज अर्थात् अन्न के द्वारा दूसरों का भरण–पोषण करता है, उसी तरह मनुष्य भी क्रूरता रहित होकर (पशुभाव त्यागकर) दूसरे दक्ष मनुष्यों की दक्षता में संवर्धन करे। उनका पालन–पोषण कर बलवान् बनाये। इस प्रकार यज्ञ दक्षता प्रदाता है।।ऋग्वेद 6.15.3।।

स त्वं दक्षस्यावृको वृधो भूरर्यः परस्यान्तरस्य तरुषः।
रायः सूनो सहसो मर्त्येष्वा छर्दियेच्छ वीतहव्याय सप्रथो
भरद्वाजाय सुप्रथः।।3।।ऋग्वेद 6.15.3।।

यज्ञ श्रेष्ठकर्म : दिव्यगुणवान् ज्ञानी आमन्त्रित

यह अग्नि देवता यज्ञादि श्रेष्ठकर्म में देवों का दूत होकर द्युलोक, अन्तरिक्ष लोक और पृथिवीलोक तीनों में सर्वत्र घूमता है। यह यज्ञाग्नि तीनों तरह के संरक्षण से युक्त होकर यज्ञ कर्त्ता के लिये, हमारे लिये सुखकर हो। लोक में ज्ञानी–अज्ञानी; शूर–भीरु; ब्रह्मविद्–आसुरी प्रवृत्तिवान्; सबल–निर्बल; दक्ष–अदक्ष; सकारात्मक–नकारात्मक आदि दो प्रकार के मनुष्य होते हैं। वैदिक दर्शन–अध्यात्म समभाव का है। अतः इन सभी को कर्मानुसार सुख प्राप्त होना चाहिये। "परन्तु मनुष्य श्रेष्ठकर्म–यज्ञादि में दिव्य गुणवाले (ब्रह्म) ज्ञानियों को ही बुलाये। इस प्रकार वह शरीर, मन एवं बुद्धि तीनों तरह के संरक्षण से युक्त हो"।।ऋग्वेद 6.15.9।।

विभूषन्नग्न उभयाँ अनु व्रता दूतो देवानां रजसी समीयसे।
यत् ते धीति सुमतिमावृणीमहे ऽध स्मा नस्त्रिवरूथः शिवो भव।।9।।
।।ऋग्वेद 6.15.9।।

यज्ञ से सब कर्मों का ज्ञान : ब्रह्मज्ञान

"अविद्वांसः विदुस्–तरं सुप्रतीकं सुदृशं स्वंच सपेम" – हम अज्ञानी हैं, इसलिये हम महाज्ञानी, सर्वज्ञ, उत्तम सुदर्शन एवं अग्रणी (अग्नि) की सेवा करते हैं। वह हमें ज्ञान प्रदान कर ज्ञानी बनाने का अनुग्रह करे।। "विश्वा वयुनानि विद्वान्" – मनुष्य समस्त कर्मों का ज्ञान प्राप्त करे। अल्पज्ञान वाले उस सर्वज्ञ, शोभनांग, सुदर्शन, सुन्दर, गमनशील, अग्रणी (यज्ञ) अग्नि की परिचर्या करते हैं। वे यज्ञ (उत्तम कर्म, श्रेष्ठकर्म) करते हैं। यज्ञ में वह सम्पूर्ण कर्मों को करनेवाला अग्नि अमर देवों में हव्य पदार्थ (सत्कृत) की प्रशंसा करे। अर्थात् अज्ञानी को अपने से श्रेष्ठ ज्ञानी की सेवा करके अपने अज्ञान का नाश

कर स्वयं विद्वान् बनना चाहिये और आदर्श प्रगति करके स्वयं भी लोक में अग्रणी बने। वह सब कर्मों का ज्ञान प्राप्त करे। अर्थात् "सत्कृत, सत्संग एवं सत् चिन्तन से व्यक्ति ब्रह्मज्ञानी बन सकता है"।।ऋग्वेद 6.15.10।।

तं सुप्रतीकं सुदृशं स्वंचमविद्वांसो विदुष्टरं सपेम।
स यक्षद् विश्वा वयुनानि विद्वान् प्र हव्यमग्निरमृतेषु वोचत्।।10।।
।।ऋग्वेद 6.15.10।।

यज्ञ : सत्कर्म वृद्धि से दैवी शक्तियाँ

हे अग्ने! सबका विस्तार करनेवाले आप यज्ञ में उत्पन्न हो। देवत्व– दैवी शक्तियाँ की प्राप्ति की इच्छा रखनेवाले मनुष्य के कल्याण के लिये मरणरहित यज्ञ वर्द्धक देवों को लाने का अनुग्रह करो। हमारे यज्ञ को देवों को समर्पण करो।

ऐसे शुभकर्म (यज्ञकर्म) करने चाहिये जिससे समस्त सत्कर्म कर्त्ताओं की शक्ति में अभिवृद्धि हो। दैवी शक्तियों की प्राप्ति करनी चाहिये अथवा "सत्कर्म से दैवी शक्तियाँ प्राप्त होती हैं।" इससे सभी का कल्याण होना चाहिये। इसलिये सत्यमार्ग की वृद्धि करनेवाले अमर शक्तिवाली विभूतियों से अपना सम्बन्ध स्थापित करना चाहिये।।ऋग्वेद 6.15.18।।

अनिष्वा देववीतये सर्वताता स्वस्तये।
आ देवान् वक्ष्यमृताँ ऋतावृधो यज्ञं देवेषु पिस्पृशः।।18।।
।।ऋग्वेद 6.15.18।।

स्वाध्यायशील, यज्ञ में स्तुति

"स्वः" का अर्थ "आत्मा" है। स्व आत्मपरक सर्वनाम के रूप में है। उत्तर रामचरित में कहा है कि "स तस्य स्वो भावः प्रकृतिनियतत्वादकृतक।।6.14।।" अध्याय (अधि + इ + धञ्) का अर्थ है : अध्ययन, विशेषतः आत्मविद्या वेदादि का। स्वाध्याय का अर्थ – आवृत्तिपूर्वक वेदाध्ययन; शास्त्राध्ययन; वेद; अध्ययन; वह दिन जब अनध्याय के बाद वेदपाठ आरम्भ होता है।

हे अग्ने! हे अग्रणे! आप तेजस्वी हैं, इसलिये स्वाध्यायशील मनुष्य देव यज्ञ में आपकी स्तुति करते हैं। साथ ही आपका गुण वर्णन करते हैं। इससे पूर्व "स्वाध्याय को ब्रह्मयज्ञ" कहा गया है। यहाँ मन्त्रद्रष्टा ऋषि "स्वाध्यायशीलता द्वारा परम आत्मतत्त्व का उल्लेख" कर रहे हैं।।ऋग्वेद 6.16.7।।

त्वामग्ने स्वाध्यो3 मर्तासो देववीतये।
यज्ञेषु देवमीळते।।ऋग्वेद 6.16.7।।

सहस्रार कमल : आत्मारूप

"बाघतः विश्वस्य मूर्ध्नः पुष्करात् अधि अथर्वा त्वां निरमन्थत" – अथर्वा ने आधाररूप समस्त जगत् के शिरस्थान में रहनेवाले कमल से मन्थन करके आत्मारूप अग्नि को निकाला। इस ऋचा में ब्रह्मरन्ध्र–सहस्रार में स्थित आत्मा रूप का रहस्योद्घाटन किया गया है। इस ब्रह्मरन्ध्र में स्थित आत्मा को मन्थन करके प्राप्त कर सकते हैं। अथर्ववेद के केन सूक्त में कुण्डलिनी जागरण का विषद् वर्णन है। ब्रह्मरन्ध्र पर देवों के शास्ता, पँच भूतों के आदिभूत, त्रितत्त्वों के आदितत्त्व सर्वज्ञ रुद्र विराजमान् हैं। सहस्रार पहुँचते ही मनुष्य को दिव्य चेतना प्राप्त होती है।

शिर में "सहस्रार कमल" स्थित है। यह ही समूचे शरीर का आधार है। यहाँ ही "प्राण वायु में रहस्यमय दशम धनन्जय वायु अवस्थित" है। यहाँ से मज्जातन्तु समस्त शरीर में जाकर (ज्ञानेन्द्रियाँ एवं कर्मेन्द्रियाँ) समस्त कार्य करते हैं। इस शिर स्थानीय सरोवर के कमल से आत्मा रूप (अग्नि) का प्रगटीकरण हुआ। वेदांग (योगवेद) में शरीर के अन्तिम चक्र सहस्रार को सक्रिय करने की जटिल प्रक्रिया का वर्णन है। अथर्ववेद के केन सूक्त एवं केन उपनिषत् का अध्यात्मपरक भाष्य आचार्य शंकर का है। जिसमें सहस्रार तक पहुँचने की प्रक्रिया का वर्णन है। पिछले दशक में नोबल पुरस्कार प्राप्तों ने कहा कि सहस्रार में जगत् की भौगोलिक स्थिति सूचक (जी.पी.एस.) समाहित है। भारतवर्ष के ऋषि–मुनि–केशी–साधक सहस्रार से विश्व के किसी भी शहर में सीधे सम्पर्क करते रहे।

परम पवित्र कैलास महापर्वत के हिमनदों में वैदिक ऋषियों द्वारा संचालित अदृश्य सिद्धाश्रमों के महातपा गण विश्वभर में मनोवेग से सम्पर्क एवं भ्रमण करते रहे (स्रोत : ज्ञानगंज)। "दा मास्टर्स पथ" के अनुसार 1600 वर्षीय महान सिद्ध कुथमी बाबा (मन की गति से) घोड़े पर बैठकर यूरोप पधारे। सन् 1941–1953 तक बदरिकाश्रम ज्योतिर्पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ब्रह्मानन्द सरस्वती सहस्रार कमल जाग्रत कर साक्षात वेद कहलाये। जयपुर के राजगुरु रहे पण्डित विद्यानाथ ओझा मुम्बई से सीधे विचार सम्प्रेषण (बिना अन्तर जाल–इण्टरनेट) सक्षम रहे। यही भावातीत ध्यान का आधार है।।ऋग्वेद 6.16.13।।

त्वामग्ने पुष्करादध्यथर्वा निरमन्थत।

मूर्ध्नो विश्वस्य वाघतः।।ऋग्वेद 6.16.13।।

इस ऋचा में ऋषिवर ने आत्मा के लिये अग्नि शब्द और सहस्रार कमल के लिये पुष्करपत्र शब्द प्रयुक्त किया है।

द्युलोक का मूल यज्ञ

अग्नि पुत्र है, उसकी माता पृथिवी है। पृथिवी का स्वामी द्युलोक है। द्यावापृथिवी ये दोनों परस्पर माता–पिता हैं। मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने नया रहस्योद्घाटन किया है कि "अग्नि तत्त्व द्युलोक का पिता है।" यह स्मरण रहे कि नासदीय सूक्त (ऋग्वेद 10.100.1–7) में सृष्टि उत्पत्ति क्रम में प्रमुख तीन कड़ियों का निर्देश है। प्रथम कड़ी में किसी भी तरह की द्वन्द्वात्मकता विद्यमान नहीं थी। केवल एक ही तत्त्व अत्र–तत्र–सर्वत्र व्याप्त रहा। दूसरी कड़ी में यह एक तत्त्व "आभु" यानी "निर्मित होने पर उतारू हुआ।" इसे चारों ओर से आपः (ब्रह्माण्डीय दिव्य जल) ने घेर लिया। यह आपाततः दब गया। फिर भी अपने तप की सामर्थ्य से प्रगट हो सका। ठीक इसी समय इस एकमेव आभु में सृष्टि निर्माण का काम पैदा हुआ। इसी से मानसिक सृष्टि का निर्माण हुआ। इसे कवियों ने "मन का रेत" कहा। मन्त्रद्रष्टा कवियों ने अपने हृदय में अन्वेषण करके यह स्पष्ट रूप से पहचान लिया कि सत् यानी व्याकृत नामरूप विश्व का सम्बन्ध असत् यानी अव्याकृत नामरूप "एकम् आभु" के रूप में ऊपर निर्दिष्ट मायाच्छिन्न परमात्मा से है। एकमेव आभु में सृष्टि के निर्माण की अभिलाषा का उदय सृष्टि उत्पत्ति क्रम की दूसरी कड़ी है।

तीसरी कड़ी में इस एक तत्त्व का द्वैधीभाग (दो भागों में विभाजित) होना है। इसका एक अंश "रेतोधा" (पुमान् रूपी) बना और दूसरा "महिमा" (रेत के ग्रहण एवं संवर्धन के लिये आवश्यक नारी रूप) कहलाया। इन दोनों में पारस्परिक आकर्षण रूप–कामरूपी रश्मि (धागा) भी ऐंचा गया। इन दोनों में "महिमारूपी" अंश को "स्वधा" (बीज धारण करने की शक्ति) एवं "रेतोधी रूपी अंश को प्रयतिः (आगे फेंकनेवाली, अर्पण करनेवाली शक्ति)" संज्ञाएँ समर्पित की गई। नासदीय सूक्त के अन्त में कहा है कि "सृष्टि का गूढ़ रहस्य (यह किससे और कैसे अर्थात् अनिच्छा से या इच्छा के अनुसार पैदा हुई आदि) सृष्टि के उपरान्त ही उत्पन्न होनेवाले देवों को भी अगम्य है। यह सम्भवतः सबका नियन्त्रण करनेवाले परमात्मा को ज्ञात हो अथवा ज्ञान होने के बावजूद उसे भी इसका भान नहीं हो। सूक्त में "तपसः महिना" – स्वयं अपनी तपस्या से अथवा चेतन कारण वाद की ओर संकेत है।

बृहदारण्यकोपनिषत् (1.4.3) में लिखा है : "स (आत्मा) वै न रेमे। तस्मादेकाकी न रमते। स द्वितीयमैच्छत्। स ह एतावानास यथा स्त्रीपुमांसी संपरिष्वक्तौ। स इममेवात्मानं द्वेधा अपातयत्। ततः पतिश्च पत्नी च अभवताम्।।" ऋग्वेद के सुविख्यात पुरुष सूक्त (10.90.1–16) में "सृष्टि निर्माण को यज्ञकर्म" कहा गया है। यह आत्मयज्ञ सर्वस्वसमर्पण रहा। यज्ञ में

पुरुष का यज्ञीय द्रव्य के रूप में उपयोग किया गया। यज्ञ में हव्य के रूप में समर्पित होने के उपरान्त दूसरा पुरुष सृष्टि रूप में परिवर्तित हुआ।

नासदीय सूक्त और पुरुष सूक्त के गूढ़तम रहस्य को इस ऋचा में ओर गहराते हुए कहा है कि अग्नि (परमेष्ठी तत्त्व) पिता (द्युलोक) का भी पिता है। द्युलोक का जनक मूल अग्नितत्त्व–परमेष्ठी तत्त्व–रुद्रतत्त्व (रुद्र–अग्नि स्वरूप, सूर्यस्वरूप, वरुण स्वरूप, आदिमहाभूत, आदितत्त्व) है। इस मूल आग्नेय तत्त्व का केन्द्र सूर्य है। सूर्य से पृथिवी पर अग्नि का जन्म हुआ। इससे यज्ञ सम्पन्न होता है। रेतोधा और महिमा के मध्य यज्ञ ही सृष्टि कारक है।।ऋग्वेद 6.16.35।।

गर्भे मातुः पितुष्पिता विदिद्युतानौ अक्षरे।
सीदन्नृतस्य यानिमा।।ऋग्वेद 6.16.35।।

यज्ञ : अतिथि देव सत्कार

"अतिथि" – (अतति)– जो गतिमान् है, अतिथि के समान पूज्य है। यज्ञ में आये अतिथि के समान गृहपति को स्थापित करो और ज्ञानदाता सुखप्रदाता यज्ञाग्नि में आहवनीय द्रव्य अर्पण करो।

अर्थात् सर्वप्रथम यज्ञवेदी में अग्नि की स्थापना करनी चाहिये। उसके उपरान्त यज्ञाग्नि को प्रदीप्त कर उसमें हवन करना चाहिये। इसी तरह अतिथि के आने पर उसे ससम्मान प्रथम आसन पर बिठलाना चाहिये। उसके बाद उसका सत्कार करना चाहिये। यहाँ यज्ञ में अतिथि का देवता की तरह आदर, सत्कार हुआ। इसी के अनुसरण में "अतिथि देवो भव" की समृद्ध परम्परा वेदकाल से प्रारम्भ हुई।।ऋग्वेद 6.16.42।।

आ जातं जातवेदसि प्रियं शिशीतातिथिम्।
स्योन आ गृहपतिम्।।ऋग्वेद 6.16.42।।

यज्ञकर्म परिभाषित : श्रेष्ठकर्म

हम उस परमेष्ठी का वर्णन अपनी वाणी (वैदिक ऋचाओं–स्तोत्र–गुणगान–स्मरण) से करें। यह परमेष्ठी प्रशस्त यज्ञकर्म से प्रसन्न होता है। "यह प्रशस्त यज्ञकर्म–श्रेष्ठों का सत्कार, आपसी संघटन, दीनों का उद्धार, देव अर्चना, स्वाध्याय, शुभकर्म–सत्कृत से होता है।" इससे परमेष्ठी के यश में वृद्धि होती है। जिससे वह प्रसन्न होता है। इस परमेष्ठी की महिमा द्युलोक एवं पृथिवी के विस्तार से भी बहुत विस्तीर्ण है।।2।।

इस विश्व में जो गति हो रही है, सभी पदार्थ अपना–अपना (निर्धारित) कार्य कर रहे हैं, ये समस्त कर्म इसी परमेष्ठी के हैं। परन्तु वह परमेश्वर स्वयं कहाँ है, यह पता नहीं चलता? परमेष्ठी स्वयं निराकार, अदृश्य,

अज्ञात रहकर यह समस्त कार्य कर रहा है। यह भी रहस्य ही है कि वह कहाँ एवं किस स्थान पर रहता है और किन प्रजाओं में रहता है? यह सभी अज्ञात है। यह भी अनुत्तरित पहेली अथवा यक्षप्रश्न है कि परमेष्ठी किस कार्य यज्ञ से से प्रसन्न होता है? यह भी अज्ञेय है कि उस परमेष्ठी का वरण किस ज्ञान एवं मन्त्र–ऋचा से किया जा सकता है? यह अवश्य है कि "जो इस ज्ञान को जान लेता है, वह परमेष्ठी को प्राप्त करने में सफल हो जाता है"।। 14।।ऋग्वेद 6.21.2, 4।। इन ऋचाओं में इन्द्र परमेष्ठी सूचक है।

तमु स्तुष इन्द्रं यो विदानो गिर्वाहसं गीर्भिर्यज्ञवृद्धम्।
यस्य दिवमति मव्हा पृथिव्याः पुरुमायस्य रिरिचे महित्वम्।।2।।
यस्ता चकार स कुह स्विदिन्द्रः कमा जनं चरति कासु विक्षु।
कस्ते यज्ञो मनसे शं वराय को अर्क इन्द्र कलमः स होता।।4।।

।।ऋग्वेद 6.21.2, 4।।

नौमास, दस मास यज्ञ

पुरातन नव (नौ) महिने का यज्ञ करनेवाले सात ब्रह्मज्ञ हविष्यान्न सिद्ध करनेवाले पितरों ने शत्रुनाशक, समस्त संकटों से तारक, पर्वत अथवा द्युलोक में रहनेवाले, द्रोहरहित भाषण कर्त्ता, अतिशय बलिष्ठ परमेष्ठी की बुद्धिपूर्वक स्तुति की। इससे स्पष्ट है कि ऋग्वेद काल में नवग्व–दशग्व अर्थात् नौ मास एवं दश मास तक यज्ञ किया जाता रहा। इसे सात ब्रह्मज्ञ सम्पन्न करते और इसमें ब्रह्म ज्ञानियों की स्तुति होती रही। वेद में इससे पूर्व अष्ट ऋत्विक् एवं सप्त होताओं का उल्लेख आया है।।ऋग्वेद 6.22.2।।

तमु नः पितरो नवग्वाः सप्त विप्रासो अभि वाजयन्तः।
नक्षद्दाभं ततुरिं पर्वतेष्ठामद्रोघवाचं मतिभिः शनिष्ठम्।।2।।

।।ऋग्वेद 6.22.2।।

सोमयज्ञ : प्रज्ञाधन

मन्त्रद्रष्टा ऋषि सुहोत्रो भारद्वाज ने इन्द्र विषयक सूक्त में स्पष्ट किया है कि "सोमयज्ञ करने से प्रज्ञा के साथ धन (प्रज्ञाधन) प्राप्त" होता है। प्रज्ञा का अर्थ है : मेधा, बुद्धिमत्ता, विवेक, समझ। "आकारसदृशप्रज्ञः प्रज्ञया सदृशागमः।। रघुवंश।।" "शस्त्रं निहन्ति पुरुषस्य शरीरमेकं प्रज्ञा कुलं च विभवं च यशश्च हन्ति।" सुभाषित रत्नाकर।। हे सर्वज्ञ सोमप्रिय इन्द्र! जिस समय आपने सोमयज्ञ करनेवाले दिवोदास को प्रज्ञा (विवेक, मेधादि) के साथ धन दिया और स्तुति कर्त्ता भरद्वाज को अध्यात्मिक, अधिदैविक, अधिभौतिक धन दिया, उसी समय शंबर असुर की अनेक अभेद्य पुरियों का विध्वंस किया।।ऋग्वेद 6.31.4।।

त्वं शतान्यव शम्बरस्य पुरो अघन्थाप्रतीनि दस्योः।
अशिक्षो यत्र शच्या शचीवो दिवोदासाय सुन्वते सुतक्रे
भरद्वाजाय गृणते वसूनि।।4।।ऋग्वेद 6.31.4।।

यज्ञ से परमेष्ठी की महिमा वृद्धि
परमेष्ठी स्तुति से ज्ञान वृद्धि

यह परमेष्ठी सर्वव्यापक है। इसलिये इसका श्रवण तन्त्र (कान) जगत् में सर्वत्र फैला है। यही कारण है कि वह जगत् के किसी भी दूरस्थ से दूरस्थ स्थान में होनेवाले उच्चारण, स्तुति, चर्चा, संवाद आदि सुनने एवं समझने में समर्थ है। परमेष्ठी में श्रेष्ठ ज्ञान एवं वाक् अवस्थित है। परमेष्ठी मनुष्य की स्तुतियों–महान् यज्ञ से आकर्षित होकर उनके समीप आता है।।2।।

"यज्ञः इन्द्रं वर्धात्" – यज्ञ प्रभु परमेष्ठी की महिमा को बढ़ाते हैं। "ब्रह्म इन्द्रं वर्धात्" – ज्ञान परमेष्ठी की महिमा में वृद्धि करता है। यह परमेष्ठी (इन्द्र) आदिकाल से होने के उपरान्त जरा रहित है, कभी वृद्ध नहीं होता है, नित्य वरुण है। उसके सर्वोत्कृष्ट बुद्धि–ज्ञान की उच्च स्वर में अर्चनाओं से स्तुति करते हैं। इस परमेष्ठी रूप इन्द्र में समस्त प्रकार का श्रेष्ठतम ब्रह्मज्ञान–आत्मज्ञान–सृष्टिज्ञान और स्तुतियाँ समाहित हैं। प्रत्येक प्रकार का महान् यज्ञ उसी से बढ़ता है। परमेष्ठी स्तुति से (ब्रह्म–आत्म–सृष्टि) ज्ञान वृद्धि होती है। मन्त्रद्रष्टा ऋषि बार्हस्पत्यो भरद्वाज ने यज्ञ से परमेष्ठी की महिमा में बढ़ोत्तरी एवं निरन्तर परमेष्ठी स्मरण का उपदेश दिया।।3।।ऋग्वेद 6.38.2, 3।।

दूराच्चिदा वसतो अस्य कर्णा घोषादिन्द्रस्य तन्यति ब्रुवाणः।
एयमेनं देवहूतिर्ववृत्यान्मद्य1 गिन्द्रमियमृच्यमाना।।2।।
तं वो धिया परमया पुराजामजरमिन्द्रमयनूष्यर्कै।
ब्रह्मा च गिरो दधिरे समस्मिन् महाँश्च स्तोमो अधि वर्धदिन्द्रे।।3।।

"अस्य कर्णा दूरात् चित् आवसतः" – इस परमेष्ठी के कर्ण दूर से दूर की भी सुनते हैं। "इन्द्रस्थ ब्रुवाणः घोषात् तन्यति" – परमेष्ठी की स्तुति का पाठ उच्च स्वर में किया जाता है।।ऋग्वेद 6.38.2, 3।।

यज्ञीय सोम : काल गणना कर्त्ता
चन्द्रमा संवत्सर : चन्द्र वर्ष गणना

सोमयज्ञ में दिव्य तेजस्वी सोम देवताओं को अर्पित किया जाता है। "इस सोम ने अन्धेरी–अप्रकाशित रात्रि, दिन (पक्ष, मास, अयन) और वर्ष प्रकाशित किये। सोम स्वरूप चन्द्रमा ने काल की गणना की।" चन्द्रमा की गति से दिवस, मास, वर्ष आदि हुए। वास्तव में सोम–चन्द्रमा दिनों का ध्वज

जैसा प्रज्ञापक है। भाग्य के देवता की भगिनी और रुद्र स्वरूप सूर्य की दुहिता उषाओं ने इस चन्द्रमा को अपने तेज से, शुद्धता से तेजस्वी करके जन्म से प्रसिद्ध किया। सोमस्वरूप चन्द्रमा से भी अनेक उषाएँ प्रकाशित होती हैं।

इस ऋचा में यज्ञीय सोम को "चन्द्रमा स्वरूप संज्ञा देकर काल गणना कर्त्ता घोषित किया गया है।" इसप्रकार सोम–"चन्द्रमा संवत्सर" है। "संवसन्ति ऋतवोऽत्र–संवस् + सरन्।।" अतः "वेदकाल से चन्द्र वर्ष गणना का शुभारम्भ" हुआ। यह यक्षप्रश्न है कि क्या हमें आकाश में दिखाई देनेवाला चन्द्रमा ही सोमप्रधान चन्द्र है? वास्तव में वेदवर्णित दिव्य सोममय चन्द्रमा अलग है। मन्त्रद्रष्टा ऋषि उसी अदृश्य अज्ञेय सोममय चन्द्र का उल्लेख कर रहा है। पौराणिक काल–इतिहासकाल (रामायण, जयसंहिता) में चन्द्रवंश एवं सूर्यवंश का वृत्तान्त मिलता है। चन्द्रवंशी को भोगपरक कहा गया। परिणामतः वैदिक ज्ञानकर्म का दिव्य सोम का सूक्ष्म तत्त्व नेपथ्य में चला गया। वेद के अनुसरण में अन्य धर्मों में चन्द्र को प्रमुख माना गया।।ऋग्वेद 6.39.3।।

अयं द्योतयदद्युतो व्य1 क्तून् दोषा वस्तोः शरद इन्दुरिन्द्र।
इमं केतुमदधुर्नू चिदव्हां शुचिजन्मन् उषसश्चकार।।3।।
।।ऋग्वेद 6.39.3।।

यज्ञ में ऋचा पाठ का ध्येय परमेष्ठी प्राप्ति

प्रत्येक यज्ञ में (वैदिक) ऋचाओं का पाठ एवं परमेष्ठी की स्तुतियाँ की जाती हैं। मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने उदाहरण दिया कि गौवें बछड़े के पास ही जाती हैं। उसीतरह समस्त ऋचाएँ–स्तुतियाँ परमेष्ठी के पास जाती हैं। स्तुतियों का ध्येय परमेष्ठी प्राप्ति है।।ऋग्वेद 6.45.28।।

इमा उ त्वा सुतेसुते नक्षन्ते गिर्वणो गिरः।
वत्सं गावो न धेनवः।।ऋग्वेद 6.45.28।।

यज्ञ संगठन कर्त्ता!

हे अग्रणे! आप महान् देवों का यजन अर्थात् संगठन कर्त्ता हो। अतः हमारे यज्ञों में भी देवों का संगठन कर अनुग्रहीत करें। साथ ही सत्य बुद्धिपूर्वक कर्म करें। आप देवों को प्रेरणा दें कि वे हमें सद्ज्ञान, सद्बुद्धि और रक्षा करने के लिये हमारे पास आवें। फलस्वरूप मनुष्य स्वयं महान् होकर ज्ञानियों का सत्कार करे और स्वयं भी प्रत्येक कर्म में देवों–ब्रह्मज्ञों–विद्वानों का सत्कार करे।।ऋग्वेद 6.48.4।।

महो देवान् यजसि यक्ष्यानुषक् तव क्रत्वोत दंसना।
अर्वाचः सीं कृणुह्यग्नेऽवसे रास्व वाजोत वंस्व।।4।।
।।ऋग्वेद 6.48.4।।

सत्ययज्ञ के गर्भ में अग्नि

मन्त्रद्रष्टा ऋषि शंयुर्बार्हस्पत्य (तृणपाणि) ने स्पष्ट किया कि "सत्ययज्ञ के गर्भ में अग्नि" होता है। यज्ञ के मध्य में जो अग्नि होता है, वह यज्ञाग्नि कहलाता है। पृथिवी के उत्तम स्थान–यज्ञशाला में यह अग्नि निर्माण किया जाता है। मनुष्यों के द्वारा बल से मन्थन करके इस यज्ञाग्नि को निर्माण करते हैं। यह यज्ञ में रखा जाता है। इसमें यजन होता है। जल में अग्नि है, उसे वाडवाग्नि कहते हैं। मेघ के अन्दर व्याप्त वैद्युताग्नि है और वन में दावाग्नि रहता है। उधर यज्ञ के गर्भ में अग्नि है।।ऋग्वेद 6.48.5।।

यमापो अद्रयो वना गर्भमृतस्य पिप्रति।
सहसा यो मथितो जायते नृभिः पृथिव्या अधि सानदि।।5।।
।।ऋग्वेद 6.48.5।।

षट्कर्म यज्ञकर्त्ता : देवों द्वारा नष्ट
सदैव मन में उत्तम विचार रखें

मन्त्रद्रष्टा ऋषि ऋजिश्वा भरद्वाज ने विश्वेदेवा विषयक सूक्त में सीधे –सीधे षट्कर्म यज्ञ कर्त्ता अर्थात् नहीं करने योग्य (षट्कर्म, अभिचार, कुटिल कर्म आदि) के यज्ञ कर्त्ता को देवों द्वारा हीन अवस्था में पहुँचाने एवं नष्ट करने की चेतावनी दी है। ऋचा में कहा है : "जो नहीं करने योग्य (हीनकर्म, षट्कर्मम्, अभिचार, कृत्या प्रयोग आदि) यज्ञ करता है, ऐसा अयोग्य यज्ञ करनेवाला न ही द्युलोक में रह सकता है एवं न ही पृथिवी पर रह सकता है।" वह यज्ञ से प्राप्त होनेवाले फलों (सुपरिणामों) को भी प्राप्त नहीं कर सकता। उसे कभी शान्ति नहीं मिलती है। "सभी देव ऐसे अयोग्य यज्ञ करनेवाले को नष्ट करें और हीन अवस्था में पहुँचायें।" कुत्सित उद्देश्य के लिये यज्ञ कर्त्ता को उसके भयानकतम परिणाम भुगतने होते हैं।।1।। स्मरण रहे कि भारतवर्ष के महान् तान्त्रिकों की मृत्यु अत्यन्त भयानक हुई है।

मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने आगे कहा है : "हम मन में सदैव उत्तम विचार रखें। मन में कुविचार से हानि होती है।" अतः हमेशा मन में उत्तम तेजस्वी विचार ही रखने चाहिये। हम ऐसे देखें कि ऊपर आकाश में सूर्य आया है। सूर्य अज्ञान, अविद्या, अन्धकार नाशक है और ज्ञान, विद्या एवं प्रकाश का प्रतीक है। सूर्य दीर्घायु प्रदाता है। दिव्य पुरुषों को अपने पास लानेवाला धनपति संरक्षण शक्ति के साथ हमारे यहाँ पधारने का अनुग्रह करे और हमें धन्य करनेवाला धन देकर संरक्षण करे।।5।।ऋग्वेद 6.52.1, 5।।

न तद् दिवा न पृथिव्यानु मन्ये न यज्ञेन नोत शमीभिराभिः।
उष्जन्तु तं सुभ्व1ः पर्वतासो नि हीयतामतियाजस्य यष्टा।।1।।

विश्वदानी सुमनसः स्याम पश्येम नु सूर्यमुच्चरन्तम्।
तथा करद् वसुपतिर्वसूनां देवाँ ओहानोऽवसागमिष्ठः।।5।।
।।ऋग्वेद 6.52.1, 5।।

देव लक्षण : सत्यमार्ग एवं यज्ञ

सत्यमार्ग से चलनेवाले देव कहलाते हैं। ये ऋतुओं के अनुसार यज्ञ करने के लिये प्रसिद्ध हैं। देवों के दो लक्षण हैं। देव सत्य का प्रचार एवं ऋतु अनुसार कर्म करते हैं।।10।। महर्षि यास्क के निरुक्त के अनुसार देव का अर्थ – दान, दीपन, द्योतन, द्यु स्थान में होना आदि है। देव शब्द जगत् की प्रकाशमय एवं कल्याणकारी शक्तियों का प्रतीक है। यह सृष्टि के मूल में रहनेवाली अव्यक्त मूल सत्ता के विविध रूपों का प्रतीक है। वेद में परमेष्ठी की शक्ति के विभिन्न रूपों की कल्पना देवों के रूप में की गई है। साथ ही वेद में सावधान किया है कि परमसत्ता–परमेष्ठी–परमब्रह्म एक है। ब्रह्मज्ञानी अथवा महाज्ञानी उसको विविध प्रकार से अग्नि, यम, मातरिश्वा आदि देवताओं के रूप में कहते हैं। "एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति, अग्नि यमं मातरिश्वानमाहुः।" ऋग्वेद के मण्डलों में रहस्योद्घाटन किया है कि सत्य ही ऋत है, सत्य ही ब्रह्म है और ब्रह्म ही यज्ञ है। इस ऋचा में बहुत ही सरल, सहज रूप से देवता की व्याख्या की गई है।

पुरुष सूक्त की 17वीं ऋचा के अनुसार परमेष्ठी ने मनुष्य शरीर आदि को रचा : "अद्भ्यः संभृत ..... तन्मर्त्त्यस्य देवत्वमाजानमग्रो।।" अतः मननशील मनुष्य भी दिव्य कर्म करके देवता कहलाते हैं। परमब्रह्म की उपासना से ब्रह्मविद्या; विशेष ज्ञान–विज्ञान, वेद आदि अत्युत्तम गुणों की प्राप्ति होने पर मनुष्य भी देव रूप हो जाता है। परमेष्ठी की प्राप्ति, मोक्ष की इच्छा करके सर्वोत्तम कर्म–यज्ञ, ब्रह्म ज्ञान, उपासना आदि पुरुषार्थ के श्रेय मार्ग पर चलना चाहिये। श्रुति में कहा है कि मनुष्य बनो (मानवीय सद्गुणों को ग्रहण कर व्यवहार में चरितार्थ करना) और देवत्व प्राप्त करो।

वैदिक देवमण्डल में देवताओं को तीन भागों में वर्गीकृत किया गया है : 1. पृथिवी स्थानीय देवता; 2. अन्तरिक्ष स्थानीय देवता एवं 3. द्युस्थानीय देवता। जहाँ–जहाँ कोई विभूतितत्त्व होता है, वहाँ देव की परिकल्पना की गई है।

वैदिक दृष्टि से देवता, ईश्वर एवं परमेष्ठी तीन सोपान हैं। इसी शृंखला में अन्तरिक्ष, आकाश एवं परम आकाश तीन सोपान हैं। तीन ही तत्त्व हैं – सत्, रजस एवं तमस। तीन ही लोक हैं – पृथिवीलोक, अन्तरिक्षलोक एवं द्युलोक। ऋग्वेद में त्रिक् का अपना तिलिस्म है। वैदिक देवों के शास्ता

रुद्र तीन कालों – भूत, भविष्य एवं वर्तमान के अलावा सृष्टि रचना से पूर्व आदिकाल में आदिभूत, आदितत्त्व के रूप में (अव्यक्त रूप से) विद्यमान रहने से तीनों लोकों के पिता ''त्र्यम्बक'' हैं, महाकाल हैं। वे सभी वैदिक देवों में महान् होने से महान्देव–महादेव और प्राणी रूप पशुओं के अधिपति होने से ''पशुपति'' हैं। त्र्यम्बक रुद्र सत्य धर्मा होने से वेद में ही अपने पातकी पुत्र प्रजापति का वध करते हैं। त्र्यम्बक रुद्र प्रजापति की रचना कर उसे सृष्टि संरचना कार्य सौंपकर स्वयं निर्लिप्त हो जाते हैं (रुद्र विद्या)। यह भी उल्लेखनीय है कि ब्रह्माण्डव्यापिनी शक्ति विष्णु को यज्ञ कहा गया है (विष्णुविद्या)।।ऋग्वेद 6.52.15।।

ये के च ज्मा महिनो अहिमाया दिवो जज्ञिरे अपां सधस्थे।
ते अस्मभ्यमिषये विश्वमायुः क्षप उस्त्रा वरिवस्यन्तु देवाः।।15।।
।।ऋग्वेद 6.52.15।।

देव समभाव स्थापना कर्त्ता

सबके पालक पूषा देवता के सूक्त में देव द्वारा मानवीय हृदय में ''समभाव'' स्थापना का शंखनाद किया गया है। ''तेजस्वी पूषा देव सबका पोषक है और ज्ञान से प्रेरित होकर शस्त्र धारण करता है। इसका अभिप्राय यह है कि शस्त्र हमेशा ज्ञानपूर्वक, सम्पूर्ण विचार पूर्वक, विवेक पूर्ण चलाया जाय, कभी भी शस्त्र का अविवेक से उपयोग नहीं करना चाहिये।'' ये देव! सबके विषय में समभाव रखनेवाला है। उसके हृदय के समभाव को यथावत् लिखकर रखने का अनुग्रह करें। वह सभी के लिये आदर्श हृदय भाव होगा। अतः उसके समभाव को यथावत् लिख कर रखना अत्यावश्यक है। समभाव की प्रतिस्थापना के लिये हृदय को रिक्त करना आवश्यक है। यह भी कृपा कर कि हृदय में कोई बुराई नहीं रहे, हृदय परिशुद्ध हो। चौंके नहीं! लंकेश्वर दशकन्धर रावण ने ''रुद्र ताण्डव स्तोत्र'' में पशुपति रुद्र से ''समभाव प्रदान करने'' की प्रार्थना की है। ब्रह्मर्षि दुर्वासा ने ''परम शम्भु महिम्न स्तोत्र'' में रुद्र से ''समभाव'' चाहा है।।ऋग्वेद 6.53.8।।

यां पूषन् ब्रह्मचोदनीमारां विभर्ष्याघृणे।
तया समस्य हृदयमा रिख किकिरा कृणु।।18।।
।।ऋग्वेद 6.53.8।।

रात्रि पुत्र पूषा यज्ञ का नेता

पूषा देवता को विमोकी–रात्रि का पुत्र कहा गया है। ''विमुच्'' का अर्थ अंहस् अथवा संकट से मुक्ति है। ऋग्वेद के आठवें मण्डल (8.4.15–16) में पूषा एवं इन्द्र को विमोचन कहा गया है। ''दिधिषु''–पालन करने की

अभिलाषा रखनेवाला, अथवा वर बनने का इच्छुक। "जार" का अर्थ "अवैध प्रेमी" है, यौवन–कौमार्य नष्ट करनेवाला है। इसलिये जार अथवा यार शब्द निन्दनीय है। "स्वसु" का अर्थ उषा है। "मातुः दिधिषुम स्वसु जारः" – का अभिप्राय रात्रि एवं उषा दोनों का प्रभुत्व दिखानेवाला पूषा। उधर सूर्य एवं अग्नि एक रूप होने से उषा अग्नि की पुत्री है। ऋग्वेद (7.78.3) के अनुसार उषा ने सूर्य, यज्ञ एवं अग्नि को जन्म दिया : "एता उ त्याः प्रत्यदृश्रन् पुरस्ता–ज्ज्योतिर्यच्छन्ती रुषसो विभातीः। अजीजनन् त्सूर्यं यज्ञमग्निमपाचीन तमो अगादजुष्टम्।।" अजीजनन्" – जन्म।

इस ऋचा में कहा है कि "हे विमोकी–रात्रि पुत्र पूषा! आप हमारी ओर पधारो। हे शत्रुओं को ताप देनेवाले पूषन्! हम दोनों साथ रहें। आप यहाँ आकर इस यज्ञ के नेता बनने का अनुग्रह करो।।ऋग्वेद 6.55.1।।

एहि वां विमुचो नपादाघृणे सं सचावहै।
रथीर्ऋतस्य नो भव।।ऋग्वेद 6.55.1।।

सविता यज्ञस्वरूप

जगत् का प्रसव करनेवाले, उत्तम कर्म करनेवाले उस सविता देव ने निश्चय से दान देने के लिये अपने सुवर्णमय बाहू ऊपर उठाये हैं। उत्तम, दक्ष, नित्य तरुण एवं पवित्र यज्ञस्वरूप सविता देव रजोलोक के विविध रूपों में जल से युक्त अपने दोनों हाथ ऊपर उठाता है।।ऋग्वेद 6.71.1।।

उदु ष्व देवः सविता हिरण्यया बाहू अयंस्तु सवनाय सुक्रतुः।
घृतेन पाणी अभि प्रुष्णुते मखो युवा सुदक्षो रजसो विधर्मणि।।
।।ऋग्वेद 6.71.1।।

बृहस्पति का देवयज्ञ : प्रगतिगमियों के हितार्थ

बृहस्पति देवता ने प्रगति करनेवाले जनों के हित के स्थान हेतु "देवयज्ञ" किया। उन्होंने वृत्रादि शत्रुओं का संहार किया, उनके पुरों को ध्वस्त कर उन्हें पराजित कर विजय प्राप्त की। अर्थात् बुद्धि–मेधा के अधिपति ज्ञानियों–विद्वानों को उत्तम स्थान प्रदान करने के लिये "दैवी शक्तियों का देवयज्ञ" करते हैं।।ऋग्वेद 6.73.2।।

जनाय चिद् य ईषत उ लोकं बृहस्पतिर्देवहूतौ चकार।
घ्नन् वृत्राणि वि पुरो दर्दरीति जयंछँत्रूरमित्रान पृत्सु साहन्।।
।।ऋग्वेद 6.73.2।।

"देवहूतौ"–देवयज्ञ। यह देवयज्ञ बहुत ही रहस्यात्मक एवं अध्यात्मपरक है। ब्रह्म ज्ञान एवं सुमति के मार्ग पर चलनेवालों के आन्तरिक बाह्य शत्रुओं–संकटों को बुद्धि अधिपति नष्ट करते हैं।

सोम रुद्र यज्ञ : रोग उन्मूलन

यह उल्लेखनीय है कि ऋग्वेद में देवों के शास्ता, महाकाल, त्र्यम्बक रुद्र "महा भिषज्–वैद्यनाथ" हैं। ऋग्वेद में "चिकित्सकों को रुद्र की संज्ञा" दी गई है। साथ ही कठोरतम निर्देश है कि "चिकित्सक–वैद्य रूपी रुद्र रोगी का उपचार निःशुल्क करे और निःशुल्क ओषध प्रदान करे।" रुद्र भविष्य में आनेवाली महामारी को आंकते हुए उसकी ओषध वर्षों पूर्व तैयार करे। क्योंकि महामारी के समय वांछित वनोषधि उपलब्धि असम्भव होगी और यह आग लगने पर कुआँ खोदने के समान है। वह सदैव अपने पास आवश्यक–आपातकालीन ओषध रखे। अर्थात् "वैदिक काल में निःशुल्क चिकित्सा एवं ओषधदान की समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा रही।" यह संस्कृति उन्नीसवीं शती के पूर्वार्द्ध तक रही। उधर सोम वनस्पति सर्वरोग निवारक है। इस पृष्ठभूमि में इन ऋचाओं का स्वाध्याय करना चाहिये।

हे सोम एवं रुद्र! आप दोनों सामर्थ्य धारण करते हो। हमारा यज्ञ पूर्णता से आपके पास पहुँचे। हम यह आपके निमित्त कर रहे हैं। आप प्रत्येक घर में सप्त रत्न धारण करते हो। अध्यात्मिक रूप से देह भी आलय है। इसमें सप्त मूल तत्त्व हैं : "रसासृङ्.मांसमेदोऽस्थिमज्जा–शुक्राणु धातवः।।" ये रस, मांस, मेदा, अस्थि, मज्जा, शुक्राणु एवं रक्त हैं। वहीं दो नेत्र, दो कर्ण, दो नासिका एवं एक मुख भी सप्त रत्न हैं। आप हमारे लिये कल्याणकारी होकर हमारे स्वजन–परिजन एवं पशुधन का भी कल्याण करो।।1।।

हे सोम एवं रुद्र! (इस यज्ञ से) हमारे घर में प्रविष्ट सभी प्रकार के अल्पकालीन एवं दीर्घकालिक रोग दूर हों। पेट में अपचित अन्न से उत्पन्न होनेवाले समस्त प्रकार के रोग दूर करने का अनुग्रह करो। चारों प्रकारों से, शौचशुद्धि, मलशुद्धि, कोष्ठशुद्धि, रक्तशुद्धि आदि उपायों से रोग निवारण हो। हमारे समीप रोगमय दुरावस्था नहीं आये। हमें समस्त कल्याण, मंगल प्राप्त हों। हमारा उत्तम यश बढ़े।।2।।

हे सोम एवं रुद्र! आप दोनों हमारी देह में समस्त ओषध स्थापित करो। ऐसे ओषधों की योजना करो, जिससे हम रोग मुक्त हो जाये, अर्थात् निरोग रहें। हमारे शरीर में जो दृढ़मूल दोष हुआ हो, जो हमने पाप किया हो–असत्य कर्म किया हो, जिससे दोष हमारे शरीर में रहा हो, वह दोष हमसे

दूर करने का अनुग्रह करो। उस दोष से हमें मुक्त करो। आप ऐसा करने की कृपा करें कि हमें कोई रोग नहीं हो।।3।।

इस सूक्त की "सोमोरुद्रो यज्ञ विधि भी विस्मृति के गर्भ में" है। सोमोरुद्रों यज्ञ में सर्वोषधि, नवग्रह काण्ठ एवं 180 वनोषधि (सोमवल्ली) (कुल 203) सहित की सामग्री प्रयुक्त की जाने की परम्परा के उल्लेख मिलते हैं। ऋग्वेद में केशी के साथ विषपान करनेवाले शास्ता सर्वज्ञ रुद्र वन–वृक्ष–वनस्पति के अधिपति हैं। "पृथिवीलोक के स्वर्ग–त्रिविष्टपम्–पवित्रतम कैलास एवं हिमालयी शिखरों पर सोम वनस्पतियाँ मिलती हैं।" यह सूक्त "यज्ञ चिकित्सा" का आधारभूत सिद्धान्त प्रतिपादित करता है।

हे सोम और रुद्र! आप तीक्ष्ण आयुध एवं तीक्ष्ण शस्त्र धारण करते हो, हमें आधि–व्याधि से मुक्त कर सुखी करो। हमें देव सम्राट महानारायण वरुण के पाश से (जलजनित–असत्यजनित रोगों) मुक्त करो। आप यह कृपा करो कि हमारे समीप रोग नहीं आये। आप उत्तम मन वाले हो, आप हमारी रक्षा करो। अर्थात् हमारा मन उत्तम करो, उत्तम मन से रोगमुक्त होते हैं। मन की भावना शुद्ध रहने से आधि–व्याधि नहीं होती है। मन अशुद्ध रहने पर शरीर में रोग जन्म लेते हैं। अतः नीरोगता प्राप्ति का मूल मन्त्र शुद्ध मन सुस्थिर रहना है।।ऋग्वेद 6.74.1–4।।

सोमारुद्रा धारयेथामसूर्य1 प्र वामिष्टयोऽरमश्नुवन्तु।
दमेदमे सप्त रत्ना दधाना शं नो भूतं द्विपदे शं चतुष्पदे।।1।।
सोमारुद्रा वि वृहतं विषूचीममीवा या नो गयमाविवेश।
आरे बाधेयां निर्ऋति पराचैरस्मै भद्रा सौश्रवसानि सन्तु।।2।।
सोमारुद्रा युवमेतान्यस्मे विश्वा तनूषु भेषजानि धत्तम्।
अव स्यतं मुंचतं वन्नो अस्ति तनूषु बद्धं कृतमेनो अस्मत्।।3।।
तिग्मायुधौ तिग्महेती सुशेवौ सोमारुद्राविह सु मृळतं नः।
प्र नो मुंचतं वरुणस्य पाशाद् गोपायतं नः सुमनस्यमाना।।4।।
।।ऋग्वेद 6.74.1–4।।

यज्ञ : ऋचाओं में विषय की विभिन्न प्रकार से व्याख्या

6.1.9, 10; 6.2.2, 3, 6; 6.5.2; 6.7.5; 6.8.1, 2, 5, 7; 6.10.1, 3, 6; 6.11.1–5; 6.12.1–3; 6.15.2, 4, 12, 13, 14, 15, 16, 19; 6.16.1, 2, 9, 10, 11, 23, 24, 34, 41, 46; 6.21.1, 3, 8; 6.23. 4, 7, 10, 22; 6.25.6; 6.28.2, 3; 6.32.3; 6. 33.1; 6.34.2–4; 6.37.1–3; 6.40.4, 5; 6.41.2, 5; 6.44.15; 6.48.1, 2, 8; 6. 49.2, 11; 6.50.9; 6.51.3, 9; 6.52.2, 3, 7, 8, 12, 13, 17; 6.54.6; 6.59.3; 6. 60.11, 15; 6.61.12; 6.62.2; 6.63.4; 6.67.7, 2; 6.68.1, 2, 10; 6.69.3, 6।।

ऋग्वेदीय यज्ञ : सप्तम

।।"सुगंधित हविर्द्रव्य देवों को प्रिय"; यज्ञ उत्तम कर्म; "यज्ञ : मातृभाषा–मातृसभ्यता–मातृसंस्कृति तीन देवियाँ; दिव्य ज्ञानी की संगति करें; यज्ञाग्नि की तरह तेजस्वी, महाज्ञानी, बुद्धिमान, अमर हो; "यज्ञ : प्रशस्त कर्म"; "यज्ञ में सत्य का उपदेश"; "भरतयज्ञ : भरणपोषण यज्ञ;" यज्ञाग्नि जार, "यज्ञाग्नि वेद उत्पादक"; "ज्ञानी प्रशस्ततमकर्म–यज्ञकर्म करे"; "राष्ट्रयज्ञ : वसु आदि संचालक"; "वैदिक यज्ञ विधि"; "सभी वर्ण यज्ञाधिकारी;" वाग्यज्ञ; यज्ञ : मानवीय प्रवृत्ति ज्ञान; "याजक के गुण"; "यज्ञ : संगठन शक्ति"; पराशर, वशिष्ठ कौन?"; "यज्ञीय दान विधान;" दास, शुष्ण, कुयव कौन?; नृमन एवं देवतीती! आन्तरिक धारणाशक्ति में वृद्धि रहस्य; धन के प्रकार; "परमब्रह्म : सूक्ष्म एवं स्थूल स्थानों में व्याप्त"; सोमयाग, श्रेष्ठकर्म : दैवी शक्तियाँ सहायक; तीन यज्ञ : त्रिभुवन की शक्ति; "जीवनरूपी यज्ञशाला में शतसांवत्सरिक यज्ञ : सर्वज्ञ, महाज्ञानी प्रादुर्भाव;" सत्यपालन से यज्ञ क्षीण नहीं; वेद : ज्ञान सर्वस्व; ऋत्विक्–यज्ञकर्त्ता, आनेवाले पितर शान्ति दें; "यज्ञस्थान से सत्यज्ञान के सूक्त प्रसृत"; यज्ञ : उत्तम सिद्धिवाली बुद्धि; बुद्धिपूर्वक पुरुषार्थ से सर्वत्र यशस्वी; "यज्ञ अर्थात् उन्नति का पथ"; रुद्र : यज्ञ के फल में हिस्सा प्रदाता; यज्ञस्थल : जल देवियाँ रक्षा करें; यज्ञ : अग्नि उपचार; यज्ञ : दीनता रहित कर्त्ता; यज्ञ में गरिमापूर्ण, सुशोभित, सुसज्जित होकर भाग लें; "यज्ञकर्म : लोकरक्षण"; "यज्ञः शुभ दिनों में करें"; "त्र्यम्बक महामन्त्र एवं यज्ञ;" यज्ञकर्म : सत्यमार्ग; यज्ञ : शत्रु दूर; "सोमयाग में शचीपति–शक्ति अधिपति–रोगहर्ता; "हवि से कायाकल्प"; सोमादि पर्वत शिखर पर; "यज्ञ संघटन"; "प्राचीन ऋषि : ऋचाओं से साक्षात्कार"; दाशराज्ञ रणयज्ञ : यज्ञकर्त्ता सुदास की अकल्पनीय विजय; "यज्ञ सत्कृत"; "यज्ञकर्त्ता कौन"; यज्ञ : वंशागत दोष मुक्ति; प्रगति में अवरोध से पापवृत्ति; "शरीर रूपी नौका एवं परमेष्ठी"; दुःख निवारण के तीन साधन : प्रशस्त कर्म में शिथिलता से अवनति; "सत्यमन यज्ञकर्म से संयुक्त"; सर्वकल्याण, सर्वदुःखनिवारण यज्ञ; ज्ञानयज्ञ; सरस्वती यज्ञ : विघ्न बाधा दूर कर आगे बढ़ें; यज्ञ एवं नदी; यज्ञ कल्याण के लिये; ब्रह्मज्ञानी : द्यावापृथिवी; सृष्टियज्ञ; वषट् से आहुति; अत्रिरात्र नामक सोमयाग एवं सत्रयाग।।

सुगंधित हविर्द्रव्य देवों को प्रिय

मन्त्रद्रष्टा कवि मैत्रावरुणिर्वसिष्ठ ने अग्नि के सूक्त की ऋचा में नवरहस्योद्घाटन किया है कि "देवों को यज्ञीय सुगंधित हविर्द्रव्य अत्यन्त प्रिय हैं।" इसी आधार पर वैदिक काल से वर्तमान तक यज्ञ में देवों को सुगन्धित हवन सामग्री समर्पित करने की समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा चल रही है। परन्तु इसका वैदिक मन्त्र "त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्।।ऋग्वेद 7.59. 12।।" से कोई सम्बन्ध नहीं है। उसमें त्र्यम्बक और सुगन्धि का अलग अर्थ है (रुद्रविद्या देखें) (त्र्यम्बक – महाकाल त्रिलोकपति है, रुद्र का यश तीनों लोकों में सुगन्ध की तरह व्याप्त है। रुद्र तीन नेत्रवाला नहीं है। रुद्र के केश आकाशवत् होने से नीले भासते हैं। रुद्र का आयुध पिनाक धनुष एवं विद्युत्मय वज्र है। रुद्र की भगिनी जगन्माता अम्बिकी है और वाहन मूषक है।)।

हे अग्ने! हम इस अग्नि में आपको अतिप्रिय लगनेवाले सुगन्धित हवि द्रव्य अखण्डित रूप से समर्पित करते हैं। आप उन द्रव्यों को देवों के समूह तक पहुँचाने का अनुग्रह करो। हमारे द्वारा समर्पित ये "सुगंधित हवि द्रव्य देवों को अत्यन्त प्रिय एवं रुचिकर हो।।ऋग्वेद 7.1.18।। अतः ऋग्वेदीय यज्ञ विधान में अखण्डित सुगन्धित वनोषधि समर्पित की जाती रही।

इमो अग्ने वीततमानि हव्या ऽजस्रो वक्षि देवतातिमच्छ।
प्रति न ईं सुरभीणि ष्यन्तु।।ऋग्वेद 7.1.18।।

यज्ञ उत्तम कर्म

जो देव उत्तम यज्ञ का सम्पादन करनेवाले हैं, वे शुद्ध हैं एवं कर्मशक्ति–बुद्धि को धारण करते हैं। वे दोनों प्रकार के हविर्द्रव्यों का आस्वाद करते हैं। उनके मध्य में नरों द्वारा प्रशंसित एवं पूजनीय अग्नि की महिमा हम हविर्द्रव्यों के अर्पण के साथ वर्णन करते हैं।

अर्थात् जो उत्तम कर्म करनेवाले शुद्ध एवं प्रज्ञावान्–सुबुद्धिवान् हैं, उनमें जो समस्त मनुष्यों द्वारा प्रशंसित एवं सर्वाधिक पूज्य है, उसकी महिमा का वर्णन करना चाहिये। सभी मननशील मनुष्य उत्तम कर्म (यज्ञकर्म) करें, पवित्र हों, बुद्धि एवं उत्तम कर्मों को उत्तम रीति से करने की शक्ति को धारण करें ।।ऋग्वेद 7.2.2।।

नराशंसस्य महिमानमेषामुप स्तोषाम यजतस्य यज्ञैः।
ये सुक्रतवः शुचयो धियंसाः स्वदन्ति देवा उभयानि हव्या।।2।।
।।ऋग्वेद 7.2.2।।

यज्ञ : मातृभाषा, मातृसभ्यता–मातृसंस्कृति, मातृभूमि त्रिदेवी

वाणी, बुद्धि, भूमि–इळा, सरस्वती, भारती

दो दिव्य देवांगनायें–उषा एवं रात्रि हैं और यज्ञ में दर्भ के आसनों पर बैठनेवाली हैं। पूजनीय उषा एवं रात्रि समस्त दिव्य गुणों से युक्त और सर्वैश्वर्यशाली हैं। ये सभी के द्वारा प्रशंसित हैं। ये हमें हमारे कल्याण के लिये आश्रय देती हैं। उषा देवता सूर्य की दुहिता है और रात्रि के पुत्र पूषन् देवता हैं।।6।।

मानवों में अत्यन्त कुशलता से कर्म करनेवाले दिव्य होता गण की हम यज्ञ के लिये स्तुति करते हैं, साथ ही मानवी कुशल विश्वकर्माओं (दक्षतम कारीगरों) की। आप हवनों में हमारे हिंसा रहित यज्ञ कर्म को उच्च करो। दोनों देव हमारे लिये अध्यात्मिक, अधिदैविक एवं अधिभौतिक धन प्रदान करें। इस ऋचा का देवता ''दैव्यौ होतारो प्रचेतसौ'' है।।7।।

इस ऋचा का विषय ''तिस्रो देव्यः सरस्वतीळा–भारत्य'' (सरस्वती, इळा एवं भारती) है। ऋचा में ''सतत प्रवाहित संस्कृति–सभ्यता वाणी स्वरूपा सरस्वती'' है। ''भारती'' मातृभाषा स्वरूपा बुद्धि है। ''इळा'' मातृभूमि स्वरूपा है। अध्यात्मिक रूप से सरस्वती, भारती एवं इळा देवता क्रमशः मातृ सभ्यता –संस्कृति, मातृभाषा एवं मातृभूमि है। यज्ञ अर्थात् सत्कृत में इन तीन देवताओं का सत्कार होना चाहिये। इन तीनों देवों की उन्नति को ध्यान में रखकर मनुष्य प्रत्येक कर्म करे। ये तीनों ही अग्नि के रूप हैं। क्योंकि अग्नि से वाणी उत्पन्न होती है। मातृ सभ्यता–संस्कृति भी अग्नि की तरह तेजोमय है। भूमि अग्नि का ही स्थान है। पृथिवी के केन्द्र में नाभकीय अग्नि है। ऋचा में तीनों को अग्नि रूपा सूत्रात्मक रूप में कहा गया है। ये तीनों देवता यज्ञ में पधारकर आसन पर आसीन हों। इन तीनों देवों की भक्ति सदैव करनी चाहिये।।8।। वैदिक ऋषि ने यज्ञ प्रसंग में उपदेश दिया है कि वैदिक धारा में आस्थावान् मातृ सभ्यता–संस्कृति, मातृभाषा और मातृभूमि को सर्वोपरि रखें। इनकी रक्षा के लिये वैदिक काल में देवताओं और असुरों के मध्य निरन्तर संघर्ष चला।। ऋग्वेद 7.2.6–8।।

उत योषणे दिव्ये मही न उषासानक्ता सुदघेव धेनुः।
बर्हिषदा पुरुहूते मघोनी आ यज्ञीये सुविताय श्रयेताम्।।6।।
विप्रा यज्ञेषु मानुषेषु कारू मन्ये वा जातवेदसा यजध्यै।
ऊर्ध्वं नो अध्वरं कृतं हवेषु ता देवेषु वनथो वार्याणि।।7।।
आ भारती भारतीभिः सजोषा इळा देवैर्मनुष्येभिरग्निः।
सरस्वती सारस्वतेभिरर्वाक् तिस्रो देवीर्बर्हिरेदं सदन्तु।।8।।

।।ऋग्वेद 7.2.6–8।।

यह उल्लेखनीय है कि आक्रमणकारी यवन सम्राट एलकजेण्डर 2300 वर्ष पहिले विश्वविख्यात तक्षशिला विश्वविद्यालय से आर्ष ग्रन्थ और विद्वान् साथ ले गया और छह माह तक तक्षशिला का शेष ग्रन्थागार जलाया गया। सन 1838 में श्री मैकाले ने भारतवर्ष की सभ्यता–संस्कृति, धर्म, भाषा, विभिन्न भू–भागों के विकृतिकरण का भाषण दिया। परिणामतः उन्नीसवीं शती के उत्तरार्द्ध में आर्य संस्कृति का पुनरोत्थान करनेवाले ऋग्वेद आदि जर्मनी से मंगवाने पर विवश हुए। पश्चिमी विद्वानों ने वेद को आदिम काल का प्रलाप कहा। वैसे क्षमा करें! जम्बूद्वीप के लंकेश्वर दशानन रावण ने ऋग्वेद की दार्शनिक अध्यात्मिक व्याख्या की है, परन्तु ऋग्वेद का रावण भाष्य विस्मृति के गर्भ में है।

दिव्यज्ञानी की संगति करें!

दिव्यज्ञानी की संगति करनी चाहिये। दिव्यज्ञानी को अपने घर आमन्त्रित कर उनका सत्कार करना चाहिये। उन्हें उत्तम–उत्तम खाद्यान्न बनाकर देना चाहिये। ज्ञानीजन को छल एवं कपट से रहित होकर, सत्यपूर्वक भैंट, उपहार प्रेम से देनी चाहिये। ज्ञानियों के जीवनवृत से शिक्षा को अंगीकार कर स्वयं के जीवन का दिव्य स्वरूप बनाया जाए।।10।।

मनुष्य स्वयं तेजस्वी बने। साथ ही शीघ्रता से कार्य करनेवाले ब्रह्म ज्ञानियों की संगति में रहे। देवमाता अदिति की तरह सभी नारियाँ उत्तम सन्तानों के साथ रहें। ऐसी विदुषी एवं वीर माताओं का सर्वत्र सत्कार हो। अमर देव गण भी यज्ञ में उत्तम हवि आदि प्राप्त करके आनन्दित होते रहें। उत्तम संतानों की माता सदैव अदीन अथवा अदिति रहती है। वह हमेशा समर्थ होती है।।11।। इन दो ऋचाओं में मन्त्रद्रष्टा ऋषि "ज्ञानयज्ञ सत्र" और ज्ञान को जीवन में चरितार्थ करने की शिक्षा दे रहा है।

वनस्पतेऽव सृजोप देवानग्निर्हविः शमिता सूदयाति।
सेदु होता सत्यतरो यजाति यथा देवानां जनिमानि वेद।।10।।
आ याह्यग्ने समिधानो अर्वाङ्.न्द्रेण देवैः सरथं तुरेभिः।
बर्हिर्न आस्तामदितिः सुपुत्रा स्वाहा देवा अमृता मादयन्ताम्।।11।।
।।ऋग्वेद 7.2.10, 11।।

यज्ञाग्नि की तरह तेजस्वी, महाज्ञानी, बुद्धिमान्, अमर हो

मनुष्य इस तेजस्वी देव अग्नि की यज्ञ सभा में अनेक प्रकार के द्रव्यों –वनोषधियों आदि से सेवा करता है। यज्ञ में यज्ञाग्नि को प्रदीप्त करके उसमें पोषणकारक वनोषधियों आदि हव्य की आहुतियाँ देते हैं। इन आहुतियों से यज्ञाग्नि इतनी प्रकाशित होती है कि उसका तेज अशक्य हो जाता है।।3।।

मनुष्य इस अग्नि के समान तेजस्वी, ब्रह्मज्ञानी, बुद्धिमान् एवं अमर हो। ज्ञानी मनुष्य कभी भी किसी का नाश नहीं करता, वरन् रक्षा करता है। यदि ब्रह्मज्ञानी अज्ञानी जनों से घिर जाये तो भी उनके विषय में उत्तम विचार ही मन में धारण करता है।।4।। जो मनुष्य सज्जनों पर आये संकटों को अपने प्रयत्नों से दूर करता है, वह मनुष्य देवों के द्वारा निर्मित श्रेष्ठ स्थानों में विराजता है। उसके प्रति सभी अपने मन में–अन्तःकरण में उसके प्रति आदर भाव रखते हैं। ऋचा में सूत्रात्मक, अभिव्यंजनात्मक शैली में कहा है कि अग्नि अपने पुरुषार्थ से अमर देवों को सुरक्षित रखता है। अग्नि सभी तरह की ओषधियाँ, वृक्ष एवं भूमि अपने अन्दर धारण करता है, पालन पोषण करता है।। ऋग्वेद 7.4.3, 4, 5।।

अस्य देवस्य संसद्यनीके यं मर्तासः श्येतं जगृभ्रे।
नि यो गृभं पौरुषेयीमुवोच दुरोकमग्निरायवे शुशोच।।3।।
अयं कविरकविषु प्रचेता मर्तेष्वग्निररमृतो नि धायि।
स मा नो अत्र जुहुरः सहस्वः सदा त्वे सुमनसः स्याम।।4।।
आ यो योनिं देवकृतं ससाद क्रत्वा ह्य1 ग्निरमृताँ अतारीत्।
तमोषधीश्च वनिनश्च गर्भं भूमिश्च विश्वधायसं बिभर्ति।।5।।
।।ऋग्वेद 7.4.3, 4, 5।।

"यज्ञ : प्रशस्त कर्म"

अग्नि अर्थात् राजसत्ता जो यज्ञ नहीं करते, शुभ कर्म नहीं करते, सदैव वृथा भाषण देते हैं, हिंसा को बढ़ानेवाला वचन कहते हैं, पणियों की तरह अधिक सूद (ऋण पर ब्याज) लेते हैं, परमेष्ठी में अनास्थावान् हैं, हीन अवस्था को पहुँचानेवाला व्यवहार करते हैं, उनको शीर्ष पदों पर नहीं रखना चाहिये। यदि ऐसे व्यक्ति उच्च पदों पर हों तो उन्हें उन पदों से तत्काल हटाना हितकर है। उन स्थानों पर जो प्रशस्ततम कर्म–यज्ञकर्म करते हैं, सदैव हितकारी भाषण करते हैं, श्रद्धालु हैं, मित्रवत व्यवहार करते हैं, सूद आदि व्यवहार नहीं करते हैं, ऐसे उन्नतिशील तेजस्वी को शीर्ष पदों पर स्थापित करें।।ऋग्वेद 7.6.3।।

न्यक्रतून ग्रथिनो मृध्रवाचः पणींरश्रद्धाँ अवृधाँ अयज्ञान्।
प्रप्र तान् दस्यूँरग्निर्विवाय पूर्वश्चकारापराँ अयज्यून्।।3।।
।।ऋग्वेद 7.6.3।।

यज्ञ में सत्य का उपदेश

इस ऋचा में "बृहद यज्ञोत्सव" का वर्णन है। इससे पहिले मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने सूक्त की तीसरी ऋचा में कहा है कि "यज्ञशाला का द्वार पूर्वाभिमुखी

हो।'' जब यज्ञ सत्र चलते हैं, उस समय यजमान एवं उसके स्वजन–परिजन यज्ञ में आये हुओं को अन्न धान्यादि प्रदान करते हैं। कुछ अध्वर्यु आदि यज्ञ के मननीय संस्कार करने में व्यस्त रहते हैं और अन्य ऋत्विक् गण यज्ञाग्नि को प्रदीप्त करने में लगे रहते हैं। परन्तु कुछ ''ऋत्विक्–ब्रह्मज्ञानी यज्ञ में सत्य का उपदेश देते हैं।।ऋग्वेद 7.7.6।।'' इस सूक्तानुसार ऋग्वेदीय यज्ञ विधान में दो सूत्र सम्बद्ध हुए : 1. यज्ञवेदी पूर्वोमुखी हो; 2. यज्ञ में सत्यज्ञान का उपदेश हो।

एते द्युम्नेभिर्विश्वमातिंरन्त मन्त्रं ये वारं नर्या अतक्षन्।
प्र ये विशस्तिरन्त श्रोषमाणा आ ये मे अस्य दीधयन्नृतस्य।।6।।
।।ऋग्वेद 7.7.6।।

''भरतयज्ञ : भरणपोषण यज्ञ''

यह अग्नि ''भरत के यज्ञ'' में प्रसिद्ध हुआ। उस समय वह सूर्य के समान अत्यन्त तेज से प्रकाशता रहा। यह महासंग्राम में ''पुर नामक असुर'' के विरोध में खड़ा रहा। यह अतिथि के समान पूज्य हो प्रज्ज्वलित हुआ। ''भरत पद'' का अर्थ ''भरणपोषण में समर्थ'' है और ''पुरु का अर्थ'' पुरवासी (नगरवासी) अथवा ''सभी भोग साधनों से परिपूर्ण एवं लिप्त शत्रु ही पुरु है।'' यज्ञ के द्वारा अग्नि ने भरत का हित और पुरु का संहार किया। यह युद्धों में शत्रु के पराभाव के लिये सदैव स्थिर रहता है।।ऋग्वेद 7.8.4।।

प्रप्रायमग्नि र्भरतस्य शृण्वे वि यत् सूर्यो नरोचते बृहद् भाः।
अभि यः पुरुं पृतनासु तस्यौ द्युतानो दैव्यो अतिथिः शुशोच।।4।।
।।ऋग्वेद 7.8.4।।

यज्ञ की अग्नि–जार

वैदिक शब्द यायावर की तरह हैं। वे अपना रूप (अर्थ) नया–नया धारण करते हैं। इससे पहिले ''जार'' शब्द का अर्थ कौमार्य नष्ट करनेवाला प्रेमी आया है। इस सूक्त में ''जार का अर्थ स्तुति करनेवाला'' है (पूर्व में जार का अर्थ आयु नष्ट करनेवाला भी आया)। यज्ञ वेदी में अग्नि प्रदीप्र होते ही ऋचाएँ–मन्त्र–स्तुति पाठ होता है। यज्ञकर्म का आरम्भ होते ही अन्यान्य देवों को भी बुलाया जाता है। इससे सभी आनन्दित होते हैं। यह यज्ञ की अग्नि सर्वज्ञ– महाज्ञानी और परिशोधन करनेवाला है। यह उषःकाल में ही जागृत होता है। यह अपने शरीर एवं आत्मा दोनों की पवित्रता से कर्म करता है। यह देवों को यज्ञ में लाता है। यह स्वयं आनन्द में रहकर दूसरों को भी प्रसन्न रखता है ।।ऋग्वेद 7.9.1।।

अबोधि जार उषसामुपस्थाद्धोता मन्द्रः कवितमः पावकः।

दधाति केतुमुभयस्य जन्तोर्हव्या देवेषु द्रविणं सुकृत्सु।।1।।
।।ऋग्वेद 7.9.1।।

यज्ञाग्नि वेद उत्पादक

ऋग्वेद के मन्त्रद्रष्टा ऋषि मैत्रावरुणिर्वसिष्ठ ने सप्तम मण्डल के 9वें एवं 14वें सूक्त में अभूतपूर्व अप्रत्याशित रहस्योद्घाटन किया है, कि "वेद की उत्पत्ति यज्ञ से हुई।" आदिज्ञानी (अग्नि) मनुष्य के युगों में यज्ञ के समय में स्तुत्य है। यह "यज्ञ की अग्नि वेद का उत्पादक है" और (प्रज्ञा) धन का उत्पादक है। वह शत्रु के साथ युद्ध करने में भी अधिक उत्साही दिखता है। वह उत्तम दर्शनीय तेज से प्रकाशित होता है। इस तेजस्वी आदिज्ञानी के लिये "गो" एवं "अश्व" (वाणी का देवता–सरस्वती; चन्द्रमा–आहल्दप्रदाता, आनन्द प्रदाता; प्रकाश की किरण; स्वर्ग; सर्वज्ञ; सर्वाधार आकाश; इन्द्रिय शक्ति; आपः; दिशा; हीरक; नेत्र–दृष्टि; सूर्य; इन्द्र का वज्र; पृथिवी–दुदोह गां स यज्ञाय; अश्व–काल, यज्ञ, सोम, सूर्य, अग्नि, राष्ट्र; गाय आदि) प्राप्त होते हैं।।7.9.4।।

"जिससे वेद प्रगट हुए उस यज्ञ की अग्नि के लिये हम समिधाओं से परिचर्या करते हैं।" अर्थात् वेदों को प्रगट करनेवाले यज्ञाग्नि के लिये हम यज्ञीय काष्ठ प्रदान करें, हवियाँ प्रदान करें। यज्ञाग्नि को प्रदीप्त कर हम परमेष्ठी की स्तुति पाठ करें, साथ ही उसमें हवि की आहुतियाँ दें। यह यज्ञाग्नि कल्याणमय प्रकाशवाली है।।7.14.1।।

इसप्रकार मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने यज्ञ से वेद की उत्पत्ति के तथ्य का निरन्तर उल्लेख किया है। इन दोनों ऋचाओं का गूढ़ रहस्य यज्ञ एवं वेद दोनों शब्दों का अर्थ चक्रव्यूह से छिपा है। "वेद में यज्ञ शब्द–उत्तमकर्म, शुभकर्म, सत्कृत, देवार्चना, संगतिकरण, दान, सम्मिलित करना–संघटन, अर्पण, विशेष ज्ञान आदि अर्थ में व्यवहृत होता है।" यज्ञ सृष्टि के आरम्भ से चल रहा है। सुविख्यात पुरुष सूक्त के अनुसार सृष्टि की उत्पत्ति यज्ञ का फल है, जिसे परमेष्ठी ने किया। वैसे "य" अन्तःस्थ वर्णों का प्रथम अक्षर है।

तैत्तिरीय संहिता, आपस्तम्ब धर्मसूत्र, मनुस्मृति, नाट्यशास्त्र, अमरकोश आदि में "वेद" शब्द की व्युत्पत्ति बतलायी गई है। वेद शब्द चार धातुओं से व्युत्पन्न होता है : 1. विद् (ज्ञाने), 2. विद् (सत्तायाम), 3. विद् (लाभे) और 4. विद् (विचारणे)। वैदिक विद्वानों वेद शब्द के निर्वचन में कहा है कि वेद सत्यविद्या, आत्मविद्या, सृष्टिविद्या, ब्रह्मविद्या आदि है।

तीसरी ओर, अग्नि आदिज्ञानी है। "अंगति ऊर्ध्वं गच्छति–अङ्.ग् + नि नलोपश्च।" ऋग्वेद की प्रथम ऋचा से स्पष्ट है कि अग्नि आदिकाल (वेद से पहिले) से रहा। यज्ञीय अग्नि के तीन प्रकार हैं : गार्हपत्य, आहवनीय और

दक्षिण। यज्ञीय अग्नि वेदिका में निवास करती है और मनुष्यों एवं देवों के बीच मध्यस्थ एवं संदेशवाहक है। अग्नि की दिव्य उत्पत्ति का वर्णन ऋग्वेद (3.9.5; 6.8.4) में मिलता है। अग्नि दिव्य पुरोहित है। वह देवताओं का पौरोहित्य करता है। वह यज्ञों का राजा है : "राजा त्वमध्वराणाम्।।" अग्नि "ऋत" का संरक्षक है, "ऋत यज्ञ है।" ऋत सत्य है, साथ ही ऋत ब्रह्म है। विष्णु को यज्ञ कहा गया है। "अग्नि की तुलना ब्रह्मणस्पति एवं बृहस्पति से की गई है। "अग्नि रुद्रस्वरूप, सूर्यस्वरूप, विष्णुस्वरूप आदि है और तीनों लोकों में व्याप्त है।" वह ब्रह्म, मन्त्र एवं धी– बुद्धि उत्पादक है। अग्नि अभेद सूक्ष्मतत्त्व है। शाब्दिक रूप से अग्नि का व्युत्पत्त्यर्थ है : जो ऊपर की ओर जाता है। अध्यात्मिक रूप से अग्नि "चित् तत्त्व" है।

वैदिक साहित्य में निरन्तर कहा गया है कि परम सत्य परमेष्ठी को हृदय की गुहा अर्थात् अन्तःकरण में ही प्राप्त करें। "वैदिक मन्त्रद्रष्टा कवियों ने सतत उत्तमकर्म–यज्ञकर्म से, आत्मसाक्षात्कार से वेद (आत्मविद्या, सृष्टिविद्या, सत्यविद्या, ब्रह्मविद्या) को प्राप्त किया अथवा वेद की ऋचाओं का प्रगटीकरण हुआ।" समस्त मन्त्रद्रष्टा ऋषि एवं ऋषिकाओं ने इस सत्यज्ञान वेद में देवता, ईश्वर एवं परमेष्ठी तत्त्व का वर्णन अपने–अपने अनुसार किया है।

अर्थात् "वेद विशुद्ध ब्रह्मविद्या है। यह ब्रह्मविद्या ऋषियों की स्वानुभूति का विवरण है जो ब्रह्मविद्या की साधना करते हैं, वे इसे अन्तःकरण में स्वानुभूति के रूप में पाते हैं।" वेद तर्क विर्तक के बाहर है : "ये त्वतार्किका भावा न तांस्तार्केण योजयेत्।।" वैदिक शब्द दुर्बोध हैं। उनका पारस्परिक सम्बन्ध नहीं होने के कारण वे कठिन मालूम होते हैं :

"दुर्बोधा वैदिकाः शब्दाः प्रकीर्णत्वाच्च तेऽखिलाः।
तथैत एवं स्पष्टार्थाः स्मृतितन्त्रे प्रतिष्ठिताः।।"

स्वयं आचार्य यास्क ने भी स्वीकारा कि वे अनेक वैदिक शब्दों के अर्थ नहीं समझ पाये। आचार्य टी.वी. कपाली शास्त्री ने ऋग्वेद के भाष्य की भूमिका में लिखा है कि एक वैदिक शब्द का एक वैदिक ऋचा में अर्थ भोजन और अन्य सूक्त की दूसरी ऋचा में प्रसिद्धि है। मूलभूत रूप से "ऋग्वेद ज्ञानकाण्ड है। इसमें सूक्ष्म तत्त्व की विवेचना है। वेद का भाष्य वेद ही है।"

इस परिपेक्ष्य में "मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने यह रहस्य उजागर किया कि यज्ञ वेद का उत्पादक है।"।।ऋग्वेद 7.9.4; 7.14.1।।

ईळन्यो वो मनुषो युगेषु समनगा अशुचज्जातवेदाः।
सुसंदृशा भानुनायो विभति प्रति गावः समिधानं बुधन्त।।4।।
।।ऋग्वेद 7.9.4।।

समिधा जातवेदसे देवाय देवहूतिभिः।
हविर्भिः शुक्रशोचिषे नमस्विनो वय दाशेमाग्नये।।1।।
।।ऋग्वेद 7.14.1।।

ज्ञानी प्रशस्ततम कर्म–यज्ञकर्म करे

ऋग्वेद में ज्ञानियों को उपदेश है कि ज्ञानी सूर्य के समान तेजस्वी बने। सर्वकल्याण, सुखवृद्धि के लिये यज्ञकर्म–प्रशस्ततम कर्म करे। मननीय विचार भी मन में धारण करे। ब्रह्म ज्ञानी अन्य ज्ञानियों की संगति में रहे और उनके साथ अभ्युदय, प्रगति करे। मनुष्य को दिन में चमकते सूर्य के समान तेजस्वी बनना चाहिये। सुख की प्राप्ति की कामनावान् प्रशस्त कर्मों एवं मननीय विचारों का प्रचार करे। विद्वान् देवत्व प्राप्त करने के लिये मनसा–वाचा–कर्मा प्रगति करे।।ऋग्वेद 7.10.2।।

स्व1र्ण वास्तोरुषसामरोचि यज्ञं तन्वाना उशिजो न मन्म।
अग्निर्जन्मानि देव आ वि विद्वान् द्रवद् दूतो देवयावा वनिष्ठः।।2।।
।।ऋग्वेद 7.10.2।।

राष्ट्रयज्ञ : वसु आदि संचालक

"जो प्रजाओं में निवास करते हैं, उन्हें वसु कहते हैं।" इन वसुओं का राजा इन्द्र है। जो सत्यज्ञान के आदि उपदेशक–आदिज्ञानी–आदिमहाभूत–आदितत्त्व हैं, उन्हें रुद्र कहते हैं। उनके वीर सेनानी भी रुद्र रूप हैं। अदिति–अखण्डनीय, अदमनीय, अखण्ड–अनन्त ऊर्जा है। अदिति ही प्रजा स्वरूप है। इस अदिति के पुत्र राजा की संज्ञा आदित्य है। "राजा प्रजाओं द्वारा निर्वाचित होने से प्रजा का पुत्र है।" बृहस्पति बुद्धि के अधिष्ठाता होने से ज्ञानी है। इस प्रकार जगत् में वसु, रुद्र, अदिति, इन्द्र, बृहस्पति, आदित्य आदि देवताओं का निवास है। वैसे वसु धन का भी नाम है। रुद्र वैदिक देवों के शास्ता होने से दुर्धर्ष योद्धा–अजेय, अरिहन्त, महावीर हैं। इस प्रकार बृहस्पति, रुद्र एवं वसु मिलकर राष्ट्रयज्ञ–जगत्यज्ञ को चलाते हैं।।ऋग्वेद 7.10.4।।

इन्द्रं नो अग्ने वसुभिः सजोषां रुद्रं रुद्रभिरा वहा वृहन्तम्।
आदित्येभिरदितिं विश्वजन्यां बृहस्पतिमृक्वभिर्विश्ववारम्।।4।।
।।ऋग्वेद 7.10.4।।

वैदिक यज्ञ विधि सूत्र

इस ऋचा में "वैदिक यज्ञ विधि सूत्रात्मक रूप में वर्णित" है। प्रथम, उत्तम समिधायें (यज्ञीय काष्ठ) चुनकर स्तुति की ऋचाओं का उच्चारण करें। उन समिधाओं की सारतत्त्व–घृत से परिचर्या करें। उन्हें यज्ञवेदी में स्थापित

करके प्रदीप्त करें। उसमें हवियों की आहुतियाँ देनी चाहिये। इससे पहिले उपदेश है कि अग्नि यज्ञ में अतिथि है। उसे यज्ञवेदी में खड़े होकर बहुत ही आदर सत्कार से स्थापित कर प्रदीप्त करें। अर्थात् यज्ञीय अग्नि स्थापना खड़े होकर करना चाहिये। यज्ञ से अष्ट ऋत्विक् हों। यज्ञीय हवि में केवल मात्र वनस्पतियाँ आदि ही हों। यज्ञवेदी के समीप यूप हो। यज्ञकर्त्ता, ऋत्विक् एवं अन्य दर्भ के आसन पर ही बैठें। श्रीफल–विल्ववृक्ष फल है, उसका उपयोग करें। वैदिक ऋचाओं का पाठ ऋत्विक् बहुत धीरे–धीरे अथवा बहुत तेजी से नहीं करें। ऋचा पाठ उच्च स्वर में हो। यज्ञकर्म खुले आकाश के नीचे करना उत्तम रहता है। यह भी निर्देश है कि ऋतुकाल के अनुसार यज्ञ करें। यज्ञवेदी पूर्वाभिमुखी हो। यज्ञकुण्ड वृत्ताकार अथवा चतुष्कोण हो एवं नीचे से सकड़ा और ऊपर से बृहद (कोनाकार) हो। यज्ञ नौ माह (दस माह) भी चलता है। वेद में यह भी स्पष्ट निर्देश है कि यज्ञीय हवि में (अखण्डित) सुगन्धित वनोषधि आदि का उपयोग करें, इससे देवगण प्रसन्न होते हैं। यज्ञकर्म पूर्ण समर्पण, निष्ठा, श्रद्धा, आस्था, पवित्रता आदि के साथ करना चाहिये। ऋत्विक् गण को पुष्कल दक्षिणा देना उचित रहता है।

यज्ञकर्म में ऋचाओं–मन्त्रों–स्तोत्रों आदि का विशुद्ध पाठ करना आवश्यक है। यह स्मरण रहे कि भ्रष्ट पाठ–अशुद्ध पाठ से इन्द्र ने त्वष्टा के पुत्र का वध किया। ऋत्विक् को मन्त्रादि का भावार्थ यज्ञस्थल पर समझाना चाहिये। ऋग्वेद में यज्ञ विधि–विधान सभी मण्डलों में बिखरा हुआ है (यह भी उल्लेख है कि यज्ञीय समिधायें किस वृक्ष के काष्ठ की होगी।)।।ऋग्वेद 7.14.2।।

वयं ते अग्ने समिधा विधेम वयं दाशेम सुष्टुती यजत्र।
वयं घृतेनध्वरस्य होतर्वयं देव हविषा भद्रशोचे।।2।।

।।ऋग्वेद 7.14.2।।

सभी वर्ण–पँच जन यज्ञाधिकारी

वैदिक ऋषि ने सिंहगर्जना की कि सभी पँच जन यज्ञ करने के अधिकारी हैं। वेद में कार्य के अनुसार जाति का वरण (वर्ण) होता रहा : ब्रह्मकर्म करनेवाले (अध्यापन–मध्ययनं यजनं याजनं तथा। दानं प्रतिग्रहश्चैव षट्कर्माण्यग्रजन्मनः।। मनुस्मृति 10.75।। उंछं प्रतिग्रहो भिक्षा वाणिज्यं पशुपालनम्। कृषि कर्म तथा चेति षट्कर्माण्यग्रजन्मनः।।) क्षात्रकर्म; वैश्यकर्म; सूत एवं निषाद। वैदिक रूप से पँच जन हैं : देवता, गन्धर्व, नाग, पितर एवं मनुष्य। अर्थात् वैदिक काल में शूद्र वर्ण नहीं रहा। ये पँचजन यज्ञ में अग्नि प्रदीप्त करने–यज्ञाग्नि सेवाधिकारी रहे। सभी वर्णों में ब्रह्मचर्य, गृहस्थ,

वानप्रस्थ एवं सन्यास आश्रमों का विधान रहा। इसी उद्देश्य से कहा गया है कि यह अग्नि, ज्ञानी गृहपति युवा है।

यह पँच जन जगत् में रहता है। इससे पहिले तरुणियों– युवतियों के यज्ञोपवीत संस्कार का वर्णन आता है। विदुषी नारियाँ यज्ञ में ऋत्विक् का कार्य करती रही। ऋग्वेद में मन्त्रद्रष्टा ऋषिकाएँ हैं। इन दृष्टान्तों से स्पष्ट है कि वेदकाल में पँचजन में उत्पन्न कोई भी कार्य वरण को स्वतन्त्र रहा और नारियों को समानाधिकार प्राप्त रहा।।ऋग्वेद 7.15.2।।

यः पंच चर्षणीरभि निपसाद दमेदमे।
कविर्गृहपतिर्युवा।।ऋग्वेद 7.15.2।।

वाग्यज्ञ

हे इन्द्र! यहाँ इस यज्ञ में आपके वर्णन करने में स्पर्धा करनेवाली आनन्ददायक एवं देवत्व प्राप्त करनेवाली वाणियाँ आपका वर्णन करती हैं। अर्थात् यदि मनुष्य अपनी वाणी को दिव्य बनाना चाहे तो वह वाग्यज्ञ करे, अथवा परमेष्ठी की स्तुति में वाणी को लगाए। परमेष्ठी के शुभ गुणों का गान करके उन गुणों को अपने अन्दर धारण करके मनुष्य भी देव बन सकता है। जो इस परमेष्ठी के दिव्य गुणों का वाणी से आश्रय लेता है, वह परमेश्वर की सुमति में रहता है और सदैव सुखी रहता है। वाणी से आत्मविद्या– सृष्टिविद्या–ब्रह्मविद्या का निरन्तर गान ही वाग्यज्ञ है (गान के व्यापक अर्थ हैं।)।।ऋग्वेद 7.18.3।।

इमा उ त्वा पस्पृधानासो अत्र मन्द्रा गिरो देवयन्तीरुप स्थुः।
अर्वाची ते पथ्या राय एतु स्याम ते सुमताविन्द्र शर्मन्।।3।।
।।ऋग्वेद 7.18.3।।

यज्ञ : मानवीय प्रवृत्ति ज्ञान
मत्स्य वृत्ति निषेध

मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने यज्ञ विषय में एकाएक मानवीय प्रवृत्ति ज्ञान के रहस्य को उजागर किया है। प्रगतिशील राजा तुर्वश पुरोडाश तैयार कर यज्ञ करना चाहता था। ''तुर्वश'' का अर्थ किसी कार्य को सत्वर (शीघ्रता) से करनेवाला अथवा त्वरा को वश में करनेवाला है। ''त्वरा'' का अर्थ भी श्रिपता, वेग, शीघ्रता, जल्दी आदि है। ''मत्स्य'' जन सदैव धन प्राप्ति के कार्य में व्यस्त रहते हैं। ''मत्स्य उनको कहते हैं कि जो अपने जीवन–लाभ के लिये दूसरों को निगल जाते हैं।'' जो ऐसा आचरण करते हैं उनका नाम मत्स्य है। ये मत्स्य वृत्ति के भौतिक सुख–धन प्राप्त करने के लिये आपस में तीक्ष्ण स्पर्धा करते हैं। मत्स्य वृत्तिवानों का एकमात्र उद्देश्य–ध्येय–दुर्बलों को निवाला बनाना

और स्पर्धा करना होता है। इस सिद्धान्त को आधुनिक समाज विज्ञान ने नये स्वरूप में कहा है। इसीतरह "भृगु" एवं "द्रुह्य" में भी सत्वर की भाँति धन प्राप्त करने की स्पर्धा रहती है। "भुगु" वह है कि जो अपने भरण पोषण के लिये गति करते हैं। इनके प्रयत्न हमेशा अपनी आजीविका के लिये होते हैं। "जो द्रोह करते हैं, अथवा डाका डालते हैं वे द्रुह्यु" हैं। द्रुह्यु द्रोह करके अपना जीवन चलाते हैं। ये सभी परस्पर मित्रवत ही हैं। ये सभी मनुष्य के शत्रु हैं। जो मत्स्य, भृगु, द्रुह्यु आदि से शत्रुता करता है, वही मननशील मनुष्य का सच्चा मित्र है।।ऋग्वेद 7.18.6।।

पश्चिमी वैज्ञानिक श्री चार्ल्स डार्विन (सन 1809–1882) ने मात्र सवा सौ वर्ष पहिले–मत्स्य, भृगु, द्रुह्यु आदि "स्वस्थ्यतम की उत्तरजीविता" (सर्वाइल ऑफ दा फिटस्ट) का सिद्धान्त दिया। इसके ठीक 39 लाख वर्ष पूर्व ऋग्वेद के सातवें मण्डल में इसका उल्लेख किया है।

पुरोळा इन तुर्वशो यक्षुरासीद् राये मत्स्यासो निशिता अपीव।
श्रुष्टिं चक्रुभृगवो द्रुह्यवश्च सरवा सखायमतरद् विषूचोः।।6।।
।।ऋग्वेद 7.18.6।।

याजक के गुण

ऋग्वेद की ऋचा में याजक के गुणों का सूत्रात्मक वर्णन किया गया है। 1. याजक पाकक्रिया में कुशल हो। 2. यज्ञ में हविरूप सामग्री एवं पुरोडाश निर्माण में कुशल हो। यज्ञीय वनोषधियों–सर्वोषधि–नवग्रह समिधा–सत्ताइस नक्षत्र, धान्य आदि की सम्पूर्ण जानकारी हो। यज्ञीय काष्ठ का समग्र ज्ञान हो। यज्ञ में पधारनेवालों के लिये दर्भ के पवित्र आसन बिछाये जावें। यज्ञवेदी नीचे से ऊपर की ओर बृहदाकार हो। यज्ञवेदी में ईष्टिका यथा सम्भव पूर्ण प्रयुक्त करें। 3. ऋत्विक् मन्त्र–स्तोत्र–ऋचा का पाठ बहुत धीमे–धीमे अथवा अत्यन्त शीघ्रता से नहीं करें। उनका स्वर उच्च हो। अर्थात् ज्ञानी ऋत्विक् का चयन करे। 4. यज्ञकर्म में थकनेवालों का मुख यज्ञ सम्पन्न होने पर प्रसन्नता से चमकने लगे। 5. यज्ञ कर्त्ता के मन में सर्वकल्याण की कामना हो। 6. यज्ञ परमेष्ठी का गुणगान करनेवाला हो। इसप्रकार याजक यज्ञकर्म लोक अभ्युदय, लोक कल्याण आदि के लिये करे। "यज्ञकर्त्ता धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष के संकल्प के स्थान पर श्रेय मार्ग–सर्वोदय, सर्वकल्याण, सर्वशान्ति एवं लोकसंग्रह के संकल्प से यज्ञ करे"।।ऋग्वेद 7.18.7।।

आ पक्थासो भलानसो भन्नता ऽलिनासो विषाणिनः शिवासः।
आ योऽनयत् सधमा आर्यस्य गव्या तृत्सुभ्यो अजगन् युधा नृन्।।
।।ऋग्वेद 7.18.7।।

यज्ञ : संगठन शक्ति

मन्त्रद्रष्टा ऋषिवर में "यज्ञ को संगठन शक्ति" से सम्बद्ध किया है। यज्ञ में अथवा प्रजा की संगठन शक्ति जिससे बढ़ती है, ऐसे पावन कार्य में विघ्न डालकर प्रजा के संगठन में परस्पर फूट डालते हैं, ऐसे लोगों को नष्ट करना चाहिये। "यज्ञ से प्रजा की संगठन शक्ति में वृद्धि होती है।" यम–नियम का पालन करनेवाले और संकटों से पार करनेवाले वीर अपने महानायक का संरक्षण करें। याजक और गति से, शीघ्रता से कार्य करनेवाले सभी अपने महानायक को सहायता प्रदान करें। उसे हर तरह की सहायता दें।।ऋग्वेद 7.18.19।।

आवदिन्द्रं यमुना तृत्सवश्च ऽ प्रात्र भेदं सर्वताता मुषायत्।
अजासश्च शिग्रवो यक्षवश्च बलिं शीर्षाणि जभुरश्व्यानि।।19।।
।।ऋग्वेद 7.18.19।।

पराशर, वसिष्ठ कौन?

पराशर एवं वसिष्ठ ये दो ऋषि ऐसे हैं, जो सैकड़ों शत्रुओं का अकेले सामना करनेवाले हैं। "पराशर" का अर्थ दूर तक शरसंधान करनेवाला है। "वसिष्ठ" का अर्थ शत्रु का आक्रमण होने पर भी अपने स्थान पर दृढ़ रहनेवाला है। ये दोनों गुण विजय के लिये अत्यावश्यक हैं। इन नायक रूप महान् ऋषियों का यश जन–जन का गान बना है। भोग्य वस्तुओं को प्रदान करनेवाले परमेष्ठी की भक्ति से वे कभी दूर नहीं होते थे। अर्थात् नित्य स्मरण करते थे।।ऋग्वेद 7.18.21।।

प्र ये गृहादममदुस्त्वाया पराशरः शतयातुर्वसिष्ठः।
न ते भोजस्य सख्यं मृषन्ताऽधा सूरिभ्यः सुदिना व्युच्छान्।।21।।
।।ऋग्वेद 7.18.21।।

यज्ञीय दान विधान

दान ऐसा देना चाहिये, जिससे यश चहुँ ओर फैले। विद्वानों में भी जो श्रेष्ठ विद्वान् हो, उन्हीं को दान देना चाहिये।" "विद्याविहीन–ज्ञानविहीन–सदाचरण विहीन को दान नहीं देना चाहिये"।।ऋग्वेद 7.18.24।।

यस्व श्रवो रोदसी अन्तरुर्वी शीर्ष्णेशीर्ष्णे विबभाजा विभक्ता।
सप्तेदिन्द्रं न स्रवतो गृणन्ति नि युध्यामधिमशिशादभीके।।24।।
।।ऋग्वेद 7.18.24।।

दास, शुष्ण, कुयव कौन?

"दास"–प्रजाओं पर आक्रमण करके और उनका घात करके उन्हें नष्टभ्रष्ट करनेवाला है। "शुष्ण" समाज के लोगों के धनों, भोगों एवं सुखों का

शोषण करनेवाला, अपने सुख के लिये दूसरों को दुःख देनेवाला है। "कुयव"–वह है कि जो अपने सड़े–गले धान्य को भी अच्छा बताकर बेचता है। इस सड़े–गले धान्य को खाकर प्रजा के स्वास्थ्य का नाश होता है। ऐसे समाज शत्रुओं को समाज के हित के लिये नष्ट करना चाहिये। अथवा ऐसे समाजशत्रुओं को उत्तम शिक्षा देकर संस्कारी बनाना चाहिये।।ऋग्वेद 7.19.2।। ऋग्वेद के दास शब्द की परिभाषा वर्तमान अर्थों से बिल्कुल भिन्न है। वर्तमान में दास का अर्थ दूसरों की सेवा के लिये अपने को समर्पित करनेवाला, खरीदा हुआ नौकर, भृत्य, परतंत्र आदि है।

त्वं ह त्यदिन्द्र कुत्समावः शुश्रूषभाणस्तन्वा समर्ये।
दासं यच्छुष्णं कुयवं न्यस्मा अरन्धय आर्जुनेयाय शिक्षन्।।
।।ऋग्वेद 7.19.2।।

नृमन एवं देववीती!

"नृ–मन" का आशय है : जिसका मन प्रजाजनों के हित में लीन है। जिसने इस लीनता से प्रजाओं का मन अपनी ओर आकर्षित किया है। "देववीती" का अर्थ है : जहाँ देवों का सत्कार होता है। राजा अपना मन समस्त प्रजा के हित में लगाये। वह हमेशा प्रजा हित के लिये तत्पर रहे। युद्ध में अपने वीरों द्वारा अनेक शत्रुओं का संहार करे। दुष्टों के दमन भयाक्रान्तों को निर्भय करने के लिये उनकी सुरक्षा की व्यवस्था करे और दुष्टों का दमन करे। मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने "पुर के निर्वाचित राजा को नृमन, देववीती होने और आतंक के समापन का उपदेश" दिया है।।ऋग्वेद 7.19.4।।

त्वं नृभिर्नृमणा देववीतौ भूरीणि वृत्रा हंर्यश्व हंसि।
त्वं नि दस्युं चुमुरिं धुनिं चाऽस्वापयी दभीतये सुहन्तु।।4।।
।।ऋग्वेद 7.19.4।।

आन्तरिक धारणाशक्ति में वृद्धि रहस्य

मनुष्य अपनी "धारणाशक्ति में वृद्धि करे, वह उग्रवीर बने।" मूलभूत रूप से "यह समझे कि उसका जीवन मानवों का हित करने एवं उसके लिये पराक्रम करने के लिये है। मनुष्यों का हित सिद्ध करने के लिये प्रशस्ततम कर्म–यज्ञादि करना आवश्यक है।" उन्हें उत्तम रीति से करे। इसमें कोई कोताही नहीं हो। मानवी समाज में यह नित्य तरुण वीर (परमब्रह्म) अपने संरक्षक साधनों के साथ पधारने का अनुग्रह करे। वह हमें "पतन के मार्ग से नहीं गिरने दे।" इस प्रकार कल्याण करे। इसप्रकार धारणाशक्ति में वृद्धि के लिये–जीवन मानवीय हित एवं उसके लिये पराक्रम को समर्पित हो; सतत

प्रशस्ततम कार्य करे और इसके लिये परमेष्ठी की कृपादि आवश्यक है।।ऋग्वेद 7.20.1।।

उग्रो जज्ञे वीर्याय स्वधावांचक्रिरपो नर्यो यत् करिष्यन्।
जग्मिर्युवा नृषदनमवोभिस्त्राता न इन्द्र एनसो महश्चित्।।1।।
।।ऋग्वेद 7.20.1।।

धन के प्रकार!

भौतिक द्रव्य–धन तीन तरह के होते हैं। पहिला, वह धन जो पूर्वजों से परम्परा से प्राप्त होता है। यह ''पैतृक धन'' कहाता है। दूसरा, वह धन जो श्रेष्ठ से कनिष्ठ को मिलता है। यह ''सामाजिक धन'' कहलाता है। तीसरा, जिसे मनुष्य स्वयं दूर देश में अथवा स्वदेश में कमाता है। यह ''स्वयं अर्जित धन'' है। ये तीनों धन उत्तम हैं। मनुष्य को धन प्राप्ति के लिये प्रयत्न करने चाहिये।।ऋग्वेद 7.20.6।।

नू चित् स भ्रेषते जनो न रेषन् मनो यो अस्य घोस्माविवासात्।
यज्ञैर्य इन्द्रे दधते दुवांसि क्षयत् स राय ऋतपा ऋतेजाः।।6।।
।।ऋग्वेद 7.20.6।।

इसी ऋचा में परमेष्ठी के यज्ञों द्वारा प्रसन्न होने का उल्लेख है। साथ ही उसे सत्यपालक एवं सत्य के लिये प्रगट हुआ कहा गया है।

परमब्रह्म : सूक्ष्म एवं स्थूल स्थानों में व्याप्त

यज्ञ में इन्द्र रूपी परमब्रह्म को सोम रस पान करने के लिये आमन्त्रित करते हुए कहा गया है : ''आप सूक्ष्म और स्थूल दोनों स्थानों में व्याप्त हो। अर्थात् परमब्रह्म सर्वत्र व्याप्त होकर रहता है।'' हमने आपके मन को हमारी ओर आकर्षित किया है। यहाँ सोमरस तैयार है, उसमें मधुरता के लिये शहद मिलाया गया है। आपकी मध्यम गति उच्च स्वर से स्तुति उच्चारित की जा रही है। यह परमेश्वर की मननीय उत्तम वचनोंवाली स्तुति है। यही मानवों की तारक है। अर्थात् ब्रह्मोपासना मध्यमस्वर में मननीय उत्तम वचनों से करनी चाहिये। यह स्मरण रहे कि इससे पूर्व भी मन्त्रद्रष्टा ऋषि का स्पष्ट निर्देश है कि ऋचा–स्तुति–मन्त्र पाठ बहुत ही तीव्र गति अथवा बहुत ही धीरे–धीरे नहीं करनी चाहिये, पाठ मध्यम गति स्वर में ही करना चाहिये। ।।ऋग्वेद 7.24.2।।

गृभीतं ते मन इन्द्र द्विवर्हाः सुतः सोमः परिषिक्ता मंधूनि।
विसृष्टधेना भरते सुवृक्तिरियमिन्द्रं जोहुवती मनीषा।।2।।
।।ऋग्वेद 7.24.2।।

सोमयाग श्रेष्ठकर्म : दैवी शक्तियाँ सहायक

सोमयाग अर्थात् श्रेष्ठकर्म से मनुष्य स्वयं भी पीछे नहीं हटे और दूसरों को भी विमुख नहीं होने दे। दक्षता से श्रेष्ठकर्म–सोमयाग करते रहो। अरिहन्त की तन, मन, धन से सहायता करो। मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने ऋचा में विजयी होने का मूलमन्त्र दिया है : "जो शीघ्रता के साथ उत्तम रीति से श्रेष्ठकर्म (याग) करता है, वही सर्वत्र विजय प्राप्त करता है। उसकी दैवी शक्तियाँ सहायता–सहयोग करती है।" इसके "ठीक विपरीत कुत्सित कर्म करनेवाले की सहायता दैवी शक्ति कभी नहीं करती है"।।ऋग्वेद 7.32.9।।

मा स्रेधत सोमिनो दक्षता महे कृणुध्वं राय आतुजे।
तरणिरिंजयति क्षेति पुष्यति न देवासः कवत्नवे।।9।।
।।ऋग्वेद 7.32.9।।

तीन यज्ञ : त्रिभुवन की शक्ति
आर्य अत्युत्कृष्ट मानव

तीन भुवनों में तीन देव (सूर्य, अग्नि, वायु) शक्ति (वीर्य–रेतस्–शक्ति) का निर्माण करते हैं। उनके सामने हमेशा प्रकाश (ज्योति) रहता है। ऐसी तीन प्रकार की श्रेष्ठ, सम्माननीय, अत्युत्कृष्ट, उत्तम अर्थात् आर्य (यदार्यमस्यामभिलाषि मे मनः।।शकुन्तला 1.22।। कर्तव्यमाचरन् कार्य–मकर्तव्यमनाचरन्, तिष्ठति प्रकृताचारे स वा आर्य इति स्मृतः।।) प्रजायें रहती हैं। इस प्रकार "वेद में आर्य शब्द अत्युत्कृष्ट मानवों के लिये प्रयुक्त हुआ है।" यह पुनः दोहरा रहे हैं कि वैदिक काल में मनुष्य कार्य का वरण करता रहा : ब्रह्मविद् कर्म, क्षात्र कर्म एवं वणिज कर्म। "वेद काल में शूद्र नहीं रहे।" इन अत्युत्कृष्ट मनुष्यों के लिये प्रकाश का मार्ग (ज्ञानमार्ग) हमेशा रहता है। यही देवमार्ग है। तीन प्रकार की उष्णताएँ उषा का सेवन करती है। इसका आशय है कि तीन यज्ञ उषाःकाल से प्रारम्भ होते रहे। ज्ञानी इस रहस्य को भली भाँति जानते हैं।।ऋग्वेद 7.33.7।।

त्रयः कृण्वन्ति भुवनेषु रेतस्तिस्रः प्रजा आर्या ज्योतिरग्राः।
त्रयो धर्मास उषसं सचन्ते सर्वैः इत ताँ अनु विदुर्वसिष्ठाः।।7।।
।।ऋग्वेद 7.33.7।।

जीवनरूपी यज्ञशाला में शतसांवत्सरिक यज्ञ :
सर्वज्ञ–महाज्ञानी प्रादुर्भाव

यज्ञ का विवरण देते हुए अचानक मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने प्राण एवं अपान रूपी–मित्र और वरुण द्वारा "जीवनरूपी यज्ञशाला" में बैठकर "शतसांवत्सरिक यज्ञ" करने का सारगर्भित वर्णन किया है।

वसिष्ठ ने विद्युत् के समान तेजस्वी अपनी ज्योति का परित्याग किया। यह "देहत्याग की अवस्था" का वर्णन है। "देह में जीव का स्वरूप विद्युत् ज्योति के समान है।" ऋषि, मुनि, केशी, साधक, सिद्ध, योगी, भक्तादि इसे स्वेच्छा से शरीर से बाहर निकालते हैं और स्वेच्छापूर्वक इतर शरीर में प्रवेश किया करते रहे। लगभग 2600 वर्ष पहिले आचार्य शंकर (श्रीमद आदिशंकराचार्य) ने श्री मण्डन मिश्र की पत्नी से शास्त्रार्थ के लिये परकाया प्रवेश एवं पुनः मूल शरीर में लौटने को साकार किया। "मानवीय देह से दशम वायु धनंजय मृत्यु के कुछ घण्टों बाद बाहर निकलती है।" "मित्र एवं वरुण प्राण एवं जीवन है।" अगस्त्य ऋषि वसिष्ठ को प्रजाओं से बाहर लाया।।10।।

"मित्र एवं वरुण अथवा प्राण एवं जीवन का पुत्र वसिष्ठ है।" प्राण एवं जीवन को सशक्त बनाने से ही मनुष्य ज्ञानी बनता है। इसी तरह जब वह "विशाल इन्द्रियों को वशीकृत" करता है, तब मित्र एवं वरुण अर्थात् "प्राण की शक्ति (वीर्य, रेतस्) इन इन्द्रियों में दौड़ती है।" इन्द्रियों को वश में करने पर उन इन्द्रियों में प्राणों की शक्ति सम्यक्तया दौड़ने लगती है। परिणामस्वरूप मनुष्य ज्ञानी बनता है। यह "ज्ञानी ही वसिष्ठ" है। मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने इस गूढ़ रहस्य को मित्रावरुण के रेतस् से वसिष्ठ की उत्पत्ति रूप में व्यक्त किया है।।11।।

ज्ञानी द्युलोक और भूलोक के बीच में परमेश्वर की विश्व रचना के कार्य को करने को उत्पन्न होता है। अर्थात् समस्त सृष्टि के ज्ञान से सम्पन्न, उदार, विश्व कल्याण को सर्वस्व प्रदान करनेवाला ज्ञानी उत्पन्न हुआ।।12।।

"जीवन रूपी यज्ञशाला में प्राण एवं अपान (मित्र एवं वरुण) शतसांवत्सरिक यज्ञ कर रहे हैं।" "प्राण एवं अपान की वीर्य–रेतस् रूपी शक्ति प्रवाहित होकर मस्तिष्करूपी कुम्भ में एकत्रित होती है।" मस्तिष्क में एकत्रित शक्ति से अगस्त्य एवं वसिष्ठ स्वरूपा महाज्ञानियों का जन्म होता है।।13।। ऋग्वेद 7.33.10, 11, 12, 13।। इसके ठीक विपरीत आगम में प्रजापति ब्रह्मा और अप्सरा से वसिष्ठ की उत्पत्ति का कथानक है।

विद्युतो ज्योतिः परि संजिहानं मित्रावरुणा यदपश्यतां त्वा।
तत् ते जन्मोतैकं वसिष्ठाऽगस्त्यो यत् त्वा विश आजभार।।10।।
उतासि मैत्रावरुणो वसिष्ठोर्वश्या ब्रह्मन् मनसोऽधि जातः।
द्रप्सं स्कन्नं ब्रह्मणा दैव्येन विश्वे देवाः पुष्करे त्वाददन्त।।11।।
स प्रकेत उभयस्य प्रविद्वान् त्सहस्रदान उत वा सदानः।
यमेन ततं परिधिं वयिष्यन्नप्सरसः परि जज्ञे वसिष्ठः।।12।।
सत्रे इ जाताविषिता नभोभिः कुम्भे रेतः सिषिचतुः समानम्।

ततो ह मान उदियाय मध्यात् ततो जातमृषिमाहुर्वसिष्ठम्।।13।।

।।ऋग्वेद 7.33.10, 11, 12, 13।।

सत्यपालन से यज्ञ क्षीण नहीं

हमारी रक्षा अन्तरिक्ष में विद्युत् रूप में रहकर मेघों को बरसानेवाला अग्नि रक्षा करे। "जो मनुष्य जीवनभर सत्य का पालन करता, सत्य के लिये सर्वस्व त्यागता है, उसका यज्ञ क्षीण नहीं होता"।।ऋग्वेद 7.34.17।।

मा नोऽहिर्बुध्न्यो रिषे धान्मा यज्ञो अस्य स्रिधदृतायोः।

।।ऋग्वेद 7.34.17।।

वेद : ज्ञान सर्वस्व

मित्र एवं वरुण द्वारा जीवनरूपी यज्ञशाला में शतसांवत्सरिक यज्ञ के प्रसंग के बाद इन्द्र का प्रसंग है। इन्द्र ने भरत की प्रजाओं से कहा कि वे वसिष्ठ (महाज्ञानी) को अपना पुरोहित बनावें। वसिष्ठ पुरोहित बनकर उनके अभ्युदय का कार्य करेंगे और उससे उनकी उन्नति होगी। वेदज्ञ पुरोहित में राज्य की समस्त व्यवस्थाओं के प्रबन्धन–संचालक–निर्देशन की शक्ति होती है। वह पुर–राष्ट्र–द्वीप–जगत् की हर तरह से उन्नति करता है। ऋचा का आशय यह है : "वेद में प्रत्येक तरह का ज्ञान है"।।ऋग्वेद 7.33.14।।

उक्थभृतं सामभृतं बिभति ग्रावाणं बिभ्रत् प्र वदात्यग्रें।

उपैनमाध्वं सुमनस्यमाना आ वो गच्छाति प्रतृदो वसिष्ठः।।14।।

।।ऋग्वेद 7.33.14।।

ऋत्विक्–यज्ञकर्त्ता, आनेवाले पितर शान्ति दें

सभी तेजस्वी–प्रकाशमान् देव गण हमें शान्ति दें। ज्ञान की अधिष्ठाता सरस्वती देवता उत्तम बुद्धियों के साथ हमें शान्ति दें। "यज्ञ की सेवा करने वाले–ऋत्विक् एवं यज्ञकर्त्ता हमें शान्ति दे।" हमें दान देनेवाले शान्ति दें। द्युलोक, पृथिवी और जल में उत्पन्न होने वाले शान्ति दें।।11।।

हमें सत्य का पालन करनेवाले शान्ति देनवाले हों। गो (ज्ञान) और अश्व (काल, सूर्य, अग्नि आदि) हमें शान्ति देनेवाले हों। उत्तम हाथवाले ऋभु गण, विलक्षण सृजनधर्मी और यज्ञों में पधारनेवाले पितर हमें शान्ति दें।।ऋग्वेद 7.35.11, 12।।

शं नो देवा विश्वेदेवा भवन्तु शं सरस्वती सह धीभिरस्तु।

शमभिषाचः शमु रातिषाचः शं नो दिव्याः पार्थिवाः श नो अप्याः।।11।।

शं नः सत्यस्य पतयो भवन्तु शं नो अर्वन्तः शमु सन्तु गावः।

शं न ऋभवः सुकृतः सुहस्ताः शं नो भवन्तु पितरो हवेषु।।12।।

।।ऋग्वेद 7.35.11, 12।।

यज्ञस्थान से सत्य ज्ञान के सूक्त प्रसृत

सत्य के केन्द्र सत्यज्ञान फैलाता है। यह स्मरण रहे कि ऋग्वेद में यज्ञ को सत्य एवं ऋत कहा गया है। इसतरह "यज्ञ सत्य का केन्द्र" है। परिणामतः "यज्ञवेदी से सत्यज्ञान के सूक्त प्रसृत हुए" हैं। यह भी इस ऋचा में स्पष्ट किया गया है कि यज्ञ से ज्ञान के सूक्त किस तरह प्रसृत हुए हैं? "सूर्य अपनी रश्मियों से वृष्टि की उत्पत्ति करता है। पर्वत के शिखरों युक्त वह पृथिवी वृष्टि जल को ग्रहण करती है एवं धान्य उत्पन्न करती है। यज्ञवेदी में यज्ञाग्नि प्रदीप्त होता है। यज्ञवेदी की यज्ञाग्नि में धान्य–वनस्पतियों का हवन किया जाता है और यज्ञ के समय विशेष सत्यज्ञान की ऋचाओं–स्तोत्रों–स्तुतियों का गान–पाठ होता है। अर्थात् सत्यज्ञान का घोष होता है। इस प्रकार यज्ञवेदी में ज्ञान सूक्तों की उत्पत्ति होती है।।ऋग्वेद 7.36.1।।

प्र ब्रह्मैतु सदनादृतस्य वि रश्मिभिः ससृजे सूर्यो गाः।
वि सानुना पृथिवी सस्र उर्वी पृथु प्रतीकमध्येधे अग्निः।।
।।ऋग्वेद 7.36.1।।

यज्ञ : उत्तम सिद्धिवाली बुद्धि

हे तेजस्वी रचनाधर्मी ऋभुओं! आप आत्मदर्शी हो। आप परमसत्य और "अहिंसक रत्न" प्रदाता हो। व्रतराज एवं विष्णुधर्मोत्तर पुराण में नवरत्नों का उल्लेख मिलता है : सुवर्ण, वैदूर्य, माणिक्य, पुष्पराग, गोमेद, नीलम, गारुमत, विद्रुम एवं मोती। धार्मिक कृत्यों में पँच रत्नों का उपयोग होता है। महावीर चरित में कन्यादि रत्न कहें गये हैं : "कन्यारत्न–मयोनिजन्म भवतामास्ते वयं चार्थिनः।।" भमिनीविलास में कहा है : "किं रत्नमच्छा मतिः।।1.86।।" "न रत्नमन्विष्यति मृग्यते हि तत्।। कुमार संभव 5.45।।" यह अज्ञेय है कि मन्त्रद्रष्टा ऋषि का अहिंसक रत्न से अभिप्राय संतान रत्न है अथवा रत्न है? ऋभु वायु स्थानीय देवता है : "ऋभुर्न रथ्यं नवं दधतो केतुमादिशे"।।ऋग्वेद 9.21.6।। महाभारत में ऋभु को देवताओं का भी देवता कहा गया है। ऋभुओं का लोक अन्य लोकों से परे है, जिनके लिये यहाँ देवता यज्ञ करते हैं : "ऋभुवो नाम तत्रान्ये देवानामपि देवताः। तेषां लोकः परतरे यान्यजन्तीह देवताः।। महाभारत, वनपर्व।।" ये ऋभु गण यज्ञ में पधारकर सोमपान करते हैं। उनसे "उनकी उत्तम बुद्धियों के साथ सिद्धि तक पहुँचानेवाली बुद्धि" प्रदान करने की प्रार्थना की गई है।।ऋग्वेद 7.37.2।।

यूयं ह रत्नं मघवत्सु धत्थ स्वर्दृशं ऋभुक्षणो अमृवक्तम्।
सं यज्ञेषु स्वधावन्तः पिबध्वं वि नो राधांसि मतिभिर्दयध्वम्।।2।।
।।ऋग्वेद 7.37.2।।

बुद्धिपूर्वक पुरुषार्थ से सर्वत्र यशस्वी

यज्ञ में पधारनेवाला इन्द्र अपने प्रयत्न एवं बुद्धिपूर्वक किये कर्मों (पुरुषार्थ) से सर्वत्र व्यापता है। अर्थात् मनुष्य बुद्धिपूर्वक किये गये पुरुषार्थ से सर्वत्र ख्याति प्राप्त करे। वह अपने यश से सर्वत्र गमन करे। इसीलिये यह कहा गया है : "आत्म ख्याति उत्तमा नामं।।" स्वयं की ख्याति सर्वोत्तम है। पितृ ख्याति मध्यम एवं मातृ ख्याति अधम कही गयी है। मन्त्रद्रष्टा ऋषि स्वयं के बुद्धिपूर्वक पुरुषार्थ से ख्याति का उपदेश दे रहे हैं। ऋचा में कहा है कि सभी इन्द्र से सुरक्षित होकर पुरुषार्थी हों।।ऋग्वेद 7.37.5।।

सनितासि प्रवतो दाशुषे चिद् यामिर्विवेषो हर्यश्च धीभिः।
वनन्मा नु ते युज्याभिरूर्ता कदा न इन्द्र राय आ दशस्येः।।5।।
।।ऋग्वेद 7.37.5।।

यज्ञ अर्थात् उन्नति का पथ

अग्नि (यज्ञाग्नि) की गति ऊर्ध्वगामी है, अर्थात् ज्वाला सदैव ऊपर की ओर ही गमन करती है। पूर्व दिशा में उदय होने वाली, सूर्य की पुत्री, भाग्य देवता भग की भगिनी उषा सबको जीर्ण करती यज्ञ में जाती है। आदरणीय दोनों प्रकार के लोग रथ चलानेवाले मार्ग का अवलंबन करते हैं। उस प्रकार यज्ञ मार्ग का सेवन करते हैं। होता प्रेरित होकर यज्ञ करता है।।5।।

यज्ञाग्नि की ऊर्ध्वगति से प्रेरित होकर मनुष्य अपनी प्रगति उन्नति के पथ पर चले। इस जगत् में उत्तम रीति से निवासार्थ मनुष्य उत्तम बुद्धि को प्राप्त करे। जिसकी उत्तम बुद्धि होगी, वही संसार में सुख से निवास करेगा। ।।ऋग्वेद 7.39.1।।

ऊर्ध्वो अग्निः सुमतिं वस्वो अश्रेत् प्रतीची जूर्णिर्देवतातिमेति।
भेजाते अद्री रथ्येव पन्थामृतं होता न इषितो यजाति।।1।।
।।ऋग्वेद 7.39.1।।

रुद्र : यज्ञ के फल में हिस्सा प्रदाता

ऋग्वेद के रुद्रसूक्त (7.46.1–4) में वैदिक देवों शास्ता, त्र्यम्बक, महाकाल, विषपायी, अजेय योद्धा रुद्र देवता से कहा है कि हमारा वध नहीं करो; हमारा त्याग भी नहीं करो। जब आप–महान्देव, पशुपति क्रुद्ध होते हो तब आपके पाश में हम कभी आबद्ध नहीं हों। वैसे वैदिक रुद्र (पिनाक) धनुष्य धारण करते हैं, उनके पास विद्युत्मय वज्र भी है। वैदिक रुद्र का आयुध त्रिशूल नहीं है और वाहन वृषभ के स्थान पर मूषक है। उनकी भगिनी जगन्माता अम्बिका है। वे अपने पातकी पुत्र प्रजापति का दण्ड स्वरूप वध करते हैं। वे प्राणिमात्र के अधिपति अथवा पशुपति हैं। इस ऋचा में "बर्हिर्स्"

का अर्थ यज्ञ है। आगम–पुराण, रामायण एवं महाभारत में इसके विपरीत वर्णन है।

हे रुद्र! हमें उस यज्ञ के फल में हिस्सा प्रदान करो जो देवों एवं मानवों के लिये समान रूप में फलदायी है।।ऋग्वेद 7.46.4।।

मा नो वधी रुद्र मा परा दा मा ते भूम प्रसितौ हीळितस्य।
आ नो भज बर्हिर्षि जीवंशसे यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः।।4।।
।।ऋग्वेद 7.46.4।।

यज्ञस्थल : जलरूप देवियाँ रक्षा करें

यज्ञ में सम्राट वरुण, सभी देव आदि अपना ऊर्जस्वल पेय अर्थात् सोमरस बहुत ही प्रेम से प्राप्त कर लेते हैं, जहाँ वैश्वानर अग्नि प्रविष्ट हो गया है। ऐसी ये जलरूप देवियाँ (दैवी शक्तियाँ, देवांगनायें) इस स्थल पर मेरी रक्षा करें।

इससे पूर्व की ऋचा में सत्यानृते–सत्यासत्ये अथवा ऋतानृते शब्द प्रयुक्त हुआ है। वास्तविकता में "ऋत शब्द अनादि काल से प्रचलित पदार्थ के लिये प्रयुक्त किया जाता है।" "सत्य शब्द से उस क्रिया का बोध होता है।" अतः "ऋत के अनुकरण का अर्थ है – विद्यमान वस्तु के साथ अपने आचरण के संघर्ष को पैदा होने का अवसर नहीं देना।" "सत्य के अनुसार चलने का साधारण तौर पर अर्थ होता है कि आगामी काल में अपने शब्द या कर्म के व्यर्थ या असफल नहीं होने के सम्बन्ध में सावधानी रखना।" इसके ठीक विपरीत अनृत–असत्य है। अर्थात् अनृत का अभिप्राय उस आचरण से है, जिसका विद्यमान वस्तु से संघर्ष पैदा हो। असत्य का अर्थ अपने शब्द अथवा कर्म के आगामी काल में असफल (व्यर्थ) होने से है। "देवता गण अनृत एवं असत्य भाषण करनेवाले मानवों का तिस्कार करते हैं (ऋग्वेद 7.6.1–5; 7.104. 12–13)। वैदिक देवों के सम्राट वरुण सत्यपालक हैं। वे अनृत एवं असत्य वालों को दण्ड के लिये हमेशा पाश रखते हैं। वे ब्रह्माण्डीय सलिलालयम् के स्वामी हैं। उधर सोमरस निर्माण के लिये पानी की आवश्यकता होती है ।।ऋग्वेद 7.49.4।।

यासु राजा वरुणो यासु सोमो विश्वे देवा यासूर्जं मदन्ति।
वैश्वानरो यास्वग्निः प्रविष्टस्ता आपो देवीरिह माभवन्तु।।4।।
।।ऋग्वेद 7.49.4।।

यज्ञ : अग्नि उपचार

वैदिक काल में आमतौर पर यज्ञ करने की समृद्ध–सांस्कृतिक परम्परा रही। प्रत्येक आश्रम एवं गृह में यज्ञाग्नि प्रज्ज्वलित ही रहती रही।

"ऋग्वेद में रोगमुक्त करनेवालीं रहस्यपूर्ण शक्तियों के सूक्त बहुत ही कम हैं। यह सूक्त उन्हीं में से एक है।" यह सूक्त सांप जैसे प्राणियों के विष से बचाने की क्षमता रखता है। यह रहस्यपूर्ण शक्तियाँ दैव्य महाभिषक् रुद्र, सर्वज्ञ अग्नि, सम्राट वरुण, सर्वहितकारी मित्र और आपः जैसे वैदिक देवताओं की कृपा से प्राप्त होती है।

हे प्रज्ज्वलित अग्नि! उस वन्दन विष को यहाँ से दूर भगा दे जो दुहरे सन्धि पर अवतीर्ण हुई होकर मेरे घुटनों एवं गुल्फों पर आरूढ हुआ है। वह रेंगनेवाला कीड़ा मेरे पैर के घाव से मुझ पर हावी नहीं हो। "विजामन् परुषि" का अर्थ है कि गांठों की तरह का अवयव, जहाँ दो अवयव जोड़े गये हैं। "अष्ठीवन्तौ"–अष्ठि का अर्थ है – घुटनों की सन्धियाँ। "परिदेहत्"–ऊपर छा जाना। "देही"–ऊपर चढ़कर ढक लिया "वन्दन"–कोई विष नहीं है, बल्कि कोई सन्धिवातीय वेदना है। यह मनुष्य को बरबस झुका देती है। उसे सीधे नहीं चलने देती है। इसके उपचार में अग्नि का उल्लेख है। इसका आशय–गर्म दवा से मालिश अथवा सेकना, गर्म पदार्थ से सेंकना, गर्म पदार्थों का आघात आदि हो सकता है। वैसे वैदिक वनोषधि अग्नि (चित्रक) भी है। क्या अग्नि ओषधि की पुलटस बाधें? "वेद में अग्नि से उपचार पर वेदज्ञ ही निर्णय करें कि मन्त्रद्रष्टा ऋषि मैत्रावरुणिर्वसिष्ठ का वास्तविक अभिप्राय क्या है?।।ऋग्वेद 7.50.2।।

यद्विजामन् परुषि वन्दनं भुवदष्ठीवन्तौ परि कुल्फो च देहत्।
अग्निष्ठच्छोचन्नप बाधतामितो मा मां पद्येन रपसा विदत्सरुः।।
।।ऋग्वेद 7.50.2।।

यज्ञ : दीनता रहित कर्त्ता

हम आदित्यों के नवीन संरक्षण से और उनके द्वारा प्रदत्त सुखदायी कल्याण से युक्त हों। वे आदित्य देव हमारे इस यज्ञ एवं यज्ञ करनेवाले को "दीनता रहित और निष्पाप" करें।।ऋग्वेद 7.51.1।। वेद में बारह आदित्य हैं। समुद्र को पीनेवाले मुनिश्रेष्ठ अगस्त्य ने द्वादश आदित्यों को देखा। मुनिश्रेष्ठ अगस्त्य का सुप्रसिद्ध "आदित्यहृदयम्" स्तोत्र है। आदित्यहृदयम् के पाठ से आधि–व्याधि दूर होती है और युद्ध में विजयश्री वरण करती है। सम्राट दशरथ के सुपुत्र श्री रामचन्द्र को युद्ध स्थल पर महामुनि अगस्त्य ने आदित्यहृदयम् का गोपनीय ज्ञान दिया।

आदित्यानामवसा नूतनेन सक्षीमहि शर्मणा शंतमेन।
अनागास्त्वे अदितित्वे तुरास इमं यज्ञं दधतु श्रोपमाणाः।।1।।
।।ऋग्वेद 7.51.1।।

यज्ञ : गरिमापूर्ण, सुशोभित, सुसज्जित होकर भाग लें

इस ऋचा में शास्ता रुद्र पुत्र महायोद्धा मरुत्गण के यज्ञ में पधारने के वृत्तान्त से उपदेश दिया है कि उत्तमकर्म यज्ञ में सभी सुरुचिपूर्ण, सुशोभित, सुसज्जित, अलंकारित एवं गरिमामय वस्त्रादि पहन कर भाग लें। यह स्मरण रहे कि मरुत् गण हमेशा चकाचौंध करनेवाले सुवर्ण आभूषण–कवच–मुकुट पहनकर युद्ध में जाते हैं। मरुत्गण का रूप मनमोहक होता है। इसी क्रम में यज्ञ में शामिल होनेवाले गरिमामय सादगीपूर्ण सजधज कर भाग लें। जिस प्रकार राजमहल में रहनेवाले सुरुचिपूर्ण पोशाक–आभूषणादि धारण करते हैं, उसी तरह यज्ञ में सुसज्जित–सुन्दर होकर आयें। "यज्ञ में दीनता का प्रदर्शन नहीं करना चाहिये"।।ऋग्वेद 7.56.16।।

अत्मासो न ये मरुतः स्वंचो यक्षदृशो न शुभयन्त मर्याः।
ते हर्म्येष्ठाः शिशवो न शुभ्रा वत्सासो न प्रक्रीळिनः पयोधाः।।16।।
।।ऋग्वेद 7.56.16।।

यज्ञकर्म : लोकरक्षण

वीरजन सर्वहितकारी यज्ञकर्म में ज्ञानियों के पास जाकर उनकी रक्षा अच्छी तरह करें। यज्ञ सर्वत्र फैलनेवाला है। यज्ञकर्म लोकरक्षण है। वीर वह है जो स्वयं अकेला होते हुए भी सैकड़ों को बढ़ाने में सहायता करे।।ऋग्वेद 7. 57.7।।

आ स्तुतासो मरुतो विश्व ऊती अच्छा सूरीन् त्सर्वताता जिगात।
ये नस्त्मना शतिनो वर्धयन्ति यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः।।7।।
।।ऋग्वेद 7.57.7।।

यज्ञ : शुभ दिन करें

हे देवो! आपके संरक्षण से सुरक्षित होकर "शुभ दिवस में यज्ञ करनेवाला शत्रुओं को लांघ जाता है।" यज्ञ कर्त्ता शत्रुओं का पराभव करता है। जो उत्तम श्रेष्ठ वीरों के पोषण के लिये उत्तम अन्न प्रदान करता है, वह विनाश से दूर रहता है।।ऋग्वेद 7.59.2।। अर्थात् "ऋग्वेदीय यज्ञ विधान के अनुसार यज्ञ का आयोजन शुभ दिन करना चाहिये।"

युष्माकं देवा अवसाहनि प्रिय ईजानस्तरति द्विषः।
प्र स क्षयं तिरते वि महीरिपो यो वो वराय दाशति।।2।।
।।ऋग्वेद 7.59.2।।

त्र्यम्बक महामन्त्र एवं यज्ञ

भूत, भविष्य एवं वर्तमान के अलावा नाषदीय सूक्त का काल रहा। जिसमें अंधकार भी नहीं था, प्रकाश भी नहीं रहा। नासदीय सूक्तानुसार सृष्टि

का निर्माण कब कैसे और किससे हुआ, यह एक बड़ा रहस्य है, जो देवों के लिये भी अगम्य है। महाकाल त्र्यम्बक रुद्र आदितत्त्व, आदिभूत होने से सृष्टि निर्माण से पहिले उपलब्ध रहे। त्र्यम्बक रुद्र महाकाल हैं। वे तीनों लोकों के पिता (अम्बक) हैं। वे ही सृष्टि निर्माण एवं संहार के नियन्ता हैं। रुद्र द्वारा सृष्टि रचना और पालन पोषण से उनका महान् यश त्रिलोक में सुगन्ध की तरह व्याप्त है। हम महान् यशस्वी रुद्र की उपासना करते हैं। वे सभी प्रकार से हमारा संरक्षण करते हैं। घोर रूप में त्र्यम्बक रुद्र हमें मृत्यु के बन्धन से छुड़ाने का अनुग्रह करें और अघोर रूप में अमरत्व से कभी नहीं छुड़ायें। तीन तरह के भय होते हैं : स्वयं के प्रमाद से, राष्ट्र के दोष से और प्रकृति से। तीन तरह के ही ताप होते हैं : अध्यात्मिक, अधिदैविक एवं अधिभौतिक। त्र्यम्बक रुद्र मनुष्यों को तीन प्रकार के भय एवं तीन प्रकार के ताप से मुक्त करे। अर्थात् हम रुद्र कृपा से मृत्यु बन्धन से मुक्त हों, परन्तु अमृत की स्थिति से कभी दूर नहीं हों। देवों के शास्ता त्र्यम्बक रुद्र ऋग्वेद में ही केशी के साथ विषपान करने से काल के भी महाकाल हैं।

ऋग्वेदीय इस ऋचा का देवता–विषय रुद्र है। शास्ता रुद्र अज्ञानियों को क्षमा करें कि उन्होंने त्र्यम्बक का अर्थ तीन नेत्रवाला किया और सुगन्ध से प्रसन्न होने का भावार्थ लिया। "अम्बक" का अर्थ पिता है। "वेद में त्र्यम्बक रुद्र की बहिन अम्बिका है। दोनों मूषक की सवारी करते हैं। वे मूजवान् पर्वत के पार भूलोक के स्वर्ग कैलास महापर्वत पर रहते हैं।" स्रोत : रुद्रविद्या।। त्र्यम्बक महामन्त्र एवं याग श्रेय का मार्ग है। त्र्यम्बक याग में घृत शर्करा रहित पुरोडाश का एक अंश अग्नि को समर्पित करते हुए इस मन्त्र का पाठ किया जाता है। त्र्यम्बक याग कर्म–काण्ड रहित है। यह यज्ञ निर्धनतम भी कर सकता है।

त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टीवर्धनम्।
उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्।।ऋग्वेद 7.59.12।।

यज्ञकर्म : सत्यमार्ग

मित्र एवं वरुण अर्थात् द्युलोक और पृथिवीलोक का नेत्र सूर्य है। यह सूर्य समस्त भुवनों का निरीक्षण करता है। इतना ही नहीं, सूर्य यह भी जानता है कि मनुष्य अन्तःकरण में क्या विचरता है?।।1।। मनुष्य वरुण एवं मित्र की तरह "सत्यनिष्ठ, विशेष ज्ञान सम्पन्न एवं बहुश्रुत बने।" वह ज्ञान का प्रचार करे। उत्तम कर्म करे और आर्षग्रन्थों का संरक्षण करे। वह इन आर्षग्रन्थों–आदिज्ञान के अनुसार कर्म करके अनेक संवत्सरों तक परिपूर्णता प्राप्त करता रहे।।2।।

देव सम्राट वरुण एवं हितकारी मित्र, ये दोनों अपनी महिमा के कारण इस विशाल पृथिवी एवं द्युलोक से भी उच्च हैं। देवों के कारण ओषधियों और मनुष्यों में रस की संरचना होती है और वे स्वरूपवान् बनते हैं। "वरुण एवं मित्र देव सदैव सत्य के मार्ग पर चलते हुए सदाचारियों की सतत रक्षा करते हैं"।।3।।

मित्रवत् व्यवहार करनेवालों और श्रेष्ठ व्यवहार करनेवालों की प्रशंसा करनी चाहिये। सबसे मित्रवत् व्यवहार करनेवालों का हृदय पृथिवी से भी विशाल होता है। उनका यश सर्वत्र फैलता है। जो "यज्ञ" अर्थात् प्रजाओं में संघटन नहीं करके विघटन का कृत्य करते हैं, वे हीनावस्था में गिरते हैं। "यज्ञ करने में मन लगाने से बल में वृद्धि होती है"।।5।।

मनुष्य अपने ज्ञान में, बल में वृद्धि करे और उसका (ज्ञान–बल का) प्रचार करे। वे लोगों की प्रशंसा से तृप्त नहीं होकर महत्वपूर्ण उत्तम कर्म करते रहें। श्रुति में कहा है : "प्रतिष्ठा सूकरीविष्ठा।" असत्य की प्रशंसा करनेवाले प्रजा के प्रति द्रोह करते हैं। इसलिये कभी भी असत्य, अज्ञान में वृद्धि और सत्यज्ञान के क्षय का कार्य नहीं करना चाहिये।।5।।

विश्व को वरुण एवं मित्र रचकर धारण कर रहे हैं, यह एक शाश्वत सत्य है। ज्ञानियों का कार्य अज्ञानियों को इस शाश्वत सत्य से परिचित करवाना है। ज्ञानीजन लोगों को प्रेरणा दें, ताकि लोग "यज्ञकर्म–उत्तमकर्म" करके महत्व को प्राप्त करें। इस महत्व प्राप्ति में उत्पन्न संकट को परमेश्वर की उपासना से दूर करें। परमेश्वर उपासना से प्रसन्न होते हैं और साधक की उन्नति होती है।।6।।ऋग्वेद 7.61.1–6।।

उद् वां चक्षुर्वरुण सुप्रतीकं देवयोरेति सूर्यस्ततन्वान्।
अभि यो विश्वा भुवनानि चष्टे स मन्युं मर्त्येष्वा चिकेत।।1।।
प्र वां स मित्रावरुणावृताता विप्रो मन्मानि दीर्यश्रुदियर्ति।
यस्य ब्रह्मासि सुक्रतू अवाथ आ यत् क्रत्वा न शरदः पृणैये।।2।।
प्रोरो र्मित्रावरुणा पृथिव्याः प्र दिव ऋष्वाद् बृहतः सुदान्।
स्पशो दधाथे ओषधीषु विक्ष्वृधग्यतो अनिमिपं रक्षमाणा।।3।।
शंसा मित्रस्य वरुणस्य धाम शुष्मो रोदसी बद्धधे महित्वा।
अयन् मासः अयज्वनामवीराः प्र यज्ञमन्मा वृजनं तिराते।।4।।
अमूरा विश्वा वृषणाविमा वां न यासु चित्रं ददृशे न यक्षम्।
द्रुहः सचन्ते अनृता जनानां न वां निण्यान्यचिते अभूवन्।।5।।
समु वां यज्ञं महयं नमोभिर्हुवे वां मित्रावरुणा सबाधः।
प्र वां मन्मान्यृचसे नवानि कृतानि ब्रह्म जुजपन्निमानिं।।6।।

।।ऋग्वेद 7.61.1–6।।

यज्ञ : शत्रु दूर

महान् देवता वरुण एवं मित्र द्युलोक और पृथिवीलोक के समस्त ज्ञानों के सर्वज्ञ हैं ये ज्ञानहीनों को ज्ञानी बना सकते हैं। वे ज्ञान के शुभ मार्गों से जाते हैं। "कर्ममार्ग" का आशय है : "जिससे द्युलोक, पृथिवीलोक एवं अन्तरिक्षलोक में स्थित पदार्थों की विद्या प्राप्त की जाती है। साथ ही वह विद्या जिससे अध्यात्म, अधिदैवत एवं अधिभूत सम्बन्धी कर्म करने होते हैं। यह अवश्य है कि "ज्ञान से कर्ममार्ग में प्रवृत्ति होती है।" इस कर्म मार्ग में आनेवाले अनेक संकटों से डरना नहीं चाहिये।।7।। यह कर्मयोग का सूत्रात्मक वर्णन है।

मनुष्य सुरक्षा, उन्नति एवं कल्याणप्रद सुख के लिये प्रयत्न करे, परन्तु उसके विपरीत परिणाम नहीं हों। वह ऐसे शुभ कर्मों में स्वजन, परिजन को भी प्रवीण बनावें। कर्म शीघ्रता से करे, परन्तु ऐसा कुकर्म नहीं करे जिनसे ज्ञानीजन रुष्ट हों।।8।।

जो यज्ञकर्म (उत्तमकर्म, प्रशस्ततमकर्म, सत्कृत) नहीं करता, हवन अथवा परमेष्ठी की स्तुति, स्मरण नहीं करता, उसकी अज्ञान–अविद्या के कारण दुर्गती होती है। अर्यमा यज्ञ करनेवाले सत्पुरुषों से शत्रुओं को दूर करता है, उन्हें उत्तम स्थान प्रदान करता है।।9।।ऋग्वेद 7.60.7, 8, 9।।

इमे दिवो अनिमिषा पृथिव्याश्चिकित्वासो अचेतसं नयन्ति।
प्रवाजे चिन्नद्यो गाधमस्ति पारं नो अम्य विषितस्य पर्षन्।।7।।
यद् गोपावददितिः शर्म भद्रं मित्रो यच्छन्ति वरुणः सुदासे।
तस्मिन्ना तोकं तनयं दधाना मा कर्म देवहेळनं तुरासः।।8।।
अव वेदिं होत्राभिर्यजेत् रिपः काश्चिद् वरुणध्रुतः सः।
परि द्वेषोभिरर्यमा वृणक्तृरुं सुदासे वृषणा उ लोकम्।।9।।

।।ऋग्वेद 7.60.7, 8, 9।।

सोमयाग में शचीपति–शक्ति अधिपति, रोगहर्ता : आरोग्य धन

सोमयाग में अश्वि देवों में आमन्त्रित किया जाता है। मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने अश्विनौ को "शचीपति" कहा है। इस ऋचा में "शचीपति का अर्थ शक्ति का अधिपति अथवा स्वामी है।" यह उल्लेखनीय है कि शब्दकोश में शचि शब्द का अर्थ इन्द्र की पत्नी लिखा है। "शच् + इन्, शचि + ङीष्।।" यद्यपि शच् का तात्पर्य बोलना, कहना, बतलाना है। वहीं ऋग्वेद के शचि शब्द इनसे बहुत ही अलग है। वेद के शब्द बहुअर्थ वाले हैं।

अश्विनौ देवगण शक्ति के स्वामी हैं। ये दोनों देव मनुष्यों के रोगों को दूर करके उन्हें स्वस्थ्य बनाकर शक्ति सामर्थ्य प्रदान करते हैं। अश्विनौ मनुष्यों को निरोगता एवं दीर्घायुस्य रूपी दुर्लभ धन प्रदान करते हैं। अश्विनौ देव से प्रार्थना की गई है कि धन (आरोग्यधन) की इच्छा करनेवाली बुद्धि सरल, सहज, हिंसारहित एवं धन प्राप्ति योग्य बनायें। साथ ही अपनी शक्तियों से हमें सामर्थ्यवान् बनाने का अनुग्रह करें। ऋचा में दीर्घायुस्य को धन की संज्ञा दी गई है।।ऋग्वेद 7.67.5।।

प्राचीपु देवाश्विना धियं मे ऽमध्रां सातये कृतं वसूयुम्।
विश्वा अविष्टं वाज आ पुरंधीस्ता नः शुक्तं शचीपती
शचीपती शचीभिः।।ऋग्वेद 7.67.5।।

हवि से कायाकल्प

हे अश्वि देवों! हवि देनेवाले वृद्ध च्यवन ऋषि के लिए आपका उनके पास जाना हितकर सिद्ध हुआ। अर्थात् यज्ञ कर्त्ता च्यवन ऋषि अत्यन्त वृद्ध हो गये थे। उस समय यज्ञ में सोमरस ग्रहण करनेवाले दैव्य चिकित्सक अश्विनौ देवता च्यवन ऋषि के पास गये। उन्हें दिव्य पौष्टिक अन्नादि देकर फिर से तरुण बना दिया अथवा कायाकल्प किया। इसतरह च्यवन ऋषि की मृत्यु से रक्षा की।।6।।

इस शृंखला में वृत्तान्त है : महान् यज्ञ कर्त्ता मुनिवर अत्रि असुरों के कारावास में रहने से बहुत ही कमजोर हो गये थे। अश्वि देवों ने अत्रि महामुनि को बलवान् एवं पुष्ट बनाने के लिये एक प्रकार का विलक्षण एवं दिव्य पुष्टिकारक अन्नादि दिया। जिससे मुनिश्रेष्ठ अत्रि फिर से शक्ति सम्पन्न होकर वेदादि कार्य करने में समर्थ हुए।।5।।

ये "दो वृत्तान्त यज्ञ और कायाकल्प के अन्तर्सम्बन्ध का सूत्र प्रस्तुत करते हैं।" वैदिक काल में चिकित्सक–वैद्य पुष्टिकारक दिव्य अन्न– ओषधि का निर्माण करते रहे। जिससे प्रजायें हृष्ट पुष्ट रहती थी। तीसरे, यज्ञ के माध्यम से कायकाल्प का गुप्त विधान रहा। सन 1708 में बीदर के पूर्व प्रधानमंत्री आचार्य भास्कर राय ने ऋग्वेद में सविता देवता की तीन ऋचाओं के साथ यज्ञादि कर्म सम्पन्न कर कायाकल्प किया (तृच भास्कर ग्रन्थ)। "ज्ञानगंज" में भी साधु द्वारा कायाकल्प का वृत्तान्त है। ज्ञानगंज के महातपा 1600 वर्ष के रहे।।ऋग्वेद 7.68.5, 6।।

अयं ह यद् वां देवया उ अद्रिरुर्ध्वो
विवक्ति सोमसुद् युवभ्याम्।
आ वल्गू विप्रो ववृतीत हव्यैः।।4।।

चित्रं ह यद वां भोजनं न्वस्ति
न्यत्रये महिष्वन्तं युयोतम्।
यो वोमोमानं दधते प्रियः सन्।।5।।
उत त्यद् वां जुरते अश्विना
भूच्च्यवानाय प्रतीत्यं हविर्दे।
अधि यद् वर्प इतऊति धत्थः।।6।।ऋग्वेद 7.68.4–6।।

सोमयाग : सोमादि पर्वत शिखर पर

सोमयागादि में प्रयुक्त होनेवाला दिव्य सोमवल्ली समूह, दिव्य गुणों से सम्पन्न सर्वोषधि आदि पर्वत शिखरों पर ही उपलब्ध होती हैं। यज्ञ में चमत्कारिक दिव्य वनोषधियों की हवि दी जाती है। इस ऋचा में इस तथ्य की बहुत ही रहस्यात्मक प्रस्तुति है। अश्विनौ देवता पर्वत शिखर पर विराजमान होते हैं और दानी सज्जन के लिये अन्न पहुँचाते हैं। हिमनदोंवाले पर्वत शिखरों (परम पवित्र कैलास महापर्वत, त्रिविष्टिपम्, पर्वतराज हिमालय पर्वतमाला) पर सोम आदि दिव्य ओषधियाँ होती हैं। इन दिव्य ओषधियों को एकत्रकर यज्ञ आयोजन किया जाता है। अश्वि देव पर्वत शिखरों पर जाते हैं और दुर्लभ एवं दिव्य ओषधियाँ लाते हैं एवं सुख पहुँचाते हैं।।ऋग्वेद 7.70.3।।

ओषधियों के यज्ञ में 203 से अधिक वनोषधियों का उपयोग वर्तमान में भी जारी है। इनका धूम्र–धूम श्वांस के माध्यम से देह में जाकर रोग–दोष निवारण करता है।

यानि स्थानान्यश्विना दधाथे दिवो यव्हीष्वोषधीषु विक्षु।
नि पर्वतस्य मूर्धनि सदन्तेषं जनाय दादुषे वहन्ता।।3।।
।।ऋग्वेद 7.70.3।।

यज्ञ संघटन

हे सत्यपालक अश्विदेवों! आपका यज्ञ हविष्यान्न से युक्त है। यज्ञ में अश्विदेवों का वर्णन किया जाता है, उनकी ऋचाओं–स्तोत्रों के पाठ से यज्ञ होता है। "यज्ञों में मानवों का एकत्रीकरण होता है अथवा मानवों का संघटन होता है।" श्रेष्ठों को बसाया जाता है। पुरों एवं ग्रामों का निर्माण होता है। मानवों में परस्पर व्यवहार होता है। इस तरह यज्ञ संघटन से उन्नति के कारण बनते हैं।।ऋग्वेद 7.70.6।। अतः "यज्ञ को संघटन कहा गया है।"

यो वां यज्ञो नासत्या हविष्मान् कृतब्रह्मा समर्यो3 भवाति।
उप प्र यातं वरमा वसिष्ठमिमा ब्रह्माण्यृच्यन्ते युवभ्याम्।।6।।
।।ऋग्वेद 7.70.6।।

प्राचीन ऋषि : ऋचाओं से साक्षात्कार

वेद पूर्व के प्राचीन ऋषि ऋत (सत्य) के पालनकर्त्ता रहे। वे प्राचीन ऋषि ऋतवान् होने से अन्तःकरण–हृदय में वैदिक ऋचाओं के साक्षात्कार करनेवाले रहे। वे सबके पूर्वज एवं पालक रहे। मन्त्रद्रष्टा ऋषियों को देवों की पंक्ति में बैठकर सोमपान का विशेषाधिकार प्राप्त रहा। वे सूर्यसिद्धान्त–ज्योतिर्विद्या के महान्ज्ञाता रहे। उन्होंने "गुप्त ज्योतिर्विद्या के आधार पर ग्रहों की गति, शक्ति आदि का पता चला लिया था।" अर्थात् क्रांतदर्शी कवि गण ने ऋचाओं का अन्तःकरण में साक्षातकार किया। उन्हें देवतुल्य ही स्वीकारा गया ।।ऋग्वेद 7.76.4।।

त इद् देवानां सधमाद आसन्नृतावानः कवयः पूर्व्यासः।
गूळहं ज्योतिः पितरो अन्वविन्दन् त्सत्यमन्त्रा अजनयन्नुषासम्।।
।।ऋग्वेद 7.76.4।।

दाशराज्ञ रणयज्ञ : यज्ञ कर्त्ता सुदास की अकल्पनीय विजय "यज्ञ से असम्भव भी सम्भव"

भरतकुल के नेता राजा सुदास के विरोध में कई राजा एकत्रित हुए। इन राजाओं में से कुछ दासवंश से सम्बद्ध रहे। इनकी संख्या दश अथवा उससे अधिक रही। यह युद्ध ऋग्वेद 7.18 में वर्णित है। "दासराज्ञ युद्ध–रणयज्ञ" का उल्लेख ऋग्वेद के 7.33 सूक्त में भी है। राजा सुदास को इन दश राजाओं ने तीनों ओर से घेर लिया। वे राजा सुदास को पीछे हटाते–हटाते परुष्णी महानदी के तीर तक ले गये। इस विकट परिस्थिति में राजा सुदास और उनके अनुयायी के सामने महानदी की प्रचण्ड धारा में प्रवेश के अलावा कोई चारा नहीं था। इस महासंकट में राजा सुदासादि इन्द्र की अनमोल सहायता से नदी के उस पार पहुँचे।

इस बीच उनका पीछा करनेवाले प्रतिद्वन्दी राजा परुष्णी महानद के तीर पर आ पहुँचे। उन्होंने विजय के उन्माद में परुष्णी के जल की गहराई; नदी के तेज प्रवाह और पैनी धारा आदि की ओर तनिक भी ध्यान नहीं दिया। उन्होंने तुरन्त महानदी की प्रचण्ड महाधारा में विभिन्न स्थानों पर उतरकर पार पहुँचने का प्रयास किया। परिणामस्वरूप राजा तुर्वश महाप्रवाह में बह गये। यह "रणयज्ञ के पुरोडाश के रूप में प्रतिद्वन्दियों के नेता की प्रथम आहुति सिद्ध हुई।" साथ ही अन्य राजाओं के साथ उनके सैनिकों की भी दुर्दशा हुई। "कोई अचरज नहीं इनका पौरोहित्य करने साथ में आये हुए एक महान् ऋषि भी इस रणयज्ञ में पशु–हवि बनकर प्राणों से हाथ धो बैठे।" कुछ योद्धा महानद के उस पार अवश्य पहुँचे; लेकिन दश राजाओं की पूरी सेना

तितर–बितर होने से सुदास के सुसज्ज अनुयायियों को उन्हें मौत के घाट उतारने में कोई कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ा। "यह शत प्रतिशत अद्भुत; अकल्पनीय विजय रही। राजा सुदास के पुरोहितों पर इन्द्र की अपार कृपा को कवियों ने एकमात्र कारण कहा है।" राजा सुदास के पुरोहित "तृत्सु ऋषि" रहे। "ये तृत्सु ऋषि गण अपने यजमान भरतकुल के राजा सुदास के साथ रणभूमि पर उपस्थित होकर राजा का समर्थन करते थे।" दाशराज्ञ युद्ध के समय इन तृत्सुओं के नेता "वसिष्ठ" रहे। वसिष्ठ इन्द्र को प्रिय रहे। इसी कारण वसिष्ठ ने अपने कुल को बड़ी प्रतिष्ठा का पात्र बनाया। प्रकारान्तर में "तत्सुकुल वसिष्ठकुल" के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

दाशराज्ञ युद्ध–रणयज्ञ वृत्तान्त से स्पष्ट है कि "वैदिक ऋषि शास्त्र एवं शस्त्र दोनों के महाज्ञानी रहे।" दश राजाओं में से कोई अनार्य भी रहे। अतः क्षात्रन्याय के सभी को "अयज्यषः" कहा गया है। "अवज्यु" का अर्थ उचित ढंग से यज्ञ नहीं करनेवाला है। अर्थात् सत्कृत, शुभकर्म, प्रशस्ततमकर्म उत्तमकर्म, पवित्रकार्य, मख, याग, पँच महायज्ञों से विमुख है। ऋचा में कहा है : "हे इन्द्रावरुणा! ये यज्ञयागादि नहीं करनेवाले एक साथ मिले हुए दशों राजा अकेले राजा सुदास से युद्ध नहीं कर सके।" अन्त में हव्यों के पास (तैयार करने के लिये) बैठनेवाले ऋत्विज्ों की भावूपर्ण स्तुति सफल हो गयी। इनके द्वारा किये गये देवों के आवाहन के समय शीघ्र ही सभी देव उनके पास (सहयोग को) उपस्थित हो गये।।ऋग्वेद 7.83.6।।

इस सूक्त में "यज्ञ से असम्भव भी सम्भव होने का सूत्रात्मक वर्णन है।" यहाँ देव सम्राट वरुण और देव सेनानी इन्द्र की कृपादृष्टि से महर्षि तृत्सु–वसिष्ठ ने अज (बकरी) से सिंह को हरवाना चरितार्थ किया।

दश राजानः समिता अयज्यवः सुदासमिन्द्रावरुणा न युयुधुः।
सत्या नृणामद्यसदामुपस्तुतिर्देवा एषामभवन् देवहूतिषु।।7।।
।।ऋग्वेद 7.83.6।।

यज्ञ सत्कर्म

युद्धों, सभाओं और यज्ञस्थानों में हम जिस यज्ञ को करना चाहते हैं, वह यज्ञ उत्तम से उत्तम एवं निर्दोष बने। इसका अभिप्राय है कि मनुष्य सत्कर्म (यज्ञकर्म) करे और निर्दोष बने। ज्ञानी प्रशंसा के योग्य ऋचाएँ–स्तोत्र–स्तुति करें। जो अध्यात्मिक, अधिदैविक, अधिभूत धन हमें देना चाहते हैं, वह हमें शीघ्र ही प्राप्त हो। देवगण हमें प्रशंसा योग्य संरक्षणों से संवर्धित करें।।ऋग्वेद 7.84.3।।

कृतं नो यज्ञं विदथेषु चारुं कृतं ब्रह्माणि सूरिषु प्रशस्तः।

उपो रयिर्देवजूतो न एतु प्र णः स्पार्हाभिरूतिभिस्तिरेतम्।।3।।

।।ऋग्वेद 7.84.3।।

यज्ञकर्त्ता कौन? : यज्ञविधान ज्ञाता होता हो

उत्तम कर्म करनेवाला "होता यज्ञ के विधान का ज्ञाता हो।" अर्थात् यज्ञ करनेवाले एवं करवानेवाले को यज्ञ की विधि विधान विदित होना चाहिये। यज्ञकर्त्ता की अन्नादि दान की इच्छा हो। उसके पास पर्याप्त अन्न हो। यज्ञ करनेवाले का संरक्षण हो और यज्ञस्थान सुरक्षित हो। वह देवों से उसके एवं यज्ञ के संरक्षण की प्रार्थना कर उनका अनुग्रह प्राप्त करे। ऐसा याजक ही उत्तम फल प्राप्त करता है।।ऋग्वेद 7.85.4।। इससे पूर्व भी ऋग्वेद की ऋचाओं में यज्ञकर्त्ता, यज्ञविधान एवं ऋत्विकों का वर्णन मिलता है। यहाँ हवन के होता को यज्ञविधान ज्ञान आवश्यक कहा गया है।

स सुक्रतुर्ऋतचिदस्तु होता य आदित्य शवसा वां नमस्वान्।
आववर्तदवसे वां हविष्मानसदित् स सुविताय प्रयस्वान्।।4।।

।।ऋग्वेद 7.85.4।।

यज्ञ : वंशागत दोष मुक्ति

सम्राट वरुण को हव्य समर्पण क्रम में कहा गया है कि "हमारे पूर्वजों (पिता, पितामह, प्रपितामहादि) के द्वारा किये गये और हमारे द्वारा स्वयं किये सभी अपराधों से आप हमें (उनके लिये क्षमा करके) मुक्त करने का अनुग्रह करो। हे राजन्! (तृणमुष्टि के दान से) पशु (गाय) का संतर्पण करनेवाले चोर की तरह तथा वत्स को दामन् से जिस तरह छुड़ाते हैं उसी प्रकार उन अपराधों से हमें मुक्त करो।"

"पशुतृपं न तायुं"—गाय को सन्तुष्ट करनेवाले चोर की तरह। प्रायश्चित करके पावन होने का प्रमाण उन दिनों गाय से प्राप्त करना पड़ता था।

पूर्वजों का संस्कार हमारे शरीर पर भी होता है। बीजरूप से वे दोष हमारे अन्दर आते हैं, उनसे छुटकारा प्राप्त करना चाहिये। जो पाप हम अपने शरीर से करते हैं, उनसे भी मुक्ति प्राप्त करनी चाहिये।।ऋग्वेद 7.86.5।।

अव द्रुग्धानि पिव्या सृजा नो ऽव या वयं चकृमा तनूभिः।
अव राजन् पशुतृपं न तायुं सृजा वत्सं न दाम्नो वसिष्ठम्।।5।।

।।ऋग्वेद 7.86.5।।

प्रगति में अवरोध से पाप प्रवृत्ति

(जिसके संयोग से वे अपराध हो चुके हैं) वह मेरी अपनी बुद्धि नहीं, परन्तु वह (किसी दूसरे से की गई) वंचना अथवा मद्यपान, क्रोधविवशता, द्यूत

खेलने के पासा तथा अज्ञान इनमें से कोई भी (एक अथवा अनेक बातें) होगा। (फिर भी) छोटे (बच्चे) के अपराध में बड़े को हिस्सेदार माना ही जाता है; क्योंकि निद्रा भी (मनुष्य को दुष्ट शत्रु के) मिथ्यात्व से दूर नहीं कर सकती है।

अर्थात् प्रगति में रुकावट होने से पाप में प्रवृत्ति होती है। सुरा पीने, क्रोध, जुआ और अज्ञान से पाप उत्पन्न होता है। जब मनुष्य की प्रगति में कोई बाधा उत्पन्न करता है, तब मनुष्य बाधा उत्पन्न करनेवाले के प्रति मन ही मन द्वेष करता है और यह द्वेष ही उसे पाप में प्रवृत्त करता है। बड़ा छोटे को पाप में प्रवृत्त करता है। धनी निर्धन को, बलवान् निर्बल को और अज्ञानी ज्ञानी को पाप में प्रवृत्त करता है। निद्रा और आलस्य भी पाप के प्रवर्तक हैं।। ऋग्वेद 7.86.6।।

न स स्वो दक्षो वरुण ध्रुतिः सा सुरा मन्युर्विभीदको अचित्तिः।
अस्ति ज्यायान् कनीयस उपारे स्वप्नश्चनेदनृतस्य प्रयोता।।6।।

।।ऋग्वेद 7.86.6।।

वरुण यज्ञ : शरीर रूपी नौका एवं परमेष्ठी

सम्राट वरुण के यज्ञ प्रसंग में मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने शरीर रूपी नौका और मुक्ति का उपदेश दिया है। सत्यपालक महानारायण वरुण और भक्त (यज्ञकर्त्ता) एक ही नौका पर सवार हैं। वह नौका महासमुद्र में लहरों, तरंगों के कारण ऊपर एवं नीचे होती है। इस गति में आनन्द और कल्याण की प्राप्ति होती है। अध्यात्मिक रूप से जीव इस शरीर रूपी नौका पर आता है। उसी नौका को चलानेवाला परमेष्ठी है, अर्थात् परमेष्ठी नौका पर बैठा है। यह नौका संसाररूपी सागर में चलाई जाती है। यह शरीररूपी नौका आनेवाले सुखदुःख रूपी तरंगों से उन्नत एवं अवनत होती रहती है। परन्तु यह अवस्था मनुष्य को कल्याण एवं आनन्द देनेवाली है।।3।।

"परमेष्ठी शरीररूपी नौका का रचयिता है।" रचयिता ने उस नौका पर सत्कृतकर्त्ता–साधक–भक्त को बिठाया है। उसे ज्ञानी और कर्म का कर्त्ता बनाया है। परमेष्ठी ने साथ ही काल का निर्माण करके शुभ दिनों का सृजन किया है। जिससे इन शुभ दिनों में जीव उत्तम कर्म करके उत्तम स्थान पर पहुँचे।।4।।

परमेष्ठी और जीव के मध्य मित्रता प्राचीन है, सनातन है। यह कब हुई, कैसे हुई, यह अज्ञात है? परन्तु जीव एवं परमेश्वर के बीच मैत्री निष्कपट है। जीव चाहता है कि यह मित्रता स्थिर रहे। जीव की इच्छा परमब्रह्म के विशालतम लोक में रहने की होती है।।5।।

जीव (भक्त) कहता है, हे परमेष्ठी! मैं आपका सनातन बन्धु हूँ। आपका प्रिय सखा हूँ। अब मुझसे थोड़े से अपराध भी हुए हैं, क्या आप उसके लिये प्रिय सखा को दण्ड दोगे? "हे पूजनीय परमेष्ठी! हम आपके हैं, आप हमारे हैं", आप हमसे पाप होने पर भी उसका भोग नहीं भोगना पड़े, ऐसा अनुग्रह करो। आप हमारा पाप क्षमा करने की कृपा करो। हे प्रभु! आप सर्वज्ञ सर्वद्रष्टा हो, इसलिये आप मुझ जैसे भक्त को अपनी शरण में लेकर सुख प्रदान करो।।6।।

इन तीन ऋचाओं में गूढ़तम अध्यात्मिक दर्शन को बहुत ही सहज सरल तरीके से कहा गया है।।ऋग्वेद 7.88.3, 4, 5, 6।।

आ यद रुहाव वरुणश्च नावं प्र यत् समुद्रमीरयाव मध्यम्।
अधि यदपां स्नुभिश्चराव प्र प्रेंख ईंखयावहै शुभे कम्।।3।।
वसिष्ठं ह वरुणो नाव्याधादृषिं चकार स्वपा महोभिः।
स्तोतारं विप्रः सुदिनत्वे अह्नां यान्नु द्यावस्ततनन् यादुषासः।।4।।
क्व1 त्यानिं नौ सख्या बभूवुः सचावहे यदवृकं पुरा चित्।
बृहन्तं मानं वरुण स्वधावः सहस्रद्वारं जगमा गृहं ते।।5।।
य आपिर्नित्यां वरुण प्रियः सन् त्वामागांसि कृणवत् सखा ते।
मा त एनस्वन्तो यक्षिन् भुजेम यन्धि ष्मा विप्रः स्तुवते वरूथम्।।6।।
।।ऋग्वेद 7.88.3, 4, 5, 6।।

इस सूक्त में वरुण परमेष्ठी और वसिष्ठ जीव है।

दुःख निवारण के तीन साधन
प्रशस्त कर्म में शिथिलता से अवनति

वरुण देवता के सूक्त में दुःख से पार होने और अवनति के अन्ध कूप में गिरने का वर्णन है। मनुष्य किले जैसे स्थान में सुरक्षित रहे और शत्रुओं से अपनी रक्षा करे। "जिसमें स्फुरण है, उत्साह है, वही प्रयत्न करके उन्नति करता है। दुःख निवारण के तीन साधन हैं : आत्मिक बल, उत्साह (विधायकी विचार) और सुरक्षित स्थान।।2।।"

हे सत्यपालक, पवित्र, कर्मों के निरीक्षक वरुण देवता! मैं कर्म करने की दीनता के कारण प्रतिकूल परिस्थिति को प्राप्त हुआ हूँ। हे उत्तम क्षात्रबल वाले सम्राट वरुण! इसलिये मुझे सुखी एवं आनन्दित करो। अर्थात् "मनुष्य की अवनति प्रशस्त कर्म करने में शिथिलता करती है।" इसलिये इस तरह की दीनता को कोई मनुष्य अपने समीप नहीं आने दे।।3।।ऋग्वेद 7.89.2, 3।।

यदेमि प्रस्फुरन्नित दृतिर्न ध्मातो अद्रियः।
मृळा सुक्षत्र गृळय।।2।।

क्रत्वः समह दीनता प्रतीपं जगमा शुचे।
मृळा सुक्षत्र गृळथ।।3।।ऋग्वेद 7.89.2, 3।।

सत्य मन यज्ञकर्म से संयुक्त

इन्द्र एवं वायु विषयक ऋचा में स्पष्ट किया है कि "जिसका मन सत्य से प्रकाशित होता है, वे यज्ञकर्म (उत्तमकर्म, प्रशस्तकर्म, सत्कृत) से संयुक्त होते हैं।" इसलिये यज्ञकर्म के लिये मन में (अन्तःकरण) में सत्य का प्रकाश होना आवश्यक है। मनुष्य अपने शरीर का स्वामी बनें। इन्द्र एवं वायु अर्थात् जीवात्मा और प्राणशक्ति शरीर के स्वामी को सदैव पोषण की प्राप्ति के स्थान पर ले जाते हैं।।ऋग्वेद 7.90.5।।

ते सत्येन मनसा दीध्यानाः स्वेन युक्तासः ऋतुना वहन्ति।
इन्द्रवायु वीरवाहं रथं वामीशानयोरभि पृक्षः सचन्ते।।5।।
।।ऋग्वेद 7.90.5।।

वेदकाल से पहिले से सर्वकल्याण, सर्वदुःख निवारण यज्ञ

प्राचीन काल के वृद्धतम महाज्ञानी स्तोतागण रहे। ये आदि ज्ञानी अपने प्रिय स्तोत्रों के कारण बहुत प्रशंसित हुए। "वे वृद्धतम स्तोतागण दुःखी मानवों के हित के लिये, कल्याण के लिये जीवनी शक्ति वायु, जगत् की आत्मा सूर्य एवं शुभ कर्म प्रेरक उषा को हवि प्रदान करते एवं स्तुति करते रहे।।" अर्थात् वेद से पूर्व काल और वेद काल में ऋषिगण मनुष्यों के दुःख निवारण और कल्याण के लिये यज्ञ करते रहे।।ऋग्वेद 7.91.1।।

कुविदंग नमसा ये वृधासः पुरा देवा अनवद्यास आसन्।
ते वायवे मनवे बाधितायाऽवासन्नुषसं सूर्येण।।1।।ऋग्वेद 7.91.1।।

ज्ञानयज्ञ

बलवान् ज्ञानी अपनी बुद्धि को उत्कृष्ट बनाने की इच्छा से ज्ञानयज्ञ की स्पर्धा के क्षेत्र में जाते हैं। जिसमें (ज्ञानयज्ञ) प्रत्येक विषय के उद्भट विद्वान भाग लेते हैं। ज्ञानियों के मध्य ज्ञानयज्ञ अनेक दिनों तक चलता है। वहाँ महाज्ञानी अपने ज्ञान को प्रगट करते हैं। परिणामतः भाग लेनेवालों को उत्तम बुद्धि–उत्तम ज्ञान लाभ होता रहा। मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने उदाहरण दिया है कि घोड़े जिस तरह प्रगति करते हैं, वैसे ही समाज के अग्रणी, ज्ञानीजन प्रगति करने की इच्छा करते हैं।।ऋग्वेद 7.93.3।।

उपो ह यद् विदथ वाजिनो गुर्धीभिर्विप्राः प्रमतिमिच्छमानाः।
अर्वन्तो न काष्ठां नक्षमाणा इन्द्राग्नी जोहुवतो नरस्ते।।3।।
।।ऋग्वेद 7.93.3।।

सरस्वती यज्ञ : मनुष्य विघ्न–बाधा दूर कर आगे बढ़े

ऋग्वेद में सरस्वती ज्ञान एवं बुद्धि की अधिष्ठाता और महानद दोनों ही हैं। सरस्वत् + ङीप्।। सरस्वान् सरस्वती के अधिष्ठाता देवता हैं।सरस्वती का अर्थ स्वर; वचन; शब्द; देववाणी; वाग्देवी; विद्या की देवी; श्रेष्ठ नारी; गो; सोमलता एवं ज्योतिष्मती लता है। ''सरस्वान् का अर्थ महाज्ञानी एवं समुद्र दोनों है।'' विद्या की महानदियाँ उस महासागर–महाज्ञानी के हृदय में जाकर मिलती हैं। वैदिक दृष्टि में महाज्ञानी, महासमुद्र और मेघ तीनों ही सरस्वान् हैं। ''आर्यों का आदिदेश'' (डॉ. सम्पूर्णानन्द, प्रकाशन सन 1945); ''पश्चिमी एशिया और ऋग्वेद'' (डॉ. रामविलास शर्मा, दिल्ली विश्वविद्यालय प्रकाशन) और ''वेद परिचय'' (आचार्य गुरुदत्त) के अनुसार दृषद्वती महानद एवं सरस्वती महानद के मध्य में 39 लाख वर्ष पूर्व ऋग्वेद का सृजन हुआ। सरस्वती महानद आदि के तीर पर ऋषिगण यज्ञ सम्पन्न करते रहे।

सरस्वती महानद का प्रचण्ड प्रवाह अखण्ड है। यह लोहे और पत्थरों से निर्मित अजेय दुर्ग के समान अपने समीप रहनेवालों की रक्षा करती है। जिस तरह कुशल सारथी रथ को मार्ग के पत्थरों एवं गड्ढ़ों (गढ़ों) को बचाते हुए सरल मार्ग से ले जाता है, उसी तरह सरस्वती महानद अपने प्रचण्डतम प्रवाह के वेग से मार्ग काटती, विघ्नों–बाधाओं को दूर करती हुई जाती है। इसका अध्यात्मिक अर्थ है कि ''इसी तरह मनुष्य को चाहिये कि वह जीवन यज्ञ में विघ्नों–बाधाओं को दूर करके आगे बढ़ता जाए''।।1।। सरस्वती हमें जीवनयज्ञ में प्रत्येक अवरोध–विघ्न को दूर कर उत्तम उन्नति का उपदेश देती है।। ऋग्वेद 7.95.1।।

प्र क्षोदसा धायसा सस्र एषा सरस्वती घरुणमायसी पूः।
प्रवावधाना रथ्येव याति विश्वा अपो महिना सिन्धुस्याः।।1।।
।।ऋग्वेद 7.95.1।।

यज्ञ एवं नदी

हे भाग्यवति सरस्वती! इस वसिष्ठ ने आपके लिये अपने यज्ञ के द्वार खोल रखे हैं। हे शोभायमान् देवी! ऐश्वर्य से वृद्धिगत होकर आप अपने स्तोता को अन्नादि उपहार प्रदान करा दो। हे देवो! आप अपने आशीर्वचनों से नित्य हमारी सुरक्षा करो। ऋचा में ''ऋतस्य द्वारा'' का आशय ''उस के द्वार जो ऋत का प्रतीक है।'' वसिष्ठ ऋषि ने सरस्वती के लिये ऋत के द्वार खोले। यहाँ भावार्थ यह है कि ''वैदिक काल में महाविद्वान् नदी के किनारे यज्ञ की रचना करते रहे। प्राचीन ऋषिगण सरस्वती महानदी के किनारे यज्ञ–अनुष्ठान करते रहे। उन यज्ञों से पवित्र हुए जलवाली वह नदी उन ऋषियों को प्रचुर

धान्य देकर समृद्ध करती रही। इस तरह नदी यज्ञ का पर्याय बनी थी। यह उल्लेखनीय है कि वरुण देवता के यज्ञ में जलती हुई हवि की आहुति जल में देने का विधान है। यह विधान नदी–सरोवर के समीप यज्ञ करने पर ही सम्भव है। वेद में यज्ञ आयोजन खुले आकाश के नीचे करने का विधान मिलता है।।ऋग्वेद 7.95.6।।

अयमु ते सरस्वति वसिष्ठो द्वारावृतस्य सुभगे व्यावः।
वर्ध शुभ्रं स्नुवते रासि वाजान् यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः।।
।।ऋग्वेद 7.95.6।।

यज्ञ–कल्याण के लिये

पृथिवी पर यज्ञ का स्थान ऐसा है जो समस्त मानवों का कल्याण करता है। यज्ञ में देवी भाव को अपनाने का यत्न करनेवाले, सत्य ज्ञान के जिज्ञासु, लोककल्याण–लोक अभ्युदय के लिये सर्वस्व की आहुति देनेवाले ज्ञानी एकत्रित होते हैं। यज्ञ में सोमरस निकाला जाता है। वहाँ द्युलोक से मनोवेग से चलनेवाले घोड़ों के रथ में बैठकर इन्द्र अतिशीघ्र पहुँचता है। इस ऋचा का भावार्थ यह है कि लोकहित को समर्पित श्रेष्ठ पुरुष यज्ञ में अवश्य जायें।।ऋग्वेद 7.97.1।।

यज्ञे दिनो नृपदने पृथिव्या नरो यत्र देवयवो मदन्ति।
इन्द्राय यत्र सवनानि सुन्वे गमन्मदाय प्रथमं वयश्च।।1।।
।।ऋग्वेद 7.97.1।।

ब्रह्मज्ञानी : माता पृथिवी, पिता द्यु

इस ऋचा में ब्रह्मज्ञान की महिमा वर्णन है। ब्रह्मज्ञानी की माता पृथिवीलोक है और पिता द्युलोक है। ज्ञानी की रक्षा ये दोनों लोक करते हैं। इसलिये ज्ञानी भी महिमा से सम्पन्न होकर बढ़ता है। इसका आशय यह है कि सभी मननशील अपने ज्ञान में वृद्धि करें।।ऋग्वेद 7.97.8।।

देवी देवस्य रोदसी जनित्री बृहस्पतिं वावृधतुर्महित्वा।
दक्षाय्याय दक्षता सखायः करद् ब्रह्मणे सुतरा सुगाधा।।8।।
।।ऋग्वेद 7.97.8।।

सृष्टियज्ञ

हे विष्णु! आपने "सृष्टियज्ञ" सम्पन्न करने के लिये द्युलोक एवं पृथिवीलोक में विस्तृत स्थान बनाया। इन्हीं दोनों लोकों में सूर्य, अग्नि और उषा को स्थान दिया। इन्द्र एवं विष्णु ने बलवान् एवं सुरक्षित शत्रु के कुटिलतापूर्ण एवं कपटतापूर्ण आक्रमणों को विफल कर दिया।।ऋग्वेद 7.99.4।।

उरुं यज्ञाय चक्रथुरु लोकं जनयन्ता सूर्यमुषासमग्निम्।
दासस्य चिद् वृषशिप्रस्य माया जघ्नथुर्नरा पृतनाज्येषु।।4।।
।।ऋग्वेद 7.99.4।।

वषट् से आहुति

वषट्–देवोद्देश्यकहविस्त्यागमन्त्रः। इत्यमरः।। स्वाहा औषट् वौषट् वषट् स्वधा एते पंचशब्दा देवहविर्दाने वह्निमुखहुतौ वर्त्तन्ते। देवाय हविषो दान देवहविर्दानं तत्र देवा इन्द्रादयः। अत्र पितरो देवता इति स्मृतेस्तेऽपि देवाः हविर्दान इत्यनेन एते मन्त्रा इति सूचितम्। इति भरतः।। यथा, ऋग्वेद।।10. 115.9।।

इति त्वाग्ने वृष्टिहव्यस्य पुत्रा
उपस्तुतास ऋषयोऽवोचन्।
ताँश्च पाहि गृणतश्च सूरीन्
वषंवषळित्यूर्ध्वासा अनक्षन्
नमो नम इत्युर्ध्वासो अनक्षन्।।ऋग्वेद 10.115.9।।
वषट् ते विष्णवास आ कृणोमि
तन्मे जुषस्व शिपिविष्ट हव्यम्।
वर्धन्तु त्वा सुष्टुतयो गिरो मे
यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः।।ऋग्वेद 7.99.7; 7.100.7।।

वषट्कारः – वषट् इत्यस्य कारः करणं यत्र। देवोद्देश्यकयागः। ततृपर्य्यायः1. देवयज्ञः; 2. आहुतिः; 3. होमः; 4. होत्रम्।। इति हेमचन्द्रः।। यथा कातन्त्रे कृतृषष्ठे इत्युणादिकेषु कारशब्देन वा समासः। यथा वषट्कारः स्वाहाकारः।। वषट्कृतं–वषड़िति मन्त्रेण कृतम्।। हुतम्। इत्यमर;।। वषट् की यह व्याख्या शब्दकोशों में मिलती है।

हे ब्रह्माण्डव्यापी विष्णो! आपके लिये मैंने मुख से (स्वाहा के स्थान पर) वषट् का उच्चारण किया है। "वषट्" बोल कर हवि का अर्पण किया है। हे तेजस्वी किरणों से युक्त विष्णु! आप मेरे द्वारा समर्पित हविष्यान्न का सेवन करो। आपके यश में मेरी उत्तम स्तुतियाँ संवर्धन करें। आप हमेशा कल्याण के साधनों से हमारा संरक्षण करो।।ऋग्वेद 7.99.7।।

अत्रिराज नामक सोमयाग एवं सत्रत्याग
मण्डूक : ज्ञानी ब्रह्मविद् ऋत्विज्

"अत्रिराज नामक सोमयाग" में अनेक ब्रह्मविद् एक स्वर में वेदमन्त्रों का पाठ करते हैं। उसी तरह मेंढक भी वर्षा काल में एक स्वर से शब्द करते हैं। "मण्डू" शब्द का अर्थ है – सुशोभित करना। सुशोभित करनेवाले को

मण्डूक कहते हैं। सभा का भूषण ज्ञानी ब्रह्मविद् है। इसलिये यहाँ यज्ञ करवानेवाले ऋत्विक् को मण्डूक की उपमा दी गई है।

एक वर्ष चलनेवाले सत्र यज्ञ में सोमयाजी ऋत्विक् एक स्वर में वैदिक ऋचाओं का पाठ करते हैं। उनमें से कुछ याजक यज्ञाग्नि के समीप बैठने से पसीने में भीग जाते हैं। कुछ याजक अन्दर ही बैठकर मन्त्र पाठ करते हैं और बाहर नहीं आते हैं।।6, 7।। ऋग्वेद 7.10.3.7, 8।।

ब्राह्मणासो अतिरात्रे न सोमे सरो न पूर्णमभितो वदन्तः।
संवत्सरम्य तदहः परिष्ठ यन्मण्डूकाः प्रावृषीणं बभूव।।7।।
ब्राह्मणासः सोमिनो वाचमक्रत ब्रह्म कृण्वन्तः परिवत्सरीणम्।
अध्वर्यवो घर्मिणः सिष्विदाना आविर्भवन्ति गुह्या न के चित्।।8।।
।।ऋग्वेद 7.103.7, 8।।

"अत्रिरात्र वह सोमयज्ञ है जो एक दिन एवं रात भर चलता है।" "परिवत्सरीणं ब्रह्म" – वह स्तोत्र जिसकी रचना प्रतिवर्ष वर्षा के प्रारम्भ में की जाती हो। इस सूक्त का सार यह है कि "देवों द्वारा निर्धारित समय पर सानन्द एवं सोत्साह उपस्थित होकर मण्डूक अथवा मेंढक अपने कर्तव्य का भली भाँति पालन करते हैं और उसी कारण अपनी आयु बढ़ा लेते हैं। उसी का अनुसरण ज्ञानीजन करें।

यज्ञ : ऋचाओं में विषय की विभिन्न प्रकार से प्रस्तुति

7.1.6, 12, 16; 7.2.4, 5; 7.3.7; 7.5.2, 9; 7.6.7; 7.7.1–5; 7.8.2, 5; 7.9.2, 4; 7.11.1, 2, 3, 4, 5, 7, 12; 7.13.1; 7.14.3; 7.15.1, 3, 4, 6, 8, 11; 7.16.3, 5, 6, 7, 9, 11, 12; 7.17.1, 2, 3, 4, 7; 7.19.6, 10, 11; 7.21.1, 2, 3, 9; 7.22. 1, 3, 4, 6, 7; 7.24.3, 5; 7.26.1, 2, 5; 7.28.5; 7.29.1; 7.31.5, 11; 7.32.1, 8, 9, 12, 24, 26; 7.34.5, 21; 7.35.7; 7.36.5; 7.39.1, 4, 5, 6, 7; 7.40.5, 6, 7; 7.41.6; 7.42.1–6; 7.43.1–4; 7.44.2; 7.47.3; 7.53.2, 3; 7.56.14, 15; 7. 59.6; 7.61.4–6; 7.63.5; 7.64.5; 7.68.1–4, 7, 8; 7.69.5, 6; 7.70.2; 7.73. 2–4; 7.75.4, 5, 8; 7.78.2, 3; 7.81.6; 7.82.1; 7.84.1; 7.85.1, 2, 5; 7.86.2; 7.88.3, 4, 5; 7.90.2; 7.91.4; 7.92.2, 3; 7.99.2–5; 7.98.1; 7.100.1; 7.102.3; 7.104.18, 19, 21।।

ऋग्वेदीय यज्ञ : अष्टम

।।परमेश्वर बिक्री के लिये नहीं; "स्तुति विधि" : यज्ञादि; "हमेशा मांगने से परमात्मा क्रुद्ध : मर्यादित याचना करें"; परमेश्वर स्वरूप : सूक्ष्मरूप, पँचतत्त्व से परे; यज्ञरूप सत्कर्म : देवगणों को प्रिय; मन्त्रद्रष्टा ऋषि रहस्य : ज्ञानदान परम्परा, ज्ञान का प्रचार सर्वत्र करो; "चतुर्मास यज्ञ बंद"; आत्मा परमात्मा का सच्चा पुत्र; "यज्ञकर्म : सत्यधन"; ब्रह्मज्ञानी अधीन राजा; "यज्ञ की प्रजा इन्द्र"; "यज्ञ : अन्तःकरण में"; "परमेश्वर प्रथम मन्त्रद्रष्टा ऋषि"; "ऋतमार्ग–यज्ञमार्ग : स्व सामर्थ्य जागरण"; "देवत्व प्राप्ति : पवित्रता की ऋत्विज् कर्म"; यज्ञ : ज्ञानी स्वयं उन्नत हो, ब्रह्मशक्ति को उन्नत करे; यज्ञ से बल वृद्धि; प्राची दिशा में उदय से यज्ञ प्रारम्भ"; "द्युलोक–पृथिवीलोक विस्तार से यज्ञ प्रारम्भ"; "यज्ञ धारणकर्त्ता ऋषि"; ज्ञानशक्ति से सभी शत्रु पराजित; अलौकिक सुख, वैशेषिक सुख : शान्तिकारक सुख, अशान्तिकारक सुख; यज्ञ : प्राकृतिक चिकित्सा; "यज्ञ से मनुष्य सत्यमार्ग में प्रतिष्ठित"; यज्ञाग्नि : गृहराक्षस (रोगाणु) नाश; "यज्ञ : शत्रु की माया–तन्त्र विफल"; "मायावी काले जादूभरे यज्ञकर्त्ता : समाज से बहिष्कृत करो"; "प्राणशक्ति : जीवनरूपीयज्ञ रक्षक"; यज्ञ में तैतीस देवता : पिण्ड तीनाग्नि; "यज्ञ करना, यज्ञ करवाना : परमेष्ठी के ज्ञान से युक्त होना"; "यज्ञ कामधेनु"; "मानस यज्ञ सर्वोपरि"; "निन्दित यज्ञ से परमेष्ठी दूर"; "यज्ञ : रोगजन्तु नाश, दुराचारी नष्ट;" अग्नि–देवों एवं मनुष्यों के रहस्यों का महाज्ञाता; "यज्ञ : सत्त्वगुण प्राप्ति"; ज्ञानी की संगति सर्वोत्तम, "ब्रह्म एवं ब्रह्मज्ञानी एकाकार : तत्त्वमसि; भक्त भगवान् एक;" घोरतम संकट दुःख में ब्रह्मोपासना : सुख, शक्ति प्राप्ति; सोम : ब्रह्मज्ञान, अमरता, आरोग्य प्रदाता; तत्त्वमसि; "ऋत्विज् : यज्ञकर्म ज्ञाता हो;" "सप्त छन्द ऋचा पाठ : यज्ञीय सोमरस तैयार;" प्राचीन ऋषियों के गुह्य यज्ञस्थल : तप से दृष्टिगत; "गृह में नित्य प्रति यज्ञ : विद्वान निवास, देवनिवास;" "अश्वमेध यज्ञ : उत्तम ज्ञानियों को पुष्कल दक्षिणा;" "यज्ञ से परमव्योम में स्थान (मोक्ष)"; यज्ञकर्त्ता : कोई नष्ट नहीं कर सकता; देवयज्ञ : यज्ञाग्नि सर्वप्रथम पूजित; अग्नि होम कर्त्ता का मित्र; यज्ञ से वर्षा; "यज्ञमय देश की भूमि अत्यन्त उपजाऊ; यज्ञ से पृथिवी में शक्ति; दोषरहित यज्ञकर्म : वृद्धियुक्त सम्पदा से रक्षा; ज्ञानयज्ञ; "सोम : मन्त्रद्रष्टा ऋषि–विप्र; "यज्ञ सम्बन्धि चतुर्थ नाम–सर्वोत्तम कर्म"; "ऋत के नियम शाश्वत : प्रतिकूलता से पराभव";

''परमेष्ठी भाव से प्रसन्न : यज्ञ से कायाकल्प; ''नारी को यज्ञाधिकार''; ''शरभ'' : दानी राजा अथवा बन्धु ऋषि; यज्ञ में वाणी रूप कामधेनु; ''यज्ञादि में अरुचि : देवों की अवकृपा''; ''गो अवध्य''; ''अग्नि : यज्ञ का पौत्र''; यज्ञ श्रद्धापूर्वक मन से करें''; ''आर्यस्य वर्धन : श्रेष्ठ मनुष्य की वृद्धि''; ''वैदिक आर्य शब्द का अर्थ–श्रेष्ठ जन''; ''उत्तमकर्म–यज्ञकर्म कर्त्ता से, दुष्कर्म कर्त्ता भयभीत''; अपार तेज पार करना कठिन।।

परमेश्वर बिक्री के लिये नहीं!
यज्ञ : प्रारम्भिक सिद्धियों से बचें

मन्त्रद्रष्टा ऋषि गण ने ऋग्वेद के अष्टम मण्डल के प्रथम सूक्त की प्रथम ऋचा में परमात्मा को सभी संकटों से उबारनेवाला घोषित कर हर यज्ञ में उसकी बारंबार स्तुति को कहा है।

वहीं पाँचवी ऋचा में कहा है कि ''परमेश्वर–परमेष्ठी कोई बिक्री की वस्तु नहीं है। उसको बड़ी से बड़ी भौतिक सम्पदा–धनराशि के लिये भी नहीं दिया जा सकता है।'' यदि कोई–कोई अकूत खजाना देकर परमेष्ठी को खरीदना चाहे, तो भी ब्रह्मविद्–ब्रह्मजिज्ञासु–साधक–भक्त उस धन को ठुकराकर परमात्मा को ही अपनाता है। ''शतामघ त्वा महे शुल्काय चनन परा देयाम्''–हे अनन्त ऐश्वर्यवाले परमब्रह्म! मैं आपको बहुत अधिक धन के लिये भी नहीं बेचूँगा। अथवा अपरिमित या अनन्त धन के लिये भी नहीं दूंगा। भक्त के लिये भगवान् अनमोल है। ऋचा का गूढ़तम आशय है कि ''यज्ञादि से प्रारम्भ में आकर्षक सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं। ब्रह्मज्ञान प्राप्ति के लिये, श्रेय मार्ग में इन चकाचौंध करती सिद्धियों को दूर से ही नमन करना चाहिये और ब्रह्मप्राप्ति करनी चाहिये''।।ऋग्वेद 8.1.5।।

महे चन त्वामद्रिवः परा शुल्काय देयाम्।
न सहस्राय नायुताय वज्रिवो न शताय शतामघ।।5।।
।।ऋग्वेद 8.1.5।।

यज्ञादि : स्तुति विधि
कुटिल भाव के समय यज्ञ नहीं करें

''अनाशवः अनुग्रासः अमन्महि'' – शीघ्रता नहीं करते हुए और उग्र (द्वेष, क्रोध, प्रमाद) नहीं होते हुए हम परमेष्ठी की स्तुति करें। हे परमेष्ठी (इन्द्र)! हम शीघ्रता नहीं करते हुए आपकी स्तुति करें। उत्तम कर्म के समय मन में क्रोध, द्वेष आदि दुष्ट भावनाओं को मन–विचार में नहीं आने देना चाहिये, इस स्थिति में स्तुति नहीं करनी चाहिये। सदैव सम्पूर्ण आस्था,

विश्वास, भावना, समर्पण, सर्वस्व त्याग एवं प्रेम से परमात्मा की स्तुति करनी चाहिये। मनुष्य एक बार के लिये ही सही; पर अत्यधिक अध्यात्मिक, अधिदैविक एवं अधिभूत धन परमात्मा को समर्पित कर उत्तम यज्ञ सम्पन्न करे।।14।।

ऋग्वेद में इससे पूर्व निर्देश है कि उत्तमकर्म–यज्ञकर्म आदि में मन्त्रपाठ बहुत ही शीघ्रता से अथवा बहुत धीरे–धीरे नहीं करना चाहिये। मन्त्रपाठ मध्य स्वर गति में तेज स्वर में होना चाहिये। यह उल्लेखनीय है कि ऋत्विक् यजमान को मन्त्र– ऋचा–स्तोत्रादि का अर्थ भी समझाये।

अमन्म हीदनाशवो ऽनुग्रासश्च वृत्रहन्।
सकृत् सु ते महता शूर राधसा ऽनु स्तोमं मुदीमहि।।14।।
।।ऋग्वेद 8.1.14।।

हमेशा मांगने से परमात्मा क्रुद्ध : मर्यादित याचना करें

"ईशानं कः न याचियत्" – अपने ईश से कौन नहीं मांगता? यह ऋचा ऋग्वेद के सशक्त अध्यात्मिक दार्शनिक पक्ष को प्रस्तुत करती है। लंकेश्वर दशकन्धर रावण ने ऋग्वेद की दार्शनिक व्याख्या की हैं (स्त्रोत : रावण भाष्यम्)। हे परमेष्ठी इन्द्र! मैं यज्ञों में सोमरस को छानते हुए आपको स्तुति से प्रसन्न करूं। परन्तु मैं आपसे "मुझे यह दो, मुझे वह दो" कुछ न कुछ निरन्तर मांग कर सबके स्वामी आपको क्रुद्ध नहीं कर दूं? साथ ही कहूँ कि अपने परमात्मा से कौन नहीं मांगता?

मनुष्य को सर्वज्ञ, अन्तर्यामी, सर्वद्रष्टा, सर्वत्र व्याप्त, सर्वशक्तिमान् परमेष्ठी की यज्ञ–स्तुति अवश्य करनी चाहिये, परन्तु निष्काम करें (लोककल्याण, लोक अभ्युदय आदि चाह सकते हैं।) साथ ही परमेश्वर से हर समय न कुछ कुछ नहीं मांगना चाहिये। परमेश्वर इससे कुपित भी हो जाता है। "परमेष्ठी सर्वज्ञ होने से प्रत्येक मनुष्य के हृदय के भाव, एषणा, चाहत, इच्छा आदि बिना बोले भी जानता है। परमेष्ठी का सकाम यज्ञ–स्तुति करना उचित नहीं है।" अतः मनुष्य परमब्रह्म–परमेश्वर का निष्काम अथवा लोककल्याण, सर्वोदय आदि के शुभ संकल्प से यज्ञादि करे। अर्थात् यज्ञादि में चतुर्पुरुषार्थ–धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष का संकल्प नहीं लें। परमेष्ठी से मनुष्य मर्यादित याचना ही करे। यह स्मरण रहे कि ऋग्वेद में इससे पहिले भी यज्ञकर्म–उत्तमकर्म सर्वमंगल, सर्वकल्याणादि के लिये ही करने का उपदेश है।।ऋग्वेद 8.1.20।। "विश्व के धर्मशास्त्रों में एकमात्र वेद ही निष्काम यज्ञकर्म का दर्शन प्रस्तुत करता है।"

मा त्वा सोमस्य गल्दया सदा याचन्नहं गिरा।

भूर्णिं मृगं न सवनेषु चुक्रुधं क ईशानं न याचिषत्।।20।।

।।ऋग्वेद 8.1.20।।

परमेश्वर स्वरूप : सूक्ष्मरूप, पँच तत्त्व से परे

परमेश्वर निराकार

यज्ञादि निष्काम भाव से करने के दर्शन के बाद मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने परमब्रह्म के स्वरूप का निरूपण किया। ''ज्ञानवान् विदुषी अपनी सूक्ष्म दृष्टि (अन्तःकरण में) परमब्रह्म के स्वरूप का साक्षात्कार कर कहती है कि हमारी आँखों के सामने जो विश्व है, सृष्टि है, वह परमेश्वर का स्थूल रूप है। इस जगत् के पीछे परमब्रह्म का अस्थि से रहित निराकार सूक्ष्म से सूक्ष्म रूप है। परमब्रह्म का वह निराकार स्वरूप पँचभूतों, त्रितत्त्वों से परे, अदृश्य, सूक्ष्मातिसूक्ष्म महाविस्तृत और ब्रह्माण्डव्यापी या सर्वत्र व्याप्त है। परमात्मा का वही निराकार, अदृश्य सूक्ष्मातिसूक्ष्म रूप समूचे जगत् के लिये भोजनादि प्रदान करता है।''

अर्थात् वैदिक परमब्रह्म–निराकार, निर्विकार, निरंजन, निर्गुण, निष्काम, निश्चल, सत्–चित्–आनन्द, प्रत्यगात्मा, असीम सत्ता, समस्त चैतन्य स्रोत आदि है। तैत्तिरीय उपनिषत् में भृगु ने अपने पिता वरुण से प्रश्न किया कि ब्रह्म क्या है? सत्यपालक, सम्राट वरुण ने कहा कि जिससे समस्त भूत–जगत् के जड़ चेतन पदार्थ जन्म लेते हैं। वे उत्पन्न होकर जिसके आश्रय में जीते हैं और पुनः उसी में लौटकर पूर्णतः विलीन हो जाते हैं, उसी को सम्यक् प्रकार से जानने की इच्छा करो। वही ब्रह्म है।

यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते,
येन जातानि जीवन्ति,
यत्प्रयन्त्यभिसंविशन्ति तद्विजिज्ञासस्व,
तद् ब्रह्मेति।।तैत्तिरीय उपनिषत्।।

ब्रह्म और जीवात्मा के सम्बन्ध पर उपनिषत् में कहा है : ''तत्त्वमसि।'' ब्रह्म और जीवात्मा अभेद्य है। ''तू (आत्मा) वह (ब्रह्म) है।'' मुण्डक उपनिषत् में कहा है : ''ब्रह्म एव इदं सर्वम्'' (2.1.11)। ब्रह्म ही यह सम्पूर्ण विश्व है।

इस प्रकार ऋग्वेदीय परमात्मा आगम के परमात्मा से भिन्न है ।।ऋग्वेद 8.1.34।।

अन्वस्य स्थूरं ददृशे पुरस्तादनस्थ ऊरुरवरम्बमाणः।
शश्वती नार्यभिचक्ष्याह सुभद्रमर्य भोजनं बिभर्षि।।34।।

।।ऋग्वेद 8.1.34।।

यज्ञरूप सत्कर्म : देवगणों को प्रिय

"देवा : सुन्वन्तं इच्छन्ति, न स्वप्नाय" – देवगण सदैव यज्ञरूप सत्कर्म करनेवालों के पास ही जाना चाहते हैं, कभी प्रमाद करनेवाले के पास नहीं। "अतन्द्राः प्रमादं यन्ति" – आलस्य नहीं करनेवाले देवता आलसी का परित्याग कर देते हैं। इसप्रकार यज्ञकर्म और देवगणों में अन्तर्सम्बन्ध है।

जो हमेशा यज्ञरूप सत्कर्म करता है, वही देवगणों को प्रिय होता है और देवगण उसी के पास जाते हैं। परन्तु जो आलस्य और प्रमाद करता है, उसका देवता परित्याग कर देते हैं।।ऋग्वेद 8.2.18।।

इच्छन्ति देवाः सुन्वन्तं न स्वप्नाय स्पृहयन्ति।
यन्ति प्रमादमतन्द्राः।।18।।ऋग्वेद 8.2.18।।

मन्त्रद्रष्टा ऋषि रहस्य! : ज्ञान दान परम्परा, ज्ञान प्रचार सर्वत्र करो

मन्त्रद्रष्टा ऋषि मेध्यातिथि काण्व ने इन्द्र देवता आदि के सूक्त में मन्त्रद्रष्टा ऋषि का रहस्य उजागर किया है। हे इन्द्र! ऐसा कौनसा देवता है कि जो आपकी स्तुति एवं यज्ञ करता है? कौन सा मन्त्रद्रष्टा ज्ञानी ऋषि आपकी कृपा प्राप्त करता है? हे सर्वैश्वर्यशाली इन्द्र! आप सोमरस प्रस्तुत करनेवालों की प्रार्थना कब सुनते हो? आप स्तुति कर्त्ता के पास कब आते हो?।।14।।

"अर्थात् जो परमेष्ठी की उपासना करते हैं, स्वाध्याय रूपी ब्रह्मयज्ञ करते हैं और यज्ञ में सोम प्रदान करते हैं, वे ही सच्चे देव, (ब्रह्म) ज्ञानी और मन्त्रद्रष्टा होते हैं। ऐसे ब्रह्मज्ञानियों पर परमेष्ठी की कृपा रहती है"।।14।।

जिस तरह सूर्य की किरणें सर्वत्र व्याप कर (घूम कर) समस्त स्थानों को प्रकाशित और पवित्र करती है, उसी का अनुसरण करते हुए ब्रह्मज्ञानी सर्वत्र घूम कर सबको ज्ञानामृत देकर ज्ञानालोक से प्रकाशित और पवित्र करे। ऋचा का निर्देश है कि ज्ञानीजन निष्काम भाव से लोक कल्याण के लिये "ज्ञानदान" करें।।16।।ऋग्वेद 8.3.14, 16।।

कदु स्तुवन्त ऋतयन्त देवत ऋषिः को विप्र ओहते।
कदा हवं मघवन्निन्द्रः सुन्वतः कदु स्तवत आ गमः।।14।।
कण्वा इव भृगवः सूर्या इव विश्वमिद् धीतमानशुः।
इन्द्रं स्तोमेर्भिर्महयन्त आयवः प्रियमेधासो अस्वरन्।।16।।
।।ऋग्वेद 8.3.14, 16।।

"चतुर्मास यज्ञ बंद"

हे इन्द्र! जब आपने अत्यन्त शक्तिशाली अहि को अन्तरिक्ष से नीचे गिरा दिया और उस अपने पराक्रम को प्रगट किया, तब सभी अग्नियाँ अच्छी

तरह प्रदीप्त हुई। सूर्य भी (वर्षाकाल के बाद) भली भाँति प्रकाशित हुआ और इन्द्र को प्रिय लगनेवाला रस से युक्त सोम भी अच्छी तरह उत्पन्न हुआ।

अन्तरिक्ष में जब अहि अथवा मेघ चारों ओर छा गया, तब इन्द्र अर्थात् विद्युत् ने उस अहि का संहार किया। इससे अन्तरिक्ष का जल वर्षा के रूप में पृथिवीलोक पर सर्वत्र गिर गया। "वर्षा जल के कारण चतुर्मास में यज्ञ बंद हो गये। वर्षाकाल–चतुर्मास समापन के उपरान्त सूर्य देवता अच्छी तरह प्रकाशित हुआ।" इन्द्रियों की शक्ति में वृद्धि करनेवाला सोम वनस्पति समूह भी वर्षा के जल से अत्यधिक उत्पन्न हुआ।।ऋग्वेद 8.3.20।।

"ऋग्वेद काल से चतुर्मास में सार्वजनिक यज्ञों का चलन स्थगित रखने की सांस्कृतिक परम्परा प्रारम्भ हुई। चतुर्मास में स्वाध्याय, प्रवचन, जप–तप यज्ञ, ज्ञानयज्ञ आदि को स्वीकृति दी गई।" वैसे भी वर्षाकाल में खुले आकाश के नीचे यज्ञकर्म करना, नदियों के किनारे यज्ञ करना, वर्षा में अग्नि को प्रदीप्त रखना, यज्ञीय सूखी काष्ठ उपलब्धि आदि असम्भव को सम्भव करना था। वर्तमान में भी चतुर्मास में यज्ञ नहीं किये जाते हैं। ऋषि–सन्त चतुर्मास में ज्ञानयज्ञ करते हैं। अथवा आश्रमों के अन्दर गुप्तरूप से यज्ञ करते हैं।

निरग्नयो रुरुचुर्निरु सूर्यो निः सोम इन्द्रियो रसः।
निरन्तरिक्षादमधो महामहिं कृषे तदिन्द्र पौस्यम्।।20।।
।।ऋग्वेद 8.3.20।।

आत्मा परमात्मा का सच्चा पुत्र

यह मनुष्य का आत्मा परमात्मा का पुत्र है। आत्मा के शरीर में रहने तक ही मनुष्य जीवित रहता है। इसलिये मनुष्य रूपी आलय में निवास करनेवाला आत्मा ही शरीर में रहकर ओज एवं तेज प्रदान करता है। आत्मा शरीर के माध्यम से प्रगट होता है। यह रोहित–लोहित (रक्तादि धातुओं) का उत्पादक है। यह पवित्र बल प्रदाता है।।ऋग्वेद 8.3.24।।

आत्मा पितुस्तनूर्वास ओजोदा अभ्यंजनम्।
तुरीयमिद् रोहितस्य पाकस्थामानं भोजं दातारमब्रवम्।।24।।
।।ऋग्वेद 8.3.24।।

यज्ञकर्म सत्यधन

अश्विनौ देवता सदैव सत्यवक्ता की रक्षा करके सत्य का पालन करते हैं, इसीलिये अश्विनौ को "न–असत्या" कहा जाता है। अश्विनौ देव असत्य की रक्षा कभी नहीं करते हैं। वे सत्यवक्ता को धनैश्वर्य प्रदान करते हैं।

ये "अश्विनौ देव यज्ञकर्म को ही सत्यधन मानते हैं।" ये देव समस्त प्राणियों का कल्याण करके उन्हें सुख देनेवाले हैं। ये अपने रथ में अन्न सामग्री रखकर सर्वत्र पहुँचाते हैं।।ऋग्वेद 8.5.20।।

तेन नो वाजिनीवसू पश्वे तोकाय शं गवे।
वहतं पीवरीरिषः।।20।।ऋग्वेद 8.5.20।।

ब्रह्म ज्ञानी अधीन राजा : ब्रह्मज्ञानी राजा से सर्वोच्च

अश्विनौ देव के यज्ञकर्म–सत्यधन के दर्शन के बाद मन्त्रद्रष्टा ऋषि ब्रह्मातिथि कण्व ने ब्रह्मज्ञानी के महत्व का वर्णन किया। "उत्कृष्ट ब्रह्मज्ञानी के पास दश राजा अथवा बड़े–बड़े राजा भी दास के समान आकर रहते हैं। समस्त प्रजायें ऐसे महाज्ञानी के अधीन रहती हैं। चारों ओर के लोग इस महाज्ञानी की शरण में आकर रहते हैं।।" इसप्रकार मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने वेद में "ब्रह्मज्ञानी को राजाओं से भी सर्वोच्च" कहा है।।ऋग्वेद 8.5.38।। इसी श्रृंखला में सम्राट विश्वामित्र के महर्षि बनने का वृतान्त आता है। ईसा पूर्व प्रथम शती, 2100 वर्ष पूर्व विक्रम सम्वत् का प्रारम्भ करनेवाले सम्राट विक्रमादित्य के बड़े भाई–सम्राट भर्तृहरि ने राजपाट छोड़कर सन्यासी बनना चुना। महाज्ञानी भर्तृहरि ने संस्कृत व्याकरण की अमरकृति वाक्यपदीयम् की रचना की। सन्यासी, नवनाथों में से एक भर्तृहरि ने भर्तृहरि शास्त्रम्, बेड़ावृत्ति, त्रिशतक आदि की कालजयी रचना की। नाथगुरु भर्तृहरि की रचनाओं ने उन्हें अमर किया।

यो मे हिरण्यसंदृशो दश राज्ञो अमंहत।
अधस्पदा इच्चैद्यस्य कृष्टयश्चर्मम्ना अभितो जनाः।।38।।
।।ऋग्वेद 8.5.38।।

यज्ञ की प्रजा इन्द्र

मन्त्रद्रष्टा कवि वत्स काण्व ने सीधे–सीधे "इन्द्र को यज्ञ की प्रजा" की संज्ञा दी है। "ऋतस्य प्रजा"–इन्द्र यज्ञ (ऋत) में आता है। ऋत–यज्ञ से इन्द्र का अस्तित्व प्रगट होता है। इसलिये इन्द्र यज्ञ की प्रजा है। "वन्हिः–वह्निः" का अर्थ अग्नि एवं अश्व है। निघण्टु में कहा है : "वन्हिरिति अश्व नाम" (1'14)।। वत्स का अर्थ ऋषि भी है। "पिप्रताः" – "पृञ् पूरणे"–पूर्ण करते हुए।

यज्ञ के प्रजारूपी इन्द्र के मार्ग को अपनी गति से भर देनेवाले अश्व ढोते हैं। उस समय ब्रह्मज्ञानी यज्ञ को सिद्ध करनेवाले स्तोत्र का पाठ करते हैं। अर्थात् जहाँ–जहाँ यज्ञ होता है और सोमरस निकालते हैं, वहाँ–वहाँ ऋत–यज्ञ से इन्द्र का अस्तित्व प्रगट होता है। अतः "इन्द्र को यज्ञ का पुत्र

भी माना जाता है। ऐसे समस्त यज्ञों में परमेष्ठी का गुणगान होता है।।ऋग्वेद 8.6.2।।

"ऋतस्य साधनं इन्द्रम्" – इन्द्र यज्ञ को सिद्ध करनेवाला है। इन्द्र यज्ञ का साधन है। "आयुधं जामि ब्रुवत" – शत्रु शस्त्र को भाई कहने लगे। ज्ञानियों के यज्ञ को सिद्ध करनेवाले इन्द्र आते हैं। इन्द्र यज्ञ का साधन हैं। तब इन्द्र यज्ञ एवं ज्ञानियों की रक्षा करता है। यज्ञकर्त्ता ज्ञानियों का शत्रु के शस्त्र बाल भी बांका नहीं कर सकते। अर्थात् शत्रु के शस्त्र उन ज्ञानियों के मित्र बन जाते हैं।।ऋग्वेद 8.6.3।। यह उल्लेखनीय है कि ऋचा में अश्व को अग्नि की संज्ञा दी गई है।

प्रजामृतस्य पिप्रतः प्र यद् भरन्त वन्हयः।
विप्रा ऋतस्य वाहसा।।2।।
कण्वा इन्द्रं यदक्रत स्तोमैर्यज्ञस्य साधनम्।
जामि ब्रुवत आयुषम्।।3।।ऋग्वेद 8.6.2, 3।।

यज्ञ : अन्तःकरण से स्तुतियाँ प्रगट

"गुहा सतीः घीतय" – अन्तःकरण में रहनेवाली स्तुतियाँ। "शोचन्त" – "शुच् दीप्तौ" – प्रदीप्त होती हैं, प्रकाशित होती हैं। "कण्वाः" – ज्ञानी, कण्व ऋषि के पुत्र। "कण्व इति मेधावि नाम" – निघण्टु 3.15।।

अन्तःकरण – बुद्धि में रहनेवाली स्तुतियाँ प्रकाशित होती हैं। उनको ज्ञानी जन यज्ञ को धारण करनेवाली कहते हैं। अर्थात् परमेष्ठी की स्तुतियाँ अन्तःकरण में रहती हैं। ये ज्ञानी–ऋषि आदि के अन्तःकरण को सदैव पवित्र रखती हैं। उसके अन्तःकरण से ही यज्ञ में हमेशा स्तुतियाँ प्रगट होती हैं। ज्ञानी जन इस प्रकार अपने अन्तःकरण में स्थित स्तुतियों को अपनी वाणी के द्वारा यज्ञ में प्रगट किया करते हैं। यह स्मरण रहे कि मन्त्रद्रष्टा ऋषियों ने वैदिक ऋचाओं से अन्तःकरण में साक्षात्कार किया। यहाँ यज्ञ में अन्तःकरण की वाणियों को धारण करना कहा गया है।

गुहा सतीरूप स्मना प्र यच्छोचन्त धीतयः।
कण्वा ऋतस्य धारया।।ऋग्वेद 8.6.8।।

परमेश्वर प्रथम मन्त्रद्रष्टा ऋषि

इस ऋचा में अभूतपूर्व रहस्योद्घाटन किया गया है कि परमेश्वर ही सर्वप्रथम मन्त्रद्रष्टा ऋषि एवं आदिज्ञानी है। "इन्द्रः एकः पूर्वजाः ऋषिः ओजसा ईशानः" अर्थात् इन्द्र (परमात्मा) अकेला ही सबसे पहिले था, वह ऋषि–ज्ञानी अपनी शक्ति से सबका ईशान है। "पूर्वजाः" – उस परमात्मा की सत्ता पहिले से है। "एकः ओजसा ईशानः" – वह अकेले ही अपने बल से जगत् पर

शासन करता–ईश्वर है। "वसु चोष्कूयसे"– वह अध्यात्मिक, अधिदैविक (तपोधन, प्रज्ञाधन, सत्यधन, यशोधन, प्राणधन, ज्ञानधन, आरोग्यधन, वैराग्यधन, संतोषधन, समभावधन, सम्मानधन आदि) एवं अधिभूति धन भी देता है।

"यह इन्द्र–परमेश्वर सबसे पहिला मन्त्रद्रष्टा ऋषि एवं आदिज्ञानी है। यह अकेले ही अपने बल से समूची सृष्टि पर शासन करता है। इसे जगत् पर शासन के लिये किसी दूसरे के बल की आवश्यकता नहीं होती है।। ऋग्वेद 8.6.41।।

वावृधान उप द्यवि वृषा वज्रयरोरवीत्।
ऋषिर्हि पूर्वजा अस्येक ईशान ओजसा।
इन्द्र चोष्कूयसे वसु।।ऋग्वेद 8.6.41।।

यज्ञ : देव पूर्णता तक पहुँचानेवाले

मननशील ज्ञानी के यज्ञ को देव पूर्णता तक पहुँचाते हैं। मननशील ज्ञानी के यज्ञ में इन्द्र, विष्णु और अन्य देव आते हैं।

अध्यात्मिक रूप से यज्ञकर्म–सत्कर्म–उत्तमकर्म–प्रशस्ततमकर्म–शुभकर्म में दैवी शक्तियाँ सहयोग कर पूर्ण करती हैं।।ऋग्वेद 8.10.2।।

यद वा यज्ञं मनवे संमिमिक्षथुरेवेत् काण्वस्य बोधतम्।
बृहस्पतिं विश्वान् देवाँ अहं हुव इन्द्राविष्णू अश्विनावाशुहेषसा।।2।।
।।ऋग्वेद 8.10.2।।

ऋतमार्ग यज्ञमार्ग : स्व सामर्थ्य जागरण

"ऋतस्य पन्थां यातवे तं इमहे" अर्थात् ऋतमार्ग–सत्यमार्ग–यज्ञमार्ग पर जाने के लिये सामर्थ्य चाहिये। हम ऋत के – यज्ञ के मार्ग पर जाने के लिये सामर्थ्य प्राप्त करते हैं। हे परमात्मा (इन्द्र)! आपने अपने सामर्थ्य से बड़े –बड़े महानदों को प्रवाहित कर महासमुद्र की ओर प्रवाहित किया है। हम यज्ञमार्ग–सत्यमार्ग–ऋतमार्ग पर चल सकने के सामर्थ्य प्रदान करने की प्रार्थना करते हैं। अर्थात् सत्य के मार्ग के अनुसरण में अपनी शक्ति जाग्रत करनी चाहिये।।ऋग्वेद 8.12.3।।

येन सिन्धुं महीरपो रथाँ इव प्रचोदय।
पन्थामृतस्य यातवे तमीमहे।।ऋग्वेद 8.12.3।।

देव प्राप्ति : पवित्रता से ऋत्विज्कर्म

देव प्राप्ति की कामना करनेवाला ऋत्विज् निरन्तर अपने कर्म को पवित्र रीति से करता है। ऋचा पाठ मध्यम गति से करता है और उच्चारण को शुद्ध रखता है। वह यज्ञ में विशुद्ध सर्वोषधि, नवग्रह की काष्ठ, वनोषधियाँ आदि को प्रयुक्त करता है। पूर्वोन्मुखी यज्ञ वेदी की संरचना करवाता है। यह

नीचे से ऊपर फैलती जाती है। यज्ञीय मन्त्र अर्थ यज्ञकर्त्ता को समझाता है। यज्ञायोजन खुले आकाश के नीचे करवाता है। यज्ञवेदी में मुख्य अतिथि अग्नि स्थापना ऋत्विज् एवं यजमान पूर्ण सम्मान से खड़े होकर करते हैं। यज्ञायोजन शुभ दिन होता है। यज्ञ में ब्रह्मज्ञानियों–विद्वानों को एकत्रित किया जाता है। यज्ञ का ब्रह्मा यज्ञ में त्रुटियों के लिये क्षमा मांगता है। पूर्णतः अहिंसक यज्ञ किया जाता है। ऋत्विज् सत्यवक्ता होता है। वह मन–वचन–कर्म से पवित्र होकर यज्ञकर्म करवाता है। ऋत्विज् ही यज्ञ को उत्पन्न करनेवाला है। इसीतरह मननशील मनुष्य सद्गुणों को प्राप्त कर पवित्र कर्म करे। स्तुति से यज्ञपुरुष परमात्मा में वृद्धि होती है। इससे मनुष्य की उन्नति होती है।।ऋग्वेद 8.12.11।।

गर्भो यज्ञस्य देवयुः क्रतुं पुनीत आनुषक्।
स्तोभैरिन्द्रस्य वावृधे मिमीत इत्।।1।।ऋग्वेद 8.12.11।।

यज्ञ : ज्ञानी स्वयं उन्नत हो, ब्रह्मशक्ति को उन्नत करे

मन्त्रद्रष्टा ऋषि पर्वत काण्व ने इस ऋचा में कहा है कि ज्ञानी यज्ञकर्म से स्वयं उन्नत होकर ब्रह्मशक्ति को भी उन्नत करता है। सत्कर्म–उत्तमकर्म–यज्ञकर्म से दैवी शक्तियाँ सुसुप्त से जाग्रत अवस्था ग्रहण करती हैं। ऋषिवर ने उपमा दी कि जिस तरह कोई व्यक्ति ऊँचे स्थान पर पहुँचकर अपने सहोदर को भी ऊँचे स्थान पर पहुँचाता है। इसका दूसरा आशय यह है कि यज्ञकर्म कर्त्ता स्वयं ब्रह्मज्ञान प्राप्त करे और दूसरों को भी ब्रह्मज्ञान की ओर प्रेरित करे।। ऋग्वेद 8.12.31।।

इमां त इन्द्र सुष्टुतिं विप्र इयतिं धीतिभिः।
जामिं पदेव पिप्रतीं प्राध्वरे।।ऋग्वेद 8.12.31।।

यज्ञ से बल वृद्धि

"दक्षः" –बल। "दक्ष इति बल नाम। निघण्टु 2.9।।" "विदे" – "विद्तृ लाभे" – प्राप्त करने के लिये। इन्द्र बल वृद्धि के लिये यज्ञकर्म–पवित्रकर्म करता है। अर्थात् यज्ञकर्म–सत्कर्म–पवित्रकर्म से (आन्तरिक) बल बढ़ता है।।ऋग्वेद 8.13.1।।

इन्द्रः सुतेषु सोमेषु क्रतुं पुनीत उक्थ्यम्।
विधे वृधस्य दक्षसो महान् हि षः।।1।।ऋग्वेद 8.13.1।।

प्राची दिशा में उदय से यज्ञ प्रारम्भ

मन्त्रद्रष्टा ऋषि नारद काण्व ने पुनः रेखांकित किया है कि प्राची दिशा (पूर्व दिशा) में (सूर्य) उदय होते ही (अर्थात् उषाःकाल, सूर्योदय) विद्वान् जन यज्ञ का आरम्भ करते हैं। उन यज्ञों में दूरदृष्टिवान् आदिज्ञानी सूर्यरूपी

इन्द्र की स्तुति करते हैं।।ऋग्वेद 8.13.30।। वेद में सूर्योदय से यज्ञ का विधान निर्धारित किया गया।

अयं दीर्घाय चक्षुमे प्राचि प्रयत्यध्वरे।
मिमीते यज्ञमानुषग्विचक्ष्य।।ऋग्वेद 8.13.30।।

द्युलोक–पृथिवीलोक विस्तार से यज्ञ प्रारम्भ

ऋग्वेद के अनुसार "सृष्टि रचना क्रम के प्रारम्भ में द्यावापृथिवी एकसाथ जुड़े हुए रहे।" जिन्हें कालान्तर में (द्युलोक एवं पृथिवी की) पृथक्–पृथक् किया गया। वैदिक मन्त्रद्रष्टा ऋषि इसी कालखण्ड के पश्चात का वर्णन कर रहा है।

सर्वशक्तिमान् परमेष्ठी ने जब द्युलोक एवं पृथिवीलोक का विस्तार किया, तब पृथिवीलोक पर यज्ञ होने लगे। उन यज्ञों में सर्वेश्वर की स्तुति गान होने लगा।।5।।ऋग्वेद 8.14.5।।

यज्ञ इन्द्रमवर्धयद् यद् भूमिं व्यवर्तयत्।
चक्राण ओपशं दिवि।।ऋग्वेद 8.14.5।।

यज्ञ धारणकर्त्ता ऋषि
ज्ञान शक्ति से सभी शत्रु पराजित

सभी लोकों में सर्वत्र प्रकाश किरणों को बिखेरनेवाले सूर्य को परमात्मा रूपी इन्द्र धारण करता है और परमात्मा का यज्ञ–सत्य–ऋत धारण करता है। परन्तु उन यज्ञों को धारण करनेवाले ऋषि हैं।।13।।

जिस तरह विषधर सर्प की शक्ति (विष) शिर में रहती है, उसी तरह इन्द्र के शिर में शक्ति है। अध्यात्मिक रूप से इन्द्र के मस्तिष्क–शिर में ज्ञान की शक्ति है। प्रत्येक मानव के मस्तिष्क में अनन्त ज्ञान की शक्ति है। यह ज्ञानशक्ति यज्ञकर्म–सत्यकर्म से जाग्रत होती है। इस ज्ञानशक्ति के आधार पर वह (इन्द्र) अकेला होते हुए भी अनेक शत्रुओं को पराजित करता है। "मनुष्य ज्ञान से युक्त होकर अकेला अनेक शत्रुओं से युद्ध कर परास्त कर सकता है।।15।।"

यस्ते शृंगवृषो नपात् प्रणपात् कुण्डपाय्यः।
न्यस्मिन् दध्र आ मनः।।13।।
पृदकुसानुर्यजतो गवेषण एकः सन्नभि भूयसः।
भूर्णिमश्वं नयत् तुजा पुरो गृभेन्द्रं सोमस्य पीतये।।15।।
।।ऋग्वेद 8.17.13, 15।।

अलौकिक सुख, वैषषिक सुख
शान्तिकारक सुख, अशान्तिकारक सुख

मन्त्रद्रष्टा ऋषि इरिम्बिठि काण्व ने अदिति विषयक ऋचा में "सुख के दो प्रकारों" का वर्णन किया है। आदित्य देवताओं की जननी अदिति देवता अत्यन्त बुद्धिशालिनी है। अदिति देवता अपनी संरक्षण शक्ति से हमारी रक्षा करे। हमें शान्ति देनेवाला सुख प्रदान करे। सुख दो प्रकार के होते हैं – "शान्तिकारक सुख एवं अशान्तिकारक सुख।" "वैषषिक सुख अशान्तिकारक है और अलौकिक सुख शान्तिकारक है।" हमें ऐसा अलौकिक सुख चाहिये।।7।।

उत स्या नो दिवा मानेरदिरूत्या गमत्।
सा शंताति मयस्करदप स्रिधः।।ऋग्वेद 8.18.7।।

यज्ञ : प्राकृतिक चिकित्सा

यज्ञ विषयक ऋचाओं में मन्त्रद्रष्टा कवि सोभरि काण्व ने वैदिक यज्ञीय प्राकृतिक चिकित्सा का सूत्रात्मक वर्णन किया है। यह अग्नि समस्त प्रकार के यज्ञों को सम्पूर्ण करनेवाला है। यह देवों को बुलाकर लानेवाला है। अग्नि अमर है और देवों के बीच सर्वाधिक श्रेष्ठ गुणवाला है। ऐसे पूजनीय अग्नि का हम वरण करते हैं।।3।।

अग्नि देवता उत्तम तेज वाले एवं बल प्रदान करनेवाले हैं। अग्नि देवता मित्र, वरुण और जल से प्राप्त होनेवाले सुख प्रदाता है। ऋषिवर ने ऋचा में "मित्र शब्द सूर्य के लिये" और "वरुण वर्षा" के लिये प्रयुक्त किया है। "सूर्य, वर्षा और जल से आरोग्य प्राप्त होकर अनेक तरह के सुख मिलते हैं।" इस ऋचा में "वेद प्राकृतिक चिकित्सा की ओर संकेत करता है"।। ऋग्वेद 8.19.3, 4।।

यजिष्ठं त्वा ववृमहे देवं देवत्रा होतारममर्त्यम्।
अस्य यज्ञस्य सुक्रतुम।।3।।
ऊर्जो नपातं सुभगं सुदीदितिमग्निं श्रेष्ठशोचिषम्।
स नो मित्रस्य वरुणस्य सो अपामा सुम्नं यक्षते दिवि।।4।।
।।ऋग्वेद 8.19.3, 4।।

यज्ञ से मनुष्य सत्यमार्ग में प्रतिष्ठित

मन्त्रद्रष्टा ऋषि विश्वमना वैयश्व ने कहा है कि यज्ञ–ऋत–सत्य की कामना करनेवाले उपासकों! इस यज्ञ की अग्नि की स्तोत्रों द्वारा पूजा करो। यह सत्य का दाता, यज्ञ का साधनभूत और प्रतिष्ठा के पद पर स्थापित करनेवाला है। "ऋतावानः नमसः पदे" अर्थात् ऋत के मार्ग–सत्य के मार्ग–

यज्ञ मार्ग पर चलनेवाला मनुष्य प्रतिष्ठा के पद पर अधिष्ठित होता है।।ऋग्वेद 8.23.9।।

ऋतावानमृतायवो यज्ञस्य साधनं गिरा।

उपो एनं जुजुषुर्नमसस्पदे।।ऋग्वेद 8.23.9।।

यज्ञाग्नि : गृह राक्षस (रोगाणु) नाश

आलय–घर में जब यज्ञाग्नि उत्तम हवन सामग्री (सर्वोषधि, नवग्रह काष्ठ, वनोषधियाँ, धान्य, सुगन्धित पदार्थादि) से अच्छी तरह प्रदीप्त होता है अथवा यज्ञाग्नि भली भाँति प्रसन्न होकर गृह में निवास करती है, उस यज्ञाग्नि के धूम्र से समस्त राक्षसों–रोगाणुओं का नाश होता है।।ऋग्वेद 8.23.13।। ऋषिवर ने "शरीर का रक्त पीनेवाले जीवाणुओं को राक्षस" की उपमा दी है।

पद् वा उ विश्पतिः शितः सुप्रीतो मनुषो विशि।

विश्वेदग्निः प्रति रक्षांसि सेधति।।13।।ऋग्वेद 8.23.13।।

यज्ञ : शत्रु की माया–तन्त्र विफल

"यः अग्नये ददाश तस्य रिपुः मर्त्यः मायया चेन न ईशीत" अर्थात् जो मनुष्य यज्ञ की अग्नि को प्रेम–श्रद्धा–विश्वास–सत्यनिष्ठा–पवित्रता से हवि देता है, उस पर शत्रु माया (तन्त्र, अभिचार, कृत्या, षट्कर्मादि) से भी अधिकार नहीं जमा सकता है। मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने सीधे–सीधे सिंहगर्जना की कि यज्ञकर्त्ता पर शत्रु का कोई तन्त्र–मन्त्र–यन्त्र–षट्कर्म माया–अभिचार अप्रभावी रहता है। शत्रु की कुटिल बुद्धि भी उस पर अधिकार नहीं जमा सकती है।।ऋग्वेद 8.23.15।।

न तस्य मायया चन रिपुरीशीत मर्त्यः।

यो अग्नये ददाश हन्यदातिर्भिः।।15।।ऋग्वेद 8.23.15।।

मायावी–काला जादूभरा यज्ञ कर्त्ता : समाज से बहिष्कृत करो

हे मायावी को नष्ट करनेवाली देवी! जो यज्ञ के द्वारा माया से आपसे कुछ पूछता अथवा करवाना चाहे, तो ऐसे "वल असुर" निराश्रित होकर पुरों से दूर पशुओं के बाड़े में रहें। "कुह"–माया, तान्त्रिक जादूगरी। "वेद में मायावी जादूभरे चमत्कार की यज्ञ द्वारा साधना को निषेध किया गया है। यज्ञ द्वारा तन्त्र सिद्धि (कुत्सित उद्देश्य, कृत्या, अभिचार, षट्कर्म–मारण, वशीकरण, स्तम्भन, विद्वेष, उच्चाटन, शान्ति) को निकृष्ट घोषित किया गया है। वेद में स्पष्ट निर्देश है कि मायावी काला जादू करनेवाले दुष्ट को समाज में नहीं रहने दिया जाये।" जो झूठमूठ का यज्ञ करने का ढोंग करके माया (धोखेबाजी) से लोगों को ठगना चाहे, वह बलहीन और निराश्रित होकर हिंसक वन्य जीवों के वन में चला जाये। जयपुर के पूर्व राजगुरु पण्डित श्री

विद्यानाथ ओझा के अनुसार अधिकांश तान्त्रिकों की मृत्यु बहुत ही भयानक होती है। भारतवर्ष के अधिकांश सुविख्यात तान्त्रिक इसके जीवन्त गवाह रहे। राजगुरु पण्डित श्री विद्यानाथ ओझा ने दूसरों के लिये कुटिल उद्देश्य से तान्त्रिक यज्ञ नहीं करने की सलाह दी है। यह उल्लेखनीय है कि "वेद के निर्देश का उल्लंघन करते हुए सभी धर्मों में गोपनीय रूप से काला जादू की समानान्तर मायावी धारा विद्यमान रही और है।" यह दोहराना चाहेंगे यज्ञ ऋत–सत्य है। यज्ञकर्म प्रशस्ततम कर्म और लोककल्याण, लोक अभ्युदय के लिये है।।ऋग्वेद 8.24.30।।

यत् त्वा पृच्छादीजानः कुहया कुहयाकृते।

एषो अपश्रितो वलो गोमतीमव तिष्ठति।।30।।ऋग्वेद 8.24.30।।

प्राणशक्ति : जीवनरूपीयज्ञ रक्षक

मित्र–सूर्य और वरुण महान् अत्यन्त तेजस्वी दिव्य गुणों से युक्त हैं। ये प्राणशक्ति देनेवाले हैं। अर्थात् ये प्राणशक्ति को बलवान् बनाकर मानव जीवनरूपी यज्ञ के रक्षक हैं और उसे तेजस्वी बनानेवाले हैं।।ऋग्वेद 8.25.4।।

नपाता शवसो महः सूनू दक्षस्य सुक्रतू।

सृप्रदानू इषो वास्त्वधि क्षितः।।4।।ऋग्वेद 8.25.4।।

यज्ञ में तैतीस देवता

पिण्ड में तीनाग्नि : आत्माग्नि–प्राणाग्नि–जठराग्नि

यज्ञ में तैंतीस देवता गणों ने पधारने का अनुग्रह किया (द्युस्थानीय ग्यारह देवता, अन्तरिक्ष स्थानीय ग्यारह देवता और भूलोक स्थानीय ग्यारह देवता)। वे देवता यज्ञकर्त्ता को अभ्युदय एवं निःश्रेयस को सिद्धि करवानेवाले सर्वैश्वर्य प्रदान करें।।ऋग्वेद 8.28.1।।

ये त्रिंशति त्रयस्परो देवासो बर्हिरासदन्।

विदन्नह द्वितासनन्।।ऋग्वेद 8.28.1।।

ये सभी देव और द्यु–अग्नि, अन्तरिक्षाग्नि, पृथिवी–अग्नि अर्थात् "आत्माग्नि, प्राणाग्नि, जठराग्नि" तीन प्रकार की अग्नियाँ हमारा पालन करें। हम भी तीनों अग्नियों एवं देवों का सत्कार करें। इस ऋचा में अध्यात्मिक रूप तीन–आत्माग्नि, प्राणाग्नि एवं जठराग्नि को मनुष्य का पालन करनेवाली कहा गया है। इनको वरुण, मित्र एवं अर्यमा की उपमा दी गई है।।ऋग्वेद 8.28.2।।

वरुणो मित्रो अर्यमा स्मद्रातिषाचो अग्नयः।

पत्नीवन्ता वषट्कृता।।ऋग्वेद 8.28.2।।

यज्ञ करना, यज्ञ करवाना : परमेष्ठी के ज्ञान से युक्त होना
यज्ञ कामदुधा–कामधेनु

मन्त्रद्रष्टा ऋषि मनुर्वैवस्वत (पौराणिक सातवाँ मनु नहीं) की ऋग्वेद के अष्टम मण्डल के 31वें सूक्त की चार ऋचाएँ "यज्ञ" यजमानश्च विषयक हैं। प्रथम ऋचानुसार "जो ब्रह्मवेत्ता स्वयं यज्ञ करता है और अन्यों को प्रेरणा देकर यज्ञ करवाता है, वह परमेष्ठी के ज्ञान से युक्त होता है।" अर्थात् ब्रह्मज्ञान प्राप्त ही (स्वयं) यज्ञ (उत्तमकर्म, प्रशस्ततमकर्म, सत्कृत, शुभकर्म) करता है और करवाता है। उसका यज्ञ करने और करवाने का उद्देश्य–लोककल्याण, लोक अभ्युदय, सर्वोदय, अन्त्योदय, लोकसंग्रह आदि होता है। "ब्रह्मन्" का अर्थ है : "बृंह् + मनिन् नकारस्याकारे ऋतो रत्वम्।।" भर्तृहरिशतकत्रयम् (3.84) में कहा है : "समीभूता दृष्टिस्त्रिभुवनमपि ब्रह्म मनुते।।" वहीं "ब्राह्मण–ब्रह्मविद्" का अर्थ है : ब्रह्म वेदं शुद्धं चैतन्यं वा वेत्त्यधीते वा–अण्।।" "विप्र" का अर्थ ब्रह्मर्षि, मुनि, बुद्धिमान् पुरुष आदि है। मनुस्मृति (10.75) में ब्रह्मविदों–ब्राह्मणों के लिये विहित छह कर्त्तव्य हैं : "अध्यापन –मध्ययनं यजनं याजनं तथा। दानं प्रतिग्रहश्चैव षट्कर्माण्यग्रजन्मनः।।" प्रकारान्तर में ब्रह्मविद्–ब्राह्मण की जीविका के लिये विहित छह कर्म का उल्लेख मिलता है : "उंछं प्रतिग्रहो भिक्षा वाणिज्यं पशुपालनम्। कृषिकर्म तथा चेति षट्कर्माण्यग्र–जन्मनः।।"

वेद का ब्रह्मवेत्ता (विप्र, ब्राह्मण, अग्रज) लोककल्याण, लोक अभ्युदय, लोकसंग्रह आदि के लिये यजन करता है और दूसरों को प्रेरणा देकर करवाता है। इसके ठीक विपरीत स्मृति में यजन एवं याजन करवाने वाली जाति कहीं गई। "वेद में किसी वर्ण का मनुष्य ब्रह्मज्ञान के मार्ग पर चलकर ब्रह्मवेता–ऋषि–ब्राह्मण बनता रहा"।।1।।

जो यज्ञ करनेवाला मनुष्य इस इन्द्र (परमेष्ठी) का सोमरस प्रस्तुत कर सत्कार करता है, उसे परमेष्ठी पाप से बचाता है।।2।।

यज्ञकर्त्ता के पास देवों द्वारा प्रेरित एवं तेजस्वी रथ होता है। वह अपने सभी आन्तरिक एवं बाहरी शत्रुओं का संहार करता है। साथ ही स्वयं वृद्धि को प्राप्त करता है।।3।। अध्यात्मिक रूप से यज्ञकर्म–उत्तमकर्म से तेजस्वी दैवी शक्तिपात होता है और आन्तरिक शत्रु (काम, क्रोध, मद, मोह, लाभ, मत्सर) नष्ट होते हैं। अर्थात् "यज्ञ अरिहन्त है।" मनुर्वैवस्वत के अनुसार यज्ञकर्त्ता के घर में बछड़ों से युक्त, स्वैर संचार करनेवाली "कामदुघा" प्रतिदिन दुहती है। "कामदुघा का अर्थ है – अभीष्ट पदार्थों को देनेवाला;

समस्त इच्छाओं को पूरा करनेवाली दिव्य गाय–''कामधेनु''। ''प्रीता कामदुघा हि सा''।। रघुवंश 1.80;2.63।।

मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने ''यज्ञ से कामदुधा (कामधेनु)'' होने का रहस्योद्घाटन किया है (ऋषियुग में मुनिश्रेष्ठ दुर्वासा के इन्द्र को श्री विहीन होने के शाप से कामदुघा, कल्पवृक्ष–न्यग्रोध, श्री आदि तीनों लोकों से विलुप्त हुए)। यहाँ यज्ञ और कामधेनु में अन्तर्सम्बन्ध की अभिव्यक्ति है।।4।। ऋग्वेद 8.31.1–4।।

इन चार ऋचाओं में ''ब्रह्मविद्–ब्रह्मजिज्ञासु आदि के कार्य (यजन याजन) निर्धारित किये गये हैं। ''परमेष्ठी अथवा ब्रह्मज्ञान से सम्पन्न होनेवाले की यह विशेषता अनिवार्यता रही।

यो यजाति यजात इन सुनवच्च पचाति च।
ब्रह्मदिन्द्रस्य चाकनन्।।1।।
पुरोळाश यो अस्मै सोमं ररत आशिरम्।
पादित् तं शक्रो अंहसः।।2।।
तस्य द्युमाँ असद रथो देवजूतः स शूशुवत।
विश्वा वन्वन्नमित्रिया।।3।।
अस्य प्रजावृति गृहे ऽसश्चत्ती दिवेदिवे।
इळा धेनुमती दुहे।।4।।ऋग्वेद 8.31.1–4; देवता–यज्ञ।।

ऋग्वेद की ऋचा के आधार पर ब्रह्मविद्–ब्रह्मकर्मकर्त्ता ब्राह्मण–विप्र के कर्म निर्धारित किये गये।

मानस यज्ञ सर्वोपरि

आठवें मण्डल के 31वें सूक्त की 15वीं, 16वीं, 17वीं एवं 18वीं ऋचाएँ ''मानस यज्ञ'' की सर्वोपरिता की द्योतक हैं। जिस तरण रणयज्ञ में शूरवीर का रथ तेजी से गतिमान होता है, उसी तरह देवताओं को प्रिय मनुष्य का रथ तेजी से जाता है। जो मनुष्य देवों की ''मनःपूर्वक उपासन (स्वाध्याय, यज्ञादि) करता है, वह यज्ञ नहीं करनेवालों को पराजित करता है''।।15।।

यज्ञ करनेवाला, यज्ञ में सोम प्रस्तुतकर्त्ता और देवों की स्तुति करनेवाला कभी दुःखी नहीं होता है और नहीं होगा। जो यजमान ''मन से देवों की उपासना'' करता है, वह स्वयं उन्नत होकर नास्तिकों को पराजित करता है।।16।।

जो यजमान ''मानसिक यज्ञ पूजादि'' करता है, वह सदैव पवित्र कर्म करने के कारण उसे दूसरे अपने कर्म से नष्ट नहीं कर सकते हैं। उसके ऐश्वर्य को भ्रष्ट करनेवाला स्वयं ही भ्रष्ट हो जाता है। यज्ञकर्त्ता को नष्ट

करनेवाला स्वयं नष्ट हो जाता है।।17।। "यज्ञकर्त्ता का रक्षण स्वयं यज्ञ (ऋत, सत्य, ब्रह्म) करता है"।।17।।

जो यजमान "मन से देवों की पूजा" करता है, उसे उत्तम बल एवं अश्वों का समूह (ब्रह्म, शक्ति, गति) मिलता है। वह यज्ञ नहीं करनेवालों को पराजित करता है।।18।।

इसप्रकार "मानस यज्ञ" से जीवनरथयज्ञ गतिमान होता है; वह कभी भी दुःखी नहीं होगा, स्वयं उन्नत होकर दूसरों का अभ्युदय करता है; उसके पवित्र कर्मों को अभिचार–षट्कर्म–माया से नष्ट करनेवाला स्वयं नष्ट होता है; यज्ञकर्त्ता का रक्षण ऋत–सत्य करते हैं और उसे उत्तम बल, पशुधन आदि प्राप्त होते हैं। सारसंक्षेप में मन्त्रद्रष्टा ऋषि मनुर्वैवस्वत ने इन ऋचाओं में मानस यज्ञ की महिमा का बखान किया है। वैदिक संहिताओं–ऋग्वेद (1.80. 16;8.63.1; 10.100.5) आदि में मनु का उल्लेख हुआ है। ऋग्वेद 8.52.1 में मनु को वैवस्वत या विवस्वान् कहा गया है। विवस्वान् सूर्य के पुत्र हैं। वहीं ऋग्वेद 8.51.1 के अनुसार मनु संवरण का वंशज सांवणि है। "मनु का अर्थ है – मन् + उ। मननशील।"

पुराणों में मनु को प्रत्येक मन्वन्तर स्थित कहा गया है। "वैवस्वतः (विवस्वतोऽपत्यम् अण्) सप्तम मनु हैं, जो वर्तमान युग के अधिष्ठाता हैं।" रघुवंश में कहा है : "वैवस्वतो मनुर्नाम माननीयो मनीषिणाम्।।1.11।।" रघुवंश (15.45) के अनुसार यम को भी वैवस्वत कहते हैं। आर्ष ग्रन्थों के अनुसार भू–स्वर्ग कैलास महापर्वत के हिमनदों में दृष्टि से ओझल "कलापग्राम" में आगमी मन्वन्तर के मनु एवं सप्तर्षि उपस्थित हैं।

मक्षू देववतो रथः शूरो वा पृत्सु कासु चित्।
देवानां य इन्मनो यजमान इयक्षत्यभीदयज्वनो भुवत्।।15।।
न यजमान रिष्यसि न सुन्वान न देवयो।
देवानां य इन्मनो यजमान इयक्षत्यभीदयज्वनो भुवत्।।16।।
नकिष्टं कर्मणा नशन्न योषन्न योषति।
देवानां य इन्मनो यजमान इयक्षत्यभीदयज्वनो भुवत्।।17।।
असदत्र सुवीर्यमुत त्यदाश्वश्व्यम्।
देवानां य इन्मनो यजमान इयक्षत्यभीदयज्वनो भुवत्।।18।।

।।ऋग्वेद 8.31.15–18।।

निन्दित यज्ञ से परमेष्ठी दूर

हे इन्द्र! क्रोध से यज्ञ करनेवाले को लांघ कर चले जाओ। साथ ही प्रतिकूल–हीन स्थान में होनेवाले यज्ञ को लांघ कर जाओ। अर्थात् "क्रोधादि

वश विद्वेष की भावना से होनेवाले यज्ञ और अभिचार–षट्कर्म के लिये श्मशानादि में होनेवाले यज्ञ को निन्दित कहा गया है।'' परमेष्ठी से प्रार्थना की गई है कि वे ऐसे निन्दित यज्ञों में नहीं जाये। अथवा ''सत्यस्वरूप परमेष्ठी निन्दित यज्ञों में नहीं पधारते हैं।''

इस ऋचा का यह भी अभिप्राय है कि परमेष्ठी क्रोध से यज्ञायोजन कर्त्ताओं, निन्दित–हीन स्थानों यज्ञादि करनेवालों से दूर रहता है। क्योंकि यज्ञ–शुभ उत्तम कार्य है, वह सदैव प्रसन्न मन से शुभ एवं पवित्र स्थानों में करना चाहिये।

इससे पूर्व की ऋचाओं में भी स्पष्ट किया है कि यज्ञकर्त्ता पर अभिचार–षट्कर्म–माया का कोई प्रभाव नहीं होता है। यज्ञ से अभिचार–षट्कर्म–माया को निषेध किया है। यह भी कहा है कि ऐसा करनेवाले दुष्ट है और उन्हें समाज से बाहर किया जाना चाहिये।।ऋग्वेद 8.32.21।।

अतीहि मन्युषाविणं सुषुवांसमुपारणे।
इमं रातं सुतं पिब।।21।।ऋग्वेद 8.32.21।।

यज्ञ : रोगजन्तु नाश, दुराचारी नष्ट

''तनूषु एषां नि'' अर्थात् शरीर में रहनेवाले रोगजन्तु रूप शत्रुओं का नाश हो जाये। ''रराव्वां अरातिः न'' अर्थात् दानशीलों के मध्य रहनेवाले अदानी–दुराचारी–कुत्सितकर्म कर्त्ता नष्ट हो जायें।

हे यज्ञाग्नि! हमारे शरीर में रोग उत्पन्न करनेवाले अनेक रोगजन्तु हैं। वे मनुष्यों पर आन्तरिक आक्रमण करके उन्हें ''आ–सुर'' अथवा मरणासन्न अवस्था तक पहुँचा देते हैं। वे रोगजन्तु रूप शत्रु तभी नष्ट हो सकते हैं, जब शरीररूपीयज्ञ की आत्माग्नि, प्रणाग्नि एवं जठराग्नि बलशाली हो। आप इन शत्रुओं के प्रहार को अपने यज्ञीय अभिनव शस्त्रों द्वारा विनष्ट करने की कृपा करो। इसके अलावा दानशीलों–पवित्र उत्तमकर्म कर्त्ताओं–यज्ञकर्त्ताओं के मध्य रहनेवाले अदानशील, दुराचारी भोगवादी लोगों को भी नष्ट करो।।ऋग्वेद 8.39.2।।

न्यग्ने नष्यसा वचस्तनूषु शंसमेपास्।
न्यराती रराव्णां विश्वा अर्यो अरातीरितो
युच्छन्त्वामुरो नभन्तामन्यके समे।।12।।ऋग्वेद 8.39.2।।

अग्नि–देवों एवं मनुष्यों के रहस्यों का महाज्ञाता

मन्त्रद्रष्टा ऋषि नाभाकः काण्व ने यज्ञ और रोगजन्तुरूप शत्रु नाश का रहस्य उजागर करने के बाद कहा है कि ''आदिज्ञानी अग्नि देवों के जन्म को जानता है।'' अग्निः मर्ताना अपीच्यं वेद–अग्नि मनुष्य के रहस्यों का भी

ज्ञाता है। अग्नि अन्तर्द्रष्टा है। यह मनुष्य के सभी जन्मों को एवं उनके समस्त रहस्यों को जानता है। इसीलिये अग्नि से छिपकर कुछ भी नहीं भी किया जा सकता है। अग्नि मनुष्य के मन के अच्छे–बुरे विचार को जान लेता है। इसलिये उपासक अग्नि से भयभीत रहते हैं। जो याजक यज्ञाग्नि में आहुति प्रदान करते हैं, वह उनके लिये अध्यात्मिक, अधिदैविक, अधिभूत धन के द्वार खोल देता है और उनके समस्त शत्रुओं को नष्ट कर देता है।।ऋग्वेद 8.39. 6।।

अग्निर्जाता देवानामग्निर्वेद मर्तानामपीच्यम्।
अग्निः स द्रविणोदा अग्निर्द्वारा व्यूर्णते
स्वाहुतो नवीयसा नमन्यामन्येके समे।।6।।ऋग्वेद 8.39.6।।

यज्ञ : सत्त्वगुण प्राप्ति

इन्द्र एवं अग्नि देवता सत्त्वगुण युक्त हैं। ये द्युलोक में सर्वत्र संचार करते हैं। ये दोनों देवता सिन्धुओं–नदियों को प्रवाहित होने के लिये बन्धन से मुक्त करते हैं। ये कर्म के अनुसार हवि देनेवाले यज्ञ कर्त्ता पर प्रसन्न होते हैं। अर्थात् यज्ञ में देवों को हवि देने से उनके सत्त्वगुण प्राप्त होते हैं।।ऋग्वेद 8. 40.8।।

या नु श्वेताववो दिव उच्चरात उप द्युभिः।
इन्द्राग्न्योरनु व्रतमुहाना यन्ति सिन्धवो
यान् त्सीं बन्धादमुंचतां नभन्तामन्यके समे।।8।।ऋग्वेद 8.40.8।।

ज्ञानी की संगति सर्वोत्तम

मन्त्रद्रष्टा विरूप अंगिरस अग्नि विषयक सूक्त के प्रारम्भ में कहते हैं कि ये स्तुति करनेवाले जन आदिज्ञानी, जगत् के कर्त्ता, दानशील, यज्ञकर्त्ता के नाश नहीं करनेवाले अग्नि देवता के लिये वेदवाणी का (ऋचाओं) उच्चारण करते हैं।।1।। ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के प्रथम सूक्त की प्रथम ऋचा में कहा है कि अग्नि पूर्व में भी रहा।

"विप्रः विप्रेण सन् सत, सखा सखा"–ज्ञानी ज्ञानी से, सज्जन सज्जन से और स्नेही अपने स्नेही से मिलकर प्रसन्न होता है। विद्वान् पुरुष विद्वान् से मिलकर ज्ञान का प्रकाश डालता है, ज्ञानयज्ञ करता है। सद्पुरुष, सज्जनों से मिलकर सद् चर्चा कर प्रसन्न होता है। स्नेही ही मित्र से मिलकर हर्षित होता है। समान ज्ञान, शील, वृत्ति एवं स्वभाववालों की संगति उत्तम रहती है। शुभकर्म कर्त्ता, विद्वान् पुरुष की दुष्टों, मूर्खों के साथ कभी संगति नहीं बैठ सकती है। अपने समान शील स्वभाव ज्ञानवानों के मध्य बैठकर मनुष्य प्रकाशमान् होता है। उसी प्रकार एक अग्नि दूसरे अग्नि के साथ मिलकर ओर

अधिक प्रकाशित होता है। तब उस यज्ञ की अग्नि की तपस्वी, मननशील ज्ञानी उपासना करते हैं।।ऋग्वेद 8.43.14।।

त्वं ह्यग्ने अग्निनः विप्रो विप्रेंण सन् त्सता।
सखा सख्या समिध्यसे।।14।।ऋग्वेद 8.43.14।।

ब्रह्म और ब्रह्मज्ञानी एकाकार
भक्त भगवान् एक! : तत्त्वमसि

मन्त्रद्रष्टा ऋषि विरूप आंगिरस ने अग्नि विषयक सूक्त में "वैदिक दर्शन का सर्वोच्च पक्ष" प्रस्तुत किया है कि "उपासक (ब्रह्मज्ञानी) और उपास्य (ब्रह्म) में कोई भिन्नता नहीं है। जो मैं आप हो जाऊँ, और आप मैं बन जा" : "यत् अहं त्वं स्यां"; "त्वं वा घ अहं स्याः।" इसी शृंखला में वेदान्त–छान्दोग्य उपनिषत् में कहा है : "तत्त्वमसि श्वेतकेतो" – "योऽसावादित्ये पुरुषः सोऽमहस्मि।" उपनिषत् एकत्व विषय में कहा गया है : "सर्वं खल्विदं ब्रह्म नेह नानास्थि किंचन।।"

ब्रह्मज्ञानी–ब्रह्मजिज्ञासु–साधक–उपासक की उपास्य में तन्मयता इतनी प्रगाढ (अत्यन्त तीव्र) होनी चाहिये कि उपास्य एवं उपासक में किसी प्रकार की भिन्नता नहीं रह जाये। जब उपासक उपास्य में एकाकार हो जाता है, दोनों में समस्त भिन्नतायें समाप्त हो जाती हैं। वे दोनों एक हो जाते हैं। उस स्थिति में उपासक तेजोमय, सत्यस्वरूप परमात्मा का अविनाशी आशीर्वाद –आनन्द का उपभोग करता है। इस ऋचा का विस्तार वेदान्त–उपनिषत् में मिलता है।।ऋग्वेद 8.44.23।।

यदग्ने स्यामहं त्वं त्वं वा धा स्या अहम्।
स्युष्टे सत्या इहाशिषः।।ऋग्वेद 8.44.23।।

घोरतम संकट दुःख में ब्रह्मोपासना : सुख, शान्ति प्राप्ति

घोरतम संकट, महादुःख आदि अवस्था में भी जो मनुष्य ब्रह्मोपासना करता है, उसे अन्त में देवों द्वारा अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक धन प्राप्त होता है। उसे सुखदायी, कल्याणकारी एवं निरोगता प्रदाता कवच मिलता है। अर्थात् ब्रह्म अथवा देवगण उपासक पर प्रसन्न होकर अत्यधिक आनन्दमय धन (तपोधन, विद्याधन, प्रज्ञाधन, प्राणधन, यशोधन, सत्यधन, ज्ञानधन, आरोग्यधन, सम्मानधन आदि) देते हैं।।6।। ये देव जिसको संरक्षण देते हैं, उन्हें बड़े से बड़े कष्ट भी नहीं सताते हैं। देवों का आश्रय सुखदायी होता है।।7।।ऋग्वेद 8.47.6, 7।।

परिव्हृतेदना जनो युष्मादत्तस्य वायति।
देवा अदभ्रमाश वो यमादित्या अहेतना–

नेहसो व ऊतयः सुऊतयो व ऊतयः।।6।।
न तं तिग्मं चन त्यजो न द्रासदभि तं गुरु।
यस्मा उ शर्म सप्रथ आदित्यासो अराध्व–
मनेहसो व ऊतयः सऊतयो व ऊतयः।।7।।
।।ऋग्वेद 8.47.6, 7।।

सोम : ब्रह्मज्ञान, अमरता, आरोग्य प्रदाता

ऋग्वेद का सोम देवता बहुत ही रहस्यमय है। ऋग्वेदीय देवों में सोम का महत्व अग्नि और इन्द्र के बाद तीसरे क्रम पर है। ऋग्वेद में प्रायः 250 सूक्तों में इन्द्र देवता का वर्णन है। साथ ही इन्द्र का दूसरे देवों के साथ 50 सूक्तों में वर्णन मिलता है। ऋग्वेद में इन्द्र के बाद सर्वाधिक सूक्त अग्नि देवता के हैं। देवगाथाओं के अनुसार 49 प्रकार के अग्नि हैं। ऋग्वेद में देवों के शास्ता रुद्र, जगत् की आत्मा सूर्य और ब्रह्माण्डव्यापी विष्णु तीनों अग्नि स्वरूप हैं। वैदिक रूप से "सृष्टि को अग्नि सोमात्मक" कहा गया है। ऋग्वेद का सम्पूर्ण नवाँ–मण्डल सोम की स्तुतिपरक है। इसमें 114 सूक्त और 1108 ऋचाएँ हैं। सोम आकाशीय चन्द्रमा और स्वर्ग की लतादि दोनों है। सोम से परिपूर्ण चन्द्रमा हमें दृष्टिगत होनेवाले चन्द्रमा से भिन्न है। सोम की उत्पत्ति के दो स्थान हैं : 1. स्वर्ग एवं 2. पार्थिव पर्वत (मूजवान हिमालय पर्वत पार अर्थात् कैलास महापर्वत के पर्वत समूह)। कौषितकि ब्राह्मण में सोम और चन्द्रमा के अभेद्य की व्याख्या की गई है : "चन्द्रमा ही सोम है। सोमलता जब लायी जाती है तो चन्द्रमा उसमें प्रवेश करता है।" जब कोई सोम लाता है तो इस विचार से कि दृश्य चन्द्र ही सोम है; उसी का रस पेरा जाय।

सोम स्वयं अमर है और अमरता देनेवाला है। वह पितरों से मिलता है और उनको अमर बनाता है।

"सोमरस का पान करने से असाध्य से असाध्य दीर्घकालिक व्याधि और अत्यन्त पीड़ा देनेवाले रोग भी दूर हो जाते हैं। मनुष्य की आयु दीर्घ हो जाती है।।11।।

"यह सोम रस स्वयं अमर है और पीनेवाले को भी अमरत्व प्रदान करता है। हम उसकी हवि द्वारा सेवा करते हैं। सोम की सेवा करने से उत्तम बुद्धि और सुख प्राप्त होता है।।12।।"

"इस सोम ने ज्ञानियों की सहायता से द्युलोक एवं पृथिवी लोक का विस्तार किया तथा ज्ञान दिया। उस ज्ञान को प्राप्त करके मनुष्य धनी हों।" ।।13।।ऋग्वेद।।8.48.11,12,13।।

प्रगाथो धीर काण्व ऋषि ने ऋग्वेद (8.48) में दिव्य सोम के मानव पर प्रभावों को चिन्हित किया : सोम शरीर की रक्षा करता है; रोग हरण करता है; दुर्घटना से बचाता है; विपत्तियों को हरता है; आनन्द एवं सुख प्रदाता है; दीर्घायु करता है; सम्पत्ति संवर्धन करता है; विद्वेषों से रक्षण करता है; शत्रुओं की विद्वेषपूर्वक एवं क्रोधपूर्वक कार्रवाही से रक्षा करता है; उल्लास–आल्हाद–तेजस्विता प्रदाता है; प्रकाशित करता है; सुबुद्धि करता है; पाप कर्म नष्ट करता है; देवताओं का क्रोध शान्त करता है और अमरता देता है। ऋग्वेद, के तृतीय मण्डल में कहा है कि सोम ऋषित्व एवं विप्रत्व का सहायक है।

सोम विधि का अधिष्ठान एवं ऋत की धारा है। सोम सत्य का मित्र है। मत्स्य पुराण में सोम आठ वसुओं में से एक है। वराहपुराण के अनुसार सोम दक्ष के शाप से विलुप्त हुआ।

अप त्या अस्थुरनिरा अमीवा निरत्रसन् तमिषीचीरभैषुः।
आ सोमो अस्माँ अरुहद विहाया अगन्म यत्र प्रतिरन्तु आयुः।।11।।
यो न इन्दुः पितरो हृत्सु पीतो ऽमर्त्योँ आविवेश।
तस्मै सोमाय हविधा विधेम मृळीके अस्य सुमतौ स्याम।।12।।
त्वं सोम पितृभिः संविदानो ऽनु द्यावापृथिवी आ ततन्थ।
तस्मै न इन्दो हविषा विधेम वयं स्थाम पतयो रयीणाम्।।13।।

।।ऋग्वेद 8.48.11, 12, 13।।

तत्त्वमसि

ऋग्वेद के अष्टम मण्डल के 54वें सूक्त के मन्त्रद्रष्टा ऋषि मातरिश्वा काण्व ने सूक्त के प्रारम्भ में कहा है कि हे इन्द्र! ऋत्विक् आपके पराक्रम का वर्णन करते हैं। वहीं अष्टम ऋचा में कहा है : "वयं ते" – हम आपके हैं। "त्वे अस्माकं–" आप हमारे हैं। "महि स्थूर शशयें राधः नितोशय" – अनिन्दनीय, बड़े महान् सदैव रहनेवाले, सदैव कम नहीं होनेवाले अध्यात्मिक, अधिदैविक, अधिभूत धन हमें प्रदान करो।

"हे इन्द्र! हम आपके हैं और आप हमारे हैं।" इसीलिये हम स्तोत्रों से आपकी स्तुति करते हैं। आप ज्ञानी को अनिन्दनीय, सदैव कम नहीं होनेवाला, सदैव साथ रहनेवाला आनन्द रूपी धन प्रदान करने का अनुग्रह करें।।ऋग्वेद 8.54.8।। यही आशय इससे पूर्व की ऋचा में आया है। उपनिषत् में इसे "तत्त्वमसि" कहा है।

वयं त इन्द्र स्तोमेभिर्विधेम त्वमस्माकं शतक्रतो।
महि स्थूरं शशयं अहयं प्रस्कण्वाय नि तोशय।।8।।

।।ऋग्वेद 8.54.8।।

ऋत्विज् यज्ञकर्म ज्ञाता हो

मन्त्रद्रष्टा ऋषि मेध्य काण्व ने "ऋत्विज्ो वा" देवता (विषय) की ऋचा में निर्देश दिया है कि "ज्ञानवान् ऋत्विक् को अनेक तरह के यज्ञों को करवाने का पूर्ण ज्ञान होना चाहिये।" यज्ञविद्या का सम्पूर्ण ज्ञानवान् यज्ञ कर्त्ता अनेक तरह से यज्ञों को करते हुए यज्ञकर्म को पूर्ण करता है। यज्ञकर्म में नियुक्त विद्वान् ऋत्विग् को यज्ञक्रिया का पूरा ज्ञान हो। ऋत्विक् को यज्ञवेदी निर्माण; अग्नि स्थापना : मन्त्र–स्तोत्र शुद्ध पाठ करने (बहुत धीरे–धीरे अथवा तेज गति से मन्त्र पाठ नहीं करे। मन्त्र स्वर उच्च हो); यज्ञवेदी पूर्वाभिमुखी निर्माण; यज्ञ सामग्री (सर्वोषधि, नवग्रह समिधा, वनोषधि, सुगन्धित द्रव्य, जौ चावल, तिल, शर्करा आदि) आदि का ज्ञान हो। वह आहुतियाँ प्रारम्भ करने से पहिले मन्त्र का भावार्थ यजमान को स्पष्ट करे; ऋग्वेदानुसार अष्ट ऋत्विक् होने के विधान का ज्ञान हो आदि। ऋत्विक् आकाश के नीचे और नदी–जलाशय के किनारे यज्ञ करवाये। चतुर्मास में यज्ञकर्म स्थगित रखा जाये। यज्ञ शुभ दिन हो। वहीं वैदिक देवों के शास्ता त्र्यम्बक रुद्र के यज्ञ के लिये प्रत्येक दिन शुभ है।

यज्ञ विधान का सम्पूर्ण ज्ञान ऋग्वेद में उपलब्ध है, ऋत्विज् एकमात्र ऋग्वेद का गहन अध्ययन कर यज्ञविद्या प्राप्त कर सकता है।।8.58.1।। वर्तमान में इस ऋग्वैदिक यज्ञविधान के विपरीत यज्ञ हो रहे हैं।

यमृत्विजो बहुधा कल्पयन्तः सचेसतो यज्ञमिमं वहन्ति।
यो अनूचानो ब्राह्मणो युक्त आसीत् का स्वित्
तत्र यजमानस्य संवित्।।ऋग्वेद 8.58.1।।

सप्त छन्द ऋचा पाठ : यज्ञीय सोमरस तैयार

मन्त्रद्रष्टा ऋषि सुपर्ण काण्व ने सोमयज्ञ में सोमरस धारा का नया विधान कहा है। इन्द्र और वरुण के लिये "सप्त छन्दों से युक्त ऋचाओं का पाठ करते हुए सोमरस तैयार किया जाता है। इन्द्र और वरुण मन से संरक्षण मांगने पर रक्षा करते हैं।।ऋग्वेद 8.59.3।।

सत्यं तदिन्द्रावरुणा कृशस्य वां मध्व ऊर्मिं दुहते सप्त वाणीः।
तभिर्दाश्वांसमवतं शुभस्यती यो वामदब्धो अभि पाति चित्तिभिः।।3।।
।।ऋग्वेद 8.59.3।।

प्राचीन ऋषियों के गुह्य यज्ञस्थान : तप से देखें

इन्द्र और वरुण ने ऋषियों को आदिकाल (प्राचीन काल) में विचार, वक्तृत्वशक्ति (वाक्शक्ति), बुद्धि और (ब्रह्मविद्यादि का) ज्ञान दिया। उनके आधार पर प्राचीन ऋषियों ने दिव्य यज्ञस्थानों का निर्माण किया था। ये

यज्ञस्थल गुह्य रहे। स्वामी विशुद्धानन्द परमहंस, जगद्गुरु शंकराचार्य रहे स्वामी ब्रह्मानन्द सरस्वती, महासाधक राम ठाकुर आदि के अनुसार कैलास महापर्वत के वर्तुल में वैदिक ऋषियों के "अदृश्य सिद्धाश्रम" अवस्थित हैं। ऋचा में स्पष्ट किया है कि इन "यज्ञ स्थलों को तप के द्वारा ही देखा जा सकता है"।।ऋग्वेद 8.59.6।।

इन्द्रावरुणा यदृषिभ्यो मनीषां वाचो मतिं श्रुतमदत्तमग्रे।
यानि स्थानान्यसृजन्तु धीरा यज्ञ तन्वानास्तपसाभ्यपश्यम्।।6।।
।।ऋग्वेद 8.59.6।।

गृह में नित्य प्रति यज्ञ : विद्वान् निवास, देव निवास

"मम शर्मन् सूरयः शत्रुपाहः सु अग्नयः सन्तु" – मेरे घर में सदैव विद्वान् एवं शत्रुओं को परास्त करनेवाली उत्तम (यज्ञ की) अग्नियाँ निवास करती रहें। अर्थात् मेरे घर सदैव विद्वान् निवास करते रहें और नित्य प्रति यज्ञ होता रहे। "देवानां महान् असि" – यह अग्नि समस्त देवों में महान् है।

जिस घर में सदा सर्वदा विद्वान् रहते हैं और यज्ञाग्नि की पवित्र ज्वालायें प्रदीप्त होती रहती हैं, उस घर में देवता निवास करते हैं और उस घर में रहनेवाले हमेशा सुखी रहते हैं।।ऋग्वेद 8.60.6।।

शोचा शोचिष्ठ दीदिहि विशे मयो रास्व स्तोत्रे महाँ असि।
देवानां शर्मन् मम सन्तु सूरयः शत्रूपाहः स्वप्नयः।।6।।
।।ऋग्वेद 8.60.6।।

अश्वमेध यज्ञ : उत्तम ज्ञानियों को पुष्कल दक्षिणा

मन्त्रद्रष्टा ऋषि प्रियमेध आंगिरस ने "ऋक्षाश्वमेधो" विषयक पाँच ऋचाओं में अश्वमेध का वर्णन किया है।

सोम पीकर हुए छह नर दो–दो की जोड़ी में उत्तम दान देकर हमारी ओर आ रहे हैं।।14।। इन्द्रोत के पास से सरलता से संचालित दो तेजस्वी अश्व मिले। ऋक्ष के सुपुत्र से दो स्याम अश्व और अश्वमेध के पास से दो रोहित वर्ण के अश्व प्राप्त हुए।।15।।

अतिथिग्व के सुपुत्र से उत्तम रथ, ऋक्ष के सुपुत्र से उत्तम रास (लगाम) एवं अश्वमेध के सुपुत्र से दो सुन्दर रूपवाले अश्व प्राप्त किये।।16।। अतिथिग्व के सुपुत्र इन्द्रोत से पवित्र यज्ञ में मादाओं से युक्त छह अश्व एक साथ प्राप्त हुए।।17।। इन सरलगामी अश्वों के मध्य तेजस्वी, बलशाली, उत्तम रास एवं चाबुक वाली घोड़ी दूर से दीख पड़ रही थी।।18।।

अश्वमेध (राष्ट्रसंवर्धनयज्ञ, सृष्टि यज्ञ, कालयज्ञ) में सभी राजाओं आदि से उत्तम ज्ञानी ब्रह्मविदों को उत्तम–उत्तम दक्षिणा मिली। ज्ञानी ऋत्विकों को

उत्तम अश्व, रथ और उस वाहन योग्य अन्य साधन भी मुक्त हस्त से दान में देने चाहिये। जो सदैव राष्ट्रसंवर्धनयज्ञ–अश्वमेध यज्ञ से प्रेम करते हैं, उनके पास हमेशा साधन–संसाधन तैयार रहने चाहिये।।ऋग्वेद 8.68.14–18।।

उप मा षड् द्वाद्वा नरः सोमस्य हर्ष्यां।
तिष्ठन्ति स्वादुतयः।।14।।
ऋज्राविन्द्रोत आ ददे हरी ऋक्षस्य सूनवि।
आश्वमेधस्य रोहिता।।15।।
सुरथाँ आतिथिग्वे स्वभीशूँरार्क्षे।
आश्वमेधे सुपेयसः।।16।।
पळश्वाँ अतिथिग्व इन्द्रोते वधूमतः।
सचा पूतक्रतौ सनम्।।17।।
ऐषु चेतद्वृषण्वत्यन्तर्ऋज्रेष्वरुषी।
स्वमीशुः कशावती।।18।। ऋग्वेद 8.68.14.18।।

यज्ञ से मोक्ष–स्वर्ग–परमव्योम में स्थान

मन्त्रद्रष्टा कवि पुरुव्टन्मा आंगिरस ने इन्द्र विषयक सूक्त की ऋचा में कहा है कि मुख्य यज्ञ के लिये कुश के आसन बिछानेवाले और हितकारक अन्न देनेवाले प्रियमेध ऋषि के पुत्रों ने इन देवों के प्राचीन आलययमों को प्राप्त किया (देवों का प्राचीन आलय द्युलोक–परमव्योम–स्वर्ग है।)।

"मेधा बुद्धि ज्ञान को धारण करनेवाले ऋषियों ने यज्ञ–स्वाध्याय–वाग्यज्ञ–ज्ञानयज्ञ–शुभकर्म–उत्तमकर्म–सत्कृत–भक्ति के द्वारा देवताओं का स्थान स्वर्ग प्राप्त किया, अर्थात् यज्ञ से मोक्ष प्राप्त किया।।"ऋग्वेद 8.69.18।।

अनु प्रत्नस्यौकस त्रियमेधास एषाम्।
पूर्वामनु प्रयतिं वृक्तबर्हिषो हितप्रयस आशत।।18।।
।।ऋग्वेद 8.69.18।।

यज्ञ कर्त्ता : कोई नष्ट नहीं कर सकता

जो सभी के द्वारा स्तुत्य, शत्रु संहारक, स्वयं कभी नहीं हिंसित होनेवाले, दूसरों को घर्षण करनेवाले बल से युक्त, हमेशा वृद्धि को प्राप्त एवं महान् "परमेष्ठी (इन्द्र) को यज्ञों के द्वारा अनुकूल बना लेता है, उसे अपने कर्म से कोई नष्ट नहीं कर सकता है।" ।।ऋग्वेद 8.70.3।। अर्थात् यज्ञकर्म कर्त्ता पर परमेष्ठी की कृपा होती है, उसे कौन नष्ट कर सकता है?

नकिष्टं कर्मणा नशद्यश्चकार सदावृधम्।
इन्द्रं न यज्ञैर्विश्वगूर्तमृभ्वसमधृष्टं धृष्णवोजसम्।।3।।
।।ऋग्वेद 8.70.3।।

देवयज्ञ : यज्ञ की अग्नि की सर्वप्रथम पूजा

"धीषु अर्वति अग्निं प्रथमं" – सभी तरह के बुद्धियुक्त कार्यों में इस अग्नि की पूजा सर्वप्रथम करनी चाहिये। देवयज्ञ के निमित्त से हम अग्नि की स्तुति करते हैं। यज्ञवेदी में अग्नि प्रज्ज्वलित होने पर भी अग्नि की स्तुति करते हैं। समस्त कार्यों में विराजमान अग्नि की सर्वप्रथम पूजा करते हैं और क्षेत्र के लाभ के निमित्त भी स्तुति करते हैं। अर्थात् यह अग्नि देवता अन्य देवों से उत्कृष्ट होने से सबसे प्रथम पूज्य है (अग्नि–रुद्रस्वरूप, सूर्यस्वरूप एवं विष्णुस्वरूप)। अग्नि की देवयज्ञ में एवं अन्य प्रज्ज्वलित यज्ञ में स्तुति की जाती है। इसी प्रकार बुद्धिपूर्वक किये जानेवाले कार्यों में अग्नि की सर्वप्रथम स्तुति की जाती है (अध्यात्मिक रूप से अग्नि चित् तत्त्व है। सृष्टि को अग्नि–सोमात्मक कहा गया है। अग्नि तीनों लोकों में विद्यमान है।)।। ऋग्वेद 8.71.12।।

अग्निं वो देवयज्यया ऽग्निं प्रयत्यध्वरे।
अग्निं धीषु प्रथममग्निमर्वत्यग्निं क्षैत्राय साध से।।ऋग्वेद 8.71.12।।

अग्नि हवन–यज्ञ कर्त्ता का मित्र

होम–हवन करनेवाला सर्वप्रथम तीक्ष्ण ज्वालाओंवाले अग्नि के पास जाकर बैठता है। वह रुद्ररूप अग्नि को यज्ञवेदी में स्थापित करने की कामना से उसे अपनी स्तुति से प्रज्ज्वलित करता है। "होता अस्य सख्यं जुषाणः" – यज्ञ करनेवाला ही उस अग्नि की मित्रता प्राप्त कर सकता है। इसप्रकार यज्ञकर्म को समर्पित ही अग्नि की मित्रता प्राप्त करता है। अर्थात् "प्रशस्ततमकर्म–उत्तमकर्म (यज्ञकर्म) से चित्तत्त्व–आत्मतत्त्व से मैत्री होती है।" ।।ऋग्वेद 8.72.2।।

नि तिग्ममभ्यं1 शुं सीदद्धोता मनावधि।
जुषाणो अस्य सख्यम्।।2।। ऋग्वेद 8.72.2।।

यज्ञ : पानी के द्वारों को खोलनेवाला (वर्षा)

यज्ञीय देवता की ज्वालाओं का चक्र ऊपर की ओर घूमता है, जो चारों ओर व्याप्त होता है। अथवा यज्ञीय अग्नि की ज्वालायें हमेशा ऊपर की तरफ ही चलती हैं। यज्ञाग्नि की ज्वालायें चारों ओर व्याप्त होती हैं। वह पानी के द्वारों को खोल देता है। इससे यज्ञाग्नि की उस समय ऋत्विज् स्तुति करते हैं। यहाँ भावार्थ यह है कि यज्ञ की ज्वालाओं से वर्षा होती है। वरुणविद्या के अनुसार देव सम्राट वरुण के यज्ञ से वर्षा होती है।।ऋग्वेद 8. 72.10।।

सिंचन्ति नमसावतमुंचाचक्रं परिज्मानम्।
नीचीनबारमक्षितम्।।10।। ऋग्वेद 8.72.10।।

यज्ञमय देश की भूमि–अत्यन्त उपजाऊ

"यज्ञस्य मही रप्सुदा" – उस यज्ञमय देश की भूमि अत्यन्त उपजाऊ होती है। "उभा कर्णा हिरण्यया" – उस देश के निवासियों के शरीर सुवर्ण के अलंकारों से सजे होते हैं।

वर्षा होने से सभी जलाशय, सरोवर, झील, तालाब, कुँए आदि पानी से भर जाते हैं। परिणामतः चारों ओर हरियाली छा जाती है। उस समय गायें पानी पीने के लिये तालाबों के पास जाती हैं। वे पानी पीकर एवं हरी घास खाकर तृप्त होती हैं। जहाँ गोवंश पुष्ट होता है, वहाँ की भूमि उपजाऊ होती है। अर्थात् यज्ञमय देश की भूमि बहुत उपजाऊ होती है (प्राचीन काल से गावों में यज्ञ की विभूति खेतों में छिड़कने की समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा रही है।) (समझा जाता है कि गाय का गोबर मात्र कुछ घण्टों में खाद में परिवर्तित हो जाता है। गोमूत्र भी उर्वरक का कार्य करता है।)। यज्ञमय देश के निवासी धन–धान्य से समृद्ध होते हैं। उनके शरीर स्वर्ण से अलंकृत रहते हैं।।ऋग्वेद 8.72.12।।

गाव उपावतावतं मही यज्ञस्य रप्सुदा।
उभा कर्णो हिरण्यया।।ऋग्वेद 8.72.12।।

यज्ञ से पृथिवी में शक्ति

यज्ञों के करने से पृथिवी में भी शक्ति उत्पन्न होती है। जितने अधिक यज्ञ सम्पन्न किये जायेंगे, उतनी ही इस भूमि की जल ग्रहण की शक्ति में वृद्धि होगी। भूमि की वर्षा मेघ धारण करने की सामर्थ्य भी अधिक होगी।

यज्ञ के माध्यम से भूमि की उर्वरा शक्ति वृद्धि होने से बहुत अधिक धान्य और चारा उत्पादित होगा। उससे गोवंश अत्यन्त हृष्ट पुष्ट होगा।।13, 14।।

इस अग्नि के मुख में दी गई हवि को यह सूक्ष्म रूप में अन्तरिक्ष में पहुँचाता है। अन्तरिक्ष में यज्ञाग्नि के किरणों–सूर्य की रश्मियों से संयोग होता है। यह संयोग अन्तरिक्षस्थ मेघों का दोहन करके उनसे वर्षा करवाने का कारण बनता है। अथवा वेग से चलनेवाला वायु सूर्य की सप्त किरणों द्वारा पुष्टिकारक यज्ञीय हवि रस और सर्पणशील चरणवाली अन्तरिक्षस्थ गोरूप–मेघ का दोहन करता है। इस प्रकार सूर्य और अग्नि दोनों जल वर्षा करवाकर इस पृथिवी को धारण करते हैं।।15, 16।।ऋग्वेद 8.72.13–16।।

आ सुते सिंचत श्रियं रोदस्योरभिश्रियम्।
रसा दधीत वृषभम्।।13।।
ते जानत स्वमोक्यं1 सं वत्सासो न मातृभिः।
मिथो नसन्त जामिभिः।।14।।
उप स्रक्वेषु बप्सतः कृण्वते धरुणं दिवि।
इन्द्रे अग्ना नमः स्वः।।15।।
अघुक्षत् पिप्युषीभिषमूर्ज सप्तपदोमरिः।
सूर्यस्य सप्त रश्मिभिः।।16।।ऋग्वेद 8.72.13–16।।

दोषरहित यज्ञ कर्म : वृद्धियुक्त सम्पदा से रक्षा

इस ऋचा में उपदेश है कि अदोषयुक्त (दोषरहित) यज्ञ कर्त्ता के कर्म को अग्नि स्वीकार करता है अर्थात् यथासम्भव यज्ञ दोषरहित करना चाहिये : शुभ दिन यज्ञायोजन; वृताकार या वर्गाकार यज्ञवेदी (नीचे से ऊपर की ओर फैलती हुई); विशुद्ध सर्वोषधि; विशुद्ध नवग्रह काष्ठ एवं यज्ञीय काष्ठ; वनोषधियाँ; अष्ट ऋत्विक्; सभी द्वारा खड़े होकर अग्नि स्थापना करना; यज्ञ खुले आकाश के नीचे एवं जलाशय के किनारे; यज्ञकर्त्ता विष्णु की तरह त्रिविक्रम स्वरूप तीन पद रखे–वामन से विराट होने की प्रक्रिया; यज्ञीय मन्त्र का अर्थ सभी को ज्ञात हो; यज्ञीय मन्त्र का मध्यम गति में पाठ (बहुत धीमी गति अथवा तीव्र गति से निषेध); यज्ञ यूप वेदी के समीप स्थापना; सभी सुसज्जित होकर आयें; विद्वानों का सम्मान; धर्म–अर्थ–काम–मोक्ष के स्थान पर लोककल्याण, सर्वोदय, लोकसंग्रह का संकल्प; यज्ञकर्त्ता के पास पर्याप्त अन्न हो आदि। दोषरहित यज्ञकर्त्ता की शक्ति में वृद्धि होती है और उसकी हर तरह से रक्षा होती है।।ऋग्वेद 8.75.14।।

यस्याजुषन्नमस्विनः शमीमदुर्मखस्य वा।
तं धेदग्निर्वृधावति।।ऋग्वेद 8.75.14।।

ज्ञानयज्ञ

मन्त्रद्रष्टा ऋषि विरूप आंगिरस ने अग्नि के सूक्त में "ज्ञानयज्ञ" का उपदेश दिया है। हे दिव्य गुण युक्त सर्वज्ञ अग्ने! आप सर्वोत्कृष्ट विद्वान् होकर हम सभी विद्वानों को उपदेश दें। साथ ही समस्त वरण करने योग्य ज्ञानों को सत्यरूप में प्रगट करने का अनुग्रह करें। अर्थात् "यज्ञ में श्रेष्ठ विद्वानगण विराजमान् होवे और ज्ञान चर्चा हो"।।ऋग्वेद 8.75.1।।

युक्ष्वा हि देवहूतमाँ अश्वाँ अग्ने रथीरिव।
नि होता पूर्व्यः सदः।।ऋग्वेद 8.75.1।।

सोम : मन्त्रद्रष्टा ऋषि–विप्र

यह सोम समस्त कर्मों को करनेवाला है। यह शत्रुओं से पकड़ा नहीं जानेवाला और समस्त शत्रुओं को विजित करनेवाला है। यह पृथिवी को फोड़कर निकलनेवाला है। सोम मन्त्रद्रष्टा कवि और आदिज्ञानी है। इसलिये सोम देवता स्तोत्र से स्तुत्य है। यहाँ मन्त्रद्रष्टा ऋषि कृत्नु भार्गव दिव्य सोम वनस्पतियों के स्थान पर सोम देवता का वर्णन कर रहे हैं।।ऋग्वेद 8.79.1।।

अयं कृत्नुरगृभीतो विश्वजिदुद्भिदित् सोमः।
ऋषिर्विप्रः काव्येन।।ऋग्वेद 8.79.1।।

यज्ञ सम्बन्धि चतुर्थ नाम–सर्वोत्तम कर्म

मन्त्रद्रष्टा कवि एकद्यूनौधस ने इन्द्र द्वारा वस्तुओं–कर्मों के नाम और गुण निर्धारण का गोपनीय रहस्य उद्घाटित किया है। इन्द्र द्वारा निर्धारित चार नाम हैं : 1. नक्षत्रनाम; 2. गुह्यनाम; 3. प्रकाशनाम और 4. सोमयाजी। "इनमें यज्ञ सम्बन्धित चतुर्थ सर्वोत्तम कर्म है। यज्ञ में महाज्ञानियों–कवियों–ऋषियों–विद्वानों; देवताओं और दुर्धर्ष योद्धाओं का सत्कार एवं पूजा होती है।।ऋग्वेद 8.80.9।।

तुरीयं नाम यज्ञियं यदा करस्तदुश्मसि।
आदित् पतिर्न ओहसे।।ऋग्वेद 8.80.9।।

ऋत के नियम शाश्वत : प्रतिकूलता से पराभव

"ऋत के नियम शाश्वत हैं।" ऋत–शाश्वत नैतिक नियम जगत् में सर्वत्र हैं। ऋत के कारण ही तेजस्वी सूर्य सायंकाल अस्त होता है। ऋत स्थिर एवं निश्चित स्वाभाविक व्यवस्था, भौतिक एवं अध्यात्मिक दैवी नियम है। ऋत–विश्वव्यवस्था (जिसके अन्तर्गत ब्रह्माण्ड के सभी पिण्ड अपने क्षेत्र में नियमित रूप से कार्य करते हैं।); नैतिक नियम (व्यक्तियों के परस्पर सम्बन्ध का निर्वाह करनेवाले) और कर्मकाण्ड व्यवस्था (समस्त कर्मकाण्डीय व्यवस्था–विधि निषेध–कार्यपद्धति) तीन मुख्य क्षेत्र हैं।

सृष्टि प्रक्रिया में उल्लेख है कि "तप से ऋत एवं सत्य उत्पन्न हुए। इनसे क्रमशः रात्रि, समुद्र–अर्णव, संवत्सर, सूर्य, चन्द्र आदि उत्पन्न हुए।" "ऋत के नियम देवताओं के लिये भी अलंघनीय हैं।"

"ऋग्वेद में यज्ञ को ऋत एवं सत्य कहा गया है। मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने चेतावनी दी है कि "ऋत के प्रतिकूल चलनेवाले बड़े–बड़े वीरों का भी पराभव होता है, फिर सामान्य मनुष्य की तो बात ही क्या है?"।।ऋग्वेद 8.86.5।।

ऋतेन देवः सविता शमायत ऋतस्य शृंगमुर्विया वि पप्रथे।
ऋतं सासाह महि चित् पृतन्यतां या नो वि यौष्टं सख्या मुमोचतम्।।
।।ऋग्वेद 8.86.5।।

परमेष्ठी भाव–से प्रसन्न
नारी को यज्ञाधिकार : यज्ञ से कायाकल्प

इस सूक्त की मन्त्रद्रष्टा ऋषिका अपाला आत्रेयी है। सायणाचार्य के अनुसार अपाला पति द्वारा परित्यक्त ऋषिका है। अपाला अपने पिता के पास रहती थी। व्याधि के कारण पिता के शिर पर एक भी बाल नहीं बचा रहा। उनकी कृषि भूमि भी अनुपजाऊ थी, जिस पर अनाज आदि पैदा कर पाना असंभव था। अपाला परमेष्ठी स्वरूप–इन्द्र में अत्यधिक श्रद्धा रखती थी। अपाला ने सुना था कि इन्द्र सोमरस के प्रेमी हैं। इन्द्र "यज्ञ" में "सोमरस" प्रदान करनेवाले याजकों पर अनुग्रह करने के लिए एक युवॉ पुरुष का रूप धारण करके यज्ञस्थल–घर बिना बुलाये भी पहुँचते हैं। "सोम यज्ञ से अचानक एक दिन अपाला का कायाकल्प होता है।"

इसका वृत्तान्त बहुत सुन्दर है। एक दिन नदी में पानी भरने के लिये बढ़ते हुए युवॉ अपाला को सोमवल्ली का टुकड़ा मिला। अपाला तुरन्त उसे घर लाई। यज्ञ के योग्य साधन उस अकिंचन कन्या को भला कहाँ से आते! इसलिये अपाला ने अपनी दाढ़ों से ही उसका रस निकाला और धाना, करम्भ, अपूप आदि को तैयार रखकर एक छोटे से स्तोत्र की रचना करके उस रस का पान करने के लिये परमेष्ठी (इन्द्र) का आवाहन किया। यह स्तोत्र सुनकर इन्द्र एक युवक वीर के रूप में आ भी पहुँचे। लेकिन अपाला युवक वीर के रूप में इन्द्र को पहचान नहीं पाई। अपाला पशोपेश में रही कि क्या ये सचमुख इन्द्र है? क्या ये मेरे लिये वरद सिद्ध होंगे? अन्त में अपाला इन्द्र को पहचानने में समर्थ हुई। इन्द्र के अनुग्रह से अपाला त्वचा रोग से मुक्त होकर सूर्य की तरह दीप्तिमती हुई। उनके पिता के गंजे शिर पर केश उत्पन्न हुए। इससे स्पष्ट है कि "ऋग्वेदीय काल में नारी को यज्ञ का अधिकार रहा।"

पानी की ओर निम्न भाग में जाती हुई किसी कन्या को मार्ग में ही सोमवल्ली का टुकड़ा मिल गया। उसे घर ले जाकर वह उससे कहने लगी; मैं आपको (सोमवल्ली को) यज्ञ में इन्द्र के लिये पीसूँगी, मैं तुझे बलशाली वीर के लिये पीसूँगी।।1।।

हे इन्द्र! आप सुन्दर तरुण वीर होकर अपने अनुभाव से चमकते हुए (यज्ञ में सोमरस के लिये) घर–घर भ्रमण करते रहते हो। यज्ञ में इन्द्र के अनुयायी मरुद्गणों के लिये अपूप, पूषा के लिये करम्भ, इन्द्र के घोड़ों के लिये धाना–लाजाएं और सभी को मिलाकर सोम एवं पुरोडाश अपर्ण करने का प्रबन्धन चलन रहा। इसके विपरीत अपाला कहती है कि आप मेरी दाढ़ों से

पीसे हुए लाजा, सत्तू का आटा और पुरोडाश मिलाकर तैयार किये गए हैं। आप स्तोत्रों से युक्त सोमरस आदि को ग्रहण करो।।2।।

अपाला के सोमयाग वृत्तान्त का दूसरा अन्तर्निहित संदेश है कि यज्ञकर्म में परमेष्ठी के प्रति भाव प्रधान है।।ऋग्वेद 8.91.1, 2।।

कन्या3 वारवायती सोममपि स्रुताविदत्।
अस्तं भरन्त्यब्रवीदिन्द्राय सुनवै त्वा शक्राय सुनवै त्वा।।1।।
असो य एषि वीरको गृहंगृहं विचाकशत्।
इमं जम्भसुतं पिब धानावन्तं करम्भिणमपूपवन्तमुक्थिनम्।।2।।
।।ऋग्वेद 8.91.1, 2।।

शरभ : दानी महान् राजा अथवा परमेष्ठी का बन्धु ऋषि

ऋग्वेद के अष्टम मण्डल का 100वां संवादसूक्त है। इसमें प्रधान विषय वस्तु का उल्लेख 12वीं ऋचा में मिलता है। वृत्र के हनन में इन्द्र ने विष्णु की सहायता प्राप्त करना आवश्यक समझा। उनसे इस बारे में आदान–प्रदान की शर्त तय की (ऋचा 1 एवं 2)। इसके अनुसार इन्द्र ने विष्णु को सोमपान में समान भाग देना निर्धारित किया। इस वार्तालाप की सूचना कवि ने अपने अनुयायियों को दी। अनुयायियों के मन में प्रश्न उठा कि इन्द्र को बिना देखे स्तोम किसे अर्पित करें? ऐसे में इन्द्र स्वयं प्रगट होकर अपने पराक्रम का वर्णन करता है। कवियों के स्तोम में बतलाया गया है कि इन्द्र सोमपान के समय उसके साथ किस तरह लाड़–प्यार से पेश आता है। इससे संतुष्ट होकर इन्द्र अपने याजक की सम्पूर्ण सहायता करता है, इसे कवि ''शरभ'' के उदाहरण द्वारा प्रतिपादित करता है। ''व्याख्याकारों ने शरभ को परमेष्ठी का बन्धु ऋषि और महान् दानी राजा बताया है।''

ऋक्सूक्तवैजयन्ती में प्रोफेसर हरि दामोदर वेलणकर (वैदिक संशोधन मण्डल, पूणे प्रकाशन, सन 1965) ने शरभ शब्द वाली ऋचा के भावार्थ में लिखा है : ''हे उदार इन्द्र! आपके लिये सोम पीसनेवाले यजमान के लिये जो (अनेक वीरकर्म) आपने किये हैं वे सभी यज्ञीय सवनो के समय ऊँचे स्वर में प्रशंसा करने योग्य हैं। कारण, अनेक ऋषियों को बन्धुतुल्य माननेवाले ''शरभ'' (नामक महान् राजा) को, बहुत दूर के प्रदेशों में तथा अनेक लोगों के द्वारा सुसंचित धन आपने लूटने दिया'' (शरभ कोई महान् दानी यजमान प्रतीत होता है)।।6।।

वहीं श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर ने ऋग्वेद के भाष्य (प्रकाशन–स्वाध्याय मण्डल) में इसी ऋचा की व्याख्या की है : ''हे धनवान् इन्द्र! जो

आपने 'बन्धुरूप ऋषि शरभ' के निमित्त बड़ी संख्या में एकत्र परावान् का धन अपने अधीन किया। उसे आपने यज्ञ करनेवाले के लिये दान किया है। आपके वे सारे ही कर्म यज्ञ के समय कहने योग्य हैं।।6।।

यहाँ "शरभ (परमेष्ठी) इन्द्र के बन्धुरूप ऋषि" हैं। शरभ का यज्ञ से सम्बन्ध है। शरभ का तीसरा पक्ष "आकाश भैरव कल्पोक्तम्" प्रस्तुत करता है। इसमें "पौराणिक विष्णु भगवान्" का नृसिंह अवतार असुर सम्राट हिरण्यकश्यप के संहार के बाद नरभक्षी बना। इस लम्बे वृत्तान्त में वैदिक देवों के शास्ता रुद्र ने अपने केश से शरभ सालुव पक्षीराज आकाश भैरव की उत्पत्ति की। यह अर्धपक्षी एवं अर्धपशु था। शरभ की आँखों से विद्युत् निकल रही थी और मुख से अग्नि निकल रही थी। शरभ की देवियाँ–प्रत्यंगिरा एवं शूलनी और भैरव– वडवानल रहा। उसके वैदिक श्येन की तरह विशाल पंख रहे।

शास्ता रुद्र के आदेश से शरभ नृसिंह के पास गये और उन्हें समझाया कि "अवतार की उत्पत्ति का निमित्त होता है और निमित्त पूर्ण होने पर वापस मूल देवता में लौटने का विधान है।" शरभ और नृसिंह में लम्बा अनिर्णित शास्त्रार्थ चला एवं अन्त में भीषण युद्ध प्रारम्भ हुआ। दोनों के दिव्य अस्त्रों शस्त्रों से ब्रह्माण्ड में त्राहि–त्राहि मची। शरभ देव ने अन्त में अपनी पूंछ में नृसिंह को बांधकर रुद्रलोक के लिये प्रस्थान किया। मार्ग में शरभ को विचार आया कि रुद्र देवता महादयालु हैं, वे नृसिंह को क्षमा कर देंगे। शरभ ने तत्क्षण नृसिंह के शरीर को तीक्ष्ण चोंच से फाड़ा और निवाला बनाया। उन्होंने शास्ता रुद्र को नृसिंह का सिंहचर्म दिया। यह श्री विष्णु अवतार की प्रथम पराजय है।

अध्यात्मिक रूप में यह सृष्टि के प्रलय की स्थिति है। जिसमें "ब्राह्माण्डव्यापिनी शक्ति विष्णु का आदिभूत–आदितत्त्व रुद्र के शरभ में विलय हो जाता है।" आगम में श्री वीरशरभसालुव को श्रीविद्या की देवी की शक्ति कहा गया है। शरभदेव की साधना करनेवाले को स्वतः सर्वैश्वर्य प्राप्त होता है। यहाँ वैदिक परमेष्ठी–इन्द्र का बन्धुरूप ऋषि शरभ धन प्रदाता है।

विश्वेत् ता ते सवनेषु प्रवाच्या या चकर्थ मघवन्निन्द्र सुन्व।
परावतं यत् पुरुसंभृतं वस्त्रपावृणोः शरभाय ऋषिबन्धवे।।6।।

।।ऋग्वेद 8.100.6।।

यज्ञ में वाणीरूपी कामधेनु

जिस समय यह वाग्देवी दुर्बोध शब्दों का उच्चारण करनेवाले देवों की मधुर वचना रानी बनकर अपने सिंहासन पर अधिष्ठित हो गई, उस समय उसने अपने दूध एवं पुष्टिप्रद अन्न के स्थान से चार द्रव्यों का निर्माण किया।

अर्थात् चार वाणियों के रूप में – परा, पश्यन्ती, मध्यमा एवं वैखरी को प्रगट किया।

देवों ने इस वाग्देवी को उत्पन्न किया। उसका उच्चारण भिन्न–भिन्न प्राणी करते हैं। वह आनन्ददायक धेनु रूपी वाक् (कवि की वाणी रूपी कामधेनु) हमारे संस्तुत हो गई है। इसलिये पुष्टिप्रद अन्न एवं ओज हमें देकर वह हमारे पास आ जाय।।10, 11।। अर्थात् यह वेदवाणी अज्ञानियों को ज्ञान युक्त करती है। वेदवाणी देवताओं और विद्वानों को प्रसन्न करती है। यह वाणी स्वयं तेज युक्त होकर इसे बोलनेवालों को भी तेज से युक्त करती है। "यज्ञ में जब वैदिक ऋचाओं आदि का पाठ होता है, तब वह यज्ञ हर तरह से समृद्ध होता है।" "वाणी के चार रूप हैं : परा, पश्यन्ती, मध्यमा, वैखरी।" वाणी के इतने कार्य प्रत्यक्ष होने पर भी यह रहस्य है कि इन चारों में सर्वश्रेष्ठ वाणीरूप द्रव्य किधर गया?

वाक् का मूल रूप एक ही है। इस वाक् को परमेष्ठी ने प्रगट किया। परन्तु एक ही वाक् को प्राणी अलग–अलग रूप में बोलते हैं। यह वाणी जिस पर प्रसन्न होती है, तब वह मनुष्य अध्यात्मिक, दैविक एवं भौतिक रूप से सम्पन्न हो जाता है।।ऋग्वेद 8.100.10, 11।।

देवीं वाचमजनयन्त देवास्तां विश्वरूपाः पशवो वदन्ति।
सा नो मन्द्रेषमूर्जं दुहाना धेनुर्वागस्मानुष सुष्टुतैतु।।11।।
यद्वाग्वदन्त्वविचेतनानि राष्ट्री देवानां निषसाद मन्द्रा।
चतस्र ऊर्जं दुदुहे पयांसि क्वं स्विदस्याः परमं जगाम।।10।।
।।ऋग्वेद 8.100.10, 11।।

यज्ञादि में अरुचि : देवों की अवकृपा

जिस मनुष्य को यज्ञादि उत्तम कर्म में आनन्द नहीं मिलता; किसी विद्या को प्राप्त करने में आनन्द नहीं आता; किसी शुभ संवाद में आनन्द नहीं मिलता एवं किसी प्रवचन आदि में आनन्द नहीं जाता; वह दुष्ट प्रकृति का है। हे मित्र (सूर्य) एवं वरुण! आप उससे संग्राम में हमारी रक्षा करो। अर्थात् ऐसे दुष्ट प्रकृतिवान् पर इन देवों की "अवकृपा" रहती है।।ऋग्वेद 8.101.4।।

न यः संपृच्छं न पुनर्हवीतवे न संवादाय रमते।
तम्मान्नो अद्य समृतेरुरुष्यतं बाहुभ्यां न उरुष्यतम।।4।।
।।ऋग्वेद 8.101.4।।

गो अवध्य

मन्त्रद्रष्टा ऋषि जमदग्नि भार्गव ने "गो" विषयक में सीधे–सीधे घोषणा की है कि "गो अवध्य" है। ऋचा में कहा है : यह गाय रुद्रों की

माता, वसुदेवों की दुहिता और आदित्य देवों की बहिन है। इस गाय में समस्त देवगण निवास करते हैं। यह अमृत का केन्द्र स्थान है। मैं ज्ञानी मनुष्य से यही कहता हूँ कि गाय सर्वाधिक सरल–निरापराध एवं वध करने योग्य नहीं है। अतः गाय का वध नहीं करें। गाय की हर तरह से रक्षा करनी चाहिये। ।।ऋग्वेद 8.101.15।। इसप्रकार गोमेध यज्ञ में गाय को बलि नहीं दी जाती रही, बल्कि गोमेध गोवंश संवर्धन–विकास का यज्ञकर्म रहा। सम्भवतः पश्चिमी अध्येता मेध शब्द के वास्तविक आशय–मर्म नहीं समझ पाये।

माता रुद्राणां दुहिता वसूनां स्वासदित्यानाममृतस्य नाभिः।
प्र नु वोचं चिकितुषे जनाय गामनागामदितिं वधिष्ट।।15।।
।।ऋग्वेद 8.101.15।।

अग्नि यज्ञ का पौत्र!

यह अग्नि अहिंसक यज्ञों का पौत्र है। यह स्मरण रहे कि यज्ञ के पुत्र अध्वर्यु हैं और अध्वर्यु का पुत्र अग्नि है। इसलिये अग्नि को यज्ञ का पौत्र कहा गया है। अग्नि अत्यन्त बलवान् और ज्वालाओं से वृद्धि को प्राप्त करनेवाला है। सबसे बड़े पालक की सभी अच्छी तरह उपासना करो।।7।।

"क्रत्वा यशस्वता" – मनुष्य अपने कर्म एवं परिश्रम से यशस्वी होता है। यह अग्नि समस्त पदार्थों को उत्तम रूप देता है। यही कारण है कि "अग्नि को त्वष्टा" कहा गया है। जैसे एक विश्वकर्मा अपनी दक्षता से काष्ठ को सर्वोत्कृष्ट प्रतिमादि का उत्तम रूप देता है, उसी प्रकार आदिज्ञानी अग्नि मनुष्यों को उत्तम रूप देता है। यह अग्नि अपने स्वयं के प्रयत्न–कर्म एवं परिश्रम से यशस्वी होता है। यहाँ उपदेश है, कि "मनुष्य भी अपने कर्म–यत्न एवं परिश्रम से यशस्वी होता है"।।8।।ऋग्वेद 8.102.7, 8।।

अग्निं वो वृधन्तमध्वराणां पुरूतमम्।
अच्छा नेप्त्रे सहस्वते।।7।।
अयं यथा न आभुवत त्वष्टा रूपेण तक्ष्या।
अस्य क्रत्वा यशस्वतः।।8।।ऋग्वेद 8.102.7, 8।।

हे मनुष्य! आप सम्पूर्ण होताओं में सबसे अधिक यशस्वी हो। हमारे इस यज्ञ में मुख्य अग्नि की स्तुति करो।।ऋग्वेद 8.102.10।।

विश्वेषामिह स्तुति होतृणां यशस्तमम्।
अग्निं यज्ञेषु पूर्व्यम्।।ऋग्वेद 8.102.10।।

यज्ञ श्रद्धापूर्वक मन से करे

"अग्निं इन्धानः मनसा धियं सचेत" – यज्ञ में अग्नि को समिधाओं से प्रज्ज्वलित करनेवाला श्रद्धायुक्त मन से कर्म करे। "विवस्वभिः अग्निं ईधे" – ऋत्विक् गण लोगों के द्वारा अग्नि को प्रज्ज्वलित कराये।।ऋग्वेद 8.102.22।।

अग्निमिन्धानो मनसा धियं सचेत मर्त्यः।

अग्निमीधे विवस्वभिः।।ऋग्वेद 8.102.22।।

"वैदिक आर्य शब्द का अर्थ : श्रेष्ठ जन"

आर्यस्य वर्धनः : श्रेष्ठ मनुष्य की वृद्धि

पश्चिमी वैदिक विद्वानों ने "आर्य को मनुष्यों की प्रजाति की संज्ञा" देकर नया संजाल रचा। इससे जम्बूद्वीप भारतवर्ष में आर्य बनाम अनार्य का विवाद उठा। ऋग्वेद के मन्त्रद्रष्टा ऋषि सोमरि काण्व ने अग्नि, अग्नामरुत सूक्त में "आर्य" शब्द की व्याख्या "श्रेष्ठ मनुष्य" की है। "आर्यस्य वर्धनः" का अर्थ है : "श्रेष्ठ मनुष्यों की वृद्धि।"

जिस अग्नि को मनुष्य अपने कर्मों से स्थापित करते हैं। वह उत्तम मार्गों का ज्ञानी अग्नि दीखने लगा है। श्रेष्ठ मनुष्यों को बढ़ानेवाले और अच्छी तरह से प्रदीप्त हुए अग्नि को हमारी वाणियां अच्छी प्रकार प्राप्त हों।

अर्थात् ज्ञानी जन जब अपने यज्ञादिक कर्म करने लगते हैं, तब उनकी स्तुति रूप वाणियाँ अग्निस्वरूपा सूर्य के पास पहुँचने लगती हैं। सर्वज्ञ (यज्ञ की) अग्नि श्रेष्ठ जनों को ही बढ़ाता है।।ऋग्वेद 8.103.1।।

"इसप्रकार ऋग्वेद काल अर्थात् 39 लाख वर्ष पूर्व से श्रेष्ठजन को आर्य कहने की समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा प्रारम्भ हुई। विश्व का प्रत्येक श्रेष्ठ मनुष्य आर्य है।"

अदर्थि गातुवित्तमो यस्मिन् व्रतान्यादधुः।

उपो षु जातमार्यस्य वर्धनमग्निं नक्षन्त नो गिरः।।1।।

।।ऋग्वेद 8.103.1।।

उत्तमकर्म यज्ञकर्म कर्त्ता से, दुष्कर्म कर्त्ता भयभीत

जिस कारण शुभकर्म करनेवालों से दूसरे उत्तमकर्म नहीं (दुष्कर्म) करनेवाले भय से काँपते है। इसलिये हे मननशील मनुष्यों! आप सभी भी अध्यात्मिक, दैविक, अधिभूतादि धन प्रदाता, सर्वज्ञ अग्नि की यज्ञ में स्तोत्रों से सेवा करो। इस उत्तमकर्म–यज्ञकर्म के कारण आपको किसी से भी भयभीत होकर काँपना नहीं पड़ेगा।।ऋग्वेद 8.103.3।। अर्थात् "यज्ञकर्म कर्त्ता को निर्भय रहना चाहिये।"

यस्माद्रेजन्त कृष्टयश्चर्कृत्यानि कृण्वतः।

सहस्रसां मेधसाताविव त्मना ऽग्निं धीभिः सर्पयत।।3।।

।।ऋग्वेद 8.103.3।।

अपार तेज पार करना कठिन

अग्रणी (अग्नि) की समुद्री प्रलयंकर लहरों की तरह बहुत ऊँची उठनेवाली ज्वालाओं को पार करना कठिन है। (वेदिता यज्ञियः) वेदों में प्रतिष्ठित पूजनीय यज्ञ की अग्नि गुप्त एवं प्रगट धनों को प्रदान करता है, उसकी स्तुति करो।।11।।

"अत्यधिक परिश्रम करके धन प्राप्त करनेवाला पूजनीय है। उसके तेज को कोई पार नहीं कर सकता है एवं वही समस्त प्रकार के धनों को प्राप्त कराता है।"

उदिता यो निदिता वेदिता वस्वा यज्ञियो ववर्तति।

दुष्टरा यस्य प्रवणे नोमर्यो धिया वाजं सिषासतः।।11।।

।।ऋग्वेद 8.103.11।।

यज्ञ : ऋचाओं में विभिन्न प्रकार की व्याख्या

8.1.19, 20; 8.2.3, 7—11, 24; 8.3.5, 8; 8.4.13, 14; 8.5.7, 8, 11, 17; 8.6.11, 18, 19, 21, 27, 39, 43, 44; 8.7.27; 8.8.5; 8.9.4, 14, 17, 19; 8.10.4; 8.11. 1, 2, 4, 6, 9, 10; 8.10.13—20, 23, 32; 8.13.4, 9, 11, 13, 16, 19, 24, 26, 27, 29, 32; 8.14.3, 12, 15; 8.17.3—5, 10, 11, 14; 8.19.1, 2, 5, 6, 10—14, 17—19, 22—24, 29,30; 8.20.1, 2, 9; 8.22.14; 8.23.3, 5, 6, 7, 8, 10.11, 12, 16, 17, 21, 22, 24, 26, 27, 28, 29; 8.27.1—8, 22; 8.29. 2, 9; 8.30.2; 8.31.5, 6, 7, 8; 8.32.22, 29; 8.33.1, 4, 7, 14, 15; 8.34.1—5, 8, 10, 11; 8. 35.1—5, 21.24; 8.36.3—7; 8.37,1—6; 8.38.1—5, 6, 7; 8.39.3, 8, 9; 8.43.1, 9, 10, 12, 15, 20, 22; 8.44.1, 3, 5, 7, 8, 9; 8.45.1, 2, 11, 12, 15, 16, 22, 24, 29; 8.46.18; 8.49.5, 7; 8.50.1—3; 8.51.1, 2, 6, 7, 10; 8.51.1, 2, 6, 7, 10; 8.52.1—4, 8, 9; 8.53.4, 6; 8.54.1—5; 8.56.5; 8.57.2; 8.59.1, 4, 5, 7; 8.60.1—4, 9, 10, 15—17; 8.61.11, 14; 8.62.6, 8, 10, 12; 8.63.5, 11; 8.64.2, 6, 8; 8.65.6—8; 8.66.2, 5, 7; 8.68.11; 8.69.1, 3, 4, 5, 6, 11; 8.70. 10; 8.71.10—11; 8.72.3, 7—9, 11, 18; 8.73.9; 8.74.2—6, 13; 8.75.2, 3, 5; 8.76.7, 12; 8.79.2—4; 8.80.3; 8.82.1, 2; 8.83.3; 8.84.1, 2; 8.85.2—6; 8.86. 3, 4; 8.89.1, 6, 7; 8.90.3; 8.93.17, 18, 23—26, 30, 31; 8.94.6; 8.96.19; 8. 97.2, 7, 8, 11, 12, 13; 8.101.2, 4, 5, 7, 9, 10, 16; 8.102.13, 16—21; 8. 103.6, 10, 12, 13, 14।

ऋग्वेदीय यज्ञ : नवम्

।।यज्ञ में त्रिधातु : शरीर, मन, बुद्धि सामर्थ्यवान्; सोम से कर्तव्य शक्ति वृद्धि; यज्ञीय सोम : बल, तेजस्विता, धारणा शक्ति वृद्धि; यज्ञ की आत्मा सोमः यज्ञ का पहिला आधार सोम; सोम : याज्ञिकों की सहायता कर्त्ता, रोगबीज नष्ट; ''सोम द्वारा शब्दों का आविष्कार''; सोम : चमकनेवाला, प्रकाशमान्; ''सोमयाग : मातृभाषा, मातृसंस्कृति, मातृभूमि सर्वोच्च''; सोम यज्ञ की आत्मा; यज्ञ सत्यमार्ग; यज्ञ से आनन्द; ''यज्ञ सर्वजनीन''; यज्ञ : अथर्ववेदी याजक; सोम मन का ज्ञाता; ''यज्ञीय सोम : सत्कर्मों का प्रेरक, बुद्धिगत शुभकर्म प्रेरक''; सोम सत्याश्रय में, यज्ञ सत्याश्रय; ''सोम परमेष्ठी तत्त्व''; सोम मखरूप–यज्ञरूप; सोम : उत्तम यज्ञ कार्य में लगाओ; तीनों लोकों में सोम; ''सोमवल्ली भूलोक के स्वर्ग स्थित''; ''सोम : अमरत्व दाता''; ''सोम : स्वाध्याय, चैतन्यता वृद्धि कर्त्ता''; ''ऋतुओं के संधिकाल में यज्ञ : रोगनष्ट''; यज्ञ में ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद मन्त्र पाठ; ''वेद ऋचाएँ : यज्ञ निर्मात्री''; ''सोम मन्त्रद्रष्टा ऋषि''; सोम धर्मपालक; सोम सूर्य तादात्म्य; यज्ञ : असंस्कृत को संस्कृत निर्माता : संस्कार शिक्षा; यज्ञीय सोम : स्तोत्रों से सुसंस्कृत; यज्ञ : सोम से ज्ञानवृद्धि; दिव्य श्येन द्युलोक से सोम लानेवाला; यज्ञ में वेद त्रयी ऋचा पाठ; सोमयाग से सहस्रो लाभ; याजक के मापदण्ड; ''अश्वमेध– सोमयाग तादात्म्य''; ''यज्ञ के तीन सवन : वेद मन्त्र तीन स्वरों में''; विशेष ज्ञानी यज्ञ करना चाहते हैं : अज्ञानी अंधकार में डूबे रहते हैं; पँच जन : सोमयाग; सप्त ऋत्विज् : यज्ञ में सोम की स्तुति; ''यज्ञ में अग्नि ऋषि''; ''यज्ञ की उत्पत्ति सोम चन्द्रमा प्राप्ति पर''; अदिति का नाती सोम; यज्ञ में गोघृत : रोगकर्मी नष्ट; ऋत्विज्ों को यथायोग्य दक्षिणा विधान; यज्ञ सत्यमार्ग; यज्ञ में जाना प्रशंसनीय; यज्ञ का मध्यभूत स्थान : अन्तरिक्ष; यज्ञ में गोदान; यज्ञ की जिव्हा : आनन्दामृतमय रस; ''यज्ञीय ओषधियों के गर्भ में सोम''; पृथिवी द्युलोक में सोम उत्पत्ति; ''सोम देवता स्वरूप''; सोम गन्धर्व से द्यावापृथिवी प्रकाशित; यज्ञ की ज्योति सोम; यज्ञ से उत्तम बुद्धियाँ प्राप्त; यज्ञीय सोम ज्ञानवर्धक; ''यज्ञ अनादि काल से : यज्ञ शाश्वत''; यज्ञ सत्य की नौका; सप्त ज्ञानी तत्त्वज्ञ यज्ञकर्त्ता; यज्ञ में सत्यस्थान सोम का; यज्ञीय सोम सर्वज्ञ; ''यज्ञ : मन्त्रों के गुह्यार्थ प्रगट''; यज्ञ उत्तम कर्म; यज्ञ देवस्थान; सोम–ब्रह्मा, श्येन, ऋषि समान; यज्ञ प्राचीन काल से अथवा वेद पूर्व से; यज्ञ : उत्तम प्राण, दीर्घजीवन दाता; ''सोम सुवर्ण से दिव्य शक्ति

युक्त''; ''ज्ञानयज्ञ : महाज्ञानी सदैव जाग्रत रहे'', हमेशा उपदेश करता रहे; उशना ऋषि द्वारा देवों की उत्पत्ति वृत्तान्त; यज्ञ में आकाशीय दिव्य जल; यज्ञीय सोम संस्कार : मानसिक स्तुति से; यज्ञ में तीन वाणियाँ–तीन वेदों का पाठ; ''सोम अश्व रूप''; पृथिवी पुत्र : सोम–वनस्पतियाँ; यज्ञ में सप्त छन्दों में सोमस्तुति; यज्ञीय सोम : सप्तर्षियों द्वारा स्तुति; यज्ञीय सोम : सन्मार्ग प्रदर्शक, सर्वश्रेष्ठ ज्ञानी; सत्यव्रत ऋत्विज् : श्रद्धा तप से सोम स्तवित; आनन्द : चार प्रकार; ''समस्त ओषधियों में सोमांश''; सप्तादित्य, अनेक सूर्य, सप्त दिशा, सप्त होता ऋत्विज्।।

यज्ञ : सोम में त्रिधातु (शरीर, मन, बुद्धि सामर्थ्यवान्)

ऋग्वेद के अष्टम मण्डल के प्रथम सूक्त की अष्टम ऋचा में सोम को ''त्रिधातु'' की संज्ञा दी गई है। ''त्रिधातु का अर्थ है कि इसमें तीन प्रकार की शक्तियाँ रहती हैं। जिससे शरीर, मन और बुद्धि को सामर्थ्य प्राप्त होता है।'' वैसे मूलभूत रूप से त्रि तत्त्व–सत्, रजस एवं तमस हैं। तीन ही काल–भूत, भविष्य, वर्तमान हैं। तीन ही लोक हैं : पृथिवीलोक, अन्तरिक्षलोक एवं द्युलोक। अग्नि तत्त्व – पृथिवीलोक में भौतिक अग्नि के रूप में, अन्तरिक्ष में विद्युत् के रूप में और द्युलोक में सूर्य स्वरूप में है। मुख्य व्याहृति भी तीन हैं। अध्यात्मिक, अधिदैविक एवं अधीभूत शक्तियाँ भी तीन हैं। प्रारम्भ में एक ही वेद रहा, प्रकारान्तर में त्रयी वेद प्रस्तुत हुए।

ऋचा में ''वारणं'' शब्द प्रयुक्त हुआ है। ''वारणं'' का आशय दुःख का निवारण कर आनन्द में वृद्धि है। ''बाकुरं दतिं धमन्ति'' – तेजस्वी सोम का रस निकालते हैं। ''तं ईं अग्रुवः हिन्वन्ति'' – उस सोम को उंगुलियाँ यज्ञ स्थान में लाती हैं।

''सोम का अर्थ है – उमया सह – उमा के साथ।'' ''विभुसत्ता की आनन्दवृत्ति अथवा इच्छा और क्रिया शक्ति काम और रूप उमा है।'' इसलिये उमा का अर्थ है – आनन्द।'' विभु का आनन्दमय अथवा सक्रिय रूप ही सोम है। इसलिये सोमरस का स्पष्ट एवं सरल अर्थ है – अमृतरस, आनन्द रस। यह पुनः लिख रहे हैं कि ''कोषग्रन्थों'' में ''सोम का अर्थ है – अमृतं सुते (षु अभिषवे, मन)।'' अर्थात् जिससे अमृत टपकता हो।

सोम में इतनी शक्ति है कि इससे पर्वत को तोड़कर खोल दिया जाता है और अन्धकार के परिवार का नाश हो जाता है। सोम का मद स्वः के बल में वृद्धि कर्त्ता; दशरश्मि को मत्त करनेवाला; ज्ञान का प्रकाश देनेवाला अथवा (दशग्वन् वेपयन्तम्) अपनी शक्ति से सारी सत्ता को हिलानेवाला; समुद्र

को पुष्ट करनेवाला; रथ की तरह विपुल जलराशि समुद्र की ओर बहानेवाला आदि है। यह सोममद अदृश्य लोकों से आनेवाला मधु है। यही सप्त सिन्धु में बहता है। "यही रस अध्यात्मयज्ञ में तेज से भरा रहता है।" यह वह (दिव्य) शक्ति है, जिसे देवताओं का अमृत कहा गया है। यह सोम मर्त्य को अमर बना देता है। यह सभी सत्ताओं में छिपा हुआ दिव्य आनन्द है। यदि इसे एक बार जाग्रत किया जाये, तो सभी उत्तमोत्तम कार्यों का अवलम्बन बन जाता है।

वेद की "ब्रह्मविद्या में सोम आनन्दामृत रस" है। ऋग्वेद के अनुसार सोमवल्लरी समूह भूलोक के स्वर्ग–त्रिविष्टप (त्रिविष्टपस्यंव पति जयन्त।। रघुवंश) के पर्वत शिखरों पर मिलता है। इस "समूह के पौधे–झाड़ियाँ–वल्लरी रात्रि में भी प्रकाशित रहते हैं।"

उस सोम को यज्ञ में उंगुलियाँ लाती हैं। तेजस्वी सोम का रस निकालते हैं। यह मधुर होता है। यह आनन्दामृत सोम तीन धातुओं अर्थात् तीन शक्तियों से युक्त है। जिससे शरीर, मन एवं बुद्धि को शक्ति, तेज, सामर्थ्य प्राप्त होता है। साथ ही सोम दुःख का निवारण करता है।।ऋग्वेद 9. 1.8।।

तमी हिन्वन्त्यग्रुववो धमन्ति बाकुरं दृतिम्।
त्रिधातु वारणं मधु।।ऋग्वेद 9.1.8।।

सोम से कर्तव्य शक्ति में वृद्धि

सोमरस दिव्य जन पीते हैं। सोम से उनकी कर्तृत्व शक्ति बढ़ती है। उससे दिव्य जन (ऋषि–मुनि–साधक भी) उत्तम कार्य यशस्वी रीति से करने में समर्थ होते हैं। इससे कार्य करने के समय मन सुप्रसन्न रहता है और कार्य उत्तम प्रकार से होता है।। ऋग्वेद 9.2.1।।

पवस्व देववीरति पवित्र सोम रंह्या।
इन्द्रमिन्द्रो वृषा विश।।ऋग्वेद 9.2.1।।

यज्ञीय सोम : बल, तेजस्विता, धारणा शक्ति वृद्धि

सोम जीवन का बल बढ़ाता है। यह तेजस्विता में वृद्धि करता है और धारणा शक्ति वृद्धि करता है। इस तरह के गुणवाला सोम हमारे यज्ञ स्थान में रहे और यज्ञकर्त्ताओं में तीनों गुण स्थापित करे।।ऋग्वेद 9.2.2।।

आ वच्यस्व महि प्सरो वृषेन्द्रो द्युम्नवत्तमः।
आ योनिं धर्णसिः सदः।।ऋग्वेद 9.2.2।।

यज्ञ की आत्मा सोम

यज्ञ का पहिला आधार सोम : यज्ञ सृष्टि रूप

"यज्ञस्य पूर्व्यः आत्मा" – यज्ञ का पहिला आत्मा (आधार) सोम है। "गोषा, नृषा, अश्वसा, वाजसा" – आप गोवंश, मनुष्य अन्न एवं अश्व देनेवाले हैं। हमें ये पदार्थ देने का अनुग्रह करो। मन्त्रद्रष्टा कवि मेधातिथि काण्व ने पवमान सोम के सूक्त की अन्तिम ऋचा में "सोम को यज्ञ का पहिला आत्मा–आधार घोषित किया गया है।"।।ऋग्वेद 9.2.10।।

आत्मा "अत्" धातु से व्युत्पन्न होता है। जिसका एक अर्थ है – सतत गतिमान्। यह "आप्" धातु से निकला भी माना गया है। आप् का अर्थ व्याप्त होना है। आत्मा शब्द का प्रयोग विश्वात्मा और वैयक्तिक आत्मा दोनों अर्थों में किया जाता है। उपनिषदों में आत्मतत्त्व की अध्यात्मिक, अधिदैविक एवं अधिभूत दृष्टि से विवेचना की गई है। ऐतरेयोपनिषत् में विश्वात्मा के अर्थ में आत्मा को विश्व का आधार एवं मूल कारण माना गया है। ब्रह्म से आत्मा को अभेद्य स्वीकारा गया है, अर्थात् "तत्त्वमसि" अथवा "अहं ब्रह्मास्मि।" उपनिषदों में इसे "अणोरणीयान् महतो महीयान्" कहा गया है। आत्मा ब्रह्म से अभिन्न एवं सच्चिदानन्द है।

आचार्य शंकर (श्रीमद्आदिशंकराचार्य) ने आत्मा शब्द की व्याख्या करते हुए कहा है : जो व्याप्त करता है; ग्रहण करता है; सम्पूर्ण विषयों का भोग करता है; और जिसकी सत्ता हमेशा बनी रहती है; उसको आत्मा कहते हैं।

"यच्चाप्नोति यदादत्ते यच्चात्ति विषयानिह।
यच्चास्य सन्ततो भावस्तस्मादात्मेति कीर्त्यते।।"

आत्मचेतना में आत्मा की गति स्थूलकोषों से सूक्ष्मकोषों की ओर होती है। किन्तु आत्मा सूक्ष्ममय आनन्दकोष में नहीं है, बल्कि आत्मा स्वयं आनन्दमय है। चेतना की दृष्टि से आत्मा की चार अवस्थाएँ हैं : जाग्रत; स्वप्न; सुषुप्ति एवं तुरीया। आत्मा की तीन स्थितियाँ हैं : बद्ध, मुमुक्षु एवं मुक्त। मुक्तावस्था भी दो हैं : जीवन्मुक्ति एवं विदेवमुक्ति। आत्मा ब्रह्म से अभिन्न एवं सच्चिदानन्द है। परन्तु माया अर्थात् अविद्या के कारण उपाधियों (प्राण, मन, इन्द्रियाँ, स्थूल शरीर एवं इन्द्रियों का विषय) से लिप्त रहता है। आत्मा पाँच आवरणों–अन्नमय कोष, प्राणमय कोष, मनोमय कोष, विज्ञानमय कोष एवं आनन्दमय कोष से वेष्टित रहता है (स्त्रोत : उपनिषत्)। आत्मा ज्ञान के द्वारा जगत् का मिथ्यात्व एवं ब्रह्म से अभेद समझने पर उपाधियों से मुक्त होकर पुनः शुद्ध स्वरूप में लौटता है।

यह स्मरण रहे कि "सोम आनन्दामृत रस" है। वहीं आत्मा स्वयं आनन्दमय है। इसीलिये मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने "सोम को विश्व (यज्ञ) का मूल

कारण और आधार कहा है।'' अर्थात् यज्ञ–सृष्टि (जगत्) और अमृतानन्दरस सोम उसकी आत्मा (आधार) है। इस ऋचा में ''यज्ञ को सृष्टि के रूप'' में प्रस्तुत किया है। इससे पहिले ''यज्ञ को ऋत एवं सत्य'' कहा गया। ''यज्ञ में परमेष्ठी ही हवि होने से यज्ञ परमेष्ठी'' है। ऋग्वेद में यहाँ तक कहा गया है कि ''परमेष्ठी प्रथम होता (यज्ञकर्त्ता) है।'' ''परमेष्ठी ही पहिला मन्त्रद्रष्टा ऋषि है।''

गोषा इन्द्रो नृषा अस्यश्वसा वाजसा उत।
आत्मा यज्ञस्य पूर्व्यः।।ऋग्वेद 9.2.10।।

सोम : याज्ञिकों की सहायता कर्त्ता; रोगबीज नष्ट

विद्वान यज्ञ करनेवाले याज्ञिक सोमवल्ली का रस निकालते हैं। वे उस सोम की प्रशंसा स्तोत्रों से करते हैं। जिस प्रकार युद्ध में जानेवाले घोड़े की प्रशंसा की जाती है, जिस प्रकार घोड़ा युद्ध में जाता है और वहाँ वह शौर्य के कार्य करनेवाले वीरों की सहायता करता है, ठीक उसी प्रकार ''सोम यज्ञ में आता है और याज्ञिकों की सहायता करता है। यह सोम यज्ञ से रोगबीज नष्ट करने में सहायक है।।'' ऋग्वेद 9.3.3।।

एष देवो विपन्युभिः पवमान ऋतायुभिः।
हरिर्वाजाय मृज्यते।।ऋग्वेद 9.3.3।।

सोम द्वारा शब्दों का आविष्कार अथवा उपदेश

सोम : लोकों का तिरस्कार, द्युलोक अवस्थित

ऋग्वेद के नवम मण्डल के द्वितीय सूक्त में कहा गया है कि सोम यज्ञ का पहिला आत्मा है (प्रथम आधार है)। मन्त्रद्रष्टा ऋषि आजीगर्ति शुनः शेषः, कृत्रिमो वैश्वामित्री देवरात ने पवमान सोम सूक्त की ऋचा में नया रहस्योद्घाटन किया है कि ''सोम शब्दों का आविष्कार कर्त्ता है।''

''पँच महाभूतों में प्रथम भूत आकाश का गुण शब्द करना है (स्त्रोत : आकाश विद्या)।'' शब्द ध्वनि एवं श्रोत्रेन्द्रिय का विषय है। ''विश्वासो–पगमादभिन्नगतयः शब्दं सहन्ते मृगाः।। भगवद् गीता 1.13।। एकः शब्दः सम्यगधीतः सम्यक् प्रयुक्तः स्वर्गे लोके कामधुग्भवति।'' शब्द समस्त तरह के दृश्य पदार्थ, भावों (कल्पना) अथवा विचारों का प्रतिबिम्ब है। शब्द के अभाव में ज्ञान का स्वयंप्रकाशत्व लुप्त हो जाता है। वैदिक काल से किसी न किसी रूप में शब्द उपासना करते रहे हैं। इसका मूल वेद में प्रणव के रूप में उपलब्ध है। महान् ऋषि स्फोटाचार्य ने स्फोटवाद की गहन व्याख्या की, परन्तु स्फोटवाद की पाण्डुलिपि विस्मृत है। प्रकारान्तर में भर्तृहरि ने शब्दाद्वैतवाद का प्रवर्तन किया। ''महान वैयाकरण भर्तृहरि ने शब्द को ब्रह्म कहा।'' आचार्य

नागेश भट्ट एवं आचार्य मण्डन मिश्र ने स्फोटवाद एवं स्फोटविधि की रचना की। परम रुद्रानुयायी मुनिश्रेष्ठ दुर्वासा के वंशज सोमानन्द ने शिवदृष्टि में इसे नया विस्तार दिया। अक्षरब्रह्म की शक्ति पर एकाक्षरनामकोषसंग्रह (सम्पादक : मुनि जिनविजय) प्रकाश डालता है।

"वग्वनुं आविष्कृणोति" – शब्दों का आविष्कार करता है। शब्द बोलकर उपदेश (ब्रह्मज्ञान) देता है। ऋचा में कहा है कि यह सोम देवता देव–रथ में बैठने की इच्छा करता है। सोम शुद्ध होने पर धन्य करनेवाला– अध्यात्मिक, अधिदैविक एवं अधिभूत धन देने की इच्छा करता है। यह सोम शब्दों का आविष्कार करता है अथवा ब्रह्मज्ञान का उपदेश देता है।।5।। यहाँ मन्त्रद्रष्टा ऋषि पुरुषसूक्त में परमेष्ठी के मन से उत्पन्न चन्द्रमा की चर्चा कर रहा है। चन्द्रमा मन का अधिपति है।

सोम और द्युलोक (आकाश) के सम्बन्ध का भी वर्णन मिलता है। "कनिक्रदत् दिवं विधावति" सोम शब्द करता हुआ द्युलोक–स्वर्ग जाने के लिये दौड़ता है। अर्थात् यह द्युलोकीय तत्त्व है, इसीलिये सोम का गुण आकाश की तरह शब्द करना है। इस सोमरस के पान का विशेष महत्व है। "एषः धारया रजांसि तिरस्कुर्वन्" – वह "सोम अपनी धारा से लोकों को तिरस्कृत करता है।" "सोम स्वयं को लोकों से ऊपर समझता है।" "सोम देवता के उपासक सीधे परमव्योम पहुँचते हैं।"

यह सोम रस निकालकर शुद्ध करने पर अपनी धारा से "लोकों का तिरस्कार करता हुआ, शब्द करता हुआ द्युलोक की ओर दौड़ता है।"।।7।।

यह "उत्तम यज्ञस्वरूप सोम अहिंसक रीति से शुद्ध होकर, किसी अन्य स्थान में नहीं जाता हुआ, परमव्योम–स्वर्गलोक को पहुँचता है।" इस कारण सोम देवता के उपासक सीधे स्वर्ग को पहुँचते हैं।।8।।ऋग्वेद 9.3.5. 7,8।।

एष देवो रथर्यति पवमानो दशस्यति।
आविष्कृणोति वग्वनुम्।।5।।
एष दिवं वि धावति तिरो रंजासि धारय।
पवमानः कनिक्रदत्।।7।।
एष दिवं व्यासरत् तिरो रजांस्यस्पृतः।
पवमानः स्वध्वरः।।8।।ऋग्वेद 9.3.5,7,8।।

सोम : चमकनेवाला–प्रकाशवान्

शरीर को नहीं गिरानेवाला, पवित्र करनेवाला यह सोमरस "उच्चभाग से शोभायमान होकर अन्तरिक्ष से चमकता हुआ पात्र में गिरता है"।।2।।

"सोमरस चमकता" है। यह मधुर होता है एवं बलवर्धन करता है। "सोम अपनी दिव्य चमक से शोभता है।।3।।

सोमवल्ली समूह हरे रंग की होती है। "यह चमकती है (प्रकाशवान् है)।" उसका रस निकालते हैं। देवों के स्थानों में (कुश) आसन पूर्वाभिमुखी बिछाकर उस आसन पर सोम को विराजमान करते हैं। यह सोम अपने बल के लिये प्रसिद्ध है। सोमरस पान से बल वृद्धि होती है।।4।।

तनूनपात् पवमानः शृंगे शिशानो अर्षति।
अन्तरिक्षेण रारजत्।।2।।
ईळेन्यः पवमानो रथिर्वि राजसि द्युमान्।
मधोर्धाराभिरोजसा।।3।।
बर्हिः प्राचीनमोजसा पवमानः स्तृणन् हरिः।
देवेषु देव ईयते।।4।। ऋग्वेद 9.5.2,3,4।।

सोमयाग : मातृभाषा, मातृसंस्कृति, मातृभूमि सर्वोच्च प्रजा पालनकर्त्ता त्वष्टा : सोमयाग

मन्त्रद्रष्टा ऋषि काश्यपोऽसितो देवलो वा ने आप्रीसूक्तं में एक बार फिर दोहराया है कि हमारे इस सोमयाग में तीन उत्तम रूपवाली देवियाँ– भारती, सरस्वती एवं इळा (मातृभाषा, मातृसंस्कृति, मातृभूमि; विद्या, वाणी–भाषा एवं भूमि) पधारने का अनुग्रह करें। साथ ही यहाँ प्रसन्नता से विराजमान रहें। इन तीन देवियों के सन्मुख यह यज्ञ सदैव होता रहे।।8।।

वैदिक देवताओं में त्वष्टा विश्वकर्मा की तरह आदिरचयिता, शिल्पकार, सृजनकार देव हैं। त्वष्टृ–त्वष्टा (त्वक्ष् + तृच्) का अर्थ है – देवताओं का शिल्पी, निर्माण करनेवाला, वास्तुकार, रचनाकार एवं विश्वकर्मा। त्वष्टा का कार्य सभी पदार्थों को निश्चित आकार से अलंकृत करना और गर्भावस्था में पिण्ड की आकृति प्रदान करना है। त्वष्टा मनुष्य एवं पशु सभी जीवित रूपों का जन्मदाता होने के कारण वंश एवं जननशक्ति का प्रतिनिधि है। त्वष्टा का ही प्रथम मनुष्य–यम पुत्र है। त्वष्टा का जामाता वायु है (ऋग्वेद 8.26.21) और अग्नि एवं अनुभाव से इन्द्र पुत्र हैं (ऋग्वेद 1.95.2; 6. 59.2; 2.17.6)। त्वष्टा को "द्यौ" का पर्याय भी माना गया है। पौराणिक काल में त्वष्टा को अग्नि देवता कहा गया है।

"अग्रजां गोपां पुरः यावानं त्वष्टरं आ हुवे" – प्रथम उत्पन्न, सबका रक्षक एवं पालन कर्त्ता और सबसे आगे जानेवाला अग्रेसर त्वष्टा को हम इस यज्ञ में आमन्त्रित करते हैं। इसके अलावा हरे रंगवाला रस निकाले हुए सोम

के लिये इन्द्र और प्रजा पालन करनेवाले प्रजापति को (सोम) यज्ञ में प्रार्थना सहित बुलाते हैं।।9।।ऋग्वेद 9.5.8,9।।

भारती पवमानस्य सरस्वतीळा मही।
इमं नो यज्ञमा गमन् तिस्रो देवीः सुपेशसः।।8।।
त्वष्टारमग्रजा गोपा पुरोयावानमा हुवे।
इन्दुरिन्द्रो वृषा हरिः पवमानः प्रजापतिः।।9।।ऋग्वेद 9.5.8,9।।

सोम यज्ञ का आत्मा

यह पुनः दोहराया गया है कि यह सोम यज्ञ का आत्मा है। इसीलिये सोमरस यज्ञ में प्रमुख है। यह सोम देवता यजमान की समस्त इच्छाएँ परिपूर्ण करता है। इसके लिये यह सोम तीव्र वेग से पात्र में गिरता है और उस समय स्तोत्र पाठ किया जाता है।।ऋग्वेद 9.6.8।।

आत्मा यज्ञस्य रह्या सुष्वाणः पवते सुतः।
प्रत्नं नि पाति काव्यम्।।ऋग्वेद 9.6.8।।

यज्ञ सत्य मार्ग

उत्तम शोभा से युक्त इन्द्र से सोम का सम्बन्ध है। यह जाननेवाला सोमरस को यज्ञ के धार्मिक कार्य में ''सत्य के मार्ग'' से ही निकालता है।।।ऋग्वेद 9.7.1।।

असृग्रमिन्दवः पथा धर्मन्नुतस्य सुश्रियः।
विदाना अस्य योजनम्।।ऋग्वेद 9.7.1।।

यज्ञ से आनन्द

जो यजमान यज्ञ करते हैं और वरुण, मित्र, भग देवों को यज्ञ में सोम (अमृतानन्दरस) का अर्पण करते हैं, वे आनन्द को प्राप्त करते हैं। अर्थात् यज्ञ से आनन्द प्राप्त होता है।।ऋग्वेद 9.7.8।।

आ मित्रावरुणा भगं प्रध्वः पवन्त ऊर्मयः।
विदाना अस्थ शक्मसिः।।ऋग्वेद 9.7.8।।

यज्ञ सर्वजनीन

यज्ञ करनेवाले याजक गण यज्ञस्थान के द्वार लोकों के लिये खुले रखते हैं। यह याजक इसलिये करते हैं कि लोक यज्ञ में सम्मलित हों और यज्ञ से होनेवाला लाभ प्राप्त करके प्रसन्नता प्राप्त करें।

वैदिक मतानुसार यज्ञकर्म में ब्रह्मकर्म करनेवाले–ज्ञान कार्य करनेवाले, क्षात्र–शौर्य कर्म करनेवाले और वाणिज्य–सेवा कार्य करनेवाले तीनों वर्ण के यज्ञ करने अथवा भाग लेने के अधिकारी रहे। वैदिक काल में शूद्र वर्ण नहीं था। मनुष्य के कार्य वरण करने के अनुसार उसका वर्ण रहा। सभी कार्य

परिवर्तित कर वर्ण बदल सकते थे। इसी के साथ विदुषियाँ यज्ञ की ऋत्विक् और याजक दोनों रही। वेदकाल में यज्ञकर्म सर्वजनीन रहा और यह क्रम उन्नीसवीं शती के मध्य तक यथावत चला।।ऋग्वेद 9.10.6।।

अप द्वारा मतीनां प्रत्ना ऋण्वन्ति कारवः।
वृष्णो हरस आयवः।।ऋग्वेद 9.10.6।।

यज्ञ : अथर्वा याजक

डॉ. सम्पूर्णानन्द कृत "आर्यों का आदिदेश", डॉ. रामविलास शर्मा कृत "पश्चिमी एशिया एवं ऋग्वेद", आचार्य गुरुदत्त के "वेद परिचय" आदि ग्रन्थों के अनुसार वेद की रचना 39 लाख वर्ष पहिले दृषद्वती एवं सरस्वती महानदियों के मध्य हुई। डॉ. सम्पूर्णानन्द ने ऋग्वेद की ऋचाओं से इसकी पुष्टि कर घोषित किया कि "वैदिक आर्यों का आदिदेश जम्बूद्वीप का भारतवर्ष रहा।"

यह यक्षप्रश्न है कि क्या प्रारम्भ में एक वेद रहा और पहिला वेद कौनसा है? यद्यपि वैदिक वांगमय में उल्लेख मिलता है कि आदि काल में एक ही वेद रहा। ऋग्वेद में से ही यजुर्वेद एवं सामवेद की रचना हुई। ऋग्वेद में 10 मण्डल 10628 (संख्या पर मतान्तर) ऋचाएँ हैं। वाजसनेयी शुक्ल यजुर्वेद में 1975 कण्डिकायें एवं कृष्ण यजुर्वेद में 2118 कण्डिका में (ऋचाएँ–मन्त्र) हैं। सामवेद में 1810 ऋचाएँ हैं। अथर्ववेद में 6000 ऋचाएँ (मन्त्र) हैं। वेद त्रयी में अथर्ववेद सम्मलित नहीं है। इसमें अभिचार (जादू–टोना), लौकिक कृत्य प्रमुख हैं। वहीं इसके विपरीत ऋग्वेद वेदविद्या का ज्ञानकाण्ड है। ऋग्वेद में कुटिलकर्म, षट्कर्म एवं अभिचार निषेध है।

ऋग्वेद में उसके बाद रचित तीनों वेदों के नामों का वर्णन इस पहेली को ओर अधिक गहराता है। प्रो. भारत भूषण विद्यालंकार के अनुसार महान् वेद ज्ञाता स्वामी श्री दयानन्द सरस्वती ने उन्नीसवीं शती के उत्तरार्ध में जर्मनी से ऋग्वेद मंगवाया।

यह स्मरण रहे कि ईसा पूर्व 300 वर्ष पहिले यूनानी विजेता अलकजेण्डर आम्बी देश स्थित तक्षशिला विश्वविद्यालय से वेदादि आर्षग्रन्थों की पाण्डुलिपियाँ एवं उनके विद्वान् साथ ले गये। यही नहीं तक्षशिला विश्वविद्यालय के शेष ग्रन्थों को छह माह तक जलाया गया। इस प्रकार 2300 वर्ष पहिले तक्षशिला विश्वविद्यालय की वैदिक धरोहर नष्ट हुई।

दा एशियाटिक सोसायटी की पत्रिका में "श्री रावण कृत ऋग्वेद के भाष्य के कुछ पृष्ठ प्रकाशित हुए।" सन् 1969 में संस्कृत के प्रोफेसर सुशील कुमार गुप्ता ने "रावण भाष्यम्" का प्रकाशन किया। श्री रावण ने "ऋग्वेद का

दार्शनिक परक भाष्य'' किया। यह अनुत्तरित प्रश्न है कि क्या लंकाधिपति श्री रावण ने ऋग्वेद का भाष्य किया, अथवा आचार्य रावण ने भाष्य किया? ऋग्वेद के प्रमाणिक भाष्यों में आचार्य टी.वी. कपाली शास्त्री का भाष्य सर्वोत्तम माना गया है। मूल रूप से वैदिक संशोधन मण्डल एवं स्वाध्याय मण्डल का वेद सम्बन्धित कार्य भी मील का पत्थर है।

यहाँ ऋग्वेद में यजुर्वेद, सामवेद और अथर्वाण का उल्लेख प्रथम वेद के रहस्य को ओर गहराता है। क्योंकि ऋग्वेद का अनुशीलन करते हुए भविष्य में रचित होनेवाले वेदों के नाम आना चौंकाता है। ऋग्वेद में शेष दो वेद–यजुर्वेद एवं सामवेद समाहित हैं। इस तरह मूल रूप से एक ही वेद ऋग्वेद है। यह वैदिक विद्वान ही निर्णय करें कि प्रथम वेद कौनसा है?

इस ऋचा के अनुसार अथर्वाण याजक इन्द्रादि देवों को सोम अर्पण के लिये गाय का मधुर दूध मिलाते हैं। वह मिश्रित सोमरस देवों को दिया जाता है।।ऋग्वेद 9.11.2।।

अभि ते मधुना पयो ऽथर्वाणो अशिश्रयुः।
देवं देवाय देवयु।।ऋग्वेद 9.11.2।।

सोम देव मन का ज्ञाता

''मनः चित्'' – मन को ठीक रीति से परीक्षा करके जानना चाहिये। ''मनसः पतिः'' – मन का स्वामी। मन पर स्वामित्व रखना चाहिये। मन स्वाधीन रहना चाहिये। हम मन के अधीन नहीं हों।

इस ऋचा में सोम देव को मन का स्वामी और मन को जाननेवाला कहा गया है। मन्त्रद्रष्टा ऋषि इस ऋचा में सोमवल्ली के स्थान पर सोम देव का उल्लेख कर रहे हैं। सोम को चन्द्र भी कहा गया है। चन्द्र (चन्द् + णिच् + रक्)। ऋग्वेद के दशम मण्डल के सुविख्यात पुरुष सूक्त के अनुसार ''चन्द्रमा विराट् पुरुष के मन से उत्पन्न हुआ। इसलिये चन्द्रमा मन का स्वामी है। चन्द्रमा को अमृतानन्दरस–सोम से परिपूर्ण कहा गया है।'' परन्तु सोम परिपूर्ण चन्द्रमा हमारे चक्षुओं से नहीं देखा जा सकता है। अथवा यह हमें आँखों से दिखाई देनेवाला चन्द्रमा नहीं है।

हे सोम! आप मन के अधिपति हो, आप मन को जाननेवाले हो। इन्द्र के पान के लिये और उसको अमृतानन्द देने के लिये आपका रस पात्रों में भरा गया है।।ऋग्वेद 9.11.8।।

इन्द्राय सोम पातवे पदाय परि पिच्यसे।
मनश्चिन्मनसस्पति।।ऋग्वेद 9.11.8।।

यज्ञीय सोम : सत्कर्मों का प्रेरक, बुद्धिगत शुभकर्म प्रेरक

यज्ञ में सोम की सदैव स्तुति की जाती है। यह सोम अमृत के समान उत्साहवर्धक है। यह मनुष्यों को सत्कर्मों की प्रेरणा देता है, उत्साह वृद्धि करता है और बुद्धियों को शुभ कर्म करने की प्रेरणा देता है।।7।।

यह सोम ज्ञान और काव्यशक्ति–क्रान्तदर्शिता बढ़ानेवाला है। यह सोम दिव्यज्ञान–ब्रह्मज्ञान देकर सत्कर्म करने की प्रेरणा देता है। यह अपनी रस धारा से प्रिय यज्ञस्थान में जाता है, सत्कर्म करवाता है।।8।।ऋग्वेद 9.12.7,8।।

नित्यस्तोत्रो वनस्पतिर्धीनामन्तः सर्वदुघः।
हिन्वानो मानुषा युगा।।7।।
अभि प्रिया दिवस्पदा सोमो हिन्वानो अर्षति।
विप्रस्य धारया कविः।।8।।ऋग्वेद 9.12.7,8।।

सोम : सत्याश्रय में – यज्ञ के स्थान में

"ऋतस्य योनौ सीदत" – ऋत के स्थान–सत्य के स्थान–यज्ञवेदी में रहना; सत्य का आश्रय करके जीवन व्यतीत करना। "स्वदृंशः" – स्वर–दृशः–प्रकाश मार्ग से जानेवाला, प्रकाश को देखनेवाला। "अ–राव्णः अपघ्नन्तः" – दान नहीं देनेवालों का नाश होता है। दान देने से मित्रों में वृद्धि होती है और दान नहीं देनेवाले कंजूसों–स्वार्थियों के शत्रु अधिक होते हैं। इस कारण उदारमना होकर दान देना उचित है। दान नहीं देनेवालों का नाश करनेवाला, प्रकाश मार्ग के ज्ञाता सोम यज्ञस्थान–सत्य के स्थान में रहता है।।ऋग्वेद 9.13.9।।

अपघ्नन्तो अराव्णः पवमानः स्वर्दृशः।
योनावृतस्य सीदत।।ऋग्वेद 9.13.9।।

सोम : तीनों लोकों से ऊपर निवास, द्युलोक प्रकाशितकर्त्ता ऊर्जा सोम परमेष्ठी तत्त्व

मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने सोम का स्थान तीनों लोकों से ऊपर (परमव्योम) होने का रहस्योद्घाटन किया है। सोम ही वहाँ से द्युलोक को प्रकाशित करता है। यह सोम द्युलोक के सूर्य को भी इच्छापूर्वक प्रेरित करता है। इस तरह सोम समस्त जगत् (सृष्टि) को तेजस्वी करता है। इस ऋचा में सोम परमेष्ठी तत्त्व है।।ऋग्वेद 9.17.5।।

अति त्री सोम रोचना रोहन् न भ्राजसे दिवम्।
इष्णन् त्सूर्यं न चोदयः।।ऋग्वेद 9.17.5।।

सोम मख अर्थात् यज्ञरूप

ऋग्वेद के नवम मण्डल के प्रारम्भ में कहा गया है, कि "सोम यज्ञ की प्रथम आत्मा है, सोम यज्ञ का पहिला आधार है।" परन्तु इसी मण्डल के 20वें सूक्त में सीधे–सीधे "सोम को मख अथवा यज्ञ" घोषित किया गया है।

"मंहयुः" – दान देने की प्रवृत्ति उत्पन्न करता है। "सुवीर्यं दधत्" – उत्तम पराक्रम करने का बल बढ़ाता है। "क्रीळुः सोमः" – सोम क्रीड़ा करने की शक्ति में वृद्धि करता है। "मखः" – यज्ञ रूप।

हे सोम देवता! "आप स्वयं यज्ञ" हैं। आप (यज्ञ में) दान देने की प्रेरणा कर्त्ता हैं। आप क्रीड़ा शक्ति में वृद्धि करते हैं अथवा क्रीड़ा स्वरूप हैं। आप स्तुति करनेवाले को उत्तम पराक्रम करने का उत्तम बल प्रदाता हैं। ।।ऋग्वेद 9.20.7।।

क्रीळुर्मखो न मंहयुः पवित्रं सोम गच्छसि।
दधत् स्तोत्रे सुवीर्यम्।।ऋग्वेद 9.20.7।।

सोम : उत्तम यज्ञ कार्य में लगावो

"ऋभुः न नवं रथ्यं केतं आदिशे" – अर्थात् तेजस्वी स्वामी जैसा नवीन सारथी को रथ चलाने के लिये लगाता है, उसी प्रकार हमें उत्तम यज्ञकर्म में लगावो। हमसे यज्ञ उत्तम रीति से होते रहें। "शुक्रा अर्णसा पवध्वं" – अर्थात् शुद्ध सोमरस छाना जाता है। उन सोमरसों का उपयोग यज्ञ में हो।

हे सोम देवता (परमेष्ठी)! तेजस्वी स्वामी जैसे नवीन सारथी को रथ चलाने के कार्य में लगाता है, उसी प्रकार उत्तम यज्ञकर्म करने का ज्ञान हमें प्रदान करो। हमसे यज्ञकर्म उत्तम रीति से सम्पन्न होते रहें। शुद्ध सोम जल के साथ पवित्र होकर चले।।ऋग्वेद 9.21.6।।

ऋभुर्न रथ्यं नवं दधाता केतमादिशे।
शुक्राः पवध्वमर्णसा।।ऋग्वेद 9.21.6।।

तीनों लोकों में सोम

यह चौंकाता है कि सोम भूलोक, अन्तरिक्षलोक एवं द्युलोक के पृष्ठ भागों पर विविध प्रकार से जाता है और समस्त स्थानों पर फैलता है। यह उत्तम द्युलोक में भी फैलता है। अर्थात् सोम का प्रभाव तीनों लोकों में होता है और सोम तीनों लोकों में प्राप्त होता है।।ऋग्वेद 9.22.5।।

एते पृष्ठानि रोदसोर्विपयन्तो व्यानशुः।
उतेदमुत्तमं रजः।।ऋग्वेद 9.22.5।।

सोमवल्ली भूलोक के स्वर्ग स्थित

सोम सबका आधार, सबको धारण करनेवाला और सबको आश्रय देनेवाला है। सोम भूस्वर्ग–द्युलोक के पास यज्ञकर्त्ता बुद्धि से पहुँचते हैं। संस्कृत में त्रिविष्टपम् का अर्थ स्वर्ग (द्युलोक) है। तिब्बत का प्राचीन नाम त्रिविष्टपम् एवं महाचीन है और नेपाल का प्राचीन नाम नीलकण्ठ देश है। देवगाथाओं के अनुसार ब्रह्माजी के मानसपुत्र वसिष्ठ ऋषि को श्रीविद्या की प्राप्ति महाचीन में महाविष्णु से हुई। त्रिविष्टपम् में देवों के शास्ता रुद्र का रुद्रलोक कैलास महापर्वत स्थित है। वहीं धनाध्यक्ष कुबेर की अलकापुरी एवं–इन्द्र का इन्द्रलोक है। कैलास के हिमनदों में सप्त ऋषियों के अदृश्य सिद्धाश्रम हैं। कैलास महापर्वत वृतुल (हिमालय सहित) के शिखरों के समीप सोमवल्ली समूह मिलता है। इसीलिये कहा गया है कि सोमवल्ली स्वर्ग में रहती है।।ऋग्वेद 9.26.3।।

तं वेधां मेधयाहयन् पवमानमधि द्यविं।
धर्मसि भूरिधायसम्।।ऋग्वेद 9.26.3।।

सोम मरण धर्मरहित : अमरत्व दाता

यह सोम देवता (चन्द्रमा देवता अथवा परमात्मा) मरण धर्म रहित है, अर्थात् जन्म–मरण के चक्र से मुक्त अमर है (सोमरस अमरत्व प्रदाता)। यह आन्तरिक शत्रुओं (काम, क्रोध, मद, मोह, लोभ, मत्सर, अज्ञान, अविद्यादि) को नष्ट करनेवाला है। साथ ही देवताओं को प्रिय है। सोम यज्ञस्थान में शोभता है।।ऋग्वेद 9.28.3।।

एष देवः शुभायते ऽधि योनावमर्त्यः।
वृत्रहा देववीतमः।।ऋग्वेद 9.28.3।।

सोम : स्वाध्याय, चैतन्यता वृद्धि कर्त्ता

मन्त्रद्रष्टा ऋषि गोतमो राहूगण ने पवमान सोम के सूक्त की ऋचा में कहा है कि "स्वाध्याय वृद्धि करनेवाला सोमरस चैतन्यता बढ़ानेवाला धन प्राप्त करता है।" स्वाध्यायः – गुष्ठु आवृत्य अध्यायः वेदाध्ययनमिति। आवृत्य वेदाध्ययनम्। तत्पर्य्यायः। जपः 2। इत्यमरः। 2.7.47।। जापः 3।। इति जटाधरः।। "स्वाध्यायो जप इत्युक्तो वेदाध्ययनकर्म्मणि।।" इति शब्दरत्नावली।। हे आवृत्य वेदाध्ययने। सु सुक्वताय आवृत्य अध्यायोऽधीतिः स्वाध्यायः ईडगे घञ्। जपनं जपं अल घञि जापश्च। इति भरतः।।

स्वाध्यायी, (न) पुं, स्वाध्यायोऽस्यास्तोति। इनिः। पत्तनवणिक्। इति त्रिक्वाण्डशेषः।। त्रि, वेदपाठकंच।। यथा महाभारते।। 3.24.25।। "ब्राह्मणाः सम्निहोत्रांच तथैव च निरग्नय। स्वाध्यायिनो भिक्षवंच तथैव वनवासिनः।।"

स्वाध्यायवान्–"स तूर्वरेतास्तस्तपसि प्रसक्तः स्वाध्यायवान् वीतभयः क्रतात्मा। चचार सर्व्वां पृथिवीं महात्मा न चापि दारान् मनसाप्यकांवत।।" इससे पहिले स्वाध्याय को ब्रह्मयज्ञ घोषित किया गया है।।ऋग्वेद 9.31.1।।

प्र सोमासः स्वाध्य1ः पवमानासो अक्रमुः।

रयिं कृण्वन्ति चेतनम्।।ऋग्वेद 9.31.1।।

ऋतुओं के संधिकाल में यज्ञ : रोग नष्ट

"ऋतु संधिषु वै व्याधिर्जायते। ऋतु संधिषु य क्रियन्ते।।" अर्थात् ऋतुओं के संधिकाल में रोग होते हैं। अतः ऋतुओं के संधिकाल में यज्ञ किये जाते हैं। इन यज्ञों से रोग नष्ट होते हैं और मानवों को आरोग्य प्राप्त होता है। यज्ञ में यज्ञ कर्त्ता के संरक्षण करने के लिये सोम से रस निकालते हैं। उनसे यज्ञ किया जाता है। इससे यज्ञकर्त्ता का संरक्षण होता है।।ऋग्वेद 9.32.1।।

प्र सोमासो मदच्युतः श्रवसे नो मघोनः।

सुता विदथे अक्रमुः।।ऋग्वेद 9.32.1।।

यज्ञ में ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद मन्त्र पाठ

यज्ञ में ऋग्वेद, यजुर्वेद एवं सामवेद–तीन वेदों के मन्त्र–ऋचाओं का उच्चारण (पाठ) किया जाता है। यज्ञ में दूध अर्पण करने के लिये गाय शब्द करती है। उस समय सोमरस शब्द करता हुआ पात्र में लिया जाता है।

यह ऋग्वेदिक काल के यज्ञस्थान का वर्णन है। जिसमें वेद की ऋचाएँ गूँजायमान् रहती हैं। गायें रम्भाती रहती हैं और सोमरस शब्द करता रहता है। इस ऋचा में तीनों वेदों का उल्लेख चकित करता है।।ऋग्वेद 9.33.4।।

तिस्रो वाच उदीरते गावो मिमन्ति धेनवः।

हरिरेति कनिक्रदत्।।ऋग्वेद 9.33.4।।

वेद ऋचाएँ : यज्ञ निर्माण करनेवाली

ब्रह्मविदों से प्रेरित हुई बृहद यज्ञ का निर्माण करनेवाली (वैदिक) ऋचाओं का पाठ किया जाता है। अर्थात् "ऋचाएँ–मन्त्र यज्ञ का निर्माण करनेवाली हैं।" इन ऋचा पाठ से सोम को शुद्ध किया जाता है। यह स्मरण रहे कि वैदिक ऋचाएँ परमव्योम में स्थित हैं और सोम भी वहीं अवस्थित है।।।ऋग्वेद 9.33.5।।

अभि ब्रह्मीरनूषत यव्हीर्ऋतस्य मातरः।

मर्मृज्यन्ते दिवः शिशुम्।।ऋग्वेद 9.33.5।।

सोम मन्त्रद्रष्टा ऋषि

"इन्दुः ऋषिः" – यह सोम ऋषि है अर्थात् ब्रह्म ज्ञान देनेवाला है। "व्रता विधानः" यह व्रतों–शाश्वत नियमों का ज्ञाता है। "इन्दुः आयुधा" – यह आयुधों को साथ रखता है अथवा हमेशा सशस्त्र रहता है।

मन्त्रद्रष्टा ऋषि प्रभुवसुरांगिरस ने इस ऋचा में कहा है कि "सोम देवता द्रष्टा ऋषि है और शाश्वत नियमों को जानता है।" यह अस्त्र–शस्त्र साथ रखता है और अन्न प्रदाता है। इसके अलावा यह सदैव दिव्यास्त्र साथ रखता है।।ऋग्वेद 9.35.4।।

प्र वाजमिन्दुरिष्यति सिषासन् वाजसा ऋषिः।
व्रता विदान आयुधा।।ऋग्वेद 9.35.4।।

सोम : धर्म पालक

यह सोम धर्म का पालन करता है। सबके मन सोमयज्ञ में लगे रहते हैं। शुद्ध होनेवाला यह सोम पर्याप्त धन रखता है, जिससे यज्ञ सम्पन्न होता है।।ऋग्वेद 9.35.6।।

विश्वो यस्य व्रते जनो दाधार धर्मणस्पते।
पुनानस्य प्रभूवसोः।।ऋग्वेद 9.35.6।।

सोम सूर्य तादात्म्य

महर्षि त्रित के यज्ञ में सोम का रस निकाला जाने पर सूर्य प्रकाशने लगा। इसका अर्थ यह सूर्य और सोम देव में तादात्म्य है। सोम ने सूर्य को तेजस्वी किया। अध्यात्मिक रूप से प्रातःकाल सूर्योदय से पहिले सोम रस निकालकर यज्ञस्थान में रखा गया। उसके पश्चात् सूर्य का उदय हुआ। ।।ऋग्वेद 9.34.4।।

स त्रितस्याधि सानवि पवमानो अरोचयत्।
जामिभिः सूर्यं सह।।ऋग्वेद 9.37.4।।

यज्ञ : असंस्कृत को सुसंस्कृत निर्माता

यज्ञ संस्कार शिक्षा

वेद स्वरूप यज्ञ का उद्देश्य असंस्कृत (संस्कारविहीन, अपरिष्कृत) को संस्कृत (संस्कार द्वारा शुद्ध–पवित्र करना अथवा परिष्कृत करना) सद्गुणों द्वारा अलंकृत करना रहा। यह उल्लेखनीय है कि वेद का उपदेश सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय है। वेद में कहा है कि कहीं से भी शुभ विचार आयें, उनका स्वागत है। वेद में यज्ञ का उद्देश्य – लोककल्याण, लोक अभ्युदय, लोकमंगल, लोकसंग्रहादि है। उसी शृंखला में संस्कारविहीन को सुसंस्कृत रूपाकार देना है। वैसे वैदिक काल के मन्त्रद्रष्टा ऋषियों की भाषा भी संस्कृत

रही। श्रेष्ठ जनों अथवा वैदिक आर्यों की संस्कृत वर्तमान लौकिक संस्कृत से भिन्न है। आचार्य यास्क के अनुसार उन्हें अनेक "वैदिक संस्कृत के शब्दों के अर्थ अज्ञात् रहे।" वैदिक संस्कृत के शब्द यायावर की तरह हैं, उनके अर्थ बदलते रहते हैं (बहु अर्थी)।

"अनिष्कृतं परिष्कुर्वन्" – अपरिष्कृत अथवा असंस्कृत को परिष्कृत–संस्कृत बनाओ। "दिवः वृष्टिं परिस्रव" – द्युलोक से वर्षा करो। जिससे पर्याप्त अन्न उत्पादन हो सके।

असंस्कृत को संस्कृत करके यज्ञ करनेवाले यजमान के लिये भरपूर अन्न उत्पादन के लिये द्युलोक से वर्षा कराने का अनुग्रह करो।।ऋग्वेद 9.39.2।।

परिष्कृण्वन्ननिष्कृतं जनाय यातयन्निषः।
वृष्टिं दिव परिं स्रव।।ऋग्वेद 9.39.2।।

यज्ञीय सोम : स्तोत्रों से सुसंस्कृत

मन्त्रद्रष्टा मेध्यातिथि काण्व के यज्ञ में सोम स्तोत्रों से सुसंस्कृत होकर लिया जाता है।।ऋग्वेद 9.43.3।।

पुनानां याति हर्यतः सोमो गीर्भिः परिष्कृतः।
विप्रस्य मेध्यातिथेः।।ऋग्वेद 9.43.3।।

यज्ञ : सोम से ज्ञानवृद्धि

सर्वज्ञ सोम ज्ञानवृद्धि करनेवाला है। यज्ञ में ज्ञानी ब्रह्मविद सोम की स्तुति करते हैं। यज्ञ में सोमरस की धारा बहती रहती है। सोम समर्पण से यज्ञ सम्पन्न होता रहता है।।ऋग्वेद 9.44.2।।

मति जुष्टो धिया हितः सोमो हिन्वे परावति।।
विप्रस्य धारया कविः।।ऋग्वेद 9.44.2।।

दिव्य श्येन द्युलोक से सोम लानेवाला

ऋग्वेद में सूर्य को सुपर्ण, अर्थात् सुन्दर पंखोवाला और गुरुत्मान् अर्थात् अत्यन्त वेगवान् और वन्दना से बढ़नेवाला कहा गया है। सूर्य, विष्णु एवं इन्द्र को बारंबार "श्येन" (दिव्य पक्षी) की तरह आकाशचारी कहा गया है। वेद में दिव्य श्येन पक्षी का उल्लेख है। यह यज्ञ अथवा इन्द्र के लिये (द्युलोक से) सोम ले जाता है। श्येन को विद्युत् का प्रतिनिधित्व करता भी माना गया है। काठक में स्वयं इन्द्र श्येन पक्षी के रूप में सोम अथवा अमृत ले जाते हैं।

श्येन–श्यै ड. मतौ + श्यास्तावव्हञविभ्य इनद्।।" उणादि 2.46।। इति इनच्।। पाण्डुरवर्णः। इति मेदिनी।। पक्षी विशेषः;। संचालः इति वाज् इति च भाषा। तत्पर्य्यायः। शशादनः पत्नी। इत्यमरः। कपोतारिः पतद्भीरुः। इति

शब्दरत्नावली। घातिपक्षी, ग्राहकः, मारकः। इति जटाधरः। शशादः, क्रव्यादः, क्रूरः, वेगी, खगान्तकः, करगः, नीलपिच्छः, लम्बकर्ण, स्थूलनीलः, भयंकरः। इति राजनिर्घण्टः।। शशघातकः।। इति भावप्रकाशः। अस्य मांसगुणाः प्रसहशब्दे द्रष्टव्याः।। शब्दकल्पद्रुम।। शब्दस्तोममहानिधि में श्येन का अर्थ है : पक्षिभेदे। पाण्डुरवर्णे च तद्वति त्रि.। वैसे संस्कृत में श्येन का अर्थ है (श्यै + इनन्) : प्रचण्डता, श्वेत, गरुड अथवा बाज।

"विः ऋतस्य गोपां रजस्तुरमं सोमं भरत्" – श्येन पक्षीराज यज्ञ का संरक्षण करनेवाले सोम को पर्वत के शिखर के ऊपर से यज्ञ में लाता है।

उदक को प्रेरित करनेवाले, यज्ञ का संरक्षण करनेवाले, सबका निरीक्षण करनेवाले देव के लिये सबको धारण कर्त्ता सोम को पर्वत शिखर से श्येन पक्षीराज लाता है।।ऋग्वेद 9.48.4।।

विश्वस्मा इत स्वर्दृशं साधारण रजस्तुरम्।
गोपामृतस्य विर्भरत्।।ऋग्वेद 9.48.4।।

यज्ञ में त्रयी वेद ऋचा–मन्त्र पाठ

हे सोम! आपके उत्पन्न होने के समय यज्ञकर्त्ता ऋत्विज्–ऋग्वेद, यजुर्वेद एवं सामवेद की तीन वाणियों के मन्त्रों का उच्चारण करते हैं। उस समय सोमरस को छाना जाता है।।ऋग्वेद 9.50.2।।

प्रसवे त उदीरते तिस्रो वाचो मखस्थुयः।
यदव्य एषि सानवि।।ऋग्वेद 9.50.2।।

सोमयाग से सहस्रों लाभ

इस सोम का रस याजक गण परम्परागत प्राचीन यज्ञ की रीति से निकालते हैं। यह सोम याग सहस्रों प्रकार का लाभ (फल) पहुँचाता है। ।।ऋग्वेद 9.54.1।।

अस्य प्रत्नामनु द्युतं शुक्रं दुदुह्रे अह्रयः।
पय सहस्रसामृषिम्।।ऋग्वेद 9.54.1।।

याजक के मापदण्ड : बृहद् यज्ञ कौन करे

मन्त्रद्रष्टा ऋषि अवत्सार काश्यप ने "बृहद यज्ञकर्त्ता के मापदण्ड" निर्धारित किये हैं। "यज्ञकर्त्ता के पास पर्याप्त गोधन, पशुधनादि" हो। इसके अलावा "याजक के पास पर्याप्त अन्नादि" भी रहे। इनसे बृहद स्तर पर यज्ञा–योजन में सहायता होती है।।ऋग्वेद 9.55.3।। अर्थात् आर्थिक सामर्थ्य के अनुसार बृहद् यज्ञायोजन करना चाहिये।

उत नो गोविदश्ववित् पवस्व सोमान्धसा।
मक्षूतमेभिरहभिः।।ऋग्वेद 9.55.3।।

अश्वमेध सोमयाग तादात्म्य

सोमयाग : सर्वसंरक्षण

अश्वमेधयज्ञ में घोड़े को सुशोभित करते हैं, उस प्रकार सोमयाग में सोमरस को गोदुग्धादि के मिश्रण से सुशोभित करते हैं।।6।।

(सोम) यज्ञ सबके संरक्षण के लिये होता है। उस यज्ञ में सोमरस की मधुर धारायें छननी से छानी जाती हैं।।7।।ऋग्वेद 9.62.6,7।।

आदीमश्वं न होतारो ऽशूशुभन्नमृताय।

प्रध्वो रसं सधमादे।।6।।

यास्ते धारा मधुश्चुतो ऽसृग्रमिन्द ऊतये।

ताभिः पवित्रमासदः।।7।।ऋग्वेद 9.62.6,7।।

यज्ञ के तीन सवन : वेद मन्त्र तीन स्वरों में

तीन सवनों में तीन वेदों के ऋषियों के यज्ञरूपी रथ में सात छन्दों के द्वारा देवों के समीप जाने के लिये ऋषि सोमरस योजना करते हैं।

अर्थात् सोम को यज्ञ रूपी रथ में विराजमान कर इन्द्रादि देवों तक पहुँचाते हैं। उस समय सात छन्दों में मन्त्रोचारण किया जाता है। यज्ञ के तीन सवन होते हैं : प्रातः सवन, माध्यंदिन सवन एवं सायं सवन। इन तीन सवनों में तीन स्वरों में वेद मन्त्रों का पाठ किया जाता है।।ऋग्वेद 9.62.17।।

तं त्रिपृष्ठे त्रिवन्धुरे रथे युंजन्ति यातवे।

ऋषीणां सप्त धीतिभिः।।ऋग्वेद 9.62.17।।

विशेष ज्ञानी यज्ञ करना चाहते है : अज्ञानी अंधकार अज्ञान में डूबते हैं

मन्त्रद्रष्टा ऋषि कश्यपो मारीच ने स्पष्ट किया है कि ''प्रचेतसः इयक्षन्ति'' अर्थात् विशेष ज्ञानी यज्ञ करना चाहते हैं। ''अविचेतसः मज्जन्ति''– अज्ञानी अज्ञान में डूबते हैं। ''वेनाः अभि अनूषत'' – ज्ञानी जन परमात्मा की स्तुति करते हैं।।ऋग्वेद 9.64.21।। इसका अभिप्राय है कि ब्रह्मविद्याविद्, ब्रह्मजिज्ञासु, ज्ञानी आदि ही यज्ञ करने (सत्कृत, प्रशस्ततमकर्म, उत्तमकर्म, शुभकर्म आदि) की इच्छा करते हैं। अविद्या–चरम भौतिकता–अज्ञान के अन्धकार से घिरे दुष्कर्मों के दलदल में धंसते जाते हैं।

अभि वेना अनूषतेयक्षन्ति प्रचेतसः।

मज्जन्त्यविचेतस।।ऋग्वेद 9.64.21।।

पँच जन : सोमयाग

आर्ष दृष्टि से प्राणियों की पाँच श्रेणियाँ हैं : देवता, मनुष्य, गन्धर्व, नाग और पितर। पँचभिः भूतैर्जन्यते जग–धञ, न वृद्धिः। मनुष्ये, दैत्येभेदे च यस्यास्थान् कृष्णस्य पाँचजन्यः शंखोजातः।। पँच + जन् + कर्म्मणि घञ्। जनिवध्योंच। 7.3.35। इति न वृद्धिः। पुरुषः। इत्यमरः।2.6.1। यथा, राजतरंगिण्याम् 3.355।। पँचभिर्भूतैर्जन्धतेऽसौ।। "गन्धर्व्वाः पितरो देवा असुरा रक्षांसि पँचजन–पदवाच्यानि भवन्ति।। इति चिन्तामणिः।।" इसप्रकार "चिन्तामणि में – देव, गन्धर्व, असुर, पितर एवं राक्षस पँच जन हैं।"

मन्त्रद्रष्टा ऋषि भृगुर्वारुणिर्जमदग्निर्भागवो वा ने इस ऋचा में कहा है कि पँच जनों, आर्जीको के देशों, कृत्व के देशों एवं पस्त्य के देशों में सोम का उपयोग यज्ञ में किया जाता है।।ऋग्वेद 9.65.23।।

य आर्जीकंषु कृत्वसु ये मध्ये पस्त्यानाम्।
ये वा जनेषु पँचसु।।ऋग्वेद 9.65.23।।

प्राचीन सभ्यता–संस्कृति के विद्वानों के अनुसार एक समय सप्तद्वीपों में नाग पवित्र प्रतीक रहा (अर्थात् नाग संस्कृति रही)। पंच जन का अर्थ – ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र एवं निषाद करना वेद के विपरीत है। वैदिक पंचजन हैं : देवता, गन्धर्व, नाग, पितर एवं मनुष्य। ये मानवीय पाँच प्रकार की श्रेणियाँ हैं।

सप्त ऋत्विज् : यज्ञ में सोम स्तुति

प्रेरणा देनेवाले सप्त ऋत्विज् यज्ञकर्म में आदिज्ञानी सोम की स्तुति करते हैं।।ऋग्वेद 9.66.8।।

समु त्वा धीभिरस्वरन् हिन्वतीः सप्त जामयः।
विप्रमाजा विवस्वत्:।।ऋग्वेद 9.66.8।।

यज्ञ : अग्नि ऋषि

अग्नि ऋषि ज्ञान देता है, अपने आदिज्ञान के प्रकाश से सबको ज्ञान प्रदान करता है। पँच जनों–देव, गन्धर्व, असुर, पितर एवं राक्षस (अथवा देवता, नाग, गन्धर्व, पितर एवं मनुष्य) का हित करनेवाला पवमान सोम यज्ञ में अग्रस्थान में रखा है। हम उसकी स्तुति करते हैं। अग्नि की उष्णता शरीर में रहने से मनुष्य को ज्ञान प्राप्त होता है। शरीर शीत हो जायेगा तो मनुष्य संज्ञाविहीन–ज्ञानहीन हो जाता है। भौतिक रूप से भी अग्नि का महत्व है।।ऋग्वेद 9.66.20।।

अग्निर्ऋषिः पवमानः पाँचजन्यः पुरोहितः।
तमीमहे महागयम्।।ऋग्वेद 9.66.20।।

यज्ञ का गर्भ स्थान सोम–चन्द्रमा!
यज्ञ की उत्पत्ति सोम चन्द्रमा प्राप्ति पर

मन्त्रद्रष्टा ऋषि वत्सप्रिभालन्दन ने नवीन सिद्धांत प्रस्तुत किया है कि, यज्ञ का गर्भ सोम है : "ऋतस्य गर्भः।।" इससे पहिले सोम को यज्ञ का प्रथम (आत्मा) आधार कहा गया है।। अर्थात् यज्ञ स्वरूप सृष्टि का आधार–आत्मा है। वैसे सोम अमृतानन्दरस स्वरूप है और आत्मा आनन्द है। ऋग्वेद के अनुसार यज्ञ ऋत एवं सत्य है। यज्ञीय हवि स्वयं परमेष्ठी है।

ऋग्वेद में सोम का अध्यात्मिक, अधिदैविक, अधिभूत रहस्य है। एक ऋचा में पात्र में अवस्थित सोम की चन्द्रमा से तुलना की गई है : "यो अप्सु चन्द्रमा इव सोमश्चमूषु ददृशे। पिबेदस्य त्वमीशिषे।।ऋग्वेद 8.82.8।।" ऋग्वेद के दशम मण्डल का 85वाँ सूक्त सूर्या (उषा) के सोम के साथ विवाह का वर्णन करता है। इसकी प्रथम ऋचा में कहा है कि सोम आकाश में स्थित है : "दिवि सोमो अधिश्रितः।।10.85.1।।" द्वितीय ऋचा में सोम को नक्षत्रों की गोद में रहनेवाला कहा गया है : "अथो नक्षत्राणा–मेषामुपस्थे सोम आहितः।।" इसप्रकार सोम एवं चन्द्रमा का तादात्म्य स्पष्ट होता है।

"युना प्रथमं विजज्ञतुः" – ये सूर्य और चन्द्र प्रथम दीखे। इनमें चन्द्र ही सोम है। इस कारण चन्द्र का नाम सोम है। "गुहाहितं जनिम" – ये उदय के पूर्व गुहा में रहते हैं। अर्थात् उदय से पूर्व सूर्य एवं चन्द्रमा गुप्त स्थान में छिपे रहते हैं। "दक्षेन मनसा संजायते" – यह सोम दक्षता से संयुक्त मन से उत्पन्न होता है। इसके पान से मन में विशेष स्फुरण होता है। यह मानसिक स्फुरण मनुष्य के यज्ञ करने के उत्साह में वृद्धि करता है। "परः निहितः" – सोम पर्वत के शिखर पर रहता है। "नेमं उद्यतं" – सूर्य एवं चन्द्र नियमानुसार प्रकाशित होते हैं। इनका उदय एवं अस्त नियमपूर्वक होता है। ये नियमानुसार चक्रित होते रहते दीखते हैं। "ऋतस्य गर्भः" – यह सोम–चन्द्रमा यज्ञ का गर्भ है। यज्ञ की उत्पत्ति सोम की प्राप्ति के बाद ही हुई।

दक्ष मन से सम्यक् रीति से यह सोम उत्पन्न होता है। यह स्मरण रहे कि ऋग्वेद के पुरुष सूक्त (10.109.1–16) में कहा है कि "चन्द्रमा मनसो जातश्चक्षोः सूर्यो अजायत।" विराट् पुरुष की यज्ञीय हवि के मन से चन्द्रमा पैदा हुआ और नेत्रों से सूर्य का निर्माण हुआ। यह ऋत–यज्ञ का उत्पत्ति स्थान है। यह नियमानुसार ऊपर के स्थान (द्युलोक) में रखा हुआ है। ये दोनों सूर्य एवं चन्द्र (सोम) प्रथम ज्ञात हुए। ये सूर्य एवं चन्द्र गुप्त स्थान में रहते हैं और शाश्वत नियमानुसार प्रकाशित होते हैं। इस ऋचा में यज्ञ की उत्पत्ति सोममय चन्द्रमा से कही गयी है।।ऋग्वेद 9.68.5।। यह भी स्मरण रहे कि

वैदिक विद्वान ऋग्वेद के प्रथम एवं दशम मण्डल की प्रामाणिकता पर प्रश्नचिन्ह लगाते हैं। इसलिये यह ऋचा महत्वपूर्ण है, जिसमें दक्ष मन से सम्यक् रीति से चन्द्रमा–सोम की उत्पत्ति कही गयी है।

सं दक्षेण मनसा जायते कविर्ऋतस्य गर्भो निहितो यमा पुरः।
यूना ह सन्ता प्रथमं वि जज्ञतुर्गुहा हितं जनिम नेममुद्यतम्।।5।।
।।ऋग्वेद 9.68.5।।

अदिति का नाती सोम

वधू के समान सोम मेढ़ी के चर्म पर स्वच्छ किया जाता है। अदिति की नाती यह सोमवल्ली यजमान को यज्ञ में जाने की प्रेरणा देता है। यह उल्लेखनीय है कि अदिति से समस्त देव गण उत्पन्न हुए हैं। देवों से वर्षा हुई और वर्षा से सोमवल्ली अस्तित्व में आयी। अतः सोम अदिति का नाती है। हरे रंग का सोम यज्ञकर्त्ता के आन्नद में वृद्धि करता हुआ यजमान को अग्रभाग में जाने की प्रेरणा देता है। साथ ही यह सोम आगे बढ़ता है। यह यज्ञीय सोम बलों को तीक्ष्ण करके बढ़ाता है। यह अपने बलों से वीर के समान शोभता है। ।।ऋग्वेद 9.69.3।।

अव्ये वधूयुः पवते परि त्वचि श्रथ्नीते नप्तीरदितेर्ऋतं यते।
हरिरक्रान् यजतः संयतो मदो नृम्णा शिशानो महिषो न शोभते।।3।।
।।ऋग्वेद 9.69.3।।

यज्ञ में गोघृत : रोगकृमि नष्ट

पश्चिमी विद्वानों का यह प्रश्न रहा कि यज्ञ में गोघृत का ही प्रयोग क्यों? यह अवश्य है कि यदि वे ऋग्वेद का अनुशीलन कर लेते तो उन्हें इसका उत्तर मिल जाता।

"पूर्व व्योमनि त्रिः सप्त धेनवः सत्यां आशिरं दुदुह्रे" – पूर्व समय में किये यज्ञों में इक्कीस गायें दूध देती थी। गोदुग्ध से दही जमा कर घृत बनाया जाता था और उस गोरस से यज्ञ सम्पन्न किया जाता था। यह यक्षप्रश्न रहा कि यज्ञ में हवन के लिये गोरस ही क्यों प्रयुक्त होता रहा एवं वर्तमान में भी होता है? "गोघृत का हवन ही रोगकृमियों को विनष्ट करने में समर्थ रहता है।" महिषि–भैंसादि के घृत में यह शुभ गुण नहीं होता है। इसीलिये यज्ञ में गोघृत का ही होना उचित है। यह उल्लेखनीय है कि "जम्बूद्वीप भारतवर्षादि की ककुद (थूह) वाली गाय के मेरुदण्ड से स्वर्णछार निकलती है और उसके गोमूत्र, गोबर, गोदुग्ध, दही एवं गोघृत में प्राकृतिक रूप से (स्वर्णक्षार) मिलती है।" विशेषज्ञों के अनुसार "गोरस की स्वर्णक्षार मेधा और शक्ति वर्धन करती है।" गाय का गोबर कुछ ही घण्टों में उर्वरक का

रूप लेता है। गोमूत्र भी उर्वरक का काम करता है। गोमूत्र से अनेक रोग दोष दूर होते हैं। इसके ठीक विपरीत पश्चिम की ककुदरहित गोवंश में यह विशेषता नहीं है।

"चत्वारि अन्या भुवनानि चारूणि चक्रे यत् ऋतैः अवर्धत" – चार अन्य ऐसे सुन्दर स्थान बनाये गये, जो यज्ञों से बढ़ रहे हैं। जहाँ यज्ञ होता है, वह स्थान रहने के लिये अच्छा (सकारात्मक ऊर्जा–तेज से परिपूर्ण, दैवी शक्ति सम्पन्न, देव संरक्षण प्राप्त आदि) होता है। यज्ञ सम्पन्न होने से रोगों के विषाक्त जीवाणु नष्ट हो जाते हैं।

पूर्व समय में किये यज्ञ में इक्कीस गायें उत्तम दूध आदि देती रही हैं। इससे चार अन्य सुन्दर स्थान निर्मित किये गये। ये यज्ञों द्वारा वृद्धि करते रहे हैं।।ऋग्वेद 9.70.1।।

त्रिरस्मै सप्त धेनवो दुदुह्रे सत्यामाशिरं पूर्व्ये व्योमनि।
चत्वार्यन्ता भुवनानि निर्णिजे चारुणि चक्रे यदृतैरवर्धत।।1।।
।।ऋग्वेद 9.70.1।।

यज्ञ : ऋत्विजों को यथायोग्य दक्षिणा विधान

मन्त्रद्रष्टा ऋषि ऋषभो विश्वामित्र ने यज्ञविधान में "यजमान द्वारा ऋत्विज्ों आदि को योग्य दक्षिणा" की घोषणा की। "दक्षिणा आ सृज्यते" – यज्ञ के पश्चात ज्ञानियों–ऋत्विजों आदि को यथा योग्य दक्षिणा दी जाती है। मूलभूत रूप से यह योग्य दक्षिणा यज्ञ में पधारे ज्ञानियों–ऋत्विजों के सम्मान में तुच्छ भेट मात्र है। यह भी परम्परा रही कि यज्ञकर्म में पुष्कल (श्रेष्ठ, अतिशोभन, प्रचुर) दक्षिणा दी जाये।

यज्ञ में दक्षिणा दी जाती है। बल वृद्धि करनेवाला सोम यज्ञ में अपने स्थान पर बैठता है। यह द्रोह करनेवाले राक्षसों से संरक्षण करता है। हरे रंग का सोम आकाश से होनेवाली वर्षा के जल को अपना घर बनाता है। उसने द्यु और पृथिवी के मध्य में प्रकाश देने के लिये सूर्य बनाया है।।ऋग्वेद 9.71.1।। दक्षिणा सूक्त दक्षिणा के महत्व की व्याख्या करता है।

आ दक्षिणा सृज्यते शुष्म्या3 सदं वेति द्रुहो रक्षसः पाति जागृविः।
हरिरोपशं कृणुते नभस्पय उपस्तिरे चम्वो3 ब्रह्म निर्णिजे।।1।।
।।ऋग्वेद 9.71.1।।

यज्ञ : सत्यरूपी नौकाएँ सहायक, यज्ञ सत्यमार्ग

मन्त्रद्रष्टा ऋषि पवित्र आंगिरस ने यज्ञपात्र को सत्यस्वरूपी नौका की उपमा दी है। 'सत्यस्य नावः सुकृतं अपीपरन्" – सत्यस्वरूपी नौकाएँ यज्ञकर्त्ता की पूर्णरूप से सहायता करती हैं।

यज्ञ के मुख्य स्थान के पात्रों में रस निकालने के समय सोम के अंश शब्द करते हुए उतर रहे हैं। अर्थात् यज्ञ स्थान में सोम अवतरित हो रहा है। यह बलशाली सोम मुख्यतः तीनों लोकों में अपने पवित्र कार्य का आरम्भ करता है। सत्य स्वरूपी नौकाएँ (यज्ञपात्र) सत्कर्म करनेवाले यजमान की सहायता करती हैं।।1।।

"ऋतस्य पन्थां दुष्कृतः न तरन्ति"– यज्ञ के सत्य मार्ग पर दुष्ट–कुटिल–कपटी–दुराचारी–दुष्कर्मकर्त्ता नहीं जा सकते। अर्थात् यज्ञ सत्यमार्ग है और दुष्ट सत्य पथ पर नहीं चल सकते। "लोकयन्त्रासः रभसस्य मन्तवः ये प्रत्नासः मानात् अधि आ समस्वरन्" – स्तुति के योग्य और तीव्र वेग से गमन करनेवाले सोम की प्रकाश किरणें हैं। वे प्रथम अन्तरिक्ष में से चलती रहती हैं। इसका कारण यह है कि सोम पर्वत के शिखर पर रहता है। वहाँ से उसके प्रकाश किरण चलती हैं और अन्तरिक्ष में जाती हैं। "अनक्षासः बधिरा अप अहासत" – दृष्टिहीन और बधिर उन सोम किरणों को नहीं देख सकते। (ब्रह्म) ज्ञानहीन उन किरणों को नहीं देख पाते हैं।

सोम देवता (चन्द्रमा) की प्रकाश किरणें वेगवान् एवं स्तुति योग्य हैं। वे सर्वप्रथम अन्तरिक्ष में विचरण करती हैं। उनको ब्रह्मज्ञान हीन दुष्ट जन नहीं देख सकते है। "यज्ञ अर्थात् सत्यमार्ग को दुष्ट कर्म करनेवाले पार नहीं कर सकते।।ऋग्वेद 9.73.1,6।।

स्रक्वे द्रप्सस्य धमतः समस्वरन्नृतस्य योना समरन्त नाभयः।
त्रीन् त्स मूर्ध्नो असुरश्चक्र आरभे सतस्य नावः सुक्रतमपीपरन्।।1।।
प्रत्नान्मानादध्या ये समस्वरंल्लोकयन्त्रासो रभसस्य मन्तवः।
अपानक्षासो बधिरा अहासत ऋतस्य पन्थां न तरन्ति दुष्कृतः।।6।।
।।ऋग्वेद 9.73.1,6।।

यज्ञ में जाना प्रशंसनीय

मन्त्रद्रष्टा ऋषि कक्षीवान् दैर्घतमस ने उद्घोषणा की है कि यज्ञ (सत्कृत, प्रशस्ततमकर्म, ज्ञानयज्ञ, वाग्यज्ञ, शुभकर्म, उत्तमकर्म, ओषधिमहामख आदि) में जो जाता है, वह प्रशंसनीय है। अतः यज्ञ में भाग लेना चाहिये। यज्ञ से दूर नहीं रहना चाहिये। "इत ऊतिः ऋग्मियः।।"

उत्तम यज्ञकर्म में प्रयुक्त होनेवाला सोम रस इन्द्र के लिये उत्तम होता है। (यज्ञ से) पृथिवी का मार्ग विस्तीर्ण होता है। यज्ञ में पधारनेवाला इन्द्र पृथिवीलोक में वृष्टि का स्वामी है। वह वृष्टि करता है और गोधन का हित करता है। परमेष्ठी सबका नियामक है। जो यज्ञ–उत्तमकर्म में जाता है, वह प्रशंसनीय है।।ऋग्वेद 9.74.3।।

महि प्सरः सुकृतं सोम्यं मधूर्वी गव्यूतिरदितेर्ऋतं यते।
ईशे यो वृष्टेरित उस्रियो वृषा ऽपां नेता य इतऊतिर्ऋग्मियः।।
।।ऋग्वेद 9.74.3।।

यज्ञ का मध्य स्थान : अन्तरिक्ष से जीवन सारभूत जल

"ऋतस्य नाभिः" – यह यज्ञ का मध्य अर्थात् मुख्य स्थान है। "नभसः आत्मन्वत् घृतं पथः दुह्यते" – अन्तरिक्ष से जीवन का सारभूत जल वृष्टि के रूप में पृथिवी के ऊपर बरसता है। यह घृत तुल्य है। इस जीवनरस से प्राणियों का जीवन सुखमय होता है। "हितं अवमेहन्ति"–हितकारक पदार्थ सबके हितार्थ सभीको प्रदान करते हैं। इस दान से सबका हित होता है।

"साररूपी घृत के सदृश जीवनरस जल अन्तरिक्ष में दुहा जाता है। यह यज्ञ का मध्य स्थान है।" वहाँ मंथन से अमर जीवन देनेवाला जलरूपी अमृत विशेष रूप से उत्पन्न होता है। उत्तम दान देनेवाले यजमान गण सोम को स्तुति से प्रसन्न करते हैं। अग्रणी उनका रक्षण करते हैं। वे हितकारी पदार्थों की वृष्टि करते हैं, सभी का हित करते हैं।।ऋग्वेद 9.74.4।।

आत्मन्वन्नभो दुह्यते घृतं पय ऋतस्य नाभिरमृंत वि जायते।
समीचीनाः सुदानन्दः प्रीणन्ति ते नरो हितमव मेहन्ति पेरवः।।4।।
।।ऋग्वेद 9.74.4।।

यज्ञ में गोदान

"शतहिमाय कक्षीवते गोनाम्" – सौ वर्ष के कक्षीवान् ऋषि को (यज्ञ में) अनेक गायें दी गई। अर्थात् "यज्ञ में गायों को दान में दिये जाने की समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा रही।"

श्वेत वर्ण के गोदुग्ध से युक्त यज्ञीय सोम अपनी दिशा में कलश में रहता है। जैसा अश्व युद्ध में प्रेरित होकर आक्रमण करता है, वैसे ही गोदुग्ध से सोमरस मिश्रित होता है। देवताओं को प्राप्त करनेवाले ऋत्विज् मन से उस सोम की स्तुति करके यज्ञ में प्रेरित करते हैं। शत वर्ष के महर्षि कक्षीवान् को देने के लिये गाय प्रेरित होती हैं।।ऋग्वेद 9.74.8।।

अध श्वेतं कलशं गोभिरक्त कार्ष्मन्ना वाल्यक्रभीत् ससवान्।
आ हिन्विरे मनसा देवयन्तः कक्षीवते शतहिमाय गोनाम्।।8।।
।।ऋग्वेद 9.74.8।।

यज्ञ की जिव्हा अमृतानन्दमयरस

संस्कृत में जिव्हा शब्द का उणादि में अर्थ है : जि + शेवा यव्हजिव्यीवाप्वामीणः।।1.154।। इति वन प्रत्ययेन हुगागमे निपातनात् साधुः।। जयति रसमनयेति।। रसज्ञानेन्द्रियम्। जिव इति भाषा। तत्पर्य्यायः। रसज्ञा।

रसना। इत्यमरः।।2.6.91।। रशना। रसनम्। जिव्हः। इति तट्टीका।। रसालः। सुधास्रवा। रसिका। स्सांगा।। इति शब्दरत्नावली। रसा। लीला। रसाला। रसला। ललना।। इति जढाधरः।।

जिव्हा–लिहयन्ति अनया–लिह् + वन नि.।। अग्नि की लपट। मन्त्रद्रष्टा ऋषि कविभार्गव ने कहा है : "ऋतस्य जिव्हा प्रियं मधु पवते"। ऋत स्वरूप यज्ञ की जिव्हा मधुर रस देता है। यज्ञ में सोम का रस निकालते हैं। सोमरस में गोदुग्ध, मधु और मधुर जल मिलाया जाता है। अध्यात्मिक रूप से सोम–अमृतानन्द रस है। यह सुधास्रवा है। इससे अमृत टपकता है। इस प्रकार यज्ञीय अग्नि की जिव्हा–ज्वालायें–लपटें अमृतस्रवा हैं, मधुर अमृतानन्दरस का पान करती हैं, अथवा अमृतानन्दरसमय हैं।

"पुत्रः पित्रोः अपीच्यं नाम अधि दधाति" – पुत्र माता–पिता का तीसरा गुप्त नाम जानता है। उसी प्रकार यजमान सोम के अध्यात्मिक, अधिदैविक एवं अधिभूत गुण एवं द्युलोक, अन्तरिक्षलोक एवं पृथिवीलोक के गुह्य उत्पत्ति स्थान आदि समस्त जानता है। "वक्ता अस्याः धियः पतिः अदाभ्यः" – यज्ञकर्म का पालन करनेवाला नहीं दबनेवाला होता है।

यज्ञ की अग्नि की जिव्हा–सुधास्रवा मधुर अमृतानन्दरस पान करती है। यज्ञ स्थान में स्तुति की जाती है। यजमान माता–पिता (द्यावापृथिवी) का तीसरा गुप्त नाम जानता है। अथवा द्यावापृथिवी के ज्ञान से परिपूर्ण है। उसी प्रकार आनन्दामृतरस सोम के तीनों लोकों में गुह्य स्थल और अध्यात्मिक, अधिदैविक, अधिभूत रहस्यों से अवगत है। स्मरण रहे कि परमव्योम अवस्थित सोम द्युलोक को तेजस्वी करता है। इसतरह यज्ञकर्म का पालन करनेवाला नहीं दबनेवाला होता है।।ऋग्वेद 9.75.2।।

ऋतस्य जिव्हा पवते मधु प्रियं वक्ता पतिर्धियो अस्या अदाभ्यः।
दधाति पुत्रः पित्रोरपीच्यं1 नाम तृतीयमधि रोचने दिवः।।2।।

।।ऋग्वेद 9.75.2।।

यज्ञीय ओषधियों के गर्भ में सोम

ऋग्वेद के सोम सूक्त में "यज्ञीय ओषधियों के गर्भ में अग्नि के साथ सोम रहने का रहस्योद्घाटन किया गया है।" यज्ञ के विशेषज्ञ मन्त्रद्रष्टा ऋषियों ने यज्ञीय ओषधियों में उनका चयन किया जिनके मध्य दिव्य सोम एवं अग्नि उपलब्ध है। "यः इनस्य सदने गर्भ आदधे" – जो अग्नि यज्ञस्थान में मुख्य रूप से रहता है, वह ओषधियों के मध्य में (गर्भ) रहता है। इसका यह भी अर्थ है कि यज्ञस्थान की ओषधियों के गर्भ में सोम होता है। ऋग्वेद की

ऋचाओं में ओषध के गर्भ में अग्नि के विद्यमान होने के उल्लेख मिलते हैं। इसी तरह ओषधियों में सोम के अंश की उपलब्धि रहती है।

यह सोम हमारा नाश करनेवाले शत्रुओं (विषाक्त रोग जीवाणु आदि) का ज्ञाता है। वह इन शत्रुओं का संहार करे। (यज्ञ में) अनेक ज्ञानी, याज्ञिक, ऋत्विक् आदि एकत्रित होकर एकाग्रता से युक्त मन से अनेक प्रकार से स्तुति करते हैं। "जो सोम अग्नि के यज्ञस्थान में मुख्य रूप से रहता है। यह ओषधियों के गर्भ में विद्यमान रहता है।" ऋचा में आगे स्पष्ट किया है कि यह सोम गोवंश एवं जलों में आनन्द का उत्पादक होकर रहता है। गोवंश हरित वनोषधियों के रूप में सोम का भोजन करता है। अतः गोवंश के पेट में सोम रहता है। सोमरस में मधुर जल मिश्रित रहता है।।ऋग्वेद 9.77.4।। यही कारण है कि वेदांग–आयुर्वेद से वैदिक काल से वनोषधियों में दिव्य सोमांश रहने से रोगों का उपचार किया जा रहा है।

अयं नो विद्वान् वनवद्वनुष्यत इन्दुः सत्राचा मनसा पुरुष्टुतः।
इनस्य यः सदने गर्भमादधे गवामुरुब्जमभ्यर्षति वज्रम्।।4।।
।।ऋग्वेद 9.77.4।।

पृथिवी के द्युलोक में सोम उत्पत्ति

मन्त्रद्रष्टा ऋषि कविभार्गव ने पुनः स्पष्ट किया है कि "सोम का मुख्य भाग द्युलोक के मुख्य उच्च स्थान में उगता है।" "ते परमा दिवि नाभा"–हे सोम! आपका मुख्य भाग (पृथिवीलोक के) द्युलोक के उच्च स्थान में उगता है। "पृथिव्याः सानवि क्षिपाः रुरुहुः" – पृथिवी के ऊँचे भाग में ये सोम वल्लियाँ (सोम समूह वनस्पति) उगती हैं और बढ़ती हैं। यहाँ क्रान्तदर्शी कवि ने स्वयं रहस्योद्घाटन किया है कि पृथिवी का उच्च अंश भूमि का द्युलोक है। यह दोहरा रहे हैं कि ऋषियों–मुनियों ने हिमालय पर्वतमाला से परमपवित्र कैलास महापर्वत को भूलोक का द्युलोक–त्रिविष्टिपम् स्वीकारा है। साथ में कैलास महापर्वत को देवों के शास्ता रुद्र का रुद्रलोक घोषित किया गया है। वैदिक धर्म के बाद प्राचीन जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ, बौद्धधर्म के शाक्य मुनि, शिन्टो, ताओ धर्म, बोन–टोन धर्म आदि का केन्द्र कैलास है।

कैलास का गहरे बैंगनी रंग का ग्रेनाइट चौंकाता है। पश्चिमी विद्वानों के अनुसार ब्रह्माण्ड के अत्यन्त उन्नत अन्तरिक्ष वैज्ञानिक रुद्र शिव की मानस सरोवर–कैलास के नीचे आणुविक प्रयोगशाला है। कैलास वर्तुल में अत्यधिक परमाणु धर्मिता, सूर्य की संहारक पराबैंगनी आदि किरणें, खनिज जीवनद्रव्य–स्टेराइड आदि वैज्ञानिकों के लिये उलझी पहेली है। ब्रह्मविद्या

समाज के फादर चार्ल्स बी. लिडबीटर के अनुसार वर्ष में एकदिन परमेश्वर परमबुद्ध सभी अवतारी महापुरुषों में शक्तिपात करते हैं।

इस वर्तुल के पर्वत शिखरों के आस–पास सोम वनस्पति समूह उगता है और बढ़ता है। इसी वर्तुल में पैदा होनेवाले थुनेर वृक्ष का रस कैंसर उपचार में प्रयुक्त होता है। इसी वर्तुल के गोमुख से निकला गंगाजल और कैलास की जलझरी का पवित्र जल कभी नहीं सड़ता है। कैलास महापर्वत–हिमालय पर्वत शृंखला की इस दिव्य विशेषताओं के आधार पर उन्हें पृथिवी का द्युलोक–स्वर्ग घोषित किया गया। भगवान् महावीर, भगवान् बुद्ध के बाद ईसा पूर्व में आचार्य शंकर (श्रीमद्आदिशंकराचार्य), नवनाथों में प्रमुख सिद्धगुरु गोरक्षनाथ आदि ने कैलास में साधना की। कैलास वर्तुल के हिमनदों में वैदिक ऋषियों के अदृश्य सिद्ध आश्रम अवस्थित हैं। श्री टालबोट मुण्डी ने "नाईन अननोन" में आर्षविद्या के रखवाले नौ ऋषियों का उल्लेख किया है। विगत तीन सौ वर्षों से पश्चिमी विद्वान त्रिविष्टपम् (तिब्बत) के रहस्य को अनावृत करने में लगे हैं, लेकिन रहस्य, रहस्य ही है।

ऋचा में सोम वनस्पति समूह के उत्पत्ति स्थल का कूटात्मक, सूत्रात्मक, प्रतीकात्मक उल्लेख है। "हे सोम! आपका उत्तम अंश द्युलोक के मुख्य स्थान में रहता है। यह हविष्यान्न स्वीकार करता है। यह पृथिवी पर के ऊँचे स्थान में रहकर बढ़ते हैं। आपको पत्थर पर पीसते हैं और पवित्रतम गोचर्म पर रखते हैं। आपका विद्वान् हाथों से जलों में मिलाकर रस निकालते हैं।।ऋग्वेद 9.79.4।।

दिवि ते नाभा परमो य आददे पृथिव्यास्ते रुरुङुः सानवि क्षिपः।
अद्रयस्त्वा वप्सति गोरधि त्वच्य1 प्सु त्वा हस्तैर्दुदुहुर्मनीपिणः।।
।।ऋग्वेद 9.79.4।।

सोम देवता स्वरूप

अन्ततः मन्त्रद्रष्टा कवि वसुर्भारद्वाज ने पवमान सोम सूक्त में अन्य वैदिक देवताओं के साथ सोम देवता से अनुग्रह करने की प्रार्थना की है। ऋग्वेद के सर्वप्रमुख देवों में से एक सोम है। ऋग्वेद के नवम मण्डल के समस्त 114 सूक्तों के देवता पवमान सोम है। सोम देव रूप में शत्रुओं से लड़ता है। इसी के साथ सोम का एक ऋषि, वाचस्पति, आदिज्ञानी, यज्ञ का राजा, ऋत, चन्द्रमा के साथ तादात्म्य किया गया है। सोम को अन्धकार का विनाशक, परमव्योम स्थित और सूर्य पुत्री सूर्या–उषा का पति कहा गया है। सोम देव अपनी किरणों से उषा एवं सूर्य और आकाश एवं पृथिवी को आपूरित कर देता है : आ पवस्व विचर्षण आ मही रोदसी पृण। उषा सूर्यो न

रश्मिभिः।। ऋग्वेद 9.41.5।। ऋग्वेद में सोम के लिये "इन्दु" शब्द प्रयुक्त हुआ है। "तक्षा रिष्टं रुतं भिषग् ब्रह्म सुन्वन्तमिच्छतीन्द्रायेन्दो परि स्रव।।9.112. 1।। "वृष्णे इन्दुर्वृषभ पीपाय स्वादू रसो मधुपेयो वराय।" 6.44.21।। यह प्रकाशमान जल बिन्दु का वाची है। जल में "चन्द्रमा का प्रतिबिम्ब भास्वर जलबिन्दु" के समान लगता है। अष्टम मण्डल के 82वें सूक्त में सोम की तुलना चन्द्रमा से की गई है : "यो अप्सु चन्द्रमा इव सोमश्चमूषु ददृशे। पिबदेस्य त्वमीशिषे।।8.82.8।।" सोम बृहत् ज्योति है : "पवमान ऋतं बृहच्छुक्रं ज्योतिरजीजनत्। कृष्णा तमांसि जङ्.घनत्।। ऋग्वेद 9.66.24।। अर्थात् प्रकाश से चमकता है। इस कारण सोम अंधेरे को नाश करके प्रकाश देता है।

ऋग्वेद के नवम् मण्डल (9.9.7) में कहा है; कि "हे पुरुष सोम देवता! समस्त कल्पों में हमारा रक्षण कर। हे पवित्र करनेवाले सोम! आप युद्ध करने योग्य "अन्धकार" राक्षसों का नाश करें।" अवा कल्पेसु नः पुपस्तमांसि सोम योध्या। तानि पुनान जङ्र.घन"।।9.9.7।।

वहीं ऋग्वेद के दशम मण्डल के 85वें सूक्त की ऋचा में नवरहस्योद्घाटन किया है : "वास्तविक सोम को ब्रह्म को जाननेवाले ज्ञानी–क्रान्तदर्शी कवि–ऋषि–केशी ही जान सकते हैं। उसको दूसरा कोई भी अयाज्ञिक नहीं जान सकता है, नहीं खा सकता है।" जब सोमरूपी वनस्पतियाँ –ओषधियाँ पीसकर रस निकालते हैं, उस समय यह मानते हैं कि उन्होंने सोमरस पान किया। किन्तु वे वास्तविक सोमस्वरूप से अनभिज्ञ हैं।।10.85.3।। इस प्रकार सोम के दो स्वरूप हैं – देवता (चन्द्रमा) और वनस्पति। इसी सूक्त में 18वीं ऋचा का विषय "सोमार्कौ" (चन्द्र, सूर्य) और 19वीं ऋचा का विषय चन्द्रमा है।

ऋग्वेद के सूक्त की ऋचा का देवता–विषय सोमर्कौ होना स्वयं सोम के चन्द्रमा होने की पुष्टि करता है। इस 47 ऋचाओं के सूक्त की मन्त्रद्रष्टा सावित्री सूर्या ऋषिका हैं। "सोमार्कौ" विषयक ऋचा में कहा है : "ये दोनों शिशु–चन्द्र एवं सूर्य अपने तेज से पूर्व पश्चिम में विचरण करते हैं। ये दोनों चन्द्र एवं सूर्य क्रीड़ा करते हुए यज्ञ में पधारते हैं। इन दोनों में से एक सूर्य समस्त भुवनों को देखता (प्रकाशित करता) है। वहीं दूसरा चन्द्र ऋतुओं, दो महारूप काल विभागों का निर्माण करता हुआ बारंबार उत्पन्न होता है"।।।10.85.18।।

"यह चन्द्र प्रतिदिन पुनः उत्पन्न होकर नवीन–नवीन ही होता है। वह दिनों का सूचक कृष्ण पक्ष की रातों में प्रातःकालों के आगे ही आता है। अथवा दिनों का सूचक सूर्य प्रतिदिन नवीन (नित्य तरुण) होकर प्रातःकाल में

प्रगट होता है। वह आता हुआ देवों को यज्ञ–हवि देता है। चन्द्रमा आकार आनन्द देता हुआ दीर्घायु करता है।।ऋग्वेद 10.85.19।। इसप्रकार सोमार्कौ–चन्द्रमाः विषयक ऋचाओं ने सोम के चन्द्रमा देवता होने पर प्रश्नों पर विराम लगाया गया है।

पूर्वापरं चरतो माययैतो शिशु क्रीळन्तौ परि यातो अध्वरम्।
विश्वान्यन्यो भुवनाभिचष्ट ऋतूँरन्यो विदधज्जायते पुनः।।18।।
नवोनवो भवति जायमानो ऽह्नां केतुरुषप्तामेत्यग्रम्।
भागं देवेभ्यो वि दधात्यायन् प्र चन्द्रमास्तिरते दीर्घमायुः।।19।।
।।ऋग्वेद 10.85.18,18।।

मन्त्रद्रष्टा ऋषि वसुर्भारद्वाज के इस ऋचा में कहा है : सोम, पूषा, मित्र, वरुण, बृहस्पति, वायु, त्वष्टा, सविता, अश्विनौ, सुयमासरस्वती, मरुत् आदि का अनुग्रह हम पर रहे।।ऋग्वेद 9.81.4।। ''पवमान सोम–चन्द्रमा देव हमें अमृत, आनन्द, आल्हाद, शक्ति, दीर्घायु प्रदान करे।'' ''सर्वस्व प्रसविता सविता'' उत्पादक शक्ति प्रदान करे। ''सुयमा सरस्वती'' – विद्या की अधिष्ठात्री विद्या प्रदान करे। हमें ब्रह्मज्ञानी बनावे। हमें नियमों में रहकर अपनी उन्नति करने की शिक्षा देने की कृपा करे। देवताओं के सम्राट ''वरुण'' सत्यपालक हैं, वे हमें श्रेष्ठता प्रदान करें। ''त्वष्टा'' देवों के विश्वकर्मा हैं। त्वष्टा हमें सृजनधर्मिता की शिक्षा देने का अनुग्रह करें। प्राणशक्ति ''वायु'' हमें दीर्घायुष्व एवं प्राणशक्ति दे। ज्ञान के अधिष्ठाता ''बृहस्पति'' हमें ज्ञान प्रदान करे। सबका पालक ''पूषा'' देवता हमारा पालन–पोषण करे। ''मित्र'' देवता हमें मित्रवत् आचरण की शिक्षा दे। देव चिकित्सक ''अश्विनौ'' हमें सदैव नीरोग करे। रुद्रपुत्र ''मरुत्'' देवता हमें दुर्धुर्ष योद्धा का रूपाकार दे। इस ऋचा में पवमान देवता अद्भुत दिव्य रूप में प्रगट होते हैं।

आ नः पूषा पवमानः सुरातयो मित्रा गच्छन्तु वरुणः सजोषसः।
बृहस्पतिर्मरुतो वायुरश्विना त्वष्टा सविता सुयमा सरस्वती।।4।।
।।ऋग्वेद 9.81.4।।

''सोम गन्धर्व'' से द्यावापृथिवी प्रकाशित

मन्त्रद्रष्टा ऋषि भृगुवेन ने ''सोम को गन्धर्व की उपमा'' दी है। ''गन्धर्व'' – अर्थात् स्वर्गलोक में सोम का अधिष्ठाता। यह स्पष्ट है कि यहाँ पृथिवी पर वल्ली रूप सोम है। ''विश्वा रूपा'' – अर्थात् सोम वल्ली समूह से लेकर हव्यरूपी रस के तैयार होने तक सोम के बदलते हुए अनेक रूप हैं। ''भानु'' – सोम के रस की तेजस्वी किरण। सूर्य, चन्द्र आदि तेजोमय गोलों की तरह सोम की तेजस्वी अग्नि के सदृश तेजस्वी रश्मियाँ हैं। इसी लिये

सोम ने भी सूर्य एवं अग्नि की तरह रोदसी को प्रकाशित किया है। सोम पर प्रेम करने वाले देवों को वेन कहा गया है।

द्युलोक के पृष्ठभाग पर यह गन्धर्व (द्युलोक का देव सोम) अपने इन पृथिवी पर अवतरणों में अलग–अलग रूप देखते–देखते खड़ा रहा है। इसकी किरणें अपनी तेजस्वी ज्योति से प्रकाशित हुई हैं। इस अत्यन्त तेजस्वी (सोम) ने अपनी पृथिवी एवं द्युलोक इन दोनों माताओं को प्रकाशित किया है।।ऋग्वेद 9.85.12।।

ऊर्ध्वो गन्धर्वो अधि नाके अस्थाद्विश्वा रूपा प्रतिचक्षाणो अस्य।
भानुः शुक्रेण शोचिषा व्यद्यौत् प्रारूरुचद्रोदसी मातरा शुचिः।।12।।
।।ऋग्वेद 9.85.12।।

यज्ञ की ज्योति सोम

द्यावापृथिवी को प्रकाशित करनेवाले तेजस्वी "सोम देव को यज्ञ की ज्योति की संज्ञा" दी गई है। "यज्ञस्य ज्योतिः देवानां प्रियं मधु पवते" – यज्ञ का प्रकाशक देवों के लिये प्रिय ऐसा यह मधुर सोमरस निकाला गया है। "देवानां जनिता पिता विभूवसुः अपीच्यं रत्नं स्वधयोः दधाति–" "देवों में देवत्व उत्पन्न करनेवाला"; अनेक धनों से युक्त; गुप्तधन को द्यावापृथिवी के लिये धारणकर्त्ता।

मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने इस ऋचा में दूसरा महत्वपूर्ण रहस्योद्घाटन किया है कि पवमान "सोम देवों को उत्पन्न करनेवाला अर्थात् देवों में देवत्व उत्पन्न कर्त्ता है।" इसप्रकार "सोम देवता परमेष्ठी है।" इससे पहिले कहा गया है कि सोम की रश्मियाँ अग्नि के समान तेजस्वी हैं और यह द्यावापृथिवी को प्रकाशित करता है।

ज्योति शब्द का अर्थ है : आत्मा, सूर्य, अग्नि, नक्षत्र, प्रकाश, द्युति, नेत्र की पुतली का मध्य बिन्दु आदि। इस ऋचा में यज्ञ की ज्योति सोम का अर्थ गूढ़तम और रहस्यमय है। यज्ञ की आत्मा सोम है अथवा यज्ञ आदिज्ञान (सूर्य) है या यज्ञ ब्रह्म ज्ञान प्रदाता है। यह स्मरण रहे कि ऋग्वेद में निरन्तर कहा गया है कि सृष्टि का आत्मा यज्ञ है। यज्ञ का आत्मा अमृतानन्द है। सृष्टि अग्नि सोमात्मक है।।ऋग्वेद 9.86.10।।

ज्योतिर्यज्ञस्य पवते मधु प्रियं पिता देवानां जनिता विभूवसुः।
दधाति रत्नं स्वधयोरपीच्यं मदिन्तमो मत्सर इन्द्रियो रसः।।
।।ऋग्वेद 9.86.10।।

यज्ञ से उत्तम बुद्धियाँ प्राप्त

"वः धियः मन्द्रयुवः विपन्युवः पनस्युवः संवसनेषु प्र अक्रमुः" – आपकी उत्तम बुद्धियाँ स्तोता याजक यज्ञकर्त्ता यज्ञों से प्राप्त करते हैं। "सोमं मनीषाः स्तुभः अभ्यनूषत" – सोम (मन का स्वामी चन्द्रमा : पुरुषसूक्त) की स्तुतियाँ मननशील विद्वान् करते हैं। ऋग्वेद के अनुसार यज्ञकर्म में ब्रह्मविद्या–आत्मविद्या–सृष्टिविद्या के प्रकाण्ड विद्वानों को विशेष रूप से ससम्मान आमन्त्रित कर एकत्र किया जाता है। दूसरे, वेद का कठोर निर्देश है कि यज्ञ के अष्ट ऋत्विक् (ब्रह्मविद्या के) विद्वान् हों। यज्ञ में परमेष्ठी एवं यज्ञकर्म पर गहन चर्चा किये जाने की परम्परा रही। ऋत्विक को कड़ा निर्देश रहा कि वह मन्त्र–स्तुति का आशय यज्ञकर्त्ता आदि को समझाये। यज्ञ लोककल्याण, लोक अभ्यदुय, लोकसंग्रह आदि के लिये हो। सोम अथवा चन्द्रमा तत्त्व पर मननशील विद्वान् ही प्रकाश डाल सकते हैं। इसके परिणाम स्वरूप याजक आदि को उत्तम बुद्धियाँ प्राप्त होना निश्चित है।

हे सोम देव! आपकी सुबुद्धियाँ स्तोता, याजक आदि यज्ञगृहों में प्राप्त करते हैं। आप मन के स्वामी हैं, मननशील आपकी स्तुति करते हैं। सोम वनस्पतियों के रस में मधुर गोरस मिलाया जाता है।।ऋग्वेद 9.86.17।।

प्र वो धियो मन्द्रयुवो विपन्युवः पनस्युवः रांवसनेष्वक्रमुः।
सोमं मनीषा अभ्यनूषत स्तुभो ऽभि धेनवः पयसेमश्रियुः।।
।।ऋग्वेद 9.86.17।।

यज्ञीय सोम ज्ञानवर्धक

इस ऋचा में यज्ञीय सोम को ज्ञान में वृद्धि करनेवाला कहा गया है। यहाँ मन्त्रद्रष्टा ऋषि "ज्ञान यज्ञ सत्र" का संकेत दे रहा प्रतीत होता है। "विपश्चिते पवमानाय गायत" – ज्ञान बढ़ानेवाले सोम की स्तुति के मन्त्रों का पाठ करो। उनके सामवेद के मन्त्रों का उत्तम गायन करो। "अहिः न जूर्णां त्वचं अति अर्षति" – यह सोम सर्प के समान अपनी त्वचा को दूर करता है और रस देता है। अर्थात् सोमवल्ली समूह को छीलकर रस निकाला जाता है।

हे ऋत्विजो! सर्वज्ञ सोम की स्तुति करो, यह ज्ञान वर्धन करनेवाला है। वह बड़ी वृष्टि की धारा के समान अन्न देता है। इसे छीलकर रस निकाला जाता है। अश्व की तरह बल, शक्ति एवं गति युक्त हरित सोम क्रीड़ा करता हुआ कलश में आता है।।ऋग्वेद 9.86.44।।

विपश्चिते पवमानाय गायत मही न धारात्यन्धो अर्षति।
अहिर्न जूर्णामति सर्पति त्वचमत्यो न क्रीळन्नसरदवृषा हरिः।।
।।ऋग्वेद 9.86.44।।

यज्ञ अनादि काल से : यज्ञ शाश्वत!

मन्त्रद्रष्टा कवि उशना काण्य ने इस ऋचा में अभूतपूर्व रहस्य प्रस्तुत किया है, कि "यज्ञ अनादि काल से अनवरत हो रहे हैं।" अर्थात् वेद के रचनाकाल अथवा 39 लाख वर्ष से भी पूर्व दृषद्वती एवं सरस्वती महानदियों के किनारे यज्ञायोजन होता रहा है। इसी के साथ यह भी स्पष्ट किया गया है कि यज्ञ में सोम समर्पण की समृद्ध परम्परा अनादि काल से है।

"शतशाः सहस्रसाः भूरिदावा वाजी शश्वत्तमं बर्हिः आ अस्थात्" – अनन्त लाभकर्त्ता एवं बल वृद्धि कर्त्ता सोम "अनादि काल से यज्ञ में आता रहा। अथवा अनादि काल से सोम यज्ञ किया जाता रहा है।"

हे इन्द्र! आप बलशाली हैं। आपके लिये यह मधुर सोम छननी में छाना जाता है। यह सोम अनन्त शुभ गुणों से युक्त है। अत्यन्त लाभप्रद सोम शाश्वत यज्ञ में आकर रहता है।।ऋग्वेद 9.87.4।। यहाँ स्मरण रहे कि सृष्टि में सूर्य देवता शाश्वत यज्ञ कर रहे हैं। जिस दिन यह सृष्टि यज्ञ बंद होगा पृथिवी पर जीवन नष्ट हो जायेगा। इसी तरह देह में प्राण–अपान का यज्ञ शाश्वत है। यह प्राण–अपान रूपी जीवनयज्ञ बंद होते ही मृत्यु होती है। अतः यज्ञ शाश्वत है।

एष स्य ते मधुमाँ इन्द्र सोमो वृषा वृष्णं परि पवित्रे अक्षाः।
सहस्रसाः शतमा भूरिदावा शश्वत्तमं बर्हिरा वाज्यस्थात्।।4।।
।।ऋग्वेद 9.87.4।।

यज्ञ की सत्य नौका

मन्त्रद्रष्टा ऋषि उशना काव्य ने "यज्ञ को सत्य नौका की संज्ञा दी है।" "ऋतस्य नावं"।। सप्त सिन्धुओं के जलों में मिश्रित होनेवाला तेजस्वी सोम सत्य (यज्ञ) की नौका पर आरोहण करता है। यह यज्ञस्थान में रहता है और यज्ञ करता है। दिव्य पक्षीराज श्येन सोम को द्युलोक के शत लोह घेरे में भेद कर लाया। इसमें मधुर जल मिश्रित किया जाता है, जिससे यह बढ़ता है। यह सोम द्युलोक अथवा परमव्योम में उत्पन्न हुआ। यज्ञकर्त्ता इस सोम का रस निकाले।।ऋग्वेद 9.89.2।।

राजा सिन्धूनामवसिष्ट वास ऋतस्य नावमारुहद्रजिष्ठाम्।
अप्सु द्रप्सो वावृधे श्येनजूतो दुह ई पिता दुह ईं पितृर्जाम्।।2।।
।।ऋग्वेद 9.89.2।।

सप्त ज्ञानी तत्त्वज्ञ ऋषि यज्ञकर्त्ता

"सप्त विप्राः ऋषयः ईं उप अग्मन्" – सप्त तत्त्वज्ञ ज्ञानी ऋषि इस सोम के पास जाते हैं और यज्ञ में देवों को सोम समर्पित करते हैं। यहाँ

मन्त्रद्रष्टा ऋषि मूलतः सप्त प्रकार के ऋषियों की ओर संकेत कर रहा है। रत्नकोष के अनुसार सप्तर्षियों के प्रकार हैं – ब्रह्मऋषि, देवर्षि, महर्षि, परमर्षि, काण्डर्षि, श्रुतर्षि एवं राजर्षि।

सप्त बह्मर्षि देवर्थि महर्षि परमर्षयः।

काण्डर्षिश्च श्रुतर्षिश्च राजर्षिश्च क्रमावरा।।रत्नकोष।।

इस दृष्टि से वसिष्ठ आदि ब्रह्मर्षि; काण्व आदि देवर्षि; भेल आदि परमर्षि; व्यास आदि महर्षि; जैमिनी आदि काण्डर्षि; सुश्रुत आदि श्रुतर्षि एवं ऋतुपर्ण आदि राजर्षि हैं। ऋग्वेद में वसिष्ठ, व्यश्व, कुत्स, अत्रि, रेभ, अगस्त्य, कुशिक आदि ऋषि के रूप में आते हैं। सप्तर्षि समूह में – मरीचि, अत्रि, अंगिरा, पुलस्त्य, पुलह, ऋतु एवं वसिष्ठ सम्मिलित हैं। ऋषि वेद के मन्त्रों से साक्षात्कार करनेवाले रहे : "ऋषयो मन्त्रद्रष्टारः।।"

ज्ञानी सोम मननशीलों का निरीक्षण करनेवाला है। इसे जल के साथ मिलाकर यज्ञस्थान में छाना जाता है। यह हवन कर्त्ताओं की तरह यज्ञवेदी के समीप पात्रों में विराजमान होता है। सप्त प्रकार के तत्त्वज्ञ ज्ञानी ऋषि स्तोत्र पाठ करते हुए इसे देवताओं को समर्पित करते हैं। इससे स्पष्ट है कि यज्ञ में सभी सप्त प्रकार के तत्त्वज्ञ ज्ञानी ऋषि गण भाग लें। जिससे यज्ञ में ज्ञान–यज्ञ भी सम्पन्न हो।।ऋग्वेद 9.92.2।।

अच्छा नृचक्षा असरत् पवित्रे नाम दधानः कविरस्य योनौ।

सीदन होतेव सदने चमूषूपेमग्मन्नृषयः सप्त विप्राः।।ऋग्वेद 9.92.2।।

यज्ञ में सत्य स्थान सोम का

"तत् पवमानस्य सत्यं अस्तु" – सोम का यज्ञ में सत्य स्थान है। "यत्र विश्वे कारवः संनसन्त" – जहाँ समस्त स्तोता–विद्वान् गण मिलकर बैठते हैं। अर्थात् यज्ञ के सत्य स्थान में विद्वान् स्तोता गण–याजक गण सोम (मन के अधिपति चन्द्रमा; अमृतानन्दरस) के साथ बैठते हैं। यह सूत्रात्मक रूप में ज्ञानयज्ञ है। "यत् ज्योतिः अह्ने लोकं अकृणोत्" जो ज्योति दिन के लिये प्रकाश देती है। " मनुं प्रावत्" – यह ज्योति (ज्ञान) मनुष्य का संरक्षण करती है। सत्य ज्ञान ही मननशील का रक्षक है। "दस्यवे अभीकं कः" – सोम अपना तेज दस्युओं (अज्ञान, षट्कर्म, अविद्या, दुष्कर्म) के विनाश के लिये प्रदान करता है।।ऋग्वेद 9.92.5।। यह स्मरण रहे कि ऋग्वेद की ऋचाओं में यज्ञ को ऋत एवं सत्य कहा गया है।

तन्नु सत्यं पवमानस्यास्तु यत्र विश्वे कारवः संनसन्त।

ज्योतिर्यदह्ने अकृणोदु लोकं प्रावन्मनुं दस्यवे करभीकम्।।5।।

।।ऋग्वेद 9.92.5।।

यज्ञीय सोम सर्वज्ञ

"स्वर्विदे भुवनानि प्रयन्त" – सर्वज्ञ (सब कुछ जाननेवाला; परमेष्ठी) सोम के लिये भुवन विस्तीर्ण करता है। "अमृतस्य धाम द्विता व्यूर्ण्यन्" – सोम अमृत के दो धामों–स्थानों में व्यापता है। ऋग्वेद में जिससे मृत्यु नहीं होती एवं अमरत्व प्राप्ति करवाने द्रव्य को अमृत कहा गया है। ऋग्वैदिक चन्द्रमा सोम– अमृत प्रधान है। सोम का अर्थ है – उमया सह (उमा सहित)। यह उल्लेखनीय है कि विभुसत्ता की आनन्दवृत्ति (इच्छा एवं क्रिया शक्ति का नाम रूप) उमा है। इसप्रकार उमा का अभिप्राय आनन्द है। उधर कोषग्रन्थों में सोम का आशय "अमृतं सूते" (षु अभिषवे, मन) है। सोम अमृत स्राव (झरना) है। ब्रह्मविद्या में "सोम आनन्दामृतरस है।" "हठयोग में वेदानुसरण में चन्द्रमा से जो अमृत झरता है उसे सच्चा अमृत कहा गया है।" वैसे यज्ञरोष द्रव्य, ब्रह्माण्डीय आपः, घृत, मुक्ति और आत्मा को भी अमृत कहा गया है।

सोम द्युलोक और भूलोक की सोम वनस्पतियों (दो स्थानों पर) में उपलब्ध है (वैसे यज्ञीय ओषधियों में सोम अंश है)। ऋचा में कहा है कि सोम अमृत के धाम में दो प्रकारों से अपने तेज से व्यापता है अथवा अध्यात्मिक रूप से सोम में दो बार आपः (जल) मिलाया जाता है। उस समय सर्वज्ञ सोम के लिये भुवन विस्तीर्ण होते हैं। यज्ञस्थान में स्तुति करनेवाली वाणियाँ यज्ञ की कामना से सोम की स्तुति करती हैं। जैसे गोवंश गोशाला में रहता है, उसी तरह सोम यज्ञस्थल में रहता है।।ऋग्वेद 9.94.2।।

द्विता व्यूर्ण्वन्नमृतस्य धाम स्वर्विदे भुवनानि प्रथन्त।
धियः पिन्वानाः स्वसरे न गाव ऋतायन्तीरभि वावश्र इन्दुम्।।2।।
।।ऋग्वेद 9.94.2।।

यज्ञ : मन्त्रों के गुह्यार्थ प्रगट!

"देवः देवानां गुह्यानि नाम प्रवाचे बर्हिषि आविः कृणोति" – सर्वज्ञ तेजस्वी सोम याजकों को देवों के गुह्य गुण–धर्म स्वरूपी नामों की स्तुति करने के लिये प्रवृत्त करता है। महाविद्वान् यज्ञ में देवों के गुह्य गुण–धर्म रूपी नामों के अर्थों की व्याख्या करते हैं। मन्त्रों–पदों–स्तुतियों के गुह्य अर्थ ही मुख्य होते हैं। इसलिये पदों आदि के गुह्य अर्थ को समझना अत्यन्त आवश्यक है। वेद के संस्कृत शब्द अनेक अर्थोंवाले हैं। जैसे अश्व का अर्थ–काल, त्र्यम्बक सोम, सूर्य, अग्नि, राष्ट्र, पूर्ण पुरुष–परमेष्ठी, सृष्टि, यज्ञ, गति, शक्ति, बल, घोड़ा आदि है। वेदों के अलग–अलग मन्त्रों (ऋचाओं) में अश्व के अलग–अलग अर्थ हैं। जिससे मन्त्रों के अर्थ ब्रह्मज्ञ ही समझा सकते हैं। ऋग्वेद में यह स्पष्ट निर्देश है कि ऋत्विज् यज्ञीय मन्त्रों के अर्थ यज्ञकर्त्ता को

बताये। साथ ही मन्त्र पाठ बहुत तीव्र अथवा मन्द गति से नहीं हो। यह उल्लेख आता है कि त्वष्टा के पुत्र द्वारा गलत मन्त्रपाठ के कारण इन्द्र ने उसका संहार किया।

मन्त्रद्रष्टा क्रान्तदर्शी कवि प्रस्कण्व काण्व ने इस ऋचा में कहा है कि "यज्ञ में विद्वान् वैदिक मन्त्रों के गुह्य अर्थ की व्याख्या करें। जिससे यज्ञ में भाग लेनेवाले देवों के गुह्य गुण–धर्म को आत्मसात कर सकें।" "अरिता नावं इव" नौका चलानेवाला जैसे नौका को चलाता है। "सृजानः हरिः ऋतस्य पथ्यां वाचं इयर्ति" – हरित वर्ण का सोमरस यज्ञ की मार्गदर्शक स्तुति रूप वाणी को प्रेरित करता है।।ऋग्वेद 9.95.2।।

हरिः सृजानः पथ्यामृतस्येयर्ति चाचमरितेव नावम्।
देवो देवानां गुह्यानि नामाऽऽविष्कृणोत्ति बर्हिषि प्रवाचे।।2।।
।।ऋग्वेद 9.95.2।।

यज्ञ उत्तम कर्म

यज्ञ से उत्तम पराक्रम–उत्तम रीति से कर्म

"सुवीर्यस्य पतयः श्याम" – हम उत्तम पराक्रम उत्तम रीति से कर्म करनेवाले होंगे। "यत् इन्द्रः च क्षयथः" – जब इन्द्र एवं सोम यज्ञ में विराजमान होते हो। "मनीषां विष्य" – बुद्धि को यज्ञ करने की प्रेरणा प्रदान करो। "होतुः प्रवक्ता इव" – यज्ञ करनेवाले सहायक के समान आप सहायक हो; हमसे "यज्ञ के समान उत्तम कर्म" कराओ।

हे सोम! आप स्तुति करने की प्रेरणा देनेवाले हो। यज्ञ करनेवाले के सहायक के समान शुद्ध होनेवाले हो। आप हमारी "बुद्धि को यज्ञ करने की प्रेरणा करें।" आप एवं इन्द्र दोनों यज्ञ में विराजमान होते हो, उस समय हम उपासक उत्तम भाग्य के स्वामी होंगे और उत्तम पराक्रम उत्तम रीति से कर्म करनेवाले होंगे।

इस ऋचा में "यज्ञकर्म को उत्तम कर्म और यज्ञ से उत्तम पराक्रम उत्तम रीति से करनेवाले होने" की घोषणा की गई है।।ऋग्वेद 9.95.5।।

इष्यन् वाचमुपवक्तेव होतुः पुनान इन्दो वि ष्या मनीषाम्।
इन्द्रश्च यत् क्षयथः सौभगाय सुवीर्यस्य पतयः स्याम।।2।।
।।ऋग्वेद 9.95.5।।

यज्ञ देवस्थान : सोम से बुद्धियों में वृद्धि

"सोमः दिवः पृथिव्यः अग्नेः सूर्यस्य; इन्द्रस्य उत विष्णोः जनितः" – सोम द्युलोक, पृथिवी, अग्नि, सूर्य, इन्द्र एवं विष्णु आदि को यज्ञ में लाता है। उन्हें उपास्य के रूप में यज्ञस्थान में रखता है। सोमयाग में समस्त देव रहते

हैं और यज्ञ पूर्ण होता है। इसलिये यज्ञस्थान देवस्थान कहलाता है। "सोमः मतीनां जनिता" – सोम बुद्धियों को उत्पन्न करता है। अर्थात् सोम पान करने से बुद्धियों में वृद्धि होती है।

सोमः पवते जनिता मतीनां जनिता दिवो जनिता पृथिव्याः।
जनिताग्नेर्जनिता सूर्यस्य जनितेन्द्रस्य जनितोत विष्णोः।।5।।

यज्ञ में सोम का रस निकाला जाता है। यह बुद्धियों का निर्माण करता है। द्युलोक का निर्माण करता है। पृथिवी का निर्माण करता है। अग्नि की रचना करता है। सूर्य–इन्द्र–विष्णु का निर्माण करता है।।ऋग्वेद 9.96.5।।

सोमः पवते जनिता मतीनां जनिता दिवो जनिता पृथिव्याः।
जनिताग्नेर्जनिता सूर्यस्य जनितेन्द्रस्य जनितोत विष्णोः।।
।।ऋग्वेद 9.96.5।।

सोम–ब्रह्मा, ऋषि, श्येन समान

यह आनन्दामृत–सोम देवों में ब्रह्म के समान, ज्ञानियों में सर्वज्ञ के समान, महाविद्वानों में मन्त्रद्रष्टा क्रान्तदर्शी ऋषि के समान, पक्षियों में पक्षीराज श्येन के समान, मृगों में महाबली महिष के समान एवं हिंसकों में संहारक शस्त्र के समान है। यह सोमरस यज्ञ पात्रों में शब्द करता है।।ऋग्वेद 9.96.6।।

ब्रह्मा देवानां पदवीः कवीनामृषिर्विप्राणां महिषो मृगाणाम्।
श्येनो गृध्राणां स्वधितिर्वनानां सोमः पवित्रमत्येति रेभन्।।6।।
।।ऋग्वेद 9.96.6।।

यज्ञ प्राचीन काल से अथवा वेद पूर्व से

मन्त्रद्रष्टा कवि दैवोदासि प्रतर्दन ने पुनः रहस्योद्घाटन किया है कि "यज्ञ वैदिक काल (39 लाख वर्ष पूर्व) से पहिले आदि काल से किया जाता रहा और प्राचीन काल के यज्ञ में सोम प्रयुक्त होता रहा," अर्थात् यज्ञ आदिकाल से सम्पन्न होता रहा। उस समय के यज्ञकर्त्ताओं को दिव्य सोम का ज्ञान था।

"पूर्व्यः वसुवित् जायमानः सः अप्सु मृजानः अद्रौ दुहानः अभिशस्तिपाः भुवनस्य राजा पूयमानः ब्रह्मणे गातुं विदत्" – प्राचीन काल से यज्ञ में लाया हुआ, धनवान होनेवाला वह सोम, जल में मिलाकर शुद्ध होता हुआ, पत्थरों से पीस कर रस निकाला, छननी से छानकर यज्ञ में आता है। यज्ञ में देवों को सोम अर्पण के बाद ऋत्विज्–याजकादि सेवन करते हैं।

पूर्व काल के ऋत्विज्ों द्वारा सोम यज्ञ में लाया गया। यह धन से युक्त सोम जलों में मिलाकर छाना जाता है। सोम वनस्पतियों को पीस कर

रस निकाला जाता है। यह सोम समस्त उत्पन्न पदार्थों का राजा एवं शत्रुओं से रक्षण कर्त्ता है। यह यज्ञ के लिये मार्ग जानता है।।ऋग्वेद 9.96.10।।

स पूर्व्यो वसुविज्जायमानो मृजानो अप्सु दुदुहानो अद्रौ।
अभिशस्तिपा भुवनस्य राजा विदद्गातुं ब्रह्मणे पूयमानः।।10।।
।।ऋग्वेद 9.96.10।।

यज्ञ : उत्तम प्राण, दीर्घजीवन

"वायुं अभि गमय" – हमें उत्तम प्राण प्राप्त हो। अर्थात् दीर्घायुष्व प्राप्त हो। उत्तम यज्ञीय साधनों से युक्त, यज्ञकर्त्ताओं द्वारा शुद्ध किया गया सोम! आप गुह्य सुन्दर रसात्मक स्वरूप प्राप्त करो, रसरूप हो जाओ। आप अश्व के समान गतिमान् हो। अथवा आप परमेष्ठी हो। आप हमारी कामनानुसार तत्काल अन्न प्रदान करो। हे यज्ञीय सोम! हमें उत्तम प्राण प्राप्त कराओ। साथ ही गोरस रूपी ज्ञान प्रदान करो।।ऋग्वेद 9.96.16।। इस ऋचा में यज्ञ–सोम–उत्तम प्राण में तादात्म्य प्रदर्शित किया गया है।

स्वायुधः सोतृभिः पूयमानो ऽभ्यर्ष गुह्यं चारु नाम।
अभि वाजं सप्तिरिव श्रवस्या ऽभि वायुममि गा देव सोम।।16।।
।।ऋग्वेद 9.96.16।।

सोम सुवर्ण से दिव्य शक्ति युक्त

मन्त्रद्रष्टा कवि मैत्रावरुणिर्वसिष्ठ ने यज्ञीय सोम के सुवर्ण के साथ शुद्ध होकर दिव्यशक्ति युक्त होने की चौंकानेवाली जानकारी दी है। यह उल्लेखनीय है कि वनस्पतियों में काशीफल एवं विल्वफल (श्रीफल) में प्रचुर मात्रा में सुवर्ण होता है। जम्बूद्वीप के ककुदवाले गोवंश के गोमूत्र, गोदुग्ध एवं गोबर में सुवर्ण रहता है। "नाईन अननोन" में लिखा है कि वाराणसी की गुहा में सुवर्ण को जड़ी–बूटी से तरल कर गंगा की महाधारा में छोड़ा जा रहा था, ताकि गंगा के जल में कभी नहीं सड़ने की दिव्यता यथावत रहे।

"अस्य प्रेषा हेमना पूयमानः देवः देवभिः रसं समपृक्त' – इस दिव्य सोम की दिव्य शक्ति सुवर्ण के साथ शुद्ध होकर जाग्रत होती है। सुवर्ण के कारण सोम अपनी शक्ति से संयुक्त होता है। सोम रस निकालते हुए उसके सुवर्ण से स्पर्श का विशेष ध्यान रखा जाता रहा। सोमरस को सुवर्ण के पात्रों में रखने का विधान रहा। यज्ञकर्ता इसकी व्यवस्था करता। इस "सुवर्ण स्पर्श से सोमरस में दिव्य शक्ति प्रगट होती है।" वैदिक काल के ऋषि "महारसज्ञ सिद्ध" रहे और आवश्यकता अनुसार सुवर्ण निर्माण करते रहे। यहाँ विगत बीसवीं शती के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ब्रह्मानन्द सरस्वती एवं जयपुर के राजगुरु रहे पण्डित श्री विद्यानाथ ओझा का वृत्तान्त इसका साक्षी है। अनेक

कारणों से 165 वर्ष तक श्रीज्योतिर्पीठ, बदरीनाथ, उत्तराखण्ड में कोई शंकराचार्य नहीं था। अन्त में 1941 में (ज्ञानगंज दीक्षित) स्वामी ब्रह्मानन्द को शंकराचार्य पद पर विराजमान किया गया। विगत 165 वर्षों में श्री ज्योतिर्पीठ के मठ, मन्दिर आश्रम आदि जीर्ण–शीर्ण हुए। शंकराचार्य स्वामी ब्रह्मानन्द सरस्वती प्रतिदिन वांछित धनराशि कक्ष बन्द कर उत्पन्न कर देते रहे। बीसवीं शती के अन्तिम दशक में राजगुरु श्री विद्यानाथ ओझा गठिया आदि के कारण चलने में अशक्त रहे। राजगुरु ओझा (लेखक को) मन्त्रशक्ति से धन बनाकर देते रहे।

यह सोम अपनी प्रेरक शक्ति सुवर्ण के साथ शुद्ध होकर दिव्यशक्ति के साथ समपृक्त होता है। सुवर्ण–सम्पर्क से सोमरस में दिव्यशक्ति प्रगट होती है। यह सोमरस छानते हुए शब्द करता है। हवनकर्त्ता गोधन–पशुधन से समृद्ध घर के समीप यज्ञार्थ जाता है।।ऋग्वेद 9.97.1।।

अस्य प्रेषा हेमना पूयमानो देवो देवेभिः समपृक्त रसम्।
सुतः पवित्रं पर्येति रेभत् मितेव सद्मे पशुमान्ति होता।।1।।
।।ऋग्वेद 9.97.1।।

ज्ञानयज्ञ : महाज्ञानी सदैव जाग्रह रहे, हमेशा उपदेश करता रहे

यज्ञ और सोम के रहस्यों की व्याख्या करते हुए एकाएक मन्त्रद्रष्टा क्रान्तदर्शी ऋषि ने ऋचा में महान् विद्वानों की भूमिका को रेखांकित किया है। ''विचक्षणः जागृविः'' – महाज्ञानी सदैव जाग्रत रहे और ब्रह्मज्ञान का योग्य उपदेश देता रहे। जिससे इन उपदेशों को सुननेवाले हमेशा जाग्रत रह कर योग्य मार्ग से चलकर अभ्युदय, उन्नति प्राप्त करने में समर्थ हो जाय। ''महान् कविः निवचनानि शंसन्'' – उत्तम क्रान्तदर्शी मन्त्रद्रष्टा ज्ञानी सदैव उत्तम उपदेश करे। जिससे उस उपदेश को सुननेवाले, उत्तम आचरणवान् बनें। ''भद्रा वस्त्रा वसानः'' – मनुष्य कल्याण करनेवाले वस्त्र पहने। हानि करनेवाले वस्त्र कदापि नहीं पहने। अर्थात् सात्विक प्रकृतिवाले (रंगवाले एवं रूपाकार) वस्त्र ही धारण करे, तामसी आदि प्रकृतिवाले वस्त्रों का सर्वथा त्याग करे। वैदिक काल में सात्विक प्रकृतिवान् श्वेत वस्त्रों का चलन रहा। प्रकारान्तर में सभी धर्मों ने इसे अपनाया।

ऋग्वेद के प्रथम एवं सप्तम मण्डल की ऋचाओं (1.72.8; 7.2.5) में ''स्वाध्याय'' की महिमा का गान किया गया है। ''ऋतज्ञाः रायः दुरः विदन्'' (ऋग्वेद 1.72.8) का अर्थ है कि सत्य को जाननेवालों ने सर्वैश्वर्य का मार्ग जान लिया। शतपथ ब्राह्मण (11.5.6.2) में कहा गया है : ''स्वाध्यायो वै ब्रह्मयज्ञ।।'' तैत्तिरीयोपनिषत् की शिक्षावल्ली में स्वाध्याय के साथ प्रवचन के

महत्व की व्याख्या की गई है : "ऋतं च स्वाध्यायप्रवचने च।।" अर्थात् स्वाध्याय एवं प्रवचन प्रतिदिन करे और उसमें प्रमाद नहीं करे। तैत्तिरीयोपनियत् का यह कथन ऋग्वेद की प्रस्तुत ऋचा का विस्तार है।

"यति दण्डी विधान" में सन्यासियों के लिये स्वाध्याय और प्रवचन का नियम बनाया गया। दूसरे शब्दों में ऋषिवर–ब्रह्मविद्–ब्रह्मजिज्ञासु आदि नित्य स्वाध्याय (वेदादि अध्ययन) करे और प्रवचन करे।

ऋचा में कहा है कि जैसे युद्ध के समय अनुकूल वस्त्र हों, उसी प्रकार कल्याण करनेवाले ब्रह्मज्ञानुकूल सात्विक वस्त्र पहने। तामसी एवं राजसी आदि वस्त्र कदापि नहीं पहने, इन्हें हानिकर कहा गया है। मन्त्रद्रष्टा क्रान्तदर्शी दूरद्रष्टा उत्तम स्तोत्र पाठकर्त्ता महाज्ञानी सदैव जाग्रत रहे और उत्तम उपदेश करे। यज्ञ में देवों के लिये कलशों में सोम रखा जाय। ओषधियों एवं सोमयाग के साथ ज्ञानयज्ञ भी हो।।ऋग्वेद 9.97.2।।

भद्रा वस्त्रा समन्या3 वसानो महान् कविर्निवचनानि शंसन्।
आ वच्यस्व चम्बोः पूयमानो विचक्षणो जागृविर्देवतीतौ।।2।।
।।ऋग्वेद 9.97.2।।

उशना ऋषि द्वारा देवों की उत्पत्ति वृत्तान्त

"उशना इद काव्यं ब्रुवाणः देवः देवानां जनिम प्रविवक्ति" – उशना ऋषि के समान काव्य करके देवों के जन्म के वृत्तान्त कहता रहा। "महिव्रतः शुचिबन्धुः पावकः वराहः रेभन् पदा अभ्येति" – महान् नियमों का पालनकर्त्ता स्वयं शुद्ध और दूसरों को पवित्र करनेवाले श्रेष्ठ दिन शब्द करता हुआ अपने पाँवों से आगे जाता है।

मन्त्रद्रष्टा ऋषि वासिष्ठो वृषगण ने इस ऋचा में कहा है कि उशना ऋषिगण के समान वैदिक ऋचाओं का उच्चारण करनेवाला एवं स्तुतिकर्त्ता रहा। "उशना ने देव देवों के जन्मों के वृत्तान्त को सुनाया।" यह शोध अनुसंधान का विषय है कि किस उशना ऋषि का उल्लेख किया गया है? इस ऋचा में "वराह" शब्द का अर्थ "शूकर" नहीं है।।ऋग्वेद 9.97.7।।

प्र काव्यमुशनेव ब्रुवाणो देवो देवानां जनिमा विवक्ति।
महिव्रतः शुचिबन्धुः पावकः पदा वराहो अभ्येति रेभन्।।
।।ऋग्वेद 9.97.7।।

यज्ञविधान : यज्ञ में वाद्य वादन

इस ऋचा ने "यज्ञकर्म में संगीत वाद्य वादन" का नया अध्याय सम्मिलित किया। वैदिक काल में ऋषि–ऋत्विक् गण शास्त्रीय संगीत के सप्तस्वरों एवं वाद्य यन्त्रों के वादन के महारथी रहे। "आंगूष्यं दुर्मषं पवमानं

सखायः बाणं प्रवदन्ति'' – सबको प्राप्त करने योग्य, शत्रु से आक्रमण जिस पर हुआ है ऐसे सोम को सम्मानित करने के लिये वाद्य बजाते हैं। ''सोम यज्ञ में वाद्य वादन करने की समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा रही।''

शत्रुओं के द्वारा आक्रमण होने पर, बलवान् वीरों के समुदाय शत्रु से त्रस्त होकर, शीघ्र शत्रु पर प्रहार करनेवाले अरिहन्त सोम के समीप यज्ञगृह में गये। वे यज्ञ में सोमपान कर शत्रु नाश करते हैं। सोम से शौर्य–पराक्रम में अभिवृद्धि होती है। सोम–चन्द्रमा मन का अधिष्ठाता है। अतः सोम पौरुष एवं शौर्य जाग्रत करता है। सोम सबको प्राप्त करने योग्य है और उस पर आक्रमण नहीं होते हैं। सोम के मित्ररूप याजक यज्ञ में वाद्य वादन करते हैं।।ऋग्वेद 9.97.8।।

प्र हंसासस्तृपलं मन्युमच्छामादस्तं वृषगणा अयासुः।
आंगूष्यं1 पवमानं सखायो दुर्मर्षं साकं प्र वदन्ति वाणम्।।8।।
।।ऋग्वेद 9.97.8।।

यज्ञ में आकाशीय दिव्य जल!

हे सोम! हमारे इस यज्ञ के कलशों में आकाशीय दिव्य जल भरने का अनुग्रह करो। यह स्मरण रहे कि हमारे परम व्योम में अनेक ब्रह्माण्ड हैं। इनकी परिधि पर सूर्य का तेज न्यूनतम रहता है। वहाँ ब्रह्माण्डीय अमृतमय आपः विद्यमान रहता है। यही परमपवित्र कैलास के मानस सरोवर एवं गोमुख (गंगा) में टपकता है। इससे जल में कभी नहीं सड़ने की दिव्यता आ जाती है। यहाँ मन्त्रद्रष्टा ऋषि ब्रह्माण्ड के दिव्य जल का उल्लेख कर रहा है। साथ ही कहा है : सोम हमें प्राप्त करने योग्य बड़ा उग्र पुत्रयुक्त धन देवे।।ऋग्वेद 9.97.21।।

एवा न इन्दो अभि देवतीतिं परि स्रत नभो अर्णश्चमूषु।
सोमो अस्मभ्यं काम्यं बृहन्तं रयिं ददातु वीरवन्तमुग्रम्।।21।।
।।ऋग्वेद 9.97.21।।

यज्ञीय सोम संस्कार : मानसिक स्तुति से

''यज्ञ विधान में यज्ञीय सोम के संस्कार की गोपन विधि है।'' ''वेनतः मनसः वाक् यदि तक्षत्'' – ''इच्छापूर्वक मन से की गई स्तुति सोम पर संस्कार (अन्तःशुद्धि, पवित्रीकरण, परिष्कृत करना) करती है।'' स्तुति से संस्कार अच्छे होते हैं। अर्थात् मानसिक स्तुतियों–मानसजप–मानसयज्ञ से सोम संस्कारित होता है और उसकी सुप्त दिव्य शक्तियाँ जाग्रत (शक्तिपात) होती है।'' ज्येष्ठस्य धर्मणि क्षोः अनीके'' – श्रेष्ठ राजा की स्तुति मुख से होती है। श्रेष्ठ स्तोता में स्तुति अन्दर से आती है।

इसतरह यज्ञ में प्रयुक्त दिव्य ओषधियों के गुण–धर्म की स्तुति करना श्रेयकर रहता है। इस सोम का संस्कार इच्छापूर्वक मनःपूर्वक स्तुति करेगी। जैसे धारण करनेवाले की वाणी में श्रेष्ठ राजा की स्तुति रहती है, उस प्रकार सर्वपालक, श्रेष्ठ सेवनीय कलश में अवस्थित सोमरस को प्राप्त करने की इच्छा करनेवाली गायें प्राप्त करती हैं, अर्थात् सोम ब्रह्मज्ञानी–ऋषि–मुनि–केशी–साध्य प्राप्त करते हैं।।ऋग्वेद 9.97.22।।

तक्षद्यदी मनसो वेनतो वाग्ज्येष्ठस्य वा धर्मणि क्षोरनीके।
आदीमायन् वरमा वावशाना जुष्टं पतिं कलशे गाव इन्दुम्।।22।।
।।ऋग्वेद 9.97.22।।

यज्ञ में तीन वाणियाँ–तीनों वेदों का पाठ

"वह्निः तिस्रः वाचः प्र ईरयति" – यज्ञ करनेवाला तीन वाणियों को पढ़ने के लिये प्रेरित होता है। अर्थात् यज्ञ में तीनों वेदों–ऋग्वेद, यजुर्वेद एवं सामवेद के मन्त्रों का पठन होता है। "ऋतस्य धीतिं ब्रह्मणः मनीषं प्र ईरयति" – यज्ञ धारणकर्त्ता ज्ञानी की बुद्धि मनुष्यों को उत्तम प्रेरणा देती है। इस प्रेरणा से मननशील उत्तम कर्म करके श्रेष्ठ बनता है।

यज्ञ में ऋत्विक् तीन वेदों की ऋचाओं–मन्त्रों का पाठ करते हैं। यज्ञ को धारण करनेवाले याज्ञिकों–ब्रह्मविदों की बुद्धि को प्रेरित करता है। गाय समूह सोम को पूछता हुआ जाता है। इच्छा करनेवाली बुद्धियाँ सोम के पास जाती हैं।।ऋग्वेद 9.97.34।।

तिस्रो वाच ईरयति प्र वह्निर्ऋतस्य धीतिं ब्रह्मणो मनीषाम्।
गावो यन्ति गोपतिं पृच्छमानाः सोमं यन्ति मतयो वावशानाः।।34।।
।।ऋग्वेद 9.97.34।।

सोम अश्वरूप

मन्त्रद्रष्टा की अन्धीगु श्यावाश्वि ने "सोम को अश्व की उपमा" दी है। सोम भी अश्व की भाँति–बल, शक्ति, गति, पराक्रम का प्रतीक है (वेद में काल, सृष्टि, यज्ञ, सर्वज्ञ, सूर्य, ब्रह्म, अग्नि, राष्ट्र, पूर्ण पुरुष, गति, शक्ति, बल को अश्व कहा गया है।)। निचोड़ा गया एवं पराक्रम युक्त सोम अपनी पवित्र धारा से अश्व की तरह बह रहा है।।ऋग्वेद 9.101.2।।

यो धारया पावकया परिप्रस्यन्दते सुतः।
इन्दुरश्वो न कृत्व्यं।।ऋग्वेद 9.101.2।।

पृथिवी पुत्र : यज्ञीय सोम वनस्पतियाँ

मन्त्रद्रष्टा ऋषि त्रित आप्त्य ने पृथिवी पर पैदा होनेवाले सोम (वनस्पतियाँ समूह) को पृथिवी (मही) का पुत्र कहा है। यह सोम यज्ञ की

ज्वालाओं को प्रेरित करनेवाला है (यज्ञाग्नि सोम से तीव्र होती है।)। यह पृथिवीलोक में दिव्य वनस्पति रूप में और द्युलोक में सोम–चन्द्रमा देवता की तरह रहता है। यह धन्य करनेवाला है।।ऋग्वेद 9.102.1।।

क्राणा शिशुर्महीनां हिन्वन्नृतस्य दीधितम्।
विश्वा परि प्रिया भुवदध द्विता।।ऋग्वेद 9.102.1।।

यज्ञ में सप्त छन्दों से सोम स्तुति

त्रित ऋषि के यज्ञ में सोम को प्रस्तर के आसानों पर विराजमान् करते हैं। इसके बाद "सप्त छन्दों के द्वारा यज्ञ के प्रिय सोम की स्तुति होती है"।।ऋग्वेद 9.102.2।। ये सप्त छन्द रूपी मातायें हैं (सप्त मातरः)।।4।।

उप त्रितस्य पाष्यो३रभक्त यद्गुहा पदम्।
यज्ञस्य सप्त धामभिरध प्रियम्।।2।।
जज्ञानं सप्त मातरो वेधामशासत श्रिये।
अयं ध्रुवो रयीणां चिकेत यत्।।4।। ऋग्वेद 9.102.2, 4।।

यज्ञीय सोम : सप्तर्षियों द्वारा स्तुति

यज्ञीय सोम छानकर पात्र में भरा जाता है। सप्त ऋषियों की वाणी सोम देव की स्तुति करती है।।ऋग्वेद 9.103.3।।

परि कोशं मधुश्रुतमव्यये वारे अर्षति।
अभि वाणीर्ऋषीणां सप्त नूषत।।ऋग्वेद 9.103.3।।

यज्ञीय सोम : सन्मार्ग प्रदर्शक, सर्वश्रेष्ठ ज्ञानी

सन्मार्ग प्रदर्शकों में सर्वश्रेष्ठ ज्ञानी, सर्वद्रष्टा, महामेधावी एवं अत्यन्त हर्षदायक यज्ञीय सोमरस पवित्र होता है। यह सोम दूरदर्शी है और देवों को प्रिय है। इसने सूर्य को अवस्थित किया है।।ऋग्वेद 9.107.7।।

सोमो मीढ्वान् पवते गानुवित्तम ऋषिर्विप्रो विचक्षतः।
त्वं कविरभवो देववीतम् आ सूर्यं रोहयो दिवि।।7।।ऋग्वेद 9.107.7।।

सत्यव्रत ऋत्विज् गण : श्रद्धा तप से सोम स्तविक

मन्त्रद्रष्टा ऋषि कश्यपो मारीच ने स्पष्ट किया कि सत्यव्रत ऋत्विजों ने श्रद्धा एवं तप से युक्त होकर वेद मन्त्रों से दिशाधिपति, कामनाओं की वर्षा करनेवाले सोम को स्तविक किया। हे सोम! आप आर्जीक देश (व्यास नदी समीप क्षेत्र) में आकर क्षरित होओ। आप इन्द्र के लिये प्रवाहित होओ।।ऋग्वेद 9.113.2।।

आ पवस्व दिशां पत आर्जीकात् सोम मीढ्वः।
ऋतवाकेन सत्येन श्रद्धया तपसा सुत इन्द्रायेन्दो परि स्रव।।2।।
।।ऋग्वेद 9.113.2।।

आनन्द : चार प्रकार!

चार प्रकार के आनन्द हैं : हर्ष, आल्हाद, प्रमोद एवं आत्मानन्द। जहाँ चार प्रकार के आनन्द हैं, जहाँ अभिलाषी की समस्त कामनाएँ पूर्ण होती हैं, वहाँ मुझे अमर कर दो। हे सोम! आप इन्द्र के लिये बहो।।ऋग्वेद 9.113.11।।

यत्रानन्दाश्च मोदाश्च मुदः प्रमुद आसते।
कामस्य यत्राप्ताः कामास्तत्र माममृतं कृधीन्द्रायेन्दो परि स्रव।।11।।
।।ऋग्वेद 9.113.11।।

"समस्त ओषधियों में सोमांश"

नवम मण्डल के अन्तिम 114वें सूक्त की दूसरी ऋचा में मन्त्रद्रष्टा कवि कश्यपो मारीच ने यह तथ्य उजागर किया कि "सोम समस्त ओषधियों का पालक है अथवा सोमांश समस्त वनस्पतियों–ओषधियों में विद्यमान है।" "सभी वनस्पतियाँ सोममय हैं।" इसीलिये यज्ञ में 203–204 से अधिक ओषधियाँ– वनस्पतियाँ प्रयुक्त की जाती हैं। यज्ञ में नवग्रह काष्ठ, सर्वोषधि और वनोषधियों की आहुति का अपना दिव्य तेजोमय प्रभाव होता है। यह अप्रत्याशित अभूतपूर्व है कि सोमयाग का गूढ़तम रहस्य वेद में नवम मण्डल के अन्त में उद्घटित किया गया। "इसप्रकार 203 से अधिक ओषधियों का महायज्ञ सोमयाग है।"

हे कश्यप ऋषि! मन्त्र–स्तुति–ऋचा रचयिता की जिनसे सोम रूपवित होता है, उस सोम की स्तुति कर। यह सोम वनस्पतियों (ओषधियों) का पालक है। उस वनस्पतियों के राजा सोम को यज्ञ में सत्कार पूर्वक प्रणाम कर। हे सोम! आप इन्द्र के लिये प्रवाहित होने का अनुग्रह करो।।ऋग्वेद 9.114.2।।

ऋषे मन्त्रकृतः स्तोमैः कश्यपोद्वर्धयन् गिरः।
सोम नमस्य राजानं यो जज्ञे वीरुधां पतिरिन्द्रायेन्दो परि स्रव।।2।।
।।ऋग्वेद 9.114.2।।

सप्तादित्य, अनेकसूर्य, सप्त दिशा, सप्त होता–ऋत्विज्!

इस ऋचा में कहा है : "सप्त होता ऋत्विज् (यज्ञकर्त्ता सात ऋत्विज्), सप्त दिशायें और अनेक सूर्य (सप्त आदित्य द्युलोक अवस्थित) हैं।" हे सोम! आप उनके साथ हमारी रक्षा करो। आप इन्द्र के लिये बहते रहो।।ऋग्वेद 9.114.3।। ऋग्वेद के पूर्व मण्डल में "अष्ट ऋत्विकों" के नाम मिलते हैं। मूलभूत रूप से अनेक ब्रह्माण्डों में अनेक सूर्य हैं।

सप्त दिशो नानासूर्याः सप्त होतार ऋत्विज्ः।

देवा आदित्या ये सप्त तेभिः सोमाभि रक्ष न इन्द्रायेन्दो परि स्रव।।3।।

।।ऋग्वेद 9.114.3।।

ऋचाओं में यज्ञ की विभिन्न प्रकार से व्याख्या

9.1.1, 4; 9.3.5; 9.4.4, 9; 9.5.1, 11; 9.6.1, 5, 6, 9; 9.7.2–7; 9.8.2–4; 9.9.3, 5, 6; 9.10.1, 2, 3, 7, 8, 9; 9.11.1, 5, 6; 9.12.1–6; 9.13.2, 3, 6, 9; 9.14. 1, 2, 5, 6; 9.15.2, 3, 5, 7, 8; 9.16.1, 7; 9.17.4, 6–8; 9.19.3, 4; 9.20.6; 9.21.5, 7; 9.22.3, 6, 7; 9.23.1, 2, 6; 9.24.3; 9.25.3, 4, 6; 9.26.1, 4, 5; 9. 27.2, 3; 9.28.1, 2, 4, 5; 9.29.2; 9.30.2, 4; 9.31.5; 9.32.2, 4, 5; 9.33.2; 9. 34.1, 5; 9.35.5; 9.36.3, 4; 9.37.6; 9.38.1–4; 9.39.1, 3, 6; 9.40.2; 9.41. 4–6; 9.43.1; 9.44.1, 2, 6; 9.45.5; 9.46.1–4; 9.47.1, 2, 5; 9.48.1, 3, 5; 9. 49.3; 9.51.1; 9.52.3; 9.53.4; 9.55.2, 3; 9.56.2; 9.57.3; 9.58.1, 2; 9.59.3; 9. 60.1, 2; 9.61.12, 13, 21, 27; 9.62.4, 5, 10, 13, 15, 18–25, 27, 29; 9.63. 2, 3, 8, 10, 14, 17, 24, 27, 28; 9.64.5, 9, 11, 13–20, 22, 23, 26, 29; 9.65.1, 2, 3, 7, 11, 14, 16, 25, 30; 9.66.2, 4, 12, 15, 23, 25; 9.67.20, 31; 9.68.4, 6–9; 9.69.1, 6, 7, 8; 9.70.4, 6–8; 9.71.1–7, 9; 9.72.1–9; 9. 73.2, 3, 7–9; 9.74.2, 5, 6, 7, 9; 9.75.4, 5, 8; 9.76.2, 5; 9.77.1, 2; 9.78. 1–3; 9.79.1, 5; 9.80.1–5; 9.82.2–5; 9.83.5; 9.84.2; 9.85.1, 6, 7, 9–12; 9.86.4, 7, 13, 14, 20, 22, 24, 26, 31, 32, 36, 40, 42, 43, 45, 46, 48; 9. 87.1, 3, 5–7; 9.88.2, 3; 9.89.1, 7; 9.90.2, 6; 9.91.1, 2; 9.92.1, 2, 3, 6; 9.94.1, 2, 4; 9.95.1, 3, 4; 9.96.2–4, 11–15, 17, 18, 19, 21–24; 9.97.1, 5, 15, 19, 22, 26–33, 37, 38, 39, 41, 46, 47, 48, 51, 52, 53, 56, 57; 9.98.9; 9.99.2, 8; 9.100.1; 9.101.2, 3, 5; 9.102.3, 4, 6–8; 9.104.1; 9.105. 1; 9.107.1, 4, 5, 6, 8, 14, 15, 16, 17, 19, 23, 26; 9.108.1, 4, 7, 8, 11, 12, 15; 9.109.7, 8, 15, 18, 20, 21; 9.111.2; 9.113.1, 4, 5; 9.112.1; 9.114. 4।।

ऋग्वेदीय यज्ञ दशम

।।अध्वर : अहिंसामय हवन; पृथिवी की नाभि यज्ञवेदी; ऋतुनुसार यज्ञकर्म; मानव जीवन ऋतु–बालपन, तारुण्य, वार्धक्य; ऋत्विज् यज्ञविधि ज्ञाता हो : ऋत्विज् यज्ञविधि से अज्ञान; हवनीय पदार्थ – उत्तम अन्न रूप; यज्ञस्थान;

ज्ञान–प्रकाश किरण; यज्ञ शान्ति दाता; स्थिर चित्त वेदी में अग्नि रखते हैं; यज्ञ : ज्ञानी हृदय में गूढ़ रहस्यमय नाम धारण; यज्ञ से पहिले अग्नि उत्पन्न हुआ; "यज्ञ का प्रभु अग्नि"; यज्ञ से कल्याण, हर तरह का अन्न; अग्नि ऋत्विक् यज्ञ समापक : द्युलोक में यजन; यज्ञवेदी में अग्नि तेज स्थापना; अग्नि : यज्ञ के सप्त स्थानों का धारण; सृष्टि जनक त्वष्टा पुत्र का इन्द्र द्वारा वध; द्यावापृथिवी का यज्ञ; "वैदिक यज्ञ के पाँच उपकरण"; मृत्यु देवता यम यज्ञकर्त्ता शरीर को मृत्यु के पास नहीं भेजता; "यम : त्रिकद्रुक यज्ञ"; "पितर यज्ञ" : सत्यस्वरूप पितर यज्ञकाल में रक्षक; यज्ञ अवशिष्ट : सदा शरीर दृढ़; यज्ञ वेदी : अग्नि का कवच; "पितृ यज्ञ"; यज्ञ : सरस्वती निरोगता, उपयोगी अन्नादि प्रदाता; "पितृमेध यज्ञ : शवदहन यज्ञ"; मन को शुभ संकल्प से युक्त कर; यज्ञ कल्याण करनेवाला; मन कल्याणकारी विचारों से युक्त हो; यज्ञांश भक्षण कर्त्ता वालखिल्य ऋषि एवं सप्तर्षि उत्पत्ति–दश आंगिरसों में समभावी कपिल; यज्ञ : सूर्य दर्शन; यज्ञ देवस्वरूप ज्ञाता, शुभ फल; यज्ञ में उपदेश का कल्याणप्रद फल : अज्ञ भी ज्ञान मार्ग पर; यज्ञ : आदित्यादि से श्रीवृद्धि; सूर्य : यज्ञ विध्वंसक राक्षसों से रक्षण; यज्ञ से देवलोक प्राप्ति : कीर्तिजनक कार्य सम्पादन; यजन से विमुख दुष्ट बुद्धि : अधोगामी नरक जाते हैं; पार्थिव अग्नि जातवेदा; यज्ञीय धूम : तेजोमय शुक्ल कान्ति द्युलोक में; यज्ञार्ह अग्नि निर्माण : मनुष्य हितार्थ; देवताओं द्वारा यज्ञकर्म; "यज्ञानुष्ठान : ब्रह्मशक्ति वर्धन;" "यज्ञानुष्ठान से देव महान्" : हवि के भाग एवं यजमान का अंश; पँच जन : हवन का सेवन करें; सूर्यमण्डल यज्ञ : "मनुर्भव जनया दैव्य जनम्"; "ब्रह्म को जानकर यज्ञ कर" : यज्ञ के लिये अश्वन्मती नदी उलांघे; परमेष्ठी का तेज : पँच देव– सप्ततत्त्व–चौतीस देवस्वरूप; परमेष्ठी का अंश : ज्योतिर्मय आत्मा; "यज्ञ सन्मार्ग"; "यज्ञ से निर्ऋति दूर"; "यज्ञ से कल्याण, पाप समापन"; "यज्ञपालक वास्तोष्पति"; "यज्ञ से असम्भव से सम्भव"; अश्वमेध यज्ञ से वृद्धि; "यज्ञ से परमेष्ठी से मित्रत्व, अमरत्व : यज्ञ सत्यस्वरूप"; "हृदयस्थ निहित बुद्धि प्रज्ञा से अग्निहोत्र कर्म"; "यज्ञ से प्रवृद्ध, उत्कर्षशील"; यज्ञ शरीर में अलंकृत : वनोषधियों से यज्ञ; "अग्नि वेदों में रखकर हवि समर्पण"; "यज्ञस्थान : उषा एवं रात्रि विराजमान्"; वनस्पति यज्ञयूप : ज्ञानी, देवों को हवि प्रदाता; "यज्ञ से वाणी : देवों ने वाणी का सर्वोत्तम रूप ऋषियों को दिया"; "यज्ञ के चार प्रमुख ऋत्विज्"; "यज्ञ से भविष्यकाल द्रष्टा–त्रिकालज्ञ; "यज्ञ से दस्यु माया नष्ट, यज्ञ विघ्नकर्त्ता नष्ट"; "सूर्य रश्मियाँ : यज्ञीय धूम सूक्ष्मस्वरूप द्युलोक में"; "यज्ञ : पृथिवी, आकाश, द्युलोक में 21 सिन्धु रहस्य"; "विश्वरूप यज्ञ"; यज्ञार्ह–यज्ञ में सबके रक्षक; "समस्त भुवनों का निर्माता विश्वकर्मा प्रथम

होता; "यश का मूल मन्त्र; "सूर्य चन्द्र द्वारा यज्ञ परिक्रमा : यज्ञ में सूर्य चन्द्र द्वारा समय ऋतु विनियमन"; यज्ञ में इन्द्राणी अग्रणी; यज्ञकर्त्ता रक्षक अग्नि का "ऋष्टि" शस्त्र; "सर्वमेध यज्ञ"; यज्ञ में प्रमुख देवता वायु अथवा अग्नि?; "होता, पोता, नेष्टा, अग्निध्र, प्रशस्ता, अध्वर्यु, ब्रह्मा, यजमान सभी अग्नि"; अश्वमेध यज्ञ–राष्ट्र संवर्धन यज्ञ; अग्नि यज्ञ साधक : सदैव सत्य ज्ञान; "यज्ञ में दक्षिणा का दाता–तत्त्वदर्शी ऋषि, ऋचा का स्तोता; "बृहस्पति का पाप! : यज्ञ की उपासना"; "अग्नि उत्पन्न होते ही यज्ञ का निर्माण कर अग्रणी हुए"; "यज्ञ : एकमेव अद्वितीय प्रभु की अनेक कल्पना"; "यज्ञ रथ संचालक–ऋग्वेद, सामवेद"; "यज्ञरूप परमेश्वर की चौदह विभूतियाँ"; "यज्ञ के पन्द्रह अंग"; प्रचेतस, सर्वश्रेष्ठ कर्मकर्त्ता, दाता का नाम अग्नि; ब्रह्मवेत्ता ज्ञानी अज्ञानी से श्रेष्ठ : कृपण का धन व्यर्थ; "हिरण्यगर्भ : यज्ञीय अग्नि उत्पन्न कर्त्ता"; अग्नि : यज्ञगृह में सर्वत्र उपस्थित, स्वयं उत्तम यज्ञ कर्त्ता; "यज्ञरूप गो : इच्छित फल"; वेन–अन्तरिक्ष में उत्पन्न जल का देवता : "वेन का यजन"; पाकयज्ञ–हविर्यज्ञ–सोमयज्ञ"; यज्ञवेदी : राष्ट्ररक्षा; "वाक् : यज्ञार्ह देवों में प्रधान"; यज्ञ : पाप से उत्तम रीति से मुक्ति; "यज्ञ : मन के संकल्प सत्य हो"; "सृष्टि यज्ञ : पँच भूत तन्तु, प्रजापति विस्तृत कर्त्ता"; "नित्य यज्ञ विधान"; यम का वाद्य नाळी; "ब्रह्मयज्ञ वृद्धि"; यज्ञ से कायाकल्प; यज्ञ चिकित्सा; "निर्ऋति–पाप देवता निवारक यज्ञ"; "वायु देवता यज्ञ : वायु देवों की आत्मा"; यज्ञ का मस्तक शरीर से पृथक्; उषा : यज्ञ सम्पादन; यज्ञ से राज्य प्राप्ति; "वाणी यज्ञस्थान में सुरक्षित"; "यज्ञ का गुप्त परम आधार : बृहत् साम से प्राप्त"; "यज्ञ के यजुर्वेदीय मन्त्र : परम ज्ञान मन से प्राप्त"; "बृहस्पति यज्ञ" : रोग भय निवारण; "प्रयाज यज्ञ" : अनुयाज अग्नि शान्ति, अभय प्रदाता; "यज्ञ : अग्नि की सप्त शिखाएँ"; "प्राण अपान यज्ञ"; परमेष्ठी के तप से ऋत एवं सत्य उत्पन्न; "यज्ञ : मनन–अन्तःकरण विचार चित्त ज्ञान ऐकमत्य"।

अध्वर : अहिंसामय हवन

मन्त्रद्रष्टा कवि त्रित आप्त्य में हिंसा रहित के लिये "अध्वर" शब्द प्रयुक्त किया है। "अ–ध्वरा" – अध्वानं सत्पथं राति–इति अध्वन् + रा + क अथवा न ध्वरति कुटिलो न भवति नच् + ध्वृ + अच, ध्वरतिर्हिंसाकर्मा तत्प्रतिषेधो निपातः अहिम्र–निरुक्त।। अध्वर–हिंसा रहित कहलाता है अथवा अहिंसामय यज्ञ अध्वर कहाता है।

"अध्वर; यज्ञः" – जो अहिंसामय हो, ऐसा यज्ञ। "अध्वरस्य यज्ञस्य होतारं"–हिंसा रहित यज्ञ का हवनकर्त्ता यह अग्नि है। इस ऋचा से स्पष्ट है

कि "वैदिक काल 39 लाख वर्ष पूर्व यज्ञ पूर्णतः हिंसा रहित रहे और यही सांस्कृतिक परम्परा वर्तमान में है।" ऋग्वेद में स्पष्ट एवं कठोर निर्देश है कि यज्ञकर्म पूरी तरह हिंसा रहित हो और उनका षट्कर्म–अभिचार के लिये प्रयोग नहीं हो। इसके ठीक विपरीत पश्चिमी विद्वानों ने यज्ञ में नरबलि–पशुबलि आदि का असत्य एवं भ्रामक प्रचार किया।

अहिंसामय यज्ञ में हवनकर्त्ता नाना प्रकार के रूप के रथ के समान स्थान में रहनेवाले यज्ञ स्वरूप कर्म के प्रजापक श्वेतवर्णवाले समस्त देवों के मुख्य इन्द्र के पास जनों के अतिथि के समान पूज्य अग्नि का हम तत्काल स्तवन करते हैं।।ऋग्वेद 10.1.5।।

होतारं चित्ररथमध्वरस्य यज्ञस्ययज्ञस्य केतुं रुशन्तम्।
प्रत्यर्धि देवस्यदेवस्य मह्ना प्रिया त्व1 ग्निमतिथि जनानाम्।।5।।
।।ऋग्वेद 10.1.5।।

पृथिवी की नाभि यज्ञस्थान

"पृथिव्याः नाभाः" – पृथिवी का नाभि यज्ञस्थान है। "इळायाः पदे जातः अरुषः अग्निः" – उत्तर वेदी के स्थान में प्रदीप्त हुआ अग्नि तेजस्वी होता है। "पुरोहितः इह देवान् यक्षि"–सामने विद्यमान अग्नि इस यज्ञस्थान में देवों को हविष्यान्न अर्पण करे। "पेशनानि वस्त्राणि वसानः" – अग्नि तेजोमय वस्त्र धारणकर्त्ता है। अग्नि के वस्त्र प्रकाश की किरण हैं।

तेजस्वी अग्नि तेजोमय प्रकाशरूपी वस्त्र धारण करनेवाला है। पृथिवी के यज्ञस्वरूप नाभि स्थान में अग्नि प्रगट हुआ, अर्थात् उत्तर वेदी में अग्नि समक्ष हुआ। यहाँ इस यज्ञ में देवों का यजन करे।।ऋग्वेद 10.1.6।। यहाँ उत्तर वेदी पर वैदिक विद्वान् प्रकाश डालें।

स तु वस्त्राण्यध पेशनानि वसानो अग्निर्नाभा पृथिव्याः।
अरुषो जातः पद इळायाः पुरोहितो राजन् यक्षीह देवान्।।6।।
।।ऋग्वेद 10.1.6।।

ऋतुनुसार यज्ञकर्म

"हे ऋतुपते! ऋतून् विद्वान् इह यज" – हे ऋतुओं के अधिपति देवता! ऋतुओं की प्रकृति जानकर यहाँ यज्ञ कर। अर्थात् यह ज्ञान आवश्यक है कि किस ऋतु में क्या होता है? यह जानकर यज्ञ करना चाहिये। यह स्मरण रहे कि ऋग्वेद की ऋचाओं में निर्देश है कि यज्ञकर्म खुले आकाश के नीचे और नदी–सिन्धु के किनारे सम्पन्न हो। ऋग्वेद के एक मण्डल में स्पष्ट किया है कि वर्षाकाल में चतुर्मास सार्वजनिक यज्ञकर्म स्थगित होगा, अर्थात् चतुर्मास में केवल मानसिक यज्ञ हो। "ये देव्याः ऋत्विजाः तेभिः इह यज" –

जो दिव्य ज्ञानवाले याजक हैं, उनके साथ आप यज्ञ करें। इससे सबका कल्याण होगा। "हे यविष्ठ। उशतः देवान् पिप्रीहि" – हे नित्य तरुण अग्ने! सबका कल्याण करने की इच्छा करनेवाले देवों को सन्तुष्ट कर। इससे वे देव सबका कल्याण कर सकने में समर्थ होंगे। "त्वं होतृणां आ यजिष्ठः असि" – आप हवन करनेवालों में मुख्य हवन कर्त्ता हो। यह ज्ञान आवश्यक है कि किस ऋतु में किसप्रकार एवं क्या हवन करना चाहिये?

हे नित्य तरुण अग्ने! सबका कल्याण करने की इच्छा करनेवाले देवों को संतुष्ट कर। इससे वे देव सबका कल्याण करने में समर्थ होंगे। हे ऋतुओं के स्वामी! ऋतुओं का विचार कर यहाँ यज्ञ कर। हे दिव्य अग्ने! आप दिव्य ज्ञानवान् ऋत्विज्ों के साथ यज्ञ करें। क्योंकि आप होताओं के मध्य मुख्य यज्ञ करनेवाले हो।।ऋग्वेद 10.2.1।। इस ऋचा में ऋतु अनुसार यज्ञ के अलावा "यज्ञ द्वारा सबका कल्याण" कहा गया है।

पिप्रीहि देवॉ उशतो यविष्ठ विद्वाँ ऋतुँऋतुपते यजहे।
ये दैव्या ऋत्विज्स्तेभिरवने त्वं होतृणामस्यायजिष्ठः।।
।।ऋग्वेद 10.2.1।।

मानव जीवन में ऋतु–बालपन, तारुण्य, वार्धक्य

इस सूक्त की प्रथम ऋचा में ऋतुओं को जानकर यज्ञ करने का निर्देश है। इसका प्रथम आशय प्रथम ऋचा में स्पष्ट किया है और दूसरा आशय चतुर्थ ऋचा में कहा है।

"येमिः ऋतुभिः देवान् कल्पयाति" – जिन ऋतुओं से अग्नि देवों को पूर्ण कर देता है, उसका विचार करके मनुष्यों को भी वैसे कार्य करने चाहिये। ये मनुष्यों के कार्य ऋतुओं के अनुकूल हों। "मानव जीवन में ऋतु–बाल्यावस्था, तारुण्य एवं वार्धक्य हैं। इनमें जैसे ऋतुनुसार–अवस्थानुसार कार्य करने चाहिये ऐसा शास्त्र में कहा है, वैसे ही समयानुकूल कार्य मनुष्य करे और जीवन को सार्थक करे।" अर्थात् "अवस्थानुसार कार्य – आचार का उपदेश है।"

"विद्वान् अग्निः तत् विश्वं आ पृणाति" – विद्वान् अग्नि वह सब पूर्ण करता है। अर्थात् उत्तम रीति से परिपूर्ण करता है। "हे देवाः। अविदुष्टरासः वयं वः व्रतानि विदुषां प्रमिनाम" – हे देवो! हम अज्ञानी आपके उत्तम कार्यों को विनष्ट करते हैं, हमें क्षमा करो।

हे देवो! हम सभी अज्ञानी आपके जो व्रत (नियम, कार्य) हैं, उनको जानकर विनष्ट कर रहे हैं। सर्वज्ञ आदिज्ञानी उन समस्त कर्मों को परिपूर्ण

करे। मानवीय जीवन बालपन, तारुण्य, वार्धक्य ऋतुएँ हैं। इनमें शास्त्र में निर्देशित कार्य करने चाहिये।।ऋग्वेद 10.2.4।।

यद्वो वयं प्रमिनाम व्रतानि विदुषां देवा अविदुष्टरासः।
अग्निष्टद्विश्वमा पृणाति विद्वान् येभिर्दवाँ ऋतुभिः कल्पयाति।।4।।
।।ऋग्वेद 10.2.4।।

ऋत्विज् यज्ञविधि ज्ञाता हो :
याजक यज्ञविधि से अज्ञानी हो सकता है

"तत् विजानन् होता यजिष्ठः ऋतुवित् अग्निः देवान् ऋतुशः यजाति" – ऋत्विज्–होता यज्ञविधि का ज्ञाता हो। ज्ञानी होता यज्ञविधि से ऋतु के अनुसार यज्ञ करके देवों को प्रसन्न करता है। अर्थात् ऋत्विज् को ऋग्वेद का गहन अनुशीलन कर यज्ञविधि में निष्णात (निष्णातोऽपिच वेदांते साधुत्वं नैति दुर्जनः।। भामिनी विलास 1.87।।) होना चाहिये। विधि के अनुसार हुए यज्ञ ही मनुष्यों का सुख, आरोग्य आदि बढ़ा सकते हैं। "दीनदक्षाः मर्त्यासः पाकत्रा मनसा यत् यज्ञस्य न मन्वते"–वैदिक ज्ञान से निर्बल मानव अपरिपक्व मन से वैदिक यज्ञविधि से अज्ञानी होते हैं। उन्हें यज्ञ ज्ञान नहीं होता है कि यज्ञवेदी का निर्माण किस प्रकार हो? यज्ञीय ओषधियाँ कौनसी हैं? यज्ञ के समय संकल्प धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष के स्थान पर लोककल्याण, लोक अभ्युदयादि हो? यज्ञवेदी में अग्नि स्थापन खड़े होकर हो। अग्नि प्रचण्ड होने पर यज्ञ प्रारम्भ करें। मन्त्रपाठ के अर्थ की सभी को जानकारी दी जाये, मन्त्र पठन अत्यन्त तीव्र एवं अत्यन्त धीमी गति से नहीं हो परन्तु तीव्र स्वर में हो। यज्ञवेदी का मुख किस दिशा में (पूर्व में) हो? यज्ञासन पवित्रतम दर्भ–कुशा के ही हों? यज्ञ में आमन्त्रित विद्वान् ज्ञानयज्ञ भी करें? भगवान् विष्णु के वामन् से विराट् होने का उपक्रम करें, अथवा विराट् होकर यज्ञ करें। यज्ञयूप काष्ठ का हो। यज्ञ खुले आकाश के नीचे नदी–महानद के किनारे हो। ऋत्विज् को ऋतुकालानुरूप यज्ञ का ज्ञान आदि हो। यज्ञायोजन शुभ दिन हो। यज्ञ में सुगन्धित द्रव्य अर्पण हो। यज्ञ में सभी सात्विक रूप से अलंकृत होकर भाग लें। ब्रह्मविदों को विशेष रूप से आमन्त्रित करें। विदुषियों को भी विशेष आमन्त्रण हो। कुटिलकर्म–अभिचारार्थ यज्ञ नहीं हो। यहाँ उल्लेखनीय है कि ऋग्वेद के दश मण्डलों में यज्ञ विधि उपलब्ध है।

वैदिक ज्ञान से निर्बल यज्ञकर्त्ता परिपक्व होनेवाले मनोबल से युक्त यज्ञकर्म विधि के ज्ञाता नहीं होते हैं। यज्ञविधि में निष्णात होता ऋत्विज् देवों के लिये ऋतु के अनुकूल यज्ञ कराता है।।ऋग्वेद 10.2.5।।

यत पाकत्रा मनसा दीनदक्षा न यज्ञस्य मन्वते मर्त्यासः।

अग्निष्टद्धोता क्रतुविद्विजानत् यजिष्ठो देवाँ ऋतुशो यजाति।।

।।ऋग्वेद 10.2.5।।

हवनीय पदार्थ : उत्तम अन्नरूप

इस ऋचा में स्पष्ट रूप से कहा है कि यज्ञ के हवनीय पदार्थ उत्तम अन्नरूप हों। अन्न शब्द का व्यापक अर्थ – जैसे सूर्यादि भी है। ''स नृवतोः क्षाः स्पार्हा क्षुमतीः विश्वजन्या इषः यजस्व'' – वहाँ मानवों से युक्त भूमि पर स्पृहणीय स्तुति करने योग्य समस्त मननशीलों का हित करनेवाले ''उत्तम अन्न का हवन'' किया जाता है।

सबका हित करनेवाले उत्तम अन्न के पदार्थों का हवन करना चाहिये। हवनीय पदार्थ मानवों के उत्तम अन्नरूप ही हो सकते हैं।।ऋग्वेद 10.2.6।। अर्थात् यज्ञ में मांस, मदिरा आदि निषेध है।

विश्वेषां ह्यध्वराणामनीकं चित्रं केतुं जनिता त्व जजान।

स आ यजस्व नृवतीरनु क्षाः स्पार्हा इषः क्षुमतीर्विश्वजन्याः।।6।।

।।ऋग्वेद 10.2.6।।

यज्ञस्थान : ज्ञान–प्रकाश किरण

''यामन् चिकित्रे'' – यज्ञस्थान में अग्नि–ज्ञान के प्रकाश किरण फैल रही हैं। ''बृहतः अस्य अग्नेः इन्धाना यमासः वग्नून् न'' – इस उग्र अग्नि की प्रदीप्त किरणें (जिव्हाएँ–लपटें) स्तुति करनेवाले ऋत्विजों को कष्ट नहीं देती हैं।

इस बृहत प्रदीप्त अग्नि की जिव्हाएँ स्तुति कर्त्ताओं को कष्ट नहीं देती हैं। अर्थात् यज्ञ में प्रदीप्त अग्नि ऋत्विजों को कष्ट नहीं होने देता है। यह यज्ञाग्नि मित्रवत् और कल्याणकारी है। यह बलवर्धक है। आदिज्ञानी एवं सर्वज्ञ (यज्ञ की) अग्नि अपने मुख से अज्ञान एवं अविद्या रूपी अन्धकार को दूर करनेवाला है और ज्ञान प्रकाश किरण यज्ञ में फैला रहा है।।ऋग्वेद 10.3.4।।

अस्य यामासो बृहतो न वग्नूनिन्धाना अग्नेः सख्युः शिवस्य।

ईड्यस्य वृष्णो बृहतः स्वासो भामासो यामन्नक्तश्चिकित्रे।।4।।

।।ऋग्वेद 10.3.4।।

यज्ञ शान्ति दाता

''त्वं इयक्षवे पूरवे धन्वन् इव प्रपा असि'' – आप यज्ञ करनेवाले मनुष्य के लिये मरुस्थल में जलस्थान के समान शान्ति देनेवाले हो। '' हे प्रत्य राजन् अग्ने''– हे पुराणे तेजस्वी अग्ने।

हे अग्ने! हम आपके लिये हवि अर्पण करते हैं और मननीय स्तुति करते हैं। आप वन्दनीय हैं। हम यज्ञों में प्रतिष्ठित अग्नि को हवि अर्पित करते हैं। अग्नि आप प्राचीन काल से हो। हे तेजस्वी अग्ने! आप यज्ञ की इच्छा करनेवाले यजमान के लिये मरुस्थल में जलस्थान की तरह शान्ति देनेवाले हो।।ऋग्वेद 10.4.1।।

प्र ते यक्षि प्र त इयर्मि मन्म भुवो यथा वन्द्यो नो हवेषु।
धन्वन्नित प्रपा असि त्वमग्न इयक्षवे पूरबे प्रत्न राजन्।।1।।
।।ऋग्वेद 10.4.1।।

स्थिर चित्त वेदी में अग्नि रखते हैं

सूखी काष्ठ में नित्य नवीन अग्नि कहीं भी उत्पन्न हो जाता है। वन में अग्नि धूमध्वजा से युक्त पिंगलवर्ण तेज में वास करता है। वह स्नान के बिना ही प्यासे वृषभ के समान जलों के पास जाता है। यह बात अलग है कि ऐसे "तेजोग्र अग्नि को स्थिर चित्तवान् यज्ञवेदी पर रखते हैं"।।ऋग्वेद 10.4.5।।

कूचिज्जायते सनयासु नव्यो वने तस्थौ पलितो धूमकेतुः।
अस्नातापो वृषभो न प्र वेति सचेतसो यं प्रणयन्त मर्ताः।।1।।
।।ऋग्वेद 10.4.5।।

यज्ञ : ज्ञानी हृदय में गूढ़ रहस्यमय नाम धारण

इस ऋचा में मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने रहस्योद्घाटन किया है कि यज्ञ में मेधावी ज्ञानी सद्धर्म के स्थान को सुरक्षित रखते हैं और स्तुति करते हैं। वे अपने गूढ़ हृदय में (वैदिक देवों के) रहस्यमय प्रधान नामों को धारण करते हैं। यद्यपि आहुतियाँ देनेवाले बड़े यजमान समान रूप से यज्ञ की नीलाग्नि को मन्त्रों से आच्छादित करते हुए पशुधनवाले हुए। यह स्मरण रहे कि यज्ञ में सभी वैदिक देव अवस्थित होते हैं।।ऋग्वेद 10.5.2।।

समानं नीळं वृषणो वसानाः सं जग्मिरे महिषा अर्वतीभिः।
ऋतस्य पदं कवयो नि पान्ति गुहा नामानि दधिरे पराणि।।2।।
।।ऋग्वेद 10.5.2।।

यज्ञ से पहिले अग्नि उत्पन्न हुआ!

परमव्योम में असत् एवं सत् अर्थात् सूक्ष्म और अव्यक्त अदृश्य सूक्ष्म जगत्, सृष्टि की रचना से पहिले अग्नि (अदृश्य स्वरूप में) रहा। रुद्रविद्या के अनुसार आदि एवं अन्त रुद्र पँच भूतों के आदिभूत एवं त्रितत्त्वों के आदितत्त्व हैं। रुद्र अग्निस्वरूप है। सर्वत्र व्याप्त, ब्रह्माण्डव्यापिनी शक्ति एवं यज्ञ रूप विष्णु भी अग्निस्वरूप है। जगत् की आत्मा सूर्य भी अग्निस्वरूप है। अध्यात्म

में अग्नि चित् तत्त्व है। वैसे "सृष्टि को अग्नि सोमात्मक" कहा गया है। वैदिक सविता देवता सर्वप्रसविता हैं। द्युलोक में अदिति एवं दक्ष का जन्म हुआ। अदिति के सात पुत्र पूर्ण विकसित हुए, परन्तु आठवाँ विकसित नहीं हुआ। अदिति अपने सप्त पुत्रों को लेकर द्युलोक चली गई। साथ ही आठवाँ मार्तण्ड सूर्य सृष्टि के लिये छोड़ गई। ऋचा के अनुसार अग्नि द्युलोक में सूर्य रूप में उत्पन्न हुआ (अन्तरिक्ष में अग्नि विद्युत् रूप में उत्पन्न होता है।)। "अग्नि यज्ञ से पहिले और हमसे पहिले निश्चय से उत्पन्न हुआ।" सृष्टि के प्रारम्भ में सर्वप्रथम अग्नि ही आकाश (वृषभ) और पृथिवी (धेनु) (द्यावापृथिवी) के रूप में उत्पन्न हुआ।।ऋग्वेद 10.5.7।।

असच्च सच्च परमे व्योमन् दक्षस्य जन्मन्नदितेरूपस्थे।
अग्निर्ह न : प्रथमजा ऋतस्य पूर्व आयुनि वृषभश्च धेनुः।।7।।
।।ऋग्वेद 10.5.7।।

यज्ञों का प्रभु अग्नि

यह सर्वगामी अग्नि समस्त विश्व का–यज्ञों का प्रभु है। यह सबका जीवनदाता है। यह उषःकाल में होम करनेवालों का प्रभु है। जिस (यज्ञ की) अग्नि में भक्त मन के अनुकूल हविर्द्रव्य समर्पण करते हैं, वह मंगलकारक रथ शत्रुबल से अवध्य होकर जगत् को गिरने से रोकता है।।ऋग्वेद 10.6.3।।

ईशे यो विश्वस्या देववीतेरीशे विश्वापुरुषसो व्युष्टौ।
या यस्मिन् मना हवीष्यग्नावरिष्टरथः एकन्भति शूषैः।
।।ऋग्वेद 10.6.3।।

यज्ञ : कल्याण, हर तरह का अन्न

हे दिव्य अग्नि! आप द्यावापृथिवी से हमारे लिये सब तरह का अन्न और कल्याण यज्ञ के लिये प्रदान करने का अनुगह करें। हम आपकी सेवा यज्ञ से करेंगे। हे अतुलनीय अग्ने! आप हमारी अपने विपुल ज्ञानों से युक्त उत्तम रक्षणों से रक्षा करने की कृपा करो।।ऋग्वेद 10.7.1।।

स्वस्ति नो दिवो अग्ने पृथिव्या विश्वायुर्धेहि यजथाय देव।
सचेमहि तव दस्म प्रकेतैरुरुष्या ण उरुभिर्देव शंर्सेः।।1।।
।।ऋग्वेद 10.7.1।।

अग्नि ऋत्विक् यज्ञ समापक : द्युलोक में देव यजन!

अग्नि प्राचीन काल (वेद से पूर्व) से है और मित्र के समान सत्कर्ता है। यह "अग्नि ऋत्विक् एवं यज्ञ का समापक है।" यजमानों ने अग्नि को हाथों से काष्ठ मंथन कर प्रगट किया। मनुष्यों ने देवों के आवाहन एवं यज्ञ के लिये प्रजाओं में अग्नि की स्थापना की।।ऋग्वेद 10.7.5।।

द्युलोक में देवों का यजन स्वयं अग्नि करता है। आपके बिना अल्पज्ञ एवं निर्बोध मनुष्य क्या कर सकता है? हे देव! जैसे समय–समय पर आप देवों का यजन करते हो, वैसे ही हे सुजन्मा! आप अपना भी यजन करें।

अर्थात् दूसरों के लिये यज्ञ करवानेवाले ऋत्विक् स्वयं भी यज्ञ करें। राजगुरु पण्डित विद्यानाथ ओझा के अनुसार ऋत्विज् स्वयं यज्ञ कर यजमान के पापों से मुक्त होते हैं और उनकी रक्षा होती है, अन्यथा प्रतिकूल परिणाम होते हैं। ऋग्वेद की इस चेतावनी को सुना–अनसुना किया जा रहा है। ।।ऋग्वेद 10.7.5, 6।।

द्युभिर्हितं मित्रमिव प्रयोगं प्रत्नमृत्विजमध्वरस्य जारम्।
बाहुभ्मग्निमायवोऽजनन्त विक्षु होतारं न्यसादयन्त।।5।।
स्वयं यजस्व दिवि देव देवान् किं ते पाकः कृणवदप्रचेताः।
यथायज ऋतुभिर्देव देवानेवा यजस्व तन्वं सुजात।।6।।
।।ऋग्वेद 10.7, 5, 6।।

यज्ञवेदी में अग्नि तेज स्थापना

मातृ–पितृरूप द्यावापृथिवी के मस्तक पर सूर्यस्वरूप अग्नि अपना तेज विस्तृत करता है (अन्तरिक्ष में विद्युत्स्वरूप अग्नि व्यापता है)। उस सुवीर्य तेजस्वी अग्नि के तेज को याज्ञिक यज्ञवेदी में धारण–स्थापन करते हैं। यज्ञवेदी में व्याप्त तेजस्वी अग्नि के शरीर की सेवा विद्वान् तेजोमय हवि से करते हैं।।ऋग्वेद 10.8.3।।

आ यो मूर्धानं पित्रोररब्ध न्यध्वरे दधिरे सूरो अर्णः।
अस्य पत्मन्नरुषीरश्वबुध्ना ऋतस्य योनौ तन्वो जुषन्त।।3।।
।।ऋग्वेद 10.8.3।।

अग्नि : यज्ञ के सप्त स्थानों का धारण

अग्नि : आदि हनुमत्

हे स्तुत्य अग्नि! आप समस्त उषाओं के पहिले ही आ जाते हो। आप दिन–रात्रि के युगल में दीप्तिकर्त्ता हो। आप अपने शरीर से सूर्य को उत्पन्न करके "यज्ञ के लिये सप्त स्थानों को धारण करते हो।" अग्नि के यज्ञार्थ सप्त स्थान रहस्यमय हैं। ऋग्वेद में उल्लेख आता है कि अग्नि ने सप्त नदियों को बहाया। वैदिक साहित्य के अनुसार अग्नि की सप्त माताएँ हैं। ऋग्वेद की ऋचा (2.5.2) में कहा है कि अग्नि से सात प्रकार के प्रकाश (किरण) निकलते हैं। वैदिक ऋचाओं में अग्नि की सप्त जिव्हाओं का वर्णन मिलता है।

देवशिल्पी त्वष्टा अग्नि से ही जलों को उत्तम सोमरस धारण करने का पात्र बनाता है और शत्रुओं को नष्ट करनेवाले शस्त्र की धार को तीक्ष्ण

करता है। ऋग्वेद में अग्नि की प्रशंसा में कहा है कि अग्नि के ही प्रताप से पाँच जन और सप्तर्षि–सप्तविप्र अपने निश्चित पद पर आरुढ रहते हैं। वेद में अग्नि को यज्ञ का पिता और यज्ञ करनेवालों का असुर (असुर अर्थात् प्रज्ञावान्, सर्वसामर्थ्यवान्, सर्वशक्तिवान्, महाप्राण, महाचित्त, महावायुवान्, परमब्रह्म, वरुण आदि) कहा गया है। अर्थात् अग्नि यज्ञ की त्रुटियों का हिंसक अथवा यज्ञकर्त्ता के शत्रुओं का हिंसक है। अग्नि अनेक कर्मोंवाला–पुरुदंस है। अग्नि यज्ञ करनेवालों के लिये देवमाता अदिति है। दशम मण्डल के एक ऋचा के अनुसार "अग्नि के अनेक हनुओं वाला–हनुमत् और सहस्रों–अनन्त नेत्र हैं।" अर्थात् अग्नि सर्वदर्शी है। जिनसे वह मनुष्य के सभी कर्मों को देखता है। आचार्य जैमिनी ने मीमांसासूत्र में हविः प्रक्षेपणाधिकरण में अग्नि के छह प्रकार का वर्णन किया है : 1. गार्हपत्य; 2. आहवनीय; 3. दक्षिणाग्नि; 4. सभ्य; 5. आवसथ्य एवं 6. औपसन। विद्वानों ने पाँच प्रकार की अग्नि बतायी है। नकार प्राण का नाम है, दकार अग्नि का नाम है। "प्राण एवं अग्नि के संयोग से नाद की उत्पत्ति" होती है। "नकारं प्राणनामानं दकारमनलं विदुः। जातः प्राणाग्निसंयोगात्तेन नादोऽभिधीयते। संगीत दर्पण।।" पँच महायज्ञों का वर्णन किया गया है : 1. स्वाध्याय, ब्रह्मयज्ञ; 2. होम–देवयज्ञ; 3. बलिवैश्वदेव–भूतयज्ञ; 4. पिंडक्रिया– पितयज्ञ एवं 5. अतिथिपूजन–नृयज्ञ।

उषउषो हि वसो अग्रमेषि त्वं यमयोरभवो विभावा।
ऋताय सप्त दधिषे पदानि जनयन् मित्रं तन्वे3 स्वायै।।4।।

।।ऋग्वेद 10.8.4।।

सृष्टि जनक त्वष्टा पुत्र का इन्द्र द्वारा वध

सज्जनों के रक्षक इन्द्र ने अत्यन्त बलवान् एवं देवों के पुरोहित एवं अभिमानी त्वष्टा के पुत्र को विदीर्ण किया। उन्होंने त्वष्टा के पुत्र विश्वरूप के तीनों शिरों को काट डाला और गायों को बुला लिया।।9।।

वेद में देवों का निर्माण त्वष्टा के अधीन है। त्वष्टा समस्त मनुष्य, पशु आदि सभी जीवित रूपों का जन्मदाता होने से वंश एवं जननशक्ति का प्रतिनिधि है। ऋग्वेद के षष्ठ मण्डल के 17वें सूक्त की 10वीं ऋचा के अनुसार उग्र वीर त्वष्टा ने इन्द्र के लिये सहस्र धारों से युक्त एवं शत पर्वों वाले वज्र की रचना की। "अध त्वष्टा ते मह उग्र वज्रं सहस्रभृष्टिं ववृतच्छताश्रिम्। ।।6.17.10।।" त्वष्टा का पुत्र विश्वरूप रहा। विश्वरूप के तीन शिर रहे।

तैत्तिरीय संहिता (2.4.12 एवं 2.5.1) में त्वष्टा देवता का नया ही आख्यान मिलता है। त्वष्टा देवता की पत्नी असुर विदुषी रही। उनका पुत्र

विश्वरूप था। उसके तीन शिर थे। एक समय देवों ने बृहस्पति को देवों के पुरोहित पद से हटाकर विश्वरूप को पुरोहित बनाया। विश्वरूप पर यह आरोप रहा कि वह यज्ञ में प्रत्यक्ष रूप से तो देवों को भाग देता था, परन्तु अपरोक्ष रूप से असुरों को भी भाग देता रहा। वह तीन मुखों से क्रमशः सोमपान, सुरापान एवं अन्नपान करता था। देवताओं, विशेषकर इन्द्र को लगा कि असुरों के सशक्त होने से उनका पद छिन जायेगा। अतः इन्द्र ने वज्र से विश्वरूप के तीनों शिर काट दिये। विश्वरूप के कटे शिर क्रमशः कपिंजल, कलविंक एवं तित्तिरि नामक पक्षी बने (ऋग्वेद के अनुसार इन्द्र के अलावा त्रित ऋषि ने भी विश्वरूप का संहार किया।)।

त्वष्टा ने इन्द्र द्वारा पुत्र वध से दुःखी होकर इन्द्र को सोमपान से वंचित किया (तैत्तिरीय संहिता 2.4.12)। शतपथ ब्राह्मण (5.5.4.2–11 एवं 12.7. 10.1–14) में त्वष्टा विश्वरूप की हत्या के बाद इन्द्र को सोम से बहिष्कृत कर देते हैं। इन्द्र चोरी से सोमपान करता है। परिणामतः चोरी का सोम उसके मार्मिक स्थलों से फूटकर बाहर निकलता है।

ऋग्वेद की ऋचाओं (3.48.4 एवं 8.4.4) में इन्द्र द्वारा त्वष्टा के सोम की चोरी के संकेत मिलते हैं।। ''त्वष्टारमिन्द्रो जनुषभिभूया अमुष्या सोममपिबत् चमूषु''।।3.48.4।। ''आमुष्य सोममपिबश्चमू सुतं ज्येष्ठं तद दधिषे सहः''।।8.4. 4।। ऐतरेय ब्राह्मण (7.5.2) में त्वष्टा इन्द्र द्वारा विश्वरूप, वृत्र, यति, अरुर्मघ आदि के वध से अप्रसन्न होकर इन्द्रादि क्षात्र को सोमपान का अनाधिकारिणी बना दिया।

प्रकारान्तर में त्वष्टा के पुत्र विश्वरूप सप्त रश्मिवाले त्रिशिरा आख्यान का नया रूप दिया गया। यहाँ त्वष्टा पुत्र मन्त्रपाठ अशुद्ध करते हैं जिसका अर्थ होता है कि इन्द्र असहायता करे। इससे इन्द्र असहायता करता है, अर्थात् त्वष्टा पुत्र का वध करता है। यहाँ सन्देश है कि मन्त्रपाठ शुद्ध करें, अन्यथा हश्र विश्वरूप की तरह होगा।

भूरीदिन्द्र उदिनक्षन्तमोजो ऽवाभिनत् सत्पतिर्मन्यमानम्।
त्वाष्ट्रस्य चिद्विश्वरूपस्य गोनामाचक्राणस्त्रीणि शीर्षा परा वर्क्।।
।।ऋग्वेद 10.8.9।।

द्यावापृथिवी का यज्ञ

यज्ञ के समय सर्वप्रथम सत्यस्वरूप द्यावापृथिवी नियमबद्ध होकर पहिले अग्नि का आवाहन करें। तेजस्वी अग्नि यज्ञ के लिये मनुष्यों को प्रेरित करे। साथ ही अग्नि अपने तेज को धारण करके देवों को बुलाने के लिये विराजमान होने का अनुग्रह करे।।1।।

दिव्य देवों में सत्य से मुख्य, महाज्ञानी श्रेष्ठ अग्नि देवों के पास हमारी उत्तम हवि ले जाने की कृपा करें। अग्नि ही धूम्रध्वज है और समिधा के द्वारा उद्र्य ज्वलन होता है। अग्नि अपनी कान्ति से उज्जवल, स्तुत्य एवं देवों के नित्य बुलानेवाला है। इसके मुख से हवन किया जाता है।।2।।ऋग्वेद 10. 12.1, 2।।

द्यावा ह क्षामा प्रथमे ऋतेनाऽभिश्रावे भवतः सत्यवाचा।
देवो यन्मर्तान् यजथाय कृण्वन् त्सीदद्धोता प्रत्यङ्.स्वमसु यन्।।1।।
देवो देवान् परिमूर्त्तेन वहा नो हव्य प्रथमश्चिकित्वान्।
धूमकेतुः समिधा भात्ऋजीको मन्द्रो होता नित्यो वाचा यजीयान्।।2।।
।।ऋग्वेद 10.12.1, 2।।

वैदिक यज्ञ के पँच उपकरण

"यज्ञ के पँच उपकरण – धाता, सोम, पशु, पुरोडाश एवं घृत हैं।" उनको यथाक्रम प्रयुक्त करें। यथा नियम चार त्रिष्टुभ आदि छन्दों का प्रयोग करते हैं। हम ऊँकार का उच्चारण करके कार्य सम्पन्न करते हैं। यज्ञ की नाभिरूप वेदी पर सोम को पवित्र एवं संस्कारित करते हैं।।3।।

अध्यात्मिक रूप से "पशु जीवगण हैं। जीवगण सांसारिक बन्धन के पाश से बद्ध हैं।" वैदिक पशुपति रुद्र की कृपा से पशु (मनुष्य) पाश से मुक्त होता है। अतः पशु शब्द में सभी जीवधारी, जिनमें मनुष्य भी सम्मिलित है, की अभिव्यक्ति है। पशुओं में एकमात्र मनुष्य शतायु होने से पशुओं का राजा है। ऋग्वेद में मनुष्यों के अलावा पशुओं को तीन भागों में बाँटा गया : वायव्य, आरण्य एवं ग्राम्य।

पंच पदानि रूपो अन्वरोहः चतुष्पदीमन्वेमि व्रतेन।
अक्षरेण प्रति मिम एतामृतस्य नाभावधि सं पुनामि।।3।।
।।ऋग्वेद 10.12.3।।

मृत्यु देवता यम यज्ञकर्त्ता शरीर को मृत्यु के पास नहीं भेजता!

देवों के लिये मृत्यु को दूर हटाओ। प्रजा के अमर जीवन को नष्ट नहीं होने दो। "बृहस्पति आदि यज्ञकर्त्ता ऋषि मन्त्रों से पवित्र यज्ञ अनुष्ठान करते हैं, जिससे मृत्यु देवता यम हमारे–यज्ञकर्त्ता के शरीर को मृत्यु के पास नहीं भेजता है"।।ऋग्वेद 10.13.4।।

देवेभ्यः कमवृणीत मृत्युं प्रजायै कममृतं नावृणीत।
बृहस्पतिं यज्ञमकृण्वत ऋषिं प्रिया यमस्तन्व1 प्रारिरेचीत्।।4।।
।।ऋग्वेद 10.13.4।।

यम : "त्रिकदुक यज्ञ"

हे यजमान! आप पितरों के राजा (मृत्यु के राजा) यम की हवि आदि के द्वारा यज्ञोपासना करें। यह यम देवता उत्तम पुण्य–सत्कर्म–उत्तम कर्म करनेवालों को सुखद स्थानों में ले जानेवाला है। यम बहुतों के हितार्थ योग्य मार्ग का दृष्टा है। विवस्वान के पुत्र यम देवता के पास ही मननशील मनुष्य को जाना पड़ता है।।1।।

यम ही सर्वप्रथम (मननशीलों के) पाप पुण्य को जानता है। यम के नियम को कोई नहीं बदल सकता है, उसके मार्ग का विनाश नहीं कर सकता है। अर्थात् यम के नियम एवं मार्ग शाश्वत हैं। जिस मार्ग से पहिले हमारे पूर्वज गये हैं, उसी मार्ग से हम अपने–अपने कर्मों के अनुसार जायेंगे। ऋग्वेद में "देवयान" एवं "पितृयान" का वर्णन है। सामान्य लौकिक कर्म करनेवाले पितृयान से जाते हैं एवं कर्मों का भोग भोगते हैं। "यज्ञादि प्रशस्ततमकर्म एवं अन्य निष्काम कर्म करनेवाले देवयान से जाते हैं।" स्वर्ग–मोक्ष का आशय जन्म–मृत्यु के चक्र से मुक्त होकर परमव्योम में अवस्थित होना है।।2।।

इन्द्र कव्यभुग् पितरों की सहायता से यम एवं अंगिरसादि पितरों के सहाय्य और बृहस्पति ऋक्वदादि पितरों के सहयोग से उत्कर्ष पाते हैं। देव जिनको उन्नत करते हैं और जो देवों की वृद्धि करते हैं, उनमें से कोई "स्वाहा" (देवों का हविर्दान मन्त्र, यज्ञ में सर्वस्व आत्मत्याग–आत्म समर्पण) के द्वारा और कोई "स्वधा" (निश्चय; स्वतः स्फूर्तता; आहुति; पितरों के निमित्त आहुति; मूर्त पितरों को प्रस्तुत किया भोजन; माया अथवा सांसारिक भ्रम) से प्रसन्न होते हैं।।3।।

हे यम देवता! आप अंगिरादि पितरों के साथ इस श्रेष्ठ यज्ञ में विराजमान होने का अनुग्रह करें। आपको विद्वान् मन्त्रज्ञ आमन्त्रित करते हैं। हे राजा यम! आप इस हवि से सन्तुष्ट होकर हमें प्रसन्न करने का अनुग्रह करें।।4।।

हे यम! आप विविध रूप धारण करनेवाले पूजनीय अंगिराओं के साथ यज्ञ में पधारने की कृपा करें। आप इस यज्ञ में सम्मान करनेवाले यजमान पर कृपा करें। हम इस यज्ञ में आपके पिता विवस्वान् को भी बुलाते हैं। "विवस्वत्" शब्द का अर्थ सूर्य है (शब्दस्तोममहानिधि); अर्थात् यम सूर्यदेवता के सुपुत्र हैं। वह इस परम पवित्र कुशासन पर विराजमान होकर हम पर कृपादृष्टि रखें।।5।।

हमारे पितर अंगिरा, अथर्वा एवं भृगु आदि सभी यज्ञ में पधारे हैं। वे सभी सोम के अधिकारी हैं। उन यज्ञार्ह पितरों का अनुग्रह हमें प्राप्त होवे। हम

उनकी प्रसन्नता का आशीर्वाद प्राप्त कर कल्याणमार्गी बनें (यज्ञ में सभी पितरों को सोम अर्पण किया जाता है।)।।6।।

हे पिता! जहाँ से हमारे पूर्व पितर जीवन पार कर गये हैं, आप भी उन प्राचीन मार्गों से पधारने की कृपा करो। राजा यम और देव सम्राट वरुण स्वधाकार–अमृतान्न से प्रसन्न होकर इन दोनों को देखें।।7।।

हे पिता! आप परमव्योम में अपने पितरों के साथ मिलो। आप उसी तरह अपने यज्ञ, दान आदि पुण्य कर्म के फल से भी मिलो। ''पापाचरण छोड़कर फिर गृह में प्रवेश करो और तेजस्वी शरीर को प्राप्त करो।।8।।''

हे दुष्ट पिशाचो! यहाँ से चले जाओ, हट जाओ एवं दूर जाओ। पितरों ने इस मृत मनुष्य के लिये यह स्थान आक्रमित किया है। यह स्थान दिन–रात एवं जल से युक्त है। यम ने इस स्थान को मृतक के लिये दिया है।।9।। चार नेत्रवाले और विचित्र वर्ण वाले दो श्वान हैं। हे मनुष्य! आप इनके पास से उत्तम मार्ग से शीघ्र चले जाओ। अनन्तर जो पितर यम देवता के साथ सदैव आनन्द का अनुभव करते हैं; उन सुविद्वान–ज्ञानी पितरों को प्राप्त कर।।10।। हे यम! आपके गृहरक्षक, मार्ग के रक्षक एवं लोक में सुप्रसिद्ध चार आँखवाले दो श्वान हैं। आप उनसे इस मृतक की रक्षा करो। हे राजा यम! आप इसे कल्याणभागी एवं नीरोगी करो।।11।। यम के दूत लम्बी नाकवाले प्राणिजीवी, अत्यन्त बलशाली दो श्वान मनुष्यों का लक्ष्य करके विचरण करते हैं। वे हमें भगवान् सूर्य के दर्शन के लिये यहाँ आज कल्याणकारक उचित प्राण दें।।12।।

हे ऋत्विकों! आप यम देवता के लिये ''सोमरस'' निकालो और यम के लिये हवि का हवन करो। जिनके अग्नि दूत हैं और जिसे अनेक द्रव्यों से सुशोभित किया है, वह यज्ञ यम की ओर जाता है।।3।।

हे ऋत्विको! यम के लिये गोघृतयुक्त हवि का हवन करो। यम की स्तुति करो। देवों के बीच यम देवता हमें दीर्घायुष्य प्रदान करे।।14।। हे ऋत्विजो! राजा यम के लिये अत्यन्त मधुर हवि अर्पण करो। यह पूर्वज एवं पूर्वमार्गदर्शक ऋषियों के लिये नमन है।।15।।

यमराज का ''त्रिकद्रुक'' नामक यज्ञ से संरक्षण (ज्योति, गो, आयु आदि) प्राप्त होता है। ''यम छह स्थानों – द्युलोक, भूलोक, जल, ओषधियाँ, ऋक् एवं सूनृत में रहता है। यम में – त्रिष्टभ्, गायत्री, आदि समस्त छन्द स्थापित हैं। यह एक के ही संरक्षण के लिये प्राप्त होवे।।16।।ऋग्वेद 10.14. 1–16।।

परेयिवांसं प्रवतो महीरनु बहुभ्यः पन्थामनुपस्पशानम्।

वैवस्वतं संगमनं जनानां यमं राजानं हविषा दुवस्य।।1।।
यमो नो गातुं प्रथमो विवेद नैषा गव्यूतिरपभर्तवा उ।
यत्रा न पूर्वे पितरः परेयुरेना जज्ञानाः पथ्या 3 अनु स्वाः।।2।।
मातली कव्यैर्यमो अंगिरोभिर्बृहस्पतिर्ऋक्वभिर्वावृधानः।
याँश्व देवा वावृधुर्ये च देवान् त्स्वाहान्ये स्वधयान्ये मदन्ति।।3।।
इमं यम प्रस्तरमा हि सीदाऽंगिरोभिः पितृभिः संविदानः।
आ त्वा मन्त्राः कविशस्ता वहन्त्वेना राजन् हविषा मादयस्व।।4।।
अंगिरोभिरा महि यज्ञियेभिर्यम वैरूपैरिह मादयस्व।
विवस्वन्तं हुवे यः पिता ते ऽस्मिन् यज्ञे बर्हिष्या निषद्य।।5।।
अंगिरसो नः पितरो नवग्वा अथर्वाणो भृगवः सोम्यासः।
तेषां वयं सुमतौ यज्ञीयानामपि भद्रे सौमनसे स्याम।।6।।
प्रेहि प्रेहि पथिभिः पूर्व्येभिर्यत्रा नः पूर्वे पितरः परेयुः।
उभा राजाना स्वधया मदन्ता यमं पश्यासि वरुणं च देवम्।।7।।
सं गच्छस्व पितृभिः सं यमेनेष्टापूर्तेन परमे व्योमन्
हित्वायावद्यं पुनरस्तमेहि सं गच्छस्व तन्वा सुवर्चाः।।8।।
अवेत वीत वि च सर्पतातो ऽस्मा एवं पितरो लोकम्रकन्।
अहोभिरद्भिरक्तुभिर्व्यक्तं यमो ददात्यवसानमस्मै।।9।।
अति द्रव सारमेयो श्वानो चतुरक्षो शबलो साधुना पथा।
अथा पितृन त्सुवित्राँ उपेहि यमेन ये सधमादं मदन्ति।।10।।
यौ ते श्वानौ यम रक्षितारौ चतुरक्षौ पक्षिरक्षी नृचक्षसौ।
ताभ्यामेनं परि देहि राजन् त्स्वस्ति चास्मा अनमीवं च धेहि।।11।।
उरूणसावसुतृपा उदुम्बलौ यमस्य दूतौ चरतो जनाँ अनु।
तावस्मभ्यं दृशये सूर्याय पुनर्दातामसुमद्येह भद्रम्।।12।।
यमाय सोमं सुनुत यमाय जुहुता हविः।
यमं ह यज्ञो गच्छत्यग्निदूतो अरंकृतः।।13।।
यमाय घृतवद्धविर्जुहोत प्र च तिष्ठत।
स नो देवेष्वा यमद् दीर्घमायुः प्र जीवसे।।14।।
यमाय मधुमत्तमं राज्ञे हव्यं जुहोतन।
इदं नम ऋषिभ्यः पूर्वजेभ्यः पूर्वेभ्यः पृथिकृद्भ्यः।।15।।
त्रिकद्रुकेभिः पतति षळुर्वीरकेमिद्बृहत्।
त्रिष्टुब्गायत्री छन्दांसि सर्वा ता यम आहिता।।16।।

।।ऋग्वेद 10.14.1—16।।

इस सूक्त में अथर्वाण ऋषि का उल्लेख किया गया है।

पितर यज्ञ

सत्यस्वरूप पितर यज्ञकाल में रक्षक

जो पितर पृथिवी पर हैं, वे उन्नत स्थान को प्राप्त करें। जो पितर स्वर्ग में – उच्च स्थान पर हैं, वे वहीं रहें। जो मध्यम स्थान का आश्रय करके रहें, वे उच्च स्थान को पद को प्राप्त करें। जो सोमरस पान करते हैं, और सत्यस्वरूप, मात्र प्राणरूप एवं शत्रुरहित पितर हैं, वे पितर "यज्ञकाल" में हमारी रक्षा करें।।1।।

सभी पितरों को नमस्कार

जो पहिले उत्पन्न होकर मृत हुए, जो अनन्तर पीछे उत्पन्न होकर मरे, जो पृथिवी पर राजस कार्य करके उत्तम पदों पर विराजमान् हैं और जो निश्चय से समृद्ध–भाग्यवान् बांधवों में हैं, उन सभी पितरों को नमस्कार है।।2।।

सोमरस हव्य के साथ ग्रहणकर्त्ता पधारें

हमने ज्ञानवान् पितरों को पाया है। "हमने यज्ञ का फल एवं प्रवृत्ति को भी पाया है।" हमारे यहाँ यज्ञ में कुशासन पर बैठकर सोमरस हव्य के साथ ग्रहण करनेवाले सभी आये हैं।।3।।

दुःखरहित करो, पाप से दूर करो

परमपवित्र कुशासन पर आसीन पितरों! आप हमें संरक्षण दो। आपके लिये इन हविर्द्रव्यों को अर्पण करते हैं, इनका आस्वादन् लीजिए। आप पधारिये और मंगलप्रद, कल्याणमय प्रीति से हमें सुख की प्राप्ति कराइये, अनन्तर दुःखरहित करो और पाप से दूर करो।।4।।

कुशों पर सब मनोहर, प्रिय, विपुल हविर्द्रव्य और सोमरस उपस्थित हैं। पितरों को इनके उपभोग के लिये सम्मानपूर्वक बुलाया गया है। वे सभी यहाँ पधारने का अनुग्रह करें। वे हमारी स्तुति का प्रसन्न मन से श्रवण करें। वे हमारी रक्षा करें।।5।।

हमारे अपराध पर क्रोधित नहीं हों

हे पितरों! आप सभी दक्षिण की ओर घुटने टेककर विराजमान होकर हमारे इस "यज्ञ की प्रशंसा" करो। वैसे ही "आपके प्रति हमसे मनुष्य होने के कारण अपराध होना सम्भव है, आप किसी भी कारण से हम पर क्रोध नहीं करें"।।6।।

यज्ञ में धन प्रदाता

हे पितरों! आप श्रेष्ठ देवों के पास बैठते हो। आप यज्ञ में हविर्दान देनेवाले के लिये धन देने का अनुग्रह करो। आप यज्ञकर्त्ता को इस यज्ञ में बहुत धन प्रदान करो और सुपुत्र धन दो।।7।।

प्राचीन पितरों द्वारा सोमपान : यम हविर्द्रव्यों का आनन्द लें

सोमपान करनेवाले सत्यस्वरूप प्राचीन पितर धनवान् रहे, उन्होंने यथानियम सोमपान किया। यम हमारे उन हवि की अभिलाषा करनेवाले पितरों के साथ सुखपूर्वक रहता है। यम इन हविर्द्रव्यों का आनन्द से रसास्वादन करे।।8।।

देवों के साथ सत्याचरणवान्; पितर यज्ञ में स्तवित

सत्याचरणशील पितर हवि का भक्षण करनेवाले और (सोम) रसपान करनेवाले हैं। वे इन्द्र और अन्य देवों के साथ एक ही रथ में बैठे हैं। हे अग्निदेव! उन सब देवों की उपासना करनेवाले, "प्राचीन श्रेष्ठ यज्ञ के अनुष्ठाता पितरों" के साथ स्तवित होकर आ।।10।।

देवत्व प्राप्त पितर अग्निहोत्र ज्ञाता

हे अग्निदेव! हमारे पितर अग्निहोत्र के ज्ञाता, ऋचाओं–स्तोत्रों से स्तुति करते हैं और देवत्व की प्राप्ति कर चुके हैं। यदि वे धनादि (प्राणधन, तोपधन ज्ञानधन–विद्याधन, ब्रह्मविद्याधन, प्रज्ञाधन, सत्यधन, यशोधन, कुलधन, आरोग्यधन, सुसंतानधन, मानधन, वैराग्यधन, समभावधन, संतोषधन आदि) की इच्छा करते हैं, आप उन अर्चनीय, ज्ञानी, सत्यवादी, बुद्धिमान्, तेजस्वी, "यज्ञस्थ" पितरों के साथ हमारे समीप आने का अनुग्रह करो।।9।।

अग्निदग्ध पितर : हविर्द्रव्य भक्षण

हे अग्निदग्ध पितरों! आप यहाँ (इस यज्ञ में) पधारकर अपने–अपने आसन ग्रहण करो। हे पूज्य! आप पात्रों में परोसे हुए हविर्द्रव्यों का भक्षण करो और हमें पुत्र–पौत्रादि से युक्त धन दो।।11।।

हे सर्वज्ञ अग्निदेव! हमने आपकी स्तुति की है। आपने हमारी हवि को मान्य करके, उत्तम गंधयुक्त करके पितरों को दिया है। "वे पितर स्वधा के साथ प्रदान हवि का भक्षण करें।" हे देव! आप भी प्रयत्न से अर्पण हवि को ग्रहण करें।।12।।

अग्नि समस्त पितरों का ज्ञाता : स्वाधायुक्त आहुति

हे आदिज्ञानी अग्नि! यहाँ जो पितर आये हैं, जिनको हम जानते हैं; और जो यहाँ (यज्ञ में) नहीं आये हैं, जिन्हें हम नहीं जानते हैं; उन सभी को

आप जानते हो। "उनके लिये स्वाधायुक्त इस सुप्रतिष्ठित यज्ञ को स्वीकार कर"।।13।।

प्राणाधार शरीर को समर्थ बना

हे अग्ने! जो पितर अग्नि से दाह किये गये हैं और जो नहीं जलाये (समाधिस्थ) गये हैं; जो सभी स्वर्ग में स्वधारूप अन्न से तृप्त होकर आनन्दित रहते हैं; आप उनके साथ मिलकर "पितरों के इस प्राणधार शरीर को यथाशक्ति समर्थ बना"।।14।। इस ऋचानुसार वैदिक काल में मृतक के शरीर को समाधिस्थ करने और शवदाह की दोनों परम्परा रही।।ऋग्वेद 10.15. 1—14।।

उदीरतामवर उत् परास उन्मध्यमाः पितरः सोम्यासः।
असुं य ईयुरवृकः ऋतज्ञास्ते नोऽवन्तु पितरो हवेषु।।1।।
इदं पितृभ्यो नमो अस्त्वद्य वे पूर्वासो य उपरास ईयुः।
ये पार्थिवं राजस्या निषत्ता ये वा नूनं सुवृजनासु विक्षु।।2।।
आहं पितृन् त्सुविदत्राँ अवित्सि नपातं च विक्रमणं च विष्णोः।
बर्हिषदो ये स्वधया सुतस्य भजन्त पित्वस्त इहागमिष्ठाः।।3।।
बर्हिषदः पितर ऊत्य1र्वागिमा वो हव्या चकृमा जुषध्वम्।
त आ गतावसा शंतमेनाऽथा ना शं योररपो दधात।।4।।
उपहूताः पितरः सोम्यासो बर्हिष्येसु निधिषु प्रियेपु।
त आ गमन्तु त इह श्रुवन्त्वधि बुवन्त तेऽवन्त्वस्मान्।5।।
आच्या जातु दक्षिणतो निषद्येमं यज्ञमभि गृणीत विश्वे।
मा हिंसिष्ट पितरः केन चिन्नो यद्व आगः पुरुषता कराम।।6।।
आसीनासो अरुणीनामुपस्थे रयिं धत्त दाशुषे मर्त्याय।
पुत्रेभ्यः पितरस्तस्य वस्वः प्र यच्छत त इहोर्जं दधात।।7।।
ये नः पूर्वे पितरः सोम्यासो ऽनूहिरे सोमपीथं वसिष्ठाः।
तेभिर्युमः संरराणो हवींष्यशन्नुशद्भिः प्रतिकाममत्तु।।8।।
ते तातृपुर्देवत्रा जेहमाना होत्राविदः स्तोमतष्टासो अर्कैः।
आग्ने याहि सुविदत्रेभरर्वाङ्र. सत्यैः कव्यैः पितृभिर्घर्मस द्भिः।।9।।
ये सत्यवासो हविरदो हविष्पा इन्द्रेण देवैः सस्थं दधानाः।
आग्ने याहि सहस्र देववन्दैः परैः पूर्वैः पितृभिर्घर्मसद्भिः।।10।।
अग्निष्वात्ताः पितर एह गच्छत सदः सदः सदत सुप्रणीतय।
अत्ता हवींषि प्रियतानि बर्हिष्यथा रयिं सर्ववीरं दधातन।।11।।
त्वमग्न ईळितो जातवेदो ऽवाड्ढव्यानि सुरभीणि कृत्वी।
प्रादाः पितृभ्यः स्वधया ते अक्षन्नद्धि त्वं देव प्रथता हवींषि।।12।।

ये चेह पितरो ये च नेह याँश्च विद्म याँ उ च न प्रविद्म।
त्वं वेत्थ यति ते जातवेदः स्वधाभिर्यज्ञं सुकृतं जुषस्व।।13।।
त्वं वेत्थ यति ते जातवेदः स्वधाभिर्यज्ञं सुकृतं जुषस्व।
तेभिः स्वराळसुनीतिमेतां यथावशं तन्वं कल्पयस्व।।14।।
।।ऋग्वेद 10.15.1—14।।

यज्ञ अवशिष्ट : सदा दृढ़ शरीर

हे अग्नि! जो आपका आहुतिस्वरूप होकर स्वधा से युक्त हवि का भोजन करता है; उसे आप फिर पितरों के लिये उत्पन्न कर। हे सर्वज्ञानी! इसका जो भाग अवशिष्ट है, वह प्राण धारण करके उठ जाय; वह हमेशा दृढ़ शरीर प्राप्त करे।।ऋग्वेद 10.16.5।।

अव सृज पुनरग्ने पितृभ्यो यस्त आहुतश्चरति स्वधाभिः।
आयुर्वसान उप वेतु शेषः सं गच्छतां तन्वा जातवेदः।।5।।
।।ऋग्वेद 10.16.5।।

यज्ञ वेदी : अग्नि का कवच

मन्त्रद्रष्टा दमनो यामाधन ने इस ऋचा में "वेदी को अग्नि का कवच" कहा है। हे मृत! आप अग्नि का कवच जो वेदी है, उसे गोचर्म से आच्छादित करो। आपने अपने मेद एवं मांस मज्जा से आच्छादित होओ। जिससे अपने तेज से धृष्टहृष्ट अग्नि, बलपूर्वक सबको जलानेवाला आपको घेर नहीं ले।।ऋग्वेद 10.16.7।।

अग्नेर्वर्म परि गोभिर्व्ययस्व सं प्रोर्णष्व पीवसा भेदसा च।
नेत् त्वा धुष्णुर्हरसा जर्हृषाणो दधृग्विधक्ष्यन् पर्यंखयति।।7।।
।।ऋग्वेद 10.16.7।।

पितृयज्ञ : पापवाहक अग्नि स्वरूप

पितृयज्ञ के लिये यह दूसरा अग्नि है। मैं आपके घर में घुसे मांसभक्षक अग्नि को दूर करता हूँ। यह दूसरा अग्नि परम श्रेष्ठ स्थान में स्थित है, वह तेजस्वी यज्ञ को प्राप्त करे।।11।।

यज्ञ को उन्नति करनेवाला एवं क्रव्यवाहक अग्नि पितरों का आदर करता है। वह देवों एवं पितरों के लिये हविर्द्रव्यों को ले जाता है।।12।।

हे अग्ने! हम फलों की इच्छा करते हुए आपको प्रदीप्त करते हैं। आप यज्ञाभिलाषी स्वेच्छा से पधारनेवाले देवों एवं पितरों के पास भक्षण के लिये हविर्द्रव्य लाने का अनुग्रह करो।।12।।ऋग्वेद 10.16.10, 11, 12।।

इस सूक्त की 9वीं ऋचा में स्पष्ट किया है कि "पापवाहक अग्नि यमराज के पास जाता है।" "दूसरा सर्वप्रसिद्ध सर्वज्ञ अग्नि है।" वह देवों के

पास हवि ले जाता है। अर्थात् ''शवदाह वाली पापवाहक अग्नि है, जो यम देवता के पास जाता है।'' इससे इतर परम पवित्र आदि ज्ञानी अग्नि है।

क्रव्यादमग्निं प्र हिणोमि दूरं यमराज्ञो गच्छतु रिप्रवाहः।
इहैवायमितरो जातवेद देवेभ्यो हव्यं वहतु प्रजानन्।।9।।
यो अग्निः क्रव्यात् प्रविवेश वो गृहमिमं पश्यन्नितरं जातवेदसम्।
तं हरामि पितृयज्ञाय देवं स घर्ममिन्वात् परमे सधस्थे।।10।।
यो अग्निः क्रव्यवाहनः पितॄन् यक्षदृतावृधः।
प्रेदु हव्यानि वोचति देवेभ्यश्च पितृभ्य आ।।1।।
उशन्तस्त्वा नि धीमह्युशन्तः समिधीमहि।
उशन्नुशत आ वह पितॄन् हविषे अन्तवे।।12।।

।।ऋग्वेद 10.16.9, 10, 11, 12।।

यज्ञ : सरस्वती नीरोगता, उपयोगी अन्नभागादि प्रदाता

यज्ञ के विस्तृत होने पर देवेच्छु यज्ञकर्त्ता सरस्वती का स्मरण करते हैं, आवाहन करते हैं। पुण्यात्मा सरस्वती को बुलाते हैं। यह सरस्वती देवता अभिलाषा पूर्ति करती है।।7।।

हे सरस्वती देवता! आप पितरों के साथ अन्न से तृप्त होकर प्रसन्न चित्त से एक रथ पर जाने का अनुग्रह करो। आप इस यज्ञ में पवित्र दर्भ के उत्तम आसन पर विराजमान होकर आनन्द करें। आप हमें नीरोग एवं अन्नदान करने की कृपा करें।।8।।

पितर गण यज्ञ में दक्षिण भाग को प्राप्त हुए। हम (यज्ञ में) सरस्वती को बुलाते हैं। वह यहाँ पधारकर हमें सहस्रों प्रकार से उपयोगी अन्न एवं प्रचुर धन प्रदान करें।।9।।

हमें मातृस्वरूप पवित्र जल पवित्र करे। जल घृतस्वरूप है। हमें घृत जल से पवित्र करे। जल देवी (सरस्वती) हमारे समस्त पापों को अपने जलस्त्रोत में बहा कर ले जाये। हम जल में स्वच्छ एवं पवित्र होकर ऊपर आते हैं।।10।।

सोम आदिकालीन (वेद पूर्व के) जनों एवं द्युलोक वासियों के उद्देश्य से क्षरित हुआ। वह सोम हमारे तेजस्वी पूर्वजों के पास भी गया। हम सप्त हवनकर्त्ता समान लोकों में विचरनेवाले हैं, हम उस सोम का हवन करते हैं।।11।।

हे सोम! आपका तेजस्वी रस प्रवाहित होता है। अथवा आपका अंशु–रस अध्वर्यु के हाथ से प्रस्तर फलक पर गिरता है। सोम पवित्ररूप से

क्षरित होता है। हम उस रस को मनःपूर्वक वृषट्कार रूप से आपको अर्पण करते हैं।।12।।

हे सोम! हम आपके क्षरित रस अथवा भाग को स्रुचा से यज्ञ में प्रवाहित करते हैं। उस सभी "सोम का देवता बृहस्पति है।" बृहस्पति सोम को ऐश्वर्य वृद्धि के लिये सेवन करे।।13।। मेरा यह वचन सारयुक्त है कि ओषधियाँ पुष्टियुक्त (सोम) रस से परिपूर्ण हैं। जलों का सारभूत अंश भी सारयुक्त है। हे जल! उससे आप साथ ही शुद्ध करो।।14।।ऋग्वेद 10.17.7–14।। इन ऋचाओं में सरस्वती देवता परम पावन महानद स्वरूपा है।

सरस्वतीं देवयन्तो हवन्ते सरस्वतीयमध्वरे तायमाने।
सरस्वतीं सुकृतो अव्हयन्त सरस्वती दाशुषे वार्यं दात्।।7।।
सरस्वति या सरथं ययाथ स्वधाभिर्देवि पितृभिर्मदन्ती।
आसद्यास्मिन् बर्हिषि माक्ष्यस्वाऽनमीवा इष आ धेह्यस्मे।।8।।
सरस्वतीं यां पितरो हवन्ते दक्षिणा यज्ञमभिनक्षमाणाः।
सहस्रार्घमिळो अत्र भागं रायस्पोषं यजमानेषु धेहि।।9।।
आपो अस्मान् मातरः शुन्धयन्तु घृतेन नो घृतष्वः पुनन्तु।
विश्वं हि रिप्रं प्रवहन्ति देवीरुदिदाभ्यः शुचिरा पत एमि।।10।।
द्रप्सश्चस्कन्द प्रथमाँ अनु द्यूनिमं च योनिमनु यश्च पूर्वः।
समानं योनिमनु संचरन्तं द्रप्सं जुहोम्यनु सप्त होत्राः।।11।।
यस्ते द्रप्सः स्कन्दति यस्ते अंशुर्बाहुच्युतो धिषणाया उपस्थात्।
अध्वर्योर्वो परि वा यः पवित्रात् तं ते जुहोमि मनसा वषट्कृतम्।।12।।
यस्ते द्रप्सः स्कन्नो यस्ते अंशुरवश्च यः परः स्त्रुचा।
अयं देवो बृहस्पतिः सं तं सिंचतु राधसे।।13।।
पयस्वतीरोषधयुः पयस्वन्मामकं वचः।
अपां पयस्वदित् पयस्तेन मा सह शुन्धत।।14।।

।।ऋग्वेद 10.17.7–14।।

पितृमेध यज्ञ : शवदहन यज्ञ

मृत्यु सूक्त के तीन विभाग हैं। प्रथम ऋचा से सप्तम ऋचा तक के प्रथम भाग में मृत व्यक्ति के घर के बाहर आँगन ही प्रतीत होता है।

घर में मृत्यु मृत व्यक्ति को ले जाने के लिये प्रविष्ट हुई है। प्रथम ऋचा में मृत्यु से प्रार्थना की गयी है कि वह अन्य किसी भी व्यक्ति को हानि पहुँचाए बिना आये हुए रास्ते से सीधे लौटने की कृपा करे। मृतक का अन्तिम संस्कार करनेवाला ऋत्विज् आदेश देता है कि मृत्यु के पदचिन्हों को नष्ट करके पुनीत अपनी–अपनी अवशिष्ट, दीर्घायु के लिये वे अपने–अपने यज्ञकर्म

पूर्ववत् चालू रखें। तीसरी ऋचा में वे "शब्द उद्धृत किये गये हैं, जिनका यज्ञकर्मों में उच्चारण करना आवश्यक होता है।" चौथी ऋचा में "संस्कार कर्त्ता ऋत्विज् लौटी हुई मृत्यु के मार्ग पर प्रतिबन्धक स्वरूप प्रस्तर रख देता है। इस रूप में मृत्यु के गाल में घुसे मृतक के साथ उसके जीवित सम्बन्धियों के सम्पर्क का सूत्र भी नष्ट कर देता है।" पाँचवीं एवं छठवीं ऋचाओं में धाता एवं त्वष्टा से प्रार्थना है : मृत्यु के अनिवार्य होते हुए भी वह अन्य बान्धवों को उनकी आयु के क्रम के अनुसार ही अपने वश में कर ले।

मृत्यु सूक्त की "सप्तम से तेरहवीं ऋचाओं का विषय पितृमेध और 14वीं ऋचा का पितृमेध प्रजापतिर्वा है।" श्मशान स्थल पर अष्टम–नवम् ऋचाओं में ऋत्विज् मृतक की धर्मपत्नी से कहता है कि "जब तक यह व्यक्ति जीवित रहा, तब तक आपने अपने पत्नी धर्म का उचित ढंग से निर्वहन किया है। अब इसके मृत होने पर आपको इसके साथ जाने (चिता पर आरूढ होने) की कोई आवश्यकता नहीं है। इसलिये इस चिता से दूर होकर जगत् में अपनी शेष आयु बिताओ।" अर्थात् "वैदिक काल में सती प्रथा नहीं थी। वेद में सती प्रथा का विरोध था।"

सूक्त की अन्तिम पाँच ऋचाओं (10–14) में शव दहन के उपरान्त अस्थियों के चयन करके उन्हें पात्र में रखकर भूमि में गाड़ने का विधान है (अर्थात् "मृतक अस्थियाँ परम पवित्र नदियों में विसर्जित करने की परम्परा नहीं रही"।)। इनका "प्रेत" गाड़ने से कोई सम्बन्ध नहीं है। अन्तिम ऋचा और्ध्वदेहिक करनेवाला ऋत्विज् वाणी के द्वारा मृतक से और उसके माध्यम मृत्यु से अब तक बने हुए अपने सम्बन्धों को तोड़कर उससे मुक्त होता है।

प्रस्तुत सूक्तानुसार "वैदिक काल में अशौचनिवृत्ति घर के बाहर प्रेत–मृतक के निकाले जाने के उपरान्त तुरन्त हो जाती थी। सूक्त की 7–14 ऋचाओं में "पितृमेध का अर्थ शवदहन से अशौचनिवृत्ति की प्रक्रिया है।" शवदहन एवं अस्थियाँ गाड़ने के साथ तत्क्षण शुद्धि हो जाती थी। "वेदों के परवर्ती स्मृतिकारों ने ऋग्वेद की मूलभावना का स्पष्ट उल्लंघन करते हुए (आश्वलायन गृहसूत्र आदि) में दस दिनों बाद अशौचनिवृत्ति का प्रपंच रचा।" ऋग्वेद का "अन्त्येष्टि सूक्त" भी "मृत्यु सूक्त" के अनुरूप है।

अविधवा एवं शोभन–पतिवाली ये नारियाँ अब कज्जल एवं घृत से आँखे सुशोभित करके शान्त भाव से विश्राम लें। आँखों से आसुओं के उद्भव को रोकते हुए दुःख को दूर रखकर अपने नित्य के आभूषणों से भूषित होकर हमारे संमुख की ये महिलाएँ अपने घर की देहली लाँघकर (भीतर) चली जायँ।

ऋचा और्ध्वदेहिक करनेवाले ऋत्विज् द्वारा यह बात मृत व्यक्ति के परिवार की सुहागनों से कही गई है। वे अब दुःख को संयत करके पूर्ववत् वस्त्रालंकार धारण करते हुए, प्रेत (शव) को घर से निकालने से पहिले, अपने घर की सीढ़ियाँ चढ़कर चली जायँ।।7।। (वेद के आदेश के एकदम विपरीत प्रेत की बारहवीं–तेरहवीं को घर की सुहागन नारियाँ कज्जल एवं वस्त्रालंकार करती हैं। यह परम्परा वैदिक विधि विधान का उल्लंघन है।)

हे नारि (नारी) (मृत की पत्नी)! आप उठकर खड़ी हो जाओ। आप इस जीवलोक की ओर दृष्टि घुमा दो, आप अपने इस मृत पति के साथ सो गई हो। वहाँ से उठकर जीवलोक में आओ। अपना पाणिग्रहण करके अपना भरणपोषण करते हुए अपने पति की सुयोग्य पत्नी बनकर आपने अपना कर्तव्य भली भाँति निभाया है।।

यह आदेश ऋत्विज् देता है। ऋचा में मृतक की पत्नी द्वारा आदर्श आचरण का उल्लेख है।।8।।

उसके द्वारा हमें क्षात्रतेज, वर्चस् और बल प्राप्त हो, इस लिये मृत के हाथ से अब मैं यह धनुष्य निकाल लेता हूँ। अब इसके बाद धनुष्य यहाँ रहेगा और हम इस स्थान पर जीवलोक में रहेंगे। आपके धनुष्य के संयोग से वीर्यशाली पुत्रों से संयुक्त होकर सभी गर्वशाली शत्रुओं पर हमें विजय प्राप्त हो।।9।।

हे अस्थिस्थित मृतात्मन्! इस विशाल, भूरिभूरि स्थानों से युक्त एवं सुखप्रद भूमिरूपी माँ के समीप गमन करो। विपुल दक्षिणा प्रदान करनेवाले यजमान को ऊर्णा की तरह मृदु, सुकोमल प्रतीत होती युवती, यह पृथिवी, निर्ऋति की गोद से आपकी रक्षा करे।।10।।

इसके बाद की चार ऋचाएँ अस्थिसंचयन के बाद मिट्टी के बर्तन में अस्थियाँ रखकर उन्हें भूमि में गाड़ते हुए पृथिवी से एवं अस्थिरूपी मृत व्यक्ति से कही गई हैं।

हे पृथिवी! आप स्वयं अपने को सम्हलकर ऊपर धारण करो। उसके ऊपर भार डालकर उसे नीचे नहीं दबाओ। उसे प्रवेश एवं आश्रय इन दोनों के लिये सहज सुलभ हो जाओ। हे भूमि! जिस प्रकार माता अपने छोटे शिशु को आँचल से ढक देती है, आप उसी प्रकार इसे किसी भी प्रकार का कष्ट नहीं हो इस लिये ढक लो। "उच्छ्वंचस्व मा निबाधथा" – ऊपर जाओ, नीचे मत दबाओ। अर्थात् ऊपर से दब जाने के कारण प्रतीकरूपी मृत व्यक्ति छटपटाने लगेगा, व्याकुल होगा। "सूपायना" – मृत की आत्मा इसे अपना नित्य गृह समझकर इससे आवागमन करती रहेगी।।11।।

स्वयं अपने को ऊपर सम्हलकर यह पृथिवी उसके ऊपर अच्छी तरह खड़ी रहे। उसके सहस्र स्तम्भ उसे आधार देने के लिये खड़े रहें। यह उस मृत जीव का भव्य गृह उसे पुष्टिप्रद होकर सदैव ही उसका रक्षक बने।

"उच्छ्वंचमाना" – मण्डपी की तरह ऊपर उठाकर रखा जाय। "घृतश्चुत" – मृत आत्मा के जीवन के लिये आवश्यक घृत–अन्न एवं पान आदि।।12।।

हम आपके लिये ही आप पर चारों ओर पृथिवी को ऊपर रख देते हैं। यह ढेला आपके ऊपर रखने से आपको किसी प्रकार की पीड़ा नहीं हो। आपके साथ सम्बन्ध स्थापित होने के कारण हमें मृत्यु से कोई पीड़ा नहीं होगी। आपके पितर इस स्तम्भ को उत्तम आधार दें। यमराज आपके लिये यहीं विश्रामस्थल तैयार करे।।13।।

"प्रतीचीनम् महान्" – अर्थात् मेरी ओर आनेवाला कल का दिन। "इष्वाः पर्णमिव" – इषु या बाण के साथ जिस तरह पंख से चिपके रहना आवश्यक होता है उसी तरह कल उदित होनेवाले दिन के साथ मुझे भी रहना आवश्यक है। मृत व्यक्ति से जो सम्बन्ध रहा उसे तोड़कर ऋत्विज् पुनः जीवलोक की ओर ध्यान देने लगता है। ऋत्विज् के कथन का आशय है : "हमें भविष्य में अर्थात् कल उदित होने वाले दिन में जीवित रहने का देवों का आदेश प्राप्त हुआ है। अतः हम मृत व्यक्ति के साथ वार्तालाप के कारण मृत्यु से जो सम्पर्क अब तक पैदा हुआ था उसे तोड़ने को बाध्य हुए हैं।"

जिस प्रकार बाण की पिछली नोक पर पंख चिपका देते हैं उसी प्रकार हमारी ओर लौटकर आनेवाले दिन में देवों ने हमें जोड़कर रख दिया है। इस लिये इसके अनन्तर जैसे घोड़े को लगाम से जिस प्रकार खींचकर रखा जाता है उसी प्रकार लौटकर अपनी वाणी को हम निगृहीत करते हैं।।14।।

ऋग्वेदीय "पितृमेध यज्ञ मूलभूत रूप से शवदहन यज्ञ" रहा। इसकी विशेषता यह रही कि "पितृमेध कर्मकाण्ड के प्रपंचों से कोसों दूर रहा।" वेद की अन्य ऋचाओं के अनुसार इसमें ऋत्विज् वैदिक यज्ञीय मन्त्रों का उच्चारण करते थे। मृतक के शवदहन अथवा भूसमाधि आदि की दो समानान्तर धारायें विद्यमान रही। "शव दहन के तत्काल बाद अशौचनिवृत्ति हो जाती रही। सती प्रथा का निषेध रहा"। "मृतक के परिवार की सुहागन स्त्रियाँ मृतक शरीर घर से बाहर निकलते ही आँखों में कज्जल और वस्त्रालंकार धारण करती रही।" मृतक की अस्थियों का (शवदाह उपरान्त) चयन कर मिट्टी के पात्र में अन्नादि के साथ पृथिवी में गाड़ते थे। "अस्थियों को पवित्र नदियों में प्रवाहित नहीं

करते थे।'' पितृमेध यज्ञ के बाद परिजन–स्वजन अपने–अपने कार्यों में लग जाते रहे। ऋग्वेद के मृत्यु सूक्त से स्पष्ट है : ''वैदिक काल में अशौचनिवृत्ति घर के बाहर प्रेत के निकाले जाने के उपरान्त तुरन्त ही होती थी।''

''वेदों के परवर्ती स्मृतिकाल में आश्वलायन गृह्यसूत्र (4.6.10); मनुस्मृति (5.59; 5.84); याज्ञवल्क्य स्मृति (3.28.29) आदि में अशौचनिवृत्ति दस दिनों के बाद आदि प्रपंच सम्मिलित हुए। ये सभी ऋग्वेद के विपरीत हैं।''

इमा नारीरविधवाः सुपत्नीरांजनेन सर्पिषा सं विशन्तु।
अनश्रवोऽनमीवाः सुरत्ना आ रोहन्तु जनयो योनिमग्रे।।7।।
उदीर्ष्व नार्यभि जीवलोकं गतासुमेतमुप शेष एहि।
हस्ताग्रामस्य दिधिषोस्तवेदं पत्युर्जनित्वमभि सं बभूथ।।8।।
धनुर्हस्तादाददानो मृतस्याऽस्मे क्षत्राय वर्चसे बलाय।
अत्रैव त्वमिह वयं सुवीरा विश्वाः स्पृधो अभिमातीर्जयेम।।9।।
उप सर्प मातरं भूमिमेतामुरुव्यचंम पृथिवी सुशेवाम्।
उर्णमद्रा युवतिर्दक्षिणावत एषा त्वा पातु निर्ऋतेरुपस्थात्।।10।।
उच्छ्वंचस्व पृथिवी मा नि बाधथाः सूपायनास्मै भव सूपवंचना।
माता पुत्रं यथा सिचा ऽभ्येनं भूम ऊर्णुहि।।11।।
उच्छ्वंचमाना पृथिवी सु तिष्ठतु सहस्रं भित उप हि श्रयन्ताम्।
ते गृहासो घृतश्चुतो भवन्तु विश्वाहास्मै शरणाः सन्त्वत्र।।12।।
उत् ते स्तभ्नामि पृथिवीं त्वत् परीमं लोगं निदधन्मो अहं रिषम्।
एतां स्थूणां पितरो धारयन्तु तेऽत्रा यमः सादना ते मिनोतु।।13।।
प्रतीचीने मामहनीष्वाः पर्णमिवा दधुः।
प्रतीचीं जग्रभा वाचमश्वं रशनया यथा।।14।।
।।ऋग्वेद : ऋषि संकुसुको यामायन; 10.18.1–14।।

मन को शुभ संकल्प से युक्त कर

''आप हमारे मन को शुभ संकल्प युक्त करें''।।ऋग्वेद 10.20.1।।
भद्रं नो अपि वातय मनः।।ऋग्वेद 10.20.1।।

यज्ञ कल्याण करनेवाला

वह (अग्नि, यज्ञाग्नि) ही हवि, यज्ञ और कल्याण करनेवाला है। यही देवों को आमन्त्रित करने जाता है। देव भी उस स्तुत्य अग्नि के साथ पधारते हैं।।ऋग्वेद 10.20.6।।

स हि क्षेमो हविर्यज्ञः श्रुष्टीदस्य गानुरेति।
अग्निं देवा वाशीमन्तम्।।ऋग्वेद 10.20.6।।

मन कल्याणकारी विचारों से युक्त हो

यज्ञीय सोम की ऋचा में कहा है, कि "हमें कल्याणकारी विचारों से युक्त मन प्राप्त कराने का अनुग्रह करो; साथ ही निपुण (दक्ष) और कर्मनिष्ठ (ऋतुम्) करो।" जैसे चारे की इच्छुक गाय समूह, उसे प्राप्त कर प्रसन्न होता है, वैसे ही हे सोम! हम आपसे प्रीतियुक्त होकर अन्नादि प्राप्त कर आनन्दमय होते हैं। इन कारणों से आप महान् हैं।।ऋग्वेद 10.25.1।।

भद्रं नो अपि वाताय मनो दक्षमुत क्रतुम्।
अधा ते सख्ये अन्धसो वि वो मदे रणन् गावो न यवसे विवक्षसे।।1।।
।।ऋग्वेद 10.25.1।।

यज्ञांश भक्षण कर्त्ता सप्तर्षि एवं वालखिल्य उत्पत्ति!
दश अंगिरसों में समभावी कपिल

प्रजापति के नाभि शरीर से सप्तर्षि ऋषि (मरीचि, अत्रि, अंगिरा, पुलस्त्य, पुलह, ऋतु एवं वसिष्ठ) की उत्पत्ति हुई। प्रजापति के उत्तरी शरीर से वालखिल्य आदि आठ ऋषि उत्पन्न हुए (वालखिल्य ऋषि देवों का एक ऐसा वर्ग जो आकार में अँगूठी के बराबर होता है। इनकी उत्पत्ति ब्रह्मा के शरीर से हुई है। इनकी संख्या 60 हजार है, ये सूर्य के रथ के आगे चलते हैं। ऋग्वेद के परिशिष्ट में वालखिल्य सूक्तों की संख्या 36 है। वेदज्ञ श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर ने दैवत्त संहिता में वालखिल्य सूक्तों का वर्णन किया है। चौकें नहीं! सर्वाधिक चर्चित 29 मन्त्रोंवाला "ऋग्वेदीय श्रीसूक्त वालखिल्य कृत" है। यहाँ मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने वालखिल्यों की संख्या 8 भी कही है। उनके उपरान्त 9 भृगु ऋषि आदि उत्पन्न हुए। उनसे आगे 10 अंगिरादि ऋषि की उत्पत्ति हुई। ये (सप्तर्षि, वालखिल्य ऋषिगण, भृगु ऋषिगण एवं अंगिरा ऋषिगण) यज्ञांश का भक्षण करनेवाले हैं; ये द्युलोक के उन्नत प्रदेश की अभिवृद्धि करते हैं।।15।।

दश अंगिरा ऋषियों में "कपिल ऋषि सबके प्रति समान भाव रखनेवाले" हैं। उसको श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करानेवाले आवश्यक यज्ञादि कर्म साधना के लिये प्रेरित करते हैं। जगत् निर्मात्री प्रकृतिमाता (महाप्रकृति) ने कामना नहीं करनेवाले उस गर्भ को सन्तुष्ट होकर जल में धारण किया।।6।।
।।ऋग्वेद 10.27.15, 16।।

सप्त वीरासो अधरादुदायन्नष्टोत्तरात्तात् समजग्मिरन्ते।
नव पश्चातात् स्थिविमन्त आयन् दश प्राक् सानु वि तिरन्त्यश्नः।।5।।
दशनामेकं कपिलं समानं तं हिन्वन्ति क्रतवे पार्याय।
गर्भं माता सुधितं वक्षणास्ववेनन्तं तुषयन्ती बिभर्ति।।16।।

।।ऋग्वेद 10.27.15, 16।।

यज्ञ : सूर्य दर्शन

सूर्य ही आपका जीवनाधार है; और आप ही इस स्वरूप के ज्ञाता हैं। यज्ञ के समय सूर्य के ऐसे प्राणदायक स्वरूप को मत छिपायें। उस प्रभाव का स्तवन कर, वर्णन कर। यह सूर्य तीनों लोकों को प्रकाशित करता है। सूर्य पृथिवी से जल को वाष्परूप में हरण करता है। चेतनास्वरूप सूर्य इस गमन तत्त्व का कभी त्याग नहीं करता है।।24।।ऋग्वेद 10.27.24।।

सा ते जीवातुरुत तस्य विद्धि मा स्मेतादृगप गूहः समर्ये।
आविः स्वः कृणुते गूहते बुसं स पादुरस्य निर्णिजो न मुच्यते।।24।।

।।ऋग्वेद 10.27.24।।

यज्ञ से देवस्वरूप ज्ञाता; शुभ फल

हमने देवों की पूजा–आराधना–यज्ञकर्म किया है। देवों के पास समस्त यज्ञीय द्रव्य जलों के पास जाते हैं। वे संरक्षक एवं शत्रुनाशक हैं। हम सहज ही प्राप्त होने योग्य सुख को समस्त ओर से प्राप्त करें। "हम देवों के स्वरूप को जाननेवाले ज्ञाता हों।।3।।" अर्थात् "उत्तमकर्म–शुभकर्म–प्रशस्ततमकर्म–यज्ञकर्म कर्त्ता देवों के स्वरूप का ज्ञाता होता है।"

इस समय हमारी अत्यन्त प्राचीन व्यापक और देवों के पास जानेवाली उत्कृष्ट स्तुति स्फूर्तियुक्त होकर बढ़ती है। "इसलिये इस पोषक यज्ञ में समस्त देवता समान स्थान में विद्यमान रहकर 'शुभफल' देने के लिये पधारने का अनुग्रह करें"।।6।।ऋग्वेद 10.31.3, 6।।

अधायि धीतिरससृग्रमंशास्तीर्थं न दस्ममुप यन्त्यूमा।
अभ्यानश्म सुवितस्य शूषं नवेदसो अमृतानामभूम।।3।।
अस्येदेषा सुमतिः पप्रथानां ऽभवत् पूर्व्या भूमना गौः।
अस्य सनीळा असुरस्य योनौ समान आ भरणे बिभ्रमाणाः।।6।।

।।ऋग्वेद 10.31.3, 6।।

यज्ञ में उपदेश का कल्याणप्रद फल : अज्ञ भी ज्ञान मार्ग पर

ऋग्वेद के दशम मण्डल के 32वें सूक्त की सातवीं ऋचा में कहा है : "ज्ञानी के उपदेश का यही कल्याणप्रद फल है कि अज्ञानी भी ज्ञानयुक्त मार्ग को प्राप्त करता है।" मन्त्रद्रष्टा ऋषि कवष ऐलषू ने उदाहरण दिया कि जो किसी मार्ग को नहीं जानता, वह अवश्य ही मार्ग को जाननेवाले से पूछता है। वह ज्ञाता से मार्ग जानकर अभीष्ट मार्ग को प्राप्त करता है।।ऋग्वेद 10.32.7।।

ऋग्वेद की यज्ञपरक ऋचाओं में स्पष्ट निर्देश है कि यज्ञकर्म में महाविद्वानों को ससम्मान आमन्त्रित किया जावे और महाज्ञानी प्रवचन–उपदेश करे। ज्ञानचर्चा से अज्ञों को ज्ञानमार्ग प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

अक्षेत्रवित् क्षेत्रविदं ह्यप्राट् स प्रैति क्षेत्रविदानुशिष्टः।
एतद्वै भद्रमनुशासनस्योत स्रुतिं विन्दत्यंजसीनाम्।।7।।
।।ऋग्वेद 10.32.7।।

यज्ञ : आदित्यगण से श्रीवृद्धि

हे आदित्य गणों! आपको हमने आवाहित किया है; आप सभी "सर्वकल्याण के लिये यज्ञ" में आने का अनुग्रह करो। आप सब मिलकर "हमारी श्रीवृद्धि के लिये यज्ञ की रक्षा करो"; हविष्यान्न प्रेमपूर्वक स्वीकार करो। बृहस्पति, पूषन्, अश्विद्वय, भग और प्रज्ज्वलित अग्नि से हम कल्याण की प्रार्थना करते हैं।।ऋग्वेद 10.35.11।।

त आदित्या आ गता सर्वतातये वृधे नो यज्ञमवता सजोषसः।
बृहस्पतिं पूषणमश्विना भगं स्वस्त्य1ग्निं समिधानमीमहे।।11।।
।।ऋग्वेद 10.35.11।।

सूर्य : यज्ञ विध्वंसक राक्षसों से रक्षण

मन्त्रद्रष्टा ऋषि सौर्योऽभितपा ने सूर्य सूक्त में कहा है : "सूर्य प्रेरित होकर शान्त स्वभाव से युक्त रहकर समस्त व्रत, कर्म एवं जगत् के नियमों की रक्षा करता है – यज्ञविध्वंसक राक्षसों से रक्षण करता है।" सूर्य प्रातःकाल के होमों की हवियों के पास जाता है। हे सूर्य देवता! आप जिस पवित्र नाम से आपकी उपासना करते हैं, तब हमारे उस यज्ञकर्म को इन्द्रादि देव अनुमति देवें।।5।।

"ऋग्वेद के अनुसार सर्वप्रसविता सविता देव का जबड़ा लोहानुरूप बहुत भारी है और बहुत कम खुलता है। सविता इससे प्रणव (ऊँ कार) का मधुर पाठ करता है।" पश्चिमी वेदज्ञों ने इसे प्रस्तर युग के जनों का प्रलाप कहा। चौकें नहीं! "अमेरिकी नासा ने सूर्य की ध्वनि अंकित की; उसमें सूर्य द्वारा ऊँ कार पाठ की पुष्टि हुई (स्रोत : सूर्यविद्या)।"

विश्वस्य हि प्रेषितो रक्षसि व्रतमहेळयन्नुच्चरसि स्वधा अन।
यदद्य त्वा सूर्योपब्रवामहै तं नो देवा अनु मंसीरत क्रतुम्।।5।।
।।ऋग्वेद 10.37.5।।

यज्ञ से देवलोक प्राप्ति : कीर्तिजनक कार्य सम्पादन

मन्त्रद्रष्टा ऋषि कृष्ण आंगिरस ने स्पष्ट किया है, कि "प्राचीन काल (वेद पूर्व) से ही श्रेष्ठ जन देवों की स्तुति करके उन्हें यज्ञ में निमन्त्रण देते

रहे हैं, वे अलग–अलग देवलोकों को प्राप्त करते रहे हैं।" वे दुस्तर एवं "अत्यन्त कीर्तिजनक कर्म का सम्पादन करते हैं।" "जो यज्ञ उपासना रूपी नौका पर आरूढ नहीं हो सकते, वे पापकर्मों में लिप्त ऋणग्रस्त होकर नीचे पड़े रहते हैं।।6।।ऋग्वेद 10.44.6।।

पृथक् प्रायन् प्रथमा देवहूतयो ऽकृण्वत श्रवस्यानि दुष्टरा।
न ये शेकुर्यज्ञियां नावमारुहमीर्मैव ते न्यविशन्त केपयः।।6।।
।।ऋग्वेद 10.44.6।।

यजन से दुष्ट बुद्धि विमुख : अधोगामी नरक जाते हैं!

इस ऋचा में "दुष्ट बुद्धि से यज्ञ नहीं करनेवालों को भयानक दुष्परिणामों से सावधान किया है।" इसप्रकार जो दुष्ट बुद्धि रखते हैं, यज्ञकर्म नहीं करनेवाले हैं; जिनके रथ में कुमार्ग में जानेवाले अश्व जोते जाते हैं; वे अधोगामी होते हैं; नरक जाते हैं।

जो यजन करनेवाले पहिले से ही देवों के लिये हवियों का दान देने में तत्पर हैं, वे सचमुच परमव्योमगामी होते हैं।।7।।

एवैवापागपरे सन्तु दूढ्यो ऽश्वा येषां दुर्युज आयुयुजे।
इत्था ये प्रागुपरे सन्ति दावने पुरूणि यत्र वयुनानि भोजना।।7।।
।।ऋग्वेद 10.44.7।।

पार्थिव अग्नि जातवेदा!

मन्त्रद्रष्टा कवि वत्सप्रिर्भालन्दन ने पार्थिक अग्नि के जातवेदा–आदि ज्ञानी होने का रहस्य स्पष्ट किया है। प्रथम अग्नि आकाश में सूर्यरूप में प्रगट हुआ। "अनन्तर अग्नि दूसरा जातवेदा–आदि ज्ञानी हमारे बीच पार्थिव रूप में प्रगट हुआ।" उसके उपरान्त लोकनुग्राहक पर अग्नि अन्तरिक्ष में जल में (ब्रह्माण्डीय आपः) विद्युत् रूप में प्रगट हुआ। इस प्रकार मनुष्य हितेषी अग्नि को कभी बुझाया नहीं होने देते हुए, निरन्तर प्रज्ज्वलित रखनेवाले स्तोतागण स्तुति करते हैं।।ऋग्वेद 10.45.1।।

दिवस्परि प्रथमं जज्ञे अग्निस्मद् द्वितीयं परि जातवेदा।
तृतीयमप्सु नृमणा अजस्रमिन्धान एनं जरते स्वाधीः।।1।।
।।ऋग्वेद 10.45.1।।

यज्ञीय धूम : तेजोमय शुक्लवर्ण कान्ति द्युलोक में

"यज्ञकर्म में उत्पन्न यज्ञीय धूम अत्यन्त तेजोमय और शुक्लवर्ण की कान्ति से युक्त होता है। यह सूक्ष्म रूप से जाकर द्युलोक में व्यापता है।" यह धूम अनेक रूपों को धारण करता है और अनेक रूपों को उत्पन्न करता है।

हवि की कामना करनेवाला, सर्वशोधक, चारों ओर व्यापनेवाला, अत्यन्त बुद्धिमान् और अमर अग्नि मनुष्यों में रहता है।।ऋग्वेद 10.45.7।।

उशिक् पावको अरतिः सुमेधा मर्तेष्वग्निरमृतो नि धायि।
इयर्ति धूममरुषं भरि भ्रदुष्छुक्रेण शोचिषा द्यामिनक्षन्।।7।।
।।ऋग्वेद 10.45.7।।

यज्ञार्ह अग्नि निर्माण : मनुष्य हितार्थ

जिस अग्नि को द्यावापृथिवी ने उत्पन्न किया। भृगुओं ने अग्नि को स्तोत्रादि साधनों से प्राप्त किया। जिसे देवों के रचयिता त्वष्टा ने जल विद्युत् रूप में उत्पन्न किया। वायु ने स्तुत्य मुख्य अग्नि को उत्पन्न किया (पँच भूतों में – आकाश से वायु, वायु से अग्नि, अग्नि से जल एवं जल से पृथिवी की उत्पत्ति हुई।)। साथ ही "अन्य समस्त देवों ने मनुष्य के हितार्थ यज्ञार्ह अग्नि निर्माण किया"।।9।।ऋग्वेद 10.46.9।।

द्यावा यमग्निं पृथिवी जनिष्टामापस्त्वष्टा भृगवो यं सहोभिः।
ईळेन्यं प्रथमं मातरिश्वा देवास्ततक्षुर्मनवे यजत्रम्।।9।।
।।ऋग्वेद 10.46.9।।

देवताओं द्वारा यज्ञकर्म

इन्द्र के लिये त्वष्टा ने लोहे का वज्र निर्मित किया। "परमेष्ठी के लिये देवता गण यज्ञकर्म करते हैं।" देव सेना सूर्य के समान दुस्तर, दुर्गम्य है। "परमब्रह्म को सभीजन कर्म से ही प्राप्त करते हैं"।।ऋग्वेद 10.48.3।।

मह्यं त्वष्टा वज्रतक्षदायसं मयि देवासोऽवृजन्नपि क्रतुम्।
ममानीकं सूर्यस्येवं दुष्टरं मामार्यन्ति कृतेन कर्त्वेन च।।3।।
।।ऋग्वेद 10.48.3।।

यज्ञानुष्ठान : ब्रह्म शक्ति वर्धक

चौंकें नहीं! इस ऋचा के ऋषि "वैकुण्ठ इन्द्र" हैं। ब्रह्म–परमेष्ठी स्तुति करनेवाले को सनातन वैभव एवं निवास स्थान देता है। मैं ब्रह्म स्तुतिकर्म मेरे उत्कर्ष के लिये करता हूँ (सविता सतत ऊँकार का पाठ कर रहा है।)। "यज्ञानुष्ठान ब्रह्म (शक्ति) के लिये वर्धक है।" मैं (ब्रह्म), मेरे लिये हवन करनेवाले यजमान के अध्यात्मिक, दैविक, अधिभूत धन का प्रेरक हूँ। मैं "अयज्ञशील को सभी संग्रामों में पराजित करता हूँ"।।ऋग्वेद 10.49.1।।

अहं दां गृणते पूर्व्यं वस्वहं ब्रह्म कृणवं मह्यं वर्धनम्।
अहं भुवं यजमानस्य चोदिताऽयज्वनः साक्षि विश्वस्मिन् भरे।।1।।
।।ऋग्वेद 10.49.1।।

यज्ञानुष्ठान से देव महान्

ब्रह्म यज्ञानुष्ठान–स्तोत्रों से महान् हुआ है। परमेष्ठी समस्त यज्ञों में यजनीय है। वह समस्त युद्धों में मुख्य शत्रुओं का नाशक है। सर्वद्रष्टा! आप सर्वश्रेष्ठ हैं और सुयोग्य हितकारी परामर्श देनेवाले हैं।।4।।ऋग्वेद 10.50.4।।

भुवस्त्वमिन्द्र ब्रह्मणा महान् भुवो विश्वेसु सवनेषु यज्ञीयः।
भुवो नृँश्च्यौत्नो विश्वस्मिन् भरे ज्येष्ठश्च मन्त्रो विश्वचर्षणे।।4।।
।।ऋग्वेद 10.50.4।।

हवि के भाग एवं यजमान का अंश

मन्त्रद्रष्टा कवि के अनुसार "यज्ञीय हवि के भाग हैं : प्रयाज, अनुयाज और असाधारण ऊर्जावान् बलशाली भाग।"

हे देवो! मुझे (प्रथम) हर्विभाग प्रयाज, अनुयाज और ये असाधारण भाग प्रदान करने का अनुग्रह करो। साथ ही हवियों में से पुष्टयुक्त भाग दो। मुझे जल का सारभाग घृत और सोमांशवाली ओषधि से उत्पन्न प्रधान रूप भाग और अग्नि की दीर्घायु प्रदान करो।।8।। हे अग्ने! आपके प्रयाज, अनुयाज एवं ऊर्जस्वी बलशाली हवि भाग हों। यह सम्पूर्ण यज्ञ आपका ही हो। आपके आगे चारों दिशाएँ अवनत हों; आपका आदर करें।।9।।

।।ऋग्वेद 10.51.8, 9।।

प्रयाजान् मे अनुयाजाँश्च केवलानूर्जस्वन्तं हविषो दत्त भागम्।
घृतं चापां पुरुषं चौषधीनामग्नेश्च दीर्घमायुरस्तु देवाः।।8।।
तव प्रयाजा अनुयाजाश्च केवल ऊर्जस्वन्तो हविषः सन्तु भागाः।
तवाग्ने यज्ञो3यमस्तु सर्वस्तुभ्यं नमन्तां प्रदिशश्चतस्रः।।9।।
।।ऋग्वेद 10.52.8, 9।।

पँच जन : हवन का सेवन करें

आर्ष ग्रन्थों में "प्राणियों की पाँच श्रेणियाँ हैं : देवता, गन्धर्व, नाग, पितर एवं मनुष्य।" इन्हें "पँचजन" की संज्ञा दी गई है। वैसे भी ऋग्वेद काल में वर्ण व्यवस्था नहीं रही। आमजन "कार्य का "वरुण" करते थे, वही उनका "वर्ण" होता रहा। अर्थात् "जन्म से कोई वर्ण नहीं" होता था। किसी भी कुल में पैदा ब्रह्मविद्या का स्वाध्याय कर ब्रह्मविद् बनता रहा। वैदिक साहित्य में स्पष्ट कहा है कि "मनुष्य बन और देवत्व प्राप्त कर।" अर्थात् मानवीय सद्गुणों–प्रशस्ततमकर्म–यज्ञकर्म से देवत्व प्राप्त होता है। यही वेद के ज्ञानखण्ड ऋग्वेद का सारतत्त्व है।

आज सर्वश्रेष्ठ–मुख्य उस वचन का मैं उच्चारण करता हूँ, जिससे हम देवगण असुरों का पराभव कर सकें। अन्न भक्षण कर्त्ता एवं "यज्ञार्ह

पँचजन! आप मेरे हवन का सेवन करें।'' अर्थात् हवन का भाग सभी पँचजनों को मिलता है। इससे तेजस्वी एवं ऊर्जावान् होकर देव असुरों को परास्त करते हैं।।4।।

जो पृथिवी पर उत्पन्न अन्नादि अथवा हव्य के लिये उत्पन्न और यजार्ह है, मेरे हवन का सेवन करे। पृथिवी, पृथिवी सम्बन्धी हमारे पापों से हमें बचावे; अन्तरिक्ष देवता हमें आकाश से उत्पन्न पापों से बचावे।।5।।ऋग्वेद 10. 53.4, 5।।

तदद्य वाचः प्रथमं मसीय येनासुराँ अभि देवा असाम।
ऊर्जाद उत यज्ञीयासः पंच जना मम होत्रं जुषध्वम्।।4।।
पंच जना मम होत्रं जुषन्तां गोजाता उत ते यज्ञीयासः।
पृथिव नः पार्थिवात पात्वंहसो ऽन्तरिक्षं दिव्यात् पात्वस्मान्।।5।।
।।ऋग्वेद 10.53.4, 5।।

सूर्यमण्डल यज्ञ : ''मनुर्भव जनया दैव्य जनम्''
''मनुष्य बनो, देवत्व प्राप्त करो''

यज्ञाग्नि यज्ञ के विस्तार के कारण और सूर्व लोकों के प्रकाश सूर्य का अनुकरण अथवा रश्मियों के द्वारा सूर्यमण्डल में प्रवेश करता है। समूचा सूर्यमण्डल यज्ञमय हो जाता है। सत्कर्म से सम्पादित तेजस्वी मार्गों की रक्षा कर; स्तोताओं के कर्म को निर्दोष कर, स्तुत्य बन और मननशील मनुष्यों को यज्ञाभिगामी–देवों का उपासक बना, मनुष्य बन और देवत्व प्रदान कर।।6।।

तन्तुं तन्वन् रजसो भानुमन्विहि ज्योतिष्मतः पथो रक्ष धिया कृतान्।
अनुल्बणं वयत् जोगुवामपो मनुर्भव जनया दैव्यं जनम्।।6।।
।।ऋग्वेद 10.53.6।।

''मनुर्भव जनया दैव्य जनम्'' – यह ऋग्वेद के दशम मण्डल का सर्वाधिक महत्वपूर्ण कथन है। अर्थात् ''मनुष्य बनो और देवत्व की प्राप्ति करो।''

यज्ञ के लिये ''अश्वन्वती'' नदी उलांघें
ब्रह्म को जान–यज्ञ कर

वेद के ज्ञानकाण्ड ऋग्वेद का अत्यन्त अध्यात्मपरक रहस्यमय शब्द ''अश्व'' है। शब्दकल्पद्रुम में अश्व का अर्थ है : अत्रुते मार्गं व्याप्नोति : अश व्याप्तौ अश्पूप्रषिलटोति क्वन्। इत्यमर में अश्व के 16 तात्पर्यों में गन्धर्वः, हयः, अर्व्वा, सैन्धवः, वाहः आदि भी हैं। वेद में – व्यापनशील (विष्णु), सोम, काल, सूर्य, अग्नि, राष्ट्र, यज्ञ, परमपुरुष, सृष्टि, ब्रह्म, वर्तमान, शक्ति, गति, बल आदि को अश्व की उपमा दी गई है। अश्विद्वय–अश्विनौ अश्वमुख हैं। अश्विनौ को

दध्यङ्.–दधीचि ऋषि ने अश्व का शिर लगाकर सूर्यविद्या का गुप्तज्ञान दिया। ब्रह्मर्षि याज्ञवल्क्य को सूर्य देवता ने अश्व मुख के रूप में शुक्ल यजुर्वेद का ज्ञान दिया। देवगाथाओं के अनुसार अश्वमुखवाले हयग्रीव देवता ने हमें वेद प्रदान किये।

इस ऋचा में कहा है, कि "अश्वन्वती" नामक नदी बह रही है; यज्ञ के स्थान पर जाने के लिये एक साथ मिलकर उठो और अश्वन्वती को लांघ जाओ। मित्रों! जो हमारा दुःख का कारण है उसे हम यहाँ त्यागते हैं। हम सुखदायी अन्न (अन्न शब्द बहुत व्यापक है) प्राप्त करने के लिये अश्वन्वती नदी पार करेंगे।।8।। इसका अध्यात्मिक आशय है कि ब्रह्माण्ड में ब्रह्मज्ञान रूपी अश्वन्वती नदी बह रही है। मननशील विद्वान ब्रह्मचर्चा एकसाथ मिलकर करें, ज्ञानयज्ञ करें और त्रयीतापों–अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक स्वरूपा दुःखों से मुक्त होकर यज्ञस्थान–ऋत एवं सत्य पर जायें।।ऋग्वेद 10.53.8।।

अश्वन्वती स्थिते सं रभध्वमुर्त्तिष्ठत प्र तरता सखायः।
अत्रा जहाम ये असन्नशेवाः शिवान् वयमुत्तरेमभि वाजान्।।8।।
।।ऋग्वेद 10.53.8।।

परमेष्ठी का तेज : पँच देव, सप्त तत्त्व, चौतीस देव स्वरूप

मन्त्रद्रष्टा ऋषि बृहदुक्थो वामदेव ने परमेष्ठी को रेखांकित किया है। "हे परमेष्ठी! आपका वह महान्, अत्यन्त गूढ़–अन्यों से अज्ञात, अनेकों को स्पृहणीय आकाशात्मक शरीर है। आपने समस्त भूत (महाभूत–त्रितत्त्व एवं नासदीय सूक्तावस्था) और भविष्य का निर्माण किया है; अर्थात् परमेष्ठी महाकाल त्र्यम्बक है। आपसे ही अत्यन्त प्राचीन आदित्य का उदक रूप और इन्द्र को बहुत प्रिय तत्त्व–तेज उत्पन्न हुआ। जिस प्रिय ज्योति को प्राप्त कर पँचजन आश्रयपूर्वक उसकी उपासना करते हैं"।।2।।

यही कारण है कि ऋग्वेद में रुद्र त्र्यम्बक हैं। त्र्यम्बक रुद्र भूत, वर्तमान एवं भविष्य के अलावा सृष्टि रचना से पहिले का काल रहा। उस समय "परमेष्ठी अदृश्य निराकार रूप में रहा। उसमें पँचभूत एवं त्रितत्त्व सुप्तावस्था में रहे।" सर्वप्रथम आकाश महाभूत की उत्पत्ति हुई। प्रकारान्तर में अन्य भूत उत्पन्न हुए। यजुर्वेद में रुद्र के केशों को नीला कहने का गूढ़ अभिप्राय है कि नीला भासता आकाश ही जिसके केश हैं।

वह परमेष्ठी अपने तेज से द्यावा–पृथिवी एवं अन्तरिक्ष को पूर्ण करता है (परमेष्ठी से उत्पन्न पँचभूतों में प्रथम आकाश एवं अन्तिम पृथिवी है।)। उसी प्रकार "पँचदेव"–देव, मनुष्य, पितर, असुर एवं राक्षस और "सप्त" तत्त्वों–सप्त मरुत्गण, सप्त सूर्य रश्मियाँ, सप्त व्याहृति, सप्त वायुस्कन्ध, सप्तधातु, सप्तर्षि,

सप्त प्रकृति, सप्ततन्तु, सप्तसिन्धु, अग्नि की सप्त जिव्हा, शरीर के संघटक सप्त मूलतत्त्व, सप्त होता, सप्त प्रकार के ऋषि, सप्तयज्ञ, सप्तदिन, सप्तद्वीप, सप्त नक्षत्रपुँज, सप्तलोक, सप्तपत्र आदि को समय–समय पर प्रकाशित करता है, पूर्ण करता है। परमेष्ठी चौतीस (34) प्रकार के देवों से, एक समान तेज से अनेक प्रकार से दीखता है। "ये 34 देव हैं : आठ वसु, बारह आदित्य, एकादश रुद्र, प्रजापति, षट्कर एवं विराट्" ।।3।।ऋग्वेद 10.55.2, 3।।

महत् तन्नाम गुह्यं पुरुस्पृग् येन भूतंजनयो येन भव्यम्।
प्रत्नं जातं ज्योतिर्यदस्य प्रियं प्रियाः समविशन्त पंच।।2।।
आ रोदसी अपृणादोत मध्वं पंच देवाँ ऋतुशः सप्तसप्त।
चतुस्त्रिंशता पुरुधा वि चष्टे सरूपेण ज्योतिषा विव्रतेन।।3।।
।।ऋग्वेद 10.55.2, 3।।

परमेष्ठी अंश : ज्योतिर्मय आत्मा

बहुदुक्थ ऋषि ने मृतपुत्र वाजि से कहा : परमेष्ठी स्वरूप एक अंश अग्नि है। दूसरा अंश वायु है और तीसरा अंश ज्योतिर्मय आत्मा है। इन तीनों अंशों से अग्नि, वायु और सूर्य में विलीन हो जा। अपने शरीर के प्रवेश के समय कल्याणमय हो जा। देवों के अत्यन्त श्रेष्ठ उत्पत्ति स्थान सूर्य में प्रिय होकर रह।।1।।ऋग्वेद 10.56.1।।

इदं त एकं पर ऊ त एकं तृतीयेन ज्योतिषा सं विशस्व।
संवेशने तन्व1श्चारुरेधि प्रियो देवानां परमे जनित्रे।।1।।
।।ऋग्वेद 10.56.1।।

यज्ञ : सन्मार्ग

हे परमेष्ठी इन्द्र! हम सन्मार्ग से कुपथ में कभी नहीं हों; हम सोमयुक्त यज्ञकर्म से कभी दूर नहीं रहें। हमारे मार्ग में शत्रु (काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर, अज्ञान, अविद्या आदि) नहीं रहें।।ऋग्वेद 10.57.1।।

मा प्र गाम पथो वयं मा यजादिन्द्रं सोमिनः।
मान्तः स्थुर्नो अरातयः।।ऋग्वेद 10.57.1।।

यज्ञ से निर्ऋति दूर

निर्ऋति (निर + ऋ + क्तिन्) का अर्थ है : क्षय, नाश, विघटन, संकट, अनिष्ट, विपदा, विपत्ति, अभिशाप, मृत्यु, मूर्तिमान् विनाश, विनाश की देवी, दक्षिण–पश्चिम कोण की अधिष्ठात्री देवी अथवा देवता। इस लिये "निर्ऋति कोण–दिशा" को शुभ नहीं माना गया है।

मन्त्रद्रष्टा ऋषि बन्धु श्रुतबन्धुर्विप्रबन्धुर्गौपायना ने "निर्ऋति" विषयक ऋचा में रहस्योद्घाटन किया है कि "यज्ञीय हवि से निर्ऋति दूर होती है।"

सामगान करते हुए ही परमायुरूप सम्पत्ति प्राप्त करने के लिये उत्तम प्रकार का अन्न और अनेक प्रकार की उत्तमोत्तम हवि निर्मित करते हैं। "हम निर्ऋति के लिये स्तुति एवं यज्ञ में हवि प्रदान करते हैं।" निर्ऋति उन हमारे समस्त अन्नों का रसास्वादन ले एवं जीर्ण होकर हमें सुख दे। निर्ऋति अच्छी प्रकार दूर हो।।ऋग्वेद 10.59.2।।

सामन् नु राये निधिमन्नवन्नं करामहे सु पुरुध श्रवांसि।
ता नो विश्वानि जरिता ममत्तु परातरं सु निर्ऋतिर्जिहीताम्।।2।।
।।ऋग्वेद 10.59.2।।

यज्ञ : कल्याण, पाप समापन

महान् और यज्ञ की माताएँ–द्यावापृथिवी सुबन्धु का कल्याण करें। आप जो भी हमारा पाप हो उनको दूर करें। हे द्यावापृथिवी! आप दोनों अत्यन्त क्षमाशील हैं, तो पाप कैसे रहेगा? हे सुबन्धु! आपका जो कुछ भी पाप हो, वह कष्ट नहीं देते हुए नष्ट हो।।ऋग्वेद 10.59.8।।

शं रोदसी सुबन्धवे यव्ही ऋतस्य मातरा।
भरतामप यद्रपो द्यौः पृथिवी क्षमा रपो मा षु ते कि चनाममत्।।
।।ऋग्वेद 10.59.8।।

यज्ञपालक वास्तोष्पति

जिस समय पिता प्रजापति ने कन्या के साथ समागम किया; उस समय पृथिवी के साथ मिलकर उसने वीर्य का सिंचन किया। पुरुष एवं प्रकृति के संगत से रेतस का सिंचन पृथिवी आदि द्वारा किया गया। उत्तम कर्म करनेवाले देवों ने ब्रह्म को उत्पन्न किया और समस्त कार्यों के रक्षक एवं यज्ञ के पालक वास्तोष्पति का निर्माण किया।।ऋग्वेद 10.61.7।।

पिता यत् स्वां दुहितरमधिष्कन् क्ष्मया रेतः संजग्मानो नि षिंचत्।
स्वाध्योऽजनयन् ब्रह्म देवां वास्तोष्पतिं व्रतपां निरतक्षन्।।7।।
।।ऋग्वेद 10.61.7।।

यज्ञ से असम्भव सम्भव

मन्त्रद्रष्टा ऋषि नाभानेदिष्ठो मानव ने "यज्ञ से असम्भव को सम्भव" करने सूत्र दिया है। जब मित्र, वरुण एवं अर्यमा को श्रेष्ठ–उत्तम स्तोत्रों से अच्छी प्रकार स्तुति करके सन्तुष्ट किया जाता है; तब वह दोनों लोकों का हितैषी, हवन की हविर्योग्य का इस लोक से विशेष रूप से तारनेवाला एवं यज्ञकर्त्ता अग्नि अमृत के समान दूध देनेवाली गाय दूध नहीं देती, तब उसे प्रसववती करके दूध देनेवाली बनाता है।।17।।ऋग्वेद 10.61.17।।

स द्विबन्धुर्वैतरणो यष्टा सबर्धुं धेनुमस्वं दुहध्यै।

सं यान्मित्रावरुणा वृंज उक्थैर्ज्येष्ठेभिरर्यमणं वरूथैः।।17।।

।।ऋग्वेद 10.61.17।।

"अश्वमेध यज्ञ" से वृद्धि

अभी–श्रान्त किसी एक की–नाभानेदिष्ट की उत्तम श्रेष्ठ वाणियाँ सर्व स्तुति योग्य परमेष्ठी के पास जाती हैं। हे धन्य करनेवाले अग्ने! आप हमारी प्रार्थना सुनने की कृपा करें। आप हमारे परमेष्ठी का यज्ञ सम्पन्न करने का अनुग्रह करें। आप "अश्वमेध यज्ञ" करनेवाले मननशील के पुत्र की स्तुति से वृद्धिगत होते हो।।ऋग्वेद 10.61.21।।

अधा गाव उपमातिं कनाया अनु श्वान्तस्य कस्य चित् परेयुः।
श्रुधि एवं सुद्रविणो नस्त्वं याळाश्वघ्नस्य वावृधे सूनृताभिः।।21।।

।।ऋग्वेद 10.61.21।।

यज्ञ से परमेष्ठी से मित्रत्व एवं अमरत्व

यज्ञ सत्यस्वरूप

सुप्रज्ञ अंगिरसो! आपने यज्ञीय हविर्द्रव्य आदि और पुष्कल दक्षिणा से युक्त यज्ञकर्म से परमेष्ठी का मित्रत्व एवं अमृतत्व प्राप्त किया। उनके लिये आपका कल्याण हो। मैं नाभानेदिष्ठ मननशील का पुत्र हूँ, आप मुझे अपने में ग्रहण करो।।1।।

अंगिरस ऋषियों! हमारे पितर गण एवं गोधन को पणियों ने अपहृत कर पर्वत में छिपाकर रखा हुआ था। आप उन्हें "सत्यस्वरूप यज्ञ" की समाप्ति होते ही ले आये थे। आपने गायों के हरणकर्त्ता वल असुर को नष्ट किया। आप दीर्घायु हों। हे बुद्धिमान् जनों! आप मुझे ग्रहण करो।।2।।ऋग्वेद 10.62.1, 2।।

ये यज्ञेन दक्षिणतया समक्ता इन्द्रस्य सख्यममृतत्वमानश।
तेभ्यो भद्रमंगिरसो वो अस्तु प्रति गृभ्णीत मानवं सुमेधसः।।1।।
य उदाजन् पितरो गोमयं वस्वृतेनाभिन्दन् परिवत्सरे वलम्।
दीर्घायुत्मंगिरसो वो अस्तु प्रति गृभ्णीत मानवं सुमेधसः।।2।।

।।ऋग्वेद 10.62.1, 2।।

हृदयस्थ निहित बुद्धि प्रज्ञा से अग्निहोत्र कर्म

मन्त्रद्रष्टा ऋषि गयः प्लातः ने विश्वे देवा के सूक्त में स्पष्ट किया है कि "हृदयों में निहित बुद्धि–प्रज्ञा आदि अग्निहोत्र (यज्ञादि) कर्म करने की इच्छा करती है।" हमारी अभिलाषाएँ देवों के पास जाती हैं। उन देवों के अलावा कोई सुखदाता नहीं है। हमारी इच्छाएँ देवों में नियत हो जाती हैं।

अर्थात् हृदयस्थ निहित बुद्धि में प्रज्ञा जाग्रत होनेपर ही सत्यस्वरूप यज्ञ किया जाता है।।ऋग्वेद 10.64.2।।

क्रतूयन्ति क्रत्वो हृत्सु धीतयो वेनन्ति वेनाः पतयन्त्या दिशः।
न मर्डिता विद्यते अन्य एभ्यो देवेषु मे अधि कामा अयंसत।।2।।
।।ऋग्वेद 10.64.2।।

यज्ञ से प्रवृद्ध, उत्कर्षशील

मन्त्रद्रष्टा ऋषि वसुकर्णो वासुक ने विश्वे देवा विषयक सूक्त में "यज्ञ से प्रवृद्ध एवं उत्कर्षशील होने" का मूलमन्त्र दिया है। हम इस यज्ञ में प्रचुर अन्नवाले, आदित्यों के तेज कर्त्ता, उत्तम ज्ञानी, देवगणों में निर्विघ्न समाप्ति हेतु बुलाते हैं। सब प्रकार की सम्पत्ति से युक्त, इन्द्र को अपने में सर्वश्रेष्ठ माननेवाले, अमर और यज्ञ से प्रवृद्ध जो देव अत्यन्त उत्कर्षशील हैं।।1।।
।।ऋग्वेद 10.66.1।।

देवान् हुवे बृहच्छ्रवसः स्वस्त्ये ज्योतिष्कृतो अध्वरस्य प्रचेतसः।
ये वावृधुः प्रतरं विध्ववेदस इन्द्रज्येष्ठासो अमृता ऋतावृधः।।1।।
।।ऋग्वेद 10.66.1।।

रक्षा की कामना : यज्ञ शरीर में अलंकृत वनोषधि से यज्ञ

देवों ने द्यावा–पृथिवी को लक्ष्य करके अपने–अपने उत्तम कर्मों के द्वारा उदक (जल), अनेक ओषधी और यज्ञार्ह वेदवृक्ष (पलाशादि) आदि से भरे वनों को उत्पन्न किया। वे सर्व अन्तरिक्ष को अपने तेज से व्याप्त करते हैं। (उन्होंने) अपनी "रक्षा के लिये कामना करनेवाले उस यज्ञ को शरीर में अलंकृत किया" और हवि को ग्रहण किया।।9।।ऋग्वेद 10.66.9।। ऋचा के अनुसार यज्ञ वेदवृक्ष पलाशादि एवं ओषधियों से करना चाहिये।

द्यावापृथिवी जनयन्नभि व्रता ऽऽप ओषधीर्वनिनानि यज्ञीया।
अन्तरिक्षं स्व1रा पप्ररूतये वशं देवासस्तन्वी3 नि मामृजुः।।9।।
।।ऋग्वेद 10.66.9।।

अग्नि वेदों में रखकर हवि समर्पण!

मन्त्रद्रष्टा ऋषि सुमित्रो वाध्र्यश्व ने ऋचा में अध्यात्मिक रहस्यपूर्ण आख्यान प्रस्तुत किया है। पिता पुत्र का जिस प्रकार भरण–पोषण–संरक्षण करता है, उसी प्रकार मेरे पिता वाध्र्यश्व ने सदैव अपने समीप वेदों में अग्नि रखकर हवि समर्पण किया एवं पूजा की। हे नित्य तरुण अग्नि! आप मेरे पिता वाध्न्र्यश्व से समिधा स्वीकार करते हुए, पहिले के बाधक शत्रुओं को भी विनिष्ट कर।।10।। वैसे अग्नि की तुलना ब्रह्मणस्पति एवं बृहस्पति से भी की

गई है। अग्नि ब्रह्म, धी–बुद्धि एवं मन्त्र का भी उत्पादक है। अग्नि ऋत का संरक्षक है; यज्ञ ऋत है। यज्ञीय अग्नि आदिज्ञानी है, यह वेदिका में निवास करता है। इस ऋचा का गूढ़ आशय है कि "ब्रह्मज्ञान को वेद में रखा गया और प्रशस्ततमकर्म, उत्तमकर्म, ऋत–सत्य को स्वीकारा गया।।ऋग्वेद 10.69. 10।।"

पितेव पुत्रमबिभरुपस्थे त्वामग्ने वध्र्यश्वः सपर्यन्।
जुषाणो अस्य समिधं यविष्ठोत पूर्वाँ अवनोव्राधतश्चित्।।10।।
।।ऋग्वेद 10.69.10।।

यज्ञस्थान : उषा एवं रात्रि विराजमान्

द्युलोक की तेजस्वी एवं सुन्दर पुत्री, उषा एवं रात्रि यज्ञस्थान में विराजें। हे अभिलाषिणी एवं सर्वैश्वर्य सम्पन्न देवियों! आपके विस्तृत समीपस्थ स्थान में हवि की इच्छावाले देव विराजमान् हों।।ऋग्वेद 10.70.6।।

देवी दिवो दुहितरा सुशिल्पे उषासानक्ता सदतां नि योनौ।
आ वाँ देवास उशती उशन्त उरौ सीदन्तु सुभगे उपस्थे।।6।।
।।ऋग्वेद 10.70.6।।

वनस्पति यज्ञयूप : ज्ञानी, देवों को हवि प्रदाता

इस ऋचा में पुनः स्पष्ट किया है कि "यज्ञवेदी के समीप वनस्पति–काष्ठ का ही यज्ञयूप स्थापित किया जाये" (यूप सूक्त देखें)। हे वनस्पति यूप! आप सर्वज्ञ हैं। आप रज्जु से बांधकर देवों के पास अन्न पहुँचाने का अनुग्रह करो। हमारी हवियों को देवों को प्रदान करो, जिससे देव यज्ञीय वनस्पतियों का स्वाद लें। मेरे आवाहन की–यज्ञ की रक्षा द्यावा पृथिवी करें। "वेद के निर्देश के विपरीत पुराणकाल में प्रस्तर यूप लगाने का प्रचलन हुआ"। ।।ऋग्वेद 10.70.10।।

वनस्पते रशनया नियूया देवानां पाथ उप वक्षि विद्वान्।
स्वदाति देवः कृणवद्धवीष्यवतां द्यावपृथिवी हव मे।।10।।
।।ऋग्वेद 10.70.10।।

यज्ञ से वाणी : देवों ने वाणी का सर्वोत्तम रूप ऋषियों को दिया

यज्ञ की सहायता से विचारवान् व्यक्ति वाणी के मार्ग पर आ पहुँचे; उन्होंने वाणी को ऋषियों में प्रविष्ट पाया। वहाँ से वाणी को नीचे लाकर उन्होंने उसे कई स्थानों में बाँट दिया। सात स्तोताओं ने मिलकर उसका सहर्ष स्वागत किया ।।3।।

ऋषि वास्तव में प्राचीन देवतातुल्य मुनि हैं। देवों ने सबसे वाणी का सर्वोत्तम रूप प्रदान किया। ऋषि गण पवित्र वाणी के संक्रमण में देवों एवं

प्रतिभाशाली कवियों के बीच मध्यस्थ रहे। प्रतिभाशाली क्रान्तदर्शी कवियों ने ऋषियों से यज्ञ की सहायता से वाणी को पाया और अन्य स्तोताओं में बाँट दिया। यज्ञ के सातों ऋत्विज् यज्ञ में वाणी का सहर्ष स्वागत करते हैं।।ऋग्वेद 10.71.3।।

यज्ञेन वाचः पदवीयमायन् तामन्वविन्दन्नृषिषु प्रविष्टाम्।
तामाभृत्या व्यदधुः पुरुत्रा तां सप्त रेभा अभि सं नवन्ते।।3।।
।।ऋग्वेद 10.71.3।।

यज्ञ के चार प्रमुख ऋत्विज् वर्णन

(यज्ञ में) एक स्तोता–विद्वान् वेदमन्त्रों का यज्ञानुष्ठान में विधिवत् प्रयोग करके अधिष्ठित होता है। वहीं अन्य विद्वान् शक्वरी ऋचाओं का गायत्री छन्द में साम का गान करता है। कोई एक वेदविद् विद्वान् प्रत्येक इष्ट कार्य में प्रायश्चित् आदि विद्या का उपदेश करता है। कोई पुरोहित यज्ञकर्म के विभिन्न कार्यों का विशेष प्रकार से अनुष्ठान करता है।।11।।

इस ऋचा में "चार प्रमुख ऋत्विज्ों–होता, उद्गाता, ब्रह्मा एवं अध्वर्यु का उल्लेख" किया गया है। "ऋग्वेद के दूसरे मण्डल के प्रथम सूक्त की द्वितीय ऋचा में अष्ट ऋत्विकों का उल्लेख किया गया है : होता, पोता, नेष्टा, अग्निध्र, प्रशास्ता, अध्वर्यु, ब्रह्मा एवं यजमान"।।2.1.2।। प्रशास्ता को उपवक्ता एवं मैत्रावरुण भी कहा जाता रहा। सोमयज्ञों से पोता, नेष्टा एवं ब्रह्मा का सम्बन्ध रहा। बाद में ब्रह्मा को ब्राह्मणाच्छंसी कहा गया। वेद के बाद ब्राह्मणकाल में अष्ट के स्थान पर 16 ऋत्विक् का चलन हुआ। ऋग्वेद वर्णित अष्ट ऋत्विक् गण में नये आठ नाम–अच्छावाक्, ग्रावस्तुत्, उन्नेता, सुब्रह्मण्य, प्रस्तोता, प्रतिस्थाता, प्रतिहर्ता, ब्राह्मणाच्छसी सम्मिलित हुए। ये चार–चार भागों में विभाजित रहे : 1. होता, मैत्रावरुण, अच्छावाक्, ग्रावस्तुत्; 2. उद्गाता, प्रस्तोता, प्रतिहर्ता, सुब्रह्मण्य; 3. अध्वर्यु, प्रतिस्थाता, नेष्टा, उन्नेता और 4. ब्रह्मा, ब्राह्मणाच्छसीं, अग्निध्र, पोता।

"स्मृतिकाल में ऋग्वेदीय ऋत्विक् गणों की अवधारणा के विपरीत संशोधन हुआ"। मनु स्मृति (2.143) में वैदिक अष्ट ऋत्विकों के स्थान पर नौ (9) ऋत्विक् कहे गये : 1. याजक; 2. भरत; 3. कुरु; 4. वाग्यत; 5. वृक्तवर्हिष; 6. यतश्रुत; 7. मरुत; 8. सबाध और 7. देवयव। यह अलग बात है कि लोक ने मनु वर्णित 9 ऋत्विक् गणों के नामों को अस्वीकार किया। लोक में ऋत्विकों के वैदिक नाम–होता, पोता, ब्रह्मा, अध्वर्यु, यजमान आदि ही प्रचलित रहे और प्रचलित हैं।।ऋग्वेद 10.71.11।।

ऋचां त्वः पोषमास्ते पुपुष्वान् गायत्रं त्वो गायति शक्वरीषु।

ब्रह्मा त्वो वदति जातविद्यां यज्ञस्य मात्रां वि मिमीत् उ त्वः।।11।।

।।ऋग्वेद 10.71.11।।

यज्ञ से भविष्य द्रष्टा अथवा त्रिकालज्ञ

इस सूक्त में कवि ने सृष्टि उत्पत्ति का वर्णन किया है। देवों की प्रथम पीढ़ी के यानी सृष्टि की उत्पत्ति के समय "असत्" अथवा "अव्याकृत प्रकृति" से "सत् यानी व्याकृत", "नामरूपात्मिका प्रकृति" का आविर्भाव हुआ। "भू" से आगे चलकर "आशाएँ–दिशाएँ"; लक्षणा की सहायता से समूचा विश्व उत्पन्न हुआ। इसमें अदिति एवं दक्ष का वृत्तान्त है।

आदिपुरुष से "विराज् नारीतत्त्व" का जन्म हुआ। विराज से दूसरे "यज्ञीय पुरुष" का जन्म हुआ। अथवा सर्वात्मक मूल पुरुष एवं परवर्ती यज्ञीय पुरुष के बीच में विराज् रहा। ऋग्वेद में दक्ष की दुहिता अदिति है। अदिति के आठ पुत्रों में से सात पुत्रों का पूर्ण विकास हुआ; अतएव वे जन्म लेते ही अपनी माता अदिति के साथ देवलोक चले गये। अदिति के गर्भ में आठवाँ पुत्र पूर्ण विकसित नहीं हो सका। इसीसे वह देवलोक नहीं जा पाया। अतएव माता अदिति उसे भूलोक ले आई और उसे "उदय एवं अस्त की अनुभूति प्राप्त करने के लिये यहीं छोड़ दिया।" कवि ने पूर्ण विकसित अण्ड होने, संज्ञाहीन अवस्था के कारण अपक्व दशा में जन्म के कारण "मार्तण्ड" की संज्ञा दी है। इस सूक्त के मन्त्रद्रष्टा ऋषियों में ऋषिका दाक्षायणी अदिति भी है।

निकालदर्शी की तरह ऋषिवर ने कहा है : "हम देवों, आदित्यों के जन्मों का स्पष्ट रूप से, उत्तम रीति से वर्णन करते हैं। जो देवों का संघ पहिले से वेदमन्त्रों के स्तोत्रों से यज्ञानुष्ठान में स्थापित होता है, वह आनेवाले काल (भविष्य) में स्तोता का साक्षात दर्शन करेगा"।।ऋग्वेद 10.72.1।।

देवानां नु वयं जाना प वोचाम विपन्यया।

उक्थैषु शस्यमानेषु यः पश्यादुत्तरे युगे।।1।।ऋग्वेद 10.72.1।।

यज्ञ से दस्यु माया नष्ट, यज्ञ विघ्नकर्त्ता नष्ट

यज्ञ में इन्द्र रुद्रपुत्र मरुतों के साथ प्रसन्न होकर यजमान को अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक धन प्रदान करता है। "वह यजमान के लिये दस्यु की माया को विनष्ट करता है। उसने दस्यु द्वारा माया से निर्मित अवर्षण एवं अन्धकार का संहार किया और वर्षा एवं ज्ञान दिया।।5।।

हे इन्द्र! आपने ऋषियों के यज्ञ में विघ्न निर्माण करनेवाले नमुचि का वध किया। ऋषियों को विघातक नमुचि असुर के छलकपट से मुक्त किया। उसी तरह आपने देवों के बीच मनुष्यों के लिये सुखदायक एवं सरल मार्गों को प्रस्तुत किया।।7।।ऋग्वेद 10.73.5, 7।।

मन्दमान ऋतादधि प्रजायै सखिभिरिन्द्र इषिरेभिरर्थम्।
आभिर्हि माया उप दस्युमागान्मिहः प्र तम्रा अवपत् तमांसि।।5।।
त्वं जघन्थ नमुचिं मखस्युं दासं कृण्वान ऋषये विमायम्।
त्वं चकर्थ मनवे स्योनान् पथो देवत्रांजसेव यानान्।।7।।
।।ऋग्वेद 10.73.5, 7।।

सूर्य रश्मियाँ : यज्ञीय धूम सूक्ष्मरूप परमव्योम में

ऋग्वेद के अनुसार यज्ञीय धूम का सूक्ष्मरूप सूर्य रश्मियाँ परमव्योम में ले जाती हैं। अथवा सूर्य की किरणें यज्ञ का सूक्ष्मरूप परमेष्ठीलोक परमव्योम की वाहक हैं। अतः सूर्य रश्मियाँ यज्ञ की अभिलाषी हैं, उन्हें यज्ञप्रिय है।

गमनशील एवं सुखदायक सूर्य रश्मियाँ इन्द्र के पास प्राप्त होती हैं। ये सूर्य रश्मियाँ यज्ञप्रिय एवं द्रष्टा ऋषियों के समान प्रार्थना करने वाली रही। हे प्रभो! आप हमारे अज्ञानरूपी अन्धकार को दूर कर, हमारे नेत्र को ज्ञान के प्रकाश से भर दें, जिससे हमारे पाश बद्ध समाप्त हों।।11।। ।।ऋग्वेद 10.73.11।।

वयः सुपर्णा उप सेदुरिन्द्रं प्रियमेधा ऋषयो नाधमानाः।
अप ध्वान्तमूर्णुहि यूर्धि चक्षुर्मुमुग्ध्य1स्मान् निधयेव बद्धान्।।11।।
।।ऋग्वेद 10.73.11।।

यज्ञ : पृथिवी, आकाश, द्युलोक में इक्कीस सिन्धु रहस्य

"नद्य" सूक्त में यज्ञ और नद्य–सिन्धु–नदियाँ का तादात्म्य वर्णित है। सूक्त के मन्त्रद्रष्टा कवि सिन्धुक्षित् प्रैयमेध ने पृथिवी, आकाश एवं परमव्योम में सप्त–सप्त प्रकार के इक्कीस सिन्धुओं के महाप्रवाह का आख्यान प्रस्तुत किया है। हे ब्रह्माण्डीय महासलिलालय के दिव्य आपः–जल! आपके उत्कृष्टतम महत्वपूर्ण स्तोत्र स्तुतिकर्त्ता मैं यजमान (यज्ञकर्त्ता) के गृह में उत्तम रीति से कहता हूँ। इन बहनेवाले महासलिलालय में सिन्धु स्वबल से सबों में श्रेष्ठ है (यह भौतिक सिन्धु–महानद प्रतीत नहीं होता है।)।।1।।

हे गंगे! हे यमुने! हे सरस्वती! हे शतुद्रि! हे परुष्णि! हे असिक्नि एवं मरुद्वृधे! हे वितस्ता–सुषोमा–आर्जीकिया! ये सप्त महानद हमारे इस स्तोत्र को स्वीकार कर सुनने की कृपा करें।।5।।

हे सिन्धु! आप गमनशीला "गोमती" महानद को मिलाने के लिये पहिले तुष्टामा महानद के साथ चलो। अनन्तर आप "सुसतूँ, रसा, उस श्वेती, कुभा और मेहत्नु महानदियों" के साथ मिलते हो। इसके बाद आप इनके साथ मिलकर बहते हो।।6।।

"सरलगामिनी, श्वेतवर्णा एवं प्रदीप्त सिन्धु" महाप्रचण्ड प्रवाहमान् है। "अदम्य (अदब्ध) सिन्धु" इनमें सबसे अधिक वेगवती है। इसका आश्चर्यजनक वेग महागतिमान् अश्व के समान है और यह रूपगर्विणी नारी की तरह सुन्दर है।।7।।ऋग्वेद 10.75.1, 5, 6, 7।।

"ऋग्वेद में कहीं भी इन अधिकांश महानदों–गंगा, यमुना, सरस्वती, परुष्णि, असिक्ति, मरुद्वृधे, वितस्ता, सुषोमा, आर्जीकीया, गोमती, तुष्टामा, शतुद्रि, सुसतूँ, रसा, उस श्वेती, कुभा, मेहलु, श्वेतवर्णा, प्रदीप्ता सिन्धु, अदम्य सिन्धु आदि के नाम नहीं मिलते हैं। महर्षि यास्क "गंगा" शब्द को "गम्" धातु से निष्पन्न मानते हैं। गंगा शब्द केवल दशम मण्डल के नदी सूक्त में ही नहीं बल्कि प्राचीनतर षष्ठ मण्डल में भी रूपान्तर से उपलब्ध होता है : उरुः कक्षो न गाङ्ग्य (6.45.31)। कक्ष का अर्थ पार्श्व, लट, तट–प्रान्तर है। "गम्" शब्द का अर्थ : गच्छति, गमयति (जाना, चलना)। अर्थात् गंगा का अर्थ बहनेवाला जल है। इसप्रकार ऋग्वेद में गंगा शब्द मात्र दो बार आया है। अर्थात् गंगा का अर्थ गंगा नदी नहीं है। गोमती का अर्थ भी इतर है। गोमत का अर्थ गोओं से सम्पन्न भी है। वेद में सिन्धु का अर्थ नदी और समुद्र दोनों है। वेद में निरन्तर सप्त सिन्धु का उल्लेख मिलता है। इसके दो अर्थ हैं : सप्तनद और सप्तसमुद्र। इसकी संस्कृत शैली भी ऋग्वेद के द्वितीय से नवम मण्डल से भिन्न ही है। यह स्मरण रहे कि ऋग्वेद की रचना दृषद्वती एवं सरस्वती महानदों के मध्य हुई।

प्र सु आपो महिमानमुत्तमं कारुर्वोचाति सदने विवस्वतः।
प्र सप्तसप्त त्रेधा हि चक्रमुः प्र सृत्वरीणामति सिन्धुरोजसा।।1।।
"गंगा गमनादिति। गमयति वा प्राणिनो विशिष्टं स्थानमिति।"
इमं मे गंगे यमुने सरस्वति शुतुद्रि स्तोमं सचता परुष्णया।
असिक्न्या मरुदृधे वितस्तया ऽऽर्जीकीये शुणुह्या सुषोमया।।5।।
तुष्टामया प्रथमं यातवे सजूः सुसर्त्वा रसया श्वेत्या त्या।
त्वं सिन्धो कुभया गोमतीं क्रुमुं मेहत्न्वा सरथं यामिरीयसे।।6।।
ऋजीत्येनी रुशती महित्वा परि जयांसि भरते रजांसि।
अदब्धा सिन्धुरपसामपस्तमा ऽश्वा न चित्रा वपुषीव दर्शता।।7।।
।।ऋग्वेद 10.75.1, 5, 6, 7।।

विश्वरूप यज्ञ

हे मरुत् गणों! आप जिस समय परस्पर प्रतिघात करते जलों के प्रवाह के समान अत्यन्त वेग से जाते हो, उस समय पृथिवी व्यथित नहीं होती है और विशीर्ण भी नहीं होती है। यह "विश्वरूप यज्ञ" की हवि आपके लिये

लायी गयी है। आप अन्नदान कर्त्ताओं के समान हमें सुखदायक होकर एकत्र हो जाओ।।ऋग्वेद 10.77.4।।

युष्माकं बुध्ने अपां न यामनि विथुर्यति न मही श्रथर्यति।
विश्वप्सुर्यज्ञो अर्वागयं सु वः प्रयस्वन्तो न सत्राच आ गत।।4।।
।।ऋग्वेद 10.77.4।।

यज्ञार्ह–यज्ञ में सबके रक्षक

वे "यज्ञार्ह" – यज्ञ में सबके रक्षक हैं। वे मरुत् गण–ऋत्विकों के समान सबके सुख कल्याण की भावना करनेवाले आदित्य नाम से कहने योग्य हैं। वे मरुत् हमारी रक्षा करें। वे यज्ञ में रथ से त्वरा युक्त हो जानेवाले हैं, वे हमारी रक्षा करें। वे यज्ञ में यथेष्ट हवि की इच्छा करते हैं।।ऋग्वेद 10.77.8।।

ते हि यज्ञेषु यज्ञीयास ऊमा आदित्येन नाम्ना शंभविष्ठाः।
ते नोऽवन्तु स्थतूर्मनीषां महश्च यामन्नध्वरे चकानाः।।8।।
।।ऋग्वेद 10.77.8।।

समस्त भुवनों का निर्माता विश्वकर्मा प्रथम होता

समस्त भुवनों का निर्माण कर्त्ता एवं सृष्टि रचयिता विश्वकर्मा परमेष्ठी यज्ञ का प्रथम होता है। "विश्वकर्मा समस्त भुवनों का हवन करके स्वयं का भी अग्नि में हवन करके विराजता है।" वह विश्वकर्मा हम सभी का पालनकर्त्ता पिता है। विश्वकर्मा स्तोत्रादि के आशीर्वाद मन्त्रों से परमव्योमरूपी–स्वर्गरूपी धन की इच्छा करता हुआ सर्वप्रथम सम्पूर्ण जगत् को व्यापता है। उसके पश्चात् समीप के लोकों के साथ स्वयं भी अग्नि में प्रविष्ट हुआ।।1।।ऋग्वेद 10.81.1।।

ऋग्वेद में इससे पहिले "यज्ञ को ऋत एवं सत्य अथवा परमेष्ठी कहा है। यज्ञ में परमेष्ठी स्वयं हवि रहे। यज्ञ से सृष्टि की उत्पत्ति हुई।" दशम मण्डल के पुरुष–सूक्त में इसकी पुष्टि की गई है।

य इमा विश्वा भुवनानि जुव्हदृषिर्होता न्यसीदत् पिता नः।
स आशिषा द्रविणमिच्छमानः प्रथमच्छदवराँ आ विवेश।।1।।
।।ऋग्वेद 10.81.1।।

यश का मूल मन्त्र : प्रसन्न चित्त मन

मनुष्य मन में उत्साह रहने से ही यश प्राप्त कर सकता है। जब यह उत्साह अपने मनरूपी रथ पर विराजमान होता है, उस समय मनुष्य प्रसन्न चित्त होता है। उनका मन कभी निराशायुक्त नहीं होता है। कैसी भी कठोरतम आपत्ति आ जाए, मन सदैव उल्लसित रहता है। उत्साह से मनुष्य अग्नि के समान तेजस्वी बनता है। मनुष्य में यह उत्साह "अन्तः शक्तियों का संचालक

सेनापति'' जैसा बनता है। वहाँ ओज, तेजस्विता, बल में वृद्धि होती है। उत्साह, ओज से विलक्षण उग्र बल बढ़ता है। ''इसलिये हर एक मनुष्य को चाहिये कि वह अपने मन में ओज, उत्साह, तेजस्विता सदैव रखने का प्रयत्न करे और कभी निराशा के विचार मन में नहीं आने दे''। ओज–तेजस्विता–उत्साह से युक्त मनुष्य इस लोक में विजयी होकर इहलोक एवं परलोक में आनन्द से विचरता है।

उत्साह–ओज से शत्रुओं का पराभव कर, शत्रुओं को संहार उत्साह से कर। आपका बल उत्साह से बढ़ेगा और आप शत्रु को रोक सकोगे। हे शूर! ''आप पहिले स्वयं पर संयम करें। जब आप अपने पर संयम करेंगे, तभी शत्रु को वश में कर सकेंगे''।।ऋग्वेद 10.84.3।।

सहस्व मनयो अभिमातिमस्मे रुजन् मृणन् प्रमृणन् प्रेहि शत्रून्।
उग्रं ते पाजो नन्वा रुरुध्रे वशी वशं नयस एकज त्वम्।।3।।
।।ऋग्वेद 10.84.3।।

सूर्य, चन्द्र द्वारा यज्ञ परिक्रमा

यज्ञ में सूर्य, चन्द्र द्वारा समय एवं ऋतु विनियमन

परमेष्ठी–महाप्रकृति के दोनों शिशु सूर्य एवं चन्द्र अपने तेज से पूर्व–पश्चिम में अपनी अलौकिक शक्ति के कारण आपस में निरन्तर, अनुसरण करते रहते हैं। ये दोनों अटखेलियाँ करनेवाले बालक यज्ञ की परिक्रमा करते हैं। इन दोनों में से एक सूर्य भुवनों का निरीक्षण करता है और दूसरा चन्द्र ऋतुओं का, दो मास रूप काल विभागों को निर्माण करता हुआ बारम्बार उत्पन्न होता है (शुक्ल पक्ष–कृष्णपक्ष)।।18।।

ऋचा में ''परि यातो अध्वरम्'' का आशय ''वे चारों ओर से घेर लेते हैं'' और ''समय एवं ऋतुओं का नियमन'' करते हुए यज्ञ को सम्पन्न करने में सहायता प्रदान करते हैं। उन्नीसवीं ऋचा में कहा है कि पहिले पखवाड़े में वह (चन्द्र) प्रतिदिन जन्म लेते हुए अधिकाधिक युवॉ होता है और दूसरे पखवाड़े में उषाओं के सामने दिवसों के केतु के रूप में अवतीर्ण होता है। परमव्योम–देवलोक–स्वर्ग में आते हुए वह ''चन्द्रमा देवों में उनका यज्ञीय अंश बाँटता है'' और इस प्रकार अपनी आयु की अवधि अनिर्धारित रूप से बढ़ा लेता है। इसका आशय यह है कि चन्द्र यद्यपि निरन्तर बढ़ता–घटता चला जाता है, फिर भी उसके द्वारा देवों की परिचर्या सम्पन्न होने के कारण उसके नष्ट होने की आशंका ही निर्मूल है।।19।। सम्भवतः ''ऋग्वेद की इन ऋचाओं के आधार पर वेदी यज्ञ की परिक्रमा लगाने का क्रम आरम्भ हुआ है।'' यह स्मरण रहे कि यज्ञपुरुष साक्षात परमेष्ठी है। यज्ञ ब्रह्माण्डव्यापिनी ऊर्जा शक्ति

विष्णु, ऋत एवं सत्य, सृष्टि, महाप्रकृति आदि है। यज्ञवेदी आदिज्ञानी अग्नि (रुद्रस्वरूपा, विष्णुस्वरूपा, सूर्यस्वरूपा, पृथिवी स्वरूपा) का निवास स्थान है।

पूर्वापरं चरतो माययैतौ शिशू क्रीळन्तौ परियातो अध्वरम्।
विश्वान्यन्यो भुवनाभिचष्ट ऋतूँरन्यो विदधज्जायते पुनः।।18।।
नवोनवो भवति जायमानोऽह्नां केतुरुषसामेत्यग्रम्।
भागं देवेभ्यो वि दधात्यायन् प्र चन्द्रमास्तिरते दीर्घमायुः।।19।।
।।ऋग्वेद 10.85.18, 19।।

यज्ञ में अथवा संग्राम में इन्द्राणी अग्रणी

ऋग्वेद की ऋचा में यह स्पष्ट किया है कि वैदिक ऋषिकाएँ–विदुषी नारियाँ वेदोक्त यज्ञकर्म और रणयज्ञ (संग्राम यज्ञ) में सदैव अग्रणी रहती थी। उनकी रणयज्ञ एवं यज्ञकर्म में पुरुषों के समान भागीदारी रहती थी। ऋग्वेद में अनेक मन्त्रद्रष्टा ऋषिकाएँ हैं।

"मैं सत्य की विधात्री, सत्य प्रतिपादक एवं पुत्रवती इन्द्र की पत्नी इन्द्राणी यज्ञ में और संग्राम में पहिले जाती हूँ। इसलिये ही मेरी सर्वत्र स्तुति होती है। इन्द्र सबसे श्रेष्ठ है"।।11।।ऋग्वेद 10.86.11।।

इन्द्राणीमासु नारिषु सुभगामहमश्रवम्।
नह्यस्या अपरं चन जस्सा मरते पतिर्विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः।।11।।
।।ऋग्वेद 10.86.11।।

अग्नि का यज्ञकर्त्ता रक्षक, "ऋष्टि" शस्त्र

हे श्रेष्ठ यज्ञाग्नि! आप मुझ यज्ञकर्त्ता को राक्षस के हाथों से "ऋष्टि" नामक शस्त्रों से बचाने का अनुग्रह करो। "ऋष्टि" (ऋष् + विन्तन्) का अर्थ दुधारवाला "खंग" (तलवार), शस्त्र आदि है। प्रथम, प्रज्ज्वलित होकर मांसाहारी राक्षसों का वध कर। उनको शब्द करनेवाले, तीव्र वेग से गगन विहार करनेवाले पक्षी निवाला बनायें।।7।।ऋग्वेद 10.87.7।। यह विडम्बना है कि यज्ञ में "प्रपंच स्वरूप यज्ञकर्त्ता के हाथ में दर्भ का खंग (तलवार) थमा देते हैं।" यह वेद के विपरीत है। ऋचा का अध्यात्मिक अर्थ यह है कि लपलपाती अग्नि की जिव्हादुधारवाली है। वेदी में अग्नि को तीक्ष्ण धारदार छड़ से तीव्र करते हैं। इसे अग्नि का शस्त्र ऋष्टि कहा गया है।

उतालब्धं स्पृणुहि जातवेद आलेभानादृष्टिभिर्यातुधानात्।
अग्ने पूर्वो नि जहि शोशुचान आमादः क्ष्विंकास्तदन्त्वेनीः।।7।।
।।ऋग्वेद 10.87.7।।

सर्वमेध यज्ञ

जिस अग्नि को देवों ने उत्पन्न किया। जिस उत्पन्न अग्नि में सम्पूर्ण जगत्, लोक "सर्वमेध" नामक यज्ञ में आहुति देते हैं। वह अग्नि अपनी ज्वाला से अन्तरिक्ष, द्युलोक और इस भूलोक को सरलगामी होकर अपनी महिमा से ताप देने लगता है।।ऋग्वेद 10.88.9।।

यं देवासोऽजनयन्ताग्निं यस्मिन्नाजुहवुर्भुवनानि विश्वा।
सो अर्चिषा पृथिवीं द्यामुतेमामृजूयमानो अतपन्महित्वा।।9।।
।।ऋग्वेद 10.88.9।।

यज्ञ में प्रमुख देवता – वायु अथवा अग्नि?

जिस समय पृथिवी में स्थिर अग्नि और स्वर्ग की वायु आपस में विवाद करते हैं, कि हम दोनों में "यज्ञ में मुख्य कौन है और यज्ञ के तत्त्वों को कौन विशेष रूप से जानता" है? जहाँ मित्रवत् ऋत्विक् यज्ञ कर सकते हैं और वे उसको अच्छी तरह से विविवत् पूर्ण करते हैं? यह निर्णय कौन करेगा? ।।17।।

यह यक्षप्रश्न है कि कितने सूर्य हैं? कितने अग्नि हैं? कितनी उषाएँ हैं? कितने आपः हैं? हे पितरो! आप से मैं स्पर्धायुक्त वचन से यह प्रश्न नहीं कहता हूँ। हे बुद्धिमान् पितरो! मात्र स्व ज्ञान प्राप्त करने की अभिलाषा से मैं आपसे यह प्रश्न पूछता हूँ।।18।।

इस यक्षप्रश्न का उत्तर ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के 164वें सूक्त की 46वीं ऋचा में मिलता है।

इन्द्रं मित्रं वरुणमग्निमाहुरथो दिव्यः स सुपर्णो गरुत्मान्।
एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्त्यग्निं यमं मातरिश्वानमाहुः।।46।।
।।ऋग्वेद 1.164.46।।

"यद्यपि परमात्मा एक ही सत् तत्त्व है, पर उसी सर्वज्ञ का वर्णन ब्रह्मविद् अनेक तरह से करते हैं।" वही परमात्मा सर्वैश्वर्यवान् होने से वही इन्द्र, हितकारी होने से मित्र, सत्यपालक एवं श्रेष्ठ होने से वरुण, आदिज्ञानी होने से अग्नि, उत्तम होने से सुपर्ण गरुत्मान् आदि है।।ऋग्वेद 1.164.46।।

अथर्ववेद के केन सूक्त में और केन उपनिषत् में परमब्रह्म यक्ष का प्रसंग आता है। यक्ष वायु, अग्नि आदि का गर्व हरण करता है। श्री दुर्गा सप्तशती में भी यह प्रसंग है। आचार्य शंकर ने केन उपनिषत् के भाष्य में इसे कुण्डलिनी जागरण बताया है।

यत्रा वदेते अवरः परश्च यज्ञन्योः कतरो नौ वि वेद।
आ शेकुरित् सधमादं सखायो नक्षन्त यज्ञं क इदं वि वोचत्।।7।।

कत्यग्नयः कति सूर्यासः कत्युषासः कत्यु स्विदापः।
नोपस्पिजं वः पितरो वदामि पृच्छामि वः कवयो विद्मने कम।।18।।
।।ऋग्वेद 10.88.17, 18।।

होता, पोता, नेष्टा, अग्निध्र, प्रशस्ता, अध्वर्यु, यजमान, ब्रह्मा : अग्नि

मन्त्रद्रष्टा ऋषि अरुणो वैतहव्य ने अग्नि के सूक्त की ऋचाओं में अष्ट ऋत्विकों का पुनः उल्लेख किया है : होता, पोता, नेष्टा, अग्निध्र, प्रशस्ता, अध्वर्यु, यजमान, ब्रह्मा।

हे अग्ने! देवों को बुलानेवाले–आपको ही आपकी कामना करनेवाले कर्मकर्त्ता होता आपके भक्त यहाँ यज्ञों में वरण करते हैं, प्रार्थना करते हैं। जब सर्वसुखदाता देव की कामना करनेवाले, कुशाओं का छेदन करके और अन्नादि हवि से सम्पन्न ऋत्विक् गण आपके लिये हवियों को धारण करते हैं।।9।।

हे यज्ञाग्ने! आपका ''होता'' का कर्म, आपका ऋतु के अनुकूल होनेवाला ''पोता'' का कार्य, आपका ''नेष्टा'' का कार्य और आप ही यज्ञ करनेवाला ''अग्निध्र'' हैं। आप ही ''प्रशस्ता'' का कार्य और ''अध्वर्यु'' का काम करते हैं। आप ही ''ब्रह्मा'' हैं और हमारे आलय में गृहपति ''यजमान'' भी आप ही हैं। इस प्रकार सर्वज्ञ अग्नि ही अष्ट–ऋत्विक् है।।10।।ऋग्वेद 10.91.9, 10।।

त्वामिदत्र वृणते त्वायवो होतारमग्ने विदथेषु वेधसः।
यद्देवयन्तो दधाति प्रयांसि ते हविष्मन्तो मनवो वृक्तबर्हिषः।।9।।
तवाग्ने होत्रं तव पोत्रमृत्वियं तव नेष्ट्र त्वमग्निदृतायतः।
तव प्रशास्त्रं त्वमध्वरीयसि ब्रह्मा चासि गृहपतिश्च नो दमे।।10।।
।।ऋग्वेद 10.91.9, 10।।

अश्वमेध यज्ञ : राष्ट्र संवर्धन यज्ञ

''राष्ट्र संवर्धन यज्ञ अर्थात् अश्वमेध यज्ञ'' के लिये पुष्ट वृषभ, मेष (भेड़), वशा (बकरी), अश्व आदि पशुधन का विस्तार किया जाता है। राष्ट्र संवर्धन के साथ पशुधन की वृद्धि–कृषि, दुग्ध, यातायात, सुरक्षा, निर्माण आदि के लिये आवश्यक है। अश्वमेध यज्ञ में सर्ववृद्धि आहूत होती है। ''सोत्रामणी याग'' में आदर पूर्वक अर्घ्य जल का पान करनेवाले होते हैं। ''कीलाल'' नामक उदक के पालक और ''सोम यज्ञानुष्ठाता'' मतिमान् अग्नि के लिये मैं हृदय से कल्याणकारी स्तुति करता हूँ।।ऋग्वेद 10.91.14।।

यस्मिन्नश्वास ऋभभास उक्षणो वशा मेषा अवसृष्टास आहुताः।
कीलालपे सोमपृष्ठाय वेधसे हृदा मतिं जनये चारुमग्नये।।14।।
।।ऋग्वेद 10.91.14।।

अग्नि यज्ञ साधक : सदैव सत्य ज्ञान

मन्त्रद्रष्टा कवि शार्यातो मानव ने विश्वे देवा सूक्त में स्पष्ट किया है कि देवों एवं मनुष्यों ने जगत् के धारक एवं सर्वतोपरि रक्षक "अग्नि को यज्ञ का साधक कहा है।" यह तेजोमय प्राणशक्ति वायु के पुत्र और महान् पुरोहित हैं (पँच भूतों में आकाश से वायु, वायु से अग्नि, अग्नि से जल और जल से पृथिवी की उत्पत्ति हुई। इस प्रकार अग्नि वायु के सुपुत्र हैं। पुरोहित का अर्थ पुर का हितकारी। पुर के अध्यात्मिक–दैविक–धर्मकार्यों का संचालक है। पुरोहित को "पुरोधा" भी कहते हैं। बृहस्पति देवता को देवताओं का पुरोहित एवं ब्रह्मज्ञ कहा गया है। ऋग्वेदानुसार त्रित्सु कुल के राजा सुदास के पुरोहित वसिष्ठ आदि रहे। यज्ञकर्म सम्पादनार्थ पुरोहित रखना आवश्यक होता है। इससे पहिले अग्नि को ही अष्ट ऋत्विक् घोषित किया गया है।)। अग्नि को उषाएँ सूर्य के समान स्नेह करती हैं।।2।।

स्तुति योग्य यज्ञ की अग्नि के सम्बन्धी हमारा सदैव सत्य ज्ञान हो, यह हम कामना करते हैं। इस यज्ञाग्नि के लिये प्रदान की गई हमारी आहुतियाँ अग्निदेव भक्षण करें। हम "यज्ञ की अग्नि की प्रबल दीप्तिशील ज्वालाएँ होने पर आहुतियाँ प्रदान करते हैं"।।3।।

इममंजस्पामुभये अकृण्वत धर्माणमग्निं विदथस्य साधनम्।
अक्तुं न यव्हमुषसः पुरोहितं तनूनपातमरुषस्य निंसते।।2।।
बळस्य नीथा वि पणेश्च मन्महे वया अस्य प्रहुता आसुरत्तवे।
यदा घोरासो अमृत्वमाशतादिज्जनस्य दैव्यस्य चर्किरन्।।3।।

।।ऋग्वेद 10.92.2, 3।।

यज्ञ में दक्षिण का दाता–तत्त्वदर्शी ऋषि, ऋचा स्तोता

दक्षिणा सूक्त में दक्षिणा की महिमा का वर्णन है। मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने दक्षिणा के प्रदाता को स्वर्ग की ऊँचाई पर खड़ा कहा है। इस सूक्त की चतुर्थ ऋचा में बताया है, कि मानवों के पर्ववेक्षक, हविर्द्रव्य को, पर्जन्य की सहस्रों धाराओं से भेजनेवाले वायु अथवा मानवों के लिये प्रकाश ले आनेवाले सूर्य की तरह मानते हैं। उदारता के साथ देनेवाला और (याचकों के) समुदायों को विशेष रूप से सहायता करनेवाला जन सप्त माताओंवाली दक्षिणा का दोहन करता है। "हविः" यहाँ उस यज्ञ की ओर संकेत करता है जिसमें दक्षिणा दी जानेवाली है। पर्जन्य को ले आनेवाली वायु एवं सूर्य का प्रकाश दोनों यश के कारण क्रिया प्रवण होते हैं। "सप्तमातरम्" का अर्थ "सात माताओं की कन्या" यानी वह गो जिसमें दूध देने की सात गुना शक्ति विरासत में मिली हो। ऋग्वेद में इसी तरह के शब्द हैं – "सप्तरश्मि",

"सप्तास्य" आदि। उनका क्रमशः अर्थ होता है – "आगे बढ़ने की वह शक्ति जो कभी समाप्त नहीं होती हो। जिस पर नियन्त्रण रखना बहुत ही दूभर हो और "प्रकाण्ड पाण्डित्य"। अर्थात् "सप्त विपुलता का वाचक" है। यहाँ भी "सप्तमातरम्" विशेषण गो के दूध देने की असीम–अपरिमित शक्ति का बोध कराता है।।4।।

उदाराशय–दक्षिणादाता व्यक्ति को वे "ऋषि, ब्रह्मा, यज्ञ का नेता, सामों का उद्गाता और (वैदिक) ऋचाओं का पठन कर्त्ता भी कहते हैं। वही व्यक्ति प्रकाशमान तत्त्व के तीनों रूपों का ज्ञाता है जिसने सर्वप्रथम होकर पर्याप्त दक्षिणा प्रदान की हो।" यहाँ कवि "दक्षिणा देनेवालों की सराहना करना चाहता है, उसे लेनेवालों की नहीं।" सूक्त के पहिले दो चरणों में बतलाया गया है कि जो ब्रह्मविद् दक्षिणा देने में समर्थ है और जो देता है उसमें चारों प्रमुख ऋत्विज्ों के गुणों का समाहार होता है। वही ब्रह्मविद् तीनों लोकों में प्रकाशमान अग्नि के, यज्ञ के मूल आधार के, तीनों रूपों का ज्ञान प्राप्त करता है।।6।। (जयपुर के राजगुरु रहे पण्डित श्री विद्यानाथ ओझा ने इसकी पुष्टि की कि यज्ञ में दक्षिणा प्रदान कर्त्ता श्रेष्ठतम है। राजगुरु ओझा के अनुसार दूसरों के लिये पूजा–अर्चना करनेवालों को अपनी रक्षा के लिये उसके अनुरूप मन्त्र जप, यज्ञ एवं दान करना चाहिये। अन्यथा इसके भयानक परिणाम होते हैं।)

शतधारं वायुमर्कं स्वर्विदं नृचक्षसस्ते अभि चक्षते हविः।
ये पृणन्ति प्र च यच्छन्ति संगमे ते दक्षिणां दुहने सप्तमातरम्।।4।।
तमेव ऋषिं तमु ब्रह्माणमाहुर्यज्ञन्यं सामगामुक्थशासम्।
स शुक्रस्य तन्वो वेद तिस्रो यः प्रथमो दक्षिणया रराध।।6।।

।।ऋग्वेद 10.107.4, 6।।

बृहस्पति का पाप! : यज्ञ की उपासना

इस सूक्त की मन्त्रद्रष्टा "ऋषिका जुहूर्ब्रह्मजाया", एवं ब्राह्म ऊर्ध्वनाभा हैं। इसकी प्रथम ऋचा में कहा है : "वे प्रमुख देवता बृहस्पति के पाप के विषय में बतलाते हैं।" द्युलोक स्थित सूर्य देवता, सत्यपालक एवं ब्रह्माण्डीय सागरों के आपः के अधिष्ठाता वरुण और व्यापक वायु तेज से युक्त हैं। सत्य से सर्वप्रथम उग्र तप रूप सूर्य, सुखदायक सोम एवं दिव्य तेजयुक्त आपः प्रगट हुए।

बृहस्पति देवता की पत्नी विदुषी पत्नी जुहू ब्रह्मजाया ब्रह्म से उत्पन्न रही। बृहस्पति देवता अपनी विदुषी पत्नी को छोड़कर चले गये और अन्य के साथ अवैध रूप में रहने लगे। उधर जुहू ब्रह्मजाया ने तप एवं ज्ञान से सर्वोच्च

स्थान प्राप्त किया। ''बृहस्पति का पाप पत्नी के रहते हुए दूसरी के साथ बिना विवाह के रहना रहा।'' देवतागण बृहस्पति के इस पाप से अत्यन्त चिन्तित हुए। देव गाथाओं के अनुसार ''देवताओं ने बृहस्पति से प्रायश्चित करवाया।''

सूक्त की चतुर्थ ऋचा का सार सर्वोच्च वैदिक दर्शन है। ''तत्त्वदर्शी'' सप्त ऋषि तपस्या में प्रवृत्त हुए। सप्तर्षियों और प्राचीन देवों ने जुहू ब्रह्मजाया के विषय में कहा है कि यह शुद्ध पवित्र चरित्रा है। बृहस्पति की पत्नी (ब्रह्मजाया) अत्यन्त शक्तिशालिनी तेजस्वी एवं उग्र है। ''जुहू ब्रह्मजाया ने परम तपस्या के बल पर स्वयं को परमव्योम सत्यस्थान में स्थापित किया है। उसमें परम बल है।'' अर्थात् ''तप–सत्य चरित्रता से निकृष्ट भी उत्तम स्थान (परमव्योम) में स्थापित होता है।'' परमव्योम में परमेष्ठी–परमात्मा–परमब्रह्म रहते हैं। वेद में देवता, ईश्वर और परमेष्ठी तीन सौपान हैं। ''अथवा'' ''शुभकर्म–प्रशस्ततमकर्म–उत्तमकर्म–स्वाध्याययज्ञ से मनवांछित भाग्य लिखा जा सकता है। दूसरे, भौतिकता की चकाचौंध में मनुष्य महापतन के महादलदल में धंस जाता है। इस महासंक्रमण काल में विद्वान ज्ञानयज्ञ करें।''

अध्यात्मिक रूप से वर्तमान काल में यह उक्ति अधिक सामयिक है। भगवद्गीता में इस ''महासंकट में लोकसंग्रह'' का निर्देश है।

बृहस्पति देवता द्वारा प्रायश्चित के बाद देवों ने उन्हें निष्पाप जुहू ब्रह्मजाया पुनः समर्पित की। अनन्तर पृथिवी का सर्वश्रेष्ठ अन्न विभक्त करके सेवन करके स्तुत्य प्रभु की–यज्ञ की उपासना करते हैं।।ऋग्वेद 10.109.7।।

पुनर्दाय ब्रह्मजायां कृत्वी देवैर्निकिल्बिषम्।
ऊर्जं पृथिव्या भक्त्वायोरुगायमुपासते।।7।।ऋग्वेद 10.109.7।।

अग्नि उत्पन्न होते ही यज्ञ का निर्माण कर अग्रणी हुए

आप्रीसूक्त में ''अग्नि और सूर्य को दिव्य होता की संज्ञा'' दी गई है। वे उत्तम वेदमन्त्रों के ज्ञाता, मनुष्य के लिये यज्ञ का निर्माण करनेवाले, देव पूजा के लिये यज्ञानुष्ठान करनेवाले, अपने यज्ञों एवं अनुष्ठानादि सत्कार्यों में सबको प्रेरित करनेवाले हैं। वे क्रिया–कुशल, स्तुतियों के कर्त्ता एवं पूर्व दिशा के प्रकाश को उत्कृष्ट रीति से उत्पन्न करते हैं।।7।।

सूक्त की अन्तिम ऋचा में ''अग्नि के देवों में अग्रणी'' होने का रहस्य प्रगट किया। ''अग्नि ने उत्पन्न होते ही यज्ञ का निर्माण किया। उससे अग्नि देवों का अग्रणी हुआ।'' इस यज्ञ के प्रमुख स्थान में होता की इच्छानुसार वेदमन्त्रों का उच्चारण हो। ''देव स्वाहाकार से यज्ञ की अग्नि में अर्पण हवि का भक्षण करें''।।11।।ऋग्वेद 10.110.11।।

सद्यो जातो व्यमिमीत यज्ञमग्निर्देवानामभवत् पुरोगाः।

अस्य होतु प्रदिश्यृतस्य वाचि स्वाहाकृतं हविरदन्तु देवाः।।11।।

।।ऋग्वेद 10.110.11।।

यज्ञ : एकमेव अद्वितीय प्रभु की अनेक कल्पना

इस ऋचा में ऋग्वेदीय दर्शन को पुनः कहा गया है कि क्रान्तप्रज्ञ–ब्रह्मवेत्ता एक ही अद्वितीय परमेष्ठी–परमात्मा–परमब्रह्म–परमप्रभु की अनेक प्रकार से कल्पना करते हैं। एक ही परमेष्ठी को विद्वान् सविता, रुद्र, वरुण, सूर्य, अग्नि, वायु, इन्द्र, अर्यमा, मरुत् आदि नामों से कहते हैं।

विद्वान् मेधावी क्रान्तप्रज्ञ क्रान्तदर्शी ब्रह्मविद् सर्व पालन–पोषण करनेवाले एकमात्र अद्वितीय सर्वज्ञ परमेष्ठी की स्तुति–स्तोत्रों से अनेक प्रकार से कल्पना करते हैं। इतना ही नहीं वे यज्ञों में नाना प्रकार के छन्दों का उच्चारण करते हैं और परमप्रभु के लिये बारह सोमपात्र निर्माण करते हैं।।5।।ऋग्वेद 10.114.5।।

सुपर्णं विप्राः कवयो वेचोभिरेकं सन्तं बहुधा कल्पयन्ति।
छन्दांसि च दधतो अध्वरेषु ग्रहान्त्सोमस्य मिमते द्वादश।।5।।

।।ऋग्वेद 10.114.5।।

यज्ञ रथ संचालक – ऋग्वेद, सामवेद

छत्तीस और चालीस प्रकार के सोमपात्र स्थापित किये जाते हैं। सोमपात्र रखते हुए बारह प्रकार के छन्दों का उच्चारण किया जाता है। विद्वान् जन इस प्रकार बुद्धि से यज्ञ का निर्माण करते हैं। "उस यज्ञ रथ को ऋग्वेद एवं सामवेद से चलाते हैं"।।10.114.6।। अर्थात् ऋग्वेद–सामवेद के मन्त्रों का पाठ करते हैं।

षट्त्रिंशाँश्च चतुरः कल्पयन्तश्छन्दांसि स दधत आद्वादशम्।
यज्ञं विमाय कवयो मनीष ऋक्सामाभ्यां प्र रथं वर्तयन्ति।।6।।

।।ऋग्वेद 10.114.6।।

यज्ञरूप परमेश्वर की चौदह विभूतियाँ

इस यज्ञरूप परमेश्वर की ओर भी चौदह विभूतियाँ है। उस यज्ञ का सम्पादन सप्त बुद्धिमान् होता करते हैं। उस व्यापक और पवित्र यज्ञमार्ग का इस लोक में कौन वर्णन कर सकता है? परमेष्ठी की विभूतियों का वर्णन प्रश्नोपनिषत् (प्रश्न 6) में है : प्राण, श्रद्धा, आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथिवी, इन्द्रिय, मन, अन्न, वीर्य, तप, मन्त्र, कर्म, लोक एवं नाम। अन्य आर्षग्रन्थों में वर्णित विभूतियाँ हैं : अमृता; परिमाणदातृत्त्व–मान दा; प्रेम; पूषा–पोषक तत्त्व; तुष्टिः–संतोष; पुष्टिः पुष्टता; रतिः–रममाण होना; धृतिः–धैर्य; शशिनी–गतिदातृत्व; चन्द्रिका–आल्हाद; कान्ति–सौन्दर्य; ज्योत्स्ना–शांतियुक्त तेज;

श्री–शोभा; पूर्णा; पूर्णत्व; आनन्दमयता; अंग दा। जिस सुयोग्य मार्ग से देव सोमपान करते हैं।।7।।ऋग्वेद 10.114.7।। इसके अलावा विभूति में अणिमन्, लघिमन, प्राप्ति, प्राकाम्यम्, महिमन्, ईशिता, वशिता, कामावसयिता आदि भी शामिल हैं।

चतुर्दशान्ये महिमानो अस्य तं धीरा वाचा प्र णयन्ति सप्त।
आप्नानं तीर्थं क इह प्र वोचद्येन पथा प्रपिबन्ते सुतस्य।।7।।
।।ऋग्वेद 10.114.7।।

यज्ञ : पन्द्रह अंग

(यज्ञ के) सहस्त्रों में से केवल पन्द्रह अंग प्रमुख हैं। आकाश और पृथिवी जितने हैं उतना ही वह है, ऐसे समझो। क्योंकि हजारों प्रकार की उसकी महिमाएँ हैं, सामर्थ्य हैं। ''ब्रह्म जितना अनेक प्रकार से विद्यमान है, उतने ही प्रकार की वर्णन करनेवाली वाणी भी होती है।।8।।ऋग्वेद 10.114.8।।

सहस्रधा पंचदशान्युक्था यावद द्यावापृथिवी तावदित् तत्।
सहस्रधा महिमानः सहस्रं यावब्द्रम विष्ठितं तावती वाक्।।8।।
।।ऋग्वेद 10.114.8।।

प्रचेतस, सर्वश्रेष्ठ कर्मकर्त्ता, दाता का नाम अग्नि

''यजमानों ने प्रचेतस, आदिज्ञानी, सर्वश्रेष्ठ कर्मकर्त्ता, और दाता नाम अग्नि रखा है।'' अग्नि ज्योतिरूप दाँत से–ज्वाला से वनों का अच्छी प्रकार से भक्षण करता है। शोभन अग्नि जुहू नामक उच्च पात्र में अर्पित हवि को उसी प्रकार ग्रहण करता है; जिस प्रकार समर्थ हृष्ट पुष्ट वृषभ हरी घास चरता है।।2।।ऋग्वेद 10.115.2।।

अग्निर्ह नाम धायि दन्नपस्तमः सं यो वना युवते भस्मना दता।
अभिप्रमुरा जुव्हा स्वध्वर इनो न प्रोथमानों यवसे वृषा।।2।।
।।ऋग्वेद 10.115.2।।

ब्रह्मवेत्ता ज्ञानी अज्ञानी से श्रेष्ठ : कृपण का धन व्यर्थ

भिक्षुसूक्त में मन्त्रद्रष्टा ऋषि भिक्षुरांगिरस में कहा है कि कृपण–अदाता मनुष्य व्यर्थ में ही धन–सम्पदा आदि प्राप्त करता है। मैं सत्य कहता हूँ : उसका वह मरण ही है। ''जो देवों को यज्ञ सम्पन्न कर हवि अर्पण नहीं करता'' (सत्कर्म, उत्तमकर्म, शुभ प्रशस्ततमकर्म) और अपने समान पोष्य मित्र को नहीं देता है, केवल स्वयं खाता है, ''वह केवल पाप ही प्राप्त करता है''।।6।।

कृषि कार्य के लिये भूमि को हल चलाकर खनता है, वही कृषक अन्न उत्पन्न करता है। अपने पैरों से चलनेवाला ही अपना रास्ता काटता है। "ब्रह्मविद्या–आत्मविद्या का ज्ञानी ब्रह्मविद् अज्ञान–अविद्या में लिप्त से श्रेष्ठ है।" दाता ही अदाता से श्रेष्ठ है।।7।। ऋग्वेद में निरन्तर दोहराया है कि यज्ञ में महाविद्वानों को आमन्त्रित किया जाये। महाविद्वान् यज्ञ में (ब्रह्मविद्या का) उपदेश करें। वेद का स्पष्ट निर्देश है कि स्वाध्याय एवं प्रवचन में प्रमाद नहीं करें।

मोघमन्नं विन्दते अप्रचेताः सत्यं ब्रवीमि वध इत् स तस्य।
नार्यमणं पुष्यति नो सखायं केवलाघो भवति केवलादी।।6।।
कृषन्नित् फालं आशितं कृणोति यन्नध्वानमप वृङ्क्ते चरित्रैः।
वदन् ब्रह्मावदतो वनीयान् पृणन्नापिरपृणन्तमभि ष्यात्।।7।।
।।ऋग्वेद 10.117.9।।

हिरण्यगर्भ : यज्ञीय अग्नि उत्पन्न कर्त्ता

"कः" – प्रजापति सूक्त समूची सृष्टि से पूर्व विद्यमान परमेष्ठी–सर्वेश्वर–परमात्मा के सम्बन्ध में है। यह पूछा गया है कि विभिन्न देवों की समस्त विशेषताओं का समाहार जिसमें हुआ वह "देवों का देवता कौन है? इसका उत्तर सूक्तकार ने अन्तिम ऋचा में सूचित करते हुए उसे "क"–"प्रजापति" की संज्ञा प्रदान की। यह अलग बात है कि "पदपाठ (ऋग्वेद) के प्रणेता शाकल्य के अनुसार सूक्त के अन्त में यह अन्तिम ऋचा नहीं पायी जाती है।" "सायणाचार्य के अनुसार "क" प्रजापति वाचक है : अतः कारणात् "क" इति प्रजापतिराख्यायते।" ऐतरेय ब्राह्मण (3.21) में भी "क" प्रजापति है।

इसमें सृष्टि से पूर्व "हिरण्यगर्भ" का उल्लेख है। हिरण्यगर्भ–हिरण्य हेममयाण्डं गर्भ उत्पत्तिस्थानमस्य।।इत्यमरः।। हिरण्य गर्भ उत्पत्तिस्थानमस्य हिरण्यस्य गर्भो भ्रूण इति वा हिरणागर्भः। एतस्याण्डं हिरण्य–वर्णमभवत्। तथा च स्मृतिः।

हिरणावर्णमभवत्तदण्डमुदकेशयम्।
तत्र जज्ञे स्वयं ब्रह्मा स्वयम्भुरिति विश्रुतः।।इति।
उपचारात् हिरणावर्णमण्डं हिरणाम्।।इति भरत।।
विष्णुः। इति तस्य सहस्रनामस्तोत्रम्।
सूक्तशरीरसमष्टुपहित चैतन्यम्। तत्पर्य्यायः।
प्रणात्मा। सूत्रात्मा। इति वेदान्तसारः।।

शब्दस्तोममहानिधि में हिरण्यगर्भ का अर्थ लिखा है : "हिरण्यं स्वर्णमयाण्डं गर्भ उत्पत्ति–स्थानमस्य। चतुर्मुखे ब्रह्मणि तस्य हेमाण्ड–

प्रभवत्वात्तथात्वम् "तण्डमभवद्धैमं सहस्रांशुसमप्रभम्। तस्मिन् जज्ञे स्वयं ब्रह्मा सर्वलोकपितामहः इति मनुः। अतः "हिरण्यगर्भ अव्यक्त सूक्ष्म से सूक्ष्म (निराकार) महाचैतन्य परमेष्ठी है।"

सृष्टि निर्माण होने के पहिले हिरण्यगर्भ–परमेष्ठी विद्यमान रहा। वह परमेष्ठी उत्पन्न समस्त सृष्टि का एकमात्र–अद्वितीय स्वामी है। वह पृथिवी और द्युलोक को धारण करता है। हम हवि समर्पण करके ऐसे किस देव की उपासना करें? उस सुखदायी परमात्मा की हम यज्ञ में हवि के द्वारा उपासना करते हैं।।1।।

महान् अग्न्यादि समस्त जगत् को उत्पन्न करनेवाला और गर्भ–हिरण्मय महान् अण्ड को धारण करनेवाला जल–आपः ही समस्त जगत् को व्यापता है। अथवा विस्तीर्ण दिव्य जलप्रवाह इधर उधर सर्वस्थलों में फैले रहे। उस समय, उनमें से जो देवों का इकलौता प्राण ही देव उत्पन्न हुआ। ऐसे किस देव को हवि समर्पित कर हम उसकी उपासना करें? (इस ऋचा में) "गर्भम् अग्निम्" यही हिरण्यगर्भ है; हिरण्य की तरह तेजस्वी अग्नि। "ततः" यानी उन ब्रह्माण्डीय दिव्य जलसमूहों से। "एकः असुः" – अर्थात् एक मात्र प्राण, वही हिरण्यगर्भ। मन्त्रद्रष्टा कवि ने जानबूझकर "एकः" को प्रयुक्त करके हिरण्यगर्भ रूपी अग्नि का अद्वितीत्व सूचित किया है।।7।।

"दक्षं यज्ञम्" सातवीं ऋचा के "गर्भम् अग्निम्" के पर्यायवाची के रूप में अभिप्रेत है जिससे स्पष्ट है कि "यज्ञीय अग्नि से कवि का अभिप्राय हिरण्यगर्भ" से है। "यही" देवाधिदेव परमेष्ठी है। हिरण्यगर्भ ने सृष्टि के पूर्व–ब्रह्माण्डीय दिव्य जलसमूहों का निर्माण करके उन्हीं से अग्नि का निर्माण किया। इसका अर्थ है कि परमेष्ठी स्वयं अग्नि का रूप धारण करके ब्रह्माण्डीय दिव्य जलसमूहों में अवतीर्ण हुआ।

ये ही "सृष्टि के पूर्ववर्ती दिव्य जल जब दैवी सामर्थ्य धारण करके यज्ञ को जन्म" देते थे जब अपनी श्रेष्ठता से जिसने अच्छे प्रकार से इनका ध्यान रखा और जो सभी देवों में अकेला ही श्रेष्ठ बन गया। हम ऐसे किस देव को हवि समर्पित करके उसकी उपासना करें?

जिसने "यज्ञ उत्पन्न करनेवाला, प्रजापति को धारण करनेवाला प्रलयकालीन ब्रह्माण्डीय दिव्य आपः – जल को उत्पन्न किया।" जिसने अपनी महिमा से उस ब्रह्माण्डीय जल के ऊपर चारों ओर निरीक्षण किया। वह देवों का भी स्वामी है। वह अद्वितीय देव है। उस परम सुखरूप देव–परमेष्ठी की हम उपासना करते हैं।।8।। ऋग्वेद 10.121.7, 8।।

आपो ह यद् बृहतीर्विश्वमायन् गर्भं दधाना जनयन्तीरग्निम्।

ततो देवानां समवर्ततासुरेकः कस्मै देवाय हविषा विधेम।।7।।
यश्चिदापो महिना पर्यपश्यद्दक्षं दधाना जानयन्तीर्यज्ञम्।
यो देवेष्वधि देव एक आसीत् कस्मै देवाय हविषा विधेम।।8।।
।।ऋग्वेद 10.121.7, 8।।

अग्नि : यज्ञगृह में सर्वत्र उपस्थित, स्वयं उत्तम यज्ञकर्त्ता यज्ञरूप गो : इच्छित फल प्रदाता – कामधेनु

मन्त्रद्रष्टा कवि चित्रमहा वासिष्ठ ने अग्नि सूक्त में नया रहस्योद्घाटन किया है : "यज्ञ में अग्नि अत्यन्त प्रज्ज्वलित होकर तीनों लोकों को प्रकाशित करता हुआ; यज्ञगृह में सर्वत्र उपस्थित होकर स्वयं उत्तम यज्ञकर्म कर रहा है।" हे उत्तम कर्म करनेवाले अग्ने! आप यज्ञीय हवि से देवों को प्रसन्न करनेवाले उदाराशय यजमान के लिये सर्वाधार और यथेष्ट "दुग्धदात्री यज्ञरूप गो" से इच्छित फल दूह डालते हैं।।ऋग्वेद 10.122.6।। यहाँ "यज्ञ" को "कल्पना साकार कर्त्ता कामधेनु" कहा गया है।

इषं दुहन्त्सुदुधां विश्वधायसं यज्ञप्रिये यजमानाय सुक्रतो।
अग्ने घृतस्नुस्त्रिर्ऋतानि दीद्यद्वर्तियज्ञं परियन्त्सुक्रतयसे।।6।।
।।ऋग्वेद 13.122.6।।

वेन का यजन : अन्तरिक्ष में उत्पन्न जल का देवता

वैदिक वेन देवता मेघ में गर्भवत् अवस्थित है। वेन का शाब्दिक अर्थ गायन से भी है, अतः वेन–वेण गन्धर्व है। जल का निर्माता वेन आकाश–अन्तरिक्ष के मध्य में "सूर्य रश्मियों के सन्तानस्वरूप जल को पृथिवी पर गिराता है।।10.123.1।।" वेन अत्यन्त प्राचीन, एक ही स्थान में रहकर शब्द करता है। एक ही गृह में वेन के साथ रहनेवाले वत्स समान विद्युत् अग्नि की मातृभूमि "अन्तरिक्ष में उत्पन्न, जल का देवता है।" जल के उत्पत्ति स्थान उच्च पद में (अन्तरिक्ष में) वर्तमान मधुर उदक की वाणियाँ वेन की स्तुति करती हैं।।3।।

ज्ञानी स्तोता गण संशोधनीय और महान् वेन के उज्ज्वल रूप को जानकर स्तुति करते हैं। स्तोता "वन के नाद–शब्द को जानते हैं, श्रवण करते हैं। उसे यज्ञ से यजन कर प्राप्त करते हैं।" उन्होंने मधुर जल प्राप्त किया; अर्थात् "वेन ने जलवृष्टि की।" वेन उदकों का धारण कर्त्ता है। वेन अमृतरूप जल को जानता है, उसके वश में जल है।।ऋग्वेद 10.123.4।।

जानन्तो रूपमकृपन्त विप्रा मृगस्य घोषं महिषस्य हि ग्मन्।
ऋतेन यन्तो अधि सिन्धुमस्थुर्विदद्गन्धर्वो अमृतानि नाम।।4।।
।।ऋग्वेद 10.123.4।।

पाकयज्ञ–हविर्यज्ञ–सोमयाग

हे अग्ने! आप हमारे इस यज्ञ में पधारने का अनुग्रह करो। वह "पाँच नियामकों से युक्त–चार ऋत्विज् एवं पाँचवा यजमान; तीन अनुष्ठान–पाकयज्ञ, हर्वियज्ञ, सोमयज्ञ और सात होताओं से युक्त है।" अनन्तर आप हमारे हवियों के वाहक (भोक्ता) हो। आप हमारे अग्रगामी नायक हो। आप दीर्घकाल तक विद्यमान इस महान् अन्धकार से पूर्ण गुफा को प्रकाशित करें।।ऋग्वेद 10.124. 1।।

इमं नो अग्य उप यज्ञमेहि पंचयाम त्रिवृतं सप्ततन्तुम्।
असो हव्यवाळुत न पुरोगा ज्योगेव दीर्घं तम आशयिष्ठाः।।1।।
।।ऋग्वेद 10.124.1।।

यज्ञवेदी–राष्ट्र रक्षा!

इस यज्ञवेदी स्थान में मैंने अनेक वर्ष बिताये हैं। वहाँ इन्द्र को वरण करता हुआ अपने पिता अरणि को त्याग देता हूँ। उस समय अग्नि, सोम एवं अरुण आदि का पतन हो जाता है। तब मैं जाकर पुनः राष्ट्र प्राप्त कर, उसकी रक्षा करता हूँ।।4।।ऋग्वेद 10.124.4।।

वव्हीः समा अकरमन्तरस्मिन्निन्द्रं वृणानः पितरं जहामि।
अग्निः सोमो वरुणस्ते च्यवन्ते पर्यावद्रंष्ट्रिं तदवाम्यायन्।।4।।
।।ऋग्वेद 10.124.4।।

वाक् : यज्ञार्ह देवों में प्रधान

वैदिक परम्परा में "वाक् सूक्त देवों के शास्ता रुद्र एवं जीवनी महाप्राण वायु को भी माना जाता है।" अध्यात्मिक रूप से "अम्भृण ऋषि की कन्या वाक् ब्रह्म के साक्षात्कार से पावन होकर अपनी विश्वात्मक अनुभूति को अभिव्यक्त कर रही है।" यह कोई हाड–मांस की कन्या नहीं होकर "ऋषि की स्तुतिरूपा वाणी है।" वही समूचे विश्व का आधार बनी हुई। "दैवी वाक्" के रूप में वाकसूक्त का अधिष्ठात्री देवता (वाक्) है। "ब्रह्मत्वरूपा वाग्देवी–वाग्देव का वर्णन ऋग्वेद में 8.100.10–11; 10.71.3 में भी पाया जाता है। वैसे स्वतन्त्र वाक् सूक्त भी है।

"सुप्रावी यजमान" का अर्थ है : वह याजक जो यज्ञ, दानादि के कारण देवों के लिये अनुकूल हो। मैं पराक्रमी सोम एवं त्वष्टा, पूषा और भग आदि सभी देवों का भरण पोषण करती हूँ। मैं ही देवों के लिये अत्यधिक अनुकूल होकर और हवि समर्पित करके सोम का स्तवन करनेवाले यजमान को धन भी देती हूँ।।2।।

"भूरिस्थात्रां तथा भूरि" – आत्मनि; "आवेशयन्तीम्"–वह अनेकों में है और अनेक उसमें अवस्थित हैं। इन पदों से दैवी वाक् की विश्वात्मकता सूचित की गई है। "मैं (वाक्) यज्ञार्ह देवों में प्रधान" होकर इन सभी का ज्ञान रखनेवाली और नाना प्रकार की सम्पदा का संग्रह करनेवाली सम्राज्ञी हूँ। देवों ने प्रार्थना करके अनेक वस्तुओं मेरा निवास और मेरा रूप प्रवेश करवाया है और अनेक स्थानों में मेरी प्रार्थना की है।।3।।ऋग्वेद 10.125.2, 3।।

अहं सोममाहनसं बिभर्म्यहं त्वाष्टारमुत पूषणं भगम्।
अहं दधामि द्रविणं हविष्मते सुप्राव्ये 3 यजमानय सुन्वते।।3।।
अहं राष्ट्री संगमनी वसूनां चिकितुषी प्रथमा यज्ञीयानाम्।
तां मा देवा व्यदधुः पुरुत्रा भूरिस्थात्रां भूर्यावेशयन्तीम्।।4।।
।।ऋग्वेद 10.125.3, 4।।

यज्ञ : पाप से उत्तम रीति से मुक्ति

हे संरक्षक एवं यज्ञार्ह देवो! यह सुप्रसिद्ध है कि जब शुभवर्ण गो का पैर बांधा गया था, तब आपने उसे मुक्त किया था। उसी प्रकार हमें पाप से उत्तम रीति से मुक्त करो। हे अग्नि! हमें दीर्घायुस्य प्रदान करने का अनुग्रह करो।।8।।ऋग्वेद 10.126.8।।

यथा ह त्वद्वसवो गौर्यं चित् पदि षिताममुंजता यजत्राः।
एवो ष्व1 स्मन्मुंजता व्यंहः प्र तार्यग्ने प्रतरं न आयुः।।8।।
।।ऋग्वेद 10.126.8।।

यज्ञ : मन के संकल्प–प्रार्थना सत्य हो सत्य मनसो मे अस्तु

मेरे लिये ऋत्विक् जो मेरी चरु पुराडाशादि यज्ञ सामग्री है, उन हवियों से देवों का यजन करे। "मेरे मन के संकल्प–प्रार्थना सत्य हो।" मैं किसी भी पापकर्म में लिप्त नहीं हो जाऊँ; विश्वदेवो! आप हमें यह आशीर्वचन दो।।ऋग्वेद 10.128.4।।

मह्यं यजन्तु मम यानि हव्या ऽऽकूतिः सत्या मनसो मे अस्तु।
एनो मा नि गां कतमच्चनाहं विश्वे देवासो अधि वोचता मे अस्तु।।4।।
।।ऋग्वेद 10.128.4।।

सृष्टि यज्ञ : पँच भूत तन्तु, प्रजापति विस्तृत कर्त्ता

जो सृष्टि यज्ञ भूतादि तन्तुओं के द्वारा चारों ओर फैलाया जाता है; जो विद्वानों के कर्मों के अनुसार अनन्त काल तक रहनेवाला है। इस सृष्टि रूपी यज्ञ के वस्त्र को पितरों ने व्याप्त कर रखा है। वे इस विस्तृत लोक में रहते हैं और कहते हैं कि उत्कृष्ट बुनो, निकृष्ट बुनो।

अर्थात् यह सृष्टि एक यज्ञ है। इस यज्ञ में पँचभूतरूपी वस्त्रों को बुना जाता (पँच महाभूत उत्पन्न होते हैं।)। यह अनन्त काल तक रहनेवाली सृष्टि देवों के कर्मों से धारण की जाती है। इस सृष्टि यज्ञ में विद्वान् ऋषि उत्कृष्ट एवं निकृष्ट पदार्थों की रचना–निर्माण करते हैं।।1।।

परमपुरुष ही इस सृष्टि रूपी यज्ञ का व्यापक विस्तार करता है और समेटता है। यही परम पुरुष सृष्टि यज्ञ को पृथिवीलोक एवं द्युलोक तक व्यापता है। फिर यज्ञस्थली में ये किरणें आकर बैठती हैं और बुनने के लिये साम रूपी ताने–बाने को बनाती हैं।

"परमात्मा इस सृष्टि यज्ञ का उत्पादक और संहारक दोनों है।" परमात्मा ही अपनी शक्ति से सृष्टि–पृथिवी एवं आकाशादि का अनन्त विस्तार करता है। इसी सृष्टि में परमात्मा की शक्तियाँ निवास करती हैं। साथ ही अनेक प्रकार के सुखों को पैदा करती हैं।।2।।

जब "सम्पूर्ण देवों ने यज्ञ" किया, तब उसका प्रमाण क्या था? उसकी प्रतिमा क्या थी? उसकी सीमा क्या थी? किन छन्दों से यज्ञ किया था? और उक्थ क्या था?।।3।।

सृष्टि यज्ञ में "अग्नि का गायत्री छन्द" सहायक हो गया। गायत्री ऋग्वेद का छन्द है। सावित्र (सविता अथवा सूर्य सम्बन्धी मन्त्र गायत्री छन्द) में उपलब्ध है। गायत्री का अर्थ है : "गायन्तं त्रायते इति।" "गान करनेवाले की रक्षा करने वाली।" "उष्णिक् छन्द के साथ सविता" मिल गया। उष्णिक छन्द में 28 अक्षर होते हैं (वहीं गायत्री छन्द में सब मिलाकर सस्वर 24 अक्षर होते हैं।)। "सोम के साथ अनुष्टुभ् छन्द" हो गया। अनुष्टुभ् छन्द में 32 अक्षर होते हैं। जिसमें आठ–आठ अक्षरों के चार–चार पद होते हैं। अनष्टुभ् का अर्थ –वाणी, सरस्वती, प्रशंसा में अनुगमन् है। "उक्थ छन्दों के साथ सूर्य हो गया।" "उक्थ का आशय है : "वेद के मन्त्रात्मक स्तोत्र; यज्ञ का भेद; सामगान का एक प्रकार।" सामवेद : विप्रा उक्थेभिः कवयो गृणन्ति। बुद्धिमान् ब्रह्मविद् सामवेद के द्वारा स्तुति करते हैं। छान्दोग्योपनिषत् में कहा है कि यह जो आँख के भीतर पुरुष (आकार) दिखाई देता है वही ऋग्वेद है, वही सामवेद है, वही सामवेद का सूक्त–स्तोत्र है, वही यजुर्वेद है और वही ब्रह्म है। "अथ योसावन्तरक्षिणि पुरुषो दृश्यते सैवर्क् तत्साम तद् यजुः तद् उक्थं तद् ब्रह्म"।।छान्दोग्योपनिषत्।।

"बृहस्पति ने बृहती से वाणी का आश्रय लिया। बृहती छन्द में 36 अक्षर होते हैं।।4।। विराट् छन्द मित्रा वरुण के आश्रय में रहा।" "त्रिष्टुभ् इस यज्ञ में इन्द्र और दिन का भाग बना।" त्रिष्टुभ् छन्द में 44 अक्षर होते हैं।

त्रिष्टुभ् (त्रिष्टुप्) का अर्थ है : "त्रिषु स्थानेषु स्थ भ्राति स्तन्भ–क्विप् षत्वम् त्रेः संप्रसारणं वा।"

"अड्तालीस अक्षरों का जगती छन्द सम्पूर्ण देवों में प्रविष्ट हुआ।" जगती का अर्थ है : "पृथिवी, (समीहते) नयेनं जेतुं जगतीं सुयोधनः।।" "समतीत्य भाति जगती जगती। भुवने जने, जम्बुक्षेत्रे, द्वादशाक्षर–पादके छन्दो भेदे च।" उस यज्ञ से ऋषि एवं मनुष्य सामर्थ्यवाले बने।।5।।

इस प्रकार "सृष्टि यज्ञ के समय आठ छन्द रहे : गायत्री, उष्णिक्, अनुष्टुभ्, उक्थ, बृहती, विराट्, त्रिष्टुभ एवं जगती।" उधर कात्यायन की "सर्वीनुक्रमणिका में सात छन्दों का उल्लेख है : गायत्री, उष्णिक्, अनुष्टुभ्, बृहती, पंक्ति, त्रिष्टुभ एवं जगती।

वैदिक काल में 8 छन्दों को मूल मानकर अनन्त छन्दों की रचना हुई। परन्तु "ऋग्वेद में 48 अक्षर के जगती छन्द से बड़े छन्द नहीं रहे।"

प्राचीन काल में यज्ञ के पैदा होने पर उस यज्ञ से हमारे पूर्वज, ऋषि और मननशील मनुष्य उत्पन्न हुए। पहिले जिन्होंने इस यज्ञ को किया उन्हें देखने के साधन मन से देखता हुआ मैं उनकी पूजा करता हूँ।।6।।

धैर्यवान् सप्त दिव्य ऋषियों (मरीचि, अत्रि, अंगिरा, पुलस्त्य, पुलह, ऋतु एवं वसिष्ठ) (ऋषि गण के सप्त प्रकार – ब्रह्मर्षि, परम ऋषि, देवर्षि, महर्षि, काण्डर्षि, राजर्षि, श्रुतर्षि) ने स्तोम, छन्द, सीमा इन सबसे युक्त होकर पूर्वजों के मार्ग को जानकर लगामों को सारथि के समान पकड़ा।।7।। वैदिक ऋषि वेद की ऋचाओं से साक्षात्कार करनेवाले रहे : "ऋषयो मन्त्रद्रष्टारः।।" "वैदिक ऋषि ज्ञान के प्रथम प्रवक्ता, परोक्षदर्शी, दिव्य दृष्टिवान् आदि रहे। उनके कार्यों को देवताओं के कार्यों के तुल्य माना गया है।" वैदिक काल में मन्त्रद्रष्टा कवियों की प्रतिस्पर्धा–प्रतियोगिता अर्थात् शास्त्रार्थ का प्रचलन रहा। अश्वमेध यज्ञ का एक मुख्य अंग "ब्रह्मोद्य" रहा।।7।।ऋग्वेद 10.130.1–7।।

यो यज्ञो विश्वतस्तन्तुभिस्तत एकशतं देवकर्मभिरायतः।
इमे वयन्ति पितरो य आययुः प्र वयाप वयेत्सायते तते।।1।।
पुमाँ एनं तनुत उत् कृणत्ति पुमान् वि तत्ने अधि नाके अस्मिन्।
इमे मयूखा उप सेदुरू सदः सामानि चक्रुस्तसराण्योतवे।।2।।
कासीत् प्रमा प्रतिमा किं निदानमाज्यं किमासीत् परिधिः क आसीत्।
छन्दः किमासीत् प्रउगं किमुक्थं यद्देवा देवमयजन्त विश्वे।।3।।
अग्नेर्गायत्र्य भवत् सयुग्वोष्णिहया सविता सं बभूव।
अनुष्टमा सोम उक्थैर्महस्वान् बृहस्पतेर्बृहती वाचमावत्।।4।।
विराण्मित्रावरुणयोरभिश्रीरिन्द्रस्य त्रिष्टुबिह भागो अह्नः।

विश्वान् देवांजगत्या विवेश तेन चाक्लृप्र ऋषयो मनुष्याः।।5।।
चाक्लृपे तेन ऋषयो मनुष्या यज्ञे पितरो नः पुराणे।
पश्यन् मन्ये मनसा चक्षसा तान् य इमं यज्ञमयजन्त पूर्वे।।6।।
सहस्तोमाः सहछन्दस आवृतः सहप्रभा ऋषयः सप्त दैव्याः।
पूर्वेषा पन्थामनुदृश्य धीरा अन्वालेभिरेरथ्यो3 न रश्मीन्।।7।।
।।ऋग्वेद; मण्डल–10; सूक्त–130; ऋषि–यज्ञःप्रजापत्यः।।

नित्य यज्ञ विधान!

हे इन्द्र! जौ (यव) निर्माण होनेवाले खेतों के कृषक जैसे क्रमशः अलग–अलग करके उसे अनेक बार काटते हैं, वैसे ही यजमानों–भक्तों को भोग साधन आदि बारंबार प्रदान कर। ''यजमान–भक्त महान् यज्ञ के निमित्त नमस्कार, हवि–स्तोत्र नित्य करते हैं। अर्थात् परमेष्ठी की नित्य उपासना यज्ञ करते हैं।।''ऋग्वेद 10.131.2।। इस ऋग्वेदीय ऋचा का उपदेश है कि ''नित्य यज्ञ करना चाहिये।''

कुविदंग यवमन्तो एवं चिद्यथा दान्त्यनुपूर्वं वियूय।
इहेहैषां क्रणुहि भोजनानि ये बर्हिषो नमोवृक्तिं न जग्मुः।।2।।
।।ऋग्वेद 10.131.2।।

''यम का वाथ–नाळी!''

मन्त्रद्रष्टा कवि कुमारो यामायन ने यम सूक्त में कहा है कि ''यम की प्रसन्नता के लिये नाळी नामक वाद्य बजाया जाता है। वादन के साथ यम को स्तुतियों से भूषित किया जाता है।'' नियन्ता यम के निवास स्थान का निर्माण देवों ने किया है।।ऋग्वेद 10.135.7।। ''यम यज्ञ में नाळी वाद्ययन्त्र का मधुर वादन और वैदिक ऋचाओं का पाठ करना चाहिये।''

इदं यमस्य सादनं देवमानं यदुच्यते।
इयमस्य धम्यते नाळीरयं गीर्भिः परिष्कृतः।।ऋग्वेद 10.135.7।।

ब्रह्मयज्ञ वृद्धि

हे अग्नि! आप अन्य अग्नियों के साथ हमारे ब्रह्मयज्ञ की श्रीवृद्धि–शोभावृद्धि एवं स्तोत्र वृद्धि करने का अनुग्रह करो। साथ ही हमारे यज्ञ के लिये धन दान के लिये दाताओं को प्रेरणा कर।।6।।

अध्यात्मिक रूप से देह में अनेक अग्नि विद्यमान हैं। जिनसे शरीर में ब्रह्मयज्ञ होता है। आत्मा के द्वारा प्रेरित चित्त देह में उत्पन्न अग्नि को आहत करता है। ब्रह्मग्रन्थि में स्थित प्राणवायु को वह अग्नि प्रेरित करता है। अग्नि के द्वारा प्रेरित वह प्राण क्रम से ऊपर चलता हुआ नाभि में सूक्ष्म ध्वनि करता है। सिर में पुष्ट और अपुष्ट तथा मुख में कृत्रिम प्रकाश करता है। नकार प्राण

का नाम है, दकार अग्नि का नाम है। प्राण एवं अग्नि के संयोग से नाद उत्पन्न होता है (स्रोत : संगीत दर्पण)। इसप्रकार देहजन्य अग्नि में नाद–शब्दोत्पत्ति शक्ति होती है। देह में ब्रह्मयज्ञ ब्रह्मरन्ध्र–सहस्रार में हो रहा है। यह मूलाधार की अग्नि के सहस्रार पहुँचने एवं प्रदीप्त होने पर होता है। छब्बीस सौ वर्ष पूर्व आचार्य शंकर ने केनोपनिषत् के भाष्य में यक्ष द्वारा देवों के गर्वहरण प्रसंग को कुण्डलिनी जागरण (ब्रह्मयज्ञ) की संज्ञा दी।

त्वं नो अग्ने अग्निभिर्ब्रह्म यज्ञं च वर्धय।
त्वं नो देवतातये राथो दानाय चोदय।।6।।ऋग्वेद 10.141.6।।

यज्ञ से कायाकल्प

यज्ञ से कायाकल्प का मूलमन्त्र इस ऋचा में दिया है। सन 1708 में महान् आचार्य भास्कर राय ने ऋग्वेदीय सविता देवता की तीन ऋचाओं के साथ सूर्योपासना–सूर्ययज्ञ से कायाकल्प किया (स्रोत : तृच भास्कर, ओरियण्टल इन्स्टीट्यूट, बडौदा)। सूर्यविद्या, ज्ञानगंज आदि ग्रन्थों में कायाकल्प का उल्लेख मिलता है।

हे अश्विनौ! आपने यज्ञकर्म करके वृद्ध हुए अत्रि ऋषि को प्राप्तव्य स्थान पर जाने के लिये अश्व के समान समर्थ किया। उसके पश्चात् यज्ञकर्त्ता कक्षिवान् को रथ के समान नवयौवन प्रदान किया।।1।।ऋग्वेद 10.143.1।। यज्ञ से कायाकल्प विषय पर वैदिक ग्रन्थों में प्रमाणिक जानकारी उपलब्ध है।

त्यं चिदत्रि मृतजुरमर्थमश्वं न यातवे।
कक्षीवन्तं यदी पुना रथं न कृणुथो नवम्।।1।।ऋग्वेद 10.143.1।।

यज्ञ चिकित्सा सूत्र

हे रोगी! आपको यज्ञ के हविर्द्रव्य से अज्ञात रोग और राजयक्ष्मा से भी सुखी जीवन के लिये छुड़ाता हूँ। साथ ही यदि इस समय इस रोगी को कोई पापग्रह ने जकड़ लिया है, उस रोग से भी इस रोगी को इन्द्र और अग्नि छुड़ावे।।1।।ऋग्वेद 10.161.1।।

मुंचामि त्वा हविषा जीवनाय कमज्ञातयक्ष्मादुत राजयक्ष्मात्।
ग्राहिर्जग्राह यदि वैतदेनं तस्या इन्द्राग्नी प्र मुमुक्तमेनम्।।
।।ऋग्वेद 10.161.1।।

निर्ऋति–पापदेवता निवारक यज्ञ एवं अर्चना

हे देवो! निर्ऋति–पापदेवता का दूत यह कपोत प्रेरित होकर क्लेश देने की इच्छा से हमारे घर में आया है। "निर्ऋति बाधा निवारण के लिये हम आपकी यज्ञ में हवि द्वारा पूजा करते हैं। उसी प्रकार उस पाप से हम हविर्दान से छुटकारा पाते हैं।" हमारे पुत्र–पौत्रों को सुख प्राप्त हो और गो–अश्वादि

को भी शान्ति प्राप्त हो। अर्थात् यज्ञ द्वारा पाप एवं पाप देवता के क्लेश से मुक्ति मिलती है।।ऋग्वेद 10.165.1।।

देवाः कपोत हषितो यदिच्छन् दूतो निर्ऋत्या इदमाजगाम।
तस्म अर्चाम कृणवाम निष्कृतिं शं नो अस्तु द्विपदे शं चतुष्पदे।।1।।
।।ऋग्वेद 10.165.1।।

वायु देवता यज्ञ : वायु देवों की आत्मा

यह वायु इन्द्र आदि देवताओं का आत्मा एवं भुवन का गर्भ है। यह वायु देवता अपनी इच्छा के अनुसार विहार करता है। वायु का शब्द–नाद ही सुनाई देता है। वायु का प्रत्यक्ष रूप दिखाई नहीं देता है। उस वायु देवता की यज्ञ में हम हवि आदि द्वारा सेवा करते हैं।।ऋग्वेद 10.168.4।।

आत्मा देवानां भुवनस्य गर्भो यथावशं चरति देव एषः।
घोषा इदस्य शृण्विरे न रूपं तस्मै वाताय हविषा विधेम।।4।।
।।ऋग्वेद 10.164.4।।

यज्ञ का मस्तक, शरीर से पृथक् : सोमयुक्त घर प्राप्ति

हे परमेष्ठी! आपने देवों के पास से भागनेवाले यज्ञ के मस्तक को शरीर से पृथक् किया और सोमयुक्त मेरे घर को प्राप्त हुआ। वेद में "ब्रह्माण्डव्यापिनी ऊर्जा शक्ति विष्णु को यज्ञ" कहा गया है। श्रुति में यह भी आख्यान है कि सर्वव्यापक विष्णु ने सर्वप्रथम यज्ञ को जाना। प्रकारान्तर में धनुष्य की प्रत्यंचा से विष्णु का सिर कटकर आकाश में उछल गया। वह ही सूर्य है।।ऋग्वेद 10.171.2।।

त्वं मखस्य दोधतः शिरोऽव त्वचो भरः।
अगच्छः सोमिनो गृहम्।।2।।ऋग्वेद 10.171.2।।

उषा : यज्ञ सम्पादन

उषा शब्द "वस्" धातु से बना है। जिसका अर्थ "चमकना" है। इसकी दूसरी व्युत्पत्ति है : "ओषंति नाशयत्यन्धकारम्।।" अन्धकार को नाशती है। वैदिक सूक्तों के अन्तर्गत उषा का निरूपण सुन्दरतम रचना मानी जाती है। उषा का वर्णन ऋग्वेद की अनेक ऋचाओं में हुआ है। ऋग्वेद में उषा वरदान की देवता है। उषा का प्रातः उदय होता है। उस समय प्रार्थना की जाती है : "दानशीलता का उदय करो, प्राचुर्य का उदय करो।" उषा का नियमित रूप से पूर्व में उदय उसे "ऋत" का रूप प्रमाणित करता है। उषा "ऋत" में उत्पन्न हुई और "ऋत की रक्षा करने वाली है।" अग्नि वैदिक पुरोहित, इन्द्र वैदिक योद्धा और उषा वैदिक नारी है। उषा के उदय होते ही यज्ञ प्रारम्भ होते हैं।

हे उषा देवता! आप उत्तम कृपा करनेवाली बुद्धि और कर्मसहित आने का अनुग्रह करो। उत्तम–शोभन दान प्रदान करने के लिये धनों का श्रेष्ठ दाता यज्ञ को सब प्रकार से सम्पादन करता है।।2।। हम विस्तीर्ण उषःकाल की यज्ञ में स्तुति करते हैं और यज्ञ से सत्कार करते हैं। हम अन्नदान के समान उत्तम स्तुति करनेवाले हैं।।3।।ऋग्वेद 10.172.2, 3।।

आ याहि वस्व्या धिया
मंहिष्ठो जारयन्मखः सुदानुभिः।।1।।
पितुभृतो न तन्तुमित् सुदानवः
प्रति दध्मो यजामसि।।।।ऋग्वेद 10.172.2, 3।।

यज्ञ : राज्य प्राप्ति

हे ब्रह्मणस्पते! जिस कारण जाने योग्य हविर्द्रव्य के साधन से इन्द्र देवों के पास जाता है, उस साधन से हमें ''राज्य प्राप्ति'' के लिये उत्साहित कर।।1।।ऋग्वेद 10.174.1।।

अभीवर्तेन हविषा येनेन्द्रो अभिवावृते।
तेनास्मान् ब्रह्मणस्पते ऽमि राष्ट्रय वर्तय।।1।।
।।ऋग्वेद 10.174.1।।

सूर्य वेदरूपी वाणी ज्ञानयुक्त मन से धारण करता है
वाणी यज्ञस्थान में सुरक्षित

पतंग–सूर्य वेदरूपी वाणी ज्ञानयुक्त मन से धारण करता है। उसको ही शरीर में वर्तमान प्राणवायु उच्चारित करता है, प्रेरित करता है। तेजस्वी, स्वर्गीय सुखदायक और बुद्धि की अधीश्वरी वाणी को यज्ञ के स्थान में बुद्धिमान् विद्वान् उत्तम प्रकार से सुरक्षित रखते हैं।।2।।ऋग्वेद 10.177.2।।

पतंगो वाचं मनसा बिभर्ति ता गन्धवोऽवदद्गर्भे अन्तः।
तां द्योतमाना स्वयं मनीषामृतस्य पदे कवयो नि पान्ति।।2।।
।।ऋग्वेद 10.177.2।।

हवि प्रदान का साधन : रथन्तर साम
यज्ञ का गुप्त परम आधार : बृहत् साम से प्राप्त

प्रथ् (प्रथते, प्रथितम्) का अर्थ ऐश्वर्य का फैलाना, कीर्ति का फैलाना, सुविख्यात होना, प्रसिद्ध होना, प्रगट होना, उदय होना, प्रकाश में आना, प्रकाशित करना, विस्तृत करना आदि है। ''यशोस्य प्रथते।।मनुस्मृति।। अतोऽस्मि लोके वेद च प्रथितः पुरुषोत्तमः।।भागवत।। जिनका नाम ''प्रथ और सप्रथ'' थे, उनमें उसे वसिष्ठ ने अनुष्टुप् छन्द से यज्ञीय हवि को अर्पण किया। वह ''हवि प्रदान करने का उपयुक्त साधन स्थन्तर नामक साम है।''

वह वसिष्ठ ने – धाता, तेजस्वी सविता एवं सर्वत्र व्यापक विष्णु से प्राप्त किया था।।1।।

यज्ञ का परम आधार गुप्त रहा। धाता आदियों ने उसे प्राप्त किया। बृहत् साम नाम तेजस्वी और सबसे परे स्थित रहा, उसे भी धाता आदि ने ग्रहण किया। भरद्वाज ने यह बृहत् धाता, तेजस्वी सविता, विष्णु एवं अग्नि से प्राप्त किया।।2।।

प्रथश्च यस्य सप्रथश्च नामाऽऽनुष्टुभस्य हविषो हविर्यत्।
धातुर्द्युतानात् सावितुश्च विष्णो रथन्तरमा जभारा वसिष्ठः।।1।।
अविन्दन्ते अतिहितं यदासीद्यज्ञस्य धाम परमं गुहा यत्।
धातुर्द्युतान त् सवितुश्च विष्णोर्भरद्वाजो बृहदा चक्रे अग्नेः।।2।।
।।ऋग्वेद 10.181.1, 2।।

यज्ञ यजुर्वेदीय मन्त्र : परम ज्ञान मन से प्राप्त

ऋग्वेद के मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने अभूतपूर्व रहस्योद्घाटन किया है : "यज्ञ के यजुर्वेदीय मन्त्र से परम ज्ञान को मन से प्राप्त किया।" ऋग्वेद मूलतः "ज्ञान कारक" है और उसके पश्चात् 1990 मन्त्रों का वैदिक "कर्म काण्ड–यजुर्वेद" है। यजुर्वेद की माध्यंदिन शाखा–वाजसनेयी संहिता–शुक्ल यजुर्वेद को महर्षि याज्ञवल्क्य ने सूर्य देवता से प्राप्त किया। यजुर्वेद के अनुशीलन से स्पष्ट होता है कि "यजुर्वेद में ऋग्वेद के दसों मण्डलों के 1000 सूत्र और अथर्ववेद के सातवें काण्ड तक के और 9, 10, 12 एवं 19वें काण्ड के अनेक मन्त्र स्थल–स्थल पर आये हैं।" यजुर्वेद का दूसरा संस्करण कृष्ण यजुर्वेद–तैत्तिरीय संहिता है। "यद्यपि ऋग्वेद का यज्ञविधान कर्मकाण्ड रहित है।" "यजुर्वेद यजन का वेद कहा गया है। ऋग्वेद के मन्त्र यज्ञ में प्रयुक्त होते हैं। साम मन्त्रों का गान होता है।" मत्स्य पुराण के अनुसार "त्रेता युग में एक ही यजुर्वेद रहा।" अर्थात् ज्ञानकाण्ड ऋग्वेद को पृष्ठभूमि में डाला गया। इसी यजुर्वेद के शासन के कारण "त्रेता युग में यज्ञ की प्रधानता रही।" यहाँ तक कि राज्याभिषेक भी यज्ञ से ही होता रहा और प्रत्येक प्रतापशाली सम्राट राष्ट्र संवर्धन के लिये यज्ञाभिलाषी होता। यह राष्ट्र संवर्धन यज्ञ–अश्वमेध यज्ञ कहलाता था। यह स्मरण रहे कि वेद के ज्ञान काण्ड ऋग्वेद की दार्शनिक व्याख्या लंकेश्वर दशकन्धर रावण ने की है (जयपुर के डॉ. सुशील कुमार गुप्ता ने रावण भाष्य ग्रन्थ का प्रकाशन सन 1967 में किया।)। महापण्डित रावण ने वेद के कर्मकाण्ड यजुर्वेद की भी दार्शनिक व्याख्या की। परमाचार्य रावण द्वारा किये ऋग्वेद एवं यजुर्वेद के भाष्य विस्मृति के गर्भ में हैं। बीसवीं सदी के मध्य में परमाचार्य टी.वी. कपाली शास्त्री ने महापण्डित रावण के

ऋग्वेद की दार्शनिक व्याख्या में नया कीर्तिमान जोड़ा। परमाचार्य कपाली शास्त्री कृत ऋग्वेद भाष्य भी अनुपलब्ध है।

उस तेजस्वी धाता आदियों ने मुख्य–श्रेष्ठ, देवों के हवि प्राप्त करने योग्य, साधन् धर्म–यजुर्वेदीय मन्त्र–परमज्ञान को मन से प्राप्त किया। इस प्रकार वे उस धर्म को धाता, तेजस्वी सविता, सर्वव्याप्त विष्णु और सूर्य से प्राप्त करते हैं।।ऋग्वेद 10.181.3।।

तेऽविन्दन् मनसा दीध्याना यजुः ष्कन्नं प्रथमं देवयानम्।
धातुर्द्युतानात् सविनुश्च विष्णोरा सूर्यादभरन् धर्ममेते।।
।।ऋग्वेद 10.181.3।।

बृहस्पति यज्ञ : रोग भय निवारण, पाप–अमंगल नष्ट

बृहस्पति देवता के सूक्त के मन्त्रद्रष्टा कवि तपुर्मूर्धा बार्हस्पत्य ने कहा है कि दुःख–संकटों को हरने वाले, बुद्धि के अधिष्ठाता बृहस्पति देव पापों को नष्ट करे। साथ ही हमसे दुष्टता करनेवाले हम पर पाप का सन्देह लेनेवाले को दूर करने के लिये तेजस्वी शस्त्र का उपयोग करे। बृहस्पति देव हमारे अमंगल को नष्ट करे। वह दुष्ट बुद्धि नष्ट करे। अनन्तर यजन करता यजमान के रोग का निवारण करे और उसके भय का नाश करे।।ऋग्वेद 10.182.1।।

बृहस्पतिर्नयतु दुर्गहा तिरः पुनर्नेषदघशंसाय मन्म।
क्षिपदशस्तिमप दुर्मतिं हन्नथा करद्यजमानाय शं यो।।1।।
।।ऋग्वेद 10.182.1।।

प्रयाज यज्ञ : अनुयाज अग्नि शान्ति, अभय प्रदाता

हमारी "प्रयाज नामक यज्ञ" में "नराशंस अग्नि" रक्षा करे। हमें स्तोत्रों की स्तुति करते समय "अनुयाज अग्नि" सुख–शान्ति प्रदान करे। वह बुराई को दूर करे, दुष्ट बुद्धि का नाश करे और यजमान को शान्ति दे। साथ ही उसके भय का निवारण करे, अभय प्रदान करे।।2।।

"अनुयाज" का अर्थ है : पूरक अनुष्ठान, यज्ञीय अनुष्ठान का एक अंग। अनु + यज + घञ् कुत्वाभावः। दर्शपौर्ण–मासांगे प्रयजादिषु पंचसु यागेषु।।

तपस्वी तप्त शिरवाला बृहस्पति देवता बृह्मद्वेष्टा दुष्ट राक्षस नाशक है, वह उन राक्षसों को पीड़ित करे। बृहस्पति हिंसक शत्रुओं को त्रस्त कर नष्ट करे। वह अमंगल को दूर करे और दुष्ट बुद्धि नाश करे। यजमान का भय निवारण करे एवं सुख शान्ति दे।।3।।ऋग्वेद 10.182.2, 3।।

नराशंसो नोऽवतु प्रयाजे शं नो अस्त्वनुयाजो हवेषु।
क्षिपदशास्तिमप दुर्मर्ति हन्नथा करद्यजमानाय शं योः।।2।।

तपुर्मूर्धा तपतु रक्षसो ये ब्रह्मद्विषः शरवे हन्तवा उ।
क्षिपदशास्तिमप दुर्मतिं हन्नथा करद्यजमानाय शं यो।।3।।
।।ऋग्वेद 10.182.2, 3।।

यज्ञ : अग्नि की सप्त जिव्हाएँ–शिखाएँ

जातवेदा अग्नि के सूक्त में सप्त जिव्हाएँ–सप्त शिखाएँ सूत्रात्मक हैं। अग्नि की सप्त जिव्हाएँ–कराली, धूमिनी, श्वेता, नीललोहिता, सुवर्णा, नीलतोहिता पद्मसगा, काली कही गई हैं। वह्नौ – "काली कराली च मनोजवा च सुलोहिता चैव सधूम्रवर्णा। उग्रा प्रदीप्ता च कृपीटयोनेः सप्तैवः कीला कथितांच जिव्हा।।" इत्युक्तानां सप्तनामग्निज्वालानामेव तद्जिव्हात्वयुक्तम्।। शब्दस्तोममहानिधि।।

जातवेदा अग्नि (सप्त शिखाओं के द्वारा) देवों के पास यज्ञीय हवि ले जाता है, वह हमारे यज्ञ में पधारे। इससे पूर्व ऋग्वेद में उल्लेख आया है कि यज्ञीय धूम के सूक्ष्म रूप को सूर्य की सप्त रश्मियाँ द्युलोक ले जाती हैं।।ऋग्वेद 10.188.3।।

या रुचो जातवेदसो देवत्रा हव्यवाहनीः।
ताभिर्नो यज्ञमिन्वतु।।ऋग्वेद 10.188.3।।

प्राण अपान यज्ञ

सूर्य की सुन्दर कान्ति मननशील के शरीर में प्राण रूप विचरण करती है। वह प्राण ग्रहण करती है और अपान का कर्म करती है। अध्यात्मिक रूप से यह प्राण–अपान यज्ञ कर्म है। इसी से महान् सूर्य अन्तरिक्ष को प्रकाशित करता है।।2।।ऋग्वेद 10.188.2।।

अस्य प्र जातवेदसो विप्रवीरस्य मीळहुषः।
महीमियर्मि सुष्टुतिम्।।ऋग्वेद 10.188.2।।

परमेष्ठी के तप से ऋत एवं सत्य उत्पन्न

मन्त्रद्रष्टा कवि माधुच्छन्दसोऽघमर्षण ने भाववृत्तम् सूक्त में स्पष्ट किया है कि परमेष्ठी के महान् दीप्तिमान् "तप से सत्य और ऋत" पैदा हुए। इसके बाद प्रलय रूपी रात्रि हुई। उसके उपरान्त (परमव्योम में) आपः – जल से भरा समुद्र उत्पन्न हुआ।।1।। जल से भरे समुद्र के बाद "संवत्सर" की उत्पत्ति हुई। निमेषोन्मेष करनेवाले जगत् को वश में करनेवाले परमब्रह्म परमेष्ठी ने दिन एवं रात्रि की रचना की।।2।।

उस सर्व धारणकर्त्ता परमेष्ठी ने पहिले के समान सूर्य, चन्द्रमा, पृथिवी, द्युलोक, अन्तरिक्ष एवं सुखलोक को बनाया।।3।। इस सूक्त के दो सन्देश हैं। पहिला, परमेष्ठी ने अनेक बार सृष्टि की रचना की और अनेक बार

प्रलय रात्रि हुई। दूसरा, परमेष्ठी ने सृष्टि रचना के लिये महान् तप से ऋत एवं सत्य को उत्पन्न किया। ऋत एवं सत्य के बाद पूर्व की भांति सृष्टि की रचना की गई।।ऋग्वेद 10.190.1.2, 3।।

ऋतं च सत्यं चाभीद्धात् तपसोऽध्यजायत।
ततो रात्र्यजायत ततः समुद्रो अर्णवः।।1।।
समुद्रादर्णवादधि संवत्सरो अजायत।
अहोरात्राणि विदधद्विश्वस्य मिषतो वशी।।2।।
सूर्याचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत्।
दिवं च पृथिवी चाऽन्तरिक्षमथो स्वः।।3।।ऋग्वेद 10.190.1, 2, 3।।

यज्ञ : मनन–अन्तःकरण–विचार चित्त ज्ञान ऐकमत्य

इस सूक्त का उद्देश्य है : "हम सभी आपसी मतभेदों को तिलांजलि देकर एक मंच पर उपस्थित हों।" हमारे "मनन मन–अन्तःकरण–विचार चित्त जन्य ज्ञान ऐकमत्य अथवा एकविध हों।" ऋत्विज्ों की समस्त अभिलाषा ज्ञानवान् अग्नि पूर्ण करता है। अतः अग्नि की उपस्थिति में ईप्सित सामंजस्य स्थापना के उद्देश्य से प्रारम्भ में सभी की ओर से यज्ञ में एक ही हवि (एक साथ) समर्पित करने के लिये प्रज्ज्वलित अग्नि की प्रार्थना की गई है।

हे आदिज्ञानी महापराक्रमी अग्ने! आप सबका स्वामी होकर समस्त तत्त्वों को मिलते हो। आप भूमि की यज्ञवेदी पर प्रकाशित होते हो। ऐसे में आप हमें (हमसे एकमत करके) संपदा लाकर देने का अनुग्रह करो।।1।।

हे स्तोताओ! आप परस्पर एक विचार से मिलकर रहो; परस्पर प्रेम से वार्तालाप करो। आप सभी का मन एक समान होकर ज्ञान प्राप्त करे। जिस प्रकार पूर्व के जन (वेद पूर्व) एक मत होकर ज्ञान सम्पादन करते हुए सेवनीय परमात्मा की उत्तम प्रकार से उपासना करते रहे, उसी प्रकार आप भी एकमत होकर अपना कार्य करो, धनादि ग्रहण करो।

कवि का अभिप्राय है : देवों ने भी सहमत होकर यज्ञ के अपने–अपने अंश प्रेम के साथ उठा लिये; तो अब हम ऋत्विज् विभाजन के विषय में नाहक मतभेदों का निर्माण या कलह क्यों करें?।।2।।

हम सभी की प्रार्थना एक समान हो; परस्पर मिलन भी भेदभाव रहित एक जैसा हो अथवा विचार प्रदान का स्थान एक ही हो। "अपना मन–मनन करने का साधन अन्तःकरण और चित्त–विचार जन्य ज्ञान एक हो।" हम आपको एक ही उत्कृष्ट रहस्यपूर्ण वचन कहते हैं और आपको एक समान हवि प्रदान करके सुसंस्कृत करते हैं।

अर्थात् आप सभी का मन्त्र एक ही हो। आपकी सभा एक ही हो और मन भी एकरूप होने दो। आप सभी के एक ही मन्त्र का अभिमन्त्रण करके मैं एक ही आहुति से अग्नि में हवन करता हूँ।।3।।

आप सभी का ''संकल्प एकरूप'' हो और आपके ''हृदय भी एकरूप'' हो जायँ। आपका यह सहजीवन भली भाँति सफल हो इसलिये आपके मन की एकता सम्पन्न हो; जिससे आपका परस्पर कार्य पूर्णरूप से संगठित हो। ।।4।।ऋग्वेद 10.191.1–4।।

संसमिद्युवसे वृषन्नग्ने विश्वान्यर्य आ।
इळस्पदे समिध्यसे स नो वसून्या भर।।1।।
सं गच्छध्वं सं वदध्वं स नो मनांसि जानताम्।
देवा भागं यथा पूर्वे संजानाना उपासते।।2।।
समानो मन्त्रः समितिः समानी समानं मनः यह चित्तमेषाम्।
समानं मन्त्रमभि मन्त्रये वः समानेन वो हविषा जुहोमि।।3।।
समानी व आकूतिः समाना हृदयानि वः।
समानमस्तु वो मनो यथा वः सुसहासति।।4।।ऋग्वेद 10.191.1–4।।

यज्ञ : विभिन्न प्रकार से व्याख्या की ऋचाएँ

।। 10.1.2,3; 10.2.2,3,7; 10.3.1,7; 10.4.4,5; 10.5.4,5; 10.6.4,5,7; 10.7.4; 10.8.2,6; 10.11.1,2,3,4,5,6,8,9; 10.12.4,5,7,8,9; 10.13.1,2,5; 10.20.2,3,4,5,7,8; 10.21.1–7; 10.22.2,6,7,8,14,15; 10.23.2,4; 10.24.2; 10.25.4; 10.26.7,8; 10.27.1,6,18; 10.28.3,5; 10.29.3; 10.30.2,3,4,6,11,13,14,15; 10.31.1,10,11; 10.32.1–5; 10.33.4,5; 10.35.8,9,10,12; 10.36.4–8,10; 10.39.1,5; 10.40.1,2,3,4,10,14; 10.41.1,5,8,10; 10.43.6,8; 10.44.1,5,7; 10.45.3,9,10; 10.46.1–7,10; 10.47.6; 10.48.1,4,5; 10.49.4; 10.501,2,3,5,6,7; 10.51.5; 10.52.1,2,3,6,8; 10.53.1,2,3; 10.54.1; 10.55.6; 10.57.2; 10.58.4; 10.59.6; 10.61.1,2,3,8,9,10,10,15,19,20,24,25,27; 10.62.4,6,7; 10.63.1,2,3,5,6,7,11,12; 10.64.1,5,6,7,8,9,12,13,14,15,16; 10.65.3,6,7,8,9,11,14; 10.66.2,4,6,7,8,10,12,13; 10.67.1; 10.69.1,2,3,4,5,6,8,11; 10.70.1–3,8,10,11; 10.71.7,9; 10.74.1,2,3; 10.76.3,5,6,7,8; 10.77.1,7; 10.78.2–7; 10.79.2,4,5; 10.80.4,5,7; 10.81.6,7; 10.82.4; 10.83.3; 10.85.3; 10.86.1,5,14,15,19; 10.87.1,4,8,9,24; 10.88.1,3–8,11,12,13,19; 10.89.3; 10.92.4,9,10,11,12,15; 10.93.2,3,4,6,8,9,11,14; 10.94.1,2,6,10,14; 10.96.1,2,5,6,7,9,10,12,13; 10.98.7–9; 10.99.2,11,12; 10.100.1,2,3,5,10; 10.101.1,2,9; 10.103.8; 10.104.1–4,6; 10.105.9; 10.106.1–5, 9,10,11; 10.107.3,5,7,8; 10.110.1–10; 10.111.3,5; 10.112.4,6,7,9,10;

10.114.2,3,9; 10.115.3,5,7,9; 10.116.5,7—9; 10.117.8; 10.118.1—7,9; 10. 119.13; 10.120.3,5,7; 10.121.1; 10.122.2—5,7,8; 10.124.2; 10.125.2,3; 10. 126.8; 10.128.1,3,5,6,7,8,9; 10.132.1—5; 10.133.2,6; 10.134.4; 10.136.4; 10.138.1,2,6; 10.139.4; 10.140.1—3; 1.146.4,5; 10.144.2,3,6; 10.147.2—4; 10.148.3,4; 10.149.5; 10.150.1—3; 10.154.1; 10.156.1; 10.158.11; 10.159.4; 10.160.1,2; 10.162.2; 10.165.5; 10.167.2—4; 10.169.2; 10.170.1; 10.173. 6,3; 10.174.4; 10.175.4; 10.176.2,3; 10.177.1; 10.179.2,3; 10.182.3; 10. 185.3; 10.188.1,2 ।।ॐ ।।

यज्ञ : ऋग्वेदीय खिल सूक्त : 3

कुहूमहं सुवृतं विद्मनापसमस्मिन् यज्ञे सुहवां जोहवीमि।
सा नो ददातु श्रवणं पितृणां तस्यै ते देवि हविषा विधेम।।1।।
कुहूर्देवानाममृतस्य पत्नी हव्या नो अस्थ हविषः शृणोतु।
सं दाशुपे किरतु भूरि वामं रायस्पोषं यजमाने दधातु।।2।।
अनु नोऽद्यानुमतिर्यज्ञ देवेषु मन्यताम्।
अग्निश्च हव्यवाहनो भवतं दाशुषे मयः।।3।।
अन्विदनुमते त्वं मन्यासै शं च नस्कृधि।
क्रत्वे दक्षाय नो हिनु प्र ण आयूंषि तारिषत्।।4।।
धाता ददातु नो रयिमीशानो जगतस्पतिः।
स नः पूर्णेन वावनत्।।5।।
द्याता ददातु दाशुषे प्रजाकामाय मीळहुषे दुरोणे।
तस्यै देवा अमृताः सं व्ययन्तां विश्वे देवासो अदितिः सजोषाः।।6।।
धाता ददातु दाशुषे प्राचीं जीवानुमक्षिताम्।
वयं देवस्य धीमहि सुमतिं वाजिनीवतः।।7।।
धाता प्रजानामुत राय ईशे धातेदं विश्वं भुवनं जजान।
धाता कृष्टीरनिमिवाभिचष्टे धात्र इद्धव्यं घृतवज्जुहोत।।8।।
।।8 हिरण्यगर्भः। 1—2 कुहूः, 3—4 अनुमतिः, 5—8 धाता।।



सम्राट युधिष्ठिर का राजसूय – अश्वमेध यज्ञ

अश्वमेध यज्ञ : सृष्टि यज्ञ
सत्य एवं मिथ्या



श्रीराम चन्द्र का अश्वमेध

सृष्टियज्ञ : परमेष्ठी का अश्वमेध यज्ञ

अश्वमेध का अध्यात्म : अश्वमेध यज्ञ ब्रह्मविद्या

बृहदारण्यकोपनिषत् में परमेष्ठी द्वारा अश्वमेध का अद्भुत वृत्तान्त है। यह "अश्व" और अश्वमेध के अध्यात्मिक एवं दार्शनिक पक्ष को बहुत ही सहज रूप में प्रस्तुत करता है। इस यज्ञ में कोई हाड–मांस का अश्व नहीं है। "यजनीय अश्व जगत् की आत्मा सूर्य है, काल है, सृष्टि है।"

बृहदारण्यकोपनिषत् के प्रथम अध्याय के प्रथम ब्राह्मण से अश्वमेध के प्रकरण प्रारम्भ होते हैं। यह उल्लेखनीय है कि बृहदारण्यकोपनिषत् "यजुर्वेदीय उपनिषत्" है। यजुर्वेद में "अश्वमेध यज्ञ" का वर्णन है। चौंकें नहीं! "वेद में काल को अश्व" की उपमा दी गई है। "सूर्य देवता" ने ब्रह्मर्षि याज्ञवल्क्य को "शुक्ल यजुर्वेद का ज्ञान अश्व (वाजी) का शिर लगाकर" दिया। इसीलिये शुक्ल यजुर्वेद को "वाजसनेयी संहिता" कहा गया है। इस उपनिषत् में "अश्वमेध के मूलतत्त्व" को स्पष्ट किया गया है।

"यजनयोग्य–पूजनकर्म योग्य अश्व का सिर उषा है, सूर्य चक्षु है, वायु प्राण है, विस्तृत मुख वैश्वानर अग्नि है, संवत्सर आत्मा है।" यजनीय अश्व का द्युलोक पीठ है, अन्तरिक्ष पेट है, पृथिवी पाद (खुर) है, दिशाएँ पासे हैं, अन्तर्दिशाएँ पसलियाँ हैं, ऋतएँ अंग हैं, मास और अर्धमास जोड़ हैं, दिन–रात प्रतिष्ठा है, नक्षत्र हड्डियाँ हैं, नभस्थ मेघ मास है। अर्धजीर्ण अन्न बालुकण हैं, नदियाँ गुदा है, यकृत् नीचे का मांस पिण्ड है, पर्वत–ओषधियाँ चारा है, वनस्पतियाँ लोम है, नाभि के ऊपर का भाग उदय होता हुआ सूर्य है, नाभि से नीचे का भाग दोपहर के पश्चात् का दिन है। अश्व का जम्भाई लेना विद्युत् की गर्जना है। जो अंग काँपता है वह मेघ गर्जना है। अश्व जो मूत्र फेंकता है वह मेघ की वर्षा है। इस "अश्व का हिनहिनाना ही वाणी है।" शीघ्र परिवर्तनशील और गति से ही समस्त पदार्थों में विद्यमान "काल अश्व है।" उस "कालरूपी अश्व का सदुपयोग ही, उपनिषत्सम्बन्धी अध्वमेध यज्ञ है।।1।।"

ऊँ उषा वा अश्वस्य मेध्यस्य शिरः सूर्यश्चक्षुर्वातः
प्राणो व्यात्तमग्नि–र्वैश्वानरः संवत्सर आत्माऽश्वस्य
मेध्यस्य। द्यौः पृष्ठमन्तरिक्षमुदरं पृथिवी पाजंस्य

दिशः पार्श्वे अवान्तरदिशः पर्शव ऋतवोऽंगानि
मासाश्चार्ध–मासाश्च पर्वाण्यहोरात्राणि प्रतिष्ठा
नक्षत्राण्यस्थीनि नभो मॉंसानि। ऊषध्यॉं सिकताः
सिन्धवो गुदा यकृच्च क्लोमानश्च पर्वता
ओषधयश्च वनस्पतयश्च लोमान्युद्यन् पूर्वार्धो
निम्लो–चत्र्जघनार्धो यद्विजृम्भते तद्विद्योतते यद्वि–
धूनुते तत्स्तनयति यन्मेहसि तद्वर्षति
वागेवास्य वाक्।।1।। प्रथम ब्राह्मण।।

होम से अश्व–सूर्य को लक्ष्य करके महिमायुक्त दिन प्रगट हुआ। उसकी पूर्व समुद्र में योनि है, उसका पूर्व दिशा में स्थान है। होम के पश्चात् इस अश्व को लक्ष्य करके महत्व युक्त रात्रि प्रगट हुई। उसका पश्चिम दिशा में स्थान है। ये महिमा वाले दोनों अश्व–सूर्य की सभी ओर से आगे और पीछे से लक्ष्य करके प्रगट हुए। यह अश्व ही रात–दिन का कर्त्ता है। वह "हय" होकर देवों को उठाता है, "वाजी" होकर गन्धर्वों को, "अर्वा" होकर असुरों को और "अश्व" होकर मनुष्यों को उठाता रहा (हय, वाजी, अर्वा, अश्व के रूप में क्रमशः देव, गन्धर्व, असुर एवं मनुष्य को उठाता है।)। इसका (महाब्रह्माण्डीय) समुद्र ही बन्धु है, समुद्र ही स्थान है। "आकाश ही अर्क अश्व का स्थान है" (अर्क का अर्थ सूर्य है।)। पार्थिव "जीवन–यजन में, जीवन–ज्योति का सिद्धि–दायक यज्ञाश्व सूर्य है"।।2।। प्रथम ब्राह्मण।।

अहर्वा अश्वं पुरस्तान्महिमाऽन्वजायत तस्य पूर्वे
समुद्रे योनी रात्रिरेनं पश्चान्महिमाऽ–न्वजायत
तस्यापरे समुद्रे योनिरेतौ वा अश्वं महिमा–
नावभितः संबभूवतुः। हयो भूत्वा देवानवह द्वाजी
गन्धर्वानर्वाऽसुरानश्वो मनुष्यान् समुद्र एवास्य
बन्धुः समुद्रो योनिः।।2।। प्रथम अध्याय, प्रथम ब्राह्मण।।

यहाँ सृष्टि के पूर्व अभिव्यक्त पदार्थ कुछ भी नहीं रहा। यह जगत् खाना चाहनेवाले मृत्यु–प्रलय से ही आच्छादित था। भक्षण करना चाहनेवाला ही मृत्यु है। तब परमेष्ठी–भगवान् ने मन में संकल्प किया कि मैं मनस्वी हो जाऊँ। वह महान् प्रभु तप–अर्चन–पूजन संचालन करने लगा। उसने प्रकृति में कम्पन् उत्पन्न किया। उसके संचालन से सूक्ष्म जल प्रगट हुए। उसने जाना कि तप–अर्चन करते हुए ही मेरे लिये सृष्टि का कारण जल उत्पन्न हो गया। वह ही "अर्क–सूर्य का अर्कपन" है। जो इस प्रकार यह अर्क का अर्कपन जानता है उसके लिये सुख ही होता है।।1।। प्रथम अध्याय, दूसरा ब्राह्मण।।

इस प्रकरण में ऋषि ने "ब्रह्म की कल्पना मृत्यु" के रूप में की है। ब्रह्म को मृत्यु रूप मानकर कैसे पहिले जड़–जगत् उत्पन्न हुआ, जड़ के उत्पन्न होने के बाद कैसे चेतन जगत् उत्पन्न हुआ, इस अध्यात्मिक प्रक्रिया का वर्णन ऋषि ने किया है।

नैवेह किंचनाग्र आसीन्मृत्युनैवेदमावृतमासीत्।
अशनाययाऽशनाया हि मृत्युस्तन्मनोऽकुरुताऽऽमन्वी
स्यामिति। सोऽर्चन्नचरत्तस्यार्चत् आपोऽजा–
यन्तार्चते वै मे कमभूदिति तदेवार्क–स्यार्कत्वं
कँ् ह वा अस्मै भवति य एवमेतदर्कस्यार्कत्वं वेद।।1।।
।।प्रथम अध्याय। दूसरा ब्राह्मण।।

यह "आपः" और "अर्क" एक ही है। वह द्रवीभूत सृष्टि प्रकृति का उपादान जल ही अर्क है, तेज आदि का आदि रूप है। द्रवावस्था प्रकृति का "शर"–ऊपर–ऊपर का हिस्सा कड़ा हो गया। मृत्यु ब्रह्म ने संकल्प से आपः के शर को एकत्र किया। वह ही "पृथिवी" हो गई। नीचे का हिस्सा तरल होकर "जल" रूप हुआ। उसमें फिर "मृत्यु रूप ब्रह्म" ने तप और श्रम किया। उस श्रान्त एवं तपे हुए पार्थिव पदार्थ का तेजोरसरूप "अग्निपिण्ड" बन गया। अर्थात् द्रवावस्था प्रकृति से पृथिवी, जल और अग्नि तीन पदार्थ उत्पन्न हो गये।।1.2.2।।

आपो का अर्कस्तद्यदपाँ शर आसीत्तत्समहन्यत।
सा पृथिव्य–भवत्तस्याम–श्राम्यत्तस्य श्रान्तस्य
तप्तस्य तेजो रसो निरवर्तताग्निः।।1.2.2।।

उस अण्डाकार अग्निपिण्ड ने अपने आप को तीन भागों में विभक्त किया। वे अग्नि, वायु और आदित्य हैं। अर्थात् मृत्यु रूप–ब्रह्म ने अपने तेजोमय रूप शरीर (हिरण्यगर्भ) को तीन स्थानों में बाँट दिया। उसका "अग्नि रूप पृथिवी" पर रहा, "आदित्य रूप द्युलोक में" और "वायु रूप अन्तरिक्ष" में चला गया। इस प्रकार तेजोमय ब्रह्म का प्राण तीन भागों में विभाजित हुआ। तेजोमय रूप ब्रह्म द्युलोक से लेकर पृथिवी तक विराट् शरीर धारण कर जड़ जगत् के रूप में शरीरधारी हो गया। उस विराट् जड़ जगत् रूपी शरीर का वर्णन कौन करे? उसका पूर्व दिशा शिर है। यह ईशान और आग्नेय कोण दो भुजाएँ हैं। इसकी पश्चिम दिशा पूँछ है; नाभि अधोभाग है। यह वायव्य और नैर्ऋत कोण दो अस्थियाँ हैं। दक्षिण एवं उत्तर दिशा दो पासे हैं। द्युलोक पीठ है, अन्तरिक्ष उदर है और पृथिवी सीना–छाती है। यह पिण्ड द्रवीभूत जल में

स्थित है। ऐसे जानता हुआ उपासक जहाँ कहीं जाता है वहीं स्थिर हो जाता है।।1.2.3।।

स त्रेधात्मानं व्यकुरुतादित्यं तृतीयं वायुं तृतीयँ
स एष प्राणस्त्रेधा विहितः। तस्य प्राची दिक्शि–
रोऽसौ चासौ चेर्मौ। अथास्य प्रतीची दिक्पुच्छ–
मसौ चासौ च सक्थ्यौ दक्षिणा चोदीचि च
पाश्वै द्यौः पृष्ठन्तरिक्ष–मुदरभियमुरः स
एषोऽप्सु प्रतिष्ठितो यत्र क्व चैति तदैव
प्रतितिष्ठत्येवं विद्वान्।।1.2.3।।

जड़ जगत् उत्पन्न होने के बाद उसका एक शरीर पूरा हो गया। उसके पश्चात् उस महान् प्रभु ने कामना की कि मेरा दूसरा लोक उत्पन्न होवे (चेतन जगत्–जिसमें ''मन'' एवं ''वाणी'' का व्यवहार होता है।)। तब उस मृत्यु–रूप–ब्रह्म ने भूख मिटाने के लिये परिवर्तनशील चेतन जगत् क्रम में ''मन के साथ वाणी को जोड़'' दिया। उससे ''शब्द'' की उत्पत्ति हुई। ब्रह्म में चेतन जगत् की रचना की; भावना ने ''संवत्सर'' का, ''काल'' का एवं ''समय'' का रूप धारण किया। इससे पूर्व संवत्सर नहीं था। भगवान् ने इतने काल तक संवत्सर का धारण–भरण किया। मृत्यु–रूप–ब्रह्म ने उस संवत्सर की ओर मुख खोला। उसने सोचा कि सृष्टि उत्पन्न हो गई है। इसलिये भक्षण शुरु करुं। इतने में संवत्सर ने नाद किया, भाण् किया। वह कालगत नाद ही ''वाणी'' हो गई। अर्थात् ध्वनि से वाणी उत्पन्न हुई।।1.2.4।।

सोऽकामयत द्वितीयो म आत्मा जायेतेति स मनसा
वाचं मिथुनँ–समभव–दशनाया मृत्युस्तद्यद्रेत
आसीत्स संवत्सरोऽभवत्। न ह पुरा ततः संवत्सर
आस तमेतावन्तं कालमबिभः। यावा–न्संवत्सर–
स्तमेतावतः कालस्य परस्ताद–सृजत तं जातम–
भिव्याददास भाणकरोत्सैव वागभवत्।।1.2.4।।

उस मृत्यु रूप–ब्रह्म ने भोजन की चाहना में मानों विचारा कि यदि इसको मैं हवन करूंगा तो कार्यरूप जगत् नष्ट होगा, तो अन्न–नाशवान् जगत् की रचना को रूप दूंगा। उस समय ब्रह्म ने नाद रूप वाणी से, उस प्रथम अपने परिणाम से यह दृश्यमान समस्त जगत् की रचना की। साथ ही ऋक्, यजुष, साम, ऋचा, छन्द, यज्ञ, मनुष्य और पशु को रचा। यह सारी सृष्टि विकास–क्रम में होती चली गई। ब्रह्म ने जो–जो रचा उस उसको उसने खाने को स्थिर किया। समस्त कार्यजगत् में नाश की नियति हो गई।

समस्त कार्यजगत् को ही भक्षण करता है, वह ही अदिति–मृत्यु का अदितिपन है। जो उपासक ऐसे इस अदिति के अदितिपन को जानता है, सारे कार्यों में, विकासों में, ब्रह्म के संकल्प को स्फुरित हुआ समझता है, वह इस समस्त भोग्य पदार्थ का भक्षक हो जाता है। इस उपासक का सारा भोग्य पदार्थ अन्न बन जाता है। अर्थात् "प्रकृति भोग्य और आत्मा भोक्ता है।।1.2.5।।

स ऐक्षत यदि वा इममभिमँस्ये कनीयोऽन्नं
करिष्य इति स तया वाचा तेनात्मनेदँ सर्वम–
सृजत यादिदं किंचर्चो यजूँसि सामानि
च्छन्दाँसि यज्ञान्प्रज्ञाः पशून्। स यद्यदेवासृजत
तत्तदत्तुमध्रियत सर्वं वा अत्तीति तददिते–
रदितित्वँ सर्वस्यैतस्यात्ता भवति सर्वमस्यान्नं
भवति य एवमेत–ददितेरादित्तित्वं वेद।।1.2.5।।

इस तरह सृष्टि रूप दो यज्ञ हुए – "जड़ जगत्" और "चेतन जगत्"। उस मृत्यु–रूप–ब्रह्म ने फिर कामना की कि एक महान् यज्ञ करूं। तब उसने श्रम किया। उसने तप तपा। उस श्रान्त, तप्त से कीर्ति और शक्ति उत्पन्न हुई। उसके यशोवीर्य का उदय हुआ। यशोवीर्य का अभिप्राय है, यशस्वी और वीर्यवान् प्राणों का समस्त जगह संचार हुआ। प्राण ही यशोवीर्य है। प्राण ही यश और वीर्य है। उन प्राणों–इन्द्रियों के निकल आने पर शरीर ने बढ़ना शुरू कर दिया। प्रकृति ने फैलना आरम्भ कर दिया। यह मृत्यु रूप ब्रह्म का तृतीय यज्ञ है। उसका शरीर में – स्थूल प्रकृति में ही मन था। जगत् के कारण में उसका संकल्प व्याप्त रहा।।1.2.6।।

सोऽकामयत भूयसा यज्ञेन भूयो यजेयेति।
सोऽश्राम्यत्स तपोड–तप्यत तस्य श्रान्तस्य
तप्तस्थ यशोवीर्य–मुदक्रामत्। प्राणा वै
यशोवीर्य तत्प्राणे–षूत्क्रान्तेषु शरीरँ
श्वयितुमध्रियत तस्य शरीर एव मन आसीत्।।1.2.6।।

मृत्यु–रूप–ब्रह्म ने कामना की कि यह विकास मेरे लिए यजनीय हो। इससे मैं मनस्वी हो जाऊं। अर्थात् मेरे शरीर में पवित्रता अवश्य हो। उसने यह चाहा कि मैं "आत्मन्वी"–आत्मा, अर्थात् शरीर वाला होऊं अथवा वर्धन होवे। साथ ही "मेध्य", अर्थात् पवित्र शरीर वाला होऊं। उस संकल्प से "अश्व –सूर्य" दूसरे शब्दों में, मृत्यु–रूप–ब्रह्म का शरीर बढ़ता जा रहा था, इसलिये इसे "अश्व" कहते हैं। "अश्व" का अर्थ बढ़ना, फूलना है। वह (अश्व) उसे "मेध्य–पवित्र" चाहता था। इसलिये इस "विकसित सृष्टि का नाम अश्वमेध"

हुआ। यह ही "अश्वमेध का अश्वमेधपन" है। जो इस रहस्य को समझता है, वही अश्वमेध के वास्तविक रूप को जानता है। मृत्यु–रूप–ब्रह्म ने "सृष्टि रूप अश्व" को बिना रोके बढ़ने दिया।

अथवा वह ही उपासक अश्वमेध को जानता है जो सूर्य को ऐसे उत्पन्न हुआ जानता है। उस अश्व को ब्रह्म ने निर्बन्ध ही माना। उसको संसार की समाप्तिरूप वर्ष के पीछे उसने अपने लिये प्राप्त किया; उसका संहार उसने आप किया।

जैसे अश्वमेध यज्ञ के अश्व को वापस बुला लिया जाता है, वैसे ही संवत्सर के बाद उस अश्वरूपी सृष्टि को ब्रह्म ने अपने में ग्रहण कर लिया। परिणामस्वरूप एक वर्ष के बाद शीत–उष्ण–वसन्त आदि का चक्र पुनः प्रारम्भ होता है।

ब्रह्म ने सृष्टि के मुख्य अश्व रूप का स्वयं भोग लगाया। अन्य देवताओं को गौण पशु रूप सौंप दिये। ब्रह्म सूर्य–चन्द्र–पृथिवी आदि को भोगता है। वहीं सूर्य–चन्द्र–पृथिवी आदि अवान्तर जगत् को भोगते हैं। इस प्रकार यह सृष्टि समस्त देवताओं का सिंचा–सिंचाया प्राजापत्य भोग है। यह दान बलिदान–सर्वस्व आत्मत्याग–स्वार्थ त्याग की बुद्धि से होता है। इस सम्पूर्ण सौरलोक में सर्वस्व समर्पण–यजनीय द्रव्य सर्वश्रेष्ठ स्वरूप "सूर्याश्व" है। जो हुत हो रहा है और निर्बन्ध भी है। "यह एक महान् अश्वमेध है।"

निश्चय, यह ही "अश्वमेध यजन है जो यह सूर्य तप रहा है।" संवत्सर–काल उसका "आत्मा" है; "काल" में उसकी स्थिति है। यह "अग्नि अर्क–तेज" है। उसके ये पृथिवी आदि लोक आत्माएँ हैं; उसके आश्रित हैं। वे ये "सूर्य और तेज दोनों अश्वमेध हैं।" वह एक ही "देवता मृत्यु सबका संयमन करनेवाला है।" जो उपासक "ब्रह्म के संकल्प से समस्त रचना" होती है जानता है, फिर वह "मृत्यु को विजित" कर लेता है, वह जन्म–मृत्यु से मुक्त हो जाता है। इसका आत्मा संयमन करनेवाला हो जाता है। वह इन "देवताओं में सामर्थ्यवान् आत्मा हो जाता है।।1.2.7।।

सोऽकामयत मेध्यं म इदँ् स्यादात्मन्व्येन
स्यामिति। ततोश्वः समभवद्य–दश्वत्तन्मेध्यम–
भूदिति तदेवाश्व–मेधस्याश्व–मेधत्वम्।
एष ह वा अश्वमेधं वेद य एनमेवं वेद।
तमनवरुध्यै–वामन्यत। तँ् संवत्सरस्य परस्ता–
दात्मन आलभत। पशून्देवताभ्यः प्रत्यौहत्।
तत्मात्सर्व–देवत्यं प्रोक्षितं प्राजापत्य–मालभन्ते।

एष ह वा अश्वमेधो य एष तपति तस्य
तस्य संवत्सर आत्माऽयमग्नि–रर्कस्तस्येमे
लोका आत्मान–स्तावेता–वर्काश्वमेधौ। सो
पुनरेकैन देवता भवति मृत्युरेवाप पुनर्मृत्युं
जयति नैनं मृत्यराप्नोति मृत्युर–स्यात्मा
भवेत्येतासां पुनर्मृत्युं जयति नैनं।। प्रथम अध्याय, द्वितीय ब्राह्मण 7।।

इस प्रकार बृहदारणयोकपनिषत् में ''अश्वमेध यज्ञ ब्रह्मविद्या'' है। इसमें ''अश्व का आशय–ब्रह्म, काल, सृष्टि, सूर्य, अग्नि, मृत्यु, व्यापनशील विष्णु आदि'' है और ''मेध्य का अर्थ पवित्रीकरण'' है। अश्वमेध यज्ञ का रहस्यमय–ज्ञान मोक्ष प्रदाता है। ''अश्वमेध यज्ञ विद्या को आत्मविद्या, सृष्टिविद्या, सूर्यविद्या'' के नाम से भी जाना जाता है।।ऊँ।।

ऋग्वैदिक अश्वमेध यज्ञ
अश्व पूर्ण पुरुष!

वेद के ज्ञानकाण्ड–ऋग्वेद की ऋचाओं में ''अश्व'' शब्द अनेकों रूपों में प्रगट होता है। वैदिक अश्व रहस्यमयी तिलिस्मी आवरणों के पीछे छिपा हुआ है। यह अभूतपूर्व अप्रत्याशित है कि वैदिक ऋचाओं में ''अश्व पूर्ण पुरुष'' के रूप में अवतार लेता है। वैदिक ''पुरुष सूक्त में पुरुष–विराट्–परमब्रह्म'' है। सृष्टियज्ञ में विराट् पुरुष–परमेष्ठी ही हवि है।

इससे पूर्व ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के 164वें सूक्त की 16वीं ऋचा में कहा है : ''प्रत्येक स्त्री में आधा पुरुषत्व और प्रत्येक पुरुष में आधा स्त्रीत्व होता है। इसी के आधार पर ''अर्धनारीश्वर'' की अवधारणा है।'' वर्तमान आधुनिक विज्ञान का शरीरशास्त्र भी इसकी पुष्टि करता है। यही मूलभूत कारण है कि स्त्रियों में स्त्रीत्व रहते हुए भी उनमें पुरुषत्व भी रहता है। स्त्री और पुरुष में कुछ इन्द्रियों को छोड़कर शेष इन्द्रियाँ समान हैं, इसलिये स्त्री भी पुरुष ही है।

दूसरे पक्ष में ''सूर्य की रश्मियाँ यद्यपि स्त्रीलिंग होने से स्त्री हैं, तथापि वे वृष्टिजल रूपी वीर्य का सेचन करके पृथिवी को गर्भवती करने के कारण पुरुष हैं।'' इस रहस्य को केवल वही जान सकता है, जो (ब्रह्म) ज्ञानरूपी दृष्टि से युक्त है। इसके विपरीत स्थूल दृष्टिवाला इस रहस्य की

गहराई में नहीं उत्तर सकता, वह इस रहस्य को नहीं जान सकता। जो इस रहस्य को जान लेता है, वह पालन करनेवाले पिता के समान आदरणीय हो जाता है।।16।। इसी क्रम में स्मरण रहे कि सविता देवता, सूर्य देवता आदि सर्वप्रसविता हैं।

स्त्रियः सतीस्ताँ उ मे पुंस आहु पश्यदक्षण्वान्न वि चेतदन्धः।
कविर्यः पुत्रः स ईमा चिकेत यस्ता विजानात् स पितुष्पितासत्।।
।।ऋग्वेद 1.164.16।।

इसी सूक्त में कहा है : "अश्वस्य रेतो।" यह शक्तिशाली एवं बलवान् "पुरुष का रेतस्" है। इस सूक्त के अनुसार यह वेदी पृथिवी का अन्तिम क्षोर है। "यह वेदी–प्रसवस्थान ही मातृत्व की पराकाष्ठा है।" मातृत्व से बढ़कर दूसरा कोई तत्त्व नहीं है। अतः माता सर्वोच्च है। इसलिये मातृत्व अन्तिम परकाष्ठा है। "स्त्रीपुरुष का संयोग रूपी यज्ञ ही इस संसार का केन्द्र है।" जब तक सन्तान उत्पन्न नहीं हो, उस समय तक रेतस–तेज–वीर्य की सार्थकता नहीं होती है।

यह "यज्ञ" जगत् का केन्द्र है। यह "सोम बलवान् एवं शक्तिशाली पुरुष–अश्व का रेतस्–वीर्य–तेज है।" यह "आत्मा ही वाणी का उत्पत्ति स्थान है।" आत्मा कुछ अभिप्राय प्राप्त करने की इच्छा से इन्द्रियों के साथ संयुक्त होकर वाणी उत्पन्न करती है।।35।। इस ऋचा में "सोम को बलवान् एवं शक्तिशाली अश्व–पुरुष के रेतस–वीर्य–तेज की संज्ञा दी गई है। क्रान्तदर्शी कवि ने "अर्धनारीश्वर" की व्याख्या के बाद "अश्व को पूर्ण पुरुष की संज्ञा" दी है।

इयं वेदिः परो अन्तः पृथिव्या अयं यज्ञो भुवनस्य नाभिः।
अयं सोमो वृष्णो अश्वस्य रेतो ब्रह्माय वाचं परमं व्योम।।35।।
।।ऋग्वेद 1.164.35।।

इसप्रकार ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के 164वें सूक्त में सर्वप्रथम मनुष्यों में अर्धनारीश्वर की अवधारणा को प्रतिपादित किया और "एकमात्र अश्व को पूर्ण पुरुष घोषित किया।" प्रोफेसर भारतभूषण विद्यालंकार ने अश्व और पुरुष की अवधारणा के रहस्य को परत दर परत खोला। प्रोफेसर विद्यालंकार के अनुसार प्रत्येक स्तनधारी प्राणी (मनुष्य एवं पशु) के स्तन होते हैं। "नर प्राणी के प्रतीक रूपी स्तन अवश्य होते हैं। इस प्रकार वे अर्धनारीश्वर हैं।" इसके ठीक विपरीत "प्राणियों में एकमात्र अश्व के प्रतीकरूपी स्तन भी नहीं होते हैं।" इसलिये एकमात्र अश्व ही पूर्ण पुरुष है। प्रोफेसर विद्यालंकार के अनुसार

"व्यापनेवाला अश्व है।" अथवा अश्व व्यापनेवाला है। उधर वैदिक विष्णु भी व्यापनशील है, अर्थात् सर्वव्याप्त अथवा ब्रह्माण्डव्यापिनी सौर ऊर्जा है।

शब्दकल्पद्रुम के अनुसार अश्व का अर्थ है : अत्रुते मार्गं व्याप्नोति : अश्व् व्याप्तौ अश्वू–प्रषिलटीति क्वन्। घोटकः। तत्पर्य्यायः। पीतिः, पीति, वीतिः, घोटः, घोटकः, तुरग, तुरंग, तुरंगमः, वाजी, वाहः, अर्व्वा, गन्धर्व्वः हयः, सैन्धवः एवं सप्तिः। इत्यमरः तट्टीकाच।। "जितसिंह–भया नागा यत्राश्वा विलयोनयः। इति कुमारे।। "अश्व व्यापन करनेवाला है।"

ऋग्वेद में – ब्रह्म, सोम, सूर्य, अग्नि, सृष्टि, काल, पूर्ण पुरुष, राष्ट्र, सर्वत्र व्यापनशील, यज्ञ, शक्ति, गति, बल, गन्धर्व व्यापनशील आदि को अश्व की संज्ञा दी गई है। इस परिपेक्ष्य में अश्वमेध यज्ञ का अपना अध्यात्म है। पश्चिमी विद्वानों ने अश्व और मेध का रूढ़ अर्थ घोड़ा और वध लेकर अर्थ का अनर्थ किया। उससे अध्यात्मपरक अश्वमेध यज्ञ के नाम पर विकृति का प्रचार हुआ।

वेद में "मेध" शब्द के अनेकानेक अर्थ हैं। मेध शब्द भी यज्ञवाचक है। इसके धात्त्वर्थ हैं : "मेधा हिंसनयोः संगमे च।" इसके मुख्य तीन अर्थ हैं – मेधा बुद्धि का संवर्धन, संगठन, संगतिकरण एवं हिंसा। शतपथ ब्राह्मण में कहा है : "राष्ट्रं वा अश्वमेधः"; "वीर्यं वा अश्वः।।" शतपथ ब्राह्मणकार ने ऋग्वेद के आधार पर "अश्वमेध यज्ञकर्म को राष्ट्रसंवर्धन कारक" कहा है। वैसे भी देवता, देवतुल्य ब्रह्मर्षि आदि ही अश्वमेधयज्ञ अथवा सृष्टियज्ञ, पुरुषयज्ञ आदि कर सकते हैं।

ऋग्वेद के अनेक सूक्तों की ऋचाओं में अश्वमेध यज्ञ का सांकेतिक उल्लेख मिलता है। ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के दो सूक्तों–162वां और 163वां का देवता "अश्व" है। जिसमें अश्वमेध का वर्णन है। वैसे चौंकें नहीं! ऋग्वेद महर्षि "दध्यङ्" ने अश्विनौ देवता को अश्व के शिरे से गुप्ततम विद्या प्रदान की। सूर्य देवता ने अश्व के मुख से बह्यर्षि याज्ञवल्क्य को शुक्ल यजुर्वेद का रहस्यमय ज्ञान दिया। परिणामतः शुक्ल यजुर्वेद को वाजसनेयी संहिता कहा गया। प्रकारान्तर में अश्वमुखवाले हयग्रीव देवता ने वेद प्रदान किये।।ऊँ।।

यज्ञमय पृथिवी

ऋग्वैदिक अश्वमेध यज्ञ : यज्ञीय अश्व उत्कृष्ट देव अश्वमेध अश्व : पृथिवि पर सर्वत्र यज्ञ ज्ञान प्रसारकर्त्ता

ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के 162वें सूक्त के ऋषि दीर्घतमा औचथ्य और देवता अश्व है। उसमें कहा गया है कि हम देवों से उत्पन्न बलशाली अश्वों के संग्राम में किये गए पराक्रमों का वर्णन करते हैं। इसलिये वरुण, मित्र, अर्यमा, वायु, मरुत् एवं ऋभुक्षा हमारी निन्दा नहीं करें। अर्थात् यदि कोई जीव उत्तम कर्म करे, तो उसकी प्रशंसा अवश्य करनी चाहिये। घोड़े को सिखाकर उसे कुशल और युद्ध के निपुण बनाना चाहिये।।1।।

वे वीर ही संग्राम में ऐश्वर्य प्राप्त कर सकते हैं, जिनके अश्व बहुत हृष्टपुष्ट एवं शक्तिशाली होते हैं। ये अश्व विश्वरूपा होते हैं और रणयज्ञ में अग्रणी रहकर शत्रु सेना का संहार करते हैं। तब इन अश्वों को इन्द्र एवं पूषा का प्रेम प्राप्त होता है।।2।।

एक निष्क्रिय अश्व को भी जब युद्धादि कला सिखानी होती है, तब उसे एक बलशाली, युद्ध कला में दक्ष अश्व के साथ संयुक्त करते त्वष्टा बलवान् अश्व के साथ रहनेवाले इस प्रिय और आगे रहनेवाले अश्व को उत्तम यश प्राप्ति के लिये तृप्त करता है। अर्थात् युद्धकला दक्ष उस निष्क्रिय अश्व को भी युद्धकला में प्रवीण बना देता है। तब वह निष्क्रिय घोड़ा भी राजा का स्नेहपात्र बन जाता है और राजा उस घोड़े को यश प्राप्त करने की इच्छा से पुष्ट बनाता है। अर्थात् ''ब्रह्मज्ञानियों की संगत में सामान्य का भी ब्रह्मविद् रूप में रूपान्तरण होता है''।।3।।

अश्वमेधयज्ञ के समय ऋत्विग्गण यज्ञीय अश्व को यज्ञाग्नि के चारों ओर ऋतुओं के अनुसार तीन बार परिक्रमा लगवाते हैं। उस समय पूषा का भाग और अग्रणी नेता रूप यह ''अश्व देवों को यज्ञ का ज्ञान कराता हुआ सबसे पहिले जाता है।''

अर्थात् यज्ञीय वेदी की तीन परिक्रमा से ''अश्व यज्ञीय'' हो जाता है। उस समय ''वह देवत्व को प्राप्त करानेवाला'' होता है। उस देवज्ञान–यज्ञज्ञान प्राप्त अश्व की सेवा राजा को भी करनी पड़ती है। तब वह ''अश्व यज्ञ का ज्ञान कराता हुआ भूमि पर सर्वत्र विचरता है।'' वह सबसे आगे रहता है और

पीछे उसकी संरक्षण सेना रहती है। अश्वमेध यज्ञ का अश्व जिधर–जिधर जाता है, उधर–उधर सेना को भी जाना पड़ता है।।4।।

हे मनुष्यो! यह उत्तम ब्रह्म ज्ञानी होता अध्वर्यु देवों को बुलानेवाला एवं श्रद्धापूर्वक हवि समर्पित करनेवाला है। यह अध्वर्यु यज्ञ की अग्नि को प्रज्ज्वलित करता है। आप सभी इस यज्ञ में उत्तम–उत्तम आहुतियाँ देकर नदियों को भर दो। यज्ञ में आहुति देने से यज्ञ के धूम (धुंए) से मेघों (बादलों) का निर्माण होता है। उसका नाम "पर्जन्येष्टि" है। इस पर्जन्येष्टि से मेघों का निर्माण होकर जल वर्षा होती है। फलस्वरूप समस्त नदियाँ जल से भर जाती हैं। "यहाँ यज्ञ और वर्षा के अन्तर्सम्बन्ध को रेखांकित किया गया है।" वैसे ऋग्वेद में यज्ञ से वृष्टि की ऋचाएँ भी हैं।।5।।

यज्ञीय अश्व को बांधने के लिये काष्ठयूप का निर्माण किया जाता है (देखें – यज्ञ यूप सूक्त)। यज्ञ यूप–स्तम्भ के लिये श्रेष्ठ मनुष्य उत्तम विचार से वृक्ष का चयन कर काटते हैं। उसे ढोकर यज्ञ स्थान तक लाया जाता है। उस काष्ठ यूप को कुशलतम काष्ठ शिल्पी उत्तम रीति से रूपाकार देता है। यज्ञ के अश्व के लिये उत्तम घास आदि का प्रबन्ध किया जाता है। अर्थात् "हमें ऐसे श्रेष्ठ जनों के उत्तम विचार प्राप्त हों"।।6।। वैदिक परम्परा में यज्ञीय यूप के लिये वृक्ष का चयन कर, वृक्षब्रह्म से उसके काटने की अनुमति ली जाती रही। वृक्ष को काटने से पूर्व उसकी पूजा–अर्चना भी की जाती रही।

मैंने उत्तम बुद्धियों से रचित स्तोत्र को धारण किया है। यह सुन्दर अलंकृत यज्ञीय "अश्व देवों की आशाओं को पूर्ण करनेवाला है।" अर्थात् यज्ञ में पधारकर देवगण हवियों से तृप्त होते हैं। इसलिये यज्ञीय अश्व को उनकी आशाओं को तृप्त कर्त्ता कहा गया है। इस प्रकार देवों के पोषण के लिये पुष्ट करते हैं। ज्ञानी ऋषि भी इसे हर्षित करें। अर्थात् यज्ञ एवं यज्ञीय अश्व को सभी तरह पुष्ट करना चाहिये।।7।।

अश्वमेध यज्ञ के लिये चुना हुआ अश्व यज्ञयूप पर लाकर बांध दिये जाने पर वह "अश्व समस्त संस्कारों से संस्कृत होकर" साधारण पशु नहीं रहकर "उत्कृष्ट देव" बन जाता है। अतः उस समय उसे जो भी पदार्थ प्रस्तुत किये जाते हैं, वे मानों "अश्वस्वरूप देव" को ही समर्पित किये जा रहे हैं। अश्वस्वरूप देव को उत्तम पदार्थ ही दिये जाएं।।8।।

हर प्रकार से शुद्ध एवं पवित्र हाथों से ऋत्विग्गण यज्ञ में देवों को हवि प्रदान करें। इसी क्रम में यज्ञीय अश्वरूप देव भी उत्तम और हृष्टपुष्ट हो। उसे हर प्रकार से साफ रखा जाये, ताकि उस पर मक्खियां नहीं बैठे। अर्थात् यज्ञ के ऋत्विकों के हाथ और नाखून भली भाँति साफ हों।।9।।

यज्ञस्तम्भ से बंधा हुआ यज्ञीय अश्वदेव यज्ञस्थान को शौचादि करके गंदा करें तो यज्ञकर्त्ता उसको तत्काल झाड़पोंछकर साफ रखें। जहाँ अश्व बंधा रहेगा, वहाँ गन्दगी और दुर्गन्ध होना स्वाभाविक है। यज्ञायोजन करनेवालों को चाहिये कि वे यज्ञस्थान को निरन्तर साफ करते हुए शुद्ध–सुगन्धित रखें। यज्ञ में दी जानेवाली हवि को अच्छी तरह पकायें।।10।।

हे अश्व! निरन्तर वेग से दौड़नेवाला और हृष्टपुष्ट अश्व पर सवार वीर जब क्रोधाग्नि में शत्रुओं पर अपना शस्त्र फेंके, तो वह घास पर गिरकर व्यर्थ नहीं हो। वह शस्त्र शत्रुओं पर गिरकर उनका संहार करे। साथ ही वीरों द्वारा छोड़े शस्त्रास्त्र शत्रुओं को नष्ट करें। शत्रुओं का धन वीरों को प्राप्त हो।।11।।

यज्ञीय देवस्वरूप अश्व को उत्तम गंध से युक्त घास आदि चारा देकर हृष्टपुष्ट एवं मांसल बनाते हैं, उनकी उत्तम बुद्धियाँ हमें प्राप्त हो। अर्थात् "ब्रह्मरूप पशुसेवा करने की उत्तम बुद्धि सभी को मिले, सभी ब्रह्मरूप पशु की सेवा करें और उन्हें हृष्टपुष्ट बनावें"।।12।।

अश्वमेध यज्ञ के अवसर पर यज्ञस्थल पर अतिथियों को खिलाने के लिये फलों का गूदा पकानेवाले पात्र, रस आदि रखने एवं खाद्य सामग्री काटने आदि की समुचित व्यवस्था हो। ये सभी साधन अश्वमेध के कारण ही एकत्रित किये जाते हैं। इसलिये मानों ये यज्ञीय अश्व देव को ही भूषित करते हैं। ।।13।।

"यज्ञ का अश्व देव है।" अतः अश्व देव जो कुछ चेष्टाएँ करता है, वह एक देव की ही चेष्टाएँ हैं। इसलिये अश्व देव को प्रस्तुत दाना–पानी एक देवता के लिये ही समर्पित है।।14।।

अश्वमेध यज्ञ के समय यज्ञवेदी में अग्नि प्रज्ज्वलित रहती है। उसके समीप ही यज्ञीय अश्व यूप से बंधा हुआ होता है। यह आवश्यक है कि अश्व यज्ञ की अग्नि के ताप एवं धूम से त्रस्त होकर नहीं डरे और शब्द नहीं करे। सुगन्ध से भी अश्व भयभीत नहीं हो। "यज्ञ के मध्य में अश्व के शब्द करने पर ऋत्विज्ों के लिये प्रायश्चित विधान है।" जो ऐसा उत्तम, निर्भीक, परिश्रमी एवं उत्तम संस्कारी अश्व है, उसको ही देवगण अपनाते हैं। अर्थात् अश्वमेध के लिये उत्तम अश्व का चयन करना चाहिये।।15।।

यज्ञीय अश्व को कभी कष्ट नहीं देना चाहिये। अश्व देवता है, अतः देवता कष्ट के योग्य नहीं है।।16।।

ऋग्वेद की ऋचा में प्राणीविज्ञान का परिचय दिया गया है। अश्व के दोनों बगलों में चौंतीस हड्डियाँ होती हैं। यज्ञीय अश्व के सभी अंग सुदर्शन

और दोषमुक्त हों। देवों को प्रिय शब्द भयानक शब्द करते हुए शत्रुओं पर आक्रमण करे। अश्व पर सवार वीर अपने शस्त्रास्त्रों से शत्रुओं के मर्मों पर प्रहार कर उन्हें काटे।।18।।

जब वेगवान् अश्व रथ में जोता जाता है, तब एक सारथी ही मारता है। उसकी लगाम में दो रस्सियाँ उसे वश में करनेवाली हैं। अश्व को ऋतु के अनुसार खिला पिलाकर हृष्ट पुष्ट किया जाता है। साथ ही संग्राम की अग्नि में तपाकर अश्व को परिपक्व किया जाना चाहिये। अर्थात् अश्व को रणयज्ञ में भेजकर रणकला और नीतियों में निपुण बनाना चाहिये।।19।।

हे अश्व! आप देवों की ओर जानेवाले हो, आपकी प्रिय आत्मा को कोई दुःख नहीं दे। आपके शरीर पर कोई शस्त्र प्रहार नहीं करे। मांस के लालच में कोई भी दुष्ट मनुष्य अश्व देव को नहीं मारे।।20।।

हे वीर! आपके रथ में हिरण के समान पवन वेगवान् और अत्यन्त बलवान् दो अश्व जोते गए हैं। आप स्वयं भी महागर्जना करनेवालों हो। इसलिये आप नहीं डरें, आप नहीं मरेंगे (मृत्युंजय) और शत्रु से भी हिंसित नहीं होंगे। अतः निर्भिक होकर रणयज्ञ में जा। आप इस प्रकार वीरता दिखाकर ही देवताओं के पास जाने योग्य हो सकेंगे। अथवा "यदि आप रणयज्ञ की वेदी में आहुति बने (मर गये) तो भी आप स्वर्ग को प्राप्त होकर देवों के पास जा सकेंगे"।।21।। इसका उपदेश यह है कि "उत्तमकर्म–प्रशस्तमकर्म–सत्कृत–शुभकर्म के महायज्ञ में प्राणों की आहुति कर्त्ता (सर्वस्व आत्म त्याग) जीवन–मृत्यु के बंधन से छूट जाता है और परमव्योम में जाता है।"

यह यज्ञीय देव अश्व हमें अध्यात्मिक, अधिदैविक, अधिभूत धन; स्वजन–परिजन और वाहन एवं पशुधन प्रदान करने का अनुग्रह करे। हमारी सम्पदा से भी सभी का पोषण हो। अथवा "सर्वपोषक धन प्राप्त हो। यह यज्ञीय अश्व यज्ञ देव है। अतः इसका वध नहीं किया जा सकता है।" आप हमें निष्पाप करें। यह अश्वमेध यज्ञ का अश्व हमें क्षात्रशक्ति से संयुक्त करने की कृपा करे।।22।।

ऋग्वेद के "अश्वमेध सूक्त" में "यज्ञीय अश्व उत्कृष्ट देवत्व" प्राप्त है। यज्ञीय अश्व देव को यज्ञ का ज्ञान होता है। वह "भूमि (भूलोक) पर सर्वत्र यज्ञ का ज्ञान कराता हुआ, यज्ञस्य करता हुआ विचरण करता है।" अश्वमेध यज्ञ के यूप को श्रेष्ठ एवं उत्तम विचारवान् रूपाकार देते हैं। "उत्कृष्ट अश्व देव प्रत्येक पशु को ब्रह्म स्वरूप मानने की अवधारणा प्रतिपादित करता है।" इसलिये किसी भी वैदिक यज्ञ में अश्व सहित पशुओं की हिंसा नहीं की जा

सकती है। उत्कृष्ट देव स्वरूप अश्व की सेवा राजा को भी करनी पड़ती है। यदि कोई उत्तम कर्म करे, तो उसकी प्रशंसा करनी चाहिये। इस सूक्त में यज्ञ से वर्षा का भी सूत्रात्मक वर्णन है।

"अश्वमेध यज्ञ से देवत्व प्राप्ति" को रेखांकित करता है। यज्ञीय अश्व उत्कृष्ट देव है अथवा यज्ञ पुरुष है और अश्वमेध यज्ञ का अश्व पृथिवी पर सर्वत्र यज्ञ का ज्ञान देता है, यज्ञमय बनाता है।

मा नो मित्रो वरुणो अर्यमायुरिन्द्र ऋभुक्षा मरुत्ः परि रव्यन्।
यद् वाजिनो देवजातस्य सप्तेः प्रवक्ष्यामो विदथे वीर्याणि।।1।।
यन्निर्णिजा रेक्णसा प्रावृतस्य रातिं गृभीतां मुखतो नयन्ति।
सुप्राडन्जो मेम्यद् विश्वरूप इन्द्रापूष्णोः प्रियमप्येति पार्थः।।2।।
एष च्छागः पुरो अश्वेन वाजिना पूष्णो भागो नीयते विश्वदेव्यः।
अभिप्रियं यत् पुरोळाशमर्वता त्वष्टेदेनं सौश्रवसाय जिन्वति।।3।।
यद्धविष्यमृतुशो देवयानं त्रिमानुषाः पर्यश्वं नयन्ति।
अत्रा पूष्णः प्रथमो भाग एति यज्ञं देवेभ्यः प्रतिवेदयन्नजः।।4।।
होताध्वर्युरावया अग्निमिन्धो ग्रावग्राभ उत शंस्ता सुविप्रः।
तेन यज्ञेन स्वरंकृतेन स्विष्टेन वक्षणा आ पृणध्वम्।।5।।
यूपव्रश्का उत ये यूपवाहाश्चषालं ये अश्वयूपाय तक्षति।
ये चार्वते पचनं संभरन्त्युतो तेषामभिगूर्तिर्न इन्वतु।।6।।
उप प्रागात् सुमन्मेऽधायि मन्म देवानामाशा उप वीतपृष्ठः।
अन्वेनं विप्रा ऋषयो मदन्ति देवानां पुष्टे चकृमा सुबन्धुम्।7।।
यद् वाजिनो दाम संदानमर्वतो या शीर्षण्या रशना रज्जुरस्य।
यद् वा घास्य प्रभृतमास्ये3 तृणं सर्वा ता ते अपि देवष्वस्तु।।8।।
यदश्वस्य क्रविषो मक्षिकाश यद् वा स्वरौ स्वधितौ रिप्तमस्ति।
यद्धस्तयोः शमितुर्यन्नखेषु सर्वा ता ते अपि देवेष्वस्तु।।9।।
यदूवध्यमुदरस्यापवाति य आमस्य क्रविषो गन्धो अस्ति।
सुकृता तच्छमितारः कृण्वन्तूत मेधं शृतपाकं पचन्तु।।10।।
यत ते गात्रादग्निना पच्यमानादभि शूलं निहतस्यावधावति।
मा तद् भूम्यामा श्रिषन्मा तृणेषु देवेभ्यस्तदशद्भयो रातमस्तु।।11।।
ये वाजिनं परिपश्यन्ति पक्वं य ईमाहुः सुरभिर्निर्हरेति।
ये चार्वतो मांसभिक्षामुपासत उतो तेषामभिगूर्तिर्न इन्वतु।।12।।
यन्नीक्षणं मांस्पचन्या उखाया या पात्राणि यूष्ण आसेचनानि।
ऊष्मण्यापिधाना चरूणामंकाः सूनाः परि भूषन्त्यश्वम्।।13।।
निक्रमणं निषदनं विवर्तनं यच्च पड्वीशमर्वतः।

यच्च पपौ यच्च घासिं जघास सर्वा ता ते अपि देवेष्वस्तु।।14।।
मा त्वाग्निर्ध्वनयीद् धूमगन्धिमोर्खा भ्राजन्त्यभि विक्त जघ्रिः।
इष्टं वीतमभिगूर्तं वषट्कृतं तं देवासः प्रति गृभ्णन्त्यश्वम्।।15।।
यदश्वाय वास उपस्तृणन्त्यधीवासं या हिरण्यान्यस्मै।
संदानमर्वन्तं पड्वीशं प्रिया देवेष्वा यामयन्ति।।16।।
यत् ते सादे महसा शूकृतस्य पार्ष्ण्यो वा कशया वा तुतोद।
स्रुचेव ता हविषो अध्वरेषु सर्वा ता ते ब्रह्मणा सूक्ष्यामि।।17।।
चतुस्त्रिंशद् वाजिनो देवबन्धोर्वंकीरश्वस्य स्वधितिः समेति।
अच्छिद्रा गात्रा वयुना कृणोत परुष्परुरनुघुष्या वि शस्त।।18।।
एकस्वष्टुरश्वस्या विशस्ता द्वा यन्तारा भवतस्तथ ऋतुः।
या तो गात्राणामृतुथा कृणोमि ताता पिण्डनों प्र जुहोम्यग्रौ।।19।।
मा त्वा तपत् प्रिय आत्मापियन्तं ता स्वधितिस्तन्व1 आ तिष्ठिषत् ते।
मा ते गृध्नुरविशस्तातिहाय छिद्रा गात्राण्यसिना मिथू कः।।20।।
न वा उ एतन्म्रियसे न रिष्यसि देवाँ इदेपि पथिभिः सुगेभिः।
हरी ते युंजा पृषती अभूतामुपास्थाद् वाजी धुरि रासभस्य।।21।।
सुगव्यं नो वाजी स्वश्व्यं पुंसः पुत्राँ उत विश्वापुषं रयिम्।
अनागास्त्वं नो अदितिः कृणोतु क्षत्रं नो अश्वो वनता हविष्मान्।।22।।
।।ऋग्वेद : मण्डल–10। सूक्त–162। ऋषि–दीर्घतमा औचथ्यः। देवता–अश्व।।ऊँ।।

ऋग्वेदीय अश्वमेधयज्ञ : सर्वनियन्ता सपक्ष दिव्य अश्व

यज्ञीय जगत् अवधारणा

वेद में मूलभूत रूप से यज्ञमय जगत्–यज्ञमय राष्ट्र की अवधारणा को प्रतिपादित किया गया है। इतना ही नहीं राजा–शासक में यज्ञीय भावना हो। वैयक्तिक रूप से मानवीय देह में यज्ञ हो रहा है। वेद का सन्देश है कि यज्ञीय राष्ट्र–यज्ञीय जगत् हो। यज्ञ सम्पादन से पहिले उत्तम जगत्–उत्तम राष्ट्र का निर्माण करना चाहिये।

अथर्ववेद के द्वादश काण्ड का प्रथम सूक्त "मातृभूमि का सूक्त है।" इसकी प्रथम ऋचा में कहा है : "सत्यं बृहदृतमुग्रं दीक्षा तपो ब्रह्म यज्ञः पृथिवीं

धारयन्ति।'' अटल सत्यनिष्ठा, यथार्थ ज्ञान, क्षात्र तेज, धर्मानुष्ठान, तेजस्विता, धैर्य, साहस, इन्द्रियों का निग्रह, प्रत्येक कार्य करने में दक्षता, शान्त स्वभाव, दुःख–आपत्तिग्रस्तों की सहायता करना, परमेश्वरभक्ति एवं यज्ञ दान–सर्वस्वार्थ त्याग करना, ये गुण भूमि–देश–राष्ट्र का पालन पोषण और रक्षण करते हैं। ।।अथर्ववेद 12.1.1।।

वैदिक यज्ञमय देश का वर्णन भी इस मातृभूमि सूक्त में किया गया है। ''जिस भूमि पर सभास्थान होते हैं। जिसमें हविष्य अर्थात् हवन के पदार्थ सुरक्षित रह सकते हैं। जहाँ यज्ञयूप स्थापित होते हैं। वहाँ यज्ञ के ऋत्विक् गण (ब्रह्मा, अध्वर्यु आदि) ऋचाओं एवं साम से अर्चन करते हैं। ऋग्वेद एवं सामवेद के ब्रह्मविद् परमात्मा का पूजन करते हैं। यज्ञस्थल पर इन्द्र को सोमपान के लिये नित्य यज्ञशील संगठित होते हैं।'' अर्थात् जहाँ वेद के ज्ञाता ब्रह्मविदों ने बारंबार यज्ञ किया है। इससे सिद्ध होता है कि ''हमारी मातृभूमि पवित्र यज्ञभूमि है।'' अथर्ववेद 12.1.38।।

हमारी मातृभूमि ऐसी है कि जिसमें पूर्व के ज्ञानी, जगत् का भूतकाल बताने वाले ऋषियों, मन्त्रद्रष्टा ऋषियों–मुनियों–केशियों ने यज्ञ एवं सत्र करके और तप करके सप्त भूमियों का उद्धार किया; वह हमारी श्रेष्ठ मातृभूमि है। अर्थात् क्रान्तदर्शी ऋषि गण सत्र और यज्ञ से जगत्–राष्ट्र की उन्नति एवं जागृति करते रहे। वैश्विकता–विश्वबन्धुत्व–विश्वग्राम–विश्वनीडम्–राष्ट्रीयता एवं यज्ञमयता का विचार ऋषियों के अथक परिश्रम से आमजन में रचा बसा है।। अथर्ववेद 12.1.39।।

यस्यां सदोहविर्धानं यूपो यस्यां निमीयते।
ब्रह्माणो यस्यामर्चन्त्यृग्भिः साम्ना यजुर्विदः।
युज्यन्ते यस्यामृत्विजः सोममिन्द्राय पातवे।।38।।
यस्यां पूर्णे भूतकृत ऋषया गा उदानृचः।
सप्त सत्रेण वेधसो यज्ञेन तपसा सह।।39।।

।।अथर्ववेद 12.1.38, 39।।

यज्ञीयदेश पुण्यदश : अयज्ञीयदेश म्लेच्छदेश

वेद के अनुसरण में स्मृति में यज्ञीय राष्ट्र निर्माण को केन्द्र में रखा गया। ''यज्ञीयदेश को पुण्यदेश की संज्ञा'' दी गई और ''अयज्ञीयदेश को म्लेच्छदेश कहा गया।''

इसी शृंखला में ऋग्वेद के प्रथम मण्डल का 163वां सूक्त है। यह 162वें सूक्त का विस्तार है। इस 163वें सूक्त के ऋषि भी दीर्घतमा औचथ्वा हैं और देवता अश्व है। सूक्त में 13 ऋचाएँ हैं और ''सूर्य अश्वमेध यज्ञ के दिव्य

अश्व के रूप में है।'' यह दिव्य अश्व सपक्ष (पंख) है। आगम में क्षीर सागर के मंथन से ''दो पंखोंवाला दिव्य उच्चैःश्रवस् अश्व'' प्राप्त हुआ। वेद के बाद वाले धर्मों में सपक्ष दिव्याश्व का वृत्तान्त मिलता है।

हे अश्व! सर्वत्र व्यापनेवाले आप (सूर्य) ब्रह्माण्डीय समुद्र (द्युलोक) से अथवा जल के मध्य से उदय होते हुए प्रकाशित होते हो। आपने जल से ऊपर आते हुए महानाद किया (सूर्य में महानाद से पृथिवी उत्पन्न हुई।) आपका यह महान् जन्म प्रशंसनीय है। आपके दोनों पक्ष (पंख) दिव्य पक्षीराज श्येन के समान हैं और बाहुएँ हिरण के समान हैं। अर्थात् सूर्य की रश्मियाँ श्येन की तरह शक्तिशाली और हिरण की तरह वेगवान् हैं। श्येन पक्षी द्युलोक के सौ लोह घेरे तोड़कर सोम को यज्ञ के लिये लाया। वैसे हिरण वेद का भी प्रतीक है। क्या सूर्य अथवा अश्व वेद है?।।1।।

सर्वनियन्ता यम परमेष्ठी (काल) ने इस अश्व–सूर्य को उत्पन्न किया। रश्मियों को तीनों लोकों में गमन करानेवाले सूर्य ने अपने रथ में जोड़ा, अर्थात् सूर्य किरणों से युक्त हुआ। सूर्य की शक्ति–सर्वप्रथम विद्युत् ने प्राप्त की। तब अन्तरिक्ष की विद्युत् को जल धारण करानेवाले मेघों ने प्राप्त किया। अन्तरिक्ष की विद्युत् के नियामक मेघ हैं। मेघ से जल वर्षा के बाद वे छंट गये और किरणें पुनः सूर्य को प्रगट करती हैं। मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने अभिव्यंजना रूप में इन्द्र, गन्धर्व और वसु का प्रतीकात्मक उपयोग किया है।।2।।

हे गतिवान् अश्व! आप सबके नियन्ता हैं। अर्थात् अश्वस्वरूप सूर्य सर्व नियन्ता है। वह समस्त रसों को ग्रहण करनेवाला होने से आदित्य है। आदित्य अपनी किरणों से पृथिवी पर के समस्त रसों का हरण करता है। वह अपने गोपनीय कर्मों से तीनों लोकों में संचार करता है। वह सोम के साथ संयुक्त है। इस ऋचा में ''सोम का अर्थ चन्द्रमा है।'' सूर्य की किरणों से ही चन्द्रमा प्रकाशित होता है। द्युलोक में इस सूर्य के तीन बन्धन–वसु, आदित्य एवं द्यु हैं।।3।।

हे अश्व! आपके द्युलोक में तीन बन्धन हैं, दिव्य आपः (ब्रह्माण्डीय महासागरों के जल) में तीन बन्धन हैं और अन्तरिक्ष में तीन बन्धन हैं। अर्थात् परमव्योम में तीन बन्धन–आदित्य, द्यु एवं वसु; पृथिवी पर तीन बन्धन– अन्न, बीज एवं स्थान और अन्तरिक्ष में तीन बन्धन – वायु, विद्युत् एवं मेघ हैं। इन तीन स्थानों पर सूर्य का पवित्र जन्म हुआ, अर्थात् सूर्य सर्वत्र प्रकाशित होता है।।4।।

इस ऋचा में मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने ''सूर्य को यज्ञीय अश्व'' कहा है। हे यज्ञीय! आपका यह शरीर शुद्धि का स्थान है। ये आपके यज्ञ से सम्बन्ध

रखनेवाले पवित्र पाद (खुरों) के स्थान हैं। आप ही यज्ञ की रक्षा करते हो। आपका यह कल्याणकारी नियन्त्रण मैंने देखा है।।5।।

हे अश्व! द्युलोक से पक्षी की तरह उड़कर आपकी आत्मा को हमने दूर से ही प्रसन्न मन से जान लिया। आपके पक्षी की तरह पापरहित और सुखयोग्य मार्गों से जानेवाले शिर को हमने देखा है।

सूर्य की किरणें द्युलोक से पक्षी के समान उठती हुई पृथिवी पर उतरती हैं। उन्हें देखकर मननशील मनुष्य बहुत प्रसन्न होता है। इस पृथिवी पर सूर्य की किरणें पापरहित मार्गों से आती है। अर्थात् सूर्य की किरणें जहाँ–जहाँ जाती हैं, वहाँ–वहाँ का स्थान शुद्ध एवं पवित्र हो जाता है।।6।।

यज्ञीय उत्कृष्ट देव अश्व के उत्तम रूप को देखकर शाकाहार–अन्न को खाने की कामना करनेवाले सभी प्रसन्न होते हैं। यज्ञकर्त्ता यज्ञीय अश्व को उत्तम–उत्तम ओषधि तत्त्वों से समृद्ध वनस्पतियाँ को प्रस्तुत करता है और अश्व वनस्पतियों का आहार करता है। उत्कृष्ट अश्व देव की अनुकम्पा से उपासक सवैश्वर्य आदि प्राप्त करता है।।7।।

"अश्वमेध यज्ञ के पश्चात् यज्ञीय अश्व यज्ञ ज्ञान को सर्वत्र पहुँचाने के लिये भूमि पर सर्वत्र विचरण करता है।" अश्वमेध यज्ञीय अश्व के पीछे रथ चलते हैं। पुर से निकलने पर उसकी रक्षा के लिये सेनानी चलते हैं। राष्ट्र संवर्धन की मंगल कामना करती हुई सुवासिनी कन्यायें उसके पीछे चलती हैं। उसके पीछे शुभ शकुन स्वरूप गो चलती हैं। साथ में "ब्रह्मविद् वेदज्ञ विद्वान्गण स्वस्त्ययन आदि मंगल स्तोत्रों का पाठ करते हुए चलते हैं। उनके स्तोत्र शक्ति वर्धन करते हैं।" यहाँ तक कि आपके पीछे देवगण भी आपकी शक्ति का मापन करते हैं। "अश्वमेध यज्ञ का अश्व सर्वत्र यज्ञीय संस्कारों का रोपण करता है"।।8।।

इस ऋचा में अश्वमेध यज्ञ के अश्व के सुसंकृत होने का वर्णन किया गया है। यज्ञीय अश्व के कान सुवर्ण आभूषणों से अलंकृत होते हैं। उसके खुरों में लोहे की नाल लगाई जाती है। जिससे अश्व को सर्वत्र संचार करने में कष्ट नहीं हो। यह अश्व यज्ञ आदि से सुसंकृत होकर उत्कृष्ट देव बन जाता है। उत्कृष्ट देव अश्व के सामने इन्द्र का तेज भी फीका होता है। अर्थात् यज्ञ से अश्व का तेज बहुत बढ़ जाता है। तब समस्त देवता इस यज्ञीय अश्व के लिये दिये जानेवाली हवि की कामना करते हैं।।9।।

यहाँ मन्त्रद्रष्टा ऋषि अश्वमेध यज्ञ के अश्व की विशेषताओं का वर्णन कर रहा है। वे अश्व उत्तम होते हैं, जिनका पृष्ठजघनभाग–जांघे–पीछे का भाग अत्यन्त पुष्ट हो और मध्य का भाग पतला हो। ये दिव्य अश्व के लक्षण

हैं। ऐसा अश्व महागतिवान् और उत्तम गुणवाला होता है। ऐसे अश्व जब मार्ग पर कतारबद्ध दौड़ते हैं, तब बहुत ही सुन्दर प्रतीत होते हैं। उनकी उपमा आकाश में उड़ते हंसों की पंक्तियों से की गई है।।10।।

हे अश्व! आपका शरीर उड़नेवाला है। आपका मन वायु के समान वेगवान् है। आपके शृंग बहुत प्रकार के होते हैं। सुन्दर शृंगवाला दिव्य अश्व वनों में विचरण करता रहे। आगम में दिव्य उच्चैःश्रवस् अश्व को भी वेदानुकरण में शृंगवाला एवं सपक्ष कहा गया है।

अध्यात्मिक रूप से सूर्य का प्रकाश द्युलोक से उड़कर भूलोक तक आता है। इस प्रकाश की गति वायु से भी तेज है। सूर्य की किरणें अनेक रंगोंवाली हैं। ये सभी अन्धकार में विचरती हैं। (यज्ञीय) अश्व भी बहुत ऊँची कुदान मारनेवाला है। अश्व का मन प्रसन्न रहकर वेगवान् हो। उसके आयल मन्त्रमुग्ध करनेवाले हों, ऐसे मनमोहक आयलोंवाला अश्व सर्वत्र विचरता रहे।।11।।

शक्तिमान् (उत्कृष्ट देव) अश्व अपने दिव्य मन से ध्यान करता हुआ (स्वामी के हितों को केन्द्र में रखकर) संग्राम में शत्रु संहार के लिये जाता है। शक्तियों का केन्द्र यह अग्रणी अश्व आगे ले जाया जाता है और पीछे–पीछे ब्रह्मवेत्ता–विद्वान् स्तोत्र पाठ करते चलते हैं। अर्थात् "दिव्य अश्व के नेतृत्व में भूमि पर सर्वत्र यज्ञ ज्ञान का प्रसार किया जाता है।" यह उल्लेखनीय है कि मननशीलों के जगत् में आसुरी और दिव्य शक्तियों का सतत् संग्राम चल रहा है। अश्वमेध यज्ञीय अश्व भूमि पर यज्ञ अर्थात् प्रशस्ततमकर्म–शुभकर्म–सत्कर्म का दिव्य–ज्ञान देता है।।12।।

जो सर्वोत्कृष्ट स्थान–परमव्योम है, वहाँ यज्ञीय अश्व अपने माता–पिता (द्यावापृथिवी) के पास सीधा जाता है। अर्थात् "देवत्वप्राप्त यज्ञीय अश्व मन के वेग से अन्तरिक्ष, आकाश चीरता हुआ परमधाम–परमव्योम जाता है।" हे अश्व! आज आप प्रसन्न होकर परमधाम में देवों के पास पधारें और स्तोताओं–ब्रह्मजिज्ञासुओं–विद्वानों–तेजस्वियों की हर तरह से सहायता करें, उन्हें अध्यात्मिक, अधिदैविक, अधिभूत यज्ञधनादि प्रदान करें।।13।।ऋग्वेद 1. 163.1–13।।

इस सूक्त में "अश्वमेध यज्ञीय अश्व की तुलना जगत् की आत्मा सूर्य" से की गई है। "यज्ञीय अश्व यज्ञ से सुसंस्कृत होकर उत्कृष्ट देव" रूप लेता है। "यज्ञीय अश्व भूमि पर यज्ञज्ञान के प्रकाश से सभी को पापरहित करता है।" उसका परमस्थान परमव्योम है। सूक्त के अनुसार परमव्योम के ब्रह्माण्डीय महासमुद्रों के दिव्य जल में सूर्य का जन्म हुआ। यहाँ मन्त्रद्रष्टा

ऋषि सृष्टिविद्या के रहस्य उद्घाटित कर रहा है। सूक्त की ऋचाओं में भूलोक पर जलवृष्टि का विज्ञान भी वर्णन है। सम्पूर्ण सूक्त में अश्व की हिंसा का कोई संकेत तक नहीं है, बल्कि शाकाहार का ही उपदेश है।

यदक्रन्दः प्रथमं जायमान उद्यन् त्समुद्रादुत वा पुरीषात्।
श्येनस्य पक्षा हरिणस्य बाहू उस्तुत्यं महि जातं ते अर्वन्।।1।।
यमेन दत्त त्रित एनमायुनगिन्द्र एणं प्रथमो अध्यतिष्ठत्।
गन्धर्वो अस्य रशनामगृभ्णात् सूरादश्वं वसवो निरतष्ट।।2।।
असि यमो अस्यादित्यो अर्वन्नसि त्रितो गुह्येन व्रतेत।
असि सोमेन समया विपृक्त आहुस्ते त्रीणि दिवि बन्धनानि।।3।।
त्रीणि त आहुर्दिवि बन्धनानि त्रीण्यप्सु त्रीण्यन्तः समुद्रे।
उतेव मे वरुणश्छन्त्स्यर्वन् यत्रा त आहुः परमं जनित्रम्।।4।।
इमा ते वाजिन्वमार्जनानीमा शफानां सनितुर्निधाना।
अत्रा ते भद्रा रशना अपश्यमृतस्य या अभिरक्षन्ति गोपाः।।5।।
आत्मानं ते मनसारादजानामवो दिवा पतयन्तं पतंगम्।
शिरो अपश्यं पथिभिः सुगेभिररेणुभिर्जेहमानं पतत्रि।।6।।
अत्रा ते रूपमुत्तममपश्यं जिगीषमाणमिप आ पदे गोः।
यदा ते मर्तो अनु भोगमानळादिद् ग्रसिष्ठ ओषधीरजीगः।।7।।
अनु त्वा रथो अनु मर्यो अर्वन्ननु गावोऽनु भगः कनीनाम।
अनु व्रातासस्तव सख्यमीयुग्नु देवा ममिरे वीर्यं ते।।8।।
हिरण्यशृंगोऽयो अस्य पादा मनोजवा अवर इन्द्र आसीत।
देवा इदस्य हविरद्यमायन् यो अर्वन्तं प्रथमो अध्यतिष्ठत्।।9।।
ईर्मान्तासः सिलिकमध्यमासः सं शूरणासो दिव्यासो अत्याः।
हंसा इव श्रेणिशो यतन्ते यदाक्षिपुर्दिव्यमज्ममश्वाः।।10।।
तव शरीरं पतयिष्णवर्वन् तव चित्तं वात इव ध्रजीमान्।
तव शृंगाणि विष्ठिता पुरुत्राग्ण्येपु जर्भुगणा चरन्ति।।11।।
उप प्रागाच्छसनं वाज्यर्वा देवद्रीचा मनसा दीध्यानः।
अजः पुरो नीयते नाभिरस्यानु पश्चात कवयो यन्ति रेभाः।।12।।
उप प्रागात परमं यत सघस्थमर्वा अच्छा पितरं मातरं च।
अद्या देवांतुष्टतमो हि गम्या अथा शास्ते दाशुपे वार्याणि।।13।।

।।ऋग्वेद 1.163.1—13।।ऊँ।।

यजुर्वेदीय अश्वमेध यज्ञ
राष्ट्र संवर्धन यज्ञ

शुक्ल यजुर्वेद के 22वें से 25वें अध्याय में ब्रह्मर्षि याज्ञवल्क्य ने अश्वमेध यज्ञ–राष्ट्र संवर्धन यज्ञ का सविस्तार वर्णन किया है। यहाँ वैदिक राष्ट्र और यज्ञ के मूलभूत तत्त्व का ज्ञान आवश्यक है। निगम–श्रुति से आगम –स्मृति तक यज्ञमय राष्ट्र की अवधारणा को केन्द्र में रखा गया है।

ऋग्वेद के अश्वमेध यज्ञ सूक्तों में स्पष्ट किया है कि "यज्ञ से उत्कृष्ट देवत्व प्राप्त अश्व भूलोक पर यज्ञ ज्ञान विस्तार के लिये सर्वत्र विचरण करता है। अश्वमेध यज्ञ का दिव्य अश्व भूमि को यज्ञमय करने के लिये यज्ञज्ञान प्रदान करता है।" उसके पीछे–पीछे वेदज्ञ स्तोता, ब्रह्मविद्, विद्वान् आदि ऋचाओं का उच्चारण करते चलते हैं। अर्थात् "साथ–साथ यज्ञज्ञान सत्र चल रहा है।"

यह उल्लेखनीय है कि सृष्टिविद्या–आत्मविद्या–ब्रह्मविद्या वेद का ज्ञानकाण्ड ऋग्वेद है। ज्ञानकाण्ड में अश्वमेध यज्ञ (सृष्टिविद्या, यज्ञविद्या, आत्मविद्या आदि) के दार्शनिक, अध्यात्मिक पक्ष का विशेष ज्ञान है। वेद का कर्मकाण्ड–यजुर्वेद में है। यजुर्वेद के अश्वमेध यज्ञ के अध्यायों में ऋक्संहिता के मूलतत्त्व को नये कलेवर में प्रस्तुत किया गया है।

यहाँ वैदिक दृष्टि से अश्व का अर्थ – पूर्ण पुरुष, परमब्रह्म, सृष्टि, काल, सूर्य, अग्नि, सोम, व्यापनशील, यज्ञ, वर्तमान, शक्ति, बल, गति, आदि है। वहीं मेधा धातु के "मेध" का अर्थ संवर्धन, संगतिकरण, पवित्र आदि है। वैदिककोश निघण्टु में यज्ञ का पर्याय "अध्वर" है। "अध्वर का अर्थ हिंसा का निषेध है।" इसी श्रृंखला में "यज्ञ" शब्द के व्यापक अर्थ हैं। यज्ञ–प्रशस्ततमकर्म, उत्तमकर्म, शुभकर्म, सत्कृत, देव सत्कार, संगतिकरण, दान आदि है। इसीलिये योगियों का देवयज्ञ, ब्रह्मयज्ञ, प्रज्ञायज्ञ, संयमयज्ञ, इन्द्रिययज्ञ, आत्मसंयम योगयज्ञ, तपयज्ञ, योगयज्ञ, स्वाध्याययज्ञ, ज्ञानयज्ञ, प्राणाग्निहोत्र, प्राणयज्ञ, अपानयज्ञ, कुम्भकयज्ञ, द्रव्ययज्ञ, ओषध महायज्ञ, संवत्सरयज्ञ, प्राण अपान यज्ञ, मानसयज्ञ, कालयज्ञ, भूदानयज्ञ, गोदानयज्ञ, गोमेधयज्ञ, नरयज्ञ, पितृयज्ञ आदि का उल्लेख मिलता है। स्वाध्याय को ब्रह्मयज्ञ कहा गया है।

पश्चिमी विद्वानों ने यजुर्वेद के कुछ भाष्यकारों के आधार पर अश्वमेध यज्ञ को लेकर मिथ्या प्रचार किया : 1. यज्ञ में अश्व की बलि दी जाती रही।

और 2. मृत अश्व के साथ साम्राज्ञी का रात्रि शयन। यजुर्वेद का भाष्य इन दोनों को अतिरंजित और मिथ्या एवं विकृत मानसिकता प्रमाणित करता है। क्षमा करें! ऋग्वेद के अश्वमेध सूक्त में स्पष्ट किया है कि यज्ञीय अश्व देवता है, अतः देवता की हिंसा नहीं की जा सकती है। उधर यज्ञ–अध्वर का अर्थ अहिंसा है।

अश्वमेध : द्वाविंशोऽध्याय

यज्ञ से ब्रह्मलोक प्राप्त : यज्ञ से यज्ञ सम्पन्न

हे सुवर्ण! आप तेजस्वी हो, बलवान्, अमर एवं आयु की रक्षा करनेवाले हो। इस कारण, आप मेरी आयु की रक्षा करो। सर्वप्रसविता, सर्वप्रेरक सविता देवता की आज्ञा में रहकर मैं अश्विनौ की भुजाओं एवं पूषा के हाथों से आपको ग्रहण करता हूँ।।1।।

सोम यज्ञ में हमे व्यापक शक्ति प्राप्त होती है। यह शक्ति "सत्यतत्त्व के व्यवहार को पूर्ण रूप से स्पष्ट बतलाती है।" उस "व्यापक शक्ति की ज्ञानशृंखला को ही जगत् के प्रारम्भकाल में क्रान्तदर्शी ऋषिगण यज्ञों में प्राप्त करते रहे हैं"।।2।।

हे परमेश्वर! आप समस्त पदार्थों को साक्षात बतानेवाले हो। आप ही त्रिभुवनरूप स्थान हो। आप समस्त लोकों के धारण कर्त्ता और नियन्ता हो। आप अति विस्तृत शक्ति से युक्त वैश्वानर अग्नि को स्वाहाकार से प्राप्त करते हो।।3।।

हे अश्व! आप देवताओं के पास स्वयं गमन करनेवाले हो। हे ब्रह्मन्! देवताओं के लिये–प्रजापति के लिये अश्व को बांधते हैं, उससे सिद्धि को प्राप्त करें। आप उस अश्व को देवताओं के लिये विशेषकर प्रजापति के लिये बांधने का अनुग्रह करो, उससे सम्यक् प्रकार से यज्ञ सिद्धि प्राप्त हो।।4।।

हे श्रेष्ठ पुरुष! सर्वप्रिय आपको प्रजा के पालन की प्राप्ति के लिये अभिषिक्त करता हूँ। इन्द्र एवं अग्नि के लिये योग्य आपको अभिषिक्त करता हूँ। आपको वायु के लिये अभिषिक्त करता हूँ। समस्त देवताओं के लिये आपको अभिषिक्त करता हूँ। सम्पूर्ण देवों के प्रीतिपात्र आपको अभिषिक्त

करता हूँ। वैदिक देवों के सम्राट वरुण अश्व की हिंसा करना चाहनेवाले को नष्ट करे। शत्रु पुरुष को दूर रखा जाये।।5।।

"ज्ञानी अग्नि" के लिये आहुति देते हैं, वह स्वीकृत हो। "सोम" के लिये आहुति देते हैं, वह स्वीकृत हो। जलों को आनन्द देनेवाले देवता के लिये हवि समर्पित करते हैं, वह स्वीकृत हो। "सविता" देवता के लिये आहुति देते हैं, वह स्वीकृत हो। "वायु" देवता के लिये आहुति देते हैं, वह स्वीकृत हो। "सर्वव्यापक विष्णु देव" के लिये आहुति देते हैं, वह स्वीकृत हो। "इन्द्र" के लिये आहुति देते हैं, वह स्वीकृत हो। बुद्धि के अधिष्ठाता "बृहस्पति" के लिये आहुति देते हैं वह स्वीकृत हो। "मित्र" देवता के लिये आहुति देते हैं, वह स्वीकृत हो। देवों के सम्राट "वरुण" के लिये आहुति देते हैं, वह स्वीकृत हो।।6।।

"हिं" ऐसा शब्द करनेवाले सामगान विद्वान् के लिये यह आहुति देते हैं, गृहीत हो। "हिं" कर चुकनेवाले साम पाठी के लिये यह आहुति देते हैं, गृहीत हो। ऊँचा स्वर करके सामगान करने के निमित्त यह आहुति देते हैं, गृहीत हो। नीचा शब्द सामगान करने के निमित्त आहुति देते हैं, गृहीत हो। यह आहुति समस्त कर्मों में पूर्णता के लिये देते हैं, गृहीत हो। अत्यन्त पूर्णतार्थ यह आहुति देते हैं, गृहीत हो। गन्धचेष्टार्थ यह आहुति देते हैं, जो सूंघा गया, उसके निमित्त यह आहुति देते हैं, गृहीत हो। निविष्ट चेष्टा के निमित्त यह आहुति देते हैं, यह गृहीत हो। बैठनेवाले के लिये यह आहुति देते हैं, गृहीत हो। जो भली–भाँति दिया जाता है उसके निमित्त यह आहुति देते हैं, गृहीत हो। यह आहुति आसनाशीन के लिये देते हैं, गृहीत हो। शयन करने के निमित्त यह आहुति देते हैं, गृहीत हो। स्वप्नशीलों के निमित्त यह आहुति देते हैं, गृहीत हो। जाग्रत के निमित्त यह आहुति देते हैं, गृहीत हो। कूजते के निमित्त यह आहुति देते हैं, गृहीत हो। प्रबुद्ध के लिये यह आहुति देते हैं, गृहीत हो। जम्भाई लेते हुए के निमित्त यह आहुति देते हैं, गृहीत हो। विशेष दीप्तिमान् के लिये यह आहुति देते हैं, गृहीत हो। संगत देहवाले के लिये यह आहुति देते हैं, गृहीत हो। यज्ञ में उपस्थित (ब्रह्मज्ञ) के लिये निमित्त यह आहुति समर्पित करते हैं, गृहीत हो। विशेष गमन कर्त्ता के निर्मित्त यह आहुति देते हैं, गृहीत हो। प्रयाण करनेवाले अथवा अतिगमन करनेवाले के लिये यह आहुति देते हैं, गृहीत हो।।7।।

जाते हुए के लिये आहुति देते हैं, गृहीत हो। धावते–दौड़ते हुए के निमित्त आहुति देते हैं, गृहीत हो। महा गतिवाले के लिये आहुति देते हैं, गृहीत हो। उत्कर्ष को प्राप्त हुए के निमित्त आहुति देते हैं, गृहीत हो। शीघ्रता

करनेवाले के लिये आहुति देते हैं, गृहीत हो। शीघ्र किये हुए कर्म के निमित्त आहुति देते हैं, गृहीत हो। बैठे हुए के निमित्त आहुति देते हैं, गृहीत हो। उत्थित के निमित्त आहुति देते हैं, गृहीत हो। वेगरूप के निमित्त आहुति देते हैं, गृहीत हो। बलयुक्त के निमित्त आहुति देते हैं, गृहीत हो। विशेष रीति से वर्तमान होते हुए के लिये आहुति देते हैं, गृहीत हो। विवृत्त गति के निमित्त आहुति देते हैं, गृहीत हो।

कँपित होनेवाले के निमित्त आहुति देते हैं, गृहीत हो। विशेष कँपायमान के निमित्ति आहुति देते हैं, गृहीत हो। शुश्रूषा चाहते हुए के लिये आहुति देते हैं, गृहीत हो। देखते हुए के लिये आहुति देते हैं, गृहीत हो। विशेष देखनेवाले के लिये आहुति देते हैं, गृहीत हो। भली–भाँति देखे हुए के लिये आहुति देते हैं, गृहीत हो। एकटक दृष्टि की चेष्टा के लिये आहुति देते हैं, गृहीत हो। जो कुछ जाता है उसके निमित्त आहुति देते हैं, गृहीत हो। जो मूत्र क्रिया करता है उसके निमित्त आहुति देते हैं, गृहीत हो। किये के लिये आहुति देते हैं, गृहीत हो।।8।।

हम जगत् उत्पादक सर्वप्रेरक सर्वज्ञ दिव्यगुण युक्त परमात्मा–सविता देवता के उस ग्रहण करने योग्य शुद्ध तेजस्वी स्वरूप का ध्यान करते हैं, जो हमारी बुद्धियों को श्रेष्ठ कर्मों में प्रेरित करे (सर्व प्रसविता सविता देवता का वेदोक्त मन्त्र है, जो गायत्री छन्द में है। ''अज्ञानवश यह सविता देवता का मन्त्र गायत्री मन्त्र के रूप में प्रचलित है'', और गायत्री को देवी कहा गया है। ''वेद में गायत्री देवता नहीं है'' ।)।।9।।

ज्योतिरूप रश्मियोंवाले और सर्वोत्पादक ''सविता–परमेश्वर'' को अपनी रक्षा के निमित्त प्रार्थना करता हूँ। वह परमेष्ठी सविता सर्वज्ञ है और सभी देवताओं का आश्रय स्थल है। सविता–सूर्य सबको चैतन्यता प्रदाता है।।10।।

हम चित्स्वरूप, सर्वोत्पादक सविता–परमात्मा के महान् सत्य को सिद्ध करनेवाली सुमति प्राप्त करने के लिये प्रार्थना करते हैं।।11।।

सबकी मति के ज्ञाता, सुबुद्धि की वृद्धि कर्त्ता, सर्वप्रेरक परमात्मा की स्तुति करने के सामर्थ्यरूप तपोधन–सद्ज्ञानधन–प्रज्ञाधन को हम अनेक रीति से प्रदान करने की प्रार्थना करते हैं।।12।।

सवैश्वर्ययुक्त परमेष्ठी–सविता सत्पुरुषों के पालक और महान् दानशील हैं। हम सविता देवता से प्रार्थना करते हैं कि वे सभी देवताओं को तृप्त करने का अनुग्रह करें। हम सविता देवता का पूजन करते हैं।।13।।

बुद्धि के द्वारा सबके उत्पादक, दिव्यगुणयुक्त परमात्मा सविता देवता समस्त देवताओं के हितकारी और सवैश्वर्यों के उत्पादक हैं। हम सविता देवता से श्रेष्ठ बुद्धियाँ और देव हितकारी धन प्रदान करने की प्रार्थना करते हैं।।14।।

हे अध्वर्यु! आप मरणधर्म रहित–अमरता प्राप्त अग्नि को अच्छी प्रकार प्रज्ज्वलित करके स्तुति द्वारा बोध कराओ कि "अग्नि आप हमारी हवियों को देवों को पहुँचाने का अनुग्रह करो।" ऋग्वेद के अनुसार ऋत्विक् एवं यजमान प्रधान अतिथि अग्नि की यज्ञवेदी में स्थापना ससम्मान खड़े होकर ही करे। यज्ञवेदी में यज्ञाग्नि भली भाँति प्रज्ज्वलित होने पर ही हवियाँ समर्पित करे।।15।।

वह अग्नि देवताओं का दूत, महामेधावान्, अमरता प्राप्त और हवियों का वहन करनेवाला है। हमारा हितकारी अग्नि बुद्धिपूर्वक देवताओं को प्राप्त होता है।।16।।

"अग्नि देवताओं के दौत्यकर्म" में नियुक्त और हवियों का धारक है। हम अग्नि को यज्ञ में आगे स्थापित करते हैं। साथ ही अग्नि से प्रार्थना करते हैं : हे अग्ने! आप सभी देवताओं को यज्ञ में आमन्त्रित कर विराजमान करने का अनुग्रह करो।।17।।

हे विभु! आप माता के प्रभाव से विविध गुणयुक्त और पिता के द्वारा उत्कृष्ट ऐश्वर्य सम्पन्न हो। आप अत्यन्त वेगवान एवं पराक्रमी हो। प्रजा के सुखकारी हो। शत्रुनाशक हो। शत्रु का पीछा करनेवाले हो। ऐश्वर्यमान् हो। मनुष्यों के मान योग्य एवं मनों के आकर्षण हो। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करने के लिये प्रयाण करनेवाले होने से "ययु" नामधारी हो। पृथिवी के पुत्र अथवा शासक होने से "शिशु" नामवाले हो। आप आदित्य के समान विद्वान् पुरुषों के गमन योग्य मार्ग का अनुसरण करो। हे दिव्यगुण सम्पन्न! दिशावासिनी प्रजा के पालक माण्डलिक राजाओं! आप विद्वान् पुरुषों और राष्ट्र के बल वृद्धि के निमित्त इस अभिषिक्त राजा की रक्षा करो। यहाँ इस राष्ट्र में चित्त की प्रसन्नता है। यहाँ रमण करने का अनुग्रह करो। इस स्थान में धारण करने की शक्ति है, यहाँ इस देश में अपनी पूर्ण धारण सामर्थ्य हो। इससे आपका उत्तम यश और सम्मान हो।।18।।

"प्रजापति" के लिये यह आहुति प्राप्त हो। श्रेष्ठ प्रजापति के लिये यह आहुति प्राप्त हो। अतिशय श्रेष्ठ प्रजापति के निमित्त यह आहुति प्राप्त हो। विद्यावृद्धि को धारण करनेवाले के लिये यह आहुति है। मन में विद्यमान प्रजापति के लिये यह आहुति है। चित्त के साक्षी "आदित्य" के लिये यह

आहुति है। महान् ''अदिति'' देवता के लिये यह आहुति है। सुखप्रदात्ता अदिति देवता के लिये यह आहुति है। ज्ञान की अधिष्ठात्री ''सरस्वती'' देवता के लिये यह आहुति है। पवित्र कर्त्ता सरस्वती के लिये यह आहुति है। महती सरस्वती के लिये यह आहुति है। पोषणकर्त्ता ''पूषा'' के लिये यह आहुति है। उत्तम पदार्थों से युक्त पूषा देवता के लिये यह आहुति है। मनुष्यों के धारण–पोषण कर्त्ता पूषा के लिये यह आहुति है। सृजनकार ''त्वष्टा'' देवता के लिये यह आहुति है। वेग के रक्षक त्वष्टा देवता के लिये यह आहुति है। बहुरूप त्वष्टा देवता के लिये यह आहुति है। सर्वत्र व्याप्त ''विष्णु'' के लिये यह आहुति है। निरन्तर रक्षित हो एवं दूसरों की रक्षा करनेवाले विष्णु के लिये यह आहुति है। अन्तर्यामी रूप से प्रविष्ट विष्णु के लिये यह आहुति है।।19।।

विश्व के मननशील नेतृत्व कर्त्ता ''सविता'' देवता के मित्रभाव को प्राप्त करें, क्योंकि समस्त जन अध्यात्मिक, अधिदैविक, अधिभूत धन चाहता है; सभी पुष्टि प्राप्त करने के लिये ऐश्वर्य की कामना करते हैं, अतः उसके लिये यह आहुति है, स्वीकार हो।।20।।

हे ब्रह्म! हमारे राष्ट्र में ब्रह्मवर्चस्वी ब्रह्मज्ञ (ब्राह्मण) उत्पन्न हों। शूर, बाण बेधन करने में दक्ष, शत्रुओं को भली प्रकार परास्त करनेवाले महारथी क्षात्र व्रत पालक उत्पन्न हों। इस यजमान को दूध रूपी ज्ञान देनेवाली गाय हो; शक्तिशाली, वहनशील बैल हो एवं साथ ही तीव्र वेगवान अश्व हों। विदुषी नारी सर्वगुण सम्पन्न एवं पुर (नगर, राष्ट्र) का नेतृत्व करनेवाली हो। रथ में बैठनेवाला महावीर, जयशील, पराक्रमी, तरुण सभा के योग्य उत्तम वक्ता पुत्र हो। हमारे यहाँ प्रत्येक अवसर पर जब–जब आवश्यकता हो तब–तब मेघ वर्षा करे। हमारी ओषधियाँ फलवती होकर परिपक्वता को प्राप्त हों और हमारे योगक्षेम उत्तम रीति से होता रहे।।21।।

यह आहुति ''प्राण'' के लिये है। यह आहुति ''अपान'' के लिये प्राप्त हो। यह आहुति ''व्यान'' के लिये है। ''नेत्र इन्द्रिय'' के लिये यह आहुति है। ''कर्णेन्द्रिय'' के लिये यह आहुति है। यह आहुति ''वाणी'' के लिये है। ''मन'' के लिये यह आहुति है।।22।।

''पूर्व दिशा'' के लिये यह आहुति है। ''आग्नेय दिशा'' के लिये यह आहुति है। ''दक्षिण दिशा'' के लिये यह आहुति है। ''नैर्ऋत्य'' दिशा के लिये आहुति है। ''पश्चिम'' दिशा के निमित्त यह आहुति है। ''वायव्य'' दिशा के निमित्त यह आहुति है। ''उत्तर दिशा'' के लिये यह आहुति है। ''ईशान'' दिशा के निमित्त यह आहुति है। ''ऊर्ध्वदिशा'' के लिये यह आहुति है। ''अधो'' दिशा

के निमित्त यह आहुति है। सबसे नीचे ''वर्तमान'' दिशा के लिये यह आहुति है। ''अर्वाच्य'' दिशा के लिये यह आहुति है।।23।।

''जल'' के लिये यह आहुति है। रोगनिवारक उत्तम जल के लिये यह आहुति है। सूर्य की किरणों में ऊपर जानेवाले ''जल (उदक)'' के लिये यह आहुति है। स्थित जलों के लिये यह आहुति है। स्रोतों–झरनेवाले जलों के लिये यह आहुति है। प्रवाह से बहनेवाले जलों के लिये यह आहुति है। कूप के जलों के लिये यह आहुति है। वर्षा के जलों के लिये यह आहुति है। महासागरों के जलों के लिये यह आहुति है। ''समुद्र'' के लिये यह आहुति है। वायुस्थ अथवा मध्यस्थ जलों के लिये यह आहुति है।।24।।

''वायु'' के लिये यह आहुति है। (यज्ञ के) ''धूम'' के लिये यह आहुति है। ''तोयद'' के लिये यह आहुति है। ''जलवर्षा करनेवाले मेघ'' के लिये यह आहुति है। ''विद्युत् उत्पन्न करनेवाले ''मेघ के लिये यह आहुति है। गरजते हुए मेघ के लिये यह आहुति है। नीचे विद्युत् फेंकते मेघ के लिये यह आहुति है। बरसते हुए मेघ के लिये यह आहुति है। तनिक वर्षा करते मेघ के लिये यह आहुति है। उग्र–प्रचण्ड वर्षा करनेवाले मेघ के लिये यह आहुति है। शीघ्र वर्षा करनेवाले मेघ के लिये यह आहुति है। जल को ऊपर उठाते हुए मेघ के लिये आहुति है। ऊपर से जल ग्रहण करते हुए मेघ के लिये आहुति है। स्थूल बूंदों से सींचते मेघ के लिये आहुति है। रुक–रुक के वर्षा करते मेघ के लिये आहुति है। घनघोर वर्षा करनेवाले मेघ के लिये आहुति है। महाशब्द करनेवाले मेघ के लिये यह आहुति है। कोहरा वाले मेघ के लिये यह आहुति है।।25।।

''अग्नि'' के लिये यह आहुति है। ''सोम'' के लिये यह आहुति है। ''इन्द्र'' के लिये यह आहुति है। ''पृथिवी'' के लिये यह आहुति है। ''अन्तरिक्ष'' के लिये यह आहुति है। ''द्युलोक'' के लिये यह आहुति है। ''दिशाओं'' के लिये यह आहुति है। ''उपदिशाओं'' के लिये यह आहुति है। ''ऊर्ध्व'' दिशा के लिये यह आहुति है। ''अधर'' दिशा के लिये यह आहुति है।।26।।

''नक्षत्रों'' दिशा के लिये यह आहुति है। ''नक्षत्रों के देवता'' के लिये यह आहुति है। ''दिन एवं देवताओं'' के लिये यह आहुति है। ''अर्धमास'' के निमित्त यह आहुति है। ''महिनों'' के लिये यह आहुति है। ''ऋतुओं के लिये यह आहुति है। ''ऋतुओं से उत्पन्न पदार्थों'' के लिये यह आहुति है। ''संवत्सर'' के लिये यह आहुति है।

''द्यावापृथिवी'' के निमित्त यह आहुति है। ''चन्द्रमा'' के निमित्त यह आहुति है। ''सूर्य'' के निमित्त यह आहुति है। ''सूर्य रश्मियों'' के निमित्त यह आहुति है। ''वसुओं'' के निमित्त यह आहुति है। ''रुद्र'' एवं रुद्रों के निमित्त

यह आहुति है। ''आदित्यों'' के लिये यह आहुति है। ''मरुतों'' के लिये यह आहुति है। ''सम्पूर्ण देवताओं'' के लिये यह आहुति है। ''सबके मूलों'' के लिए यह आहुति है। ''शाखाओं की वृद्धि'' के लिये यह आहुति है। ''वनस्पतियों'' के लिये यह आहुति है। ''पुष्पों'' के लिये यह आहुति है। ''फलों'' के लिये यह आहुति है। ''ओषधियों'' के लिये यह आहुति है।।27।।

''पृथिवी'' के निमित्त यह आहुति है। ''अन्तरिक्ष'' के निमित्त यह आहुति है। ''द्युलोक'' के निमित्त यह आहुति है। ''सूर्य'' के निमित्त यह आहुति है। ''सोममय चन्द्र'' के लिये यह आहुति है। ''नक्षत्रों'' के निमित्त यह आहुति है। ''जलों'' के निमित्त यह आहुति है। ''ओषधियों'' के लिये यह आहुति है। ''वनस्पतियों'' के निमित्त यह आहुति है। सभी ओर ''भ्रमणशील ग्रहों'' के निमित्त यह आहुति है। ''सरीसर्प'' आदि के लिये यह आहुति है।।28।।

''प्राण'' के लिये यह आहुति है। ''वसु'' देवता के लिये यह आहुति है। ''व्याप्त'' के लिये यह आहुति है (वैदिक, विष्णु ब्रह्माण्डव्यापिनी ऊर्जा है और यज्ञ व्यापनशील है।)। ''विवस्वान्'' सूर्य के लिये यह आहुति है। ''गणश्री'' देवता के लिये यह आहुति है। ''गणाधिपति'' के लिये यह आहुति है (वेद में गण के अधिपति–अध्यक्ष शास्ता रुद्र एवं बृहस्पति–बृह्मणस्पति हैं। ''वेद में गणपति देवता नहीं है।'')। ''सन्मुख'' प्राप्त के लिये यह आहुति है। ''सबके अधिपति (स्वामी)'' के लिये यह आहुति है। ''बलवान्'' के लिये यह आहुति है। ''गमनशील'' के लिये यह आहुति है। ''चन्द्र एवं ज्योति देवता'' के लिये यह आहुति है। ''मलिम्लुच'' (राक्षस, दिन में पँच महायज्ञ नहीं करनेवाले, परजीवी, चोर, लुटेरा।। वैदिक रुद्रसूक्त के अनुसार इनके भी स्वामी रुद्र हैं।) के लिये यह आहुति है। ''दिन के अधिपति सूर्य'' के लिये यह आहुति है।।29।।

''मधुरादि गुणयुक्त चैत्र'' के लिये यह आहुति है। ''वैशाख (माधवाय)'' माह के लिये यह आहुति है। ''शुद्धिकारी ज्येष्ठ'' के लिये यह आहुति है। ''भूमि को जल से शोधक आषाढ'' के लिये यह आहुति है। ''मेघों के शब्द करनेवाले श्रावण'' के लिये यह आहुति है। ''वर्षा से प्रसिद्ध भाद्रपद'' के लिये यह आहुति है। ''अन्न सम्पादक क्वार'' के लिये यह आहुति है। ''बल अन्न पोषक कार्तिक'' के लिये यह आहुति है। ''बलदायक अगहन'' के लिये यह आहुति है। ''श्रेष्ठ बल प्रदाता पौष'' के लिये यह आहुति है। ''तप–व्रत–स्नान के माघ'' के लिये यह आहुति है। ''उष्णता प्रवर्तक फाल्गुन'' मास के लिये यह आहुति है। ''महिनों से मिले मलमास'' के लिये यह आहुति है।।30।।

"अन्न देवता" के लिये यह आहुति है। "पदार्थों के उत्पादक" के लिये यह आहुति है। "जलोत्पन्न अन्नों" के लिये यह आहुति है। "यज्ञयोग्य अन्नों" को यह आहुति है। "स्वः – दिव्यलोक" के लिये यह आहुति है। "शिर उत्तम सुख प्राप्त करे" इसके लिये यह आहुति है। "व्यापक अन्नों" के लिये यह आहुति है। "अन्त में होने वाले व्यवहार" के लिये यह आहुति है। "व्यवहार से महान् भुवन–जगत् में होनेवाले अन्न" के लिये यह आहुति है। "भुवन–जगत् के पालक" के लिये यह आहुति है। "प्रजापति" के लिये यह आहुति है।।।31।।

"यज्ञ से आयु की वृद्धि" हो इसलिये यह आहुति देते हैं। "यज्ञ से प्राण की वृद्धि" के लिये यह आहुति देते हैं। "यज्ञ से अपान" की स्थिति के लिये यह आहुति देते हैं। "यज्ञ से व्यान वायु बलवान् हो" इस लिये यह आहुति समर्पित करते हैं। "यज्ञ से उदान वायु युक्त हो" इसलिये यह आहुति देते हैं। "यज्ञ से समान वायु पुष्ट हो" इसलिये यह आहुति देते हैं (ये आहुतियाँ पँच प्रधान प्राणों के लिये दी गई हैं।)।

"यज्ञ से चक्षु इन्द्रिय वृद्धि को प्राप्त" हो इसलिये यह आहुति देते हैं। "यज्ञ से श्रोत्र इन्द्रिय कल्पित" हो इसलिये यह आहुति देते हैं। "यज्ञ से वागिन्द्रिय सशक्त हो" इसलिये यह आहुति देते हैं। "यज्ञ से मन वृद्धि को प्राप्त हो" इसलिये यह आहुति देते हैं।

"यज्ञ से आत्मा शक्तिशाली हो" इसलिये यह आहुति देते हैं। "यज्ञ से ब्रह्म बलवान् हो" इसलिये यह आहुति देते हैं (ऋग्वेद में ब्रह्म देवता नहीं है, प्रजापति है। वेद में तीन सोपान हैं : देवता, ईश्वर एवं परमेष्ठी–परमात्मा –परमेश्वर। इसी शृंखला में अन्तरिक्ष, आकाश और परमव्योम है।)। "यज्ञ से आत्मज्योति बलिष्ठ हो" इसलिये यह आहुति देते हैं।

इस ऋचा–मन्त्र की अन्तिम पंक्ति में इस अध्याय का सारतत्त्व है। "हम यज्ञ से ब्रह्मलोक–परमधाम–परमव्योम प्राप्त करें" इसलिये यह आहुति देते हैं। "यज्ञ से यज्ञ हो" इसलिये यह आहुति देते हैं।।32।।

यह आहुति "अद्वितीय परमात्मा" के लिये है। यह आहुति "प्रकृति पुरुष" के निमित्त है। "शत पदार्थों" के लिये यह आहुति है। "एक सौ एक" (अनन्त) पदार्थों के लिये यह आहुति है। "व्युष्ट्यै" अर्थात् "प्रभात देवता" के लिये यह आहुति हैं। "सुख प्राप्त" होने के लिये यह आहुति है।।33।। बाइसवाँ अध्याय समाप्त।।

।।अथ द्वाविंशोऽध्यायः।।

यज्ञेन पृष्ठं कल्पताम् : यज्ञेन यज्ञः कल्पताम्

तेजोऽसि शुक्रममृतमायुष्पा आयुर्मे पाहि। देवस्य त्वा
सवितुः प्रसवेऽश्विनोर्बाहुभ्यां पूष्णो हस्ता–भ्यामा ददे।।1।।
इमामगृभ्णन रशना–मृतस्य पूर्वे आयुषि विदथेषु कव्या।
सा नो अस्मि–न्त्सुत आ बभूव ऋतस्य सामन्त्सर–मारपन्ती।।2।।
अमिधा अस्थि भुवनमसि यन्ताऽसि धर्ता। स त्वमग्निं–
वैश्वानरं सप्रथसं गच्छ स्वाहाकृतः।।3।।
स्वगा त्वा देवेभ्यः प्रजापतये ब्रह्मन्नश्वं मन्त्स्यामि
देवेभ्यः प्रजापतये तेन राध्यासम्। तं बधान देवेभ्यः
प्रजापतये तेन राध्नुहि।।4।।
प्रजापतये त्वा जुष्टं प्रोक्षामी–न्द्राग्निभ्यां त्वा जुष्टं
प्रोक्षामि वायवे त्वा जुष्टं प्रोक्षामि विश्वेभ्यस्त्वा
देवेभ्यो जुष्टं प्रोक्षामि सर्वेभ्यस्त्वा देवेभ्यो जुष्टं प्रोक्षामि।
यो अर्वन्तं जिघांसति तमभ्यमीति वरुणः।
परो मर्तः परः श्वा।।5।।
अग्नये स्वाहा सोमाय स्वाहा ऽपां मोदाय स्वाहा
सवित्रे स्वाहा वायवे स्वाहा विष्णवे स्वाहा स्वाहेन्द्राय
स्वाहा बृहस्पतये स्वाहा मित्राय स्वाहा वरुणाय स्वाहा।।6।।
हिंकाराय स्वाहा हिंकृताय स्वाहा क्रन्दते स्वाहा
उवक्रन्दाय स्वाहा प्रोथते स्वाहा प्रप्रोथाय स्वाहा
गन्धाय स्वाहा घ्राताय स्वाहा निविष्टाय स्वाहो–
पविष्टाय स्वाहा सन्दिताय स्वाहा वल्गते स्वाहा
ऽऽसीनाय स्वाहा शयानाय स्वाहा स्वपते स्वाहा
जाग्रते स्वाहा कूजते स्वाहा प्रबुद्धाय स्वाहा
विजृम्भमाणाय स्वाहा विचृत्ताय स्वाहा संहानाय स्वाहा
स्वाहो–पस्थिताय स्वाहा ऽऽयनाय स्वाहा प्रायणाय स्वाहा।।7।।
यते स्वाहा धावते स्वाहा स्वाहोद्द्रावाय स्वाहो–
द्द्रुताय स्वाहा शूकाराय स्वाहा शूकृताय स्वाहा
निषण्णाय स्वाहोत्थिताय स्वाहा जवाय स्वाहा बलाय स्वाहा
विवर्तमानाय स्वाहा विवृत्ताय स्वाहा विधून्वानाय स्वाहा
विधूताय स्वाहा शुश्रूषमाणाय स्वाहा शृण्वते स्वाहेक्षमाणाय
स्वाहेक्षिताय स्वाहा वीक्षिताय स्वाहा निमेषाय स्वाहा यद्यत्ति तस्मै

स्वाहा यत् पिबति तस्मै स्वाहा यन्मूत्रं करोति तस्मै स्वाहा
कुर्वते स्वाहा कृताय स्वाहा।।8।।
तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि। धियो यो नः प्रचोदयात्।।9।।
हिरण्यपाणिमूतये सवितारमुप व्हये। स चेत्ता देवता पदम्।।10।।
देवस्य चेततो महीं प्र सवितुर्हवामहे। सुमतिं सत्यराधसम्।।11।।
सुष्टुतिं सुमतीवृधो रातिं सवितुरीमहे। प्र देवाय मतीविदे।।12।।
रातिं सत्पतिं महे सवितारमुप व्हथे। आसवं देववीतये।।13।।
देवस्य सवितुर्मतिमासवं विश्वदेव्यम्। धिया भगं मनामहे।।14।।
अग्निं स्तोमेन बोधय समिधानो अमर्त्यम्। हव्या देवेषु नो दधत्।।15।।
स हव्यवाडमर्त्य उशिग्दूतश्चनोहितः। अग्निर्धिया समृण्वति।।16।।
अग्निं दूतं पुरो दधे हव्यवाहमुप ब्रुवे। देवाँ2 आ सादयादिह।।17।।
अजीजनो हि पवमान सूर्यं विधारे शक्मना पयः।
गोजीरया रंहमाणः पुरन्ध्या।।18।।
विभूर्मात्रा प्रभूः पित्राऽश्वोऽसि हयोऽस्यत्योऽसि मयो–ऽस्यर्वाऽसि
सप्तिरसि वाज्यसि वृषाऽसि नृमणा असि।
ययुर्नामाऽसि शिशुर्नामाऽस्यादित्यामां पत्वाऽन्विहि
देवा आशावाला एतं देवेभ्योऽश्वं मेधाय प्रोक्षितं
रक्षतेह रन्तिरिह रमतामिह धृर्तिरिह स्वधृतिः स्वाहा।।19।।
काय स्वाहा कस्मै स्वाहा कतमस्मै स्वाहा स्वाहाऽऽ–
धिमाधीताय स्वाहा मनः प्रजापतये स्वाहा चितं
विज्ञाताया–दित्यै स्वाहा ऽदिव्यै मह्यै स्वाहा ऽदित्यै
मह्यै स्वाहा ऽदित्यै सुमृडीकायै स्वाहा सरस्वत्यै
स्वाहा सरस्वत्यै पावकायै स्वाहा सरस्वत्यै बृहत्यै
स्वाहा पूष्णे स्वाहा पूष्णे प्रपथ्याय स्वाहा पूष्णे
नरन्धिपाय स्वाहा त्वष्ट्रे स्वाहा त्वष्ट्रे तुरीपाय
स्वाहा त्वष्ट्रे पुरुरूपाय स्वाहा विष्णवे स्वाहा
विष्णवे निभूयपाय स्वाहां विष्णवे शिपिविष्टाय स्वाहा।।20।।
विश्वो देवस्य नेतुर्मतो वुरीत सख्यम्। विश्वो राय सख्यम्।
विश्वो राय इषुध्यति द्युम्नं वृणीत पुष्यसे स्वाहा।।21।।
आ ब्रह्मन् ब्राह्मणो ब्रह्मवर्चसी जायतामा राष्ट्रे
राजन्यः शुर इषव्योऽतिव्याधी महारथो जायतां
दोग्ध्री धेनुर्वोढानड्वानाशुः सप्तिः पुरन्धि–योर्षा
जिष्णू रथेष्ठाः सभेयो युवास्य यजमानस्य वीरो

जायता निकामे–निकामे नः पर्जन्यो वर्षतु फलवत्यो
न ओषधयः पच्यन्तां योगक्षेमो नः कल्पताम् ।।22।।
प्राणाय स्वाहा ऽपानाय स्वाहा व्यानाय स्वाहा चक्षुषे
स्वाहा श्रोत्राय स्वाहा वाचे स्वाहा मनसे स्वाहा ।।23।।
प्राच्यै दिशे स्वाहा ऽर्वाच्यै दिशे स्वाहा
दक्षिणायै दिशे स्वाहा ऽर्वाच्यै दिशे स्वाहा प्रतीच्यै
दिशे स्वाहा ऽर्वाच्यै दिशे स्वाहो–दीच्यै दिशे स्वाहा
ऽर्वाच्यै दिशे स्वाहो–र्ध्वायै दिशे स्वाहा ऽर्वाच्यै दिशे स्वाहा
ऽर्वाच्यै दिशे स्वाहा ऽर्वाच्यै दिशे स्वाहा ।।24।।
अद्भयः स्वाहा वार्भ्यः स्वाहो–दकाय स्वाहा तिष्ठन्तीभ्यः
स्वाहा स्रवन्तीभ्यः स्वाहा स्यन्द–मानाभ्यः स्वाहा
कूप्याभ्यः स्वाहा सूद्याभ्यः धार्याभ्यः स्वाहा ऽर्णवाय स्वाहा
समुद्राय स्वाहा सरिराय स्वाहा ।।25।।
वाताय स्वाहा धूमाय स्वाहा ऽभ्राय स्वाहा मेघाय स्वाहा
विद्योतमानाय स्वाहा स्तनयते स्वाहा ऽवस्फूर्जते स्वाहा
वर्षते स्वाहा ऽववर्षते स्वाहोग्रं वर्षते स्वाहा शीघ्रं वर्षते
स्वाहो–द्गृह्णते स्वाहा स्वाहो–द्गृहीताय स्वाहा प्रुष्णते
स्वाहा शीकायते स्वाहा प्रुष्वाभ्यः स्वाहा ह्रादुनीभ्यः स्वाहा
नीहाराय स्वाहा ।।26।।
अग्नये स्वाहा सोमाय स्वाहा स्वाहे–न्द्राय स्वाहा
पृथिव्यै स्वाहा ऽन्तरिक्षाय स्वाहा दिवे स्वाहा
दिग्भ्यः स्वाहा ऽऽशाभ्यः स्वाहो–र्व्यै दिशे स्वाहा
ऽर्वाच्यै दिशे स्वाहा ।।27।।
नक्षत्रेभ्यः स्वाहा नक्षत्रियेभ्यः स्वाहा ऽहोरात्रेभ्यः स्वाहा
ऽर्धमासेभ्यः स्वाहा मासेभ्यः स्वाहा ऋतुभ्यः स्वाहा
ऽऽर्तवेभ्यः स्वाहा संवत्सराय स्वाहा द्यावापृथिवीभ्यां
स्वाहा चन्द्राय स्वाहां सूर्याय स्वाहा रश्मिभ्यः
स्वाहा वसुभ्यः स्वाहा रुद्रेभ्यः स्वाहा ऽऽदित्येभ्यः
स्वाहा मरुद्भयः स्वाहा विश्वेभ्यो देवेभ्यः स्वाहा
मूलेभ्यः स्वाहा शाखाभ्यः स्वाहा वनस्पतिभ्यः स्वाहा
पुष्पेभ्यः स्वाहा फलेभ्यः स्वाहौ–षधीभ्यः स्वाहा ।।28।।
पृथिव्यै स्वाहा ऽन्तरिक्षाय स्वाहा दिवे स्वाहा सूर्याय
स्वाहा चन्द्राय स्वाहा नक्षत्रेभ्यः स्वाहा ऽद्भयः

स्वाहौ–षधीभ्यः स्वाहा वनस्पतिभ्यः स्वाहा
परिप्लवेभ्यः स्वाहा चराचरेभ्यः स्वाहा सरीसृपेभ्यः स्वाहा।।29।।
असवे स्वाहा वसवे स्वाहा विभुवे स्वाहा विवस्वते
स्वाहा गणश्रिये स्वाहा गणपतये स्वाहा ऽभिभुवे
स्वाहा ऽधिपतये स्वाहा शूषाय स्वाहा संसर्पाय
स्वाहा चन्द्राय स्वाहा ज्योतिषे स्वाहा मलिम्लुचाय
स्वाहा दिवा पतयते स्वाहा।।30।।
मधवे स्वाहा माधवाय स्वाहा शुक्राय स्वाहा
शुचये स्वाहा नभसे स्वाहा नभस्याय स्वाहे–वाय
स्वाहो–र्जाय स्वाहा सहसे स्वाहा सहस्याय स्वाहा
तपसे स्वाहा तपस्याय स्वाहा ऽंहसस्यते स्वाहा।।31।।
वाजाय स्वाहा प्रसवाय स्वाहा ऽपिजाय स्वाहा
क्रतवे स्वाहा स्वः स्वाहा मूर्ध्ने स्वाहा व्यश्नुविने
स्वाहा ऽन्त्याय स्वाहा ऽन्त्याय भौवनाय स्वाहा
भुवनस्य पतये स्वाहा ऽधिपतये स्वाहा प्रजापतये स्वाहा।।32।।
आयुर्यज्ञेन कल्पतां स्वाहा प्राणो यज्ञेन कल्पतां स्वाहा
ऽपानो यज्ञेन कल्पतां स्वाहा व्यानो यज्ञेन कल्पतां
स्वाहो–दानो–यज्ञेन कल्पतां स्वाहा समानो यज्ञेन
कल्पतां स्वाहा चक्षुर्यज्ञेन कल्पतां स्वाहा श्रोत्रं
यज्ञेन कल्पतां स्वाहा वाग्यज्ञेन कल्पतां स्वाहा
मनो यज्ञेन कल्पतां स्वाहां ऽऽत्मा यज्ञेन कल्पतां
स्वाहा ब्रह्म यज्ञेन कल्पतां स्वाहा ज्योतिर्यज्ञेन
कल्पतां स्वाहा स्वर्यज्ञेन कल्पतां स्वाहा पृष्ठं यज्ञेन
कल्पतां स्वाहा यज्ञो यज्ञेन कल्पतां स्वाहा।।33।।
एकस्मै स्वाहा द्वाभ्यां स्वाहा शताय स्वाहै–कशताय
स्वाहा व्युष्टयै स्वाहा स्वर्गाय स्वाहा।।34।।इति द्वाविंशोऽध्यायः।।ऊँ।।

अश्वमेध : अथ त्रयोविंशोध्यायः।

सृष्टिविद्या का ज्ञान : यज्ञो भुवनस्य नाभिः

अयं सोमो वृष्णो अश्वस्य रेतो : अश्व व्यापनशील

महाज्योति गर्भ रूप के भीतर सूर्य चन्द्र आदि सृष्टि है। जो उत्पन्न सृष्टि जगत् के पहिले विद्यमान रहा, वह प्रादुर्भूत होकर परमेष्ठी सबका पालक रहा। वह ही परमेष्ठी इस पृथिवी एवं द्युलोक का आधार एवं धारण कर्त्ता है। ऐसे सुख स्वरूप परमेष्ठी देव के लिये हम हवि समर्पित करें।।1।।

हे तेजस्वी सोम! आप उपयाम पात्र में गृहीत हैं। मैं प्रजापति के प्रिय आपको ग्रहण करता हूँ। यह आपका निवास है (यज्ञवेदी आपका निवास स्थान है।)। सूर्य आपकी महिमा है। सूर्य आपकी महिमा दिन में प्रगट करता है। आपकी जो महिमा वायु में और अन्तरिक्ष में प्रगट है; और आपकी जो महिमा द्युलोक एवं सूर्य में है, वह महिमा आपके उस महिमावाले प्रजापति के लिये हो; यह आहुति उनके लिये है।

जो परमेष्ठी अपने महान् सामर्थ्य से प्राण लेने वाले और नेत्रादि के चेष्टा करनेवाले एवं सजीव चर जगत् के एकमात्र ही राजा हुआ है, वह परमेष्ठी ही दोपाये मननशील मनुष्यों और चौपाये पशु सम्बन्धित जगत् का भी स्वामी है। यह हवि प्रजा के पति सर्वसुखदाता परमेष्ठी के लिये समर्पित करते हैं।।3।।

हे महिमावान् ग्रह! आप उपयाम पात्र में गृहीत हो। आप प्रजापति के प्रीतिकारण हैं, मैं आपको ग्रहण करता हूँ। यह (वेदी) आपका स्थान है। आपकी महिमा चन्द्रमा है। आपकी महिमा (चन्द्रमा) रात्रि एवं प्रति संवत्सर में प्रगट है। आपकी महिमा पृथिवी एवं अग्नि में प्रगट है। आपकी ही महिमा नक्षत्रों एवं चन्द्रमा में विद्यमान है। वह आपकी उस महिमावान् प्रजापति एवं देवताओं के लिये हो, यह आहुति उसके लिये है।।4।।

अपने स्थान में स्थित ऋत्विज् क्रोधरहित, ब्रह्मविद्या की सिद्धि के निमित्त सर्वत्र विचरण करते आदित्य सदृश प्रभावशाली अश्व को रथ से संयुक्त करते हैं। आकाश में स्वतेज से दीप्तिमान् ये तेजस्वी पुरुष अत्यधिक प्रकाशित होते हैं।।5।।

हे विद्वानों! जिस प्रकार श्रेष्ठ जन, कामना करने योग्य, ले जानेवाले, विविध प्रकार से भली भाँति ग्रहण किये हुए, रक्तवर्ण से युक्त, अत्यन्त पुष्ट

मनुष्य (देव) को वहन करने में समर्थ दो अश्वों को रथ में जोड़ते हैं, वैसे ही "योगीजन ब्रह्मविद् इस परमेष्ठी में इन्द्रियाँ अन्तःकरण और प्राणों को युक्त करते हैं, ध्यान करते हैं"।।6।। यह ऋचा "योगाधार" है। "वैदिक योग मात्र व्यायाम नहीं बस परमेष्ठी से संयुक्त कर्त्ता है।"

वायु के समान महावेगवान् अश्व ने जिस कारण जलों और इन्द्र के प्रिय शरीर को प्राप्त किया। हे स्तुति करनेवाले! आप इस हमारे अश्व को इसी मार्ग से पुनः लौटा लाओ।।7।।

हे प्रजा के पालन कर्त्ता प्रजापति! वायु नामवाले देव आपको चौबीस अक्षरवाले गायत्री छन्द से ज्ञानवान करें। रुद्र संज्ञावाले देव आपको त्रिष्टुभ् छन्द से ज्ञानवान करें। आदित्य संज्ञक देव आपको जगती छन्द से शिक्षित करें। आप इस अन्न का भक्षण करो। हे देवों! आप भी यव के खेतों में उत्पन्न गोरस आदि उत्तम पदार्थों से युक्त इस अन्न को ग्रहण करो और अपनी–अपनी कक्षा में चलते हुए इस भूलोक (भूः), अन्तरिक्षलोक (भुवः) और द्युलोक में – प्रकाश में स्थित सूर्य्यादि लोकों को प्राप्त होओ।।8।।

एकाकी कौन विचरण करता है? कहो, कौन कितनी बार जन्म लेता है? कहो, हिम को ओषधि क्या है? महत् बीज बोने का क्षेत्र क्या है।।9।।

द्युलोक में सूर्य एकाकी गमन करता है। सोममय चन्द्रमा पुनः–पुनः उत्पन्न होता है। अग्नि हिम की ओषधि है। पृथिवी बृहद्तम बीजारोपण का स्थान है।।10।।

सबसे पहिले ज्ञान की कौनसी स्थिति रही? सबसे बड़ा बल क्या है? शोभावाली कौनसी स्थिति है? रूप का विनाशक कौन है?।।11।।

(सृष्टि में) द्युलोक प्रथम स्थिति है (पँच महाभूतों में सर्वप्रथम आकाश की उत्पत्ति हुई। आकाश के बाद शेष भूत क्रमशः – वायु, अग्नि, जल एवं पृथिवी की उत्पत्ति हुई। पाँच महाभूतों से पूर्व परमव्योम में सभी महाभूत, तत्त्व आदि अव्यक्त अवस्था में रहे। इस ऋचा से पूर्व पँच महाभूत, आदिभूत रुद्र और सर्वव्यापी अथवा ब्रह्माण्डव्यापिनी ऊर्जा विष्णु का गहन अध्ययन आवश्यक है।)। परम पुरुष, व्यापनशील, यज्ञ, काल, सूर्य, अग्नि, सोम, राष्ट्र आदि स्वरूप अश्व सबसे बड़ा बल है। सबकी रक्षा कर्त्ता भूमि सबसे अधिक शोभावान् है। काल रात्रि समस्त पदार्थों (जड़–चेतन) को निगलनेवाली है।।12।।

वायु आपकी पाक द्वारा रक्षा करे। धूम से कृष्णग्रीवा अग्नि छाग द्वारा आपकी रक्षा करे। न्यग्रोध–कल्पतरु–वरुण देवता का वृक्ष चमस रूप से आपका पालन करे (एकमात्र कल्पतरु के तने में लाखों लीटर तक पानी

संग्रहित रहता है। अफ्रीकी देश मेडागास्कर में 5000 वर्ष प्राचीन 300 फीट से अधिक ऊँचे कल्पवृक्ष पाये जाते हैं।)। शाल्मलि (साल) का वृक्ष अपनी वृद्धि से आपका पोषण करे। बलवान् रथ के योग्य यह प्रसिद्ध अश्व अपने चार चरणों से आगमन करने की कृपा करे (बौद्ध धर्म के प्रवर्तक भगवान् गौतम बुद्ध का जन्म साल वृक्ष के नीचे हुआ।) (देव आख्यानों के अनुसार वैदिक देवों के सम्राट वरुण का वृक्ष कल्पतरु है और सृष्टि के प्रारम्भ से कल्पतरु है। ऋषियुग में परमपवित्र कैलास महापर्वत में कल्पतरु के नीचे ब्रह्मर्षि दुर्वासा ने तपस्या की। कैलास महापर्वत का कल्पतरु सशस्त्र गन्धर्वों एवं अप्सराओं से रक्षित रहा। प्रकारान्तर में दुर्वासा महाराज के श्रीविहीन होने के शाप से कल्पतरु आदि अदृश्य हुए।)। कलंक शून्य ब्रह्म हमारी रक्षा करे। वैदिक काल के वैदिक देवताओं में ब्रह्मा नहीं थे। यदि प्रजापति को ब्रह्मा मानें तो प्रजापति का पातकी कर्म–दुहिता गमन प्रकरण है। देवों के शास्ता रुद्र ने पातकी प्रजापति का शिर विच्छेद किया। अतः वैदिक प्रजापति कलंक शून्य नहीं है। इसलिये ब्रह्मर्षि याज्ञवल्क्य की "ऋचा का आशय ब्रह्म" ही है। ब्रह्मा कलंक प्राप्त रहा एवं ब्रह्म सदैव कलंक शून्य है। अग्नि देवता के लिये विघ्ननिवारणार्थ नमन करते हैं।।13।।

रश्मि द्वारा रथ प्रशंसित होता है। अश्व लगाम से शोभित होते हैं। जलों से प्रगट होनेवाला जलों में शोभित होता है। सोम को आगे रखनेवाला ब्रह्म सबसे सम्मानित होता है।।14।।

हे बलवान् (अश्व)! आप अपने शरीर को स्वयं बलवान् करें। आप स्वयं ही यजन करने का अनुग्रह करो। स्वयं ही राष्ट्र की प्रेमपूर्वक सेवा करें। आपकी महिमा दूसरों के साथ मिलने से नष्ट नहीं हो।।15।।

हे ज्ञानी जन! आप निश्चय से नहीं मर सकते हो और क्षीण भी नहीं हो सकते हो। किन्तु श्रेष्ठ देवयान मार्ग से देवताओं के पास गमन करते हो (हीन कर्म करनेवाले पितरयान से जाते हैं। जहाँ दुष्कर्मों के अनुसार कार्य–दण्ड मिलता है।)। देव लोक में पुण्यात्मा जन रहते हैं। वहाँ सत्कृत कर्त्ता–पुण्य कर्त्ता गये हैं। वहाँ पर, सबका उत्पादक परमेष्ठी आपकी ले जावे।।16।।

अग्नि सर्वद्रष्टा रहा। उससे देवताओं ने यजन किया। वह इस लोक पर विजय कर लेता है, जिसमें अग्नितत्त्व ही मुख्य बल है। परिणामतः वह लोक आपका आश्रय स्थान हो जायेगा। आप उस लोक को विजित कर लोगे। इसके लिये इस ज्ञान रसों का पान करने का अनुग्रह करो।

वायु सर्वद्रष्टा एवं निरीक्षक हुआ। वायु से देवताओं ने यजन किया। इससे वह इस लोक पर विजय प्राप्त कर लेता है। जिसमें वायु प्रधान बल होता है, वह लोक आपका आश्रय स्थल हो जायेगा। आप उस लोक को विजित कर लोगे। इसके लिये आप इन ज्ञान एवं ऐश्वर्य का जलपान करें। सूर्य सर्वद्रष्टा एवं सर्वनिरीक्षक हुआ। उससे देवताओं ने यजन किया। इससे वह इस लोक को विजय कर लेता है। जिसमें सूर्य स्वयं विराजता है, वह लोक आपका आश्रय स्थल हो जायेगा। इसके लिये आप इन ज्ञान रसों का पान करने का अनुग्रह करो।।17।।

यह स्मरण रहे कि तीनों लोकों के पिता एवं सभी कालों के महाकाल त्र्यम्बक रुद्र की भगिनि जगत्जननी अम्बिका है। शास्ता रुद्र एवं जगत्जननी अम्बिका मूषक वाहन से मूजवान पर्वत के पार भूस्वर्ग कैलास महापर्वत पर विराजते हैं। उनका त्र्यम्बक होम अत्यन्त सरल है, जिसमें घृत की भी आवश्यकता नहीं है।

हे अम्बे! हे अम्बिके! हे अम्बालिके! (जगन्माता) (अम्बिका का अर्थ माता) कोई भी अश्व के समान शीघ्रगामी सुखग्राही मनुष्य को बसानेवाली और उत्तम कल्याण करनेवाली महालक्ष्मी को प्राप्त कर निद्रा लेता है, वह मुझको नहीं ले जा सकती है। इसलिये प्राण के लिये यह आहुति है। यह आहुति अपान के लिये है और व्यान के निमित्त यह आहुति है।।18।।

यहाँ यजुर्वेद के भाष्यकारों ने इस अध्याय की 16वीं एवं 18वीं ऋचा की भ्रष्ट व्याख्या से वितण्डा मचाया। यह स्मरण रहे कि यज्ञ का पर्याय अध्वर है। ''अ''– ''ध्वर'' का अर्थ ही जिसकी हिंसा नहीं की जा सकती है। दूसरे, यज्ञीय अश्व उत्कृष्ट देव है। अश्व का अर्थ – व्यापनशील, ब्रह्म, यज्ञ, काल, वर्तमान, सूर्य, अग्नि, सोम, राष्ट्र आदि है। इसलिये देव की हिंसा सम्भव नहीं है। तीसरे, अम्बिका देवों के शास्ता रुद्र की भगिनि है।

हम गणों के पालनहार गण के अधिपति की प्रार्थना करते हैं। यजुर्वेद का 16वाँ अध्याय रुद्र सूक्त के नाम से सुप्रसिद्ध है। इसके 25वें मन्त्र में ''रुद्र गणपति है'' : ''नमो गणेभ्यो गणपतिभ्यश्च वो नमो नमो।'' गणों को नमस्कार है और आप (रुद्र) गणपतियों को भी नमस्कार है।। यजुर्वेद 16.25।। इसलिये वैदिक ''यज्ञ में आगम–स्मृति के गणेश की पूजा नहीं करनी है।'' यहाँ ''पँचभूतों के आदिभूत एवं त्रितत्त्वों के आदितत्त्व त्र्यम्बक रुद्र की प्रार्थना की जा रही है।'' प्रियों के मध्य में प्रियों के पालक आपको सादर बुलाते हैं। हे सबको बसानेवाले परमेष्ठी! आप मेरे हो। आपके अनुग्रह से मैं हिरण्यगर्भ के धारक, महाप्रकृति के धर्त्ता आपको अच्छी तरह जान सकूं (आपका ज्ञान प्राप्त

हो)। क्योंकि आप जगत् को गर्भ के समान धारण करनेवाले हो, आप ही सबको उत्पन्न करनेवाले हो।।19।।

हम राजा और प्रजा दोनों मिलकर धर्म के चार पदों, वाक् के चार प्रकार, पृथिवी–सूर्य की प्रमुख चार दिशाओं, चार पुरुषार्थों आदि के ज्ञान का जगत् में अच्छी प्रकार प्रसार करें और सुखमय लोक में परस्पर रक्षा करें। बलवान् और सामर्थ्यवान् होकर बल को धारण करें।।20।।

हे दुष्टों का दमन करनेवाले! जो पुरुष व्यभिचारी हो, नारी मांस खानेवाला हो, उस दुराचारी पुरुष का ताडन करो और अपनी प्रजाओं के मध्य उत्तम सुख को स्थापित करो और अपने योग्य न्याय का संचालन करो।।21।।

यह जो शक्ति सम्पन्न प्रजा, हल से जोते हुए भूमि से कर वसूल करनेवाले राजा को प्राप्त होती है, ऐसा वह राजा भाग्यवान् प्रजा में सुप्रबन्ध की व्यवस्था करे। इस प्रकार से करने पर ही ऐश्वर्य धारण करने में समर्थ प्रजा उस राजा की आज्ञा को अच्छी प्रकार धारण करती है।।22।।

हे अध्वर्यो! आप हमारे प्रति असत्य भाषण नहीं करो और बहुत व्यर्थ निरर्थक चर्चा करनेवाले के समान आपका मुख नहीं हो। यदि आप निरर्थक भाषण करोगे तो आप निर्बल पक्षी के समान उच्छिन्न होकर विनष्ट हो जावोगे।।23।।

हे महिषि! आपकी माता पृथिवी और आपका पिता द्युलोक ऊर्ध्वलोक में आरोहण करते हैं। उस समय आपका पिता द्युलोक के पर्जन्यात्मक जल में प्रचण्ड हवन करता है। उस समय बीज प्रदान करने से "मैं प्रसन्न होता हूँ" ऐसा शब्द करता प्रतीत होता है।।24।।

आपकी माता और आपके पिता द्यावापृथिवी जिस समय विस्तीर्ण पँचभूत रूपी वृक्ष के ऊपर क्रीड़ा करते हैं, उस समय कहने की इच्छा करनेवाला आपका मुख दीखता है। अतः आप बहुत कथन करो।।25।।

पर्वत पर भार पहुँचाने के समान इस प्रजा को सर्वदा समुन्नत करते रहो। इस प्रजा के मध्य भाग श्री को प्राप्त करके शीतवायु में शुद्ध होकर वृद्धि करते रहो। उनके समान आप भी वृद्धि को प्राप्त होओ।।26।।

जब इस पाप को भेदन करनेवाली प्रजा के दुष्टों का नाश करनेवाला स्थूल स्थिर दृढ़ राज्य पृथिवी पर स्थापित हो जाता है, तब इसके शत्रुओं और अज्ञान का विनाश करनेवाले क्षात्र एवं ब्रह्म बल दोनों ही गो के चरणों में लगे खुर के दो खण्डों के सदृश शोभा देते हैं।।27।।

जब देवतुल्य विद्वान्, सुन्दर उत्तम वाणीवाली प्रजा के विविध कर्मों के विवेचक न्यायाधीश को प्राप्त होते हैं, तब जिस प्रकार नीचे के भाग से नारी

का पता लग जाता है, उसी प्रकार आँख से देखे गये प्रत्यक्ष से उत्पन्न सत्यज्ञान का भी उनसे पता लग जाता है।।29।।

हरिण द्वारा यव–जौ को खानेपर क्षेत्रपति हरिण को पुष्ट नहीं मानता, वरन वह अपने खेत का विनाश हुआ गिनता है। इसी प्रकार राजकर्मी प्रजा के धन का भक्षण करते रहें, तो राष्ट्र का अधिपति राजा लोक विनाश देखकर दुःखी होता है। इसी तरह जब सेवाकर्मी नारी स्वामी को जार रूप में (अवैध सम्बन्ध) प्राप्त करती है, तब वह अपने कुटम्ब के पोषण की व्यवस्था नहीं चाहती है। इसके विपरीत वह अपने स्वामी के लिये ही स्वयं निर्बल सी होती रहती है।।30।। जार शब्द का अर्थ उपपति, अवैध सम्बन्ध से शीलभंग करना, व्यभिचारिणी आदि है। ''जीर्यति अनेन स्त्रियाः सतीत्वम् जृ + घञ् जरयतीति जरः।।निरुक्त।।'' वैदिक ऋचाओं में जार शब्द प्रयुक्त हुआ है और उसके अर्थ भी अलग–अलग हैं।

यह पुनः कहा है कि हरिण के फसल जौ भक्षण को क्षेत्रपति खलिहान का विनाश ही समझता है। उसी प्रकार पँचजन में निकृष्ट पुरुष श्रेष्ठ नारी का भोग करता है, वह भी अपने भरण पोषण की जीविका पर विचार नहीं करता है।।31।। इन दोनों मन्त्रों में स्त्री–पुरुष दोनों द्वारा ''अवैध सम्बन्धों की निन्दा'' की गई है। ये ''विनाश के विष बीज'' बोने वाले कहे गये हैं।

दही के समान श्वेत, विजयशील, शीघ्र गमनशील अश्व के समान पुरुष को आगे करता हूँ। वह हमें यशस्वी करे और दीर्घायु करे।।32।।

ऋचा–स्तोत्र–स्तुति करनेवालों का रक्षक गायत्री छन्द, अध्यात्मिक–अधिदैविक–अधिभूत तीनों तापों का रोधक त्रिष्टुभ् छन्द, जगत् में विस्तीर्ण जगती छन्द, जगत के दुःखों का हरण कर्त्ता अनुष्टुप् पंक्ति छन्द और उष्णिक् छन्द, ककुप् छन्द सूक्तियों के द्वारा आपको शान्त करें। इस ऋचा में ''वैदिक छन्दों की दिव्य शक्तियों का सूत्रात्मक वर्णन है।'' वेद मन्त्रों का गान इन छन्दों में करने से वह शान्ति स्थापन में समर्थ होता है।।33।।

जो दो पदवाला, चार पदवाला, तीन पदवाला और जो छह पदोंवाला, छन्द लक्षण से हीन एवं जो छन्द लक्षण से युक्त है, ये सभी छन्द सूचित करके आपको शान्त करें।।34।।

महान् नामवाली शक्वरी ऋचा, रेवत सामवाली ऋचा, सम्पूर्ण दिशाएँ, समस्त प्राणियों को धारण करने में समर्थ दिशाएँ, मेघ से प्रगत होनेवाली विद्युत् और समस्त शब्द सूची द्वारा आपको शान्त करे।।35।।

आपकी सहभागी विदुषी पत्नी विचारपूर्वक बुद्धि से आपकी अनुकूलता आज्ञा को विशेष रूप से संग्रह करे। साथ ही विद्वानों की प्रजाएँ अपने ज्ञानसूचक, नीतियों से आपको शान्ति एवं सुख प्रदान करे।।36।।

प्रेममय, मन को मोहने वाली, प्रेम को बांधनेवाली, गृह कार्य में दक्ष विदुषी नारियाँ धर्मानुकूल क्रियाओं से, राष्ट्र के भोक्ता उत्तम बलवान् श्रेष्ठ पुरुष की रक्षा में उस पति के साथ हमेशा के लिये जोड़ दी जाती हैं। वे विदुषी नियम में बद्ध होकर सुख शान्ति प्राप्त करती हुई स्वपति को भी सुख प्रदान करें।।37।।

हे सोम! इस जगत् में बहुत अन्न से सम्पन्न एकमात्र किसान यव से शस्य को विचारपूर्वक क्रम से अलग करके काटते हैं। उसी प्रकार आप अति अल्प मात्र होते हुए भी देवों को प्रिय हो। आप इन यजमानों के सम्बन्धी विविध प्रकार के भोजनों को स्थान में सम्पादन करो, जो कि कुशासन पर विराजमान् विलक्षणवाले अन्न को लेकर सत्कार वचन को कहकर यजन करते हैं।।38।।

हे! आपको कौन विद्वान् सब ओर से काटता–दण्डित करता है? आपको कौन अनेक प्रकार से विविध शास्त्रों से उपदेश करता है? आपके अंगों को कौन सुख पहुँचाता है? कौन विद्वान् आपको शान्ति प्रदान करता है? इस सबका उत्तर परमेष्ठी प्रजापति है।।39।।

वसन्त आदि ऋतु ऋतुनुसार शान्तिवर्धक होकर पर्व काल का विशेष सम्पादन करें। संवत्सर के तेज शान्तिदायक उपायों से आपको शान्ति प्रदान करे।।40।। अर्थात् आप सदैव शान्तिपूर्वक सुख से रहो और उत्तम ज्ञान प्राप्त करो।

हे मननशील मनुष्य! जैसे दिन–रात, शुक्लपक्ष– कृष्णपक्ष, चैत्रादि माह आपकी उम्र को कम करते हैं, वैसे ही मरुत् आपके कठोर वचनों को शान्ति स्थापना करने के लिये नाश करे। "आपके दुष्ट भावों को (मरुत्) दूर करे"।।41।।

दिव्यगुण युक्त अध्वर्यु गण! आप सभी को "विशेष उत्तम मार्ग से चलने का उपदेश" देने की कृपा करें। आपके "उपदेश दोषों का नाश करें।" सन्धि स्थान से अंगों को परखें और दुष्ट स्वभाव को दूर करती नारियाँ भी उत्तम शिक्षा प्रदान करें।।42।।

आपके छिद्र को द्यौः, पृथिवी एवं वायु पूर्ण करे, अर्थात् द्यावापृथिवी एवं वायु दोषों को दूर करे। सूर्य, नक्षत्रों के साथ आपके जनसमूह को

सच्चरित्र बनावे।।43।। अर्थात् "आप शुद्ध आचरणवान् बनकर यहाँ जीवित रहें। आपकी सहायता सम्पूर्ण विश्व करे।"

आपको शत्रुओं से भी शान्ति प्राप्त हो। शरीर के सभी अंगों को सुख, गौण अंगों को शान्ति एवं अस्थि और शरीर में रहनेवाली मज्जा को भी कल्याण प्राप्त हो। आपके शरीर को सुख प्राप्त हो। इस मन्त्र का अर्थ है कि "मनुष्य का शरीर निरोग रहकर सुख प्रदान करे। शरीर के समस्त अंग एवं अवयव सुख प्रदाता हों"।।44।।

इस मन्त्र को पुनः कहा गया है, इस जगत् में एकाकी कौन विचरण करता है? कौन पुनः पुनः उत्पन्न होता है? हिम की ओषधि क्या है? बीजारोपण का महान् आधार कौनसा है?।।45।।

सूर्य देवता एकाकी अपनी धुरी–परिधि पर परिभ्रमण करता है। एकमात्र चन्द्र फिर–फिर उत्पन्न होता है? अग्नि शीत की ओषधि है। सृष्टि में समस्त बीजारोपण का स्थान महान् पृथिवी है।।46।।

सूर्य के समान ज्योति कौनसी है? समुद्र के समान सरोवर कौनसा है? पृथिवी से भी प्राचीन क्या है? किसका परिमाण नहीं है?।।47।।

"ब्रह्म की प्रचण्डतम ज्योति अनन्त कोटि सूर्यों के समान है।" (पृथिवी के) समुद्र से भी बृहत् द्युलोक का सरोवर है (ब्रह्माण्डीय महासमुद्र)। पृथिवी से भी प्राचीन परमैश्वर्यवान् इन्द्र–परमेष्ठी है। "गो" से तुलना करने योग्य दूसरी कोई वस्तु नहीं है। "गो" का अर्थ है : "आकाश, स्वर्ग, ब्रह्म, प्रकाश की किरण, वाणी, शब्द, वाग्देवी, इन्द्रिय शक्तियाँ, चन्द्रमा, सूर्य, इन्द्र का वज्र, नक्षत्र, दिशा, जल, अश्व, हीरक, नेत्र, नौ का अंक, बाण, गाय, पृथिवी आदि"।।48।।

हे देवों के सखा! मैं ज्ञान लाभार्थ पूछता हूँ, यदि आप मन से जानते हो तो कहने की कृपा करो। ब्रह्माण्डव्यापी परमात्मा विष्णु किन तीन स्थानों में पूज्य हुआ अथवा उसके तीन पद क्या हैं? क्या उसमें समूचा जगत् प्रविष्ट हुआ है?।।49।।

मैं परमेष्ठी तीन पदों से तीन स्थानों–द्युलोक, अन्तरिक्ष एवं पृथिवीलोक में व्यापता हूँ। जिसमें विश्व भुवन रहा है। मैं पृथिवी को बहुत शीघ्र व्यापता हूँ और द्युलोक को भी व्यापता हूँ। मैं एक अंश से इस तेजोमय सूर्य के भी ऊपर के भाग को व्याप रहा हूँ। इस मन्त्र में परमेष्ठी विष्णु के त्रिविक्रम का उल्लेख है। यह स्मरण रहे कि विष्णु–ब्रह्माण्डव्यापिनी ऊर्जा तेज है। विष्णु तीन पदों से वामन से विराट् होता है। वैसे विष्णु यज्ञ भी है। वामन

से विराट् होना विष्णुत्व है। यज्ञ भी विष्णु होकर ही किया जाता है (स्त्रोत : विष्णुविद्या)।।50।।

हे ब्रह्मन्! सबमें निवास करनेवाला परमेष्ठी पुरुष किन पदार्थों के अन्दर में प्रविष्ट हुआ है? इस पुरुष के मध्य कौन–कौनसी वस्तुयें अर्पण की गई हैं? यह आपसे पूछता हूँ, आप इन प्रश्नों पर क्या कहते हो?।।51।।

"पँच भूत एवं उन पाँचों सूक्ष्मरूप पँच तन्मात्राओं के भीतर पुरुष अथवा परमेष्ठी प्रविष्ट हुआ है। वे पँच भूत एवं तन्त्रमात्रायें पूर्ण रूप से परमेष्ठी में ओत–प्रोत हैं।" यह मैं आपको स्पष्ट करना चाहूँगा कि मुझसे उत्कृष्ट इस ज्ञान की व्याख्या करनेवाला कोई नहीं हो सकता है।।52।।

सबसे पूर्व की स्मरण करने की स्थिति कौनसी है? सबसे महान् बल क्या है? शोभावाली वस्तु क्या है? रूप को भक्षण करनेवाला कौनसा पदार्थ है?।।53।।

द्यौ ही प्रथम स्थिति है (सर्वप्रथम आकाश महाभूत की उत्पत्ति हुई।)। "अश्व सर्वव्यापक होने से सबसे महान् बल है" (इस मन्त्र में "अश्व को व्यापनशील की संज्ञा" दी गई है। अग्नि भी व्यापनशील है। तीनों लोकों में यह अग्नि–सूर्य, विद्युत् एवं भौतिक अग्नि रूप में व्याप्त है। इसलिये अग्नि भी अश्व है।)। सर्वरक्षिता पृथिवी सर्वाधिक शोभावाली है। रात्रि समस्त रूपों–पदार्थों को निगलनेवाली है।।54।।

हे विद्वान्! रूपों का भक्षण कर्त्ता कौन है? रूपों को कौन ग्रास बनाता है? कौन उछल–उछल कर चलता है? कौन मार्ग को सरकते हुए गमन करता है?।।55।।

हे भद्र जन! समस्त रूपों को भीतर निवाला बनानेवाली प्रकृति है। धान्य एवं मूलादि अवयवों को शब्द करते हुए खानेवाली कुरुपिशंगिला है। वन का खरगोश उछल–उछल कर चलता है। सर्प मार्ग पर रेंगते हुए–सरकते हुए चलता है।।56।।

हे विद्वान्! इस यज्ञ के कितने प्रकार के अन्न हैं? अक्षर कितने हैं? हवन–होम कितने प्रकार के हैं? कितनी प्रकार की समिधायें हैं? प्रति ऋतु में कितने होता यज्ञ करते हैं? यहाँ मैं यज्ञ के ज्ञान हेतु पूछता हूँ।।57।।

इस मन्त्र में "यज्ञविधान" सम्बन्धित प्रश्नों का समाधान किया गया है। "यज्ञ के छह अन्न हैं, अर्थात् सम्पूर्ण यज्ञीय "अन्न षड्रसात्मक होते हैं।" "जीवन के सौ वर्ष सौ अक्षर" हैं। "अस्सी (80) प्रकार के होम" होते हैं। निश्चिय तीन समिधायें होती हैं (समिधा काष्ठ के नाम वर्णित नहीं हैं।)।

प्रत्येक ऋतु में सप्त होता (अष्ट ऋत्विक) होते हैं। यह यज्ञ का ज्ञान है।।58।।

इस भुवन–जगत् की नाभि को कौन जानता है? द्युलोक, अन्तरिक्षलोक एवं पृथिवीलोक को कौन जानता है? महान् सूर्य के जन्म को कौन जानता है? यह कौन जानता है कि चन्द्रमा कहाँ से उत्पन्न हुआ? ।।59।।

मैं–परमेष्ठी इस जगत् की नाभि को जानता हूँ। मैं ही द्युलोक, अन्तरिक्षलोक एवं पृथिवीलोक को जानता हूँ, महान् सूर्य के उत्पत्ति स्थान को भी जानता हूँ। यह भी जानता हूँ कि जहाँ चन्द्रमा उत्पन्न हुआ। अर्थात् परमेष्ठी सृष्टि के सभी रहस्यों का सर्वज्ञ है।।60।।

हे विद्वान्! मैं आपसे पृथिवी के परम अन्त को पूछता हूँ? यह भी पूछता हूँ कि किस स्थान पर जगत्–भुवन का नाभि केन्द्र है? यह भी प्रश्न है कि उस महान्, समस्त सुखों के वर्षक, सर्व व्यापक परमेष्ठी का उत्पादक सामर्थ्य (रेतस्) क्या है? इसके अलावा वाणी का परमव्योम में परम सर्वोत्कृष्ट रक्षा का स्थान कौनसा है?।।61।।

यह (यज्ञ) वेदी पृथिवी का परम अन्त है। यह यज्ञ समस्त भुवन–जगत् का परम आश्रय है। यह सोम ही महान् सर्वव्यापक परमेष्ठी का सर्वोत्पादक सामर्थ्य है : "अयं सोमो वृष्णो अश्वस्य रेतो" (अश्व का सर्वसामर्थ्यवान् रेतस्–तेज–ओज सोम है।)। यह "ब्रह्मज्ञानी, ब्रह्मज्ञ विद्वान् ही वाणी का परम–उत्कृष्ट स्थान" है।।62।।

जिस प्रजापति रूपा परमेष्ठी से संसार का रक्षक सूर्य उत्पन्न हुआ और सुन्दर विद्यमान्, स्वयं सत्तावान्, उत्पत्ति–नाश रहित, पूर्व विद्यमान् परमेष्ठी ने बड़े विस्तृत जलों से युक्त (ब्रह्माण्डीय) महासागरों के जलों से युक्त जगत् के बीच समयानुकूल गर्भ धारण किया, निश्चित रूप से उसी परमात्मा की ही आप सभी उपासना करो।।63।।

होता ने महिमावाले सोम के प्रजापति का यजन द्वारा सत्कार किया। पूजित हुए प्रजापति सोमरस का प्रीतिपूर्वक सेवन करें, पान करें। हे होता! आप भी उसी प्रकार से यजन करो।।65।।

हे समस्त प्रजाओं के स्वामिन्! हे प्रजापते! आपसे भिन्न दूसरा कोई पृथिव्यादि भूतों और समस्त पदार्थों से एवं रूपों से अधिक बलवान् नहीं हुआ है। अर्थात् आप (प्रजापति स्वरूपा) परमेष्ठी सर्वोपरि, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान् हो। हम जिन कामनाओं को करते हुए आपका यजन करते हैं, वह हमें प्राप्त हो।

हम अध्यात्मिक, दैविक एवं अधिभूत धनों के स्वामी होवें।।65।। तेवीसवां अध्याय समाप्त।।

इस अध्याय में सृष्टिविद्या के गूढ़ रहस्यों की सहज एवं सरल व्याख्या की गई है। इस अध्याय में कहा है : "अयं सोमो वृष्णो अश्वस्य रेतो।" साथ ही यज्ञ को समस्त भुवन–जगत् का आश्रय स्थल कहा गया है। परमेष्ठी–परमात्मा–परमेश्वर को पँच भूतों का मूल घोषित किया गया है। परमेष्ठी ही गणों का अधिपति है। यजुर्वेद के रुद्रसूक्त (अध्याय 16) में पँच भूतों के आदिभूत, त्रितत्त्वों के आदितत्त्व परमेष्ठी रुद्र गणपति हैं : "नमो गणेभ्यो गणपतिभ्यश्च वो नमो नमो।" ऋग्वेद में बृहस्पति ब्रह्मणस्पति भी गणपति है। यहाँ उल्लेखनीय है कि "वेद में गणेश एवं ब्रह्मा देवता नहीं" हैं। अतः कर्मकाण्ड में इसका ध्यान रखा जाना चाहिये। यजुर्वेदीय अम्बे, अम्बा, अम्बालिका त्र्यम्बक महाकाल रुद्र की भगिनी है, जगन्माता दैवी शक्ति है। इस अध्याय के कुछ मन्त्रों की गलत व्याख्या से विकृति उत्पन्न हुई। अध्याय में यज्ञकर्म विधान का भी रेखांकन है।

अथ त्रयोविंशोऽध्यायः।।

हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत्।
स दाधार पृथिवी द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविपा विधेम।।1।।
उपयामगृहीतोऽसि प्रजापतये त्वा जुष्टं गृह्णाम्येष
ते योनिः सूर्यस्ते महिमा। यस्तेऽह–न्त्संवत्सरे
महिमा सम्बभूव यस्ते वायान्तरिक्षे महिमा सम्बभूव
यस्ते दिवि सूर्ये महिमा सम्बभूव तस्मै ते महिम्ने
प्रजापतये स्वाहा देवेभ्यः।।2।।
यः प्राणतो निमिषतो महित्वैक इन्द्राजा जगतो बभूव।
य ईशे अस्य द्विपदश्चतुष्पदः कस्मै देवाय हविषा विधेम।।3।।
उपयामगृहीतोऽसि प्रजापतये त्वा जुष्टं गृह्णाम्येष
ते योनिश्चन्द्र–मास्ते महिमा। यस्ते रात्रौ संवत्सरे
महिमा सम्बभूव यस्ते पृथिव्यामग्नौ महिमा
सम्बभूव यस्ते नक्षत्रेषु चन्द्रमसि महिमा सम्बभूव
तस्मै ते महिम्ने प्रजापतये देवेभ्यः स्वाहा।।4।।
युंजन्ति बध्वमरुपं चरन्त परि तस्थुपः। रोचन्ते रोचना दिवि।।5।।
युंजन्त्स्य काम्या हरी विपक्षसा रथे। शोणा धूष्णू नृवाहसा।।6।।
यद्वातो अपो अगनीगन् प्रियामिन्द्रस्य तन्वम्।
एतं स्तोतरनेन पथा पुनरश्वमावर्तयासि नः।।7।।

वसव–स्त्वांजन्तु गायत्रेण छन्दसा रुद्रास्त्वंजन्तु त्रैष्टुभेन
छन्दसो ऽऽदित्यास्त्वां–जन्तु जागतेन छन्दसा।
भूर्भुवः स्वंर्लाजीं 3 छावी 3 न्यव्ये गव्य एतदन्नमत्त देवा
एतद–न्नमद्धि प्रजापते।।8।।
कः स्विदेकाकी चरति क उ स्विज्जायते पुनः।
किं स्विद्धिमस्य भेषजं किम्वावपनं महत्।।9।।
सूर्य एकाकी चरति चन्द्रमा जायते पुनः।
अग्नि–र्हिमस्य भेषजं भूमिरावपनं महत्।।10।।
का स्विदासी–त्पूर्वचित्तिः किं स्विदासीद् बृहद्वय।
का स्विदासी–त्पिलिप्पिला का स्विदासीत्पिशंगिला।।11।।
द्यौरासीत्पूर्वचित्तिरश्व आसीद् बृहद्वयः।
अविरासी–त्पिलिप्ला रात्रिरासी–त्पिशंगिला।।12।।
वायुष्ट्वा पचतैर–वत्वसितग्रीवश्छा–गैर्न्यग्रोधश्चमसैः शल्मलि–र्वृद्धया।
एष स्य राथ्यो वृषा षड्भिश्चतुर्भि – रेदगन्ब्रह्मा कृष्णश्च नोऽवतु नमोऽग्नये।।13।।
संशितो रश्मिना रथः संशितो रश्मिना हयः।
संशितो अप्स्वप्सुजा ब्रह्मा सोमपुरोगवः।।14।।
स्वयं वाजिँस्तन्वं कल्पयस्व स्वयं यजस्व स्वयं जुषस्व।
महिमा तेऽन्येन न सन्नर्शे।।15।।
न वा उ एतन्म्रियसे न रिष्यसि देवाँ 2 इदेपि पथिभिः सुगेभिः।
यत्रासते सुकृतो यत्र ते ययुस्तत्र त्वा देवः सविता दधातु।।16।।
अग्निः पशुरासी–त्तेनायजन्त स एतँल्लोकमजय–द्यस्मिन्नग्निः स ते लोको भविष्यति तं जेष्यसि पिबैता अपः। वायुः पशुरासी–त्तेनायजन्त स एतँ–ल्लोकमजयद्य–स्मिन्वायुः स ते लोको भविष्यति तं जेष्यसि पिबैता अपः। सूर्यः पशुरासी–त्तेनायजन्त स एतँल्लोकमजय–द्यस्मिन्त्सूर्यः स ते लोको भविष्यति तं जेष्यसि पिबैता अपः।।17।।
प्राणाय स्वाहा ऽपानाय स्वाहा व्यानाय स्वाहा। अम्बे अम्बिके–ऽम्बालिके न मा नयति कश्चन। ससस्त्यश्वकः सुभद्रिकां काम्पीलवासिनीम्।।18।।
गणानां त्वा गणपतिं हवामहे प्रियाणां त्वा प्रियपतिं
हवामहे निधीनां त्वा निधिपतिं हवामहे वसो मम।
आहमजानि गर्भधमा त्वमजासि गर्भधम्।।19।।
ता उमो चतुरः पदः संप्रसारयाव र्स्वगे लोके

प्रोर्णवाथां वृषा वाजी रेतोधा रेतो दधातु।।20।।
उत्सक्थ्या अव गुदं धेहि समंजि चारया वृषन्।
य स्त्रीणां जीवभोजनं।।21।।
यकासकौ शकुन्तिकाऽऽहलगिति वंचति।
आहन्ति गभे पसो निगल्गलीति धारका।।22।।
यकोऽसकौ शकुन्तक आहलगिति वंचति।
विवक्षत इव ते मुखमध्वर्यो मा नस्त्वमभि भाषथा।।23।।
माता च ते पिता च तेऽग्रं वृक्षस्य रोहत।
प्रतिलामीति ते पिता गभे मुष्टिमतंसयत्।।24।।
माता च ते पिता च तेडग्रे वृक्षस्य क्रीडतः।
विवक्षत इव ते मुखं ब्रह्मन्मा त्वं वदो बहु।।25।।
ऊर्ध्वामेनामुच्छ्रापय गिरौ भारं हरन्निव।
अथास्ते मध्य–मेधतां शीते वाते पुनन्निवं।।26।।
ऊर्ध्वमेनमुच्छ्रयतादि्गरौ भारं हरिन्निव।
अथास्ते मध्य–मेजतु शीते वाते पुनन्निव।।27।।
यदस्या अंहुभेद्याः कृधु स्थूलमुपातसत्।
मुष्काविदस्या एजतो गोशफे शकुलाविव।।28।।
यद्देवासो ललामगुं प्र विष्टिमिनमाविषु।
सक्थ्ना देदिश्यते नारी सत्यस्याक्षिभुवो यथा।।29।।
यद्धरिणो यवमत्ति न पुष्टं पशु मन्यते।
शूद्रा यदर्यजारा न पोषाय धनायति।।30।।
यद्धरिणो यवमति न पुष्टं बहु मन्यते।
शूद्रो यदर्यायै न पोषमनु मन्यते।।31।।
दधिकाव्णों अकारिषं जिष्णोरश्वस्य वाजिनः।
सुरभि नो मुखा करत्प्र ण आयूंषि तारिषत्।।32।।
गायत्री त्रिष्टुब्जगत्यनुष्टुप्पङ्क्त्या सह!
बृह–त्युष्णिहा ककुप्सूचीभिः शम्यन्तु त्वां।।33।।
द्विपदा याश्चतुष्पदास्त्रिपदा याश्च षट्पदा।
विच्छन्दा याश्च सच्छन्दाः सूचीभिः शम्यन्तु त्वा।।34।।
महानाम्नो रेवत्यो विश्वा आशाः प्रभूवरीः।
मैघी–र्विद्युतो वाचः सूचीभिः शम्यन्तु त्वा।।35।।
नार्यस्ते पत्न्त्यो लोम विचिन्वन्तु मनीषया।
देवानां पत्न्यो दिशः सूचीभिः शम्यन्तु त्वा।।36।।

रजता हरिणीः सीसा सुजो युज्यन्ते कर्मभिः।
अश्वस्य वाजिन–स्त्वचि सिमाः शम्यन्तु शम्यन्तु शम्यन्तीः।।37।।
कुविदंग यवमन्तो यवंचिद्यथा दान्त्यनुपूर्वं वियूय।
इहेहैषां कृणुहि भोजनानि ते बर्हिषो नम उक्तिं यजन्ति।।38।।
कस्त्वा छयति कस्त्वा विशास्ति कस्ते गात्राणि शम्यति।
क उते शमिता कविः।।39।।
ऋतवस्त ऋतुथा पर्व शमितारो वि शासतु। संवत्सरस्य तेजसा शमीभिः शम्यन्तु त्वा।।44।।
अर्धमासाः परूंषि ते मासा आ च्छयन्तु शम्यन्तः। अहो–रात्राणि मरुतो विलिष्टं सूदयन्तु ते।।41।।
दैव्या अध्वर्यवस्त्वा च्छयन्तु वि च शासतु। गात्राणि पर्वशस्ते सिमाः कृण्वन्तु शम्यन्तीः।।42।।
द्यौस्ते पृथिव्युन्तरिक्षं वायुश्छिद्रं पृणातु ते। सूर्यस्ते नक्षत्रैः सह लोकं कृणोतु साधुया।।43।।
शं ते परेभ्यो गात्रेभ्यः शमस्त्ववरेभ्यः। शमस्थभ्यो मज्जभ्यः शर्म्वस्तु तन्वै तव।।44।।
कः स्विदेकाकी चरति क उ स्विज्जायते पुनः। किं स्विद्धिमस्य भेषजं किम्वावपनं महत्।।45।।
सूर्य एकाकी चरति चन्द्रमा जायते पुनः। अग्निहिमस्य भेषजं भूमिरावपनं महत्।।46।।
किं स्वित्सूर्यसमं ज्योतिं किं समुद्रसमं सरः। किं स्वित्पृथिव्यै वर्षीयः कस्य मात्रा न विद्यते।।47।।
ब्रह्म सूर्यसमं ज्योतिर्द्यौः समुद्रसमं सर। इन्द्रः पृथिव्यै वर्षीयान् गोस्तु मात्रा न विद्यते।।48।।
येषु विष्णुस्त्रिषु पदेष्वेष्टस्तेषु विश्वां भुवनमा विवेशा3।।49।।
अपि तेषु त्रिषु पदेष्वस्मि येषु विश्वं भुवनमा विवेश।
सद्यः पर्येमि पृथिवीमुत द्यामेकेनांकेन दिवो अस्य पृष्ठम्।।50।।
केष्वन्तः पुरुष आ विवेश कान्यन्तः पुरुषे अर्पितानि।
एतब्द्रह्मन्नुप वल्हामसि त्वा किं स्विन्नः प्रति वोचास्यत्र।।51।।
पंचस्वन्तः पुरुष आ विवेश तान्यन्तः पुरुषे अर्पितानि।
एतत्त्वात्र प्रतिमन्वानो अस्मि न मायया भुवस्युत्तरो मत्।।52।।
का स्विदासीत्पूर्वचित्तिः किं स्विदासीद् बृहद्वयः।
का स्विदासी–त्पिलिप्पिला का स्विदासी–त्पिशंगिला।।53।।

द्यौरासी–त्पूर्वचित्तिरश्व आसीद् बृहद्वयः।
अविरासी–त्पिलिप्पिला रात्रि– रासीत्पिशंगिला।।54।।
का ईमरे पिशंगिला का ईं कुरुपिशंगिला।
क ईमास्कन्द–मर्षति क ईं पन्थां वि सर्पति।।55।।
अजारे पिशंगिला श्वावित्कुरु–पिशंगिला।
शश आस्कन्द–मर्षत्यहिः पन्थां वि सर्पति।।56।।
कत्यस्य विष्ठाः कत्यक्षराणि कति होमासः कतिधा समिद्धः।
यज्ञस्य त्वा विदथा पृच्छमत्र कति होतार ऋतुशो यजन्ति।।57।।
षठस्य विष्ठाः शतमक्षराण्य–शीतिर्होमाः समिधो ह तिस्रः।
यज्ञस्य ते विदथा प्र ब्रवीमि सप्त होतार ऋतुशो यजन्ति।।58।।
को अस्य वेद भुवनस्य नाभिं को द्यावापृथिवी अन्तरिक्षम्।
कः सूर्यस्य वेद बृहतो जनित्रं को वेद चन्द्रमसं यतोजाः।।59।।
वेदाहमस्य भुवनस्य नाभिं वेद द्यावापृथिवी अन्तरिक्षम्।
वेद सूर्यस्य बृहतो जनित्रमथो वेद चन्द्रमसं यतोजा।।60।।
पृच्छामि त्वा परमन्तं पृथिव्याः पृच्छामि यत्र भुवनस्य नाभिं।
पृच्छामि त्वा वृष्णो अश्वस्य रेतः पृच्छामि वाचः परमं व्योमं।।61।।
इयं वेदिः परो अन्तः पृथिव्याः अयं यज्ञो भुवनस्य नाभिः।
अयं सोमो वृष्णो अश्वस्य रेतो ब्रह्माय वाचः परमं व्योम।।62।।
सुभूः स्वयम्भूः प्रथमो–ऽन्तर्महत्यर्णवे।
दधे ह गर्भ–मृत्वियं यतो जातः प्रजापतिः।।63।।
होता यक्ष–त्प्रजापतिं सोमस्य महिम्नः।
जुषतां पिबतु सोमं होतर्यज्ञ।।64।।
प्रजापते न त्वदेतान्यन्यो विश्वा रूपाणि परि ता बभूव।
यत्कामस्ते जुहुमस्तन्नो अस्तु वयं स्याम पतयो रयीणाम्।।65।।
।।इति त्रयोर्विंशोऽध्यायः।।

(ऋग्वेद में निरन्तर पँच जन–देवता, गन्धर्व, नाग, पितर एवं मनुष्य का ही उल्लेख आता है। यद्यपि ब्रह्मकर्म, क्षात्रकर्मादि का भी उल्लेख आया है। वेदकाल में चतुर्वर्ण नहीं रहे, मात्र वर्ण त्रयी रहा : ब्रह्मकर्म, क्षात्रकर्म एवं वैश्यकर्म।। कार्य के वरणानुसार वर्ण होता रहा। वैदिक पृष्ठभूमि में इस अध्याय में शूद्र शब्द प्रक्षिप्त प्रतीत होता है।)।।ऊँ।।

।।अश्वमेध।। अथ चतुर्विंशोऽध्यायः।।

राज कौशल–शासन कला के सूत्र

वैदिक देवों के नामधारी शासन विभाग

देवताओं के कर्म : विभाग कर्म

अश्व, शृंगवाला भेड़ा एवं गोमृग–नीलगाय ये तीनों प्रजापति के हैं। कृष्ण ग्रीवावाला, अग्नि के समान सबका अग्रणी नेता, मस्तक के समान विचारशील, सबके आगे मुख्य पद पर प्रतिष्ठित है। जिस प्रकार सरस्वती–अथवा वाणी स्वयं दोनों जबड़ों के मध्य में होती है, उसी प्रकार उनके निर्णय के बीच वाणी होती है। शरीर में जिस प्रकार बाहू हैं, उसी के अनुरूप बाहुओं के स्थान पर ''दोनों अश्विनीकुमारों के सदृश वीर पुरुषों को राष्ट्र रक्षा में नियुक्त करें।'' श्यामवर्ण का नाभि में लगा ''सोम ओषधि रस का ज्ञानी वैद्य और पोषक अन्न का उत्पादक कृषि विभागाध्यक्ष योग्य स्थान पर नियुक्त करना चाहिये।'' ''सूर्य और यम के गुणोंवाला–प्रकाशित एवं कृष्णवर्ण वाले दो अधिकारी राष्ट्र शरीर के पार्श्वभाग में रहें।'' जिनकी एकता शत्रु हन्ता हो और जिनमें शत्रु सेना का शस्त्रों से संहार का सामर्थ्य हो, उनको राष्ट्र शरीर की जंघा स्थान में नियुक्त करें। ''क्षात्र कर्म में दक्ष राष्ट्र शरीर के रक्षक हों।''

पुच्छ भाग में वायु के समान तीव्र प्रचण्ड बलवान् पुरुष को राजा लगाये। उत्तम कार्य करने वाले इन्द्र सेनापति के कार्य के लिये अर्थात् शत्रुओं के नाश के लिये सेनाध्यक्ष पद पर योग्य, योद्धा को शासक नियुक्त करे। सर्वव्यापक सर्वसामर्थ्यवान् पद के लिये अति उत्तम वीर पुरुष का चयन हो। इससे पूर्व ''वेद में कहा है कि राजा का चुनाव हो।''

यजुर्वेदीय ऋषि ने इस मन्त्र में ''राजतन्त्र'' (शासन कौशल) शास्त्र संक्षिप्त में प्रस्तुत किया है। मन्त्र का उपदेश है कि ''उत्तम, दक्ष, योग्य को ही पुर के विभिन्न विभागों का प्रभारी नियुक्त करे'' और ''वीरों को राष्ट्र रक्षा'' में रखना चाहिये।।1।।

लाल रंग, धुवाँ मिला रक्तिम रंग और पके हुए बदरी फल (रुद्राक्ष) के समान रक्त वर्ण, इन तीनों रंगों की पोशाक पहने हुए राज अधिकारी शासनाध्यक्ष राजा के साथ सम्बद्ध हों। वरुण के पद के साथ सम्बद्ध अधिकारी वर्ग–भूरा (बभ्रु), रक्तिम भूरा और हरित भूरा रंग की वेशभूषा

पहननेवाला हों। "महामात्य"–बृहस्पति के साथ "सम्बद्ध कर्मी श्वेत वर्ण की पोशाक" धारण करें। सविता– सवित्राः से सम्बद्ध कर्मी श्वेत चमकनेवाले तीन तरह के परिधान प्रयोग में लें। मित्र अर्थात् न्यायधीश से सम्बद्ध कर्मी विचित्र वर्ण के बिन्दुओंवाली पोशाक में रहें। यही पोशाक दुष्ट निवारक रक्षा गारद की हो। यहाँ विभिन्न राजकर्म से सम्बन्धितों की पोशाक निश्चित की गई है।।2।।

अश्विनौ के अधीन श्वेत केशवाले, मणि के समान नील आभावाले केशयुक्त आदि हों। रुद्र आदिज्ञानी–ज्ञानप्रदाता हैं। "रुद्रसंज्ञक के अधीन श्वेत वर्ण वाले, श्वेत पलक केशवान् एवं रक्त वर्ण के केशवाले हों।" रुद्र पशुपतिनाथ होने से पशुओं के अधिष्ठाता हैं और समभाव प्रतिपादक एवं समभाव से न्याय करनेवाले हैं। रुद्र ने अपने ही पुत्र प्रजापति का पातकी कर्म के लिये वध किया। मृत्यु के देवता यम जन में बहुश्रुत हैं। मन्त्र के अनुसार रुद्रसंज्ञक अपने शरीर पर विशेष रंग (रक्तिम) के चन्दन का लेप करनेवाले हों। "आकाश के समान वर्षावाले जन जल धाराओं के विभाग के हों।।"3।।

मरुत् विभाग के कर्मी चित्रविचित्र, ऊपर की ओर विचित्र बिन्दुवाले आदि वस्त्रवान् हैं। सरस्वती विभाग की कर्मी अत्यन्त प्रभावित करनेवाले नेत्रों वाली नारियाँ, स्वल्प बलवाली लाल ऊन की पोशाक और श्वेत ऊन का चोंगा पहननेवाली हों। देवों के शिल्पी त्वष्टा वर्ग के कर्मी बहुश्रुत, लघु कर्णवाले और रक्तिम कर्ण वाले हों। इन्द्र एवं अग्नि वर्गवाले–ग्रीवा पर श्याम चिन्ह वाले, कक्ष में श्वेत चिन्हवान् एवं जंघा पर श्वेत प्रतीकवान् हों। श्याम कोपीन –लँगोट, लघु कोपीन और बृहद् कोपीनवाले उषा के समान प्रकाश कर्मी हों।।4।।

"विश्व देवता सम्बन्धी शिल्प कार्यों को दक्षता से सिद्ध करनेवाली, लताओं के समान बढ़ती कुमारियाँ, माता–पिता–गुरु इन तीनों के संरक्षण में ज्ञान–वाणी की शिक्षा–दीक्षा के लिये जावें।" "अज्ञात कुल की कुमारियों को स्थायी रूप से सद्गृहस्थों को पालन–पोषण, सभ्यता–संस्कृति, भाषा आदि के लिये सौंपनी चाहिये।" समान गुणों वाली (शिक्षित, दक्ष रचयिता, संस्कृत) अथवा समान रूप वाली युवतियों को समर्थ पति मिले। साथ ही "किशोरियों को विद्वानों–विदुषियों के अधीन ब्रह्मविद्या की शिक्षा–दीक्षा दी जानी चाहिये"।।5।। अर्थात् "वेदकाल में नारियाँ ब्रह्मविद्या–सृष्टिविद्या–आत्मविद्या की पुरुषों के समान अधिकारी रही।" ऋग्वेद की मन्त्रद्रष्टा ऋषिकाएँ रही। कुमारियों का यज्ञोपवीत होता रहा। वैदिक नारियों को यन्त्र सर्वस्व की गहन

शिक्षा–दीक्षा दी जाती थी। अनाथ कुमारियों का लालन पालन सद्गृहस्थ करते थे।

गर्दन पर कृष्ण चिन्हवाले आग्नेय हों, अर्थात् समाज में अग्रणी हों। भ्रूवों पर श्वेत चिन्ह के पुरुष प्रजा बसानेवाले हों। रक्त वर्ण के परिधान धारण कर्त्ता शत्रुओं को कठोरतम दण्ड देनेवाले रुद्र संज्ञक कर्मी हों। "श्वेत परिधान वाले आदित्य विभाग के कर्मी होंगे, वे दूसरों को कुमार्ग से रोकेंगे।" पर्जन्य संज्ञक कर्मी नील मेघ के समान वस्त्र–पोशाक धारण करेंगे। वे मेघ सदृश जल विभाग सम्हालेंगे।।6।।

इन्द्र एवं विष्णु गणों में ऊँचे, बलवान् एवं सुदर्शन तीनों विशेषताओं वाले होंगे। इन्द्र बृहस्पति के गण भी ऊँचे लम्बे एवं श्वेत परिधानधारी रहेंगे। शुक के समान मीठा हरित रंग का परिधान पहने हुए पुरुष अधिकारी वेगवान् अश्वों पर सवार हों। अग्नि एवं मरुत् विभागवाले श्वेत श्याम और खाकी वस्त्र धारण करेंगे। पूषा विभाग वाले नीले रंग के परिधान में हों।।7।।

कर्बुर रंग के गणवेष में इन्द्र एवं आग्नेय विभाग कर्मी रहेंगे। सोम एवं अग्नि विभाग के कर्मी दो–दो रंग के परिधान ग्रहण करेंगे। अग्नि एवं विष्णु विभाग के कर्मी छोटे–वामन अंगवाले और गाड़ी खींचकर ले जानेवाले हैं। "वशा विभाग" की संस्थाएँ एवं कर्मी मित्र एवं वरुण विभाग के हैं। मित्र विभाग की नारियाँ एक ओर से चित्रित वस्त्र पहनने वाली होंगी।।8।।

अग्नि विभाग वालों के गर्दन पर काला चिन्ह है। सोम विभाग के बभ्रू वाले हैं। वायु विभाग के श्वेत वर्ण के हैं। "अदिति देवता को अविज्ञात कुलवाली प्रदान की जायं। समान रूप, सुसंस्कारित, सुशिक्षित, विदुषी एवं उत्तम संतानोत्पत्ति की सामर्थ्यवान् का विवाह योग्य से हो।" यह पुनः कहा गया है कि "छोटी उम्र से किशोरियाँ विद्वान् पुरुषों एवं विदुषियों से शिक्षा प्राप्त करें।" यह उल्लेखनीय है कि "दौत्य कर्म–कूटनीति–राजनयन की पुरोधा ऋषिका सरमा देवशुनी रही।" "ऋषिका जुहू ब्रह्मजाया प्रकरण से स्पष्ट है कि शुभ कर्मों से मनवांछित नवभाग्य लिखा जा सकता है।" ऋषिका अपाला ने कायाकल्प किया। "ऋग्वेद में इन्द्राणी ने सेना का नेतृत्व किया।" इस ऋचा से स्पष्ट है कि "अविज्ञात कुल–अनाथादि कन्याओं को शिक्षा–दीक्षा –संस्कार का गुरुतर भार देवमाता के विभाग पर रहा।।9।।"

भूमि के लिये खेती कृषि ज्ञानवान् किसान और पशु हों। धूम के समान गमनशील पुरुष अन्तरिक्ष में गमन करनेवाले हों। अर्थात् "वेद काल में अन्तरिक्ष और दूसरे ब्रह्माण्डों में गमन की गुप्त से गुप्त विद्या रही।" इसीलिये ऋग्वेद की ऋचा में सूर्य–सविता द्वारा ऊँकार पाठ का उल्लेख है। अर्थात्

"मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने सूर्य पर जाकर ऊँकार का नाद श्रवण किया।" लगभग 150 वर्षों तक पश्चिमी विद्वानों ने ऋग्वेद को आदिम प्रलाप किया। परन्तु 21वीं शती में अमेरिकी "नासा" ने सूर्य की ध्वनि अंकित की। यह आठवाँ आश्चर्य है कि "सूर्य ऊँकार का पाठ कर रहा है।" अन्तरिक्ष गमन सहित दूसरे ब्रह्माण्डों की यात्रा का विज्ञान ब्रह्मर्षि भरद्वाज कृत–यन्त्र सर्वस्व, अंशुबोधिनी शास्त्र, वैमानिक शास्त्र आदि में उपलब्ध है। "यन्त्र सर्वस्व" ग्रन्थ विस्मृत है।

बड़े महान् शक्तिशाली मननशील दिव्यता को प्राप्त करते हैं। बल को प्राप्त करनेवाले तीव्र गतिमान् विद्युत् के समान हैं और तीव्र वेग से जानेवाले तारक हैं।।10।।

"वसन्त ऋतु" के लिये "धुमेले रंग" के वस्त्र प्राप्त करते हैं। "ग्रीष्म ऋतु" के लिये "श्वेत रंग" के वस्त्रों को, "वर्षा काल" के लिये "कृष्ण रंग" के वस्त्रों को एवं "शरद ऋतु" के लिये "लाल रंग" के वस्त्रों को पहनने के काम में लायें। "मोटे नाना वर्ण" के "हेमन्त ऋतु" के लिये उपयोग करें और "शिशिर ऋतु" के लिये "पीले, वसन्ती रंग" के वस्त्र सामयिक हैं।।11।। इस "ऋचा में ऋतु अनुसार वस्त्रों के रंगों का वर्णन है।"

इस ऋचा में वैदिक छन्दों का वर्णन है। इन छन्दों का वर्णन प्रतीकात्मक रूप में गो–वृषभ रूप में है। इसका आशय है कि इन छन्दों का ज्ञान अमुक काल खण्ड में होता है।

डेढ़ वर्ष की गाय "गायत्री छन्द" के लिये है। ढाई वर्ष की गो "त्रिष्टुभ्" छन्द के लिये है। "जगती छन्द" के लिये कटे हुए धान को लेकर चलनेवाला वृषभ है। "अनुष्टुप् छन्द" के लिये तीन वर्ष की गो है। "उष्णिक छन्द" के लिये साढ़े तीन वर्ष का वृषभ है। ।।12।।

"विराट् छन्द" के मन्त्र पृष्ठ से भार उठानेवाला गोवंश है। वीर्य सेंचन में समर्थ वृषभ "बृहती छन्द" में वर्णित है। "ककुभ छन्द" में अति बलवान् वृषभ वर्णित है। शकट के भार उठानेवाला वृषभ "पंक्ति छन्द" से वर्णित है। दुधारु गोवंश "अतिछन्द" से वर्णित है।।13।।

जो कृष्णग्रीवा हैं, वे अग्नि देवता के हैं। जो ताम्र–बभ्रू वर्ण के हैं, वे सोम देव वाले हैं। सविता देव वाले समीप रहते हैं। सरस्वती देवता की छोटी उम्र की बछिया हैं। पुष्टि वाले मेघ देवता के श्याम वर्ण वाले हैं। मरुत् देवता के छोटे बच्चे हैं। विश्वदेव के बहुरूप वाले हैं। द्यावापृथिवी की वश में रहनेवाली गायें हैं।।14।।

दो अच्छी तरह वर्णित पशु आदि इन्द्र एवं अग्नि देवता के हैं। ''वरुण देवता के जोतनेवाले पशु (वृषभ) है। मरुतों की चित्र–विचित्र चिन्ह युक्त (चितकबरी) गो है। हिंसक स्वभाववाले प्रजापति देवता के हैं''।।15।।

प्रशंसित सेना रखनेवाले, अग्नि के समान तेजस्वी अग्रणी, प्रथम श्रेणी के श्रेष्ठ गुणोंवाले पुरुषों को प्राप्त करें। राजा अच्छी प्रकार से शत्रुओं को तपानेवाले, वायु के समान प्रचण्ड वेग से शत्रु पर आक्रमण करनेवाले सैनिकों को प्राप्त करे। गृहस्थ एवं विद्वान् की रक्षा के लिये हिंसकों का हनन करनेवाले रक्षकों को राजा प्राप्त करे। युद्धविद्या–क्षात्रकर्म करनेवाले वीर एवं उनके समर्थ सहयोगी गणों को राजा प्राप्त करे। स्व शक्ति के आधार पर कार्य करनेवाले वीर एवं उनके अनुकूल चलनेवालों को राजा प्राप्त करे।।16।।

''राज कर्मियों'' के साथ संचार करनेवालों का वर्णन इसके पूर्व किया गया है। इसके उपरान्त विशेष कहते हैं : ''इन्द्र (राजा) एवं अग्नि (प्रधान सेनापति) के योद्धा शत्रु की सेना के संहार के लिये मारक शस्त्र लिये हों।'' विश्वकर्मा–अनेक कर्म करनेवाले कर्मियों के अधीन नाना–नाना प्रकार के कर्मचारी हों। अर्थात् ''विश्वकर्मा विभाग–विज्ञान–प्रौद्योगिकी–यन्त्र सर्वस्व का है।।17।।''

संरक्षक एवं पालक ''सोम'' विभागाधीन धुमैले और ताम्र वर्ण के वस्त्र धारण करनेवाले हों। प्रजा पर अधिष्ठित पालक विभागवाले ताम्र रंग और धुमैले छाप वाले परिधान धारण करनेवाले हों। अग्रणी नेतृत्वकर्त्ता के अधीनस्थ कृष्ण रंग पर ताम्र चिन्ह वाले वस्त्र पहनें। ''त्र्यम्बक'' तीन–तीन रक्षणों सम्बन्धित कृष्ण रंग पर चितकबरे नाना रंगों के चिन्ह के गणवेष में रहें।।18।।

विभागों के कर्मियों के अनुचर भी यथायोग्य वस्त्र में रहें। ''कृषिकर्म'' विभागवाले कर्बुर वर्ण की पोशाक में रहें। ''वायु विभाग'' और ''विद्युत्'' विभाग कर्मी श्वेत वस्त्र धारण करें।।19।।

यजुर्वेद के 23वें अध्याय की इन ''ऋचाओं में शासन तन्त्र के सभी विभागों के नाम वैदिक देवताओं पर आधारित हैं। देवताओं के कार्यानुसार उन्हें विभागाध्यक्ष कहा गया है और विभाग के कर्मियों–लोकसेवकों को पोशाक के रंग भी निर्धारित किये गये हैं''।।19।।

हे मननशील! पक्षियों को वह ज्ञाता वसन्त ऋतु के लिये ''कपिंजल पक्षियों'' को अच्छी प्रकार से प्राप्त करे। साथ ही ''ग्रीष्म ऋतु के लिये चिरौटा'' नामक पक्षी गणों, ''वर्षा ऋतु के लिये तीतरों'', ''शरद ऋतु के लिये

बत्तखों'', ''हेमन्त ऋतु के लिये ककर नामक पक्षियों'' और ''शिशिर ऋतु के लिये विककर पक्षियों'' को प्राप्त करे।।20।।

पुरुष ''समुद्र देवता के लिये शिशुमारों'' (घडियालों) को प्राप्त करता है। ''पर्जन्य देवता के निमित्त मण्डूकों–मेंढक'' को प्राप्त करता है। ''जल देवता के निमित्त मत्स्यों'' को प्राप्त करता है। ''मित्र देवता के लिये कैकड़ों'' को और ''वरुण देवता'' के लिये नाकों'' (मगर जैसा जलजन्तु) को प्राप्त करता है। मनुष्य उपरोक्त देवताअें और उनके निमित्त प्राणियों को प्राप्त कर उनका विशेष अध्ययन करे। ''प्रकारान्तर में रूढ अर्थों में इन जन्तुओं को सम्बन्धित देवता का वाहन घोषित कर अर्थ का अनर्थ किया गया''।।21।।

पुरुष ''सोम के लिये हंसों'' को प्राप्त करता है। वेदानुसार सोम ब्रह्मज्ञान प्रदाता है (स्मृति में ज्ञान की अधिष्ठाता सरस्वती का वाहन हंस है।)। ''पवन के लिये बगुलों'', ''इन्द्र एवं अग्नि के लिये सारसों'', ''मित्र देव के लिये शतुर्मुर्गों'' और ''वरुण के लिये चक्रवातों–चकवों'' को अच्छी तरह प्राप्त करता है। इन सभी पक्षियों का ज्ञान मननशील विशेष रूप से उपार्जन करे।।22।।

पुरुष ''अग्नि के लिये कुटरू (मुर्गा)'' को प्राप्त होता है। ''वनस्पतियों के लिये उलूकों'', ''अग्नि एवं सोम के लिये चाष–नीलकण्ठ'' नामक पक्षियों को, ''अश्विनौ के निमित्त मयूरों'' और ''मित्र एवं वरुण के लिये कपोत'' को अच्छी प्रकार प्राप्त होता है। मननशील इन पक्षियों से संबंधित ज्ञानार्जन करे।।23।।

मननशील मनुष्य ''सोम के लिये लवा'' नामक पक्षी को प्राप्त होता है। ''त्वष्ट्र–विश्वकर्मन के लिये वया'' (बया–गौरया से मिलता जुलता पक्षी, जो अति सुन्दर घोंसला बुनने में सिद्धहस्त है।) नामक पक्षी को प्राप्त होता है। ''विदुषियों के लिये गुरुत्तल'' पक्षी को प्राप्त होता है। ''विदुषी एवं दिव्यगुण युक्त भगिनियों के लिये कुलीक'' नामक पक्षी को प्राप्त होता है। ''अग्नि की तरह सद्गृहस्थ पालक के लिये पारुष्ण'' नामक पक्षी को प्राप्त होता है। मननशील इन पक्षियों के सूक्ष्म अध्ययन द्वारा विशेष ज्ञान उपार्जन करे।।24।।

पुरुष ''दिन के लिये कपोत'' को प्राप्त करता है, क्योंकि कपोत उषःकाल होते ही घुत्कार करते हैं। कपोत शान्ति का प्रतीक है। कपोत का अनुसरण करते हुए मननशील मनुष्य भी उषःकाल से पहिले उठकर स्वाध्याय, यज्ञ, जपादि करे। ''रात्रि के कार्य के लिये सीचापू'' (सिचान का अर्थ बाज) नामक पक्षी को प्राप्त करता है। ''सन्ध्या के समय जतू (चमगादड़)'' को प्राप्त

करता है। जतू उस समय अच्छी प्रकार से देख सकता है। "मासों के उत्तम ज्ञान के लिये काले कौओं" को प्राप्त होता है। काक् की बुद्धिमता सर्वत्र विख्यात है। "संवत्सर को उत्तमता से जानने के लिये विशाल सुपर्ण" नामक पक्षियों को प्राप्त होता है। ये पक्षीगण दिनभर में क्या कर्म करते हैं और उनके कर्मों का परिणाम क्या होता है, यह ज्ञान प्राप्त करके उससे जीवन में लाभ प्राप्त करना चाहिये।।25।।

"पृथिवी" की श्रेष्ठता के लिये "मूषकों" का अध्ययन करे। मूषक खेत –खलिहान की उर्वरता में वृद्धि करते हैं। "अन्तरिक्ष विज्ञान" के लिये आकाश में "पंक्ति रूप से विहार करते पक्षियों" का अध्ययन करे। "प्रकाशार्थ कश" नामक पक्षियों को प्राप्त करे। "दिशाओं के ज्ञानार्थ नेवलों" का अध्ययन विशेष रूप से करे। "उपदिशाओं के ज्ञान के लिये बभ्रुक" नामक जन्तुओं का अध्ययन करे।।26।।

"वसु" अर्थात् वर्ष के ब्रह्मचारी के लिये "ऋष्य नामक मृगों" को प्राप्त कर विशेष अध्ययन करे। "प्रतीकात्मक रूप में मृग वेद है।" अर्थात् "ब्रह्मचारी सृष्टिविद्या–आत्मविद्या–ब्रह्मविद्या–तत्त्वज्ञान प्राप्त" करे। ब्रह्मचारियों के लिये "न्यड.कु मूंगों" को, समस्त दिव्यगुणों से युक्त देवों के लिये "पृषत जाति के मूंगों को" और "साध्य–योग साधनाशील पुरुषों के कुलूंग" मूंगों को ग्रहण करे। मूंगा आग्नेय वर्ण का होता है और अग्नि आदिज्ञानी है। इन सभी को ग्रहण करके मनुष्य इनके गुण–धर्म का सूक्ष्मतम ज्ञान प्राप्त करे।।27।।

मनुष्य ऐश्वर्य सम्पन्न सामर्थ्यवान् जन के लिये "परस्वत" मूंगों को प्राप्त करे। क्या परस्वत "पारस" का संकेत है? मित्र के लिये "गौर मृगों" को एवं "वरुण के लिये महिष" को देखना चाहिये। यह विडम्बना है कि पश्चिमी विद्वानों ने भ्रामक प्रचार किया कि महिष–भैंस भारतवर्ष में अफ्रीका से आये। यहाँ वैदिककाल अर्थात् 39 लाख वर्ष पूर्व रचित ऋग्वेद–यजुर्वेद में महिष का उल्लेख है। महारानी को राजमहिषी कहा गया है। "बृहस्पति के लिये गोमृग–नीलगाय" को देखना चाहिये। "दिव्य शिल्पकार" "त्वष्टा के लिये उष्ट्रों" का निरीक्षण करना चाहिये। उष्ट्र का अर्थ ऊँट है।।28।।

मननशील पुरुष प्रजा के लिये वीरों एवं हाथियों को प्राप्त करे। "वाणी" के लिये "प्लुषी" नामक जन्तुओं को प्राप्त करे। "नेत्र" के लिये "मच्छरों" को देखे और "श्रवणेन्दिय" के लिये "भृंगों" को प्राप्त करे। इन सभी का सूक्ष्मतम ज्ञान प्राप्त करना चाहिये।।29।।

प्रजा के पालक (प्रजापति) और वायु के समान वेग से जाने के लिये "गवय" (गोमृग) अनुकरण योग्य है। शत्रु निवारण के लिये "वन्य मेष"

अनुकरण योग्य है। "यम के लिये कृष्ण मेष अथवा कृष्ण महिष" अनुकरणीय है। आगम में इसी ऋचा–मन्त्र के आधार पर यम देवता का वाहन कृष्ण महिष (काला भैंसा) घोषित किया गया। "मनुष्य राजा के लिये मर्कट–बन्दर" को देखे। वन के राजा सिंह के लिये भक्षणार्थ एक मृग होता है। वनराज सिंह तृप्ति के बाद उस समय कोई शिकार नहीं करता है। वृषभ के लिये गो और प्रचण्ड वेग से झपटनेवाले दिव्य श्येन पक्षी के लिये बटेर प्राप्त होती है।

नीड में बैठनेवाले विशेष प्रजाति के पक्षी को कृमि–कीट भोजनार्थ प्राप्त होते हैं। महासागर में शिशुमार–घडियाल आश्रय लेते हैं। उसी शृंखला में विशालकाय हाथी हिमवान् पर्वत का आश्रय लेते हैं। "उसी क्रम में श्रेष्ठ–विद्वान्–ब्रह्मज्ञ जन भी उन्नत, महान, श्रेष्ठ राजा का ही आश्रय ग्रहण करते हैं।" "श्रेष्ठ राजा को भी चाहिये कि वह ब्रह्मज्ञानी, प्रशस्ततमकर्म कर्त्ता, विद्वान् को ही सभा में रखे।।30।।"

प्रजापति राजा के सुख के लिये मन्त्रमुग्ध गायन कर्त्ता संगीतज्ञ हो। ऊनादि के वस्त्र देनेवाला (वस्त्र सृजनकार), सिंह के समान निर्भय चक्षुवाला एवं बिलार के सदृश हृष्ट–पुष्ट, ये तीनों प्रकार के पुरुष प्रजा के पोषणकारी पदों के योग्य हैं। अग्रणी सेनानायक के अधीन शत्रु सेना को धुननेवाले योद्धा हों। त्वष्टा–विश्वकर्मा के अधीन धातुओं से यन्त्र–उपकरण निर्माता, पुष्कर एवं पुर निर्माता, सुदृढ़ दुर्ग रचयिता और मधुर ध्वनियों को प्रगट करनेवाले हों। राजा उत्तम श्रेष्ठ ज्ञान के लिये विद्वान् को प्राप्त करे।।31।।

सोम के निमित्त हिरण और पूषा देवता के लिये वन का मेष, नेवला एवं मधुमक्खियाँ हैं। इन्हें ये उपलब्ध किये जाने चाहिये। इन्द्र से संबंधित गौरमृग एवं माय देवता से सम्बद्ध शृगाल सियार है। अनुमति देवता के लिये न्यङ्.कु मृग विशेष, निद्व हिरण एवं कक्कट मृग है। प्रतिश्रुत्क देवता के लिये चक्रवाक–चकवा पक्षी है।।32।।

सूर्य देवता के लिये बगुली एवं शार्ग पक्षी हैं। मित्र देवता के लिये – चातक, सृजय एवं श्याण्डक पक्षी हैं। सरस्वती देवता के लिये मधुर कण्ठवाली मैना है। भूमि देवता के लिये सेधा और मन्यु देव के लिये–सिंह, सर्प एवं वृक है। समुद्र के लिये पुरुषवाक् का शुक–तोता आलम्भन करे।।33।।

पर्जन्य के लिये दिव्य श्येन पक्षी है। वायु देवता के निमित्त–आडी, वाहस एवं काष्ठकुट्ट है। वाणी एवं बुद्धि के स्वामी बृहस्पति के लिये पैंगराज पक्षी है। अन्तरिक्ष देवता के निमित्त अलज और नदपति समुद्र देवता के निमित्त मत्स्य, प्लव एवं मद्गु (मछली, जलकुक्कुट, कारंडव) है। द्यावा पृथिवी के लिये कूर्म है।।34।।

चन्द्रमा का भक्ष्य पुरुषमृग (हिममानव यति, वनमानुष) है। वनस्पति देवता के हविष्यान्न–गोह, कालका एवं सास अथवा कठफोड़ है। सविता देवता का ताम्रचू (मुर्गा) है। ताम्रचूड ही सूर्योदय की सूचना देता है। वायु का हंस है। समुद्र देव के लिये मगर जैसा नाक का शिशु, मगरमच्छ, कुलीपय और मत्स्य है। ''ह्री'' के लिए स्याही (सेही) है।।35।।

मृगी दिन के लिये आलभ्य है। सर्पों के लिये मेंढक, मूषक एवं तीतर है। देव चिकित्सक अश्विनौ के लिये लोपाश वनचर है। रात्रि देवता के निमित्त कृष्ण मृग है। इतर देवताओं के लिये रीक्ष, सुषिलीका एवं जतु है। सर्वत्र व्यापक विष्णु के लिये जहका नामवाली पक्षिणी है। जहक का अर्थ–सांप की केचली, समय एवं बालक है।।36।।

अर्धमास के निमित्त कोकिल है। कोकिल मधुर स्वर में गान करती है। गन्धर्व देवता के लिये ऋष्यमृग, मयूर और सुपर्ण–श्येन है। जलों के निमित्त कर्कट–उद्र–केकड़ा है। अप्सराओं के जीव रोहित मृग, कृण्डृवाची वनचरी एवं गोलत्तिका पक्षिणी है। मास देवता के लिये कूर्म है। मृत्यु देवता के लिये कृष्णमृग है।।37।।

ऋतुओं का वर्षा बुलानेवाला भेकी है। पितरों के निमित्त जीव हैं : चूहा, छुछुन्दर एवं मान्थाल छिपकली। बल देवता के लिये अजगर का आलम्भन करें। वसु देवताओं के निमित्त कपिंजल है। निर्ऋति (मृत्यु अथवा विनाश का देव, दक्षिण–पश्चिम कोण का अधिष्ठात्र देव) के निमित्त कपोत, उलूक एवं शश (खरगोश) है। वरुण देवता के लिये जंगली मेढ़ा है।।38।।

आदित्य देवों के लिये श्वेत अथवा चित्र विचित्र मृग है। मति देवता के निमित्त–ऊँट, घृणिवा–चील एवं वाघ्रीनस है। अरण्य देवता के लिये सिमरी नीलमृग है। रुद्र देवता के लिये रुरु मृग है। वाणी देव के लिये क्वथि (पक्षी), कुरुत एवं दात्यौया (कुक्कुट, कालकण्ठ–कौंवा) है। काम देवता के लिये पिक–कोकिल है।।39।।

विश्वेदेव के लिये ऊँचे तीक्ष्ण शृंगवान् गैण्डा है। असुर–राक्षसों के लिये काला कुत्ता, लम्बे कर्ण गदर्भ एवं व्याघ्र है। इन्द्र के लिये सूकर–वराह है। मरुत् देवता के लिये सिंह है। शख्या देवता के लिये गिरगिट, पपीहा एवं शकुनि है। विश्वेदेवों के लिये पृषत मृग है।।40।। चौबीसवां अध्याय।।

चौकें नहीं! अश्वमेध यज्ञ सम्बन्धित 24वें अध्याय में माध्यन्दिन शुक्ल के ब्रह्मर्षि याज्ञवल्क्य ने ''राज कौशल–शासन कला के सूत्र'' दिये हैं। ब्रह्मर्षि याज्ञवल्क्य ने राजतन्त्र के मन्त्रालयों–विभागों के नाम वैदिक देवताओं के नामों पर रखें हैं। अर्थात् विभाग प्रमुख अमुक देवता है और उस विभाग के कार्य

निर्धारित किये हैं। उन देवताओं के लिये चयनितों में सम्बन्धित देवता की विशेषतायें हों। इसके अलावा कार्यों के अनुरूप कर्मियों के परिधानों के रंग भी निर्धारित किये गये हैं। अध्याय में देवताओं के निमित्त पशु पक्षियों का भी वर्णन दिया गया है। "आगम में इनमें से अधिकांश देवों के वाहन कहलाये।"

इस अध्याय में रणयज्ञ के वीरों की विशेषताओं की भी व्याख्या की गई है। ऋग्वेद की परम्परा में राजा पद योग्य के चयन का संकेत है। "अश्वमेध यज्ञ के मन्त्रों में गणपति, अम्बिका एवं ब्रह्मा शब्द का आगम परक भावार्थ लेने से विभ्रम उत्पन्न हुआ।" यह उल्लेखनीय है कि यजुर्वेद के 16वें अध्याय "रुद्र सूक्त" में "त्र्यम्बक रुद्र तीनों लोकों के पिता महाकाल हैं। रुद्र ही गणपति एवं गणाध्यक्ष हैं।" अम्बा का अर्थ माता है। "अम्बिका जगन्माता और त्र्यम्बक रुद्र की भगिनी है।" वैदिक रुद्र ने अपने पुत्र प्रजापति का पातकी कर्म के लिये वध किया। "ऋग्वेद में गणेश, ब्रह्मा और रुद्र की पत्नी देवता नहीं हैं।" अतः इनका आगम परक अर्थ लेना वेद के विपरीत है।

शुक्ल यजुर्वेद के राजकौशल–शासन कला के कुछ सूत्र आचार्य विष्णु गुप्त कौटल्य के अर्थशास्त्र आदि में मिलते हैं।।चौबीसवां अध्याय समाप्त।।

अथ चतुर्विंशोऽध्यायः

अश्वस्तूरो गोमृगस्ते प्राजापत्याः कृष्णग्रीवा आग्रेयो
रराटे पुरस्तात्सारस्वती मेष्य–धस्ताद्धन्योरा–श्विनाव–
धोरामौ बाव्होः सौमपोष्णः श्यामो नाभ्या सौर्ययामौ
श्वेश्च कृष्णश्च पार्श्वयो–स्त्वाष्ट्रौ लोमश–सक्थौ
सक्थ्यो–र्वायव्यः श्वेतः पुच्छ इन्द्राय स्वपस्याय
वेह–द्वैष्णवो वामनः।।1।।
रोहित धूम्ररोहितः कर्कन्धु–रोहिस्ते सौम्य बभ्रुर–
रुणबभ्रुः शुकबभ्रुस्ते वारुणाः शितिरन्ध्रो–ऽन्यतः–
शितिरन्ध्रः समन्त–शितिरन्ध्रस्ते सावित्राः शितिबाहु–
रन्यतः–शितिबाहुः समन्त–शितिबाहुस्ते बार्हस्पत्याः
क्षुद्र–पृषती स्थूल–पृषती ता मैत्रावरुण्यः।।2।।
शुद्धवालः सर्वशुद्धवालो मणिवालस्त आश्विनाः श्येतः
श्येताक्षोऽरुणस्ते रुद्राय पशुपतये कर्णा यामा
अवलिप्ता रौद्रा नमोरूपाः पार्जन्याः।।3।।
पृश्निस्तिर–श्चीनपृश्नि–रूर्ध्वपृश्निस्ते मारुताः पलक्षी
ताः सारस्वत्यः प्लीहाकर्णः शुष्ठाकणौ–ऽध्यालोह–

कर्णस्ते त्वाष्ट्राः कृष्णग्रीवः शितिकक्षो–ऽजिसक्थस्त
ऐन्द्राग्नाः कृष्णांजि–रल्पांजि–र्महांजिस्त उषस्य।।4।।
शिल्पा वैश्वदेव्यो रोहिण्य–स्त्र्यवयो वाचे–ऽविज्ञाता
अदित्यै सरूपा धात्रे वत्सतर्यो देवानां पत्नीभ्यं।।5।।
कृष्णग्रीवा आग्नेयाः शितिभ्रवो वसूनां रोहिता रुद्राणां
श्वेता अवरोकिण आदित्यानां नमोरूपा पार्जन्याः।।6।।
उन्नत ऋषभो वामनस्त ऐन्द्रावैष्णवा उन्नतः
शितिबाहुः शितिपृष्ठस्त ऐन्द्रा–बार्हस्पत्याः शुकरूपा
वाजिनाः कल्माषा अग्निमारुताः श्यामाः पौष्णाः।।7।।
एता ऐन्द्राग्ना द्विरूपा अग्निषोमीया वामना अनड्.वाह
आग्नावैष्णवा वशा मैत्रावरुण्यो–ऽन्यत एन्यो मैत्र्यः।।8।।
कृष्णग्रीवा आग्नेया बभ्रवः सौम्याः श्वेता वायुय्या
अविज्ञाता अदित्यै सरूपा धात्रै वत्सतर्यो देवानां पत्नीभ्यः।।9।।
कृष्णा भौमा धूम्रा आन्तरिक्षा बृहन्तो दिव्याः शबला
वैद्युताः सिध्मास्तारकाः।।10।।
धूम्रान्व–सन्तायालभते श्वेता–न्ग्रीष्माय कृष्णा–न्वर्षाभ्यो–
ऽरुणांछरदे पृषतो हेमान्ताय पिशगां–न्छिशिराय।।11।।
त्र्यवयो गायत्र्यै पंचावय–स्त्रिष्टुभे दित्यवाहो जगत्यै
त्रिवत्सा अनुष्टुभे तुर्यवाह उष्णिहे।।12।।
षष्ठवाहो विराज उक्षाणो बृहत्या ऋषभाः ककुमेऽन–
ड्वाहः पड्.क्त्यै धेनवो–ऽतिच्छन्दसे।।13।।
कृष्णग्रीवा आग्नेया बभ्रवः सौम्या उपध्वस्ताः सावित्रा
वत्सतर्यः सारस्वत्यः श्यामाः पौष्णाः पृश्नयो मारुता
बहुरूपा वैश्वदेवा वशा द्यावापृथिवीयाः।।14।।
उक्ताः संचरा एता ऐन्द्राग्नाः कृष्णा वारुणाः पृश्नयो
मारुताः कायास्तूपराः।।15।।
अग्नयेऽनीकवते प्रथम–जानालभते मरुद्भयः
सान्तपनेभ्यः सवात्या–न्मरुद्भयो गृहमेधिभ्यो
बष्किहा–न्मरुद्भयः क्रीडिभ्यः संसृष्टा–न्मरुद्भयः
स्वतवद्भयो–ऽनुसृष्टान्।।16।।
उक्ताः संचरा एता ऐन्दाग्नाः प्राशृंगा महिन्द्रा
बहिरूपा वैश्वकर्मणाः।।17।।
धूम्रा बभ्रुनीकाशाः पितृणां सोमवतां बभ्रवो धूम्रनी–

काशाः पितृणां बर्हिपदां कृष्णा बभ्रूनी–काशाः पितृणाम–
ग्निष्वाप्तानां कृष्णा पृषन्त–स्त्रैयम्बकाः।।18।।
उक्ताः संचरा एताः शुनासीरीयाः श्वेता वायव्याः श्वेताः सौर्याः।।19।।
वसन्ताय कपिंजला–नालभते ग्रीष्माय कलविंका–
वर्षाभ्यस्ति–त्तिरींछरते वर्त्तिका हेमन्नाय ककरां–
छिशिराय विककरान्।।20।।
समुद्राय शिशुमारा–नालभते पर्जन्याय मण्डूका–
नद्भयो मत्स्या–न्मित्राय कुलीपया–न्वरुणाय नाक्रान्।।21।।
सोमाय हंसानालभते वायवे बलाका इन्द्राग्निभ्यां
कुंचा–न्मित्राय मद्गून्वरुणाय चक्रवाकान्।।22।।
अग्नये कुटरूनालभतें वनस्पतिभ्य उलेकान–ग्नीषोमाभ्यां
चाषान–श्विभ्यां मयूरा–न्मित्रावरुणाभ्यां कपोतान्।।23।।
सोमाय लबानालभते त्वष्ट्रे कौलीकान्गो–षादीर्देवानां
पत्नीभ्यः कुलीका देवजामि–भ्योऽग्नये गृहपतये पारुष्णान्।।24।।
अह्ने पारावता–नालभते रात्र्यै सीचापूर–होरात्रयोः
सन्धिभ्यो जतू–र्मासेभ्यो दात्यौहा–न्संवत्सराय महतः सुपर्णान्।।25।।
भूम्या आखूनालभते–ऽन्तरिक्षाय पांक्त्रान्दिवे कशा–
न्दिग्भ्यो नकुला–न्बभ्रुकानवान्तर–दिशाभ्यः।।26।।
वसुभ्य ऋश्यानालभते रुद्रेभ्यो रुरूनादित्येभ्यो
न्यङ्.कू–न्विश्वेभ्यो देवेभ्यः पृषता–न्त्साध्येभ्यः।।27।।
ईशानाय परस्वत आलभते मित्राय गौरान्वरुणाय
महिषा–न्बृहस्पतये गवयाँस्त्वष्ट्र उष्ट्रान्।।28।।
प्रजापतये पुरुषा–न्हस्तिन आलमते वाचे प्लुषी–
श्चक्षुषे मशकां–छ्रोत्राय भृंगाः।।29।।
प्रजापतये च वायवे च गोमृगो वरुणा–यारण्यो मेषो
यमाय कृष्णो मनुष्य–राजाय मर्कटः शार्दूलाय
रोहिदृषभाय गवयी क्षिप्रश्येनाय वर्तिका नीलंगोः
कृमिः समुद्राय शिशुमारो हिमवते हस्ती।।30।।
मयुः प्राजापत्य उलो हलिदणो वृषद्शस्ते धात्रे दिशां
कंको लोहिताहिः पुष्कर–सादस्ते त्वाष्ट्रा वाचे कुंचः।।31।।
सोमाय कुलंग आरण्योऽजो नकुलः शका ते पौष्णाः
क्रोष्टा मायोरिन्द्रस्य गौरमृगः पिद्वो न्यंकुः कक्कट–
स्तेऽनुमत्ये प्रतिश्रुत्कायै चक्रवाकः।।32।।

सौरी बलका शार्गः सृजयः श्याण्डकस्ते मैत्राः सरस्वत्यै
शारिः पुरुषवाक् श्वावि–दभौमी शार्दूलो वृक पृदाकुस्ते
मन्यवे सरस्वते शुकः पुरुषवाक् ।।33।।
सुपर्णः पार्जन्य अतिर्वाहसो दर्विदा ते वायवे बृहस्पतये
वाचस्पतये पैंगराजोऽलज आन्तरिक्षः प्लवो मद्गु–
त्स्यस्ते नदीपतये द्यावापृथिवीयः कूर्मः ।।34।।
पुरुषमृग–श्चन्द्रमसो गोधा कालका दार्वाघाटस्ते
वनस्पतीनां कृकवाकुः सावित्रो हंसयो वातस्य
नाक्रो मकरः कुलीपय–स्तेऽकूपास्य ह्वियै शल्यकः ।।35।।
एण्यह्वो मण्डूको मूषिका तित्तिरिस्ते सर्पाणां लोपाश
आश्विनः कृष्णो रात्र्या ऋक्षो जतूः सुषिलीका त
इतरजनानां जहका वैष्णवी ।।36।।
अन्यवापो–ऽधर्मामासानामृश्यो मयूरः सुपर्णस्ते
गन्धर्वाणाम–पामुद्रो मासां कश्यपो रोहित्कुण्डृणाची
गोलत्तिका तेऽप्सरसां मृत्यवेऽसितः ।।37।।
वर्षाहू–र्ऋतूनामास्वुः कशो मन्थालस्ते पितृणां बलाया–
जगरो वसूनां कपिंजलः कपोत उलूकः शशस्ते
निर्ऋत्यै वरुणा–यारण्यो मेषः ।।38।।
श्वित्र आदित्यानामुष्ट्रो घृणीवान्वा–र्धीनसस्ते मत्या
अरण्याय सृमरो रुरू गैद्र क्वयिः कटरुर्दा–त्यौहस्ते
वाजिनां कामाय पिकः ।।39।।
स्वंगो वैश्वदेवः श्वा कृष्णः कर्णो गदर्भस्त–रक्षुस्ते
रक्षसाभि–न्द्राय सूकरः सिंहो मारुतः कृकलासः
पिप्पका शकुनिस्ते शरव्यायै विश्वेषां देवानां पूषतः ।।40।।

।।इति चतुर्विंशोऽध्यायः।।

।।अश्वमेध।।अथ पंचविंशोऽध्यायः।।

भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम : भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः

देवता अविनाशी : पँच जन अविनाशी

राष्ट्र संवर्धन यज्ञ : चौतीस विभागों पर तृतीय नेत्र

राष्ट्र शरीरस्थ देवों का महाकुम्भ

दाँतों से अत्यन्त कोमल घास को; दाँतों के मूलों से कोमल घास के विस्तृत स्थान को; दाँतों के पृष्ठभागों से मृत्तिका को; डाढ़ों से तेग देवता को; जिव्हा के अग्र भाग से वाणी की अधिष्ठात्री देवता ''सरस्वती'' को; जिव्हा से ''उत्साद'' देवता (उत्साद का अर्थ नाश, क्षयादि एवं उत्सादनम् का अर्थ उन्नत होना, शरीर पर सुगन्धित पदार्थ मलना, खेत को भली–भाँति जोतना); तालु से ''अवक्रन्द'' देवता को (अवक्रन्द–शनैः रुदन करनेवाला, दहाड़नेवाला, हिनहिनानेवाला–अश्व); दोनों ठोढ़ी से अन्न को; मुख से ''आपः'' देवता को; दोनों अण्डकोशों से ''वृषण'' (रुद्र, शिव–जनन देवता) को; दाड़ी–मोंछ के बालों से ''आदित्यों'' को; दोनों भ्रुवों से ''पन्थदेव'' को; पलकों से ''द्यावापृथिवी'' (माता–पिता) को; नेत्र मध्यवर्ती दोनों पुतलियों से ''विद्युत् देवता'' को प्रसन्न करता हूँ। यह आहुति ''शुक्लदेव'' को अर्पित करता हूँ। ''कृष्णदेव'' के लिये यह आहुति देता हूँ। वैदिक दृष्टि से कृष्ण एवं शुक्ल दोनों ही सूर्य है। नेत्र के ऊपर के लोम ''पार'' देवता सम्बन्धी है, उनसे पार देवता को; नेत्र के अधोभाग के रोम ''अवार'' देवता है, उनसे अवार देवता को प्रसन्न करता हूँ।।1।।

प्राण से ''वात देवता'' को; अपान से नासिका के ''दो देवता'' को; नीचे के ओष्ठ से ''उपयाम'' देवता को; ऊपर के ओष्ठ से ''सत्'' देवता को; ऊपर की देहिक कान्ति से ''अन्तर देव'' को; नीचे की देहकान्ति से ''बाह्य देव'' को; मस्तक से ''प्रवेश होने योग्य देव'' को; शिर की अस्थि के सार भाग से स्तन ''यित्नु देव'' को; मस्तिष्क के मध्य स्थित मांस भाग से ''अशनी देव'' को; नेत्रतारक (चक्षुओं में स्थित पुतलियों) से ''विद्युत् देव'' को; दोनों कर्णों से ''श्रोत स्थानीय देव'' को; कण्ठ के नीचे के भाग से ''तेदनी देवता'' को; शिर से ''अदिति देवता'' को; अति जर्जरित शिरोभाग से मृत्यु के देवता ''निर्ऋति''

को; शब्दयुक्त अंगों से प्राणों को और शिखाभूत अंगों से रेष्म देवों को प्रसन्न करता हूँ।।12।।

केश से "मशकों से सम्बन्धित देवों" को; उत्तम कर्म करने एवं भार धारण करनेवाले स्कंध से "इन्द्र" को; शकुनि समान गमन से "बृहस्पति" को; वेगवान् साधनों से (खुर) "कूर्म" को; स्थूल गुल्फों से "आक्रमण देवता" को; गुल्फ के नीचे की नाडियों से "कपिंजलं देवता" को; जंघाओं से वेग के "अधिष्ठातृ देवता" को; दोनों बाहुओं से "मार्ग देवता" को; जम्बीर वृक्षाकार जानु से "आरण्य देवता" को; अतिशोभित जानुदेश से "अग्नि देवता" को; दोनों हाथों से "पूषा देवता" को; दोनों कन्धों से "अश्विनौ देव" को और अंसग्रन्थी से देवों के "शास्ता रुद्र" को प्रसन्न करता हूँ।।3।।

"अग्नि" के लिये दक्षिण पार्श्व की प्रथम अस्थि; दक्षिण पार्श्व की द्वितीय अस्थि "वायु देवता" के लिये; तृतीय अस्थि "इन्द्र" के लिये; चतुर्थ अस्थि "सोम देव" के लिये; पँचम अस्थि "अदिति देवता" के लिये; षष्ठी अस्थि "इन्द्राणी देवता" के लिये; सप्तमी अस्थि "रुद्रपुत्र मरुतों" के लिये; अष्टम अस्थि "बृहस्पति देव" के लिये; नवम अस्थि "अर्यमा देव" के लिये; दशवीं अस्थि "धाता" के लिये; एकादशी अस्थि "इन्द्र" के लिये; द्वादशवीं अस्थि देवों के सम्राट "वरुण" के निमित्त और त्रयोदशी अस्थि "यम" के लिये प्रसन्नता करनेवाली है।।4।।

वाम पार्श्व की प्रथम अस्थि "इन्द्र–अग्नि" के निमित्त; द्वितीय पसुली की अस्थि ज्ञान की देवता "सरस्वती" के लिये; तृतीय अस्थि "मित्र" देव की प्रीति के लिये; चतुर्थ अस्थि "आपः" देवता के लिये; पँचमी अस्थि मृत्यु देव "निर्ऋति" देवता के लिये; षष्ठी अस्थि "अग्नि–सोम" के लिये; सप्तमी अस्थि "सर्पा" के लिये; अष्टमी अस्थि सर्वत्र व्याप्त "विष्णु देवता" के लिये; नवमी अस्थि सर्व पालन पोषण कर्त्ता "पूषा" देवता के लिये; दशमी अस्थि देवों के शिल्पी–रचनाकार "त्वष्टा" के लिये; एकादशी अस्थि "देव योद्धा इन्द्र" के लिये; द्वादशी अस्थि सत्यपालक "वरुण" देवता के लिये; त्रयोदशी अस्थि "यम" के लिये; दायां पार्श्व भाग "द्यावापृथिवी" के निमित्त और उत्तर पार्श्व "सम्पूर्ण देवों" के लिये है।।5।।

"मरुत्गण" – सैनिकों की छावनियाँ ही "राष्ट्र के कन्धे" हैं। "समस्त देवों का उपदेश ही राष्ट्र का परम आधार है।" "शास्ता रुद्र" (पातकियों को कठोरतम दण्ड दाता) स्वरूप पुरुषों का शासन व्यवस्था में "द्वितीय स्थान" है। "सूर्य" सदृश तेजस्वी जनों का शासन में "तृतीय स्थान" है। "वायु" का पद दुष्ट पुरुषों का नाशक समान है। "अग्नि–सोम" अर्थात्

"सेनापति एवं राजा" दोनों तेजस्वी विशेष जन "राष्ट्र के दो नितम्ब" भागों के समान हैं। "हंसों के समान नीर–क्षीर–विवेक" दो विद्वान् "राष्ट्र शरीर के कटि प्रदेश" सदृश हैं। "इन्द्र एवं बृहस्पति" अर्थात् "सम्राट एवं महामात्य" राष्ट्र रूपी देह के जंघा तुल्य हैं। अति वेग से गमन करनेवाले "उरुओं के दोनों सन्धिभाग मित्र एवं वरुण" राष्ट्र शरीर के दो प्रधानाधिकारी हैं। राष्ट्र की विजय के लिये आक्रमण करना स्थूल जंघाओं के तुल्य है और दोनों नितम्बों के बीच गहरे स्थान के समान राष्ट्ररूपी सैन्य बल हैं।।6।।

स्थूल "आंतों" से "पूषा" देवता की; स्थूल "गुदा" से "अन्धे सांपों" की; "सामान्य गुदाओं" से "सर्पो" की; "कुटिलगामी सर्पों" की "आंतों" से और "वस्तिभाग" की तुलना "जलाशय–नदियों" से करो। "वर्षणकारी मेघों" को "वीर्य सेंचन में समर्थ अण्डकोशों" से; शेष भाग से बलवान् को; "वीर्य से प्रजा" को और पित्त के बल से खाये हुए पदार्थों की शरीरस्थ वायु मार्ग से दरार भागों की तुलना करो। साथ ही "शक्ति के संघों" से "शासन बल" की तुलना करो।।7।।

शरीर के "गोद" की भाग "इन्द्र" का है। "अदिति" देह में "पाद" है। "दिशाओं" का स्वरूप शरीर में "कन्धे एवं कोख" के मध्य की पसुलियाँ है। "अदिति, द्यौ, आकाश" ही शरीर में "तेजोमय अंग" के समान है। "मेघों का स्थान शरीर के "हृदयभाग रुधिर संचालक उपकरणों" के समान है। शरीरस्थ "पुरीतत् हृदय नाडी" "अन्तरिक्ष" स्थान में है। "पेट स्थित अंगों–अवयवों से आकाश" की तुलना करो। "हृदय" के दोनों पासों पर स्थित "फुस्फुसों" को चकवा–चकवी के समान समझो। "आकाश" की तुलना शरीर के "यकृत"–गुर्दे से करो। पर्वतों को शरीरस्थ यकृत मानो। "मेघों" को "प्लीहा" समझो। "क्लोमभ्ं–फेफड़े" के खण्डों से वाल्मीक (दीमक) के ढेरों की तुलना करो। "ग्लौ" नामक हृदय की विशेष नाडियों से "गुल्मों" की तुलना करो। राष्ट्र की "नदियों" को "रुधिर को वहन करनेवाली नाडियाँ" समझो। राष्ट्र में विद्यमान "जलाशयों" को शरीरस्थ कोखों के बीच रुधिर से भरे स्थान समझो। "महासागर" देह का "उदर" भाग है। "वैश्वानर अग्नि" की मुक्त अन्न को जीर्ण करनेवाली कान्तिजनक "जठराग्नि" से तुलना करो।।8।।

"नाभि" विशेष रूप से "लोकों को धारण करनेवाली शक्ति" के सदृश है। "यज्ञ का घृत" शरीरस्थ बलकारी "रस" है। शरीर में स्थित "पक्पररर" से राष्ट्र में स्थित "परिपक्व ज्ञानवान्" विद्वानों–आप्त पुरुषों से तुलना करो। "सूर्य रश्मियाँ" विशेष पूर्ण करनेवाली "वसादि" आदि धातुओं के सदृश है। शरीर में

स्थित उष्णता से प्रभातकाल में पड़े जल के ओस के फुहार से तुलना करो। वनस्पतियों और प्राणियों की वृद्धि करनेवाली शीतलता को शरीरस्थ वसा समझो। शरीर के अश्रुओं को वृक्षों को सींचनेवाले फुहार मानों। नेत्रों में उत्पन्न गीदों से आकाश में उत्पन्न विद्युतों की तुलना करो। शरीर के रुधिर से रक्षा करने योग्य पदार्थों की तुलना करो। शरीर के भिन्न–भिन्न अंगों को राष्ट्र के चित्र–विचित्र स्थानों के सदृश समझो। नक्षत्रों की तुलना शरीर रूप में करो। भूमि अथवा राष्ट्र के पृष्ठ की तुलना शरीर की त्वचा से करो। वरुण देवता के निमित्त यह आहुति समर्पित करते हैं।।9।।

जिस "परमात्मा के अन्दर सूर्यादि तेजवाले विद्यमान हैं, वह सर्वज्ञ, सर्वव्याप्त, सूक्ष्मातिसूक्ष्म एवं विराट् परमात्मा प्राणिमात्र की उत्पत्ति के पहिले परमव्योम में विद्यमान रहा। वह निराकार, निर्गुण, निष्काम, निश्चल, निरंजन, निर्विकार परमात्मा जगत् का एकमात्र स्वामी है।" वह परमेष्ठी ही भूलोक एवं द्युलोक को निराकाररूप में धारण कर रहा है। उस परमानन्द स्वरूप परमात्मा के लिये यह हवि समर्पित करते हैं।।10, 11।।

वह महान् सामर्थ्यवान् परमेष्ठी इस सजीव चर जगत् का इकलौता सम्राट है। वही दो पैर वाले मननशील मनुष्यादि और चौपाये आदि का भी स्वामी है। परमेष्ठी की महान् सामर्थ्यवान् बाहुओं के समान दिशायें–उपदिशायें जगत् में फैली हैं। अध्यात्मिक, दैविक, अधिभूत सुखस्वरूप, सर्वपालक, सर्वदिव्यगुण सम्पन्न परमेष्ठी के लिये हम यह हवि समर्पित करते हैं।।12।।

"एकमात्र परमेष्ठी ही आत्मशक्ति प्रदाता और शारीरिक बल का प्रदाता है। परमेष्ठी की सर्वोत्तम शिक्षा का समस्त देवगण पालन करते हैं अर्थात् शिक्षा अलंघनीय है।" परमेष्ठी का आश्रय अमृत–मोक्षस्वरूप–जीवन मृत्यु से मुक्ति है। साथ ही "परमेष्ठी का आश्रय (भक्ति, उपासना, स्तुति, स्वाध्याय, यज्ञ) नहीं करना ही साक्षात मृत्यु है।" उस परमानन्द स्वरूप महान् देव को हम समस्त प्रकार की हवि प्रेमपूर्वक समर्पित करते हैं।।13।।

हमें सभी प्रकार से अविनाशी, नित्य, अनेक फलों का प्रदाता, अभी तक अप्राप्य, सर्वज्ञ, विज्ञानस्वरूप, सुखमय, ऋत स्वरूप अनेक प्रकार के यज्ञ से सभी ओर से प्राप्त हो। जिस प्रकार समस्त देवता आलस्यरहित होकर प्रतिदिन रक्षा करनेवाले एवं निरन्तर हमारी वृद्धि में प्रवृत्त हैं, उसी प्रकार हमारा रूपान्तरण हो।।14।।

सबकी–वृद्धि–कल्याण–मंगल की कामना करनेवाली देवताओं की श्रेष्ठ बुद्धि और देवों का श्रेष्ठ दान हमें सभी ओर से प्राप्त हो (हम देवों के अनुसरण करते हुए–सर्वमंगल, सर्वकल्याण, लोक अभ्युदय आदि की मनसा–

वाचा–कर्मा कामना करें। हम दान देने में प्रवृत्त हों।)। हमें देवों का सखा भाव प्राप्त हो। ऋग्वेद के 10वें मण्डल के 53वीं ऋचा में कहा है : "मनुर्भव जनया दैव्य जनम्।।" "मनुष्य बने और देवत्व प्राप्त करें। मननशील मनुष्य जीवन का एकमात्र लक्ष्य पशुत्व भावों को त्यागकर मनुष्य से देवयोनि प्राप्ति है।" ऋग्वेद के दशम मण्डल के 63वें सूक्त में "देव मैत्री यज्ञ" का वर्णन है। देवगण हमे दीर्घायु प्रदान करने की अनुकम्पा करें।।15।।

हम आदि काल से विद्यमान् सनातन स्वयं प्रादुर्भूत अपौरुषेय वेद वाणी से अविनाशी शाश्वत भाग्य के देवता भग, मित्रवत मित्र देवता, आदित्यों की जननी अदिति देवता, देव सम्राट वरुण, देव चिकित्सक अश्विनौ, दिव्य सोम, पितरों के प्रधान–सूर्य स्वरूप अर्यमन् एवं दक्ष की प्रार्थना करते हैं। सौभाग्यशाली ज्ञान की अधिष्ठात्री सरस्वती देवता हम सभी का कल्याण करे। ।।16।।

ऋग्वेद में ब्रह्माण्डीय दिव्य "वायु" और पृथिवी की भौतिक "वात" दोनों के अलग–अलग सूक्त हैं। इस अध्याय में ब्रह्मर्षि याज्ञवल्क्य पृथिवी लोक की जीवन "वात" का उल्लेख कर रहे हैं।

हमारे लिये जगत् की सुखकारी–ओषधिगुणों से सम्पन्न–रोगनाशक वात–वायु का स्वच्छन्द प्रवाह हो। यह पृथिवीमाता–भूमिमाता अत्यन्त शस्यशालिनी हो। जगत् पिता (पिता का अर्थ पालक) द्यौ देवता सुखकारी तेज का विस्तार करे अथवा जीवनी शक्ति जल का विस्तार करे। सोम देवता हमें भैषज्यम् प्रदान करे। "ऋग्वेद के नवम मण्डल के अन्तिम सूक्त के अनुसार समस्त यज्ञीय ओषधियों में सोम है।" देव चिकित्सक अश्विनौ देवता मधुविद्या (सूर्यविद्या) के ज्ञाता हैं। अश्विनौ देवता धारण करनेवाले हैं। आप हमारे कथन स्वरूप प्रार्थना से प्रसन्न होकर अनुरूप सुख प्रदान करने का अनुग्रह करो। ।।17।।

हम अपनी रक्षा के लिये चर एवं अचर जगत् के रक्षक, बुद्धि को शुद्ध करनेवाले, जगत् को वश में रखनेवाले आदि परमात्मा को बुलाते हैं, अर्थात् परमात्मा की आराधना–उपासना–स्तुति–स्वाध्याय करते हैं। पालन– पोषण कर्त्ता पूषा देवता हमारे धन्य करनेवाले धनों की वृद्धि का कारक होवे। वह सर्वैश्वर्यवान्, बुद्धि के प्रेरक, रक्षक, पालक एवं अनुपहिंसित पूषा हमारे कल्याण के लिये होवे।।18।।

"अश्वमेध यज्ञ का यह मन्त्र समस्त कर्मकाण्ड में सर्वाधिक प्रचलित है।" "महत् कीर्तिमान् सर्वैश्वर्यवान् परमेश्वर हमें अध्यात्मिक, अधिदैविक, अधिभूत सुख प्रदान करे। समस्त ज्ञानस्वरूप–ब्रह्मविद्या सृष्टिविद्या आत्मविद्या

(वेद) का स्वामी परमेश्वर हमारे लिये कल्याणकारी हो। व्यापकतम सर्वशक्तिमान् अखण्डनीय नित्य स्वरूप परमेश्वर हमारे लिये स्वस्तिदायक हो। मह तत्त्वादि का पालक बृहस्पति–ब्रह्मणस्पति परमात्मा देवता हमारे लिये आनन्द विधायक हो''।।19।।

महान् आकाश को व्यापनेवाले, अन्तरिक्ष में उत्पन्न अथवा मेघों के उत्पादक, प्रजा के कल्याण के लिये गमन करनेवाले, गगन विहार करनेवाले, अग्नि जिव्हा, सूर्य समान प्रकाशित नेत्रवाले, जल स्तम्भक, दिव्यगुण युक्त, देवों के शास्ता रुद्र के पुत्र मरुत् अपने रक्षण सामर्थ्य के साथ यहाँ पधारने का अनुग्रह करें।।20।।

इस मन्त्र में दो उपदेश हैं : ''कर्णेभिः भद्रं श्रुणुयाम'' एवं ''भद्रं अक्षभिः पश्येम।'' (कर्णों से कल्याणकारी वचनों का श्रवण करें एवं सुख कल्याण परक को ही नेत्रों से देखें।) (इसका अर्थ यह भी है कि जगत् के प्रत्येक छोर से कल्याणकारी विचारों का स्वागत है।)।

हे दिव्यगुणोंवाले! हम कानों से शुभ कल्याणकारी वचनों का श्रवण करें। हे यजन करनेवालो! हम सदैव सुख कल्याणकारक पदार्थों का ही दर्शन करें। हम दृढ़ अंगों से परमात्मा की स्तुति करते हुए विद्वानों द्वारा निश्चित आयु को विशेष प्रकार से विविध उपायों से प्राप्त करनेवाले हों।।21।।

हे देवताओं! आपके समीप सौ शरत् काल का जीवन वृद्धावस्था तक बना रहने का अनुग्रह करो। इस अवधि में पुत्र भी पितर का रूप ले लेता है। आप हमारी आयु मध्य में विनष्ट नहीं करो।।22।। ''नः आयुः मध्या मा रीरिषत'' अर्थात् आयु पूर्ण 120 वर्षों से पहिले समाप्त नहीं हो। वैदिक काल में पूर्ण आयु 120 वर्ष कही गई है। उसके पूर्व कदापि मरण नहीं आ जाय।

द्यौ–द्यौस् अनन्त–अक्षय–अखण्ड ऊर्जा शक्ति है। अन्तरिक्ष अविनाशी (अदिति) शक्ति है। वैदिक दृष्टि से अन्तरिक्ष, आकाश और परमव्योम–महाकाश है। इसी शृंखला में देवता, ईश्वर और परमेश्वर है। ऋषि भी सात प्रकार के हैं : ब्रह्मषि, देवर्षि, महर्षि, परमर्षि, काण्डर्षि, श्रुतर्षि एवं राजर्षि। इसीलिये इस मन्त्र में अन्तरिक्ष और द्यौ को पृथक्–पृथक् कहा गया है। यद्यपि वर्तमान विज्ञान केवल अन्तरिक्ष को ही समझने में लगा है। हमारे सौरमण्डल के अनेक ग्रहों तक अन्तरिक्ष यान नहीं पहुँच सके हैं। दूसरे सौरमण्डल–ब्रह्माण्ड में जाने की कल्पना ही नहीं है। वैदिक भरद्वाज ब्रह्मर्षि कृत ''अंशुबोधिनी शास्त्र'' में सूर्य किरणों के विभाजन और किरण की ऊर्जा–शक्ति की अत्यन्त उन्नत प्रौद्योगिकी की व्याख्या है। आधुनिक विज्ञानदां सूर्य रश्मि विभाजन पर अनुत्तरित हैं। वैमानिक शास्त्र (ब्रह्मर्षि

भरद्वाज कृत) में दूसरे ब्रह्माण्डों में जानेवाले विमानों का वर्णन है। यह उल्लेखनीय है कि अभी तक भौतिक विज्ञान अग्नि की शक्ति तक पहुँचा है। परन्तु वैदिक ऋषि अग्नि, सूर्य, आपः, जल, परमाणु की शक्ति से इतर "संकल्प की शक्ति" के ज्ञाता रहे। यह स्मरण रहे कि ब्रह्मर्षि याज्ञवल्क्य को शुक्ल यजुर्वेद का ज्ञान स्वयं सूर्य देवता ने दिया। अतः वेद में वर्तमान विज्ञान –प्रौद्योगिकी से अत्यन्त उन्नततम दिव्य विज्ञान–प्रौद्योगिकी का वर्णन है।

सम्पूर्ण जगत् का निर्माण करनेवाली महाप्रकृति अथवा अविनाशी पृथिवी माता है। वह सर्वपालक परमात्मा और पुरुष देह का पालन करनेवाला जीव भी नाशशील नहीं है (ये ही पिता–पुत्र हैं।)। विश्वेदेव–समस्त देव भी अखण्डित अविनाशी (अदिति) हैं। पँच जन–देवता, गन्धर्व, नाग, मनुष्य और पितर भी अविनाशी हैं। "पँच जन का अर्थ वर्णों से लेना उचित नहीं है, क्योंकि वैदिक काल में सभी कार्यों का वरण करने को स्वतन्त्र थे। कार्य वरण ही वर्ण रहा।" परमव्योम में उत्पन्न पँच महाभूतों के सूक्ष्म भूत से उत्पन्न जगत भी नाशवान् नहीं है। पँच महाभूत सृष्टि के समापन–प्रलय काल में ही आदिभूत में समा जाते हैं। जो आगे पैदा होता है वह भी सत् तत्त्व के कारण विनष्ट नहीं होता है। इस प्रकार द्युलोक, अन्तरिक्ष, भूलोक, विश्वेदेव, पँचजन आदि सभी अविनाशी हैं। इसमें से कुछ नष्ट होने पर उसके स्थान समरूप दूसरा आता है और समूचा विश्व स्थायी रहता है।।23।।

मित्र देव, वरुण, अर्यमा, वायु, इन्द्र, मरुत् एवं ऋभुक्षा देवता (ऋग्वेद के अनुसार ऋभु वायुस्थानीय देवता है।।9.21.6।। ऋभुः का अर्थ दिव्यता, देव है, वहीं ऋभुक्षः का अर्थ "ऋभवो देव क्षियन्ति वसन्ति अत्रेति–ऋभु + क्षि + ड।।" इन्द्र, स्वर्ग। आगम के अनुसार ऋभु देवताओं के भी देव हैं। उनके लिये देवता भी यज्ञ करते हैं।) कभी हमारा त्याग (उपेक्षा) नहीं करें। क्योंकि हम दिव्यगुणों से प्रसिद्ध सवैश्वर्यवान्, अश्व के समान बलवान्, देवों के बल पराक्रम एवं महान् सामर्थ्यवान् का ही विशेष रूप से वर्णन करते हैं।।24।।

जो मनुष्य विशुद्ध सवैश्वर्ययुक्त परमेष्ठी द्वारा प्रदत्त अध्यात्मिक, अधिदैविक, अधिभूत धन को प्राप्त कर उसको ही मुख्य मानता है, वह सुख से पूर्व दिशा में प्राप्त सूर्य के सदृश तेजस्वी समस्त विश्व का प्रकाशक अविनाशी जीव सबको चलाता है। वह इन्द्र एवं पूषा के प्रिय मार्ग को प्राप्त करता है। ।।25।।

जब समस्त दिव्यगुणोंयुक्त पुरुषों में यह अग्रणी बलवान् वीरगणों के साथ आगे रखा जाता है, तब वह अरिहन्त वीर ही संरक्षक राष्ट्र के साथ

सबको प्रिय लगनेवाले सर्वप्रथम देने योग्य अधिकारी को उत्तम यश के लिये प्राप्त करता है।।26।।

जब श्रेष्ठ हवि रूप पवित्र और देवों को प्राप्त करने योग्य अश्व सदृश शक्तिशाली "राष्ट्र के अधिपति को ऋतु के अनुसार सम्पूर्ण राष्ट्र में तीन वार परिक्रमा करवाते हैं", तब वे पोषक सर्वप्रथम भाग रूप सबको प्रेरणा देनेवाला विद्वान् समस्त विद्वानों के हितार्थ यज्ञ के योग्य प्रजा पालक राजा को विज्ञापित करने के लिये कार्य करता है।

राष्ट्र संवर्धन यज्ञ–अश्वमेध यज्ञ का उपदेश है कि "राष्ट्र का अधिपति सम्पूर्ण राष्ट्र की वर्ष में तीन वार परिक्रमा कर वास्तविकता से साक्षात्कार करे। साथ ही प्रत्येक क्षेत्र के विद्वानों को राष्ट्र संवर्धन में सहभागी बनावे। समस्त पुरों के सभी क्षेत्रों में प्रगति करे और प्रगति में अवरोधों पर मंथन करे।"

ऋग्वेद के अश्वमेध सूक्त का यह शुक्ल यजुर्वेदीय विस्तार है। ऋग्वेद में अश्व यज्ञेवदी की तीन परिक्रमा कर उत्कृष्ट देवस्वरूप–यज्ञस्वरूप हो जाता है। अश्वमेध यज्ञ का उत्कृष्ट देव अश्व सर्वत्र यज्ञ ज्ञान का प्रसार करता है। "अश्वमेध यज्ञ जगत् को–राष्ट्र को यज्ञमय स्वरूप देने की प्रक्रिया है।" ऋग्वेदीय अश्वमेध यज्ञ में अश्व के साथ ब्रह्मविद्याविद्, वेदज्ञ, विद्वान् आदि की मण्डली वेद विद्या की व्याख्या करती चलती है।

"अत्र पूष्णः भागः अजः देवेभ्यः यज्ञं निवेदयन एति" का अर्थ है कि इस समय पोषण करनेवालों में प्रथम स्थान में रहने वाला अग्रगामी प्रगतिशील कर्त्ता देवों–श्रेष्ठों के लिये राष्ट्र की वस्तुस्थिति का निवेदन करता हुआ आगे बढ़ता है।।27।।

हवन करनेवाला होता, पोता, अध्वर्यु, प्रति प्रस्थाता, अग्निध्र, प्रशास्ता, उत्तम मेधावी ब्रह्मा आदि ऋत्विज्ो! आप इन सुप्रसिद्ध ब्रह्मविदों के हवि दक्षिणा से अलंकृत करके उन्हें (विद्वानों को) संतुष्ट करो। ऋग्वेद के दक्षिणा सूक्त में यज्ञादि कर्म के बाद पुष्फल दक्षिणा का निर्देश है। ऋग्वेदानुसार दक्षिणा देनेवाला भी ब्रह्मविद् है। "ऋग्वेद में निर्देश है कि यज्ञ में पधारनेवाले ब्रह्मज्ञ–विद्वान् ब्रह्मविद्या का प्रवचन अवश्य दें।" इसलिये उन्हें दक्षिणा का प्रावधान है। "ऋग्वेदकाल में ओषधियों के महायज्ञ के साथ ज्ञानयज्ञ की भी समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा रही। ज्ञानयज्ञ से जम्बूद्वीप यज्ञीयद्वीप बना रहा"।।28।।

जो यज्ञयूप के लिये वृक्ष का चयन कर यूप की रचना करते हैं; वो मनोहारी लक्षित यूप को लेकर यज्ञवेदी तक चलते हैं; जो अश्व बाँधनेवाले

चाषाल को बनाते हैं; जो अश्व को यज्ञयूप से बांधने से पूर्व काष्ठ को सिद्ध करते हैं (वृक्ष को काटने से पहिले अनुमति लेते हैं एवं अर्चना करते हैं।) (यज्ञयूप– यज्ञ का ध्वज है।); उन सभी द्वारा किया उत्तम उद्यम हमारा हित करे।।29।। ऋग्वेद के अनुसार यज्ञ नदियों के किनारे (वृक्षों के गुल्म के मध्य) और आकाश के नीचे ही सम्पन्न हो। ऋग्वेद में स्वतन्त्र यज्ञयूप सूक्त है। यज्ञयूप यज्ञीय हवियों के धूम को अंशु से सम्बद्ध करता है। सूर्य की रश्मियाँ हवि धूम को द्युलोक पहुँचाती हैं। वैज्ञानिक रूप से वृक्ष विषाक्त धूम का आहार करेंगे और स्वयं जीवनीवायु (ऑक्सीजन) प्रदान करेंगे। यह समूची प्रक्रिया वायुशोधन की है। ऋग्वेद के अनुसार यज्ञ में सुगन्धित द्रव्य हवि रूप में समर्पित करने चाहिये। जिससे वातावरण सुगन्धित रहता है।

जो प्रजाजनों के हित के लिये, सबको आश्रय देने में समर्थ, स्वयं मुझे अनायास ही प्राप्त हुआ है। वही विद्वानों के नाना स्थानों में निवास करनेवाली प्रजा का भी पालन–पोषण करता है। इसके (परमेष्ठी) के समीप रहकर ब्रह्मज्ञानी विद्वान् ऋषि आदि प्रसन्न होते हैं। हम हृष्टपुष्ट दिव्य प्रजाजनों के बीच और विजयशील सैनिकों आदि के उत्तम बन्धु राजा को नियत करें।।30।। इससे पहिले "ऋग्वेद में राजा के चयन (चुनाव) का उल्लेख है।" वैदिक ऋचाओं में राजा की विशेषताओं की विस्तृत व्याख्या की गई है।

अश्वमेध यज्ञ के प्रचण्ड वेगवान् अश्व का ग्रीवा बन्धन रज्जू, पाद बन्धन रज्जू, शिरोबन्ध की रज्जू, कटिबन्ध रज्जू और मुख में कोमल आदि समस्त वस्तुएँ देवों को प्रिय हों।।31।।

सर्वत्र यज्ञज्ञान का प्रसार करनेवाले, उत्कृष्ट देवस्वरूप, विजय करनेवाले यज्ञीय अश्व के मुख में जो अंश रहता है अथवा जो शस्त्रों में लगा रहता है, जो भाग शान्ति करनेवाले पुरुषों के हाथों में है और जो भाग इन्दिय रहित स्थिति में होनेवाला है उसके प्रबन्ध के कार्यों में राष्ट्र जो भाग है वे सभी कार्य दिव्यजनों के अधीन हों।।32।।

पेट–उदर के कोष्ठ से जो मल निकलता है और जो आपके अन्न का (दु) गन्ध है। उसको शान्ति करनेवाले अच्छी प्रकार से सिद्ध करें। यह ध्यान रहे कि जिसका सुन्दर पाक बने उस अन्न को पकावें। इसका अर्थ राष्ट्र के सम्बन्ध में लें।।33।।

हे मननशील! शूल हल आदि से खोदे गये और अग्नि के संतापक सूर्य द्वारा परिपक्व किये हुए खेत से जो भाग अलग रहा है वह भाग अन्य भूमि के साथ व्यर्थ नहीं पड़ा रहे। उस भाग को तृण की उपज में नहीं

मिलाया जाये। प्रत्युत वह भाग बल चाहनेवाले विद्वान पुरुषों को समर्पित करें। वे पुरुष उसमें उत्तम पाक उत्पन्न करें और धान्य प्राप्त करें।

जो राष्ट्र को अत्यन्त परिपक्व खेतोंवाला–कृषिभूमिवाला–हरित क्षेत्र चारों ओर देखते हैं, और जो इसके विषय में कहते हैं कि, यह भूमि बहुत उत्तम परिपक्व धान्य के गन्ध से युक्त है, इसे अच्छी तरह काटो। अर्थात् वैदिक काल में यह द्वीप धान्य का कटोरा रहा एवं वैश्विक हरित भूमि रही। संस्कृत के प्रख्यात विद्वान् डॉ. सम्पूर्णानन्द ने "आर्यों के आदिदेश" में तथ्य एवं प्रमाणों के आधार पर लिखा : "उनतालीस (39) लाख वर्ष पूर्व दृषद्वती महानद एवं सरस्वती महानदों के किनारे पर ऋग्वेद की रचना हुई। यह ही आर्यों–श्रेष्ठ जनों का आदिदेश है।" प्रोफेसर रामविलास शर्मा ने "पश्चिमी एशिया और ऋग्वेद" में इसकी पुष्टि की है। यद्यपि "ओरायन" में और "इन्द्रविजय" में आर्यों एवं इन्द्र का क्षेत्र क्रमशः "उत्तरी ध्रुव" एवं "साईबेरिया" कहा गया है। इसी के कारण बीसवीं सदी में अप्रत्याशित रूप से आर्य एवं द्रविड का मतभेद पैदा किया गया। परन्तु ऋग्वेद और यजुर्वेद में वर्णित हरित क्षेत्र आदि दृषद्वती–सरस्वती के क्षेत्रों अर्थात् जम्बूद्वीप भारतवर्ष में रहा और है। वहीं उत्तरी ध्रुव साईबेरिया वर्षभर हिम आच्छादित रहता है।

जो इस भोगयोग्य राष्ट्र के मनमोहक शरीर में मांसवर्धक धान्य चाहते हैं, उनका उद्यम हमें सफलतापूर्वक प्राप्त हो।।35।।

जो शरीरवर्धक नाना फलों को देनेवाली पृथिवी की भली–भाँति देखभाल करता है; जो पालन करनेवाले जल के सेवन के साधन–कुए, झरने, सरोवर, नदी आदि हैं, जो विचरनेवाले यायावरों का ग्रीष्मकाल में सुखकारी विश्राम है और जो स्थान–स्थान पर है, वे स्थान प्रगमनशील को सर्वत्र अलंकृत करते हैं।।36।।

आपको धूम गन्धवाला अग्नि पीड़ित नहीं करे (राष्ट्र में प्रदूषण नहीं हो, शुद्ध निर्मल पवित्र वायु हो।)। तेज प्रकाशित हुई उषा व्याधि (ग्रीष्मऋतु का महाताप) उदिग्न नहीं करे (ऋग्वेद सृजनस्थली दृषद्वती–सरस्वती क्षेत्र में महाताप वाला क्षेत्र संस्कृति नगरी उज्जैन में ग्रीष्म ऋतु का प्रकोप रहता है। उज्जैन में वैदिक परम्परा के ऋषि गण रहे।)। सबके प्रिय, कान्तिमान्, तेजस्वी, परिश्रमी उस प्रगतिशील नरश्रेष्ठ जैसे आपको ही विद्वान् जन अपना नेता स्वीकार करते हैं।।37।।

आप–अश्व का निकलना, बैठना, इधर–उधर लेटना, पछाड़ी और पीना, घास का भक्षण करना, वे सभी क्रियायें–उत्तम दिव्य गुण वाले विद्वानों में भी प्राप्ति देनेवाले हों।।38।। अश्व रूपी ब्रह्म–सोम–यज्ञ–सृष्टि–पुरुष–सर्वत्र

व्याप्त–व्यापनशील–सूर्य–अग्नि–कालादि के नियम शाश्वत हैं। ये शाश्वत नियम अलंघनीय हैं। दूसरे, सूर्य एवं अग्नि आदि ज्ञानी हैं। अश्व का अर्थ कल नहीं है, मात्र वर्तमान है। अर्थात् कल पर विचार नहीं करें। अश्व प्रशस्ततमकर्म–सत्कर्म–शुभकर्म यज्ञ है। अश्व सोम होने से अमरता प्रदाता है। अश्व काल होने से निरन्तर चलायमान् है, काल को विश्राम कहाँ? काल राष्ट्र है, जगत्। जगत् में राष्ट्र में सभी का कल्याण हो, अभ्युदय हो। अश्व–विशुद्ध शाकाहारी है। अश्व व्यापनशील होने से ब्रह्म है। अश्व ही एकमात्र "पूर्ण पुरुष" होने से परमेष्ठी है। स्तनधारी सभी प्राणी अर्धनारीश्वर हैं, परन्तु अश्व उनसे इतर है। शक्तिमापन का मानक भी अश्वशक्ति है। पश्चिमी देशों एवं भौतिक विज्ञान ने भी मानक वेद के पदचिन्हों पर अश्वशक्ति रखा है (भलेमानुष सिंहशक्ति, गजशक्ति, सूकरशक्ति क्यों नहीं रखा?)।

ब्रह्मर्षि याज्ञवल्क्य इस मन्त्र से विद्वानों को परमपुरुष अश्व के दिव्यगुणों को आत्मसात करने का उपदेश दे रहे हैं।।38।।

इस उत्कृष्ट देव यज्ञीय अश्व के ऊपर ओढ़ने का यह विशाल वस्त्र है। यज्ञीय अश्व को स्वर्णाभूषण से अलंकृत किया जाता है। इसे शिरोबन्ध और पादबन्धन धारण करवाते हैं। ये सभी कर्म अश्वमेध यज्ञ के अश्व को देवों में प्राप्त होने का प्रयत्न करानेवाले हैं।।39।।

अपने तेज से शीघ्रता द्वारा कार्य करनेवाले आपके शत्रु, आपको पीछे से आक्रमण करके पीड़ा पहुँचाते हैं। मैं पुरोहित आपके उन घावों को स्रुवा के द्वारा यज्ञों में हविः के समान मन्त्र के द्वारा दूर करता हूँ।।40।।

स्वयं समस्त राष्ट्र एवं जगत् को धारण करने में समर्थ, सामर्थ्यवान्, विद्वानों के बन्धु पुरुष ही अश्व के चौतीस अंगों को भली प्रकार अपने अधीन कर लेता है। हे श्रेष्ठ पुरुष! आप राष्ट्र के अंगों को अपने प्रयत्न द्वारा त्रुटि रहित करो। साथ ही प्रत्येक अंग–प्रत्येक विभाग को विविध प्रकार से ठीक करो।।41।।

दीप्तमान् सूर्य के आशुगामी काल का विभाजन करनेवाला एक ऋतु–पूर्ण वत्सर है। उसके दो नियन्ता–अयन होते हैं। हे दीप्तमान् सूर्य के आशुगामी काल! आपके गात्र सम्बन्धी पिण्डों के जो खण्ड करता हूँ, वे समस्त वसन्तादि के यज्ञ के समय में ऋतु सम्बन्धी पदार्थों को हवि में समर्पित करता हूँ।।42।।

आपकी प्रिय आत्मा प्रयाण करते समय आपको पीड़ित नहीं करे। आपके शरीर के भागों पर शस्त्र अधिकार नहीं करे। उत्तम शासन नहीं

करनेवाला कोई भी आपके भीतर विद्यमान त्रुटियों को छोड़कर निष्प्रयोजन करे। अर्थात् अंगों को छेजन नहीं करे।।43।।

हे अश्व! आप इसतरह कभी मृत्यु को प्राप्त नहीं होते हो (ऋग्वेद के अनुसार अश्वमेध यज्ञ का अश्व यज्ञवेदी की तीन परिक्रमा से पूजनीय हो जाता है। वह उत्कृष्ट देव स्वरूप हो जाता है और अमर हो जाता है। यह स्मरण रहे कि उत्कृष्ट देव की हिंसा नहीं की जा सकती है। यज्ञ के पर्याय अध्वर का अर्थ ही है कि जिसकी हिंसा नहीं की जा सकती है। वेद के ज्ञानखण्ड ऋग्वेद में सभी यज्ञ अहिंसक हैं।)। आप (अश्व) उत्कृष्ट देवत्व प्राप्त कर सुन्दर मार्गों से देवों के पास गमन करते हो। आपके राष्ट्ररूपी रथ के संचालक दोनों हृष्ट–पुष्ट अश्व के समान अत्यन्त दक्ष, राजकौशल में निष्णात नियुक्त होवें। महामात्य (महामन्त्री) के पद पर ज्ञानेश्वर्यवान् को ही नियुक्त किया जाय।।44।।

बलवान् राष्ट्र अधिपति हमें श्रेष्ठ गोधन, उत्तम अश्व, वीर पुरुष, उत्तम पुत्र (पुन्नाम्नो नरकाद्यस्मात् त्रायते पितरंसुतः, तस्मात्पुत्र इति प्रोक्तः स्वयमेव स्वयंभुवा) (पुत्र अथवा पुत्री का अर्थ पितरों का तारणहार है।) और संसार के पोषण करने में समर्थ सम्पत्ति प्रदान करे। हे राजन! आप अखण्ड्य हैं, हमें निष्पाप बनावें। हमारे राष्ट्र को भोक्ता–श्रेष्ठ पुरुष अश्व के समान सर्वशक्तिमान हो। वह अन्नादि सर्वसमृद्धि से युक्त होकर क्षात्र बल को प्राप्त करे।।45।।

हम अश्वमेध यज्ञ–राष्ट्र संवर्धन यज्ञ के द्वारा तीनों भुवनों को विजित करते हैं अर्थात् सुख प्राप्त करते हैं। गणों के सहित इन्द्र एवं सम्पूर्ण देवगण, द्वादश आदित्य, उन्चास मरत् गणों के साथ हमारे लिये भैषज्य करें। ऐश्वर्यवान् इन्द्र, अदिति पुत्र आदि के साथ हमारे यज्ञ, शरीर एवं पुत्रादि को श्रेष्ठ गुणों से सम्पन्न करें।।46।।

हे निर्मल स्वभाव! हे अग्ने! आप वसु स्वरूपजनों के निवास स्वरूप, आहवनीयादि रूप से गमनशील और अध्यात्मिक, अधिदैविक, अधिभूत धन दान करने से कीर्तिमान् हो। आप हमारे अत्यन्त समीपवर्ती, संरक्षक, मंगलरूप, पुत्रादि समूह अथवा धर के लिये हितकारी हो। आप होम–यज्ञ स्थान में अवस्थित हो, वेदी में व्याप्त हो। आप हमें अति दीप्ति से युक्त धन (धन्य करने वाला, ज्ञानधन–विद्याधन, प्रज्ञाधन, तपोधन, प्राणधन, यशोधन, कीर्तिधन, संतोषधन, ब्रह्मज्ञानधन, समभावधन, भगवद्नामधन, आरोग्यधन, आयुष्यधन, कुलधन, निधि, सम्पदा आदि) प्रदान करने का अनुग्रह करो। अत्यन्त कान्तिमान, सबको प्रदीप्त कर्त्ता एवं पूर्वोक्त गुण सम्पन्न आपको मित्रों के लिये

सुन्दर सर्वैश्वर्य के लिये प्रार्थना करते है।।47।। इति अश्वमेध यज्ञ प्रकरण।। पच्चीसवाँ अध्याय समाप्त।।

अथ पंचविंशोऽध्यायः

शादं दद्भिरवकां दन्तमूलैर्मृदं बर्स्वै–स्तेगान्दं–ब्ट्राभ्यां
सरस्वत्या अग्रजिव्हं जिव्हाया उत्सादम–वक्रन्देन तालु
वाजं हनुभ्यामप आस्येन वृषण–माण्डाभ्या–मादित्याँ
श्मश्रुभिः पन्थानं भ्रूभ्यां वर्तोभ्यां विद्युतं कनीन–
काभ्यां शुक्लाय स्वाहा पार्याणि पक्ष्माण्यवार्या
इक्षवो–ऽवार्याणि पक्ष्माणि पार्या इक्षवः।। 1।।
वातं प्राणेनापानेन नासिके उपयाम–मधरेणौष्ठेन
सदुत्तरेण प्रकाशे–नान्तरम–नूकाशेन बाह्यं निवेष्यं
मूर्ध्ना स्तनयित्नुं निर्बाधे–नाशनिं मस्तिष्केण
विद्युतं कनीनकाभ्यां कर्णाभ्यां श्रोजं श्रोत्राभ्यां
कर्णौ तेदनीम–धरकण्ठेनापः शुष्क–कण्ठेन चितं
मन्याभि–रदितिं शीर्ष्णा निर्ऋतिं निर्जर्जल्येन
शीर्ष्णा संक्रोशैः प्राणान् रेष्माणं स्तुपेन।। 2।।
मशकान् केशैरिन्द्रं स्वपसा वहेन बृहस्पतिं
शकुनि–सादेन कूर्माँछ–फैराक्रमणं स्थूराभ्या–
मृक्षलाभिः कपिंजलांजवं जङ्घाभ्याम–ध्वानं
बाहुभ्यां जाम्बीले–नारण्यम–ग्निमति–रुग्भ्यां पूषर्णं
दोर्भ्याम–श्विनावं–साभ्यां रुद्रं रोराभ्याम्।। 3।।
अग्ने पक्षति–र्वायोर्निपक्ष–तिरिन्द्रस्य तृतीया सोमस्य
चतुर्थ्यदित्यै पंच–मीन्द्राण्यै षष्ठी मरुतां सप्तमी
बृहस्पते–रष्टम्यर्यमणो नवमी धातुर्दशमी–न्दस्यै–
कादशी वरुणस्य द्वादशी यमस्य त्रयोदशी।। 4।।
इन्द्राग्न्यो पक्षतिः सरस्वत्यै निपक्षति–र्मित्रस्य
तृतीयापो चतुर्थी निर्ऋत्यै पंचम्य–ग्नीपोमयोः
षष्ठी सर्पाणां सप्तमी विष्णोर–ष्टमी पूष्णो
नवमी त्वष्टु–र्दशमीन्द्र–स्यैकादशी वरुणस्य
द्वादशी यर्म्ये त्रयोदशी द्यावा–पृथिव्यो–र्दक्षिणं
पार्श्वं विश्वेषां देवानामुत्तरम्।। 5।।
मरुतां स्कन्धा विश्वेषां देवानां प्रथमा कीकसा
रुद्राणां द्वितीयाऽऽ–दित्यानां तृतीया वायोः पुच्छम–

ग्नीषोम–योर्भासदौ क्रुंचों श्रोणिभ्या–मिन्द्रा–
बृहस्पती ऊरुभ्यां मित्रा–वरुणा–वल्गाभ्यामा–
क्रमणं स्थूराभ्यां बलं कुष्ठाभ्याम्।। 6।।
पूषणं वनिष्ठुना–ऽन्धाही–न्त्स्थूलगुदया सर्पा–
न्गुदाभि–र्विह्रुत आन्त्रैरपो वस्तिना वृषणमा–
ण्डाभ्यां वाजिनं शेपेन प्रजां रेतसा चाषान् पित्तेन
प्रदरान् पायुना कूश्मां–छकपिण्डैः।। 7।।
इन्द्रस्य क्रोडोड–दित्यै पाजस्यं दिशां जत्रवो–
ऽदित्यै भसज्जीमूतान् हृदयौप–शेनान्तरिक्षं
पुरीतता नभ उदर्येण चक्रवाकौ मतस्नाभ्यां दिवं
वृक्काभ्यां गिरीन प्लाशिभि–रुपलान प्लीह्ना
वल्मीकान् क्लोमभिग्लौं–भिर्गुल्मान् हिराभिः
सर्वन्ती–र्ह्रुदान् कुक्षिभ्यां समुद्र–मुदरेण वैश्वानरं भस्मना।। 8।।
विधृतिं नाभ्या घृतं रसेनापो यूष्णा मरीचीर्वि
प्रुड्मिर्नीहार–मूष्मणा शीनं वसया प्रष्वा अश्रुभि–
र्ह्रादुनीर्दूषीका–भिरस्ना रक्षांसि चित्राण्यं–गैर्नक्षत्राणि
रूपेण पृथिवीं त्वचा जुम्बकाय स्वाहा।। 9।।
हिरण्यगर्भः समर्वताग्रे भूतस्य जातः परिपेक आसीत्।
स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम।।10।।
यः प्राणतो निमिषतो महित्वैक इद्राजा जगतो बभूव।
य ईशे अस्य द्विपदश्–चतुष्पदः कस्मै देवाय हविषा विधेम।।11।।
यस्येमे हिमवन्तो महित्वा यस्य समुद्रं रसया सहाहुः।
यस्येमाः प्रदिशो यस्य बाहू कस्मै देवाय हविषा विधेम।।12।।
य आत्मदा बलदा यस्य विश्व उपासते प्रशिषं यस्य देवाः।
यस्य च्छायामृतं यस्य मृत्युः कस्मै देवाय हविषा विधेम।।13।।
आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतोऽ–दब्धासो अपरीतास उद्भिदः।
देवा नो यथा सदमिद् वृधे असन्नप्रायुवो रक्षितारो दिवे–दिवे।।14।।
देवानां भद्रा सुमति–र्ऋजूव्यतां देवानां रातिरभि नो निवर्तताम्।
देवानां सख्यमुप–सेदिमा वयं देवा न आयुः प्रतिरन्तु जीवसे।।15।।
तान्पूर्वया निविदा हूमहे वयं भगं मित्रमदितिं दक्षमस्रिधम्।
अर्यमणं वरुणं सोममश्विना सरस्वती नः सुभगा मयस्करत्।।16।।
तन्नो वातो मयोभु वातु भेषजं तन्माता पृथिवी तत्पिता द्यौः।
तद् ग्रावाणः सोमसुतो मयोभुवस्तदश्विना शृणुतं धिष्ण्या युवम्।।17।।

तमीशानं जगतस्त–स्थुषस्पतिं धियंजिन्वमवसे हूमहे वयम्।
पूषा नो यथा वेदसामसद् वृधे रक्षिता पायुरदब्धः स्वस्तये।।18।।
स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवा स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु।।19।।
पृषदश्वा मरुतः पृश्निमातरः शुभंयावानो विदथेषु जग्मयः।
अग्निजिव्हा मनवः सूरचक्षसो विश्वे नो देवा अवसागमन्निहं।।20।।
भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः।
स्थिरैरंगैस्तुष्टुवां–सस्तनूभिर्व्यशेमहि देवहितं यदायुः।।21।।
शतमिन्नु शरदो अन्ति देवा यत्रा नश्चक्रा जरसं तनूनाम्।
पुत्रासो यत्र पितरो भवन्ति मा नो मध्या रीरीषतायुर्गन्तोः।।22।।
अदितिर्द्यौरदितिन्तरिक्षमदितिर्माता स पिता स पुत्रः।
विश्वे देवा अदिति; पंच जना अदितिर्जातमदितिर्जनित्वम्।।23।।
मा नो मित्रो वरुणो अर्यमायुरिन्द्र ऋभुक्षा मरुतः परि ख्यन्।
यद्वाजिनो देवजातस्य सप्तेः प्रवक्ष्यामो विदथे वीर्याणि।।24।।
यन्तिर्णिजा रेक्णसा प्रावृतस्य रातिं गृभीतां मुखतो नयन्ति।
सुप्राड.जो मेम्याद्विश्वरूप इन्द्रापूष्णोः प्रियमप्येति पाथः।।25।।
एष छागः पुरो अश्वेन वाजिना पूष्णो भागो नीयते विश्वदेव्यः।
अभिप्रियं यत्पुरोडाशमर्यता त्वष्टेदेनं सौश्रवसाय जिन्वति।।26।।
यद्धविष्यमृतुषो देवयानं त्रिर्मानुषाः पर्यश्वं नयन्ति।
अत्रा पूष्णः प्रथमो भाग एति यज्ञं देवेभ्यः प्रतिवेदयन्नजः।।27।।
होताऽध्वर्युरावया अग्निमिन्दो ग्रावगाभ उत शंस्ता सुविप्रः।
तेन यज्ञेन स्वरंकृतेन स्विष्टेन वक्षणा आ पृणध्वम्।।28।।
यूपव्रस्का उत ये यूपवाहाश्चषालं ये अश्वयूपाय तक्षति।
ये चार्वते पचनं सम्भरन्त्युतो तेषामीभगूर्त्तिर्व इन्वतु।।29।।
उप प्रागा–त्सुमन्मेऽधापि मन्म देवानामाशा उप वीतपृष्ठः।
अन्वेनं विप्रा ऋषयो मदन्ति देवानां पुष्टे चकृमा सुबन्धुम्।।30।।
यद्वाजिनो दाम सन्दानमर्वतो या शीर्षण्या रशना रज्जुरस्य।
यद्वा घास्य प्रभतमास्ये तृणं सर्वा ता ते अपि देवेष्वस्तु।।31।।
यदश्वस्य क्रविषो मक्षिकाश यद्वा स्वरौ स्वधितौ रिप्तमस्ति।।
यद्धस्तयोः शमितुर्यन्नस्वेषु सर्वा ते अपि देवेष्वस्तु।।32।।
यदूवध्यमुदरस्यापवाति य आमस्य क्रविषो गन्धो अस्ति।
सुकृता तच्छमितारः कृण्वन्तूत मेधं शृतपाकं पचन्तु।।33।।
यत्ते गात्रादग्निना पच्यमानाद्भि शूलं निहतस्यावधावति।

मा तद्भूम्यामाश्रिषन्मा तृणेषु देवेभ्यस्तदुशद्भयो रातमस्तु।।34।।
ये वाजिनं परिपश्यन्ति पक्वं य ईमाहुः सुरभिर्निर्हरेति।
ये चार्वतो मांसभिक्षामुपासत उतो तेषामभिगूर्तिर्न इन्वतु।।35।।
यन्नीक्षणं माँस्पचन्या उखाया या पात्राणि यूष्ण आसेचनानि।
ऊष्मण्यापिधाना चरूणामंकाः सूनाः परि मूषन्त्यश्वम्।।36।।
मा त्वाऽग्निर्ध्वनयीद्धम–गन्धिर्मोखा भ्राजन्त्यभि विक्त जघ्रिः।
इष्टं वीतमभिगूर्तं वषटकृतं तं देवासः प्रति गृभ्णन्त्यश्वम्।।37।।
निष्क्रमणं निषदनं विवर्तनं यच्च पड्वीशमर्वतः।
यच्च पपौ यच्च घासिं जघास सर्वा ता ते अपिं देवेषस्तु।।38।।
यदश्वाय वास उपस्तृणन्त्यधीवासं या हिरण्यान्यस्मै।
सन्दानमर्वन्तं पड्वीशं प्रिया देवेष्वा यामयन्ति।।39।।
यत्ते सादे महसा शूकृतस्य पार्ष्ण्या वा कशया वा तुतादे।
स्रुचेव ता हविषो अध्वरेषु सर्वा ता ते ब्रह्मणा सूदयामि।।40।।
चतुस्त्रिंशद्वाजिनो देवबन्धोर्वङ्क्रीरश्वस्य स्वधितिः समेति।
अच्छिद्रा गात्रा वयुना कृणोत परुष्परुरनुघुष्या विशस्त।।41।।
एकस्त्वष्टुरश्वस्या विशस्ता द्वा यन्तारा भवतस्तथ ऋतुः।
या ते गात्राणामृतुथा कृणोमि ता ता पिण्डानां प्र जुहोम्यग्नौ।।42।।
मा त्वा तपत्प्रिय आत्माऽपियन्तं मा स्वधितिस्तन्वु आ तिष्ठिपत्ते।
मा ते गृध्नुरविशस्ताऽतिहाय छिद्रा गात्राण्यसिना मिथू कः।।43।।
न वा उ एतान्म्रियसे न रिष्यसि देवाँ2 इदेषि पथिभिः सुगेभिः।
हरी ते युंजा पृषती अभूतामुपास्थाद्वाजी धुरि रासभस्य।।44।।
सुगण्यं नो वाजी स्वश्व्यं पुंसः पुत्राँ2 उत विश्वामुषं रयिम्।
अनागास्त्वं नो अदितिः कृणोतु क्षत्रं नो अश्वो वनतां हविष्मान्।।45।।
इमा नु कं भुवना सीषधामेन्द्रश्व विश्वे च देवो।
आदित्यैरिन्द्रः सगणो मरुदिभरस्मभ्यं भेषजा करत्।
यज्ञं च नस्तन्वं च प्रजां चादित्यैरिन्द्रः सह सीषधाति।।46।।
अग्ने त्वं नो अन्तम उत त्राता शिवो भवा वरूथ्यः
वसुरग्निर्व–सुश्रवा अच्छा नक्षि द्युमत्तमं रयिं दाः।
तं त्वा शोचिष्ठ दीदिवः सुम्नाय नूनमीमहे सखिभ्यः।।47।।
।।इति पंचविंशोऽधायः।।ऊँ।।

बृहदारण्यकोपनिषत्

अश्वमेध यज्ञ : यजनीय काल अश्व!

बृहदारण्यकोपनिषत् के प्रथम अध्याय के प्रथम ब्राह्मण में ऋग्वेद के अनुसरण में "अश्वमेध यज्ञ" का वर्णन है। जिस प्रकार पृथिवीलोक में यज्ञ मण्डप में अश्वमेध यज्ञ अथवा राष्ट्र संवर्धन यज्ञ अथवा जगत् को यज्ञमय करने का यज्ञ हो रहा है, उसी प्रकार विशालतम ब्रह्माण्ड के महामण्डप में भी विराट् अश्वमेध यज्ञ–सृष्टिरूपयज्ञ हो रहा है।

यह उल्लेखनीय है कि "अ" – "श्व" का अर्थ कल नहीं है, वर्तमान है। अर्थात् सभी क्षणभंगुर है। अश्व का अर्थ – ब्रह्म, वर्तमान – सृष्टि, यज्ञ, सूर्य, अग्नि, व्यापनशील (विष्णु का अर्थ भी सर्वत्र व्याप्त अथवा ब्रह्माण्डव्यापिनी ऊर्जा), काल, अग्नि, सोम, सप्त संख्या, बल, शक्ति, गति आदि है। ऋग्वेद में प्रसंग आता है कि अश्विनौ देवता को महर्षि दध्यङ्. (दधीचि) ने वाजि (अश्व) का शिर लगाकर सूर्यविद्या–मधुविद्या की शिक्षा दी। सूर्य देवता ने वाजिन् के शिर से ब्रह्मर्षि याज्ञवल्क्य को माध्यन्दिन शुक्ल यजुर्वेद का ज्ञान प्रदान किया। वाजिन् शिरवाले हयग्रीव देव ने ऋषियों को वेद प्रदान किये। ऋग्वेद में यज्ञीय उत्कृष्ट देव–अश्व सर्वत्र यज्ञ ज्ञान प्रसार करता है।

उपनिषत्कार ने अश्वमेध यज्ञ का ब्रह्मरूप में वर्णन किया है। इस वर्णन में सम्पूर्ण रचनाधर्मिता का प्रदर्शन किया गया है।

यजन योग्य–पूजन कर्म योग्य अश्व का शिर उषा है, सूर्य चक्षु है, वायु प्राण है, विस्तृत मुख वैश्वानर अग्नि है एवं संवत्सर आत्मा है। यजनीय अश्व का द्युलोक पीठ है, अन्तरिक्ष, उदर–पेट है, पृथिवी पादस्थान खुर है, दिशाएँ पासे हैं, अन्तरर्दिशाएँ पसलियाँ हैं, ऋतुएँ अंग हैं, मास–अर्धमास जोड़ –संधियाँ हैं, दिन–रात प्रतिष्ठा है, नक्षत्र अस्थियाँ हैं, नभस्थ मेघ मांस है।

अर्धजीर्ण अन्न बालुकण है, नदियाँ गुदा है, यकृत नीचे का मांस–पिण्ड है, पर्वत ओषधियाँ चारा है, वनस्पतियाँ लोभ है। नाभि से ऊपर का भाग उगता हुआ सूर्य है, नाभि से नीचे दोपहर पश्चात् का दिन है। उसकी जम्भाई विद्युत् की कड़कड़ाहट है। जो अंग कँपाता है, फड़कता है, वह मेघ गर्जना है। जो मूत्र फैंकता है, वह मेघ वर्षा है। इस अश्व का हिनहिनाना ही वाणी है। शीघ्र परिवर्तन और गति से ही सभी में विद्यमान "काल अश्व" है। उसका सदुपयोग ही, "उपनिषत्सम्बन्धी अश्वमेध यज्ञ है"।।1.1.1।।

यज्ञ से पूर्व अश्व–काल–सूर्य को लक्ष्य करके महिमायुक्त दिन प्रगट हुआ। उसकी पूर्व समुद्र (ब्रह्माण्डीय समुद्र) मे योनि है। वेद के अनुसार वरुण देवता के ब्रह्माण्डीय महासागरों में सूर्य प्रातः प्रगट होता है। वरुण सूर्य के लिये मार्ग बनाता है। सायंकाल सूर्य वरुण को दिनभर के कर्म से अवगत कराता है। सूर्य–अश्व का पूर्व दिशा में स्थान है। होम–यज्ञ के पश्चात् इस अश्व को लक्ष्य करके महत्व युक्त रात्रि प्रगट हुई। उसका पश्चिम में स्थान है। ये महिमा वाले दोनों अश्व–सूर्य को समस्त ओर से आगे एवं पीछे लक्ष्य करके प्रगट हुए। दिन–रात का कर्त्ता यह अश्व है। वह "हय" होकर देवों को उठाता रहा है। यह अश्व "वाजी" होकर "गन्धर्वों" को, "अर्वा" होकर "असुरों" को और "अश्व" होकर "मनुष्यों" का अभ्युदय करता रहा है।

इस अश्व का (काल) समुद्र (ब्रह्माण्डीय महासागर) ही बन्धु है, समुद्र ही स्थान है। आकाश ही "अर्काश्व" का स्थान है। पार्थिव जीवन–यजन में, जीवन–ज्योति का सिद्धि–दायक "यज्ञाश्व सूर्य" है।।1.1.2।।

उषा वा अश्वस्य मेध्यस्य शिरः, सूर्यचक्षुः, वातः
प्राणो, व्यात्तमं– ग्निर्वैश्वानरः, संवत्सर आत्मा।
अश्वस्य मेध्यस्य द्यौः पृष्ठम् अन्तरिक्ष–मुदरं,
पृथिवी पाजस्यं, दिशः पार्श्वे, अवान्तर–दिशः
पर्शवः, ऋतवो–ऽंगानि, मासाश्–चार्धमासाश्च
पर्वाणि अहोरात्राणि प्रतिष्ठा, नक्षत्राण्य–स्थीनि
नभो मांसानि। ऊवध्यं सिकताः, सिन्धवो
गुदा, यकृच्च क्लोमानश्च, पर्वता ओषधयश्च
वनस्पयश्च लोमानि। उद्यन्पूर्वार्धो, निम्लोचं–
जघनार्धो, यद्वि–जृम्भते तद्विद्योतते, यद्विधूनुते
तत्स्तनयति यन्मेहति तद्वर्षति, वागेवास्य वाक्।।1।।
अहर्वा अश्व पुरस्ता–न्महिमा–ऽन्वेजायत।
तस्य पूर्वे समुद्रे योनी, रात्रिरेनं पश्चान्महिमा–ऽन्वजायत।
तस्यापरे समुद्रे योनिः, एतौ वा अश्वं महिमा–
नावभितः संबभूवतुः। हयो भूत्वा देवानवहद्, वाजी
गंधर्ववान्, अर्वाऽसुरान्, अश्वो मनुष्यान्, समुद्र
एवास्य बन्धुः समुद्रो योनिः।2।। बृहदारण्यकोपनिषत् 1.1.1, 2।।

बृहदारण्यकोपनिषत् के प्रथम अध्याय के द्वितीय ब्राह्मण के सप्तम मन्त्र में अश्वमेध के अश्वमेधपन का उल्लेख किया गया है।

उस ब्रह्म ने पुनः कामना की कि मेरा यह विकास यजनीय हो, इससे मैं मनस्वी हो जाऊँ। इस संकल्प से अश्व–सूर्य उत्पन्न हुआ। अश्व–सूर्य का विस्तार हुआ, वह यजनीय हो गया। इसलिये इस विकसित सृष्टि का नाम ''अश्वमेध'' हुआ। यही अश्वमेध यज्ञ का ''अश्वमेधपन'' है। जो इस रहस्य को जानता है, समझता है वही अश्वमेध के वास्तविक रूप को जानता है।।1.2.7।।

सोऽकामयत मेध्य म इदं स्याद्; आत्म–न्व्यनेन स्यामिति।
ततोऽश्वः समभवद्। यदश्व–त्तन्मेध्यम–भूदिति।
तदेवाश्व–मेध्या–श्वमेधत्वम्। एष ह वा अश्वमेधं वेद एनमेवं वेद।।
।।बृहदारव्यकोपनिषत् 1.2.7।।

इस उपनिषत् में ''अश्वमेध यज्ञ सृष्टियज्ञ है। जिसमें सृष्टि संवर्धन यज्ञ अश्वमेध यज्ञ है''

ज्ञानयज्ञरूपोऽश्वमेध : पाशुपतब्रह्मोपनिषत्

अश्वमेधो महायज्ञकथा। तद्राज्ञा ब्रह्मचर्य–मारन्ति।
सर्वेषा पूवोक्त–ब्रह्मयज्ञक्रमं मुक्तिक्रम–मिति।।31।।
।।पाशुपतब्रह्मोपनिषत्।।

वैदिक यज्ञ



उपनिषत्

शरीर मे यज्ञ!

यज्ञ : ब्रह्म ज्ञान प्राप्ति की चर्या–ब्रह्मचर्य

उपनिषत्कारों ने स्व शरीर मे चल रहे यज्ञ की बहुत ही सुन्दर व्याख्या की है। छान्दोग्योपनिषत्, बृहदारण्यकोपनिषत्, गर्भोपनिषत्, महानारायणोपनिषत्, प्राणाग्निहोत्र उपनिषत् आदि में शरीर यज्ञ के रहस्यों को परत–दर–परत अनावृत किया गया है।

ब्रह्मज्ञान प्राप्ति–ब्रह्मचर्य : यज्ञ

छान्दोग्योपनिषत् के अष्टम अध्याय के पँचम खण्ड में यज्ञ की अभूतपूर्व व्याख्या की गई है कि, ''जो वैदिक यज्ञ–होम–हवनादि कहलाता है, वह कर्म ब्रह्मचर्य है।'' अर्थात् ''ब्रह्म ज्ञान प्राप्ति के लिये चर्य–व्यवहार करने का नाम ब्रह्मचर्य है और यही सत्य रूप से यज्ञ है। ब्रह्मचर्य से ही जो ज्ञानी है, उस ब्रह्म को पाता है।'' ''यज्ञ'' शब्द ''यत् + ज्ञ'' है, इसका अर्थ है, ''जिससे ब्रह्म जाना जाय।'' ''ब्रह्मचर्य'' से ही उस ''ज्ञाता–ब्रह्म'' को प्राप्त किया जाता है। कर्मकाण्डी इसे ''इष्ट'' कहते हैं, यह भी ''ब्रह्मचर्य'' ही है। जो दान पुण्यादि कर्म बताए हैं; ''ब्रह्मचर्य ही वह शुभ कर्म है। ब्रह्मचर्य से उपासक परमेष्ठी को पूजकर आत्मा से साक्षात्कार करता है।'' ''सर्व शुभ कर्म परमेष्ठी प्राप्ति के साधन हैं''।।1।।

अथ यद्यज्ञ इत्याचक्षते ब्रह्मचर्यमेव तद्, ब्रह्मचर्येण
ह्येवं यो ज्ञाता तं विन्दते। अथ यदिष्ट–मित्याचक्षते
ब्रह्मचर्यमेव तद्, ब्रह्मचर्येण ह्येवेष्ट–वाऽऽत्मान–मनुविन्दते।।
।।छान्दोग्योपनिषत् 8.5.1।।

कर्मकाण्डी जिसे ''सत्त्रायण यज्ञ'' कहते हैं, वह ''ब्रह्मचर्य'' ही है। क्योंकि ''ब्रह्मचर्य से ही उपासक सत् रूप आत्मा का रक्षण प्राप्त करता है।'' इसके अलावा ''मौन'' भी ब्रह्मचर्य है। ब्रह्मचर्य से मननशील उपासक ''आत्मा'' को जानकर परमेष्ठी के स्वरूप का मनन करता है।।8.5.2।।

जिसे ''अनाशकायन यज्ञ'' कहते हैं, यह भी ब्रह्मचर्य है। ''अनाश'' का अर्थ है जो नष्ट–नाश नहीं होता है। जिस स्व–स्वरूप को उपासक ब्रह्मचर्य से प्राप्त करता है, वह यह आत्मा नहीं होता है। ''अरण्यायन'' में दो शब्द हैं;

"अर" एवं "ण्य"। तृतीय लोक–"द्युलोक" में "अर" एवं "ण्य" नामक दो समुद्र हैं और "ऐरमंदीय नामक सरोवर" है। उसमे एक "अश्वत्थ" नामक वृक्ष है, जिसमें से "सदैव सोमरस झरता" है। वहाँ परमेष्ठी की सुवर्णमयी "अपराजिता पुरी" है। "अश्वत्थ" का अर्थ है : "अ + श्व + स्थ" अर्थात् "जो वर्तमान आज है, कल नहीं रहेगा।" ब्रह्म ज्ञान इसी से होता है कि, "जगत् आज है, कल नहीं है, क्षण भंगुर है।" अर्थात् "ब्रह्म सत्य, जगत् मिथ्या"। साथ ही अश्वत्थ से सदैव सोमरस टपकने का अर्थ "ज्ञानरस" से है। अध्यात्मिक रूप से शिर के "ब्रह्मरन्ध्र– सहस्रार" में "सहस्रार कमल" है। जिसमें दो केन्द्र हैं, जो शक्ति के भण्डार हैं। इन्हीं दो केन्द्रों को "अर" और "ण्य" कहा गया है। "मुण्डक उपनिषत्" में कहा "अरण्ये उपवसन्ति" (1.2. 11)।। इसका अर्थ – वन में जा बसना नहीं है, अपितु "मस्तिष्क के सहस्रार चक्र के दो शक्ति केन्द्रों में ध्यान लगाना है। ये दोनो केन्द्र शक्ति के समुद्र हैं।"

आचार्य शंकर (श्रीमद् आदिशंकराचार्य) ने केन उपनिषत् के यक्ष द्वारा देवों का गर्व हरण और आकाश में हैमवती देवता प्रगट होने की अद्भुत व्याख्या की है। ब्रह्मरन्ध्र पर परमेष्ठी रुद्र विराजमान है। मूलाधार से चलकर सुषुम्ना–रुद्राणी का मिलन ब्रह्मरन्ध्र के रुद्र से होता है। यह कुण्डीलिनी जागरण है।

देवगाथाओं के अनुसार रुद्र के स्थान परमपवित्र कैलास महापर्वत पर कल्पतरु वृक्षों के नीचे ऋषिगण साधनारत रहे। प्रजापति (आगम के ब्रह्मा) के मानस में ऋषिगण के स्नान के लिये सरोवर का विचार कौंधा। परिणामतः कपाल रूपाकार का "मानस सरोवर" प्रगट हुआ। मानस सरोवर के मध्य वृक्षों के सम्राट, कामना करते ही साकार करनेवाला दिव्य कल्पतरु अथवा जम्बू वृक्ष रहा। यह वृक्ष वर्तमान में अदृश्य है।

उपनिषतकारों ने यह भी व्याख्या की है कि यहाँ से तीसरे प्रकाशमय "मोक्षधाम" में वह "ऐरम्" – सुख और "मदीयम्" – आनन्द का सरोवर है। सुख एवं आनन्द का समुद्र है। वहाँ निःसृत करता हुआ "अश्वत्थ वृक्ष है – अमृतमय पद" है। वहाँ सर्व–समर्थ परमेष्ठी द्वारा सृजित आदित्यवर्ण, अविनाशी पुर है, ब्रह्मधाम है। वह अविनाशी पुर–ब्रह्मधाम शुभ्र प्रकाश स्वरूप है।।3।।

उपनिषदों में वेद के अनुसरण में "पिण्ड" और "ब्रह्माण्ड" की एकता को प्रतिपादित किया गया है। जो ब्रह्माण्ड में है, वह पिण्ड में है। किसी पदार्थ–वस्तु को बाहर भी देख सकते हैं और अन्तःकरण में भी। "बाह्य स्थूल

जगत् है और भीतर संकल्पमय सूक्ष्म जगत् है।'' ब्रह्माण्ड में दो समुद्र हैं – आकाश का एवं पृथिवी का। ''पिण्ड में ''कर्म'' और ''ज्ञान'' के दो समुद्र हैं।'' ब्रह्माण्ड में तीन लोक हैं : पृथिवी, अन्तरिक्ष एवं द्यु। पिण्ड में ''शरीर–पृथिवीलोक'' है, ''मन–अन्तरिक्षलोक'' है और ''आत्मा–द्युलोक'' है। आत्मिक लोक–पिण्ड का द्युलोक है।

इस कारण जो ही उपासक जन इन ''अरम्''–सुख और ''ण्यम्'' आनन्दरूप दोनों समुद्रों को ब्रह्मलोक में ब्रह्मचर्य से प्राप्त करते हैं, उनका ही यह ब्रह्मधाम है। उनका सभी लोकों में स्वतन्त्र संचार हो जाता है। ये दो समुद्र सुख और आनन्द ही समझने चाहिए।।4।।

अथ यत्सत्त्रायण–मित्या–चक्षते ब्रह्मचर्यमेव
तद् ब्रह्मचर्येण ह्येव एत आत्मन–स्त्राणं
विन्दतेऽथ यन्मौन–मित्या–चक्षते ब्रह्मचर्यमेव
तद् ब्रह्मचर्येण ह्येवात्मा–नमनुविद्य मनुते।।2।।
अथ यदनाशका–यनमित्या–चक्षते ब्रह्मचर्यमेव
तदेष ह्यात्मा न नश्यति यं ब्रह्मचर्येणा–नुविन्दतेऽथ
यदरण्यायन–मित्या–चक्षते ब्रह्मचर्यमेव तत्।
अरश्च ह वै व्यश्चार्णवौ ब्रह्मलोके।
तृतीय–स्यामितो दिवि तदैरंमदीयँ् सरस्त–दश्वत्थः
सोम–सवन–स्तद–पराजिता पूर्ब्रह्मणः प्रभुविमितँ् हिरण्मयम्।।3।।
तद्य एवैतावरं च व्यं चर्णवौ ब्रह्मलोके
ब्रह्मचर्येणा–नुविन्दन्ति तैषामेवैष ब्रह्मलोके–
स्तेषाँ् सर्वेषु लोकेषु कामचरो भवति।।4।।

।।छान्दोग्योपनिषत् 8.5.2, 3, 4।।

जीवन–यज्ञरूप

ऋग्वेद के पुरुष सूक्त में परमेष्ठी के महायज्ञ का वर्णन है। इसी का उल्लेख यजुर्वेद में किया गया है। मननशील मनुष्य अपने वैयक्तिक यज्ञों के द्वारा एवं संगठन यज्ञों के द्वारा महायज्ञ के रहस्य को समझने का जतन करता है।

चौंके नहीं! यह मनुष्य जीवन भी सृष्टियज्ञ–जगत्यज्ञ जैसा ही यज्ञ है। यह कथन–विचार अत्यन्त भावपूर्ण है। बाहर के यज्ञ कार्य की तरह शरीर यज्ञशाला में यज्ञ हो रहा है। आन्तरिक यज्ञ के तत्त्व का वर्णन छान्दोग्योपनिषत्, प्राणाग्निहोत्र उपनिषत्, महानारायणोपनिषत्, बृहदारण्यकोपनिषत्, गर्भोपनिषत्, अथर्ववेद आदि में दिया गया है।

उपनिषत्कारों की यज्ञ सम्बन्धित शब्दावली चकित करती है। इसमें "यज्ञ–मनुष्य; यज्ञमण्डप–शरीर; यज्ञ का समय–आयु की समाप्ति तक; आहवनीयाग्नि–मुख, गार्हपत्याग्नि–कोष्ठ, उदर–जठराग्नि, दक्षिणाग्नि–हृदय; यजमान–आत्मा; यजमानपत्नी–बुद्धि, श्रद्धा; ब्रह्मा–मन; अध्वर्यु–अहंकार, नेत्र; होता–चित्त, बाजू; ब्रह्मणाच्छसी–प्राण; प्रतिस्थाता–अपान; प्रस्तोता–व्यान; उद्गाता–उदान; शमिता–दम, संयम; मैत्रावरुण–समान; पशु–काम, क्रोध, लोभादि; यज्ञपात्र–ज्ञानेन्द्रियाँ; हविर्द्रव्य–कमेन्द्रियाँ, अन्नभक्ष्य; इष्टि–अहिंसा; सोमरस–जल; दर्भ–बल, केश; वेदी–हृदय एवं देवता–शरीर में प्रत्यक्ष देव आलय" बताया गया है। ऋग्वेद, यजुर्वेद एवं अथर्ववेद (11.8.32) के अनुसार सभी देवता इस शरीर में रह रहे हैं। यजुर्वेद के अश्वमेध यज्ञ में भी शरीरस्थ देवों का वर्णन किया गया है। वेद के अनुसार सर्वव्यापक विष्णु कण्ठ के ऊपर स्थित है। केन उपनिषत् के अनुसार देवों के शास्ता रुद्र ब्रह्मरन्ध्र पर स्थित है।

आत्मा ही यज्ञस्वरूप

छान्दोग्योपनिषत् के तृतीय प्रपाठक का सोलहवां खण्ड "जीवन यज्ञ" को स्पष्ट करता है। उसके अनुसार मनुष्य देह में स्थित "आत्मा ही यज्ञस्वरूप" है। उसकी आयु के प्रथम चौबीस वर्ष यज्ञ का प्रातःसवन है। चौबीस अक्षरोंवाला गायत्री छन्द है और प्रातःसवन गायत्री छन्दवाला है। उसमें सर्वप्रसविता, सर्वप्रेरक, सर्वज्ञ सविता देवता का अनुष्ठान गायत्री छन्द में होता है। ब्रह्मचारी भी प्रथमावस्था में गायत्री छन्द में वैदिक देवता की आराधना करता है। इस कारण उसका यह "जीवन यज्ञ" है। इस यज्ञ के "वसु" अनुगत है, देवता है। "प्राण–इन्द्रियाँ ही वसु हैं।" इन्द्रियाँ ही पुष्ट होकर इस सम्पूर्ण देह को बसाती हैं। ये ही दैनिक जीवन को बलिष्ठ बनाते हैं। इस तरह 24 वर्ष के "ब्रह्मचर्य का अधिष्ठाता वसु ब्रह्मचारी है।" "वसु ब्रह्मचारी प्राणों का नियमन करता है।" प्राण को वसु इसलिये कहते हैं – क्योंकि प्राणों के कारण ही तो समस्त जीव–धारियों का वास है। ।।1।।

यदि ब्रह्मचारी को इस अवस्था में कोई बाधा सताये तो वह कहे कि "प्राण वसु है। यह मेरा जीवन प्रातःकाल का यज्ञ है।" यज्ञ में मुझे कोई कष्ट नहीं होगा। मेरे "माध्यन्दिन के यज्ञ" को बढ़ावो। मैं प्राण वसुओं के बीच यज्ञ में लोप नहीं होऊं। ऐसे संकल्प–धारणा से तब वह ऊपर जाता है – उन्नत होता है और मानस विकार रहित हो जाता है।।2।।

मनुष्य के जो 44 वर्ष हैं वह "यज्ञ का माध्यन्दिन सवन" है। "वैदिक दृष्टि से 44 अक्षर वाला त्रिष्टुभ् छन्द है" और माध्यन्दिन सवन भी त्रिष्टुभ्

छन्द वाला है। अतः इसके "रुद्र अनुगत हैं – देवता हैं।" रुद्र ही इस सकल जगत् को वियोगकाल में रुलाते हैं। रुद्र आदिभूत, आदितत्त्व, आदिज्ञानी और आदिउपदेशक हैं। "मनुष्य की आयु के द्वितीय भाग के 44 वर्ष के ब्रह्मचारी का अधिष्ठाता रुद्र है। रुद्र प्राणों को वश में करता है"।।3।।

यदि 44 वर्ष के माध्यन्दिन सवन यज्ञ में कोई बाधा उपस्थित हो, तो वह अपने रुद्ररूप प्राणों को ब्रह्मचर्य के संकल्प को सम्बोधन करके कहे : हे रुद्रो! हे प्राणो! मैंने रुद्र ब्रह्मचर्य धारण करने का निश्चय किया है, किन्तु यह तो मेरा माध्यन्दिन सवन था, आप मुझे इस योग्य बनावें कि मैं तृतीय सवन यज्ञ तक अपने संकल्प का विस्तार करने में समर्थ हो सकूं। आप मेरे तृतीय सवन का विस्तार करो। जिससे मैं "प्राणों रुद्रों बीच यज्ञ में लुप्त नहीं होऊं।" इस प्रकार के संकल्प से वह ऊपर उठ जाता है, वह मानसिक विकार रहित हो जाता है।।4।।

मनुष्य की आयु के आगामी अडतालीस वर्ष हैं, वह "यज्ञ का तृतीय सवन" है। वह अवस्था भी सवन स्वरूप है। "अडतालीस अक्षर का जगती छन्द है।" इस तृतीय सवन में जगती छन्द के मन्त्रों से यज्ञ किया जाता है। "इसके आदित्य अनुगत हैं, देवता हैं। मनुष्य की आयु के तृतीय भाग के इस 48 वर्ष के ब्रह्मचर्य का अधिष्ठाता आदित्य है।" "आदित्य और प्राण एक ही है।" आदित्य ब्रह्मचारी के प्राण सूर्य की भाँति शुद्ध एवं नियमित होते हैं। ये ही इस समूची देह को ग्रहण–धारण करते हैं। मनुष्य का श्रेष्ठ जीवन सवनमय है।।5।।

यदि उस उपासक को इस आयु (48 वर्ष) में कोई बाधा सताये तो वह कहे–प्राण ही आदित्य देवता है, मेरी यह आयु तीसरा सवन यज्ञ है। हे आदित्य देवो! हे प्राण देवो! मेरी आयु में वृद्धि करो। आदित्य देवों के होते हुए मैं यज्ञस्वरूप लोप नहीं हो जाऊं, जब तक इन्द्रियाँ बनी रहें यज्ञकर्म करता रहूँ। वह इस प्रकार के संकल्प से वह ऊँचा हो जाता है और मानसिक विकार से छूट जाता है।।6।।

यह गाथा है कि इतरा के पुत्र मतिदास ऐतरेय ने यह समस्त रहस्य जानते हुए कहा कि, मेरे ब्रह्मचर्य में उपस्थित होनेवाले विघ्न रूपी शत्रु! आप मुझे क्यों सता रहे हो? मैं उपासक इससे–आपके प्रकोप और प्रहार से नहीं मरुंगा। वह मतिदास ऐतरेय एक सौ सोलह (24 + 44 + 48) वर्ष जीवित रहा। "जो उपासक ऐसे जानता है वह भी 116 वर्ष तक जीवित रहता है"। ।।7।।छान्दोग्योपनिषत् 3.16.1–7।।

छान्दोग्योपनिषत् के तृतीय प्रपाठक के सत्रहवें खण्ड में भी "मनुष्य जीवन को यज्ञमय" बताया गया है।" "यज्ञ के पाँच अंग होते हैं : दीक्षा, उपसद, स्तुत शास्त्र, अवभृथ एवं दक्षिणा।" मनुष्य जीवन भी पाँच प्रकार का है। उपनिषत्कार ने यज्ञस्वरूप उपासक के एक–एक अंग के साथ यज्ञ के अंगों की तुलना की है।

जो मनुष्य खाता है, पीता है, परन्तु उनमें रमण नहीं करता है, उसका जीवन मानों "दीक्षा" का जीवन है।।1।। जो खाता है, पीता है और जो स्त्रीपुत्रादि से प्रेम करता है, उसका जीवन मानो "उपसद" का जीवन है।।2।।

जो व्यक्ति हंसता है, जो भक्षण करता है, और गृहस्थधर्म का पालन करता है, वेद के स्तोत्र एवं यज्ञ के उपकरणों के ही समान वह इसका कर्म होता है। उसका "जीवन यज्ञ" और पुण्यरूप ही हो जाता है। उसका जीवन मानो "स्तुति शास्त्र" का है।।3।।

जो तप करता है जो उसका दान करता है, सरल स्वभाव है, वैरत्याग है और जो सत्य वचन है वे इसकी "दक्षिणाएँ दीक्षाएँ" हैं। इस कारण इसका सन्तान उत्पादन ही "सोष्यति" और "असोष्ट" विद्वान् जन कहते हैं। सो ऐसे जन का मरण ही इसका "अवभृथ" – "यज्ञान्त स्नान यज्ञ" है। यज्ञ में सोमरस दोहन किया करते हैं। उस समय ऋत्विज् कहा करते रहे कि यह सोमरस "सोष्यति" निकलेगा, उत्पन्न करेगा। इसने सोमरस "असोष्ट" उत्पन्न किया तो उपासक का सन्तान–उत्पादन ही यज्ञ का सोमरस है। अन्त समय में "सन्यास रूप अवभृथ नामक यज्ञ" होता है। उपासक की "मृत्यु ही अवभृथ यज्ञ" है।।4, 5।। "सोष्यति" का अर्थ है – "जन्म देगा" (रस निचौड़ेगा) और "असोष्ट" का अर्थ है – "जन्म दिया" (रस निचौड़ा)। जीवन रूपी यज्ञ में व्यक्ति का मनुष्य रूप में जन्म ही सोष्यति एवं असोष्ट है। अर्थात् मनुष्य योनि में जन्म लेना दुर्लभ है, वह मानो सोमरस का चू–पड़ना है।

यह कर्मयोगोपासना, जीवन को यज्ञमय बनाने का रहस्य घोर नामक महर्षि आंगिरस ने बताया। महषि आंगिरस ने कहा कि मनुष्य अन्त समय में यह तीन धारण करे। अपने को उपासक कहे कि, मेरे आत्मा आप अखण्ड हैं, अविनाशी हैं, जीवन प्रशंसित हैं। "अक्षितम् असि"। "अच्युतम् असि।" "प्राण संशितम् असि।" – आप प्राण से भी तीक्ष्ण हैं, सूक्ष्म हैं।

द्युलोक से भी परे जो ज्योति प्रदीप्त हो रही है, जो प्राचीन से प्राचीन वस्तु का कारण है, उपासक जन, सदैव रहनेवाली उस अखण्ड ज्योति का दर्शन करते हैं।।7।।

अन्धकार के परे जो ज्योति दीख पड़ती है, उसे देखते हुए हम परमानन्द की अनुभूति करते हुए ऊपर ही ऊपर उठें (अध्यात्मिक अभ्युदय)। उस सुख स्वरूप ज्योति को देखते हुए हम देवों में देव सूर्य की उत्कृष्टतर ज्योति को प्राप्त हों, और उसके अनन्तर समस्त ज्योतियों में सर्वोत्तम–ब्रह्म ज्योति को प्राप्त हों। वेद के अनुसार देवों के शास्ता रुद्र, देवों के होता पुरोहित एवं चित् तत्त्व–अग्नि एवं सर्वत्र व्याप्त विष्णु सूर्य स्वरूप हैं। ।।छान्दोग्योपनिषत् 3.17.1–8।।7।।

पुरुषो वाव यज्ञस्तस्य यानि चतुर्विंशति–
वर्षाणि तत्प्रातः सवनं चतुर्विंश–त्यक्षरा गायत्री
गायत्रं प्रातःसवनं तक्ष्स्य वसवो–ऽन्वायत्ताः
प्राणा वा व वसव ऐते हीदँ सर्वं वासयन्ति।।1।।
तं चेदेतस्मि–न्वयसि किंचिदु–पतपेत्स ब्रूया–
त्प्राणां वसव इदं मे प्रातःसवन माध्यन्दिन
सवनमनु–संतनुतेति। माहं प्राणानां वसूनां
मध्ये विलोप्सी–येत्युद्धैव तत एत्यगदो ह भवति।।2।।
अथ यानि चतुश्–चत्वारिंश–शद्वर्षाणि तन्माध्यन्दिनं
सवन; चतुश्चत्वा–रिंशदक्षरा त्रिष्टुप् त्रैष्टुभं, माध्यन्दिनं सवनं।
तदस्य रुद्रा अन्वायत्ताः; प्राणा वाव रुद्रा एते हीदं सर्वं रोदयन्ति।।3।।
तं चेदेत–स्मिन्वयसि किचिं–दुपतपेत्स
ब्रूया–त्प्राणा रुद्रा इदं मे माध्यन्दिनं
सवनं तृतीय–सवन–मनुसंतनुतेति। माहं प्राणानां रुद्राणां
मध्ये यज्ञो विलोप्सीये–त्युद्धैव तत एत्यगदो ह भवति।।4।।
अथ यान्यष्टा–चत्वारिंश–द्वर्षाणि तृत्तीयय–सवनम्; अष्टा–चत्वारिंश–
दक्षरा जगती, जागतं तृतीय–सवनम्। तदस्या–दित्या अन्वायत्ताः
प्राणा वावादित्याः। एते हीदं सर्वमादते।।5।।
तं चेदेत–स्मिन्वयसि किंचिदु–पतपेत्स ब्रूया–
त्प्राणा आदित्याः। इदं में तृतीयसवनम्।
आयुरनु–सन्तनुतेति माहं प्राणाना–मादित्यानां
मध्ये यज्ञो विलोप्सीये–त्युद्धैव तत एत्य–गदो ह भवति।।6।।
एतद्ध स्म वै तद्विद्वानाह महिदास ऐतरेयः।

स किं म एतदुपत–पसि योऽहमनेन
न प्रेष्यामीति। स ह षोडशं वर्षशतम–जीवत्।
प्र ह षोडशं वर्षशतं जीवति य एव वेद।।छान्दोग्योपनिषत् 3.16.1–7।।
स यदशि–शिषति, यत्पिपासति, यन्न रमते, ता अस्य दीक्षाः।।1।।
अथ यदश्नाति; यत्पिबति, यद्रमते तदुपसदैरेति।।2।।
अथ यद्धसति, यज्जक्षति यन्मैथुनं चरति, स्तुत–शस्त्रैरेव तदेति।।3।।
अथ यत्तपो दान–मार्जव महिंसा सत्यवचनमित्ति
ता अस्य दक्षिणाः।।4।।
तस्मादाहुः सोष्यत्य–सोष्टेति पुनरुत्पादन–
मेवास्य, तन्मरण–मेवास्या–वभृथः।।5।।
तद्धैतद् घोर आंगिरसः कृष्णाय देवकीपुत्रा–
योत्तवोवाच, अपिपास एव स बभूव।
सोऽन्तवेला–यामेतत्त्रयं प्रतिपद्यते,
अक्षितमस्य–च्युतमसि प्राणंसंशित–मसाति।
तत्रेते द्वे ऋचौ भवतः।।6।।
आदित्प्रत्नस्य रेतसः;उद्वयन्त–
मसस्परि ज्योतिः पश्यन्त उत्तरम्, स्वः
पश्यन्त उत्तरम्, देवं देवत्रा सूर्यम–गन्म ज्योति–रुत्तममिति,
ज्योति–रुत्तममिति।।छान्दोग्योपनिषत् 3.17.1–7।।

शरीर : अध्यात्मभाव यज्ञ

वाणी, चक्षु, प्राण, मन : होता, अध्वर्यु, उद्गाता, ब्रह्मा

वैदेह जनक ने "बहुदक्षिणा नामक यज्ञ" किया। उस यज्ञ में कुरुदेश और पाँचाल देशों के ब्रह्मविद् चहुं ओर से सम्मिलित हुए। उस समय वैदेह जनक को जानने की इच्छा हुई कि इन ब्रह्मवेत्ताओं में कौन "अतिशय वेदज्ञ" (अनूचानतम) है? इस उद्देश्य से वैदेह जनक ने एक सहस्र गौओं का समूह रोका। एक–एक गाय के दोनों शृंगों (सींगों) के साथ दस–दस पाद (सुवर्ण मुद्राएँ) राजाज्ञा से बन्ध गई।

उस समय वैदेह जनक ने कहा : परमादरणीय ब्रह्मवेत्ताओं! आप में से जो "अतिशय ब्रह्मवित्" है, वह ये समस्त गो स्वस्थान को ले जाय। यह सुनकर ब्रह्मवित् प्रगल्भ हुए वे अपने आप को ब्रह्मवादी कह कर धृष्ट नहीं हुए। अर्थात् किसी में भी गायों को हांक कर ले जाने का साहस नहीं हुआ।

सूर्य देवता से शुक्ल यजुर्वेद का ज्ञान प्राप्त करनेवाले महातेजस्वी ब्रह्मर्षि याज्ञवल्क्य ने अपने ही ब्रह्मचारी को कहा – प्रिय सामश्रवा! ये गोएं ले

चल! वह उनको ले चला। यह देखकर यज्ञ में आये ब्रह्मवित् क्रुद्ध हुए। वैदेह जनक के पुरोहित–होता अश्वल ने ब्रह्मर्षि याज्ञवल्क्य से प्रश्न पूछना प्रारम्भ किया। अश्वल ने पूछा : हे याज्ञवल्क्य! जो यह दृश्यमान जगत् है, वह मृत्यु से प्राप्त है। अर्थात् सम्पूर्ण जगत् मृत्यु के वश में है। तब किस कर्म से यज्ञ कर्त्ता–यजमान मृत्यु की प्राप्ति से मुक्त हो जाता है।

अध्वर्युणर्त्विजा चक्षुषा–ऽऽदित्येन। चक्षुर्वै यज्ञ–स्याध्र्युः। तद्यदिद चक्षुः सोऽसा– दित्यः, सोऽध्वर्युः, स मुक्तिः साऽतिमुक्ति।।3.1.4।।

उद्गात्रत्विजा वायुना प्राणेन। प्राणो वै यज्ञस्योद्गाता।।3.1.5।।

ब्रह्मणर्त्विजा मनसा चन्द्रेण। मनो वै यज्ञस्य ब्रह्मा, तद्यदिद मनः साऽसौ चन्द्रः स ब्रह्मा, स मुक्ति सोऽतिमुक्ति–रित्यतिमोक्षाः।।3.1.6।।

ब्रह्मर्षि याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया : हे अश्वल! ब्रह्माण्ड का अग्नि देवता पिण्ड (शरीर) में वाणी के रूप में विद्यमान है। तभी कहा है : "अग्निर्वाग् भूत्वा मुखं प्राविशत्।" अग्नि वाणी बनकर मुख में प्रविष्ट हुआ। यज्ञ में ऋत्विक् होता यजमान की वाणी को अग्नि का रूप देता है। वाणी ही – स्तोत्र पाठ से यज्ञ होता है। वह जो यह वाणी–स्तुति पाठ है, वह ही यह अध्यात्मिक (रूप से यज्ञ की) अग्नि है। वह "होता" है, वह मुक्ति है, सर्वथा मुक्ति है। "अध्यात्मभाव यज्ञ ही मुक्ति मार्ग है।।4।।

किस कर्म से यजमान (यज्ञ करनेवाला) कालचक्र के पार जाता है? ब्रह्मर्षि याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया : ब्रह्माण्ड का सूर्य देवता पिण्ड में चक्षु बनकर विद्यमान है। "चक्षु–शास्त्राध्ययन ही यज्ञ का अध्वर्यु है।" अध्वर्यु ऋत्विक् चक्षु को पुनः आदित्य रूप देता है। यह चक्षु दर्शन शक्ति है, वह ही यह सूर्य है। वह ही सूर्य का द्योतक है। चक्षु रूप व्यष्टि के लिये दिन–रात होते हैं। अपने पिण्ड को ब्रह्माण्ड से व्यष्टि को समष्टि एकाकार करना ही दिन–रात के पाश से छूट जाना है। चक्षु का आदित्य रूप हो जाना ही मुक्ति है, यही अतिमुक्ति है।।4।।

ब्रह्मर्षि याज्ञवल्क्य ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि उद्गाता ऋत्विज् से, वायु से प्राण से है। "प्राण ही यज्ञ का उद्गाता" है। वह जो यह प्राण–जीवनशक्ति है वह ही वायु है। वह ही स्तोत्रों का गान करनेवाला है।।5।।

प्रकारान्तर में ब्रह्मर्षि याज्ञवल्क्य ने कहा कि, ब्रह्माण्ड का चन्द्र देवता पिण्ड में मन के रूप में विराजमान है। यज्ञ का ब्रह्मा ऋत्विज् मन है। "मन अथवा एकाग्रभाव ही यज्ञकर्म का ब्रह्मा है।" यह एकाग्र मन ही प्रियरूप

चन्द्रमा है, ब्रह्मा है। वह मुक्ति है, अतिमुक्ति है। अध्यात्मभाव यज्ञ ही कल्याण का मार्ग है।।6।।

बृहदारण्यकोपनिषत् में शरीर यज्ञ में वाणी, चक्षु, प्राण एवं मन को होता, अध्वर्यु, उद्गाता और ब्रह्मा (चार प्रमुख ऋत्विक् की) संज्ञा दी है।

ब्रह्मर्षि याज्ञवल्क्य ने वैदेह जनक के यज्ञ में ब्रह्म चर्चा में स्पष्ट किया कि सूक्ष्म तत्त्वों का ज्ञान गोपन ही रखा गया है।

आत्मयज्ञ एवं सृष्टियज्ञ

आत्मयज्ञ : वाणी एवं मन साधन–मार्ग

निश्चित रूप से यह "ब्रह्मज्ञानी पुरुष ही यज्ञ है, जो अपने उपदेश से जगत् को पवित्र करता है।" अथवा जगत्–सृष्टि में जो कुछ यह "पावन कार्य" हो रहा है, यह मानो "यज्ञ" हो रहा है। यह पावन कार्य "गति" द्वारा हो रहा है; गति ही जगत्–सृष्टि में पवित्रता उत्पन्न करती है, इसलिये यह "गति ही यज्ञ" है। यज्ञ के दो मार्ग हैं – "मन" एवं "वाणी"। वैसे ही गति द्वारा शुद्धि के दो साधन हैं।।छान्दोग्योपनिषत् 4.16.1।।

द्रव्यमय यज्ञ को भी उपासक ही शुद्ध करता है। इस कारण इसमें भी "उपासक यज्ञ" है। यज्ञ में ब्रह्मा वाणी का प्रयोग नहीं करता है। ब्रह्मा उन दोनों मार्गों में से एक मार्ग "मन से संस्कार करता है। वह मौन भाव से विधि करता है।" "होता, अध्वर्यु और उद्गाता दूसरे मार्ग वाणी से संस्कार करते हैं।" वह ब्रह्मा, जहाँ यज्ञ कार्य के आरम्भ में, प्रातः के पाठ के आरम्भ में और होम करने की अन्तिम ऋचा से पहिले यदि बोलता है तो दोषी हो जाता है।।2।। अर्थात् "यज्ञ का ब्रह्मा यज्ञ के दौरान मौन रहे।"

"सृष्टि में हो रहे गति रूप यज्ञ को भी मन–अथवा ज्ञान से चलाना जगत् के ब्रह्मा का काम है।" यदि ज्ञान के जगत् में विचरते हुए, ब्रह्मा सृष्टि की गति का संचालन करने के स्थान पर "वाग्विलास" में पड़ेगा (वाणी के मार्ग से यज्ञ करता है।); तो उसके दूसरे मन का मार्ग नष्ट हो जाता है। जैसे सृष्टि का रथ दो पहियों से एक पहिये पर घूमने लगेगा तो नष्ट हो जायेगा। वैसे ही यज्ञ नष्ट हो जायेगा, यज्ञ नष्ट होने पर यजमान भी नष्ट हो ही जायेगा। इस तरह ऐसे दोष–युक्त यज्ञ को करके (यजमान) पापिष्ठ हो जाता है। "यज्ञ यथाविधि करने से ही फल देता है" (यज्ञ सम्पन्न होने के मध्य ज्ञान–विद्वत्तता प्रदर्शनार्थ प्रश्न पूछना अथवा विधि पर प्रश्न उठाना भी अक्षम्य है)।।3।।

जहाँ यज्ञ के प्रारम्भ में, प्रातः पाठ में और अन्तिम ऋचा से पहिले यज्ञीय ब्रह्मा मौन रहता है, नहीं बोलता है वहाँ याजक दोनों मार्गों (वाणी एवं

मन) को पवित्र करते हैं। दोनों साधनों से यज्ञ करते हैं, उसमें कोई हानि नहीं होती है। जैसे दोनों पहियों पर चलता रथ स्थिर रहता है। ऐसे ही ब्रह्मा का यज्ञ स्थिर रहता है। यज्ञ के स्थिर होते हुए यजमान स्थिर हो जाता है। वह यजमान ऐसा यज्ञ करके श्रेष्ठ हो जाता है। उसे यज्ञ से अभीष्ट फल मिल जाता है।।4, 5।। छान्दोग्योपनिषत् 4.16.1–5।।

एष ह वै यज्ञो योऽयं पवते। एष ह यन्निदं सर्वं पुनाति।
यदेष यान्निदं सर्वं पुनाति तस्मादेष एव यज्ञः।
तस्य मनश्च वाक् च वर्तनी।।1।।
तयोरन्यतरा मनसा संस्करोति ब्रह्मा वाचा होता–ऽध्वर्यु–रुद्गाता–न्यतराम्।
स यत्रो–पाकृते प्रातर–नुवाके पुरा परिधानी–याया ब्रह्मा व्यव–वदति।।2।।
अन्यतरामेव वर्तनी संस्करोति हीयते–ऽन्यतरा।
स यथैक–पाद् व्रजन्नथो वैकेन चक्रेण वर्तमानो रिष्यत्येवमस्य यज्ञो रिष्यति।
यज्ञं रिष्यन्तं यजमानोऽनुरिष्यति। स इष्ट्वा पापीयान् भवति।।3।।
अथ यत्रोपाकृते प्रातरनुवाके न पुरा
परिधानीयाया ब्रह्मा व्यववदत्युभे
एव वर्तनी संस्कुर्वन्ति, न हीयतेऽन्यतरा।।4।।
स यथोभयपाद् व्रजन्नथो वोभाभ्यां
चक्राभ्यां वर्तमानः प्रति–तिष्ठत्येवमस्य यज्ञः प्रतितिष्ठति।
यज्ञं प्रतितिष्ठन्तं यजमानोऽनुप्रतितिष्ठति।
स इष्ट्वा श्रेयान् भवति।।5।। छान्दोग्योपनिषत् 4.16.1–5।।

उच्छ्वास एवं निःश्वास : अग्निहोत्र की आहुतियाँ

प्राणाग्नि के ऋत्विक् : अध्यात्म यज्ञ

''प्रश्नोपनिषत्'' के चौथे प्रश्न में प्राणाग्नि के ऋत्विकों का वर्णन किया गया है। शांकरभाष्य में इसकी अद्भुत व्याख्या की गई है। उच्छ्वास और निःश्वास अग्निहोत्र की आहुतियों के समान है। अतः (इनमें और अग्निहोत्र की आहुतियों में) समान रूप से द्वित्व होने के कारण जो वायु शरीर की स्थिति के लिये इन दोनों आहुतियों को साम्यभाव से सर्वदा चलाता है, वह अग्नि स्थानीय होने पर भी आहुतियों का नेता होने के कारण ''होता'' है।

यह स्मरण रहे कि प्रश्न 4 के तृतीय प्रश्न में कहा है : सुषुप्ति में जागनेवाले प्राण–भेद ''गार्हपत्यादि अग्निरूप'' है। सुषुप्तिकाल में इस

शरीररूप पुर में "प्राणाग्नि" ही जाग्रत रहता है। यह "अपान ही गार्हपत्य अग्नि" है, "व्यान अन्वाहार्यपचन" है। जो गार्हपत्य अग्नि से ले जाया जाता है, वह "प्राण" ही प्रणयन (ले जाये जाने) के कारण "आहवनीय अग्नि है।।"4. 3।।

इस पुर–नौ द्वारवाले देह में श्रोत्रादि इन्द्रियों के सुप्त होने पर "प्राणाग्नि–प्राणादि पाँच वायु ही अग्नि के समान हैं, वे ही जागते हैं। अग्नि के साथ उनकी समानता स्पष्ट करते हैं। यह "अपान ही गार्हपत्य अग्नि" है। कैसे है, इसकी व्याख्या करते हैं – क्योंकि अग्निहोत्र के समय गार्हपत्य अग्नि से ही आहवनीय नामक दूसरा अग्नि (जिसमें हवन किया जाता है।) है। अतः प्रणयन किये जाने के कारण "प्रणीयतेऽस्मात्" इस व्युत्पत्ति के अनुसार वह "गार्हपत्याग्नि प्रणयन" है।

इसी प्रकार प्राण भी निद्रा में लीन मनुष्य की अपानवृत्ति से प्रणीत हुआ–सा ही मुख एवं नासिका से संचार करता है; अतः वह आहवनीय स्थानीय है। "व्यान" हृदय के दक्षिण छिद्र द्वारा निकलने के कारण दक्षिण दिशा के सम्बन्ध से अन्वाहार्यपचन यानी दक्षिणाग्नि है।।शंकरभाष्य 4.3।।

प्राणाग्नय एवैतस्मिन्पुरे जाग्रति।
गार्हपत्यो ह वा एषोऽपानो व्यानो–
ऽन्वाहार्यपचनो यद्गार्हपत्या–त्प्रणीयते
प्रणय–नादाहवनीयः प्राणः।।प्रश्नोपनिषत् 4.3।।

प्रश्नोपनिषत् के मन्त्र (4.3) से स्पष्ट है कि विद्वान् की निद्रा भी अग्निहोत्र का हवन है। इसका अभिप्राय है कि विद्वान् को अकर्मा नहीं मानना चाहिये। इसी से बृहदारण्यकोपनिषत् में भी कहा है कि उस विद्वान् के निद्रा में होने पर भी समस्त भूत सर्वदा योगानुष्ठान–चयन किया करते हैं।

इस अवस्था में बाह्य इन्द्रियों और विषयों को पँच प्राणरूप जागते हुए प्रज्ज्वलित अग्नि में हवन कर मनरूप यजमान अग्निहोत्र के फल स्वर्ग के समान ब्रह्म के प्रति जाने की इच्छा से जागता रहता है। यजमान के समान भूत और इन्द्रियों में प्रधानता से व्यवहार करने और स्वर्ग के समान ब्रह्म के प्रति प्रस्थित होने से मन यजमान रूप से कल्पना किया गया है।

उदानवायु ही यज्ञ का फल–इष्ट फल है, क्योंकि इष्टफल की प्राप्ति उदानवायु के निमित्त से ही होती है। यह किस प्रकार है, जानना आवश्यक है। वह उदानवायु इस मन नाम वाले यजमान को स्वप्नप्रवृत्ति से भी गिराकर नित्यप्रति सुषुप्तिकाल में स्वर्ग के समान अक्षरब्रह्म को प्राप्त करा देता है। अतः "उदान यागस्थानीय" है।

यह उल्लेखनीय है कि विद्वान्–ब्रह्मवित् की ही इन्द्रियाँ निद्रा लेती हैं और प्राणाग्नियाँ जागती हैं। उसी का मन जाग्रत एवं सुषुप्ति दोनों में स्वतन्त्रता का अनुभव करता है।

इस मन्त्र में कहा है कि उच्छ्वास एवं निःश्वास मानो अग्निहोत्र की आहुतियाँ हैं। उन्हें जो (शरीर की स्थिति के लिये) समभाव में विभक्त करता है वह "समान ऋत्विक्" है; "मन ही निश्चय यजमान" है, और "इष्टफल" ही उदान" है। वह "उदान इस मनरूप यजमान को नित्यप्रति ब्रह्म के पास पहुँचा देता है"।। प्रश्नोपनिषत् 4.4।।

यदुच्छ्वास–निःश्वासा–वेतावाहुती समं नयतीति
स समानो मनो ह वाव यजमान इष्टफल–मेवोदानः,
स एनं यजमानम–रहर्ब्रह्म गमयति।। प्रश्नोपनिषत् 4.4।।

इसका सरल भावार्थ है कि जो ये श्वास–प्रश्वास हैं–श्वास (साँस) का भीतर–बाहर आना–जाना है, ये दो आहुतियाँ हैं। श्वास का गमनागमन देह को सम करता है। यह अन्न को पचाता है। इस कारण वह "समान" है। प्राणायाम में मन यजमान है। उसकी स्थिरता से यज्ञ सिद्ध होता है। ध्यान एवं प्राणायाम का इष्टफल समाधि ही "उदान" है। वह समाधि इस यजमान को प्रतिदिन ब्रह्म में ले जाती है। समाधि में मन ब्राह्मी अवस्था को प्राप्त हो जाया करता है। यह "अध्यात्म यज्ञ" है।।

स्व शरीर में यज्ञानुभव!

प्राणाग्निहोत्र उपनिषत् में भी शरीर में होनेवाले यज्ञ की (आन्तरिक यज्ञ) व्याख्या की गई है। "अपने शरीर में यज्ञ का परिवर्तन करता हूँ। वहाँ सूर्याग्नि.....सिर में रहता है.....। ..... आहवनीयाग्नि मुख में रहता है। शरीराग्नि अन्न का भक्षण करता है ..... वह दक्षिणाग्नि होकर हृदय में रहता है उसी को कोष्ठाग्नि कहते हैं।..... यह गार्हपत्याग्नि बन कर नाभि में रहता है..... यह सन्तान उत्पत्ति करता है।

शारीराग्निदर्शनं नाम अपरब्रह्मविद्या

स्व शरीरे यज्ञं परिवर्तयामिति।
चत्वारो–ऽग्नयस्ते किं नार–मर्धयाः।।18।।
तत्र सूर्याग्निर्नाम सूर्यामण्डलाकृतिः सहस्रः रश्मिपरिवृत
एक–ऋषिर्भूत्वा मूर्धनि तिष्ठति। यस्मा दुक्तो दर्शना–ग्निर्नाम
चतुराकृति–राहवनीयो भूत्वा मुखे तिष्ठति। शरीरो–ऽग्निर्नाम जराप्रणुदा
हविरव–स्कन्दति अर्धचन्द्रा–कृतिर्दक्षिणा–ग्निर्भूत्वा हृदये तिष्ठति।
तत्र कोष्ठग्नि–रिति कोष्ठाग्नि–र्नामाशित–पीतलीढ स्वादितं सम्य–

ग्व्यष्टयं विषयित्वा गार्हपत्यो भूत्वा नाभ्यां तिष्ठति।।19।।
प्रायश्चितयस्त्वधरतात्तिर्यक् तिस्त्रो हिमांशुः प्रभुः प्रजननकर्मा।।20।।
।।प्राणाग्निहोत्रोपनिषत्।।

शारीराग्निविद्यायाः शरीयज्ञत्वम्

अस्य शरीर–यज्ञस्य यूपरशनाऽशोभितस्य
को यजमानः का पत्नी के ऋत्विज्ः
के सदस्याः कानि यज्ञपात्राणि कानि
हवींषि का वेदिः काऽन्तर्वेदिः को
द्रोणकलशः को रथः कः पशुः कोऽध्वर्युः
को होता को ब्राह्मणाच्छंसी कः प्रति–प्रस्थाता
कः प्रस्तोता को मैत्रावरुणः क उद्गाता
का धारा कः पोता के दर्भाः कः स्रुवः
काऽऽज्य–स्थाली कावाघारौ कावाज्य–भागौ
के प्रयाज्ञाः के अनुयाजाः केडा कः
सूक्तवाकः कः शंर्योवाकः के पत्नीसंयाजाः
को यूपः का रशना का इष्टयः का
दक्षिणा किम–वभृथमितिः।।21।।
अस्य शारीरयज्ञस्य यूप–रशनाऽशो–भितस्यात्मा
यजमानः बुद्धिः पत्नी वेदा महऋत्विज्ः
अंहकारो–ऽध्वर्युः चित्तं होता प्राणो
ब्राह्मणाच्छंसी अपानः प्रति–प्रस्थाता व्यानः
प्रस्तोता उदान उद्गाता समानो मैत्रावरुणः
शरीरं वेदिः नासिकाऽन्तर्वेदि मूर्धा द्रोणकलशः
पादो रथः दक्षिहस्तः स्रुवः आज्यस्थाली।।
श्रोत्रे अघारौ चक्षुषी आज्यभागौ ग्रीवा
धारा पोता तन्मात्राणि सदस्याः
महाभूतानि प्रयाजाः गुणा अनुयाजाः
जिव्हेडा दन्तोष्ठौ सूक्तवाकः तालुः शयोर्वाकः
स्मृतिर्दया क्षान्तिर–हिंसा पत्नी–संयाजाः
ओंकारो यूपः आशा रशना मनो रथः
कामः पशुः केशा दर्भाः इन्द्रियाणि यज्ञ–
पात्राणि कर्मेन्द्रियाणि हवींषि अहिंसा
इष्टयः त्यागो दक्षिणा अवभृथं मरणात्

सर्वाण्यस्मिन् देवता शरीरेऽअधिसमाहिताः।।2।।

।।प्राणान्होत्रोपनिषत्।।

प्राणाग्निहोत्रोपनिषत् के "शरीरयज्ञत्वम्" में शरीरस्थ यज्ञ के सभी ऋत्विक् गणों, हवि, यज्ञावधि, इष्टि, दक्षिणा, महाभूत, पशु, कुशासन– दर्भासन, सूक्तवाक्, यज्ञ वेदी, देवता, शमिता ब्राह्मणाच्छंसी, यज्ञपात्र, अग्नि, सोमरस, ब्रह्मा, यजमान, यजमान पत्नी आदि को स्पष्ट किया गया है। इन यज्ञीय शब्दों का अभिप्राय है : "यज्ञ–मनुष्य; यज्ञशाला–देह; यज्ञावधि–सम्पूर्ण जीवन; आहवनीयाग्नि–मुख; गार्हपत्याग्नि–कोष्ट; दक्षिणाग्नि–हृदय; यजमानपत्नी–बुद्धि, श्रद्धा; ब्रह्मा–मन; अध्वर्यु–अहंकार, नेत्र; होता–चित्त, वाक्; ब्राह्मणाच्छंसी–प्राण; प्रतिप्रस्थाता–अपान; प्रस्तोता–व्यान; उद्गाता– उदान; मैत्रावरुण–समान; शमिता–शम; पशु–काम, क्रोध, मद, मोह, लोभ, मत्सर, अज्ञान, अविद्यादि; हविर्द्रव्य–कर्मेन्द्रियाँ; यज्ञपात्र–ज्ञानेन्द्रियाँ; सोमरस–जल, रस; इष्टि–अहिंसा दर्भ–केश; यजमान–आत्मा; वेदी–हृदय और देवता शरीर में विद्यमान प्रत्यक्ष देव।" प्राणाग्निहोत्रोपनिषत् वैदिक यज्ञ–संस्था और मानवीय देह में यज्ञ का यज्ञकोश है।

शरीरस्य यज्ञत्वसम्पादनम्

अहयार शोध एवं ग्रन्थागार ने बीसवीं शती के पूर्वार्ध में 108 उपनिषतों एवं 78 अप्रकाशित उपनिषतों का दुर्लभ प्रकाशन किया। इनमें से ही एक "गर्भोपनिषत्" है। गर्भोपनिषत् के 20वें मन्त्र में प्राणोग्निहोत्रोपनिषत् की शृंखला में शरीर में यज्ञ का वर्णन "शरीरस्य यज्ञत्वसम्पादनम्" शीर्षक से है।

तत्र त्रीणी स्थानानि भवन्ति हृदये दक्षिणाग्निः
उदरे गार्हपत्यं मुख–माहवनीयम्। यजमानाय
बुद्धिं पत्नीं निधाय दीक्षा सन्तोषं बुद्धीन्द्रि–
याणि यज्ञपात्राणि शिरः कपालं केशाः दर्भाः
मुखमन्त–र्वेदिः षोडश पार्श्वदन्त–पटलान्यो–
ष्टोत्तरम–र्मशतमशीति–सन्धिशतं नवस्नायु–
शतमष्ट–सहस्र–रोमकोट्यः।।20।।गर्भोपनिषत्।।

गर्भोपनिषत् में भी प्राणोग्निहोत्रोपनिषत् का कथन सारसंक्षेप में प्रस्तुत किया गया है।

बाह्मपेक्षया आन्तरयागस्य श्रेष्ठतम

पाशुपतब्रह्मोपनिषत् का सम्बन्ध ऋग्वेद के वालखिल्य ऋषियों से है। वालखिल्य ऋषि ही ऋग्वेद के सुविख्यात "श्रीसूक्त" के मन्त्रद्रष्टा ऋषि हैं।

पाशुपतब्रह्मोपनिषत् में "बाह्य यज्ञ" की अपेक्षा "आन्तरयाग" को श्रेष्ठ घोषित किया है।

नवसूत्रान्परिचर्चितान्। तेऽपि यब्द्रह्म चरन्ति।
अन्त–रादित्यं न ज्ञान मनुष्याणाम्।।27।।
जग–दादित्यो रोचत इति ज्ञात्वा ते मर्त्या विबुधास्त–
पन प्रार्थना–युक्ता आचरन्ति।।28।। वाजपेयः पशुहर्ता
अध्वर्युरिन्द्रो देवता अहिंसा धर्मयागः परमहंसोऽध्वर्युः
परमात्मा देवता पशुपतिः।।29।।
ब्रह्मेपनिषदो ब्रह्मः। स्वाध्याय–युक्ता ब्राह्मणा–
श्चरन्ति।।30।। पूर्व काण्ड, पाशुपतब्रह्मोपनिषत्।।

शरीर : योगयज्ञादियज्ञचतुष्टयम्
ज्ञानयज्ञ सर्वोत्तम

शुक्ल यजुर्वेद की शाट्यायनीयोपनिषत् है।

योगयज्ञः सदैकाग्र्यभक्त्या सेवा हरेर्गुरोः।
अहिंसा तु तपोयज्ञो वाङ्.मनकायकर्मभिः।।15।।
नानोपनिषदभ्यासः स्वाध्यायो यज्ञ ईरितः।
ओमित्यात्मानमव्यग्रो ब्रह्मण्यग्नौ जुहोति तत्।।16।।
ज्ञानयज्ञः स विज्ञेयः सर्वयज्ञोत्तमोत्तमः।
ज्ञानदण्डा ज्ञानशिखा ज्ञानयज्ञोपवीतिनः।।17।।
शिखा ज्ञानमयी यस्य उपवीतं च तन्मयम्।
ब्राह्मण्यं सकलं तस्य इति वेदानुशासनम्।।18।।
अयमेव हि परमहंसजपयज्ञः। योगयज्ञादि–यज्ञचतुष्टयं
तु सर्वेषां सममित्याह–योगयज्ञ इति।।15–18।।
।।शाट्यायनीयोपनिषत्।।

प्राणब्रह्मप्रापकं अग्निहोत्रोपासनम्

कौषीतकिब्राह्मणोपनिषत् ऋग्वेद से सम्बन्धित है। इस उपनिषत् के द्वितीय अध्याय का चतुर्थ मन्त्र "प्राणब्रह्मप्रापकं अग्निहोत्रोपासनम्" है।

अथातः सायमन्नं प्रातर्दन–मान्तरम–ग्निहोत्रमिति चाचक्षते।
यावद्वै पुरुषो भासते न तावत् प्राणितुं शक्नोति प्राणं तदा वाचि
जुहोति। यावद्वै पुरुषः प्राणिति न तावद्भातुं शक्नोति वाचं तदा प्राणे
जुहोति। एतेऽनन्ते–ऽमृताहुती जाग्रच्च स्वरूपं च संततमव्य–वच्छिन्नं
जुहोति। अथ या अन्या आहुतयो–ऽन्तवत्यस्ताः कर्म–मय्यो भवन्ति।
एतदु वै पूर्वे विद्वांसो–ऽग्निहोत्रं जुव्हांचक्रुः। अथ कथं ब्रह्मेति।

शुष्क–भृंगारमृगि–त्युपासीत सर्वाणि हास्मै भूतानि श्रेष्ठया–याभ्यर्च्यन्ते।
तद्यजुरित्यु–पासीत सर्वाणि हास्मै भूतानि श्रैष्ठयाय युज्यन्ते।
तत् सामेत्यु–पासीत सर्वाणि हास्मै भूतानि श्रेष्ठयाय संनमन्ते।
तच्छ्रीत्यु–पासीत तद्यश इत्युपासीत तत्तेज इत्युपासीत तद्यथेत–
च्छास्त्राणां श्रीमत्तमं यशस्वितमं तेजस्वितमं भवति।
तथैवैवं–विद्वान् सर्वेषां भूतानां श्रीमत्तमो यशस्वित–मस्तेजस्वि–तमो
भवति। तदेत–दैष्टकं कर्म यमात्मान–मध्वर्युः संस्करोति तस्मिन्
यद्धर्ममयं प्रभवति तद्धर्ममयं त्वम्मयं होतर्मयं साममय–मुद्गाता स एष
सर्वस्यै त्रयीविद्याया आत्मैप उत एव स्यान्नै–तदात्मा भवति य एवं
वेद।।2.4।।कौषीतकिब्राह्मणोपनिषत्।।

इस मन्त्र में कहा है कि मनुष्य जब मुख से बोलता है, उस समय पूरी तरह श्वास नहीं ले पाता है। उस समय प्राण का वाणी रूप अग्नि में हवन हो जाता है।

वाणी और प्राण रूप आहुतियाँ कभी अन्त नहीं होनेवाली हैं और अमर हैं। प्राणी जाग्रत एवं सुप्त दोनों ही अवस्थाओं में इन आहुतियों को समर्पित करता रहता है। वाणी और प्राण रूप आहुतियों से भिन्न द्रव्यमयी हवियाँ कर्म के द्वारा दी जाती हैं। प्राचीनकाल (वेद से पूर्व के साध्य, ऋषि, देवता) ज्ञानी इस रहस्य के ज्ञाता रहे, वे केवल कर्ममयी आहुतियाँ नहीं देते थे।

शुष्कशृंगार महान् आत्मा भी प्राण को ब्रह्म मानता है। उक्थ रूप प्राण को ऋक् मानकर उपासना करें। जो ज्ञानी प्राण रूप उक्थ को ऋक् जान लेता है, उस ज्ञानी की जगत् में श्रेष्ठ बनने की कामना करनेवाले पूजा करते हैं। उक्थ में यजुर्बुद्धि रखने वाले उपासक का श्रेष्ठ बनने की कामना करनेवाले सहयोग करते हैं। जिस साध्य की उक्थ में साम बुद्धि हो उसे श्रेष्ठ काम्य प्राणी नमन करते हैं। उक्थ की श्री भाव से उपासना की जाती है, उत्तम यश भाव रखा जाता है और उक्थ को श्री–तेज मानकर उपासना की जाती है। जैसे दिव्य धनुष्य (यजुर्वेद में शास्ता रुद्र का पिनाक धनुष्य है। शास्ता रुद्र दिव्य धनुष्य से पातकी प्रजापति का वध करते हैं और असुरों के त्रिपुरों का संहार करते हैं।) समस्त धनुष्यों में श्रेष्ठतम, अत्यन्त शक्ति सम्पन्न (प्रलयंकर, दुर्धर्ष), यश सम्पन्न और (कोटि सूर्य के समान) तेजवाला होता है, वैसे ही इस रहस्य का ज्ञाता सर्वश्रेष्ठ, महान् तेजस्वी, यशस्वी और सम्पन्न होता है।

वेदों पर संचित कर्म प्राण रूप अग्नि को आत्म स्वरूप स्वीकारता हुआ ऋत्विक् आत्म–संस्कार करता है। जिससे वह प्राण से यजुष् की विधि

से सिद्ध होनेवाले कर्मों में ऋक् की विधि से सिद्ध होनेवाले कर्मों की वृद्धि होती है। ऋक् से सिद्ध होनेवाले कर्मों में ही साम से साध्य विस्तृत होते हैं। इन त्रयी वेद–ऋक्, यजुष्, साम रूपी विद्या का आत्मा यह अध्वर्यु रूप प्राण है। इस विद्या का आत्मा प्राण कहा गया है। जो प्राणी इस प्रकार जानता है, वह स्वयं प्राण रूप हो जाता है।।कौषतकिब्राह्मणोपनिषत्।।

यज्ञरूप शरीर

महानारायणोपनिषत् में यज्ञपुरुष का वर्णन अन्य उपनिषत्कारों की शृंखला में है।

यज्ञस्यात्मा यजमानः श्रद्धा पत्नी शरीर–
मिध्ममुरो वेदिर्लोमानि बर्हिर्वेदः शिखा
हृदयं यूपः काम आज्यं मन्युः पशुस्त–
पोऽग्निर्दमः शमयिता दक्षिणा वोग्घोता
प्राण उद्गाता चक्षुर–ध्वर्युर्मनो ब्रह्मा
श्रोत्रम–ग्नीद्यावद्–ध्रियते सा दीक्षा,
यद–श्नाति तद्धविर्य–त्पिबति तदस्य
सोमपानं .....।।महानारायणोपनिषत्।

ब्रह्मयज्ञत्वम्

पाशुपतब्रह्मोपनिषत् में ब्रह्मयज्ञ की व्याख्या की गई है। इसके पूर्वकाण्ड में – ''ब्रह्मसूत्रयज्ञसूत्रयोः साम्यम्'', ''ब्रह्मयज्ञ अधिकारी'', ''ब्रह्मयज्ञत्वम्'', ''सृष्टियज्ञे कर्त्रादिनिरूपणम्'' एवं ''हंसाप्रणवाभेदानुसन्धानं अन्तर्याग'' का वर्णन किया गया है।

सृष्टियज्ञे कर्त्रादिनिरूपणम्

समस्तयागानां रुद्रः पशुकर्ता रुद्रो यागदेवो
विष्णु–रध्वर्यु–र्होतेन्द्रो देवता यज्ञभुड्. मानसं
ब्रह्म महेश्वरं ब्रह्म।।11।।

नादानुसन्धानयज्ञः

मानसो हंसः सोऽहं हंस इति तन्मयं यज्ञो
नादानुसंधानम्। तन्मयविकारो जीवः।।12।।

यज्ञसूत्रब्रह्मसूत्रयोः साम्यम्

षण्णतितत्त्वतन्तुवद्यक्तं चित्सूत्रत्रय–चिन्मय–
लक्षणं नवतत्त्व–त्रिरावृतं ब्रह्माविष्णु–महेश्व–
रात्मकम–ग्नित्रय–कलोपेतं चिद्ग्रन्थि–
बन्धनम् अद्वैतद्ग्रन्थिः।।14।। यज्ञ–साधारणांग

बहिरन्त–र्ज्वलनं यज्ञांग–लक्षण–ब्रह्मस्वरूपो हंसः।।

ब्रह्मयज्ञो अधिकारिक

उपवीत–लक्षण–सूत्र ब्रह्मगा यज्ञाः। ब्रह्मांग–
लक्षणयुक्तो यज्ञसूत्रम्। तब्द्रह्म–सूत्रम्।
यज्ञसूत्र–सम्बन्धी ब्रह्मयज्ञः तत्स्वरूपः।।16।।

प्रणवहसस्य ब्रह्मयज्ञत्वम्

अंगानि मात्राणि। मनोयज्ञस्य हंसो यज्ञसूत्रम्।
प्रणवं ब्रह्मसूत्रं ब्रह्मयज्ञमयम्।
प्रणवान्तर्वर्ती हंसो ब्रह्मसूत्रम्।
तदेव ब्रह्मयज्ञमयं मोक्षक्रमम्।।17।।

मनोयागः

ब्रह्मसंध्या–क्रिया मनोयागः।
संध्याक्रिया मनोयागस्य लक्षणम्।।18।।

हंस प्रणवाभेदानुसन्धानं अन्तर्यागः

यज्ञ सूत्रं प्रणवम्। ब्रह्मयज्ञक्रियायुक्तो ब्राह्मणः।
ब्रह्मचर्येण चरिन्त देवाः। हंससूत्र–चर्या यज्ञाः।
हंसप्रणव–योरभेदः।।19।। हंसस्य प्रार्थना–स्त्रिकालाः।
त्रिकाला–स्त्रिवर्णाः। त्रेताग्न्य–नुसंधानो यागः। त्रोताग्न्या–त्माकृति–
वर्णोंकार–हंसानुसंधानों–ऽन्तर्यागः।।20।।
चित्स्वरूप–वत्तन्मयं तुरीयस्वरूपम्।
अन्तःरादित्ये ज्योतिः–स्वरूपो हंसः।।21।।
यगांगं ब्रह्मसंपत्तिः। ब्रह्म प्रवृत्ति तत्प्रणवहंससूत्रेणैव
ध्यानमाचरन्ति।।22।।11, 12, 14, 16–22 पाशुपतब्रह्मोपनिषत्,
पूर्वकाण्ड।।

शरीरस्थ ध्यानयोग

जगत्सृष्टयुपायो

स होवाच न शक्नोमि जगत् स्रष्टुमुपायं मे कथयेति।
तमुवाच पुरुषः प्रजापते शृणु सृष्टेरुपायं परमं यं विदित्वा सर्वं ज्ञास्यसि
सर्वत्र शक्ष्यसि सर्वं करिष्यसि मय्यग्नौ स्वात्मानं हविर्ध्यात्वा तयै–
वानुष्टुभर्चा। ध्यान–यज्ञोऽयमेव।।2।।तृतीय खण्ड।।

ध्यानयज्ञमहिमा

एतद्वै महोपनिषद्देवानां गुह्यम्। न ह वा

एतस्य साम्ना नर्चा न यजुषाऽर्थो–ऽनुविद्यते।
य इमां वेद स सर्वान् कामनवाप्य सर्वान्
लोकान् जित्वा मामेवा–भ्युपैति। न च
पुनरा–वर्तते य एवं वेदेति।।3।।तृतीय खण्ड।।

ध्यानयज्ञेन परमेष्ठिनः सर्वज्ञत्वादिलाभः

प्रजापतिस्तं यज्ञाय वसीयां–समात्मानं मन्य–
मानो मनोयज्ञे–नेजे सप्रणवया तयैवर्चा
हविर्ध्यात्वा–ऽऽत्मानमात्म–न्यग्नौ जहुयात्।
सर्वम–जानत् सर्वत्राशक्त् सर्वमकरोत्।।1।।
य एवं विद्वानिमं ध्यानयज्ञम–नुतिष्ठेत्
स सर्वज्ञो–ऽनन्तशक्तिः सर्वकर्ता भवति।
स सर्वान् लोकान् जित्वा ब्रह्मं पर प्राप्नोति।।2।।
।।चतुर्थ काण्ड।।अव्यक्तोपनिषत् 3.2, 3; 4.1, 2।।

अननुसंधाने पातित्यम्

प्रतिष्ठा सूकरीविष्ठा गीता महर्षिभिः।
तस्मादेनां परित्यज्य कीय्वत् पर्यटेद्यतिः।।30।।
।।नारदपरिव्राजकोपनिषत्।।ऊँ।।

अथर्ववेदीय यज्ञ
यज्ञ में सर्वस्व आत्मसमर्पण

अथर्ववेद के द्वितीय काण्ड का 35वाँ सूक्त आदि यज्ञ का है। इसके ऋषि अंगिरा और देवता–विषय विश्वकर्मा है। इस सूक्त में विश्वकर्मा का आशय– विश्व का कर्ता, एक परमेश्वर है। इस ''परमेष्ठी ने यज्ञ रूपी प्रशस्ततम सत्कर्म–यज्ञ का प्रारम्भ किया।'' ऋग्वेद के अनुसार यज्ञ में परमेष्ठी की हवि के रूप में आहुति दी गई। ऋग्वेद के पुरुष सूक्त में इसका सविस्तार वर्णन किया गया है।

सूक्त की पाँचवी ऋचा के अनुसार ''परमेष्ठी ने सर्वस्व आत्मसमर्पण करके सम्पूर्ण जीवों की भलाई के लिये विश्व रूप महान् (सृष्टि) यज्ञ की

रचना सर्वप्रथम की है।'' इसके अनुसरण में अन्याय साध्यों, ऋषियों, देवों (महात्माओं) ने विविध यज्ञ करना प्रारम्भ किया।

यह सूक्त ''यज्ञ में सर्वस्व आत्मसमर्पण करने का'' उपदेश दे रहा है। इसी ऋचा में कहा है : ''हम वाणी, कर्ण और मन से अर्पण करते हैं। वाचा श्रोत्रेण मनसा च जुहोमि।।5।।'' इसलिये ''हरएक मनुष्य यज्ञ में आत्मसमर्पण करने की तैयारी करे, सर्वस्वत्याग–समर्पण करने से पीछे नहीं हटे। क्योंकि इसप्रकार के समर्पण से ही उच्च अवस्था प्राप्त होती है।''

चतुर्थ ऋचा में ''ऋषिगण के लिये घोर'' विशेषण आया है। ''घोर'' का आशय ''अध्यात्मिक से उच्च, श्रेष्ठ, उन्नतादि'' है। इसके विपरीत सामन्यरूप से घोर का अर्थ भयानक, कठोर आदि लिया जाता है। ऋषियों के उन्नत होने का हेतु ''उनके मन और आँख में सदैव सत्य होना है।'' ऋषि–साध्य– क्रान्तदर्शी कवि–केशी कभी भी मन में असत्य का विचार नहीं लाते हैं और उनकी दृष्टि सत्य से उज्ज्वल हुई होती है। ऋचा में कहा है कि जिसके मन और आँख में ओतप्रोत सत्य बसेगा, वह मनुष्य ही ऋषियों के समान उच्च बनेगा।

वहीं द्वितीय ऋचा का उपदेश है : ''यज्ञ से ही पाप दूर होता है और दूसरों की भलाई के लिये आत्मत्याग–आत्मसमर्पण करना यज्ञ है। यज्ञ ही पाप दूर करने में समर्थ है।'' सूक्त में ''धिषणा'' शब्द ''बुद्धि'' का वाचक है और ''धिष्ठयः अग्निः'' उसमें रहनेवाली है। यह प्रत्येक मनुष्य की बुद्धि में रहता है। ऋचा के अनुसार जो अन्न भक्षण करते हुए भी प्रशस्ततम कर्म–सत्कर्म–यज्ञकर्म में रूचि नहीं रखते, सद्भावना नहीं फैलाते उनकी सद्गति कैसे होगी? ऐसे भावनावाले को परमात्मा ही बचावे और सुधारकर प्रशस्ततम यज्ञकर्म में रत करे। ऋचा के अनुसार ''जो मनुष्य श्रेष्ठ ब्रह्मवित् को दान के पात्र नहीं समझता है, उसे यज्ञ तत्त्व का ज्ञान नहीं है। इस स्थिति में उसके द्वारा किये कार्य पापमय हैं।''

जो अन्न भक्षण करते हुए भी श्रेष्ठ कर्तव्यों को नहीं करते, जिसके कारण उनकी बुद्धियों के अन्दर रहनेवाला अग्नियाँ भी बहुत पश्चाताप करता है। हे परमात्मा! उनमें जो दोष हैं वे सुधर जायं और आपकी (विश्वकर्त्ता–परमात्मा) की कृपा से वे हमारे सत्कर्मों में सम्मिलित हों।।1।। यह सर्वकल्याण की भावना का द्योतक है।

दुःखी प्रजाजनों के सम्बन्ध में हृदय से तपनेवाले यज्ञकर्त्ता मनुष्य को निष्पाप समझते हैं, जो सोम का मन्थन करके याग करता है उनके साथ विश्वकर्मा–परमात्मा की कृपा से हमारा सम्बन्ध जुड़ जाये।।2।।

जो यज्ञ करनेवाले ब्रह्मवित् को दान के लिये अयोग्य समझता है (उदाराशय नहीं है), उसके द्वारा यज्ञ का तत्त्व समझा हुआ नहीं होता है। वह समय पर धैर्य दिखाने में समर्थ नहीं होता है। वह अज्ञानी मनुष्य इस बद्ध अवस्था में जो पाप करता है, उससे विश्वकर्त्ता ही उसे छुड़ावे और उसका कल्याण करे।।3।।

ऋषि–कवि–केशी–साध्य बहुत तेजस्वी और प्रभावशाली होते हैं। ''ऋषियों के मन में और आँखों में सत्य चमकता है।'' उस ज्ञानी के लिये हम प्रणाम करते हैं। हे सर्वशक्तिमान् विश्व के कर्त्ता! हे परमेष्ठी! हमारी सब प्रकार से रक्षा करने का अनुग्रह करें। हम आपको नमन करते हैं।।4।।

हम अपनी वाणी, कर्ण और मन से यज्ञ के चक्षु, उदर और मुख में आत्मार्पण करते हैं। परमेष्ठी विश्वकर्ता ने यह यज्ञ फैलाया है, जिसमें समस्त देव आकर कार्य करते हैं।।5।।

सारसंक्षेप में ऋग्वेद के सृष्टियज्ञ को नये कलेवर में प्रस्तुत किया गया है।।अथर्ववेद 2.35.1–5।।

ये भक्षयन्तो न वसून्यानृधुर्यानग्नयो अन्वतप्यन्त धिष्ण्याः।
या तेषामवया दुरिष्टिः स्विष्टिं नस्तां कृणवद्विश्वकर्मा।।1।।
यज्ञपतिमृषय एनसाहुर्निर्भक्त प्रजा अनुतप्यमानम्।
मथव्यान्त्स्तोकानप यान्नराध सं नष्टेभिः सृजतु विश्वकर्मा।।2।।
अदान्त्यान्त्सोमपान्मन्यमानो यज्ञस्य विद्वान्त्समये न धीरः।
यदेनश्चकृवान्बद्ध एष तं विश्वकर्मन्प्र मुंचा स्वस्तये।।3।।
घोरा ऋषयो नमो अस्त्वेभ्यश्चक्षुर्यदेषां मनसश्च सत्यम्।
बृहस्पतये महिष द्युमन्नमो विश्वकर्मन्नमस्ते पाह्य1 समान्।।4।।
यज्ञस्य चक्षुः प्रभृतिर्मुखं च वाचा श्रोत्रिण मनसा जुहोमि।
इमं यज्ञं विततं विश्वकर्मणा देवा यन्तु सुमनस्यमानाः।।5।।
।।अथर्ववेद 2.33.1–5।।ऊँ।।

काल का यज्ञ

अथर्ववेद के तृतीय काण्ड का दशम सूक्त ''काल यज्ञ'' विषयक है और इसके देवता ''एकाष्टका'' हैं। इसके मन्त्रद्रष्टा ऋषि अर्थवा हैं। अथर्ववेद एवं शतपथ ब्राह्मण के अनुसार ''पूर्णमासी के पश्चात् अष्टम दिन एकाष्टका''

कहलाता है। एकाष्टका सभी अष्टमी नहीं, अपितु विशेष अष्टमी है। वैदिक कोशकारों ने अथर्ववेद (3.10) के "एकाष्टका को माघ मास का कृष्णपक्षीय अष्टम दिन बताया है।"

"तैत्तिरीय संहिता में माघ के कृष्णपक्ष की अष्टमी को उनकी दीक्षा के लिये निश्चित किया गया है, जो एक वर्ष की अवधि में यज्ञ करने जा रहे हों।" यह उल्लेखनीय है कि वेद में पौष की पूर्णिमा सर्वाधिक महत्वपूर्ण कही गई है। त्रिविष्टपम् में नववर्ष इसी से प्रारम्भ होता है। अथर्ववेद में पूर्णमासी और अमावस्या के स्वतन्त्र सूक्त हैं। "वेद अमावस्या को सर्वाधिक शुभ कहता है।" इसके विपरीत सभी यज्ञीय दुष्टकर्म–अभिचार–कृत्या–षट्कर्म अमावस्या को करना प्रचलन में है।

समय–वेला–काल कामदुघा

इस सूक्त में कहा है : "समय–वेला–काल अत्यन्त शक्तिशाली सर्वसामर्थ्यवान् कामदुघा–कामधेनु है।" यह यक्षप्रश्न है कि कामधेनु काल किस पर अनुग्रह करता है और किस पर नहीं करता है। सूक्तानुसार उषा वेला ही सर्वप्रथम अवस्था है, इस उषःकाल से काल का मापन प्रारम्भ होता है।

यम नियम

ऋषिश्रेष्ठ अथर्वा के अनुसार यह वेला–समय–काल "यम" के लिये कामदुघा है। "योगदर्शन" के अनुसार "पाँच यम–अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह" हैं। "अहिंसा–सत्यास्तेयब्रह्मचर्यापरिग्रहा यमाः।। योगदर्शन।।" इन्हीं के साथ "पाँच नियम–शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और परमेष्ठी भक्ति" हैं। इन "नियम–उपनियम के अनुसार अपना आचरण करनेवाला "यम" कहाता है। नियम–उपनियम से चलनेवाला मनुष्य अत्यन्त प्रभावशाली "महान् आत्मा" होता है। नियमोपनियम आचरणवान् के लिये "समय कामधेन–कामदुघा" बनता है।

इसके ठीक विपरीत "नियमोपनियमों के विरुद्ध व्यवहार करनेवालों के लिये काल भयानक कालरूप बनता है।" सूक्त का उपदेश है : "उन्नति–अभ्युदय, निःश्रेयस प्राप्त करने के लिये मनुष्य उत्तम नियम, उपनियमों के अनुकूल चलते हुए समय का उत्तम रीति से उपयोग करे।"

सूक्त में कहा है कि, "वह काल हमारे लिये उत्तरोत्तर की आयु में अमृत देनेवाला हो" (ऋचा–प्रथम)। यह विडम्बना है कि बहुत ही कम मनुष्य काल–समय का उत्तम उपयोग करना जानते हैं। परन्तु यमनियमों का उत्तम रीति से पालन करनेवाले उनसे भी बहुत कम हैं। परिणामतः यम नियमों के

विपरीत चलने वालों के लिये काल–समय प्रतिकूल होता है। मानवीय उन्नति –अभ्युदय–निःश्रेयस के लिये यम–नियम को सर्वप्रथम ध्यान में धारण करें।

अष्ट प्रहर

एक सम्पूर्ण दिन में "दिन एवं रात्रि" दो विभाग होते हैं। इतने समय में "आठ–अष्ट प्रहर (अष्टका)" होते हैं। "एक पूरे दिन में आठ प्रहर–एकाष्टका होते हैं।" अर्थात् दिन में चार प्रहर और रात्रि में चार प्रहर होते हैं। अथर्वा ऋषिवर ने एकाष्टका में सर्वोत्तम उपयोग करने का मूलमन्त्र दिया है। अर्थात् प्रत्येक दिन का उत्तम उपयोग से सभी आयु में यज्ञ का उत्तम उपयोग होगा।

कालायवयों का यज्ञ

सूक्त की नवम एवं दशम ऋचा में "कालावयवों के यज्ञ" का उपदेश है। कालावयव हैं : 1. "मास"–महीना। 2. "ऋतु"–दो माह का काल। 3. "आर्तव काल" – दो ऋतुओं से निर्मित काल, शीतकाल, उष्णकाल, वर्षाकाल। 4. "अयन" – तीन ऋतुओं का समय वर्ष के अयन होते हैं; दो अयनों के मान से गिर होने के कारण वर्ष का नाम "हायन" होता है। 5. "समा"' – तीस दिनों का एक मास और ऐसे बाहर मासों–360 दिनों का एक वर्ष "समा" नाम से प्रसिद्ध है। यह "समा" कहलाता है। यह स्मरण रहे कि वर्ष के महिनों के दिन समसंख्यावाले होते हैं। 6. "संवत्सर" – सौर वर्ष। एक सौर वर्ष में 365 दिन होते हैं। मासों के दिनों में न्यूनाधिकता होती है। इसके अतिरिक्त "चान्द्रवर्ष" होता है। चान्द्रवर्ष में 354 दिन होते हैं। इसके महिनों के दिनों की संख्या न्यूनाधिक होती है। यह स्वतः प्रमाणित करता है कि, वेदकाल में तिथियों आदि की गहन जानकारी रही।

आत्मयज्ञ

अपनी आयु का विनियोग लोककल्याण–लोकमंगल–सर्वोत्थान–सर्वोदय–आमजन की भलाई करने के कार्य को समर्पित करना ही "आयुष्य यज्ञ" है। "जनहित–लोकहित–सर्वहित" कार्य के लिये अपना सर्वस्व तन, मन, धन अर्पण करना "आत्मयज्ञ" है। इन्हीं ऋचाओं के अनुसार यज्ञ–धारक, निर्माता और भूतों के पालन कर्त्ता के लिये करना है। साथ ही अपनी आयु इन कार्यों के कर्त्ता–परमेष्ठी के लिये समर्पित करना है। 1. जो प्रजाओं को धारण करता है। 2. जो जनता के सुख–साधन का निर्माण करता है। 3. जो आम जन की समृद्धि की वृद्धि करता है। और 4. जो उन सबका पालन करता है। उस परमेष्ठी के कार्य के लिये अपनी आयु का समर्पण–आत्मत्याग–आहुति

आत्मयज्ञ का तात्पर्य है। इस प्रकार आत्मयज्ञ कर्त्ता लोकोत्तर दिव्य पुरुष सर्वत्र पूजनीय होते हैं।

रात्रि मंगलमयी

रात्रि को तृतीय ऋचा में "संवत्सर" (वर्ष का नाम) की "प्रतिमा" कहा है। वर्ष बृहद् आकारवाला है। प्रतिमा का अर्थ है : "प्रति + मान, मापने का साधन।" संवत्सर मापने का साधन "अहोरात्र" (दिन–रात्रि दोनों को मिलाकर) है। दिन से ही वर्ष मापा जाता है। रात्रि "संवत्सर की पत्नी" है। वार्षिक काल का विशाल रूप संवत्सर है और लघु रूप दिन अथवा रात्रि है। सूक्त में कहा गया है कि, "यह रात्रि हमारे लिये मंगलमयी होवे।" "यह रात्रि हमें अध्यात्मिक, दैविक, अधिभूत धन और पुष्टि के साथ दीर्घायु प्रजा प्रदान करे। वास्तव में रात्रि सुमंगली है। मनुष्य रात्रि में निद्रा से विश्राम लेता है।"

उपनिषत् का कथन है कि गृहस्थी गृहस्थाश्रम धर्म का नियमपूर्वक पालन करते हुए रात्रिकाल में रतिक्रीड़ा करते हुए एवं उस आश्रम के योग्य आचरण करते हुए भी ब्रह्मचर्य का ही पालन करते हैं। इससे उत्तम सुसन्तान उत्पन्न होती है। ऋग्वेद के अन्तिम मण्डल में और अथर्ववेद के 11वें काण्ड में ब्रह्मचर्य का वर्णन है। वैदिक ब्रह्मचर्य ब्रह्म की चर्या है। रात्रि से धैर्य, शौर्य, रेतस्, तेज, ओज, पराक्रमादि गुणों में वृद्धि होती है। वेद रात्रि को भयानकता से इंतर मंगलमयी घोषित करता है। "वैदिक ऋषि रात्रि में परमात्मा का मंगलमयी–कल्याणमय स्वरूप देखते हैं।"

यज्ञीय हवि : यज्ञ का दान अदान

इस सूक्त की पँचम से सप्तम ऋचा तक यज्ञार्थ हवि तैयार करने एवं सोम ओषधि रस निकालने का सविस्तार वर्णन किया गया है। हवन सामग्री के साथ गोरस की आहुति का अपना विशेष महत्व है। गोरस (गोघृत) में हवा–वायु के दोष को दूर करने का सामर्थ्य होता है। इसी कारण "वैदिक ऋषि वायु शुद्धि के लिये यज्ञ को इष्ट कहते हैं।" रोगोत्पादक विषों के उपशमन के लिये गोरस युक्त हवन सामग्री का यज्ञ करना आवश्यक है। ऋग्वेद के अनुसार यज्ञ से वायु निर्मल होती है और रोगों के जीवाणु नष्ट होते हैं। रोगनिवारणार्थ ऋतुसन्धिकाल में यज्ञ करने पर विशेष बल दिया गया है। अथर्ववेद में ऋग्वेद के ही तत्त्व की नव व्याख्या की गई है।

भावार्थ : सर्वप्रथम उषा उदय को प्राप्त हुई। वेद के अनुसार उषा भाग्य–समृद्धता–अध्यात्मिक दैविक, भौतिक धन प्रदाता एवं भाग्य सर्वैश्वर्य प्रदाता भग देव की भगिनी है। जो सुनियमों (यम, नियमोपनियमों) का पालन करता है, उसके लिये उषःकाल– वेला कामदुघा (कामधेनु) के समान रस

प्रदाता है। इसलिये यह वेला भविष्य में भी अमृत देनेवाली रहे। ऋग्वेद के अनुसार उषःकाल में यज्ञ प्रारम्भ होते हैं।।1।।

इस रात्रिरूपी कामधेनु को देखकर देवगण आनन्दित होते हैं। यह रात्रि संवत्सर की मंगलमयी पत्नी है। यह रात्रि हमारे लिये कल्याणमयी मंगलमयी हो।।2।। संवत्सर की प्रतिमा रात्रि है। हम कल्याणमयी रात्रि की उपासना करते हैं। यह हमारी संतानों को धन, पुष्टि एवं दीर्घायु प्रदान करे।।3।।

यह उषा वेला दिन में सबसे पहिले प्रगट हुई। यह अन्य वेलाओं के साथ संयुक्त होकर चलती है। इस वेला के अन्दर अनेक महत्वपूर्ण शक्तियाँ हैं। यह वेला उसी प्रकार विजय करती है, जिस प्रकार नवीन कुलवधू प्रथम सन्तान उत्पन्न करती हुई कुल की यश वृद्धि करती है।।4।।

"सावंत्सरिक यज्ञ" की सामग्री बनानेवाले और सोमरस निकालनेवाले प्रस्तर एवं काष्ठ यंत्र शब्द कर रहे हैं। हे एकाष्टके! हम सभी उत्तम संतान युक्त और वीरों से युक्त होकर बहुत धन के स्वामी बनें।।5।। हे जातवेद! हे प्राणियों को जाननेवाले! हे आदिज्ञानी अग्ने! आप गोघृत से युक्त (प्रचुर मात्रा में गोघृत युक्त) हव्य ग्रहण करने का अनुग्रह करो। अनेक रंगरूपवाले सप्त ग्राम्य पशु हमारे साथ प्रेम पूर्वक रहें।।6।।

हे रात्रि! आप हमें प्रचुर शक्ति और पुष्टि प्रदान करने की कृपा करें। हमें देवों की मंगलमयी मति सहारा देती रहे। हे चमस! आप गोघृत से पूर्ण होकर अग्नि में आहुति देने के लिये आगे बढ़ें और घृत यज्ञाग्नि को समर्पित करें। साथ ही "यज्ञवेदी की दैवीशक्ति से परिपूर्ण होकर" हमारे पास लौटने का अनुग्रह करो। "चमस यज्ञवेदी से अपने अन्दर देवगुण लेता है। वह वापस आकर यज्ञ कर्त्ता को देव गुणी बनाता है।" यह ही यज्ञ का "दान" और "अदान" है। प्रकारान्तर में पौराणिक काल में इसी कारण यज्ञ समापन पर गोघृत डालनेवाले "स्रुवा को यज्ञ की विभूति से युक्त कर मस्तक पर लगाने का कथित प्रपंच विधान कर्मकाण्ड में आया। यह कहा गया कि इससे यज्ञीय देव के गुण यजमान को प्राप्त होते हैं? यजमान को अन्न और बल मिलता है।।7।। "यह अवधारणा ऋग्वेद के विपरीत है। ऋग्वेद के यज्ञ विधान में स्रुवा को देवत्व प्राप्ति का उल्लेख नहीं है। इसीलिये वेद त्रयी में अथर्ववेद शामिल नहीं है।"

हे एकाष्टके! यह संवत्सर आपका पति रूप है। आप हमारे परिजनों के दीर्घायुष्व, धन एवं पुष्टि देने का अनुग्रह करो।।8।। हम अपने दिन, पक्ष, मास, आर्तव काल, अयन, समा–संवत्सर, हमारी आयु के काल विभागों के

धाता, विधाता, समृद्धिकर्त्ता, भूतपति परमेष्ठी के लिये अर्थात् यज्ञ के लिये समर्पित करते हैं। हम अपनी आयु को परमेश्वर के यज्ञ के लिये समर्पित करते हैं।।9, 10।।

हम गोरस से देवयज्ञ करते हुए घर में प्रवेश करते हैं। हमारे आलय में सदैव दूध देनेवाला गोवंश हो। साथ ही हमारे घर में कभी किसी पदार्थ की न्यूनता नहीं हो।।11।। यह तप करती हुई अत्यन्त प्रभावशाली इन्द्र को गर्भ में धारण करने के पश्चात प्रगट करती है। इस योद्धा देव के प्रभाव से सभी शत्रु परास्त होते हैं। यह महाशक्तिशाली इन्द्र अरिहन्त है।।12।।

हे इन्द्र को जन्म देनेवाली! सोम को जन्म देनेवाले अष्टके! आप प्रजापति की दुहिता हैं। आप इस यज्ञ में समर्पित हवि को ग्रहण करें और हमारी समस्त कामनाएँ पूर्ण करें।।13।। अथर्ववेद – 3.10.1–13।।

प्रथमा ह व्यु वास सा धेनुरभवद्यमे।
सा नः पयस्वती दुहामुत्तरामुत्तरा समाम्।।1।।
यां देवाः प्रतिनन्दन्ति रात्रि धेनुमुपायतीम्।
संवत्सरस्य या पत्नी सा नो अस्तु सुमंगली।।2।।
संवत्सरस्य प्रतिमा यां त्वा रात्र्युपास्महे।
सा न आयुष्मतीं प्रजा रायस्योषेण सं सृज।।3।।
इयमेव सा या प्रथमा व्यौच्छदास्वितरासि चरति प्रविष्टा।
महान्तो अस्यां महिमानो अन्तर्वधूर्जिगाय नवगज्जनित्री।।4।।
वानस्पत्या ग्रावाणो घोषमक्रत हविष्कृण्वन्तः परिवत्सरीणम्।
एकाष्टे सुप्रजसः सुवीरा वयं स्याम पतयो रयीणाम्।।5।।
इडायास्पदं घृतवत्सरीसृपं जातवेदः प्रति हव्या गृभाय।
ये ग्राम्याः पशवो विश्वरूपास्तेषां सप्तानां मयि रन्तिरस्तु।।6।।
आ भा पुष्टे च पोषे च देवानां सुमतौ स्याम।
पूर्णा दर्वे परा पत सुपूर्णा पुनरा पत।
सर्वान्यज्ञान्त्संभुंजतीषमूर्जं न आ भर।।7।।
आयमगन्त्संवत्सरः पतिरेकाष्टके तव।
सा न आयुष्मतीं प्रजां रायस्पोषेण सं सृज।।8।।
ऋतून्यज ऋतुपतीनार्तवानुत हायनान्।
समाः संवत्सरान्मासान्भूतस्य पतये यजे।।9।।
ऋतुभ्यष्ट्वार्तवेभ्यो माद्यमः संवत्सरेभ्यः।
धात्रे विधात्रे समृधे भूतस्य पतये यजे।।10।।
इडया जुव्हते वयं देवान्घृतवता यजे।

गृहानलुभ्यतो वयं सं विशेमोप गोमतः।।11।।
एकाष्टका तपसा तप्यमाना जजान गर्भं महिमानमिन्द्रम्।
तेन देवा व्य सहन्त शत्रूहन्ता दस्यूनामभवच्छचीपतिः।।12।।
इन्द्रपुत्रे सोमपुत्रे दुहितासि प्रजापतेः।
कामानस्माकं पूरय प्रति गृह्णाहि नो हविः।।13।।
।।अथर्ववेद 3.10.1–13।।ॐ।।

अथर्ववेद

यज्ञायोजन धर्मकृत्य संस्कार

यज्ञ : अध्यात्मिक लाभ मूलमन्त्र

अथर्ववेद के पँचम काण्ड के 23वें सूक्त में यज्ञविज्ञान की सूत्रात्मक व्याख्या की गई है। यज्ञ कर्त्ता वैदिक कर्मों से अध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर सकता है। उसके लिये "यजमान के हृदय–मन में यह अटूट आस्था, श्रद्धा एवं विश्वास हो कि यज्ञकर्म में समस्त वैदिक देवता गण (दैवी शक्तियाँ) भाग लेते हैं और समस्त प्राणियों का कल्याण करते हैं।"

"याग आयोजन के समय यज्ञकर्त्ता के मन में धर्मकृत्य के संस्कार विचार हों। यजमान के मन में मुख्य रूप से धारणा हो कि, यह मेरे घर में प्रदीप्त यज्ञीय अग्नि समस्त देवताओं का यजन करता है। यह यज्ञाग्नि निःसंदेह समस्त देवताओं को यज्ञस्थान में ले आता है।" अग्नि ही देवों को बुलानेवाला दूत है। यही देवों को हवि पहुँचानेवाला है।

अग्नि देव यज्ञ में विराजमान होकर उत्तम स्तोत्रों से यज्ञ करता है। अग्नि यजमान के अहिंसामय कर्मों को देवों तक पहुँचाता है। यह उत्तम जिव्हावाला अग्नि देवता सत्यता पहुँचानेवाले धर्ममार्गों पर मधुर पाथेय प्रदाता है।

दिव्य होता गण हमारे यज्ञ में पधारने का अनुग्रह करें और विद्वान् ब्रह्मविदों को भी आमन्त्रण करें। सभी उत्तम प्रकार का यज्ञकर्म करें। "यज्ञ में विद्वान् प्रशस्ततम कर्म का उपदेश दें।" ऋग्वेद के अनुसार "ओषधियों के महायज्ञ से साथ ज्ञानयज्ञ आवश्यक रूप से हो।" "ऋत्विक् यज्ञीय मन्त्रों, स्तुतियों, स्तोत्रों आदि का अर्थ और व्याख्या यजमान और उपस्थितों को अनिवार्य रूप से समझाये।" ऋत्विक् को यज्ञ देवता, यज्ञीय मन्त्रादि का गहन

ज्ञान हो। इस प्रकार यज्ञ में उपस्थित यज्ञ तत्त्व को ग्रहण करने में समर्थ होंगे। यज्ञ से ज्ञान (प्रकाश) का मार्ग सभी को स्पष्ट करना चाहिये।

"यज्ञ के द्वारा त्रिदेवियों–सरस्वती, इडा, भारती का सत्कार हो। ऋग्वेद के अनुसार ये त्रिशक्ति–मातृभूमि, मातृसंस्कृति और मातृभाषा है।" मातृभूमि सबका भरण पोषण करनेवाली है। मातृभूमि का सत्कार हो। मातृसंस्कृति सभ्यता–संस्कृति का अखण्ड प्रवाह है। मातृसंस्कृति सभ्यता उत्तम प्रेरणा प्रदान करे। मातृभाषा उत्तम कर्म और स्वाभिमान प्रदान करती है। ये तीनों देवियाँ यज्ञ में पधार कर उत्तम कर्म की प्रेरणा करें।

द्यावापृथिवी सृष्टि के माता–पिता हैं। इनके कारण ही समस्त स्थिर एवं चर पदार्थ रूप में सम्पन्न हुए हैं। द्यावापृथिवी के मध्य निरन्तर यज्ञ हो रहा है। वेद के अनुसार सूर्य देवता पृथिवी की नाभि पर सतत यज्ञ कर रहा है। जिस दिन सूर्य यह यज्ञ करना बंद करेगा, उसी क्षण पृथिवी पर जीवन समाप्त हो जाएगा। इस ऋचा में कहा है कि यज्ञ में रचयिता–सृजनकार त्वष्टा देवता के लिये भी हवन अवश्य करें।

ऋग्वेदानुसार यज्ञवेदी में अग्नि प्रदीप्त होने पर ही यज्ञ प्रारम्भ होता है। समस्त देवता यज्ञस्थल पर परमपवित्र कुशा–दर्भ के आसन पर आसीन होते हैं। यज्ञाग्नि में स्वाहाकार पूर्वक समर्पित हवि समस्त देवता ग्रहण करते हैं। देवता हवि से तृप्त होकर हमारा कल्याण करते हैं।

वेद में "अग्नि" के लिये "तनू–न–पात" सम्बोधन आया है। तनू–न–पात् का अर्थ है – शरीर को नहीं गिरानेवाला अथवा शरीर को चलानेवाला। ऋग्वेद के अनुसार वेद से पूर्व भी अग्नि का ज्ञान ऋषियों, साध्यों, देवों को रहा। वैदिक देवता सूर्य, रुद्र, विष्णु आदि अग्निस्वरूप हैं। अग्नि द्युलोक में सूर्यस्वरूप, अन्तरिक्ष में विद्युत् स्वरूप और भूलोक में पार्थिव अग्नि है। ब्रह्माण्ड में व्याप्त अग्नि की तरह पिण्ड–शरीर में अग्नि है। अग्नि ही इस शरीर को चलाता है। मृत मनुष्य का शरीर शीत हो जाता है और जीवित मनुष्य में उष्णता रहती है। ऋग्वेदीय "अग्नि चित् तत्त्व" है। इस सूक्त में "अग्नि आत्मा वाचक है।" आत्मा शरीर का संचालक है और सर्वज्ञ है।

सूक्त में "यज्ञ" के लिये "अ–ध्वर" शब्द का उपयोग किया गया है। अध्वर का अर्थ "अ–हिंसा" अथवा "अकुटिलता" है। इससे स्पष्ट है कि "यज्ञ का तात्पर्य अहिंसा युक्त और कुटिलता रहित कर्म है। अर्थात् यज्ञ का हिंसा से एवं षट्कर्म–अभिचार–कुटिलकर्म–कृत्या प्रयोग से लेशमात्र भी सम्बन्ध नहीं है।" पश्चिमी विद्वानों ने वैदिक संस्कृत के शब्दों का अर्थ नहीं समझने के

कारण यज्ञ में नरबलि–पशुबलि–हिंसा का दुष्प्रचार किया। यज्ञदेवता–परमेष्ठी उन्हें क्षमा करें।

यजमान एवं ऋत्विक कहते हैं : हे अग्ने! पृथिव्यादि अष्ट वसु (अष्ट वसु–आपः, ध्रुव, सोम, धर या धव, अनिल, अनल, प्रत्यूष एवं प्रभास देव समूह) (अग्नि, वैश्रवण, सूर्य, प्रकाश किरण, रुद्र, सलिलम्, वृक्ष, द्रव्य) आदि को हमारे इस यज्ञ में लाने की कृपा करें। आप ही यज्ञ में देवों को लानेवाले हो, इसलिये आप देवों को यहाँ बुलाकर उनके लिये यजन करो।

हमने उषःकाल से ही देवों के सुखपूर्वक विराजमान होने के लिये पूर्व दिशा के सन्मुख कुशा के पवित्र आसन बिछा रखें हैं। देव हमारे यज्ञ में पधारकर सुखपूर्वक आसन पर विराजें। हमारे आलय के द्वार पूर्णतया खोलकर रखे हुए हैं, जिससे देवगण सुखपूर्वक आवें और इस यज्ञ में मंगल करें। अर्थात् उषःकाल में यज्ञ सम्बन्धित समस्त प्रबन्धन करना चाहिये। याजक ब्रह्मविदों–विद्वानों को विशेष आग्रह से यज्ञ में बुलावे। साथ ही ऋत्विक् गण ब्रह्मविद हों।

भावार्थ : ज्ञान प्रकाशक अग्नि देव आज इस मनुष्य के घर में प्रदीप्त हुआ देवों के लिये यजन करता है। हे मित्र के समान पूज्य देव! आप ज्ञानवान् को यहाँ यज्ञ में लाने का अनुग्रह करें। मित्र देव ज्ञानी, कवि उत्तम चित्त वाला, पूज्य और देवों का दूत है। अग्नि यज्ञ में देवों को लाता है।।1।।

अग्नि देवता मधुर भाषी एवं शरीर को नहीं गिरानेवाला है। वह सत्य को पहुँचानेवाले मार्गों को माधुर्ययुक्त करता है। उत्तम मननीय विचारों से यज्ञ को सिद्ध करके देवों के बीच में हमारा यज्ञ पहुँचता है।।2।। हमारे यज्ञ में उत्तम हवन करने वाला, स्तुति योग्य और नमस्कार के योग्य आप वसुओं के साथ पधारें। आप देवों को बुलानेवाले हो। इसलिये आप याजकों में उत्तम याजक उन देवों को यहाँ ले आने की कृपा करें।।3।।

प्रातःकाल इस पृथिवी को आच्छादित करने के लिये पूर्व दिशा की ओर से फैलाते हैं। यह उत्तम और विस्तृत आसन सभी देवताओं के विराजमान होने के लिये सुखदायक है और स्वतन्त्रता के लिये भी उत्तम है।।4।। स्त्रियाँ जिस प्रकार पति को सुख देती हैं, उसी प्रकार ये हमारे दिव्य द्वार (विस्तृत) बृहद् और सबके आने–जाने के योग्य हैं। ये देवों को सुखपूर्वक अन्दर यज्ञस्थल पर लाने वाले हों।।5।।

उत्तम गमन करने योग्य, एक दूसरे से सम्बन्धित, दिव्य एवं सुन्दर प्रातःकाल (दिन) और रात्रि का समय घर में सुखपूर्वक बीते।।6।।

ये मधुर एवं सुन्दर मन्त्रगान करनेवाले दिव्य होता गण मनुष्यों का यह यज्ञ पूर्ण करने के लिये पूर्व दिशा की ज्योति का संदेश देते हुए, सबको प्रेरणा देने के लिये यहाँ पधारें। "अमरकोष" (2.7.17) में "होता" का अर्थ "ऋग्वेदवेत्ता" है। होम क्रिया में मुख्यतः ऋग्वेद के मन्त्र पढ़कर आहुतियाँ दी जाती हैं। "होतृ" का अर्थ है – ह्व + तृच्। ऋग्वेदाभिज्ञे। होमकर्त्तरि। होम करनेवाला ऋत्विज्।। वहति विधिहुतं या हविर्या च होत्री।। शकुन्तला।। ऋग्वेद के अनुसार अग्नि देवों का पुरोहित है।।7।।

हमारे इस यज्ञ में सबका पोषण करनेवाली माता पृथिवी–मातृभूमि (भारती), मातृभाषा से मनुष्यों को यज्ञ की चेतना देते हुए (इडा) और मातृसभ्यता–संस्कृति से उत्तम कर्म प्रवाह (सरस्वती) यहाँ हमारे यज्ञ में विराजमान होने का अनुग्रह करें। ऋचा में "भारती, इडा एवं सरस्वती क्रमशः मातृभूमि, मातृभाषा एवं मातृसभ्यता–संस्कृति" सूचक हैं।।8।। यहाँ समस्त भूतों एवं द्यावा पृथिवी को विविधता प्रदाता त्वष्टा देवता का यजन करें।।9।। स्वयं यहाँ प्रगट होकर समस्त देवों को ऋतु अनुसार हवि आदि प्रदान करे।

वनस्पति, शान्तिकर्त्ता अग्नि देव हमारी हवि के मधुर घृत के स्वाद लेवें।।10।। यहाँ हमारे यज्ञ का प्रज्ज्वलित अग्नि यज्ञ का निर्माण करता है। अग्नि देवों का अग्रणी है। इस सत्य प्रवर्तक होता की प्रकृष्ट शासनवाली वाणी में स्वाहाकार द्वारा समर्पित हव्य देव भक्षण करें।।11।। अथर्ववेद 5.12. 1–11।।

समिद्धो अद्य मनुषो दुरोणे देवा देवान्यजसि जातवेदः।
आ च वह मित्रमहश्चिकित्वान्त्वं दूतः कविरसि प्रचेताः।।1।।
तनूनपात्पथ ऋतस्य यानान्मध्वा समंजन्त्स्वदया सुजिव्ह।
मन्मानि धीमिरुत यज्ञमृन्धन्देवत्रा च कृणुह्यध्वरं नः।।2।।
आजुव्हान ईडयो वन्द्यश्चा याह्यग्ने वसुभिः सजोषाः।
त्वं देवानामसि यव्ह होता स एनान्यक्षीषितो यजीयान्।।3।।
प्राचीनं बर्हिः प्रदिशा पृथिव्या वस्तोरस्या वृज्यते अग्रे अव्हाम्।
व्यु प्रथते वितरं वरीयो देवेभ्यो अदितये स्योनम्।।4।।
व्यचस्वतीरुर्विया वि श्रयन्तां पतिभ्यो न जनयः शुम्भमानः।
देवीर्द्वारो बृहतीर्विश्वमिन्वा देवेभ्यो भवत सुप्रायणाः।।5।।
आ सुष्वयन्ती यजते उपाके उषासानक्ता सदतां नि योनौ।
दिव्ये योषणे बृहती सुरुक्मे अधि श्रिंय शुक्रपिंश दधाने।।6।।
दैव्या होतारा प्रथमा सुवाचा मिमाना यज्ञं मनुषो यजध्यै।
प्रचोदयन्ता विदथेषु कारू प्राचीनं ज्योतिः प्रदिशा दिशन्ता।।7।।

आ नो यज्ञं भारती तूयमेत्विडा मनुष्यदिह चेतयन्ती।
तिस्रो देवीर्बर्हिरेदं स्योनं सरस्वतीः स्वपसः सदन्ताम्।।8।।
या इेम द्यावापृथिवी जनित्री रूपैरपिशद्भुवनानि विश्वा।
तमद्य होतरिषितो यजीयान्देवं त्वष्टारमिह यक्षि विद्वान्।।9।।
उपाव सृज त्मन्या समंजन्देवानां पाथ ऋतुथा हवींषि।
वनस्पतिः शमिता देवो अग्निः स्वदन्तु हव्यं मधुना घृतेन।।10।।
सद्यो जातो व्य मिमीत् यज्ञमग्निर्देवानामभवत्पुरोगा।
अस्य ह्येतुः प्रशिष्यृतस्य वाचि स्वाहाकृतं हविरदन्तु देवाः।।11।।
।।अथर्ववेद; काण्ड–5; सूक्त–12; देवता–जातवेदाः; ऋषि–अंगिरा।
।।ऊँ।।

अथर्ववेद

यज्ञ : स्वाहा – आत्मसर्वस्व समर्पण

यज्ञमय जीवन : यज्ञमय राष्ट्र

वैदिक यज्ञ संस्था में ''स्वाहा'' शब्द के अनेक अर्थ हैं। स्वाहा शब्द का अर्थ है : ''सु + आ + व्हे–डा'' निरुक्त। देवोद्देशेन हविस्त्यागे अग्निभार्य्यायां ''स्वाहयेव हवि र्भुजमिति रघुः मातृकाभेद च स्त्री. ''नमः स्वाधायै'' इति पितृगाथा।। शब्दस्तोममहानिधि।। स्वाहा को देवताओं का ''हर्विदान मन्त्र'' भी कहा गया है : ''सुष्ठु आहूवन्ते देवा अनेन इति।'' प्रार्थना समर्पण के अर्थ में अनेक मन्त्रों में यह ''परसर्ग'' के समान प्रयुक्त होता है। स्वाहा का एक अर्थ ''सुन्दर वचन सुनाना भी है।''

''स्वाहा'' शब्द का अर्थ (स्व + आ +हा) ''स्व करके कहने योग्य जो–जो पदार्थ है, उन समस्त का जगत् के कल्याण, भलाई के लिये (आत्म) समर्पण है।'' वास्तव में ''यज्ञ में यह आत्मशक्ति समर्पण का अत्यन्त मुख्य भाग है।'' स्वाहा के विना कोई यज्ञ सम्पन्न नहीं हो सकता है।

यज्ञ में आहुति देते समय ''स्वाहा न मम'' मन्त्र पाठ होता है। ''स्वाहा न मम का अर्थ है – यह पदार्थ मैंने यज्ञ में समर्पित किया है अब यह मेरा नहीं है।'' स्वाहा न मम का आशय आत्मसमर्पण का पाठ है। ऋग्वेद में परमेष्ठी के हवि रूप में यज्ञ से सृष्टि उत्पत्ति का वर्णन है। यज्ञ हमें सर्वस्व आत्मसमर्पण का सूत्र दे रहा है।

अग्नि, सविता, इन्द्र, मरुत्, अदिति, विष्णु, त्वष्टा, भग, सोम, अश्विनौ, बृहस्पति आदि समस्त देवता जगत् के यज्ञ में अपना–अपना कार्य कर रहे हैं। सूर्य पृथिवी की नाभि पर दिन–रात यज्ञ कर रहा है। सृष्टि अग्निषोमात्मक यज्ञ का परिणाम है। अर्थात् सभी वैदिक देवता अपनी–अपनी शक्तियों का आत्मसमर्पण कर रहे हैं। परमात्मा अनन्त शक्तियों से यह जगत् यज्ञ को सम्पन्न कर रहा है। यहाँ उल्लेखनीय है कि परमेष्ठी के महायज्ञ (महायज्ञ–समष्टि के लिये किया जाता है।) में अग्नि उष्णता देता है; सविता प्रकाश देता है; इन्द्र चमकता है; मरुत् जीवन देता है; अदिति देवता आधार देता है; विष्णु सर्वत्र व्यापकर रक्षा करता है; त्वष्टा समस्त पदार्थों के रूप का रचयिता है; भग सभी को भाग्यवान् बनता है; अश्विनौ सभी दोषों का हरण करता है; सोम शान्ति प्रदाता है और बृहस्पति सबको ज्ञान देता है। अर्थात् जगत् यज्ञ में सभी देवता अपनी शक्तियाँ दिन–रात समर्पित कर रहे हैं। ये देवता यह समर्पण अपने सुख के लिये नहीं कर रहे हैं अपितु जगत् कल्याण–भलाई के लिये आत्म–शक्तियों का समर्पण कर रहे हैं। देवताओं द्वारा आत्मशक्तियों के समर्पण का उपदेश है कि मनुष्य भी अपना तन, मन, धनादि समस्त शक्तियों का यज्ञ लोककल्यार्थ, लोकमंगल, लोक अभ्यदुय, सर्वोदय, सर्वोन्नति आदि के लिये करे। मनुष्य आत्मसर्वस्व समर्पण के यज्ञ द्वारा जीवन को सफल बनाये। सूक्त का उद्देश्य ''यज्ञमय जीवन'', ''यज्ञमय राष्ट्र'' एवं ''यज्ञमय जगत्'' है।

अथर्ववेद के पाँचवें काण्ड का 26वाँ सूक्त यज्ञ का है। इसके ऋषि–ब्रह्मा और देवता–वास्तोष्पति एवं अन्य हैं। सूक्त की ''सभी ऋचाओं'' में ''स्वाहा'' प्रयुक्त हुआ है। इस कारण स्वाहा की व्याख्या की गई है।

भावार्थ : विशेष ज्ञानी अग्नि! इस यज्ञ में आपके लिये यजुर्वेद के मन्त्र एवं समिधाएँ उपयोग में लावें, मैं अपनी आहूतियाँ अर्पित करता हूँ।।1।। महान् ज्ञानी सर्वप्रेरक सविता देवता इस यज्ञ में हवन सामग्री ग्रहण करने का अनुग्रह करें, मैं अपनी आहुतियाँ समर्पित करता हूँ। यह स्मरण रहे कि सुप्रचलित कथित गायत्री मन्त्र मूलभूत रूप से सविता देवता का गायत्री छन्द में मन्त्र है।।2।।

ज्ञानी सुयोग्य इन्द्र इस यज्ञ में आनन्दकारक स्तुति–स्तोत्रों को प्रयुक्त करे, इसमें मेरा समर्पण हो।।3।। आज्ञाएँ एवं आत्मनिवेदन करने की रीतियाँ जाननेवाले इस यज्ञ में शिष्ट जन अपनी धर्मपत्नियों के साथ यज्ञ भार निर्वहन करें, यज्ञ में मेरा समर्पण हो।।4।। सूक्त का अभिप्राय है कि यज्ञ में सभी की सहभागिता हो।

माता जैसे पुत्र–पुत्री को पूर्ण करती है, उसी प्रकार इस यज्ञ में रुद्र पुत्र मरुत् गण छन्दों को पूर्ण करें, मेरा समर्पण यज्ञार्थ होवे।।5।। देवों के शास्ता रुद्र आदि उपदेशक, आदिज्ञानी और वागीश हैं। यह आदित्यों की जननी अदिति देवता यज्ञ सामग्री और शोधक साधनों के साथ यज्ञ का विस्तार करती हुई पधारी हैं। अदिति अखण्ड अक्षय ऊर्जा है। इस यज्ञ में मेरा समर्पण होवे।।6।।

वामन से विराट् होनेवाले, सर्वत्र व्यापी, सुयोग्य विष्णु देवता इस यज्ञ में अपनी तपन शक्तियों का अनेक प्रकार से उपयोग करे। श्रुति (ऋग्वेद) में विष्णु को यज्ञ की उपमा दी गई है। विष्णु ब्रह्माण्डव्यापिनी ऊर्जा शक्ति है। श्रुति में वृत्तान्त आता है कि विष्णु का कटा हुआ शिर ही सूर्य है। विष्णु अग्नि है। अग्नि एवं सूर्य की ही तपन शक्तियाँ होती हैं। इस यज्ञ में मेरा समर्पण होवे।।7।।

देवताओं में त्वष्टा देवता सृजन और विविध रूप देने में सिद्धहस्त हैं। त्वष्टा देवता इस यज्ञ में विविध रूपों को अनेक प्रकार से प्रयुक्त करे। इस यज्ञ में मेरा समर्पण होवे।।8।। वैदिक भग भाग्य, ऐश्वर्य, धन, समृद्धि आदि के देवता हैं। अथर्ववेद के अनुसार भग देवता नेत्रहीन हैं। सुयोग्य विद्वान् भग देवता इस यज्ञ में हमें आशीर्वाद प्रदान करे। इस यज्ञ में मेरा समर्पण होवे।।9।।

सोम देवता ब्रह्मज्ञान प्रदाता है। सुयोग्य सोम देवता इस यज्ञ में जलों को बहुत प्रकार से प्रयुक्त करे। इस यज्ञ में मेरा समर्पण होवे।।10।। महान् योद्धा, सुयोग्य इन्द्र देवता इस यज्ञ में अपने सामर्थ्यों का बहुत प्रकार से उपयोग करे। इस यज्ञ में मेरा समर्पण हो।।11।। अश्विनौ देवता मधुविद्याविद् और देव चिकित्सक है। हे अश्वि देवो! आप हमारे पास ज्ञान और दान द्वारा यज्ञ की वृद्धि करते हुए पधारो। हे ज्ञान एवं बुद्धि के अधिष्ठाता बृहस्पति देवता! आप समस्त ज्ञान के साथ पधारो। यह यज्ञ यजमान के तेज में वृद्धि कारक होवे। यज्ञ में मेरा आत्मसमर्पण होवे।।12।।अथर्ववेद 5.26.1–12।।

यंजूषि यज्ञे समिधः स्वाहाग्निः प्रविद्वानिह वोयुनक्तु।।1।।
युनक्तु देवः सविता प्रजान्नस्मिन्यज्ञे महिषः स्वाहा।।2।।
इन्द्र उक्थामदान्यस्मिन्यज्ञे प्रविद्वान्युक्तु सुयुजः स्वाहा।।3।।
प्रैषा यज्ञे निविदः स्वाहा शिष्टा पत्नीभिर्वहतेह युक्ताः।।4।।
छन्दांसि यज्ञे मरुतः स्वाहा मातेव पुत्रं पिपृतेह युक्ताः।।5।।
एयमगन्बर्हिषा प्रोक्षणीभिर्यज्ञं तन्वानादितिः स्वाहा।।6।।
विष्णुर्युनक्तु बहुधा तपांस्यस्मिन्यज्ञे सुयुजः स्वाहा।।7।।

त्वष्टा युनक्तु बहुधा नु रूपा अस्मिन्यज्ञे सुयुजः स्वाहा।।8।।
भगो युनक्त्वाशिषो न्व1 स्मा अस्मिन्यज्ञे
प्रविद्वान्युनक्तु सुयुजः स्वाहा।।9।।
सोमो युनक्तु बहुधा पयोस्यस्मिन्यज्ञे सुयुजः स्वाहा।।10।।
इन्द्रो युनक्तु बहुधा वीर्याण्यस्मिन्यज्ञे सुयुजः स्वाहा।।11।।
अश्विना ब्रह्मणा यातमर्वांचौ वषट्कारेण यज्ञ वर्धयन्तौ।
बृहस्पते ब्रह्मणा याह्यर्वाङ्. यज्ञो अयं स्वरिदं यजमानाय स्वाहा।।12।।
।।अथर्ववेद 5.26.1–12।।ऊँ।।

अथर्ववेद

विष्टारी यज्ञ : अन्नदान रूप यज्ञ
संकल्पसिद्धि : कल्पतरु एवं कामधेनु

''विष्टारी'' का अर्थ है – ''विस्तार करनेवाला।'' अर्थात् जिसका परिणाम अत्यन्त विस्तृत होता है। इस सूक्त में ''विष्टारी यज्ञ'' का वर्णन किया गया है।

''कल्पना करते ही वह मूर्तरूप धारण करके सन्मुख आ जायगी'' वह स्वर्ग की ''कामदुघा–कामधेनु'' है और ''कल्पतरु–कल्पवृक्ष'' है। शुभ मंगलमय कामनाओं–कल्पनाओं से सुख और अन्य अमंगलमय कामनाओं–कल्पनाओं से दुःख होगा। मूलभूत रूप से कामना–कल्पना–संकल्प का विचित्र खेल है। यदि शुभ संकल्प–कल्पना–कामना हो, तो ये शुभ संकल्प अत्यन्त सुखप्रद हो सकते हैं। ऋग्वेद में ''शिव संकल्प का खिल सूक्त'' है और यजुर्वेद में भी शिव संकल्प की ऋचाएँ हैं। वैसे ''शिवसंकल्पोपनिषत्'' भी है और छान्दोग्योपनिषत् में ''संकल्पशक्ति'' का वर्णन है (8.2.7–10)।

मनुष्य को चार प्रकार की देह–स्थूल, सूक्ष्म, कारण और महाकारण प्राप्त होते हैं। स्थूल देह का कार्यक्षेत्र दृश्य जगत् में है। सूक्ष्म देह का कार्यक्षेत्र सूक्ष्म जगत् में होता है। स्थूल देह से सूक्ष्म जगत् में कार्य नहीं हो सकता है परन्तु सूक्ष्म देहों से स्थूल जगत् में अंश रूप प्रेरणा का कार्य हो सकता है। सूक्त में ''स्थूल देह को वासना देह'' भी कहा है। ''जो अपनी वासनाएँ पवित्र करते हैं और शुद्ध एवं निष्पाप कामनाओं को धारण करते हैं,

उनकी वासना देह शुद्ध एवं पवित्र बनती है।'' शान्त एवं समवृत्ति में रहे मनुष्य की शान्ति से पूर्ण निर्भय वृत्ति की वासनाएँ होती हैं। जो मनुष्य अपने अन्दर शुभ वासनाओं को स्थिर करता है एवं आत्मशुद्धि का साधन करता है, वह शुभ वासनाओं की प्रबलता से स्वर्ग सोपान के मार्ग से ऊपर चढ़ता है। दूसरे शब्दों में वह शान्ति सुख का अनुभव मरणोत्तर के काल में भी करता है।

यह स्मरण रहे कि ''मृत्यु के पश्चात् स्थूल देह नष्ट हो जाने पर भी वासना देह नष्ट नहीं होती है।'' ''मृत्यु तक हिंसक, क्रूर, कुटिल वृत्ति में रहे कि वासनाएँ भी हिंसामय क्रूर होती हैं। मरणोत्तर काल में अशुभ वासनाओं पर मृतात्मा का छटपटाना–तड़पना ही नरकवास है।'' उसके कष्ट उसके अन्दर की वासनाओं के कारण ही हैं।

जब शुभाशुभ वासना की तरंगों की उत्पत्ति बंद हो जाती है, तब इसका यह भोग समाप्त हो जाता है। अर्थात् वासना देह की भी मृत्यु हो जाती है। इस वासना देह से ही शुभाशुभ वासनाओं से शुभ एवं अशुभ स्वप्न आते हैं।

''शुभ संकल्पों के मन में स्थिर करने से होनेवाले लाभों का वर्णन सूक्त के मन्त्रों में किया गया है।'' सूक्त के ऋषि अथर्वा ने बहुत सूत्रात्मक रूप में कहा है, कि ''अग्नि शुभ संकल्पधारी का शिस्न नहीं जलाता है और यम उसका वीर्य (रेतस्–तेज) कम नहीं करता है।'' अग्नि सतत अशुभ विचारों का चिन्तन करने वाले का शिस्न जलाता है (इन्द्रिय शक्तियों से हीन निस्तेज बनता है। विषयवासनाओं की ज्वालाएँ प्रतिक्षण जलाती हैं।) और यम उसको निर्वीर्य–निस्तेज बना देता है (दुष्ट विचारों से क्षीणवीर्य होता है।)।

सूक्त में कहा है : जो यम में रहता है, देवों को प्राप्त होता है। इसका तात्पर्य पाँच यम–अहिंसा, सत्य, अस्तेय, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य को आचरण में लाना है। ऋग्वेद के दशम मण्डल के 53वें सूक्त की छठी ऋचा में कहा है : ''मनुर्भव जनया दैव्य जनम्।'' मनुष्य बनें और देवत्व प्राप्त करें। ऋग्वेद के अनुसरण में इस सूक्त में दोहराया है कि ''पाँच यमों का आचरण करनेवाला देवलोक–स्वर्ग का देव ही बन जाता है।''

देवलोक की पुष्कारिणी और कामधेनु का अनुभव कारण शरीर में होता है। इसे मन का रथ (मनोदेह, मनोरथ) भी कहा है। सूक्त की चतुर्थ ऋचा में कहा है : यह रथ में बैठता है और महारथी बनकर चलता है। उसका यह ''मनो–रथ'' है। ''मन के संकल्प से रथ में बैठता है और जिस सुख को चाहे केवल संकल्प से ही प्राप्त करता है।'' यह ''संकल्पशक्ति का सूत्रात्मक वर्णन है।''

"मन में शुभभावना की स्थिरता आवश्यक है।" विष्टारी यज्ञ में ब्रह्मविदों, विद्वानों को पुष्कल दान देने को कहा गया है। ऋग्वेद के दशम मण्डल का 107वाँ सूक्त दक्षिणा का है। दक्षिणा सूक्त के अनुसार "उदाराशय को सम्पूर्ण विश्व समर्पित है।" विष्टारी यज्ञ में ब्रह्मविदों को दान देने का निर्देश है। ऋग्वैदिक काल में पँच जन–देवता, गन्धर्व, नाग, पितर एवं मनुष्य का उल्लेख है। ब्रह्मवित्–ब्रह्मजिज्ञासु ही विप्र एवं ब्रह्मण (ब्रह्म को जाननेवाला) है। ऋग्वैदिक काल में ब्रह्मवित्–रुद्र चिकित्सक का भरण–पोषण लोक पर निर्भर रहा। ऋग्वेद में चिकित्सकों–वैद्यों को रुद्र कहा गया है। इन्हें कठोरतम निर्देश है कि "रोगी का उपचार एवं ओषधि निःशुल्क" प्रदान करें। वैद्य "सभी ओषधियाँ स्वयं तैयार करे और आपातकालीन ओषधियाँ सदैव साथ रखे।" वैद्य आर्थिक लाभ अथवा द्वेष के लिये रोगी का उपचार लम्बा नहीं करे। अर्थात् "वैदिक काल में ओषधिदान की समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा रही।" अधिकांशतः ब्रह्मवित् ही रुद्र वैद्य हुआ करते रहे। इसी शृंखला में "विद्यादान" की समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा रही।

वैदिक युग की ओषधिदान एवं विद्यादान की परम्परा उन्नीसवीं शती के मध्य तक रही। वहीं ऋग्वेद के मन्त्रद्रष्टा ऋषि का यह भी निर्देश रहा कि रुद्रवैद्य को यथासम्भव दान–दक्षिणा दी जाये। इसलिये आमतौर पर दान गुरुकुल–विश्वविद्यालयों–ओषधिशालाओं को दिया जाता रहा। दान–दक्षिणा से मनुष्य के मन में शुभभावना स्थिर हो जाती है।

सूक्त में स्पष्ट किया है कि दान देने से मनुष्य शुद्ध, पवित्र, निर्मल और विदेही होकर पवित्र लोक को प्राप्त करता है। विष्टारी यज्ञ में दधि, मधु (शहद), जल (कुएँ खुदवाकर अर्पण करना, जलाशय–सरोवर निर्माण) एवं दूध (दूध देनेवाली गायें अर्पित करना) चार पदार्थ दान देने का निर्देश है। "पौष्कर संहिता" के अनुसार देवालय के मण्डपों आदि में शिक्षा और ललित कलाओं–प्रौद्योगिकी का प्रशिक्षण दिया जाता था और रहा। देवालय के साथ पुष्कर (जलाशय), छात्रों–शिक्षकों के आवास, प्रयोगशाला, खेतीहर भूमि और गायें होती थी। "वैदिक विद्यालय (गुरुकुल) आत्मनिर्भर रहे। जिनमें पँच जनों के किशोर–किशोरियाँ निःशुल्क विद्यार्जन करते रहे।"

भावार्थ : इस अन्न का शिर ब्रह्मवित्, पीठ क्षात्रकर्मवित्, मध्य भाग वाणिज्यकर्मवित् (इसमें कृषि आदि हैं।) है। इसके दायें बायें भाग छन्द हैं और इसका मुख सत्य है। इस अन्न से विस्तृत यज्ञ सिद्ध होता है।।1।। विदेही, शुद्ध, पवित्र और निर्मल बनते हुए यज्ञकर्त्ता उच्चलोक को प्राप्त करते हैं। सुख

प्राप्त करने के साधनभूत इन्द्रियाँ अग्नि से नहीं जलती हैं। अतः वह उच्चलोक में भी सभी सुख प्राप्त कर सकता है।।2।।

जो मनुष्य इस "अन्नदान रूप यज्ञ" को करते हैं, उनको कभी कष्ट प्राप्त नहीं होते। वह पाँच यम–अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य एवं अपरिग्रह का पालन करते हुए "देवत्व" को प्राप्त करता है। देवत्व प्राप्त कर देवलोक के आनन्द प्राप्त करता है।।3।। जो मनुष्य इस अन्नदान रूप यज्ञ को करते हैं, वे कभी निस्तेज निर्वीर्य नहीं होते हैं। वे रथों पर विराजमान होकर रथी कहलाते हैं। वे अन्त में द्युलोक से भी ऊपर (परमव्योम) पहुँचते हैं।।4।।

यह "अन्नयज्ञ समस्त यज्ञों में श्रेष्ठ है।" इसको करनेवालों को स्वर्ग प्राप्त होता है। वहाँ शान्ति से युक्त होते हुए अन्तःशक्ति से सम्पन्न होकर आनन्द प्राप्त करते हैं। स्वर्ग में उनको मधुरस अनायास प्राप्त होते हैं।।5।। उनको दुग्ध, घृत, मधु, दही, मधुर जल आदि के स्रोत मिलने के समान पूर्ण तृप्ति प्राप्त होती है।।6।।

विद्वानों–ब्रह्मवितों को दुग्ध देनेवाला गोवंश, कुएँ आदि मधु एवं दही आदि से पूर्ण दान किया जाता है। जिससे यज्ञकर्त्ता को उच्चलोक की प्राप्ति होती है।।।7।। इस अन्न दान यज्ञ में ब्रह्मवितों–ज्ञानियों को अन्नदान करने से कोई हानि नहीं होती है। इसके विपरीत अपनी शक्ति से तृप्ति होने की अवस्था प्राप्त होती है। यह समस्त कामनाओं को पूर्ण करनेवाली कामधेनु की प्राप्ति है।।8।। अथर्ववेद : काण्ड–4। सूक्त–34। ऋचा–1–8। ऋषि–अथर्वा। देवता ब्रह्मौदनम्।।

ब्रह्मास्य शीर्ष बृहदस्य पृष्ठं वामदेव्यमुदरमोदनस्य।
छन्दांसि पक्षौ मुखमस्य सत्यं विष्टारी जातस्तपसोऽधि यज्ञः।।1।।
अनस्थाः पूताः पवनेन शुद्धाः शुचयः शुचिमपि यन्ति लोकम्।
नैषां शिश्नं प्र दहति जातवेदाः स्वर्गे लोके बहु स्त्रैणमेषाम्।।2।।
विष्टारिणमोदनं ये पचन्ति नैनानवर्तिः सचते कदा चन।
आस्ते यम उप याति देवान्त्सं गन्धर्वैर्मदते सोम्येभिः।।3।।
विष्टारिणमोदनं ये पचन्ति नैनान्यमः परि मुष्णाति रेतः।
रथी ह भूत्वा रथयान ईयते पक्षी ह भूत्वाति दिवः समेति।।4।।
एष यज्ञानां विततो वहिष्ठो विष्टारिणं पक्त्वा दिवमा विवेश।
आण्ठीकं कुमुदं सं तनोति बिसं शालूकं शफको मुलाली।
एतास्त्वा धारा उप यन्तु सर्वाः स्वर्गे लोके मधुमत्पिन्वमाना
उप त्वा तिष्ठन्तु पुष्करिणीः समन्ताः।।5।।
घृतह्रदा मधुकूलाः सुरोदकाः क्षीरेण पूर्णा उदकेन दध्ना।

एतास्त्वा धारा उप यन्तु सर्वाः स्वर्गे लोके मधुमत्पिन्व–
माना उप त्वा तिष्ठन्तु पुष्करिणीः समन्ताः।।6।।
चतुरः कुम्भांश्चतुर्धा ददामि पूर्णाँ उदकेन दध्ना।
एतास्त्वा धारा उप यन्तु सर्वाः स्वर्गे लोके मधुमत्पिन्वमाना
उप त्वा तिष्ठन्तु पुष्कारिणीः समन्ताः।।7।।
इममोदनं नि दधे ब्राह्मणेषु विष्टारिणं लोकजिंत स्वर्गम्
स मे या क्षेष्ट स्वधया पिन्वमानो विश्वरूपा धेनुः
कामदुधा मे अस्तु।।8।। अथर्ववेद : काण्ड–4। सूक्त–34। ऋषि–
अथर्वा। देवता–ब्रह्मौदनम्। ऋचा–1–8।।

अथर्ववेद में सर्वप्रथम स्वर्ग शब्द प्रयुक्त हुआ है। वेद के ज्ञानकाण्ड ऋग्वेद और वेद त्रयी में स्वर्ग शब्द प्रयुक्त नहीं हुआ है।।ऊँ।।

अथर्ववेद

यज्ञ से उन्नति, आरोग्य

अथर्ववेद के इस सूक्त का देवता–विषय इन्द्राणी है और ऋषि अथर्वा है। इस सूक्त की तीन ऋचाओं में यज्ञज्ञान का सागर है। ''इमं प्रतरं'' – जिस गृह में हवन सम्पन्न होता है, वह उच्चता (अवस्था) को प्राप्त करता है। यज्ञकर्त्तादि हर प्रकार से श्रेष्ठ होता जाता है। ''उपनिषत् के अनुसार यज्ञ में भाग लेने वाला ब्रह्मवित् अथवा ब्राह्मण कहलाता है।'' ऋग्वेद के अनुसार यज्ञ के समय ऋत्विज् देवता के मन्त्र, स्तोत्र, स्तुति आदि की व्याख्या करता है। यज्ञ में विद्वान्–ब्रह्मज्ञ उपदेश देते हैं अर्थात् ''यज्ञ का ही भाग ज्ञानसत्र'' रहा। जिससे स्वाभाविक रूप से यज्ञकर्त्ता श्रेष्ठता प्राप्त करता था। श्रुति में ''स्वाध्याय को ब्रह्मयज्ञ कहा है।'' यह भी निर्देश है कि ''स्वाध्याय एवं प्रवचन में प्रमाद नहीं करें।''

''एनं उत्तरं'' – जिस घर में हवन किया जाता वह अधिक उच्च बनता है (उत्त + तरः)। यज्ञ द्वारा वह पहिले की अपेक्षा अधिक उन्नत होता है। ''वर्चसा सं'' – यज्ञ वर्चस्व तेजस्विता प्रदाता है। ''जीवातवे जस्से नय'' – दीर्घायु प्राप्त होती है। अर्थात् आरोग्य रहता है। ऋग्वेद के अनुसार यज्ञ से रोग के जीवाणु नष्ट होते हैं। ऋतु सन्धिकाल में अनेक मौसमी बीमारियाँ

फैलती हैं। वेद का निर्देश है कि "ऋतु सन्धिकाल पर ओषधियों का महायज्ञ करें।" वैसे यज्ञ से दीर्घकालिक और अल्पकालिक व्याधियाँ (बीमारियाँ) समाप्त होती हैं। "ऋग्वेद के नवम् मण्डल के अन्तिम सूक्तानुसार प्रत्येक यज्ञीय वनोषधि में जीवनशक्ति सोम होता है। सोम में सर्वरोगहरण शक्ति होती है।"

"रायस्पोषेण सं" –यज्ञ से अध्यात्मिक, दैविक एवं अधिभूत धन में वृद्धि होती है और पुष्टि में भी वृद्धि होती है। "प्रजया बहुः" – प्रजा से समृद्ध होता है। अर्थात् उत्तम सन्तानें होती हैं। "सजातानां वशी" – यज्ञकर्त्ता स्वजातियों को अधीन करनेवाला होता है।

जिसके घर में नित्य हवन होता है, उसकी अध्यात्मिक, अधिदैविक एवं अधिभूत उन्नति होती है। उसके लिये प्रतिदिन सुख एवं सौभाग्य प्रदाता होता है। इसलिये प्रतिदिन यज्ञ करना लाभप्रद है। यज्ञ से – आरोग्य, दीर्घायु, बल प्राप्त होकर; धन, यश और समस्त प्रकार का अभ्युदय एवं निःश्रेयस भी प्राप्त होता है। अथर्ववेद 6.15.1–3।। ऋग्वेदीय यज्ञ विषयक ऋचाओं–सूक्तों को ही अथर्ववेद में प्रस्तुत किया गया है।

उदेनमुत्तरं नयाग्ने घृतेनाहुत।
समेनं वर्चसा सृज प्रजया च बहुं कृधि।।1।।
इन्द्रेमं प्रतरं कृधि सजातानामसद्वशी।
रायस्पोषेण सं सृज जीवातवे जस्से नय।।2।।
यस्य कृण्मो हविर्गृहे तमग्ने वर्धया त्वम्।
तस्मै सोमो अधि ब्रवदयं च ब्रह्मणस्पतिः।।3।।
।।अथर्ववेद : काण्ड–6। सूक्त–5। ऋषि–अथर्वा।
देवता– इन्द्राणि।।ऊँ।।

अथर्ववेद

यज्ञ का महत्व : अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक
स्वार्थत्याग ही यज्ञ

अथर्ववेद के सप्तम काण्ड के 17वें सूक्त का विषय "इन्द्राग्नी" और ऋषि अथर्वा है। इस सूक्त में यज्ञ के अध्यात्मिक, अधिदैविक एवं अधिभूत महत्व की सूत्रात्मक व्याख्या की गई है। यह स्मरण रहे कि ऋग्वेद में कहा है कि यज्ञ के ऋत्विक् गण, होता आदि ब्रह्मविद्या एवं यज्ञ संस्था के निष्णात

विद्वान् हों। ऋग्वेद में निर्देश है कि ऋत्विक् को यज्ञीय देवता का सम्पूर्ण ज्ञान हो और वह यज्ञ प्रारम्भ करने से पूर्व यजमान एवं यज्ञ में भाग लेनेवालों को मन्त्र–स्तोत्र–स्तुति को व्याख्या कर समझाये। यज्ञ में ब्रह्मविद्या के विद्वान् प्रवचन करें।

ऋग्वेद के पुरुष यज्ञ के अनुसार यज्ञ सर्वस्व समर्पण, सर्वस्व आत्मत्याग, स्वार्थ त्याग है। इस सूक्त में दोहराया गया है कि "स्वार्थ त्याग यज्ञ है।" यज्ञ में समर्पण सबके लिये है, चाहे वे यज्ञ–सत्कृत, प्रशस्ततमकर्म, उत्तमकर्म, शुभकर्म नहीं करनेवाले हों। यज्ञ "सर्वजनीन" (सबसे सम्बन्ध रखनेवाला) एवं "सर्वजनीय" (सबके हित का), "सर्वदर्शी", "सर्वपावन" (सबको पवित्र करनेवाला), "सर्वकामिक" (सारी इच्छाएँ पूरी करनेवाला), "सर्वकालीन", "सर्वकृत" आदि है।

इस सूक्त में सबसे पहिली बार कहा गया है कि "यज्ञ में पधारे देवता यज्ञ समापन के बाद स्वर्ग लोक में अपने स्थान पर पधारो।" "ऋग्वेद की यज्ञ सम्बन्धित ऋचाओं में यज्ञ में आमन्त्रित देवताओं से द्युलोक अथवा परमव्योम जाने को नहीं कहा गया है।" यह स्मरण रहे कि "वेद त्रयी (तीन वेद–ऋग्वेद, यजुर्वेद एवं सामवेद) ही माने गये हैं।" अथर्वा ऋषि के अथर्ववेद को बहुत बाद का माना गया है। अथर्ववेद को काला–श्याम वेद एवं अथर्वा संहिता भी कहा गया है। अथर्ववेद में जादू–टोना–कृत्या–अभिचार–षट्कर्म आदि है। इस अथर्ववेदीय ऋचा के आधार पर यज्ञ में यज्ञ समापन पर देवों से देवलोक लौटने की प्रार्थना कर्मकाण्ड में चलन में आई। यद्यपि "यह ऋग्वेद सम्मत नहीं है।" देवगाथाओं के अनुसार "त्रेता" में "सामवेद"–"यजुर्वेद" का काला जादू सिर पर चढ़कर बोल रहा था। त्रेतायुग में परमरुद्र भक्त लंकेश्वर दशकन्धर रावण ने ऋग्वेद की दर्शनपरक व्याख्या की (दा एशियाटिक सोसायटी में उन्नीसवीं शती के अन्त में ऋग्वेद के रावण भाष्य के कुछ पृष्ठ प्रकाशित किये। डॉ. सुशील कुमार गुप्ता ने सन् 1969 में जयपुर से रावण भाष्यम् प्रकाशित किया। प्रोफेसर भारत भूषण विद्यालंकार ने "ऋग्वेद के रावण भाष्य" की पुष्टि की है।)।

भावार्थ : हे ज्ञानी होता गण! मैंने इस यज्ञ के लिये वरण किया है। आप यह यज्ञ उत्तम विधिपूर्वक करने का अनुग्रह करो। आप यह यज्ञ स्थिरचित्त होकर और शान्ति से समाप्त करो।।1।।

हे किरणयुक्त तेजस्वी भगवन्! आप हमें ज्ञानियों–विद्वानों की संगति प्रदान करो। "जो हितकारी ज्ञान है वह हमें दो।" मेरे विषय में सज्जनों का मन उत्तम होवे। हमारा सभी प्रकार से हित हो। हमें गो–वाक् देवता सरस्वती

प्रदान करो। हमें कल्याण से युक्त करने का अनुग्रह करो, जिससे हम पूजनीय देवों की उत्तम मति में चलें।।2।।

ज्ञान प्रकाशक अग्नि देव हमारे यज्ञ में सभी देवों को बुलाकर लाता है। यज्ञ में पधारे सभी देव अन्न भक्षण करें और दिव्य सोमरस का पान करें। हे वसुदेवों! आप हमें धन दो।।3।। हे देवो! हम आपके लिये उत्तम सदन बनाते हैं, अर्थात् यज्ञ ही आपका सदन है। आप इस सोमाभिषव में आओ, साथ में धन लेते आओ और वह धन हमें प्रदान करो। "आप यज्ञ समाप्ति के बाद स्वर्ग में अपने स्थान में जाने की कृपा करो"।।4।।

हे यज्ञ! आप यज्ञस्थान के प्रति प्राप्त हो, यजमान को प्राप्त हो। अपने आश्रयस्थल को प्राप्त हो। "स्वकीय वस्तु का त्याग ही यज्ञ है। स्वार्थत्याग ही यज्ञ है"।।5।। हे यज्ञकर्त्ता यजमान! आपका यह यज्ञ उत्तम सूक्त वचनों (सूक्त, मन्त्रादि) से युक्त होने के कारण वीर्यवान् (ऊर्जा, शक्ति, क्षमता, आभा, कान्ति, सामर्थ्य, बल, पुंसत्व, शूरवीरता, पराक्रम, तेजस्, दीप्ति, प्रभाव, शुक्र आदि) होता है। स्वाहा—स्वार्थत्याग ही यज्ञ है।।6।।

"यह हवन करनेवालों को समर्पित है और हवन नहीं करनेवालों के लिये भी अर्पित है। समर्पण तो सभी के लिये करना चाहिये, चाहे वे यज्ञ करनेवाले हों अथवा नहीं करनेवाले हों।" अर्थात् समभाव रखें। हे देवो! आप प्रशस्ततम—उत्तम मार्ग के ज्ञाता हो, आप मार्ग को जानकर मार्ग से ही जाओ। अर्थात् मार्ग जानने के बाद उसी मार्ग से जाना उत्तम है।।7।। हे मन के स्वामी! हमारे इस यज्ञ को देवों के मध्य में द्युलोक में स्थापित करो। अर्थात् सभी यज्ञ देवों के लिये समर्पित होने चाहिये। उसका समर्पण पृथिवीलोक, अन्तरिक्षलोक एवं द्युलोक में स्थित सभी के लिये हो। वेदानुसार पृथिवीस्थानीय देव, अन्तरिक्षस्थ देव और द्युलोकस्थ देव कुल 33 हैं। उन सभी को यज्ञ समर्पित हो।।अथर्ववेद 7.97.1—8।।

शरीर में भी तीन लोक हैं। अथर्ववेद (10.7.13.27) में कहा है कि जिसके अंगों में तैंतीस (33) देवता रह रहे हैं, अथवा तैंतीस देव जिसके अंग रूप अवयव बने हैं, वह सबका आधार स्तम्भ है। इन देवताओं को ब्रह्मवित् ही जानते हैं। अर्थात् शरीरस्थ 33 देवताओं को जानना चाहिये। एक समय स्वकीय शरीर में 33 देवों की अवधारणा स्पष्ट होने पर, बाहर के समस्त देव स्वयं जाने जा सकते हैं। स्वशरीर में इन देवों का प्रत्यक्ष अनुभव हो सकता है। वेद की भाषा में यही देवताओं का प्रत्यक्ष साक्षात्कार है।

यस्य त्रयस्त्रिंशद् देवा अंगे सर्वे समाहिताः।
स्कंभं तं ब्रूहि कतमः स्विदेव सः।।13।।

यस्य त्रयस्त्रिशद् देवा अंगे गात्रा विभेजिरे।
तान् वै त्रयस्त्रिंशद् देवानेके ब्रह्मविदो विदुः।।27।।
।।अथर्ववेद 10.7.13, 27।।
यदद्य त्वा प्रयति यज्ञे अस्मिन्होताश्चिकित्वन्नवृणीमहीह।
ध्रुवमयो ध्रुवमुता शविष्ठ प्रतिद्वान्यज्ञमुप याहि सोमम्।।1।।
समिन्द्र नो मनसा नेष गोभिः सं सूरिभिर्हरिवन्त्सं स्वस्त्या।
सं ब्रह्मणा देवहितं यदस्ति सं देवानां सुमतौ यज्ञीयानाम्।।2।।
यानावह उशतो देव देवांस्तान्प्रेरय स्वे अग्ने सधस्थे।
जक्षिवांसः पपिवांसो मधून्यस्मै धत्त वसवो वसूनि।।3।।
सुगा वो देवाः सदना अकर्म य आजग्य सवने मा जुषाणाः।
वहमाना भरमाणाः स्वः वसूनि वसुं धर्मं दिवमा रोहतानु।।4।।
यज्ञ यज्ञं गच्छ यज्ञपतिं गच्छ।
स्वां योनिं गच्छ स्वाहा।।5।।
एष ते यज्ञो यज्ञपते सहसूक्तवाकः।
सुवीर्यः स्वाहा।।6।।
वषड्ढुतेभ्यो वषडहुतेभ्या।
देवा गातुवेदो गातुं वित्त्वा गातुमित।।7।।
मनसस्पत इमं नो दिवि देवेषु यज्ञम्।
स्वाहा दिवि स्वाहा पृथिव्यां स्वाहान्तरिक्षे स्वाहा वाते धां स्वाहा।।8।।
।।अथर्ववेद : काण्ड–7। सूक्त–97। ऋषि–अथर्वा। देवता–इन्द्राग्नी।
ऋचा–1–7।।ऊँ।।

अथर्ववेद

यज्ञ का सत्य फल : समस्त दोष निवारण

अथर्ववेद के इस सूक्त का अभिप्राय है कि मानव से प्रयत्न करने पर भी अनेक दोष उससे जाने अनजाने हो जाते हैं। वे दोष सत्य यज्ञ से दूर हो सकते हैं। यज्ञ की मूलभावना ही लोक कल्याण के लिये स्वार्थत्याग–आत्मोत्सर्ग आत्मसमर्पण करना है। यह सर्वस्वत्याग ही दोषों–पापों से मुक्ति दिलवाता है।

देवों के सम्बन्ध में जो तिरस्कार कभी–कभी अज्ञानतादि में हमसे होता हो, तो उस पाप से हम यज्ञ के सत्य फल के द्वारा मुक्त हों।।1।। हे आदित्यो! हे याजको! हे यज्ञ चलानेवालो! यदि हम यज्ञ की शिक्षा प्राप्त करते हुए उसको यथावत् नहीं कर सकें, तो हमें यज्ञ के सत्य द्वारा यहाँ मुक्त करो। अर्थात् हम अपनी ओर से सम्पूर्ण यज्ञ की तैयारी करते हैं तथापि उसमें जो त्रुटि होती हो तो उस पाप से हम यज्ञ के सत्य फल द्वारा मुक्त हों।।2।।

हे विश्वेदेवा! आपसे शिक्षा प्राप्त करते हुए हम विफल होकर पूर्ण नहीं कर सकें, तो भी घृतयुक्त चमस से घृत की यज्ञ में आहुतियों से हम एक उत्तम यजमान बनें।।3।। अथर्ववेद 6.114.1–3।।

यद्देवा देवाहेडनं देवासश्चकृमा वयम्।
आदित्यास्तस्मान्नो यूयमृतस्यर्तेन मुंचत।।1।।
ऋतस्यर्तेनादित्या यजत्रा मुंचतेह नः।
यज्ञं यद्यज्ञवाहसः शिक्षन्तो नोपशेकम।।2।।
मेदस्वता यजमानाः स्रुचाज्यानि जुव्हत।
अकामा विश्वे वो देवाः शिक्षन्तो नाप शेकम।।3।।
।।अथर्ववेद : काण्ड–6। सूक्त–114। ऋषि–ब्रह्मा। देवता–विश्वेदेवाः।
ऋचा–1–3।।ऊँ।।

अथर्ववेद

यज्ञ : परमेश्वरार्पण बुद्धि से

इस सूक्त का सारतत्त्व है कि यज्ञ परमेष्ठी परमात्मा–परमेश्वर को समर्पित हो। वेद में तीन सोपान–देवता, ईश्वर एवं परमेष्ठी हैं। इसी शृंखला में अंतरिक्ष, आकाश एवं परमव्योम महाकाश हैं। तीन तत्त्व–सत्, रजस् एवं तमस् हैं और तीन लोक–पृथिवी, अन्तरिक्ष और द्यु हैं। त्र्यम्बक–महाकाल तीनों लोकों के पिता हैं। यहाँ सूक्तकार सभी यज्ञ सर्वशक्तिमान सर्वज्ञ परमेष्ठी को समर्पण का उपदेश दे रहा है। परमेष्ठी द्वारा यज्ञीय हवि रूप में यज्ञ करने से समस्त देवों एवं सृष्टि की उत्पत्ति हुई। यज्ञ में परमेश्वरार्पण बुद्धि से किया जावे। ''यज्ञ की सिद्धि–स्वार्थत्याग–आत्मत्याग–प्रियतम वस्तु का समर्पण करने से होती है।''

ऋग्वेद में देवों के शास्ता रुद्र ने विषपान किया। शास्ता रुद्र के पुत्र प्रजापति हैं। प्रजापति ने दुहिता गमन का पातकी कार्य किया। रुद्र अपने पुत्र पातकी प्रजापति का वध करके महान् देव (महादेव) एवं पशुपति कहलाये।

इस सूक्त में सारगर्भित मात्र एक ऋचा है। यज्ञ में हवन सामग्री, गोघृत आदि पदार्थ यथाविधि अर्पण किये जावें। सभी देवता यज्ञ में पधारें। हमारा यह हवन समस्त देवों में प्रमुख परमेष्ठी को पहुँचे। यह हमारा सर्वस्व समर्पण है।।1।। अथर्ववेद 7.98.1।।

सं बर्हिरक्तं हविषा घृतेन समिन्द्रेण वसुना सं मरुद्भिः।
सं देवैर्विश्वदेवोभि–रक्तमिन्द्रं गच्छतु हविः स्वाहा।।1।।
।।अथर्ववेदः काण्ड–7। सूक्त–98। ऋषि–अथर्वा। देवता–मंत्रोक्ताः।।
।।ऊँ।।

अथर्ववेद

यज्ञवेदी की महिमा
वेदी पवित्रतम भूमि

अथर्ववेद के सप्तम काण्ड के 99वें सूक्त का विषय–देवता "वेदी" है। वेदी का अर्थ है – "परिष्कृतायां भूमौ।" "मध्येन सा वेदिविलग्न–मध्ये।" "वेदिंच डमरुकाकार–पिण्डिकावतो पशु बन्धनार्थं होमयि–द्रव्यासादानार्थं वा कृत–संस्कारा परिष्कृता चतु–रस्त्रादिरूपा भूमिः।" यज्ञ का पर्याय "अध्वर" है, अध्वर का अर्थ हिसा रहित है। यहाँ अध्यात्मिक रूप से "पशु" शब्द का अर्थ "आन्तरिक शत्रु–काम, क्रोध, मद, मोह, लोभ, मत्सर, अज्ञान, अविद्या" है।

ऋग्वेदानुसार यज्ञ खुले आकाश के नीचे नदी के किनारे हो। नदी के किनारे स्वाभाविक रूप से वृक्षों के झुण्ड होते रहे। वेदी शब्द उस पवित्र क्षेत्र का बोधक है, जिसके ऊपर यज्ञ क्रिया सम्पन्न होती थी और होती है। "वेद में जगत् की आत्मा सूर्य और पृथिवी को चतुर्दिशा–चतुर्भुजा कहा गया है।" इसके प्रतीक रूप में वेदी को चौकोर बनाया गया। वैसे "पृथिवी एवं सूर्य के वृत्ताकार होने से वेदी गोल भी निर्मित करने का विधान है।"

वैदिक सर्वव्याप्त विष्णु को यज्ञ की संज्ञा दी गई है। विष्णु अणु के भी अणु अथवा सूक्ष्म से भी सूक्ष्म और बृहद् से विराट् है। विष्णु वामन से

विराट् होते हैं। विष्णु अग्निस्वरूप एवं सूर्यस्वरूप है। यज्ञाग्नि वामन से विराट् रूप लेती है। इसलिये ऋग्वेदानुसार वेदी नीचे से छोटी और ऊपर से बृहदाकार होनी चाहिये।

वेदी के समीप परमपवित्र दर्भ–कुशा के आसन बिछाये जाते हैं। जिससे देवगण आकर कुशासन पर विराजमान हो सकें। ऋग्वेदीय यज्ञ के अष्ट ऋत्विक् भी कुश के आसन पर ही बैठते हैं। कुशा पर ही यज्ञ सामग्री रखी जाती है। वेदी के समीप "काष्ठ का यज्ञयूप" स्थापित किया जाता रहा। ऋग्वेद के अनुसार वेदी में ऋत्विक् खड़े होकर अग्नि स्थापित करते रहे। ऋग्वैदिक यज्ञ में अग्नि (मुख्य) अतिथि है और देवों का दूत है।

"ऋग्वैदिक यज्ञ का विधान कर्मकाण्ड रहित है।" उसमें वेदी की ईंट आदि का कोई विधान नहीं है। "वेद काल के पश्चात् विभिन्न देवों की भिन्न–भिन्न आकार वाली वेदी निर्माण का क्रम प्रारम्भ हुआ।" "ईसा पूर्व के सम्राट पुष्यमित्र शुंग" ने "श्येनाकार वेदी" (ऋग्वैदिक दिव्य पक्षीराज श्येन) पर "दो अश्वमेध यज्ञ–राष्ट्रसंवर्धन यज्ञ" किये। लेकिन ऋग्वेदादि में इसका उल्लेख नहीं है।

वैदिक संशोधन मण्डल, पुणे में वेदोत्तर काल की यज्ञ वेदियों के प्रारूप मन्त्रमुग्ध करते हैं। वेदी में यज्ञाग्नि प्रज्ज्वलित करने से पहिले ऋत्विक् यजमान को विष्णु के त्रिविक्रम के क्रम में तीन बार आचमन और पृथिवी पर तीन पग चलाता है। ऋग्वैदिक यज्ञ विधान में वेदी में अग्नि भली–भाँति प्रज्ज्वलित होने के पश्चात् ही अध्वर्यु आहुतियाँ दिलवाता है। ऋग्वेद के नवम् मण्डल के अन्तिम सूक्तानुसार "वेदी में समस्त ओषधियों का समर्पण सोम का काम करता है।" "ऋग्वेद का अश्वमेध सूक्त" यज्ञ वेदी के असाधारण महत्व से परिचय करवाता है। "यज्ञीय अश्व वेदी की तीन परिक्रमा से उत्कृष्ट देव हो जाता है।" ऋग्वेद के "अश्वमेध यज्ञ का उद्देश्य जगत् को यज्ञमय बनाना, यज्ञ ज्ञान प्रचार है।"

अथर्ववेद के सूक्तानुसार वेदी के चारों ओर सदैव स्थिरता एवं स्वच्छता रखनी चाहिये। यज्ञस्थल पर किसी भी नारी के साथ कपट, कुटिलता और खराब–अभद्र व्यवहार नहीं करना चाहिये। ऋग्वेद में मन्त्रद्रष्टा ऋषिकाएँ हैं। ऋषिका जुहू ब्रह्मजाया के कारण बृहस्पति को प्रायश्चित करना पड़ा। वैदिक किशोरियों का यज्ञोपवीत विधिविधानपूर्वक होता रहा। ऋषिका ऋत्विज् भी रही। इस पृष्ठभूमि में अथर्ववेद के सूक्त का उक्त कथन है। यज्ञकर्त्ता को निर्देश है कि वह आलययम में लघु उद्यान को रूपाकार दे। क्योंकि वेद काल में अधिकांश प्रतिदिन यज्ञ करते रहे। अध्यात्मिक रूप से

आलय में वृक्ष होने से यज्ञ से उन्हें धूम (कार्बन डाई ऑक्साइड) का भोजन मिलता रहे और वे निरन्तर जीवनी वायु (ऑक्सीजन) प्रदान करते रहें। अदृश्य रूप से यह पर्यावरण सन्तुलन का विज्ञान है।

वेदी को चारों ओर से अच्छी प्रकार आच्छादित कर और धारण कर। इस यज्ञभूमि में यजमान की पत्नी के साथ कपट मत कर। हवनकर्त्ता का आलय–सदन हरियाली से युक्त एवं उत्तमवर्ण युक्त है। यजमान के स्थान पर आभूषण हैं।।1।।अथर्ववेद 7.99.1।।

परि स्तृणीहि परि धेहि वेदिं मा जामिं मोषीरमुया शयानाम्।
होतृषदनं हरितं हिरण्ययं निष्का एते यजमानस्य लोके।।1।।
।।अथर्ववेद : काण्ड–7। सूक्त–99। देवता–वेदी। ऋषि–अथर्वा।।

अथर्ववेदीय गोमेध यज्ञ सूक्त
सर्वश्रेष्ठ गो संवर्धन का महायज्ञ
गो परमेष्ठी स्वरूप

सम्पूर्ण वैदिक वांगमय में ''गोमेध'' के ''दो अथर्ववेदीय सूक्त'' हैं। इनका ''गोमांस भक्षण, गो के अवयवों के हवन अर्थात् गोवध से कोई सम्बन्ध नहीं है।'' इन दोनों सूक्तों में गोवध और गो के अवयवों से यज्ञ करने का कहीं भी उल्लेख नहीं मिलता है। इसके अलावा गोमांस भक्षण का कहीं ओर छोर नहीं है।

''अथर्ववेदीय गोमेध यज्ञ सूक्तों में गोदान लेने की विधि, गोदान लेने के अधिकारी, उत्तम दूध देनेवाली गो एवं वृषभ–बैल दान देने और इससे स्वर्ग की प्राप्ति विषय वस्तु है।'' सूक्तों के अनुसार ''तत्त्वज्ञानी ब्रह्मवित् ही गोदान का अधिकारी है।'' इनमें गोरक्षा की वचनबद्धता प्रगट की गई है। सूक्तों में गोप्स्यन्ति शमितारः एवं पवतारः शब्दों से भ्रमित नहीं हों। ''गोप्स्यन्ति'' का अर्थ रक्षा करना है। ''शमिता'' का तात्पर्य संयमी पुरुष, मन को शान्त रखनेवाला है। 'पवतारः'' का आशय परिपक्वता प्रदान करनेवाला, पूर्णता करनेवाला है। इन ''तीनों शब्दों के रुढ अर्थ लेने से वध का वितण्डा मचा।'' वास्तव में वैदिक शब्दों का अध्यात्मपरक अर्थ लेना चाहिये, अन्यथा वैदिक

ऋचा–सूक्त के अर्थ का अनर्थ होगा। यहाँ अथर्ववेदीय दशम काण्ड के दशवें सूक्त का वर्णन प्रस्तुत है।

वैदिक वांगमय में "गो" शब्द बहुत ही रहस्यमय है। "गो" का अर्थ है – "आकाश, प्रकाश की किरण, वाणी की अधिष्ठाता सरस्वती, सूर्य, शब्द, वाक्, स्वर्ग, तारे, इन्द्र का वज्र, चन्द्रमा, वृषभ, वायु, ब्रह्म, दिशा, माता, भूमा, जल, पशौ, ऋषभ नामक ओषधि, बाण, हीरक, नेत्र, इन्द्रिय (इन्द्रिय शक्तियाँ), अश्व, पृथिवी आदि।"

गो अभिवादन

हे अघ्न्ये–वध करने अयोग्य गो! आपको जन्मते समय नमन करता हूँ। आपका पैदा होने के बाद भी अभिवादन करता हूँ। आपके समस्त अवयवों एव रूपों के लिये, यहाँ तक कि आपके पवित्र लोम एवं खुर को भी नमस्कार करता हूँ। अर्थात् गो का सभी अवस्थाओं में सत्कार करना चाहिये।।1।।

नमस्ते जायमानायै जाताय उत ते नमः।
बालेभ्येः शफेभ्यो रूपायाघ्न्ये ते नमः।।1।।

यज्ञ शिर, सप्त प्रवाह, सप्त अंतरों का ज्ञाता

जो "सप्त प्रवाह, सप्त अंतरों एवं यज्ञ के शिर का ज्ञाता ज्ञानी हो वशा गो का दान लेने का अधिकारी है।"

अध्यात्मिक रूप से शरीर में "सप्त प्रवाह" चलते हैं। "ये सप्त इन्द्रियाँ हैं – बुद्धि, मन, जिव्हा, वाणी, नेत्र, कर्ण एवं नासिका। ये सप्त नदी स्वरूप में आत्मा के अमृतपूर्ण स्रोत से चल रही हैं।" इनके सप्त क्षेत्र हैं। इनमें जाकर ये अपने आपको कृत कार्य होती हैं। "पाँच नदियाँ पाँच विषयों–शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गंध क्षेत्रों में कार्य करती हैं।" दो नदियाँ–ज्ञान, मनन, अहंकारादि क्षेत्रों में काम करती है। जागृति में ये आत्मा की शक्ति लेकर बाहर की दिशा में चलती हैं और सुषुप्ति में अन्तर्मुखी चलती हैं। इन "सप्त प्रवाहों को अपनी इच्छा से अन्तर्मुख एवं बहिर्मुख कर्त्ता सप्त प्रवाहों का ज्ञाता है।" आत्मा से लेकर विषय क्षेत्र तक का अन्तर "परावत्" है। "आत्मा से उक्त शक्तिरूपी नदियाँ कैसे चलती हैं और समस्त नदियाँ अपने–अपने विषयों को कार्यभूमि में कितनी दूर जाकर कैसा कार्य करती है, इसका ज्ञान सप्त अन्तर का ज्ञान है।"

छान्दोग्योपनिषत् (3.16.1) में कहा है : "पुरुषो वाव यज्ञः।" अर्थात् मनुष्य ही यज्ञ है। ब्रह्मवित् "शरीर में संचालित शतसांवत्सरिक यज्ञ के सबसे शिरोभाग को जानता है, वह ही यज्ञ के शिर का ज्ञाता है" अथवा आत्मज्ञानी है।।2।।

यो विद्यात्सप्त प्रवतः सप्त विद्यात्परावतः।

शिरो यज्ञस्य यो विद्यात् च वशां प्रतिगृह्णीयात्।।2।।

मैं सप्त प्रवाहों को जानता हूँ, मैं सप्त अंतरों को जानता हूँ और यज्ञ के शिर का भी मुझे ज्ञान है। इतना ही नहीं मैं गो के अन्दर सोम शक्ति का भी ज्ञाता हूँ।।3।।

वेदाहं सप्त प्रवतः सप्त वेद परावतः।

शिरो यज्ञस्याहं वेद सोमं चास्या विचक्षणम्।।3।।

गो परमात्मास्वरूप : दुग्ध अमृत

तीनों लोकों–द्युलोक, अन्तरिक्षलोक एवं पृथिवीलोक धारक परमेष्ठी ही गो स्वरूप में हमारे पास आता है और अपना अमृत रस देता है। "जिसने द्युलोक, पृथिवीलोक और इन जलों का संरक्षण किया उस सहस्र धाराओं से अमृतमय दुग्ध देनेवाली वशा गो को हम प्रार्थना कर बुलाते हैं"।।4।।

यया द्यौर्यया पृथिवी ययापो गुपिता इमाः।

वशां सहस्रधारां ब्रह्मणाच्छावदामसि।।4।।

गोरस का महत्व

गो का महत्व असंदिग्ध रीति से वे ही जानते हैं जो गोदुग्ध पान से पुष्टि करते हैं। "सौ पात्र, सौ दुग्ध दुहनेवाले, सौ गोपाल इस गो के साथ आदर से रहते हैं। जो देवता इस गो के अन्दर जीवन धारण करते हैं वे ही अद्वितीय रीति से गो को जानते हैं"।।5।। यह स्मरण रहे कि सूर्य सम्पर्क से ककुदवाली थूहवाही गाय के मेरुदण्ड से सुवर्ण क्षार झरती है। यह सुवर्ण गोरस (दुग्ध, दधी, घृत), गोमूत्र एवं गोबर में आता है।

गो यज्ञपदी

गो पर्जन्य से उत्पन्न कोमल घास से पालित है। "गो यज्ञपदी है" (यज्ञ रूपी पांव से युक्त है।)। गो पवित्र यज्ञ भूमि में भ्रमण करती है। गो "स्वधाशक्ति" से युक्त प्राणवाली है। अर्थात् "गो में प्राणशक्ति के साथ धारकशक्ति स्वधा भी है। गोरस मननशील में धारक शक्ति वृद्धि करता है। "महीलुका" – गो भूमि को तेजस्वी बनानेवाली है। गोबर एवं गोमूत्र भूमि की उर्वराशक्ति में वृद्धि करता है। गोवंश बैल भूमि जोतने आदि के कार्य आता है। यह दुग्ध रूपी अन्न प्रदाता है।

यज्ञ में गोघृतादि से आहुतियाँ दी जाती हैं। यह गोघृतादि देवों के पास पहुँचता है। इसी लिये कहा गया है कि गो ब्रह्म के पास प्राप्त होती है। इस ऋचा में स्पष्ट निर्देश है कि गो को हरी घास ही खिलानी चाहिये और गो वन में भ्रमण कर वनोषधियाँ ग्रहण करे।।6।।

यज्ञपदीराक्षीरा स्वधाप्राणा महीलुका।
वशा पर्जन्यपत्नी देवाँ अष्येति ब्रह्मणा।।6।।

गो देह में अग्नि, सोम, पर्जन्य एवं विद्युत्!

गो में सूर्य की उष्णता से अग्नि का तेज प्रविष्ट होता है। इसका गोदुग्ध पर लाभकारी प्रभाव होता है। गो का रंग–कपिल, लाल, भूरा, पीत, श्वेतादि होने से सूर्य किरणों की जीवाग्नि उसमें अधिक प्रविष्ट होती है। गो सूर्य प्रकाश से अपने अन्दर आग्नेय जीवनतत्त्व संगृहित करती है। गो में वनोषधियाँ आदि खाने से सोमतत्त्व आता है। कोमल घास पर्जन्य से प्राप्त होता है। इसके विपरीत यह विशेषता ककुद रहित गो एवं भैंस में नहीं होती है।

हे कल्याण करनेवाली वशा गो! आपके शरीर में अग्नि, सोम, पर्जन्य एवं विद्युत् देवों ने आश्रय लिया है।।7।।

अनु त्वाग्निः प्राविशदनु सोमो वशे त्वा।
ऊधस्ते भद्रे पर्जन्यो विद्युतस्ते स्तना वशे।।7।।

गो राष्ट्ररक्षक–जगत्रक्षक

हे वशा गो! आप सबसे पहिले दूध देती हो। उसके पश्चात् भूमि को उर्वरा बनाकर कृषि योग्य करती हो। इस प्रकार आप दुग्ध और अन्न प्रदान कर राष्ट्र को एवं जगत् को परिपुष्ट करती हो। कृषिप्रधान अर्थव्यवस्था एवं जैविक उत्पाद में गो की नाभकीय भूमिका है।।8।।

अपस्त्वं धुक्षे प्रथमा उर्वरा अपरा वशे।
तृतीयं राष्ट्रं धुक्षेऽन्नं क्षीरं वशे त्वम्।।8।।

गो द्वारा सोमरस पान

ऋग्वेदानुसार देवता सोमपान करते रहे। उसका अंश ब्रह्मज्ञानी ऋत्विक् भी प्राप्त करते। इसी शृंखला में इस ऋचा में कहा है कि (देववत्) गो को सोमरस पिलाया जाता है। सोमरस पान से गो के दुग्ध में दिव्य सोम के गुण–धर्म आ जाते हैं। ऋग्वेदानुसार समस्त वनोषधियों में सोम होता है। गो वन में वनोषधियों का सेवन करती है। अध्यात्मिक रूप से यही गो का सोमपान है। सोमरस युक्त दुग्ध सभी रोगों का हरण करता है। वेद में सोम को ब्रह्मज्ञानी कहा गया है। "हे सरल स्वभाववाली वशा गो! जब आप आदित्यों द्वारा आमन्त्रित होकर जाती हो तब इन्द्र आपको असंख्य पात्रों से सोमरस पिलाता है"।।9।।

यदादित्यैर्हूयमानोपातिष्ठ ऋतावरि।
इन्द्रः सहस्रं पात्रान् सोमं त्वापाययद्वशे।।9।।

गोदुग्ध से काम, क्रोध, मद–उन्माद, मोहादि समापन

इस ऋचा में इन्द्र एवं वृत्रासुर संग्राम में देवों द्वारा गो दुग्ध पीकर असुरों के संहार का प्रसंग है। जिसमें देवों ने दुग्ध के पात्र स्वर्ग में रखे। इसका अध्यात्मिक अर्थ है कि काम, क्रोध, मोह, मद–उन्माद आदि की अवस्था में गो दुग्ध पीने से शरीर में समता आती है और हीन मनोविकार–मनोवषाद दूर होते हैं। गो दूध पीने से कामविषयक अत्याचार से उत्पन्न निर्वीर्यता भी दूर होती है। अतिश्रम से उत्पन्न थकावट, हृदय की जलन, मस्तक की ज्वाला आदि समस्त दोष का निवारण गोरस से होता है। किन्तु यह विशेषता "थूह–ककुद वाली भारतवर्ष, एशिया, अफ्रीका आदि की गाय के दुग्ध में है।"

यही मूलभूत कारण है कि वैदिक काल अर्थात् 39 लाख वर्ष पूर्व में ऋषि–मुनि थूह वाली गाय का दूध पीकर साधना करते रहे। यद्यपि वैदिक काल में महिषी–भैंस, बकरी, भेड़, अश्व, ऊँट आदि दुधारु पशु उपलब्ध रहे।

यदनूचीन्द्रमैरात् त्व ऋषभोऽव्हयत्
तस्मान्ते वृत्रहा पयः क्षीरं क्रुद्धो हरद्वशे।।10।।
यत्ते क्रुद्धो धनपतिरा क्षीरमहरद्वशे।
इदं तदद्य नाकस्त्रिषु पात्रेषु रक्षति।।11।।

यज्ञ : त्रयी कर्म समन्वय

वैदिक काल में पँच जन (प्राणियों की पँच श्रेणियाँ)–देवता, गन्धर्व, नाग, मनुष्य एवं पितर का उल्लेख मिलता है। इसी क्रम में कर्मत्रयी–ब्रह्मवित् कर्म, क्षात्रकर्म और वैश्य (तृतीय वर्ण–व्यापार–वाणिज्य एवं कृषि) रहे। वेदकाल में कार्य के वरण के अनुसार तीन वर्ण रहे। यज्ञ में ब्रह्मवित् स्वाहा, स्वधा आदि का घोष करते हुए हव्य कव्य करते हैं। क्षात्रकर्म वाले सुरक्षा–प्रशासन करते हैं और वैश्य (विश + व्यञ्) (विशुत्याशु पशुभ्यश्च कृष्यादावरुचिः शुचिः, वेदाध्ययन–सम्पन्नः स वैश्य इति संजितः) गोपालन, कृषि एवं व्यापार करते हैं। "यज्ञ द्वारा त्रैवर्णिकों का संगठन रूपाकार लेता रहा।" "ये त्रैवर्णिक परस्पर सहकार्य करते हुए उन्नति को प्राप्त हों। गो रक्षा करते हुए अपना अभ्युदय, उन्नति का महत्वपूर्ण कार्य करना चाहिये।"

छह ऋचाओं (12–17) का सार है, कि "यज्ञ में अथर्ववेद ज्ञाता ऋत्विज् होता है। वह गो के दूध के साथ सोम रस तीन पात्रों में रखता है और सभी को पिलाता है।" ऐसे याजक के साथ सोमादि वनोषधियों को भी साथ लेकर गन्धर्व वीर अपने समस्त सैनिकों के साथ समुद्र से विजय के लिये गमन करे। ऐसे समुद्री युद्ध अभियान में बहुत गायें भी नौकाओं में होती हैं। गन्धर्व सेना की सैन्य नौकाओं को वायु चलित पंखों से संचालित किया

जाता रहा। बृहद् नौकाओं में याज्ञिक निरन्तर यज्ञ करके समुद्र को यज्ञमय बनाते। उनकी ऋचाएँ समुद्र में गूंजायमान रहती। गोवंश आनन्द से नर्तन करता।

नौकाओं में बैठे याज्ञिक और अन्य अपनी आँखों से समुद्र से निकलते सूर्य और समूचे समुद्र का दर्शन करते। नौकाओं पर गो समुदाय सुवर्ण के आभूषणों से अलंकृत होता। इस समय ऐसा लग रहा था कि जैसे समुद्र विशाल अश्व है और उस पर सुवर्ण सुसज्जित गायें सवार हैं। वैदिक समय में वीर समुद्री नौका द्वारा देश–देशान्तरों की विजय यात्रा में गाय और घास साथ ले जाते रहे।।12–17।।

त्रिषु पात्रेषु तं सोममा देव्यहरद्वशा।
अथर्वा यत्र दीक्षितो बर्हिष्यास्त हिरण्यये।।12।।
सं हि सोमेनागत समु सर्वेण पद्वता।
वशा समुद्रमध्यष्टाद्गंधर्वैः कलिभिः सह।।13।।
सं हि वातेनागत समु सर्वैः पतत्रिभिः।
वशा समुद्रे प्रानृत्यदृचः सामानि बिभ्रती।।14।।
सं हि सूर्येणागत सामु सर्वेण चक्षुषा।
वशा समुद्रमत्यख्यद्भद्रा ज्योतिंषि बिभ्रती।।15।।
अभीवृता हिरण्येन वदतिष्ठ ऋतावरि।
अश्वः समुद्रो भूत्वाऽध्यस्कंदद्वशे त्वा।।16।।
तद्भद्राः समगच्छन्त वशा देष्ट्रयथो स्वधा।
अथर्वा यत्र दीक्षितो बर्हिष्यास्त हिरण्ये।।17।।

यज्ञ का शस्त्र गो : यज्ञ से लोक चेतना

इस ऋचा का अभिप्राय है कि "यज्ञ से लोक में चेतना उत्पन्न हुई।" लोक में वैश्विक एवं राष्ट्रीय राष्ट्र कर्तव्यों की जागृति यज्ञ के कारण उत्पन्न हुई। लोक में संगठन हुआ, लोक का एकीकरण हुआ, सब मिल जुलकर रहने लगे। परिणामतः समस्त जन संघ का कल्याण करने में तत्पर हुआ।

इस ऋचा का आशय है : "गो का आयुध यज्ञ है।" "शूर का यह आयुध है।" "गो क्षात्रकर्म कर्त्ताओं की माता है। हे स्वधे–आत्मिक शक्तिवाले! आपकी भी माता यह गो है। यज्ञ मानों गो का ही एक शस्त्र है, इसीसे जगत् में लोक में चेतना हुई है"।।18।।

वशा माता राजन्यस्य वशा माता स्वधे तव।
वशाया यज्ञ आयुधं ततश्चित्तमजायत।।18।।

परम उच्च गो वाणी शक्ति से गो उत्पत्ति

"ब्रह्म की परम उच्च शक्ति से गो की उत्पत्ति हुई है। "यहाँ गो शब्द का श्लेष है।" गो वाणी भी है। "ब्रह्म एवं आत्मा की प्रेरणा से वाणी की उत्पत्ति होती है। इस लिये "वाग्रूपी गो ब्रह्म की शक्ति से जन्म लेती है।" वाग्रूपी गो–वाणी के स्तनों से गद्यपद्य वाङ्.मय दुहा जाता है। यह गो के अध्यात्मिक शक्ति युक्त होने का द्योतक है। ब्रह्म से जीवन शक्ति गो में आकर रहती है।

इन ऋचाओं में ब्रह्म से गो (वाग्) की उत्पत्ति का रहस्योद्घाटन किया गया है। गो ब्रह्म की शक्ति अपने में लाती है। यह ब्रह्म जीवनीशक्ति दूध रूप में प्रदान करती है। गो की उत्पत्ति के पश्चात उसको बुलानेवाला भी उत्पन्न हुआ। गो–वाणी के मुख से ज्ञान गाथाएँ उत्पन्न हुई। "हे गो। आपके उदर स्थान से यज्ञ बना और स्तनों से रश्मियाँ निर्मित हुई। गले के स्थान से बल हुआ।।19, 20।। आगे के पांवों से एवं पिछली जंघाओं से गति उत्पन्न हुई। आंतों से भक्षक बने और उदर से वनस्पतियाँ उत्पन्न हो गई।।21।। हे गो! जब आपने देव सम्राट वरुण के उदर में प्रवेश किया, तब वहाँ ब्रह्म ने आपको बुलाया और आपका मार्गदर्शक बन गया।।22।।

ऊर्ध्वो बिन्दुरुदचरत् ब्रह्मणः ककुदादधि।
ततस्त्वं जज्ञिषे वशे ततो होताजायत।।19।।
आस्नस्ते गाथा अभवन्नुष्णिहाभ्यो बलं वशे।
पाजस्याज्जज्ञे यज्ञ स्तनेभ्यो रश्मयस्तव।।20।।
ईर्माभ्यामयनं जातं सक्थिभ्यां च वशे तव।
आन्त्रेभ्यो जज्ञिरे अत्रा उदरादधि वीरुधः।।21।।
यदुदरं वरुणस्यानु प्रविशथा वशे।
ततस्त्वा ब्रह्मोदव्हयत् स हि नेत्रमवेत्तव।।22।।

सर्वोत्तम गोवंश संवर्धन

वशा गो का अर्थ है – संतानोत्पत्ति में सक्षम गाय। "ससूव हि तां वशा इति आहुः।" "असूसु" का अर्थ है – प्रजा उत्पन्न नहीं करनेवाला गो का बन्धु–सम्बन्धी बैल। "एकः युधः संसृजति" – वृषभ (सांड) अकेला ही लड़नेवाला है। "सर्वोत्तम वृषभ से गो का समागम गोमेध यज्ञ का भाग है।" इससे श्रेष्ठ गोवंश की वृद्धि होती है और यज्ञ के लिये गोरस (दुग्ध, दही, घृत) प्राप्त होते हैं।

यज्ञ प्रारम्भ होते ही अत्यन्त वेग से फैले, क्योंकि यज्ञ प्रशस्ततमकर्म–उत्तमकर्म–आत्म सर्वस्वसमर्पण, स्वार्थ त्याग होने से जगत् के लिये

कल्याणकारी रहे। स्वाभाविक रूप से लोक का मन इन गोमेध यज्ञ (गो वर्धन यज्ञ) की ओर आकर्षित हुआ। इन यत्र–तत्र–सर्वत्र फैलनेवाले यज्ञों का केन्द्र वशा गो बन गई। अर्थात् गोमेध से अधिकाधिक दूध देनेवाली सर्वोत्तम गोवंश की उत्पत्ति भी उद्देश्य रहा।

वशा गो यज्ञ से जगत् को धारण कर रही है। साथ ही सूर्य को धारण करती है। यज्ञ में पवित्र हुई हवि का समर्पण यज्ञ में किया जाता है। यज्ञशेष अन्न प्रसाद रूप मानकर यजमान, ऋत्विक् और गो को दिया जाता है। गोरस से ऋषि, देव, पितर, मनुष्य, नाग, प्राण, असुर, राक्षस आदि पुष्ट होते हैं।

जो जन्म नहीं देता उससे उत्पन्न होनेवाले गर्भ को देखकर सभी काँपने लगे। उसने जन्म दिया ऐसा उसे वे कहते हैं, वही वशा गो है। यह मन्त्रों से समर्थ हुई, वही उसका सम्बन्धी है।।23।। वह अकेला ही युद्ध करता है। वह इस वशा को अकेला ही वश में रखनेवाला है। यज्ञ सर्वत्र विजयी हो गये (भूमि यज्ञमय हो गयी। वैसे अयज्ञीय को यवन कहा गया है। मनु ने अयज्ञीय देश को ''म्लेच्छ'' कहा है।)। वशा गो ही समस्त हलचलों का चक्षु है।।24।। गो यज्ञस्वरूप है (गो ने यज्ञ को स्वीकार किया है।)। गो ने सूर्य को धारण किया है। यज्ञीय हवि मन्त्रों से पवित्र, दिव्य शक्ति सम्पन्न होकर गो के अन्दर प्रविष्ट हुई है।।25।। गो को अमृत कहते हैं और गो को मृत्यु समझकर भी उपासना करते हैं। देव, मनुष्य, गन्धर्व, नाग, असुर, पितर, ऋषि एवं राक्षस यह गो ही बन गई है।।26।। जो यह जानता है वह गो दान लेवे (ब्रह्मज्ञ ही गाय दान लेने का पात्र है।)। इसी प्रकार सम्पूर्ण यज्ञ अविरोध से दाता के लिये फलीभूत होता है।।27।। वरुण की तीन जिव्हाएँ हैं। उनके बीच में जो प्रकाशती है वह वशा गो है। अतः गो का दान लेना अत्यन्त कठिन है।

वरुण की तीन जिव्हाएँ

''वैदिक देवों के सम्राट की तीन जिव्हाएँ हैं – प्रथम–वाणी, द्वितीय–गाय और तृतीय–भूमि।'' अध्यात्मिक दृष्टि से वाणी का कार्य जिव्हा से सम्पन्न होता है। गो के अमृतमय दुग्ध का स्वाद भी जिव्हा से ही लेते हैं और भूमि हमें ''षड्रस अन्न'' देती है। अन्न का रसपान भी जिव्हा से करते हैं। वाणी पर संयम होना चाहिये, अन्यथा अनर्गल से जगत् में संघर्ष होता है। भूमि के संरक्षण नहीं करने से अनेक संकटों में गिरते हैं। गाय से अशक्तता, अल्पायुता आदि नहीं होती है।।28।।

सर्वे गर्भादवेपन्त जायमानादसूस्वः।
ससूव हि तामाहर्वशेति ब्रह्मभिः।

क्लृप्तः स ह्यस्या बंधुः।।23।।
युध एकः सं सृजति यो अस्या एक इद्वशी।
तरांसि यज्ञा अभवन् तरसां चक्षुरभवद्वश।।24।।
वशा यज्ञं प्रत्यगृह्णाद् वशा सूर्यमधारयत्।
वशायामन्तरविशदोदनो ब्रह्मणा सह।।25।।
वशामेवाऽमृतमाहुर्वशां मृत्युमुपासते।
वशेदं सर्वमभवद् देवा मनुष्या असुरा पितर ऋषयः।।26।।
य एवं विद्यात्स वशां प्रतिगृह्णीयात्।
तथा हि यज्ञः सर्वपाद्दहे दात्रेऽनपस्फुरन्।।27।।
तिस्रो जिव्हा वरुणस्यान्तदीर्घत्यासनि।
तासां मध्ये या राजति सा वशा दुष्प्रतिग्रहा।।28।।

गो के चतुर्रूप : द्युलोक, भूलोक, विष्णु, प्रजापति

"वशा गो के चतुर्रूप हैं – द्युलोक, भूलोक, सर्वत्र व्याप्त विष्णु एवं रचयिता प्रजापति।" इन चारों के साथ गो के चार रेतस् सम्बन्धित हैं। द्युलोक सर्वाधार, भूतों का उत्पत्तिकर्त्ता और सूर्य को प्रेरणा देकर वृष्टि–करवाता है। वृष्टि से पृथिवी पर जल प्राप्त होता है। पृथिवी परमेष्ठी की सर्वोत्तम कृति है। यहाँ सोमादि वनस्पतियों का रस, अन्न एवं दुग्ध आदि प्राप्त होते हैं। पृथिवी पर ही जीवधारी रहते हैं। श्रुति में ब्रह्माण्डव्यापिनी ऊर्जा शक्ति विष्णु को यज्ञ उपमा दी गई है। यज्ञ विष्णु की तरह तीन पराक्रम अर्थात् वामन से विराट होकर किया जाता है। विष्णु अग्निस्वरूप और सूर्यस्वरूप है। प्रजापति समस्त प्रजाओं का पालन करता है। देवों के शास्ता रुद्र का पुत्र प्रजापति है। रुद्र प्रजापति को सृष्टि कार्य सौंपकर स्वयं निरपेक्ष हो गये। "द्यु, सूर्य, मेघ, आपः, भूमि, आत्मा और परमेष्ठी की शक्तियों का नाम गो है।"

वशा गो का रेतस् चार प्रकार से व्याप्त है। जल रूप में एक भाग, दुग्ध रूप में एक भाग, यज्ञ रूप में एक भाग और पशु रूप से एक भाग है।।29।। यह गो द्युलोक, पृथिवी लोक, विष्णु एवं प्रजापति परमेष्ठी रूप है। साध्य देव और वसुदेव वशा गो का दूध पीते हैं।।30।। इस लिये इनको स्वर्ग में भी गोरस मिलता है।।31।।

वशा द्यौर्वशा पृथिवी वशा विष्णुः प्रजापतिः।
वशाया दुग्धमपिबन्त्साध्या वसवश्च ये।।30।।
वशाया दुग्धं पीत्वा साध्या वसवश्च ये।
ते वै बघ्नस्य विष्टपि पियो अस्या उपासते।।31।।ऊँ।।

गोरक्षा आर्यों का श्रेष्ठ धर्म

गां मा हिंसीरदिति विराजम्

वाजसनेयी माध्यन्दिन शुक्ल यजुर्वेद के तेरहवें अध्याय की 43वीं ऋचा में कहा है : "आप अखण्डित (अदिति) दुग्धादानादि से विराजमान् गो की हिंसा नहीं करो।" "गां मा हिंसीरदितिं विराजम्।।"13.43।।

ऋग्वेद काल से गो अदिति (अखण्डनीय) है। यह पुनः लिख रहे हैं कि "अध्वर" यज्ञवाचक शब्द है। अध्वर शब्द का अर्थ हिंसा का निषेध है। "मेध" शब्द का अर्थ बुद्धि वर्धन, संगतिकरण–मिलाना है। यजुर्वेद में इसी क्रम का अनुसरण किया गया। अथर्ववेद (9.4.17, 18) में "वृषभ को रक्षणीय, वर्धनीय और अवध्य घोषित किया गया।" इस सूक्त में वृषभ–सांड को गो का पति कहा गया है।

डॉ. सम्पूर्णानन्द ने "आर्यों का आदिदेश" (प्रकाशन 1943) में ऋग्वैदिक साक्ष्यों के आधार पर प्रमाणित किया कि "दृषद्वती एवं सरस्वती के मुहानों पर 39 लाख वर्ष पूर्व ऋग्वेद की रचना हुई।" आर्यों का आदिदेश जम्बूद्वीप का भारतवर्ष है। "आर्य" शब्द का अर्थ है – "श्रेष्ठ"। शब्दस्तोमहानिधि में आर्य का अर्थ भी इसकी पुष्टि करता है : "आर्य्य–श्रेष्ठकुलोत्पन्ने पूज्ये, श्रेष्ठे, संगते, उदारचरिते, शान्तचित्ते", "कर्त्तव्यमाचरन् कापमकर्तव्यम–नाचरन्, सर्वमान्ये। तिष्ठति प्रकृताचारे स वा आर्य्य इति स्मृतः" इत्युक्त–लक्षणे जने च त्रि.। इस प्रकार "आर्य्य अथवा आर्य कोई मानवीय प्रजाति (नस्ल) नहीं है", बल्कि "श्रेष्ठजन का सम्बोधन" है (यद्यपि विदेशियों ने आर्य शब्द को लेकर वितण्डा मचाया।)।

गोमेध सूक्त की अन्तिम तीन ऋचाओं का अभिप्राय है कि "गोरक्षा आर्यों का श्रेष्ठ धर्म है।" यह समस्त विश्व–जगत् मानो गो का ही व्यक्त रूप है। सम्पूर्ण मानवी जगत् गो का ही रूप मानने योग्य है। गो ही मानवी रूप में परिणत होती है।

"सम्पूर्ण सूक्त में गोसंवर्धन, गोपुष्टि, गोरक्षा, श्रेष्ठतम गोवंश का प्रसार, गोवंश अवध्य, गो सृष्टिरूप, गो परमेष्ठी रूप, गोरस में सोम एवं आग्नेय हिरण्य (सुवर्ण) शक्ति, गोरस एवं आरोग्य–पुष्टि, गो यज्ञपद, ब्रह्म द्वारा गो उत्पत्ति आदि विषय को प्रस्तुत किया गया है।" गो के महत्व की प्रस्तुति

अत्यन्त काव्यालंकारा पूर्ण है। यह अत्यन्त दुःखद है कि वेद के पश्चिमी भाष्यकारों ने "गोमेध यज्ञ" सूक्तों को "गोवध" कहा। वेद की ऋचाओं में कहीं भी गो का वध करके उसका हवन करने का कोई प्रमाण नहीं मिलता है।

इन ऋचाओं (32, 33, 34) में कहा है कि यज्ञकर्त्ता सोमरस में मधुर दूध का मिश्रण करने के लिये गाय का दोहन करते हैं। ऋत्विक् गण हवन में घृत के लिये गो का दोहन करते हैं। इस गो से यज्ञ होता है। गोमेध यज्ञ में ब्रह्मविद्या के महाज्ञानी विद्वान् को ही गायें दान देनी चाहिये। ब्रह्मज्ञानी शिक्षादान और ओषधिदान करते हैं (वैदिक काल से उन्नीसवीं शती के पूर्वार्ध तक शिक्षादान–निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था रही। लगभग 2500 वर्ष प्राचीन विश्वविख्यात तक्षशिला विश्वविद्यालय इसका उदाहरण है। इस लिये इन गुरुकुलों में गोदान सर्वोत्तम होता। वैदिक चिकित्सक–रुद्र उपचार और ओषधि निःशुल्क प्रदान करते रहे।)। जो ब्रह्मज्ञानी सत्पुरुष को गो का दान करते हैं वे स्वर्ग के अधिकारी होते हैं। ब्रह्मवित् ज्ञानी को गो दान करने से श्रेष्ठ गति प्राप्त होती है। गो में ऋत–सत्य, ब्रह्म–अन्न और तप विद्यमान है। ।।32, 33।।

गो के दुग्ध से मननशील मनुष्य ही नहीं देव भी जीवित रहते हैं। जहाँ तक सूर्यप्रकाश पहुँचता है, वह सभी माना गो ही है। गो ही सम्पूर्ण जगत्रूप है।।34।। सार संक्षेप में गो महान् है, परमेष्ठी है, उसका पूर्ण वर्णन करना भी दुस्साध्य है।

सोममेनामे दुह्रे घृतमेक उपासते।
य एवं विदुषे वशां ददुस्ते गतास्विदिवं दिव।।32।।
ब्राह्मणेभ्यो वशां दत्त्वा सर्वाँल्लोकान्त्समश्नुते।
ऋतः ह्यस्यामार्पितमपि ब्राह्माऽथो तपः।।33।।
वंशा देवा उपजीवन्ति वशां मनुष्या उत।
वशेदं सर्वमभवद्यावल्सूर्यो विपश्यति।।34।।
।।अथर्ववेद।काण्ड–10। सूक्त–10। ऋचा–32–34।।ऊँ।।

भ्रम और यथार्थ

वैदिक गोमेध अर्थात् गोसंवर्धन, गोसंगतिकरण!

वैदिक विज्ञान में गोमेध, अश्वमेध आदि शब्दों के उल्लेख से पश्चिमी विचारकों ने महाप्रपंच, महाभ्रम की विचित्र स्थिति उत्पन्न की है। पश्चिम के वेद अध्येताओं ने गोमेध, अश्वमेध आदि को गो मांस, अश्व मांस यज्ञ में अर्पित करने की संज्ञा दी है। इतना ही नहीं उन्होंने वैदिक काल में गो मांस भक्षण का प्रपंच रचा। इस विकट विभ्रम के बवण्डर का मूलकारण वैदिक संस्कृत का गहन ज्ञान नहीं होना रहा (आचार्य टी.वी. कपाली शास्त्री के ऋग्वेद के भाष्य की भूमिका में यह कहा है)।

ऋग्वेद में ''गो'' शब्द सूर्य किरणों का वाचक (ज्ञान, इन्द्रियाँ शक्ति, प्राणशक्ति वाचक भी) है। वैदिक कोश निघण्टु में गाय के नौ नाम मिलते हैं। इनमें अध्न्या (हनन करने अयोग्य) (अहंतव्या), ''अही'' (हनन करने अयोग्य) एवं ''अदिति'' (टुकड़े करने अयोग्य), तीनों के अनुसार गाय की हिंसा नहीं करनी चाहिये।

वैदिक युग में यज्ञवाचक नामों में ''अध्वर'' शब्द प्रचलन में रहा। ''अध्वर'' में ''ध्वर'' शब्द हिंसावाचक है और ''अध्वर'' का अर्थ हिंसा का निषेध है। यज्ञकर्म का हिंसा से कोई सम्बन्ध नहीं रहा। यज्ञ में प्रयुक्त ''मेध'' शब्द के अनेक अर्थ हैं। मेध का अर्थ–संगतिकरना, वर्धन करना, बुद्धिवर्धन, मिलाना, वृद्धिकरण आदि है।

महाभारत (शांति अध्याय 263) में स्पष्ट घोषणा की है कि गाय का नाम ही ''अध्न्या'' है। दूसरे शब्दों में गाय हिंसा योग्य नहीं है। फिर गाय को कौन काट सकता है ? यह भी कहा है कि जो गाय, बैल, नन्दी को मारते हैं, वे बहुत अयोग्य कर्म करते हैं।

अध्न्या इति गवां नाम क एता हन्तुमर्हति।
महच्चकाराऽकुशलं वृषं गा वाऽऽलभेत्तु यः।।

ऋग्वेद की ऋचा में आता है : ''गोभिः श्रीणीत मत्सरम् (9.46.4)।'' ''अंशुं दुहन्तो अध्यासते गवि। (10.94.5)।'' श्रीयास्काचार्य के अनुसार इसका आशय गो दूध के साथ सोम पकाना और सोम का रस दोहन करते हुए चर्म पर बैठना है। वैदिक संस्कृत का ज्ञान नहीं होने से पश्चिमी विद्वानों ने

शाब्दिक अर्थ गाय के साथ (गो मांस) सोमरस पकाओ एवं सोमरस निकालते हुए गाय में बैठो किया।

वैदिक गोमेध का अर्थ गायों का संवर्धन करना, गाय का सत्कार करना, गोसंगतिकरण, गो अनुसंधान विकास आदि है। गो शब्द गो के उत्पादों–दूध, दही, मक्खन, घी आदि को बताने के लिए प्रयोग में लाया गया है।

वेद को ''गोपाय'' (गोप, गोपायति) शब्द भी रहस्यमय है। ऋग्वेद (10.154.5) की ऋचा में आया है : ''ये गोपायन्ति सूर्यम्।'' इसका तात्पर्य है कि गोपालन के कर्म के समान कर्म सूर्य के साथ करते हैं। वेद में नामधातु एवं धातु के प्रयोग बहुत हैं। इनकी उत्पत्ति की दृष्टि से गो–गाय; गोप (गो+प)– गाय का पालक; गोपाय–गाय की रक्षा करना; गोपायति–गाय की रक्षा करता है, आदि अर्थ हैं। गुप् (गु+प्)(धातु) का आशय रक्षा करना है। ''अधिभूत रूप से गो–गाय, अधिदैवत रूप से गो–किरण और अध्यात्म में गो इन्द्रियाँ (इन्द्रियशक्तियाँ) हैं। दूसरे शब्दों में–लोक व्यवहार में ''गो'' गाय है।

विवाह सूक्त (ऋग्वेद 10.85.1–16) में गो का उल्लेख अलंकारिक रूप से मिलता है। इस सूक्त में ''गावः हन्यन्ते'' का आशय गाय की संख्या में वृद्धि है। ''हन्'' धातु का अर्थ गति है। इस गति के अर्थ ''ज्ञान'', गमन और प्राप्ति है (हन का अर्थ प्रेरणा देना, रक्षा करना, गुणा करना, ताडन, उडाना, वृद्धिकरना, स्पर्श करना, छोड़ देना, प्रतिबंध करना भी है।)।

''अतिथिनी'' शब्द वेद में गोवाचक (ऋग्वेद 10.68.3) है। यजुर्वेद में सिंहगर्जना की गई है कि तेजस्वी गाय अवध्य है। इसलिए उसकी हिंसा नहीं करें। अवध्य गो घी प्रदान करती है। उसकी हिंसा नहीं करें (13)(42)।

गां मा हिंसीरदितिं विराजम्।। यजुर्वेद 13.42।।

घतृं दुहानामदितिं जनाय.... मा हिंसीः।। यजुर्वेद 13.49।।

वेद में गाय ही नहीं द्विपाद, चतुष्पादों की भी अहिंसा का निर्देश है (अश्व, अज, द्विपाद पशु, ऊन देनेवाला पशु, मानव आदि की हिंसा नहीं करें।)।

अश्वं ..... मा हिंसीः .....।।41।।

अविं ..... मा हिंसीः .....।।43।।

इमं मा हिंसीर्द्विपादं पशुम्।।47।।

इमं मा हिंसी .....वाजिनम्।।48।।

इममूर्णायुं ..... मा हिंसीः।।50।।यजुर्वेद 13।।

मा हिंसीः पुरुषम्।।यजुर्वेद 16.31।।

यजुर्वेद में गाय के मानवों पर अनन्त उपकारों को ध्यान में रखकर "अनुपमेय" कहा गया है।

ब्रह्म सूर्यसमं ज्योतिर्द्यौः समुद्रसमं सरः।

इन्द्रः पृथिव्यै वर्षीयान् गोस्तु मात्रा न विद्यते।। यजुर्वेद 23.48।।

अथर्ववेद में वृषभ (सांड एवं बैल) को भी "अध्न्य" अर्थात् हिंसा नहीं करने योग्य बताया है। बैल और सांड भी गाय की तरह रक्षणीय, वर्धनीय और अवध्य है। "गायों का पति (वृषभ, बैल) कानों से कल्याण की बातें सुनता है। वह आँखों से अकाल के दुर्भिक्ष्य का नाश करता है। वह अपने सींगों से राक्षसों (आधि–व्याधि) को दूर भगाता है। यह सौ यज्ञों से यजन करता है। वृषभ को अग्नि में नहीं जलाते हैं। इससे सभी देव उन्नत करते हैं। ब्रह्मविद को ऋषभ अर्पित करते हैं।

सृं गाभ्यां रक्ष ऋषत्यवार्तं हन्ति चक्षुषा।

शृणोति भद्रं कर्णाभ्यां गवां यः परिरघ्न्यः।।17।।

शतयाजं स यजते नैनं दुवन्त्यग्नयः।

जिन्वन्ति विश्वे तं देवा यो ब्राह्मण ऋषभमा जुहोति।।18।।

।।अथर्ववेद 9.4।।

इस सूक्त में ऋषभं को "अवध्य", कहा गया है। एक ऋषभ (बैल) ब्रह्मविद को दान करना सौ यज्ञ के बराबर कहा गया है। बैल का अत्यन्त महत्व है, अतः उसे अग्नि में नहीं जलाते हैं। बैल की सभी प्रशंसा करते हैं। बैल खेती द्वारा अकाल को दूर करता है।

ब्रह्मविदों को बैल, वृषभ दान देकर जो अपना मन श्रेष्ठ बनाता है, उसकी अपनी गोशाला में गाय और ऋषभ की वृद्धि हुई है, ऐसा वह शीघ्र ही देखता है (अथर्ववेद 9.4.19)।

ब्राह्मणेभ्यो ऋषभं दत्त्वा वरीयः क्रणुते मनः।

पुष्टिं सो अध्न्यानां स्वे गोष्ठेऽव पश्यते।।।।अथर्ववेद 9.4.19।।

ऋग्वेद के अष्टम मण्डल के एक सौ एक वें सूक्त की पन्द्रहवीं ऋचा में "गोवध प्रतिबन्धित" किया गया है। "गो रुद्रों की माता, वसुओं की पुत्री, आदित्यों की बहन–भग्नी और अमृत केन्द्र है। जो ज्ञानी मनुष्य है, उससे कहता हूँ कि निष्पाप गो अवध्य है। इस कारण गो का वध मत करो।"

माता रुद्राणां दुहिता वसूनां स्वसादित्यानाममृतस्य नाभिः।

प्र नु वोचं चिकितुषे जनाय मा गामनागाम दितिं वधिष्ट।।

।।ऋग्वेद 8.101.15।।

ऋग्वेद (5.83.8) में गाय के भौतिक जीवन में प्रयोजन का वर्णन भी दिया गया है। "बड़ा बर्तन उठाओ, उसमें अमृत की धाराएँ चलती रहे। गो घृत से द्युलोक और पृथिवी को भर दो। गाय से उत्तम पान प्राप्त हो।"

महान्तं कोशमुदचा नि षिंच स्यन्दन्तां कुल्या विषिताः पुरस्तात्।।
घृतेन द्यावापृथिवी व्युन्धि सुप्रपाणं भवत्वघ्न्याभ्यः।।ऋग्वेद 5.83.8।।

वैसे ऋग्वेद में "वृषभ" का अर्थ सांड अथवा बैल के स्थान पर "शब्द", "वाक्" एवं द्यौ भी है। "चार सींगवाला, तीन पाँव वाला, दो शिरवाला एवं सात हाथों से युक्त महादेव वृषभ तीन स्थानों में बंधा हुआ शब्द करता है। वह मर्त्यों में प्रविष्ट होवे।" ऋचा की व्याख्या में वृषभ शब्द का आशय सांड अथवा बैल के स्थान पर शब्द–वाक् है। चार सींग व्याकरण में (छह वेदांगों में एक) शब्द के चार विभाग–नाम आदि हैं। उक्षा शब्द (वृषभ वाचक) उपासक की रक्षा करनेवाले सर्वशक्तिमान परमेष्ठी के लिए है।

चत्वारि शृंगा त्रयो अस्य पादा द्वे शीर्षे सप्तहस्तासो अस्य।
त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति महादेवो मर्त्यो आ विवेश।।
।।ऋग्वेद 4.58.3।।

वृषभ की तुलना ऋग्वेद में राजा अथवा इन्द्र से भी की गई है। वैदिक विज्ञान की विलक्षणता यह है कि उसमें वृषभ को रुद्र भी कहा गया है। यहाँ रुद्र के साथ अनेक रुद्र का विशेषण मिला। प्रकारान्तर में रुद्र का वाहन वृषभ हुआ।

आ चर्षणिप्रा वृषभो जनानां राजा कृष्टीनां पुरुहुत इन्द्रः।।1।।
ये ते वृषणो वृषभाष इन्द्र ब्रह्मयुजो वृषरथासो अत्याः।
तां आतिष्ठ तेभिरा याह्यर्वाङ्.हवामहे त्वा सुत इन्द्र सोमे।।2।।
।।ऋग्वेद 1.177.1,2।।

आम जनों का वृषभ सरीखा शक्तिशाली राजा इन्द्र है।।1।। हे इन्द्र! आपके पास जो सर्वशक्तिमान वृषभ ज्ञान से युक्त हैं, उनके साथ यहाँ पधारें।।2।। ऋग्वेद में निरन्तर दोहराया गया है कि ब्रह्मज्ञानी एक ब्रह्म को अनेक नामों से सम्बोधित करते हैं। वेद में एक परमेष्ठी के साथ अनेक जीवात्माओं के होने का वर्णन है।

"परमेष्ठी के लिए वृषभ" शब्द का प्रयोग बहुत ही सुन्दर किया गया है।

वृषाऽसि दिवो वृषभः पृथिव्याः वृषा सिंधूनांवृषाभस्तिया नाम्।।
।।ऋग्वेद 6.44.21।।

वृषभ द्युलोक, पृथिवी, समुद्र एवं स्थिर जलों का शक्तिदाता है। ऋग्वेद में आकाश को "लोहित वृषभ" संज्ञा दी गई है। ऋग्वेद में परमव्योम परमेष्ठी है। अर्थात् वृषभ परमेष्ठी है। ऋग्वेद के "गोतम" शब्द का अर्थ : "जिसके पास बहुत गाय हैं।" "जिसके अपने घर में सुगमता से दूध देनेवाली गाय रहती है, वह प्रतिदिन अमृत ही पान करता है। वही शक्ति, बल बढाने वाला अन्न खाता है।"

स्व आ दमे सुदुघा यस्य धेनुः
स्वधां पोपाय सुभ्वमन्नमत्तिः।।ऋग्वेद 92.35.7।।

वैदिक युग में गाय के ही दूध पीने की प्रथा रही। "अब श्वेत घड़ा अर्थात् चाँदी का पात्र गायों के दूध से भरा हुआ जो तेजस्वी अन्न से परिपूर्ण है। उसको इन्द्र स्वीकार करे, पीये। अध्वर्यु आदि याजकों द्वारा बनाया हुआ यह मधुर रस आनन्द के लिये इन्द्र पीये और शूरवीर भी आनन्द के लिये पीवे।"

अध श्वेत कलशं गोभिरक्तमापिप्यानं मघवा शुक्रमन्धः।
अध्वर्युभिः प्रयतं मध्वो अग्रमिन्द्रो मदाय प्रतिधत्पिबध्यै
शूरो मदाय प्रतिधत्पिबध्यै।।ऋग्वेद 4.27.5।।

यज्ञ में गो दुग्धपान केन्द्र में रहा। "सुन्दर यज्ञ में इन्द्र गो दुग्धपान के लिये आमन्त्रित किया जाता है।"

प्रति त्यं चारुमध्वरं गोपीथाय प्रहूयसे।।ऋग्वेद 1.19.1।।

गो को सोमरस पिलाने की ऋचा भौंचक्का करती है। "हे सरल स्वभाववाली गो! जब आदित्यों द्वारा बुलाये जाने पर आती रही, तब इन्द्र उसे हजारों पात्रों से सोमरस पिलाता रहा।"

यदादित्यैर्हूयमानोपातिष्ठ ऋतावरि।
इन्द्रः सहस्रं पात्रान् सोमं त्वापायद्वशे।।

अथर्ववेद के सूक्त में "वृषभ" को ही "वेद" की संज्ञा दी गई है। "हजार सींगवाले वृषभ से वेद बने हैं।" सहस्त्रशृंगो वृषभो जातवेदाः।। अथर्ववेद 13.1.12।।

गोमेध के अथर्ववेद के सूक्त विभ्रम के इन्द्रजाल को ध्वस्त करते हैं। "मैं पशुओं से पुष्टि लेता हूँ, द्विपाद और चतुष्पादों से भी पुष्टि लेता हूँ और धान्य भी लेता हूँ। बृहस्पति देवता, सविता देवता ने हमें पशुओं से दूध और ओषधियों से रस दिया है।"

पुष्टिं पशूनां परिजग्रभाहं चतुष्पदां द्विपदां यच्च धान्यम्।
पयः पशूनां रस ओषधीनां बृहस्पतिः सविता में नियच्छात।।

।।अथर्ववेद 19.13.5।।

जम्बूद्वीप और वैदिक काल से ''गोत्र'' शब्द का प्रचलन है। प्रत्येक संस्कार, अनुष्ठानिक कार्य में ''गोत्र'' का उल्लेख अनिवार्य होता है। ''इसके ठीक विपरीत वेद में ''गो–त्र'' शब्द पर्वत, वन, घासवाली भूमि, गायों के लिये विशेष आरक्षित भूमि, मानवकुल, मानववंश आदि का वाचक है।'' ''गो–त्र अर्थात् गाय द्वारा पालित मानवकुल है।'' ऋग्वेद में गायों की वृद्धि का आशय आमजन की पुष्टि, रोग बीजों का नाश करना, अजीर्ण एवं आम से उत्पन्न होनेवाली बीमारियों को दूर करना घोषित किया गया है।

धेनूर्जिन्वतमुत जिन्वतं विशो हतं रक्षांसि सेध तममीवाः।।

।।ऋग्वेद 8.35.18।।

वेद मे ''गो हत्यारे को मृत्यदण्ड'' का विधान रहा। यदि कोई हमारी गो, अश्व एवं मानव का वध करेगा। हम उसका सीसे की गोली से वध करेंगे।

यदि नो गां हंसि सद्यश्वं यदि पुरुषम्।

तं त्वा सीसेन विध्यामो यथा नोंसो अवीरहा।।अथर्ववेद 1.16.4।।

चतुर्थवेद अथर्ववेद में गो के सार्वभौमिक, सर्वकालिक, सार्वजनिन स्वरूप आदि को केन्द्र में रखकर उसे द्यौ (परम आकाश), अन्तरिक्ष, दिशा और पृथिवी कहा गया है।

पृथिवी धेनुः।।2।। अंतरिक्ष धेनुः।

द्यौर्धेनुः।। दिशो धेनवः।।अथर्ववेद 4.39।।

अथर्ववेद में गो के विश्वरूप की समूची व्याख्या 9.7(12) सूक्त में है। ''प्रजापतिश्च परमेष्ठी च शृंगे, इन्द्रः शिरो, अग्निर्ललाटं, यमः कृकाटम्।।1।। सोमो राजा मस्तिष्को द्यौरुत्तरहनुः पृथिव्यधरहनुः।। ..... एतद्वै विश्वरूपं सर्वरूपं गोरूपम्।।25।। उपैनं विश्वरूपाः सर्वरूपाः सर्वरूपाः पशवस्तिष्ठन्ति य एवं वेद।।26।।

अथर्ववेद के गोमेध के सूक्त (नवम्, दशम्) दशम् कांड में मिलते हैं। पाप करनेवालों के मुँह बन्द करके, यह शस्त्र शत्रुओं पर छोड़ो। इन्द्र ने यजमान को यश देनेवाली, शत्रु नाश करनेवाली प्रथम शतौदना गो दी।

अघायतामपि नह्या मुखानि सपत्नेषु वज्रमर्पयैतम्।

इन्द्रेण दत्ता प्रथमा शतौदना भ्रातृव्यघ्नी यजमानस्य गातुः।।

गोदान लेने के अधिकारी के लिए वेद में विद्या एवं आचार की योग्यता रखनेवाला ब्रह्मज्ञानी सत्पुरुष होना आवश्यक कहा गया है। उसके

लिये सात प्रवाह जानना, सात अन्तरों का ज्ञान, यज्ञ के शिर का जानना आदि अनिवार्य शर्त है।

यो विद्यात्सप्त प्रवतः सप्त विद्यात्परावतः।

शिरो यजस्य यो विद्यात् स वंशा प्रतिगृह्णीयात्।।

बृहदारण्यक उपनिषद् (अध्याय 3.1) इस ऋचा को समझने में सहायक है। राजा जनक ने सर्वण भूषित करके हजारों गाय दान देना प्रारम्भ किया। ब्राह्मण समुदाय गाय दान लेने इकट्ठा हुआ। राजा जनक ने घोषणा की कि ब्रह्मनिष्ठ ब्रह्मज्ञानी ही इस गाय समुदाय को दान ले।

ब्राह्मणा भगवन्तो यो वो ब्रह्मिष्ठः स एता गा उदजतामिति।।

वेदज्ञ आत्मा के सप्त प्रवाह–सप्त इन्द्रियों–मन, बुद्धि, वाणी, नेत्र, कर्ण, नासिका एवं चर्म को कहते हैं। वेद विज्ञान में वशा गो आत्मिक शक्तिवाले और राजा की माता है। गो यज्ञ का ही आयुध–अस्त्र, शस्त्र है। गो से आमजन में चेतना है।

वशा माता राजन्यस्य वशा माता स्वधे तव।

वशाया यज्ञ आयुधं ततश्चित्तमजायत।।

"ऋग्वेद में देवों के सम्राट वरुण देवता है।" चतुर्थवेद में वरुण की तीन जिव्हाएँ हैं। वरुण की जिव्हाएँ : 1. वाणी, 2. गो और 3. भूमि हैं।

गोमांस के भ्रामक प्रचार के पीछे ऋग्वेद के "उक्षान्न" एवं "वशान्न" शब्दों का गलत अर्थ लेना है।

युवानं विश्पतिं कविं विश्वादं पुरुवेपसम्।

अग्निं शम्भामि मन्मभिः।।ऋग्वेद 8.44.26।।

मैं तरुण, जगत्पति, कवि, सर्वभक्षक, अत्यन्त हलचल करनेवाले अग्नि का उत्तम विचारों से प्रशंसा करता हूँ। यहाँ विश्वादं शब्द अग्नि के लिए प्रयोग में लिया गया है। "वशान्न का अर्थ गाय के घी से यज्ञकर्म" और "उक्षान्न का अर्थ सोम अन्न है।" साथ ही "वृषभान्न का आशय बलवर्धक अन्न" है।

चौंके नहीं! "वेद में मांस, मदिरा, जुआ और व्यभिचार चारों के सेवन को सीधे–सीधे निषेध किया है।" वैदिक ऋषि ने चेतावनी दी है कि जैसा मांस, जैसा मद्य एवं जैसा जुआ है, उसी प्रकार पुरुष का मन (पर) नारी में निःसंदेह मारा जाता है।

यथा मांस यथा सुरा यथाऽक्षा अधिदेवने।

यथा पुंसो वृषण्यतः स्त्रियां निहन्यते मनः।।अथर्ववेद 6.70.1।।

हठयोग प्रदीपिका में "गो का अर्थ जिव्हा" और "जिव्हा का तालुस्थान में प्रवेश गोमांस है।"

गोमांसं भक्षयेन्नित्यं पिबेदमरवारुणीम्।
कुलीनं तमहं मन्ये इतरे कुलघातकाः।।47।।
गोशब्देनोदिता जिव्हा तत्प्रेवेशो हि तालुनि।
गोमांसभक्षणं तत्तु महापातकनाशनम्।।48।।
।।हठयोग प्रदीपिका।।3.47,48।।

इस प्रकार वेदविज्ञान में गोमेध, गोमांस आदि शब्दों के अर्थ रहस्यमय अध्यात्मिक हैं। अहिंसा का सिंहनाद करनेवाला वेद हिंसा को नकारता है। विश्व के धर्मशास्त्रों में सबसे प्राचीन वेद में गो को परमेष्ठी घोषित कर गाय की विशेषताओं का सविस्तार वर्णन मिलता है। अतः गोमेध का व्यापक सार्वभौम अर्थ गो संवर्धन ही सटीक है।।।ऊँ।।

सर्वमेध यज्ञ
सर्वपूज्य परमात्मा का अनुष्ठान

यजुर्वेद का 32वां अध्याय "सर्वमेध यज्ञ" का है। वैदिक संस्कृत से अनभिज्ञ पश्चिमी विद्वानों ने इसका (सवमेध) आशय सभी की बलि कहा। उन्होंने "मेध" का अर्थ "प्राणियों की हिंसा से लिया।"

इसके ठीक विपरीत "पाणिनीकृत धातुपाठ में मेध का तात्पर्य – मिथ्–मेधायाम्; मिद्–स्नेहने; मिद्–मेधायाम्; मिध–मेधायाम्; मेथ्–मेधायाम् एवं मेद्–मेधायाम् है। ये अर्थ – मिथ्, मिद्, मिध्, मेद्, मेथ् एवं मेध् धातुओं के हैं। मूलतः मिथ्, मेथ्, मेध् में से किसी धातु से मेध शब्द बनाया जाता है।

"मेध्" धातु से मेधा शब्द बनता है। जिसका अर्थ–बुद्धि, धारणाशक्ति, शक्ति, बुद्धिबल, यज्ञ आदि है। इसीसे "मेध्य" शब्द बनता है। इसका अर्थ – यज्ञ के लिये, यज्ञीय, विशुद्ध, पुण्यशील, पवित्रात्मा, पवित्र, शुद्ध, धर्म्य, नवीन–नूतन बलवर्धक, उत्साहवर्धक, बुद्धिवर्धक, ज्ञानी, बुद्धिमान् आदि है। इसी से "मेध" शब्द की उत्पत्ति हुई।" मेध का अर्थ – "यज्ञ, अर्पण, सत्त्व, रस, सार, पवित्र, पूज्य आदि है।" वहीं "मेथ्" शब्द का अर्थ – मिलना, परस्पर मिलन, जोड़ना, जानना, समझना, प्रेम करना, मिलाप, पकड़ना आदि है।

इस प्रकार "सर्वमेध यज्ञ का आशय–सम्पूर्ण जगत् में जो पूज्य, सबसे जो पवित्र, सबमें जो सत्त्वरूप, सबसे जो पूजने योग्य है।" सर्वमेध का तात्पर्य परमेष्ठी उपासना, परमेष्ठी को अपनी बुद्धि में स्थिर रखना, परमेष्ठी के साथ ज्ञानपूर्वक रहना, परमेष्ठी के स्वरूप को समझ कर नित्य स्मरण, उसी के साथ मित्रवत् मिलना, परमेष्ठी से सम्बन्ध स्थापित करना, परमेष्ठी से मिलाप, परमेष्ठी उपासना आदि है।

शतपथ ब्राह्मण (13.4.3.1) में सर्वमेध की उत्पत्ति और उसका स्वरूप स्पष्ट किया गया है। शतपथ ब्राह्मण का सार है कि, "अपने सर्वस्व का परोपकार में अर्पण करना है। "सर्वमेध अपने सर्वस्व की परोपकार के लिये पूर्णाहुति देना है।" "स्वयंभु ब्रह्म एक समय तप करने लगा। उसने पाया कि तप में वास्तविक अनन्तत्व नहीं है। इसलिये मैं अपने आपका समस्त भूतों में हवन करूंगा और उन सभी भूतों का अपने आत्मा में हवन करूंगा। "स्वयंभु ब्रह्म ने समस्त भूतों में आत्मा का हवन और आत्मा में सब भूतों का हवन सम्पन्न किया।" "स्वयंभु ब्रह्म ने इससे तीन गुण–श्रेष्ठता, स्वातंत्र्य एवं प्रभुत्व प्राप्त किये।" इसी शृंखला में जो "यजमान अपने मेधादि स्वत्व का समस्त भूतों में एवं समस्त भूतों का अपने आत्मा में हवन करके सर्वमेध यज्ञ करेगा, वह श्रेष्ठता, स्वातंत्र्य (आत्मिक तेज, बंधन निवृत्ति, स्वतन्त्रता) और प्रभुत्व तीन गुण प्राप्त करेगा।" अर्थात् "सर्वमेध यज्ञ से – श्रेष्ठता, आत्मिक तेज और प्रभुत्व प्राप्त होता है"।।13.4.3.1।।

ब्रह्म वै स्वयंभु तपोऽतप्यत। तदैक्षत न वै तपस्यानन्त्यमस्ति।
हन्ताऽहंभूतेष्वात्मानं जुहवानि भूतानि चात्मनीति।
तत्सर्वेषु भूतेष्वात्मानं हुत्वा भूतानि चात्मनीति।
तत्सर्वेषु भूतेष्वात्मानं हुत्वा भूतानि चात्मनि सर्वेषां भूतानां –
श्रेष्ठयं स्वाराज्यमाधिपत्यं पर्येत्। तथैवैतद् यजमानः सर्वमेधे सर्वान्
मेधान् हुत्वा सर्वाणि भूतानि श्रेष्ठयं स्वाराज्यमाधिपत्यं पर्येति।।1।।
।।शतपथ ब्राह्मण 13.4.3.1।।

शतपथ ब्राह्मण (13.4.3.12) में सर्वमेध को "सर्व विश्वजित यज्ञ" की उपमा दी गई है। "यह सर्व विश्वजित् यज्ञ (सम्पूर्ण विश्व को जीतनेवाला) है, सब इसके पीठ पर होते हैं (सर्व पृष्ठः)। इससे अज्ञान रात्रि (अति रात्रः) का नाश होता है। सर्वमेध यज्ञ से सब श्रेष्ठता की प्राप्ति होती है।" इसका अर्थ यह है कि सर्वमेध से सम्पूर्ण विश्व में विजय होती है। सर्वमेध यज्ञ करनेवाले के पीठ में रहकर, समस्त विश्व इसका संरक्षण करता है। इस यज्ञ से समस्त

प्रकार की श्रेष्ठता प्राप्त होती है। सर्वमेध यज्ञ से अज्ञान का नाश होकर (ब्रह्म –आत्म) ज्ञान की प्राप्ति होती है।

सर्वं वै विश्व जित् सर्वपृष्ठोऽतिरात्रः सर्वं
सर्वं मेधः सर्वस्थाप्त्यै सर्वस्थाऽवरु द्यै।।12।।

।।शतपथ ब्राह्मण 13.4.3.12।।

"ऋग्वेद (10.81.1) में परमेष्ठी द्वारा सर्वमेध का वर्णन है।" जो हमारा पिता–पालक हवन दान करनेवाला और ज्ञानी परमेष्ठी इन समस्त भुवनों का हवन–अर्पण करता हुआ रहता है। वह परमेष्ठी सफलता से सिद्धि की इच्छा करता हुआ श्रेष्ठ होता हुआ भी कनिष्ठों में प्रविष्ट हुआ है। इसका अर्थ यह है कि "आदिज्ञानी–सर्वज्ञ परमेष्ठी ने सर्वमेध यज्ञ किया। इस सर्वमेध यज्ञ में परमेष्ठी ने अपने सर्वस्वरूप समस्त भुवनों को अर्पण किया।" परमेष्ठी का सर्वस्व समस्त जीवों की उन्नति के लिये अर्पण हुआ। इस अपर्ण में उसकी कामना यह रही कि उसका यज्ञ (प्रयोग) सफल हो। प्रयोगजनित अपूर्व फल सिद्ध होवे। जो जीवों की उन्नति के लिये स्वार्थत्याग सर्वस्व त्याग किया गया, उससे जीवात्मा अपनी उन्नति सिद्ध करके सुफल युक्त बनकर आनन्दित हो। "इस सम्पूर्ण त्याग की भावना से प्रेरित होकर, परमेष्ठी स्वयं श्रेष्ठ से श्रेष्ठ होता हुआ और समस्त कनिष्ठों में प्रविष्ट हुआ।" सर्वश्रेष्ठ परमेष्ठी सूक्ष्म स्वरूप धारण कर समस्त पदार्थों में इस लिये प्रविष्ट हुआ है कि, उसके अनुसार "समस्त मननशील मनुष्य श्रेष्ठता का दंभ–अहंकार–दर्प (घमण्ड) छोड़कर, दूसरों की उन्नति के लिये छोटे बनकर, सभी के साथ मिलकर, उनकी उन्नति अभ्युदय करें।"

य इमा विश्वा भुवनानि जुव्हदृर्षिर्होता न्यसीदत्पिता नः।
स आशिषा द्रविणमिच्छमानः प्रथमच्छदवराँ आविवेश।।

।।ऋग्वेद 10.81.1।।

सर्वमेध की निरुक्तकार ने व्याख्या करते हुए कहा है कि, भौवन विश्वकर्मा (भुवनों में व्यापक सर्वकर्म कर्त्ता परमेष्ठी–परमात्मा) ने सर्वमेध यज्ञ में सर्वप्रथम समस्त भूतों का और उसके बाद स्वयं का हवन किया।।10.26।।

विश्वकर्मा भौवनः सर्वमेधे सर्वाणि भूतानि जुहवांचकार।
स आत्मानमपि अनन्तो जुहवांचकार।।2।।
तदमिवादिन्येषर्ग्भवति।
य इमा विश्वा भुवनानि जुव्ह दिति।।3।।निरुक्त 10.26।।

एक परमेष्ठी बोधक अनेक नाम

यजुर्वेद के 32वें अध्याय के ऋषि स्वयंभु ब्रह्म और देवता परमात्मा, पुरुषः, परं ब्रह्म वा हैं। इसकी प्रथम ऋचा का आशय है कि "अनेक नामों से एक परमात्मा–परमब्रह्म–परमेश्वर–परमेष्ठी का बोध होता है।" वेद के ज्ञानकाण्ड ऋग्वेद की ऋचाओं में निरन्तर कहा गया है कि एक ही सत् स्वरूप परमेष्ठी को ज्ञानी जन अनेक नामों से सम्बोधित करते हैं। इन्द्र, मित्र, वरुण, अग्नि, दिव्य, सुपर्णाः, गरुत्मान्, यम्, मातरिश्वा आदि नामों से एक ही परमात्मा का वर्णन करते हैं।।ऋग्वेद 10.164.46।। यही वर्णन अथर्ववेद 9.10. 28 एवं 13.4.16–21 में है।

इन्द्र मित्रं वरुणमग्निमाहुरथो दिव्यः स सुपर्णो गरुत्मान्।
एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्त्यग्निं यमं मातरिश्वानमाहुः।।
।।ऋग्वेद 10.164.46।।

अग्नि, आदित्य, वायु, चन्द्रमा, शुक्र, ब्रह्म, आपः, प्रजापति आदि शब्दों के द्वारा निश्चय से उसी परमात्मशक्ति का बोध होता है।।यजुर्वेद 32.1।।

तदेवाग्निस्तदादित्यस्तद्वायुस्तदु चन्द्रमाः।
तदेव शुक्रं तब्द्रह्म ता आपः से प्रजापतिः।।1।।यजुर्वेद 32.1।।

उसी से समस्त गति होती है

यजुर्वेद के 40वें अध्याय की चतुर्थ ऋचा और ईशोपनिषत् (5) में कहा है कि वह (परमेष्ठी) सभी को हिलाता है, परन्तु वह स्वयं नहीं हिलता है।। "तदेजति तन्नैजति"।। ईशोपनिषत् 5।। यजुर्वेद (40.4) में कहा है : वह (परमेष्ठी) नहीं हिलनेवाला, एक परमेश्वर मन से भी वेगवान् है। इस परमात्मा को इन्द्रियाँ प्राप्त नहीं कर सकती हैं। यह इन्द्रियों से नहीं जाना जा सकता है। यह आदिकालीन–प्राचीन, सनातन और प्रेरक है। यह दूसरे दौड़नेवालों से भी अति दूर जाता है। अर्थात् उसकी गति को पार नहीं पाया जा सकता है। उसी में रहनेवाला माता के गर्भ में रहनेवाला जीव अपने कर्मों को धारण करता है।।40.4।। वेद में परमात्मा के इन स्वरूपों को ध्यान में रखकर कहा गया है कि, जो तर्क–वितर्क के बाहर (अन्तःकरण में) अनुभव की वस्तुएँ हैं, उन्हें तर्क क्षेत्र में नहीं लावें। "ये त्वतार्किका भावा न तांस्तर्केण योजयेत्।।" वेद ब्रह्मविद्या है। इसमें ऋषियों की ब्रह्मविद्या की (अन्तःकरण में) स्वानुभूति का वर्णन है। जो ब्रह्मविद्या की साधना करते हैं, वे इसे स्वानुभूति के रूप में पाते हैं।

अनेजदेकं मनसो जवीयो नैनद्देवा आमुवन् पूर्वमर्षत्।
तद्धावतोऽन्यानत्येति तिष्ठत् तस्मिन्नपो मातरिश्वा दधाति।।

।।यजुर्वेद 40.4।।

"वैदिक दृष्टि से पुरुषः का अर्थ (पुर्–उप्। पुर्–वस) शरीर रूपी पुरी में रहनेवाला जीवात्मा और समस्त विश्वरूपी (सृष्टि) पुरी में रहनेवाला परमात्मा है।" विद्युत् का अर्थ है – विशेष तेजस्वी। देव शब्द का अर्थ – विजय की इच्छा करनेवाला, व्यवहार चतुर, तेजस्वी, सुन्दर, संचालक, विद्यावान्, लोक भी है। ऋग्वेद (10.168.4) में कहा है : "समस्त देवों का एक आत्मा जो सभी भुवनों का गर्भ है। वह एक देव–परमेष्ठी अपनी स्वाधीनता से चलता है।।" आत्मा देवानां भुवनस्य गर्भो यथावशं चरति देव एषः।। ऋग्वेद 10.168.4।।

काल के सभी अवयव और समस्त गति उसी तेजस्वी सर्वव्यापक परमेष्ठी से प्रगट हो रही है। परन्तु उस परमेष्ठी को सब प्रकार से कोई नहीं जानता।।2।।

सर्वे निमेषा जज्ञिरे विद्युतः पुरुषादीध।

नैनमूर्ध्वं न तिर्यंचं न मध्ये परिजग्रभत्।।यजुर्वेद 32.2।।

परमेष्ठी की कोई प्रतिमा नहीं!

ऋग्वेद में स्पष्ट रूप से कहा है कि परमेश्वर के लिये कोई उपमा नहीं है और उसकी कोई प्रतिमा नहीं है। ऋग्वेद (10.121.1) में कहा है : "तेजस्वी पदार्थों को अपने गर्भ–उदर में धारण करनेवाला परमेष्ठी सृष्टि से पहिले भी रहा। वह परमब्रह्म द्वारा उत्पन्न हुई सृष्टि का एक ही प्रसिद्ध स्वामी है। उसीने पृथिवी और द्युलोक धारण किया है। उस आनन्दस्वरूप (महान्) देवता के लिये आत्मार्पण द्वारा हम सभी पूजा करते हैं। हवि का आशय अर्पण–त्याग करना–दान दिया है। स्वयं को उसके लिये पूर्णतया अर्पण करना ही उसकी पूजा है।"

यः प्राणतो निमिषतो महित्वैक इन्द्राजा जगतो बभूव।

य ईशे अस्य द्विपदश्चतुष्पदः रुस्मै देवाय हविषा विधेम।।

।।ऋग्वेद 10.121.3।।

निश्चय से इससे बने हुए पदार्थों के अन्दर और जो बननेवाले हैं, उनमें कोई तुलना, प्रतिमा या उपमा नहीं है।।ऋग्वेद 4.18.4।।

न हि न्वस्य प्रतिमानमस्त्यन्तर्जातेषूत ये जानित्वाः।

।।ऋग्वेद 4.18.4।।

ऋग्वेद के षष्ठ मण्डल के 18वें सूक्त की बारहवीं ऋचा में स्पष्ट किया है : "अत्यन्त तेजस्वी, स्थिर और दुष्टता का दमन करनेवाले परमेष्ठी की महानता द्युलोक और पृथिवी की मर्यादाओं से भी बाहर सर्वत्र व्याप्त है।"

इस परमात्मा का कोई शत्रु नहीं है। "इसकी कोई प्रतिमा नहीं है।" अनन्त ज्ञानवाले और सहनशक्ति वाले बलवान् परमेष्ठी को छोड़कर और कोई आश्रय नहीं है। इसका सार है कि परमेष्ठी एकमात्र सबका आश्रय है।

इन दोनों वैदिक ऋचाओं में "प्रतिमान एवं प्रतिमा" शब्द प्रयुक्त हुए हैं। "प्रति–मा" का अर्थ है – रचयिता–सृजनकर्त्ता–बनानेवाला; सादृश्य, उपमा, प्रतिबिम्ब, माप, तोल; व्यापकता; समान; प्रतिमा। "प्रतिमान" के अर्थ हैं – प्रतिरूप–नमूना; सादृश्य; प्रतिबिम्ब, माप, वजन, उलटा; शत्रु। इसी शृंखला में "हिरण्य–गर्भः" का अर्थ है – जिसके मध्य में तेजस्वी पदार्थ है। हिरण्य–तेजस्वी पदार्थ, सूर्य आदि वृत्ताकार; गर्भ–बीच में। "सत्य–धर्मा"–जिसके नियम शाश्वत–तीनों कालों में एक रहते हैं। सत्य–त्रिकालबाधित, अटल; धर्म–नियम। "अ–च्युत–च्युत्"–च्युत् का अर्थ है – चलानेवाला; जो स्वयं नहीं हिलता उसको अच्युत कहते हैं। अर्थात् स्वयं स्थिर रहकर विश्व को घुमानेवाला। "वैश्वा–नरः"–विश्व–सम्पूर्ण सृष्टि, नर–नेता, संचालक। अर्थात् सम्पूर्ण सृष्टि संचालक–परमेष्ठी।

प्र तुविद्युम्नस्य स्थिविरस्य धृष्वेर्दिवोर ररप्शे महिमा पृथिव्याः।
नास्य शत्रुर्न प्रतिमानमस्ति न प्रतिष्ठिः पुरुमायस्य सह्योः।।
।।ऋग्वेद 6.18.12।।

यजुर्वेद में ऋग्वेद की ऋचा के सार को नये कलेवर में प्रस्तुत किया गया है। इन उक्त मन्त्रों द्वारा जिसके महान् प्रसिद्ध यश का गायन हुआ है, उस आत्मा की कोई प्रतिमा अथवा उपमा नहीं है।।3।। इस प्रकार ब्रह्मविद्या–वेद के ज्ञानकाण्ड ऋग्वेद की अवधारणा परमेष्ठी निराकार है, उसकी कोई प्रतिमा नहीं है, को यजुर्वेद में कहा गया है। यह विडम्बना है कि आगम काल में ऋग्वैदिक निराकार–प्रतिमा रहित परमेष्ठी की अवधारणा के घोर विपरीत परमात्मा की प्रतिमा निर्माण करने का चलन प्रारम्भ हुआ। यद्यपि ईसा पूर्व में परमात्मा की प्रतिमा नगण्य अथवा नहीं के बराबर रही। ईसा पूर्व के प्राचीन जैन धर्म प्रवर्त्तक और बौद्ध धर्म प्रवर्त्तकों ने निराकार उपासना पर बल दिया। जैन–बौद्ध धर्म प्रारम्भ में कर्मकाण्ड एवं प्रतिमा रहित ही रहा। ईसा पूर्व आचार्य शंकर (श्रीमद् आदिशंकराचार्य) ने अद्वैत का सिंहनाद किया। ईसा पूर्व के महान् सिद्ध गोरक्षनाथ और भर्तृहरि नाथ ने "अक्षर ब्रह्म" को कहा।

न तस्य प्रतिमा अस्ति यस्य नाम महद यशः।
हिरण्यगर्भ इत्येषः। मा मा हिं सीदित्येषा।
यस्मान्न जात इत्येषः।।3।।

परमेष्ठी सर्वव्यापक

ऋग्वेद में कहा है : "समस्त मननशील मुनष्यों द्वारा पूजा करने योग्य एक परमेष्ठी है। उस परमैश्वर्ययुक्त परमात्मा देवता की इन सूक्तों द्वारा अर्चना करो।" वह परमब्रह्म अत्यन्त बलवान्, सर्व सिद्धियों से युक्त सत्य, अनन्त ज्ञानवान और असीम सहन शक्ति सम्पन्न विविध शक्तियों को प्राप्त करता है।।6.22.1।।

य एक इद्धत्यश्चर्षणीनामिन्द्रं तं गीर्भिरभ्यर्च्य आभिः।
यः पत्यते वृषभो वृष्ण्यावान्त्सत्यः सत्वा पुरुमायः सहस्वान्।।
।।ऋग्वेद 6.22.1।।

सर्वमेध यज्ञ की चतुर्थ ऋचा का आशय है : "परमात्मा समस्त दिशा–उपदिशाओं में व्यापक है। वह परमात्मा सम्पूर्ण जगत् की रचना से पहिले विद्यमान रहा। वह समस्त पदार्थों के बीच में व्यापक है। परमेष्ठी जैसे इस समय सर्वत्र उपस्थित है, वैसे ही आगे भी रहेगा। वह सब प्रकार से मुख आदि शक्तियों को धारण करता हुआ, प्रत्येक पदार्थ में व्यापक होकर रहता है।।4।।" इस ऋचा में "सर्वतो मुखः" शब्द के अनेक अर्थ हैं। पहिला, जिसका मुख सभी स्थानों में है। जिसकी मुख आदि अवयवों की शक्तियाँ सर्वत्र विद्यमान हैं। दूसरा, जो सब प्रकार से मुख्य है। जिसकी मुख्यता सब प्रकार से देखने से स्पष्ट सिद्ध होती है।

अथर्वशिरस् उपनिषत् में इसी ऋचा के अनुसरण में कहा है : "एको ह देवः प्रदिशोऽनु सर्वाः।।" "एक ही देव सभी दिशाओं में व्याप्त है।

एषो ह देवः प्रतिशोऽनु सर्वाः पूर्वो ह जातः स उ गर्भे अन्तः।
स एक जातः स जनिष्यमाणः प्रत्यङ्. जनास्तिष्ठति सर्वतोमुखः।।4।।

परमेष्ठी के तीन तेज एवं सोलह कलाएँ

इस ऋचा के रहस्य को निरुक्त, तैत्तिरीय आरण्यक, काठक संहिता, काण्व यजुर्वेद, जैमिनी ब्राह्मण, महानारायणोपनिषत्, प्रश्नोपनिषत् आदि उद्घाटित करते हैं। "निरुक्त के अनुसार तीन तेज हैं : पृथिवी पर अग्नि; अन्तरिक्ष में विद्युत् और द्युलोक में सूर्य।" परमेष्ठी के तीन तेज जीवात्मा धारण करके स्वयं को धन्य समझता है। अध्यात्मिक रूप से मननशील मनुष्य में तीन शक्तियाँ विशेष हैं : वाचाशक्ति (वाक्शक्ति, सुभाषण); मननशक्ति (विचार शक्ति, सुविचार) और ज्ञानशक्ति (ज्ञान, संज्ञान)। ये तीन शक्तियाँ–पशु–पक्षी में नहीं हैं। परमात्मा के तीन तेज स्वरूप शक्तियाँ हैं : अग्नि–नित्यशब्द, सच्छक्ति; विद्युत्–महतत्त्व, चितिशक्ति और सूर्य–सत्यज्ञान, नित्यतृप्ति–आनन्द। इन्हें अध्यात्मिक एवं अधिदैविक कहते हैं।

दूसरे शब्दों में अध्यात्मिक रूप से शारीरिक सुख–सत्, मानसिक विवेक–चित् एवं आत्मिक तेज–आनन्द है। प्रश्नोपनिषत् (प्रश्न 6) में "परमेष्ठी की सोलह कलाओं का वर्णन आया है : प्राण, श्रद्धा, आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथिवी, इन्द्रिय, मन, अन्न, वीर्य, तप, मंत्र, कर्म, लोक और नाम।"

स प्राणमसृजत प्रावाच्छ्रद्धां खं वायुर्ज्योतिरापः पृथिवीन्द्रियम्।
मनोऽन्नमन्नाद्वीर्यं तपो मन्त्राः कर्म लोका लोकेषु च नाम च।
।।प्रश्नोपनिषत् 6.4।।

जिसके पूर्व कुछ भी नहीं बना था, परन्तु जिसने समस्त सृष्टि सहित रचना की है, ऐसा जो सोलह कलाएँ एवं तीन तेजों को धारण करनेवाला परमेष्ठी है, वह प्रजा के साथ रहनेवाला प्रजाओं का सच्चा पालक है।।5।।

यस्मांज्जातं न पुरा किंचनैव य आबभूव भुवनानि विश्वा।
प्रजापतिः प्रजया सं रराणस्त्रीणि ज्योतींषि सचते स षोडशी।।5।।

सृष्टि रचयिता एवं धारण कर्त्ता परमात्मा

महाप्रकृति एवं परमात्मा

ऋग्वेद में रहस्योद्घाटन किया है : "निश्चित रूप से महान् मूल प्रकृति अग्नि सूर्यादि के तेजों को गर्भवत् धारण करनेवाली और सम्पूर्ण विश्व को उत्पन्न करनेवाली है। महाप्रकृति गतियुक्त है, उससे भिन्न सभी देवताओं का एक प्राणरूप परमात्मा उत्तमता से है।" हम सभी उसी की आत्मसमर्पण द्वारा पूजा करें।।ऋग्वेद 10.121.7।।

आपो ह यब्दृहतीर्विश्वमायन् गर्भं दधाना जनयन्तीरग्निम्।
ततो देवानां समवर्तताऽसुरेकः कस्मै देवाय हविषा विधेम।।
।।ऋग्वेद 10.121.7।।

शतपथ ब्राह्मण (11.1.6.1) में कहा है : सृष्टि उत्पत्ति के पूर्व यह "आप्" रहा। यहाँ आप् का अर्थ है : परमव्योम में विकृत सृष्टि से पहिले अविकृत प्रकृति सर्वत्र व्याप्त रही। अर्थात् परमाणु अवस्था में रही। परमव्योम में प्रकृति –परमाणु रूपी जाल फैला रहा।। "आपो ह वा इदमग्रे सलिलमेवास। शतपथ ब्राह्मण।।11.1.6.1।।"

जिसने द्युलोक को प्रकाशमय बनाया और पृथिवी को कठोर बनाया, जिसने तेज और आनंद प्रदान किया और जिसने आकाश में नाना लोकों का निर्माण किया, उस परमानंद स्वरूप आत्मा की ही हम सभी को अर्चना करनी चाहिये। उसके स्थान पर किसी अन्य की पूजा नहीं करनी चाहिये।।6।।

येन द्यौरुग्रा पृथिवी च दृढा येन स्तः स्तभितं येन नाकः।
यो अंतरिक्षे रजसो विमानः कस्मै देवाय हविषा विधेम।।6।।

जिस परमात्मा द्वारा सृजित और स्थिर किये हुए ये समस्त लोकलोकान्तर हैं और जिसमें तेजस्वी सूर्यादि चमक रहे हैं (प्रकाशमान हैं), उस आनन्दमय परमात्मा की ही हम सभी को उपासना करनी चाहिये।।7।।

यं क्रंदसी अवसा तस्तभाने अभ्यैक्षेतां मनसा रेजमाने।
यत्राऽधि सूर उदितो विभाति कस्मै देवाय हविषा विधेम।।
आपो ह यब्दृहतीर् यश्चिदाप।।7।।

परमब्रह्म : हृदयस्थ्, ब्रह्मज्ञानी द्वारा वर्णन

ऋग्वेद (1.22.17.21) में परमात्मा के परम पद की व्याख्या की गई है। सर्वव्यापक परमात्मा (विष्णु) ने यह सभी क्रम पूर्वक रखा है। उसने तीन प्रकार से पद रखे। प्राकृतिक परमाणुओं में (धूलिमय स्थान) इस व्यापक परमात्मा का समस्त कार्य नियमों से सुव्यवस्थित हुआ है।

इन्द्रियों के अथवा पृथिवी आदि सृष्टि के पालक और अदम्य सर्वव्यापक परमात्मा ने तीन पदों को विशेष क्रम से रखा है। इसलिये वह समस्त धर्मों (धारक) को और पोषक गुणों को धारण एवं पोषण करता है।

सर्वव्यापक परमेष्ठी के समस्त कर्म अद्भुत हैं। जिससे व्रतों–धर्मों के नियमों का ज्ञान होता है। वह जीवात्मा का योग्य सखा है। सर्वव्यापक परमेश्वर का वह परम पद है कि, जो सदैव ज्ञानी जन देखते हैं। जिस प्रकार द्युलोक में जगत् का सूर्य रूपी चक्षु खोलकर रखा है। ''उसी प्रकार ब्रह्मज्ञानी –आत्मज्ञानी को लोकों में परमात्मा का साक्षात्कार होता है, जैसा साधारण लोकों में सूर्य दिखाई देता है।''

जो सर्वत्र व्याप्त विष्णु का परम पद है उसको (ब्रह्म) ज्ञानी, यशस्वी, चैतन्यताप्राप्त, उद्यमी पुरुष उत्तम रीति से प्रकाशित करते हैं। ऋग्वेद के मन्त्रों में ब्रह्माण्डव्यापी परमात्मा के तीन पदों का वर्णन है। परमात्मा के तीन पद प्रकृति के परमाणुओं में विशेष क्रमपूर्वक रखे जाते हैं। ''प्रकृति परमाणु अदृश्य होने के कारण अदृश्य गुप्त स्थान में परमात्मा के तीन पद रखे जाते हैं। अदृश्य होने से कहाँ किस प्रकार रखे हैं, यह जानना बहुत ही कठिन है। जैसे परमात्मा की शक्ति वृक्षों–मनुष्यों–प्राणियों की वृद्धि कर रही है, परन्तु किस प्रकार कर रही है, इसका परिज्ञान होना दुरसाध्य है।

इदं विष्णुर्विचक्रमे त्रेधा निदधे पदम्।
समूढमस्य पांसुरे।।17।।
त्रीणि पदा विचक्रमे विष्णुर्गोपा अदाभ्यः।
अतो धर्माणि धारयान्।।18।।
विष्णोः कर्माणि पश्चत यतो व्रतानि पस्पशे।

इन्द्रस्य युज्यः सखा।।19।।
त द्विष्णोः परमं सदा पश्यंति सूरयः।
द्विवीव चक्षुरातम्।।20।।
तद्विप्रासो विपन्यवो जागृवांसः समिन्धते।
विष्णोर्यत्परमं पद्म।।21।।

।।ऋग्वेद 1.22.17.22।।

ज्ञानी मनुष्य उस परमात्मा को प्रत्येक पदार्थ में छिपा हुआ, सबका एक आश्रय, उत्पत्ति के समय सबका संयोग करनेवाला और प्रलय में सबका वियोग करनेवाला, समस्त रचित जगत् में व्यापक और कपड़े के ताने–बाने के समान सर्वत्र भरा हुआ जानता एवं अनुभव करता है।।8।।

आत्मज्ञानी वक्ता उस परमब्रह्म का स्वरूप वर्णन कर सकता है। उसका उत्तम स्थान गुहा–हृदय में सुशोभित हुआ है (गुहा–गुप्त, छिपा हुआ, आच्छादित, श्रुति, बुद्धि, गुप्त स्थान, हृदय, अन्तःकरण, गुफा)। जो बुद्धि में रखे हुए इन तीन पदों को जानता है, वह पालकों का भी पालक बनता है।।9।।

वेनस्तत्पश्यन्निहितं गुहा सद् यत्र विश्वं भवत्येकनीडम्।
तस्मिन्निदं संच विचैति सर्वं स ओतः प्रोतश्च विभूः प्रजासु।।8।।
प्र तद्वोचेद्मृतं नु विद्वान् गंधर्वो धाम विभृतं गुहा सत्।
त्रीणि पदानि निहिता गुह्यस्य यस्तानि वेद स पितुः पिताऽसत्।।9।।

परमात्मा बन्धु है

तीन धाम–शरीर, मन एवं हृदय हैं। अर्थात् हृदय (अन्तःकरण) तृतीय धाम है। हृदय रूपी गुहा में परमात्मा का साक्षात् अनुभव किया जाता है। हृदय अर्चना, सर्वस्व आत्म त्याग, भक्ति, उपासना का स्थान है। वहीं शरीर कर्म का स्थान है और मन विचार का स्थान है। वेद के ज्ञानकाण्ड–ऋग्वेद में इस तृतीय धाम का वर्णन किया गया है।

ऋग्वेद (10.45.3) में कहा है कि तीसरे लोक में रहनेवाले आपकी भक्ति करते हैं।। ''तृतीये त्वा रजसि तस्थिवांसं।।'' ऋग्वेद 10.45.3।। ऋग्वेद में कहा है कि जहाँ निरन्तर चलनेवाले सैकड़ों धाराओं से युक्त आपः के फंव्वारे आपत्ति हरण करनेवाले परमात्मा का वर्णन करते हैं। जहाँ द्युलोक के चमकीले तृतीय पृष्ठ पर इन्द्रियों के साथ रहते हुए पुरुषार्थी लोग स्वयं को शुद्ध करते हैं।।ऋग्वेद 9.86.27।। ''गोभिः आवृतं हरिम्'' का आशय है : पृथिव्यादि भूतों से वेष्टित आत्मा–इन्द्रियों से वेष्टित आत्मा अथवा गो–प्रकाश की किरण, वाणी की अधिष्ठाता सरस्वती, सूर्य–ज्ञान, स्वर्ग, पृथिवी, वाक्–

शब्द, माता, दिशा, चन्द्रमा–आनन्द, आपः–जल–उदक, हीरक, इन्द्र का वज़्र–अचूकास्त्र, बाण आदि से वेष्टित हरि।

असश्चतः शतधारा अभिश्रियो हरिं नवन्तेऽव ता उदन्युवः।
क्षिप्रो मृजन्ति परि गोभिरावृतं तृतीये पृष्ठे अधि रोचने दिवः।।
।।ऋग्वेद 9.86.27।।

तैत्तिरीय आरण्यक में कहा है कि, तृतीय स्थान में ऊपर चढ़कर रहते हैं।। तृतीये धाम–न्यभ्यैरयन्त।। तैत्तिरीय आरण्यक 10.1.14।।

ऋग्वेद में कहा है : "जो हम सबका रक्षक–पिता, उत्पादक–जनक, विधाता–धारक और पोषक है, जो समस्त भुवनों एवं धामों का ज्ञाता है, जो समस्त देवों के नामों को धारण करता है, वह एकमात्र परमात्मा है। उसको प्रश्न पूछने के लिये दूसरे सब लोक एकत्रित होते हैं"।।ऋग्वेद 10.82.3।।

यो नः पिता जनिता यो विधाता धामानि वेद भुवतानि विश्वा।
यो देवानां नामधा एक एव तं सं प्रश्नं भुवना यन्त्यन्या।।
।।ऋग्वेद 10.82.3।।

वह परमात्मा हम सभी का बन्धु (भ्राता–भाई), जनक और पोषक है। वह समस्त सृष्टि (विश्व) के सभी स्थानों का ज्ञाता है। अमरपन का अनुभव करनेवाले ब्रह्मज्ञानी प्रकाशमय आनन्द के स्थान, अर्थात् उस आनन्दस्वरूप परमात्मा में, स्वेच्छा से विचरते हैं।।10।।

स नो बन्धुर्जनिता से विधाता धामानि देव भुवनानि विश्वा।
यत्र देवा अमृतमानशा–नास्तृतीये धामन्नध्यैरयन्त।।10।।

सत्य सूत्र का दर्शन : समस्त पदार्थों का ज्ञाता

ऋग्वेद (10.5.3) के मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने रहस्योद्घाटन किया : "जंगम और स्थावर विश्व के मध्य रहनेवाले तन्तु–सूत्र (धागे) को कवि मन से ही अलग करते हैं।।" "विश्वस्य नाभिं चरतो ध्रुवस्य कवेश्चित्तन्तुं मनसा वियन्तः"।।ऋग्वेद 10.5.3।।

"बल की उत्पत्ति के समय अविनाशी मूल प्रकृति के पास परमव्योम (परम विस्तृत महा आकाश) में तीनों कालों में एक जैसा रहनेवाला अविकार आत्म तत्त्व और उस आत्मा से भिन्न पदार्थ रहे। इस प्रथमावस्था में निश्चय से हम सभी के अन्दर सत्य का प्रथम प्रवर्त्तक महातेजस्वी परमेष्ठी प्रकाशित हुआ और उसके साथ बल एवं पोषणशक्ति रही।।" ऋग्वेद 10.5.7।।

यह सृष्टि की उत्पत्ति का वृत्तान्त है। प्रलयकाल में महा–आकाश में प्रकृति, जीव एवं परमात्मा एक विशेष अवस्था (अव्यक्त) में रहते हैं। परमात्मा के बल का संचार सर्वप्रथम प्रकृति (अथवा मूलप्रकृति–महाप्रकृति) में होता है।

यही दक्ष का जन्म है। इसी आदि–पूर्व युग में ऋत का प्रथम प्रवर्त्तक अग्नि प्रकाशित होता है। यही सृष्टिकर्त्ता परमेष्ठी है। परमेष्ठी के साथ वृषभ (बल, वीर्य आदि भाव) एवं धेनु (उत्पादक एवं पोषक शक्ति) होती है। वृषभ और धेनु दो भावों (पुरुषभाव एवं स्त्रीभाव) के सूचक हैं। परमेष्ठी ने अपनी शक्ति सर्वप्रथम प्रकृति में प्रकाशित की। उसी समय स्त्रीपुरुष शक्तियाँ विश्व में कार्य करने लगी हैं। यहाँ दक्ष जन्म का आशय बल का प्रादुर्भाव है। ऋग्वेद (10.5.7) में इसी लिये कहा है कि, "अग्निर्ह नः प्रथमजा ऋतस्य।"

असच्च सच्च परमे व्योमन् दक्षस्य जन्मन्नदितेरुपस्थे।
अग्निर्ह नः प्रथमजा ऋतस्य पूर्व आयुनि वृषभश्च धेनुः।।
।।ऋग्वेद 10.5.7।।

समस्त प्राणिमात्रों, सभी पँचभूतों, सब लोकलोकांतरों और सब दिशाओं, उपदिशाओं में रहनेवाले पदार्थों को यथावत जानकर, और सत्य नियम के प्रथम प्रकाशक परमात्मा की उपासना–स्वाध्याय करके ब्रह्मज्ञानी केवल आत्म स्वरूप से परमात्मा में प्रविष्ट होते हैं।।11।।

जब आत्म–ब्रह्म ज्ञानी आकाश से पृथिवी तक के समस्त पदार्थों को, सभी सूर्यादि गोलों को और सब दिशाओं में रहनवाले सभी पदार्थों एवं आत्मशक्ति को जानता है, साथ ही जब सूत्रात्मा को – सत्य के विस्तृत सूत्र को, अलग से अनुभव करने लगता है, तब उस परमेष्ठी–परमात्मा–परमेश्वर–परमब्रह्म को साक्षात करता है। परिणामस्वरूप वैसा बनता है कि जैसा पहिले था।।12।।

परीत्य भूतानि परीत्य लोकान् परीत्य सर्वाः प्रदिशो दिशश्च।
उपस्थाय प्रथमजामृत–स्यात्मनात्मानमभि संविवेश।।11।।
परि द्यावा पृथिवी सद्य इत्वा परि लोकान् परि दिशः परि स्वः।
ऋतस्य तन्तुं विततं विचृत्य तदपश्यत् तदभवत् तदासीत्।।12।।

ब्रह्मविद्या–सद्बुद्धि की प्रार्थना

इन तीन ऋचाओं में "स्वाहा" शब्द प्रयुक्त हुआ है। "स्व–आ–हा" का अर्थ अपने सर्वस्व का परोपकार के लिये पूर्णता से त्याग करना है (दान, परोपकार, स्वार्थत्याग)। "सु–आह" का आशय उत्तम भाषण करना है। "स्व–आह" का तात्पर्य अपने मन में जैसा विचार हो, वैसा ही प्रगट करना है। अर्थात् छल, कपट, कुटिलता, मिथ्या, माया, त्यागकर, सत्यनिष्ठा पूर्वक भाषण एवं व्यवहार करना है।

इस प्रकार स्वाहा का आशय परस्पर व्यवहार निःस्वार्थ–स्वार्थत्याग युक्त होना चाहिये। ऋग्वेद का सर्वोच्च दर्शन है कि, "प्रत्येक मनुस्य दूसरे के

लिये अपने स्वार्थों की आहुति दे, अथवा अपना स्वार्थत्याग करे। परस्पर वार्तालाप भी उत्तम भाषण द्वारा होवे। कोई भी संघर्ष–झगड़े की बात नहीं करे।'' स्वाहा के दार्शनिक तत्व को व्यवहारिक जीवन में अंगीकार करते ही वार्तालाप एवं व्यवहार से समाज में एकता का बल और शांति स्थापित होगी। फलस्वरूप मननशील मनुष्य उन्नति–अभ्योदय करके उत्तम बुद्धि और उपभोग के पदार्थ प्राप्त कर सकते हैं।

यह स्मरण रहे कि वेद में पँच जन–देवता, गन्धर्व, नाग, मनुष्य एवं पितर हैं (ये प्राणियों की पाँच श्रेणियाँ हैं। अर्थात् जगत्–राष्ट्र–पुर–गण में पाँच श्रेणियों के मनुष्य रहते हैं।)। वेद में सभी ''कार्य का वरण'' को स्वतन्त्र रहे। ये वर्ण त्रयी–ब्रह्मकर्म, क्षात्रकर्म एवं वैश्यकर्म रहे। इनमें ब्रह्मकर्म अर्थात् ज्ञानदान देनेवाला श्रेष्ठ कहा गया। क्षात्रकर्म करनेवालों का दायित्य सबका संरक्षण करना रहा। वैश्य कर्म में कृषि, उद्योग, व्यापार, वाणिज्य, कर्मी सेवा आदि शामिल है। वैदिक संस्कृति में ब्रह्मकर्म कर्त्ता ऋषिपुत्र क्षात्रकर्म अथवा वैश्यकर्म का वरण करता रहा। यही वर्ण व्यवस्था रही। इसका ज्वलन्त उदाहरण ईसा पूर्व भारद्वाज गोत्र ब्राह्मण पुष्यमित्र का मगध का सम्राट बनना और महान् दुर्धर्ष योद्धा होना है।

यहाँ वैदिक ऋषि का संदेश है कि प्रत्येक मननशील मनुष्य में ज्ञान और शौर्य (सेवा सहित) दो गुण होने चाहिये। इन ऋचाओं में ''इन्द्रस्य प्रियं'' का अर्थ ''जीवात्मा का हितकर्त्ता'' है। वेदानुसार जीवात्मा का सच्चा मित्र परमात्मा ही है। ''जीवात्मा'' के लिये ''इन्द्र'' शब्द प्रयुक्त किया गया है।

सबको प्राप्त करने योग्य, अद्भुत और जीवात्मा के प्रिय मित्र परमेष्ठी के पास हम सभी की प्रार्थना है कि, वह हम सबको योग्य उपभोग के पदार्थ और उत्तम बुद्धि प्रदान करे। मैं अपना स्वार्थ त्याग करता हूँ।।13।।

हे परमेश्वर! ब्रह्म ज्ञानी और रक्षक जिस प्रकार की बुद्धि चाहते हैं, उस प्रकार की बुद्धि से मुझे युक्त करो। मैं सर्वस्व स्वार्थ त्याग करता हूँ।।14।। अर्थात् ब्रह्मज्ञान एवं शौर्य की सद्बुद्धि प्रदान करने की प्रार्थना की गई है अथवा ब्रह्मज्ञानशक्ति एवं शौर्यबल प्राप्त हो।

सबसे श्रेष्ठ, प्रजापालक–लोकपालक, अत्यन्त तेजस्वी, सर्वैश्वर्यवान्, सर्वप्रेरक एवं सबका आधार परमात्मा हमें उत्तम बुद्धि प्रदान करे। मैं स्वार्थत्याग करता हूँ।।15।।

सदसस्पतिमद्भुतं प्रियमिन्द्रस्य काम्यम्।
सनिं मेधामयासिषं स्वाहा।।13।।
यां मेधा देवगणाः पितरश्चोपासते।

तया मेधयाग्ने मेधाविनं कुरु स्वाहा।।14।।
मेधां मे वरुणो ददातु मेधामग्निः प्रजापतिः।
मेधामिन्द्रश्च वायुश्च मेधां धाता ददातु मे स्वाहा।।15।।

ज्ञान एवं शौर्य की समान उन्नति

इस ऋचा में मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने कहा है : पुर–गण–राष्ट्र–जगत् में ब्रह्मकर्म कर्त्ता एवं क्षात्रकर्म कर्त्ता अर्थात् ब्रह्म ज्ञानी एवं शूर, विद्वान् एवं बलवान् मिलजुलकर रहें और उनमें तेज रहे। इनके मध्य द्वेष, असांमजस्य, असमता रहने से पुर में शिथिलता आ सकती है। ब्रह्मविद् एवं क्षात्रबलवान् समाज–राष्ट्र के प्रत्येक व्यक्ति के तेज, शौर्य, उत्साह, ज्ञान एवं बल वृद्धि–उन्नति के लिये कटिबद्ध हों। इसके प्रचार के लिये सभी को स्वार्थत्याग करना होगा। इसी स्थिति में परमात्मा की यशोचित उपासना हो सकती है। यह स्मरण रहे कि वैदिक काल में ''विद्यादान'' एवं ''ओषधदान'' की समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा रही। ब्रह्मर्षि को समाज में सर्वोच्च स्थान प्राप्त रहा। सम्राट ऋषि बनने को आतुर रहे (ब्रह्मर्षि वसिष्ठ और सम्राट विश्वामित्र दिव्य नन्दिनी गो वृत्तान्त) (ईसा पूर्व प्रथम शती में उज्जयिनी–उज्जैन के सम्राट भर्तृहरि महान् सन्यासी बने।)।

मेरा यह ब्रह्म ज्ञानतेज और मेरा यह क्षात्रतेज ये दोनों शोभा को प्राप्त हों। विद्वान् अथवा दिव्य गुण मेरे में उत्तम शोभा को धारण करे। अर्थात् ज्ञान और शौर्य, मिलकर तेजस्विता की प्राप्ति करें। सभी उत्तम ज्ञानी और सद्गुण मेरे में तेज की स्थापना करें। उस तेज की प्राप्ति के लिये मैं स्वार्थत्याग करता हूँ।।15।।

इदं मे ब्रह्म च क्षत्र चोभे श्रियमश्नुताम्।
मयि देवा दधतु श्रियमुत्तमां तस्यै ते स्वाहा।।15।।

इसप्रकार ''सर्वमेध यज्ञ मूलभूत रूप से सर्वपूज्य–परमात्मा की पूजा'' है। इसमें हिंसा का कहीं स्थान नहीं है। ''सर्वमेध यज्ञ का उदात्त एवं उच्च स्वरूप है।'' इसमें वैदिक अध्यात्म एवं दर्शन का सूत्रात्मक वर्णन है। साथ ही ''वैदिक देवों के नाम उनके दिव्यगुण बोधक हैं।'' सर्वमेध का परमात्मा सबका पिता– पालक; ऋषि–मन्त्रद्रष्टा ज्ञानी और होता–अर्पण कर्त्ता है। सर्वमेध का दर्शन है : ''मनुष्य ज्ञानी बने, अतिन्द्रिय ज्ञान को प्राप्त कर (ब्रह्म) ज्ञान का प्रचार करे। मनुष्य सभी का पितृवत् पालन करे। मनुष्य को अपना सर्वस्व लोककल्याण, लोकमंगल, लोक अभ्युदय, लोक उन्नति, लोकसंग्रह आदि के लिये अर्पण करना चाहिये।'' मनुष्य स्वयं श्रेष्ठ बने, तेजस्विता प्राप्त करे और आमजन को उन्नत करने के लिये उनमें पुरुषार्थता चैतन्यता की प्रगति करता

रहे। मनुष्य छोटे–बड़े का भेद त्याग कर मिलजुलकर रहें। मनुष्य का सच्चा बन्धु–मित्र सत्यस्वरूप परमेष्ठी है। उससे सद्बुद्धि प्रदान करने की प्रार्थना करे।

सर्वमेध का अध्यात्मिक उपदेश है कि "सर्व उन्नति के साथ मनुष्य को स्वयं की उन्नति समझनी चाहिये।" वेद के ज्ञानकाण्ड ऋग्वेद में परमात्मा को निराकार (प्रतिमा रहित) कहा गया है। सर्वमेध यज्ञ में मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने परमात्मा की कोई प्रतिमा नहीं होने के सिद्धांत को प्रस्तुत किया है। अथवा ब्रह्माण्ड के सभी भुवनों में व्याप्त परमेष्ठी की प्रतिमा तीनों लोकों से बृहद होगी, यह प्रतिमा निर्माण अकल्पनीय है। अर्थात् परमेष्ठी निराकार है।

ऋग्वेद के सविता सूक्त में सर्वप्रसविता सविता देवता सखा–मित्र–बन्धु भाव के कारण असाध्य रोग हरण करता है। इसी शृंखला में सर्वमेध में परमात्मा को सच्चा–सत्यनिष्ठ मित्र–बन्धु कहा गया है।

प्राचैः देवास प्रणयन्ति देवयुं ब्रह्मप्रियं जोषयन्ते।।

।।ऋग्वेद 1.83.2।।

वैदिक यज्ञ, मिथ्या और यथार्थ
रुद्रमय का यज्ञ : शूलगव होम

श्रौतसूत्रों में वर्णित स्मार्त्त यज्ञ "शूलगव होम" अध्यात्म के रहस्यों के घेरे में है। शूलगव होम सृष्टि–स्थिति–संहारक; सर्वव्यापक; त्रिलोकी के अधिष्ठाता; प्राणिमात्र के अधिपति पशुपतिः देवों के शास्ता; महादेव; सर्वज्ञ; वागीश रुद्रमय बनने का महापथ है। विराट् रुद्र में समाहित होने की वैदिक विधि है।

शूलगव आदि के अध्यात्मपरक अर्थ के स्थान पर शाब्दिक अर्थ को लेकर पश्चिमी विद्वानों ने विभ्रम पैदा किया। उनका कहना है कि "शूल अर्थात् शूल धारी रुद्र को गव अर्थात् वृषभ की कथित बलि देना शूलगव यज्ञ है।" इससे पहले "गोमेध, अश्वमेध, सर्वमेध, नरमेध, पित्रमेध आदि यज्ञों में कथित पशु बलि का विवाद उठा।" यद्यपि ये तीनों वेद वर्णित यज्ञ हैं। वितण्डा खड़ा करनेवालों ने मेध शब्द का अध्यात्मपरक अर्थ छोड़कर हिंसावाला आशय लिया। यज्ञों में बलि को लेकर यज्ञ संस्था पर ही प्रश्नचिन्ह

खड़ा किया गया। यह उल्लेखनीय है कि उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध तक जम्बूद्वीप भारतवर्ष "यज्ञमय राष्ट्र" रहा। यहाँ मूलभूत रूप से वैदिक यज्ञ संस्था के दर्शन, अध्यात्म आदि के मूलतत्त्व पर विचार–मनन–चिन्तन आवश्यक है। यज्ञ का दार्शनिक एवं अध्यात्मिक आशय क्या है?

वैदिक यज्ञ

महर्षि पाणिनी ने दर्शन के सन्दर्भ में कहा : "दृश्यते अनेनेति दर्शनम्।" ऋग्वेद में कहा है कि सृष्टिकर्ता–ब्रह्म ने जगत् निर्माण के लिए यज्ञ में स्वयं का अर्पण–बलिदान (यज्ञ) किया। परमेष्ठी अपनी शक्ति का यज्ञ अनन्त जीवों के उद्धार के लिये करता है। यज्ञ शब्द यज्ञ् धातु से – "यज याच यत विच्छ प्रच्छ रक्षो नङ्." है। पाणिनीय सूत्र से "नङ्." प्रत्यय करने पर यज्ञ शब्द बनता है। पाणिनीय सूत्र के अनुसार "यज् का प्रयोग तीन अर्थों–देवपूजा, संगतिकरण एवं दान में होता है।" यज्ञ शब्द के व्युत्पत्तिजन्य अर्थ अत्यन्त व्यापक हैं।

येन सदनुष्ठानेन इन्द्रप्रभृतयो देवाः सुप्रसन्नाः
सुवृष्टिं कुर्युस्तद् यज्ञपदाभिधेयम्।
येन सदनुष्ठानेन स्वर्गादिप्राप्तिः सुलभा स्यात् तद् यज्ञपदाभिधेयम्।
येन सदनुष्ठानेन सम्पूर्णं विश्वं कल्याणं भजेत् तद् यज्ञपदाभिधेयम्।
येन सदनुष्ठानेन अध्यात्मिक अधिदैविक
अधिभौतिकपत्रयोन्मूलनं सुकरं स्यात् तद् यज्ञपदाभिधेयम्।
यागांगसमूहस्य एकफलसाधनाय अपूर्ववान् कर्मविशेषो यागः।
यत्र प्रक्षेपांगको देवतोद्देशपूर्वको द्रव्यत्यागोऽनुष्ठीयते स याग पदार्थः।।
।।भाट्टदीपिका 4.2.12।।

यज्ञः कस्मात्? प्रख्यातं यजति कर्मेति नैरुक्ताः। याच्यो भवतीति वा यजुर्भिरुन्नो भवतीति वा, बहुकृष्णाजिन इत्यौपमन्यवः यजूँष्येनं नयन्तीति वा।
।।निरुक्त 3.4.19।।

दैवतं प्रति स्व द्रव्यस्योत्सर्जनं यज्ञः।।

वैदिक यज्ञ व्याख्या

"जिस सदनुष्ठान द्वारा परमेष्ठी–परमब्रह्म–परमात्मा आदि प्रसन्न होकर सुवृष्टि (अध्यात्मपरक अर्थों में) प्रदान करें उसे यज्ञ कहते हैं।" "जिस सद्नुष्ठान द्वारा स्वर्ग आदि की प्राप्ति हो, वह यज्ञ कहलाता है।" "जिस सद्नुष्ठान द्वारा जगत् का कल्याण हो, उसे यज्ञ कहते हैं।" "जिस सद्नुष्ठान के माध्यम से अध्यात्मिक, अधिदैविक एवं अधिभौतिक संकट दूर हों उसे यज्ञ कहते हैं। अर्थात् यज्ञ से अध्यात्मपरक, अधिदैविक एवं अधिभौतिक उन्नति का

अभ्योदय होता है।'' ''यगांगसमूह के एक फल साधनार्थ अपूर्व से युक्त कर्म विशेष को यज्ञ कहा जाता है।'' ''वैदिक मन्त्रों के द्वारा परमेष्ठी– ईश्वर देवता को उद्देश्य करके किये हुए द्रव्य के दान को यज्ञ कहते हैं।'' ''जहाँ पर देवताओं को उद्देश्य कर अग्नि में द्रव्य का प्रक्षेप किया जाता है, उसे यज्ञ कहते हैं (भाट्टदीपिका)।'' ''यज्ञ क्यों कहलाता है? यज् धातु का अर्थ देव पूजा आदि और वेद में प्रसिद्ध है।।निरुक्त।।'' ''देवताओं के प्रति स्वद्रव्य का त्याग–उत्सर्जन करना यज्ञ है।''

इसी के साथ जिस ''सद्कार्य में देवगण तृप्त हों उसे यज्ञ कहते हैं।'' ''यजनं धर्मदेश जाति मर्यादारक्षायै महापुरुषाणामेकीकरणं यज्ञः।।'''इज्यते संगतीक्रियन्ते विश्वकल्याण परिभ्रमणं कृत्वा महान्तो विद्वाँसः वैदिकशिरोमणयः व्याख्यानरत्नाकराः निमन्त्र्यते अस्मिन्निति यज्ञः।।'''इज्यन्ते स्वकीय बन्धु बान्धवादयः प्रेमसम्मानभाजः संगतिकरणाय आहूयन्ते प्रार्थ्यन्ते च येनकर्मणेति यज्ञः।।'' ''धर्म, देश, समुदाय वर्णाश्रम की मर्यादा की रक्षा के लिये ब्रह्मविद–विद्वानों–महापुरुषों को एकत्रित कर विचार–मनन–चिन्तन–कर्म करना यज्ञ कहलाता है।'' ''सृष्टि कल्याण के लिये विश्व भ्रमण करके महापुरुषों– अध्यात्मविदों–वेदविदों को आमन्त्रित कर महासंवाद एवं कार्य योजना भी यज्ञ कहलाता है।'' ''सदनुष्ठान में स्वजन परिजनों को आमन्त्रित कर सत्र यज्ञ कहाता है।''

इस तरह यज्ञ कल्याण के दिव्य उद्देश्यों के लिये, जगत् कल्याण के लिये, सर्व अभ्योदय एवं कल्याण के लिये आदि है। ''यज्ञ ज्ञानयोग की कर्मयोग से समग्र साधना है।'' यज्ञ आत्मसमर्पण–त्याग बलिदान; परमात्मा के प्रति भक्ति, कृतज्ञता, प्रेमपूर्ण स्मृति एवं सहिष्णुता है। यज्ञ सद्कार्य है। मानवीय सद्गुणों को अंगीकृत कर देवत्त्व प्राप्ति विधि यज्ञ है। यज्ञ में दिव्यगुणों से युक्त देवों की पूजा, अर्चना, साधना आदि होती है। यज्ञ से व्यक्तित्व परिष्कृत होता है, सामूहिकता एवं सामाजिक उत्थान होता है, समभाव आता है।

''वैदिक दर्शन यज्ञ को ब्रह्म घोषित करता है।'' दर्शन में यज्ञ को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। वैदिक विज्ञान में यज्ञ के स्वरूप निर्माण के समय पहिले यजुः, तदनन्तर ऋक् और अन्त में साम अपना भाग ग्रहण करते है। यज्ञ के स्वरूप की रचना ये तीनों वेद क्रम से अनुप्रविष्ट होकर सम्पन्न करते हैं। वेद त्रयी ''वाक् रूप'' है। वेद अपने स्वरूप का जहाँ तक विकास करते हैं, वहीं तक यज्ञ सम्पन्न होता है। यह उल्लेखनीय है कि ''वेद वाक्प्रधान और यज्ञ प्राणप्रधान'' है। ''वाक् और प्राण नित्य संसक्त रहते हैं।''

अर्थात् "यज्ञ का उद्‌गम स्थल वेद हैं।" वेद के त्रिधातु होने से उनका आशयस्वरूप यज्ञ भी त्रिधातु है। मूलतः यज्ञ द्वारा सत्य व्यापक रूप ग्रहण करता है। वेद त्रयी सत्य में ही वर्तमान रहता है।

वैदिक यज्ञ भेद

यज्ञ के पाँच भेद हैं। पहिला, सृष्टि में सर्वप्रथम "स्वयम्भू यज्ञ" होता है। इस स्वयम्भू यज्ञ से तीन वेद सम्बद्ध हैं। उन्हीं से चराचरात्मक समूचे जगत् की सत्ता है। यह यज्ञ प्रक्रिया अनवरत चल रही है। इसमें अपने में ही स्वयं को ही आहुत किया जा रहा है। परिणाम स्वरूप नये–नये ऋग्यजुःसाम की सतत उत्पत्ति हो रही है। त्रिवेदों के उत्पन्न होने पर उससे संसर्ग रखनेवाला नवीन यज्ञ सम्पन्न होता है और ब्रह्माण्ड ग्रहादि का निर्माण होता है। ये सभी स्वयम्भू यज्ञ से सम्बद्ध हैं। परन्तु स्वयम्भू यज्ञ का आश्रय और इन यज्ञों का आश्रय अलग–अलग है। परव्योम के अधिष्ठाता परमेष्ठी–परमात्मा –परमब्रह्म हैं। अत स्वयम्भू यज्ञ का आश्रय परमेष्ठी है। त्रयी वेद ब्रह्म होने से उनसे सम्पन्न यज्ञ भी ब्रह्म है। वेद से ही सम्पूर्ण सृष्टि की उत्पत्ति हुई है। ऋग्वेद के पुरुष सूक्त (10.90.1–16) में स्वयम्भू यज्ञ का सूत्रात्मक वर्णन है। इस सूक्त में विराट् पुरुष का आशय परमेष्ठी है। विराट् पुरुष ही त्रिलोकी रूपी पुर में व्याप्त है। इसमें विश्व का रूप पुनः पुनः उत्पन्न होता है।

विराट् पुरुष यज्ञ

तस्माद्विराळजायत विराजो अधि पूरुषः।
स जातो अत्परित्यत पश्चाद्भूमिमथो पुरः।।5।।
यत् पुरुषेण हविषा देवो यज्ञमतन्वत।
वसन्तो अस्यासीदाज्यं ग्रीष्म इध्मः शरद्धविः।।6।।
तं यज्ञं बर्हिषि प्रौक्षन् पुरुषं जातमग्रतः।
तेन देवा अयजन्त साध्या ऋषयश्च ये।।7।।
तस्माद्यज्ञात् सर्वहूतः संभृतं पृषदाज्यम्।
पशून् ताँश्चक्रे वायव्यानारण्यान् ग्राम्याश्च ये।।8।।
तस्माद्यज्ञात सर्वहुत ऋचः सामानि जज्ञिरे।
छन्दांसि जज्ञिरे तस्माद्यजुस्तस्मादजायत।।9।।
तस्मादश्वा अजायन्त ये के चोभयादतः।
गावो ह जज्ञिरे तस्मात् तस्माज्जाता अजावयः।।10।।
यत् पुरुषं व्यदधुः कतिधा व्यकल्पयन्।
मुखं किमस्य कौ बाहू का ऊरु पादा उच्यते।।11।।

।।ऋग्वेद 10.90.5–11।।

उस परमेष्ठी से विराट् पुरुष उत्पन्न हुआ। विराट् के ऊपर एक अधिष्ठाता पुरुष हुआ। वह उत्पन्न होने पर विभक्त होने लगा। प्रथम, भूमि आदि गोल हुए, अनंतर उस पर के शरीर हुए।।5।। जब देवों ने विराट् पुरुषरूपी हवि से यज्ञ करना प्रारम्भ किया, तब इस यज्ञ में वसन्त ऋतु ने घृत का कार्य किया। ग्रीष्म ऋतु ईंधन और शरद ऋतु हवि रहा।।6।। उस प्रथम उत्पन्न हुए यजनीय विराट् पुरुष को यज्ञ में प्रोक्षण करके देव साध्य एवं ऋषि ने उस विराट् पुरुष से ही यज्ञ चलाया।।7।।

उस सर्वहुत यज्ञ से दही के सात घृत (दोनों अध्यात्मपरक आशय में) मिला। वायु में उड़नेवाले पक्षी प्राप्त हुए। वायु देवता के वनों के वन्य जीव और ग्राम्य पशुओं का सृजन हुआ।।8।।

"सर्वहुत यज्ञ से ऋग्वेद की ऋचाएँ और सामगान प्राप्त हुआ।" इसी यज्ञ से यजुर्वेद एवं वेद के छन्द उत्पन्न हुए। अर्थात् तीनों वेद की ऋचाओं की उत्पत्ति विराट् पुरुष के स्वयम्भू यज्ञ से हुई।।9।। इसी यज्ञ से दोनों ओर दांतवाले अश्व, गाय, बकरियाँ, भेड़िया आदि की उत्पत्ति हुई।।10।। यहाँ जिस विराट् पुरुष का वर्णन किया जा रहा है, उसकी कितने प्रकार से परिकल्पना की गयी है? इसका मुख क्या है? दोनों बाहूँ कौन हैं? इसके नेत्र कौन से हैं? उसके पाद कौन से हैं? इसका वर्णन किया जाता है।।ऋग्वेद 10.90.5–11।।

पुरुष सूक्त में विराट् पुरुष से क्षर पुरुष की उत्पत्ति का वर्णन है। "विराट् पुरुष के अवयवों को यज्ञ कहा गया है।" साथ ही विराट् पुरुष के अवयवभूत देवताओं को यज्ञ का कर्त्ता कहा गया है। ऋग्वेद के सूक्त की ऋचाओं में सर्वहुत यज्ञ से तीनों वेदों की उत्पत्ति और सृष्टि के सभी पदार्थों, सूर्य–चन्द्र–ग्रह आदि की उत्पत्ति का वर्णन है।

दूसरा, महर्षि ऐतरेय ने कहा है कि "मन का प्राण में आकर वाक् बनना और वाक् का पुनः मन में परिवर्तन क्रम यज्ञ है।" "वाचश्चित्त–स्योत्तरोत्तरक्रमो यज्ञः।।" जगत् में सभी प्राण हैं। प्राण ही रुद्र है, प्राण ही ब्रह्म है। प्राण का प्रकाशक मन है। वाक् तेज स्वरूप है। वाक् प्राण पर आधारित रहता है। "प्राण, मन और वाक् का संकलन करने वाला रुद्र पुत्र प्रजापति है।" इस प्रकार "मन का प्राण में प्रविष्ट होना, उसका मन में आना और वही क्रिया वाक् के साथ होती है। यह गमनागमन को ही यज्ञ कहा जाता है। मन एवं वाक् दोनों प्राण रूप यज्ञ के साथ चलनेवाले हैं।"

तीसरा, वैदिक विज्ञान में "सोम के अग्नि रूप में रूपातंरण और अग्नि का सोम रूप में परिवर्तन की प्रक्रिया यज्ञ है।" यह उल्लेखनीय है कि सोम की अग्नि में आहुति से सोम अग्नि रूप में चला जाता है। अग्नि महारूप

लेकर शान्त हो जाता है। उसके बाद सोम के रूप में ही परिवर्तित हो जाता है। चौथा, यह स्मरण रहे कि "अमृत ही सोम स्वरूप है। अमृत कभी नष्ट नहीं होता है। अमृत ही संसार के सभी पदार्थों का उपादान है।" मूलभूत रूप से "आकाश में रूप, रस, गन्ध आदि रहित सोम व्याप्त है।" यह उलटबांसी है कि "सोम के संयोग से रूप, रस, गन्ध आदि से युक्त पदार्थों की रचना होती है।" एक सोम का दूसरे सोम में आघात–प्रत्याघात से बल विशेष उत्पन्न होता है। इसे "सहः" कहा गया है। सहः से अग्नि उत्पन्न होती है। अर्थात् सोम के आघात से सहः नामक बल और उससे अग्नि की उत्पत्ति होती है। यह समूची प्रक्रिया "यज्ञ" है। वैदिक विज्ञान के अनुसार "सृष्टि अग्नि सोमात्मक है।"

पाँचवाँ, सर्वादि प्रजापति का विस्तृत होना। यह यज्ञ है। इस यज्ञ से सम्पूर्ण प्रजा की उत्पत्ति निर्दिष्ट की गई है। यज्ञ के द्वारा ही प्रजाओं का अबाध गति से प्रजनन हो रहा है। यज्ञ से ही वस्तुस्वरूप रक्षा और वस्तुसमुत्पादन होता है।

अग्नि के तीन भेद वैदिक–अध्यात्मिक, दैविक एवं भौतिक हैं (यद्यपि ब्रह्माग्नि–सुब्रह्माग्नि, देवाग्नि एवं भूताग्नि; ब्रह्माग्नि–आंगिरोऽग्नि, ऋताग्नि, अन्नादग्नि–पशुकाग्नि का भी उल्लेख है।) (गार्हपत्य, आहवनीय एवं दक्षिण अग्नि)। अग्नि की बलवत्ता सोम सम्बन्ध पर निर्भर है। "अग्नि के रुदन रोकने का उपाय सोमाहुति है।" अध्यात्मिक रूप से अग्निमूर्त्ति साम्बसदाशिव महारुद्र परमेष्ठी, अधिदैवत्त रुद्र एवं भौतिक साक्षात अग्नि हैं।

इस प्रकार सारसंक्षेप में "अग्नित्रय का संस्कार करना यज्ञ है।" "वैदिक अग्नि को यजुः" कहते हैं। इस यजुः अग्नि के रस से ही सभी पदार्थ सुरक्षित हैं। यह यजुः ऋक् होता हुआ उक्रान्त होता है। वह फिर सोम के द्वारा साम में आता है। वह पुनः अग्नि रूप में परिणत होकर यजुः रूप लेता है। यह प्रक्रिया "वैदिक अग्नि संस्कार" है। वैदिक अग्नि में विस्तृत स्वरूप रुद्र, आदित्य एवं वसु आदि से तारतम्य बनता है और उसी में तैंतीस देवता सन्निविष्ट रहते हैं। यज्ञ का स्वरूप अन्न, अर्क एवं प्राण के परिग्रह से निष्पन्न होता है। अन्तिम भौतिक अग्नि में भौतिक यज्ञ सम्पन्न होता है। "अग्नि चयन यज्ञ का अर्थ है कि अग्नि के संस्कार के लिये अग्नि की आहुति देना।" "सोमयज्ञ में अग्नि संस्कारार्थ सोम की आहुति दी जाती है।" अग्नि में सोम की आहुति का अर्थ समस्त देवों की आहुति देना है।

पुरुष सूक्त के अनुसार यज्ञ करते हुए देवों ने पुरुष को ही पशु बनाकर आहुति दी। "देवां यद्यज्ञं तन्वानाः आबध्न्न् पुरुषं पशुम्।।" यह

पुनरुक्ति है कि वैदिक दर्शन में यज्ञ को सर्वोच्च स्थान अर्थात् ब्रह्म घोषित किया गया। ऋग्वेद में कहा है कि यज्ञ सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड की नाभि है। अथवा समूचा ब्रह्माण्ड ही यज्ञमय है।

पृच्छामि विश्वस्य भुवनस्य नाभिम्।

अयं यज्ञो विश्वस्य भुवनस्य नाभिः।।ऋग्वेद 1.164.34, 35।।

वेद में रहस्यमय अध्यात्मपरक शैली में कहा है कि देवों ने यज्ञ से यज्ञ का यजन किया। "यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवाः।।" शुक्ल यजुर्वेद 31.16।। आर्ष ग्रन्थों के अनुसार "यज्ञ परमेष्ठी की पराकाष्ठा" है। "यज्ञो यत्र पराक्रान्तः।।" यज्ञ वाचक शब्द का अर्थ है – परमात्मा यज्ञ है; जगत्–सृष्टि यज्ञ है, संगठित समुदाय यज्ञ है; मानवीय जीवन यज्ञ है और प्रत्येक सद्कर्म यज्ञ है।

शुक्ल यजुर्वेद में यज्ञ

शुक्ल यजुर्वेद में आता है कि सर्वप्रथम उत्पन्न भगवत्स्वरूप उस यज्ञ से इन्द्रादि देवताओं, सृष्टि साधन योग्य प्रजापति आदि साध्यों और मन्त्रद्रष्टा ऋषियों ने यज्ञब्रह्म का यजन किया।

तं यज्ञं वर्हिषि प्रौक्षन् पुरुषं जातमग्रतः।

तेन देवा प्र अजयन्त साध्या ऽऋषयश्च ये।।

शुक्ल यजुर्वेद में मुख्य रूप से कहा है : 1. पाहि यज्ञम्।।2.6।। हे व्यापक यज्ञपुरुष! आप हमारे यज्ञ की रक्षा करो। 2. ऊर्ध्वमिममद्ध्वरं दिवि देवेषु होत्रा यच्छ।।6.25।। हे देव! आप इस यज्ञ को उन्नत करके यज्ञ करनेवालों को देवत्व प्रदान करो। 3. देवासो यज्ञमिमं जुषध्वम्।।7.19।। देवताओं! आप इस यज्ञ से प्रीति करो। 4. प्रतितिष्ठामि यज्ञे।।20.10।। हम यज्ञ में प्रतिष्ठा प्राप्त करें। 5. सं यज्ञपतिराशिषा।।6.10।। यज्ञकर्त्ता आशीर्वाद से श्रेष्ठ संगति प्राप्त करे। 6. यज्ञो भुवनस्य नाभिः।।23.62।। यज्ञ ही समस्त भुवनों की नाभि है। 7. यज्ञं नो देवीरमृतेषु धत्त।।29.8।। समस्त देवियाँ–देवांगनाएँ–दिव्य शक्तियाँ–दैवी शक्ति हमारे यज्ञ को देवताओं में स्थापित करें। 9. संवत्सरते यज्ञं दधातु नः।।26.14।। संवत्सर के अधिष्ठातृ देवता आपके निमित्त किये गये हमारे यज्ञ को पुष्ट करें। 10.

यज्ञं वष्टु धियावसुः।।20.84।। यज्ञ से अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक ऐश्वर्य प्राप्ति होती है। 11. शं नो भवतु भुवनस्य यस्पतिः।।362।। हमारे लिये सम्पूर्ण भुवनों का अधिपति सुख स्वरूप हो। 12. देवा यज्ञं नयन्तु नः।।33. 89।। यजनशील देवगण हमारे यज्ञ को प्राप्त करें। 13. यज्ञेषु विप्रराज्ये।।32.

83।। यज्ञों में ब्रह्मविदों–ब्रह्मजिज्ञासुओं–ज्ञानियों का राज्य होता है। 14. इमं यज्ञमवतामध्वरं नः।।27.17।।

हमारे इस यज्ञ से कुटिलतादि दोष शून्य हों अर्थात् सात्विक यज्ञ की रक्षा करो, हमारे गुण धर्म सात्विक हों। 15. यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः।।20.54।। हे यज्ञ के ऋत्विजों! आप अनेक कल्याण द्वारा हमारी हमेशा रक्षा करें। 16. ऋतवस्ते यज्ञं वितन्वन्तु।।26.14।। हे यज्ञ देव! समस्त ऋतुएँ आपके निमित्त किये गये हमारे यज्ञ का विस्तार करें। 17. स्विष्टे मे सन्तिष्ठस्व।।12.19।। हे यज्ञपुरुष! आप हमारे श्रेष्ठ यज्ञ में पधारने का अनुग्रह करें। 18. यज्ञो यज्ञेन कल्पताम्।। आयुर्ययज्ञेन कल्पताम्।।18.29।। यज्ञ के द्वारा महायज्ञ प्राप्त हो। यज्ञ से दीर्घायु हो। 19. प्रसुव यज्ञम्, प्रसुव यज्ञपतिम्।।11.7।। आदि सूर्य सविता प्रसव कर्त्ता है। सविता देवता का मन्त्र ही गायत्री मन्त्र कहा जाता है। सविता ही हमारे सूर्य की उत्पत्ति करनेवाला है। सविता ही श्री, सद्बुद्धि एवं मेधा प्रदाता है। हे सवितृ देव! आप हमारे यज्ञ की प्रेरणा करो और यज्ञ–यजमान को सुख–सौभाग्य की प्रेरणा करो। 20. यं कं च लोकमगन् यज्ञस्ततो मे भद्रमभू।।8.60।। हमारा यज्ञ जिस भी लोक में गया हो, हमारे इस यज्ञ से हमारा शुभ, मंगल, कल्याण हो।

ब्राह्मणादि ग्रन्थों में यज्ञ

यज्ञोऽपि तस्यै जनतायै कल्पते।। ऐतरेय ब्राह्मण 2.1।।

ऐतरेय ब्राह्मण में सिंहगर्जना की कि यज्ञ जनता जनार्दन के कल्याण के लिये होते हैं। शतपथ ब्राह्मण में कहा है : "यज्ञो वै श्रेष्ठतरं कर्म।।1.7.1.5।। शतपथ ब्राह्मण में यह भी कहा है कि "पुरुषो वै यज्ञः।।1.2.4.3.2।। एष वै प्रत्यक्षं यज्ञो यत्प्रजापति :।।4.3.4.3।। स यः स यज्ञोऽसौ स आदित्यः।।14.1.1.6।। वाग्वै यज्ञः।। 1.1.1.2।। यज्ञो वै कर्म ।।1.1.1.1।। यज्ञो वै प्रावित्रम्।।1.4.3.5.2।। यज्ञः प्रजापतिः।।11.6.3.9।। यज्ञे वै परशुः।।3.6.4.10।। यज्ञो वै स्वरहर्देवाः सूर्यः।।1.1.1.2.1।। यज्ञो वा आपः।।1.1.1.1।। यज्ञो वा अनः।।1.1.1.2।। प्रजापतिर्यज्ञः।।1.1.1.1।। आदि।" गोपथ ब्राह्मण के अनुसार यज्ञ ही सविता है : "यज्ञ एव सविता" ।।1.33।। ताण्ड्य ब्राह्मण कहा है कि अग्नि ही यज्ञ है। "अग्निवै यज्ञः ।।12.5.2।।"

यज्ञकर्त्ता ही ब्राह्मण अर्थात् ब्रह्मविद् : वर्ण जाति गौण

शुक्ल यजुर्वेद के शतपथ ब्राह्मण, ऐतरेय ब्राह्मण, तैत्तिरीय ब्राह्मण आदि में अभूतपूर्व रहस्योद्घाटन किया कि "यज्ञ करनेवाला ब्रह्मविद ब्राह्मण है, चाहे वह किसी वर्ण का हो। यज्ञ सम्पन्न करते ही वह ब्रह्मविद अर्थात् ब्राह्मण हो जाता है।" जन्म से ब्राह्मण नहीं होता है।

स ह दीक्षमाणा एव ब्राह्मणताम्भुपैति।

।।ऐतरेय ब्राह्मण 7.23।।

तस्मादपि राजन्यं का वैश्यं वा ब्राह्मण इत्येव

ब्रूयाद् ब्राह्मणो हि जायते यो यज्ञाज्जायते।।

।।शतपथ ब्राह्मण 3.2.1.40।।

य उ वै कश्च यजते ब्राह्मणीभूयेवैव यजते।।

।।शतपथ ब्राह्मण 14.4.1.3।।

यज्ञ : चार ऋत्विक्

ऋग्वेद में यज्ञ के चार ऋत्विजों–होता, उद्गाता, ब्रह्मा और अध्वर्यु का वर्णन है।

ऋचां त्वः पोषमास्ते पुपुष्वान।

गायत्रं त्वो गायति शक्वरीषु।।

ब्रह्मा त्वो वदति जातविद्याम्।

यज्ञस्य मात्रां विमिमीत उ त्वः।।ऋग्वेद।।

परमात्मा की प्रतिमा नहीं

वेदानुसार परमेष्ठी रुद्र का साक्षात्कार अन्तःकरण में ही किया जा सकता है। रुद्र अव्यक्त, व्यापकतम, अदृश्य, सूक्ष्म से भी सूक्ष्म, सर्वव्याप्त है। दूसरे शब्दों में निराकार है।

शुक्ल यजुर्वेद के सर्वमेध यज्ञ प्रकरण में सीधे–सीधे घोषणा की कि परमेष्ठी की कोई प्रतिमा नहीं है।

न तस्य प्रतिमा अस्ति यस्य नाम महद् यशः।

हिरण्यगर्भ इत्येषः।। मा मा हिंसीदित्येषा।।

यस्मान्न जात इत्येषः।।शुक्ल यजुर्वेद 32.3।।

अथर्ववेद में कहा कि विश्व के अधिष्ठाता परमेष्ठी की प्रतिमा बड़ी इतनी है कि जितना ऊपर द्युलोक है, और जितना उपरले एवं नीचले आकाश में अग्नि ने अन्तर बनाया है (परमेष्ठी की प्रतिमा तीनों लोकों के समान हो।)।।8.9.6।।

वैश्वानरस्य प्रतिमोपरि द्यौर्यावद्रोदसी

विवबाधे अग्निः।।अथर्ववेद 8.9.6।।

ऋग्वेद के अनुसार "हे लोकों! जिसको छोड़कर लोक विजय प्राप्त नहीं करते हैं और संघर्षरत रक्षण के लिये जिसकी प्रार्थना करते हैं। जो "विश्व की प्रतिमा हो गया है।" वह स्वयं नहीं हिलता हुआ दूसरों को हिलाता है। वह जगत् का स्वामी है।।ऋवग्वेद 2.12.9।।अथर्ववेद 20.34.9।।"

यस्मान्न ऋते विजयन्ते जनासो सं युद्यमाना अवसे हवन्ते।
यो विश्वस्य प्रतिमानं बभूव यो अच्युतच्युत स जनास इन्द्रः।।
।।ऋग्वेद 2.12.9।।

ऋग्वेद की ऋचा के अनुसार परमेष्ठी की प्रतिमा विश्व के समान हो अथवा परमेष्ठी की कोई प्रतिमा नहीं है। वेदवाणी के अनुसार यह स्पष्ट है कि परमेष्ठी रुद्र की कोई प्रतिमा नहीं है।

यज्ञ स्वरूप

ऐतरेय श्रुति में पाँच प्रकार के यज्ञों का उल्लेख किया गया है। ये–अग्निहोत्र, दर्शपौर्णमास यज्ञ, चातुर्मास्य यज्ञ, पशु यज्ञ एवं सोम यज्ञ हैं। "स एष यज्ञः पंचविधः अग्निहौत्रम्, दर्शपौर्णसौ, चातुर्मास्यानि, पशुः, सोमः इति।।"

उधर शुक्ल यजुर्वेद के अश्वमेध यज्ञ, गोमेध, सर्वमेध आदि सुविख्यात महायज्ञ हैं। सामवेद सहित त्रैयी वेद में महामारी रक्षोहण याग का उल्लेख है। यह बहुत ही दुःखद है कि मेध के गलत अर्थ से यज्ञों में माँस की आहुति का दुष्प्रचार हुआ। यद्यपि वेदों में हिंसा का निषेध किया गया है।

"श्रौत यज्ञों और स्मार्त्त यज्ञों की संख्या इक्कीस है।" श्रीमद्भगवद्गीता में "सात्त्विकयज्ञ, राजसयज्ञ एवं तामसयज्ञ को परिभाषित किया गया है।"

"यज्ञ के दो भेद–यज्ञ एवं महायज्ञ हैं।" महर्षि अंगिरा के अनुसार व्यष्टि और समष्टि सम्बन्ध से यज्ञ–महायज्ञ कहे जाते हैं : "यज्ञ महायज्ञौ व्यष्टि समष्टिसम्बन्धात्।।"

"यज्ञ" का उद्देश्य आत्मोन्नति, सर्वोन्नति एवं आत्मकल्याण–सर्वकल्याण है। उसका व्यष्टि से सम्बन्ध होने से उसमें निज् स्वार्थ की प्रधानता आ जाती है। "महायज्ञ" का परिणाम विश्व कल्याण, लोकसंग्रह आदि है। महायज्ञ का समष्टि से सम्बन्ध होने से निःस्वार्थता की प्रधानता आ जाती है। यज्ञ अनुष्ठान के प्रभाव से प्राणिमात्र से क्षुद्रता, अल्पज्ञता, असहिष्णुता, विद्वेषता, आन्तरिक शत्रुओं (काम, क्रोध, लोभ, मद, मोह, मत्सर), कलुषित विचार आदि का विनाश होता है। यज्ञ से परमेष्ठी के साथ एकता का मार्ग खुलता है।

यज्ञ की आवश्यकता पर वैदिक मन्त्रद्रष्टा महर्षि वसिष्ठ का कथन महत्वपूर्ण है। "यज्ञ से सृष्टि चलती है। यज्ञ से विविध प्रकार के अन्न, वनस्पति, ओषधि, फल आदि पैदा होते हैं। अतः मननशीलों को चाहिये कि प्राणिमात्र के जीवन के लिये यज्ञ अवश्य करें।"

यज्ञात् सृष्टिः प्रजायन्ते अन्नानि विविधानि च।
तृणान्यौषधान्यथ च फलानि विविधानि च।
जीवानां जीवनार्थाय यज्ञं संक्रियतो बुधैः।। महर्षि वसिष्ठ।।

शतपथ ब्राह्मण, तैत्तिरीयारण्यक, याज्ञवल्क्य स्मृति, आश्वलायन–गृह्यसूत्र, मनुस्मृति, छान्दोग्परिशिष्ट, गीता आदि में "पँच महायज्ञ–देवयज्ञ, ब्रह्मयज्ञ, पितृयज्ञ, भूतयज्ञ एवं मनुष्ययज्ञ" का उल्लेख मिलता है।

भूतयज्ञो मनुष्ययज्ञः पितृयज्ञो देवयज्ञो ब्रह्मयज्ञ इति।।
बलिकर्मस्वधाहोमस्वाध्यायातिथिसत्क्रियाः।
भूतपित्रमरब्रह्म मनुष्याणां महामखाः।।
।।याज्ञवल्क्य स्मृति, आचाराध्यायः 102।।
देवभूतपितृब्रह्ममनुष्याणामनुक्रमात्।
महासत्राणि जानीयात्त एव हि महामखाः।।
।।छान्दोग्परिशिष्ट।।
पंच वा एते महामखाः सतति प्रतायन्ते सतति
सन्तिष्ठन्ते देवयज्ञः पितृयज्ञो मनुष्ययज्ञो भूतयज्ञो
ब्रह्मयज्ञ इति। ।।तैत्तिरीयारण्यक 2.10।।
अथातः पंचमहायज्ञा देवयज्ञो भूतयज्ञः पितृयज्ञो
ब्रह्मयज्ञो मनुष्ययज्ञ इति।।आश्वलायनगृह्यसूत्र 3.1.1।।
अध्यापनं ब्रह्मयज्ञः पितृयज्ञस्तु तर्पणम्।
हीमो दैवो बलिर्भौतो नृयज्ञो ऽतिथिपूजनम्।।
।।मनुस्मृति 3.70।।
यत्फलं सोमयागेन प्राप्नोति धनवान् द्विजः।
सम्यक् पंचमहायज्ञे दरिद्रस्तदवाप्नुयात्।।
।।महर्षि हारीत।।
पंचयज्ञांस्तु यो मोहान्न करोति गृहाश्रमी।
तस्य नायं न च परो लोको भवति धर्मतः।।
।।महर्षि गर्ग।।

"ब्रह्मयज्ञ" ब्रह्मविद्या–वेदादि पठन पाठन है। ब्रह्मयज्ञ करने से ज्ञान की वृद्धि होती है। "देवयज्ञ" से नित्य एवं नैमित्तिक देवता तृप्त होते हैं। देवयज्ञ में परब्रह्म की उपासना, मन्त्रयाग–जपयाग, साधनायज्ञ, मानसयज्ञ, देवार्चनायज्ञ, देवगाथा श्रवण वाचन यज्ञ, देवज्ञान यज्ञ, देव ग्रन्थ रचना यज्ञ, आर्ष ग्रन्थ प्रसार यज्ञ, हवन आदि आते हैं। "भूतयज्ञ" कृमि, कीट, पतंग, पशु,

पक्षी, रेंगनेवाले जीव एवं जल में रहनेवाले जीवों की सेवा को कहते हैं। भूतयज्ञ से कृमि, कीट, पशु, पक्षी, जलचर आदि तृप्त होते हैं।

"नरयज्ञ अथवा मनुष्ययज्ञ" क्षुधा से अत्यन्त पीड़ित के घर पर आने अथवा कहीं भी उसकी भोजनादि से की गई सेवा कहाता है। किसी भी वर्ण के अतिथि को ब्रह्म समझकर समुचित पूजा का विधान है। अर्थात् "मनुष्यमात्र की सेवा नरयज्ञ" है। "पितृयज्ञ" का आशय समाज–परिवार में वरिष्ठजनों की प्रत्येक प्रकार से सेवा है। वरिष्ठजनों का आदर, सत्कार आदि से उनके ऋण से उऋण होते हैं। इसी शृंखला में परलोकगामी नैमित्तिक पितरों के लिये पिण्डदान और उनके सन्मार्ग का अनुसरण करना है।

इन यज्ञों की समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा में "ज्ञानयज्ञ" (निःशुल्क शिक्षा देना), "ओषधियज्ञ" (निःशुल्क बीमारों का उपचार एवं निःशुल्क ओषधि देना), "ब्रह्मविदयज्ञ" (विश्व, राष्ट्र, राज्य और क्षेत्र के ब्रह्मविद्या–आत्मविद्या–अध्यात्मविद्या–धर्मशास्त्र विद्वान आदि का महासंगम कर लोककल्याण, लोकसंग्रह, अध्यात्मिक चेतना पर चिन्तन एवं मुहिम प्रारम्भ करना), "भूयज्ञ–पृथिवीयज्ञ" (वेद में द्यौ पिता एवं पृथिवी माता है। भूसंरक्षण, बंजड़ीकरण को रोकना, वनोषधि एवं वनस्पति विस्तार, भूमिहीनों को भू आवंटन आदि), "आर्षग्रन्थोद्धारयज्ञ" (प्राचीन आर्षग्रन्थों की पाण्डुलिपि का लेखन, प्रकाशन, प्रचार), "सांस्कृतिकयज्ञ" (वेद विज्ञान–संस्कृति– दर्शन आदि के बारे में चेतना मुहिम), "आध्यात्मयज्ञ" (ब्रह्मविद्या के तत्त्व ज्ञान अध्ययन, अध्यापन प्रचार एवं प्रसार), "सर्वोत्थानयज्ञ" (समाज अथवा पुर के अन्तिम व्यक्ति का अभ्योदय), "भ्रमोन्मूलनयज्ञ" (वैदिक विज्ञान संस्कृति के बारे में मिथ्या प्रचार को रोकने का अभियान), "नैतिकयज्ञ–चरम भौतिकता निवारण यज्ञ" (ऋग्वेद की मन्त्रद्रष्टा ऋषिका ने चरम भौतिकता की चकाचौंध से सामाजिक पतन की चेतावनी दी है। ऋषिका का निर्देश है कि ब्रह्मविद, विद्वतजन–बौद्धिक वर्ग इस पतन को रोकने के लिये लोकसंग्रह करें। वर्तमान में भौतिकता के चर्मोत्कर्ष से समाज पतन के महागर्त में गिर रहा है। इसलिये आज लोकसंग्रह अधिक सामयिक है।) आदि आते हैं। ये सभी यज्ञ वर्तमान में भी सामयिक हैं।

आर्षग्रन्थों में वर्णित यज्ञ

शुक्ल यजुर्वेद में "अश्वमेधयज्ञ", "पितृमेधयज्ञ", "गोमेधयज्ञ" और "सर्वमेधयज्ञ,–"नरमेधयज्ञ" आदि का वर्णन है। अथर्ववेद में "राजसुययज्ञ" का विशद् वर्णन है। इनके अलावा प्राचीन आर्षग्रन्थों के "विश्वजीतयज्ञ",

''वाजपेययज्ञ'', ''त्र्यम्बकयज्ञ'', ''शतरुद्रिययज्ञ'', ''शूलगवयज्ञ'' आदि सुप्रसिद्ध हैं।

इन यज्ञों के मेध आदि वैदिक शब्दों के गूढ़ वास्तविक अर्थ को नहीं समझ पाने से अर्थ का अनर्थ हुआ है। ''राजसुययज्ञ'' का मूल आशय ''राजा के चयन के लिये आयोजित सम्मेलन'' है। ऋग्वेद के अनुसार वैदिक संस्कृति में राजा का चुनाव होता रहा। इसका वर्णन अथर्ववेद के सूक्त में भी है। ''वाजपेययज्ञ'' अन्न से आमजन को अथवा वाणी से लोक को तृप्त करना है। ''अश्वमेध यज्ञ का आशय राष्ट्रवृद्धि यज्ञ'' है।

श्रौतयज्ञों में–अग्निहोत्र, दर्शपूर्णमासयज्ञ, चातुर्मास्यानियज्ञ, पशुयज्ञ एवं सोमयज्ञ हैं। इनमें ही निरुढ़पशुबन्धयज्ञ, आग्रयणेष्टियज्ञ, सौत्रामणीयज्ञ, द्वादशाहयज्ञ, गवामयनसत्रयज्ञ, अग्निचयनयज्ञ, एकाहयज्ञ, अहीनयज्ञ, सत्र आदि शामिल हैं।

ऋग्वेद : यज्ञ से देवत्व

ऋग्वेद (5.35.8) में वृत्तान्त आता है कि सुधन्वा के तीनों पुत्र यज्ञ द्वारा मनुष्य से देवता बन गये। साथ ही ऋग्वेद (10.77.2) के अनुसार यज्ञ रूपी पुण्य के प्रताप से मरुद्गण देवता बन गये।

वेद में हिंसा निषेध

मेध का आशय संवर्द्धन

तीनों वेदों में हिंसा को निषेध किया गया है। वेद में स्पष्ट रूप से केवल सात्त्विक अन्नाहार का निर्देश है।

मा नो हिंसीज्जनिता यः पृथिव्या यो वा दि्वं सत्यधर्मा जजान।
यश्चापश्चन्द्रा बृहतीजजान कस्मै देवाय हविषा विधेम।।
।।ऋग्वेद 10.121.9।।

जो सत्य के अटल नियमों को धारण करता है और जो द्युलोक का रचयिता है एवं जो पृथिवी का जनक है, वह हमारी कभी हिंसा नहीं करे। यहाँ हिंसा का अर्थ कष्ट भी है। जो पहिला देव आनन्ददायक पदार्थों को और जल आदि पदार्थों का सृजक है, उस आनन्ददायक देव की ''आत्मार्पण'' (सर्वस्व समर्पण) से हम सभी पूजा करें।।ऋग्वेद 10.121.9।। वैदिक देवों के नाम भी इस तथ्य की पुष्टि करते हैं कि वैदिक देवता शाकाहारी हैं, मांसाहारी नहीं हैं : अ मृतान्धस (मृत हुआ अन्न नहीं खानेवाले, मृतक को नहीं खानेवाले), आज्यपाः देव (शुक्ल यजुर्वेद 21.40 –घृत पीनेवाले) और हवि र्भुजः (हविष्यान्त्र खानेवाले, हविष्यान्न का आशय–चावल एवं अन्य धान्य आदि)।

अश्वमेध, पुरुषमेध–नरमेध, गोमेध एवं सर्वमेध यज्ञ वाले यजुर्वेद में स्पष्ट रूप से "अहिंसा" का उपदेश है।

अश्वं ..... मा हिंसी ..... ।।41।।

अविं ..... मा हिंसी ..... ।।43।।

इमं मा हिंसीर्द्विपादं पशुम्।।47।।

इमं मा हिंसी ..... वाजिनम्।।48।।

इममूर्णायुं ..... मा हिंसीः।।50।।यजुर्वेद 13.41, 43, 47, 48, 50।।

मा हिंसीः पुरुषम्।।यजुर्वेद 16.3।।

यजुर्वेद की ऋचाओं में स्पष्ट रूप से कहा है कि अश्व, बकरा, द्विपाद पशु, ऊन देनेवाले पशु और मनुष्य इनकी हिंसा नहीं करें।

अथर्ववेद में सीधे–सीधे शब्दों में मांस–भक्षण का निषेध किया है। साथ ही "मांस वर्ग के साथ मद्य, द्यूत एवं व्यभिचार का भी निषेध किया गया है।"

यथा मांसं यथा सुरा यथाऽक्षा अधिदेवने।
यथा पुंसो वृषण्यतः स्त्रियां निहन्यते मनः।।
।।अथर्ववेद 6.70.1।।

वेद में पशुबलि का भ्रम शब्दों के गूढ़, रहस्यपूर्ण, संकेतात्मक, प्रतीकात्मक, बहुअर्थवान, अभिव्यंजनात्मक, अध्यात्मिक, कूटात्मक, लाक्षणिक, संहत, संक्षिप्त आदि भाषा शैली से उत्पन्न हुआ। ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के एक सौ चौसठवें सूक्त की 43वीं ऋचा का पश्चिमी विद्वानों सर्वश्री विल्सन् एवं ग्रिफिथ ने अनुवाद किया : "गोबर अग्नि से उठा धुवाँ मैंने देखा जो ऊपर उठा था। वीरों ने विचित्र वृषभ (सांड, बैल) को सजाया था। वे रीतियाँ पहिले समय की थी"।।ऋग्वेद 1.164.43।।

शकमयं धूममाराद पश्यं विषूवता पर एनावरेण।
उक्षाणं पश्चिमपचन्त वीरास्तानि धर्माणि प्रथमन्यासन्।।
।।ऋग्वेद 1.164.43।।

आचार्य सायण ने इसकी व्याख्या की : "गोबर की अग्नि का धुवाँ समीप से मैंने देखा। इस निकृष्ट व्याप्तिमान धूम से परे रहनेवाले अग्नि को मैंने जाना। वहाँ वीरगण श्वेत सोम ओषधि का पाक कर रहे थे। "विचित्र वृषभ का आशय हिमालय में उगनेवाली ऋषभ सोम ओषधि" है। इसका "रूपाकार बैल के सींग" की तरह होता है। ये धर्म के उत्कर्ष थे।। ऋग्वेद 1. 164.43।। इस ऋचा में अपचन्त शब्द आया है। इसका वैदिक अर्थ "तप" है। ऋग्वेद में कहा है कि जिसके शरीर में तपाचरण नहीं हुआ, वह उस आत्मिक

सुख को प्राप्त नहीं कर सकता है। "अतप्ततनूर्न तदामो अश्नुते।।ऋग्वेद 9.83. 1।।" उपनिषदों में पच् धातु का तात्पर्य अध्यात्मिक उन्नति से है।

अथर्ववेद में कहा है : "हम पशुओं से पुष्टि लेते हैं। द्विपाद एवं चतुष्पादों से भी पुष्टि लेते हैं और धान्य लेते हैं। हमें सविता देवता, बृहस्पति देवता ने पशुओं से दूध और ओषधियों से रस दिया।।19.31.5।।" इस ऋचा में स्पष्ट संकेत है कि पशु शब्द आने पर पशु से किस पदार्थ को ग्रहण करना चाहिये और ओषधि शब्द आने पर ओषधि से कौनसा पदार्थ लेना है, यह ज्ञान आवश्यक है।

पुष्टिं पशूनां परिजग्रभाहं चतुष्पदां द्विपदां यच्च धान्यम्।
पयः पशूनां रस ओषधीनां बृहस्पतिः सविता मे नि यच्छात्।
।।अथर्ववेद 19.31.5।।

हन् मेध का रहस्य

वैदिक विज्ञान में "हन् और मेध्" शब्द बहुत ही रहस्यमय एवं अध्यात्मपरक हैं। वैदिक कोश निघण्टु (2.14) में "हन् का अर्थ गति" दिया हुआ है। ऋग्वेद (6.75.14) में "हन् का आशय रक्षा करना" है। गणित में हन का आशय "वृद्धि करना, गुणा" है। शाकुंतल (1.32) में "हन् का तात्पर्य उड़ाना" है। व्याकरणाचार्यों ने "हन् का अर्थ प्रेरणा देना, चलाना, जाना" भी माना है। "महाभारत में "हन् अर्थ दूर करना, रक्षा करना" है। सूर्य सिद्धांत के महान आचार्य वराहमिहिर ने "बृहत्संहिता में हन् शब्द का आशय स्पर्श करना" लिया है। हन् के अन्य अर्थों में – प्रतिबंध करना, छोड़ देना, ताड़न करना आदि हैं। व्याकरणशास्त्र के अनुसार "गावः हन्यन्ते" का अर्थ गो का ज्ञान प्राप्त करना, गो प्राप्त करना और गायों को चलाना–हांकना है, हिंसा करना नहीं है। इसलिये वेद की ऋचाओं में हन् शब्द किस सन्दर्भ में आया है, उसी के अनुसार अर्थ प्रयुक्त होगा। वेद प्रकरण देखकर हन् एवं मेध का संगति से अर्थ करना चाहिये। "हन् शब्द का अर्थ वध" ही सभी ऋचाओं में लेने से अर्थ का अनर्थ हुआ एवं हो रहा है, होगा।

शुक्ल यजुर्वेद के सर्वमेध, अश्वमेध, गोमेध, नरमेध आदि में "मेध" शब्द अध्यात्मपरक, रहस्यपूर्ण है। मेध का अर्थ वध अथवा हिंसा ही नहीं है। "मिद्, मिथ्, मिध्, मेद्, मेध् धातुओं में से किसी से मेध बना है।" "मिथ् मेधायाम्।। मिद् स्नेहने।। मिद् मेधायाम्।। मिध् मेधायाम्।। मेथ् मेधायाम्।। मेद् मेधायाम्।। मेध् मेधायां संगमे च।। पाणिनी।।" संस्कृत व्याकरण के महान आचार्य पाणिनी ने धातु पाठ के ये अर्थ बताये हैं।

"मेधा" शब्द मेध धातु से है। "मेधा का अर्थ–बुद्धि, धारणशक्ति, यज्ञ, शक्ति, बल, बुद्धिबल आदि है।" इसी से "मेध्य" शब्द बनता है। मेध्य का आशय–ज्ञानी, नवीन, धर्म्य, बुद्धिवर्धक, शुद्ध, उत्साहवर्धक, बलवर्धक, और यज्ञ के योग्य है। इसी से "मेध" शब्द आया। इस कारण "मेध का तात्पर्य–यज्ञ, सत्त्व, पवित्र, सार, पूज्य, अपर्ण एवं रस" है। वैदिक विज्ञान में मेध शब्द इन्हीं अर्थों में प्रयुक्त है (इसके ठीक विपरीत वैदिक विज्ञान के प्रति अज्ञानता से मेध का शाब्दिक अर्थ वध करना लेने से भ्रान्ति फैली।)।

वेद : गो व्यापकता

वेद में देवों के सम्राट वरुण की तीन जिव्हाएँ वर्णित हैं। वरुण की तीन जिव्हाएँ : 1. वाणी, 2. गो एवं 3. भूमि हैं।

तिस्रो जिव्हा वरुणस्यान्त दीर्घत्यासनि।।
तासां मध्ये या राजति सा वशा दुष्प्रतिग्रहा।।28।।

अथर्ववेद में कहा है : पृथिवी ही धेनु है।अन्तरिक्ष धेनु है। द्यौ धेनु है, दिशाएँ धेनु हैं।।4.39.2, 4, 6, 8।। यहाँ धेनु ब्रह्म तत्त्व है।

पृथिवीः धेनुः।।2।। अंतरिक्षः धेनुः।।4।।
द्यौ र्धेनुः।।6।। दिशो धेनवः।।8।।अथर्ववेद 4.39.2, 4, 6, 8।।

अथर्ववेद के गोसूक्त में गो के विराट् स्वरूप में समूचा ब्रह्माण्ड, द्यौ, अन्तरिक्ष, सम्पूर्ण देवता, पृथिवी आदि समाहित है। यह ऋग्वेद के पुरुष सूक्त, शतरुद्रिय आदि का विस्तार है। यहाँ गो परमेष्ठी स्वरूप है।

परमेष्ठी : गो विराट् रूप

प्रजापतिश्च परमेष्ठी च शृंगे इन्द्रः शिरो
अग्निर्ललाटं यमः कृकाटम्।।1।।
सोमो राजा मस्तिष्को द्यौरुत्तरहनुः पृथिव्य धरहनुः।।2।।
विद्यज्जिव्हा मरुतो दन्ता रेवतीर्ग्रीवाः।
कृत्तिका स्कन्धा धर्मो वहः।।3।।
विश्वं वायुः स्वर्गो लोकः कृष्णद्रं विधरणी निवेष्यः।।4।।
श्येनः क्रोडो3न्तरिक्षं पाजस्यं 1
बृहस्पतिः ककुद् बृहतीः कीकसाः।।5।।
देवानां पत्नीः पृष्टय उपसदः पर्शवः।।6।।
मित्रश्च वरुणश्चांसौ त्वष्टा चार्यमा
च दोषणी महादेवो बाहू।।7।।
इन्द्राणी भसद् वायुः पुच्छं पवमानो बालाः।।8।।
ब्रह्म च क्षत्रं च श्रोणी बलमूरू।।9।।

धाता च सविता चाष्ठीवन्तौ जंघा गन्धर्वा
अप्सरसः कुष्ठिका अदितिः शफाः।।10।।
चेतो हृदयं यकृन्मेधा व्रतं पुरीतत्।।11।।
क्षुत् कुक्षिरिरा वनिष्ठुः पर्वताः प्लाशयः।।12।।
क्रोधो वृक्कौ मन्युराण्डौ प्रजा शेपः।।13।।
नदी सूत्री वर्षस्य पतय स्तन स्तनयित्नुरूधः।।14।।
विश्वव्याश्चर्मौषधयो लोमानि नक्षत्राणि रूपम्।।15।।
देवजना गुदा मनुष्या आन्त्राण्यत्रा उदरम्।।16।।
रक्षांसि लोहितमितरजना ऊबध्यम्।।17।।
अभ्रं पीबो मज्जा निधनम्।।18।।
अग्निरासनि उत्थितोऽश्विना।।19।।
इन्द्रः प्राङ्. तिष्ठन् दक्षिणा तिष्ठन् यम्।।20।।
प्रत्यङ्. तिष्ठन् धातोदङ्. तिष्ठन्सविता।।21।।
तृणानि प्राप्तः सोमो राजा।।22।।
मित्र ईक्षमाण आवृत्त आनन्दः।।23।।
युज्यमानो वैश्वदेवो युक्तः प्रजापतिर्विमुक्तः सर्वम्।।24।।
।।अथर्ववेद 9.7.1–24।।ऋषि–ब्रह्मा।। देवता–गो।।

इस सूक्त में गो–वृषभ को विराट् पुरुष–परमब्रह्म स्वरूप बताया है। परमेष्ठी एवं प्रजापति गो के दो सींग हैं। इन्द्र शिर, अग्नि ललाट एवं यम गले की संधि है।।1।। सोम मस्तिष्क, द्युलोक ऊपर का जबड़ा एवं पृथिवी निचला जबड़ा है।।2।। गो का विद्युत् जिव्हा, मरुत् दन्त, रेवती नक्षत्र गला (कण्ठ), कृत्तिका नक्षत्र कंधा एवं ग्रीष्मकाल कंधे की हड्डी है।।3।।

इसका वायु समस्त अवयव है और स्वर्ग–लोक कृष्णद्र है। इसकी धारकशक्ति पृष्ठवंश की सीमा है।।4।। दिव्य श्येन पक्षी इसका सीना अथवा गोद है। गो का अन्तरिक्ष उदर है। बृहस्पति ककुद् और बृहती सीने की हड्डी है।।5।। दिव्य शक्तियाँ इसके पीठ के भाग में हैं और उपसद इष्ठियाँ पसुलियाँ हैं।।6।। वैदिक देव सम्राट वरुण एवं मित्र कंधे हैं। सृष्टि रचनाकार त्वष्टा एवं अर्यमा हाथ हैं। रुद्र का महादेव स्वरूप सर्वशक्तिमान अजेय बाहू हैं।।7।। इन्द्राणी गुह्य भाग है। वात वायु पुँच्छ है एवं पवमान वायु केश हैं।।8।।

ब्रह्मज्ञ एवं रक्षाकर्त्ता शूर नितम्ब एवं बल जंघा हैं।।9।। धाता एवं सविता टखने हैं। गन्धर्व जंघा है। अप्सराएँ लघु अस्थियाँ और देवों की माता अदिति खुर है।।10।। उसका हृदय चेतना है। यकृत् मेधा है। नेत्र व्रत

हैं।।11।। कोख ही क्षुधा है। अन्न आंते हैं। पर्वत छोटी आंते हैं।।12।। क्रोध गुर्दे और उत्साह अण्ड है। प्रजनन इन्द्रिय प्रजा है (यहाँ गो के वर्णन में गाय के स्थान पर वृषभ का वर्णन है।)।।13।। नदी सूत्रनाड़ी एवं गर्भाशय और वर्षाधिपति स्तन हैं। वर्षा करनेवाले और गर्जन करनेवाले मेघ दूध से भरे दुग्धाशय हैं।।14।।

सर्वत्र व्याप्त व्यापिनी शक्ति चर्म है। ओषधियाँ लोम और नक्षत्र रूप हैं।।15।। इसका देवजन गुदा और मानव आंते हैं। इसका उदर अन्य प्राणी हैं।।16।। राक्षस रक्त और इतर जन अपचित अन्न हैं।।17।। मेघ मेदा और निधन मज्जा है। अग्नि आसन एवं अश्विनौ उत्थान है।।18।। यह पूर्व (प्राची) दिशा में देखने के समय इन्द्र और दक्षिण (दक्षिणा) दिशा में यम है।।20।। पश्चिम की ओर धाता और उत्तर दिशा में यही सविता है।।21।।

यह जब तृण (घास) को प्राप्त करता है, वही दिव्य सोम राजा बनता है।।22।। यह अवलोकन करते समय सूर्य और परावृत्त होने पर वही आनन्द है।।23।। इसे जोतते समय यह विश्वेदेव है। जब जोता जाता है, तब प्रजापति है और जब स्वतन्त्र होता है, तब सब कुछ बनता है।।23।। यह निःसन्देह गो अथवा गोवंश का सर्वव्यापी स्वरूप है। यही गो का सर्वरूप–विश्वरूप है।।24।। इस सर्वरूप गोमहात्म्य में गो शब्द से गाय, वृषभ एवं बैल तीनों ही ग्रहण करना चाहिये। गो के अंगों में सभी वैदिक एवं दैवीय शक्तियाँ समाहित हैं। गो सभी वैदिक देवों का विराट् रूप है।।अथर्ववेद 9.7. 1–24।।

इस प्रकार अथर्ववेद के नवम् काण्ड के प्रथम सूक्त की चौबीस ऋचाओं में भी विराट् रूप गो का वर्णन है। इस सूक्त के ऋषि अथर्वा और देवता मधु एवं अश्विनौ हैं। इस सूक्त में गो को सम्पूर्ण जगत् का सत्त्व घोषित किया गया है। ''गो पृथिवी, द्यौ, तेज, वायु, आपः–जल (पँच भूत) और प्रकाश– सनातन ज्ञान का सार है।'' गोरस सबका प्राण एवं अद्भुत अमृत है। सम्पूर्ण देवों ने गो की अपनी–अपनी समूची दिव्य शक्तियों से रचना की।। अथर्ववेद 9.1.1–24।। दूसरे शब्दों में सम्पूर्ण जगत् गो रूप है।

गो शब्दार्थ : वैदिक दृष्टि में

वेद में ''गो'' शब्द बहु अर्थों में आया है। ''गो का अर्थ सूर्य की किरण, ज्ञान, इन्द्रिय शक्तियाँ, ब्रह्म आदि है।'' अतः प्रत्येक वैदिक ऋचा में गो का आशय गाय नहीं लिया जा सकता है। अथर्ववेद के गोसूक्त में ऋग्वेद के पुरुषसूक्त की भाँति गो विराट् स्वरूप (परमेष्ठी) में है। अर्थात् गो परमेष्ठी अथवा परमब्रह्म है। अथर्ववेद के दूसरे सूक्त में गो सम्पूर्ण जगत् का सत्त्व

अथवा विश्वरूप है। ऋग्वेद के भाष्य की भूमिका में परमाचार्य टी.वी. कपाली शास्त्री ने एक शब्द के अनेक ऋचाओं में अनेक अर्थों का रहस्योद्घाटन किया है।

वैदिक कोश निघण्टु में गो के नौ नामों का वर्णन है। इनमें "अघ्न्या" अर्थात् हनन करने अयोग्य (अहंतव्या), "अही" – जिसका हनन नहीं किया जा सके और "अदिति" – टुकड़े करने अयोग्य (अखण्डनीय) प्रमुख हैं। इनके अनुसार गो की हिंसा नहीं की जानी चाहिये। इसका अनुसरण करते हुए महर्षि चरक ने कहा है कि आदिकाल में गो आदि पशुओं को यज्ञ में सुशोभित किया जाता रहा : "आदिकाले खलु यज्ञेषु पशवः समालंभनीया बभूवः नारंभाय प्रक्रयिन्ते स्म।।" चरक चिकित्सा अध्याय 19।।

अवध्य गो–वृषभ–बैल

ऋग्वेद में गाय से मिलनेवाले सुख की अभिव्यक्ति का चित्रण बहुत ही सटीक है। "बृहद् पात्र उठाओ, उसमें अमृत स्वरूप गो रस की धाराएँ चलती रहें। गोघृत से द्युलोक एवं पृथिवी लोक को भर दो। गो से उत्तम पान प्राप्त होता है।।5.83.8।।

महान्तं कोशमुदचा नि षिंच स्यन्दन्तां कुल्या विषिताः पुरस्तात्।
घृ तेन द्यावापृथिवी व्युन्धि सुप्रमाणं भवत्वघ्न्याभ्यः।।
।।ऋग्वेद 5.83.8।।

ऋग्वेद के दशम मण्डल की ऋचा में पृथिवी माता एवं गोमाता के भोग का अलंकारिक वर्णन है। पुत्र ऋभुओं के पराक्रम का वर्णन करते हैं। जो सबको धारण करनेवाले हैं, वे भूमि, गो का माता के समान भोग करते हैं। यहाँ भूमि माता पर वन, वनस्पति, धान्य, खनिज, जल आदि और गोमाता के दुग्ध, दुग्ध उत्पाद, गोबर एवं गोमूत्र का उपयोग को भोग कहा है।।10.176.1।।

स सूनव ऋभूणां बृहन्नवन्त वृजिना।
क्षामा ये विश्वधायसोऽश्नन्धेनुं न मातरम्।।
।।ऋग्वेद 10.176.1।।

इसी श्रृंखला में ऋग्वेद में कहा है कि "जिस के घर में सुगमता से दूध देनेवाली गो रहती है, वह निश्चित रूप से अमृतपान करता है। वही बल वृद्धि करनेवाला अन्न प्राप्त करता है"।। ऋग्वेद 92.35.7।।" वेद में कहा है : "गो की वृद्धि करो। प्रजाओं को पुष्ट करो। रोग बीजों का नाश करो। आम से उत्पन्न होने वाले, अजीर्ण से पैदा होनेवाली बीमारियों को दूर करो।।"ऋग्वेद 8.35.18।।

स्व आ दमे सुदुघा यस्य धेनुः स्वधां पीपाय सुभ्वमन्नमति।।

।।ऋग्वेद 92.35.7।।

धेनूर्जिन्मतमुत जिन्वतं विशो हंतरक्षांसि सेधतममीवा।।

।।ऋग्वेद 8.35.18।।

अतः "वैदिक काल में गो को परमादरणीय माता का सर्वोच्च स्थान" प्राप्त रहा। वैदिक समय में अधिक संख्या में गोवंश अथवा गाय होना प्रतिष्ठा का विषय रहा। ऋग्वेद की ऋचा में कहा है : "वर्तमान में चांदी का श्वेत चमकीला घड़ा गोरस से भरा हुआ है। यह गोदुग्ध तेजस्वी अन्न से परिपूर्ण है। इसे ब्रह्म स्वीकार कर पान करें। अध्वर्यु आदि द्वारा प्रस्तुत गोरस ब्रह्म आनन्द के लिये पीये और शूरवीर भी इसे आनन्द के लिये ग्रहण करे (इस ऋचा में इन्द्र ब्रह्म वाचक है।)।।4.27.5।।

अध श्वेतं कलशं गोभिरक्तमापिप्यानं मघवा शुक्रमन्धः।

अध्वर्युभिः प्रयतं मध्वो अग्रमिन्द्रो मदाय

प्रतिधत्पिबध्यै शूरो मदाय प्रतिधत्पिबध्यै।।ऋग्वेद 4.27.5।।

वेद काल के सुन्दर यज्ञ में देवताओं को गोदुग्ध पान के लिये आमन्त्रित किया जाता रहा।।ऋग्वेद 1.19.1।।

प्रति त्यं चारुमध्वरं गोपीथाय प्रहूयसे।।ऋग्वेद 1.19.1।।

गो को ऋग्वेद में "सौभाग्य सूचक" की संज्ञा प्राप्त रही। ऋग्वेद में कहा है कि "यह अवध्य गो अश्विनौ देवों के लिये दूध प्रदान करे और हमारे सौभाग्य के लिये वृद्धि करे।।1.164.27।।"

दुहामश्विभ्यां पयो अन्ध्येयं सा वर्धतामहते सौभगाय।।ऋग्वेद 1.164.27।।

ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के एक सौ चौंसठवें सूक्त की चालीसवीं ऋचा में "गाय से भाग्यवान बनने" की अभूतपूर्ण भविष्यवाणी की गयी है।" "गो उत्तम तृण–घास खा कर भाग्यवान बने और हम उस गो से भाग्यवान हों। हे गो माता! आप हमेशा मधुर तृण ग्रहण करें और लौटते समय शुद्ध पवित्र जल का पान करें।।1.164.40।।" अर्थात् वेद में स्पष्ट निर्देश है कि गाय के लिये उत्तम तृण–घास आदि की सुदृढ़ व्यवस्था हो। गाय को स्वच्छ शुद्ध पवित्र जल ही प्रस्तुत करें। गो को सड़ा धान्य, अभोज्य अन्न, विष्ठा आदि खिलाना निषेध किया गया।

सूयवसाद्भगवती हि भूया अथो वयं भगवन्तः स्याम।

अद्धि तृणमघ्न्ये विश्वदानीं पिब शुद्धमुदकमाचरन्ती।।

।।ऋग्वेद 1.164.40।।

यजुर्वेद में कहा है कि "गो अनुपमेय" है। अर्थात् गो के लिये कोई उपमा नहीं है। गोमाता के मनुष्य पर असंख्य उपकार हैं। "ज्ञान तेज के लिये सूर्य की उपमा है। द्युलोक के लिये महासमुद्र की उपमा दी जाती है। पृथिवी माता अत्यन्त विस्तृत है, परन्तु उससे इन्द्र समर्थ है। यह बात अलग है कि गाय के साथ किसी की भी तुलना नहीं की जा सकती है।।यजुर्वेद 23.48।।"

ब्रह्म सूर्यसमं ज्योतिद्यौः समुद्रसमं सरः।
इन्द्रः पृथिव्यै वर्षीयान् गोस्तु मात्रा न विद्यते।।
।।यजुर्वेद 23.48।।

यज्ञपरक यजुर्वेद में ही "गो को अवध्य" घोषित कर उसके अनेक नामों का वर्णन किया। ये–इडा, रन्ता, हव्या, काम्या, चन्द्रा, ज्योति अदिति, सरस्वती, मही एवं विश्रुति हैं। गाय के ये वैदिक नाम गो की महिमा का बखान करते हैं। इनके अर्थ हैं : "इडा" – उत्साहवर्धक पेय देनेवाली; "रन्ता" – आनन्द वृद्धि कारक; "हव्या" – सत्कार करने योग्य; "काम्या" – प्रेममय; "चन्द्रा" – तेजस्वी, सुन्दर; "ज्योति" – प्रकाशवान्; "अदिति" – अखंडनीय; "सरस्वती" – ज्ञान देनेवाली, अमृतरूपी रस देनेवाली; "मही" – विशेष महत्व वाली; "विश्रुति"–असाधारण कीर्तियुक्त एवं "अघ्न्या"–अवध्य।।यजुर्वेद 8.43।।

इडे रन्ते हव्ये काम्ये चन्द्रे ज्योतिऽदिते सरस्वती
महि विश्रुति। एताते अघ्न्ये नामानि।।यजुर्वेद 8.43।।

यह स्मरण रहे कि गो का सूक्त अथर्ववेद में भी है। अथर्ववेद के दशम काण्ड के दशम सूक्त का देवता वशा गो, ऋषि कश्यप और 34 ऋचाएँ हैं। इसकी प्रथम ऋचा में गो को नमन करते हुए कहा है : हे हनन करने अयोग्य गो! जन्मते ही आपको नमस्कार करता हूँ। आपको उत्पन्न होने के बाद भी नमन करते हैं। आपके दर्शनीय सम्पूर्ण अवयवों, सुन्दर केश एवं खुर को भी नमस्कार करता हूँ।।अथर्ववेद 10.10.1।।"

नमस्ते जायमानायै जाताया उत ते नमः।
बालेभ्यः शफेभ्यो रूपायाघ्न्ये ते नमः।।
।।अथर्ववेद 10.10.1।।

इसी सूक्त की चौथी ऋचा में कूट शैली में रहस्योद्घाटन किया है कि द्युलोक, अन्तरिक्षलोक एवं पृथिवी लोक को धारण–भरण–पोषण करनेवाला परमेष्ठी गाय के रूप में हमारे पास आता है। हमें अपना अमृत रस देता है।।अथर्ववेद 10.10.4।।

यया द्यौयर्या पृथिवी ययापो गुपिता इमाः।
वशां सहस्रधारां ब्रह्मणाच्छावदामसि।।अथर्ववेद 10.10.4।।

"राष्ट्र रक्षक गौ" घोषित करनेवाली अथर्ववेदीय ऋचा गो के महत्व को प्रदर्शित करती है।।10.10.8।।

अपस्त्वं धुक्षे प्रथमा उर्वरा अपरा वशे।

तृतीयं राष्ट्रं धुक्षेऽन्नं क्षीरं वशे त्वम्।।अथर्ववेद 10.10.8।।

गोरस में स्वर्ण

"गाय के दूध में सूर्य किरण ताप–आग्नेय तत्त्व स्वर्ण तत्त्व समावेश का गुह्य विज्ञान अथर्ववेद की ऋचा में सांकेतिक रूप में उद्घाटित किया गया है।" यह स्मरण रहे कि "भारतीय ककुद वाली गाय के दुग्ध एवं गोमूत्र में स्वर्ण" होता है। सूर्य प्रकाश के सम्पर्क से ककुदवान गो के मेरुदण्ड से स्वर्ण भस्म रूप में गोरस एवं गोमूत्र में आती है। ऋचा में मन्त्रद्रष्टा ऋषि कश्यप ने कहा है : "हे कल्याण करनेवाली वशा गो! आपके अन्दर अग्नि प्रविष्ट हुआ। इसी के साथ अमृतमय सोम प्रविष्ट हुआ। विद्युत् आपके स्तन–थण हैं और दुग्धाशय पर्जन्य है। अर्थात् अग्नि, सोम, विद्युत् एवं पर्जन्य देवों ने गाय के शरीर में आश्रय लिया।

अनु त्वाग्निः प्राविशदनु सोमो वशे त्वा।

ऊधस्ते भद्रे पर्जन्यो विद्युतस्ते स्तना वशे।।अथर्ववेद 10.10.7।।

सबसे महत्वपूर्ण यह है कि वेदानुसार "गोमाता का पांव ही यज्ञ है।" "गो पर्जन्य से उत्पन्न होनेवाले घास से पालित होती है। यह गो यज्ञरूपी पाद से युक्त है। यह अपनी धारण शक्ति युक्त प्राणवाली, भूमि को प्रकाशित करनेवाली, दुग्ध रूपी अन्न प्रदाता और अन्न से देवों के पास जानेवाली है।।" अथर्ववेद 10.10.6।।

यज्ञपदीराक्षीरा स्वधाप्राण महीलुका।

वशा पर्जन्यपत्नी देवाँ अप्येति ब्रह्मणा।।अथर्ववेद 10.10.6।।

गो : अमृत सोम रस पान

अमृत स्वरूपा सोम को देवताओं का प्रिय पेय कहा गया है। ऋग्वेद के अनुसार सोम रस में गोरस मिलाकर पिया जाता है। अथर्ववेद में गो को सोमरस पिलाने का वर्णन चौंकाता है। अतः इससे सोमरस के दिव्य गुण–धर्म गाय में आना स्वाभाविक है। "हे ऋतावरि गो! आप जब आदित्यों द्वारा आमन्त्रित होकर जाती हैं, तब इन्द्र आपको हजारों पात्रों से सोमरस पिलाता है।।अथर्ववेद 10.10.9।।"

यदादित्यैर्हूयमानोपातिष्ठ ऋतावरि।

इन्द्रः सहस्रं पात्रान् सोमं त्वापाययद्वशे।।अथर्ववेद 10.10.9।।

गो से चेतना : यज्ञ गो का शस्त्र

गोसूक्त की अठारहवीं ऋचा में कहा है : "हे आत्मिक शक्तिवाले! आपकी माता गो है।" यज्ञ गो का शस्त्र है। गो क्षत्र धर्म (रक्षा, सुरक्षा कार्य) के पालकों की माता है। गो से ही लोक में चेतना है"।।10.10.18।।

वशा माता राजन्यस्य वशा माता स्वधे तव्।

वशाया यज्ञ आयुधं ततश्चित्तमजायत।।अथर्ववेद 10.10.18।।

वृषभ परमेष्ठी वाचक : रुद्र वृषभ

ऋग्वेद के दूसरे मण्डल के 33वें सूक्त की सातवीं ऋचा में "रुद्र को वृषभ" कहा गया है : दैव्यस्वाभी नु मा वृषभ चक्षमीथाः।" आध्यात्मिक रूप से वृषभ का अर्थ अत्यधिक प्रजनन शक्ति सम्पन्न और वर्षा करनेवाला है।

ऋग्वेद के चतुर्थ मण्डल के 58वें सूक्त की तीसरी ऋचा में "वृषभ शब्द परमेष्ठी वाचक" है। "वृषभ अक्षरब्रह्म–शब्दब्रह्म–वेद– वाकब्रह्म है"। अज्ञान (अंधकार) का नाशक एवं ज्ञान (प्रकाश) करनेवाला है। उपासक की रक्षा करनेवाला सर्वज्ञ, सर्वव्याप्त, अव्यक्त, सर्वाधार, सर्वशक्तिमान परमेष्ठी है।

चत्वारि शृंगा त्रयो अस्य पादा द्वे शीर्ष सप्तहस्तासो अस्य।

त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति महादेवो मर्त्यों आ विवेश।।

।।ऋग्वेद 4.58.3।।

ऋग्वेद के चौथे मण्डल के अठावनवें सूक्त की तीसरी ऋचा में महादेव वृषभ यज्ञ है। अध्यात्मपरक अर्थ में महादेव सूर्य है। चार दिशाएँ चार सींग, तीन पैर तीन वेद, दो सिर–दिन रात एवं सात हाथ सात किरणें हैं। अथवा महादेव वाक् है। वाक् के चार प्रकार, तीन काल, दो प्रकार की भाषाएँ–नित्य एवं कार्य और सात विभक्तियाँ हैं।

ऋग्वेदीय ऋचा में एक वृषभ के साथ अनेक वृषभ रहने का वर्णन मिलता है। अर्थात् जो भाव अनेक रुद्रों के साथ एक रुद्र का है, वही भाव एक वृषभ के साथ अनेक वृषभों का है। वेद में एक परमात्मा के साथ अनेक जीवात्मा के होने का वर्णन है। "असंख्याताः सहस्राणि ये रुद्राः अधिभूम्याम्।। शुक्ल यजुर्वेद 16.54।।" "रुद्रं रुद्रेभिरावहा बृहन्तम् ।।"ऋग्वेद 7.10.4।।

आ चर्षणिप्रा वृषभो जनानां राजा कृष्टीनां पुरुहुत इन्द्रः।।1।।

ये ते वृषणो वृषभास इन्द्र ब्रह्मयुजो वृषरथासो अत्याः।

तां आतिष्ठ तेभिरा याह्यर्वाङ्. हवामहे त्वा सुत इन्द्र सोमे।।2।।

।।ऋग्वेद 1.177.1, 2।।

लोकों का वृषभ के समान शक्तिशाली प्रजाओं का राजा इन्द्र अथवा परमेष्ठी है। इस ऋचा में इन्द्र रुद्रवाचक है।।1।। हे इन्द्र! जो आपके अनेक

बलवान वृषभ ज्ञानयुक्त हैं, उनके साथ यहाँ पधारें।।2।। ऋग्वेद 1.177.1, 2।। ऋग्वेद में परमात्मा वाचक नाम–रुद्र, अग्नि, सूर्य, इन्द्र, सोम, वृषभ आदि का है। ये ही नाम बहुवचन में आ गये तो जीवात्मा वाचक होते हैं।

बृहदारण्यक उपनिषद् और वेदांग ग्रन्थ भावप्रकाश में वृषभ शब्द दूसरे अर्थों में प्रयुक्त हुआ है। भाव प्रकाश में "उक्षा–सोम ओषधि" एवं "ऋषभ–ऋषभक" ओषधि है। "हिमालय पर ऋषभक ओषधिगुण सम्पन्न दिव्य वनस्पति होती है। यह वृषभ (सांड, बैल, गो) के सींग के समान आकारवाली होती है। ऋषभक ओषधि शक्ति, बल एवं वीर्य वर्धक होती है।। भावप्रकाश।।"

जीवकर्षभर्को ज्ञेयो हिमाद्रिशिखरोद्भवौ।
जीवकः कूर्चकाकारः ऋषभो वषशं गवत्।
जीनकर्षभकौ बल्यौ शीतौ शुक्रकफप्रदौ।।भावप्रकाश।।

अथर्ववेद में वृषभ वाचक वशा, ऋषभ, उक्षा आदि हैं (कहीं–कहीं ये गोवाचक हैं।)।

यश्चर्षणि प्रो वृषभः स्वार्विद् यस्मै ग्रावाणः प्रवदन्ति नृम्णम्।
यस्याध्वरः सप्त होता मदिष्ठः स नो मुंचत्वंहसः।।
।।अथर्ववेद 4.24.3।।

इस ऋचा में "वृषभ शब्द का अर्थ–शूर, वीर, नायक" आदि है। "जो आम जन का पालन एवं रक्षा करनेवाला, जो आत्मज्ञान के तेज से युक्त शूर है। जिसके शौर्य की कठोरतम हृदयवाले मनुष्य भी प्रशंसा करते हैं। वह सप्त होता यज्ञ का अधिष्ठाता है। वह परमेष्ठी वृषभ हमें पाप से बचावे।।" अथर्ववेद 4.24.3।।

वृषभ शब्द वेद वाचक

ऋग्वेद में वृषभ शब्दब्रह्म–अक्षरब्रह्म अर्थात् वेदस्वरूप है। अथर्ववेद में वृषभ और वेद को अलंकारिक, अभिव्यंजनात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया है। "सहस्र शृंग (सींग) वाला वृषभ समुद्र से ऊपर आया। सहस्र शृंगवाले वृषभ से वेद बने हैं।।" अथर्ववेद 4.5.1।।13.1.12।।

सहस्रशृंगो वृषभो यः समुद्रादुदाचरत्।।4.5.1।।
सहस्रशृंगो वृषभो जातवेदाः।।अथर्ववेद 4.5.1, 13.1.12।।

गो, वृषभ, बैल अवध्य : वध प्रतिबंध

ऋग्वेद, यजुर्वेद और अथर्ववेद में गो, वृषभ एवं बैल का वध प्रतिबंधित किया गया है। ऋग्वेद में कहा है : "गो रुद्रों की माता, वसुओं की पुत्री, आदित्यों की बहिन और अमृत की नाभि है। (हम) मननशील मनुष्यों से

कहते हैं कि निष्पाप, पवित्र, दिव्य तेजयुक्त गो अवध्य है। इसलिये गो का वध नहीं करें।।" ऋग्वेद 8.101.15।। अर्थात् "गो रुद्र स्वरूप" है।

माता रुद्राणां दुहिता वसूनां स्वसादित्यानाममृतस्य नाभिः।
प्र नु वोचं चिकितुषे जनाय मा गामनागामदितिं वधिष्ट।।
।।ऋग्वेद 8.101.15।।

शुक्ल यजुर्वेद में गो (गो वंश) की अवध्यता को दोहराया गया है। "तेजस्वी गो अवध्य है। अतः उसकी हिंसा नहीं करें। अवध्य गो गोरस (दुग्ध एवं घृत) प्रदान करती है। इसलिये गो का वध नहीं करें।।" यजुर्वेद 13.49।। यह ऋग्वेद के "आरे गो हा नृहा वधो वो अस्तु" (7.56.16) और "आरे ते गोघ्नमुत पूरषघ्नम्" (1.114.10) की पुनरुक्ति है।

गां मा हिंसीरदितिं विराजम्।।42।।
घृतं दुहानामदितिं जनाय..... मा हिंसीः।।यजुर्वेद 13.42, 49।।

अथर्ववेद का उपदेश है कि वृषभ एवं बैल भी गाय की तरह रक्षणीय एवं वर्धनीय हैं। ये अवध्य हैं। "एक वृषभ और बैल का दान सौ यज्ञों के समान है।" वृषभ और बैल को अग्नि में नहीं जलाते हैं, समाधि देते हैं। वृषभ और बैल कभी कानों से बुरे शब्द नहीं सुनता है। सभी उसकी प्रशंसा करते हैं। बैल अपनी आँखों से अकाल के दौर्भिक्षय का निवारण करता है। वह खेती के द्वारा अकाल भगाता है। अथर्ववेद 9.4.17, 18।।

सृंगाभ्यां रक्ष ऋषत्यवार्ते हन्ति चक्षुषा।
शृणोति भद्रं कर्णाभ्यां गवां य पतिरघ्न्यः।।17।।
शतयाजं स यजते नैनं दुवन्त्यग्नयः।
जिन्वन्ति विश्वे तं देवा यो ब्राह्मण
ऋषभमा जुहोति।।18।।अथर्ववेद 9.4.17, 18।।

गो दान लेने का अधिकारी

अथर्ववेद और बृहदारण्यक उपनिषद् (अध्याय 3.1) में गो दान लेने के अधिकारी की व्याख्या की गई है। अथर्ववेद के दशम काण्ड के दशम सूक्त की दूसरी ऋचा में कहा है : "गोदान लेने का अधिकारी सात प्रवाहों का ज्ञाता, सात अंतरों का ज्ञाता एवं यज्ञ के शिर का ज्ञाता हो।" अध्यात्मपरक व्याख्या में आत्मा से सप्त प्रवाह चलते हैं। ये सप्त इन्द्रियाँ–बुद्धि, मन, वाणी, नेत्र, कर्ण, नासिका, चर्म हैं। ये सप्त नदियाँ आत्मा के अमृत स्रोत से चल रही हैं। इनके सात क्षेत्र हैं। ये इनमें जाकर कृतकार्य करती हैं। पाँच नदियाँ – शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गंध में और दो नदियाँ – ज्ञान, मन, अहंकारादि में जाती हैं। आत्मा से विषयक्षेत्र तक अन्तर का नाम परावत् है। आत्मा से शक्ति

रूपी नदियाँ कैसे चलती हैं, वे अपने विषयों के कार्यभूमि में कितनी दूरी पर जाकर कार्य करती हैं। इस अन्तर का ज्ञान ब्रह्मनिष्ठ उत्तम रीति से जानता है।

ब्रह्मज्ञानी मानव देह में चल रहे शतसांवत्सरिक यज्ञ के सबसे मुख्य शिरो भाग को भलीभाँति जानता है। अर्थात् यज्ञ के शिर का ज्ञाता है। उपनिषद् में महाराजा जनक ने सुवर्ण मढ़े शृंगों की सहस्रों गाय लेने की शर्त ब्रह्मविद होना, सातप्रवाहों–सातअन्तरों का ज्ञान और यज्ञ शीर्ष जानना रखी। इस महाविकट संकट में एक मात्र महर्षि याज्ञवल्क्य ने ही ब्रह्मविद होने का दावा किया।

यो विद्यात्सप्त प्रवतः सप्तविद्यात्परावतः।
शिरो यज्ञस्य यो विद्यात् स वंशा प्रतिगृव्हीयात्।।
।।अथर्ववेद 10.10.2।।

इससे स्पष्ट है कि गो का दान ब्रह्मविद, अध्यात्मिद् को ही किया जाता रहा अथवा देना चाहिये।

यज्ञ : अध्वर

वेद में यज्ञवाचक नामों में "अध्वर" शब्द है। अध्वर शब्द का अर्थ ही–जिसकी हिंसा नहीं की जा सके, हिंसा का निषेध अर्थात् अहिंसा है। अर्थात् वैदिक काल के यज्ञों में हिंसा का कोई स्थान नहीं रहा है।

गोमेध–अश्वमेध–नरमेध यज्ञ का अर्थ

उपरोक्त दृष्टान्तों और वैदिक साक्ष्यों से स्पष्ट है कि वैदिक यज्ञों में मांस की आहुति नहीं दी जाती रही (वैसे उड़द अथवा माष, माह को मांस शब्द से सम्बोधित किया गया है।)। इतना ही नहीं वेद में गो को साक्षात् यज्ञ कहा गया है और वृषभ–बैल के दान को अनेक यज्ञ करने के समान घोषित किया गया है। साथ ही अथर्ववेद के गो सूक्त में गो परमेष्ठी है। ऋग्वेद, यजुर्वेद एवं अथर्ववेद में गो, वृषभ एवं बैल को अवध्य घोषित किया गया है।

यह उल्लेखनीय है कि मेध का आशय–संवर्धन, संगतिकरण, बुद्धिवर्धन आदि है। वेद में इस अध्यात्मपरक अर्थ को लिया गया है। यह पुनः लिख रहे हैं कि गो शब्द एवं अश्व शब्द के व्यापक अर्थ हैं। गो–इन्द्रिय शक्तियाँ, प्रकाश की किरण, ज्ञान आदि है। वहीं अश्व शब्द ब्रह्म, सूर्य, राष्ट्र, गति, बल आदि का सूचक है।

इसप्रकार वैदिक "गोमेध यज्ञ का तात्पर्य गो संवर्धन, ज्ञान प्रसार आदि है।" बहुचर्चित "अश्वमेध यज्ञ का आशय राष्ट्र संवर्धन है।" इसी

श्रृंखला में "नरमेध–पुरुषमेध–सर्वमेध यज्ञ हैं।" इसमें मनुष्य की बलि नहीं दी जाती थी। इसके विपरीत "सर्वमेधयज्ञ का अर्थ सर्वपूज्य का सत्कार है।"

वैदिक परम्परा के अनुसरण में हठयोग प्रदीपिका (3.48) में रहस्योद्घाटन किया है कि "गो शब्द का अर्थ जिव्हा है। जिव्हा का तालुस्थान में लगाने को योग प्रणाली में गोमांस भक्षण नाम दिया गया है।" "गोशब्देनोदिता जिव्हा तत्प्रेवेशो हि तालुनि। गोमांसभक्षण तत्तु महापातकनाशनम्।। हठयोग प्रदीपिका 3.48।।"

शूलगव यज्ञ : मिथ्या और यथार्थ

इस परिदृश्य में "बोधायन गृह्यसूत्र वर्णित शूलगाव होम" का अनुशीलन करना चाहिये। पश्चिमी विद्वानों द्वारा शूलगव होम में परमेष्ठी रुद्र को बैल अथवा वृषभ की आहुति का मिथ्या इन्द्रजाल रचा गया। आगम के कतिपय भाष्यकारों ने शूल का आशय रुद्र और गव का अर्थ बैल या वृषभ किया। ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद एवं अथर्ववेद में परमेष्ठी रुद्र का आयुध धनुष्य है। रुद्र के विद्युतमय वज्र का भी उल्लेख मिलता है। यजुर्वेद में इस दिव्य धनुष्य का नाम पिनाकी आया है अर्थात् त्र्यम्बक तीनों लोकों के पिता रुद्र शूलधारी नहीं हैं। उधर गव शब्द समूचे गोवंश का प्रतिनिधित्व करता है। वेद में गोवध निषेध है। मूलभूत रूप से वैदिक संस्कृत के मेध शब्द के दार्शनिक, अध्यात्मपरक अर्थ का ज्ञान नहीं होने से पशुबलि का वितण्ड मचा। यह स्मरण रहे कि वैदिक संस्कृत वर्तमान लौकिक संस्कृत से भिन्न है। महर्षि यास्क तक ने स्वीकारा कि वे वेद के अनेक शब्दों के अर्थ नहीं जान पाये।

आगम (पुराण, इतिहास–रामायण, महाभारत) में अप्रत्याशित रूप से रुद्र के कल्याणमय, मंगलमय, शुभ शिव रूप का आयुध "शूल" प्रगट हुआ (महाभारत के कर्णपर्व, वनपर्व, उद्योगपर्व)। आगम में यह उनका प्रिय अस्त्र है। इसे "प्रवरायुधयोधी" कहा गया है। इसप्रकार आगम में रुद्र शूलपाणि हैं। यह अवधारणा वेद के विपरीत है।

शूलगव अर्थात् रुद्र को वृषभ समर्पण का अध्यात्मिक, दार्शनिक अर्थ समझना आवश्यक है। वेद में वृषभ को साक्षात वेद, शब्दब्रह्म, अक्षरब्रह्म, वाक्ब्रह्म कहा गया है। वेद में "आकाश को लोहित वृषभ" की संज्ञा दी गई है। वेद में वृषभ अवध्य है। वृषभ का वध किसी भी स्थिति में नहीं किया जा सकता है। पशुपति रुद्र वागीश हैं। यह पशुपति वागीश रुद्र और वेदरूपी वृषभ का आत्मसात होना है। यह रुद्रमय होने की सर्वोच्च साधना है।

अधिभौतिक रूप से 'परमेष्ठी रुद्र रोगकर्त्ता और रोग हरण करनेवाले दिव्य भिषज् (वैद्यनाथ) हैं। रुद्रमय होते ही दीर्घकालिक, अल्पकालिक एवं

असाध्य व्याधि स्वतः ही विलुप्त हो जायेगी। शूलगव यज्ञ में "ऋषभ ओषधि सहित 195 से अधिक वनोषधि" आदि की आहुति दी जाती रही है। आयुर्वेद के अनुसार हिमालय के शिखरों पर मिलनेवाली "ऋषभ ओषधि संजीवनी" की तरह कार्य करती है। प्रचुर ओषधियुक्त होम सामग्री का धूम्र शरीरस्थ होकर सभी रोगों का शमन करता है। यज्ञ में त्र्यम्बक के मन्त्रपाठ की ध्वनि, स्पंदन, स्वर, स्फोट, कंपन, तरंग दैर्घ्य, आवृत्ति, स्फुरण आदि अपना दिव्य चमत्कार दिखाते हैं। अक्षरब्रह्म की शक्ति की व्याख्या स्फोटवाद, स्फोटसिद्धि, स्फोटतन्त्र, शिवदृष्टि, एकाक्षरनामकोष संग्रह और आकाश भैरव कल्पोक्तम् आदि ग्रन्थों में दी गयी है। यज्ञ से मानसिक व्याधि भी समूल नष्ट होती है।

सारसंक्षेप में "शूलगव यज्ञ विशुद्ध सात्त्विक यज्ञ" है। परमेष्ठी रुद्र को समर्पित शूलगव यज्ञ से महासंकट से मुक्ति, असाध्य कार्य सम्पन्न होना, सर्वकामना पूर्त्ति, समस्त अधिव्याधि समापन, पशुओं में व्याधि से भयाक्रान्ता समापन आदि होती है। शूलगव यज्ञ में "उबले हुए चावल समर्पण" की परम्परा रही है। शूलगव यज्ञ के आयोजन के दिवस को लेकर दो मत हैं। पहिला, पशुपति रुद्र ने पातकी प्रजापति द्वारा दुहिता गमन पर वध किया। कामोन्मत्त प्रजापति घोर अनैतिक कर्म के लिये मृग रूप में थे। रुद्र ने मृगरूपी प्रजापति का पिनाकी धनुष्य से बाण छोड़कर समापन किया। प्रजापति का कटा हुआ मृग शिर ही नक्षत्र के रूप में है। वेद में "पौष माह की पौर्णमासी" का सर्वाधिक महत्व है। पौष समापन के बाद मृगशिर अथवा माघ माह आता है। इस पृष्ठभूमि में पौष पूर्णिमा को "शूलगव यज्ञ आयोजन अधिक न्याय संगत है।" इसके विपरीत कुछ ग्रन्थों में मृगशिर–मार्गशीर्ष माह की पौर्षमासी को शूलगव होम का उल्लेख भी मिलता है। आर्षग्रन्थों के अनुसार शूलगव यज्ञ रुद्र के "आर्द्रा नक्षत्र" में करना चाहिये। इसका "यज्ञमण्डप गोवंश के घेरे में" स्थापित किया जाता है (गोचर भूमि)। बारहवीं शती के महाराज वल्लालसेन देव ने अपने ग्रन्थ "अद्भुत सागर" (प्रकाशन सन 1905) में "अथ वृषमहिषाद्भुतावर्त्तः" (पृष्ठ 682) का उल्लेख किया है।

यज्ञ से लाभ

प्रत्येक यज्ञ अथवा शूलगव यज्ञ से त्रि ताप–अध्यात्मिक, अधिभौतिक एवं अधिदैविक से मुक्ति मिलती है। मानसिक अवसाद, व्याधि आदि समाप्त होता है। भौतिक रूप से यज्ञ सामग्री में उपयोगित सैकड़ों वनोषधि–जड़ी आदि सर्वोषधि हैं। सर्वोषधि का धूम्र श्वास के माध्यम से यज्ञ करनेवालों की देह में व्याप्त होकर समस्त रोगों का हरण करता है। साथ ही यह यज्ञ धूम्र वायु को निर्मल–निरंजन करता है। स्मरण रहे कि वरुण यज्ञ से वर्षा होती है

(देखें–वरुणविद्या महारहस्यम्, व्हेन आई मीट बालाजी)। वेद में वैश्विक संकट निवारण–वैश्विक महामारी उन्मूलन यज्ञों का सविस्तार वर्णन है (देखें–वेद ओषधि कल्पतरु)। यज्ञ से होनेवाले लाभों का सारसंक्षेप निम्न है :

1. यज्ञ से सद्बुद्धि, सत्कर्म, सद्विचार और अध्यात्म की ओर प्रवृत्ति अग्रसर होती है। 2. यज्ञ से नादब्रह्मशक्ति–स्वरब्रह्मशक्ति–अक्षरब्रह्मशक्ति–मन्त्रशक्ति, साधनाशक्ति एवं आत्मशक्ति से साक्षात्कार होता है। 3. चित् तत्त्व से परिचय। ब्रह्माण्डाधिपति परमेष्ठी तत्त्व से अदृश्य सम्बन्ध के क्रम का शुभारम्भ होता है। 4. माया–मोह–आशा के इन्द्रजाल ध्वस्त होने का श्रीगणेश। 5. मानसिक सन्ताप का समापन। समभाव का अंकुरण। 6. आर्थिक एवं अन्य कष्टों में अविचल भाव–समभाव की उत्पत्ति। 7. दश प्राणों पर स्वनियन्त्रण प्रक्रिया का श्रीगणेश। 8. प्रत्येक स्थिति में आनन्द भाव का उदय। 9. जीवन में धर्मसूत्रों में वर्णित सद्गुणों का विकास और देवत्व बनने की महायात्रा प्रारम्भ होना। 10. राजसिक और तामसिक प्रवृत्तियों से विमुख होना। सात्त्विक गुणों का विकास होना। 11. अन्तःकरण का निर्मल होना और अन्तर्मुखी होना। 12. तत्त्वज्ञान के महापथ की ओर अग्रसित होना।

13. सर्वकल्याण–सर्व अभ्योदय की भावना का विकास। 14. सर्वदुःख निवृत्ति और सर्वमंगल के विचार और क्रियान्वन। समाजोन्मुखी चिन्तन। 15. पुरुषार्थ चतुष्टय की प्राप्ति। 16. संक्रामक रोग, असाध्य रोग–दीर्घकालीन–अल्पकालीन रोग, शारीरिक दोष, विघ्न बाधा, पैशाचिक कष्ट आदि का निवारण। 17. अमंगल आक्रान्तता से छुटकारा। 18. श्री प्राप्ति। 19. जगत् के प्राणियों के प्रति सद्भाव का विकास। 20. अधःपतन से मुक्ति एवं असाध्य साध्य होना। 21. पर्यावरण शुद्धि, जलवायु परिवर्तन पर रोक और वायु की पवित्रता। 22. एषणाओं का दमन। 23. विधायकी रचनात्मकता का अभ्योदय। 23. ज्ञात–अज्ञात पापकर्म का प्रायश्चित। 24. ऐहलौकिक एवं पारलौकिक अभ्योदय से निःश्रेयस प्राप्ति। 25. ब्रह्म सत्ता एवं स्वरूप के बारे में भ्रम संशय निवारण आदि।

यज्ञ के समय सर्वप्रथम मन्त्र, स्तोत्र आदि का अर्थ यज्ञ करनेवालों को बताना चाहिये। यज्ञ में मन्त्र पाठ बहुत तेजी से, बहुत धीरे–धीरे और गाकर करना निषेध है। यज्ञ सामग्री, विशुद्ध नवग्रह समिधा, सर्वोषधि, लगभग दो सौ वनोषधि आदि ही प्रयुक्त हों। अधिक अच्छा रहे महायज्ञ आयोजन करें। चिति निर्माण भी विधानुसार हो, चिति में टूटी ईंट का प्रयोग नहीं हो।।ऊँ।।



सन्दर्भ पोथी

1.	संस्कृत अंग्रेजी कोश	: श्रीमोनियर मोनियर विलियम, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, सन 1899
2.	वैदिक कोश	: डॉ. सूर्य कान्त, बनारस हिन्दी विश्वविद्यालय, वाराणसी, सन 1963
3.	हिन्दू देव परिवार का विकास	: डॉ. सम्पूर्णानन्द, मित्र प्रकाशन, इलाहाबाद, सम्वत 2020
4.	4. प्री हिस्टोरिक एन्सियन्ट एण्ड हिन्दू इण्डिया	: श्री आर.डी. बनर्जी, ब्लैकी एण्ड संस, कोलकाता, सन 1934
5.	भोजनकुतूहलम्	: श्री शरनाद् कुंजन, मैसूर, सन 1956
6.	वेद विद्या निदर्शन	: श्री भगवद् दत्त, इतिहास प्रकाशन मण्डल, दिल्ली, सन 1959
7.	गोपथ ब्राह्मण	: श्री राजेन्द्रलाल मित्रा, कलकत्ता, सन 1872
8.	आपस्तम्ब शुल्बसूत्रम्	: श्री डी. श्रीनिवासाचार, राजकीय प्रेस, मैंसूर, सन 1931
9.	सत्यार्थ प्रकाश	: स्वामी दयानन्द सरस्वती, दयानन्द संस्थान, दिल्ली, सम्वत् 2035
10.	हिस्ट्री ऑफ वैदिक लिटरेचर	: श्री भगवद् दत्त, डीएवी, लाहौर, सन 1927
11.	हम भारत से क्या सींखे : मैक्समूलर	: अनुवादक श्री कमलाकर तिवारी, इतिहास प्रकाशन संस्थान, दिल्ली, सन 1964
12.	अमरकोश	: श्री लक्ष्मण प्रेस, बनारस, सम्वत् 1992
13.	दा योग उपनिशद्स	: पण्डित महादेव शास्त्री, अडयार, सन 1920
14.	भारतीय दर्शन का इतिहास 1, 2	: डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन्, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, सन 1978
15.	डैमोक्रेटिक हिन्दूज्म पूणे, सन 1921	: पण्डित जी कृष्णा शास्त्री, दा आरियेन्ट बुक,
16.	लैटर्स ऑन हिन्दूज्म	: श्री बंकिम चन्द्र चटर्जी, कोलकाता, सन 1940
17.	संस्कृत अंग्रेजी कोश बनारसीदास,	: श्री वामन शिवराम आप्टे, मोतीलाल दिल्ली, सन 1903

18.	ब्राह्मण सावधान	: डॉ. सम्पूर्णानन्द, ज्ञानमण्डल, काशी, सम्वत 2001
19.	हवन मन्त्र	: वैदिक पुस्तकालय, लाहौर
20.	वैदिक वांगमय में चतुर्मास यज्ञ	: डॉ. लालता प्रसाद द्विवेदी,
21.	परास्कर गृह्यसूत्र	: श्री जगदीश चन्द्र मिश्रा, चौखम्बा सुरभारती, वाराणसी, सन 1991
22.	यज्ञ विधान	: आचार्य पं. रामसेवक पाण्डेय, चौखम्बा संस्कृत भवन, वाराणसी
23.	यज्ञ विधान : सर्व सिद्धिप्रद	: श्री नारायणदत्त श्रीमाली, मंत्र–तंत्र–यंत्र विज्ञान, जोधपुर, सन 2008
24.	यज्ञविधानम्	: श्री देवनारायण शर्मा, श्रीकाशी विश्वनाथ संस्थान, वाराणसी, सन 2025
25.	संस्कृति एवं साहित्य	: डॉ. रा.वि. शर्मा, किताब महल, इलाहाबाद, सन 1949
26.	भारतीय संस्कृति के स्रोत	: श्री भगवतशरण उपाध्याय, किताब महल, दिल्ली, सन 1973
27.	सम एस्पेक्टस ऑफ एजूकेशन इन एन्सियेन्ट इण्डिया	: डॉ. कुंजन राजा, अडयार लाईब्रेरी, चेन्नई, सन 1950
28.	दा क्यूइन्टेसेन्स ऑफ दा ऋग्वेद	: डॉ. कुंजन राजा, डी.बी. तारापोरवाला, बॉम्बे
29.	अस्य वामस्य मन्त्र	: डॉ. कुंजन राजा, गणेश एण्ड कम्पनी, मद्रास, सन 1956
30.	ऋग्वेद बनानेवाले ऋषि	: सूरजभानू, देवबन्द, सहारनपुर, सन 1913
31.	लैक्चर्स ऑन दा ऋग्वेद	: आचार्य भगवद्दत्त, द.आ.म., लाहौर, सन 1920
32.	विष्णु तत्त्व दर्शन	: श्री रामप्रसाद शास्त्री, शिव तत्त्व दर्शन ग्रन्थ प्रकाशन समिति, बिरलाग्राम–नागदा, सन् 1980
33.	स्फोटासिद्धि न्यायविचार	: श्री गणपति शास्त्री, राजकीय मुद्रणालय, त्रिवेन्द्रम, सन् 1917

34. विष्णु तत्त्व निर्णय : श्री माधवाचार्य टीका श्री नारायण पण्डिताचार्य एवं श्री जयतीर्थ, अंग्रेजी व्याख्या डॉ. के.टी. पाण्डुरंगी, देवत्त वेदान्त स्टेडी, बेंगलुरु, सन् 1981

35. विष्णु अंक : कल्याण वर्ष 47, गीता प्रेस गोरखपुर

36. भगवत्तत्वांक : कल्याण वर्ष 55, गीता प्रेस, गोरखपुर

37. भगवन्नाम महिमा अंक : कल्याण वर्ष 31, गीता प्रेस, गोरखपुर

38. उपासना अंक : कल्याण वर्ष 42, गीता प्रेस, गोरखपुर

39. श्रीसूक्त : अनुवादक–श्री राघवाचार्य, आचार्य पीठ, बरेली, सन् 1961

40. तन्त्रसार संग्रह : श्री आनन्द तीर्थ (माधवाचार्य), शाम्याप्रास प्रकाशन, बेंगलुरु

41. पुराणों का इतिहास : डॉ. बिबेक देषराय, भारतीय कला प्रकाशन, नई दिल्ली, सन् 2005

42. सहस्र बाहु अवलोकितेश्वर : श्री लोकश चन्द्रा, अभिनव प्रकाशन, दिल्ली, सन् 1988

43. विष्णु पुराण : डॉ. शिव प्रसाद द्विवेदी, चौखम्बा सुर भारती, वाराणसी, सन् 2012

44. स्टेडी ऑफ गॉड इन्द्रा : श्री एस. एस. गुप्ता, कृष्णा पब्लिशर्स, नई दिल्ली, सन् 2001

45. अथर्ववेद का व्रात्य काण्ड : डॉ. सम्पूर्णानन्द, प्रकाश एण्ड कम्पनी, मद्रास, सन् 1956

46. प्राचीन भारत में लक्ष्मी : राय गोविन्दचन्द्र, कुशस्थली, वाराणसी, सन् 1960

47. ऋषि रहस्य : श्री भगवद्दत्त वेदालंकार, गुरुकुल कांगडी विश्वविद्यालय, हरिद्वार, सन् 2013

48. वेद विमर्श : श्री भगवद्दत्त वेदालंकार, गुरुकुल कांगडी विश्वविद्यालय, हरिद्वार, सन् 2012

49. विष्णु कोष : श्री एस. के. रामचन्द्रन्, कल्पतरु रिसर्च अकादमी, बेंगलुरु, सन् 1998

50. धर्मशास्त्र : श्री जीवानन्द विद्यासागर भट्टाचार्य्येण, सरस्वती यन्त्रे – कलिकातानगरे, सन् 1876

51. वैदिक कोष भाग–1 : श्री भगवद्दत्त, द.आ.म.वि., लाहौर, सन 1926

52. ऋग्वेद व्याख्यान : श्री भगवद्दत्त, द.आ.म.वि., लाहौर, सन 1920

53. तन्त्रालोक समग्र : डॉ. आर. सी. द्विवेदी, मोती लाल बनारसी दास, दिल्ली, सन् 1967

54. श्री विष्णु चित्तीयाम : श्री के. एस. सरमा, राधाकृष्ण शाकुन्तल फाउण्डेशन, आन्ध्र प्रदेश

55. दश महाविद्या सहस्र नामावलि : श्री जगदीश सेमवाला, डॉ. शिव द्विवेदी एवं श्री सोमेश तिवारी; वितरक श्री ऋतुशील शर्मा–कल्याण मन्दिर प्रकाशन, प्रयागराज, सन् 2024

56. श्रीविद्या साधना : पं. रमादत्त शुक्ल, कल्याण मन्दिर प्रकाशन, प्रयागराज, सन् 2012

57. हिस्ट्री ऑफ क्लासिकल संस्कृत लिटरेचर समग्र : श्री एम. कृष्णनामचरियर, तिरुपति देवस्थान तिरुपति, सन् 1937

58. राधाकृष्णन् कोष (राधा कोष) : श्री भगवती प्रसाद सिंह, कृष्ण जन्म स्थान सेवा संस्थान, मथुरा, सन् 1988

59. वैदिक यज्ञ संस्था : श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, औंध, सन् 1927

60. वेद वेदांग : श्री सुरेन्द्र शर्मा गौर, देहली, सन् 1935

61. श्रौत यज्ञ मीमांसा : श्री युधिष्ठिर मीमांसक, श्रीमती सावित्री देवी बागडिया ट्रस्ट, कलकत्ता, सन् 1987

62. पँच यज्ञ प्रकाश : स्वामी समर्पणानन्द, समर्पण शोध संस्थान, गाजियाबाद

63. ऋग्वेदसंहिता : श्री टी.वी. कपाली शास्त्री, श्री अरविन्द आश्रम, पाण्डिचेरी, सन 1950

64. ऋग्वेद संहिता मूल मात्र : चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान, दिल्ली, सन 2011

65. शतपथ ब्राह्मण : श्री हरिहर स्वामी, वेंकेश्वर स्टीम प्रेस, मुम्बई, सन 1940

66. वैदिक वांगमय का इतिहास : पं. भगवद्दत्त, प्रणव प्रकाशन, दिल्ली, सन 1974

67.	मन्यु सूक्त	: श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1963
68.	वेद्	: श्री चन्द्रशेखर सरस्वती, भारतीय विद्या भवन, मुम्बई, सन 2003
69.	वैष्णव शैव एवं अन्य धर्म	: श्री आर. जी. भण्डारकर, इण्डोलोजिक बुक हाउस, दिल्ली, सन 1978
70.	वेदार्थ संग्रह	: श्री रामानुजाचार्य, संस्कृत शोध संस्थान, मलकोट, सन 1991
71.	वेदार्थ कल्पलता	: काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, काशी, सन 1962
72.	वैदिक रिकॉर्डस ऑफ अर्ली आर्यन्स	: श्री एल.आर.रेतु, भारतीय विद्या भवन, मुम्बई, सन 2004
73.	हिम्स टू दा मिस्टिक फायर	: श्री अरविन्द; अरविन्द आश्रम, पाण्डिचेरी
74.	स्फोटवाद	: बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्
75.	रावण : दा ग्रेट किंग ऑफ लंका	: श्री एम.एस.पूर्ण लिंगम् पिल्लई, सन 1928
76.	तत्त्वसार	: महामहोपाध्याय राखलदास, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, बनारस, सन 1930
77.	परमशंभुमहिम्नस्तव	: महर्षि दुर्व्वासा, राजाराम एण्ड कम्पनी मद्रास, सन 1946
78.	ऋक्सूक्त शती	: प्रो.एच.डी.वेलणकर, भारतीय विद्या भवन, मुम्बई, सन 1972
79.	वैदिक सूक्त संग्रह	: श्री वेणीराम शर्मा गौड, मास्टर खिलाडी राम एण्ड सन्स, वाराणसी, सन 1950
80.	आर्य संस्कृति के मूलाधार	: श्री बलदेव उपाध्याय, शारदा मन्दिर, वाराणसी, सन 1947
81.	यज्ञ मीमांसा	: श्री वेणीराम शर्मा गौड, मास्टर खिलाडी राम एण्ड सन्स, वाराणसी, सन 1950
82.	आर्या द्विशती	: महर्षि दुर्व्वासा, मिथिला संस्कृत विद्यापीठ, दरभंगा, सन 1979
83.	ऋग्वेद : रावण भाष्य समीक्षा (भाग – 31)	: एशियाटिक सोसायटी बंगाल, कोलकाता, सन 1862

84.	सर्वमेध यज्ञ (यजुर्वेद)	: श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, औंध, सन 1919
85.	विष्णुदेवता	: श्री भगवद्दत्त वेदालंकार, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार, सन 1964
86.	ब्रह्मनित्यकर्म समुच्चय	: शास्त्री दुर्गाशंकर उमाशंकर ठाकर, संस्कृत पुस्तकालय, मुम्बई, सन 1990
87.	शिवमहिमा	: किताब महल, दिल्ली, सन 1979
88.	वैदिक साहित्य	: श्री बलदेव उपाध्याय, शारदा मन्दिर, काशी, सन 1955
89.	वैदिक मायथोलाजी	: अनुवाद श्री राजकुमार राय, वाराणसी, सन 1984
90.	स्मृति सन्दर्भ समग्र	: नाग प्रकाशन, दिल्ली, सन 1988
91.	एकादशोपनिषद्	: मोतीलाल बनारसी दास, दिल्ली, सन 1966
92.	मुण्डक उपनिषद्	: श्री श्रीपाद दामोदार सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1995
93.	माण्डूक्य उपनिषद	: श्री श्रीपाद दामोदार सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1993
94.	कठोपनिषद्	: श्री श्रीपाद दामोदार सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1992
95.	केन उपनिषद्	: श्री श्रीपाद दामोदार सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1991
96.	ऋग्वेद संहिता समग्र	: श्री सायणाचार्य, आनन्द आश्रम, पुणे, सन 1933
97.	व्योमवाद	: श्री मधुसूदन ओझा, ज.ना. व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर, सन 1993
98.	अप्रकाशित उपनिषद्	: श्री कुंजन राज, अडयार, सन 1933
99.	एक सौ आठ उपनिषद् समग्र	: सम्पादन श्री कुंजन राज, अडयार, सन 1935
100.	वेद विद्या निर्देशन	: पं. भगवद्दत्त, प्रणव प्रकाशन, दिल्ली, सन 1995

101.	योगवासिष्ठ निर्णय	: व्याख्याकार स्वामी आनन्दबोध सरस्वती, सागर प्रेस, मुम्बई
102.	वेदान्त फिलोसफी	: डॉ. एस. के वेलवानकर, बोरी, पुणे, सन 1929
103.	आर्य संस्कृति के आधार	: श्री बलदेव उपाध्याय, हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी, सन 1947
104.	ऋग्वेद चार भाग	: श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, गुजरात, सन 1993 संस्करण
105.	अथर्ववेद का सुबोध भाष्य	: श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1990 से 2008
106.	यजुर्वेदीय काण्वसंहिता	: श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1999
107.	मरुद्देवता	: श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1958
108.	श्रीरुद्र देवता	: श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1958
109.	वायु देवता	: श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1958
110.	उषा देवता	: श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1958
111.	दैवत्त संहिता	: श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1958
112.	दैवत्त संहिता वनस्पति प्रकरण	: श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1958
113.	रुद्र देवता	: श्री आचार्य भगवद्दत्त
114.	सविता देवता	: आचार्य भगवद्दत्त, सरस्वती सदन, नई दिल्ली 110029, सन 1980
115.	बृहस्पति देवता	: आचार्य भगवद्दत्त, सरस्वती सदन, नई दिल्ली 110029, सन 1980
116.	ऋग्वेद का भाष्य	: आचार्य टी.वी. कपाली शास्त्री, पुदुच्चेरी, सन 1946
117.	ऋग्वेद	: श्री गंगासहाय, संस्कृत साहित्य प्रकाशन, दिल्ली, सन 2006

118. अथर्ववेद : श्री गंगासहाय, संस्कृत साहित्य प्रकाशन, दिल्ली, सन 2006

119. ऋक् वैजयन्ती : प्रो. एच.डी. वेलणकर, वैदिक संशोधन मण्डल, पुणे,सन 1965

120. चारों वेद : श्री दयानन्द सरस्वती, दयानन्द संस्थान, दिल्ली

121. शुक्ल यजुर्वेदसंहिता : डॉ. रामकृष्ण शास्त्री, चौखम्बा विद्या भवन, सन 1992

122. ऋग्वेद सायण भाष्य : वैदिक संशोधन मण्डल, पुणे, सन 1941

123. अश्विनौ देवता : श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1958

124. अथर्ववेदीय मण्डूकी शिक्षा : आचार्य भगवद्दत्त, मेहरचन्द लक्ष्मणदास, दिल्ली, सन 1985

125. ऋक् तन्त्रम् : डॉ. सूर्यकान्त, मेहरदास लक्ष्मणदास, दिल्ली, सन 1970

126. चतुर्वेदीय रुद्रसूक्त : स्वामी शंकरानन्द गिरि, श्रेवस्सत्र, राजपीपला, गुजरात, सन 1935

127. रुद्रदेवता : स्वामी श्यामसुन्दर शास्त्री, श्री भगवद्दत्त वेदालंकार, गरीबदास सन्त साहित्य शोध संस्थान, हरिद्वार, सन 1985

128. रुद्र (यजुर्वेदीय) : स्वामी महेश्वरानन्द, दक्षिणामूर्त्ति मठ, काशी, 1193 शंकराब्द

129. ऋग्वेदिक आर्य : श्री राहुल सांकृत्यायन, किताब महल, इलाहाबाद, सन 2011

130. ऋग्वेदीय रावणभाष्यम् : डॉ. सुधीर कुमार गुप्त, भारती विद्या मन्दिर, जयपुर, सन 1967

131. स्फोटसिद्धि : आचार्य मण्डन मिश्र, मद्रास विश्वविद्यालय, मद्रास, सन 1931

132. स्फोटवाद : आचार्य नागेश भट्ट, अडयार, मद्रास, सन 1946

133. शुक्ल यजुर्वेद भाष्य : आचार्य ज्वालाप्रसाद मिश्र, खेमराज श्री कृष्णदास, मुम्बई, सन 1969

134.	शैव उपनिषत् अंग्रेजी	: श्री टी. आर. श्रीनिवास अयंगर, एडयार लाइब्रेरी, मद्रास, सन 1953
135.	अग्नि विद्या	: श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय औंध, सतारा मण्डल, सन 1923
136.	वैदिक देवशास्त्र	: डॉ. सूर्यकान्त, मेहरदास लक्ष्मणदास, दिल्ली, सन 2006
137.	वैदिक मरुत	: डॉ. उर्मिला रुस्तगी, नाग प्रकाशन, दिल्ली, सन 2000
138.	शतपथ ब्राह्मण	: श्री रा.ना. दीक्षित, चौखम्बा संस्कृत संस्थान, वाराणसी, सन 1996
139.	ताण्ड्य महाब्राह्मण	: राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, दिल्ली, सन 1986 से 2003
140.	ऐतरेय ब्राह्मण	: राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, दिल्ली, सन 1986 से 2006
141.	वाजसनेयी संहिता	: वेबर संस्करण, लंदन, सन 1849
142.	छान्दोग्य उपनिषद्	: श्री लक्ष्मण शास्त्री संस्करण, मुम्बई, सन 1927
143.	बृहदारण्यक उपनिषद्	: श्री लक्ष्मण शास्त्री संस्करण, मुम्बई, सन 1927
144.	अथर्वशिरस् उपनिषद्	: श्री लक्ष्मण शास्त्री संस्करण, मुम्बई, सन 1927
145.	श्वेताश्वतर उपनिषद्	: श्री लक्ष्मण शास्त्री संस्करण, मुम्बई, सन 1927
146.	निरुक्त– यास्क	: श्री लक्ष्मणस्वरूप संस्करण, लंदन, सन 1927
147.	वैदिक संहिताओं में नारी	: डॉ. मालती शर्मा, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, सन 1990
148.	निरुक्त	: आचार्य भवगद्दत्त, अमृतसर, सम्वत 2021
149.	ऋग्वेद श्रीमाधवकृत व्याख्या	: सम्पादन श्री कुन्जन राज, अडयार, सन 1939

150.	ऋग्वेद और पश्चिमी एशिया	: डॉ. रामविलास शर्मा, दिल्ली विश्वविद्यालय, सन 1994
151.	आर्यों का आदिदेश	: डॉ. सम्पूर्णानन्द, सन 1944
152.	वेद परिचय	: डॉ. कृष्ण लाल, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, सन 1993
153.	संस्कृत वांगमय कोश भाग – 1 व 2	: प्रो. श्रीधर भास्कर वर्णेकर, भारतीय भाषा परिषद्, कोलकाता, सन 1988
154.	वेदविद्या	: डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल, वाराणसी
155.	सृष्टि विज्ञान	: आचार्य गुरुदत्त, हिन्दी साहित्य सदन, दिल्ली, सन 2012
156.	वेदमन्त्रों के देवता	: आचार्य गुरुदत्त, हिन्दी साहित्य सदन, दिल्ली, सन 2015
157.	महर्षि कुल वैभव	: श्री मधुसूदन ओझा, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर, सन 1961
158.	वैदिक विज्ञान एवं भारतीय संस्कृति	: श्री गिरधर शर्मा चतुर्वेदी, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना, सन 2001
159.	वैदिक गॉड्स एण्ड बायोलोजिकल फिगर	: श्री बी.जी. रेले, सन 1926
160.	वैदिक देवों का अध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक स्वरूप	: डॉ. कपिलदेव द्विवेदी, विश्वभारती अनुसंधान परिषद, भदौही, सन 2007
161.	भारतीय प्रतीक विद्या	: डॉ. जनार्दन मिश्र, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद, पटना, सन 1959
162.	हिन्दू धार्मिक कथाओं के भौतिक अर्थ	: श्री त्रिवेणी नारायण सिंह, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद, पटना, सन 1970
163.	टी.वी. कपाली शास्त्री समग्र (दस खण्ड)	: दीप्ति प्रकाशन, अरविन्द आश्रम, पुदुच्चेरी, सन 1946–1980

164.	तृच भास्कर	: श्री भास्कर राय प्रणीत, ओरियन्टल इन्स्टीट्यूट, बडौदा,सन 1982
165.	शैव मत	: डॉ. यदुवंशी, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद, पटना, सन 1955
166.	हिन्दू देव परिवार का विकास	: डॉ. सम्पूर्णानन्द, मित्र प्रकाशन, इलाहाबाद, सन 1964
167.	वैदिक देवता उद्भव एवं विकास	: श्री गयाचरण त्रिपाठी, भारतीय विद्या प्रकाशन, दिल्ली, सन 1981
168.	रहस्यमय सिद्धभूमि तथा सूर्यविज्ञान	: श्री गोपीनाथ कविराज, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, सन 1994
169.	ज्ञानगंज	: श्रीगोपीनाथ कविराज, अनुराग प्रकाशन, काशी, सन 2011
170.	आत्मोपनिषद्	: डॉ. एम.एल. गुप्ता, भरतपुर, सन 2002
171.	वेदविज्ञान मंजूषा	: डॉ. एम.एल. गुप्ता, भरतपुर, सन 1988
172.	दा लाईट ऑफ वेद	: श्री टी.वी. कपाली शास्त्री, श्री अरविन्द कपाली शास्त्री वेद शोध संस्थान, बेंगलुरू, सन 2009
173.	वेद और वैदिक काल	: आचार्य गुरुदत्त, हिन्दी साहित्य सदन, दिल्ली, सन 2006
174.	वेद व विज्ञान	: स्वामी प्रत्यगात्मानन्द सरस्वती, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, सन 2012
175.	पतंजलि योग सूत्र (चार भाग)	: फ्यूजन बुक्स, दिल्ली, सन 2010–2012
176.	गरुड पुराण (धन्वन्तरी संहिता सहित)	: श्री मन्मथ दत्तशास्त्री, कोलकाता, सन 1908
177.	भुशुण्डि रामायण (तीन खण्ड)	: श्री भगवतीशरण सिंह, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, सन 1975 से 1980
178.	शब्द कल्पद्रुम	: राजा राधाकान्त देव, चौखम्बा अमरभारती प्रकाशन, वाराणसी, सन 1967

179.	अद्भुत सागर	: राजा वल्लालसेन देव, प्रभाकर प्रकाशन, वाराणसी, सन 1905
180.	वनौषधि चन्द्रोदय (दस खण्ड)	: श्री चन्द्रराज भण्डारी विशारद, आयुर्वेद ग्रन्थमाला, इन्दौर, सन 1938
181.	मानसिक शक्ति	: स्वामी शिवानन्द, गढ़वाल, सन 1991
182.	लघु योग वासिष्ठ	: मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, सन 1985
183.	अंग्रेजी हिन्दी कोश	: हिन्दी साहित्य सम्मेलन, इलाहबाद, सन 1998
184.	निरुक्त	: श्री मुकन्द झा बख्शी, निर्णय सागर प्रेस, मुम्बई, सन 1970
185.	ऐतरेय ब्राह्मण	: श्री तिरुवांकुर विश्वविद्यालय, केरल, सन 1942
186.	ऋग्वेद देवतानुक्रमणिका	: श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1940
187.	मंत्रों से आनन्द प्राप्ति	: श्री आर. एल. कश्यप, साक्षी, बेंगुलुरु, सन 2004
188.	जप सूत्रम् (छह खण्ड)	: स्वामी प्रत्यगात्मानन्द सरस्वती, भारतीय विद्या प्रकाशन, दिल्ली, सन 1992 से 2013
189.	फ्री मैशेनरी एण्ड दा एन्शियेन्ट गॉडस	: श्री ज.ए. काकबर्न, अडयार, सन 1921
190.	हिडन लाइफ ऑफ फ्री मैशेनरी	: फादर चार्ल्स सी. लीडबीटर, अडयार, सन 1926
191.	एस्टोरिक राईटिंग्स	: महापण्डित टी. सुब्बा राव, अडयार, सन 1980
192.	सीक्रेट डॉक्ट्राइन	: सुश्री एच.पी. ब्लोवत्स्की, अडयार, सन 1910
193.	उपनिषद् समग्र	: श्री सी. कुन्जन राज, अदयार, सन 1935

194.	जीओलोजी इन दा एन्शियेन्ट वैदिक लिटरेचर	: डॉ. वाई.एस., सहस्रबुद्धे, बोरी, पुणे, सन 2006
195.	साइंस ऑफ रिचवल्स	: श्री फ्लट स्वाल, बोरी, पुणे, सन 1992
196.	भौतिकी का शतपथ फिजिक्स ऑफ ताओ	: अनुवाद धर्मराज वाघेला, न्यूऐज प्रकाशन, दिल्ली, सन 2014
197.	योग विज्ञान	: श्री पीताम्बरा पीठ, दतिया, सन 2011
198.	देव्युपनिषद्	: आचार्य मृत्युंजय त्रिपाठी, नवशक्ति प्रकाशन, वाराणसी, सन 2012
199.	वैदिक संस्कृति	: डॉ. गोविन्द चन्द पाण्डे, लोकभारतीप्रकाशन, इलाहाबाद, सन् 2001
200.	ऋग्वेद	: सम्पादन श्री विश्वबन्धु, विश्वेश्वरानन्द वैदिक रिसर्च सेन्टर, होशियारपुर सन् 1963
201.	कर्मठ गुरू	: श्री मुकन्दवल्लभ, मोतीलाल बनारसीदास, नई दिल्ली, सन् 1971
202.	चतुर्वर्गचिन्तामणि	: चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी, सन 1985
203.	यज्ञ मीमांसा	: श्री वेणीराम शर्मा गौड, चौखम्भा विद्याभवन, वाराणसी, सम्वत 2006
204.	यज्ञ महाविज्ञान	: पंडित वीरसेन वेदविज्ञानाचार्य, इन्दौर, सन 1986
205.	गुह्यसूत्रम्	: लक्ष्मी वेंकटेश प्रेस, मुम्बई, सन 1959
206.	शतपथ ब्राह्मण	: श्री हरिहर स्वामी, लक्ष्मी वेंकटेश प्रेस, मुम्बई, सन 1940
207.	वैदिक मीमांसा	: श्री युधिष्ठिर मीमांसक, रतनलाल कपूर सिद्धान्त ट्रस्ट,नई दिल्ली, सोनीपत, सम्वत 2033
208.	नीलमत पुराण	: डॉ. वेदकुमारी घई, जम्मू कश्मीर कला संस्कृति भाषा अकादमी, जम्मू, सन 1972
209.	आगम तत्त्व विलास	: चौखम्बा सुरभारती, वाराणसी, सन 2016

210.	साधना साम्राज्य	: श्री टी.वी. कपाली शास्त्री, पांडीचेरी, सन 1946
211.	उमा सहस्रनाम	: श्री टी.वी कपाली शास्त्री, पांडीचेरी, सन 1946
212.	सिद्ध सिद्धान्त सिंधु : तीन भाग	: श्री लक्ष्मीनारायण दीक्षित, राज्य प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, जयपुर, सन 1970
213.	सांख्यान तन्त्र	: श्री रमादत्त शुक्ल, चण्डी धाम, प्रयाग, सन 2010
214.	काव्यामाला समग्र	: श्री दुर्गाप्रसाद, श्रीकाशीनाथ पांडुरंग परब, श्री लक्ष्मणशास्त्री, निर्णय सागर प्रेस, मुम्बई, सन 1930 तक
215.	शरभतन्त्रम्	: श्री स्वामीजी, श्रीपीताम्बरा संस्कृत परिषद, दतिया, सन 2007
216.	आकाश भैरव तन्त्रम्	: कविराज नानकचन्द शर्मा, दिल्ली, सन 1981
217.	बृहदस्तोत्ररत्नाकर	: खेमराज श्रीकृष्णदास, मुम्बई, सन 1952
218.	पुष्कर आगम	: सम्पादन श्री रामचन्द सरमा, अडयार, सन 1990
219.	जपसूत्रम् समग्र	: श्रीस्वामी प्रत्यगात्मानन्द सरस्वती, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, सन 1992
220.	तन्त्रसार	: श्री आर. एल कश्यप, साक्षी, बेंगुलुरु, सन 2005
221.	पांचरात्रागम	: श्री राघवप्रसाद चौधरी, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना, सन 2009
222.	वाक्यवृत्ति	: श्रीमद्आदिशंकराचार्य, आनन्द आश्रम, पुणे, सन 1998
223.	सूत संहिता	: स्वामी स्वयंप्रकाश गिरि, श्री दक्षिणामूर्ति मठ, वाराणसी, सन 1999
224.	भर्तृहरि त्रिशतक	: व्याख्याकार श्री दामोदर धर्मानन्द कौशाम्बी, मुम्बई, सन 1946
225.	कथा सरित्सागर	: पं. केदार शर्मा सारस्वत, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद, पटना, सन् 1997

इनमें से अधिकांश ग्रन्थ नीलकण्ठ ज्ञानगंज ग्रन्थागार, अलवर में उपलब्ध हैं।

यज्ञ से द्रौपदी का जन्म